श्री त्रिदण्डिदेवग्रन्थमालायास्तृतीयं प्रसूनम्

॥ श्रीः ॥

# वैदिक योग संग्रहः

## सोऽयम्

श्री १००८ श्रीमद्वेदमार्गप्रतिष्ठापनाचार्य्योभयवेदान्तप्रवर्तकाचार्य श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्य सत्सम्प्रदायाचार्य्य जगद्गुरु भगवदनन्तपादीय श्रीमद्विष्वक्सेनाचार्य्य श्रीत्रिदण्डिस्वामिना सम्पादितः ।

तथा च

बलिपुर (बलिया) मण्डलान्तर्गत वाजिदपुर ग्रामवासिना पं० श्री मदन मोहन द्विवेदिना व्याकरणाचार्य्य काव्यतीर्थ साहित्यरत्नोपाधिभृता संशोधितः, तदात्मजेन श्री रामजी द्विवेदिना टीकेदारेण प्रकाशितः ।

द्वितीय संस्करणम् १०००

मूल्यम् १)५०

वि० सं० २०३७

# भूमिका

अखिल भारतीय प्रिय सज्जनों को यह विदित है कि ऐहिक या पारमार्थिक जो सुख है उसका निदान कारण योगाभ्यास ही है। परन्तु आज कल आलस्य और प्रमाद के कारण से बहुत से लोग यह कहते हैं कि कलियुग में योगाभ्यास नहीं करना चाहिये। लेकिन यह कथन अति निर्मूल है क्योंकि कलियुग ही में ताम्रपर्णी नदी के किनार पर कुरुका पुरी में श्री पराँकुश मुनि स्वामी जी इमली के पेड़ के नीचे सोलह वर्ष तक समाधिस्थ रहे हैं श्री शंकराचार्य्य भी इसी युग में योगाभ्यास किये हैं तथा रामानुजाचार्य्य भी योगी थे नहीं तो यामुनाचार्य के मरने पर उनका अभीष्ट कैसे जानते और तीनों अंगुलियों का मोचन कैसे करते तथा यादवाद्रि में जैनियों के साथ शास्त्रार्थ करते समय हजार मुख वाला होकर कैसे उत्तर देते। और भी इस कलियुग में बहुत से योगाभ्यास किये हैं और योगबल से ऐहिक सुख भोग करके प्रभु को प्राप्त किये हैं। अतः उस योग के जानने के लिये मेरा मन लालायित था इतने ही में एक श्री त्रिदण्ड ग्रहण किये हुये सच्चे परोपकारी द्वितीय श्री भाष्यकार के समान विद्वान् परिव्राजक स्वामी मुझको मिले और अत्यन्त प्रार्थना करने से भक्त का मनोरथ पूर्ण करने के लिये उपनिषदों से निकाल करके "वैदिक योग संग्रह" नाम के इस अमूल्य पुस्तक को बनाये, जिसको देखने से थोड़ी सी भी गुरु की



सहायता से योग की क्रिया हस्तामलकवत् ज्ञात हो जाती है। इस ग्रन्थ में उपनिषदों के अनुसार मन्त्रयोग, लय योग, हठयोग तथा राज योग का लक्षण और अजपा गायत्री की विधि तथा अनहद नाद श्रवण करने का नियम और फल लिखा है और संक्षेप से मठ का भी लक्षण दिखाया गया है। तथा सहज से मरण जानने का उपाय और चक्र पद्म कूर्म मयूर, कुक्कुट, वीर, स्वस्तिक, भद्र, सिंह मुक्त, गोमुख इन एकादश आसनों का वर्णन और करने का फल निरूपण किया गया है। तथा महामुद्रा खेचरी मुद्रा, मूलबन्ध; जालन्धर बन्ध, उड्डीयानबन्ध महाबन्ध; महावेध, विपरीतकरणी वज्रोली शक्ति चालन इन मुद्राओं का निरूपण किया गया है। और मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञा इन षट्चक्रों का स्थान और वहा के कमलों को दिखा करके सोलह आधारों का वर्णन किया गया है। इसके बाद इडा, पिंगला, सुषुम्ना, गान्धारी हस्ति, जिह्वा, पूषा, यशस्विनी, अलंबुषा, कुहू, शङ्खिनी, इन दश नाडियों का तथा प्राण, अपान समान उदान, व्यान, नाग, कूर्म कृकल देवदत्त; धनंजय इन दश वायुओं का और पृथ्वी, जल, तेज वायु, आकाश; इन पांचों तत्वों का स्थान यथार्थ रूप से निरूपण किया गया है। नेति धौति बस्ति नौलि त्राटक कपालभाति, इन षट् कर्मों के करने की रीति तथा इन सबों के करने का फल दिखाया गया है और क्रम से यम नियम आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान समाधि इन राजयोग के आठों अंगों को वेदानुसार निरूपण किया गया है। वेद से विरुद्ध जो योग शास्त्र सिद्धान्त है उसका खण्डन लिखा गया है और समस्त योगों का मुख्य फल मोक्ष ही है ये सब बातें वैदिक प्रमाण देकर लिखी गई

है। जो कोई इसको पढ़ेगा उसको स्वतः मालूम हो जायेगा। यदि प्रिय सज्जन लोग इसका अनुष्ठान करेंगे तो अवश्य ही फिर भारत पूर्ववत् समस्त देशों का शिरोमणि हो जायेगा। इसी अभिप्राय से भगवद्दासानुदास स्वयंसेवक मैंने इस अपूर्व पुस्तक को संशोधित कर लागत मात्र मूल्य रखकर श्रद्धालु लोगों को पुस्तक उपलब्ध कराने का प्रयास किया।

* * * *

इस पुस्तक के प्रथम संस्करण का प्रकाशन सम्वत् १९८६ में हुआ था। पुनः योग के प्रेमी भक्तजनों के अनुराग एवं अनेकों बार की प्रेरणा से इस पुस्तक के प्रकाशक बलिया जनपद के वाजिदपुर ग्रामवासी श्री रामजी द्विवेदी ठीकेदार द्वारा प्रकाशन का सम्पूर्ण व्यय देने पर इसके द्वितीय संस्करण का प्रकाशन हुआ। एतदर्थ मैं उन्हें हार्दिक धन्यवाद देता हूं।

निवेदक :—

**पण्डित मदन मोहन द्विवेदी**
व्याकरणाचार्य, काव्यतीर्थ, साहित्य रत्न
वाजिदपुर, बलिया

श्री १००८ श्रीदण्डि स्वामी जी महाराज

है। जो को
प्रिय सज्ज
पूर्ववत् सम
भगवद्दास
लागत मा
का प्रयास

इ
हुआ था
की प्रेर
ग्रामवासी
व्यय देने
मैं उन्हें

॥ श्री फणीन्द्राय नमः ॥

# अथ वैदिक योग संग्रहः

ध्यात्वा नारायणं देवं नत्वा गुरु पदाम्बुजम्।
बालानां सुख बोधाय क्रियते योग संग्रहः॥

श्रीमन्नारायण भगवान् को ध्यान करके और श्री गुरु जी महाराज के चरणारविन्दों को साष्टांग करके जो परमात्मा को नहीं जानते हैं उन बालकों के सुख से योगतत्व के ज्ञान के लिये वैदिक योगों का संग्रह मैं करता हूं॥ १॥

...नं सख्य महदाढ्य भट्टनाथ
श्रीभक्तिसारकुलशेखरयोगिवाहान।

पर्वतावे नदीतीरे बिल्वमूले वनेऽथवा ।
मनोरमे शुचौ देशे मठं कृत्वा समाहितः ॥

(जाबाल दर्शनोप० खण्ड ५ श्रुति ४)

जाबाल दर्शनोपनिषद् में लिखा है कि पर्वत के ऊपर भाग पर तथा नदी के तीर पर श्रीफल के नीचे या वन में अथवा मनोहर शुद्ध देश में समाहित होकर मठ बनावे ॥ ४ ॥

फलमूलोदकान्वितं तपोवनं प्राप्य रम्यदेशे ब्रह्मघोषसमन्विते स्वधर्मनिरतब्रह्मवित्समावृते फलमूलपुष्पवारिभिः सुसम्पूर्णे देवायतने नदीतीरे ग्रामे नगरे वापि सुशोभनमठं नात्युच्चनीचं तमल्प द्वारं गोमयादि लिप्तं सर्वरक्षा समन्वितं कृत्वा तत्र वेदान्त श्रवणं कुर्वन्योगं समारभेत ॥

(शाण्डिल्योपनिषद् श्रु० ५)

शाण्डिल्योपनिषद् में लिखा है कि फल कन्द मूल और जल से युक्त तपोवन में जाकर वेद के शब्द से युक्त तथा अपने धर्म में निरत ब्रह्म ज्ञानियों से युक्त और फल कन्द मूल पुष्प जलों से परिपूर्ण सुन्दर देवालय में या नदी के तीर पर अथवा ग्राम या नगर में अत्यन्त उच्च या नीच न हो तथा छोटा द्वार वाला गोमय आदि से लिपा हुआ और चारों ओर प्रकोटा से युक्त सुन्दर मठ को बनवाकर उसमें वेदान्त श्रवण करता हुआ योगाभ्यास प्रारम्भ करे ॥ ५ ॥ अब वैदिक जो चार प्रकार के योग हैं उनको दिखाता हूँ ।



भक्तांघ्रिरेणु परकाल यतीन्द्र मिश्रान्
श्रीमत्परांकुश मुनिं प्रणतोऽस्मि नित्यम् ॥ २ ॥

भूतयोगी, सरोयोगी, महायोगी, भट्टनाथ स्वामी, भक्तिसार स्वामी, कुलशेखर स्वामी, योगिवाहन स्वामी, भक्तांघ्रिरेणु स्वामी, परकाल स्वामी, परांकुशमुनि स्वामी और संन्यासियों में श्रेष्ठ योगाचार्य शेषावतार जो श्री भाष्यकार स्वामी जी हैं इन योगेश्वरों को मैं नित्य साष्टांग करता हूँ ॥ २ ॥ अब योगियों के मठ के लक्षण कहता हूँ ।

सुशोभनं मठं कुर्यात् सूक्ष्मद्वारं तु निर्व्रणम् ।
सुष्टुलिप्तं गोमयेन सुधया वा प्रयत्नतः ॥

(योग तत्वोपनिष० श्रुति ३२)

मत्कुणैर्मशकैर्लूतैर्वर्जितंच प्रयत्नतः ॥
दिनेदिने च संमृष्टं संमार्जन्या विशेषतः ॥ ३३ ॥
वासितंच सुगन्धेन धूपितं गुग्गुलादिभिः ॥ ३४ ॥

जिसका छोटा द्वार हो और छिद्र न हो और भली प्रकार चिकन गोबर से लिपा हो ऐसा सुन्दर मठ बनावे ॥ ३२ ॥ मशक मत्कुणलूता आदि जीव न हों और नित्य प्रति झाड़ू लगता हो॥३३॥ सुगन्ध से वासित हो ऐसा गुग्गुल धूप आदि के गन्ध से सुगन्धित मठ बनावे ॥ ३४ ॥



योगोहि बहुधा ब्रह्मन्भिद्यते व्यवहारतः ।
मन्त्रयोगोलयश्चैव हठोऽसौ राजयोगतः ॥

(योग तत्वोपनिषद् श्रु० १९)

योग तत्वोपनिषद् में लिखा है कि हे ब्रह्मन् मन्त्र योग, लययोग हठयोग और राजयोग इस भेद से योग चार प्रकार का है॥१९॥ अब चारों योगों के पूर्वाभ्यास में जो विघ्न हैं उनको दिखाता हूँ ।

प्रथमाभ्यास काले तु विघ्नाःस्युश्चतुरानन ।
आलस्यं कत्थनं धूर्त गोष्ठी मन्त्रादि साधनम् ॥

(योग तत्वोपनिषद् श्रु० ३०)

धातुस्त्री लौल्यकादीनि मृग तृष्णामयानि वै ।
ज्ञात्वा सुधीस्त्यजेत्सर्वान्विघ्नान्पुण्यप्रभावतः ॥३१॥

हे चतुरानन पहले अभ्यास में ये सब विघ्न होते हैं आलस्य, बहुत बोलना धूर्तों की गोष्ठी और मन्त्र आदि का साधन करना ॥ ३० ॥ द्रव्य स्त्री की जो तृष्णा है इन समस्त विघ्नों को पुण्य के प्रभाव से मृग तृष्णा के समान जान कर ज्ञानी परित्याग करे ॥ ३१ ॥

लवणं सर्षपं चाम्लमुष्णं रूक्षंच तीक्ष्णकम् ।
शाकजातं रामठादि वह्नि स्त्री पथ सेवनम् ॥

(योग तत्वोपनिषद् श्रु० ४७)



प्रातः स्नानोपवासादिकाय क्लेशांश्च वर्जयेत् ।
अभ्यासकाले प्रथमं शस्तं क्षीराज्य भोजनम् ॥४८॥
गोधूम मुद्ग शाल्यन्नं योग वृद्धि करं विदुः ॥४९॥

रामरस, सरिसो, खट्टा, गरम रूखा, तीता, पत्ति के साग हींग और आग स्त्री तथा मार्ग में बहुत चलना ॥ ४७ ॥ प्रातःकाल अत्यन्तशीतल जल में स्नान करना और अधिक उपवास आदिक से देह को क्लेश देना ये सब योगी परित्याग कर दे। पहले के अभ्यास काल में दूध का खीर खाना श्रेष्ठ है ॥ ४८ ॥ गेहूं, मूंग, चावल आदि शुद्ध अन्न योग को वृद्धि करनेवाला जानना ॥ ४९ ॥ अब प्रथमोपस्थित मन्त्रयोग को दिखाता हूँ ।

मातृकादि युतं मन्त्रं द्वादशाब्दं तु यो जपेत् ।
क्रमेण लभते ज्ञानमणिमादि गुणान्वितम् ॥

(योग तत्वोपनिषद् श्रु० २१)

मातृका आदि अथवा मूल मन्त्र या द्वयमन्त्र या चरम मन्त्र को जो बारह वर्ष जपता है वह अणिमा आदि गुणों से युक्त ज्ञान को पाता है ॥ २१ ॥ जप की विधि ग्रन्थ के विस्तार के भय से मैं नहीं लिखता हूँ जिसको देखना हो वह मेरा बनाया हुआ ॥ यतीन्द्र धर्म मार्तण्ड ॥ नाम का ग्रन्थ है उसको देख लेवे ।

हकारेण बहिर्याति सकारेण विशेत्पुनः ।

हंसहंसेत्यमुं मन्त्रं जीवो जपति सर्वदा ॥

(योग चूडामण्युप० श्लो० ३१)

षट् शतानि दिवारात्रौ सहस्राण्येकविंशतिः ।
एतत्संख्यान्वितं मन्त्रं जीवोजपति सर्वदा ॥ ३२ ॥
अजपा नाम गायत्री योगिनां मोक्षदा सदा ।
अस्याः संकल्प मात्रेण सर्वं पापैः प्रमुच्यते ॥ ३३ ॥
अनया सदृशी विद्या अनया सदृशो जपः ।
अनया सदृशं ज्ञानं न भूतं न भविष्यति ॥ ३४ ॥

ध्यानबिन्दूपनिषद् के ।६१।६२।६३।६४ मन्त्र में और योग चूडामण्युपनिषद् में लिखा है कि हकार करके सांस बाहर निकलता है और सकार करके भीतर पैठता है इस प्रकार से हंस हंस इस मन्त्र को जीव सर्वदा जपता है॥३१॥नित्य प्रति दिन रात में२१६०० मन्त्र को जीव सदा जपता है ॥ ३२ ॥ यह योगियों को मोक्ष देने-वाली अजपा नाम की गायत्री है इसके संकल्प मात्र से योगी समस्त पापों से छूट जाता है ॥ ३३ ॥ इस अजपा के समान विद्या और इसके समान जप या ज्ञान न कोई पहले था न होने वाला है ॥३४॥ संकल्प की विधि यह है कि सूर्योदय से पहले शयन से उठकर हाथ पैर मुख धोकर शुद्ध वस्त्र पहन करके शुद्ध आसन पर बैठ आचमन करे और इस प्रकार से संकल्प करे कि (ओं श्री भगवदाज्ञया भगवत्कैंकर्य रूपमद्य प्रातःकालमारभ्य द्वितीय प्रातःकालपर्यन्तं नासा-



पुट निःसृतोच्छ्वास निःश्वासात्मकं षट्शताधिकैकविंशति सहस्र संख्याकमजपागायत्रीजपमहोरात्रेणाहं करोमि भगवते च निवेदयामि) इस विधि से संकल्प करने से अपूर्व २ शब्द सुनाता है सो लिखा है ।

स एव जपकोट्यानादमनुभवति एवं सर्वहंसवशान्नादो दशविधो जायते । चिणीति प्रथमः, चिञ्चिणीति द्वितीयः, घण्टानादस्तृतीयः, शंखनादश्चतुर्थः पञ्चमस्तन्त्री नादः, षष्ठस्तालनादः, सप्तमो वेणु नादः, अष्टमो मृदंगनादः, नवमो भेरीनादः, दशमो मेघनादः, नवमं परित्यज्य, दशममेवा-भ्यसेत् ॥

(हंसोपनिषद् खं० २ श्लो० २)

साधक पुरुष हंस मन्त्र के करोड़ जप करने से नाद का अनुभव करता है इस प्रकार हंस मन्त्र के बल से दश प्रकार के शब्द उत्पन्न होता है । पहले चिणी शब्द होता है । दूसरा चिञ्चिणी । तीसरा घण्टा का शब्द । चौथा शंख का शब्द । पांचवां वीणा का शब्द । छठवां ताल का शब्द । सातवां बंसी का शब्द । आठवां मृदंग का शब्द । नौवां भेरी का शब्द । दशवां मेघ का शब्द होता है । इन दशों शब्दों को हंस मंत्र के साधक पुरुष सुनता है जिनमें से आदि के नव शब्दों को छोड़ करके दशवां जो मेघ का शब्द है उसका ही सर्वदा मुमुक्षु जन अभ्यास करें । २ । इन दश प्रकार के शब्दों का फल भी लिखा है ।



प्रथमे चिञ्चिणीगात्रे द्वितीये गात्रभंजनम् ।
तृतीये खेदनं याति चतुर्थे कम्पते शिरः ॥
पंचमे स्रवते तालु षष्ठेऽमृतनिषेवणम् ।
सप्तमे गूढ़ विज्ञानं परा वाचा तथाष्टमे ॥
अदृश्यं नवमे देहं दिव्यं चक्षुस्तथा मलम् ।
दशमे परमं ब्रह्म भवेद्ब्रह्मात्मसंनिधौ ॥

(हंसोपनिषद् श्लो० ३)

पहला चिणी का शब्द श्रवणकाल में सब देह में चुनचुनाहट मालूम होता है । दूसरा चिञ्चिणी शब्द सुनने पर सब शरीर टूटने लगता है । तीसरा घण्टा के शब्द विषे चित्त में खिन्नता होती है । चौथा शंख के शब्द विषे शिर कांपता है । पांचवां वीणा का शब्द सुनने पर तालु श्रवता है छठवां ताल के शब्द विषे अमृत पीता है । सातवां बंसी के शब्द विषे छिपे हुए पदार्थों का ज्ञान होता है । आठवां मृदङ्ग के शब्द विषे परा वाचा की प्राप्ति होती है । नौवां भेरी के शब्द सुनने पर मलरहित दिव्य दृष्टि और अन्तर्ध्यान होने की शक्ति होती है । और दशवां मेघ के शब्द सुनने पर परब्रह्म को पाता है ॥२॥ अब अत्यन्त गोपनीय को दिखाता हूं (अत्यन्त आकाश मण्डल के सफा रहने पर एकान्त स्थान में जा करके दिन में सूर्य को और रात्रि में चन्द्रमा को पीछे करके और अपने दोनों भुजाओं को ऊपर उठाकर सावधानी से अपनी छाया के गलों को (ओं नमोनारायणाय) इस मन्त्र को १०८ बार जपता हुआ देखे जिसमें पलक न गिरे



फिर मन्त्र जपता हुआ सामने आकाश में देखे वहां सफेद छाया पुरुष दिखाई पड़ेगा इस प्रकार जो सर्वदा इस क्रिया को करता है वह भूत भविष्य वर्तमान इन तीनों कालों को जानता है । यदि आकाश में छाया पुरुष काला दिखाई दे तो ६ महीने के भीतर अपनी मृत्यु जानना चाहिये और पीला दीखे तो रोग, लाल दीखे तो भय, नीला दीखे तो हानि होती है यदि नाना वर्ण दीखे तो योगी सिद्धियों को प्राप्त करता है । यदि छाया पुरुष के पैर गुल्फ पेट भुजा न दीखे तो निश्चय अपना मृत्यु जानना चाहिये । यदि वाम भुजा न दीखे तो अपनी स्त्री का मरण और दक्षिण भुजा न दीखे तो बन्धुओं का मरण तथा एक महीने के अन्दर अपनी भी मृत्यु जानना चाहिये । सिर न दीखे तो महीने भर में और जंघा कंधा ये न दीखें तो आठ दिन में तथा छाया पुरुष समस्त न दीखे तो उसी क्षणमें अपना मरण जानना चाहिये । अब लय योग को संक्षेप से कहता हूं ।

लययोगश्चित्तलयः कोटिशः परिकीर्तितः ।
गच्छंस्तिष्ठन्स्वपन्भुञ्जन्ध्यायेन्निष्कलमीश्वरम् ॥

(योगत० श्लो० २३)

प्राणायामादिक क्रम से बिनाहि वैष्णवी मुद्रा के अभ्यास से आत्मा में चित्त को विलय करना लययोग है वह करोड़ों कहा गया है चलते ठहरते सोते खाते हुये सर्वदा निष्कल परमात्मा का ध्यान करे ॥ ३॥ चित्तवृत्ति के लक्ष्य को शरीर के भीतर करके आंखा खुले हुये नेत्रों की दृष्टि को नासिका के अग्र भाग में एक टक स्थापन करके स्थित होना वैष्णवी मुद्रा है ।

क्षेत्रज्ञः परमात्मा च तयोरैक्यं यदा भवेत् ।
तदैक्ये साधिते ब्रह्मश्चित्तं याति विलीनताम् ॥
(योगशिखोप० अ० १ श्रु० १३४)

पवनःस्थैर्य्यमायाति लययोगोदये सति ।
लयात् संप्राप्यते सौख्यं स्वात्मानन्द परं पदम्॥१३५॥

हे चतुरानन ! जीवात्मा परमात्मा का जब ऐक्य हो जाता है तब चित्त विलय को पाता है ॥ १३४ ॥ और लययोग उदय होने पर पवन स्थिर हो जाता है तथा साधक पुरुष लययोग से श्रेष्ठ जो स्वात्मानन्द सुख है उसको पाता है ॥ १३५ ॥ अब मरण जानने का उपाय संक्षेप से कहता हूं । जिस मनुष्य का रात्रि में बाम नाक के स्वर और दिन में दक्षिण स्वर सर्वदा चले उस पुरुष की ६ महीने के भीतर मृत्यु होती है । जो मनुष्य अपना जीभ नाक और आकाश ध्रुव तारा अरुन्धती चन्द्रमा तथा शुक्र को कहने से न देखे वह अवश्य वर्ष दिन के बाद काल के मुख में जाता है ।

जिस मनुष्य को जल में सूर्य का प्रतिबिम्ब कटा हुआ दक्षिण दिशा में दीखे वह ६ महीने में मरता है । और पश्चिम में तीन महीना में उत्तर में दो महीना में पूर्व में कटा हुआ दीखे तो एक महीना में मरता है यदि प्रतिबिम्ब के मध्य में छिद्र दीखे तो दश दिन में और यदि सम्पूर्ण प्रतिबिम्ब धूम सा दीखे तो उसी दिन मरता है ।

अब हठयोग को संक्षेप से दिखाता हूं क्योंकि बिना हठ योग के राजयोग सिद्ध जल्दी नहीं होता है ।



हकारेण तु सूर्यः स्याट्ठकारेणेन्दुरुच्यते ।
सूर्याचन्द्रमसोरैक्यं हठ इत्यभिधीयते ॥
(योगशिखो० अ० १ श्रु० १३३)

हकार से सूर्य स्वर कहा जाता है और ठकार से चन्द्र स्वर कहा जाता है इन दोनों सूर्य और चन्द्र स्वर की एकता को हठयोग कहते हैं । ॥ ३३ ॥

अब चारों योगों के उपयोगी और हठयोग के प्रधान अंग जो आसन हैं उनको निरूपण करता हूं । चौरासी लाख योनि हैं उतने ही आसन भी उन्हीं के शरीर चेष्टानुसार हैं । चौरासी लाख आसनों के भेद मनुष्यों से न जाने जायेंगे इससे योगाचार्य्यों ने चौरासी आसन योग के लिये स्थापन किये हैं इन चौरासी आसनों में भी ग्यारह ही आसन को बराहोपनिषद् के पांचवां अध्याय में कहा है इससे मैं भी उन्हीं आसनों को निरूपण करता हूं ।

एकादशासनानिस्युश्चक्रादि मुनिसत्तम ।
चक्रं पद्मासनं कूर्मं मयूरं कुक्कुटं तथा ॥
(बराहोप० अ० ५ श्रु० १५)

वीरासनं स्वस्तिकं च भद्रं सिंहासनं तथा ॥
मुक्तासनं गोमुखं च कीर्तितंयोग वित्तमैः ॥ १६ ॥

हे मुनिसत्तम चक्र आदि ग्यारह आसन योग का है उनके ये



नाम हैं १ चक्रासन २ पद्मासन ३ कूर्मासन ४ मयूरासन ५ कुक्कुटासन ॥ १५ ॥ और ६ वीरासन ७ स्वस्तिकासन ८ भद्रासन ९ सिंहासन १० मुक्तासन ११ गोमुखासन ये एकादश आसन योगवेत्ताओं ने कहा है ॥ १६ ॥

सव्योरुदक्षिणेगुल्फे दक्षिणं दक्षिणेतरे ।
निदध्यादृजुकायस्तु चक्रासनमिदं मतम ॥
(बरा० अ० ५ श्रुति १७)

अब चक्रासन को वर्णन करता हूँ कि बाम जङ्घा को दक्षिण गुल्फ (टकना) पर और दक्षिण जंघा को बाम गुल्फ पर स्थापना करके देह को कोमल रक्खे इसको चक्रासन कहते हैं ॥ १७ ॥

अंगुष्ठेन निबध्नीयाद्धस्ताभ्यां व्युत्क्रमेण च ।
ऊर्वोरुपरि शाण्डिल्य कृत्वा पाद तले उभे ॥
पद्मासनं भवेदेतत् सर्वेषामपिपूजितम ॥
(शाण्डिल्योप० श्रु० ३)

अब पद्मासन को कहता हूँ कि बाम जंघा पर दाहिना पैर को उत्तान रख करके दाहिना जंघा पर बाम पैर को उत्तान रखे इसके बाद दाहिने हाथ को पीठ के पीछे से घुमा के दाहिना पैर के अंगूठे को ग्रहण करे और बायें हाथ को भी पीठ के पीछे से घुमा



के बायें पैर के अंगूठे को ग्रहण करे तो इसको पद्मासन कहते हैं यह सब में श्रेष्ठ है ॥ ३ ॥

गुदं निरुध्य गुल्फाभ्यां व्युत्क्रमेण समाहितः ।
कूर्मासनं भवेदेत दिति योगविदो विदुः ॥ ९ ॥

अब कूर्मासन को कहता हूं कि दाहिना टकना से गुदा के बाम भाग को और बायां गुल्फ से दक्षिण भाग को रोक कर जो सावधानी से बैठा जाता है उसको कूर्मासन योगी लोग कहते हैं ॥ ९ ॥

अवष्टभ्य धरां सम्यक् तलाभ्यां तु करद्वयोः ।
हस्तयोः कूर्परौ चापि स्थापयेन्नाभि पार्श्वयोः ॥
(शाण्डिल्योप० श्रु० १०)

समुन्नत शिरःपादो दण्डवद्व्योम्नि संस्थितः ।
मयूरासनमेतत्तु सर्व पाप प्रणाशनम् ॥ ११ ॥

अब मयूरासन को कहता हूं कि दोनों हाथों के तरवों से पृथ्वी का अवलम्बन करके दोनों हाथों के केहुनी को नाभि के दोनों बगल में स्थापन करे ॥ १० ॥ और सिर तथा पैर को उठा करके दण्ड के समान आकाश में स्थित हो तो समस्त पाप को नाश करने वाला इसको मयूरासन योगी जन कहते हैं ॥ ११ ॥ यह समस्त पेट के रोग को दूर करता है ।

पद्मासनं तु संस्थाप्य जानूर्वोरन्तरे करौ ।
निवेश्य भूमौ संस्थाप्य व्योमस्थं कुक्कुटासनम् ॥१॥

अब कुक्कुटासन को कहता हूं दोनों जंघों के ऊपर दोनों पैरों को रख करके पैर और जंघों के बीच में दोनों हाथों को लगा कर और उन दोनों हाथों को भूमि में स्थापन करके आकाश में स्थित रहे तो इसको कुक्कुटासन कहते हैं ॥ १ ॥

एकं पाद मथैकस्मिन्विन्यस्योरुणि संस्थितः ।
इतरस्मिंस्तथा चोरुं वीरासनमुदीरितम् ॥
(शाण्डिल्यो० श्रु० ४)

दाहिना पैर को बाम जंघा पर और बाम पैर को दाहिना जंघा पर रखने से वीरासन होता है ॥ ४ ॥

जानूर्वोरन्तरे सम्यक् कृत्वा पादतले उभे ।
ऋजुकायः समासीनः स्वस्तिकं तत्प्रचक्षते ॥
(शाण्डि० श्रु० १)

पैर और जंघा के बीच में दोनों तरवों को लगा कर जो सावधानी पूर्वक बैठा जाता है उसको स्वस्तिक आसन कहते हैं॥१॥

गुल्फौ तु वृषणस्याधः सीवन्या पार्श्वयोः क्षिपेत् ।



पादपार्श्वे तु पाणिभ्यां दृढं बध्वा सुनिश्चलम् ।
भद्रासनं भवेदेतत्सर्व व्याधि विषापहम् ॥
(शाण्डि० श्रु० ८)

अब भद्रासन कहता हूं कि अण्डकोश के नीचे सीवनी के दोनों पार्श्व भाग में क्रम से बाम गुल्फ को बाम पार्श्व में और दक्षिण गुल्फ को दक्षिण पार्श्व भाग में स्थापन करके दोनों पार्श्व भागों को दोनों हाथों से दृढ़ बांध कर स्थित रहे तो इसको सम्पूर्ण रोगों का नाशक भद्र आसन कहते हैं ॥ ८ ॥

दक्षिणं सव्य गुल्फेन दक्षिणेन तथेतरम् ।
हस्तौ च जान्वोः संस्थाप्य स्वांगुलीश्चप्रसार्य च ॥
(शाण्डि० श्रु० ५)

व्यक्त वक्त्रो निरीक्षेत नासाग्रं सुसमाहितः ।
सिंहासनंभवेदेतत्पूजितं योगिभिः सदा ॥ ६ ॥

अण्डकोष के नीचे सीवनी नाड़ी के दाहिना भाग को बाम गुल्फ से और बाम भाग को दाहिना गुल्फ से दबाकर बैठे और दोनों जंघों के ऊपर दोनों हाथों को रखकर अपनी अंगुलियों को फैलाकर इसके बाद मुख को खोल कर सावधानी से नाक के अग्र भाग को देखे इसको सिंहासन कहते हैं वह सदा योगियों से पूजित है ॥६॥५॥



संपीड्य सीविनीं सूक्ष्मां गुल्फेनैवतु सव्यतः ।
सव्यं दक्षिण गुल्फेन मुक्तासनमुदीरितम् ॥
(शा० श्रु० ६)

सूक्ष्म सीवनी के दक्षिण भाग को बाम गुल्फ से और बाम भाग को दाहिना गुल्फ से दबाकर बैठा जाय उसको मुक्त आसन कहते हैं ॥ ६ ॥

सव्ये दक्षिण गुल्फं तु पृष्ठपार्श्वे नियोजयेत् ।
दक्षिणेऽपि तथा सव्यं गोमुखं गोमुखं यथा ॥
(शा० श्रु० २)

गोमुख आसन को कहता हूं कि कटि के बाम भाग में दाहिना टकना और दक्षिण भाग में बाम टकना को लगाकर जो गौ के मुख के समान आकार हो जाता है उसको गोमुख आसन कहते हैं ॥२॥ पूर्वोक्त आसनों के करने से देह में कोई भी रोग नहीं होता है इससे पहले अवश्य आसन करना चाहिये। अब शक्ति चालन करने के लिये मुद्राओं का वर्णन करता हूं।

महामुद्रा नभो मुद्रा ओड्याणञ्च जलन्धरम् ।
मूलबन्धंच यो वेत्ति सयोगी मुक्ति भाजनम् ॥
(योग चू० श्रु० ४५)



महामुद्रा १ खेचरी मुद्रा २, उड्डीयान बन्ध ३, जालन्धर बन्ध ४, मूलबन्ध ५ इन पांचों को जो योगी करता है वह मुक्ति भाजन होता है ॥ ४५ ॥

वक्षोन्यस्तहनुः प्रपीड्य सुचिरं योनिं च वामांघ्रिणा ।
हस्ताभ्यामनुधारयन्प्रसरितं पादं तथा दक्षिणम् ।
आपूर्यश्वसनेन कुक्षि युगलं बध्वा शनैः रेचयेत् ।
सेयं व्याधिविनाशिनी सुमहती मुद्रा नृणां कथ्यते ॥
(योगचू० श्रु० ६६)

छाती पर ठुड्डी को जोर से धारण करके बाम पैर की एड़ी से लिंग और गुदा के बीच में योनि के स्थान को अत्यन्त जोर से दबावे इसके बाद दाहिना पैर लम्बा करके और दाहिना पैर के मध्य भाग को दोनों हाथों से पकड़ के दृढ़ रोके तब पेट में पूरक विधि से वायु भरे कुछ काल यथाशक्ति वायु को रोक कर धीरे-धीरे छोड़ दे तो इसको योगी जन समस्त रोग नाशक महामुद्रा कहते हैं ॥ ६६ ॥

चन्द्रांशेन समभ्यस्य सूर्यांशेनाभ्यसेत्पुनः ।
या तुल्या तु भवेत्संख्या ततो मुद्रां विसर्जयेत् ॥६७॥

(बाम अंग से प्रथम अभ्यास करके पीछे दाहिने अंग से करे

जब दोनों ओर के अभ्यास से प्राणायाम की मात्रा बराबर हो जाय तब महामुद्रा को विसर्जन कर दे ॥ ६७ ॥

नहि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः ।
अतिभुक्तं विषं घोरं पीयूषमिव जीर्यते ॥६८॥

क्षयकुष्ठ गुदावर्त गुल्माजीर्ण पुरोगमाः ।
तस्य रोगाः क्षयं यान्ति महामुद्रांतु योऽभ्यसेत् ॥६९॥

कथितेयं महामुद्रा महासिद्धिकरीनृणाम् ।
गोपनीया प्रयत्नेन नदेयायस्य कस्यचित् ॥ ७० ॥

महामुद्रा के अभ्यास दृढ़ हो जाय तो पथ्यापथ्य का विचार कुछ नहीं रहता है और सब रस नीरस हो जाता है और घोर विष भी खाया हुआ अमृत के समान पच जाता है ॥ ६८ ॥ तथा कुष्ट, क्षय, भगन्दर गुल्म पेचिस आदि समस्त रोग नष्ट हो जाते हैं॥६९॥ अभ्यासी को महासिद्धि करनेवाली यह महामुद्रा कही है इसको बड़े यत्न से गुप्त रखना चाहिये जिस किसी को न देना चाहिये ॥७०॥

कपाल कुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा ।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ॥

(योग चू० श्रु० ५१)



जीभ को उलटा फिराय के कंठ के मूल में जो छिद्र हैं उसमें घुसावे और भ्रू मध्य में निश्चल दृष्टि करे तो इसको खेचरी मुद्रा कहते हैं ॥ ५१ ॥

तालुमूलं समुत्कृष्य सप्तवासरमात्मवित् ।
स्वगुरूक्तप्रकारेण मलंसर्वं विशोधयेत् ।

(योगकुण्डल्यु० श्लो० २८)

योग कुण्डल्युपनिषद् में लिखा है कि आत्मवेत्ता पुरुष तालु मूल से जीभ को धीरे से कुछ बाहर निकाल करके अंगूठा और तर्जनी से सात दिन तक जीभ को प्रातःकाल दोहन और चालन करके मल शुद्ध करे ॥ २८ ॥

स्नुहिपत्रनिभं शस्त्रं सुतीक्ष्णं स्निग्ध निर्मलम् ।
समादाय ततस्तेन रोममात्रं समुच्छिनेत् ॥ २९ ॥

ततः सैन्धव पथ्याभ्यां चूर्णिताभ्यां प्रकर्षयेत्
पुनः सप्तदिने प्राप्ते रोम मात्रं समुच्छिनेत् ॥ ३० ॥

एवं क्रमेण षण्मासं नित्योद्युक्तः समाचरेत् ।
षण्मासाद्रसनामूलं सिराबद्धं प्रणश्यति ॥ ३१ ॥

सेहुंड़ के पत्ते के समान अत्यन्त तीक्ष्ण चिकन निर्मल शस्त्र



से जीभ के नीचे की नस को रोम मात्र छेदन करे ॥ २९ ॥ और तिसके पीछे सेंधे और हरे के चूर्ण कटा हुआ स्थान पर मले ऐसे सायं प्रातः सात दिन करके फिर पूर्वोक्त विधि से रोम मात्र काटे ॥ ३० ॥ इस रीति से छः महीना तक नित्य करे तो जीभ के मूल की नाड़ी जो जीभ को कपाल कुहर में नहीं जाने देती है सो कट जाती है ॥ ३१ ॥

न रोगो मरणं तस्य ननिद्रा नक्षुधा तृषा ।
नच मूर्छा भवेत्तस्य यो मुद्रां वेत्तिखेचरीम् ॥

(योगचू० श्रु० ५३)

पीड्यते नच रोगेण लिप्यतेनचकर्मभिः ।
बाध्यतेनचकेनापि योमुद्रांवेत्ति खेचरीम् ॥ ५४ ॥

जो खेचरी मुद्रा को जानता है उसको रोग, मरण, निद्रा, क्षुधा, तृषा और मूर्च्छा ये सब नहीं होते हैं ॥५३॥ जो खेचरी को करता है वह रोग से पीड़ित नहीं होता है और न कर्म से लिप्त होता है और न किसी से बांधा जाता है ॥ ५४ ॥

कुम्भकान्ते रेचकादौ कर्त्तव्यस्तूड्डीयानकः ।
बन्धोयेन सुषुम्नायां प्राणस्तूड्डीयतेयतः ॥

(योग शि० अ० १ श्रु० १०६)



तस्मादुड्डीयनाख्योऽयं योगिभिः समुदाहृतः ।
उड्डीयानं तु सहजं गुरुणाकथितं सदा ॥१०७॥

अभ्यसेदेतदतन्द्रस्तु वृद्धोऽपि तरुणोभवेत् ।
नाभेरूर्ध्वमधश्चापि त्राणं कुर्यात्प्रयत्नतः ॥१०८॥

षण्मासमभ्यसेन्मृत्युं जयत्येव न संशयः ॥१०९॥

कुम्भक के अन्त में और रेचक के आदि में उड्डीयानबन्ध करना चाहिये । जिस बन्ध से प्राण वायु सुषुम्ना नाड़ी में उड़ जाता है ॥ १०६ ॥ उसको योगी लोग उड्डीयानबन्ध कहते हैं । सहज उड्डीयानबन्ध को गुरु के उपदेश से जो सदा ॥१०७॥ बिना आलस्य के करता है वह वृद्ध भी तरुण के तुल्य आचरण करता है। नाभि के ऊपर और नीचे के पेट को सावधानी से पीठ में सटा दे तो इसको उड्डीयान कहते हैं ॥ १०८ ॥ छः महीना इस बन्ध का बारम्बार अभ्यास करे तो मृत्यु को जीतता है इसमें सन्देह नहीं है ॥ १०९ ॥

पूरकान्तेतु कर्त्तव्यो बन्धो जालन्धराभिधः ॥१०६॥

कण्ठ संकोचरूपोऽसौ वायुमार्ग निरोधकः ।
कण्ठमाकुञ्च्य हृदये स्थापयेद्दृढमिच्छया ॥११०॥

बन्धो जालन्धराख्योऽयममृताप्याय कारकः ॥१११॥

पूरक के अन्त में जालन्धर बन्ध करना चाहिये ।।१०६।। कण्ठ संकोच और हवा रोकने वाला जालन्धर बन्ध है कण्ठ के बिल संकोच करके ठोढी को अपने छाती पर दृढ़ रीति से स्थापित करे ।। ११० । तो अमृत को रोकने वाला इसको जालन्धर कहते हैं ।। १११ ।।

गुदंपाष्र्ण्यांतु संपीड्य पायुमाकुञ्चयेद्बलात् ।
बारम्वारं यथाचार्ध्वं समायाति समीरणः ।।

(योगशि० अ० १ श्लो० १०४)

प्राणापानौ नादबिन्दू मूलबन्धेनचैकताम् ।।
गत्वा योगस्य संसिद्धि यच्छतो नात्र संशयः ।।१०५।।

पार्ष्णि से गुदा मार्ग को भली प्रकार पीड़ित करके वायु को बल से इस प्रकार बारम्बार आकर्षण करे कि जिससे वह सुषुम्ना के ऊपर के भाग में पहुँच जाय यह मूल बन्ध कहा जाता है ।।१०४।। प्राण और अपान ये दोनों वायु तथा नाद और बिन्दु ये दोनो मूल बन्ध से एकता होकर योगी को योग की सिद्धि को देते हैं इसमें सन्देह नहीं है ।।१०५।। अब महाबन्ध १ महावेध २ विपरीतकरणी ३ बज्रोली ४ शक्तिचालन ५ इन पाँच मुद्राओं को दिखाता हूं ।

पार्ष्णिवामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत् ।
प्रसार्य दक्षिणं पादं हस्ताभ्यां धारयेद्दृढम् ।।

(योगत० श्लो० ११२)



चिबुकं हृदिविन्यस्य पूरयेद्वायुना पुनः ।
कुम्भकेन यथाशक्ति धारयित्वातु रेचयेत् ।।११३।।

वामांगेनसमभ्यस्य दक्षांगेन ततोऽभ्यसेत् ।
प्रसारितस्तु यःपादस्तमूरूपरि नामयेत् ।।११४।।

अयमेव महाबन्ध उभयत्रैनमभ्यसेत् ।। ११५ ।।

वाम पैर की एड़ी को गुदा और लिंग के बीच में लगावे और दक्षिण पैर को पसार करे दोनों हाथों से बीच में दृढ़ पकड़े।।११२।। और ठोढ़ी को हृदय में जमाकर हवा से पेट को भरे इसके बाद यथाशक्ति कुम्भक करके रेचक करें।। ११३ ।। वाम अंग से अभ्यास करके फिर दक्षिण अङ्ग से अभ्यास करे और फैलाये हुये दाहिने पैर को वाम जंघा के ऊपर रख दे ।। ११४ ।। तो इसको महाबन्ध कहते हैं ।। ११५ ।।

महाबन्धस्थितो योगी कृत्वापूरकमेकधीः ।
वायूनां गतिमावृत्य निभृतं कण्ठमुद्रया ।।

(योगत० श्लो० ११६)

पुटद्वयं समाक्रम्य वायुःस्फुरति सत्वरम् ।
अयमेव महावेधः सिद्धैरभ्यस्यतेऽनिशम् ।। ११७।।



महाबन्ध मुद्रा में स्थित योगी एकाग्र बुद्धि से पूरक करके जालन्धर मुद्रा से वायुओं के गति को रोक दे ।।११६।। तो शीघ्र ही प्राण और अपान वायु सुषुम्ना नाड़ी में चला जाता है इसका अभ्यास सदा सिद्ध लोग करते हैं इसको महावेध मुद्रा कहते हैं ।। ११७ ।। इसके करने से अणिमा आदि सिद्धियों की प्राप्ति होती है ।

करणी विपरीताख्या सर्वव्याधिविनाशिनी ।
नित्यमभ्यासयुक्तस्य जाठराग्निविवर्धनी ।।

(योगत० श्लो० १२२)

आहारो बहुलस्तस्य संपाद्यः साधकस्य च ।
अल्पाहारो यदिभवेदग्निर्देहं हरेत्क्षणात् ।।१२३।।

अधः शिरश्चोर्ध्व पादः क्षणंस्यात्प्रथमे दिने ।
क्षणाच्चकिञ्चिदधिकमभ्यसेत्तु दिनेदिने ।। १२४ ।।

वलीच पलितश्चैव षण्मासार्धान्न दृश्यते ।
याममात्रं तु यो नित्य मभ्यसेत्सतुकालजित्।।१२५।।

विपरीत करणी नाम की मुद्रा समस्त रोगों का नाश करने वाली है और सदा अभ्यास करने वालों के जठरानल को बढ़ाने



वाली है ।। १२२ ।। इस मुद्रा के अभ्यास करने वालों को अधिक भोजन करना चाहिये नहीं तो थोड़ा भोजन करने से क्षण भर में अग्नि देह को भस्म कर देता है ।।१२३।। अब क्रिया को कहता हूं कि पहला दिन नीचे शिर और ऊपर पैर करके क्षण भर ठहरे फिर प्रतिदिन एकएक क्षण बढ़ायके अभ्यास करे ।।१२४।। जो इस मुद्रा का तीन महीना अभ्यास करता है उसका लटका हुआ चाम भी पका हुआ बाल नहीं देखने में आता है और जो रोज-रोज एक-एक पहर पर्यन्त विपरीतकरणी को करता है वह मृत्यु को जीतता है ।। १२५ ।।

स्वेच्छयावर्तमानोऽपि योगोक्तैर्नियमैर्विना ।
बज्रोली यो विजानाति सयोगी सिद्धिभाजनम् ।।१।।

जो योगोक्त नियम नहीं जानता हुआ भी अपनी इच्छा से वज्रोली को करता है वह सिद्धि को पाता है ।। १ ।।

तत्रवस्तुद्वयं वक्ष्ये दुर्लभंयस्यकस्यचित् ।
क्षीरञ्चैकंद्वितीयंतु नारीच वशवर्तिनी ।।२।।

मेहनेन शनैः सम्यगूर्ध्वाकुञ्चनमभ्यसेत् ।
पुरुषोऽप्यथवानारी बज्रोली सिद्धमाप्नुयात् ।।३।।

इस मुद्रा में हर किसी को दो वस्तु दुर्लभ है ये दो अवश्य चाहिये स्त्री संगम के बाद पीने के लिये दुध और वश में रहनेवाली

स्त्री। स्त्री संगम करके मंद-मंद अपने इन्द्रिय से स्खलित वीर्य को रज के साथ खींच ले तो वज्रोली सिद्धि होती है ॥२।३।

वज्रोली से पहले जो क्रिया की जाती है उसको कहता हूं कि– चांदी या सीसा के लिंग के छेद में पैठने के योग्य खोखरी छेद वाली चौदह अंगुल की सलाई बनवा कर लिंग के छिद्र में पैठाने का अभ्यास करे। पहले दिन एक अंगुल मात्र पैठावे दूसरे दिन दो अंगुल और तीसरे दिन तीन अंगुल पैठावे इस प्रकार बारह अंगुल के प्रवेश होने पर लिंग का मार्ग शुद्ध हो जाता है फिर बारह अंगुल के उसी प्रकार की सलाई बनवावे जो दो अंगुल टेढ़ी हो और ऊर्ध्वमुखी हो उसको भी दस अंगुल लिंग के छिद्र में प्रवेश करे और जो टेढ़ा दो अंगुल मात्र है उसको बाहर रक्खे फिर सोनार के अग्निधमन के नाल की सदृश नाल को लेकर जो लिंग के बाहर टेढ़ा दो अंगुल मात्र है उसके बीच में पैठा कर फूंके तो लिंग के मार्ग की शुद्धि होती है तब इस मार्ग से जल के आकर्षण का अभ्यास करे इसके बाद वीर्य का आकर्षण करे तो वज्रोली सिद्धि होती है और जिसको खेचरी सिद्ध हो उसको वज्रोली सिद्धि होती है। जिसकी अपनी विवाही स्त्री न हो वह केवल जलही के आकर्षण करे उसी से वीर्य स्तम्भन हो जाता है। कभी भी पर स्त्री के संगम से वीर्याकर्षण न करे क्योंकि पर स्त्री को छूना भी शास्त्र में मना है।

कन्दोर्ध्वे कुण्डली शक्ति रष्टधा कुण्डलाकृतिः।
ब्रह्मद्वारमुखं नित्यं मुखेनाच्छाद्य तिष्ठति ॥

(योग चू० श्रु० ३६)



येनद्वारेण गन्तव्यं ब्रह्मद्वारमनामयम्।
मुखेनाच्छाद्यतद्द्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी ॥३७॥

प्रबुद्धावह्नि योगेन मनसा मरुतासह।
सूचीवद्गात्रमादाय व्रजत्यूर्ध्वं सुषुम्नया ॥३८॥

उद्घाटयेत्कपाटंतु यथा कुञ्चिकया गृहम्।
कुण्डलिन्यां तथा योगी मोक्षद्वारं प्रभेदयेत् ॥३९॥

कन्द स्थान के ऊपर आठ वृत्त करके वेष्टित कुण्डल के समान कुण्डलिनी शक्ति ब्रह्म द्वार के मुख को अपने मुख से आच्छादित करके रहती है ॥३६॥ जिस सुषुम्ना द्वार करके अनामय पद मिलता है उस ब्रह्म द्वार को कुण्डलिनी मुख से ढ़ांक कर सोई हुई है ॥३७॥ आग के संयोग से जगी हुई वह मन और प्राण वायु के साथ सूची के समान गात्र को लेकर सुषुम्ना नाम के मध्य नाड़ी से ऊपर को जाती है ॥३८॥

जैसे तालीसे घर के किवाड़ खोला जाता है वैसे ही योगी कुण्डलिनी में मोक्ष के द्वार को खोलता है ॥३९॥

कृत्वासम्पुटितौ करौ दृढतरं बध्वातु पद्मासनम्।
गाढं वक्षसि सन्निधाय चिबुकं ध्यानञ्च तच्चेष्टितम्।
वारम्वारमपानमूर्ध्वमनिलं प्रोच्चारयेत्पूरितम्।



मुञ्चन्प्राणमुपैति बोधमतुलं शक्तिप्रभावादतः ॥

(योगचू० श्रु० ४०)

दोनों हाथ के अञ्जली बांध के दोनों अञ्जली को हृदय में दृढ़ स्थापन करके पद्मासन करे और ठोढ़ी को हृदय में दृढ़तर लगाय के परमात्मा के शुभ विग्रह को ध्यान करे और बारम्बार अपान वायु को ऊपर खींच कर पूरक करे इसके बाद यथा शक्ति कुम्भक करके धीरे-धीरे रेचक करे इस प्रकार से कुण्डलिनी का बोध होता है और योगी को अपरिमित ज्ञान होता है कुण्डलिनी के प्रबोध करने वाली यही शक्ति चालन मुद्रा है ॥४०॥ इस मुद्रा के करने से जो पसीना हो उसको देह में मिला दे और लवण खट्टा मीठा तीता न खा केवल दूध खाय। करे तो एक वर्ष के ऊपर अवश्य सिद्ध होता है।

षट्चक्रं षोडशाधारं त्रिलक्ष्यं व्योमपञ्चकम्।
स्वदेहे योन जानाति तस्य सिद्धिः कथं भवेत् ॥

(योग चू० श्रु० ३)

मूलाधार चक्र १ स्वाधिष्ठान चक्र २ मणिपूरक चक्र ३ अनाहत चक्र ४ विशुद्ध चक्र ५ आज्ञा चक्र ६ इन छः चक्रों को और प्रथम आधार पादांगुष्ठ है इस पर एकाग्र दृष्टि करके ज्योति चैतन्य करे इससे दृष्टि स्थिर होती है १। दूसरा आधार मूलाधार इसे पैर की एड़ी से दबाना इससे जठराग्नि दीप्त होता है२। तीसरा गुदाधार इसके संकोच विकास के अभ्यास करने से अपान वायु वज्र



नाड़ी में पैठता है ३। चौथा बिन्दु आधार इसके आकर्षण के अभ्यास से वज्रोली करने की सामर्थ्य होती है ४। पांचवां उड्डीयान बन्ध आधार है इसके करने से मल मूत्र कृमि का नाश होता है ५। छठवां नाभि मण्डल आधार है जिसमें नारायण का ध्यान करने से नाद उत्पन्न होता है ६। सातवां हृदय आधार है इसमें प्राण वायु को रोकने से हृदय कमल विकसित होता है ७। आठवां कण्ठ आधार है इसमें ठोढ़ी हृदय पर दृढ़ लगावे तो वायु स्थिर होता है ८। नौवां क्षुद्रघंटिका आधार है उस तक जीभ पहुंचावे तो अमृत रस मिलता है ९। दशवां जीभ का मूल आधार है इसमें खेचरी मुद्रा करने से खेचरी सिद्धि होती है १०। ग्यारहवां जीभ का अधोभाग आधार है जिसमें जिह्वाग्र से मथन करके दिव्य कविता शक्ति होती है ११। बारहवां ऊर्ध्वदन्त मूल आधार है जिसमें जिह्वाग्र स्थापन करने से रोग दूर होता है १२। तेरहवां नाक के अग्र भाग आधार है जिसमें दृष्टि स्थिर करने से मन स्थिर होता है १३। चौदहवां नासिका मूल आधार है जिसमें दृष्टि स्थिर करने से छः महीने में ज्योति प्रत्यक्ष होती है १४। पन्द्रहवां भ्रूमध्य आधार है जिसमें अचल दृष्टि के अभ्यास करने से सूर्य्य के किरणों के समान ज्योति प्रकाश होती है १५। सोलहवां नेत्र आधार है जिनके मूल में अंगुली से मीसने पर वर्तुलाकार बिन्दु समान इन्द्र धनुष के तुल्य ज्योति दिखाई देती है उसको देखने का अभ्यास करने से ज्योति प्रत्यक्ष होती है १६। इन सोलह आधारों को और तीन लक्ष्यों को तथा पृथ्वी जल अग्नि वायु आकाश इन पांचों तत्वों को जो योगी अपने देह में नहीं जानता है उसको योग सिद्धि नहीं होती है ॥३॥

चतुर्दलं स्यादाधारं स्वाधिष्ठानञ्च षड्दलम् ।
नाभौ दशदलं पद्मं हृदये द्वादशारकम् ॥

(योग चू० मु० ४)

षोडशारं विशुद्धाख्यं भ्रूमध्ये द्विदलं तथा ।
सहस्रदल संख्यातं ब्रह्मरन्ध्रे महापथि ॥ ५ ॥

आधार चक्र जो गुदा द्वार है उसमें चार दल वाला कमल और स्वाधिष्ठान चक्र जो लिंग मूल है उसमें छः दल वाला कमल और मणिपूर चक्र जो नाभि मूल है उसमें दश दल वाला कमल और अनाहत चक्र जो हृदय में है वहां पर बारह दल वाला कमल और विशुद्ध चक्र जो कण्ठ स्थान में है वहां पर सोलह दल वाला कमल और आज्ञा चक्र जो भ्रूमध्य में है वहां पर दो दल वाला कमल वर्तमान है इसके ऊपर जो ब्रह्मरन्ध्र मार्ग है वहां पर हजार दल वाला कमल है ॥ ४ ॥ ५ ॥

आधारं प्रथमं चक्रं स्वाधिष्ठानं द्वितीयकम् ।
योनिस्थानं द्वयोर्मध्ये कामरूपं निगद्यते ॥ ६ ॥

कामाख्यंतु गुदस्थाने पङ्कजन्तु चतुर्दलम् ।
तन्मध्ये प्रोच्यते योनिः कामाख्यासिद्ध वन्दिता ॥७॥

तस्यमध्ये महा लिंगं पश्चिमाभि मुख स्थितं ।



नाभौतु मणिवद्बिम्बं यो जानाति सयोगवित् ॥८॥

पहला जो मूलाधार चक्र और दूसरा जो स्वाधिष्ठान चक्र इन दोनों के बीच में योनि स्थान है और यही काम रूप पीठ भी है॥६॥ गुदा मार्ग में जो चार दल वाला कामाख्य कमल है उसके बीच में योनि है जिसकी वन्दना सिद्ध जन करते हैं यही कामाख्या पीठ है ॥७॥ योनि के बीच में सुषुम्णा द्वार के सम्मुख स्थित महालिंग है उसके नाभि में मणि के समान देदीप्यमान बिम्ब है यही कुण्डलिनी मोक्ष द्वार है । इसे जो सम्यक् प्रकार से जानता है वह योग वेत्ता है ॥८॥

तप्तचामीकराभासं तडिल्लेखेव विस्फुरन् ।
त्रिकोणं तत्पुरं वह्नेरधोमेढ्रात्प्रतिष्ठितम् ॥ ९ ॥

समाधौ परमं ज्योतिरनन्तं विश्वतोमुखम् ।
तस्मिन्दृष्टे महायोगे याता यातोन- विद्यते ॥१०॥

लिंग स्थान से नीचे स्थित तपाया हुआ सोना के समान वर्ण और बिजुली के समान चमक दमक वाला जो त्रिकोण है वही कालाग्नि का स्थान है ॥९॥ इसी त्रिकोण विषय समाधि में अनन्त सब संसार में व्याप्त होने वाली परम ज्योति प्रकट होती है उस ज्योति को जो योगी देख लेता है उसका फिर से जन्म मरण नहीं होता है ॥१०॥



स्वशब्देन भवेत्प्राणः स्वाधिष्ठानं तदाश्रयः ।
स्वाधिष्ठानाख्यया तस्मान्मेढ्रमेवाभिधीयते ॥

(योग चू० मु० ११)

तन्तुना मणिवत्प्रोतो योऽत्र कन्दः सुषुम्नया ।
तन्नाभि मण्डले चक्रं प्रोच्यते मणिपूरकम् ॥१२॥

द्वादशारे महाचक्रे पुण्यपाप विवर्जिते ।
तावज्जीवो भ्रमत्येव यावत्तत्त्वं न विन्दति ॥१३॥

स्वशब्द प्राण का बोधक है इसका आश्रय लिंग मूल है प्राण का अधिष्ठान होने से इसे मेढ़ कहते हैं ॥११॥ जैसे डोरा में मणि गुथा रहता है वैसे ही सुषुम्ना नाड़ी में कन्द गुथा हुआ है उस नाभि मण्डल में मणि पूरक चक्र है ॥१२॥ पुण्य पाप से रहित बारह दल वाला अनाहत चक्र में जब तक जीव योग से तत्व को नहीं जानता है तब तक संसार में आता जाता रहता है ॥१३॥

ऊर्ध्वं मेढ्रादधोनाभेः कन्दे योनिः खगाण्डवत् ।
तत्रनाड्यः समुत्पन्नाः सहस्राणांद्विसप्ततिः ॥१४॥

तेषु नाडी सहस्रेषु द्विसप्ततिरुदाहृता ।
प्रधानाः प्राण वाहिन्यो भूयस्तासु दशस्मृताः ॥१५॥



लिंग से ऊपर और नाभि के नीचे कन्द समस्त नाड़ियों का उत्पत्ति स्थान पक्षि के अण्ड के तुल्य आकार वाला है और वहां ही पर बहत्तर हजार नाड़ी उत्पन्न हुए है ॥ १४ ॥ उन बहत्तर हजार नाड़ियों में मुख्य बहत्तर ही हैं इनमें भी प्राण वायु को चलाने वाली प्रधान दश ही नाड़ी हैं ॥ १५ ॥

इडाच पिंगला चैव सुषुम्ना च तृतीयका ।
गांधारी हस्तिजिह्वा च पूषाचैव यशस्विनी ॥१६॥

अलम्बुषा कुहूश्चैव शंखिनी दशमीस्मृता ।
एतन्नाडी महाचक्रं ज्ञातव्यंयोगिभिः सदा ॥१७॥

इडा १ पिङ्गला २ सुषुम्ना ३ गान्धारी ४ हस्तिजिह्वा ५ पूषा ६ यशस्विनी ७ अलंबुषा ८ कुहू ९ शंखिनी १० ये मुख्य नाड़ियों के नाम हैं यह नाड़ी महा चक्र योगियों को सदा जानना चाहिये ॥ १६ ॥ १७ ॥

इडा वामेस्थिता भागे दक्षिणे पिङ्गला स्थिता ।
सुषुम्ना मध्यदेशे तु गान्धारी वाम चक्षुषि ॥१८॥

दक्षिणे हस्ति जिह्वाच पूषा कर्णे च दक्षिणे ।
यशस्विनी वामकर्णे चानने चाप्यलम्बुषा ॥१९॥

कुहूश्च लिंग देशे तु मूलस्थाने तु शङ्खिनी ।

एतां द्वारं समाश्रित्य तिष्ठन्ति नाडयः क्रमात् ॥२०॥

वाम नाक में इडा नाड़ी और दाहिना नाक में पिङ्गला नाड़ी और इन दोनों के बीच में सुषुम्ना नाड़ी तथा वाम नेत्र में गान्धारी नाड़ी रहती है ॥१८॥ और दाहिना नेत्र में हस्तिजिह्वा नाड़ी तथा दाहिना कान में पूषा नाड़ी वाम कान में यशस्विनी नाड़ी और मुख में अलम्बुषा नाड़ी रहती है ॥१९॥ और लिंग देश में कुहू नाड़ी तथा गुदा में शंखिनी नाड़ी रहती है इस प्रकार ये दश नाड़ी प्राण वायु के एक एक द्वार को आश्रय करके रहते हैं ॥२०॥ जब वाम नाक से स्वांस आता हो तो शुभ कर्म करे तथा दाहिना नाक से स्वर आता हो तो क्रूर कर्म करे और सुषुम्ना का प्रवाह हो तो योग के कर्म करे तो सिद्ध होता है।

प्राणापान समानाख्या व्यानोदानौच वायवः ।
नागः कूर्मोऽथ कृकरो देवदत्तो धनञ्जयः ॥

(योग सू० श्लो० २२)

हृदि प्राणः स्थितो नित्य मपानो गुदमण्डले ।
समानो नाभिदेशे तु उदानः कण्ठमध्यगः ॥
व्यानः सर्व शरीरेषु प्रधानाः पञ्चवायवः ॥२४॥

उद्गारे नाग आख्यातः कूर्म उन्मीलने तथा ।
कृकरः क्षुत्करो ज्ञेयो देवदत्तो विजृम्भणे ॥२५॥



न जहाति मृतं वापि सर्वव्यापी धनञ्जयः ।
एते नाडीषु सर्वासु भ्रमन्ते जीवजन्तवः ॥२६॥

प्राण १ अपान २ समान ३ उदान ४ व्यान ५ नाग ६ कूर्म ७ कृकल ८ देवदत्त ९ धनञ्जय १० ये दश वायु शरीर में हैं ॥२२॥ हृदय में प्राण वायु और गुदा मार्ग में अपान वायु नाभि देश में समान वायु और कण्ठ के मध्य में उदान वायु रहता है ॥२३॥ और व्यान वायु सब शरीर में रहता है इस प्रकार से ये पाच वायु प्रधान हैं ॥२४॥ उगिलना नाग वायु का कर्म है आंख खोलना यह कूर्म वायु का कर्म छींकना कृकर वायु का कर्म है और जम्हाना देवदत्त वायु का कर्म है ॥२५॥ और धनञ्जय वायु समस्त शरीर में व्याप्त रहता है मरे शरीर को भी चार घटि पर्यन्त यह नहीं छोड़ता है जीव रूपी ये सब नाड़ियों में घूमा करते हैं ॥ २६ ॥ दश नाड़ी और दश वायु को कह करके अब पांचो तत्वों के आकार और स्थान को कहता हूं।

पादादि जानु पर्यन्तं पृथिवी स्थानमुच्यते ।
पृथिवी चतुरस्रं तु पीतवर्णं लवर्णकम् ॥

(योगत० श्लो० ८४)

पैर से जंघा पर्यन्त पृथिवी का स्थान है और लवर्ण चार कोना पीत रंग पृथ्वी का है ॥८४॥



जान्वोः पायुपर्यन्तं अपां स्थानं प्रकीर्तितम् ।
आपोऽर्ध चन्द्रं शुक्लञ्च वंबीजं परिकीर्तितम् ॥

(योगत० श्लो० ८८)

जंघा से गुदा पर्यन्त जल का स्थान है और वंबीज आधा चन्द्रमा के सदृश शुक्ल वर्ण जल का है ॥८८॥

आपायोर्हृदयान्तञ्च वह्नि स्थानं प्रकीर्तितम् ।
वह्निस्त्रिकोणं रक्तञ्च रेफाक्षर समुद्भवम् ॥

(योगत० श्लो० ९१)

गुदा से हृदय पर्यन्त अग्नि का स्थान और रंबीज त्रिकोणाकार लाल वर्ण अग्नि का है ॥९१।

आहृदयाद् भ्रुवोर्मध्यं वायुस्थानं प्रकीर्तितम् ।
वायुःषट्कोणकं कृष्णं यकाराक्षर भासुरम ॥

(योगत० श्लो० ९४)

हृदय से लेकर भ्रू पर्यन्त वायु का स्थान है और यंबीज षट्कोणाकार तथा काला वर्ण वायु का है ॥९४॥

आभ्रूमध्यात्तु मूर्धान्तमाकाशस्थानमुच्यते ।



व्योमवृत्तञ्च धूम्रञ्च हकाराक्षर भासुरम् ॥

(योगत श्लो० ९७)

भ्रूमध्य से लेकर मस्तक पर्यन्त आकाश का स्थान है और हंबीज शून्याकार चितिम वर्ण आकाश का है ॥९७॥ दर्पण में मुख को देखकर श्वास को छोड़े और आकारों को देखकर पण्डित जन तत्व निर्णय करे। मध्य में पृथ्वी तत्व और नीचे जल और ऊपर अग्नि और तिरछा वायु तत्व चलता है और दोनों नाक के स्वर चलता हो तो आकाश तत्व जानना चाहिये। पृथिवी-तत्व बारह अंगुल जल तत्व सोलह अंगुल, अग्नि तत्व चार अंगुल, वायु तत्व आठ अंगुल चलता है और आकाश तत्व सबसे मिला जुला हुआ चलता है। अब इन सबों का पीत आदि जो वर्ण है उसको जानने के लिये उपाय लिखता हूं।

सम्यग्बद्धासन मेढ्रमङ्घ्रि युगलं कर्णाक्षिनासापुट
द्वारादङ्गुलिभिर्नियम्य पवनं वक्त्रेण वा पूरितम् ।
बध्वा वक्षसि वह्वपानसहितं मूर्ध्नि स्थिरं धारयेदेवं
यान्ति विशेषतत्त्वसमतां योगीश्वरास्तन्मयः ॥

(योगसू० श्लो० ११४)

वाम पैर के एड़ी को लिंग के नीचे योनि स्थान में दबा कर के दाहिना पैर के एड़ी को लिंग के ऊपर दृढ़ लगा कर आसन बांधे

इसके बाद मुख से वायु को खींच कर पूरक करे और दोनों कानों को दोनों अंगूठों से और दोनों नेत्रों को तर्जनी अंगुलियों से और दोनों नासिका के पुटों को मध्य की अंगुलियों से और मुख के छिद्र को अनामिका कनिष्ठा इन अंगुलियों से रोक दे और छाती पर ठोडी को जमाकर मस्तक में वायु को रोके तो तत्वों के पीत आदि जो वर्ण हैं सो ज्ञात हो जाता है और योगेश्वर लोग परमात्मा को भी प्राप्त कर लेते हैं ॥११४॥ अब षट् क्रियाओं को कहता हूं।

मेदश्लेष्माधिकः पूर्वं षट्कर्माणि समाचरेत् ।
अन्यस्तु नाचरेत्तानि दोषाणां समभावतः ॥१॥

जिस पुरुष के मेदा और श्लेष्मा आदि अधिक होय वह पुरुष प्राणायाम से पहले छः कर्मों को करे और जिसको मेदा आदिक अधिक न हो वह पुरुष नहीं करे तो अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न होता है ॥१।

नेतिर्धौतिस्तथावस्ति त्राटकं नौलिकं तथा ।
कपालभातिश्चैतानि षट्कर्माणि प्रचक्षते ॥१॥

नेति १ धौति २ बस्ति ३ त्राटक ४ नौलि ५ कपाल भाति ६ इस भेद से बुद्धिमानों ने ये छः कर्म योग में कहे हैं। ये छः कर्म गुप्त करने योग्य हैं और देह के मल को दूर करते हैं ॥२॥

सूत्रं वितस्ति सुस्निग्धं नासानाले प्रवेशयेत् ।



मुखान्निर्गमयेच्चैषा नेतिः सिद्धैर्निगद्यते ॥१॥

वस्त्र सीने वाला तागा लेकर बीता भर के पचीस गुणीत करके गुंथन करे और उसमें मोम लगावे और चिकन करे इसके बाद उस रस्सी के पिछले भाग में पचीस तागा वाला एक बीता के सूत जो गुंथा न हो उसको लगादे पश्चात जल से भें करके गुंथा हुआ भाग को नाक के छिद्र में प्रवेश करे और जब वह गला में स्पर्श करे तो मुख में दहने हाथ की मध्यमा और तर्जनी अंगुली प्रवेश करके धीरे-धीरे बाहर निकाल ले जब गुंथा हुआ भाग मुख से बाहर आ जाय तो नाक में स्थित जो तागा का पिछला भाग उसको दूसरे हाथ से पकड़ कर के दो तीन बार चलावे पश्चात शनैः शनैः मुख से बाहर निकाल लेवे तो इसे नेति कर्म सिद्ध जन कहते हैं ॥१॥

कपाल शोधिनी चैव दिव्य दृष्टि प्रदायिनी ।
जत्रूर्ध्वजात रोगौघं नेतिराशु निहन्ति च ॥२॥

यह नेति क्रिया कपाल तथा नासिका आदि के मल दूर करके दिव्य दृष्टि देती है और कण्ठ से ऊपर के समस्त रोग समूह को शीघ्र नष्ट करती है ॥२॥

चतुरंगुल विस्तारं हस्तपंचदशायतम् ।
गुरूपदिष्ट मार्गेण सिक्तं वस्त्रं शनैर्ग्रसेत् ।
पुनः प्रत्याहरेच्चैतदुदितं धौति कर्म तत् ॥१॥



चार अंगुल चौड़ा और पन्द्रह हाथ लम्बा सूक्ष्म वस्त्र लेकर गुरु के उपदेश किये मार्ग से गरम जल या दूध में सींच कर शनैःशनैः मुख द्वारा पहला दिन एक हाथ दूसरा दिन दो हाथ इस प्रकार से एक एक हाथ बढ़ा करके भोजन के समान निगले और उसके एक किनारे को दांत से दबाकर नौलि कर्म करे पश्चात शनैः शनैः बाहर निकाल डाले तो इसे सिद्धों ने धौति कर्म कहा है ॥१॥

कासश्वास प्लीह कुष्ठं कफ रोगाश्च विंशतिः ।
धौतिकर्म प्रभावेण प्रयान्त्येव न संशयः ॥२॥

कास श्वास पील्हा कुष्ठ और बीस प्रकार के कफ रोग ये सब धौति कर्म के प्रभाव से नष्ट होते हैं इसमें सन्देह नहीं है ॥२॥

नाभिदघ्ने जले पायौ न्यस्तनालोत्कटासनः ।
आधाराकुञ्चनं कुर्यात्क्षालनं वस्ति कर्म तत् ॥१॥

कनिष्ठिका अंगुली के पैठने योग्य छेद वाला छः अंगुल लम्बा कोमल बांस के नल को लेकर गुदा द्वार में चार अंगुल प्रवेश करके दो अंगुल बाहर रखे पश्चात नाभि भर स्वच्छ जल में उत्कटासन में बैठ कर गुदा द्वार को आकुञ्चन करके पेट में जल को चढ़ावे पश्चात् नौलि कर्म करके बाहर छोड़ दे जो किञ्चित मात्र पेट में जल रह आवे तो मयूरासन से बाहर निकाल देवें तो इसको बस्ति कर्म कहते हैं ॥१॥ धौति और बस्ति कर्म करके शीघ्र भोजन करना चाहिये नहीं तो रोग उत्पन्न होता है।



गुल्म प्लीहोदरं चापि वातपित्तकफोद्भवाः ।
बस्ति कर्म प्रभावेण क्षीयन्ते सकलामयाः ॥२॥

बस्ति कर्म के प्रभाव से गुल्म प्लीह जलोदर और वात पित्त कफ से उत्पन्न हुये सम्पूर्ण रोग नष्ट हो जाते हैं।

निरीक्षेन्निश्चलदृशा सूक्ष्म लक्ष्यं समाहितः ।
अश्रु सम्पात पर्यन्तं माचार्यैस्त्राटकं स्मृतम् ॥१॥

एकाग्र चित्त करके मनुष्य निश्चल दृष्टि से लघु पदार्थ को तब तक देखे जब तक अश्रुपात न हो तो इसको आचार्य आदि त्राटक कहते हैं ॥१॥

मोचनं नेत्ररोगाणां तन्द्रादीनां कपाटकम् ।
यत्नतस्त्राटकं गोप्यं यथा हाटक पेटकम् ॥२॥

यह त्राटक कर्म नेत्र रोग नाशक और आलस्य निद्रा आदि का केवाड़ है जैसे सुवर्ण की पेटी संसार में यत्न से रखते हैं वैसे ही इस त्राटक को सदा गुप्त रखना चाहिये ॥२॥

अमन्दा वर्तवेगेन तुन्दं सव्यापसव्यतः ।
नतांसो भ्रामयेदेषा नौलिः सिद्धैः प्रचक्ष्यते ॥१॥

धड़ को नीचे करके दोनों हाथ कंधों पर करे पश्चात् दोनों नालों

को उठा करके जल भ्रम के समान पेट को घीमता है बारम्बार बांयें दाहिने से फिरावे तो इसको सिद्ध योग नौलि कहते हैं ॥१॥

मन्दाग्निसंदीपन पाचनादि संधापिकानन्दकरी सदैव ।
अशेषदोषामय शोषणी च हठक्रियामौलिरियंहिनौलिः ॥२॥

यह नौलि क्रिया मंदाग्नि को बढ़ाय के भोजन किये पदार्थों को शीघ्र परिपाक करने वाली समस्त वातादि-रोगों को सुखाने वाली सदा आनन्द देने वाली है इससे यह नौलि हठ क्रियाओं में शिरोमणि है ॥२॥

भस्त्रावल्लोहकारस्य रेचपूरौ ससंभ्रमौ ।
कपालभातिर्विख्याता कफदोष विशोषणी ॥ १ ॥

लोहार की धौंकनी की नाईं शीघ्र शीघ्र जो प्राण का रेचक पूरक करना है तिसका नाम कपाल भाति क्रिया है इससे कोस प्रकार के कफ रोग दूर होते हैं ॥१॥ इस क्रिया से प्रथम शरीर की शुद्धि करके प्राणायाम करने से शीघ्र ही प्राणों का निरोध हो जाता है। इससे जिसका मेदा और श्लेष्मा अधिक हो वह इन षट् कर्मों को अवश्य करे। अब सब योगों में राजा जो राज योग है और जिसमें सम्पूर्ण योग अन्तर्भाव होता है उस योग को उपनिषदों के अनुसार मैं निरूपण करता हूं।

योऽपान प्राणयोरैक्यं स्वरजो रेतसोस्तथा ।



सूर्याचन्द्रमसोर्योगो जीवात्म परमात्मनोः ॥

(योग शि० सू० ६८)

एवंतुद्वन्द्व जालस्य संयोगो योग उच्यते ॥६६॥

योग शिखोपनिषद में लिखा है कि प्राण वायु और अपान वायु की एकता तथा अपना रज और रेत तथा सूर्य नाड़ी और चन्द्र नाड़ी तथा जीवात्मा और परमात्मा इन सबों के संयोग को योग कहते हैं ॥६८॥६६॥ श्रीमद्भगवद्गीता में भी राज योग का लक्षण लिखा है कि ॥ समत्वं योग उच्यते ॥

(भगवद्गी० अ० २ श्लोक० ४८)

समता को योग कहते हैं ॥४८॥ और पातञ्जल योग सूत्र में भी लिखा है कि

योगश्चित्त वृत्ति निरोधः ॥

(योगद० अ० १ पा०१ सू० २)

पांच प्रकार की चित्तवृत्तियों को जो रोकना है तिसका नाम राज योग है ॥२॥ सो तिन पांच वृत्तियों के नाम और लक्षण भी श्री पतंजलि जी ने कहा है

प्रमाण विपर्यय विकल्प निद्रास्मृतयः

(यो० पा० १ सू० ६)



प्रमाण १ विपर्यय २ विकल्प ३ निद्रा ४ स्मृति ५ ये पांच चित्त की वृत्तियां हैं ॥६॥ तिनमें ॥

प्रत्यक्षानुमानागमाः प्रमाणानि ।

(यो० पा० १ सू० ७)

प्रत्यक्ष अनुमान आगम ये तीन प्रमाण हैं ॥७॥

तीन में इन्द्रिय और अर्थ के व्यवधान रहित संयोग से घट पट आदिक अर्थों का जो विशेष रूप करके ज्ञान होता है उसको प्रत्यक्ष प्रमाण कहते हैं। और धूमादिक लिंग से दूरस्थ अग्नि आदिक पदार्थों का जो सामान्य रूप से ज्ञान होता है उसको अनुमान प्रमाण कहते हैं। तथा यथार्थ वक्ता पुरुष का जो वाक्य है उसको आगम प्रमाण कहते हैं। इन तीनों प्रमाणों में और सब अन्तर्भूत हो जाते हैं ॥

विपर्ययोमिथ्याज्ञानमतद्रूपप्रतिष्ठितम् ।

(यो० पा० १ सू० ८)

अपने स्वरूप से विरुद्ध जो मिथ्या ज्ञान बुद्धि में स्थित हो उसको विपर्यय कहते हैं ॥८॥

शब्द ज्ञानानुपाती वस्तु शून्यो विकल्पः ॥

(यो० पा० १ सू० ९)



शब्द जन्य ज्ञान के अनुसार जो वस्तु है शून्य हो उसको विकल्प कहते हैं ॥९॥ तथा।

अभाव प्रत्ययालम्बना वृत्तिर्निद्रा

(यो० पा० १ सू० १०)

[जाग्रत तथा स्वप्न वृत्तियों के] अभाव के कारण तमोगुण को विषय बनाने वाली वृत्ति निद्रा है।

अनुभूत विषयासंप्रमोषः स्मृतिः

(यो० पा० १ सू० ११)

प्रत्यक्षादिक प्रमाण कर के अनुभव किये हुये पदार्थों का जो अन्य काल में संस्कार द्वारा स्मरण होना है उसको स्मृति कहते हैं ॥११॥ इन पांच वृत्तियों के रोकने का उपाय भी कहा है।

अभ्यास वैराग्याभ्यांतन्निरोधः ॥

(यो० पा० १ सू० १२)

अभ्यास और वैराग्य से चित्त की वृत्तियां रुकती हैं ॥१२॥ और

तत्रस्थितौ यत्नोऽभ्यासः ॥

(यो० पा० १ सू० १३)

चित्त वृत्तियों के निरोध के उपाय जो यम नियमादिक उनमें प्रयत्न करना अभ्यास है ॥१३॥ और

दृष्टानुश्रविक विषय वितृष्णस्य वशीकार संज्ञा वैराग्यम् ॥

(यो० अ० १ पा० १ सू० १५)

जो स्त्री अन्न पान आदि सुख देखे जाते हैं और जो गुरुमुख से सुने जाते हैं इन दोनों विषयों को तृष्णा त्यागकर मन को वश करने को वशीकार संज्ञा वैराग्य कहते हैं ॥१५॥ और

तत्परं पुरुष ख्यातेर्गुणवैतृष्ण्यम् ॥

(यो० अ० १ पा० १ सू० १६)

पुरुष ख्याति से और वशीकार संज्ञक वैराग्य से श्रेष्ठ जो तीन गुणों के विषयों की तृष्णा से रहित होता है उसको गुण वैतृष्ण्य संज्ञक पर वैराग्य कहते हैं ॥१६॥ अब राज योग के आठ अंगों को दिखाता हूं ।

यमश्च नियमश्चैव तथा चासनमेव च ।
प्राणायामस्तथा पश्चात्प्रत्याहारस्तथापरम् ॥

(वराहो० अ० ५ मं० ११)

धारणा च तथा ध्यानं समाधिश्चाष्टमो भवेत् ॥१२॥



वराहोपनिषद् में लिखा है कि यम १ नियम २ आसन ३ प्राणायाम ४ प्रत्याहार ५ और धारणा ६ ध्यान ७ समाधि ८ ये आठ राजयोग के अंग हैं ॥ १२ ॥ यह योग दर्शन में भी लिखा है ।

यम नियमासन प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान समाधयोऽष्टावंगानि ॥

(यो० अ० २ पा० २ सू० २९)

यम नियम आसन प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान और समाधि ये आठ योग के अंग हैं ॥२९॥

अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यं दयार्जवम् ।
क्षमाधृतिर्मिताहारः शौचंचेतियमा दश ॥

(वरा० अ० ५ मं० १३)

अहिंसा १ सत्य २ अस्तेय ३ ब्रह्मचर्य ४ दया ५ कोमलता ६ क्षमा ७ धीरता ८ मिताहार ९ शौच१०ये दश यम हैं ॥१३॥ और शाण्डिल्योपनिषद् में तथा जाबाल दर्शनोपनिषद् में दश यम कहा है इससे योग दर्शन में जो पांच ही कहा है वह वेद विरुद्ध होने से त्याज्य है इस बात को भगवान वेद व्यास जी ने भी

॥ एतेन योगः प्रत्युक्तः ॥

(ब्र० सू० अ० २ पा० १ सू० ३)



इस शारीरिक सूत्र करके कहे हैं और श्री भाष्यकार भी उस सूत्र के भाष्य में यही कहे हैं कि जो वेद से विरुद्ध योग शास्त्र का सिद्धान्त है वह इस सूत्र से खण्डन हो गया यहां पर बहुत से लोग यह कहते हैं कि

॥ एतेन योगः प्रत्युक्तः ॥

(ब्र० सू० अ० २ पा० १ सू० ३)

इस शारीरिक सूत्र करके श्री वेदव्यास जी ने समस्त योग शास्त्र का खण्डन किया है इससे योगाभ्यास नहीं करना चाहिये परन्तु बुद्धिमानों को विचार करना चाहिये कि यदि श्री वेद व्यास जी का योग शास्त्र के खण्डन में तात्पर्य रहता तो अपने बनाये हुवे पुराणों में और महाभारत में कुत्रचित् योग का वर्णन और योगाभ्यास करने को क्यों लिखते और यह भी बात है कि जब उपनिषदों में योग का वर्णन है तो परम वैदिक भगवान वेद व्यास जी योग को कैसे खण्डन कर सकते हैं । इससे योग शास्त्र में जो वेद से विरुद्ध बातें हैं उन्हीं को वेद व्यास जी खण्डन किये हैं इसी से पूर्वाचार्यों ने योगांश स्वीकार किया है अतः वैदिक मत वालों को अवश्य योगाभ्यास करना चाहिये । इस विषय में ग्रन्थ के विस्तार के भय से अधिक मैं नहीं लिखता हूं । अब अहिंसादिक को निरूपण करता हूं ।

तत्र हिंसा नाम मनो वाक्काय कर्मभिः सर्व भूतेषु सर्वदा क्लेश जननम् ॥

(शाण्डिल्योप० ख० १)

सर्वदा मन वाणी शरीर के कर्म से सब जीवों को दुःख देना इसको हिंसा कहते हैं और इससे जो विरुद्ध हो उसको अहिंसा कहते हैं ॥ १ ॥

सत्यं नाम मनो वाक्काय कर्मभिर्भूत हित यथार्थाभि भाषणम् ।

(शा० ख० १)

मन वाणी शरीर के कर्म से जीवों के हितार्थ जो कहा जाता है उसको सत्य कहते हैं ॥ १ ॥

अस्तेयं नाम मनोवाक्काय कर्मभिः परद्रव्येषु निस्पृहा ॥

(शा० ख० १

मन वाणी और शरीर के कर्मों से पर द्रव्य में स्पृहा न करना इसको अस्तेय कहते हैं ॥ १ ॥

ब्रह्मचर्यं नाम सर्वावस्थासु मनो वाक्काय कर्मभिः सर्वत्र मैथुन त्यागः ॥

(शा० ख० १

सब अवस्थाओं में मन वाणी और शरीर के कर्मों से मैथुन त्याग देना इसको ब्रह्मचर्य कहते हैं ॥ १ ॥

दया नाम सर्वभूतेषु सर्वत्रानुग्रहः ।

(शा० सू० १)

सर्वत्र सब जीवों पर अनुग्रह करना इसको दया कहते हैं॥१॥

आर्जवं नाम मनो वाक्काय कर्मणांविहिता विहिते-षुजनेषु प्रवृत्तौनिवृत्तौ वा एक रूपत्वम् ॥

(शा० सू० १)

वेद विहित या अविहित कायिक वाचिक और मानसिक कर्मों में प्रवृत्त हों या निवृत्त हों उन जनों में जो एक रूपता उसको आर्जव कहते हैं ॥ १ ॥

क्षमा नाम प्रियाप्रियेषु सर्वेषु ताडनपूजनेषु सहनम् ॥

(शा० सू० १)

प्रिय वा अप्रिय करे ताड़े या पूजे इन सबों को सह लेना इसको क्षमा कहते हैं ॥ १ ॥

धृतिर्नामार्थ हानौ स्वेष्ट बन्धु वियोगे तत्प्राप्तौ सर्वत्र चेतः स्थापनम् ॥

(शा० सू० १)



अर्थ के लाभ और हानि में तथा अपने इष्ट बन्धु के वियोग और प्राप्ति में सर्वदा चित्त को दृढ़स्थापन करना इसको धृति कहते हैं ॥ १ ॥

मिताहारो नाम चतुर्थांशावशेष सुस्निग्ध मधुराहारः ॥

(शा० सू० १)

पेट के चौथा भाग बचा के सुन्दर स्निग्ध और मीठा भोजन करना इसको मिताहार कहते हैं ॥ १ ॥

शौचं नाम द्विविधं बाह्यमाभ्यन्तरं चेति । तत्र मृज्जलाभ्यां बाह्यं ॥ मनः शुद्धिरान्तरम् । तदध्यात्म विद्ययाऽऽलभ्यम् ॥

(शा० सू० १)

शौच बाह्य और आभ्यन्तर इस भेद से दो प्रकार के होते हैं उसमें मिट्टी और जल से बाह्य शौच होता है। और मन की शुद्धि से आभ्यन्तर शौच होता है। वह आभ्यन्तर शौच ब्रह्म विद्या से प्राप्त होता है ॥ १ ॥ अब यम साधन से जो फल होता उसको कहता हूं।

अहिंसाप्रतिष्ठायां तत्सन्निधौ वैरत्यागः ॥

(यो० प्र० १ पा० २ सू० ३५)



जो योगी हिंसा को त्याग देता है उसके समीप में अन्य सब जीवों का वैर भाव छूट जाता है ॥ ३५ ॥

सत्यप्रतिष्ठायां क्रियाफलाश्रयत्वम् ।

(यो० प्र० १ पा० २ सू० ३६)

जो योगी सर्वदा सच्चा बोलता है उसकी वाणी क्रिया और मनोरथ सब सच्चे होते हैं ॥ ३६ ॥

अस्तेय प्रतिष्ठायां सर्वरत्नोपस्थानम् ॥

(यो० प्र० १ पा० २ सू० ३७)

जब साधक पुरुष चोरी को त्याग देता है तब उसको सब स्थान में रत्न प्राप्त होता है ॥ ३७ ॥

ब्रह्मचर्य प्रतिष्ठायां वीर्यलाभः ॥

(यो० प्र० १ पा० सू० ३८)

जो योगी ब्रह्मचर्य पालन करता है उसको बल प्राप्त होता है ॥३८॥ जो योगी जीवों पर सर्वदा दया रखता है उसको संसार में निर्दयी कोई भी नहीं मिलता है। जो योगी कोमल स्वभाव वाला हो जाता है उसके समीप में अन्य सब जीव भी कोमल ही रहते हैं। जो योगी क्षमा रखता है उसके पास में क्रोधी भी नर शान्त हो [illegible]



प्रकार से उद्विग्न नहीं होता है। जो सर्वदा मिताहार करता है उसको कभी भी रोग अत्यन्त पीड़ित नहीं करता है। अब शौच का फल कहता हूं।

शौचात्स्वांगजुगुप्सापरैरसंसर्गः ॥

(यो० प्र० १ पा० २ सू० ४०)

बाह्य शौच से अपने अंगों में घृणा और दूसरे से अपना शरीर मिलाने में संकोच करके सदा अलग रहता है ॥ ४० ॥

सत्वशुद्धिसौमनस्यैकाग्र्येन्द्रिय जयात्म दर्शन-योग्यत्वानि च ॥

(यो० प्र० १ पा० २ सू० ४१)

और आभ्यन्तर शौच से अन्तःकरण शुद्ध होता है तथा मन की प्रसन्नता होती है और चित्त का ऐकाग्र्य होता है तथा इन्द्रियों को जीतता है इसके बाद आत्म दर्शन के योग्य होता है ॥४१॥

तपः सन्तोषमास्तिक्यं दानमीश्वरपूजनम् ।
सिद्धान्त श्रवणं चैव ह्रीर्मतिश्चजपो व्रतम् ।
भावार्थ---मलशोधक प्राणायाम सूर्यभेदन, उज्जायी, शीतली, भ्रामरी, प्लाविनी प्राणायाम ये विशेष लाभ प्रदान करने वाले हैं। मलशोधक प्राणायाम शरीर के मल को पवित्र करता है। सूर्यभेदन विशेष कर वात को हरण करता है। वास्ते ग्रीष्म और वर्षाकाल में इसका प्रयोग अधिक होता है। उज्जायी में कफ हरण करने की विशेषता है, वास्ते इसको हेमन्तऋतु में विशेष प्रयोग करते हैं। शीतली विशेषतः पित्त हरण करता है, वास्ते इसका प्रयोग ग्रीष्मऋतु में अधिक होता है। भ्रामरी में मन को चिन्ताओं से रहित कर सन्तोष देने की विशेषता है। प्रसन्नता उत्पन्न करता है। अतएव इसे एकान्त स्थान में बैठ कर करना उचित है। प्लाविनी प्राणायाम जल में नहीं डुबाता अतः इसका अभ्यास जलाशय द्वारा करना उचित है।

वैसे तो यह सब प्राणायाम सब ऋतुओं में भी हो सकते हैं परन्तु ऊपर लिखी ऋतुओं में इनका विशेष महत्त्व है।

यह सब प्राणायाम गुरुमुख से ही सीख कर गुरु के संमुख ही सिद्ध करना चाहिये। नहीं तो खतरा होना सम्भव है।

## ॥ अथ मल शुद्धि प्राणायामः ॥

## ॥ स्वनिर्माणम् ॥

सूर्येण वायुमाकृष्य उदरे पूरयेच्छनैः ।
मात्तणं कुम्भकं कृत्वा चन्द्रेण रचयेत्पुनः ॥
चन्द्रेण वायुमाकृष्य उदरे पूरयेच्छनैः ।
मात्तणं कुम्भकं कृत्वा सूर्येण रेचयेत्पुनः ॥
एवं लोम विलोमेन कुर्यादेकादशद्वयम् ।
त्रिसंध्यं साधयेन्नित्यं द्विमासि मलशुद्धिदम् ॥

भावार्थ—सूर्य अर्थात् पिंगला नाड़ी से धीरे २ वायु खींच कर पेट में पहुंचावे। और जब पूर्ण वायु खिच जावे तब क्षणमात्र भी कुम्भक न करते हुये शीघ्र उसे धीरे २ चन्द्रनाड़ी इड़ा से रेचन याने बाहर निकाल देवे। जब पूर्ण वायु बाहर निकल जावे तो फौरन ही चन्द्र इड़ा नाड़ी से धीरे २ वायु को खींच कर पेट में भरे और जब पूरी वायु खिच जावे तो उसे क्षणमात्र भी नहीं रोकते हुये सूर्य नाड़ी पिंगला से धीरे २ बाहर निकाल देवे। यह एक प्राणायाम हुआ, इस प्रकार लोम विलोम करने मे बाईस प्राणायाम प्रातः, बाईस प्राणायाम मध्याह्न में और बाईस प्राणायाम रात्रि में इस प्रकार त्रिकाल में कुल ६६ छासठ प्राणायाम नित्य नियम से दो मास तक प्रतिदिन करने से ऐहलौकिक योगक्रिया के योग्य मल को शुद्धि हो जाती है। तथा आसन प्राणायाम करने में बहुत सहायता मिल जाती है। शरीर फुर्तीला हो जाता है। तन्द्रा आलस्य भी भग जाते हैं। ऐसे अनेक लाभ होते हैं।

## ॥ अथ सूर्यभेदन प्राणायामः ॥

आसने सुखदे योगी बद्ध्वा चैवासनं ततः ।
दक्षनाड्या समाकृष्य बहिःस्थं पवनं शनैः ॥
आकेशा दानखाग्राच्च निरोधावधि कुम्भयेत् ।
ततः शनैः सव्यनाड्या रेचयेत्पवनं शनैः ॥

भावार्थ–योगी सुखदायी आसन पर पद्मासन से बैठकर दक्षिण (पिंगला) नाड़ी से वायु को धीरे २ खींचकर पूरक प्राणायाम करके नखाग्र से लेकर केश पर्यन्त सारे शरीर में वायु रुक जावे तबतक कुम्भक करे पश्चात् सव्य (इडा) नाड़ी से वायु को धीरे २ बाहर छोड़ दे । यह सूर्यभेदन प्राणायाम कहलाता है ।

सूर्यभेदन मस्तक को शुद्ध करता है । अस्सी प्रकार के वात दोषों को हरता है । पेट के जन्तु (कृमि) को नष्ट करता है । इसके और भी अनेक गुण हैं ।

## ॥ अथोज्जायिनमाह ॥

मुखं संयम्य नाडीभ्यामाकृष्य पवनं शनैः ।
यथा लगति कण्ठात्तु हृदयावधि सस्वनम् ॥
पूर्ववत्कुम्भयेत् प्राणं रेचयेदिडया ततः ।
श्लेष्म दोषहरं कण्ठे देहानल विवर्धनम् ॥

भावार्थ–मुख को दबा करके इडा और पिंगला नाड़ी से धीरे धीरे इस प्रकार वायु को भीतर खींचे कि जिससे वायु कण्ठ से हृदय पर्यन्त शब्द (गर्जन) करती हुई लगे ।

पश्चात् सूर्यभेदन के समान कुम्भक करके इडा से वायु को बाहर धीरे २ निकाल देवे। यह उज्जायी प्राणायाम कफ के दोषों को हरता है। जठराग्नि को बढ़ाता है और दीपन करके भूख लगाता है। शरीर की सर्दी को भगाता है।

## ॥ अथ सीत्कारी प्राणायामः ॥

सीत्कां कुर्यात्तथा वक्त्रे घ्राणेनैव विजृम्भिकाम्।
एवमभ्यासयोगेन कामदेवो द्वितीयकः ॥

भावार्थ–दोनों ओष्ठों के मध्यम में जिह्वा को लगाकर सीत्कार करते हुये मुख से वायु को भीतर खींचे पश्चात् दोनों नासापुटों से वायु को बाहर निकाल देवे।

यह सीत्कारी प्राणायाम शरीर को रूप लावण्य से युक्त कामदेव के समान बनाता है। शोभायमान करता है। तथा क्षुधा तृषा निद्रा तन्द्रा और आलस्य को दूर करता है। कफ तथा तामस को भी हरता है। और भी अनेक गुण हैं।

## ॥ अथ शीतली प्राणायामः ॥

जिह्वया वायुमाकृष्य उदरे पूरयेच्छनैः।
क्षणं च कुम्भकं कृत्वा नासाभ्यां रेचयेत्पुनः ॥

भावार्थ–दोनों ओष्ठों को बाहर निकाल जिह्वा को परनाली के समान बनाकर सीत्कार शब्द के साथ जिह्वा से वायु को धीरे २ खींचकर वायु को घूंट के साथ उतार कर अधिक न रोकते हुये नासा के दोनों पुटों से धीरे२ वायु को बाहर निकाल देवे। यह शीतली प्राणायाम गुल्म प्लीहा आदि रोग

तथा ज्वर पित्त क्षुधा तृषाएवं सर्प आदि का विष इन सबको नष्ट करता है। इसको करने वाले का शरीर स्वाभाविक शीतल रहता है।

## ॥ अथ भस्त्रिका प्राणायामः ॥

कुण्डली बोधकं क्षिप्रं पवनं सुखदं हितम्।
ब्रह्मनाडीमुखे संस्थकफाद्यर्गलनाशनम् ॥

भावार्थ—भस्त्रिका प्राणायाम वात पित्त कफ (त्रिदोष) को हरता है। जठराग्नि को प्रदीप्त करता है। नाड़ियों को शुद्ध करता है। और वायु को सुषुम्ना में ढकेलता है और भी अनेक गुण हैं।

## ॥ अथ भ्रामरी प्राणायामः ॥

वेगाद् घोषं पूरकं भृङ्गनादं
भृङ्गीनादं रेचकं मन्द मन्दम् ।
योगीन्द्राणामेवमभ्यासयोगाच्चित्ते
जाता काचिदानन्द लीला ॥

भावार्थ—मुख बन्द करके वेग से दोनों नासा पुटों से भ्रमर के तुल्य शब्द करते हुये वायु को खींचकर पेट में भरे। पश्चात् भ्रमरी के समान शब्द करते हुये धीरे २ मन्द २ वायु को बाहर दोनों नासापुटों से निकाल देवे, इसको भ्रामरी प्राणायाम कहते हैं।

वायु निकालने में तीन मिनट का अभ्यास होने पर प्राणायाम की सिद्धि होती है, और नौ मिनिट का अभ्यास होने पर पूर्ण सिद्धि हो जाती है।

स्वर्गाश्रम में एक बंगाली स्वामीजी ने हमसे कहा था कि हमारे गुरु महाराज भ्रामरी का श्वास सूर्यास्त से निकालते तो सूर्योदय तक समाप्त होता, इतना उनका प्राण पर संयम था। यह उनका कहना भी ठीक प्रतीत होता है, कारण भ्रामरी प्राणायाम बहिरंग समाधि का प्रधान मार्ग है। इसमें कुम्भक वर्ज्य है। जो श्वास मन्द २ शब्द के साथ निकलता है, उसी को बुद्धिमान लोग कुम्भक मानते हैं।

## ॥ भ्रामरी के गुण ॥

भ्रामरी प्राणायाम बहिरंग समाधि का प्रधान मार्ग है। तथा चंचल हरिणरूपी चित्त को शब्द के आनन्द में डुबाकर चंचलता रहित कर नाद के लक्ष्य में स्थापन करता है। चिन्ताओं को दूर करता है। रोगों को भगाता है। वात पित्त कफ का शोधन करता है। आयु को बढ़ाता है। ऐसे इसमें अनेक गुण हैं।

## ॥ मूर्छा प्राणायामः ॥

पूरकान्ते गाढतरं बध्दूवा जालंधरं शनैः।
रेचयेन्मूर्च्छनाख्येयं मनोमूर्च्छा सुखप्रदा ॥

मूर्च्छा प्राणायाम मन को गाफिल करता है। प्राण की गति को सूक्ष्म करता है। शरीर के रोगों को हरता है।

## ॥ अथ प्लाविनी प्राणायामः ॥

अन्तः प्रवर्तितोदारमारुतापूरितोदरः।
पयस्यगाधेऽपि सुखात्प्लवते पद्मपत्रवत् ॥

भावार्थ—अधिक मात्रा में पेट में वायु भरने वाला यह प्लावनी प्राणायाम पानी में नहीं डुबाता, पानी पर ही तैरता रहता है।

## ॥ अथ अपानवायुप्राणायामः ॥

अपानमूर्ध्वमुत्थाप्य प्राणङ्कण्ठादधोनयेत् ।
योगी जरा विमुक्तः सन् षोडशाब्दवयो भवेत् ॥

भावार्थ—अपान वायु को ऊपर खींचकर प्राण वायु को कण्ठ में स्थापन कर जो टिकता है। वह सर्वव्याधि से मुक्त होता है। उसकी आयु बढ़ती है। मृत्यु को जीतता है। और भी अनेक गुण हैं। इसकी सिद्धि आठ मिनट की और पूर्ण सिद्धि २४ मिनट की कही है।

## ॥ अथ सर्पमुद्राप्राणायामः ॥

जिह्वा को पीछी उलटा कर मुख से जो वायु खींचा जाता है। वह सर्प मुद्रा प्राणायाम कहा जाता है। यह सर्व व्याधियों को हरण करने वाला है तथा भूख प्यास को हरता है। और शरीर में सर्प के समान बल शक्ति पैदा कर सकता है ऐसे इसके अनेक लाभ हैं।

प्राणायाम अनेक हैं। हमने यहाँ थोड़े से ही लिखे हैं। प्राणायाम का प्रधान तात्पर्य यह है कि किसी भी प्रकार प्राण की गति को सूक्ष्म बना देना। वास्ते पातञ्जल योग दर्शन में स्पष्ट कहा है —

तस्मिन् सति श्वासप्रश्वासयोर्गति विच्छेदः प्राणायामः

भावार्थ—महर्षि पतञ्जलि कहते हैं कि किसी भी प्रकार

से श्वास प्रश्वास की गति को सूक्ष्म बना देना, यही प्राणायाम का मुख्य ध्येय है। इति प्राणायाम प्रकरणम्।

अब हम ऐहलौकिक योगक्रिया को इतनी ही लिख कर समाप्त करेंगे कारण हम योगी हैं। हमें पारलौकिक योग से अधिक प्रीति है। जो जीव ब्रह्म की एकता करके मुक्त करता है। उसी तत्त्व के लिए हम गृहस्थाश्रम के समस्त सांसारिक वैभव सुखों को ठुकरा कर त्याग कर योगी बने हैं। वास्ते मोक्ष हमारा परम लक्ष्य है। अतः पारलौकिक योग को हमें विस्तार से ठीक समझा कर लिखना है जो मोक्ष का परम धन है। वास्ते ऐहलौकिक योग को समाप्त करते हैं। ऐहलौकिक योग की अनेकों क्रियायें हैं। इनकी जानकारी आप लोगों को किसी भी योगाश्रम से अच्छी प्रकार से हो सकती है। योगाश्रम से ही ठीक समझ सकते हो, सीख सकते हो और ऐहलौकिक योग का पूर्ण आनन्द प्राप्त कर सकते हो ।। शुभम् ।।

**सर्वे कुशलिनः सन्तु सर्वे सन्तु निरामयाः ।**
**सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत् ॥**

।। इति योगतत्त्वे ऐहलौकिको नाम प्रथमो भागः ।।

॥ ॐ श्री परमात्मने नमः ॥

## ॥ ॐ कार गुरवे नमः ॥

## ॥ अथ योगतत्त्वे पारलौकिको नाम द्वितीयो भागः ॥

अचिन्त्यरूपो भगवान्निरञ्जनो
विश्वम्भरो ज्ञानमयश्चिदात्मा ।
विशोधितो येन हृदि क्षणं नो
वृथा गतं तस्य नरस्य जीवितम् ॥

(योगी शुकः)

प्रत्येक मनुष्य का धर्म है कि वह अपने को जन्म मरण से मुक्त करे और सत्य परम धन परमात्मा के तत्त्व में शांति प्राप्त करे ।

श्रीमद्भागवत के द्वितीय स्कन्ध में कहा है—

परं पदं वैष्णवमामनन्ति तद्
यन्नेति नेती त्यतदुत्सिसृक्षवः ।
विसृज्य दौरात्म्यमनन्यसौहृदा
हृदोप गुह्यार्हं पदं पदे पदे ॥१॥

भावार्थ—नेति नेति कहने वाले भी उसको विष्णु का परम पद कहते हैं। जो आत्मा के अतिरिक्त किसी से मित्रता नहीं करते और क्षण २ में उस परमात्मा से हृदय में मिलते हैं और मुक्त हैं ।

यही भूत शुद्धि प्रकरण में कहा है—

गंगायमुनयोर्मध्ये बालरण्डां तपस्विनीम् ।
बलात्कारेण गृह्णीयात् तद्विष्णोः परमं पदम् ॥

भावार्थ–गंगा यमुना अर्थात् इडा पिंगला नाड़ी जहाँ मूलाधार में जाकर समाप्त हुई है और वहाँ से सुषुम्ना नाड़ी प्रारम्भ हुई है इनके बीच आद्य शक्ति परा प्रकृति सर्पिणी के आकार वाली जो सुषुम्ना के ब्रह्मद्वार को रोक कर सोई हुई है । उस तपस्विनी को जो महापुरुष अपने योग बल से जाग्रत करके प्राण को ब्रह्मनाड़ी के अन्तर्गत करते हैं । वही अव्यक्त अविनाशी विष्णु का परम पद है । जो अनेकों पूर्व जन्मों के पुण्य के प्रताप से प्राप्त होता है ।

## ॥ मुक्ति निर्णयः ॥

## ॥ विवेकचूडामणौ ॥

वदन्तु शास्त्राणि यजन्तु देवान् ।
कुर्वन्तु कर्माणि भजन्तु देवताः ॥
आत्मैक्यबोधेन विनापि मुक्ति ।
न सिध्यति ब्रह्मशतान्तरेऽपि ॥१॥

भावार्थ–अनेक शास्त्रों को पढ़ते रहो सुनते रहो । अनेकों देवताओं का यजन पूजन उपासना करते रहो । अनेकों दान धर्म तीर्थ यज्ञादिक क्रिया करते रहो । और मुख से यथेष्ट देवताओं का भजन करते रहो नेत्रों से दर्शन करते रहो । परन्तु अद्वैत आत्म दर्शन के विना मुक्ति मिलना दुर्लभ है, चाहे ब्रह्मा के सैंकड़ों जन्म भी क्यों न बीत जांय मुक्ति मिलना कठिन है बार २ जन्म लेते रहो और मरते रहो ।

## ॥ मुक्ति विचार ॥

जन्तूनां नरजन्म दुर्लभमतः पुंस्त्वं ततो विप्रता।
तस्माद्वैदिकधर्म मार्गपरता विद्वत्त्वमस्मात्परम् ॥
आत्मानात्म विवेचनं स्वनुभवो ब्रह्मात्मना संस्थिति।
मुक्ति र्नो शत कोटि जन्म सुकृतैःपुण्यै र्विना लभ्यते॥

भावार्थ—जीवों को प्रथम तो मनुष्य जन्म ही दुर्लभ है। उससे भी पुरुषत्व और उससे भी ब्राह्मण कुल में जन्म मिलना कठिन है। उसमें भी वैदिक धर्म का अनुगामी तथा विद्वत्ता का होना कठिन है यह सब कुछ होने पर भी आत्मा और अनात्मा का विवेक सम्यक् अनुभव तथा ब्रह्मात्म भाव स्थिति और मुक्ति ये तो करोड़ों जन्मों के किये शुभकर्मों के परिपाक के विना प्राप्त हो ही नहीं सकते ॥ शुभम् ॥

## ॥ जीव स्वयं ही आत्मघाती है ॥

लब्धवा कथञ्चिन्नरजन्म दुर्लभं।
तत्रापि पुंस्त्वं श्रुतिपारदर्शनम्।
यः स्वात्ममुक्तौ न यतेत मूढधीः।
स ह्यात्महा स्वं विनिहन्त्यसद्ग्रहात् ॥

भावार्थ—किसी प्रकार इस दुर्लभ मनुष्य जन्म को प्राप्त कर और उसमें भी जिसमें श्रुति के सिद्धान्त का ज्ञान होना है ऐसा पुरुषत्व प्राप्त कर जो मूढ़ बुद्धि अपने आत्मा की मुक्ति के लिये प्रयत्न नहीं करता, वह निश्चय ही आत्मघाती है। वह असत् में आस्था रखने के कारण अपने को नष्ट करता है।

इतः कोन्वस्ति मूढात्मा यस्तु स्वार्थे प्रमाद्यति ।
दुर्लभं मानुष देहं प्राप्य तत्रापि पौरुषम् ॥

भावार्थ–दुर्लभ मनुष्य देह और उसमें भी पुरुषत्व पाकर जो अपने स्वार्थ साधन में भी प्रमाद कर बैठता है। उससे अधिक मूढ दूसरा कौन होगा।

## ॥ ज्ञानोपलब्धि का उपाय ॥

अतो विमुक्त्यै प्रयतेत विद्वान्
सन्यस्तबाह्यार्थसुखस्पृहः सन् ।
सन्तं महान्तं समुपेत्य देशिकम्
तेनोपदिष्टार्थसमाहितात्मा ॥

भावार्थ-बुद्धिमान मनुष्य बाहर के सम्पूर्ण भोगों की इच्छा का त्याग करके सन्तशिरोमणि गुरुदेव की शरण में जा कर उनके उपदेश के अनुसार मुक्ति के लिये प्रयत्न करे।

उद्धरेदात्मनात्मानं मग्नं संसारवारिधौ ।
योगारूढत्वमासाद्य सम्यग्दर्शन निष्ठया ॥

भावार्थ—निरन्तर आत्मा के दर्शन में स्थित रहता हुआ योगारूढ हो कर संसार सागर में डूबे हुये अपने आत्मा का आप ही उद्धार करे।

## ॥ योगसाधन ही प्रधान है ॥

(योग रसायने)

क्रियाजालान्यनेकानि, प्रभवन्ति न मुक्तये ।
योगमेवाभ्यसेन्नित्यं बुधो मोक्षाय केवलम् ॥

भावार्थ—अनेक प्रकार के जप-तप तीर्थ दान भजन पूजन यज्ञादि जो स्थूल क्रियाओं के समूह हैं, वह सब मुक्ति के लिये साक्षात् समर्थ नहीं हो सकते। अर्थात् इन सब से शीघ्र मुक्ति की प्राप्ति नहीं होती है। बुद्धिमान मनुष्य को संसार बन्धन से मुक्ति के लिये केवल योग का ही अभ्यास करना चाहिये।

तत्त्वज्ञानेन कैवल्यं ज्ञानं योगमयं तथा।
विना योगेन यज्ज्ञानं नैव तन्मोक्षकारणम्॥

भावार्थ—तत्वज्ञान से कैवल्य मोक्ष प्राप्त होता है। और वह ज्ञान, योगरूप ही है। और जो योग के विना शुष्क ज्ञान है वह मुक्ति का कारण नहीं हो सकता है।

शुष्कशास्त्रविवादेषु नैवायुः क्षपयेद् बुधः।
नहि दीपकवार्तायामन्धकारो विनश्यति॥

भावार्थ—शास्त्रों के शुष्क विवादों में बुद्धिमान पुरुष को सर्व आयु व्यतीत नहीं करनी चाहिये। जैसे दीपक की वार्ता करने से अन्धकार का नाश नहीं हो सकता। वैसे ही केवल शास्त्रों की वार्ता करने से मुक्ति नहीं मिल सकती है।

## ॥ साधन ही मुक्ति का प्रधान कारण है ॥

समाहिता ये प्रविलाप्य बाह्यं।
श्रोत्रादि चेतः स्वमहं चिदात्मनि॥
त एव मुक्ता भवपाशबंधै।
र्नान्ये तु पारोक्ष्य कथाभिधायिनः॥

भावार्थ—श्रोत्रादि इन्द्रियाँ मन अहंकार इनको बाहर से खींच कर आत्मा में लीन करके जो समाधि में लीन होते हैं। वे ही संसार बन्धन से मुक्त होते हैं और जो केवल परोक्ष ब्रह्मज्ञान की बातें बनाते रहते हैं और लम्बे २ हाथों को उठा कर केवल जीव ब्रह्म का प्रतिपादन करते रहते हैं। वह कभी मुक्त नहीं हो सकते हैं।

यही बात योगी वसिष्ठ ने श्री रामचन्द्रजी को उपदेश में कही है।

सकल्पमात्रकलनैव जगत्समग्रम्।
सकल्पमात्रकलनैव मनो विलासः॥
संकल्पमात्रमतिमुत्सृज निर्विकल्प।
माश्रित्य निश्चयमवाप्नुहि राम शान्तिम्॥

भावार्थ—एक समय भगवान श्री रामचन्द्रजी अपने गुरु वसिष्ठजी के पास जाकर प्रणाम कर बोले—गुरु महाराज! बाल्यावस्था से अभीतक चित्त को शान्ति नहीं मिली, वनवास सीताहरण रावण युद्ध पश्चात् भी अयोध्यावासी मनुष्य के वचन से सीता का त्याग। इस प्रकार का जीवन रहा। अतएव हे गुरुदेव! मन को शान्ति प्राप्ति हो ऐसा उपाय कहिये।

रामजी के वचनों को सुनकर योगी वसिष्ठजी ने कहा—हे राम तुमको शान्ति चाहिये तो सुनो—यह सारा जगत् संकल्पमात्र की रचना है। और जो कुछ भी भोग वस्तु गृह बाग धन सम्पत्ति नाना प्रकार के पदार्थ स्त्री सुखादि जो कुछ भी हैं। सब मन के ही संकल्प से होते हैं। अतएव हे राम!

तुम को शान्ति चाहिये तो मन के समस्त संकल्पों को त्याग करके निर्विकल्पता को प्राप्त होजावो तो हे राम ! तुमको निश्चय ही शान्ति प्राप्त हो सकती है अन्यथा इस संकल्प की रचना वाले जगत् में शान्ति कहाँ है ।

## ॥ मन और प्राण ही मुक्ति के कारण हैं ॥

### (हठयोगप्रदीपे)

ज्ञानं कुतो मनसि संभवतीह तावत् ।
प्राणोऽपि जीवति मनो म्रियते न यावत् ॥
प्राणो मनो द्वयमिदं विलयं नयेद् यो ।
मोक्षं स गच्छति नरो न कथञ्चिदन्यः ॥

भावार्थ–तुम अपने को ज्ञानी कैसे समझते हो जहाँ तक तुम्हारा मन अनेक संकल्प कर रहा है । और तुम्हारा प्राण भी जीवित है । याने सुषुम्ना में नहीं पहुँचा है । यदि ज्ञानी कहलाना चाहते हो तो प्राण और मन दोनों को लय करके ब्रह्मानन्द को प्राप्त करो । प्राण और मन दोनों को लय करके मनुष्य मोक्ष को प्राप्त करता है । इसके अतिरिक्त मुक्ति के कोई मार्ग ( उपाय ) नहीं ।

## ॥ सत्य तो यह है ॥

यावन्नैव प्रविशति चरन् मारुतो मध्यमार्गे ।
यावद् बिन्दु र्न भवति दृढः प्राणवातःप्रबन्धात् ॥
यावत् ध्याने सहजसदृशं जायते नैव तत्त्वम् ।
तावज् ज्ञानं वदति तदिदं दम्भमिथ्याप्रलापः ॥

भावार्थ–जहाँ तक प्राणवायु मध्य मार्ग याने सुषुम्ना में नहीं जाने लगा, और जहाँ तक प्राणायाम के प्राणवायु प्रबन्ध (सिद्धि) से बिन्दु की स्थिरता नहीं हुई, जहाँ तक ध्यानावस्था में मन के संकल्प नहीं गये, तहाँ तक तुम्हारा ज्ञानी कहलाना केवल मिथ्या दम्भ मात्र है।

## ॥ अथ योगी प्रशंसा ॥

योगाभ्यासे प्रवृत्तस्य योगिनः श्रद्धयान्विताः।
परिचर्यां प्रकुर्वन्ति शिष्या वा धनिनश्चये ॥
ते तस्य पुण्ययोगेन क्षीणपापकदम्बकाः।
अनायासेन गच्छन्ति ब्रह्मणः सदनं परम् ॥

भावार्थ–योगाभ्यास में प्रवृत योगी पुरुष की जो शिष्य अथवा धनिक भक्त लोग अन्न पान स्थान वस्त्रादिकों से श्रद्धा पूर्वक सेवा करते रहते हैं। वे भी उस योगी के पुण्य के भागी होने से सर्व पापों से रहित होकर अनायास ही ब्रह्म लोक को प्राप्त कर लेते हैं।

## ॥ ब्रह्मवैवर्तपुराणे ॥

कृतार्थौ पितरौ तेन धन्यो देशः कुलं च तत।
जायते योगवान् यत्र दत्तमक्षय्यतां व्रजेत् ॥
दृष्टः सम्भाषितः स्पृष्टः पुंप्रकृत्यो र्विवेकवान्।
भवकोटिशतापातं पुनाति वृजिनं नृणाम् ॥

भावार्थ–योगी के माता पिता कृतार्थ हैं उसका कुल भी धन्य है और वह देश भी जहाँ योगवान् जन्म लेता

है योगी को दिया हुआ दान अक्षय होता है। पुरुष और प्रकृति के विवेकी योगी जन के दर्शन सम्भाषण और स्पर्श करने से मनुष्यों के कोटि २ जन्मों के पाप नष्ट होजाते हैं और आत्मा पवित्र हो जाता है।

गृहस्थानां सहस्रेण वानप्रस्थशतेन च ।
ब्रह्मचारिसहस्रेण योगाभ्यासी विशिष्यते ॥

भावार्थ—सहस्र गृहस्थो शत वानप्रस्थो और सहस्रों ब्रह्मचारियों से एक योगाभ्यासी अधिक (श्रेष्ठ) होता है।

## ॥ राजयोगे वामदेवं प्रति शिववाक्यम् ॥

राजयोगस्य माहात्म्यं को विजानाति तत्त्वतः ।
तज्ज्ञानी वसते यत्र स देशः पुण्यभाजनम् ॥
दर्शनादर्चनादस्य त्रिसप्त कुल संयुताः ।
अज्ञा मुक्तिपदं यान्ति किं पुनस्तत्परायणाः ।
अन्तर्योगं बहिर्योगं यो जानाति विशेषतः ।
त्वया मयाप्यसौ वन्द्यः शेषैर्वन्द्यस्तु किं पुनः ॥

भावार्थ—राजयोग के यथार्थ माहात्म्य को कौन जान सकता है। राजयोग का ज्ञानी जहाँ निवास करता है वह देश पवित्र व पुण्यमय है। योगी के दर्शन पूजन से इक्कीस कुल सहित मूर्ख लोग भी मुक्ति को प्राप्त कर लेते हैं। योग में तत्पर तो क्यों न मुक्त होंगे। जो अन्तर्योग और बहिर्योग को विशेष कर जानता है वह योगी तुम्हारे और मेरे भी वन्दना करने योग्य है। तो अन्य मनुष्यों की क्या गणना है।

## ॥ कूर्म पुराणे (महायोग महिमा) ॥

एक कालं द्विकालं वा त्रिकालं नित्यमेव वा ।
ये युञ्जंते महायोगं विज्ञेयास्ते महेश्वराः ॥

भावार्थ—कूर्म पुराण में लिखा है कि एक समय में द्विकाल त्रिकाल में अथवा नित्य जो महायोग का अभ्यास करते हैं। उनको साक्षात् शंकरजी जानना चाहिये।

## ॥ मार्कण्डेय पुराणे ॥

योगिनश्च सदा श्राद्धे, भोजनीयाः प्रयत्नतः ॥
योगाधारा हि पितरस्तस्मात्तान् पूजयेत् सदा ॥१॥
ब्राह्मणानां सहस्रेभ्यो योगी त्वग्राशनो यदि ॥
यजमानं च भोक्तॄंश्च नौरिवाम्भसि तारयेत् ॥२॥
पितृगाथास्तथैवात्र गीयन्ते ब्रह्मवादिभिः ॥
या गीता पितृभिः पूर्वमैलस्यासन् महीपतेः ॥३॥
कदा नः संततावग्र्यः कस्यचिद् भविता सुतः ॥
यो योगिभुक्तशेषान्नो भुवि पिण्डं प्रदास्यति ॥४॥

भावार्थ—विद्वान् पुरुष प्रयत्न करके श्राद्ध में योगिजनों को भोजन करावे। कारण पितर केवल योग में ही स्थित हैं, अतः योगियों को सदा ही भोजन कराना उचित है। सहस्रों ब्राह्मणों के स्थान में यदि एक योगी को भोजन कराया जाय तो वह जल में नौका के समान सबका उद्धार करता है। ब्रह्मवादी लोग इस विषय में एक गाथा कहते हैं, पितरों ने इस फल के उद्देश से यह गाथा कही, कि कब हमारे वंश में

ऐसा सर्वश्रेष्ठ पुत्र उत्पन्न होगा जो योगियों के भोजन से बचे हुए अन्न से हमको पृथ्वी पर पिण्ड दान करे।

इन शास्त्र प्रमाणों व प्रत्यक्ष प्रमाणों से योग सर्वोत्तम है ।।शुभम्।।

## ।। अथ प्राणायाम प्रकरणम् ।।

**आलोच्य योगशास्त्राणि स्वस्यानुभवतस्तथा।**
**सारभूतं प्रवक्ष्यामि विधानं योगसाधने ।।१।।**

भावार्थ—पातंजल योगदर्शन, शिव संहिता, याज्ञवल्क्य-संहिता, गोरक्षपद्धति, हठयोगप्रदीपिका, पातंजल योगप्रदीप, घेरण्डसंहिता आदि अनेक योग ग्रन्थों को मथन करके तथा अपने अनुभव के अनुसार योग साधन करने की सारभूत विधि को संक्षेप से निरूपण करते हैं। शुभम्।

**प्राणायामं तथा प्राणं वक्ष्यामि मोक्षकाम्यया।**
**प्राणायामे भूमिका पंच प्राणस्य भूमिका त्रयम् ॥**

भावार्थ—प्राणायाम व प्राण की भूमिका मोक्ष के लिये कहते हैं प्राणायाम की पांच भूमिका हैं और प्राण की तीन भूमिका है। अर्थात् प्राणायाम ही पांच नामों से भिन्न हो जाता है।

प्रथम अभ्यास में प्राणायाम कहा जाता है। उसीका अभ्यास दृढ़ होने से प्रत्याहार बन जाता है। ऐसे जैसे २ अभ्यास बढता जाता है, वैसे ही क्रम से धारणा, ध्यान, समाधि के रूप में कहा जाता है। इस प्रकार प्राणायाम पांच नामों से होता है।

इसी प्रकार जब कुण्डलिनी चैतन्य होकर प्राण सुषुम्ना

में प्रवेश करता है तब प्राण की मूर्च्छावस्था को भूमिका की समाधि मानी जाती है । प्राणायाम तथा प्रत्याहार मूर्च्छा-समाधि धारणा ध्यान और समाधि ये मृत समाधि है।

बहिरंगद्वयम्, अन्तरंगत्रयम् ।

भावार्थ–प्राणायाम प्रत्याहार यह दो बहिरंग समाधि और धारणा ध्यान समाधि यह तीन अन्तरंग समाधि है ।

मृता मूर्च्छा तथा बद्धा प्राणस्य भूमिकात्रयम् ।

भावार्थ–मूर्च्छा मृता बद्धा यह प्राण की अवस्था की तीन भूमिका है ।

प्राणायाम के विषय में योग चिन्तामणि में कहा है–

प्राणायामोऽभ्यास क्रमेण वर्धमानः प्रत्याहार-ध्यान-धारणा-समाधिशब्दैरुच्यते ।

भावार्थ–यह प्राणायाम ही अभ्यास के क्रम से बढ़ता हुआ प्रत्याहार ध्यान धारणा समाधि शब्दों से कहा जाता है ।

## ॥ तदुक्तं स्कंदपुराणे ॥

प्राणायामद्विषट्केन प्रत्याहार उदाहृतः ।
प्रत्याहार द्विषट्केन धारणा परिकीर्तिता ॥
भवेदीश्वर सङ्गत्यध्यानं द्वादशधारणम् ।
ध्यानद्वादशकेनैव समाधिरभिधीयते ॥

भावार्थ–द्वादश प्राणायामों के समय का प्रत्याहार और द्वादश प्रत्याहार के समय की धारणा और जीव ब्रह्म की एकता के निमित्त द्वादश धारणा के समय का ध्यान होता

है। और द्वादश ध्यान के समय की एक समाधि कही जाती है। और यह हमारा स्वानुभव भी है।

स्वानुभव तथा तात्पर्य—लगभग पौन मिनट प्राण ब्रह्मरन्ध्र में टिककर वापस आजावे वह उत्तम प्राणायाम की सिद्धि है, तथा दश मिनट प्राण मस्तक में ठहर कर आजावे तो प्रत्याहार की सिद्धि है। तथा दो घंटे प्राण मस्तक में ठहर कर वापस होश आजावे तो धारणा की सिद्धि कही है। और चौबीस घंटे में प्राण को चेतनता आवे तो ध्यान की सिद्धि कही है। तथा १२ बारह दिन प्राण मस्तक में ठहर कर आवे तो समाधि की सिद्धि कही है। इसके आगे महा समाधि होती है। ध्यान पर्यन्त की समाधि, शब्दों से खुल सकती है। आगे महा समाधि का खुलना असम्भव है। वह तो बर्फ मक्खन उड़द की रोटी आदि साधनों के प्रयोग से खुल सकती है।

प्राणायाम और प्रत्याहार यह दो बहिरंग मूर्च्छा समाधि है। तथा धारणा ध्यान समाधि यह तीन अन्तरंग समाधि है। प्राण को तीसरी भूमिका बद्ध क्रिया को फिर आगे कहेंगे।

## ॥ प्राणायाम की सिद्धि ॥

जब कुण्डलिनी चैतन्य होकर प्राण ब्रह्मरंध्र में चढ़ते हैं और वापस सुषुम्ना से आते हैं उसकी उद्घात संज्ञा है।

यही बात हठयोग प्रदीप में कही है—

नीचो द्वादशमात्रस्तु सकृदुद्धात ईरितः।
मध्यमस्तु द्विरुद्धातश्चतुर्विंशति मात्रकः॥

मुख्यस्तु यस्त्रिरुद्घातः षट् त्रिंशन्मात्र उच्यते ।
प्रस्वेद कम्पनोत्थान जनकश्च यथाक्रमात् ॥
आनन्दो जायते चात्र निद्राधूमस्तथैव च ।
रोमांचोध्वनि संवित्तिरंगमोटनपूर्वकम् ॥
श्रमेणस्वेदजल्पाद्यं संविन्मूर्च्छां जयेद् यदा ।
तदोत्तम इति प्रोक्तः प्राणायामः सुशोभनः ॥

श्लोकार्थ तथा स्वानुभव--जब प्राण सुषुम्ना में रहता है तब आनन्द निद्रा और चित का आन्दोलन रोमांच तथा ध्वनि का ज्ञान अंगमोटन और कम्पन होते हैं।

जब प्राण अपान से पीडित हो ऊपर को जाकर वापस लौटता है और उसमें मूर्च्छादि लक्षण होते हैं वह उद्घात है।

जो प्राणायाम एक बार उत्थान करता है याने एक उद्घात करता है वह स्वेद युक्त कनिष्ठ प्राणायाम है। जिसमें दो बार उद्घात (उत्थान) हो वह कम्पन युक्त मध्यम प्राणायाम है। तथा स्वेद कम्प से रहित तीन बार उद्घात (उत्थान) का उत्तम प्राणायाम है। और इसी प्राणायाम में प्राण लगभग पौन मिनट मस्तक में ठहर कर आता है और इसीमें आनन्द का तथा महाध्वनि का ज्ञान होता है।

कुण्डलिनी चैतन्य होकर जब प्राण सुषुम्ना में रहते हैं तब उस उत्तम प्राणायाम में योगी को जो आनन्द आता है उस आनन्द को वर्णन नहीं किया जा सकता। इस विषय में बंगाल के स्वामी निगमानन्दजी महाराज का कहना है कि जो स्त्री सुख का आनन्द है उससे करोड़ गुणा आनन्द

प्राण के सुषुम्ना में रहने के समय आता है। यह उनका अनुमान है।

परन्तु मेरे विचार से तो यह आनन्द तुच्छ है। जब प्राण सुषुम्ना में रहता है, उस प्राणायाम के आनन्द का तो पार नहीं है। ऐसा महान् आनन्द का रस प्राप्त होता है। शुभम्।

## ॥ प्राणस्य फलम् ॥

**मूर्छितो हरते व्याधीन् मृतो जीवयति स्वयम्।**
**बद्धः खेचरतां धत्ते प्राणवायुश्च पार्वति ॥**

भावार्थ—मूर्छित प्राण याने कुण्डलिनी चैतन्य होकर प्राण का सुषुम्ना में प्रवेश करना। यह मुर्छित प्राण बहिरंग समाधि है। इसके सिद्ध होने से योगी सम्पूर्ण व्याधियों से मुक्त हो जाते हैं, तथा अनेक जन्म जन्मान्तर के संचित पाप नष्ट हो जाते हैं और शुद्धात्मा हो जाता है। प्राणायाम तथा प्रत्याहार की जो स्थिति है वह मूर्छित बहिरंग समाधि समस्त व्याधियों और पापों का नाश करती है।

इसके आगे प्राण की मृत संज्ञा है, धारणा ध्यान और समाधि यह मृत प्राण है। जब प्राण की मृत संज्ञा हो जाती है, और जितने समय तक प्राण मृत रहता है वहाँ तक अमर है उसे मृत्यु नहीं खा सकती। तात्पर्य यह है कि मृत प्राण वाला मर नहीं सकता है। प्रत्युत आयु बढ़ जाती है।

बद्ध प्राण का एक घड़ी का अभ्यास ही मोक्ष प्रदान कर देता है। बद्ध प्राण के विषय को आगे कहेंगे। शुभम्।

अब प्राणायाम के विषय में शास्त्र तथा स्वानुभव को कहते हैं---

## ॥ प्राणायाम ॥

प्राणायाम सिद्ध करने के लिये नाड़ियों का शोधन होना जरूरी है। यह शास्त्रप्रमाण तथा स्वानुभव से भी सिद्ध है।

**मलाकलासु नाड़ीषु मारुतो नैव मध्यगः।**
**कथं स्यादुन्मनी भावो मोक्षसिद्धि कथं भवेत् ॥**

भावार्थ--जहाँ तक शरीर की नाड़ियाँ मल से दूषित हैं वहां तक मारुत याने प्राण मध्यगा याने सुषुम्ना में नहीं जाता, और जहां तक प्राण सुषुम्ना में नहीं जाता वहां तक उन्मनी अवस्था भी नहीं हो सकती और जहां तक उन्मनी अवस्था नहीं आती वहां तक मोक्ष की सिद्धि भी कैसे हो सकती है।

## ॥ उन्मनी अवस्था क्या है ॥

**मारुते मध्यसंचारे मनः स्थैर्यं प्रजायते।**
**यो मनः सुस्थिराभावः सैवावस्था मनोन्मनी ॥**

भावार्थ--जब प्राण वायु सुषुम्ना में प्रवेश करता है तब मन की स्थिरता हो जाती है, और जो मन की स्थिरता है। उसी को उन्मनी अवस्था कहते हैं।

इससे तो यह सिद्ध हुआ कि मन स्थिरता के लिये जो-कुछ भी उपाय हैं सब व्यर्थ हैं। जहां तक प्राण सुषुम्ना में नहीं जावे और मनोन्मनी अवस्था न आजावे तब तक मन

को स्थिरता के लिये मनुष्यों के अन्य प्रयत्न करना वृथा है। इसमें हमारा स्वानुभव भी है। मन की स्थिरता कहो चाहे उसे उन्मनी अवस्था कहो एक ही बात है। वास्ते प्रत्येक मनुष्य को प्राणायाम सिद्ध करने का प्रयत्न अवश्य करना चाहिये। तथा प्राणायाम की सिद्धि नाड़ी शोधन के बिना नहीं हो सकती, वास्ते नाड़ी शोधन करना नितान्त आवश्यक है

## ॥ नाड़ी शोधन विधि ॥

युक्ताहार विहारेण नाड़ीशुद्धि भविष्यति।
प्राणायामं ततः कुर्यादनायासेन सिध्यति॥

भावार्थ–यथा योग्य जैसा चाहिये वैसे यथार्थ आहार विहार से नाड़ियों की शुद्धि हो जाती है। पश्चात् प्राणायाम करने से अनायास ही विना परिश्रम के प्राणायाम सिद्ध हो जाता है।

अब प्राणायाम में नाड़ी शोधन के लिये स्वानुभव का शुद्ध आहार लिखते हैं। नाड़ी शोधन से लेकर समाधि पर्यन्त के शुद्ध पथ्य भोजन का विवरण दे रहे हैं, जो योगियों को हितकारी है।

## ॥ पथ्य भोजन ॥

आरम्भे दुग्धमाहारं मध्ये दुग्धघृते स्मृते।
सुषुम्नोष्णत्वशान्ते तु दुग्धप्रभृति भोजनम्॥
चतुर्थ्यां भूमिकायां तु रसाम्बु केवलं भवेत्॥

भावार्थ—आदौ शब्द से नाड़ी शोधन के आरम्भ से प्राणायाम की सिद्धि पर्यन्त केवल गाय के दूध का ही सेवन करे और कुछ भीनहीं लेवे। मध्य शब्द से याने प्राण के सुषुम्ना में प्रवेश होते ही नित्य दूध और घृत को लेकर अभ्यास करे और कुछ नहीं लेवे अन्त शब्द से जब सिद्ध प्राणायामों की चौबीस हजार संख्या हो जावे और सुषुम्ना की गरमी शान्त हो जावे, तब से दुग्ध प्रभृति शब्द से दूध, घृत, पालख, परवल, द्राक्षा, मोसमी, राजगरा, साबूदाना, केला, दूधी, इसबगोल को आहार में प्रयोग करते हुए भी अभ्यास किया जा सकता है।

इसबगोल पवित्र और योगियों की वैज्ञानिक महौषधि है—

प्रवृत्तिं च निवृत्तिं च सर्वलाभ प्रदायनी।
नानारोगहरा दिव्या बल बुद्धि प्रवर्द्धिनी॥

भावार्थ—इसबगोल औषधि गृहस्थी तथा योगी सब को लाभ देने वाली है। तथा अनेकों रोगों का नाश करती है। और दिव्य है तथा बल और बुद्धि को बढ़ाने वाली है।

## ॥ फलम् ॥

मन्दाग्नि संदीपन पाचनादि—
संधापिकानंदकरी सदैव।
अशेषदोषामयशोषणी च
महौषधिरीसबनिर्मला च॥

भावार्थ—इसबगोल औषधि मंदाग्नि को हटाती है।

जठराग्नि को प्रदीप्त करती है। तथा पाचन शक्ति को बढ़ाती है। आदि शब्द से मल को शुद्ध करती है। शौच क्रिया साफ लाती है। यह इन कामों में विधात्री है। चित्त को आनन्द देने वाली तथा वात के समस्त वायुरोगों का नाश करने वाली और अंगूठे से मस्तक पर्यन्त वायु का शोधन करने वाली है। इसके अनेक गुण हैं। यह महौषधि ईसब निर्मला विकार रहित है। इसके अतिरिक्त कब्ज, पेचिश, मरोड़, वात, पित्त, कफ के अनेक रोगों पर अनुपान भेद से बहुत ही लाभप्रद है। शुभम्।

इसके आगे जब चौथा भूमिका याने बीस घंटे से ऊपर प्राण के मस्तक में ठहरने का समय आवे तब केवल दूध में जल मिला कर लेवे और रस शब्द से दूध, द्राक्षारस, मोस-मीरस लेवे। शास्त्रों में रस संज्ञा घृत को भी है, परन्तु हमारे अनुभव से घृत हानिप्रद होता है। यदि घृत लेना भी हो तो आधा तोला से अधिक नहीं ले सकते। शुभम्

**आसने च महायोगे निराहारो भवेत सदा।**
**आदावनशनं चैव पश्चाद् योगं समाचरेत्॥**

भावार्थ—महायोग याने पाँच दिन के बाद अधिक दिन समाधि में बैठना हो तो पाँच दिन पहले से आहार मात्र को त्याग देवे और बाद समाधि के आसन पर बैठे। शुभम्।

## ॥ अथ नाड़ी शोधनम् ॥

अब हम अपने अनुभव के अनुसार नाड़ी शोधन में केवल दुग्ध के आहार की मात्रा कहते हैं।

सुबह नौ बजे तीन छटाँक याने १५ तोला दूध पीवे। बाद दुपहरी में १२ बजे तीन छटांक (पन्द्रह तोला) दूध पीवे बाद तीन बजे पन्द्रह तोला दूध फिर पीवे। बाद ६ बजे १५ तोला दूध पीवे। बाद रात्रि में कुछ भी नहीं लेवें, इस प्रकार आहार करते हुये, साथ में नियमों का भी पालन करना आवश्यक हैं :—

वर्जयेदशनं रूक्षं स्नानं शीताम्बुना तथा।
पद्भ्यां पर्यटनं चादि स्त्रियं चापि विशेषतः॥

भावार्थ—योगी को नाड़ी शोधन के समय से लेकर जीवन पर्यन्त रूक्ष अर्थात् चिकनाहट से रहित भोजन तथा ठंडे जल से स्नान, तथा पैरों से मार्ग चलना, स्त्री संग तथा चांदि शब्द से परिश्रम तथा बोलना अग्नि के पास बैठना, रात्रि भोजन तथा सूर्यकी रश्मि में खड़ा रहना, व्यायाम करना तथा सिद्ध प्राणायाम के अतिरिक्त अन्य आसनों तथा प्राणायामादि योग क्रियाओं का करना तथा मल-मूत्रादि के वेगों को रोकना विशेष जन समुदाय में बैठना तथा मन में अनेक प्रकार के कार्यों के करने की चंचलता उत्पन्न करना तथा प्रवृत्ति कर्मों को करने की वाञ्च्छा रखना आदि सब बातों को त्याग देना चाहिये। इनकी आजीवन इच्छा न करे। नहीं तो योग भ्रष्ट होना सम्भव हैं।

## ॥ पथ्यापथ्य ॥

एतद्धि योगिनां पथ्यं नापथ्यं तु कदाचन।
पथ्याभावे भवेद्योगी नानारोग समन्वितः॥

भावार्थ–जो हमने ऊपर लिखे हैं, इन आहार विहार का ही पालन करना चाहिये। योगी को अपथ्य सेवन कभी भी नहीं करना चाहिये। क्योंकि पथ्य के पालन न करने से योगी के शरीर में नाना प्रकार के ज्वरादि रोगों की उत्पत्ति हो कर वह योगो योगभ्रष्ट हो जाता है। इस प्रकार हमारे बतायं, अनुसार नाड़ी शोधन २६ दिन में स्थूल देह वाले का भी हो जाता है। और जिसका पतला शरीर हो, उसका तो बहुत शीघ्र ही हो जाता है।

## ॥ नाडीशोधने चिन्ह ॥

यदा तु नाडीशुद्धिः स्यात्तथा चिन्हानि बाह्यतः।
कायस्य कृशता कान्तिस्तदा जायेत निश्चितम् ॥

भावार्थ–जब नाड़ी की शुद्धि हो जाती तब शरीर में कृशता (दुर्बलता) तथा मुख पर कान्ति (तेज) आजाती है। यह चिह्न बाहर होते हैं।

## ॥ कृशता ही प्रधान है ॥

सर्वेषु योगमार्गेषु शरीरं कृशतां व्रजेत्।
भयं तत्र न कुर्वीत युक्त्या रक्षेत् कलेवरम् ॥

भावार्थ–हठयोग हो अथवा राजयोग हो, योग के सब मार्गों में अच्छी तरह अभ्यास करने से शरीर अवश्य कृश (दुर्बल) हो जाता है। अतः इस विषय में साधक पुरुष को भय नहीं करना चाहिये। किन्तु युक्ति से शरीर की रक्षा करनी चाहिये। इति नाड़ी शुद्धि प्रकरणम् ॥

## ॥ अथ प्राणायामः ॥

यदि शरीरपतला हो तो नाड़ी शोधन के आरम्भ से पांचवें दिन ही प्राणायाम का अभ्यास प्रारम्भ कर देना चाहिये।

**प्रायशो योगयुक्तीनां सन्निवेशोऽत्र विद्यते ।**
**तथापि गुरुवक्त्रेण विज्ञेयास्ता विचक्षणैः ॥**

भावार्थ–यद्यपि प्रायः करके योग की सर्व युक्तियाँ हमने इसमें लिखी हैं। तथापि बुद्धिमान साधक पुरुषों को योग क्रिया योगाभ्यासी गुरु के मुख से ही सीखनी चाहिये।

वास्ते जिस दिन से प्राणायाम प्रारम्भ करे उसी दिन से गुरु के पास ही रहे कारण न जाने किस समय कुण्डलिनी जागृत हो कर प्राण सुषुम्ना में प्रवेश कर जाय। इसका भरोसा नहीं रहता, कारण कुण्डलिनी के जागृत होने के समय खतरा रहता है। यदि अनुभवी गुरु पास में न हो तो या तो साधक को पागलपन आजावे, या मर जावे ऐसा शक रहता। वास्ते गुरु धैर्यपूर्वक संभाल लेते हैं।

प्रारम्भ काल में ही खतरा रहता है। बाद अभ्यास के दृढ़ हो जाने से यह मदोन्मत्त हाथी रुपो प्राण वश में होकर सरल सुखदायक बन जाता है। फिर गुरु को आवश्यकता नहीं रहती है। फिर तो अभ्यास की ही आवश्यकता रहती है। वास्ते प्राणायाम के आरम्भ काल से ही गुरु की शरण में सदा चौबीसों घंटा रहना चाहिये और अभ्यास करना चाहिये।

## ॥ अभ्यासविधि ॥

पांच हाथ लम्बा और पाँच हाथ चौड़ा मुलायम रूई का गदला बिछा कर उसके बीच में बैठ कर अभ्यास करे। साधक से दश हाथ दूरी तक जल, पत्थर शिला, अग्नि तथा खतरनाक चीजें नहीं रहना चाहिये। ऐसी जगह बन्द कमरे में बैठ कर अभ्यास करे।

## ॥ विधि ॥

प्राणायामं सूक्ष्मसूक्ष्मं सूक्ष्मातिसूक्ष्ममेव च।
शनैरशीतिपर्यन्तं चतुर्वारं समभ्यसेत् ॥

भावार्थ—सूक्ष्म से भी अतिसूक्ष्म प्राणायामों को शनैः २ (धीरे २) अस्सी बार तक करे। अस्सी प्राणायाम सूर्योदय के बाद करे तथा अस्सी प्राणायाम ग्यारह बजे करे। बाद अस्सी प्राणायाम दुपहरी में दो बजे करे। बाद अस्सी प्राणायाम पांच बजे करे। इस प्रकार कुल चौबीस घंटों के बीच ३२० प्राणायाम नित्य करे।

प्राणायामस्य गणना सहस्ररुद्रमेव च।
तदा योग्यं विजानीयात् कुंभकं शक्तिबोधने ॥

भावार्थ—प्राणायाम की ग्यारह हज़ार संख्या होती है तब तक तो कुंडलिनी चैतन्य होकर प्राणायाम सिद्ध हो जाता है यह तो मोटे स्थूल शरीर वाले की गणना है। परन्तु जो संस्कारी तीव्र मुमुक्षु और ज्ञानी तथा पतले शरीर वाले हैं उन को तो बहुत शीघ्र ही प्राणायाम सिद्ध हो जाता

है। प्राणायाम की सिद्धि होते ही कुंडलिनी का नासिका द्वारा सर्पों जैसा शब्द होता है। और प्राण सुषुम्ना में प्रवेश कर जाता है।

## ॥ सिद्ध प्राणायाम ॥

### (स्वानुभव)

रेचकं कुंभकं त्यक्त्वा, पूरकश्चैव केवलम्।
प्राणायामस्य संसिद्धिः, कथिता मुनिपुंगवैः॥

भावार्थ–रेचक याने वायु का छोड़ना, कुंभक याने वायु को रोकना जिसमें न हो। और पूरक याने वायु को नासिका से खींचते ही वायु फोरन सुषुम्ना में जाकर लय हो जावे वह श्रेष्ठ सिद्ध प्राणायाम मुनियों ने कहा है।

इस प्रकार प्राणायाम के सिद्ध होते ही चालू प्राणायामों को त्याग देवे, और सिद्ध प्राणायामों का ही अभ्यास करे।

कार्या अशीतिपर्यन्तं पूरकं सुसमाहितैः।
आहारं नियमं चैवं परिवर्तनमाचरेत्॥

भावार्थ–कुंडलिनी के चैतन्य होते ही पहले के प्राणायामों को करना बन्द करके, केवल पूरक प्राणायामों का ही अस्सी संख्या तक अभ्यास करे। और उसी दिन से आहार तथा नियमों का भी परिवर्तन कर देवे।

## ॥ आहार नियम विधि ॥

### (शास्त्र तथा स्वानुभवे)

सुषुम्ना में प्राण के संचार करते ही उसी दिन से केवल

दूध, मक्खन, घृत ही लेवे, अन्य कुछ भी नहीं लेवे। सुषुम्ना बहुत गरम नाडी है। वह जागृत होते ही खाने की इच्छा करती है। यदि उसकी क्षुधा के अनुकूल दूध, घृत की ठंडक नहीं पहुंचती तो वह योगी के रक्त, मांस को खाजाती है। वास्ते वह जितना माँगे उतना ही नित्य देना चाहिये। सुषुम्ना के अनुकूल दूध, मक्खन, घृत आदि आहार मिलने से वह कुछ दिनों में शान्त हो जाती है, तब आहार स्वयमेव घट जाता है। और केवल कुंभक की सिद्धि हो जाती है।

अभ्यासकाले प्रथमे, कृत्वा क्षीराज्यभोजनम्।
ततोऽभ्यासे दृढीभूते, न तादृङ् नियमग्रहः॥

भावार्थ–प्रथम अभ्यास के समय याने पूरक प्राणायामों के समय दूध और घृत का भोजन करे। बाद अभ्यास के दृढ होने याने केवल कुंभक के सिद्ध होने पर नियम का आग्रह नहीं।

## ॥ अथ प्राणायामादि दिन चर्या ॥

जब से कुंडलिनी चैतन्य होकर प्राण सुषुम्ना में संचार करने लगे उसी दिन से योगी की दिनचर्या (नित्य नियम) को कहते हैं।

प्रातः काल सूर्योदय के समय उठकर शौच क्रिया से निवृत्त हो बन्द कमरे में पाँच हाथ लम्बे पांच हाथ चौड़े रूई के गदले के बीच बैठकर लगभग नौ बजे प्राणायाम का अभ्यास शुरु करे। अस्सी संख्या समाप्त करके पश्चिमतान

करे। बाद में शवासन से विश्राम करे। बाद में कुछ समय मत्स्यासन करके स्नान करे।

**अभ्यासं सकलं कुर्यादीश्वरार्पणमादृतः।**
**अभ्यासादुत्थितः स्नानं कुर्यादुष्णेन वारिणा॥**

भावार्थ--प्राणायामों के महापुण्य को परमात्मा के अर्पण प्रेम से करके बाद में गरम जल से स्नान करे।

स्नानान्तर कुछ परमात्मचिन्तन, स्वाध्याय करके पुनः शास्त्रोक्त याने दूध, घृत को इच्छानुसार ग्रहण करके विश्रामकरे। बाद सूर्यास्त के पहले शौचादि क्रियाओं से शुद्ध हो कर रात्रि में साढे आठ बजे पुनः अस्सी संख्या प्राणायाम का अभ्यास शुरू करे। जब प्राणायाम समाप्त हो और क्षुधा या मुख में गरमी मालूम दे तो लगभग एक छटांक याने पाँच तोला मक्खन ग्रहण करे तथा दूध नहीं लेवे। यह सिद्ध प्राणायामों के अभ्यास के नित्यनियम कहे हैं। अन्य नियम पहले के समान जानना।

जब सिद्ध प्राणायामों की अस्सी संख्या का अभ्यास योगी करता है तब योगी के शरीर में बाह्य चिह्न भूमिकाओं की उन्नति से होते हैं। उनको मैं स्वानुभवों तथा शास्त्रों से लिखता हूं--

## ॥ प्राणायामे बाह्य चिह्नानि ॥

**प्राणस्यारोहणे तत्र चतस्रो गतयः क्रमात्।**
**भवन्ति योगिनो देहे नित्यमभ्यासयोगतः॥**

भावार्थ--उक्त रीति से नित्य अभ्यास करने से प्राण के

ऊपर मस्तक में चढ़ने के समय योगी के शरीर में चार प्रकार की प्राण की क्रम से गति अर्थात् चाल होती है।

पिपीलिकासमा पूर्वं ततो दर्दुरसन्निभा।
गतिः सर्पोपमा पश्चाद्धंसस्य तदनन्तरम्॥

भावार्थ–प्रथम अभ्यास काल में चींटी की चाल जैसी प्राण की गति होती है। फिर कुछ दिनों में मेंढक जैसी गति होती है। अर्थात् जैसे मेंढक कूद-कूद कर चलता है, ऐसे हाथ उठते हैं। और प्राण एक चक्र से दूसरे में और दूसरे से तीसरे चक्र में चढ़ता है। तिसके बाद सर्प की चाल के समान प्राण की गति होती है। जैसे सर्प लम्बा टेढ़ा होकर चलता है वैसे ही शरीर की आकृति हिलती है और प्राण सुषुम्ना में चढ़ता है। उस समय योगी का सर्वांग फड़कता है। पैर के अंगूठे से लेकर मस्तक पर्यन्त की नाड़ियाँ हिलती हैं। उसके बाद चौथी भूमिका में हंस के समान प्राण की गति होती है। अर्थात् जैसे हंस पक्षी पैर उठा-उठा कर चलता है, वैसे ही योगी का आसन उत्थान होकर तपकता है। उस समय योगी के पैर से लेकर सर्वांग का प्राण ऊपर चढ़ता है। यह प्राणायाम की चौथी भूमिका उत्थान की है यह शुद्ध प्राणायाम माना जाता है। और इसीसे पथ्य भोजन पूर्वक आगे अभ्यास बढ़ता है।

## ॥ सिद्ध प्राणायाम के लक्षण ॥

वपुः कृशत्वं वदने प्रसन्नता,
नादस्फुटत्वं नयनेसु निर्मले।
अरोगता बिन्दुजयोऽग्निदीपनं,
मले सुगन्धि हठयोगलक्षणम्॥

भावार्थ—शुद्ध प्राणायाम ठीक-ठीक होने से शरीर में कृशता (दुर्बलता) तथा मुख पर कान्ति प्रसन्नता और अनाहत नाद की ध्वनि दक्षिण कर्ण में शुरू होना तथा नेत्रों में निर्मलता और शरीर में रोगों का अभाव तथा धातु की स्थिरता तथा जठराग्नि की वृद्धि और मल में चन्दनादि जैसी सुगन्ध आदि चिन्ह हठयोग प्राणायाम से होते हैं। और प्राणायाम के समय योगी को महान् आनन्द होता है।

आनन्दानुभवस्तत्र जायते योगिनो महान्।
स एव तं विजानाति मया वक्तुं न शक्यते॥
नैव तं विषयासक्ता विदु र्नो शास्त्र चिन्तकाः।
योगजं परमानन्दं योगिनोऽनुभवन्ति यम्॥

भावार्थ—जब प्राण सुषुम्ना में जाता है, उस समय योगी को जो परम आनन्द का अनुभव होता है। उस आनन्द को वह योगी स्वयं ही जान सकता है। मैं उस आनन्द का कथन नहीं कर सकता हूँ। उस आनन्द को विषयासक्त पुरुष भी नहीं जान सकते, और केवल शुष्क शास्त्रों की बातें बनाने वाले और शास्त्र सुनने सुनाने वाले भी नहीं जान सकते। जो आनन्द योगी को सिद्ध (मूर्छित) प्राणायाम करते समय प्राप्त होता है वह अनुभवमात्र गम्य है।

## ॥ प्राणायामे विचारः ॥

प्राणस्य त्वखिलं कर्म मनोयुक्तं समभ्यसेत्।
मनसो विकले भावे प्राणो न स्थिरतां व्रजेत्॥

भावार्थ—प्राण के चढ़ाने की सब क्रिया मन की एकाग्रता

के साथ करनी चाहिये। क्योंकि मन के चंचल होने से प्राण की स्थिरता नहीं हो सकती, और केवल कुम्भक की सिद्धि भी नहीं हो सकती।

वर्द्धमाने ततोऽभ्यासे प्राणस्त्यक्त्वा गमागमौ।
ब्रह्मरन्ध्रे लयं याति मनश्चानु विलीयते॥

भावार्थ-उक्त रीति से नित्य सिद्ध प्राणायामों का अस्सी संख्या सायं प्रातः अभ्यास करने से और शुद्ध आहार विहार से वायु नासिका द्वार से आना जाना छोड़ मस्तक में स्थिर होने लगता है और केवल कुंभक सिद्ध होजाता है। और फिर बाहर से वायु खींचने की आवश्यकता नहीं रहती।

## ॥ केवल कुम्भकार्थः ॥

(हठयोग प्रदीपे)

यावत् केवल सिद्धिः स्यात् पूरकं तावदभ्यसेत्।
रेचकं पूरकं मुक्त्वा सुखं यद्वायुधारणम्॥
प्राणायामोऽयमित्युक्तः सर्वैः केवलकुंभकः॥

भावार्थ-जहाँ तक केवल कुंभक सिद्ध न हो वहाँ तक पूरक प्राणायाम का अभ्यास करे। और केवल कुंभक के सिद्ध होने पर पूरक प्राणायाम के अभ्यास को छोड़ देवे। और केवल कुम्भक का ही अभ्यास करे। जिसमें प्राण को बाहर से खींचना भी नहीं पड़े और वापस छोड़ना भी नहीं पड़े, और आपसे आप प्राण सुखपूर्वक सुषुम्ना में सङ्कल्प मात्र से प्रवेश करने लग जावे, उसे केवल कुम्भक कहते हैं। और यहां से ही इडा पिंगला ह० कहिये सूर्य ठ० कहिये चन्द्रमा ऐसा सूर्य चन्द्रमा इडा पिंगला नाड़ी का हठयोग समाप्त होकर राजयोग में प्रवेश होता है।

## ॥ प्राण की स्थिरता ॥

कुंभकाभ्यसतो नित्यं ध्यान योगाच्च मूर्धनि ।
स्थितिं सम्बर्धयेद्योगी, समाधिः स्याद् यथाचिरम् ॥

भावार्थ--केवल कुंभक के विशेष अभ्यास से और ब्रह्म रन्ध्र में ध्यान के बल से योगी पुरुष मस्तक में प्राण की स्थिरता को बढ़ावे जिससे समाधि की स्थिति चिरकाल की प्राप्त होवे । और केवल कुंभक के द्वारा प्रत्याहार में सिद्धि मिले ।

## ॥ केवल कुम्भक ॥

(पातञ्जलयोगदर्शने)

सूत्र---बाह्याभ्यन्तर विषयाक्षेपी चतुर्थः ।

भावार्थ--केवल चुपचाप मन को एकाग्र करके बैठ जाना ही पातञ्जल योग का चौथा प्राणायाम जो राजयोग से सम्बन्ध रखता है । और हठयोग में केवल कुंभक नाम से प्रसिद्ध है ।

## ॥ स्वानुभवे ॥

उक्त रीति से केवल कुंभक का अभ्यास करते-करते जब प्राण वायु पांच मिनिट के लगभग मस्तक में स्थिर होने लगे तब आगे योगी को प्रत्याहार का अधिकार प्राप्त होता है ।

## ॥ अभ्यासे समयोक्तम् ॥

नातिशीते न चात्युष्णे नाति वर्षति तोयदे ।
अभ्यासं वर्धयेद् योगी नो चेद् रोगभयं ध्रुवम् ॥

भावार्थ—अतिशीतकाल में अति उष्णकाल में तथा अत्यन्त वर्षाकाल में नाड़ी शोधन आदि सिद्ध प्राणायाम का अभ्यास आरम्भ न करे और चालू अभ्यास को भी आगे विशेष न बढ़ावे। कारण अति शीतादि काल में अभ्यास बढ़ाने से शरीर में रोग होने का भय रहता है।

इस प्रकार कहे अनुसार समय को त्याग हमारे कथनानुसार नित्य केवल कुंभक का अभ्यास करने से आगे प्रत्याहार में अधिकार प्राप्त होता है। प्राणायाम से लेकर समाधि पर्यन्त के साधनों में प्रत्याहार ही महान् कठिन साधन है। यह जबर जस्त पहाड़ है। प्रत्याहार को सिद्ध किया मानो बड़े भारी पहाड़ को उल्लंघन कर लिया। प्रत्याहार के सामने बड़े-बड़े सिद्ध महात्मा ऋषि मुनि आदि सभी का पतन होता आया ऐसा सुनते हैं। और आगे तो पतन होना सम्भव ही है। यह ईश्वर रचित योग माया (प्रकृति) का जबर जस्त बन्धन है।

ज्ञानिनामपि चेतांसि देवी भगवती हि सा।
बलादाकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति॥

भावार्थ—बड़े-बड़े ज्ञानियों के चित्त को भी यह योगमाया प्रकृति बलात्कार पूर्वक खींच कर के मोह में डाल देती है। जब कभी इसका दाव लगे तभी संसार में गिरा देती है, तो साधारण मनुष्यों की क्या गणना है।

॥ इति प्राणायाम प्रकरणम् ॥

## ॥ अथ प्रत्याहारः ॥

(बहिरंग मूर्च्छितसमाधि)

अब प्रत्याहार को कहते हैं, कि केवल कुंभक का वायु दश मिनट मस्तक में स्थिर हो जावे उसे प्रत्याहार की सिद्धि का अभ्यास कहा जाता है, ऐसा हठयोग शास्त्र का वचन है। शुभम्। अब प्रत्याहार शब्द के अर्थ को और उसकी महिमा को कहते हैं।

## ॥ प्रत्याहार क्या है ॥

प्रत्याहारमथो वक्ष्ये यथोक्तं मुनिपुंगवैः।
साधनाद्यस्य योगीन्द्रो निर्विघ्नं सिद्धिमृच्छति ॥

भावार्थ—योग का अंग जो प्रत्याहार उसको पूर्व के मुनि लोगों के कथनानुसार वर्णन करते हैं। जिस प्रत्याहार के साधन करने से योगी पुरुष निर्विघ्न योग सिद्धि को प्राप्त होता है।

इन्द्रियाणि चरंतीह विषयेषु स्वभावतः।
यत्नादाहरणं तेषां प्रत्याहारो निगद्यते ॥

भावार्थ—श्रोत्रादिक इन्द्रियां शब्दादिक विषयों में जो स्वभाव से ही विचरती हैं। उनको यत्न से जो विषयों की तरफ से खींचकर निवृत्त करना है उसे प्रत्याहार कहते हैं।

पातंजल योग दर्शन में भी कहा है—

सूत्र—स्वविषयासंप्रयोगे चित्तस्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणां प्रत्याहारः।

भावार्थ—मन व इन्द्रियों को विषयों की तरफ से हटाकर अंतर्मुख करना ही प्रत्याहार है। शुभम्

## ॥ प्रत्याहार के विना योग निष्फल है ॥

इन्द्रियाण्यवशीकृत्य यस्तुयोगं समभ्यसेत् ।
भिन्नभाण्डाम्बुवत्तस्य योगः क्षरति संततम् ॥

भावार्थ---इन्द्रियों को न जीत करके जो पुरुष योग का अभ्यास करता है, उसका योग साधन फूटे हुये घड़े के जल के समान निरंतर क्षरता रहता है, अर्थात् कुछ हाथ नहीं आता ।

## ॥ प्रत्याहार का महत्त्व ॥

जितंतेन जगत्सर्वं येनेन्द्रियगणोजितः ।
इन्द्रियाणां वशे यस्मादेतद्विश्वमशेषतः ॥

भावार्थ---जिस पुरुष ने अपनी इन्द्रियां जीती है । उस पुरुष ने मानो सारा जगत् जीत लिया है । क्योंकि सम्पूर्ण जगत् इन्द्रियों के ही वशीभूत हो रहा है ।

योगी भर्तृहरिजी नें भी कहा है–

कान्ता कटाक्ष विशिखा नदहंतियस्य
चित्तंन निर्दहति कोपकृशानुतापः ॥
कर्षंति भूरिविषयाश्च न लोभ पाशै
लोंकत्रयं जयति कृत्स्नमिदं सधीरः ॥

भावार्थ---स्त्रियों के कटाक्ष रूपी बाण जिसके हृदय को नहीं वेधते । और क्रोध रूपी अग्नि जिसके चित्त को नहीं जला सकती । तथा जिनको विषय लोभ रूपी रस्सी

से नहीं बांध सकते याने इन्द्रियों का विषयों की तरफ आकर्षण नहीं होता। वह ऐसा धीर पुरुष त्रिलोकी को जीतता है।

## ॥ विषयासक्त पुरुष ॥

विषयेषु समासक्तो न योगं कर्तुमर्हति।
तस्माद्विषयसंत्यागो योगिनां परमो हितः॥

भावार्थ--विषयों में फंसा हुवा पुरुष योगाभ्यास को ठीक नहीं कर सकता है। वास्ते योगी लोगों को विषयों का परित्याग करना परम हितकारक है।

## ॥ महाविषय ॥

विषयेष्वपि सर्वेषु स्त्रीसंज्ञो विषमो मतः।
योगिनां परमो वैरी सिद्धिहा चित्तदूषकः॥

भावार्थ--सब विषयों में स्त्री नाम जो विषय है, सो ऋषि लोगों ने बड़ा दुर्जय माना है। क्योंकि वह मोक्ष योगियों का परम वैरी है, और योग सिद्धियों का नाश करने वाला है। और योगियों के चित्त को बिगाड़ने वाला है। कारण मोक्ष योग में केवल ब्रह्मचर्य ही प्रधान माना है।

यस्याः समस्तमेवेदं ससुरासुरमानवम्।
पदाक्रांतं जगज्जेतुं कस्तां शक्नोति योषितम्॥

भावार्थ--देवता-दानव-मनुष्यादि सर्वजगत जिसके वशीभूत हो रहा है, ऐसी स्त्री को सर्वथा कौन पुरुष जीत सकता है।

तस्माद्विशेषतः स्त्रीणां संगं योगी विवर्जयेत् ।
सिद्ध योगोपि संगेन पतेदत्र न संशयः ॥

भावार्थ—वास्ते योगाभ्यासी पुरुष को स्त्रियों का संग विशेष करके त्यागना चाहिय, क्योंकि योग सिद्धि को प्राप्त हुवा भी पुरुष कुसंग से भ्रष्ट हो जाता है । तो प्रथम साधक योगी की क्या गणना है ।

## ॥ प्रत्याहार में आने वाले विघ्न ॥

योगाभ्यासे प्रवृत्तस्य योगिनो विघ्नकारकाः ।
स्वयमेवोपातिष्ठंति विषया देवनोदिताः ॥

भावार्थ—प्रत्याहार में विघ्न करने के लिये योगाभ्यासी योगी के पास देवताओं करके भेजे जाने वाले विषय पदार्थ अपने आप स्वतः ही आकर प्राप्त होते हैं ।

मानः पूजा च विख्याति द्रंव्य लाभश्च जायते ।
योषितां संगमश्चैव वांछितानां च संग्रहः ॥

भावार्थ—लोकों में मान, पूजा, यश, और धन की प्राप्ति स्त्रियों का समागम और वांछित पदार्थों का संग्रह, अपने आप ही होने लगता है ।

तत्रासक्तं भवेच्चित्तं प्रसभं योगिनो भृशम् ।
ततोऽभ्यासं परित्यज्य योगाद् भ्रष्टो भवेद्ध्रुवम् ॥

भावार्थ—उस मान पूजादिकों में योगी का चित्त बलात्कार से आसक्त हो जाता है, और फिर वह योगी धीरे धीरे अभ्यास को छोड़ करके योग से भ्रष्ट हो जाता है ॥ वास्ते

योगी को सर्व संग त्याग, एकान्त में रहते हुये केवल योग का ही अभ्यास करना चाहिये और अन्य इच्छा नहीं रखना चाहिये ॥

## ॥ मनुष्य शरीर दुर्लभ है ॥

शब्दादि विषयाल्लोके सुलभाः सर्वयोनिषु ।
दुर्लभं मानुषं देहं मत्वाऽऽसक्तिं न कारयेत् ॥

भावार्थ—शब्द स्पर्शादि जो इन्द्रियों के विषय हैं, वो तो पशु-पक्षी आदिक सर्व योनियों में सुलभ हैं और मिल सकते हैं। परन्तु यह मनुष्य का शरीर जीव को मिलना बड़ा दुर्लभ है। ऐसा जानकर समझ करके इन्द्रियों के विषयों में आसक्ति नहीं करनी चाहिये।

## ॥ तृष्णा ॥

घृतासेकाद्यथावन्हेर्ज्वाला भूयोभिवर्धते ।
विषयासेवनाज्जंतोस्तथा तृष्णाभिवर्धते ॥

भावार्थ—जैसे घृत की आहुति डालने से अग्नि की ज्वाला तेजी से बढ़ती जाती है। वैसे ही विषयों के सेवन करने से, जीव की तृष्णा रोजाना ज्यादा बढ़ती जाती है।

## ॥ ज्ञान ॥

तस्मादिन्द्रियवर्गस्य प्रत्याहारं प्रयत्नतः ।
कृत्वा धीरमना योगी भवेदभ्यासतत्परः ॥

भावार्थ—वास्ते धैर्ययुक्त मन वाले योगी को प्रयत्न से सर्व इन्द्रियों को विषयों से निवृत्त करके निरंतर ही योगा-

भ्यास में तत्पर रहते हुये प्रत्यहार पर विजय करना योग्य है।

## ॥ कारण ॥

जितेन्द्रियस्य चेतस्तु स्वतः शांतं प्रजायते।
तेन सिद्धिर्हि योगस्य शीघ्रं भवति निश्चितम् ॥

भावार्थ—जितेन्द्रिय पुरुष का चित्त भी आप से आप शांत हो जाता है और चित्त के शान्त होने से शीघ्र ही योग की सिद्धि होती है।

वास्ते प्रत्येक योगी ने यत्न पूर्वक इन्द्रियों को विषयों से निवृत्त करके प्रत्याहार की सिद्धि अवश्य करनी चाहिये।

## ॥ प्रत्याहार सिध्यर्थे उपाय : ॥

अब हम प्रत्याहार की सिद्धि और विघ्नों की शान्ति के लिये उपाय लिखते हैं।

प्रत्याहारस्य सिध्यर्थे तथाच विघ्न शांतये।
चिंतनं हंसमंत्रस्य कृत्वा केवल कुंभके ॥
अभ्यासानंतरं कुर्याद्गच्छंस्तिष्ठन्स्वपन्नपि।
विघ्नास्तेन विनश्यंति तमांस्यर्कोदये यथा ॥

भावार्थ—प्रत्याहार की सिद्धि के लिये तथा प्रत्याहार में होने वाले विघ्नों की शांत के लिये हंस मंत्र का चिन्तन केवल कुम्भक के साथ करना चाहिये। तथा केवल कुम्भक के अभ्यास के बाद भी हर समय चलते-फिरते बैठते सोते भी चिन्तन सदा करते ही रहना चाहिये।

उससे आने वाले सर्व विघ्नों की शान्ति होती है जैसे सूर्य के उदय होने से समस्त अंधकार का नाश हो जाता है। और प्रत्याहार की सिद्धि होती है।

## । चिंतनविधि ।

हंकारेण बहिर्याति सकारेण पुनर्विशेत् ।
प्राणः सर्व शरीरेषु श्वासोच्छ्वासक्रमेण वै ॥

भावार्थ—सर्व पशु-पक्षी मनुष्यादि के शरीर में जो श्वास और प्रश्वास की गति से प्राण चलता है, वह हं शब्द से तो बाहर को आता है और सः शब्द से भीतर को प्रवेश करता है।

## ॥ हंसशब्दस्य व्याख्या ॥

हंसो हंसोऽहमित्येवं पुनरावर्त्तनक्रमात् ।
सोहं सोहं भवेन्नूनमिति योगविदो विदुः ॥

भावार्थ—हंस शब्द को बार बार उच्चारण करने से वह शब्द उलट कर सोहं सोहं बन जाता है। जैसे मरा मरा कहने से राम राम का उच्चारण बन जाता है। ऐसे योग विद्या के जानकार योगी लोग जानते हैं।

## ॥ अजपा गायत्री ॥

अजपा नाम गायत्री निरंतर जपात्मिका ।
गिरिजायै पुरा प्रोक्ता शिवेनेयं सुसिद्धिदा ॥

भावार्थ—इस सोहं शब्द को अजपा नाम गायत्री कहते हैं। इसका विना जप किये निरंतर अपने आप ही श्वास के

द्वारा जप होता रहता है और यह गायत्री प्रथम शिवजी ने पार्वती को सर्व सिद्धियों को देने वाली उपदेश करी है ।

## ॥ गायत्रीमहिमा ॥

अस्याश्चिंतनतो नित्यं सर्वदुष्कृतराशयः ।
योगिनां नाशमायांति तृणभारा यथाग्निना ॥

भावार्थ–इस अजपा गायत्री के नित्य प्रति चिंतन करने से योगी पुरुषों के सर्व जन्म जन्मांतरों के पाप समूह नष्ट हो जाते हैं । जैसे अग्नि के लगने से तृण (घास) के बड़े बड़े भार जल कर नष्ट हो जाते हैं ।

## ॥ अजपा गायत्री की सिद्धि ॥

क्रमेणाभ्यास योगेन जायतेऽन्तर्मनोलयः ।
प्राणश्च क्षीणतां याति योग निद्रा प्रजायते ॥

भावार्थ– इस गायत्री का अभ्यास करने से मन अंतर लीन हो जाता है, और मन के लीन होने से प्राण की गति भी क्षीण हो जाती है, और प्रत्याहार की सिद्धि होकर ध्यान में होने वाली योगनिद्रा की सिद्धि होती है, अर्थात् ध्यान में बहुत सहायता मिलती है ।

नित्यमंतर्मुखत्वेन परमानन्दमात्मनः ।
अनुभूय चिरंयोगी कैवल्यपदमश्नुते ॥

भावार्थ—और इस गायत्री का अभ्यास करने से

प्रत्याहार-धारणा, ध्यान-समाधि आदि की समस्त सिद्धि प्राप्त होकर योगी आत्मा के परम आनन्द का चिरकाल पर्यंत अनुभव करके बाद में देहांत काल में कैवल्य मोक्ष को प्राप्त होता है ।शुभम् ।

## ॥ महापुरुषोपदेशः स्वानुभवे ॥

केवल कुंभक के समय श्वास को खींचने छोड़ने की जरूरत नहीं होती केवल जो हृदय में धड़का रहता है, उस धड़के के साथ हो सोहं गायत्री का चिंतन करते रहने से केवल कुंभक की सिद्धि होती है ।

तथा अभ्यास के बाद में तो हर समय जो श्वास आता जाता है इस के साथ ही चिंतन करना चाहिये, केवल कुंभक के अभ्यास के समय ही कलेजे के धड़के के साथ चिंतन करना चाहिये ॥

## । अजपा गायत्री का भजन ।

सोहं शब्द विचारो योगी सोहं शब्द विचारो रे ।
माला करसे फिरत नहीं है, जीभ न वर्ण उचारोरे ।
अजपा जाप होत घटमांहि ताकि ओर निहारोरे ।
सोहं शब्द विचारो योगी० ।
सो अक्षर से श्वास खींचकर हं से बहिर निकालोरे ।
सोहं उलट होत है हंसः, योगी जन निर्धारोरे
सोहं शब्द विचारो योगी० ।
सब इक्कीस हजार मिलाकर छै सो होत शुमारोरे ।
उन श्वासों को बचा बचा कर जीवन करो सुखारोरे
सोहं शब्द विचारो योगी० ।

जो चिंतन करत निरंतर छोड़ जगत व्यवहारोरे ।
आत्म ज्ञान परम पद पावे मिटे जनम संसारोरे ।
सोहं शब्द विचारो योगी सोहं शब्द विचारोरे । शांतिः ।

## ॥ दोहा ॥

कबहुं न होवे सुख यहां, इन्द्रिय प्रीति बढ़ाय ।
ज्यों ज्यों इनको वेग हो त्यों त्यों दुःख दिखाय ॥

## ॥ उपदेश ॥

जो हम ऊपर लिख आये हैं, उस के अनुसार आहार व्यवहार चिंतवन करते हुये केवल कुंभक का अभ्यास करने से प्रत्याहार की सिद्धि हो सकती है ।

जब प्राण वायु लगभग डेड़ घंटा मस्तक में टिकने लग जावे तब आगे प्रत्याहार से धारणा का अधिकार प्राप्त होता है ।

## ॥ धारणा में शीघ्र प्रवृत्ति का उपाय ॥

(महापुरुष वाक्यम्)

केवलं कुंभकङ्कृत्वा सोहंचिन्तनपूर्वकम् ।
मनसा चिंतयेच्चापि पृष्ठे प्राणस्य रोहणम् ॥

भावार्थ—केवल कुंभक के समय कलेजे के धड़के के साथ सोहं के स्मरण पूर्वक मन से यह भी कल्पना करना चाहिये कि यह प्राण वायु, मेरू दंड से होकर मस्तक में जाकर स्थिर हो रहा है । इस प्रकार निश्चय करते रहने से जल्दी ही प्रत्याहार की सिद्धि होकर धारणा में प्रवेश हो सकता है ऐसा हमारे महापुरुष का वचन है । शुभम् ।

## ॥ अथ धारणा ॥

(राजयोगे अंतरंग मृत समाधि)

मस्तक में गया प्राण वायु दो २ घंटे याने (५ घंटी) बराबर टिकने लग जावे उसे धारणा कहते हैं, यहां से आगे धारणा का अभ्यास होता है, और यहां से प्राण की मृत संज्ञा हो जाती है।

## मृतो जीवयति स्वयम्

भावार्थ—मृत प्राण याने मस्तक में टिके हूये प्राण अमर होते हैं, अर्थात् उसे मृत्यु नहीं खा सकती, जहां तक प्राण मस्तक में रहे वहां तक मृत्यु का जोर नहीं चलता। मस्तक में से उतरने के बाद मृत्यु का जोर चलता है। सोई श्रीमद् भागवत के द्वितीय स्कंध में लिखा है, आत्म ज्ञानी समाधिस्थ योगी को मृत्यु वगेरा दुःख नहीं दे सकते।

न यत्र कालोऽनिमिषां परः प्रभुः,
कुतो नु देवा जगतां य ईशिरे।
न यत्र सत्वंन रजस्तमश्च,
न वै विकारो न महान् प्रधानम् ॥

भावार्थ—जहां आत्मज्ञानी समाधिस्थ योगी समाधि में स्थिर है, वहां देवताओं के परम प्रभु काल की भी सामर्थ्य नहीं तथा जगत के ईश्वर देवताओं की भी भी सामर्थ्य नहीं। और सत्व गुण-रजोगुण तमोगुण भी वहां व्याप्त होते नहीं तथा अहंकार, महत्तत्व और प्रकृति आदि को भी सामर्थ्य नहीं तो संसार जगत् का तो कहना ही क्या है वह क्या सामर्थ्य रख सकता है ?

अब धारणा के अभ्यास में योगी को आसन की स्थिरता की जरूरत है। यहां से आसन ही आगे बढ़ने को प्रधान होता है और इस विषय में महर्षि पतंजलि ने भी आसन को महत्त्व देकर समाधि का कारण बताया है।

## ॥ अथ धारणा मध्ये आसन विषयः ॥

पातंजल योगे सूत्राणि
स्थिरसुखमासनम्।
प्रयत्नशैथिल्यानन्तसमापत्तिभ्याम् ॥
ततोद्वंद्वानभिघातः ॥

भावार्थ—आसन वही सिद्ध माना जाता है जिससे सुखपूर्वक बहुत समय तक बैठा जासके और कष्ट न हो ऐसे आसन से बैठ कर देह तथा मन के समस्त प्रयत्नों को त्याग कर केवल काष्ठ के समान बैठ कर लक्ष्य को स्थिर करने मात्र से ही समाधि में प्रवेश हो जाता है और जब समाधि में प्रवेश हो जाता है, तो वह योगी जहां तक समाधि में स्थिर रहता है, उतने समय तक सर्दी, गरमी, क्षुधा, पिपासा, आदि द्वंद्व दुःख, उसे नहीं सता सकते।

पातंजल योग सूत्रम्—

प्रकाश क्रिया स्थिति शीलं भूतेन्द्रियात्मकं भोगापवर्गार्थं दृश्यम्।

भावार्थ—स्थिर आसन से काष्ठ के समान विना हलचल से बैठने की सत्वगुण और प्रकाश संज्ञा है और इसी से शांति प्राप्त हो कर जीव ब्रह्म की एकता होती है। तथा जिसमें

शरीर हिले अर्थात् कर्म करे उसकी रजोगुण क्रिया संज्ञा है, जो सत्कर्म से स्वर्गादि सुखों को देकर पीछा जीव को संसार में लाती है। तथा काम-क्रोध लोभ निद्रा तथा मन और इन्द्रियों की व्यर्थ चेष्टा चंचलता और आलस्यादि की तमोगुण स्थिति संज्ञा है। ऐसे प्राणी अधोगति को जाते हैं।

इस योगसूत्र के सिद्धांत से तो प्रत्येक योगी को प्रकाश सत्व शान्ति में ही सदा सर्वदा रहना उचित है जो जीव ब्रह्म की एकता करता है ।

वास्ते अब यहां प्रकाश की सिद्धि के लिये आसन को लिखते हैं।

## ॥ आसनम् ॥

मोक्षे सिद्धं मृते पद्मम् अन्य कार्ये च स्वस्तिकम्।
श्रमे शवासनं कुर्यात् पश्चिमंह्युदरे कृशम् ॥

भावार्थ–प्राण के त्यागने के समय सिद्धासन से बद्ध-प्राण मोक्ष देता है। तथा धारणा, ध्यान समाधि जो मृत-प्राण की क्रिया है। इसमें पद्मासन बहुत लाभप्रद होता है। तथा योगाभ्यास के श्रम को हरण करने में शवासन प्रसिद्ध है। तथा पेट के वायु को हरण कर उदर को कृश करने में पश्चिमतान आसन शुभ होता है।

इस प्रमाण से ( मृतेपद्मम् ) मृत समाधि जो धारणा है इसमें पद्मासन को स्थिर करना उचित है और पद्मासन से धारणा का अभ्यास करना उचित है, पद्मासन का विधान हम ऐहलौकिक क्रिया में लिख आये हैं, देखो।

## ॥ आसन की स्थिरता ॥

स्थिरं स्यादासनं यस्य स योगं कर्तुमर्हति ।
शरीराचलताभावे नहि चित्तं स्थिरं भवेत् ॥

भावार्थ—जिस पुरुष का आसन स्थिर होवे वही योग का अभ्यास साधन कर सकता है। क्योंकि शरीर की अचलता के बिना मन कभी स्थिर नहीं हो सकता है। वास्ते अल्पाहार द्वारा आसन को स्थिर करना चाहिये।

## ॥ आसन का फल ॥

आसने स्थिरतां याते मनः स्थैर्यं भवेध्द्रुवम् ।
प्राणस्यापि गतिर्नूनं शिथिला संप्रजायते ॥

भावार्थ—आसन की स्थिरता से निश्चय करके मन भी स्थिर हो जाता है और प्राण वायु की गति भी निश्चय करके सूक्ष्म हो जाती है।

इन्द्रियाणां च चापल्यं शांतिमायाति निश्चितम्।
ततो योगस्य सिद्धिःस्यात् तस्मादासनमभ्यसेत् ॥

भावार्थ—तथा आसन को स्थिरता होने से इन्द्रियों की जो स्वाभाविक चंचलता है, वह भी शान्त हो जाती है। इस तरह मन, प्राण इन्द्रियों की स्थिरता होने से शीघ्र ही योग की सिद्धि होती है, वास्ते ध्यान समाधि में पहुंचने के लिये आसन को ही मजबूत करना ठीक है ।

## ॥ उपदेश ॥

भ्रमणं तीर्थयात्रासु नैव कार्यं हि योगिना ।
स्थित्वा स्थाने सदैकस्मिन् योगाभ्यासं समाचरेत् ॥

भावार्थ—योगी पुरुष को तीर्थों की यात्रा आदि में भ्रमण नहीं करना चाहिये, किन्तु सदा सर्वदा आजीवन पर्यन्त एक स्थान में ही निवास करते हुए योग में तत्पर रहना चाहिये ।

## ॥ धारणा सिद्धि ॥

योगिनां क्षीणपापानां नित्यमेकांत वासिनाम् ।
युक्ताहारविहाराणां सिद्धा भवति धारणा ॥

भावार्थ—जिन योगी पुरुषों के सर्व पाप क्षीण हो जाते हैं और हर समय एकान्त स्थान में निवास करते हैं, तथा जिनका आहार व्यवहार योगाभ्यास के अनुकूल युक्ति पूर्वक होता है, उन योगियों को ही उक्त धारणा की सिद्धि होती है ।

## ॥ संकेत ॥

इस प्रकार हमारे बताये अनुसार पद्मासन को मजबूत करके अभ्यास करते २ जब पद्मासन बीस घण्टे स्थिर होने लगे तब आगे ध्यान का अधिकार प्राप्त होता है । अर्थात् उस योगी को ध्यान की सिद्धि हो सकती है ।

## ॥ अथ ध्यानम् ॥

(राजयोगे मृत अंतरंग समाधि)

जब चौबीस घण्टे पद्मासन से ध्यान होता है तब ध्यान की सिद्धि मानी जाती है इसके आगे योगी को ध्यान का साधन अभ्यास की भूमिकाओं की उन्नति के साथ करना चाहिये ।

## ॥ परिचय ॥

अथ ध्यानं प्रवक्ष्यामि मुक्तिसाधनमुत्तमम् ।
यत्कृत्वा न पुनर्जंतुर्जातु मातुः स्तनं पिबेत् ॥

भावार्थ– अब योग का प्रधान अंग जो ध्यान है, उसका निरूपण करते हैं। जो ध्यान ही जीव की मुक्ति का परम श्रेष्ठ साधन है। जिस ध्यान के करने से यह जीव फिर कभी माता के स्तन को पान नहीं करता अर्थात् जन्म-मरण से छूट जाता है।

## ॥ ध्यान प्रधान श्लोक ॥

बाह्यचिन्ता न कर्तव्या तथैवान्तरचिन्तनम् ।
सर्वचिन्तां परित्यज्य न किंचिदपि चिंतयेत् ॥ह.प्र.

भावार्थ–ध्यानस्थित योगी को बाहर की सर्व चिन्ता का त्याग करके तथा भीतर मन में भी विषयों के संकल्प याने आशा मोदक मन्दिर, वाटिका आदि उनका भी चिंतन न करे। इस प्रकार बाहर भीतर की सम्पूर्ण चिंताओं का

परित्याग करके किंचित् भी प्रयत्न न करते हुए केवल ध्यान के ही प्रयत्न में स्थिर हो जावे।

## ॥ ध्याने आहार शुद्धिः ॥

चतुर्थ्यां भूमिकायांहि रसाम्बु केवलं भवेत्।

भावार्थ—इस पूरी भूमिका के पूरे श्लोक को आगे लिख आये हैं। वास्ते यहाँ इतना ही लिखा है, अर्थात् जो ध्यान की चौथी भूमिका है, इसमें योगी को केवल दूध में पानी मिला कर या मोसमी का रस या द्राक्षा का जल इनका ही सेवन करना चाहिये। यदि शरीर में वायु का विकार मालुम दे तो दूध लेते समय ईसबगोल, औषधि दूध में डाल कर लेवे बस ध्यानोचित आहार यही है, क्षुधा मालूम दे तो थोड़ा साबूदाना ले सकते हैं।

## ॥ अथ ध्यान सिद्धि समय ॥

ब्रह्मचारी सत्यवादी भवेद् ध्यान परायणः।
अब्दादूर्ध्वं च सिद्धिः स्यात् केवलं दुग्धसेवनात् ॥

भावार्थ—ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए और सत्य भाषण करते हुए तथा केवल दूध का ही आहार करते हुए जो योगी ध्यान परायण होंगे उनको एक वर्ष के बाद शीघ्र समाधि की सिद्धि प्राप्त हो सकती है।

## ॥ अथ ध्यान विषय ॥

सगुणं निर्गुणं चैव द्विधा ध्यानं प्रकीर्तितम्।
सगुणं व्यक्तियुक्तं स्यादव्यक्तं निर्गुणं भवेत ॥

भावार्थ–ध्यान दो प्रकार का होता है, व्यक्तियुक्त ध्यान कोसगुण कहते हैं और अव्यक्त तेजोमय ध्यान को निर्गुण महापुरुषों ने कथन किया है ।

## ॥ शास्त्रार्थ ॥

व्यक्तियुक्त ध्यान मृत्यु लोक तथा स्वर्गादिक के अनेक सुख भोगों को देता है और निर्गुण तेजोमय ध्यान जीवब्रह्म की एकता करके मोक्ष देता है और जिसका ध्यान किया जाय, यह जीव उसी में तल्लीन हुवा करता है और उसी के भाव ग्रहण करता है ।

व्यक्तियुक्त ध्यानार्चन त्रेतारंभ से तथा अव्यक्त उपासना सतयुगादि कही है । भागवत में लिखा है–

## ॥ उपासना ॥

भागवत ७ स्कंधे श्लोकः–

दृष्ट्वा तेषां मिथो नृणामवज्ञानात्मतां नृप ।
त्रेतादिषु हरेरर्चा क्रियायै कविभिःकृता ॥

भावार्थ–जब मनुष्य पात्र और आत्मज्ञानी थे तब मनुष्यों के शरीर में ही परमात्मा की पूजा उपासना किया करते थे । जब मनुष्यों के मन में विकार आ गया और परस्पर द्वैत भाव समझने लगे तब त्रेतायुग के प्रारंभ में, बुद्धिमान् महापुरुषों ने परमात्मा की पूजा उपासना ( प्रतिमा ) मूर्तियों में करनी आरंभ कर दी । जो कि भाव से पूजन उपासना करने वालों को मृत्युलोक तथा स्वर्गादिकों के

अनेकों सुख भोगों को देने वाली है । वह प्रतिमायें वेदमन्त्रों द्वारा चैतन्य होकर संसारी मनुष्यों की कामनायें पूर्ण करती हैं ।

## ॥ ईशावास्योपनिषद् वचनम् ॥

सम्भूतिं च विनाशं च यस्तद् वेदोभयं सह ।
विनाशेन मृत्युं तीर्त्वा सम्भूत्यामृतमश्नुते ॥

भावार्थ—जिन लोगों ने प्रतिमादि देवताओं की उपासना तथा निर्गुण तेजोमय ब्रह्म की उपासना इन दोनों के फल को साथ २ जान लिया है वह, साकार देवताओं की उपासना से चौरासी लक्ष में जन्म तथा नरक से छूट कर अविनाशी तेजोमय निर्गुण ब्रह्म की उपासना से अमृत को पान करते हैं, अर्थात् ब्रह्म में मिल जाते हैं ।

## ॥ विचार सम्मति ॥

इन निर्गुण सगुण दोनों पर शास्त्र के अनुसार विचार करने से तो जो जीव ब्रह्म की एकता करता है, उसी अविनाशी तेजो मय ब्रह्म की ही उपासना करना मोक्ष के लिये ठीक समझता हूँ और निर्गुण ध्यान को यहां विस्तार से कहता हूं ।

## ॥ ध्यान की भूमिका ॥

### (योग निद्रा)

जब योगी धारणा सिद्ध करके ध्यान में पहुंचता है, तब उसको योग निद्रा की भूमिका आती है ।

दिनैः कतिपयैरेवं भ्यासं कुर्वतः सदा ।
योगिनो योगनिद्रा वै समुदेति सुखप्रदा ॥

भावार्थ–इस प्रकार कितनेक दिन अभ्यास करने से जब योगी ध्यान में पहुंचता है तब ध्यान की भूमिका में योगी को आनन्द की देने वाली योग निद्रा शुरू होती है। अर्थात् निद्रा की तरह जाग्रतावस्था में चित्त का लय होने लगता है।

योगनिद्रा चिराभ्यासान्निर्विकल्पः प्रजायते।
विस्मृत्य सकलं बाह्यं समाधिस्थो भवेन्नरः ॥

भावार्थ–और उस योग निद्रा के दीर्घकाल अभ्यास करने से योगी निर्विकल्पावस्था को प्राप्त होकर बाह्य प्रपंचों को भूल कर राजयोग समाधि में स्थिर हो जाता है, जिस योग निद्रा से भगवान नारायण शयन करते हैं।

जब योगी को योगनिद्रा का आरंभ हो जाता है, तब योगी को तामसी निद्रा जो संसार के समस्त प्राणी लेते हैं, उसे लेने की जरूरत नहीं रहती, योगी केवल पद्मासन से ध्यान पूर्वक जो योग निद्रा प्राप्त करता है, वही उसकी निद्रा है। अर्थात् २४ घण्टे पद्मासन से ध्यान करने वाला योगी निद्रा जीतता है, फिर उसे निद्रा नहीं घेरती। परन्तु यदि योगी दो चार दिन ध्यान में नहीं बैठे तो पुनः तामसी निद्रा आ घेरती है। वास्ते योगी ने नित्य ध्यान साधन को करना कभी भी त्यागना नहीं, नित्य बैठना चाहिये एक दिन भी त्यागना श्रेष्ठ नहीं। इति योग निद्रा प्रकरणम्।

## ॥ अथ ध्याने नाद प्रकरणम् ॥

जब योगी का पद्मासन २४ घंटे स्थिर हो कर ध्यान में तत्पर रहता है। उस समय जीव का अनाहत चक्र से अनाहत नाद का शब्द जो कर्ण में होता है। उस अनाहत नाद की अन्तिम भूमिका जो भ्रमर और वीणा की है, वह इस समय भूमिका आजाती है और बाद में सर्व तत्त्व वायु में और वायु नाद में और नाद वायु को लेकर ब्रह्म में लय हो जाता है और निर्विकल्पता आजाती है और समाधि में प्रवेश हो जाता है। फिर द्रष्टा का दृष्य नहीं रहता अर्थात् एक ही अद्वैत ब्रह्म रह जाता है, और सर्व नष्ट हो जाता है।

## ॥ अनाहतनादका पूर्ण परिचय ॥

अथ नादानुसंधानं प्रवक्ष्यामि यथाक्रमम् ।
यस्यानुष्ठानतो योगी परं ब्रह्माधि गच्छति ॥

भावार्थ—अब यथाक्रम से नादानुसंधान का निरुपण करते हैं। जिस नादानुसंधान के श्रवण करने से योगी परब्रह्म भाव को प्राप्त होता है।

## ॥ योग सवा करोड़ है ॥

श्री आदिनाथेन सपादकोटि
लयप्रकाराः कथिता जयंति ।
नादानुसंधानकमेकमेव
मन्यामहे मुख्यतमं लयानाम् ॥ ह. प्र.

भावार्थ–श्री आदिनाथ शिवजी ने मन को लय करने के उत्तम प्रकार से सवा करोड़ मार्ग वर्णन किये हैं। जिन सभी मार्गों में हम तो सर्व शिरोमणि नादानुसंधान को ही मुख्य लय समझते हैं। जो गोरक्षनाथजी को भी अभिमत है।

## ॥ श्रेष्ठ सार निरूपण ॥

नासनं पद्मसदृशं न कुंभः केवलोपमः।
नाज्ञाचक्र समं ध्यानं न नादसदृशो लयः॥

भावार्थ–पद्मासन के समान आसन नहीं और केवल कुँभक के समान कोई दूसरा कुम्भक नहीं। तथा आज्ञाचक्र के समान ध्यान मोक्ष के लिये नहीं तथा अनाहत नाद के समान दूसरा कोई मनोलय समाधि नहीं यह योग में चार बातें प्रधान हैं।

## ॥ अथ नाद विषय ॥

॥ सम्पूर्ण भूमिका स्वानुभवे तथा शास्त्रे ॥

आदौ जलधिजीमूत भेरी झर्झर संभवाः।
मध्ये मर्दल शंखोत्था घण्टा काहलजास्तथा॥
अंतेतु किंकिणी वंश वीणा भ्रमरनिस्वनाः।
इति नानाविधा नादाः श्रूयन्ते च यथाक्रमम्॥

भावार्थ–अब दो श्लोकों में नाद की भूमिकाओं का वर्णन करते हैं। प्रथम प्रथम प्राणवायु जब सुषुम्ना में प्रवेश करता है। तब मेघ, समुद्र, नगारे आदि का शब्द दक्षिण कर्ण में सुनाई देता है। तथा जब प्राण वायु सुषुम्ना

के मध्य में रहता है तब घंटा शंख बंसरी आदि के शब्द सुनाई देते हैं। तथा जब प्राण वायु सुषुम्ना के ऊपरी भाग में लय होने लगता है। तब आखिरी प्राण के लय के समय में भ्रमर और वीणा का शब्द सुनते सुनते योगी के प्राण वायु नाद में लय होकर समाधि हो जाती है। इस प्रकार क्रम से नाना प्रकार के नाद योगी लोग यथा क्रम से सुनने का महा आनन्द प्राप्त करते हैं। जो नाद सम्पूर्ण लोकों में ब्रह्म रूप से व्याप्त हो रहा है और क्षण मात्र में शब्दों को दूर दूर ले जाकर फेंकता है।

## ॥ अनाहत नाद का भजन ॥

अनहत की धुन बाली योगी अनहत की धुन बाली रे ।
आसन पद्म लगाकर दक्षिण कर्ण सुणो सुखकारी रे ।
झीणि धुन में सुरत लगावो नाद होय झणकारी रे ॥
अनहत की धुन बाली योगी;
प्राण प्रदेश समय से होवे उत्तम न्यारी न्यारी रे ।
मेघ, समुद्र, नगारे झर्झर, घंटा, शंख, बंसरी रे ॥
अनहत की धुन बाली योगी;
लय में अन्त भ्रमर ने वीणा नाद होय सुखकारी रे ।
अमृत बूँद झरे मुखमांहि योगी मनलय कारी रे ॥
अनहत की धुन बाली योगी;
तन की सुधि सब भूल जात है, घट में ब्रह्म प्रकाशी रे ।
आत्मज्ञान परम पद पावे नाद सुणत अविनाशी रे ॥
अनहत की धुन बाली योगी, अनहत की धुन बाली रे ॥

## ॥ इति ध्याने नाद प्रकरणम् ॥

## ॥ स्वेद (पसीना) ॥

योग साधन में तत्पर योगी को पसीना आना ठीक नहीं पसीना धातुओं पर कोप करता है। आसन करते समय का पसीना आसन के फल को कनिष्ठ बना देता है। प्राणायाम के समय का पसीना प्राणायाम को कनिष्ठ बना देता है। तथा राजयोग में स्थित योगी को तो पसीना आना ही ठीक नहीं वास्ते राजयोगी को तो चौबीसों घंटे ध्यान रखना चाहिये। चाहे वह साधन में बैठे या न बैठे दोनों समय में पसीनें का पूरा खयाल रखना चाहिये। राजयोगी को पसीना धातुओं पर विजय नहीं होने देता। तथा अभ्यास को आगे नहीं बढ़ने देता वास्ते राजयोगी पसीनें का पूरा ध्यान रखे। तथा हठ योग में आसन प्राणायामों में यदि पसीना आ भी जावे तो उसे शास्त्र वचनानुसार मल लेवे।

जलेन श्रम जातेन गात्रमर्दनमाचरेत्।
दृढ़ता लघुताचैव तेन गात्रस्य जायते ॥

भावार्थ--यदि आसन प्राणायाम के अभ्यास के समय पसीना आजावे तो उसे तेल के समान मल लेवे। नहीं मलने से शरीर का धातु बिगड़ जाता है और मल लेने से शरीर की दृढ़ता और लघुता होती है, अर्थात् जड़ता नहीं रहती। शुभम्।

## ॥ ध्यानम् ॥

अब हम निर्गुण तेजोमय ध्यान के लक्ष को स्वानुभव

तथा शास्त्रों के मिलान के साथ लिखते हैं जो जीव ब्रह्म की एकता करता है।

पद्मासने स्थितो योगी स्थिरकायः समाहितः।
निमील्य नयने पश्येद् भ्रुवोर्मध्ये सदाधिया॥

भावार्थ—पद्मासन से बैठ कर शरीर को स्थिर रख करके और चित्त को एकाग्र करके दोनों नेत्रों को बन्द करके, अन्दर से मन की वृत्तिरूप दृष्टि से दोनों भ्रुवों के मध्य भाग में निरंतर देखना चाहिये।

दृश्यते प्रथमाभ्यासे नभः कृष्णं तु केवलम्।
ततस्तारानिभं तेजो दृश्यते तु कदा कदा॥

भावार्थ—प्रथम अभ्यास काल में केवल काले रंग का आकाश देखने में आता है, और पीछे कुछ दिनों के बाद तारा के समान कभी २ तेज नजर में आता है।

नानावर्णयुतं पश्चादस्थिरं दृष्टिगं भवेत।
ततोऽर्धचंद्रसंकाशं शून्यचक्र समं ततः॥

भावार्थ—तिसके पीछे नाना प्रकार के रंगों से युक्त चंचल तेज देखने में आता है, अर्थात् जिस समय जो तत्त्व शरीर में चलता है, उसी तत्त्व का रंग तेज में दिखता है और उसके बाद अर्धचन्द्राकार ज्योति नजर में आती है और उसके बाद चारों तरफ तेज और बीच से खाली इस प्रकार चक्र के समान देखने में आता है।

पूर्णचक्रसमं पश्चात् सूर्यमंडल संनिभम्।
दृश्यते परमं ज्योतिर्ब्रह्मभूतं निरामयम्॥

भावार्थ—और उसके बाद कुछ दिन अभ्यास बढ़ने से पूर्ण चन्द्र के समान तेजोमय ज्योति के दर्शन होते हैं और उसके बाद साक्षात् सूर्य मंडल के समान ब्रह्मरूप परमानन्द-मय ज्योति के दर्शन होते हैं।

परमानन्द संदोहमज्ञान ध्वांत नाशनम्।
योगिनो मनसस्तुष्टिकरं क्लेशहरं परम्॥

भावार्थ—वह ब्रह्ममय ज्योति परमानन्द को देनेवाली तथा अज्ञानरूप अन्धकार का नाश करनेवाली और योगी के सर्व क्लेशों का नाश करने वाली और योगी के मन को परम संतोष देने वाली है।

क्षणं दृष्टिगतंभूत्वा पुनस्तत्प्रविलीयते।
ततोऽभ्यासे दृढीभूते स्थिरं भवति कालतः॥

भावार्थ—और वह तेज क्षणमात्र दृष्टिगोचर होकर फिर शीघ्र ही लीन हो जाता है और बाद अभ्यास के दृढ़ होने से वह ब्रह्म तेज दृष्टि के आगे स्थिर हो जाता है।

दिनानुदिनमित्येवं निर्विघ्नाभ्यासतो दृढम्।
क्रमाद्विस्तारमायाति तज्ज्योतिः परमं महत्॥

भावार्थ—ध्यान का दिन प्रति दिन उक्त प्रकार से अभ्यास बढ़ने से वह ब्रह्म की परम ज्योति क्रम से विस्तार को प्राप्त हो जाती है। और दर्शन देती है जो मोक्ष का स्वरूप है।

## ॥ स्वानुभव भूमिका ॥

यहां तक ध्यान की भूमिका में हम पहुंचे हैं और इसके आगे की भूमिकाओं में प्रवेश के लिये ध्यान के साधन में तत्पर हैं और भूमिकाओं की उन्नति के लिये इच्छुक हैं।

वास्ते इसके आगे को जो भूमिकायें हैं उनको अब हम शास्त्र के प्रमाण से ही लिख रहे हैं कारण हमें आगे स्वानुभव नहीं।

आदौ गृहगतं सर्वं वस्तु ध्याने निरीक्ष्यते ।
ततो बाह्यं ततो दूरं ततोदूरं तरं पुनः ॥

भावार्थ—जब दीर्घकाल के ध्यान से तेज का बिस्तार होने लगता है तो पहिले अपने घर के अन्दर पड़ी हुई वस्तु सब देखने में आती है और फिर बाहर की वस्तु नजर आती है और उसके पीछे दूर की वस्तु देखने में आती है और विशेष अभ्यास बढ़ने से बहुत योजन दूर के पदार्थ देखने में आते हैं।

नानावनानि रम्याणि निर्मलानि सरांसि च ।
समीपस्थानि दृश्यंते गिरीणां शिखराणि च ॥

भावार्थ—तथा नाना प्रकार के दूर के रमणीय वन और निर्मल सरोवर तथा हिमालयादि पर्वतों के शिखर अपने समीप के समान देखने में आते हैं।

सिद्धा महर्षयश्चैव दृश्यन्तेऽम्बरचारिणः ।
तारका मंडलं सर्वं देवतायतनानि च ॥

भावार्थ—तथा आकाश में विचरने वाले सिद्धलोक और महर्षिलोग तथा सर्व ताराओं का मण्डल और देवताओं के स्थान समीप देखने में आते हैं।

**एवं क्रमेण कालेन योगिनोऽभ्यास योगतः।**
**दिव्यादृष्टिर्भवत्येव त्रैलोक्यालोकने क्षमा॥**

भावार्थ—इस प्रकार शनैः शनैः क्रम से दीर्घकाल के अभ्यासयोग से योगी को तीनों लोकों के देखने वाली दिव्य दृष्टि हो जाती है।

**स्वयं ज्योतिर्मयोभृत्वा योगी तद्गत मानसः।**
**ब्रह्मण्येव लयं याति परे ज्योतिः स्वरूपिणि॥**

(इस प्रकार यह ध्यान सिद्धि की भूमिकायें हैं, जिस योगी को सिद्धियों का सुख नहीं चाहिये केवल मोक्ष की वाञ्छा वाले हैं) वह योगी तेजोमय ज्योति के ध्यान की तत्परायणता से आप भी ज्योतिः स्वरूप हो परमज्योतिः स्वरूप ब्रह्म में लय हो समाधि में स्थिर हो जाते हैं।

संकेत—इस प्रकार ध्यान का साधन करते करते जब तीन दिन तक पद्मासन से लयता रहे तब योगी का आगे समाधि में अधिकार प्राप्त होता है। फिर समाधि का अभ्यास करना चाहिये। शुभम्।

## ॥ इति ध्यान प्रकरणम् ॥

## ॥ अथ समाधिप्रकरणम् ॥

### (अथ राजयोगे अंतरंग मृत समाधिः)

समाधिमधुना वक्ष्ये भवपाशनिकृंतनम् ।
समाधानं हि चित्तस्य समाधिं मुनयो विदुः ॥

भावार्थ—अब मोक्ष के हेतु समाधि का वर्णन करते हैं चित्तका जो समाधान अर्थात् स्थिर शांत अवस्था जो है, उसको मुनि लोग समाधि कहते हैं । शुभम् ।

अभ्यास करते २ जब पांच दिन तक प्राण का लय होने लग जावे उसे समाधि कहते हैं तथा बारह दिन तक एक आसन से स्थिर प्राण लय लेवे उसको पूर्ण समाधि कहते हैं । इसके बाद महायोग समाधि बहुत समय चिरकाल की मानी जाती है ।

प्रथम समाधि के अभ्यास में दुग्धाम्बु के सिवाय कुछ भी आहार नहीं लेना चाहिये, अन्य सर्व आहारों को त्यागना चाहिये ।

सर्वाहारं परित्यज्य केवलं दुग्धभुग्भवेत् ।
शरीरलघुताभावे प्राणाकृष्टिर्न जायते ॥

भावार्थ—समाधि में प्राण के चढ़ाने के अभ्यास काल में सर्व प्रकार के आहारों का परित्याग करके योगी पुरुष को केवल दूध जल का ही पान करना चाहिये । क्योंकि अन्य दूसरे आहार लेने से शरीर के हलके नहीं होने से सर्व शरीर से प्राणों का आकर्षण ठीक प्रकार से नहीं हो सकता है । वास्ते दूध जल ही श्रेष्ठ है ।

## ॥ समाधि ॥

सर्वांगेभ्यः समाकृष्टो यदा प्राणानिलो व्रजेत्।
ब्रह्मरंध्रमशेषेण समाधिर्जायते तदा ॥

भावार्थ—जब दीर्घकाल ध्यान के अभ्यास से शरीर के सब अंगों से खींचा कर सम्पूर्ण प्राण वायु मस्तक में चढ़ जावे तो उस समय में समाधि हो जाती है।

देहशून्यो भवेत्सर्वो जगद्विस्मरणं भवेत्।
स्वप्रकाशे परानंदे मनोवृत्तिर्विलीयते ॥

भावार्थ—जब सर्व शरीर प्राणों से रहित शून्य हो जाता है और बाह्य प्रपंचों का विस्मरण हो जाता है और योगी की मनोवृत्ति स्वयं प्रकाश स्वरूप परमानन्द रूप हो जाती हैं।

अंतर्दृष्टिप्रकाशेतु त्रैलोक्यं सचराचरम्।
दृश्यते स्वसमीपस्थं करामलकवत्स्वयम् ॥

भावार्थ—और जब उस अन्तर्दृष्टि का प्रकाश दीर्घकाल के अभ्यास से फैल जाता है, तो योगी को तीनों लोकों के चराचरात्मक सर्व पदार्थ करामलक की तरह अपने समीप स्थित स्वयमेव देखने में आते हैं।

बाह्यं विस्मृत्य निद्रायां स्वप्नं पश्येन्नरो यथा।
समाधिसमये तद्वद्योगी विश्वं प्रपश्यति ॥

भावार्थ—जिस प्रकार निद्रा काल में बाह्य प्रपंचों को

भूल कर मनुष्य स्वप्न को देखता है तैसे ही समाधि काल में योगी बाह्य प्रपंचों को भूल कर अन्तर्दृष्टि से जगत् को देखता है ।

## ॥ समाधिदर्शन ॥

स्वप्नदृष्टपदार्थौघो मृषा भवति निश्चितम् ।
समाधौ त्वमृषा सर्वं वस्तु कार्यकरं तथा ॥

भावार्थ–परन्तु स्वप्न और समाधि में इतना भेद है, कि स्वप्न में देखे हुये पदार्थ समूह प्रायः करके मिथ्या हो जाते हैं और समाधि काल में देखी हुई वस्तुयें सब सत्य और काम करने वाली होती हैं ।

## ॥ समाधि में पतनदोष ॥

तस्मादास्तिक भावेन कुर्याद्योगस्य साधनम् ।
अवश्यं सिद्धिमाप्नोति निर्वेदान्न जहाति चेत् ॥

भावार्थ–वास्ते योगी पुरुष ने श्रद्धा आस्तिक भाव से निरालस्य होकर योग का अभ्यास करना चाहिये तो अवश्य सिद्धि प्राप्त होगी तथा जो कदाचित् अभ्यास के परिश्रम से घबराकर उपराम होकर बीच में नहीं छोडेगा और आलस्य को त्याग साधन करेगा तो सिद्धि प्राप्त होगी नहीं तो पतन होगा । शुभम् ।

## ॥ संकेत ॥

इस प्रकार अभ्यास करते-करते जब चार दिन पद्मासन से प्राणवायु लय लेवे तब समाधि की सिद्धि के लिये आहार

को त्यागे कारण पांच दिन में समाधि की सिद्धि होती है तथा बारह दिन में पूर्ण समाधि की सिद्धि। इसके बाद महायोग होता है। वास्ते उपवासों को लिखते हैं।

## ॥ अनशने भेदाः ॥

प्राणस्यारोहणे वापि परकायप्रवेशने।
शरीरमोक्षणे चादौ भोजनं परिवर्जयेत्॥

भावार्थ—समाधि में प्राण के मस्तक में चढ़ाने के समय और परकाया प्रवेश के समय तथा देह त्याग करने के समय थोड़े दिन पहिले से निराहार रहना चाहिये।

अब हम निराहार के समय को कहते हैं कि जब पांच दिन की समाधि में बैठना हो तो एक दिन निराहार रहकर बैठे तथा बारह दिन की समाधि के लिये तीन दिन पहिले से निराहार तथा इसके बाद २१ दिन तक की समाधि के लिये पांच दिन निराहार तथा इसके उपरांत दीर्घकाल की समाधि के लिये नवदिन निराहार से शुभ रहता है। वास्ते योगी ने समाधि के साधन के अनुकूल निराहार रहना चाहिये।

योगाभ्यासे प्रवृत्तस्तु शीघ्र सिद्धिं न कामयेत्।
कालेन दुरिते क्षीणे स्वतः सिद्धिः प्रजायते॥

भावार्थ—योगी को शीघ्र ही समाधि की सिद्धि की वाञ्छा नहीं करनी चाहिये, किन्तु धीरे २ अभ्यास करते रहने से और सर्व संचित पापों का नाश हो जाने से अपने आप ही सिद्धि प्राप्त हो जाती है।

विघ्ना बहुविधा योगे भवंतीति विनिश्चितम्।
तथापि साधयेद्योगी योगं धृतिपरायणः ॥

भावार्थ—योगाभ्यास में प्रवृत्त योगी को बहुत प्रकार के शरीर रोगादिक विघ्न आकर अभ्यास से चलायमान करते हैं, यह बात निश्चित है, तो भी धैर्य परायण हो कर योगी को अवश्य योग का साधन करना चाहिये।

अभ्यास करते २ जब बारह दिन की समाधि की सिद्धि का समय आवे तब योगी जीवन्मुक्त हो जाता है ।

## ॥ जीवन्मुक्तिः ॥

जीवन्मुक्तिरियं प्रोक्ता जीवतां बंधहारिणी ।
शास्त्रावलोकनेनैव जीवन्मुक्तो न जायते ॥

भावार्थ—जीते जीव ही जो समाधि से स्थूल शरीर के बंधन से छूट जाता है, उसको पूर्व के ऋषि लोगों ने जीवन्मुक्ति कथन करी है। क्योंकि वेदांतादि शास्त्रों के पढ़ने से और सुनने मात्र से यह पुरुष जीवन्मुक्त नहीं हो सकता है, साधन से ही होगा। शुभम्।

## ॥ जीवन्मुक्तरूपम् ॥

(दत्तात्रेयेण)

निर्गुणं ध्यान संपन्नः समाधिं च ततोऽभ्यसेत् ।
दिनद्वादशकेनैव समाधिं समवाप्नुयात् ॥
वायुं निरुध्यमेधावी जीवन्मुक्तो भवेद्ध्रुवम् ॥

भावार्थ—दत्तात्रेयजी ने जीवन्मुक्त का स्वरूप यह कहा है कि निर्गुण के ध्यान में संपन्न मनुष्य समाधि का अभ्यास करे तो तीव्र आकांक्षा वाला बारह दिन में ही समाधि की सिद्धि को प्राप्त होता है और वह बुद्धिमान योगी वायु को रोक कर निश्चय से जीवन्मुक्त होता है। शुभम्। इति जीवन्मुक्तिः ॥

## ॥ अथ त्रिविधतापम् ॥

आध्यात्मिकादिभिर्दुःखै रविमुक्तस्य कर्हिचित्।
मर्त्यस्य कृच्छ्रोपनतैरर्थैः कामैः क्रियेत किम् ॥

भावार्थ—आधिभौतिक, आधिदैविक, आध्यात्मिक, त्रिविध ताप का मृत्युरूपी कालचक्र तो शिर पर घूम ही रहा है और कोई प्रकार से पुरुष ने परिश्रम करके धन और सुख प्राप्त भी कर लिया तो उससे क्या।

सच्ची सुख शांति तो वह है कि त्रिविध ताप के भयंकर काल-चक्र से यह मनुष्य अपने को मुक्त कर ले।

अब हम त्रिविध तापादि से विजय प्राप्त करने के उपायों को कहते हैं।

॥ श्रीमद् भागवते ७ स्कंधे ॥

## ॥ त्रिविध ताप से विजय ॥

योगान्तरायान्मौनेन हिंसां कायाद्यनीहया।
कृपया भूतजं दुःखं दैवं जह्यात् समाधिना ॥
आत्मजं योगवीर्येण निद्रां सत्त्व निषेवया ॥

भावार्थ—मौनवृत्ति धारण कर योग के विघ्नरूप मिथ्या वार्त्तालाप को जीते। सम्पूर्ण जीवों से स्नेह (प्रेम) करके भूतज दुःखों को जीते और दैव कृत क्लेशों सर्दी गर्मी क्षुधा पिपासा रोग ताप क्लेश आदि को समाधि से जीते और अद्वैत अहं ब्रह्मास्मि पद को सिद्ध कर उस योगबल से जीवात्मा के जन्म मरणादि कष्ट को जीते। तथा सात्विक भोजनादिक से निद्रा को जीते। शुभम्।

## ॥ इति तापशमन प्रकरणम् ॥

## ॥ अथ जीवन्मुक्त पुरुष के कर्तव्य ॥

अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यापरिग्रहौ।
शौचं तोषस्तपश्चैव जपश्चेश्वरचिंतनम् ॥

भावार्थ—जो पुरुष संपूर्ण जीव मात्र की दया करते और मन-वाणी शरीर से किसी को भी दुःख नहीं पहुंचाते। तथा कभी भी कैसे भी संकट के समय में भी झूँठ नहीं बोलते। तथा किसी के साथ कपट नहीं करते और किसी से छिपाव नहीं रखते और किसी की वस्तु चुराने की तनिक भी इच्छा नहीं रखते। तथा ब्रह्मचर्य द्वारा वीर्य की रक्षा करते हैं और इस संसार में सादा जीवन बिताते हुये और संसार की समस्त वस्तुओं को नाशवान और मिथ्या जान कर उसमें मोह को नहीं रखते हुए देह नाम शरीर और गेहादि नाम घर आदि समस्त वस्तुओं में मोह को नहीं रखते हैं।

तथा भीतर और बाहर से मन वाणी व शरीर आदि को शुद्ध रखते हैं।

## ॥ शुद्धिः ॥

### ॥ श्रीमद् भागवते १० स्कंधे ॥

**कालेन स्नान शौचाभ्यां संस्कारै स्तपसेज्यया ।**
**शुध्यन्ति दानैः संतुष्ट्या द्रव्याण्यात्मात्मविद्यया ॥**

भावार्थ—समय से पृथ्वी को शुद्धि होती है । स्नान करने से बाह्य शरीर की शुद्धि होती है । धोने से वस्त्र की शुद्धि होती है । तथा संस्कारों से गर्भादि की शुद्धि होती है और चांद्रायणादि तप से इन्द्रियों तथा काया के अंदर की शुद्धि होती है और यज्ञ, हवन करने से ब्राह्मणादि वर्णों के शरीर पवित्र होते हैं । तथा दान करने से कमाये ( प्राप्तकिये ) धन की शुद्धि होती है और संतोष से मन की शुद्धि होती है । द्रव्य त्याग से प्रायश्चितों की शुद्धि होती है । तथा आत्म-विद्या वेदांत तथा अष्टांग योग साधनादिक से आत्मा की शुद्धि होती है । ( इति शुद्धि विचार )

और जो संतोष को धारण करते हैं । तथा अति अल्प आहार द्वारा शरीर को तपोमय रखते हैं, और मोक्ष शास्त्रों का नित्य मनन करते हैं । तथा सदा सर्वदा शरीर के भीतर ब्रह्म के ध्यानानन्द में मग्न रहते हैं । ऐसे सत्पुरुष जीवन्मुक्त होते तथा त्रिविधताप पर विजय करके शीघ्र ही समाधि को सिद्ध कर मनुष्य जन्म सफल बना लेते हैं । शुभम् । इतिसत्पुरुषाधिकार कर्तव्य कर्म समाधि ।

## ॥ अथ सद्योमुक्तिः ॥

### अथ बद्ध प्राण मोक्ष प्रकरणम्

स्थिरं सुखं चासन भाश्रितो यति
र्यदा जिहासुरिममंग लोकम् ।
कालेच देशे च मनो न सज्जयेत्
प्राणान्नियच्छेन्मनसा जितासुः ।

भावार्थ—जो पुरुष इस लोक के त्यागने की इच्छा करे। वह स्थिर सुखद आसन पर बैठे और शुभ काल में और पुण्य देश में मन को आसक्त न करे और प्राण वायु को जीते और मन से योग को ही मोक्ष दायक समझे।

मनः स्वबुद्ध्याऽमलया नियम्य
क्षेत्रज्ञ एतां निनयेत्तमात्मनि ।
आत्मानमात्मन्य वरुध्य धीरो
लब्धोपशांति विरमेत कृत्यात् ॥

भावार्थ—अपनी निर्मल बुद्धि से बुद्ध्यादिकों के द्रष्टा जीव में मन को लगावे। तथा जीवात्मा को शुद्ध चैतन्य ब्रह्म में एक करके आनन्द को प्राप्त हो कर सब कृत्य से विराम करे उसके लिये फिर कोई कार्य कर्तव्य नहीं है।

परंपदं वैष्णव मामनंति तद्.
यन्नेति नेती त्यददुत्सिसृक्षवः ।

विसृज्यदौरात्म्यमनन्य सौहृदा
हृदोपगुह्यार्हं पदं पदे पदे ॥

भावार्थ—नेति नेति नहीं नहीं कहने वाले भी उसको विष्णु का परम पद कहते हैं। जो आत्मा को त्याग कर अन्य में मित्रता नहीं करते और उस पूजनीय ईश्वर को क्षण-क्षण में हृदय से मिलते हैं।

इत्थं मुनिस्तू परभेद्ध्थवस्थितो
विज्ञान दृग्वीर्यं सुरंधिताशयः ।
स्वपार्ष्णिनाऽऽपीड्य गुदं ततोऽनिलं
स्थानेषु षट्सून्नमयेज्जित क्लमः ॥

भावार्थ—ब्रह्म का चिंतवन करके इस प्रकार मोक्षार्थी मुनि स्थित हो कर ब्रह्मज्ञान की दृष्टि के बल से विषय-वासनाओं का त्याग कर, अपनी एडी से गुदा को बन्द कर परिश्रम को जीत मूलाधार से नाभि आदि छः स्थानों में पवन को चढ़ावे।

नाभ्यां स्थितं हृद्य धिरोप्य तस्मा
दुदानगत्योरसि तं नयेन्मुनिः ।
ततोऽनुसन्धाय धिया मनस्वी
स्वतालु मूलं शनकै र्नयेत ॥

भावार्थ—जो पवन नाभि के मणिपूर चक्र में स्थित है, उसको हृदय में अनाहत चक्र में ले जावे और उदानगति से

कण्ठ के विशुद्ध चक्र में ले जावे तथा बाद में वह बुद्धिमान मुनि अभ्यास के बल से तालु के मूल में वायु को शनैः शनैः ले जावे।

तस्माद् भ्रुवो रंतर मुन्नयेत
निरुद्ध सप्तायतनोऽनपेक्षः ।
स्थित्वा मुहूर्तार्धं मकुंठ दृष्टि
र्निर्भिद्य मूर्धन्विसृजेत् परं गतः ॥

भावार्थ–बाद में कान-नेत्र, नासिका और मुख को बन्द करके प्राण वायु को दोनों भ्रकुटियों के मध्य में आज्ञाचक्र में लेजा कर बद्ध करे याने स्थिर करे और सर्व संकल्पों व यत्नों से रहित हो बुद्धि को शुद्ध पवित्र बनाले। इस प्रकार आधा मुहूर्त अर्थात् एक घड़ी प्राण बद्ध ( रोक ) करने से मस्तक को भेद कर वह योगी ब्रह्म में मिल जाता है।

तेनाऽत्मनाऽत्मान मुपैति शांत
मानंद मानंदमयोऽवसाने ।
एतां गतिं भागवतीं गतो यः
स वै पुनर्नेह विसज्जतेङ्ग ॥

भावार्थ–और वह आत्मा उस आनन्दमय परमात्मा में लय हो कर शाँत होता है। यह महापुरुषों को भागवती गति कही है। इस प्रकार की गति प्राप्त कर फिर वह योगी संसार में आसक्त नहीं होता। अर्थात् फिर जन्म नहीं लेता।

॥ इति बद्ध प्राण सद्यो मुक्ति ॥

## ॥ विषयः ॥

हठ मासनं च राजं च योगं मोक्षं यथाक्रमम् ।
विधिरत्र समासेन क्रमादभ्यासमाचरेत ॥

भावार्थ—ऐहलौकिक योग क्रिया में प्रवृत्ति के प्राणियों के हेतु भोजन तथा आरोग्यता के लिये योग क्रियायें आसन प्राणायाम आदि तथा पारलौकिक योग में प्राण को चढ़ाना ह० ठ० रूप मूर्छा समाधि। तथा प्राण को स्थिर करना मनोलय राजयोग तथा बद्ध प्राण से मोक्ष विधि हमने संक्षेप से वर्णन करी है। योगी जनोंने इसका क्रम से अभ्यास करना चाहियें, शुभम् ।

धृत्या यया धारयते मनः प्राणेन्द्रिय क्रियाः ।
योगेनाऽव्यभिचारिण्या धृतिः सा पार्थ सात्त्विकी ॥

भावार्थ—मन-प्राण और इन्द्रियों की क्रियाओं को धैर्य पूर्वक धारण करके जो योग किया जाता है, वह अव्यभि-चारिणी (शुद्ध निर्मल-निष्कलंक) धारणा सात्त्विक योग की कही है। शुभम् ।

## ॥ उपदेश ॥

एकान्तवास से इन्द्रियों का दमन होता है। और इन्द्रियों के दमन से मन का निग्रह होता है। तथा मनके निग्रह होने से आप से आप वासनाओं का क्षय होता है।

और वासना का क्षय ही खास परम मोक्ष का हेतु है। शुभम्।

## ॥ सद्गुरु ॥

दुर्लभो विषय त्यागो दुर्लभं तत्त्वदर्शनम्।
दुर्लभा सहजावस्था सद्गुरोः करुणां विना॥ह.प्र.

भावार्थ—खान-पान स्त्री सुखादि जो इन्द्रियों के विषय हैं। इनका त्याग बड़ा दुर्लभ है। तथा आत्म साक्षात्कार का होना भी बड़ा दुर्लभ है। तथा सुषुम्ना में प्राण का प्रवेश हो कर मन का स्थिर होना भी गुरु कृपा के विना दुर्लभ है। और यदि सद्गुरु की दया हो गई तो सहज और सुलभ है।

योगतत्त्वमिदं पूर्णं, प्रबोधिन्यां च कार्तिके।
द्विसहस्रतमेऽब्दे वैक्रमे पञ्चदशोत्तरे ॥ १ ॥
यन्न्यूनमधिकं चात्र संग्रहीतं प्रमादतः।
तत्समीकृत्य विद्वद्भिर्ग्राह्यं तत्त्वविवेचकैः ॥ २ ॥

## ॥ योगक्षेमं वहाम्यहम् ॥

( तत्त्व )

# वैज्ञानिक प्राण

अर्थात्

प्राण की क्रियाओं के द्वारा अनेकों प्रकार की चमत्कारिक सांसारिक सिद्धियों को प्राप्त करने के सरल उपाय

जनलाभार्थं मूल्य केवल १)

पुस्तक मिलने का पता—

पं० दामोदर शास्त्री भारद्वाज
श्रीरमा वैकुण्ठ
मु० पो० पुष्कर
( जि० अजमेर, राजस्थान )

बाबू रामलाल गोयल के प्रबन्ध से
आदर्श प्रिंटिंग प्रेस, केसरगंज अजमेर में मुद्रित ।

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान सम्पादक
जे. के. बंसल R.A.S.
(निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर)

ग्रन्थांक 192

जयतराम विरचित

# जोगप्रदीपका

सम्पादक
डा. एम.एल. घरोटे

प्रकाशक
राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर
Rajasthan Oriental Research Institute, Jodhpur

1999

प्रथमावृत्ति—500

मूल्य : रु. 70.00

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान सम्पादक
जे. के. बंसल R.A.S.
[ निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर ]

ग्रन्थाङ्क 192

जयतराम कृत

# जोगप्रदीपका

सम्पादक
डॉ. एम. एल. घरोटे

प्रकाशक
राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर
Rajasthan Oriental Research Institute, Jodhpur

1999

प्रथमावृत्ति 500

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान सम्पादक
जे. के. बंसल R.A.S.
[ निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर ]

ग्रन्थाङ्क 192

जयतराम कृत

# जोगप्रदीपका

सम्पादक
डॉ. एम. एल. घरोटे

प्रकाशक
राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर
Rajasthan Oriental Research Institute, Jodhpur

1999

प्रथमावृत्ति 500

# राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

राजस्थान राज्य द्वारा प्रकाशित
सर्वमान्यतः अखिल भारतीय तथा विशेषतः राजस्थानप्रदेशीय पुरातनकालीन
संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी, राजस्थानी आदि भाषानिबद्ध
विविधवाङ्मयप्रकाशिनी विशिष्टग्रन्थावली

प्रधान सम्पादक
जे. के. बंसल R.A.S

ग्रन्थाङ्क 192

जयतराम कृत
## जोगप्रदीपका

सम्पादक
डॉ. एम. एल. घरोटे



प्रकाशक
राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर

1999

# प्रधान सम्पादकीय

वैदिक वर्ण धर्मपरम्परा के खण्डित होते-होते जिन परिस्थितियों ने शून्यवाद पर आधारित बौद्ध चिन्तन और मानव मात्र के कल्याण पर आधारित जैन चिन्तन को जन्म दिया, समाज की उसी अवस्था में वाममार्ग की ओर प्रवृत्त होते उस जन सामान्य को एकत्रित होने की प्रेरणा दी जिन्हें या तो वर्ण धर्म में प्रवेश निषेध था या तत्कालीन अन्य उपासना मार्गों में उनकी रुचि जागृत नहीं हो सकी थी. गोरखनाथ ने ऐसे सभी व्यक्ति जो पाशुपत, शाक्त, नकुलीश या तन्त्र मार्गी थे, को नाथ पंथ में सामूहिक उपासना के लिए प्रवृत्त किया ।

भारत में मुस्लिम आक्रमणों के बढ़ते प्रभाव के साथ नाथपंथ को जैसलमेर के भाटियों, आबू के परमारों, आमेर और मेवाड़ के शासकों ने राज्याश्रय ही प्रदान नहीं किया बल्कि उसे अपने राजधर्म के रूप में स्वीकार लिया । नाथ, महंत, राजगुरु के पद पर थे और समय के प्रभाव में नाथों के बारह पंथ हुए जिनके अनुयायियों को विभिन्न रियासतों द्वारा जमीन जागीरें प्रदान की गई, दूसरे शब्दों में नाथपंथ के लिए राजधर्म के अलावा जनता का धर्म होने की संभावनाएं बढ़ती गई और परवर्ती नाथों ने योग साधना के अलावा जनता में निर्गुण भक्ति के बीज भी डाले जो उपासना के साथ भक्ति मार्ग की ओर प्रवृत हुये ।

स्वात्माराम की हठयोग प्रदीपिका को जन भाषा के माध्यम से प्रचारित करने के जो प्रयास नाथानुयायियों ने किये उनमें जयतराम की यह जोग प्रदीपका एक अनन्य महत्त्व का प्रयास है । आज विदेशों में भी योग के अनुयायी बढ़ रहे हैं तो हमारे अपने ही देश में, जो लोग संस्कृत नहीं जानते हैं, ऐसे साधकों के लिए जयतराम का यह प्रयास उपयोगी सिद्ध होगा—ऐसा मेरा विश्वास है ।

निदेशक
**जे. के. बसल**
आर. ए. एस.

# अनुक्रम

# JOGAPRADIPAKA BY JAYATARAMA

## INTRODUCTION

Jogapradipaka by Jayatarama is a very important treatise on Hathayoga written in Hindi. It is obviously influenced by the famous Hathapradipika by Svatmarama.

The text of Jogapradipaka by Jayatarama is being edited and published for the first time. The text is based on the two manuscripts available at present, the details of which are given below :

i) Ms. No. 117/A. 1883-84, size 7" x 4", pp. 1-50, 60-65, 67-111, deposited in the Bhandarkar Oriental Research Institute, Pune. This is designated as (Bha.)

ii) Ms. No. 3035/1894, size 7.$^1/_4$" x 5.$^1/_4$" , pp. 88, copied in Samvat 1823, Miti Kartika Sudi. 2 Budhavasara, deposited in the Nagari Pracarini Sabha, Varanasi. This is designated as (Na).

In both these manuscripts some portions of the text are missing. However, the two together are complementary to each other and make complete text. (Na.) Manuscript contains 165 verses more than that of the (Bha) manuscript. There are many errors of the scribe in both these manuscripts. The numbering of the verses is consecutive in the manuscript (Na) as well as in the manuscript (Bha). But there are errors of the scribe found in numbering of the verses.

In (Bha) manuscript many pages are missing as compared with the (Na) manuscript. The (Na) manuscript seems to be more reliable than the (Bha) manuscript and therefore used as the vulgate for this critical edition. The variant readings are provided in the foot notes.

The text is variously mentioned as Jogapradipaka Jogapradipyaka, Jogapradipa, Jogapradipika.

*ABOUT THE AUTHOR :*

The name of the author is variously written as Jayatarama, Jaiyatarama, Jayyatarama, Jaitrama, Jayatirama in the text. From the information provided by the author about himself in the text, he was residing in Vrindavana and this text in the local language was completed by him in the very place in Samvat 1794 on the Vijayadasami day, that is, in the year 1718 A.D. He was the disciple of Payaharibaba who lived around Samvat 1795. In the 'Short Description' of Hindi Manuscripts-Part

I (in Hindi)' on page 331 some information about Jayatarama is found. According to it Payahari's name was Krishnadasa who occupied the seat of Galta (Jaipur). In the above mentioned text published by the Nagari Pracarini Sabha, Kashi, (Varanasi) the following works are attributed to Jayatarama :

1) Jogapradipika (Padya) sam. 07-60 Ka.
2) Bhagavatagita (Bhasa) (Padya) 12-85, 17-88
3) Rama Sagunavali (Padya) Sam. 07-60 Ka.
4) Sadacaraprakasa (Padya) 09-140.

There is also a text in Hindi called Yogasanamala of Samvat 1846 in the name of Jayatarama and it describes 110 Asanas with line drawings. This manuscript is deposited in the Rajasthan Oriental Research Institute, Jodhpur vide Ms. No. 5450. Many of the asanas described in Yogasanamala are found in the Jogapradipaka. It seems possible that the author of this text is the same Jayatarama of the Jogapradipaka.

It is very clear that Jayatarama has derived inspiration for his text in Hindi from Svatmarama's Hathapradipika. Many of the Asanas of Jogapradipaka are found in the Hathapradipika manuscript deposited in the Rajasthan Oriental Research Institute, Jodhpur vide Ms. No. 6756. He also mentions the name of Hathapradipika in the last chapter as one of the sources for his text along with others.

*CONTENTS OF THE TEXT :*

The text is divided into eight chapters which give elaborate description of the varieties of Yogic practices that include Asanas, Kumbhakas, Mudras, Karmas, apart from the discussion on such topics as Yamas, Niyamas, Pratyahara, Dhyana, Samadhi, Parakayapravesa, Mitahara, Yavaguvidhi, Omkara, Nadis, Vayus, Satcakras, Construction of Mathika, Susumna and Kalajnana. Many of the practices described in the text are not commonly known to the modern yoga practitioners.

*Chapterwise description of the contents is given below :*

## CHAPTER – 1

After the salutary verses addressed to his deity Srirama and Guru, Jayatarama gives in the beginning of the text a list of topics he is dealing with. He, however, suggests the possibility of change in the sequence in presentation. This

chapter is named as "Yama varnana" and describes ten yamas, namely, Ahimsa, Satya, Asteya, Brahmacarya, Daya, Arjava, Ksama, Dhairya, Mitahara and Sauca. These are the ten Yamas as per Yajnavalkya muni. In this list there is no mention of Aparigraha as we find in the yogasutras of Patanjali.

## CHAPTER – II

This chapter is devoted to the description of Niyamas. Niyamas which have been explained are Tapa, Santosa, Astika, Dana, Isvarapujana, Siddhantasravana, Hri, Mati, Japa and Tapa (Vrata).

## CHAPTER – III

Varieties of Asanas are described in this chapter. Jayatarama has described following 84 Asanas :–

Svastikasana, Padmasana, Neti asana, Udara asana, Saptarsi asana, Purva asana, Pascimatana asana, Vajrasanghara asana, Surya asana, Gorakhajali asana, Anasuya asana, Macchandra asana, Bhairu asana, Maha-mudra asana, Yonimudra asana, Mayura asana, Kapali asana, Siva asana, Phodyasana, Markata (Makada) asana, Para asana, Bhadragorakha asana, Runda asana, Yogapada asana, Cakri asana, Atmarama asana, Mrityabhanjika asana, Vriscika asana, Viparitakarana asana, Deva asana, Gohi asana, Kocaka asana, Tapakara asana, Bhidoka asana, Brahma jurankusa asana, Andha asana, Bhisarika asana, Aghora asana, Viyoga asana, Yoni asana, Bodhasoka asana, Bhaga asana, Rudra asana, Padmasana (second variety), Sivalinga asana, Machandra asana (second variety), Valmika asana, Vyasa asana, Dattadigambara asana, Siddhasamadhi asana, Carpatacoka asana, Gvalipava asana, Kaneripava asana, Halipava asana, Midakipava asana, Jalandharipava asana, Gopicandra asana, Citra asana, Anjani asana, Savitri asana, Garuda asana, Sukadeva asana, Narada asana, Narasimha asana, Varaha asana, Kapila asana, Yati asana, Vriksha asana, Parvati asana, Kurakata asana, Kakabhusandi asana, Siddhaharatali asana, Sumati asana, Kalyana asana, Urdhvapavana asana, Masaka asana, Brahma asana, Anila asana, Kurma asana, Nagara asana, Parasurama asana, Siddha asana.

Out of the list of above asanas there is a similarity in description of 70 asanas from another text "Yogasanamala" also by Jayatarama. Twenty six asanas of the text are found described in the Hathapradipika manuscript No. 6756 from Rajasthan Oriental Research Institute (R.O.R.I.) Jodhpur. Names of many asanas from this text are peculiar and are not found described in the modern books on asanas.

One of the special features of the asanas described in this text is that every asana is practised either with Nasagra drsti or bhrumadhya drsti. Many of the asanas are named after the renowned Yogies of the past.

*Description of the asanas from this text follows :–*

*SVASTIKASANA :*

Sit with the toes of both the feet placed in the knee joints. The soles should touch the inner thighs. Place the right foot up and keep the seat on the ground. This is called Svastikasana. One who sits and meditates in this asana removes all the physical disorders.

*PADMASANA :*

Place the left foot on the right thigh and the right on the left. Bring the chin in the depression of the throat and look at the tip of the nose. It helps to hold the prana and remove diseases. Thus its utility is great.

*NETI ASANA :*

Place the left knee on the right ankle and the left ankle under the right knee. Then hold with the hands the two arms near the elbows and extend the arms forward. Direct the gaze at the nose and control the speech. With the two hands churn the arms like a churner. It churns the Prana and is known as Neti. Practise it slowly in the morning, afternoon and evening. It purifies the body and removes all the bodily disorders.

*UDARA ASANA :*

Bring the two soles together, toes touching each other. Insert the two hands under the legs and interlocking the fingers hold the toes in the hands. Bend the head down and try to touch the feet with the chin. Keep gaze at the tip of the nose. This is called Udara asana which removes the disorders of the abdomen or in fact all the diseases.

*SAPTARSI ASANA :*

Raise the two feet and place them in the two arm-pits turning the soles upward. Form the fingerlock and place it over the head. Practise nasal gaze. This is called Sapatarsi asana. When practised three times a day, it purifies the lotus of the heart, cleanses the whole body and removes all diseases.

*PURVA ASANA :*

Take the two legs upon the shoulders and cross them. Form the fists of the two hands keeping them right over the left and place them in the front. Direct the gaze in between the eye-brows. This is the technique of Purva asana.

*PASCIMATANA ASANA :*

Sit facing the north. Extend the legs and bring the feet together. Then practise Pranayama and fill the Susumna with Prana by doing Puraka with twelve matras, Kumbhaka with twelve matras and Recaka with twelve matras. Place the gaze in between the eyebrows. Hold the right foot with right hand and begin with the left. Practise this for twelve days and control the prana to the capacity. Continue the practice for one or two praharas (1 prahara = 3 hours) over a period of seventy two days and it will remove all kinds of difficulties. In order to get mastery over this asana soak the rice cultivated in sixty days in water. The quantity should not be more than twenty seven tanks (a measure of 1 gram). Take sixteen tanks of moong gram and soak it in water separately. Grind them separately and prepare a paste in water. Mix five tanks of salt and ginger. Drink this slowly and immediately start practising this asana. After one round take rest. Again start the practice. Thus practise it continuously for eighty four days. It will remove all major diseases and contribute to the ability of clairvoyance and clairaudience. This asana is also called Arambha asana.

*VAJRASANGHARA ASANA :*

First sit on the toes keeping the two heels under the anus. Keep the knees raised up and spread. Take the two hands over the back and hold the opposite arms at the elbows. This is Vajrasanghara asana.

*SURYA ASANA :*

Sit on the toes keeping the heels under the anus. Spread the knees widely and sit erect. Raise both the hands over the head and arrange the fingers like a lotus. Look through the holes of the fingers. This is Surya asana which increases gastric fire and removes all diseases.

*GORAKHAJALI ASANA :*

First stand up. Then take the two arms under the thighs interlocking the fingers and sit. The fingerlock comes on the navel. This is Gorakhajali asana.

*ANASUYA ASANA :*

Bend the legs and place the left knee over the right knee and spread the legs. Hold the two big toes with the two respective hands. Fix the gaze on the tip of the nose. Regular practice of this asana makes the body lustrous like gold and does not suffer from any disease. Yogasanamala describes another arrangement of hands in addition to the one given above. Another arrangement requires forming a finger-lock at the back and touching the nose on the ground and fixing the gaze at the tip of the nose.

*MACCHANDRA ASANA :*

While sitting take both the legs on the shoulders and cross them. Form the fists of the hands and place the right on the left. This is Macchandra (Matsyendra) asana.

*MACCHANDRA ASANA (Second Variety) :*

First place the right foot on the left thigh in such a way that its heel presses the abdomen. Then place the outer side of the left ankle on the right knee. Hold the toes of the two legs by the two hands. Touch the forehead to the ground. This is Macchandra asana which removes pain from the knees.

*BHAIRU ASANA :*

Place the left foot under the anus in such a way that the inner ankle touches the ground; outer ankle comes under the buttocks and the heel presses the anus. Then bring the right foot on the chest in such a way that the right heel presses the navel and the toes come on the chest. The right knee touches the ground along with the thigh at a distance of about 45 Cm. in front. Then interlock the fingers and raise the hands over the head. Direct the gaze at the tip of the nose. When practised this asana for three hours, it arouses the Kundalini and opens the lotus of heart. It destroys various disorders and brings in nadisuddhi.

*SIDDHI ASANA (Siddhasana) :*

Place the left heel at the middle of the pereneum. Then place the right heel on the generative organ. Keep the two hands on the two knees and sit erect gazing at the ground. This is known as siddhasana in which the three Bandhas are automatically formed. All the seventy two thousand nadis are purified and Unmani condition is obtained.

*MAHAMUDRA ASANA :*

Place the left heel at the pereneum. Extend the right leg and hold it with two hands by interlocking the fingers. Direct the gaze at the nose. This is called Mahamudra which removes several disorders.

*YONIMUDRA ASANA :*

Turn the left foot upside down and place the pereneum on the inner edge of the sole. Bend the right leg and place the right foot on the left thigh. Rest the two hands on the knees and direct the gaze at the nose. This is called Yonimudra.

*MAYURA ASANA :*

Place the two hands on the ground keeping the thumbs together and fingers spread out. Then place the navel on the two elbows and raise the legs together off the ground. Raise the head, look at the nose and balance the whoie body like a stick. This asana increases the gastric fire and removes the disorders of the abdomen. It even digests poison.

*KAPALI ASANA :*

Place the two hands and the head on the ground and take the legs up. Direct the gaze at the nose and remain steady. By the practice of this asana for three hours, the grey hair turn black.

*SIVA ASANA :*

Place the right foot over the left and arrange their heels under the anus. Spread the knees horizontally and place the two hands on them. Direct the gaze in between the eyebrows and remain steady. This is called Siva asana.

*PHODYASANA :*

Sit with legs extended. Raise the legs. Bring the hands under the knees and hold them with a fingerlock. The thumbs are touching the calves. Lie on the back. Contract the abdomen upwards and try to touch the head to the knees. This is Phodyasana. It removes impurities of the body and destroys all skin disorders.

*MAKADA ASANA (Markatasana) :*

Squat on the ground with feet together. The soles are touching the ground and knees are raised vertically. The heels are pressing the anus. Hold the two knees with the fingers of the two hands. Direct the gaze in between the eyebrows. This is Makada or Markata asana.

*PARA ASANA :*

Sit on the buttocks and raise the legs. Insert the hands under the thighs near the knees and bring them out. Turning the hands over the thighs take the grip of the fingers near the navel. Fix the gaze at the nose. This is Para asana.

*BHADRAGORAKHA ASANA :*

Bring the two soles together and place them under the anus. Place the hands on two knees and press them on the ground. Direct the gaze in between the eyebrows. This is called Bhadragorakha asana.

*RUNDA ASANA :*

Sit on the toes bringing feet together. Place the anus on the heels and keep the knees about 15 cm. apart. With the help of the thumb and the index finger hold the ears. With the little and ring fingers close the opening of the ears. Adopt Jalandhara Bandha and fix the gaze in between the eyebrows. This is called Runda Asana by the learned.

*JOGAPADA ASANA :*

Stand on the knees. Take hold of the left heel and place it on the right side of the abdomen. Similarly bend the right leg and join the dorsal side of the feet together. Bring the left hand over the back from below and taking the right hand over the left shoulder grasp the fingers of the two hands. Then bend the head forward to touch the ground close to the knees. This is Jogapada asana.

*CAKRI ASANA :*

Take hold of the left foot and with the help of hands place its sole in the left armpit. Stretch the right leg backward. Then raise the hands upward and extending them forward place on the ground with palms touching the ground and fingers pointing forward. Assume the nasal gaze. This is Cakri asana.

*ATMARAMA ASANA :*

First lie on the back. Raise the legs towards head. Bring the hands in between the legs. Turning the hands over the legs hold the feet in the elbows. Interlock the fingers over the shoulders and raise the head. Fix the gaze at the tip of the nose. This is Atmarama asana. It improves the gastric fire, sets the flow of *Prana*, brings purification of nadis and removes diseases.

*MRTYABHANJAKASANA :*

First lie on the back. Raise the legs up. Bring the hands from outside and take hold of the legs in such a manner that the hands pass over the ankles and grip is taken behind the neck. Keep the head on the ground and gaze at the nose. This is Mrtyabhanjakasana.

*VRISHCIKASANA :*

Lie supine. Draw the feet closer and arrange the right foot over the left and lock them. Raise the legs and the head and bring the right knee closer to the head. Raise the hands over the head straight and bend the fingers imitating the front portion of the scorpion. Fix the chin in the throat and form Jalandhara Bandha. Direct the gaze into the eyebrows.

*VIPARITAKARANA ASANA :*

First lie supine. Bring feet together and raise them upward. Raise the upper body except hands spread on the ground. Raise both legs and the trunk vertically, the soles turning upward. The hands are spread out, palms placed on the ground. Direct the gaze at the tip of the nose. Wisemen call this Viparitkarana which destorys all diseases and verily increases gastric fire.

*DEVA ASANA :*

First lie supine. Arrange the hands forming finger-lock and take hold of the feet at ankles. Bring the feet over the head, back remaining touching the ground. Direct the gaze in between the eyebrows. This is called Deva asana.

*GOHI ASANA :*

Bring the two elbows and forearms together and place them on the ground. On the forearms kept together place the head. Then fold the legs on the thighs and touch the heels to the buttocks. Touch the chin to the knees and fix the gaze at the nose. This is called Gohi asana.

*KOCAKA ASANA :*

(While lying on the back) Extend the hands sideward. Raise the legs up and folding the knees on the chest keep the legs standing vertically. Turn the head on one side and direct the gaze in between the eye-brows. This is Kocaka asana.

*YONI ASANA :*

Bring the two feet together placing the heels in front of the generative organ at a distance of 1/2 cubit. Place the two hands on the toes and hold them with all ten fingers. Bend forward and place the elbows in close contact with the shins. Place the forehead on the feet and direct the gaze at the nose. This is called Yoni Asana.

*BODHASOKA ASANA :*

Squat with soles on the ground and thighs pressing on the chest. Rest the chin on the knees. Hold the opposite arms in such a way that the forearms cross before the knees. This is Bodhasoka asana.

*BHAGASANA :*

Bend the legs in the knees and arrange the ankles by the side of the buttocks. The soles are turned upward and the toes are kept closer with the help of hands. Place the hands on the knees and sit erect. Fix the gaze in between the eye-brows. This is Bhaga asana.

*RUDRA ASANA :*

Place the right foot on the left in such a manner that the outer edge of the right foot comes on the inner edge of the left foot and heels come one over the other. Sit with the heels at the anus and spread the knees. Place the hands on the knees and fix the gaze in between the eye-brows. This is Rudra asana.

*SIVALINGA ASANA :*

(While sitting) Raise both the legs over the head with the help of hands. Hold the toes with hands forming the fists. Direct the gaze at the tip of the nose. This is Sivalinga asana which destroys all the diseases.

*VALMIKA ASANA :*

तामें अति सरधा रहै सो मति कहिये सार ॥४५ ॥

इति मति

### अथ जप को लछन ।

उच्च वचन कबहू न उचारै गुरु को मंत्र ह्रिदामैं धारे ।
जथा सकति जप में थिर रहै या विध परम सिद्धिको लहै ॥४६ ॥

### अथ तप[१] को लछन ।

इति जप

दोहा— च्यार पदारथ सिध करन गुरु दीयो उपदेस ।
ताही को दृढ करि गहै छाडे सकल कलेस ॥४७ ॥

दोहा— [२]दस प्रकार के यम कहे दस प्रकार के नेम ।
जयतराम अब वरन हौ आसन करन जु छेम ॥४८ ॥

**इति श्री जोगप्रदीपकायां जैयतरामेण विरंचतायां नेम कथन नाम दुतिय खंड ॥२ ॥**

१. *वृत (भां)*
२. *इति वृत (भां)*

## अथ आसन विधि ।

दोहा— प्रथमही आसन साधिये बैंठिके धारै धीर ।
जयतराम तब सहजही निर्मल होय सरीर ॥४९ ॥

चौपाई— आसन नाम कहौ समझाई । सधै होय अधिक सुखदाई ।
जयतिराम जो विधि सौ साधै । सो नर जोग पंथ कौ लाधै ॥५० ॥[१]

## अथ स्वस्तक आसन ।

चौपाई— प्रथम बैसि दोउ पगि का फणा ।गोडा संधि मांहि राखणा ॥
जंघ पगथली मेलन करै ।दछिन चरन उर्ध ले धरै ॥५१ ॥
आसन भूमि टिक्यो पुनि राखे । स्वस्तक नाम याहि बुध[२] भाखे ॥
यामै बैठि ध्यान जो धरै । सो नर आधि व्याधि सब टारै ॥५२ ॥
॥इति स्वस्तक आसन ॥

## अथ पदमासन ।

चौपाई— वामजंघपर दछिन चरण । दछिन जंघ वामपद धरण ॥
दोउ हस्त जंघपर करे । सम सरीर नासा चक्षु धरै ॥
पदमासन यह नाम कहावै । व्याधि रोग सब नास ही पावै[३] ॥५३ ॥

## अथ नेती आसन ।

दोहा— गोडा बावा पादकी आख माहिली सोय। दछ चरन को वारलौ तापरि गुलफ समोय ॥५४ ॥

वाम पादको माहिलौ बहुरौ गुलफ जु जान । तापरि गोडा दछिकी आंख चाह बाहर[४] लीवांन ॥५५ ॥

चौपाई— बहुरि भुजा दोउ करकी जोऊ कंहूण्या लगती पकरै सोऊ ॥
भुजौ पसारि अधर करि राखै ।नासाद्रिष्ट वचन नही भाखै ॥५६ ॥
दोऊ हाथसो आडै वाई । मथै भुजा मथाण की नाई ॥
सकल पवन मथ्यो यूं जावै ।सो पुनि नेती नाम कहावै ॥५७ ॥
ऐसी भांति जुगति यह धरै ।त्रिय संध्या साधन सो करै ॥
सनै सनै आतुर नहीं होवै ॥सबही रोग देहकै खोवै ॥५८ ॥

---

*१. Missing in (ना.)*
*२. विध (ना.)*
*३. जावै (ना.)*
॥इति पदमासन ॥
*४. बारिली ठांनि (भा)*

अथवा रोग देहको नाही ।तीन वार साधै दिनमाही ॥
नाडी सबै सुध होइ रहै ।यातै देह अमलता लहै ॥५९ ॥
इति नेती आसन

## अथ उदर आसन ।

चौपाई— दोऊ पगथली संपुट ठांनै । उभै हस्त करि उरध ही तानै ॥
अंगुष्ट दोऊ सम ठहरावै । चबुक[५] नीचै ताहि लगावै ॥६० ॥
बहुरि दोउ करि अैसे धरै । आनि पगनतर बाहरि करै ॥
दोऊ पग की अंगुरी जोई । तिन परि करै कागसी सोई ॥६१ ॥
नासा द्रिष्टि[६] जुगत[७] सो राखै । आसन उदर नाम यहू भाखै ।
उदर रोग सबही मिट जावै । अथवा सबही रोग नसावै ॥६२ ॥
॥इति उदर आसन ॥

## अथ सप्तरिषि आसन ।

दोहा— दोउ पगकी पगथली तिनकी लाक जु सोय ।
दोऊ काखनि मैं धरै नासाद्रिष्ट समोय ॥६३ ॥[८]

चौपाई— बहूरौ हस्त कागसी करै ।सो ले आनि सिखा पर धरै ॥
दिन प्रति तीन बेर सधि आवै ।सप्तरिषि सो नाम कहावै ॥६४ ॥
याके गुन कछु कहै न परई ।ह्रिदाकमल को सूधो करई ॥
और रोग सकल मिट जावै ।बहोर सरीर अमलता पावै ॥६५ ॥
॥इति सप्तरिषि आसन ॥

## अथ पूर्व आसन ।

प्रथम दोउ पग कांधे धरै बहूर तहां पुनि आंटी करै ॥
दोउ कर की मूठी करई तरै वाम दछि ऊपर धरई ॥६६ ॥
सो पुनि मूठी भूमि लगावै मेढ्र निकट आनि ठहरावै ॥

---

*५. उरधता लवै (भां)*

*६. द्रिष्ट (ना.)*

*७. जुगति (भां)*

*८. दोउ पग की अंगली जामैं लगी है ।*

*पगथली तिनकी थोथलाक जु सोय । दोउ काखनि मै धरौ नासाद्रिष्टि समोइ ॥(भां)*

त्रिकुटी द्रिष्टि सदा ही धरै ॥ पूर्व आसन इहि विधि करै ॥६७ ॥
पूर्व रोग सो सकल निवारै ।बहुज्यौं जुगति और इक धारै ॥
पूर्व आसन इहि विधि करे ।[९] काठा गेहुं पाव मंगावै ।
राति भेय प्रभाति चबावे ॥६८ ॥
काचौ दूध अजाकौ आनै । पीवै ताहि ढील नहीं ठांनै ॥
सनै सनै अैसी विधि साधै ।चारि पहर लगि आसन बांधै ॥
यातै मृत्य करै वसि सोई गुरुमुख साधन परपक होई ॥६९ ॥
॥इति पूर्व आसनं ॥

## अथ पछिमताण आसन ।

चौपाई— उत्तर सनमुख बैठक धारै । दोउ चरण मिलि[१०] बाजू पसारै ॥
बहोरौ प्राणायाम जू करै । सुखमन मारग वाई भरै ॥७० ॥
द्वादस मात्रा पूरक करै । द्वादसही पुनि कुंभक धरै ॥
रेचै द्वादस पिंगला नारी । राखै त्रिकुटी द्रिष्टि विचारी ॥७१ ॥
वामहस्त सों आरंभ करै । दछन कर दछन पग धरै ॥
द्वादस दिन अैसेविध करई । बहुर साधि आगै अनुसरई ॥७२ ॥
जथा सक्ति वाय वसि आनै । प्रहर एक दोय आरंभ ठानै ॥
दिवस बहत्तर ऐसे करै । सनै सनै विघ्न सब टरै ॥७३ ॥
बहुरि ओगरौ अैसो गहै । जाकरि यो आसन सिध लहै ॥
साठी चावल को पुनि भेवै । टंक सताइस अधिक न लेवै ॥७४ ॥
सोलह टंक मूग पुनि आनै । भेवै ताहि भिन्नही ठानै ॥
भिन्न-भिन्न कर बाटे दोऊ करै पलेवौ जलमें सोऊ ॥७५ ॥
करै अलूणौ अद्रक ल्यावै ।टंक पंच ता मधिहि मिलावै ॥
सनै सनै सो पीवै अैसे ।तुरतही यो आसन कर बैसे ॥७६ ॥
वार येक पथ पहले साधै करि विसराम बहुरि आराधे ॥
अैसी भांति दिनरात जु जानै । आठ पहर को आरंभ ठानै ॥७७ ॥

---

९. Missing in (भां)
*१०. लांबा जू (भां)*

दिन चौरासी आरंभ करई । राजरोग आदिक सब हरई ॥
सहस्त्र कोस की सुनैरु देखें । लहै सिध अचिरज पुनि पेखे ॥७८ ॥
इति पछिमताण आसन । याहीको आरंभ आसन कहिये[११]

## अथ वज्र[१२] संघार आसन ।

प्रथम फणा पाणि होय बैसे । दोउ एडी गूदा निवेसै[१३] ॥
गोडा ऊभा राखै थीर ।आडे वाय पसारै धीर ॥७९ ॥
पृष्ट[१४] दिसी दोऊ कर आनै ।तिनकी जुगत अैसीविध ठानै ॥
गहै परसपरि भुजा जु दोउ । कोहण्या लगती पकरै सोउ ॥८० ॥

दोहा— जाडो कबहु ना लगे अवर फुटनी जाय ।
वज्रसंघार आसन यह जो दिन रात सधाय ॥८१ ॥
॥इति वज्रसंघार[१५] आसन[१६] ॥

## अथ सूर्य आसन ।

चौपाई - ऐडी दोऊ गुदातरि आनै । फणा पाणि बैठक पुनि ठानै ॥
गोडा जंघ अधर करि रहै ।आडे वाय इसी विध गहै ॥८२ ॥
दोऊ भुजा नभ दिसा पसारै । कमल स्वरूप अंगुरी धारै ॥
पौहचा मधि छिद्र पुनि ठांनै । छिद्र विखै पुनि द्रिष्टि जु आनै ॥८३ ॥

दोहा— अग्निवृधि अतिसै करै रोगनास सब होय ।
उदर उलटि संकोचिये सूर्य आसन होय ॥८४ ॥
॥इति सूर्य आसन ॥

## अथ गोरखाजाली आसन ।

चौपाई— प्रथम ही ऊभौ होय बहुरि नीचौ पुनि होवै । दोउ कर दोउ जंघ मधि नीकी विध पौचै ॥
बहुरि दोउ भुज सनै जंघ बाहर ले आनै । [१७]नासाद्रिष्टि लगाइ कांकसी नाभि जु ठानै ॥८५ ॥

दोहा—
बरस एक लग[१८] साधियै बैठिक ऊकडु होय । सनै सनै चढतो करे गोरखजाली सोय ॥८६ ॥

---

११. *करई (ना.)*
१२. *वज्रसींघार (ना.)*
१३. *नवेसै (ना.)*
१४. *पिष्टि (भां)*
१५. *वज्रसिघार (ना.)*
१६. Missing in *(भां.)*
१७. Line missing in *(ना.)*
१८. *द्वै (भां.)*

ब्रह्मद्वार कुंडलि तजैं अरु पुनि सूधी होय ।
चिमतकार तनकै मही साधिक देखै सोय ॥८७ ॥
॥इति गोरखजाली आसन ॥

## अथ अनसुया आसन ।

चौपाई— दछिन गोडौ नीचै ठानै बावों ताके ऊपर आनै ।
गोडा संधि मिलावै भारी आडापद पुनि देस पसारी ॥८८ ॥
दोउ पदके अंगुष्ट जोई दोउ पग कर ते पकरे सोई ।
नासाद्रष्टि अचल करि रहिये अनसुया आसन यह कहिये ॥
दोहा— यह आसन नितही करै देही कंचन होय ।
जयतराम साधन किये रोग रहै नही कोय ॥९० ॥
॥इति अनसुया आसन ॥

## अथ मछंद्र आसन ।

वाम जंघपर दछि पद ठांनै वामहस्त पिष्टि दिस आने ।
बहुरो दछन पद है जोई ताकी नली जु पकरै सोई ॥९१ ॥
वाम चरन पुनि अैसै करै दछिन गोडा ऊपर धरै ।
बहुरौ दछिन हस्त है जोई वाम जंघ परि आने सोई ॥९२ ॥
बाहरि लेकरि अैसै रहै वाम फणा की कोर जु गहै ।
त्रिकुटी द्रिष्ट अचल पर राखै रोग मछंद्र सु अैसै भाखै ॥९३ ॥
दोहा— अग्नि प्रबल याते बढे सुधी कुंडलि होय ।
पवन अभ्यास यामैं करै रोग रहै न कोय ॥९४ ॥
॥इति मछंद्र आसन ॥

## अथ भैरू आसन ।

चौपाई— मूलद्वार टिक बैसिक[१९] धरई वामपद गुद औंधौ करई ।
एडि अग्र गुदातरि धरै उर्ध्व चिटी[२०] अंगुष्टतरि करै ॥९५ ॥
गुलफ वारिलौ कूलै आनै पुनह माहिलौ भूपरि ठानै ।
बहुरि चरन दाहिनौ जोई हिदै आनि लगावै सोई ॥९६ ॥

---

*१९. बैसक (भां)*
*२०. चढी (भां)*

फणा पृष्ट[२१] को ह्रिदै लेवै एडी नाभिमधि पुनि देवै ।
गोडा जंघ भूमि परि लावै अंतर हाथ एक ठहरावै ॥९७ ॥

दोहा — दोऊ करकी कांकसी राखै सिखा जु सोय ।
नासाद्रिष्टि लगाइये भैरु आसन होय ॥ ९८ ॥

चौपाई— पहर एक आसन सधि आवै । कुडलनी व्याकुल होय धावै ॥
वधत कले जो वदै न सोई ।कंवल ह्रिदा कौ सुधो होई ॥९९ ॥
तिली फीहौ गोलौ जाई ।आंव हर सहिड की जु नसाई ॥
नाडी सबै सुध होई रहै । गता[२२] दोष जु भैरू दहै ॥१०० ॥
॥इति भैरू[२३] आसन ॥

## अथ सिधि आसन ।

वाम पाद की एडी जानो सीवनिमधि तास कौं ठानौ ।
दछि पाद की एडी जोई मेढुमधि लगावै सोई ॥१०१ ॥
गोडा दोऊ हस्त जु धरै भूमै द्रिष्टि देह सम करै ।
सिधासन यह नाम कहावै याका गुण की कहत न आवै ॥१०२ ॥

दोहा— सहस्त्रबहतरि नाडी जे मल तजि नर्मल होय ।
तीन बंध सहजै फुरै लहै उनमनी सोय ॥१०३ ॥
॥इति सिधि आसन ॥

## अथ महामुद्रा आसन ।

चौपाई— डावा पगकी एडी जोई सीवनि आनि लगावै सोई ।
दछिन लांबौ जु पसांरै तामै आनि कागसी धारै ॥
दोऊ खवा उर्धसो धरै तिनसो फेर अभ्यास जु करे ।
नासाद्रिष्टि आन ठहरावै महामुद्रा नाम सो पावैं ॥१०५ ॥

दोहा— पथि अपथि न चाहिये विष अमृत होय जाय ।
अनरस रसताको लहै मरन कलेस मिटाय ॥१०६ ॥

---

*२१. पृष्टि (भां)*
*२२. एता (भां)*
*२३. भैरव (भां)*

खई रोग अथवा कुष्ट गुदावर्त मिट जाय ।
गुलम अजीरण रोग जे मुद्रा देत नसाय ॥१०७ ॥
॥इति महामुद्रा ।

## अथ जोनिमुद्रा आसन ।

दोहा— वाम पाद की पगथली लाकरि [२४] माहिली कोरि ।
जोनि तहां धरि बैसियै उलटो पाव जु मोरि ॥१०८ ॥
दछि चरन पुनि मोरिकै वाम जंघ ले जाय ।
हस्त दोऊ गोडां धरै नासाद्रिष्टि लगाय ॥१०९ ॥
यहै जोनिमुद्रा कह्यौं नितिप्रति साधै कोय ।
करै अभ्यास जो जुगतसो नाडि उर्ध्वमुख होय ॥११० ॥
॥इति जोनिमुद्रा ॥

## अथ मयूर आसन ।

चौपाई— दोऊ हस्त भूमपर धरै अंगुष्ट दोउ संपुट करै ।
अंगुरी सकल भिंन करि तानै कहुण्याऊपरि नाभि जु ठानै ॥
बहुरि दोऊ पग मेलि पसारै भूमि न धरै अधरही धारै ।
मस्तक भूमि न कबहु धरै भुजापाणि देहि सब करै ॥११२ ॥
दंडसमान सरीर जु राखै नासाद्रिष्टि वचन नही भाखै ॥११३ ॥
दोहा— या आसन तै विष जरै अग्नि अधिकता होय ।
गुलम पेट फीहयौ गरै मिटै अजिरन सोय ॥११४ ॥
॥इति मयूर आसन ॥

## अथ कपाली आसन ।

चौपाई— सीस सिखा दोऊ भूपरि ठांनै ऊभै चरन अवर दिसि तानै ।
दोऊ हथेली भूपरि धरै नासाद्रिष्टि अचल पुनि करै ॥११५ ॥
दोहा— एक पहर यह आसन सधै स्वेत बाल हौहि स्याम ।
कालज्ञान सब जानिये यह कपाली नाम ॥११६ ॥
सनै सनै यहु साधियै तीन मास लग सोय ।
जयतराम ता पुरसकै जुगली रहै न कोय ॥११७ ॥
॥इति कपाली आसन ॥

---

*२४. जाहि (भां)*

## अथ सिव आसन ।

चौपाई— वाम चरनगरि दछि पद धरै ऐडी मूलद्वारितर करै ।
बहुरि पगथली की पुनि दोऊ कोर माहिली मे ले सोऊ ॥११८ ॥
गोडा आडा दोऊ करै दोऊ हस्त तासपरि धरै ।
त्रिकुटी द्रिष्टि अचल करि राखै सिव आसन ऐसी विधि भाखै ॥

दोहा— इडा नाडि करि पूरिये मात्रा द्वादस वाय ।
जथासक्ति कुंभक करै पिंगुल रेच कराय ॥१२० ॥
अष्ट वेर ऐसै करै कुंभक निश्चल होय ।
गांठि अपान कबहु परै सो पुनि रहे न कोय ॥१२१ ॥

॥इति सिव आसन ॥

## अथ फोद्यासन ।

चौपाई— दोऊ हाथ पग बाहर आनै गोडातरै कागसी ठानै ।
अंगुष्ट पिंडली लगता धरै चरण उभै अकासदिसी करै ।
पिष्टिरु कूला धरती लावै उदरसंकोच ऊर्ध ठहरावै ।
गोडा सीसभि थंभन करै इह विधि फोद्यासन धरै ॥१२३ ॥

दोहा— देह विसाली नार है रक्तपित्ती पुनि जाय ।
फुंनसी गुंमरि आदि जौ नाना रोग नसाय ॥१२४ ॥

॥इति फोद्या आसन ॥

## अथ माकड आसन ।

चौपाई— दोऊ पगथली संपुट आने तिनकी पिष्टि भूमिपरि ठांनै ।
मूलद्वार एडयांपरि ल्यावे मूड हाथ उचा ठहरावै ॥१२५ ॥
दोउ करकी अंगुरी जोऊ वतखां आनि लगावै सोऊ ।
खाजि खुजावन की ज्यूं करै त्रिकुटी द्रिष्टि अचल करि धरै ॥१२६ ॥

दोहा— धरनसु कबहु ना चिगै अग्निवृद्धि अति होय ।
वेग थमै अरु उदरसुध माकड के गुन सोय ॥१२७ ॥

॥इति माकड आसन ॥

## अथ पर आसन[२५] ।

चौपाई— प्रथम माहिली जंघ जु दोउ तिन तरि करि काढै
भुज सोऊ गोडाता रि करि बाहरि तानै उलटि मोरि जंघनपरि आनै ।
बहुरि हस्त दोउ नाभि मिलावै तहां कांकसी करि ठहरावै ।
मूलद्वारि टिकि बैठक ठांनै पग आगा नौ अधर जु आनै ॥१२९ ॥

दोहा— या आसन के कीयेते जागै कुंडलि नारी ।
जयतराम कहि द्रिष्टि कौ राखौ नासा धारि ॥१३० ॥
॥इति पर आसन ॥

## अथ भद्रगोरख आसन ।

दोऊ पगथली संपुट करै कोर वारिली भूपरि धरै ।
कोर वारिली राखे अैसै तापरि मूलद्वारि टिकि बैसै ॥१३१ ॥
गोडा पीडी भूवपरि दाखै हाथ दोऊ गोडा परि राखै ।
द्रिष्टि त्रिकुटी मध्य जु ठानै ताकौ गोरखभद्र बखानै ॥१३२ ॥

दोहा— या आसन के कीयेते सकल रोग छय होय ।
फुन जोगी को जयत कहै खेद न उपजै कोय ॥१३३ ॥
॥इति भद्रगोरख ॥

## अथ रूंड आसन ।

फणापाणि उकड होय बैसै दोऊ पगथली करै जु ऐसे ।
कोर माहिली ऊभै मिलावै मूलद्वार इडयांपरि ल्यावै ॥१३४ ॥
दोउ गोडां अंतर दाखै अंगुल आठ प्रवाण सु राखे ।
बहुरि अंगुठा करका दोऊ पुनह तरजनी अंगुरी सोऊ ॥१३५ ॥
तिनकरि करण लोल दोउ गहै बहुरि जुगत ऐसी करि रहै ।
दौउ करकी अंगुरी दोऊ कनिष्ट अवर अनामिका जोऊ ॥१३६ ॥
तिनकरि करण रंध टकि लेवे पुनि जालंधर बंधु सु देवे ।
द्रिष्टि ऊभै भोहन परि राखै आसन रूंड ताहि बुधि भाखै ॥१३७ ॥

दोहा— यह साधै एकांत में सबद रहित कर वास ।
छठे मास ता पुरुष के होय जोति प्रकास ॥१३८ ॥

२५. *From this onwards pages missing in (भां)*

बहुरि सुणै अनहद सबद झालरि ।
सुन उणहारि होय धारणा में विघन सो देवैं सब टारि ॥१३९ ॥
॥इति रूंड आसन ॥

## अथ जोगपद आसन ।

गोडा ठाणो ऊभौ होई डावा पगकी एडी जोई ।
ताकी कोर वारली जानै कूखि जीमणी में ले ठानै ॥१४० ॥
बहुरि जीमणौ पग है जोई बाहरि करि मोडो वह सोई ।
ऊभै फणांकी पिष्टि मिलावै वामहस्त पिष्टि दिसि ल्यावै ॥१४१ ॥
दछिण पायडै मिलत सु राखै पुनि दछिण कर याविधि दाखै ।
वाम कंध उपरि करि ल्यावै ऊभै हस्त कांकसी करावै ॥१४२ ॥
फुनि मस्तक धरती पर आने गोडानिकट तासको ठानै ॥१४३ ॥

दोहा— याकौ सो होवै अमलतन उदर रोग सब जाय ।
बुध्याकौ उदोत होय देहि पुष्टता थाय ॥१४४ ॥
॥इति जोगपद आसन ॥

## अथ चक्री आसन ।

दोहा— डावा पगकी पगथली तथा सु बारिली कोर ।
आनै वाई कूखिपरि हाथा सो जोर ॥१४५ ॥

चौपाई— डावा गोडा ठानो होय दछ पाव याविधि करै सोय ।
पाछा नै लांबौ सु पसारै भूतै उर्ध्व विहथ पसारै कधारै ॥१४६ ॥
दोऊ हाथ पसारै जेता आगा ने पसारे सो तेता ।
पुनह हथेलि भूपरि दाखै सब अंगुर छीदी कर राखै ॥१४७ ॥

दोहा— नासाद्रिष्टि लगाईये कुंडलि व्याकुल होय ।
होय जलंधर रोग जो या करि नासै होय ॥१४८ ॥
॥इति चक्री आसन ॥

## अथ आतमाराम आसन ।

प्रथम सेंन भूउपर ठांने पग उचाइ आगो ने ।
आने दोउ हाथ पगाबिच ल्यावै कोहण्णसंधि पाद ठहरावै ।
लांक पगथल्याकी वांफणां तिरछी भुजामधि राखणां ॥१४९ ॥
दाबै भुजा कल्यांपासेती पुनि कर कैरे कांकसी चेती ।

सोई कांकसी कांधै राखै मस्तक अधर उरध करि दाखै ॥१५० ॥
वार तीन यह आरंभन ठाने नासा अग्रे द्रिष्टि ले आने ।
बैसि येकांति ध्यान पुन धरै चढते चढतो आरंभ करै ॥१५१ ॥
याकरि अग्नि विर्धिता होई पवन सललिता पावै सोई ।
नाडी सुध देह सुध रहै और रोग की उतपति दहे ॥१५२ ॥

दोहा— अंनजल जो जो लीजिये ताकर रोग न होय ।
तातै आतमाराम यह नाम कहावै सोय ॥१५३ ॥

॥इति आतमाराम आसन ॥

## अथ मृत्यभंजीक आसन ।

चौपाई— प्रथम सेन सूधो होय ठानै पग उचाय आगा नै आने ।
बहुर पगथली को यो राखै कोर वारली या विधि दाखै ॥१५४ ॥
वटी आंगुल्या लगती आने करि गाढी जाडांतरि ठानै ।
दोउ हाथ पग बाहरि ल्यावै पुनि ताकौ अैसे ठहरावै ॥१५५ ॥
दछिन करकौ पहूचौ जोई वाचा कर सौ पकरै सोई
मस्तक भूसों लगतो राखै नासाद्रिष्टि वचन नही भाखै ॥१५६ ॥

दोहा— जोइ कथोथी लगै अथवा अन्य जु व्याधि ।
या आसन के कीयेते ततखिन होय समाधि ॥१५७ ॥

॥इति मृत्यभंजीक आसन ॥

## अथ वृश्चक आसन ।

प्रथम सयन सूधो सीसकेशकी संधि सु दाखै । कछु सीस उरध कर राखै ।
बहुर पगथली अैसैं ताणै गगन दिशा समुख करि ठाने ॥१५८ ॥
वामपादपरि दछिपाद वामतरि धरै । दोउ पादकी आंटी करै ॥१५९ ॥
पुनह पाद की आंटी जीमणौ फणो जु जोई । वाम पगथली परि धरे सोई ॥
बहुर पाद उचौकौ ताने गोडौ दछि सीसढि आनै ।
सीसकेशकी सांधि सु दाखे कछु सीस उरध कर राखै ॥
बहुरि पगथली अैसे ताणें गगनदिशा सममुख करिंठाने ।
दोउ हाथ माथादिसि धारै भूसों लगिवां उर्ध पसारै ।
छीदी राखि आंगुरी मोरे वींछीका मुख ज्यो करि छोरे ॥
चिबुक कंठकूप में राखै भोहनमधि दिष्टि को दाखै ।

उदरमांहि आम होय जेती या आसनसौ नासै तेती ॥१६२ ॥
माटी को पलाठी करी जो कदाचि कोइ खाय ।
तिनकौ उपज्यो रोग सब या आसन तै जाय ॥१६३ ॥
॥ इति वृश्चक आसन ॥

## अथ विपरीतिकरन आसन ।

प्रथम सयन सूधो होय ठांने पग मिलाई अंमर दिसि तानै ।
बहुरि उर्ध्वको देह उचावै भूपरि मौरा पाणि रहावै ॥१६४ ॥
दोउ पग पुनि अवर सरीर सूधा उरध सम्य राखै थीर ।
दोउ पगथली समता दाखै गगनदिसा सनमुख करि राखै ॥ १६५ ॥
नीचा ने जुग हाथ पसारे भूसो लगत हथेली धारे ।
नासा उग्र द्रिष्टको राखै सो विपरीति करन बुध भाखै ॥
सकल व्याधि नासक यह जानौ जठराग्निवृधिक्रत मानो ॥ १६६ ॥
॥ इति विपरीतिकरन ॥

## अथ देव आसन ।

प्रथमे सूधो सोवे सोई करे कांकसी कर गहे दोई ।
एडयां अवर पगथल्या दाखै करि अतिक विन तासपरि राखै ॥१६७ ॥
पाछे पाव सीस परि आनै पाद पिष्टि धरती परि ठानैं ।
अैसे मौरा पाणि रहावै त्रिकुटी दिष्टि अचल ठहरावै ॥ १६८ ॥
चौपाई जो कोई प्रेत संतावै आई अथवा कबहू देत दिखाई ।
तौ आसन करि सिवकौ भजै श्री गोरख हणवतकौ जजै ॥ १६९ ॥
दोहा — सात वार यनकौ जपै सात देय पुनि ताल ।
उतर सनमुख बैठिये प्रेत होय बेहाल ॥१७० ॥
॥ इति देव आसन ॥

## अथ गोही आसन ।

दोउ हाथकी कुहणी जोई पुनिह कलाई जाणे दोई ।
पिष्टि आंगुल्या की पुन जान्यो एक सब ले भूउपर ठानौ ॥ १७१ ॥
उभै कलाई जुड़वा राखे तिनपरि आनि सीसपर को दाखै ।
या विधि आसन करे कपारी नासादिष्टि रहे थीर धारी ॥ १७२ ॥

पींडी जंघ मिलावे दोई एडी कूलां राखै भोई ।
गोडा च्यबुक अग्र लगावे आसन गोही नाम कहावे ॥ १७३ ॥

दोहा — सिर नेत्र इखै करै तथा बाम्हणी होय ।
पहर येक आसन सध्या लहे समाधि दी सोय ॥ १७४ ॥

॥ इति गोही आसन ॥

## अथ कोचक आसन ।

दोउ हाथ छीदासा करे तिनसो उभै ईस पकरै ।
पग उचाय आगा ने आने बहुरि जुगति अैसीक विधि ठानें ॥
दोउ हाथ विचि पगरु सरीर फाटक पिछे लटकावे धीर ।
मुखकी दिसा दूसरी राखे दिष्ट आनि त्रिकुटीमध्य राखै ॥ १७३ ॥

दोहा — यह आसन चढतो सथै दिन पंदरातक सोय । यासों नासे न्हाखो जे कदाचित न होय ॥ १७७ ॥

बहुरि धात जाती थमे दिवस तीन के माहि । पुन डैरु नासे तुरत येते रोग नसाय ॥ १७८ ॥

॥इति कोचकासन ॥

## अथ तपकार आसन ।

प्रथम हिंडोल नखरो करावै ताके मध्य रासि लटकावे ।
दोउ बांह विचि रासि सु आनें दछिन कंध तासपरि ठानें ॥ १७९ ॥
दोउ पद नभदिसि पसारै रसीमध्य सब तन को धारै ।
एक पिष्ट एक उदरही दिसा अैसे विधि राखै दोउ रसा ॥ १८० ॥
दोउ पदसो रसी जु गहे कांधा पाणि रसी परि रहे ।
पुनि दोउ कर पाछे आने तिनकी जुगति असी विधि ठाने ॥
दछिन करके पहोचो जोई वामहस्तसों पकरै सोंई ।
तनसों हस्त लगावे नाही दिष्ट स्थापे त्रिकुटी मांही ॥ १८२ ॥

दोहा — सो जो होय सरीर में आसन साधे येह ।
जयतराम ता पुरख की नृमल होवे देह ॥ १८३ ॥

॥ इति तपकार आसन ॥

## अथ भिडोक आसन ।

प्रथम बैसि दोउ पाव पसारे कछुक उर्धको कुरडो डारे ।
एडयांमधि आंतिरो राखे मुद्र हाथ परमाण सु दाखै ॥१८४ ॥

फणा उर्धको उचो राखे खवा उभै गोडा में आनें ।
तिनके मधि जुगत सो ठाने ॥१८५ ॥
काख दोउ अैसी विधि दाखे गोडनको कांखा ढिगि राखे ।
हाथ दोउ पदनमधि ताने तिनको उलट अर बाहरि आने ॥१८६ ॥
तिन कर गहै पगथली दोउ कोर वारली जाने सोउ ।
भूपरि आनि ललाट लगावै द्रिष्टि त्रिकुटीमाहि ठहरावै ॥१८७ ॥

दोहा — इहि आसनसों तेजरो तीजी पाली जाई ।
उदर विथा नासे सकल काया निर्मल थाय ॥ १८८ ॥
॥ इति भिडोक ॥

## अथ ब्रह्मजुराकुस आसन ।

दोऊ फणापाणि होय बैसे एडी दो गुदा निवैसे ।
कोर पगथल्यांकी माहिली आपसमाहि राखै मिली ॥ १८९ ॥
दोउ गोडा आगे आनै सुधो करि उंचा ले ठाने ।
हाथ दोउ ले उपर धरे उभै हथेली सुधी करें ॥ १९० ॥
गोडामधि द्रिष्ट को राखै करे ऐसी भांति ध्यान कों धरै ।
समग्रीवा सम राखे काख सुरको गहि आकर्षे वाय ॥ १९१ ॥

दोहा — इहि आसन जबलग रहै जबलग श्रम अति होय ।
जुर होवे तनमाहि जो याकर नासे सोय ॥ १९२ ॥
॥ इति ब्रह्मजुराकुस ॥

## अथ अंध आसन ।

प्रथम पगथली सम ठहरावै कोरमाहली उभै मिलावै ।
फणापाण उकड कर बैसे दोउ एडी गुदा निवैसे ॥ १९३ ॥
जंघ ओर गोडा सम कर धरै पुन आगाको उभै पसारै ।
गोडामहिला नेत्र दोउ सम करि काठा दाबे सोउ ॥ १९४ ॥

दोहा — पोंहुचाकी संधिमाहिली ताको अैसे ठानि ।
गोडा की बाहरि दिसा तापरि धरै जु आनि ॥ १९५ ॥
नेत्र मे जै पटब व्है पुनि रातींधो होय ।
गावा घृति अरु मिरचसो अंजन कीजै सोय ॥ १९६ ॥

मुखमारग रेचन करे मूलद्वारे दे बंध ।
तो रातिंधो ना रहे नैंननि देखे अंध ॥ १९७ ॥
॥ इति अंध आसन ॥

**अथ भिश्रका आसन ।**

दोउ पगांकी एडी जोई गोडाफणां वाणों फुनि होई ।
गोडा जंघ अधर करि राखै आडेवाह इसी विधि दाखे ॥ १९८ ॥
दोउ एडी उर्धही धरे मूलद्वार ताउपर करै ।
पुनि अंजुली हाथा दाखै तांमै फुनि पोलोटकी दाखे ॥ १९९ ॥
पहुचा अर अंगुरीका अग्र तामै राखै ।
छिद्रसमग्र अंगुरी सकल बदन में करे अंगुष्ट तैला दाता धरे ॥
वोष्ट संपुट नीका राखे नासाअग्र द्रिष्टि थिर दाखै ।
बहुत अहार कीयो जो होइ अथवा दोष अजीर्ण कोइ ॥
तो यहु आसन करे जु आछै धरी दोय भोजन के पाछे ।
सूर्य नाडी पूरे वाई मुखसे ती पुनि रेच कराई ॥ २०२ ॥
भिश्रक ज्यौ अति जोर करावै जैसे श्रम देह में पावै ।
तो आहार कीयो होय जे तौ जर वर भस्म होय सब तेतो ॥२०३ ॥

दोहा — यासो खासी की विथा लागि न सकै कोय ।
नासै ज्वर वे लांजुरौ रोगरहत तन होय ॥ २०४ ॥
॥ इति भिश्रका आसन ॥

**अथ अघोर आसन ।**

पूर्व कहो भिश्रिका जोई वाही विधि जो कीजै सोई ।
सब अंगुरी मुखबाहरि आने मुखको फुनि संपुट करि ठाने ॥ २०५ ॥
जिभा उलटि तालवे धरै हाथांसो आरंभ पुनि करै ।
आरंभ की क्रिया है जोई विधिपूर्व अब वर्णों सोई ॥ २०६ ॥
दछि हथेली मुख परि करे दछिन नासा अंगुष्ट धरै ।
सूर्यसु वाई उरि आनें सहित मात्रा कुंभक ठानै ॥ २०७ ॥
चंद्रनाडि करि वाय उतारे सम सरार नीकी विधि धारे ।
जो दुजै स्वर आरंभ ठानें तो सब स्वर विधि उलटि ठाने ॥ २०८ ॥

दोहा — यहु आसन नितिप्रति करै देही निर्मल होय ।
कुंडलनी भेदे पवन कांति लहै तन सोख ॥ २०९ ॥
॥ इति अघोर आसन ॥

## अथ विजोग आसन ।

चौपाई - गोडां वांणो ऊभौ होई गोडा आडा राखै दोई ।
दछि पादकै पाणि रहावै फणौ वाम गोडा ढिगि ल्यावे ॥ २१० ॥
कोर वारिली संधि भू टेके ऐडी वामपद संधि वसे खै ।
तामाही करि बाहरि आनें वामपादकों फणों भू ठाने ॥ २११ ॥
दोउ हाथसै अैसे करे दोउ नली पगकी पकरैं ।
अंगुली सब मांहा ने आनें अंगुष्ट ले बाहर को ठाने ॥ २१२ ॥
सम सरीर नीकां ठहरावे ध्यान त्रिकुटीमध्य लगावै ।
होय अंजुक्ति धारणामाहि या आसनसों सबै नसाही ॥ २१३ ॥

दोहा — या आसन में किजिये विधिसो प्राणनिरोध ।
वाय गांठि छूटै तुरत घटमें उपजै बोध ॥ २१४ ॥
इति वियोग ।

## अथ जोनि आसन ।

दोउ पगथली संपुट करै एडी मेढ्र के ढिंग धरे ।
अर्ध हाथ को अंतर राखै लिलाट पगथल्या उपर दाखें ॥ २१५ ॥
दसे आंगुरी उग्र मिलावै फणा अग्र पर ले पहरावैं ।
कहुणी लों भूपरि कर दाखै नली अर कहूणी मिलि ठां राखे ॥
सम करि राखै सकल सरीर नासादिष्ट लगावे धीर ।
मुख मारग सो वाई गहै असक्त होय तहां लौ रहे ॥ २१७ ॥
इडा नाडि कर पवन उतारे वार सात या जुगति विचारै ।
चढतौ चढतौ कुंभक साधै वार सात या जुगति अराधै ॥ २१८ ॥

दोहा — बंध होय मलमूत्र को वायविग्रहै कोय ।
या आसन कै करतही द्रवीभूत सो होय ॥ २१९ ॥
॥ इति जोनि आसन ॥

## अथ बोधसोक आसन ।

दोउ पगथली भूपरि धरै कोर मांहिली अैसे करै ।
कोर मिलाई उकड़ बैसे जंघा छाती अग्र निवेसे ॥ २२० ॥
च्यबूक गोडा उपरि करै नासादिष्टि अचल ले धरै ।
भुजा परसपर पकडे दोई खवांलागनी कठिन जु सोई ॥
बहुरि उभै भुज कीजु कलाई कला गोडा अग्र धरै लगाई ।
यो आसन चढतौ जु करावै मृगी आवती कदे न आवै ॥ २२२ ॥
॥ इति बोधसोक ॥

## अथ भग आसन ।

उलटा मोडि पाव दोउ बैसे बहुरो जुगति करै एक अैसे ।
पावन माहिला गुलफु जु होउ कुला पाखति लावे सोउ ॥ २२३ ॥
पिष्टि पगथल्यां की पुनि जोई हाथासो मोडै वह सोई ।
ताको जंघनिके ढगि ल्यावै तासो तिनकी पिष्टि लगावै ॥ २२४ ॥
अंगुरी अग्रदा पाखत्यां पादकी जोई रदा पाखत्यां आने सोई ।
हाथ दोउ गोडापरि राखै दिष्टि त्रिकुटीमध्य दाखै ॥ २२५ ॥
दोहा — पौन सरल यासों वहै संधिवाय मिटी जाय ।
ग्रंथि जु प्रानअपान की यासौं तुरत नसाय ॥ २२६ ॥
॥ इति भग आसन ॥

## अथ रुद्र आसन ।

वाम चरनपरि दछिन राखै पुन एक जुगति असीविधि दाखैं ।
वाम पगथली महिली कोर दछिन कीजु बाहरिली वोर ॥
अैसे दोउ देत मिलाई गोडा राखै आडेवाई ।
एडी मूलद्वारतरि देवै गोडा उपरि हस्त जो लेवे ॥ २२८ ॥
इडा नाडि करि वाई गहे द्वादस मात्रा जो लो कहै ।
यथासक्ति कुंभक थिर धारे पुनह प्यंगुला वाय उतारे ॥
या विधि अष्ट प्राणायाम जु करै त्रिकुटीमध्य दिष्टि ले धरै ।
ग्रंथि अपानपरी जो कबै या आसन करि नासै सबै ॥ २३० ॥
॥ इति रुद्र आसन ॥

## अथ दूसरी विधि पदमआसन ।

दछण जंघपरि डावो राखै चरण वाम जंघ दाखै ।
च्यबुक कंठकूप ले ठाने दिष्टि नासिका अग्र जु आने ॥ २३१ ॥

दोहा — पवन बंधा याते रहै ओर रोग छै होय ।
याकी महिमा अधिक है जानै विरला कोय ॥ २३२ ॥

॥इति पदम आसन ॥

## अथ सिवलिंग आसन ।

दोउ पाव सीसपरि आंनै फुनि एक जुगति और ताहां ठानें ।
दोउ पगके अंगुष्ट जोऊ तिनपरि मूठी कर की दोउ ॥ २३३ ॥
तला उपरी धरै जु आन भूपरि रहै मूल के पानि ।
नासा अग्र दिष्टि ठहरावै सकल रोग नासको पावै ॥ २३४ ॥

॥ इति सिवलिंग ॥

## अथ दूसरो मछंद्र आसन ।

प्रथम जीमणो चरण जु जोई वाम जंघपरि राखै सोई ।
ताकी एडी कडिसो लावै बहुरि जुगति यह ओर करावै ॥ २३५ ॥

दोहा — वाम चरण को वारिलो गुलफही जानो वीर ।
दछिण गोडां माहिली आघ्र मध्य धर थीर ॥ २३६ ॥

चौपाई — दोउ पाव की अंगुष्ट जोउ उभै हस्तसो पकरो सोउ ।
पुनि ललाट धरतीसों लावे छाती घटसों आनि मिलावै ॥ २३७ ॥

दोहा — या आसनसों पीडा जो गोडामाही होय ।
जयतराम तज पीड सो गोडो निर्मल जोई ॥ २३८ ॥

॥ इति मछद्र दूसरो आसन ॥

## अथ वाल्मीक आसन ।

दोहा — डावा पगकी पगथली पुनि एडी है जोय ।
फणां दिसी मेढ्र दक्षिण आणि लगावे सोय ॥२३९ ॥

चौपाई — दछि पाद की एडी जोई बाई नली लगावै सोई ।
अंगुष्ट गोडां लगता राखे पुनह पगथली धरती दाखै ॥ २४० ॥

दोहा — हाथ उभै गोडां धरे दिष्टि त्रिकुटी माही ।
सो जो होवै पगनिमै सो छिन रहे जु नाही ॥ २४१ ॥

॥ इति वाल्मीक आसन ॥

### अथ व्यास आसन ।

प्रथम वाम गुलफ है जोई तरफ माहिली पकरे सोई ।
दछिन चरण वारली काख ताके निकटि तास को राख ॥ २४२ ॥
पिष्टि दछि एडी की जोई गोडा वाम अग्र धरै सोई ।
दछि पगथली को यो दाखै कोर वारली भूधर राखै ॥ २४३ ॥
अरु पुनि पिष्टि हथेली करी गोडा उपरि राखै नेरी ।
अंगुरी सकल भिन करि राखै आसण व्यास याहि बुध भाखै ॥ २४४ ॥

दोहा — पवन सहित खटमास यौ आसन साधे कोय ।
साम्र की बाहुलिता ताकै सहजिही होय ॥ २४५ ॥
॥ इति व्यास आसन ॥

### अथ दत्तदिगंबर आसन ।

चौपाई — प्रथम जीवणो पाव उचावे डांई जंघ उपरि करि ल्यावे ।
डाई पाखती ताको आने गोडां उपर तल करि ठाने ।
पगथलिया बाहरिकी कौर धरती टेके राखै जोर ॥ २४६ ॥
तिरछा पग अढा जु पसारे कूलां एडया अंतर धारै ।
मूंड हाथ उनमान सु राखे दोउ कर पावन परि दाखै ॥ २४७ ॥
लांक पगथलीकी जो दोऊ उभै हस्त सो पकरै सोऊ ।
त्रिकुटी दिष्टि धरै पुन धीर समसरीर राखै करि थीर ॥ २४८ ॥

दोहा — पवन धारणा सहित यो आसन साधै कोय ।
सीत वात का रोग ते सो नर मुक्ता होय ॥ २४९ ॥
॥ इति दत्तदिगंबर आसन ॥

### अथ सिधसमाधि आसन ।

दोउ पगथली संपुट करै सो ले मेढ आगमे धरै ।
अंगुल आठ आंतरो राखै एडी को अैसे विधि दाखै ॥ २५० ॥
आणे हाथ पगांके माही कौहणी सहित तलाया ताई ।
आम्हासाम्हा कर पुनि दोई भूपर राखै सुधा सोई ॥ २५१ ॥
फणा दोउ आगा ने करे नासा को भूउपरि धरै ।
पाद अंगुष्टा कंठ लगावै नासाअग्र दिष्ट ठहरावै ॥ २५२ ॥

पवन धारणा सहतयौ साध्या लगावै समाधि ।
देही नृमल होय मुनि कदे न उपजै व्याधि ॥ २५३ ॥
॥इति सिध समाध ॥

## अथ चरपटचोक आसन ।

दोउ पगथली संपुट धारे आगा ने कर जोरय सारे ।
गोडा भूसौ लगता राखे हाथ दोउ गोडापरि दाखै ॥ २५४ ॥
आंखिमाहिली उपरि ठांनै गोडा दावि भूमिपरि तानै ।
दिष्टि त्रिकुटी राखै गोई चरपटचौक कहावै सोई ॥ २५५ ॥
दोहा — अर्णचक्र संजु मुक्त नर चितवन करै जु कोय ।
नैननिको नासै तिमिर जोति नृमली होय ॥ २५६ ॥
॥ इति चरपटचोक आसन ॥

## अथ ग्वालीपाव आसन ।

पूर्व चरपटचोक कह्यो सोइ वाही विधि यो कीजी सोई ।
यामे एडी भिन जु राखै अंगुल आठ अंतरो राखै ॥ २५७ ॥
च्युबुक कंठकूप में ठानौ नासाअग्र दिष्ट को ठानौ ।
या करि जालंघर बंध होई साधिक साधे विधिसो कोई ॥ २५८ ॥
॥ इति ग्वालीपाव आसन ॥

## अथ कनेरीपाव आसन ।

ग्वालीपाव आसन कह्यो है जैसे याहुमैं जाने विधि तैसे ।
दोउ गुलफ माहिला जानो अरु एड्याविचि कहूनी ठांनो ॥ २५९ ॥
हस्त उभै उभा कर राखै दोउ हथीली जुड़िवां दाखै ।
बहोरि हथीली भाल लगावे अंगुली मेलि सिसपरि ल्यावै ॥ २६० ॥
दोहा — नासाद्रिष्टि लगाय के आसन साधे येह ।
लगे बंधि उडियाण पुनि नृमल होवे देह ॥ २६१ ॥
॥ इति कनेरीपाव आसन ॥

## अथ हालीपाव आसन ।

पूर्वविधि याह मै जानौ उभै पगथली संपुट ठानौ ।
पिष्ट पछै दोउ कर ल्यावो दछिण करसों वाम गहावों ॥ २६२ ॥

पिष्टि हथेल्यां की है जोई अंसुस्वासहित भूमि धरै सोई ।
पुनि ललाटि भूपरि ठाने एड्या लगता माही आने ॥ २६३ ॥

दोहा — कपालभाथी खुलत है या आसनसो वीर ।
नासादिष्टि लगाइकै साधी कहा धीर ॥ २६४ ॥

॥ इति हालीपाव ॥

**अथ मीडकीपाव आसन ।**

दोउ एडी मेलि पसारै फणा दोउ न्यारा कर धारे ।
पुनह ललाट भूमि परि ठानै एडया नखैनिकट ले आने ॥ २६५ ॥
हाथ दोउ गोडापरि धारै तिरछा आडे वाइ पसारै ।
अंगुरी अवर हथैली दोई भूसौ लगती राखै सोई ॥ २६६ ॥

दोहा — यासो पांचौ वाई सब मिलै एकठी आय ।
सहित धारणा साधिये नासादिष्ट लगाय ॥ २६७ ॥

॥ इति मीडकीपाव आसन ॥

**अथ जलंध्रीपाव आसन ।**

दोहा — दोउ एडी मैलकै दीजै हाति पसारि ।
पुनि च्यिबुक मुखनासिका ता ढिग भूपरि धारि ॥ २६८ ॥
पुनि दोउ कर पावनमांही आम्हांसंम्हा आडौ वांही ।
मिलिवां कोहण्यासौ भूपरै अंगुज्यासहित आसी विधि करै ॥ २६९ ॥

दोहा — हथेली सूधी करे नासादिष्टि लगाय ।
जयतराम के सध्या रोग जलंधर जाय ॥ २७० ॥

॥ इति जलंध्रीपाव आसन ॥

**अथ गोपीचंद आसन ।**

दोउ पगथली संपुट दाखै अंगुरी सकल भिंन करि राखै ।
दोउ हस्त काकसी करियै कौर पगथल्याकी परि धरियै ॥ २७१ ॥
अंगुष्ट कंठकूप धरि राखै एडी उभै ह्रिदा मे दाखै ।
पूर्वकरी कागसी जोई चटी अंगुल्या राखै सोई ॥ २७२ ॥
तापरि च्युबुक को धरै आनि दिष्टि रहै नासा मैं ठानि ।
यासो जालंघर बंघ होई इडा पिंगला जितै सोई ॥ २७३ ॥

॥ इति गोपीचंद आसन ॥

**अथ भरथरी आसन ।**

आसन गोपीचंद कह्यो जैसे याहुको कीजे पुनि तैसे ।
कोर पगथल्याकी माहिली सिखा आनिं मेले दोउ मिली ॥ २७४ ॥

दोहा — या आसन के कीयेते मूलबंध लगि जाय ।
जयतराम साथिके रहै नासादिष्टि लगाय ॥ २७५ ॥

॥ इति भरथरी आसन ॥

**अथ वसिष्ट आसन ।**

दोउ पगथली संपुट ठाने हाथ दोउ पावनमधि आनै ।
नीचै करि बाहरि ले आवै कहुण्यामाहिली संधि लगावैं ॥ २७६ ॥
बहु-यौ भुजा धरे यों दोउ करे कांकसी तिनकी सोउ ।
पग उचाई उचाको ल्यावै पुनह काकसी सिखा लगावै ।
आसन कीजै सोय जयतराम याकै किया पवनमा हित होय ॥ २७७ ॥

॥ इति वसिष्ट आसन ॥

**अथ चित्र आसन ।**

प्रथम पगथली संपुट करै पुनह जुगति ऐसी विस्तरे ।
डाई कहूणीमहिली संधि तापरि दोउ एडी बंघ ॥ २७८ ॥
फणा जुगम डरथ करि राखै बहुरि जुगति ऐसी विधि दाखै ।
बहुरि पगथली महली कोर सीस लगावे करिकै जोर ॥ २७९ ॥
एडी पुनह ललाट जु दाखै अंगुरी हथेरी फणा जु राखै ।
दछिन भुजकी हथेली जोई गलै लगावै संपुट सोई ॥ २८० ॥
अंगुरी सकल करै इह भाय दछि पाखती धरै सु आई ।
कहुणी नाभि सुधि ले आवै ताको उद्रही आनि लगावै ॥ २८१ ॥

दोहा — पथरी होवै पेटमै या आसन सो जाय ।
गुरुमुख साधन कीजिये नासा द्रि्ष्ट लगाय ॥ २८२ ॥

॥ इति चित्र आसन ॥

**अथ अंजनी आसन ।**

दोउ करकी उभै हतेली कोर वारिली मै ले भेली ।
सो आगा नै भूपरि दाखै माहा नै अंगुली मिलि राखै ॥ २८३ ॥

अंगुष्ट छीदा राखै दोई पुनह हथेली पिष्टि जु जोई ।
तापरि मूलद्वारि टिक बैसे बहुज्यौं जुगति करै एक बैसे ॥ २८४ ॥
कुहुण्यामहिली आखि मिलावै हाथ उद्रसौ लग्या रहावै ।
बहुरो लांबा पाव पसारे फणा उर्ध्व एडी भू धारै ॥ २८५ ॥
अंगुष्ट अवर गुलफ माहिला राखै जुडया करै नही खुला ।
साधै नासादिष्टि लगाई ताको हरस रोग सब जाई ॥ २८६ ॥
॥इति अंजनी आसन ॥

## अथ सावत्री आसन ।

प्रथमै दछिन पदकौ मोर ताकी पगथली माहिली कोर ।
तापरि मूलद्वारि टिकि बैसै डाई एडी जोनि निवैसै ॥२८७ ॥
फणो मोडि दछिण दिसि ल्यावै ताकी महिली वोर लगावैं ।
हस्त दोउ गोडापरि धरै खवासहित वपको सम करै ॥२८८ ॥
चढतौ चढतौं साधै थीर राखै एक महूरत धीर ।
यासौ वीरज थंभन होइ सहित धारणा साधे जोइ ॥२८९ ॥
॥इति सावत्री आसन ॥

## अथ गरुड आसन ।

डावो पाव मोडि भू ठानै तापरि मूलंद्वा को आने ।
गुलफ माहिला उपरि बैसै बहुरि जुगति करै एक अैसै ॥२९० ॥
दछि पगथली भूपरि दाखै गोडौ ऊंचौ ऊभौ राखै ।
पुनह पगथली महिली कोर डावा गोडा पींडी वोर ॥२९१ ॥
तिनकी महिली तरफ लगावै हाथ दोउ गोडापरि ल्यावै ।
नासाद्रिष्टि अचल कर राखै आसन गरुड ताहि बुध भाखै ॥२९२ ॥

दोहा— जो कदाचि कहूभांति धातही जाती होय ।
आसन कीजै गरुड जब थंभक पावै सोय ॥२९३ ॥
॥इति गरुड आसन ॥

## अथ सुकदेव आसन ।

डाई जंघ अरु एडीमाहि दछन पींडी धरै सु ताहि ।
आंख वाम गोडामाहीली राखै दछि गोडा अग्र मिली ॥२९४ ॥

दोई एडीको अग्र जो जोरि कूलातरि दे बैसै मोरि ।
पहुंचा की संध अैसै करै जंघ कड्याकी संधिपरि धरै ॥२९५ ॥
सोउ मांहिली तरफ जु राखै अंगुली जंघा वारै दाखै ।
अंगुरी छिदी करि लटकावै पंकजकै आकार बनावै ॥२९६ ॥
उभै हथेली सूधी करे नासा अग्र द्रष्ट कौ धरैं ।
पवन धारणा सहित जु साधै सो नर काव्यसक्ति को लाधै ॥२९७
॥इति सुकदेव आसन ॥

## अथ नारद आसन ।

पिष्टि जु वाम पगथली केरी भूपरि ताहि लगावै फेरी ।
गोडा सुधौ फणो है जोई दछि पाखती राखै सोई ॥२९८ ॥
बहु-यौ वाम पगथली जानौ दछि पगथली तापरि ठानो ।
उभै जोडि समता करि दाखै दछिन गोडा उभौ राखै ॥२९९ ॥
डाई एडीसो जामणी कछु एक ऊची राखै ।
अणी तापरि जोनिस्थानही दाखै सम्यक दिष्टि त्रिकुटी राखै ॥३०० ॥
दोउ हस्त काकसी करै मेलि गुदी पछि ने धरै ॥
आगा ने कहुणी द्वै ल्यावै दछि जंघ वारै सु मिलावै ॥३०१ ॥

दोहा— या आसन के कीयेते बहरापण मिट जाय ।
नृमल होवै कर्णपुट जो साधे इह भाय ॥३०२ ॥
॥इति नारद आसन ॥

## अथं नरसिंघ आसनँ ।

दोउ फणा पाणि होय बैसे एडी मेलि गुदा नि[illegible]
सम सरीर नीका ठहरावै नासाअग्रद्रष्टि [illegible] ॥३०३ ॥
दोउ हथेली भूपरि धरे पाद अंगुष्ट तो लगती करे ।
अंगुरी सकल भिन्न कर राखै अंगुष्ट उभै समता दाखै ॥३०४ ॥

दोहा— मुख पसारि पुनि जीभ को बाहरी काढे सोई ।
जिभ्या पावै अमलता काव्यसक्ति अति होय ॥३०५ ॥
॥इति नरसिंघ आसन ॥

### अथ वराह आसन ।

दोउ पगथली ऐसे राखै कोरमाहिली मिलिवा दाखै ।
फणापाणि उकड होय बैसै मूलद्वार एडी जु निवैसे ॥३०६ ॥
जंघ उभै छीदीं यों करै अंगुल च्यारि अंतरा धरै ।
दोउ हाथ कांधापरि आणै बहुरि जुगति ऐसै एक ठाने ॥३०७ ॥
अंगुरी अवर हथेली जोई काठी मौरा राखै सोई ।
हाथ जोडि अर लगि ठां राखै नासाद्रिष्टि वचन नही भाखै ॥३०८ ॥

दोहा— खड अछिर मंत्रसहित आसन करै पुमान ।
ताको होवे जैतराम तीन कालको ग्यान ॥३०९ ॥

॥इति वराह आसन ॥

### अथ कपिल आसन ।

उभै पगथली सम ठहरावै तिनकी माहिली कोर मिलावै ।
फणापाणि उकड होय बैसे एडी दोउ जोनि निवैसे ॥३१० ॥
गोडा दोउ भूमि लगावै सम[illegible]रीर नीका ठहरावै ।
हस्त दोउ गोडापरि राखै [illegible]द्रिष्ट्रि अचल करि दाखै ॥३११ ॥

दोहा— या आसन के कीयेते आछी हो[illegible] [illegible]ान :
वीरज थंभे देहमैं कबहू न पावै जान ॥३१२ ॥.

॥इति कपिल आसन ॥

### अथ जती आसन ।

दोउ एडी संपुट करै सो ले मूलद्वारितरि धरै ।
फणांपाणि उकड होय बैसै बहुरि पिष्टि दिसि करै जु अैसै ॥
कहुणी धरती धरै जु आणि सोवै मोरां कहुण्यां पाणि ।
पुनि मस्तगकी पुछली कौर आणि लगावै भूकी वोर ॥३१४ ॥
गोडा आगा नै करि राखै छीदासा भूउपरि दाखै ।
पिष्टि पगथली की पुनि जोई मुरच्छा लागती पकडै सोइ ॥

दोहा— यो आसन नित्य कीजिये नासाद्रिष्टि लगाय ।
मन वसि होवै जैत कहि काया नृमल थाय ॥३१६ ॥

॥इति जती आसन ॥

## अथ वृसपति आसन ।

दछिन गोडा आगै करिकै वामपाद दछिन दिसि धरिकै ।
ताहि मोडि अैसी विधि करै कूला नीचै ताकौ धरै ॥३१७॥
अधरही रहै फणाकै पाणि हस्त धरै गोडापरि आणि ।
नासाअग्र द्रिष्टि थिर राखै विसपति नाम ताहि बुध भाखै ॥३१८॥

दोहा— पवन धारणा सहित जो आसन साधै येह ।
जलमाही डूबे नही तिरै तूल ज्यौ देह ॥३१९॥
॥इति वृसपति आसन॥

## अर पारवती आसन ।

गोडा दोउ आडा राखै डाऊं पाद दछि जंघ दाखै ।
फणो जीमणौ भूपरि धरै एडी सम्यक उची करै ॥३२०॥
वाम पगथली महिली कोर मेले दछिन पींडी वोर ।
डाऊं गुलफमाहिलौ जोई अर दछिण वारिलौ सोई ॥३२१॥
ऐसे दोउ गुलफ मिलावे बहुरि जुगति अैसै ठहरावै ।
दोउ गोडा यौ करि चहै अधर दछि फणी परि रहै ॥३२२॥
हस्त दोउ गोडापरि राखै नासाद्रिष्टि अचल करि दाखै ।
पवन धारणासहित जु करै मायाबीज मंत्र उचरे ॥३२३॥

दोहा— यौ आसन गुरुमुख करै मायाबीज जपि कोय ।
परवत भेदे सहजमै ताको खेद न होय ॥३२४॥
॥इति पारवती आसन॥

## अथ कुरकट आसन ।

दोउ हाथ पग बाहर ल्यावै गोडा नीचे ले ठहरावै ।
आम्हां साम्हां अैसै करै आपस में कोहणी पकरै ॥३२५॥
उभै हाथ की उभै कलाई गोडाकी काखां दे आई ।
अैसै दावि उकड बैसै नासाअग्र द्रिष्टि रहै जैसै ॥३२६॥

दोहा— जो कदाचि कहू भांतिकी होय पासल्यां वाय ।
या आसनसौ जैत कहि दिवस तीन मै जाय ॥३२७॥
॥इति कुरकट आसन॥

## अथ काकभुसंडी आसन ।

प्रथमे बैसक उकड ठानै दोउ हाथ पगाव्यीच आनैं ।
तिनको मोडि नल्यापरि ल्यावै पिष्टपछै काकसी करावै ॥३२८ ॥

दोहा— या आसन के कीयेते दीरघु जुर सब जाय ।
जैतराम यों कीजियै नासाद्रिष्टि लगाय ॥३२९ ॥

॥इति काकभुसंडी आसन ॥

## अथ सिध हरताली आसन ।

प्रथम पदमआसन कों करे हस्त दोउ गोडा संधि धरैं ।
उभे हथेले भू धरि राखै पोहचा गोडा संधिमैं दाखै ॥३३० ॥
पिष्टि हथेली की है जहां आसन लगवा राखै तहां ।
नासाद्रिष्टि अचल ठहरावै सिद्ध हरताली नाम कहावै ॥३३१ ॥

दोहा— या आसनसो देहमें सदा रहे आनंद ।
नित्यप्रत्य साधन करे कटे रोग के फंद ॥३३२ ॥

॥इति सिध हरताली आसन ॥

## अथ सुमति आसन ।

मूलद्वारि धरती परि ठाने डावा पगपरि दछ पद आने ।
डांई पाखती को ले आवै हाथ एक अंतर ठहरावै ॥३३३ ॥
दोऊ एडी टेके अैसै आडो वांई राखो तैसै ।
फणा जुगम उभा कर राखै गोडा दोउ उभा दाखै ॥३३४ ॥
गोडातरै हाथ करि रहै आम्ही साम्ही कोहणी गहै ।
नासाद्रिष्टि अचल पर राखै आसन सुमति नाम सो भाखै ॥

दोहा— पवन धारणा सहित जो आसन साधै एहि ।
विमल बुधि होय तासकी रोगरहित पुनि देह ॥३३६ ॥

॥इति सुमति आसन ॥

## अथ कल्याण आसन ।

दोउ हाथ पगां विचि आने तिनको गोडा नीचै ठानै ।
बहुरि पाखत्या बाहरि ल्यावै पुनह युगति अैसै ठहरावै ॥
बहुरि मोडि पाठा ने आने करि परिल्याइ काकसी ठाने ।
दोउ पाद अधर करि राखै नासा अग्र द्रिष्ट को दाखै ॥३३८ ॥

दोहा— पवन धारणा सहित जो आसन साधै थीर ।
दिवस सात साधन किया नृमल होय सरीर ॥३३९ ॥
॥इति कल्याण आसन ॥

## अथ उर्धपवन आसन ।

प्रथमे सूधो सैन करावै गोडा उभा राखि मिलावै ।
गुलफ माहिला अंगुष्ट दोई करे एकसा मेलर सोई ॥३४० ॥
उभै हस्त कांकसी करै सो ले मस्तक नीचै धरै ।
नासा अग्र द्रिष्टि ठहरावै याते नाडि सरलता पावै ॥३४१ ॥
॥इति उर्धपवन आसन.॥

## अथ मसक आसन ।

प्रथमे सूधो सैन ही करे वामपाद कांधापरि धरे ।
तापरि दछन पग को आने दोउ हस्त अैसी विधि ठाने ॥३४२ ॥
तनसो लगिवा नीचा धारै भूपरि सूधा हसत पसारे ।
नासा अग्र द्रिष्टि ठहरावै याते रोगनास सब पावै ॥३४३ ॥
॥इति मसक आसन ॥

## अथ ब्रह्म आसन ।

बैठे प्रथम मूलकै पाणि दोउ पग कांधै धरै आणि ।
बहुरि पायड़ापरि ले जावै कूखिनखैलके ठहरावै ॥३४४ ॥
अधर रहै हाथांकै पाणि नासाद्रिष्टि करै थिर आणि ।
यौ आसनहित सो जो करै सबदज्ञान ता नर को फुरै ॥३४५ ॥
॥इति ब्रह्म आसन ॥

## अथ अनील आसन ।

दोउ हाथ भूमपर ठानो कहूणी जाडि नाभिलग आनै ।
फणा दोऊ अैसै विधि करै पिष्टि हथेल्याकी परि धरै ॥३४६ ॥
अैसै रहै कराकै पाणि द्रिष्टि धरै नासामध्य आणि ।
यासो तपत मिटे तन केरी जैतराम प्रकट कहै टेरी ॥३४७ ॥
॥इति अनील आसन ॥

## अथ कूर्म आसन ।

चौपाई— प्रथम पदम आसन को करै गोडासंधिमाहि करि धरै ।
तरफ दूसरी कर दोऊ आने कोहण्या उपर संधि ले ठाने ॥३४८ ॥
गुदी पछे दोऊ कर ल्यावै तहां आनि कांकसी करावै ।
पुन ललाट भूउपर धरै नासा अग्र द्रिष्टि थिर करै ॥३४९ ॥

दोहा— रोग नास सब होत है पातालि तली सोय ।
जयतराम कुरम स्फुरगुम निहचै जाणै जोय ॥३५० ॥
॥इति कूर्म आसन ॥

## अथ नग्र आसन ।

प्रथम पदम आसन को ठाने दोउ हाथ पाछा ने आने ।
पाद अंगुठा पकडे आणि सोवै कहूण्या कूल्या पाणि ॥३५१ ॥
गोडा जंघ अग्र को दाखे मसतग सो सम सूधो राखे ।
नासा अग्र द्रिष्टि को धरे आसन न्ग्र ईसी विधि करै ॥३५२ ॥

दोहा— नासा रोगु जुना रहै विसाली पीनस जोय ।
जुखाम आदिक सब हरै नग्रासन गुण सोय ॥३५३ ॥
॥इति नग्र आसन ॥

## अथ परसराम आसन ।

प्रथम करै पदमासन आछै सूधो सोवे भूपरि पाछे ।
गोडा अरु जंघाये दोई भूसो लगता राखै सोई ॥३५४ ॥
दोउ हाथ मसतग दिस धारै लांबा भूसो लगत पसारे ।
बहुरि वाम हस्त है जासौ दछि हथेली पिष्टि जु तासौ ॥३५५ ॥
नीकी विधिसो पकरै सोई नासा अग्र द्रिष्टि रहै गोई ।
सकल सरीर करन आराम आसन परसरामसे नाम ॥३५६ ॥
॥इति परसराम आसन ॥

## अथ सिध आसन ।

चौपाई— वाम पाद की एडी जानौ सीवनमधि तासको ठानो ।
दछिन पाद की एडी जोई मेढ्रमधि लगावे सोई ॥३५७ ॥
गोडा दोउ हस्त जो धरे भूमे द्रिष्टि देहि सम करे ।
सिधासन येह राम कहावे याका गुणकी कहत न आवे ॥

**दोहा—** सहस्र बहतर नाडि जै मल तज नृमल होय ।
तीन बंध सहजै फुरै लहै उनमनी सोय ॥३५९ ॥

॥इति सिधासन ॥

**चौपाई—** चोरासी लछ आसन सारे तिनमै चौरासी सत्त निकारे ।
सत सत एक ही जाणिये चतुरासी कहे वखाणि ॥३६० ॥

**दोहा—** चतुरासी आसण कहे सारभूत है सोय ।
जयतराम इनकै सधे सकल योग सिध होय ॥३६१ ॥
या विधि आसन वरनीया[२६] गुनिमिश्रत पुनि सोय ।
जयतराम साधन कीये मन वांछत फल होय ॥३६२ ॥
या विधि आसन द्रिढ करै गुरकी आग्या पाय ।
जयतराम ता पुरुख के प्राणायाम सधाय ॥३६३ ॥

**इति श्री जोगप्रदीपकायां जयतरामेण विरचितायां आसनवर्णन नाम त्रितीय खंड ॥३ ॥**

२६ - *गुणमिश्रत (भा)*

## अथ मढी की विधि ।

**चौपाई—** कहों जोग की जुक्ति जु सोई जाने ताहि विघ्न नही होई ।
जो नर जोगक्रियाकों ठाने रहिणो कहा ठोर सो जाने ॥३६४ ॥
निर्भय देस उपद्रव नाही आणि अथवा नगरजु मांही ।
देखि एकांत गुहा सुंभ करै जुक्तसहत नीका विस्तरे ॥३६५ ॥
[२७]सुक्षमता को द्वारि बनावै लीप[२८] ल्हे अति विमल करावै ।
और सबद न सुनिये जहां अैसै जानि गुहा करै[२९] आनि तहां ॥३६६ ॥
तामै आसन कौ ले आवै कोमल कंबल[३०] तहां बिछावै ।
पंच स्नान करि निर्मल होवै बैठे अचल चंचलता[३१] खोवै ॥३६७ ॥
॥इति मढी की विधि ॥

## अथ विघ्न निवारण मंत्र ।

**चौपाई—** बहुरि विघ्नके[३२] मंत्र उचारै ताकरि सकल विघ्नकौ ट़ारै ।
अपसर्पति भूत जो जोई अथवा भूमधि वसत[३३] जु सोई ॥३६८ ॥
अथवा विघ्नकरन जो आवै गुरुकी क्रिया नास सो पावै ।
बहुरि पृथी के मंत्र उचारे ताकरि आसन निश्चल धारै ॥३६९ ॥
पृथी सकल लोक तू धारै तोकौ देवी विष्णु धारै ।
मोको भद्रे धारि जु सोई आसन होय पवित्र जिम[३४] जोई ॥३७० ॥
॥ इति मंत्र ॥

**दोहा—** अैसै विघन[३५] निवारि कै साधै जोग सुजान ।
जयतराम तब पाय है अष्ट अंग को ग्यान ॥३७१ ॥
॥इति विघन[३६] निवार्ण ॥

---

*२७. स्वछिमता (भां)*
*२८. लीपि ल्हेसि (भां)*
*२९. करै तहां (भां)*
*३०. कम्मल सु (भां)*
*३१. चपलता (भां)*
*३२. जहासौ (भा)*
*३३. वस्त (ना)*
*३४. जिमि (भां)*
*३५. मठी बनाइ कै (भां)*
*३६. इति मढी (भां)*

## अथ मित्याहार वरनन ।

चौपाई— प्रभुकी आग्या जो कछु आवै ताकरि मन संतोष धरावै ।
संकल्प विकल्प मन तै टारै प्रथमही साधिक यह मति[३७] धारै ॥३७२ ॥
अधिक अहार आय जो परै ताकौ असन युक्ति सौ करै ।
दोय भाग अंनसौ भरि लेवै त्रितीय भाग तोय भरि देवै ॥३७३ ॥
चतुर्थ को अवसेष रहावै तामे प्राण[३८] वाय ले आवै ॥
जो कबहु पूरण भक्षि करै ताकै वाय न घट में फिरै ॥३७४ ॥
अधिक उश्न भोजन नहि लेवै बहुत कालकौ सो तजि देवै ।
भक्ष्य[३९] अभक्ष्य कौ वारंवारा जोगी नित्य[४०] प्रत्य करै विचारा ॥३७५ ॥
अति खाटो अति मीठो खारो अैसी भक्ष्यन सकल निवारो ।
अरु जे वुस्त मादादिक जोई तिनको भखे जोग नही होई ॥३७६ ॥
भंग अफीम भक्ष जो करै सो तो जाय नरक में परै ।
सहस्र वर्षलग निकसै नाही नाना दुख सहे तामाहि ॥३७७ ॥
बहुरि मद्यमास जो खावै सो तो नरकु[४१] तुरतही जावै ।
अनंतकाल पुनि तासंग रहै ताको दोष वरनि को कहै ॥३७८ ॥
पुनह तमाखु पीवे कोई रौरव नरक परे पुनि सोई ।
जुग जुग माहि सास ना सहै काढे कौन नीस-यों चहै ॥३७९ ॥

दोहा— इहि विध[४२] मित्याहारकौ जोगी करै अहार ।
जयतराम जब सहजमें लहै जोगमत सार ॥३८० ॥
॥इति मित्याहार ॥[४३]

## अथ स्वर फेरवाकी विधि ।

चौपाई— स्वर फेरनकी जुगति बताऊं साधिक को अति सुगम लखाऊं ।
जा जा कारजों में जो चहै जयतराम ततछिन लहै ॥३८१
वाम हस्तकी कुहनी जोई वामकूख ले राखे सोई ॥
अंगुरी छिदीकर भू लावै दाबै कछु सूर स्वर आवै ॥३८२ ॥

---

*३७. मत (भां)* *३८. प्राणि (नां.)*
*३९ भक्षि अभक्षि (ना.)* *४०. निति प्रति (भां)*
*४१. नरकि (भां)* *४२. विधि (भां)*
*४३. मिताहार (भां)*

बहूरौ जबै चंदसुर लेवे दछिन कूख दछि कर देवै ।
अंगुरी भिंनि भूमिपरि धरै चांपे कूख तूरत सुर फिरै ॥३८३ ॥
जोनि स्थान नाडि त्रिय सोई इडा पिंगुला सुखमन जोई ।
चांपै इडा सूर सुर आवै पिंगला पीडया चंद्र वहावै ॥३८४ ॥
जोगी दिवस चंद्र सुर[४४] चाहै सूरज रैनि सदा औगाहे ।
अैसी जुगति निरंतर धारै निश्चल रहै कालभय टारै ॥३८५ ॥

दोहा— विसरग और सनानमै भोजन करता जो सोय ।
जोकी राखै सूर सुर सावधान द्रिढ होय ॥३८६ ॥
दिवस चंद अरु रैन रवि सुर राखै सुजान ।
ताके सुर फेर न लिये इक मगरुई ठान ॥३८७ ॥[४५]
प्रातविसर्जन न्हानमें भोजन सुर ले भान ।
जो सुर चंद हि चले तो रोक सुरुई आन ॥३८८ ॥[४६]

चौपाई— सयन समै सुर चंद्र चलावै वाम करोट सयन ठहरावै ।
जीवत सुरकौ नीचै धरै मुवो वोढ उरध ले करै ॥३८९ ॥
वजरी करता अमरी रोके अमरी करता वाई[४७] सोकै ।
मूलबंध पुनि दृढि करि धरे वजरी अमरी तब वस करे ॥३९० ॥
आलस निद्रा अरु उदगार छीक जंभाई लेहू विचार ।
प्रान अपान आदि वसि आवै जो या साधन सो मन लावै ॥३९१ ॥

दोहा— जल नहीं पीवै जुगम स्वर इह साधन दृढ होय ।
जयतराम तब बरस मैं काया पलटे सोय ॥३९२ ॥
॥इति स्वर फेरन विधि ॥

## अथ प्राणायाम वरनन ।

दोहा— प्राणायाम त्रिविधि कहै मंत्रसहित पुनि सोय ।
जयतराम साधन किया मन वसि सहजै होय ॥३९३ ॥

---

*४४. स्वर वाहै (भा)*

*४५. Missing in (ना)*

*४६. Missing (ना)*

*४७. पवन न छाडै (भा)*

चौपाई— प्राणायाम है तीन प्रकारा सो पुनि तिनकौ सुनौ विचार ।
उतम मध्य कनिष्ट जु कहीयै ताको भेद गुरुते लहीये ॥३९४ ॥
पूरै राखै रेचन करै प्राणायाम नाम सो धरे ।
मंत्रसहित सो नाम सगर्भा मंत्ररहित सो सकल अगर्भा ॥३९५ ॥
मात्रा द्वादस कनिष्ट ही जानो औग चौबीस मधि पुनि मानौ ।
खट अरु तीस मात्रा जोई उतम नाम कहावै सोई ॥३९६ ॥

## अथ वेदोक्त प्राणायाम कहिये है ।

प्रथम ही गुरुको मंत्र उचारै गुरुको रूप ह्रिदामधि[४८] धारै ।
बहुरो प्राणायाम जु साधै बैठ मढीमैं जुगत अराधै ॥३९७ ॥
सीतकाल में ऐसै करई सूर्यभेद कुंभक मन धरई ।
रेचक पूरक थोरो गहै कुंभक राखि सीत को दहै ॥३९८ ॥
उष्णकाल में बहुविधि करै कुंभक राखि तपति को हरै ।
प्राणायाम की दोय विधि लहिये वेदोक्त तांत्रोक्त जु कहिये ॥३९९ ॥
छत्री विप्र वेदको साधै वैश्यशुद्र तांत्रक्त आराधे ।
वैश्य शूद्र वेदको करे विघ्न होय साधन नहीं फुरै ॥४०० ॥
वैश्य शूद्र अधिकारी नाही वेदमंत्र ताते नहि ताहि ।
पवन मंत्रकै वसि होइ आवै ताते बुधि सुजुगति ठहरावै ॥४०१ ॥
प्रथम वेदकी उक्त बताऊ प्राणायाम को भेद लखाऊ ।
सिरसा प्रजापति को ध्यावै हाथ जोरि पुनि सीस नवावै ॥४०२ ॥
इडा नाडि जब प्राण चढावै अर्धचन्द्र को ध्यान धरावै ।
अतिनिर्मल अमृतमय जानौ त्रिकुटीमधि ध्यान सो[४९] ठानौ ॥४०३ ॥
सूर्य मारगकर खै वाई नाभिमाहि रवि ध्यान कराई ।
कोटिक किरण सहित तहां राजत अति सोभामय नाभि विराजत ॥४०४ ॥
अैसै ध्यान हिदामधि[५१] आनै इडा पिंगुला साधन ठानै ।
ताकै विघ्न निकट नहीं आवै प्राण अपान सिथरता पावै ॥४०५ ॥

---

*४८ हृदमें (ना)* ५० Line Missing in *(नां)*
*५१. मध्य (नां)*

चारो वर्ण जुगत यह जाने[५२] बेदबचनकौ सति करि मानै ।
सो जन सीघ्र लहै सुसमाधि करे अन्यथा[५३] होवै व्याधि ॥४०६ ॥
अरु जो वरणभेद ते न्यारा विष्णुभक्तिका सदा विचारा
सो सतगुरुकी आग्या पावै सोई मंत्र पढि प्राण चलावै ॥४०७ ॥
अथ प्रथम कनिष्ट प्राणायाम द्वादस मात्रा का कहियै है ।

चौपाई— पूरक मात्रा च्यार उचारे कुंभक समै पंच द्रिढ धारै ॥
रेचक करै तीन करि जोई कनिष्ट नाम कहावै सोई ॥४०८ ॥
॥इति कनिष्ट प्राणायाम ॥

अथ मध्यम प्राणायाम चौईस मात्रा कहियै है ।
पूरक सप्तसु मात्रा लेवै द्वादस कुंभक द्रिढ करि देवै ।
रेचन पंच मात्रा सोई प्राणायाम मध्य यह सोई ॥४०९ ॥
॥इति मध्यम प्राणायाम ॥

**अथ उत्तम प्राणायाम** छत्तीस मात्रा का कहियै हैं ।
पूरक अष्ट सु मात्रा भाखै अवर उन्नीस कुंभक भरि राखै ।
नवकरि रेचक करे पुनि सोई उत्तम नाम कहावै जोई ॥४१० ॥
॥ इति उत्तम प्राणायाम वेदोक्त ॥

**अथ प्राणायाम फल ।**
कनिष्ट स्वेद अधिक उपजावै मधिम करिकै कंप जु पावै ।
उत्तम करे उथान जु सोई गुरुमुख साधन जो विधि होई ॥४११ ॥
कनिष्ट तै सुरलोकही पावै सत्यलोक मधिम पहुंचावै ।
उत्तम मोक्ष देत पुनि सोंई गुरुमुख साधि समाधि[५४] हित सोई ॥

दोहा— अैसै प्राणायाम तें सुलभसु सब ही जोग ।
जयतराम गुरुक्रिपाते मिटै मरन भवरोग ॥४१३ ॥
॥इति प्राणायाम फल ॥

---

*५२. ठानै (भां)* *५३. अनिका (भां)*
*५४. समाहित (भां)*

## अथ तंत्रोक्त प्राणायाम कहिये है ।

चौपाई— तांत्र उक्त को कहूं उचारी चार[५५] वर्ण याके अधिकारी ।
वैसहि सूद्र सुकृति करे खित्री विप्र विसेष अनुसरे ॥४१४ ॥
क्रमक्रम साधन साधक करई सनै सनै आगे अनुसरई ।
पूरक चारि सुमात्रा भाखै कुंभक समै आठ थिर राखै ॥४१५ ॥
रेचक मात्रा च्यार उतारे प्राणायाम प्रथम यह धारै ।
ऐसी भांति समाहित करै ता पाछै आगै मन धरै ॥४१६ ॥
बहुरो आठ जू पूरक लेवै सोलह कुंभक द्रिढ करि देवै ।
मात्रा आठ उतारे वाई तां पाछे आगै चढ जाई ॥४१७ ॥
क्रमसो साधन बहुरि बढावै मात्रा पचास लग ले ठहरावै ।
पूर्ण प्राणायाम सु कहिये लोमविलोम प्रत्यलोम सु गहिये ॥४१८ ॥
सरगसिथिति संहार बताऊ तिनको ब्योरो वरन सुनाउ
ब्रह्माविष्णुरुद्र इहि देवा जाना उपास करै पुनि सेवा ॥४१९ ॥
जो कोई साधक मुक्ति मन धरै प्राणायाम क्रिया[५६] सो करै ।
तीन लोक के आगे धावै मुक्तिमाहि सो जाई समावै ।४२० ॥
॥इति तांत्रोक्त प्राणायाम ॥

## अथ सरगक्रम कहिये है ।

अकार आदि अ:कारकौ कहै तो लग पूरक कौ उरि गहै ।
(अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ लृ ॡ ए ऐ ओ औ अं अ:)
ककारादि मकार लग जोई दृढ करि कुंभक[५८] राखै सोई ॥४२१ ॥
(कखगघङ चछजझञ टठडढण तथदधन पफबभम)
यकार आदि क्षकार लग जोई रेचन करै समझ मन सोई
(य र ल व श ष स ह ल क्ष)
अथ सथित कर्म कहत है ।
दकारादि मकार परजंत पूरक करै समझि मन संत ।
(दधनपफबभम)

---

*५५. च्यारीवर्ण (भां)* *५६. त्रीये (भां)*
*५७. कुंभक (ना.)* *५८. पूरक (ना.)*

यकारादि अकार लग भाषै तबलग कुंभक हिृदे[५९] राखे ॥
(यरलवशषसहलक्षअआइईउऊऋ ॠ लृ ॡ एऐओऔअंअः)
ककारादि थकार उचारै ऐसे रेचक वाय उतारै ॥४२२ ॥
(कखगघड़, चछजझञ टठडढण तथ)
इति सरगक्रम ।

## अब संघारक्रम कहिये है ।

क्षकार आदि यकारलग कहै तबलग वाय पूरि करि गहै ।
(क्षलहसषशवलरय)
मकारादि ककारलग भाखै तो लग कुंभक द्रिढ करि राखै ॥४२३ ॥
(मभबफप नधदथत णढडठट ञझजछच ङ घगखक)
अः कारादि अकारांत उचारे ऐसे रेचन[६०] पवन उतारे ।
(अः अंऔओएएलृलृऋॠऋऊउईइआअ)
लोमविलोम प्रत्यलोम जु ठानै ते नर जोगं पंथ कौ जानै ॥४२४ ॥
जो जो प्राणायाम जु करै तामै लोम विलोम ही धरै ।
रेचक पूरक कुंभक सोई प्राणायाम तीन विधि होई ॥४२५ ॥
चंद्र वहै तब साधन करई चंद्र पूर वाई उर धरई
स्वस्तिक आसन कौं द्रिढ करै वाम हस्त गोडापरि धरै ॥४२६ ॥
दछिन करते नासा गहै ताकरि पवन उतारै वहै[६१] ।
इडा नाडिते[६२] पवन चढावै नाडि[६३] पिंगुला रेच करावै ॥४२७ ॥
बहुरि सूरस्वर पूरक लेवै [६४]कुंभकरेचक द्रिढ कर देवै ।
अैसै वारंवार जु साधै सरल सरीर जुगति आराधै ॥४२८ ॥
पूरक मूल अंकोचन करै कुंभक मैं संकोचन धरै ।
रेचक मूल विकोचन ठानै तीनो अंग इसी विधि जानै ॥४२९ ॥
च्यारो बंध लगावै धीर सरपाकार करि रहै सरीर ।
इडी पायमूलसो गहै नाभि पीठ माहि करि रहै ॥४३० ॥

*५९. द्रिढकरि (भां)* — *६०. रेचिर (भां)*
*६१. यहै (नां.)* — *६२. नाडते (भां)*
*६३. नारि (भां)* — *६४. चंद्र नाडि वाय तजि देवै (भां)*

अैसै क्रम क्रम साधन ठानै पूरक कुंभक रेचक जानै ।
मात्रा पचासलग ठहरावै पूरण प्राणायाम कहावै ॥४३१ ॥

दोहा— या विधि प्राणायाम को ब्यौरो कह्यो सुनाय ॥
जयतराम याके सध्या लय मैं रहे समाय ॥४३२ ॥

॥इति सिंघारक्रम ॥

## अथ षडंगभेद कहियै है ।

चौपाई— द्वादस प्राणायाम करावै ताको पूरण एक कहावै ।
सो पूरण द्वादस जब होई प्रत्याहार [६५] कहावै सोई ॥४३३ ॥
प्रत्याहार द्वादस करि रहिये ताकी एक धारणा कहिये ।
द्वादस अैसी धारणा गहै ताको ध्यान एक बुध कहै ॥४३४ ॥
ऐसे द्वादस ध्यान जु होई एक समाधि कहावै सोई ।
बहुरि समाधि द्वादस सधि आवे सो जन लय एक को पावै ॥ ४३५ ॥
बहुत कालतक क्रमक्रम साधै षडंग प्राणायाम सो लाधै ।
ऐसै साधन साधै जोई प्राणायाम परायण होई ॥४३६ ॥

दोहा— प्राणायाम एक नित्य करई इंद्रि पंच विषैपरि हरई ।
प्रत्याहार एक सधि आवै ताकरि मन सुख दुख छिटकावै ॥४३७ ॥
एक धारणा ऐसी धरै ताकरि बुधि विमलता करै ।
अैसो एक ध्यान जब धरई अहंकार को सो वसि करई ॥४३८ ॥
ऐसी एक समाधि जब पावै अपनी जीव उपाधि मिटावै ।
जैसै मृतक तन विसरावै अैसै जोगी सदा रहावै ॥४३९ ॥
ऐसेही लय तक सधि आवै नादबिंद एकता पावै ।
पूर्ण जोग लहै जब सोई प्राणायाम परायण होई ॥४४० ॥

दोहा— एक अंग यह जोग को प्राणायाम है सोय[६६] ।
जयतराम याकै सध्या सकल जोग वस[६७] होय[६८] ।४४१ ॥

---

*६५ एक होई (भां)* *६६. सोई (भां)*
*६७. सिधि (भां)* *६८. होई (भां)*

## अथ षट्कर्म कथन ।

**दोहा—** कुंभक अष्ट जु कहेंगे महाकठिन है सोय ।
जयतराम षट्कर्म तैं तेउ सुगम जु होय ॥४४२ ॥
तिनकैं हित षट्कर्मको विधिसौं वरनौ भेद ।
जयतराम कुंभक सधै मिटै देह की खेद ॥४४३ ॥

## अथ धोती कहीये है ।

लंबी चतुरासी गहै चौरी अंगुर च्यारि ।
धोती औसे कीजिये कोमल कपरौ फारि ॥४४४ ॥

**चौपाई—** बहुरि ताहि मुखमाही आनै निगलै हरै उदरमधि ठांनै ।
एक कौर करसो पुनि गहै पलक[६९] एक तहा कुंभक रहै ॥४४५ ॥
बहुरि काढि बाहरि ले आवै [७०]कफादिक सब रोग नसावै ।
[७१]जलसो धोय बहुरि ले सोई अरु पुनि अंतर निर्मल होई ॥४४६ ॥

**दोहा—** इहविधि धोती साधि करि उदर सुध करि लेय ।
जयतराम [७२]ताकौ पछै गजकरणी चित देय ॥४४७ ॥
॥इति धोती ॥

## अथ गजक्रिया ।

काष्ट जु[७३] अथवा [७४]धातुकौ सवा हाथ गज आनि ।
मुख मारग [७५]उगले गिलै क्रिया गज[७६] यह जानि ॥४४८ ॥
॥इति गजक्रिया ॥

## अथ नेती दोय विध कहिये है ।

**चौपाई—** [७७]तागौ सूतरहीको लेवै नासाछिद्रमांहि सो देवै ।
मुखमां है सिवलिंग है जोई ता उपरि करि काढे सोई ॥४४९ ॥

---

*६९. पल (नां)*
*७०. जलसो धोई बहुर तिहिं ध्यावे (भा.)*
*७१. हिदै रोग रहै नहीं कोई (भां)*
*७२. याकै (भां)*
*७३. सु (भां)*
*७४. धातको (भां)*
*७५. उगिले (भां)*
*७६. गजहि (भां)*
*७७. वाती सूत्रकी करी लेवै (भां)*

बहुरि दूसरी नासा देवै वाही मारग काढि जु लेवै ।
जयतराम नेती यह गहै इडा पिंगुला सुधता लहै[७८] ॥४५० ॥

**अथ दूसरी विधि ।**

दोहा— द्वादश अंगुल सूतमय धागो करे कठोर ।
अग्रहि कोमल राखि करि गिले नासिक वोर ॥४५१ ॥

चौपाई— ताहि चढाय कपालमहि ल्यावै सीसकेस लग ले ठहरावै ।
बहुर काढि दूजै स्वर धारे ले कपाल में बहुरि[७९] निकारे ॥४५२ ॥

॥इति नेती ॥

## अथ त्रितीय पोचिक कर्म कहिये है ।

नाभिसमान नीर मैं पैठै काकासन तामै करि बैठै ।
मूलप्रकासि ऊर्ध जल पीवै बहुरि संकोचि नाभि थिर कीवै ॥४५३ ॥
पुनि ता जलको बाहरि आनै बारंबार क्रिया यह ठानै ।
जयतराम पोचिक यो करै जाको मूल अमलता धरै ॥४५४ ॥

॥इति पोचिक कर्म ॥

## अथ चतुर्थ न्योली कर्म ।

प्रथमे प्राणायाम जु करै सक्तिप्रमाण कुंभक थिर धरै ।
उदर संकोचि पृष्ट दिसी तानै अरु जालंधर बंध जु ठानै ॥४५५ ॥
जोनिस्थान नाडि द्वै जोई इडापिंगुला कहिये सोई ।
सो पुनि उरध उदर मै आई नासा ठौर सु पहुती जाई ॥४५६ ॥
सो पुनि नाडि विलोकन करै प्रकट उदर मैं द्रिष्टि जु परै ।
जिभ्या तालू उर्ध चढावै सब ही नाडि सुधिता पावै ॥४५७ ॥

दोहा— अैसै न्योली[८०] साधिये गुरमुख अर्थ विचारि ।
जयतराम नाडी सबै रहै अमलता धारि ॥४५८ ॥

॥इति न्योली ॥

---

*७८. रहै (नां)* *७९. पुनह (भां)*
*८०. निवली (ना.)*

**अथ पंचमें नलनी कर्म । विधि दोइ प्रथम त्राटक पुनः नलनी**

**अथ त्राटक ।**

चौपाई— प्रथम आसन सिद्ध सु करै द्रिष्ट आनि जुण भौहन धरै ।
राखे थीर जाम पुनि जहां सीतल बूंद नैन चलि तहां ॥४५९ ॥

दोहा— अैसै त्राटक कीजिए द्रिष्ट राख भुव थीर ।
जयतराम मन रोककै साधन साधै थीर ॥४६० ॥

॥इति त्राटक ॥

**अथ नलनी ।**

चौपाई— सूवो अंगुल तीन धरावै सुवरण अथवा रूपो लावै ।
अथवा ताम्र लोहमय करे पोलाबीच नलसम धरै ।
अथवा रुई फोहो लेवे सो ले द्वारि नासिका देवे ॥४६१ ॥
जो सुर चलै तासमै धारै अैसी जुक्ति षटमास विचारै ।
[८१]स्वास न कबहु बाहरि लावै घटमें चमतकार सो पावै ॥४६२ ॥
सहजै बालबुधि सो होवै जाग्रतमाहि सुखोपति जोवै ।
जयतराम नलनी गुन भाख्यै प्रकट कहे गोप न राख्यै ॥४६३ ॥

॥इति नलनी ॥

**अथ षष्ट में भाथीकर्म कहिये है ।**

स्वस्तक आसन बैठक ठानै खैचै पवन उर्धको आनै ।
मूलद्वार कर वाय न छाढै ताकै जठर अग्नि इति बाढै ॥४६४ ॥
जोग चिह्न पुनि प्रगटै आई मिटे उसास रोग सब जाई ।
वृद्ध करे तो [८२]तरुनता पावै रोगी रोगनास व्है जावै ॥४६५ ॥
जुवा करे तो जोगहि लहै जयत यह निहचे कहै ।[८३]
जुवा विंद [८४] करि पूरन रहै तातै सहज अमलता लहै ॥
जयतराम सो अैसै करै कुंभक अष्टमाहि मन धरै ॥४६६ ॥

॥इति भाथीकर्म ॥

॥ इति षटकर्म ॥

---

*८१. स्वासानेक न बाहर लावै* *८२. तरुना होइ आई वै (ना.)*
*८३. Line missing in* *८४. विंद विंद (ना.)*

## अथ अष्ट कुंभक वरनन ।

चौपाई— प्रथमही उरजाई को जानै भोरलिका[८५] दुतीयै पुनि ठानै ।
त्रितिये सीतली कुंभक कहिये भुयंगम चतुर्थ सो पुनि लहिये ॥
त्राटक कुंभक पंचम जोई कंठीवेताली षट सोई ।
सप्तम सूर्यभेद बखाने[८६] केवल कुंभक अष्टम माने[८७] ॥४६८ ॥

दोहा— बहुरि आठ कुंभक कह्यौ भिंन भिंन समझाय ।
जयतराम ए साधिये मुद्रा सुगम सधाय ॥४६९ ॥

**प्रथमे उरजाई कुंभक कहिये है ।**

चौपाई— प्रथमे पदमासन द्रिढ धरै[८९] मूल उडयाण बंध दोय करै ।
जालंधर[९०] पुनि बंध जु ठाने चिबुक ध्यान मनमही[९१] आने ॥४७० ॥
जिभ्या अणी दांततरि[९२] धरै अंगुर एक जु बाहर[९३] करै ।
दाबै सनै जोर नहीं ठानै बहुरो जुगत और पुनि जानै ॥४७१ ॥
कंठमधि सिवलिंग जु जानो ताके उपर ठोडी ठानो ।
इडा वाट क्रम गहै सुवाय राखे थीर देइ छिटकाय ॥४७२ ॥
गहे परसपर बहुरो तजै गुरु को मंत्र [९४]हिदा में भजै ।
साढातीन घरी गहै वाई सो कहियै कुंभक उरजाई ।४७३ ॥
ताकी सहश्र मात्रा होवै जिव्हा सकल स्वाद को जोवै ।
सेतपीत नील रंग जो है कृष्ण रक्त रसना अति सोहै ॥४७४ ॥
षटरस स्वाद सु सहज प्रकासे छंदकवित विन सुने [९५]अभ्यासै ।
चमतकार प्रगट कछु पावै उरजाई जो ये सधि आवै ॥४७५ ॥

---

*८५ भोरिलिका (ना.)*
*८६. बखानों (ना.)*
*८७. मानौ (ना.)*
*८८. Line missing in (vee.)*
*८९. करै (ना.)*
*९०. जालंधरि (ना.)*
*९१. मनमाहि सु आनें (भां)*
*९२. दांततर (ना.)*
*९३. बाहरि (भां)*
*९४. तहा पुनि जजै (भां)*
*९५. अभासै (भां)*

दोहा— अैसै उरजाई कह्यौ प्रथमही कुंभक सोय ।
जयतराम गुरुक्रिपाते विरला पावै कोय ॥४७६ ॥
॥इति उरजाई कुंभक ॥

## अथ भोरलिका कुंभक कहिये है ।

चौपाई— प्रथमे पदमासन द्रढ ठाने कर दोउ मोडि पिष्ट दिस आने ।
वामपाद कौ अंगुष्ट जोई वामहस्तसो पकरै सोई ॥४७७ ॥
दछन पद कौ अंगुष्ट जु है दछन करते सो पुनि गहै
नाभिवाट वाई गहि पीवे जथासक्ति नाभि थिर कीवै ॥४७८ ॥
नाभि ही कर पुनि रेचन करै भवर गुंजार नाद तहां फुरे ।
नासापुट को मुंदै नाहि बहुतबेरसा रहै साधन माहि ॥४७९ ॥
मिटै देह की छींक जंभाई हिक्का स्वपनो जाय पलाई ।
अरु मन सदा प्रफुल्लित रहै आलस तजै चेतना गहै ॥४८० ॥

दोहा— इहविधि भोरलिका कह्यौ कुंभक दुजो सोय ।
जयतराम गुरुक्रिपाते याको साधन होय ॥४८१ ॥
॥इति भोरलिका कुंभक ॥

## अथ सीतली कुंभक कहियै है ।

चौपाई— गोमुख आसन प्रथमही ठाने वामपाद दछन दिस आनै ।
दछन पाद वामदिस दाखै पायमूल धरती पर राखै ॥४८२ ॥
दोउ गोडा आनि मिलावै सो पुनि गोमुख नाम कहावै ।
यामै बैठ सीतली करै सकल बंध युक्त सो धरै ॥४८३ ॥
दंताधार पवन भरि पीवै [१६]रसना खेचि उर्ध ही कीवै ।
ऐसी भांति वाय थिर धारै बहुरो नासाद्वारि उतारै ॥४८४ ॥
बहुत वेर आरंभ नहि करै थोरे साधन मे मन धरे ।
सीतल पवन अधिक जो गहै ताकरि देह सीत अति लहै ।
ताते सीतकाल नही करै उष्णकाल में साधन करै ॥४८५ ॥

दोहा— याकि महिमा बहुत है जाने विरला कोय ।
जयतराम साधन करै भेद लहै [१७]नर सोय ॥४८६ ॥
॥इति सीतली कुंभक ॥

---

१६. This half verse missing in १७. *तहि (भां)*.

## अथ भुयंगम कुंभक कहिये है ।

चौपाई— प्रथमही वीरासन द्रिढ धरै वाम जंघ को लांबी करै ।
बहुरि दछपद अैसै ठानौ वामे गोडा उपर आनौ ॥४८७ ॥
सकल बंध नीकै द्रिढ देवै जिभ्या कछु उर्ध करि लेवै ।
कछुक रसना बाहर आनै पुनि ताहि सों कुंभक ठानै ॥४८८ ॥
जथासक्ति कुंभक द्रिढ धारै जिभ्याही करि वाय उतारै ।
नासाद्रिष्ट निरंतर देखै सकल सरीर अमीमय पेखै ॥४८९ ॥

दोहा— यह भुयंगम कुंभक कह्यौ साधे विरला कोय ।
जयतराम गुरुक्रिपातें देही कंचन होय ॥४९० ॥

॥इति भुयंगम कुंभक ॥

## अथ त्राटक कुंभक कहिये है ।

प्रथम ही भद्रासन द्रिढ करै एडी उभै गुदातर धरै ।
सकल बंध विधि से ती ठानै जिभ्या उलटि ऊर्ध कौ आनै ॥४९१ ॥
नासावाट पवन भरि पीवै सो पुनि जिभ्या सो थिर कीवै ।
सबही नाडी अमलता पावै रोग [९८] देह मै कबहु न आवै ॥४९२ ॥

दोहा— यह त्राटक कुंभक कह्यौ पावै गुरुते भेद ।
जयतराम साधै तबै मिटै जु तनकी खेद ॥४९३ ॥

॥इति त्राटक कुंभक ॥

## अथ कंठीवेताली कुंभक कहिये है ।

दोउकौ सरूपा एकही है सू कहियतु है ।

चौपाई— प्रथमहि अर्धसिध [९९] सो ठाने एडी वाम गुदातर आनै ।
दछनपाद वामजंघ धरै कंठमूलतें कुंभक करै ॥४९४ ॥
त्रीघंटी मधि राखै थीर नासाफुट क्रम तजे समीर ।
मास दोय अभ्यास करावै नाना स्वाद देह मै पावै ॥४९५ ॥
छठै मास जोग सिध लहै नाडी सबै अमलता गहै ।
साधन करत जु उपजै स्वेद मरदै अंग लहै नहि खेद ॥४९६ ॥

---

*९८. This half verse missing in (ना.)*

*९९. मुक्तासन द्रिढ ठाने (भां)*

छादनछीप [१००] फलका अरु वाय सकल तुचा के रोग नसाय ।
कुंभक षष्ट कहियै जोई उष्णकाल मै साधै सोई ॥४९७ ॥

दोहा— कंठीवेताली कहयौ कुंभक एक ही वार ।
जयतराम इन [१०१] कह्यौ सुन्यौ गुरुमुख एक विचार ॥४९८ ॥

॥इति कंठीवेताली कुंभक ॥

## अथ सीतकालको सूर्य भेद कुंभक कहियै है ।

चौपाई-- जब ही सूर्यनाडी वहै तबही गोरख आसन गहै
पूरक नाडी [१०२] पिंगला करै यथासक्ति कुंभक द्रिढ धरै ॥४९९ ॥
इडा नाडिन [१०३] रेचन करि देवै पुनह वाय [१०४] सूर्यस्वर लेवै ।
वारवार प्राण यों गहै मिटे सीत उष्णता लहै ॥५०० ॥
त्रिकुटीमधि ध्यान पुनि धरै सो नर पवन तुरत वसि करै ।
गुरुकौ मंत्र जपै यामाही ताकौ साधन दुर्लभ नाही ॥५०१ ॥

दोहा— सीतकालकौ यौ कह्यौ सप्तम सूर्यभेद ।
जयतराम याके कीयै मिटै सीतकी खेद ॥५०२ ॥

॥इति सूर्यभेद ॥

## अथ केवल कुंभक ।

चौपाई— रेचक पूरक करि विन [१०५] धारै ताकौ कुंभक नाम उचारै ॥
केवल कुंभकही भरि राखै केवल नाम तासकौ भाखै ॥५०३ ॥
प्रथम स्वास घटही में रोकै रेचक पूरक नाहि विलोकै ।
याते निकट समाधिही पावै जो कब ही केवल सधि आवै ॥५०४ ॥

दोहा— [१०६] यह कुंभक केवल कह्यौ सब कुंभक में सार ।
जयतराम याके सधै लहै जोग कौ पार ॥५०५ ॥

॥इति केवल कुंभक ॥

---

*१००. फूल (भां)* *१०१. इनकौ (भां)*
*१०२. नारिप्यंगुला (भां)* *१०३. नाडा (भां)*
*१०४. सुवाय (नां.)* *१०५. मधि (भां.)*
*१०६. केवल कुंभ कह्यो यह सब कुंभक मै सार (भां.)*

## अथ [१०७]कुंभक को फल ।

चौपाई— एकहु प्राणायाम सधि आवै केऊ अस्वमेध फल पावै ।
ताते प्राणायाम [१०८]जु करै सो जोगी जु[१०९] आप उधरै ॥५०६ ॥
पूरक सुरापान अघ हरे रेचक ते हत्या पुनि टरे ।
गोहत्या कुंभक से नासै त्राटक सब ही पाप विनासै ॥५०७ ॥
पूरक ब्रह्मलोक ले जावै कुंभक विष्णुलोक पहुंचावै ।
रेचक रूप रुद्र कौ लहै त्राटक मुक्ति सुसारिष्टि गहै ॥५०८ ॥
ओंकार कौ[११०] मंत्र उचारै तीन देवता मांहि विचारै ।
यातें अनहद उपजै आई नाना धुनि तब देत दिखाई ॥५०९ ॥
संख मेघ घंटा धुन पावै भेरी[१११] दुंदभी वैण[११२] सुणावै ।[११३]
औरै नाद अनंत प्रकासै जयतराम जो प्राण अभ्यासै ॥५१० ॥ ॥इति कुंभक फल ॥
इति आठ कुंभक कहे भिंनि-भिंनि करि सोय ।
जयतराम केवल कीया आठ अंग सिधि होय ॥५११ ॥[११४]

## अथ चौबीस मुद्रा कथनं नाम ।

दोहा— मुद्रा है बहुभांति की जानत है सिव देव ।
जयतराम हम कहत है चतुरवीस कौ भेद ॥५१२ ॥

चौपाई— प्रथमही संछोभणी कहिये दुतीयै द्रावणी मुद्रा लहिये ।
आकर्षणी तीसरी जानौ चतुर्थ मुद्रा वस्या मानौ ।५१३ ॥
पंचम उनमद मुद्रा जोई महाअंकुसा षष्टी सोई ।
सप्तम त्रिखंडा जु उचारी वीरजरूपा अष्टम भारी ॥५१४ ॥
नवमी करण विपरीति जु जो है मूलबंध दसमी पुनि सो है ।
कामराज एकादश कहिये बंध उड्याण द्वादशी लहिये ॥५१५ ॥
बंध जालंधर त्रयोदस सोई मुद्रा महा चतुरदस जोई ।
महाबंध पंचदस भाषौ महावेध षोडस पुनि आंखौ ॥५१६ ॥

---

*१०७. केवल कुंभक (भां)* *१०८. जग (भां.)*
*१०९. वर (भां),* *११०. सों (ना.),*
*१११. भेर (ना.)* *११२. वेणि (भां),*
*११३. सुण आवै (भां.),* ११४. These Lines missing in *(नां)*

सत्रैही खेचरी मुद्रा गाऊ सब मुद्रा सिरताज बताऊ ।
अष्टादसी कहौ पुनि जोई वरणक मुद्रा कहिये सोई ॥५१७ ॥
उणीसई सहजोली जानो बीसई षणमुखी सु मानो ।
एकरवीस चाचरी जोई दोईरवीस भूचरी सोई ॥५१८ ॥
त्रयोवीस अगोचरी गाई उनमनि चतुरवीसमी भाई ।
चतुरवीस को रूप पिछानै जयतराम तब साधन ठानै ॥५१९ ॥
॥इति चौबीस मुद्रा नाम ॥

## अथ प्रथमे संछोभणी मुद्रा कहिये है ।

चौपाई— [११५]सुस्तक आसन बैठक करई पायमूल कर वाय जु[११६] भरई ।
कर अंकोच विकोच न कैर कुंडलीनी को पुंछ जु जरै ॥५२० ॥
तब सर्पणी कुंडली[११७] तजै दसम द्वार कौ मारग भजै ।
अग्नि प्रबल अधिकता[११८] पावै जयतराम मुद्रा यह गावै ॥५२१ ॥
॥इति संछोभणी ॥

## अथ दूजी द्रावणी मुद्रा ।

चौपाई— स्वस्तक आसन बैठे धीर प्राणायाम करि गहै समीर ।
जिभ्या उलटि कपालि [११९]चढावै षटचक्रनि मै वाय मिलावै ॥५२२ ॥
षटचक्र पुनि वेधै वाई दसमद्वार मैं पहुंचै जाई ।
दसमद्वारतें अमृत झरै सौ ले सर्व अंग मै धरै ॥५२३ ॥
षटचक्र षोडस आधार तामधि गहै ।
अमीकी धार देही सदा प्रफुलत रहै ।
मनमल छाडि अमलता गहै ॥५२४ ॥
जनम मरन कौ दोष मिटावै द्रावणी मुद्राकौ जो पावै ।
जयतराम बडभागी लहै अधिकारी बिन भेद न कहै ॥५२५ ॥
॥इति द्रावणी मुद्रा ॥

---

*११५. स्वस्तक (भां)* *११६. भज (ना.)*
*११७. कुंडल (भां)* *११८. अधिकारिता (ना.)*
*११९. From this half verse until the beginning of अथ आकरषणी मुद्रा is seen missing in (ना.)*

### अथ आकरषणी मुद्रा कहिये है ।

स्वस्तक आसन बैठक करै पिंडब्रह्म[१२०] को ध्यान जु धरै ।
बहुरौ प्राणायाम करावै दसमद्वार कों प्राण चलावै ॥५२६ ॥
सहस्त्रदल कमल है पुनि तहा सियाराम को सुमरे जहां ।
[१२१]प्रभुक्रिपा कटाछ जब देखै भुक्ति[१२२] मुक्ति दोउ फल पेखै ॥५२७ ॥

दोहा— त्रितीये मुद्रा यह कही आकर्षणी जु सोय ।
जयतराम अति गोप्य है गुरुमुख साधन होय ॥५२८ ॥
॥इति आकर्षणी ॥

### अथ वस्या मुद्रा कहिये है ।

चौपाई— आसन सिधमें[१२३] बैठक ठानै कुंडलनी अपने बस आनै ।
[१२४]मेढिमधि कुंडलनी जोई सूती रहै सदा पुनि सोई ॥५२९ ॥
मायाबीज [१२५]पढ ध्यान जु धरै कुंडलनी प्रबोधन करै ।
जैसे मंत्र गारडी ठानै पुंगी वाय सर्प वसि आनै ॥५३० ॥
यों जोगी अजपा को धारै मायाबीजको मंत्र उचारै ।
पुंगीसम अनहद धुनि धरै [१२६]कुंडलनी वस ऐसे करै ॥५३१ ॥
[१२७]बहुरि जु अपनो मन में आवै जहा चाहै वहां ले जावै ।
अनहद पुंगी के वसि[१२८] होई सदा रहै अपने वसि[१२९] सोई ॥५३२ ॥
अणिमा आदि सिधि चलि आवै हाथ जोरि आगे जु रहावै ।
जनम मरन सब जाई पलाई जयतराम यह मुद्रा गाई ॥५३३ ॥
॥इति वस्या मुद्रा ॥

### अथ पंचमी उनमद मुद्रा कहिये है ।

चौपाई— प्रथमही पदमासन करि लेवै बंध सकल विधि सौ द्रिढ देवै ।
मन को पवन जु मधिही मिलावै कुंडलनी मस्तक मैं आवै ॥५३४ ॥

---

*१२०. पिंडब्रह्मांड (भां)*
*१२१. क्रियाकटाछि तहां (भां)*
*१२२. भगति (भां)*
*१२३. सिधसु (भां.)*
*१२४. मेढुमधि (भां)*
*१२५. परि (भां)*
*१२६. कुंडलनी कौ वसिता करै (भां)*
*१२७. वहिरि(ना.)*
*१२८. वस होवै (ना.)*
*१२९. वस सोवे (ना.)*

कुंडल सप्त अधो परिहरै दसमे द्वारमाहि फणि करै ।

घूमै तहां मंत की नाई जोगी उनमद है घटमांही ॥५३५ ॥
आसन गिरिसम प्रथमही कहिये दुजौ [१३०]वृक्षरुपी पुनि लहिये ।
तीजो दीप लोयवत जोई तीनो [१३१]वसि करे पुनि सोई ॥५३६ ॥
चमतकार नानाविधि देखै [१३२]अरु पुनि बुधि अमलता पेखै ।
मन अरु पवन दोऊ मिलि रहै अनमद भाव तबै पुनि लहै ॥५३७ ॥

दोहा— यह उनमद मुद्रा कही जोगी उनमद हो.य ।
जयतराम गुरुतें लहै गुरुबिन लखै न कोय ॥५३८ ॥

॥इति उनमद मुद्रा ॥

## अथ महाअंकुसा मुद्रा कहिये है ।

चौपाई— सुस्तक आसन प्रथमही ठानै पवन निरोधिरु अंतरि आनै ।
प्राणायाम कौ अंकुस धारै ताकरि मन गयंद कौ मारै ॥५३९ ॥
हिदारुपी वन है जोई मनगज तहा सदा रहै सोई ।
नाना उपद्रवकौं तहां ठाने जनममरन के वानि कवांने ॥५४० ॥
ताते जोगी अैसे करे [१३३]ज्यान जंजीर तासकै जरै ।
प्राणायाम अंकुस सम धारै सो ले मन गज कै सिर मारै ॥५४१ ॥
ताकरि मन अति निश्चल होवे जनममरन के बंधन खोवे ।
[१३४]यातें महा अंकुसा कही जयतराम मन जीते सही ॥५४२ ॥

॥इति महा अंकुसा मुद्रा ॥

## अथ सप्तमी त्रिखंडा मुद्रा ।

[१३५]प्रथम ही सुस्तक आसन धारे सोहं मायाबीज उचारै ।
त्रिखंड कुंभक क्रमसो करे वाय अपान उर्ध ले धरे ॥५४३ ॥
इडा नाडि नाभिमध वसे वाय अपान तहां पुनि लसै ।
प्रथम खंड तहां कुंभक करैं मायाबीज तहां उचारै ॥५४४ ॥

*१३०. वृषभरुपी (भा.)* *१३१. सुवसि (भां)*
*१३२* This half verse missing in *(ना.)* *१३३. ग्यान (भां)*
*१३४. यह तो (ना.)*
*१३५. This onwards pages containing verses until the description of महामुद्रा missing in (भां)*

बहुर पिंगला हिदै जानौ प्राण वाय तहां ले ठानो ।

ऐसे कुंभ हिदे धारै उंकार तहा मंत्र उचारै ॥५४५ ॥
अर्ध उर्ध पवन तहां लेवै ता पाछे रेचन कर देवै ।
नाभि उर्ध हिदै ठहरावै सो पुनि दुजो खंड कहावै ॥५४६ ॥
याकै परै कंठमधि आने तीजो कुंभक अैसै ठांने ।
मुखके मध सुखमना रहै बीज सकार तहा पुन कहै ॥५४७ ॥
तीन ठोर कुंभक ठहरावै मुद्रा त्रिखंडा नाम कहावै ।
नाभिमधि कुंभक जब धरै ताकरि अग्न उदीपन करै ॥५४८ ॥
हिदै कुंभक जब सधि आवै ताकरि रवि को तेज बढावै ।
बहुरि कमल हिदाको जोई फूलै अति सुगंध होय सोई ॥५४९ ॥
कुंभक कंठमध्य जब करै ताकरि चंद्र अमी अति झरे ।
निर्मल बुधि कर पींवै सोई अैसै त्रिखंडी मुद्रा होई ॥५५० ॥

दोहा— यह त्रिखंडा मुद्रा कही मन बुद्धि निर्मल होय ।
जयतराम गुरुक्रिपाते जो साधै जोय ॥५५१ ॥

॥इति त्रिखंडी मुद्रा ॥

## अथ अष्टमी बीजरूपणी मुद्रा कहिये है ।

वीरजमुद्रा वरन सुनाउ राजजोग घर माहि लखाउं ।
यह साध बिंद वस करै जोगी यामै चित्त न धरै ॥५५२ ॥
प्रथम फोत्रिका कर्म विचारे प्राणायाम समझ पुनि करै ।
अंकोच विकोच संकोचन जोई सिसनद्वारिक साधै सोई ॥५५३ ॥
प्रथमही भेद गुरुतै पावै ता पाछै साधै न ठहरावै ।
आसन साध प्राण वस करै रेचक पूरक कुंभक करे ॥५५४ ॥
प्राणायाम परायण होवै ता पीछै इंद्रियमल खोवै ।
ता पाछै पयकौ भुव डारै अैसै सिसन अमलता धरै ॥
स्त्री भोगि ग्रही पुनि करै ताको बिंद कबहु न परै ॥५५५ ॥
ज्यों ज्यों तानै वृषनकौ गहिके उच मरोरि ।
जयतराम त्यों-त्यों चढै बीज सिसन की चोरि ॥५५६ ॥

चौपाई— भोग समै कंद्रप नही डारै जुवती कंदर्प को पुनि धारै ।
तहा अंकोच विकोचन करई जिभ्या उलटि उर्ध को धरई ॥५५७ ॥
उत आसन कर कंद्रप जोई दसमद्वारि ले जावै सोई ।

रजवीरज दोउ ले धरे शिवशक्ति को मेल करै ॥५५८ ॥
ऐसै वीरजरूपा जानौ राजजोग घरही में मानौ ।
घरही माहि जोग सो साधै सो या मुद्राको आराधै ॥५५९ ॥
जोगी याको अैसै करै अपनी बिंद उर्ध ले धरे ।
बजरोली अमरोली कहिये नादबिंदको संगम लहीये ॥५६० ॥
कामवस याही ते होई वृधहू काम करै पुनि सोई ।
ग्रंथन माहि गोप्य यहु राखी जयतराम प्रकट कर भाखी ॥५६१ ॥
॥इति वीरमुद्रा ॥

## अथ नवमी विपरीतकरण मुद्रा कहिये है ।

चौपाई— प्रथमही उतआसन कौ करै कांधौ सीस भूमिपर धरै ।
सकल सरीर उर्ध को आने दोउ पद अवर दिस ताने ॥५६२ ॥
दोउ करते दंडवत करै अजपाको ध्यान मंत्र पढ धरै ।
ठोडी कंठकूपमधि तानै ह्रिदै नाभि द्रिष्ट को आनै ॥५६३ ॥
चरन अंगुष्ट लग द्रिष्ट जु धरै ता पाछै कुंभक द्रिढ करै ।
पायमूल कर वाई गहै यथाशक्ति साधन सिध लहै ॥५६४ ॥
क्रम क्रम साधन सो मन लावै साढेतीन घडी ठहरावै ।
पूर्ण कुंभक अैसे होई साधन सिद्ध लहे पुनि सोई ॥५६५ ॥
दसमें द्वारि चंद्र का वासा सोलह कलासहित प्रकासा ।
सो पुनि कला प्रकट कर गाऊं न्यारो न्यारो नाम सुनाऊं ॥५६६ ॥
अमृतमानदा पूखा जानो तुष्टपुष्ट पुनह घ्रित मानो ।
सुसमुना चंद्रका कांति जु कहिये त्रिष्णा श्री प्रांति पुनि लहिये ॥
रंगदा पूर्ण पूर्णमा मानो सोलह कला चंद्रकी जानौ ॥५६७ ॥
सो पुनि कला अमी नित झरे चंद्र तहातें वर्षा करै ।
सोई अमी नाभिमय आवै ताकौ सूर्य भस्म करावै ॥५६८ ॥
नाभि अस्थान भानका वासा तेऊ कलासहित प्रकासा ।
तेउ कला प्रगट करि भाखौ गुरुकी क्रिया गोप्य न ही राख्यौ ॥५६९ ॥
तापनी तापनी धुम्रा जान्यौ ज्वाला मरीचि रुचि मानौ ।
स्वसमण भोगदा विस्वा लहिये बोधनि धारणी क्षमा रवि कहिये ॥५७० ॥
अैसी भांति अमी रवि जारे तातै जोगी जगत विचारे ।

विप्रीता जो मुद्रा करै रविकों आनि सीसमैं धरै ॥५७१ ॥
सिसको नाभिं मध्य ले धरै सकल सरीर अमीसो भरै ।
अैसे मन आनंद बढावै जन्ममरन को दोष मिटावै ॥५७२ ॥

दोहा— द्वादस कला जु भानुकी सोलह ससिकी जोय ।
रविकी चार सधै जबै पावै सोला सोय ॥५७३ ॥
रवि की बारह है कला सोलह कला जो चंद ।
गुरु जिसको भाखे नही कहा करै सिख मंद ॥५७४ ॥

चौपाई— जो या मुद्रा सधि नही आवै ताकी देहिनास लतीका है घर जोवै ।
अग्नि मंत्रते प्रगटै जहां कुंडलनी व्याकुल हो तहां को जावै ॥
अमृत आई नाभिमै जरै तातै सब जन्मे अरु अमरे ॥५७५ ॥
नाभिस्थान सिखामय सोई अंगुष्टमात्रा जोति है जोई ।
आत्मघट मै सदा प्रकासै तेलरूप अमृतकौ ग्रासै ॥५७६ ॥
जब ही अमी तेल नही आवै तब से दीपक जोत नसावै ।
मंदर मध्य होय अंधायारा याको पंडित करो विचारा ॥५७७ ॥

दोहा— या मुद्रा विपरीतगा वरन कही हम जोय ।
जयतराम गुरुमुख करै लहै अमर पद सोय ॥५७८ ॥
॥इति विपरीतिकरणी मुद्रा ॥

## अथ मूलबंध मुद्रा कहिये है ।

चौपाई— वाम पाद की इडी जोई जोनि स्थान लगावै सोई ।
दछिनपाद उर्ध धरि रहै समकर पीठ अपान जु गहै ॥५७९ ॥
मायाबीज पढ उर्ध चढावै वाय अपान उर्ध ले आवै ।
अष्ट परिजानि ध्यान पुनि धरै वाय अपान सोइ वस करै ॥
वाय अपान कबै नही सरै जोगी अमर कदै ना मरे ।
जयतराम अैसैविध ठानै मूलबंध मुद्रा सो जानो ॥५८१ ॥
॥इति मूलबंध मुद्रा ॥

## अथ एकादसी कामराजमुद्रा कहिये है ।

चौपाई— ज्योनिस्थानि पद एडी धरै बहुत वेरतक चयन करै ।
मुख करि मायाबीज उचारै कुंडलीनीकौ पुंछ जु जारै ॥५८२ ॥
गुदा उर्ध मेढ्र तरि सोई कुंडलनीका है घर जोई ।

अग्निमंत्र ते प्रकटे जहा कुंडली व्याकुल व्है तहां ॥५८३ ॥
नेवै उर्धकी गबन कराई दसमै ढारि पहोंचे जाई ।
जयतराम जोगी सिध लहै मूलवंध अैसैविध कहै ॥५८४ ॥
॥इति कामराज मुद्रा ॥

**अथ द्वादसी उड्याण बंध मुद्रा कहिये है ।**

**चौपाई—** प्रथमही सिधासन करि लेवै बहुरौ बंध उड्याण जु देवै ।
उरध पीठ नालमध जोई तासौ नाभि लगावै सोई ॥५८५ ॥
मंत्र उडयां ध्यान पुनि धरै वाय अपान सोई वस करै ।
करै वृधसो बालक होवै सकल विकास देह के खोवे ॥५८६ ॥
यह मुद्रा उड्याणकौ भेद कह्यौ समझाई ।
जयतराम साधन किये वृधहु बालक थाय ॥५८७ ॥
॥इति उड्याणबंध मुद्रा ॥

## अथ त्रयोदसी जालंधर बंध मुद्रा कहिये है ।

**चौपाई—** जोगी पदमासन द्रढ करै चिबुक कंठकूप मधि धरै ।
ग्रीवा हैयकी सद्रस धारे तामै लक्ष्मी बीज उचारै ॥५८८ ॥
द्रिष्ट त्रिवेणी राखे गोई प्राणायाम करै पुनि सोई ।
प्राण अपान वाय वसि करै तेजोमंडल द्रिष्ट जु परै ॥५८९ ॥
जैसे जाय सरोवर तीरा तामे जाल पसारे कीरा ॥
अर्ध के तंत जु करै वै जोई सबै उर्धकौ आवै सोई ॥५९० ॥
अैसै ही जोगी करि लेवै जालंधर द्रढ बंध ही देवै ।
सकल नाडिका पवन चढावै सो पुनि चलै उर्धको आवै ॥५९१ ॥

**दोहा—** जालंधर बंध देत ही मन पवना वसि होय ।
जयतराम मिट जात है संकल्प विकल्प होय ॥५९२ ॥
॥इति जालंधर बंध मुद्रा ॥

## अथ चतुर्दशमी महामुद्रा ।

**चौपाई—** वाम पादकी एडी जोई सीवन ताकरि दाबै सोई ।
दछणि पाव पसार जु रहै दोऊ करसो अंगुष्ट गहै ॥५९३ ॥

सहजै कछू एक खैचन करई वाम अंग दिस कंधर धरई ।

दोउ मुरतै वाई गहै जथाशक्ति कुंभक करि है ॥५९४ ॥
जालंधादि बंध द्रिढ धारै क्रम क्रम कुंभक वाय उतारै ।
कुंभक समै अंकोचन आनै बहुरि विकोचन बहुविध ठानै ॥५९५ ॥
पुन दछन कंधापरि रहै दोऊ स्वर करि वाई गहै ।
बहुरो मथै उदर की नारी पुनह वायकौ देत उतारी ॥५९६ ॥
बारंबार ससि सूरजु गहै द्वादश प्राणायाम करि रहै ।
याते सकल कलेस मिटावै सब ही नाडी अमलता पावै ॥५९७ ॥

दोहा— आसे श्रमहि न उपजै आलस नींद मिटाय ।
जयतराम याके संध्या मृत्यु न ग्रासे आय ॥५९८ ॥

॥इति महामुद्रा ॥

## अथ पंचदसी महाबंध मुद्रा कहिये है ।

चौपाई— प्रथमही सिधासन द्रिढ करै कंठकूपमधि चिबुक सु धरै ।
कंठ जिभ्या कछु उर्ध को धारै तहां खेचरी बीज उचारै ॥५९९ ॥
अध उर्ध दसन न बिचि लेवै काकचंचुवत मुख करि देवै ।
पूर्णगिर मुद्रा पुन कहिये उभै भेद याही के लहिये ॥६०० ॥
नाटिक छंद सहजही पावै अष्टसिध नवनिध चलि आवै ।
प्राणायाम आदि वसि होई दसवै द्वार पहौतै सोई ॥६०१ ॥

दोहा— महाबंध मुद्रा कही यातै लगै समाधि ।
जयतराम गुरुक्रिपा तैं मेटे मन की व्याधि ॥६०२ ॥

॥इति महाबंध मुद्रा ॥

## अथ षोडसी महावेधमुद्रा कहिये है ।

चौपाई— महामुद्रा महाबंध जु जोई अरु पुनि महावेध है सोई ।
ए तीनौ एकही करि जान क्रिया भिन्न पुनि तिनकी मान ॥६०३ ॥
जोनि स्थान अपान है जहां महामुद्रा को घर है जहां ।
याको साधन अैसै ठानै नाडि विलोय वाय सिरि आनै ॥६०४ ॥
[१३६]महाबंध घर कंठ जु होई प्राण निरोध करै पुनि सोई ।
महावेध का घर पुनि जानो दसमें द्वारमधि सो मानो ॥६०५ ॥

---

*१३६. महावेध (ना.)*
यामें जिभ्या उर्ध चढावै [१३७]चंद्रस्थान आन ठहरावै ।

प्राणायाम निरोधन[१३८] करई अैसै वज्र कपाटही जरई ॥६०६ ॥
अैसै महावेध यह धारै यामे मायाबीज उचारे ।
अजपाबीज जपै पुनि जोई सहस्त्रकमलदल फूलै सोई ॥६०७ ॥
अैसै बुधि [१३९]अमलता पावै बहुरौ सहज समाधि लगावै ।
आगै गोप्य[१४०] रहै कछू नाही जयतराम या मुद्रामाही ॥६०८ ॥
॥इति महावेध मुद्रा ॥

## अथ सप्तदसमी खेचरी मुद्रा ।

खेचरी मुद्रा बरन सुनाउ सब मुद्रामहि सार लखाउ
जयतराम गुरुमुख सधि आवै याते जोग समाधि ही पावै ॥६०९ ॥
जिभ्या उलटि कपाल चढावै भुवकै मधि द्रिष्टि ठहरावै ।
आसन साधि जुगति यह रहिये खेचरी मुद्रा तासौ कहिये ॥६१० ॥
बहरो खट अंग याके जोई तिनकौ वरनि सुनाऊ सोई ।
छेदन चालन मथन प्रवेशन दोहन मंत्र पढै द्रिढ करि मन ॥६११ ॥
को एक रिषजन अैसै [१४१]गावत सांधन द्वादस बरस बतावत ।
अैसी भांति क्रिया जब सधै अंगुर च्यारि खेचरी वधै ॥६१२ ॥
द्वादस वर्ष क्रियामें रहिनौ अतिही कठिन खेदकौ सहनौ ।
ताते गुरुक्रिपा हम पाई याकी सुगम उपाय बताई ।
साधन मास षटही जो करै बढै खेचरी बिंद न टरै ॥६१३ ॥

## अथ प्रथमे छेदनचालन कहिये है ।

**चौपाई—** सुनही पत्र सम सस्त्र धरावै ताकैहि पत्र गजवेल मगावै ।
अति तीक्षण उजलि अति करै सो ले जिभ्याकै तरि धरै ॥६१४ ॥
जिभ्यामूल बालसम छेदे आठै आठै दिनमै भेदै ।
साधिक हाथिमित्र [१४२]पुनि भेदे अथवा [१४३]गुरुवा आपही छेदे ॥६१५ ॥

---

*१३७. चंद्रसिधानि (भां)* | *१३८. निरोधनि (भां)*
*१३९. बुध (ना.)* | *१४०. गोपि (ना.)*
*१४१. वरष द्वादसकिरियाओ गाहत (ना.)* | *१४२. कर देवे (भां)*

जिभ्यातले सुखमना नारी ताकौ छेदन करे विचारी ।
अैसी भांति छेदना कहिये याके किया वृधिता लहिये ॥६१६ ॥
इडा [१४४]पिंगुला सुखमना जानु तीनौ नाडि जिम्यातरि मानु ।
जिभ्या अणी [१४५]सुचालन करावै तीनो नाडि प्रगट होय आवै ॥६१७ ॥
हरडे सिंधव सूठ जू आनै [१४६] चूरण कर जीभतर ठानै ।
कछूक जीभ अर्थ करि लेवे वाती सूत्र की तरि देवे ॥६१८ ॥
जिभ्या माहि अमी नित आवै तातै छिद्र तुरत मिलि जावै ।
यातै वासी करै जु जोई छिद्र मधि धरि राखै सोई ॥६१९ ॥
ऐसै साधन नितप्रति साधै षटमास लग जे आराधै ।
आठ दिवस प्रति छेदन ठांनौ वार चौईस अैसी विध जानौ ॥६२० ॥
यामे अल्प अहारही लेवै दूधभात भखि सब तजि देवै ।
भोजन करत जुगति यहि ठाने वाती ले मुख बाहरि आनै ॥६२१ ॥
जिभ्या सदा उर्ध करि राखै गुरु उपदेस मंत्र मुख भाखै ।
यह क्रिया षटमास करावै जिभ्या अंगुर च्यार बढावै ॥६२२ ॥
ब्रह्मरंधमै पहुचै सोई गुरुमुख साधन साधे कोई ।
जयतराम छेदन यों जानौ ताकै पीछै दोंहन ठानौ ॥६२३ ॥
॥इति छेदन चालन ॥

## अथ दोहन ।

दोहा— ब्रह्ममहूरत उठ करि बैठ ऐ करित जाय ।
जयतराम ताही समै जिभ्या दोहन थाय ॥६२४ ॥

चौपाई— मुखतैं जिभ्या बाहरि आने दोऊ[१४७]करसौ दोहन ठांनै ।
जथासक्ति खैचे पुनि जोइ याते वृधि [१४८]लहै पुन सोई ॥६२५ ॥
बहुरि दछिनकर अंगुष्ट जानौ सो ले मुखकै माही आनौ ।
चणक प्रमाण सिवलिंगही धोवै अैसीभांति अमल सो होवै ॥६२६ ॥

---

१४३. गुरकै आपही लेवे (भां)
१४४. प्यंगुला (भां)
१४५. सुमथन (भां)
१४६. चूर्ण करै जीभ तरि ठांनै (भां)
१४७. हाथस्यौ (भां)
१४८. वृध (ना.)

ऐसै जिभ्या मारग पावै ब्रह्मकपाट तुरत खुलि जावै ।
बहुरौ अंगुष्ट उर्ध चलावै [१४९]तालूमध्यहि आनि ठहरावै ॥६२७ ॥
बहुरि काढि मुखबाहरि आनै जलसो धोय पुनि मुखमै ठानै ।
नासाछिद्र लगावै जोई ताकरि सुधि विवर व्है सोई ॥६२८ ॥
बहुरों अंगुष्ट उर्ध चलावै [१५०] नासा केस लगी आनि ठहरावै ।
नासा सींवनिको सुधि करै अंगुष्ट उचौ बहुरो धरै ॥६२९ ॥
ब्रह्म[१५१] विवरमें ले ठहरावै सुखमनका घर सुध करावै ।
नेत्रविवर अंगुष्टकौ आनै करै सुध अमलता ठानै ॥६३० ॥
नेत्रजोति यातें अधिकावै अरु पुनि नाडी सुध रहावै ॥
बहुरि तरजनी मुखमै आनै दसमै द्वारि ताकौ ले ठानै ॥६३१ ॥
नेत्रमूल के ऊपरि जोई ब्रह्मरंध्र का घर है सोई ।
चणक अंकुर प्रमाण तहां लहिये परम सिवलिंग तहां ही कहिये ॥६३२ ॥
ताको ताकरि सुधि जु करै ता पीछे पुनि उधंज धरै ।
ऊर्ध छिद्र अवर इक जानौ सो भी ताकरि सुध जु ठांनौ ॥६३३ ॥
अैसी भांति जुगति यह धरै जिभ्या सिवलिंग दोहन करै ।
जयतराम बहुरौ यह जानै तै पीछै परवेसन ठांनै ॥६३४ ॥

## अथ परवेसन विधि ।

चौपाई— सुस्तक आसन बैठक धरई स्वास रोकि सरीर सम करई ।
बंध उड्याण [१५२]कामवरु देवै बहुरौ उर्ध जीभ कों लेवै[१५३] ॥६२५ ॥
पूरव छिद्र कहै पुनि जोई सुध कीये अंगुष्ट करि सोई ।
सोसो जिभ्यासौ सुध करै क्रम-क्रम उर्ध [१५४]को ले धरै ॥६३६ ॥
ब्रह्मविवर लग ले ठहरावै ताकै जाय कपाट लगावै ।
तामै बिंद अहोनिस झरे देय कपाट ताकौ वसि [१५५]करे ॥६३७ ॥

---

*१४९. तालू मधि (भां)*
*१५०. नासाकेस आनि (भां)*
*१५१. ब्रह्मधाममै (भां)*
*१५२. कामरु देय (भां)*
*१५३. लेय (भां)*
*१५४. उर्ध उर्ध (ना.)*
*१५५. थिर करे (भां)*

अथवा नारि अलिंगन करई ताकौ बिंद न कबहु ढरई ।
कला खेचरीकी सब फुरै मासमाहि नाडी सुध करै ॥६३८ ॥
अनहद दूजै मासि प्रकासै तीजै मास काया [१५६]दिवि भासै ।
चौथे मास यहै फल होई देखै सुणै द्रकी सोई ॥६३९ ॥
फुरै सरस्वती पांच मासा बालकरूपी मन व्है तासा ।
छठे मास शिवरूपी भयौ आगै [१५७]करणा कछू नही रहयौ ॥६४० ॥

दोहा— अैसे प्रवेशन करै जिभ्या उर्ध चढाय ।
जयतराम ता पुरखको छटे मास सिध[१५८] थाय ॥६४१ ॥
॥इति प्रवेशन ॥

## अथ मथन विचार ।

दोहा— तालुमूल सिवलिंग पुनि अथवा अग्निस्थान ।
[१५९]करि अंगुष्टतें तासको मथन त्रिसंध्या ठान ॥६४२ ॥

चौपाई— अथवा कील [१६०]धातमय करै मथै ताहि [१६१]करि सुधता धरै ।
मथन जु कांहु नाही दिखावे द्रिष्ट परै तो विघन[१६२] परावै ॥६४३ ॥
अैसी भांति गुप्त करि राखै जो गुन श्रेय सो काहू न भाषै ।
[१६३]च्यार स्थान मथनके जानै जिभ्या करि जो मन जो ठानै ॥६४४ ॥
प्रथम अखिका जानौ सोई अरु दुतीये लंबिका होई ।
त्रितिये तालु नाम जु जानौ चतुर्थ नाम घटिको मानौ ॥६४५ ॥
जिभ्यामूल अंबिका जोई ताकी छेदन करे जानये सोई ।
ताकी वाति बाहरि आनै जिम्या उलटि मथन तहां ठाने ॥६४६ ॥
जिभ्या अणी अति तीछण जानौ सस्त्रहु ते अधिक करि मानौ ।
अग्नि नीर तत्व दोउ लहिये तिनकरि जिभ्या तीछणक ये ॥६४७ ॥
ताते अणीसों छेदन करई ताही समै मंत्र उचरेई ।
याकरि सहज वृधिता पावै बहुरि लंबिका मथन करावै ॥६४८ ॥

---

१५६. *दिव (ना.)*
१५७. *फणै (ना.)*
१५८. *पर ताथ (ना.)*
१५९. *कर (भा.)*
१६०. *धातमध (ना.)*
१६१. *तासकरि (भां)*
१६२. *विखनि पवारे (ना.)*
१६३. *From this line onwards six verses missing upto 650 in (भां)*

दसमै द्वारि लंबीका जानौ जीभ अणीसो मथन जु ठानौ ।
बहुरि उलटि कंठमधि लावै ताकरि स्वास उस्वास न आवै ॥६४९ ॥
सिवलिंग तालूका पुनि जानौ बहुरि तहां भी मथन जु ठानौ ।
जाप जीभ थिर कीवै वरषै अमी सु ताकौ पीवै ॥६५० ॥
घंटिका चणक अंकूर कहावै ताकौ मथै सो अनहद पावै ।
अैसै कामधेनमय जोई खेचरी मुद्रा कहिये सोई ॥६५१ ॥
च्यार स्थान मथन के कहिये सोई च्यारो थन करि[१६४]गहिये ।
तिन्को दुहि अमी नित पीवै सो जोगी बहुत काल ही जीवै ॥६५२ ॥
जोगी मनोरथ पूरण होवै लहै प्रकास मूढता खोवै ।
जयतराम मथन यह कहियै गुरुकी क्रिपा तासकौ लहियै ॥६५३ ॥
॥इति मथन ॥

### अथ मंत्र साधन ।

चौपाई— षटअंगसहित खेचरी कहिये तिनमै मंत्र अंग बड लहिये ।
जो कोई मंत्र अंग को साधे षटअंगन कौ सो भल लाधै ॥६५४ ॥
मेलकमुद्रा लागै सही अनंत कालमै जो सिध कही ।
षटही मासमांहि सो लगै जाकै मंत्र हिदा में जगै ॥६५५ ॥

### अथ मंत्र आवाहन ।

अथ श्री खेचरी स्मर्यामीति अस्य श्री खेचरी मंत्रस्य
कपिल ऋषि श्रीमन्नारायण देवता सिध अनयासेन
खेचरी मुद्रा साधनसिध्यर्थ जपे विनयोगः
-हां -हीं -हुं -हैं -हौं -हः ॥ इति मंत्र ॥

### अथ न्यासः ।

चौपाई— गं हृदयायनमः इति कहिये सं शिरसे स्वाहा [१६५]उच्चरये ।
नं शिखाय वौषट् पुन जानौ मं कवचाय इसी विधि मानौ ॥६५६ ॥
हुं नेत्रत्रयाय वौषट् लं अस्त्राय जानिये फट् ।
॥इति न्यास ॥

---

*१६४. के कहिये (-ना.)* *१६५. लहिये (भा)*

## अथ षडंग ध्यान —ह्रूं — ह्रीं

आधार चक्र वरन है जोई खेचरी मुद्रा कहिये सोई ।
मुद्रा राजहंस सो लहिये गगनवास ताको पुनि कहिये ॥६५७ ॥
आनंद बीजरूप सो जानो अरु पुनि सिबकी सक्ति जू मानौ ॥
ब्रह्मलोक जननी है जोई करौ स्तुति जौर [१६६]करि दोई ॥६५८ ॥
॥इति षडंग ध्यान ॥

## अथ पानमुदक्षण ।

चौपाई— सिधासन करि बैठक ठानौ बहुरि जुगतिविधसौ तहां जानौ ।
मूलद्वार कुंडलनी जोई ताकौ चांपि जगावै सोई ॥६५९ ॥
बहुरि वहां ते उर्ध चलावै प्राण अपान [१६७]तामधि मिलावै ।
षटचक्रकों वेधे जोई ब्रह्मध्यान करै तहां सोई ॥६६० ॥
बहुरौ जिभ्या उर्ध चढावै षटछिद्रनकै पाट लगावै ।
सकल पवन कौ उर्धही आने लेकरि ब्रह्मरंध्र में ठाने ॥६६१ ॥
ऐसीविधी आनंद बढावै सो जोगी समाधिसुख पावै ।
सूर्यतेज चंद्र धरि आनै चंद्र अमी की वर्षा ठानै ॥६६२ ॥
सोई अमी सु [१६८]अधकौ आवै सुखमन तंतु [१६९]माहि समावै ।
षटचक्रनमधि बरसै आई तासौ देह पुष्ट रहै भाई ॥६६३ ॥
जोगीअजर अमरता लहै ईश्वरभाव सकलही गहै ।
याकी महिमा सिव अति भाखी सो पुनि [१७०]मुखसो जाय न आखी ॥६६४ ॥
॥इति पानमुदक्षण ॥

## अथ अवखदी वरननं ।

बहुरि औखदि[१७१] वरनि सुनाउ दिव्य दिव्य प्रगट कहि गाऊ ।
अवखदिविना[१७२] सिध नही लहै तातै जोगी अवखदि नित गहै ॥६६५ ॥

---

*१६६. कर (भां)*
*१६७. करै तहांमधि (ना.)*
*१६८. अर्धकौ (भां)*
*१६९. सु माह (भां)*
*१७०. मुनमुखसौ (ना.)*
*१७१. अवषध (भां)*
*१७२. अवषधविना सिधि (भां)*

भृंग समूल संग्रह आनै ताहि सुकायरु चूरण ठानै ।
क्रिष्णतिल आमल दधि लेवै मधित्रिय सकल कौ सेवै ॥६६६ ॥

दोहा— रोगव्याध सबही कटै जरामृत्यु मिटि जाय ।
जयतराम अवखद भखै तो ये ता गुण थाय ॥६६७ ॥

चौपाई— एक एक निर्गुडी पात दिनप्रति तीने बेर जो खात ।
वरसवार है अैसो होवै जरामृत्यु दोनूसों खोवै ॥६६८ ॥
निर्गुडी नलनी अरु मूंडी समकरि वनतै ल्यावै ढुंढी ।
बहुरि सर्करा घृत जु मिलावै वरसदिवस साध्या सिध पावै ॥६६९ ॥
षटमास गंधक सो धरै[१७३]तिलकरु गोलोचन सम करै ।
मधुत्रय जुक्ति चूर्ण करि खावे अजर अमर पदवी सो पावे ॥६७० ॥

## अथ [१७४]रहनविधान ।

चौपाई— प्रथम एकांत मढी एक ठाने वनग्रह माहि जहां मन माने ।
षटमास आसन द्रिढ धरै प्राणीमात्रसौ बात न करै ॥६७१ ॥
मंत्र जाप निसदिन ही उचारै चावल पय भखि लूण निवारै ।
[१७५]नागरवेल भूलि [१७६]नही खावे कछुक मींठो भोजन पावै ॥६७२ ॥
पूरब अवखद वरनी जोई साधन करै तासकौ सोई ।
दिवस सातवे रवि दिन आवै ता दिन छेदन जु करावै ॥६७३ ॥
पाखि पाखि प्रति दोहन करै मथन अहोनिसही मन धरै ।
अैसैं करत मास षट जावे वृद्ध खेचरी तबै पावै ॥६७४ ॥
अंगुर च्यार जीभ [१७७]बढावै भक्तिमुक्ति दोउ फल पावै ।
कृत्य कृत्य सोई नर होय जन्ममृत्यमल डारै धोय ॥६७५ ॥

दोहा— ग-योजु तावा उपरै बूंद एक धरि देह ।
जयतराम सो कनक होय खेचरि [१७८]का गुण येह ॥६७६ ॥

॥इति खेचरी मुद्रा ॥

---

*१७३. रुद्रलोचन (भां)* *१७४. रहिन (ना.)*
*१७५. नागरवेलि (भां)* *१७६. मूलि (ना.)*
*१७७. बढि आवै (भां)* *१७८. खेचर (भां)*

## अथ अष्टादशमी वरणक मुद्रा ।

चौपाई— या मुद्रा को कोई यों गावै अमरोलीभी नाम कहावै ।
क्रिया असुधि सहित अनुसरे तो तजि बुधजन सुधि ही करै ॥६७७ ॥
[१७९]हूं हूं फट् स्वाहा सोई मंत्रदीप यो जपिये जोई ।
ॐउै ब्रह्म महूर्त्तमाही निर्गुंडी कौ पान करत राही ॥६७८ ॥
अंजुरी तीन मंत्र पढि पीवै सकल रग सुध कीवै ।
बहूरि कमल प्रफुल्लित होवै देहविकार सकलही खोवै ॥६७९ ॥
बहूरौ क्रिया एक और जु ठाने अवखदि चार प्रभातही आनै ।
निरगुंडी अरु भंगरो जोई मुंडी चतुर्थ अवर गिलोई ॥६८० ॥
च्यारौ सम करि चूरण करै ताकौ मर्दि मंत्र उचरै ।
यह क्रिया षट मास जु करई सबही मुद्रा सहजै फुरई ॥६८१ ॥
सर्व [१८०]सिध अनयास जु पावै आगै करणौ नाहि रहावै ।
साधनमांहि प्रस्वेद जु आवै ताकौ मरदन देह करावै ॥६८२ ॥

दोहा— अमर अभैता पाइये वरणक साधै कोय ।
जयतराम गुरुक्रिपाते वज्रोली सिधि होय ॥६८३ ॥
॥इति वरणक मुद्रा ॥

## अब सहजोली मुद्रा ।

चौपाई— अमरोली वजरोली कहिये सहजोली भी यामै लहिये ।
जयतराम ये तीनो जानौ इनकौ भेद येकही मानौ ॥६८४ ॥
॥इति सहजोली ॥

## अथ बीसई षणमुखी मुद्रा ।

प्राणायाम साधन जब करई तामे कबहू विघन जु परई ।
सो नर मुद्रा षण्मुखी साधै सुस्तक आसन बैठ आराधै ॥६८५ ॥
मूल उड्याण बंध द्रिढ धरै अरु पुनि जालंधर बंध करै ।
दोऊ हस्तकी अंगुरी जोई तिनकरि मुदै छिद्र है सोई ॥६८६ ॥
मुखनासानेत्र बंध करै अंगुरी दोय करण मैं धरै ।
अैसे कर कुंडलिनी घेरे मूलद्वार तैं उर्ध उतेरे ॥६८७ ॥

---

*१७९. खेचर (भां)* *१८० सर्वसिधि (भां)*

प्राणायाम केवल करि वाई दसमै [१८१]द्वार पहुंचै जाई ।
जोगी परम सिध कौ पावै जयतराम षणमुखी बतावै ॥६८८ ॥
॥इति षणमुखी ॥

**अथ एकबीसमी चाचरी मुद्रा ।**

प्रथम सिधासन बैठिक [१८२]करई नासाद्रिष्टि अचल करि धरई ।
ज्योतिरूप[१८३] प्रतिबिंब विलोके अर्धचन्द्र बिंब[१८४] अवलोके ॥६८९ ॥
जोतिरूप कुंडलनी जोवै आतमरूप सुख[१८५] प्रगटे होवै ।
बहुरि उलटि चख उरमै करै आत्मध्यान तहां पुनि धरै ॥६९० ॥
[१८६]नित्यप्रत्य जोगी दर्शन पावै होय मगन पदमाहि समावै ।
चाचरी मुद्रा अैसै कहिये जयतराम सो गुरुमुख लहिये ॥६९१ ॥
॥इति चाचरी मुद्रा ॥

## अथ बाइसमी भूचरी मुद्रा कहिये है ।

चापाई— सिधासन बैठक द्रिढ करै भुवकै मधि ध्यान पुनि धरै ।
नखसिख सकल सरीर अवलोके[१८७] जोतिरूप षटमाहि विलोकै ॥६९२ ॥
बहुरि उलटि चख्य उरमे आनै भौहा उर्ध ध्यान को ठानै ।
जोतिद्रिष्टि प्रतछ तहां लहै जथासक्ति तामै थिर रहै ॥६९३ ॥
बहुविध आनंद उपजै आई सो सुख मुखकरि कहौ [१८९]न जाई ।
भूचरि मुद्रा या[१९०] विध होवै जयतराम सब संकट खोवै ॥६९४ ॥
॥इति भूचरी ॥

---

*१८१. दसम द्वारकौ (भां)*
*१८२. द्रढ (भां)*
*१८३. जोतसरूप (ना.)*
*१८४. अर्धचंद्रबिंब अवलोकै ज्योतिरूप प्रतिबिंब विलोकै (भां)*
*१८५. तहां सुख (भां)*
*१८६. नितिप्रत्य (भां)*
*१८७. अलोकै (भां)*
*१८८. घटिमाहि (ना.)*
*१८९. कहया (भां)*
*१९० यहविधि (भां)*

## अथ तेईसमी अगोचरी मुद्रा कहिये है ।

चौपाई— षटचक्रनमधि ध्यान जु ठाने बहुरौ ध्यान उर्धकौ आने ।
सहस्त्रकमलदल ध्यान जु धरै बहु-यौ मनहि[१९१] उर्ध संचरे ॥६९५ ॥

दोहा— मुद्रा कही अगोचरी ध्यान अगोचर होय. ।
जयतराम गुरुक्रिपातै[१९२] याकौ साधन जोय ॥६९६ ॥

॥इति अगोचरी मुद्रा ॥

## अथ चौबीसमी उनमनी मुद्रा कहिये है ।

चौपाई— स्वस्तक आसन बैठक धरै प्राणायाम[१९३]जुगतसों करै ।
जोग अंग सो सकल पुनि विचारे द्रिढ करि बंध सकल पुनि धारे ॥६९७ ॥
मन अरु पवन दोउ थिर करै संकल्पविकल्प सब परहरे ।
इंद्रीवृति सकल उरि आनै कूर्मभांति[१९४] अंग कौ ठानै ॥६९८ ॥
मन आतमकौ प्रगट देखै सकल मनोरथ पूरन पेखे ।
अनहद धुनि तहा प्रगटै आई ताकी महिमा कही न जाई ॥६९९ ॥
भितीये मेघधुनि प्रगट होवे बहुरौ अनहद धुनि को जोवै ।
प्रथम बीन धुनि उपजै आई दुतीय शंख धुनि देत दिखाई ॥७०० ॥
नाना धुनि[१९५]अखंडत होवै संकल्प विकल्प[१९६] मन सब खोवै ।
गायत्री अजपा जहा भ्यासे बहुरौ आपहि[१९७] आप प्रकासै ॥७०१ ॥
परमातम को दरसन पावै तिनसो मिल आनंद बढावै ।
जैसै बहुत कालसौ[१९८]कोई बिछु-यौ मित्र मिलै पुनि सोई ॥७०२ ॥
पूर्व दुखकी करत संभारा सो पुनि रुदन करि तह[१९९] वारा ॥
अैसै परम मित्र परमात्म बहुत काल कौ बिछुयौ आतम ॥७०३ ॥
सो पुनि मिल[२००] कर आनंद बाढै अस्त्रपात प्रेम के काढै ।
बहुत काल में अंतर रहौ ताकौ दुख कछु जात न कह्यौ ॥७०४ ॥

---

*१९१. मनु जु धरै बहु उर्ध संचरै (ना.)*
*१९२. गुरकी क्रिपा (भा)*
*१९३. जुक्तिस्यौ (भां)*
*१९४. कूरमभात (ना.)*
*१९५. धुनिहि अखंडित (भां)*
*१९६. नर मनकौ (ना.)*
*१९७. आपकौ (भां)*
*१९८. कालयें (ना.)*
*१९९. ततकारा (भां)*
*२००. मिलि करि (भां)*

सो सब दुख ततकार नसायौ जबही प्रभुकौ दरसन पायौ ।
नाना वृत्त[२०१] मन सकल मिटावै अरु पुनि बुधि[२०२] अमलता पावै ॥७०५ ॥
माया कबहु मोह न करै सीस नवाय विघ्न सब टरै ।
श्री गुरुको प्रसादही भयौ[२०३] आगै करणौ [२०४]कछु नही रह्यौ ॥७०६ ॥
॥इति मुद्रा ॥

## अथ मंत्र [२०५]विचार कहियै है ।

मायाबीज -ह्रीं[२०६] कामराज बीज क्लीं
उड्याणबीज -ह्रीं लक्ष्मीबीज श्रीं
अजपाबीज सोहं हंसो ।
॥इति मंत्र विचार ॥७०७ ॥

**चौपाई—** [२०७]एको बीज [२०८]सिष्टिमय कहिये मुद्रा एक खेचरी लहिये ।
एकौ देव निरंजन जानो अवस्था एकै उनमनी मानौ ॥७०८ ॥

**दोहा—** [२०९]यह उनमन मुद्रा कही सब मुद्राको सार ।
जयतराम गुरुक्रिपातै याको लहे विचार ॥७०९ ॥
इति श्री चौबीस यह मुद्रा पूर्ण सोय ।
जयतराम स्त्रधासहित गुरुमुख जाणै कोय ॥७१० ॥[२१०]
॥इति चौबीस मुद्रा ॥

## अथ ओंकार को अर्थ निरूपण ।

**चौपाई—** ओंकारको रूप पछानै ताकरि जनममरन भय भानै ।
सो पुनि तीन अक्षरमय राजत अकार उकार मकार विराजत ॥७११ ॥
जो ओंकारसो अजहि कहावै रजगुण करिकै सिष्टि उपावै ।
विष्णु अकार सतोगुण सोई ताकरि विश्व की रक्षा होई ॥७१२ ॥
मकारसो महादेवको जानो तमकरि नास विश्वकौ मानौ ।
अैसो ओंकार है जोई सकल विश्व को कारण सोई ॥७१३ ॥

---

*२०१. वृत्य (भां)* | *२०२. बुध (ना.)*
*२०३. लह्यौ (भां)* | *२०४. क्यों (भां)*
*२०५. विध (ना.)* | *२०६. क्रां (ना.)*
*२०७. एकही (भां)* | *२०८. सिष्टमय (ना.)*
*२०९. एक (ना.)* | *२१०. This verse missing in (ना.)*

तीनो लोक याही में वसै वेद तीन पुनि तामै लसै ।
हरिकै तीन पद ही जो कहिये याके मधि तेइ पुनि लहियै ॥७१४ ॥
अर्धमात्रा तिनमें नाही न्यारी राजत है तिनमाहि ।
परमपद धाम तासकौ कहिये गुरुकी क्रिपा भेद सो लहिये ॥७१५ ॥
प्रथम मात्रा लघु कर जानो पुनह दूसरी दीरघ मानो ।
पुलत मात्रा तीजी भारी मनवचन तें अरथ मात्रा न्यारी ॥७१६ ॥
जो कोई ओंकारको ध्यावै अरथ मात्रा सो भलि पावै ।
निरगुण ब्रह्म लक्ष जो लहै वाचक ओंकारको गहै ॥७१७ ॥

दोहा— इहि विधि ओंकारकौ भेद बतायौ सार ।
जयतराम जो उचरै सो नर उतरै पार ॥७१८ ॥

चौपाई— क्रिया जोग की तनु करि करे ओंकार वचन उचरै ।
मन द्रिढ राखि ध्यान पुनि धारै मनवचनकाय यह सदा विचारै ॥७१९ ॥
॥इति ओंकार निरूपण ॥

## अथ प्रत्याहार ।

दोहा— प्रत्याहार अब कहत हौ चितवृति उलटन सोय ।
जयतराम गुरुक्रिपातै पावै विरला कोय ॥७२० ॥

चौपाई— सोत्र आदि इंद्रिय है जोई सबद आदि विषै पुनि सोई ।
सो तौ मनकर गहै विकारा मन करि रहित नख वरि लगारा ॥७२१ ॥
जैसै जाग्रत मे थिर रहै [२११]इंद्रीयसकल विषै कौ गहै ।
बहुरौ स्वपन अवस्था आवै इंद्रिय सकल वृत्ति छिटकावै ॥७२२ ॥
तातै जोगी मन वृत्ति गहै प्रत्याहार नाम सो लहै ।
इंद्रिय सहजै ही वसि आवे जब मन केरी वृत्य मिटावै ॥७२३ ॥

दोहा— जैसै कूर्म संग्रहै अंग अपनौ सोय ।
अैसै विपयादिकन ते चित्तवृत्य. राखै गोप ॥७२४ ॥
पंच विषै मे जात है मन इंद्रिय वसि होय ।
तिनकौ गहि उरमै धरै कूर्मकला संज़ोय ॥७२५ ॥
जैसै सायंकाल मै किरण आपनी जोय ।
रवि गहि लेवै आपने प्रत्याहार करि सोय ॥७२६ ॥

२११. *This half line missing in (ना.)*

जयतराम ता पुरख के सुगम धारणा होय ॥७२७ ॥

**इति श्री जोगप्रदीपकायां जयतरामेण ॥**
**विरचितायां प्रत्याहार वरनन नाम पंचमो खंड ॥**

**अथ धारणा ।**

दोहा— बहुरि धारणा कहत हौ तातें मन थिर होय ।
जयतराम गहि हृदय में राखै वृत्य समोय ॥७२८ ॥

**अथ पंचततको वितक्रम ।**

दोहा— पंचतत्व वितक्रमतै उपजे तन में रोग
ताकौ ब्योरो सुनो अब नहि समझे सठ लोग ॥७२९ ॥

चौपाई— जब अवनी तत अधिको होई सून्य होय तन लठरिसु जोई ।
जलको तत अधिको व्है जबही खांसी जुखाम होवे तन तबही ॥७३० ॥
तेज तत्व अधिकौ व्है आवै तब ही तनमै ताप जनावै ।
वाय तत्व अधिको जब जानो व्है सनपात बकत बहु मानौ ॥७३१ ॥
भूतत्व मै जब जोरौ जलको गलित कोढ व्है चले नवलको ।
जल तत्व मै जब जोर आगिको दाह होइ तन [२१४]जलतत्व लागिकौ ॥७३२ ॥
अग्नितत्व में जोर पवन जब सीत सहित तप आवत है तब ।
औरो देह छीन नित होई जयतराम कहि समुझो सोई ॥७३३ ॥
वाय तत्व मै जल अधिकावै कोढि होय फलका बहु पावै ।
याही भांत पांच तत्व करि आपि आपमे खेच करे वर ॥७३४ ॥
तन में रोग होंहि बहुतेरे कहां लोक हौं न आवे घेरे ।
तातें जोगी इन्है विचारै जयतराम कहि योग संभारे ॥७३५ ॥

दोहा— याही की विपरीत करि वृध रोग न होय ।
तातै जोगी प्रथम ईन साधै अवचल सोय ॥७३६ ॥

चौपाई— तातैं इनकी धारना करे जोगी अजर होइ नही मरे ।
पांच तत्वसो न्यारे न्यारे जोगी याको हियमै धरै ॥७३७ ॥
॥इति वितिक्रम ॥

---

*२१३. पांचतत वितकरमतें (भां)* *२१४. तन जतन लागिकौ (भां)*

## अथ पंच तत्वभेद ।प्रथम पृथ्वी तत्वभेद ।

चौपाई— पृथ्वी तत्व जोगी यौ जानौ [२१५]अंगुरी पंच वहे यो मानौ ।
[२१६]नाभबीच सो आय ठहरावै पल पचास लगि वहे सुभावै ॥७३८ ॥
राजसगुन अरु मीठो स्वाद बैठक याहि सुभाव अनाद ।
बुधि बीच सो मोह उपजावै सूधी गति जोगी सुख पावै ॥७३९ ॥
॥इति पृथ्वीतत्व ॥

## अथ जलतत्वभेद ।

चौपाई— अंगुरी च्यारि पवन इस वहै नीचो चले हिदयसो रहै ।
पल चालीस वेग सो याको करवो स्वाद सतो गुनको ॥७४० ॥

दोहा— मनमें उपजे मदन तब निश्चय करियो जानि ।
जयतराम जल तत्व यह सीतल गुन सुपछानि ॥७४१ ॥
॥इति जलतत्व ॥

## अथ तेजतत्व स्वरभेद ।

चौपाई— अंगुरी तीन बहु उचै चलै वेग तीस पल मस्तक रले ।
चित में क्रोध करै संचार तीछण याहि सुभाव विचार ॥७४२ ॥

दोहा— स्वाद याहि है चरपरौ तामस गुनि निरधार ।
जयतराम तत्व तेज यहै गुरुमुख करौ विचार ॥७४३ ॥
॥इति तेजतत्व ॥

## अथ वायतत्वभेद ।

चौपाई— अंगुरी [२१७]दोय कानलग वहै तिरछी गति वीस पल रहै ।
खाटो स्वाद अरु चंचल जानो तीनो गुनमें बरतत मानो ॥७४४ ॥
॥इति वाय तत्व ॥

## अथ आकास तत्वभेद ।

अंगुरी एक वहे सब ठौर उभो रहै सु सिरलगि दौर ।
रहे उदास अरु फीको स्वाद जयतराम येह तत्व अनाद ॥७४५ ॥
॥इति पंचतत्वभेद ॥

---

*२१५. अगुरु (ना.)* *२१६. नाभ सो उर्ध (भा.)*
*२१७. च्यारि होय (ना.)*

**अथ पृथ्वी तत्व धारना**

हरिताल सुवरन वरन है अवनी लकार बीजसहत अति कवनी ।
सतसहस्त्र लक्ष्मीसंग जानो च्यार कोणि हृदय में मानो ॥७४६ ॥
चितलीन प्रानसंग करै घरी पंच [२१८]स्तंभन धरै ।
धारन धर जब जीते जोगी जयतराम [२१९]गुरुमुख निरोगी ॥७४७ ॥
॥इति पृथ्वी तत्व धारना ॥

## अथ जल तत्व धारना ।

चौपाई— अर्धचन्द्र अरु कुंदसो वरन रहै कंठमें सुन ले [२२०]वरन ।
तामे जलसो अमृत जानो वकार बीज विष्णुदेव मानो ॥७४८ ॥
पांच घरी प्रानचितसंग यह जलधारन जीते रंग ।
कालकूट जो सह्यो न जाय जयतराम जोगी [२२१] सुपचाय ॥७४९ ॥
॥इति जलतत्व धारना ॥

**अथ तेज तत्व की धारना**

तालूबीच थान है याकौ चंद्रवधुवत वनर हैं ताकौं ।
मूंगावत औरो इकरंग रेफ बीज त्रिकोन तिहि अंग ॥ ७५० ॥
रुद्र देवता धारन अगि चित्तप्राण घरी पंचलागि ।
जब यह अग्नि जीत हैं जोई जयतराम कहि जोगी सोई ॥ ७५१ ॥

**अग्नितत्व**

## अथ वायतत्व की धारना ।

चौपाई ज्यों समूहका जर व्है भीनो औरो [२२३] मेघ वर यो चिन्हों ।
भौंहबीच षटकोन अकार ईश्वर देय अरु बीज जकार ॥ ७५२ ॥
प्रानसहित लीन करि चित्त गगन मगन [२२४] व्है जोगी नित्त ।
वायतत्व की धारन जीत जयतराम तब जो गहि प्रीत ॥ ७५३ ॥
॥ इति वाय तत्व धारना ॥

---

*२१८ पंच स्तंभ (भां)* *२१९ गुरुमुखी ( भां )*
*२२० करन (भां)* *२२१ सब पाय (नां)*
*२२२ चंदवधू (भां)* *२२३ औरो दसौ वरन यों चीनौ (भां)*
*२२४ गमन (भां)*

**अथ आकास तत्व की धारना**

वरन याहि सुधि जलधार ब्रह्मरंध्रमे वृताकार ।
देव आदि सिव बीज हकार प्रानचित्तको तहा जु धार ॥ ७५४ ॥
घरी पांच धारन आकास मोक्ष विचार खुले [२२५] सुखरास ।
गगन तत्व को जीत सुजान जयतराम कहि लहि वर थान ॥ ७५५ ॥
पंचतत्व की धारन पांच ताहि सुभाव सुनो लहि साच ।
अवनी को सुस्तंभ सुभाउ द्रवीभूत जल कह्यौ प्रभाउ ॥ ७५६ ॥
अगनि धारना दहनी कही भ्रमणी वाय सु जानो सही ।
गगन धारना सो अवकास [२२६] मनवचनक्रमकरि निहचै तास [२२७] ॥७५७ ॥

दोहा — पृथीवि वरसु दे सदा जल नहि बोरें सोय ।
अगनि न दाहै तासकूं जो साधन दृढ होय ॥ ७५८ ॥ *
पवन जीत व्है पवनसम सिध सु दे आकास ।
जयतराम निहचै इहै साधै करि बिस्वास ॥ ७५९ ॥
पंचभूत की धारना वरन सुनाई सोई ।
जयतराम याके सधे पांच तत्व जय होई ॥ ७६० ॥

**इति श्री जोगप्रदीप कायां जयतरामेण**
**विरचितायां धारना नाम षष्टमो खंड ॥**

## अथ कालग्यान ।

**चौपाई** कालग्यान अब भाखि जोई जाने ताहि विचारे सोई ।
साधक नित्यप्रति स्वर कौ देखै जयतराम सौ समै ही पेखै ॥ ७६१ ॥
दोय दिवसलगि [२२८] वहै जु जोई नारि पिंगुला सूर्य [२२९] सोई ।
खीण आवता तै कछु जानौ यह वचन बुधु सत करि मानौ ॥ ७६२ ॥
पंच रैन दिन सूर्य चलै इडा न तामै कबहु मिले [२३०] ।
ताकी आयु वर्ष त्रय मानो ग्रसे काल यहै जिय जानो ॥ ७६३ ॥

---

*२२६ खोले (भां)*
*२२७ मान (भां)*
*२२८ दिवस तो (भां)*
*२३० रलै (नां)*
*२२६ खनि जान (भां)*
** These verses are missing in (नां)*
*२२९ सूरजु (भां)*

जौ दस दिवस सूर स्वर जोई वहे एक रंस फिरै न सोई ।
जाकी आव अल्प पुनि मानो वर्ष पांच मैं करै पयानो ॥ ७६४ ॥
जो दिन बीस अहोनिस जोई वहे पिंगला मुरे न सोई ।
ताकी आव रहै षटमासा निहचै करै अवनी मे वासा ॥ ७६५ ॥
अहोरैन दिन वहे निरंतर नारि पिंगुला परै न अंतर ।
दिन पचीस लगि अैसे जानौ ताकी आव मास दोय मानौ ॥ ७६६ ॥
सताईस दिन इकरस वहै ताकौ काल मास मैं गहे ।
अष्टवीस दिन भान वहावे अर्धमास [२३१] में मृत्यु सो पावै ॥ ७६७ ॥
उनतीस [२३२] दिवस जब सूर्य वहै सो नर भूपरि दिन दस रहै ।
पूरन तीस वहे जब जोई जीवन ता नरको दिन दोई ॥ ७६८ ॥
दिन बतीस भान स्वर जहां वहे निरंतर फिरै न तहां ।
सो नर अहोरैंन इक जीवे छांडि [२३३] बंध हरिरस की न पीवै ॥ ७६९ ॥
जो स्वर चलै दिवस तैतीस गही आव पुनि ताकि बीस ।
तजै प्राण ता दिवस जु सोई तैलरहित दीपक जिम जोई ॥ ७७० ॥

**दोहा** कालग्यान यह वरणिवो जाणै विरला कोय ।
जयतराम यह जाणिकर कालही वंचे सोय ॥ ७७१ ॥ *
अैसे जानै कालकौं पहुचौ निकटही आय ।
जयतराम गुरुक्रिपातै [२३४] वंचन करै उपाय ॥ ७७२ ॥
॥ इति कालग्यान ॥

## अथ कालवंचन विधि कहियै है ।

**चौपाई** भृकुटी द्रिष्टि निरंतर धारे औंकार जु [२३५] मंत्र उचारे ।
याते अधिक आव पुनि होवे जोगी साधि कालभय खोवे ॥ ७७३ ॥
पूरक पवन पिंगुला कर साधै सक्ति प्रमाण कुंभक द्रढ बांधै ।
रेचक भांति [२३६] उतारे वाई या विधि आव वृधता पाई ॥ ७७४ ॥

*२३१. आधै मास (भां)* *२३२ उनतीसै जब (भां)*
*२३३ धंध (भां)* * This verse in missing in *(भां)*
*२३४ गुरुक्रिपासौ (भां)* *२३५ को (भां)*
*२३६ भान (भां)*

सूर्यमांहि चंद्र स्वर लावे [२३७] चंद्र उलटि [२३८] भानहि मिलावे ।
दिवस चंद निस भानु [२३९] जु धारै या विधि जोगी काल निवारै ॥७७५ ॥
चंद्रसूर्य [२४०] दो समकर राखै उरध चढाय अमीरस चाखै ।
गगन मंडल में अनहद धारै जयतराम सो काल निवारै ॥ ७७६ ॥
प्रथमही सिधासन द्रढ करै वाय अपना उरध ले धरै ।
बहु-यो प्राणायाम करावै प्राण वाय ले उरमधि आवै ॥ ७७७ ॥
पुन [२४१] से अर्धउर्ध की वाई नाभिस्थान सकल ठहराई ।
सो पुनि सुखमनमधि मिलावै खंडै काल समाधि लगावै ॥७७८ ॥

दोहा — या विधि काल निवारीये ये गुरुमुख साधन साधि ।
जयतराम ता पुरुखके सहजै लगै समाधि ॥ ७७९ ॥
॥ इति कालवंचन विधि ॥

## अथ ध्यान वरनन ।

दोहा सप्तम अंग जु जोगको ध्यान कहत है सोयं ।
जयतराम जोगी लहै जा ताके नही होय ॥ ७८० ॥

चौपाई आसन सम करि बैठक करई कर दोउ जंघनपर धरई ।
सरल सरीर कबै नही डोले नासाद्रिष्टि राखि नही बोले ॥ ७८१ ॥
इडा पूरि कुंभक द्रढ थारे नारि पिंगुला वाय उतारे ।
पुनह [२४२] पिंगुला पुर करि लेवै इडा नाडि रेचक करि देवै ॥ ७८२ ॥
सकल अर्थ जु मन[२४३] के तजै हरि को रूप ह्रि मै भजै [२४४] ।
प्राणायाम सगर्भ कौ धारै अगर्भ कौ कबहु न उचारै ॥ ७८३ ॥
मंत्रसहित धारै सु सगर्भा मंत्रविना तजि देत अगर्भा ।
याकौ गुरुतें भेदही पावै मंत्रसहित सो ले ठहरावै ॥ ७८४ ॥

---

*२३७ ल्यावे (भां)* *२३८ उलट (भां)*
*२३९ भान ( भां)* *२४० चंद सूर दो (भां)*
*२४१ फुनि जै अरध उरध की वाई (भां)* *२४२ इडा नाडि रेचक कर देवे पिंगला पूर कुंभ द्रढ करै लेवे (नां)*
*२४३ इंद्रीके (भां)* *२४४ जजै (भां)*

पूरक रेचक कुंभक धारै तामधि ओंकार उचारै ।
नाद अनाहद सौ मन लावै बहुरि तहां सो प्राण चलावै ॥ ७८५ ॥
तीनों काल साधिये सोई प्राण मासही मै थिर होई ।
पुनह पदम हिदाकौ ध्यावै अष्ट पत्र ताके विकसावै ॥ ७८६ ॥
सो है अर्ध उर्ध मुख करै रवि को ध्यान तहां सुधि धरै ।
पुनि रविमाहि अनल सो [२४५] जानै चंद्रमाहि अनलको मानै ॥ ७८७ ॥
बहुरि अनलमधि ध्यावै सोई प्रेमसहित अति विह्वल होई ।
सियासहित राम तहां राजत सोभा अनंत तेज घन भ्राजत ॥ ७८८ ॥
नूतन मेघ सजल तन स्याम तडित समान अंबर रुचि धाम ।
रुकम क्रीट सोभत नगजरो अति उजल सीस प्रभु धर्‍यो ॥ ७८९ ॥
मंद हसन सोभाको सदन फूल रह्यो हरिको मुख पदम ।
मकराकृत कुंडल तहा राजत प्रभुके करननमधि विराजत ॥ ७९० ॥
[२४६] कंबुक ग्रीव सोभति वनमाला उर भृगुलतारु नैन विसाला ।
भाल तिलक नासा दुति भारी बाहु आजानु जन ताप निवारी ॥ ७९१ ॥
करकंकन मुद्रिका विराजत नखदुति मनहु चंद [२४७] दुति लाजत ।
सकल अंग सोभित सुभ भूषण चिंतये ताहि मिटै भवदूषण ॥ ७९२ ॥
ऐसे ध्यान प्रभुको नित धारे चरन सीसपरजंत निहारै ।
सहित जानकी सोभती जहां मनको सीस लगावे तहां ॥ ७९३ ॥
अैसेही मन थिरता पावै बहुरि सकल विराटमय ध्यावै ।
पूरन ब्रह्म सकल विस्वमाही भेदरहित दूजो कोउ [२४८] नाही ॥ ७९४ ॥

दोहा — देहबुधि जो लोरहै दास राम को जोय ।
आतमबुधि विचारिये जहां [२४९] तहां देखै सोय ॥ ७९५ ॥
अैसे ध्यान जु धारिये छाडे सकल उपाधि ।
जयतराम ता दासकै लागे सहज समाधि ॥ ७९६ ॥

**इति श्री जोगप्रदीपकायां जयतरामेण**
**विरचितायां ध्यान वरनन नाम सप्तमो खंड ॥**

---

*२४५ ससि (भां)* *२४६ कंबग्रीव (भां)*
*२४७ अर्क (भां)* *२४८ को (भां)*
*२४९. हम प्रभु नाही दोय (भां)*

## अथ परकाया परवेसन ।

चौपाई— परपक जोग जबै सधि आवै जोगी सिध अगम की पावै ।
अपनी इछा विचरे जोई करै भवंगम की क्रिया सोई ॥७९७ ॥
सकल पवन अपनै वसि आई नारी गोंप्य [२५०]रही नही कोई ।
मनकी वृति न छानी कोई जाजा समै चलत है सोई ॥७९८ ॥
सकल सरीर दिव्यता पाय आवर्ण सबही गयो [२५१]पलाय ।
वायरूप जीवकौ जानौ जहां वाय तहा करे पयानो ॥७९९ ॥
तातै जोगी यह मत पावै परकाया प्रवेस करावै ।
जो कोई मृतक तन देखै अरु पुनि अपनी इछा पेखें ॥८०० ॥
करे प्रवेश ता समै जाई गुरुकी क्रिपा युक्ति सो पाई ।
सकल षवन मनसहित चलावै अपने कंठ आनि ठहरावै ॥८०१ ॥
बहुरो मंत्र पढै ता वारा जाको गुरुते लहो विचारा ।
काकचंचवत मुख कर लेवे अपनो प्राण मृतक मुख देवै ॥८०२ ॥
मरे आप मृतक उठि धावे पूर्व देह की स मृत्य पावै ।
बहुरो जु अपना मन मै चहै यह तन छाडि वहै तन गहै ॥८०३ ॥

दोहा— परकाया प्रवेशनों गुरुमुख पावै धीर ।
जयतराम जीर्ण तजै जो तन गहै सरीर ॥८०४ ॥

॥इति परकाया प्रवेशन ॥

## अथ जवागु विधि ।

दोहा— साधन [२५३]माहि कदाचि को वाइ वितक्रम होई ।
जवागु का रस फेरीइ समता पावै सोई ॥८०५ ॥

चौपाई— चावल टंक बतीस जु लेवै सोलह टंक मुगदल देवै ।
दोऊ समकरि पात्र के माही राधै सजल कठिनता नाही ॥८०६ ॥
बहुरि पचाइ भूमि परि धारै सूंठी मिरच पीपलि पुनि डारै ।
सेंधव लून धनौ पुनि आनै टंक टंक पीसै अरु छानै ॥८०७ ॥

---

*२५०. न कोई रहाई (भां)* *२५१. पुलाई (भां)*
*२५२. लहयो (भां)* *२५३. समै (भां)*

सबै मिलाय बहुरि ता छानै पीवै ताहि उदरमधि आनै ।
मनको पवनमधि ले आवै सो मन वायरूप व्है जावै ॥८०८ ॥
नवद्वारनमधि रस भर मावै सबही द्वार अमलता पावै ।
अथवा वाय वितक्रम करे ताकरि सूलग्रंथ जो परै ॥८०९ ॥
जवागु के रसकौ भर मावै ताकरि वाय सरलता पावै ।
सीतकाल सूर्यस्वर फेरे ऊष्णकाल में चंद्र उतेरै ॥८१० ॥

**दोहा—** जवागु रस प्रभाव करि दस नारी दस वाय ।
जयतराम सुलटै सकल रहै अमलता पाय ॥८११ ॥

॥इति जवागु की विधि ॥

## अथ दस नाडी दस वाय को भेद ।

**चौपाई—** इडा पिंगला सुखमन कहीये गंधारी गजजीव्हा सु लहीये ।
पूषा जसमन ओर अलंबुंषा कूहु संखनी जानो विदुषा ॥८१२ ॥
ताके अब स्थान सुनाऊ जयतराम [२५४]गुरुमुख सु लखाऊं ।
वाम नासिका इडा सु जानों पिंगल दछन नासा मानो ॥८१३ ॥
मध्यम[२५५] देस सो सुखमना कही वाम नयन गंधारी लही[२५६] ॥
गजजीव्हा सो दछन लोचन जयतराम है दुखकी मोचन ॥८१४ ॥
पूषा करन दाहने लेख [२५७] जससणि वाम करन विपेख ।
आननमाहि अलंबुषा जानो [२५८]कुहुनाडि पुन स्थान वखानो[२५९] ॥
कुहूलिंग अरु संखणि मूल गुरुमुख जाने मेटे सूल ॥८१५ ॥

**दोहा—** इडा पिंगला सुखमना प्रानपंथ ये जान ।
जयतराम संसार मै तीनो आश्रय मान ॥८१६ ॥

**चौपाई—** सोमसूर अरु अनिल सुदेव अब सुन पवन नाम सु भेव ।
प्रान अपान उदान समान व्यानहि पंच प्रधान सु जान ॥८१७ ॥
कूरम नाग कृकरा कहीये देवदत्त सु धनंजय लहीये ।
ये दस पवन स्थान समेत कहो सुनो धरि हिये सुचेत ॥८१८ ॥

---

*२५४. सत गुरुतें पाऊ (भां)* *२५५. देस (भां)*
*२५६. कहियै (नां)* २५७. This half verse missing in *(भां)*
*२५८. पेखि (भां)* ५९. This half verse missing in *(भां)*

प्रान हृदय अपान गुद रहै कंठ उदान सदा[२६०] सुख लहे ।
नाभि समान अरु व्यान सरीर ये पंच वाय[२६१] प्रधान सुधीर ॥८१९ ॥
कूर्म चखि उनमीलन करे नाग वाय उदगारही टरे ।
कृकरा छीक लेहि यों जानो देवदत्त सु जंभाई मानो ॥८२० ॥

दोहा— वाय धनंजय देह मै रहे मृत्यु लो जान ।
जयतराम या वाय करि फूले देह निदान ॥८२१ ॥

चौपाई— दस नाडी करिके यह जीव भ्रमत देहमै रहै सदीव
ज्यों कोउ गेंद करसे पटके उपर नीचे फीर फीर भटके ॥ ८२२ ॥
अैसै नारिन जीव फिरावौ रैन दिना यों रहे भ्रमायो ।
प्रान अपान वसि रहे सदाई उपर नीचै आवै जाई ॥८२३ ॥
बायें दाहने बिचि ले [२६२]जावै इकठा कबहू नाही रहावै ।
जैसे सिकरा डोरी बांध्यौ खेंचौ आवै जहा सु साध्यो ॥८२४ ॥
गुणसो बंध्यौ जीव इमि जान [२६३]अग्यान साथ सो बंध्यउ मान ।
अपान वाय प्रानको खेचै प्रान वाय अपानहि अैचै ॥८२५ ॥
उचै नीचै अैसै लहिये जो जाने सो जोगी कहिये ।
ताकौ यह उपचार सुनाउं जयतराम गुरुकृपा बताऊं ॥८२६ ॥
[२६४]सकार सबद सो बाहर जावै हकार [२६५] सबदसो भीतर आवै ।
सोहं [२६६]सोहं मंत्र सुजान है न दिन इहि जाप सु ठान ॥८२७ ॥
हजार इकीस अरु [२६७]षटसत और जाप जपे यह रैनि सु भोर ।
अजपानाम गायत्री जानों जयतराम गुरुक्रिपासे[२६८] मानो ॥८२८ ॥

दोहा— दस नाडी दस वाय को भिन भिन करि भेद ।
जयतराम वरन्यो सकल लखै सुमेटै खेद ॥८२८ ॥
॥इति नाडीवाय[२६९] वरनन ॥

---

२६०. *व्यान (भां)* २६१. *नारि (भां)* २
२६२. *चंचल (भां)* २६३. *रेन दिना भरमें यो मान (भां)*
२६४. *हकार (भां)* २६५. *सकार (भां)*
२६६. *हंस हंस ये (भां)* २६७. *सत छह (ना.)*
२६८. *गुरुक्रिपासु* २६९. *दस नाडी दस पवन को भेद (भां)*

अथ इडा पिंगला सोधन विधि ।

पदमासन द्रिढ बांधि मूलबंध नीका देवै ।
दोउ स्वरसो खेच वाय नासापुट लेवै ॥८२९ ॥
पुनह हृदा मै आनि ताहि नीकी विधि घेरै ।
ता पीछै स्वर मूदि भली दोऊ नाडी फेरै ॥८३० ॥

चौपाई— समही दोऊ नाडिका[२७०] मर मावै ताहि फेरि दछन दिस ल्यावै ।
बहुरि दछिन दिस[२७१] फेरै जोई वाम वोर ले आवे सोई ॥८३१ ॥
पुनि दोउ सम[२७२] कर ठहरावै वार आठोतर सत भर मावै ।
उदर रोग रहे नही कोई खास स्वास क्षयादिक सोई ॥८३२ ॥

दोहा— या करि सूधी सर्पनी नारी सब सुख[२७३] रास ।
होय[२७४] जो भार सुखमन मारुत चढे अकास ॥८३३ ॥

॥इति नाडी सोधन ॥

## अथ मूल सिसन सोधन ।

पूर्व कहै कर्म षट जोई ताकरि मन यह निर्मल होई ।
मूल उदर सोधन मन लावै सोध कपाल समाधि लगावै[२७५] ॥८३४ ॥
मूल उदर सोधन अब भाखौ अरु कपालसोधन पुनि आखौ ।
जोगी जबै समाधि लगावै सोधन क्रिया सिध[२७६] सो पावै ॥८३५ ॥
प्रथमही काकासन द्रढ साधै कटि प्रमान जब बैठि आराधै ।
मूल संकोच उरध जल ल्यावै नाभिप्रजंत[२७७] आनि ठहरावै ॥८३६ ॥
बहुर जु जलकौ भूपरि डारै पुनि[२७८] चढाय कंठतक धारे ।
याविधि बारंबार चढावै जयतराम ताको छिटकावै ॥८३७ ॥
मूलद्वार करि[२७९] जल गहि लेवै सो जल सिसन वाट तजि देवै ।
बहुरि सिसन करि पीवै वारि मूलद्वार करि देहि उतारि ॥८३८ ॥

---

*२७०. नारि (भां)*
*२७१. नस (भां)* *२७२. नस सम (भां)*
*२७३. सुधि रास (भां)*
*२७४. पावे मारग सुखमना (भां)*
*२७५. This Line missing in (भां)*
*२७६. सुगभ (भां)*
*२७७. नाभप्रजंत (भां)*
*२७८. पुनह चढाइ कंठतकि धारै (भां)*
*२७९. जलसिकारि (ना.)*

**दोहा—** या विधि वारंवार करि लेह परसपर वारि ।
जयतराम तब मूल लिंग[२८०] रहै अमलता धारि ॥८३९ ॥
॥इति मूलसिसन कर जल क्रिया ॥

**अथ मूल सिसन करि पवन क्रिया कहिये है ।**

**चौपाई—** [२८१]मूलद्वारि करि गहै समीर जथासक्ति करि राखे थीर ।
नीकी भांति नाभि मै धारै सिसन वाट सो वाय उतारै ॥८४० ॥
अैसी भांति सिसन तै पीवै सो पुनि वाय नाभि थिर कीवै ।
सक्तिप्रमाण तहां ले धारै गुदाद्वारि करि ताहि उतारै ॥८४१ ॥
लोम विलोम वाय भर मावै उदर रोग सब नासहि पावै ।
कुंडलनी व्याकुल होय चलै सहजै द्वार मोक्ष को खुलै ॥८४२ ॥

**दोहा—** प्राणायाम जु मूल कौ वाय नीर करि भेद ।
जयतराम वरन्यौ सकल बहुत मिटावै खेद ॥८४३ ॥
॥इति मूल सिसन[२८२] सोधन विधि ॥

## अथ उदरसोधन विधि ।

**चौपाई—** प्रथम मुख जलपान करावै धोय[२८३] उदर जल बाहरि ल्यावै[२८४] ।
याविधि सुध उदर कौ करे रोग सकल सहजै ही हरे[२८५] ॥८४४ ॥
बहुरि वाय मुख मारग लेवै भिश्रकभांति उदर भरि देवै ।
जथासक्ति भरि राखै थीर पुनि मुख मारग तजै समीर ॥८४५ ॥

**दोहा—** द्वादस कुंभक द्रिढ करै सुखमन मारग सोय ।
जयतराम तब उदरकौ रोगनास सब होय ॥८४६ ॥
॥इति उदर सोधन ॥

---

*२८० सिसन (भां)* *२८१. मूलद्वार है (भां)*
*२८२. लिंग (भां)* *२८३. मूलसिसन कर तह छीटकावै (ना.)*
*२८४. After this liine is found the following line in (नां)*
*सीसन पुन नीर सुचढे मुखनासानयननि आ कढे*
*२८५. जरै (ना.)*

**अथ कपालसोधन विधि कहिये है । ताके भेद दोय ।**
**एक जलक्रिया दुजी पवन क्रिया ।**

**अथ प्रथम जल क्रिया ।**

दोहा— इडा नाडि जलपान करि छोडै पिंगुल नाडि ।
पुनि है पिंगला पान करि इडा[२८६] उतारे वारि ॥८४७ ॥

चौपाई— बहुरि वारि नासास्वर धारे सुखमनमार्ग ताहि निसारे[२८७] ।
[२८८]सुखमन मारग ताहि निसारे सुर तजै वारंवार क्रिया यह सजै ॥८४८ ॥

दोहा— नासापुट जलपान करि चख्यमारग तज देय ।
जयतराम जल फेरिकै द्वार सुध करि लेय ॥८४९ ॥

॥इति जलक्रिया ॥

**अथ पवनक्रिया ।**

चौपाई — पूरक पवन सुखमना धारै इडापिंगला[२८९] द्वारि निसारै ।
नासापूरि गहै पुनि वाय मुख मारग दीजे छिटकाय ॥८५० ॥
नासापूरि पवन सुर सजै उरध आनि चख्यमारग तजै ।
बहुरि गहै मारग[२९०] चख्य वाय नासावाट देहि छिटकाय ॥८५१ ॥
याहि भांति वाय चख्य लेवे सो पुनि श्रवण वाट तजि देवे ।
पूरक शक्ति श्रवण नहि धरै ताते रेचक तै सुध करै ॥८५२ ॥

दोहा— यह कपालसोधन कहौ पवनभेद करि सोय ।
पहिले जब सब ठां चढै पवन गमन[२९१] तब होय ॥८५३ ॥
यह क्रिया द्रिढ साधि करि निर्मल करै कपाल ।
जयतराम तब सहजमें कटे रोग के जाल ॥८५४ ॥

चौपाई— कुंभक इडा नाडि करि लेवे मूलबंध तब द्रिढ करि देवे ।
पुनह मूल कुंभक जब साधै चिबुकहु ते जालंधर बांधै ॥८५५ ॥

---

*२८६. इडापिंगला (ना.)* *२८७. न सारे (भां)*
*२८८. स्वखमन गहि नासा स्वर तजै (भां)* *२८९. इलाप्यंगुला (भां)*
*२९०. चखि मारग (भां)* *२९१. गवन (ना.)*

जो यहु कुंभक द्रिढ करि साधै सावधन गुरुमुख आराधै ।[२९२]
मुद्रा चतुरवीस सधि आवै कुंभक अष्ट श्रमहि विन पावै ॥८५६ ॥
॥इति कपालसोधन ॥

## अथ खेचरी वर्णन ।

चौपाई— बहुरि खेचरी मुद्रा जोई महागोप्य प्रगट कहौ सोई* ।
इडा पिंगला वाई भरै भिश्रक भांति कपालमै धरै* * ॥८५७ ॥
पुन कपालतै बाहरि ल्यावै पवनक्रिया तबही सध आवै ॥**
क्रियासहित मोहि गुरदई स मै वरनि प्रगटहि कही* ॥८५८ ॥
याही तै षटचक्र विकासै सकल कुवृत्य चित्तकी नासे ।*
जोग समाधि सहजहीं पावै जयतराम सब दोष़ मिटावै* ॥८५९ ॥
॥खेचरी मै सुखमना भेद ॥

## अथ सुखमना वरनन ।

चौपाई—. गुदा वृषण बिचि [२९३]ढौर जु जोई जोनि स्थान कहावै सोई ।
तीन नाडि तामधि रहावै ताकौ भेद गुरुमुख पावै ॥८६० ॥
वाम भाग[२९४] मै इडा जु कहिये दछन नाडि पिंगुला लहिये ।
मधि सुखमना अति सुखरूपा साधै ताहि मिटे भवकूपा ॥८६१ ॥
सो पुनि बढि वेलि जीम आई दसम द्वारलगि पहुती जाई ।
बहुरौ और अंग भये याके कहौ प्रगट गोप्य नही राखै[२९५] ।८६२ ॥
[२९६]मेढुस्थान सिसन भयो सोई सिसन तंतु प्रगट कह्यौ आई ।
नाभि स्थान वढी इक आई [२९७]नाम कुंडली शक्ति कहाई ॥८६३ ॥

---

*२९२. सावधान गुरुमुख आराधे*
*जो इ कुंभक द्रढ करि साधै (ना.)*

** These lines bear yellow pigment in (भां)*

*** These lines are missing in (भां)*

*२९३. गैल (भां)*

*२९४. दिसामै (ना.)*

*२९५. ताके (भां)*

*२९६. याकौ एक अंकुर बढायौ ताकर सिसन प्रगट है आयौ (भां)*

*२९७. नाभि (नां)*

सो पुनि सर्पाकार विराजत कुंडल[२९८] कीये तहां पुनि [२९९]राजत ।
ताकौ मुख अति तीछण भारी मोक्षद्वारि गहि रही जु नारी ॥८६४ ॥

दोहा— महासक्ति यह मोहनी बैठी वपु दोय धारि ।
माया होय जग मोहि यो घटमै मोक्षद्वारि ॥८६५ ॥
॥इति सिसन कुंडलीनी ॥

## अथ खेचरी वरनन ।

चौपाई— बहुरि नाल इक मुखमै आयौ सो तिन नाम खेचरी पायौ ।
जिह्वा नाम तासको कहिये याके सधे समाधि जु लहिये ॥८६६ ॥

दोहा— जिह्वा इंद्रिय एकही सुसमन याकौ नाल ।
उलटै ताहि कपाल मै ताहि न गंजै काल ॥८६७ ॥

चौपाई— रसना अधोमूल पुन जहा छिद्र सहित त्रय नाडी तहां ।
धार अखंडित तिनकी आवै ताकरि जिह्वा सजल रहावै ॥८६८ ॥
तालूमध्य छित्र त्रिय ओर बोलत जीभ लगै तिह ठौर ।
तिनकरि अमी निरंतर आवै मुख अरु वकना सजल रहावै ॥ ८६९ ॥
जिभ्या अगर छिद्र त्रिय जानौ पीवत अमी निरंतर मानौ ।
सोई अमी सरीरमधि आवै तासो जोगी अमर रहावै ॥८७०* ॥
जब ही यह अमी सुख जावै तबही देह नास को पावै ।
तातै जोगी जुक्ति अराधै खंडन काल खेचरी साधै ॥८७१ ॥

दोहा— औसी अद्भुत नारि है अंग अंग में सोय ।
जयतराम गुरुमुख लहै तो साधन सिध होय ॥८७२ ॥
॥इति खेचरी भेद ॥

## अथ खेचरी साधन वरनन ।

चौपाई— गुदा वृषण मधि नाडि जु जोई पूर्व वरनी कही है सोई ।
तिनमै मधि सुखमना नारी मोक्षद्वार सो देत उघारी ॥८७३ ॥
प्रथम ही मूलबंध द्रिढ देवै सिसनवाट वाई भरि लेवै ।
सो ले वाइ उदरमै राखै मुखकरि बीज खेचरी भाषै ॥८७४ ॥

---

*२९८. कुंडिलि किया (ना.)*
*२९९. साजत (ना.) This verse is missing in (भां)*

बहुरि मधि की सुखमन नारी एडी करि चापे जु विचारी ।
सिसन बंध याही तै लागे कुंडलनी सूती पुन जागे ॥८७५ ॥
जैसे [३००] भस्त्रक मिलै जु कोई वाई भरे सरल सो होई ।
याही भांति सुखमना सोय सर्व ठोरते सुधी होय ॥८७६ ॥
वाय अपान उरध कौ आवै प्राणवाय मै आण समावै ।
याही भांति प्राण तजै चलै सो पुनि आनि अपानै रलै ॥८७७ ॥
यातै सिसन जु लघुता पावै जिह्वा सहज वृधि होय आवै ।
अनंग जीत जो जोगी होवै सकल विकास देहके खोवै ॥८७८ ॥

दोहा— सब अंगन मै सार यह मुद्रा खेचरी सोय ।
मोक्षद्वार कुंडल तजै अरु समाधि सिधि होय ॥८७९ ॥
सब मुद्रा या माहि है कही जोग मै सोय ।
जयतराम याके सध्या दुरगम रहै न कोय ॥८८० ॥
॥इति खेचरी मुद्रा साधन ॥

## अथ पूर्व साधन दिखाई है ।

चौपाई —
पूर्व खेचरी अैसै गाई छेदन चालन सहित बताई ।
मंथन दोहन [३०१] विधान पुन कह्यौ अैसी भांति वृधि तब लह्यौ ॥८८१ ॥
अति कलेस छेदन मै सोई अजुक्ति किया मूकता होई ।
तातै जोगी छेदन तजै चालन दोहन [३०२] मंथन सजै ॥८८२ ॥
ताहूमांहि जुक्ति यह धरै अवखध पंच आनि [३०३] सप्त करे ।
तिनकौ सार जिह्वा तरि देवे अवखध करि मंथन करि लेवै ॥८८३ ॥
याविधि दोहन चालन साधै छेदन तजै मंथन अराधै ।
बहुरि क्रीया पूर्व जो भाखी मूलबंध आदिक जे आखी ॥८८४ ॥

---

*३००. भिश्रा बाल (भां)* *३०१. हु पुनि (भां)*
*३०२. मैथन (ना.)* *३०३. सम (भां)*

तिन करि वृध खेचरी पावै या [३०४]आरंभ मै मन ठहरावै ।
करै अन्यथा लहै न सोई वृथा [३०५]श्रम करौ मत [३०६] कोई ॥
॥इति खेचरी मुद्रा की क्रिया ॥

## अथ खेचरी सिधि कहिये है ।

कपालमधि त्रीघंटी जोई तिनकौ वरनि सुनाउ सोई ।
नासाविवर प्रथमही कहिये नेत्रविवर दुसरी लहिये ।८८६ ॥
श्रवणविवर तीसरे जानौ अैसी भांति त्रिघंटी मानौ ।
तामधि उलटि खेचरी ल्यावै त्रिघंटी करि सु उर्ध चढावै ॥८८७ ॥
अखंड धार अमृत जहां झरे सहस्त्रकमल नित वर्षा करे ।
सो पुनि जिह्वा पीवै जहां ब्रह्मानंद सु उपजे तहां ॥८८८ ॥
त्रिघंटी लग[३०७] रसना जावै सोई जालंधर बंध कहावै ।
अैसैही जे है [३०८]नवद्वार बंध भयै सब एक ही बार ॥८८९ ॥
कारजरूप वाय नव जोई नवद्वारनिमधि फिरती सोई ।
कारण प्राण माहि सो आई नाना गमन सकल छिटकाई ॥८९० ॥
याही भांति सकल जो वाई नाभिस्थान मिली सो आई ।
सुखमन मारग प्राण वस होई नाभिस्थान मिली सो आई ।
सुखमन मारग प्राण वस होई दसमै द्वारि पहुती सोय ॥८९१ ॥
जैसे वरिषा रुत जब आवै सरिता अधिक वेगसो पावै ।
मिले सिंधु मै शीघ्र सु जाई तदवत [३०९] ब्रह्म सु जोगी पाई ॥८९२ ॥
तिर्जग अरध कमल षट जोई वेध्या वाय सरल किया सोई ।
फूले सकल सुगंध अति वासी मनकी सर्व कल्पना नासी ॥८९३ ॥
जैसै वेली मै [३१०] जल देवै ताके फूल विकास जु लेवै ।
अैसै सुखमन वेली जानौ वारि समीर तहां पुनि आनौ ॥८९४ ॥

---

*आरंभन (ना.)* — *३०५. सरम (भां)*
*३०६. मति कौही (भां)* — *३०७. लंधि (भां)*
*३०८. जे (भां)* — *३०९. तब ब्रह्मानंद (भां)*
*३१०. वेली जलमै (ना.)*

दोहा— ऐसी गोप्य जू खेचरी कही प्रगट करि सोय ।
जयतराम गुरुक्रिपाते याको साधन होय ॥८९५ ॥

॥इति खेचरी मुद्रा ॥

**अथ षटचक्र वरनन ।**

**ध्यान अजपासहित कहिये है ।**

चौपाई— प्रथमही अजपा सो मन लावै ताकै जपै सकल सिध पावै ।
विनही जाप होत है जोई [३११]अजपाजाप कहावै सोई ॥८९६ ॥
सोहं सोहं सासोसास घटमै करै निरंतर वास ।
षट सत सहश्र इकीस जु आवै गुरुकी क्रिपा भेद सो पावै ॥८९७ ॥
सो पुनि ले घटमै उलटावै षटचक्रनमधि आनि मिलावै ।
क्रमसौ जाप करै मन लावै जाविधि आग्या गुरुतै पावै ॥८९८ ॥

॥इति अजपा ॥

## अथ षटचक्रवरनन ।

चौपाई— प्रथम चक्र आधार बखानू स्वर्न वर्न तासकौ जानू ।
सक्ति गणेश चतुर्दल सोई वंशंषंसं अक्षर होई ॥८९९ ॥
तपत स्वर्णमय ध्यान जु धारै षटसत तामधि जाप उचारै ।
सोई जाप गणपति को दैवै निर्भय होय चरण पुनि सेवै ॥९०० ॥

॥इति आधारचक्र ॥

## अथ स्वाधिष्ठान चक्र ।

स्वाधिष्ठान चक्र पुनि दूजा तेजमनो विजुरी को पूजा ।
षटदल षट तहा अक्षर राजत बंभंमंयंरंलं सहित विराजत ॥९०१ ॥
ब्रह्मासावित्री पुनि बहां षटसहस्र जप जपिये तहां ।
सो पुनि अजपा अजहि चढावै तिनके चरन सीसकौ नावै ॥९०२ ॥

॥इति स्वाधिष्ठान चक्र ॥

## अथ मणिपूरक चक्र ।

त्रितीय चक्र मणिपूरक जोई नीलवरनमय जानो सोई ।
लक्ष्मीसहित विष्णु तहां राजत पीत वरन अति सोभा साजत ॥ ९०३ ॥

*३११. अजपानाम (भा)*

[312] दसदलसहित अक्षर [313] दस जहां डं आदि फं अंति है तहा ।
(डंढंणंतंथंदंधंनंपंफं)
षटसहस्र तहा जाप उचारै प्रभु को अरपि चरन सिर धारै ॥९०४ ॥
दसदलमधि अष्टदल जोई औंधो मुख जानीये सोई ।
कदली साद्रिसु पुसय यह जानौ अष्टरंग याके सो मानौ ॥९०५ ॥*
मन बुधिकौ यामै है वासौ सौ नाना ढीच करे तमासो ।
याको जोगी जीत्यो चहई अधमुखसो उर्धमुख करई ॥९०६ ॥* *
दोहा— तामधि सियारामकौ निहचै ध्यावै सोय ।
जयतराम जनमादिके बंधन रहै न कोय ॥९०७ ॥* *
॥इति मणिपूरक चक्र ॥

## अथ अनाहत चक्र ।

चतुर्थ चक्र अनाहत सोई पीत वरन द्वादस दल होई ।
का आदि ठा अंतहि राजत [314]द्वादस अछर जहां सु राजत ॥९०८ ॥
(कंखंगंघंङंचंछंजंझंञंटंठं)
षटसहस्र जहां जाप उचारे ध्यान सदाशिव उरमै धारे ।
[315]सोई जाप समरण कीजै उमासहित महादेव दीजै ॥९०९ ॥
॥इति अनाहत चक्र ॥

## अथ विशुद्ध चक्र ।

पंचम विशुद्ध चक्र पुनि जानौ षोडस दल करि युक्ति सु मानौ ।
तामधि षोडस अक्षर सोई धूम्रवरण ताकौ पुनि होई ॥
अआइईउऊऋॠऌॡएऐओऔअंअः ॥९१० ॥

### अथ आग्या चक्र

षष्टम आग्या चक्र सु कहिये दोय पांखरी तामधि लहिये ।
विद्युत वर्ण सुभ्र अति राजत हंक्षं अक्षर सहित विराजत ॥९१२ ॥

---

३१२. अष्टदल (भा)
३१३. है (भा)
* This verse is missing in (भा)
** These verses are missing in (भा)
३१४. उमा सहित महादेव विराजत (भा)
३१५. This line is missing in (भा)

सहस्र जाप जपै जहां जोई परमात्महि समरपे सोई ।
मनकी वृत्य चरनमधि धारै कालकल्पना सकल निवारै ॥९१३ ॥
॥इति षटचक्र[३१६] ॥

## अथ सहस्रदल कमल वरनन ।

चौपाई— कमल सहस्रदल अति सुखकारी ब्रह्मरंध्रमधि सोभति भारी ।
ब्रह्म[३१७] कपूर आभा ताकी जानौ नादातमक तासकौ मानौ ॥९१४ ॥
वरण पचास सकल जहां जोई अकारादि क्षकारलग सोई ।
अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ लृ ॡ ऐ ओ औ अं अः । *
कखगघङ, चछजझञ, टठडढण, तथदधन, पफबभम*
यरलवसषशहलक्ष ।*

दोहा— एक सहस्र जाप जपि गुरुहि समर्पे सोय ।*
सोहं देवता है सही जानै विरला कोय ॥९१५ ॥*
सकार बाहरि जात है हकार प्रवेशन सोय ॥*
सोहं सोहं मंत्र यह जान्या मुक्ति है सोय ॥९१६ ॥*

चौपाई— षटसत सहस्र इकीस जु जहां अजपाजाय उचारे तहां ।
परमात्मा गुरुसम जानै एकरूप करि तिनकौ मानै ।
सो पुनि जाय समरपण करै चरणकमल मसतग ले धरै ॥९१७ ॥

दोहा— ऐसी विधि अजपा जपै चक्रमधि[३१८] चक्र सोय ।
जयतराम गुरुक्रिपाते सकलजोग सिद्ध होय ॥९१९ ॥
॥ इति सहस्र दल कमल ॥

## अथ सुखमनाकौ विचार ।

चौपाई— सहस्र बहतरी नारी जोई तिनमधि सुखमनही कोई
नरनमधि नरपति पुनि जैसै नारिनमधि सुखमना तैसै ॥९१९ ॥

*३१६. षटकमल (भां)*

*३१७. कर्पूरआभा (भां)* * *These Lines are missing in (भां)*

*३१८. चक्र चक्रमधि (ना.)*

ताकी महिमा वरन सुनाऊ जैसे आग्या गुरुते पाऊ ।
मोक्षद्वार की पैरी सोई गुरुमुख साधि लहै जन कोई ॥९२० ॥
उरधै चली मूलते आछै वेध गई षटचक्र जु पाछै ।
बहुरो कामधेन लग धाई सहस्रकमल दल पहुती[३१०] जाई ॥९२१ ॥
सोई सहस्रदल अमृत झरे सहस्रधार कर वर्षा करै ।
सोई धार धेनमुख आवै ताकी वर्षा धेन करावै ॥९२२ ॥
अपने थन करि वारंवारा वरषत अमी अखंडत धारा
सो पुनि सुखमन मारग आवै पहुचै नाभि[३२०] भस्म होय जावै ॥
यातै मूढ मरे सब कोई गुरुविन भेद लहै नही सोई ॥९२३ ॥
तातै जोगी गुरुमत गहै साधै जोग अमर होय रहे ।
जिभ्या उलटि कपालि चढावै ब्रह्मरंध्र मै ले ठहरावै ॥९२४ ॥
सहस्रद्वार जिभ्याकै सोई सूछिम तै सूक्षम अति होई ।
तिनकर अमृतपान करावै जनम मरन का दोष जरावै ॥९२५ ॥
नाद आनाहद अति धुनि वाजै सुनै ताहि मन अति सुख राजै ।
नानवृत्यि सकल मन तजै नित्यप्रति[३२१] नाद अनाहद वाजै ॥९२६ ॥
जैसै मेघ धरनिपरि होई अन्न आदिक बहु निपजै सोई ।
सबही परजा आनंद पावै काल तिनौ भय सहज नसावै ॥९२७ ॥
अैसेही जोगी के जानौ सहस्रकमल रचि [३२२] समानौ ।
धार सहस्र परत है जोई किरण रूप भई पुनि सोई ॥९२८ ॥
कामधेनु वारिद [३२३]सम मानौ वरषत अमी धारी [३२४] सो जानौ ।
जिभ्या[३२५] भूमि पर्‌यौ सो आई तिनमै बहुविध साखनि पाई ॥९२९ ॥

*३१९. पोंहुते (ना.)* *३२०. नाभ (भां)*
*३२१. नितिप्रत (भां)* *३२२. रवि सम मानौ (भां) ३२३. सो (भा)*

बारह[३२६] मास फूल फल रहै जोगी अपनी इछा गहै।
जोगसिध अणभादिक जोई[३२७] फलसमान मानि यह सोई ॥९३० ॥
फल सो योग समाधि कहावै तहा कालभय निकट न आवै।
जयतराम सो जोगी कहिये गुरुकी क्रिपा समाधि जु लहिये ॥९३१ ॥

इति सुखमना ।

## अथ समाधि वरनन ।

चौपई— सहस्त्रपत्र को कमल जु जोहै पूरव वरनि कह्यौ पुनि सो है।
भंवरगुफा है ताकै परै जोगी तहा समाधि ही धरै ॥९३२ ॥
असंख्य सूरकौ तेज प्रकासै पूरण परमानंद आभासै।
अनहद सबद अखंडित रहै आत्मपरमात्मकौं लहै ॥९३३ ॥
याते परै असंख्य दल जो है सीया सहित राम तहां सो है।
सो पुनि सतचितआनंदरूपा चिदानंद विग्यानसरूपा ॥९३४ ॥

दोहा— सूर्यरूपी राम है किरन जानकी सोय।
सब जगमैं प्रकास है सब मैं व्यापक जोय ॥९३५ ॥*
सूर्य ही जलवर्षि है सूर्य प्रतिबिंब सोय।
सूर्यही जल सोखि ले प्रतिबिंब रहै नही कोय ॥९३६ ॥*
अद्वैती ब्रह्म श्रीराम द्वैती व्यापग है सोय।
प्रकृत जल कों सोखिलै प्रतिबिंब रहै न कोय ॥९३७ ॥*
सोखन पोखन है रवी प्रकासक व्यापक सोय।
निर्गुण सगुण जु एक है द्वितीय भाव न ही कोय ॥९३८ ॥*

चौपई— सीया जगत जननी सो जानो उतपति परलै ताकरि मानौ।
[३२८]जहां कोइ सूरचंद नही तारा सहज प्रकास सदा उजियारा ॥९३९ ॥
च्यार मुक्ति प्रभु जनको देवै सो पुनि दास कवै नही लेवैं।
प्रभु सेव्य मै सेवग सोई यहै वृत्य सदा मम होई ॥९४० ॥

---

*३२४. वारि (भां)*
*३२५. जिह्वा (भां)*
*३२६. वारा (ना.)*
*३२७. फूल समान भई सोई (ना.)*
** These verses are missing in (भां)*
*३२८. जहा सुरचंद जाही तारा स्वयं प्रकास सदा उजियारा (भां)*

भक्ति सहित प्रभु चरण जु सेवै च्यारो मुक्ति कदे नही लेवै ।
देह माहि वरतै है जौलौ दासभाव सो राखै तोलौ ॥९४१ ॥
धारै ध्यान समाधि लगावै असंप्रग्यात सो नाम कहावै ।
बहुरि देहमै वरतै जोलौ संप्रग्यान कहावै तौ लौ ॥९४२ ॥

**दोहा**— जल थल मै श्रीराम है सचराचर मै जोय ।
यही व्रत धारा रहै पूर्ण ब्रह्म रहै सोय ॥९४३ ॥*

**चौपई**— जाग्रत सुपन सुषोपति जानौ मुरुठा ओर समाधि जु मानौ ।
ग्यान अग्यानि विषै पुनि सोई व्यापक सीयाराम ही होई ॥९४४ ॥*
लोभी को मन दाम ही जोही कामीको मन काम ही होई ।
प्यासा को मन नीर ही जानो जोगी मन सियाराम ही मानौ ॥९४५ ॥*

**दोहा**— उठत बैठत शरीर मै जागत सोवत नीर ।
नीर ही नार पुकारते निहचै जानौ पीड ॥९४६ ॥*
अैसी विरत जु दासकौ नित्य न (नि) हचै करि होय ।
जहां तहां सीयाराम है और न देखे कोय ॥९४७ ॥*
याही मुख्य समाधि है ओर माग नही होय ।
जयतराम य समाधिमै निहचो राखे सोय ॥९४८ ॥*
जम अरु नेम बीज करि जानौ आसन कुंभक पत्र जु मानौ ।
प्रत्याहार यहु फूल सोई धारणा ध्यान समाधि फल होई ॥९४९ ॥

**दोहा**— जोग कल्पद्रुम है यहै दूरि करै श्रम सोय ।
जयतराम याकै निकट सहजमुक्ति फल होय ॥९५० ॥

**चौपई**— जोगप्रदीपका यह है भाई प्रगट जोगकौ देत बताई ।
ज्यों मंदर मैं दीपक जोवै लहै वस्त अरु तमकौ खोवै ॥९५१ ॥
ऐसे ग्रंथदीप यह जानौं साधन सकल तेल करि मानौ ।
काया मंदिर मै भरि जोवै लहै समाधि सकल तम खोवै ॥९५२ ॥

---

* *These verses are missing in (भां)*

जो कोई याकौ भले विचारे गुरुमुख ह्वै साधन द्रिढ धारै।
लहै मोक्षपद सीघ्र सु सही जयतराम यह निश्चै कही ॥९५३ ॥

दोहा— साखि जु जेजे ग्रंथ की यामै कही जु सोय।
ते ते अब अनुक्रमस्यों वरण सुनाऊं जोय ॥९५४ ॥*

चौपई— इस ग्रंथन की भाषा जोई सार हि सारनिका स्यो सोई।
पातंजल जोग प्रकास ही जानो चूडामणी जोगनिध मानो ॥९५५ ॥*
अनभै जोग प्रकास ही मानो जोगसंघिता ऐसै जानौ।
जोग संधि दिखणा मूरत संधिता जोई हठप्रदीपिका है पुणि सोई ॥९५६ ॥*
गोरखसत जु है पुनि जानौ ततप्रदीपका निश्चै मानौ।
एकादश है पुनि जो जोई जोग सु नागवलि कहै सोई ॥९५७ ॥*

दोहा— इन ग्रंथन कौ जोग अंग सार लियो सोय।
जयतराम भाषा करी गुरुमुख जाने कोय ॥९५८ ॥*
दोहा चौपई वरण किय नवसत वाव जान।
जयतराम संख्या कही निहचै ल्योह प्रमान ॥९५९ ॥*
संवत सतरासै असी अधिक चतुर्दश जान।
अस्वन सित दसमी विजै पूरण ग्रंथ समान[३२९] ॥९६० ॥
श्रीवृंदावन पुलिनमधि वास हमारो सोय।
तहौ जैत भाषा करी सुनत सबै सुख होय ॥९६१ ॥*
रास स्थाली याकों कहिये प्रेमपीठ नाम सो लहिये।
ग्यान गूदरी प्रसीधिही मानौ ताके मध्य स्थान सु जानौ ॥९६२ ॥*
निति लीला सुनिहार इह नित्य समाऊ है सोई।
पारज सुर वांछे सदा या सम और न कोई ॥९६३ ॥*
सोई राजसिर धारि निजभाषा करीउचारी।
जयतराम मम इष्टपद जुगल ह्रिदा मै धारि ॥९६४ ॥*

**इति श्री जोगप्रदीप (प्य) कायां जयतरामेण**
**विरचितायां समाधि वरनन नाम अष्टम खंड ॥**
**संपूर्ण समाप्तं। श्रीरस्तु कल्याणमस्तु**
**[३३०]संवत १८२३ मीती कार्तिक शुदि २ बुध वासरै**

---

* *These verses are missing in (भां)* ३२९. *प्रमान (भां)*
३३०. *This line does not exist in (भां)*

जोग-प्रदीपिका

# चित्र-परिशिष्ट

SVASTIKĀSANA
स्वरितकासन

PADMĀSANA
पद्मासन

SAPTARṢĪ ĀSANA
सप्तर्षि आसन

VAJRASIṄGHĀRA ĀSANA
ब्रजसिंघाड़ आसन

SŪRYA ĀSANA
सूर्य आसन

GORAKHAJĀLI ĀSANA
गोरखजालि आसन

ANASŪYĀ ĀSANA
अनसूया आसन

MACHANDRA ĀSANA
मछन्दर आसन

MAHĀMUDRĀ ĀSANA
महामुद्रा आसन

BHAIRU ĀSANA
भैरू आसन

MAYŪRA ĀSANA
मयूर आसन

DATTADIGAMBARA ĀSANA
दत्तदिगम्बर आसन

CARPAṬACOKA ĀSANA
चर्पटचोक आसन

KANERIPĀVA ĀSANA
कनेरीपाव आसन

HĀLIPĀVA ĀSANA
हालिपाव आसन

MIḌAKĪPĀVA ĀSANA
मींडकीपाव आसन

GOPICANDRA ĀSANA
गोपी चन्द्र आसन

BHARATHARI ĀSANA
भर्तृहरि आसन

VASIṢṬHA ĀSANA
वशिष्ठ आसन

AÑJANĪ ĀSANA
अञ्जनी आसन

CITRA ĀSANA
चित्र आसन

GARUḌA ĀSANA
गरुड़ आसन

SĀVITRĪ ĀSANA
सावित्री आसन

ŚUKADEVA ĀSANA
शुकदेव आसन

NĀRADA ĀSANA
नारद आसन

VARĀHA ĀSANA
वराह आसन

KURAKAṬA ĀSANA
कुरकट आसन

KĀKABHUSAṆḌĪ ĀSANA
काकभुशुण्डी आसन

SIDDHAHARATĀLI ĀSANA
सिद्धहरतालि आसन

MASAKA ĀSANA
मशक आसन

BRAHMĀ ĀSANA
ब्रह्मा आसन

ŪRDHVAPAYANA ĀSANA
ऊर्ध्वपयन आसन

NAGNA ĀSANA
नग्न आसन

SIDDHA ĀSANA
सिद्ध आसन

PARAŚURĀMA ĀSANA
परशुराम आसन

MṚTYABAÑJIKA ĀSANA
मृत्युबञ्जिक आसन

KOCAKA ĀSANA
कोचक आसन

BHIḌOKA ĀSANA
भिडोक आसन

BRAHMAJURĀṄKUŚA ĀSANA
ब्रह्मजुराङ्कुश आसन

ANDHA ĀSANA
अन्ध आसन

BHISARIKĀ ĀSANA
भिसरिका आसन

VIYOGA ĀSANA
वियोग आसन

BODHASOKA ĀSANA
बोधसोक आसन

BHAGA ĀSANA
भाग आसन

RUDRA ĀSANA
रुद्र आसन

ŚIVALIṄGA ĀSANA
शिवलिङ्ग आसन

VYĀSA ĀSANA
व्यास आसन

KAPĀLI ĀSANA
कपालि आसन

ŚIVA ĀSANA
शिव आसन

MARKAṬA ĀSANA
मर्कट आसन

PARA ĀSANA
पर आसन

BHADRAGORAKHA ĀSANA
भद्रगोरख आसन

RUṆḌA ĀSANA
रुण्ड आसन

YOGAPADA ĀSANA
योगपद आसन

CAKRĪ ĀSANA
चक्री आसन

VṚŚCIKA ĀSANA
वृश्चिक आसन

VIPARĪTAKARAṆA ĀSANA
विपरीतकरण आसन

DEVA ĀSANA
देव आसन

GOHĪ ĀSANA
गोही आसन

# योगविद्या-विमर्श

(संस्कृतवाङ्मयाधारित योगानुशासन)

कुलपति प्रो. अशोक कुमार कालिया जी की प्रस्तावना से विभूषित

लेखिका एवं सम्पादिका

प्रो० (सुश्री) विमला कर्नाटक

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय

वाराणसी

LIGHTS OF UNIVERSITY GOLDENJUBILEE YEAR

UNIVERSITY-SILVERJUBILEE-GRANTHAMĀLĀ
[ Vol. 50 ]

# YOGAVIDYĀ-VIMARŚA

FOREWORD BY
**PROF. ASHOK KUMAR KALIA**
VICE-CHANCELLOR

WRITTEN & EDITED BY
**PROF. VIMALĀ KARNĀṬAKA**
Head, Sanskrit Department, Mahila Mahavidyalaya
Banaras Hindu University, Varanasi

SAMPURNANAND SANSKRIT UNIVERSITY
SHRUTAM ME GOPAY

VARANASI
2007

*Research Publication Supervisor—*
**Director, Research Institute,**
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi.

ISBN : 81-7270-201-9

❑

*Published by—*
**Dr. Harish Chandra Mani Tripathi**
***Director, Publication Institute***
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi-221002.

❑

*Available at—*
**Sales Department,**
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi-221 002.

❑

**First Edition,** 500 Copies

**Price :** Rs. 300.00

❑

*Printed by—*
**GAURI SHANKAR PRESS**
Madhyameshwar, Varanasi.

विश्वविद्यालय-स्वर्णजयन्ती-वर्ष में प्रस्फुटित

विश्वविद्यालय-रजतजयन्ती-ग्रन्थमाला
[ ५० ]

# योगविद्या-विमर्श

[ संस्कृतवाङ्मयाधारित योगानुशासन ]

*कुलपति प्रो. अशोक कुमार कालिया जी की प्रस्तावना से विभूषित*

लेखिका एवं सम्पादिका

**प्रो. (सुश्री) विमला कर्नाटक**

अध्यक्ष, संस्कृत-विभाग, महिला महाविद्यालय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालयः
श्रुतम् मे गोपाय

**वाराणसी**

२०६४ वैक्रमाब्द १९२९ शकाब्द २००७ खैस्ताब्द

*अनुसन्धान-प्रकाशन-पर्यवेक्षक—*
**निदेशक, अनुसन्धान-संस्थान**
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी।

ISBN : 81-7270-201-9

❐

*प्रकाशक—*
**डॉ० हरिश्चन्द्र मणि त्रिपाठी**
***निदेशक, प्रकाशन-संस्थान***
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी—२२१००२

❐

*प्राप्ति-स्थान—*
**विक्रय-विभाग**
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी—२२१००२

❐

**प्रथम संस्करण :** ५०० प्रतियाँ
**मूल्य :** ३००.०० रूपये

❐

*मुद्रक—*
**गौरीशंकर प्रेस**
मध्यमेश्वर, वाराणसी।

# प्रस्तावना

मैं अत्यन्त हर्षानुभूति के साथ **प्रो० विमला कर्णाटक** द्वारा प्रणीत **'योगविद्या-विमर्श'** नामक ग्रन्थ पर अपनी प्रस्तावना लिख रहा हूँ। प्रो० विमला कर्णाटक ने अपनी लगभग ३७५ पृष्ठ की पुस्तक में योगदर्शन की सभी शाखाओं के सिद्धान्तों में समन्वय स्थापित करते हुए यह प्रतिपादित किया है कि योगदर्शन हमारी अनादि विद्या है। इस विद्या ने महर्षि व्यास, वाल्मीकि, कपिल, कणाद, गौतम बनाये और भगवान् बुद्ध, भगवान् महावीर, रामानुजाचार्य, वल्लभाचार्य, शंकराचार्य जैसे दार्शनिक-सम्प्रदाय-प्रवर्त्तक आचार्य बनाये, साथ ही कबीर, सूरदास, तुलसीदास, गुरुनानकदेव, स्वामी रामतीर्थ, स्वामी विवेकानन्द, स्वामी दयानन्द, महात्मा गाँधी, महामना पण्डित मदन मोहन मालवीय, माता आनन्दमयी एवं म०म० गोपीनाथ कविराज जैसे योगी और साधक भी निर्मित किये।

आज भी इस योग-विद्या का अवलम्ब लेकर **स्वामी रामदेव जी महाराज** भारत का गौरववर्द्धन कर रहे हैं। प्रायः सभी शास्त्रों के मूल में योगविद्या अनुस्यूत रही है। भारत का सङ्गीतशास्त्र बिना योगी बने सध नहीं सकता। इसीलिए स्कन्दमहापुराण के **'काशीखण्ड'** में यह प्रतिपादित है कि कभी ऐसा युग था, जब हर माता-पिता यह कामना करता था कि हमारे कुल में मुक्ति दिलाने वाला योगी उत्पन्न हो—

**मा भूत् त्रैपुरुषी विद्या मा भूत् त्रैपुरुषं धनम् ।**
**मा भूत् त्रैपुरुषी मुक्तिः काशीं व्यासोऽशपन्निति ।।**

(का० ख० ९६/१२५)

भगवान् श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता में योगविद्या की परम्परा नष्ट होने तथा उनके द्वारा भगवान् सूर्य को प्रदान करने और भगवान् सूर्य के द्वारा भगवान् मनु और इक्ष्वाकु राजा को प्रदान करने की बात कही गई है—

**इमं विवस्वते योगं प्रोक्तवानहमव्ययम् ।**
**विवस्वान् मनवे प्राह मनुरिक्ष्वाकवेऽब्रवीत् ।।**

**एवं परम्पराप्राप्तमिमं राजर्षयो विदुः ।**
**स कालेनेह महता योगो नष्टः परन्तप ।।**
**स एवायं मया तेऽद्य योगः प्रोक्तः पुरातनः ।**
**भक्तोऽसि मे सखा चेति रहस्यं ह्येतदुत्तमम् ।।**

(गीता-४/१-३)

इस प्रकार योग-विद्याओं से सारा ब्रह्माण्ड ओत-प्रोत है। योग-विद्या को क्षुरिकोपनिषद् में **'मधु-विद्या'** भी कहा गया है। योग-विद्या के सिद्धान्त और प्रयोग मानव को मधुमती भूमिका में प्रतिष्ठापित करते हैं।

स्कन्दमहापुराण के काशीखण्ड में कहा गया है कि **योग की, तप की, व्रत की, मन्त्र की तथा तीर्थ की** सिद्धियाँ **'काशी'** में अवश्य ही साधक को शीघ्र प्राप्त हो जाती हैं—

**योगसिद्धिरिहास्त्येव तपःसिद्धिरिहैव हि ।**
**व्रतसिद्धिर्मन्त्रसिद्धिस्तीर्थसिद्धिः सुनिश्चितम् ।।**

(का० ख० ९४/४३)

यही योग जब सिद्ध होकर परिणामोन्मुख होता हुआ आत्मा को शरीर-बन्ध से मुक्त कराता है, तो महर्षि व्यास ने विह्वल होकर काशीखण्ड में प्रतिपादित किया है कि 'मैं समस्त वाङ्मय का मन्थन करने के अनन्तर घोषणा करता हूँ कि काशी में शरीर छोड़नेवालों की मुक्ति ध्रुव है'—

**निर्मथ्य विष्वग्वाग्जालं सारभूतमिदं परम् ।**
**ब्रह्मणोदीरितं पूर्वं काश्यां मुक्तिस्तनुत्यजाम् ।।**

(का० ख० ७९/३२)

ऐसी **'योग-विद्या'** की साधिका **प्रो० विमला कर्णाटक** ने अपना जीवन योग-विद्या के पुनरुज्जीवन में लगाया है और राष्ट्रभाषा हिन्दी के माध्यम से इस विद्या को जन-जन तक पहुँचाया है। भारत की नयी पीढ़ियाँ उनकी आभारी रहेंगी।

निरन्तर योगानुसन्धान में तल्लीन परमविदुषी लेखिका का मैं हार्दिक मङ्गलाभिनन्दन करता हूँ।

यह ग्रन्थ प्रकाशन-संस्थान के निदेशक **डॉ० हरिश्चन्द्र मणि त्रिपाठी,** वहाँ के कर्मठ सहयोगी **डॉ० हरिवंश कुमार पाण्डेय, डॉ० ददन उपाध्याय, श्री कन्हई सिंह कुशवाहा** के समर्पित आत्मदान का फल है। अतः इन कर्मवीरों को शुभाशीर्वाद प्रदान करता हूँ।

इस ग्रन्थ के मुद्रक **श्री शिवप्रसाद रस्तोगी** एवं हृदयावर्जक निबन्धनकार **श्री रमेश कुमार** को स्वस्तिवाक् प्रदान करता हूँ।

अन्ततः योगाग्नि से दीप्त इस ग्रन्थ को साम्बशिव योगपति के श्रीचरणों में समर्पित करता हूँ।

**वाराणसी**
अक्षय-तृतीया,
वि०सं० २०६५

**( प्रो० अशोक कुमार कालिया )**
कुलपति
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय

# प्रकाशकीय

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय का प्रकाशन-संस्थान संस्कृत-वाङ्मय के सेवकों तथा सेविकाओं के लिए एक ऐसा मञ्च प्रदान करता रहा है, जिस पर आरूढ़ होकर अनाम लेखकों और लेखिकाओं ने यश, सौख्य, गौरव तथा प्रतिष्ठा पायी है। इस विश्वविद्यालय के प्रकाशन-संस्थान द्वारा प्रकाशित ग्रन्थों को आधार बनाकर विद्वानों एवं विदुषियों ने पद्मभूषण, पद्मश्री, राष्ट्रपति पुरस्कार, बिरला फाउण्डेशन के पुरस्कार तथा उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के नाना पुरस्कारों के साथ विश्वभारती पुरस्कार भी प्राप्त किये हैं। मेरे स्मृति-पटल पर कुछ ऐसी संस्कृत-वाङ्मय की विभूतियाँ कौंध रही हैं, जो विश्वविद्यालय के प्रकाशन-संस्थान से प्रकाशित अपनी पुस्तकों को पाथेय बनाकर इस विश्वविद्यालय के कुलपति पद को प्राप्त करने के लिए धावमान रही हैं।

मुझे अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि यहाँ से प्रकाशित अपनी पुस्तकों तथा अनुसन्धानपूर्ण लेखों के प्रतिमुद्रणों को लेकर सहस्राधिक संस्कृत-सेवक जीविकार्जन कर सके हैं। **धन्य है यह विश्वविद्यालय तथा इसका प्रकाशन-संस्थान, जिसे आज की तिथि में राष्ट्रीय स्तर पर एवं अन्ताराष्ट्रिय स्तर पर विश्वविद्यालय की सारस्वत-क्रियाशीलता का प्रतिनिधि होने का गौरव प्राप्त हुआ है।**

यह तो रही गौरव-गाथा। इस गाथा से इतर एक और गाथा की ओर विद्वानों, आचार्यों, विश्लेषकों एवं मनीषियों का ध्यान आकृष्ट कराना अपना परम कर्त्तव्य मानता हूँ। **इस विश्वविद्यालय के सरस्वतीभवन-पुस्तकालय में अरबों पृष्ठ हस्तलिखित-पाण्डुलिपियाँ ऐसी हैं, जिनका स्वातन्त्र्योत्तर भारत में अवलोकन, विलोकन, वाचन, विश्लेषण, ज्ञानाविष्करण तथा अनुसन्धान नहीं हो पाया है, जो वर्तमान एवं भावी पीढ़ियों के लिए शुभ सङ्केत नहीं है।**

**परम विदुषी प्रो० विमला कर्णाटक** वर्तमान समय में वह मील का पत्थर हैं, जिन्होंने अपनी तपस्या एवं रचनाओं से बराबर वर्तमान एवं भावी पीढ़ी के लिए अङ्गुलि-निर्देश किया है। वे निरन्तर इस प्रकार के सारस्वत-यज्ञ की यजमान रही हैं और उनकी सारस्वत आहुतियों का धूम एवं सुगन्धि विद्वज्जगत् द्वारा अनुभूत की जाती रही है।

ऐसी तपोनिष्ठ, ज्ञाननिष्ठ, योगनिष्ठ, प्रयोगनिष्ठ विदुषी को मैं शिरसा नमन करता हूँ।

यह महनीय ग्रन्थ जिनके पुण्य-प्रभाव, तपःप्रभाव एवं ज्ञान-प्रभाव से मूर्त्तरूप ग्रहण कर सका है, ऐसे ऋषिकल्प माननीय कुलपति **प्रो० अशोक कुमार कालिया जी** को शिरसा प्रणाम करता हूँ।

**( डॉ० हरिश्चन्द्र मणि त्रिपाठी )**
**निदेशक**
प्रकाशन-संस्थान
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय

**वाराणसी**
रामनवमी,
वि०सं० २०६५

# कृतज्ञता-ज्ञापन

सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालय, वाराणसी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतवर्ष का गौरवपूर्ण प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ज्ञानपीठ है। स्व-स्व-शास्त्र के निष्णात लब्धकीर्ति आचार्यों का यह अद्भुत सङ्गमस्थल है। आचार्यों की तेजस्विता का परिचायक इस विश्वविद्यालय का महत्त्वपूर्ण प्रकाशन-संस्थान है। यह महिमामण्डित आचार्यों की ज्ञानरश्मियों की संरक्षित प्रयोग-शाला है। यह ग्रन्थ-लेखकों की मान-मर्यादा का मानदण्ड है। मत्सदृशा लेखिका की लघुता को प्रभुता में परिवर्तित कराने में इसका गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। यहाँ के बहु-आयामी-प्रतिभा के धनी कुलपतियों की शृङ्खला में वर्तमान कुलपति **प्रो० अशोक कुमार कालिया** का प्रबुद्ध नेतृत्व अविस्मरणीय है।

सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालय के प्रकाशन-संस्थान के सम्माननीय दूरद्रष्टा निदेशक **डॉ. हरिश्चन्द्र मणि त्रिपाठी जी** की विशेषतया आभारी हूँ, जिन्होंने अपने संस्थान से **'योगविद्याविमर्श'** नामक ग्रन्थ को मुद्रित एवं प्रकाशित कराकर लेखिका का उत्साहवर्धन किया है। एतदर्थ विश्वविद्यालयीय समस्त औपचारिकताओं को संस्तुत कराने में उन्होंने जो दक्षता प्रदर्शित की है, वह उनके महनीय प्रशासनिक व्यक्तित्व की परिचायिका है। आपमें सत्यप्रतिज्ञता, सद्गुणधारकता, कृपालुता, सहनशीलता तथा ज्ञान-विज्ञान-गभीरता का मञ्जुल समन्वय है। **डॉ. हरिश्चन्द्र मणि त्रिपाठी जी** के व्यक्तित्व के ये विशेषणमात्र नहीं, अपितु उनमें स्वतः विशेष्यरूप में पुञ्जीभूत हैं। लेखिका को दूरभाष से ही आपमें सन्निहित इन सात्त्विक गुणों की अनुकरणीय अनुभूति हुई है। आपके प्रति हृदय से नतमस्तक हूँ। भवत्सदृश महनीय व्यक्तित्व के प्रति कृतज्ञताज्ञापन तो औपचारिकतामात्र है, लेखिका तो सर्वदा आशीर्वाद की आकाङ्क्षिणी है। आप वकारपञ्चक के मूर्तिमान् हैं—

**विद्यया वपुषा वाचा वेषेण विनयेन च।**
**वकारैः पञ्चभिर्युक्तो नरः कीर्तिमवाप्नुयात्॥**

**'वाद'** की परिधि को सीमित न कर लेखिका विश्वविद्यालय के प्रकाशनमण्डल एवं परामर्शदातृमण्डल के प्रति भी **'धन्य'** है। प्रूफरीडिङ्ग में सम्भावित त्रुटियों का दायित्ववहन करती है लेखिका।

**आश्विनशुक्लनवमी तिथि**
**विक्रम संवत् २०६४**
**अक्टूबर २०, २००७**

*इति विदुषां वशंवदा*
**विमला कर्णाटका**

# उपस्थानिका

**योग आध्यात्मिकः पुंसामतो निःश्रेयसाय मे ।**
**अत्यन्तोपरतिर्यत्र दुःखस्य सुखस्य च ।।**

श्रीमद्भागवत ३/२५/१३

भगवती जगदम्बिका की अनुकम्पामयी दृष्टि से उत्प्रेरित होकर मैं विद्यार्थी जीवन से विद्याप्रकल्प के योगयज्ञ में शब्दमयी आहुति प्रदान करने के लिये दर्शनशास्त्र की योगविधा पर विशेषत: लेखनकार्य द्वारा यथाशक्ति समर्पित रही हूँ। सर्वदा लघु प्रयास यही रहा कि संस्कृतवाङ्मय में समाच्छादित अध्यात्मप्रधान योगविद्या का विमर्शात्मक आलोडन कर उससे सम्बन्धित वाङ्मय का संवर्द्धन एवं परिवर्धन किया जा सके । इस अभ्यास-क्रम में दशाधिक ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं। विद्योद्यान का यह अग्रिम ग्रन्थपुष्प योगमय ज्ञानयज्ञ में आहुति के लिये तत्पर है। भगवद्गीता का वचन है—

**न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते ।**
**स्वयं योगसंसिद्धः कालेनाऽऽत्मनि विन्दति ।।**

भगवद्गीता ४/३८

प्रस्ताविक लघुप्रयास की ओर यह सत्प्रवृत्ति तब उदित हुई जब यह शुभेच्छा बलवती हुई कि क्यों न पातञ्जलयोगदर्शन को ध्रुवीकृत कर वैदिक युग से लेकर दर्शनयुग तक समस्त शास्त्रों में अवच्छिन्न सम्प्रदायपुरस्सर योगविद्या के अनुदान का जीवन्त अनुशीलन किया जाय और तत्-तत् शास्त्रों में योगविद्या के प्रतिपादित सुरभिमय सिद्धान्तों का तुलनात्मक एवं समन्वयात्मक अध्ययन कर उसे एक पुष्प-ग्रन्थ में ग्रथित किया जाय।

एतदर्थ उपनिषद्वाङ्मय, श्रीमद्भागवत, योगवासिष्ठ, भगवद्गीता, घेरण्डसंहिता, हठयोगप्रदीपिकासहित जैनदर्शन, बौद्धदर्शन, सांख्य-योगदर्शन, न्याय-वैशेषिकदर्शन, मीमांसा-वेदान्तदर्शन, शिवयोग, वामतन्त्रयोग, पातिव्रत-योग नादानुसन्धानयोग, प्रस्तरकलाप्रधानयोग, आधुनिक प्राकृतिक-यौगिक

चिकित्सा-पद्धति से सम्बन्धित ग्रन्थों का समाश्रयण कर 'योगविद्या' को एक स्थल पर उद्‌भावित करने का प्रयास किया गया है । ईश्वर, मोक्ष, जगत् आदि महनीय विषयों का भी समावेश कर उसे वैषयिक सर्वाङ्गीणता प्रदान करने की दिशा में भी लेखिका का यह अपने ढंग का अनूठा प्रयोग है । मेरे इस प्रयास को विशेष बल तब प्राप्त हुआ जब योगशास्त्र के अधिकृत अध्येताओं की इस दिशा में मुझे पूर्ण सहमति प्राप्त हुई । अतः इस ग्रन्थ के लेखनकार्य के समय जिज्ञासु सुधीजन की सहावस्थिति का अवबोध मुझे होता रहा है ।

प्रस्तुत ग्रन्थ पटलत्रय में विभाजित है । प्रथम पटल में 'विभिन्न शास्त्रों में प्रतिपादित योग का स्वरूप', द्वितीय पटल में 'योगविद्या का तुलनात्मक अध्ययन' तथा तृतीय पटल में 'योगविद्या के विविध आयाम' शीर्षक को दृष्टिपथ में रखकर द्वात्रिंशत् विषयों की गवेषणापूर्ण ज्ञानमञ्जूषा शास्त्रोद्धरणसहित सुसज्जित है । उपसंहाररूप में महर्षि पतञ्जलि के कुछ महत्त्वपूर्ण सूत्रों की आशयानुसारी पद्यमयी प्रस्तुति भी हुई है ।

**'योगविद्याविमर्श'** नाम से अङ्कित लेखिका का यह सुदीर्घकालिक अध्यवसाय सुधीजन के समक्ष प्रस्तुत है । कर्तव्य की यह इतिश्री अध्येताओं के आलोचनाधिकार को उन्मुक्त करती है । गीतोक्त वचन है—

**यत्सांख्यैः प्राप्यते स्थानं तद्योगैरपि गम्यते ।**
**सांख्यं च योगं च यः पश्यति स पश्यति ।।**

भगवद्‌गीता ५/५

**अश्विनशुक्लनवमी तिथि**
**विक्रमसंवत् २०६४**
**अक्टूबर २०, २००७**

***इति विदुषां वशंवदा***
**विमला कर्णाटका**

# विषयानुक्रमणी

## प्रथम पटल : विभिन्न शास्त्रों में प्रतिपादित योग

## द्वितीय पटल : योगविद्या का तुलनात्मक अध्ययन

## तृतीय पटल : योगविद्या के विविध आयाम

●

# प्रथम पटल : विभिन्न शास्त्रों में प्रतिपादित योग

- उपनिषदों में योगचर्चा
- श्रीमद्भागवत में योगचर्या : एक दार्शनिक पक्ष
- योगवासिष्ठ में योग
- भगवद्गीतान्तर्गत अष्टादशाङ्गयोग : एक विमर्श
- तन्त्र में योग
- वाम-कौल-तान्त्रिक योग
- शिवयोग विमर्श
- लययोग का स्वरूप एक यौगिक दृष्टि
- नादानुसन्धान
- पातिव्रतयोग : एक परिशीलन

# योगविद्याविमर्श

## उपनिषदों में योग-चर्चा

**योगेन योगो ज्ञातव्यो योगो योगात्प्रवर्धते ।**
**योगात्संजायते ज्ञानं ज्ञानाद्योगः प्रवर्तते ।।**

'योग' भारतीय अध्यात्म एवं संस्कृति की सर्वप्राचीन तथा अमूल्य निधि है। भारतीय वाङ्मय में योग का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इसकी महत्ता न केवल वैचारिक गम्भीरता के कारण है, अपितु मानव जीवन के ऐहिक एवं पारलौकिक उपलब्धियों के प्रमुख साधन होने के कारण भी है। भौतिकता से अनासक्त होकर मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिये एवं अभिनव आशाओं तथा उमंगों से परिपूर्ण करने के प्रयास में अपनी बहिर्मुखी प्रवृत्तियों को अन्तर्मुखी बनाता है। अन्तर्निहित चेतना को स्वस्वरूप में स्थित करना चाहता है। इस दुर्लभ लक्ष्य की प्राप्ति का एकमात्र साधन योग है। यह भारतीय अध्यात्मविद्या एवं तत्त्वज्ञान के गूढ रहस्यों के रसास्वादन की कुञ्जी है। योगबल के द्वारा ही ईश्वर विश्व का सृजन, नियमन एवं पालन करते हैं। योग के द्वारा ही प्राचीन ऋषियों को अपूर्व अन्तर्दृष्टि एवं प्रातिभज्ञान की प्राप्ति हुई थी। ऋषियों ने मन्त्रों का साक्षत्कार एवं आर्ष ग्रन्थों का प्रणयन भी योग द्वारा ही किया था। इस प्रकार सम्पूर्ण विश्व का निर्माण योगबल से हुआ है।

**आर्ष ग्रन्थ : योग की गङ्गोत्री**

समस्त उपनिषदों में प्रत्यक्ष या परोक्षरूप से योग का वर्णन अवश्य हुआ है। उपनिषदों में योगविषय पर्याप्तरूप में प्राप्त होता है। किन्तु योग की गङ्गोत्री वैदिक संहिताएँ ही हैं। क्योंकि वैदिक संहिताओं में ही योग की आदिम रूपरेखा प्रस्फुटित हो चुकी थी। उपनिषदों में यह रूपरेखा पल्लवित एवं पुष्पित होकर अत्यन्त सुव्यक्तरूप में अपनी परिपूर्णावस्था को प्राप्त होती है। पुराण, महाभारत, तन्त्र तथा धर्मशास्त्र में योग की यह धारा गङ्गा की

जलधारा में समाहित असंख्य औषधीय गुणों की भाँति, अविरल गति से प्रवृद्ध होती हुई कालान्तर में; मध्याह्नकालिक सूर्य की प्रखर रश्मियों की भाँति, पतञ्जलि के योगदर्शन के रूप में हम अध्येताओं के समक्ष आती है। योग की यह धारा यहीं अवरुद्ध नहीं हुई, अपितु व्यास, वाचस्पति, भोज, विज्ञानभिक्षु, नागेशभट्ट, सदाशिवेन्द्रसरस्वती आदि ग्रन्थकारों की रचनाओं से परिपुष्ट होती हुई सम्प्रति भी पुण्यसलिला भगवती भागीरथी की विमल धारा की भाँति श्रद्धा एवं भक्ति का भाजन बनी है। योगार्णव में अवगाहन कर प्रत्येक सम्प्रदाय के आचार्यों ने स्वकीय ग्रन्थमञ्जूषा में वैचारिक योगमणियों को संरक्षित किया है। सर्वत्र योगविद्या प्रतिभासित हो रही है।

## योग प्रायोगिक विद्या

योग सर्वोपरि प्रायोगिक विद्या है, अतः आधुनिक शब्दावली में 'विज्ञान' की संज्ञा 'योग' को प्राप्त है। इसे अध्यात्मविज्ञान कहते हैं। यह परम कल्याण का प्रशस्त मार्ग है। यह मानवजीवन के ऐहिक एवं पारलौकिक उपलब्धियों को प्राप्त कराने का मुख्य साधन है। भारतीय दर्शन में वर्णित मानवजीवन के चार पुरुषार्थ धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष की सम्यक् प्राप्ति योग के माध्यम से ही सम्भव है। विभिन्न दर्शनों में इनकी प्राप्ति के लिये ज्ञान की व्याख्या की गई है। किन्तु जिस प्रकार मात्र औषधि के नामोच्चारण से रोगी रोगमुक्त नहीं हो सकता है, उसी प्रकार केवल क्रियाहीन ज्ञान से हमें कदापि लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती। सैद्धान्तिक तत्त्वज्ञान का व्यावहारिक जीवन में उपयोग करने का विधान योग में बतलाया गया है। अर्थात् योग में मानव जीवन के समस्त पक्षों पर विचार कर सात्त्विक जीवन व्यतीत करने का उपाय बतलाया गया है। जिसके अनुसार आचरण कर मनुष्य मानवोचित उत्कर्ष को प्राप्त कर चरम लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर होता है। प्राचीन काल में लोगों ने इसी के अनुसार आचरण कर उत्कृष्टता को प्राप्त किया। सर्वाङ्गग्राह्य योगविद्या के आसन एवं प्राणायाम के अभ्यास से मनुष्य के जीवन में सम्प्रति चमत्कारी परिवर्तन आया है। योगविद्या के भूमण्डलीकरण ने इस विज्ञान के प्रति आस्था जागरित की है। वे नतमस्तक हैं—योगविज्ञान के प्रति।

## उपनिषद्-वाङ्मयादर्श

भारतीय संस्कृति का मूलग्रन्थ वेद है एवं वेद की अन्तिम शब्दराशि उपनिषद् नाम से विख्यात है। इस कारण उपनिषदों की महिमा भारतीय

संस्कृति तथा दर्शन के पोषक ग्रन्थ के रूप में है। उपनिषद् वेद का ज्ञानकाण्ड है। यह चिरप्रदीप्त वह ज्ञान-दीपक है जो सृष्टि के आदि से प्रकाश देता आ रहा है और लयपर्यन्त यथावत् प्रकाशित होता रहेगा। इसके प्रकाश में वह अमरत्व है, जिसके द्वारा सनातन धर्म का मूल सिञ्चित हुआ है।

उपनिषदें समय की दृष्टि से हमसे सुदूर होते हुए भी अपने चिन्तन से सुदूर नहीं हैं। वे जाति और भौगोलिक स्थिति के भेदों से ऊपर उठने वाली मानवीय आत्मा की प्रारम्भिक अन्त:प्रेरणाओं की क्रिया को विकसित करती हैं। वे जीवन की समस्त दिशाओं में प्रकाश देने वाली अखण्ड परमज्योति हैं। परमात्मा के पुनीत मार्ग की पथप्रदर्शिका हैं और परमात्मा के विभिन्न रूपों के निर्भ्रान्त और समन्वयात्मक स्वरूप का साक्षात्कार कराने वाली हैं।

विद्वानों ने उपनिषद् शब्द की व्याख्या अनेक प्रकार से की है, जिसके विवेचन से ही इस शब्द के अर्थ को सम्यक् प्रकार से जाना जा सकता है। 'उप' और 'नि' उपसर्गपूर्वक 'सद्' धातु से 'क्विप्' प्रत्यय लगाने पर स्त्रीलिङ्ग में उपनिषद् शब्द निष्पन्न होता है। षदॢ विशरणगत्यवसादनेषु अर्थ वाली षद् (सद्) धातु के अनुसार विशरण (हिंसन), गति (प्राप्ति) तथा अवसादन (शिथिल करना) अर्थ हैं। तदनुसार उपनिषद् शब्द का अर्थ है— वह विद्या जो समस्त अनर्थों को उत्पन्न करने वाले सांसारिक क्रिया-कलापों अर्थात् अविद्या का नाश करे। इससे संसार की कारणभूता अविद्या का बन्धन समाप्त हो जाता है और ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति होती है।

बृहदारण्यकोपनिषद् के सम्बन्धभाष्य में शङ्कराचार्य कहते हैं—

**सेयं ब्रह्मविद्या उपनिषच्छब्दवाच्या तत्पराणां स हेतोः संसारस्यात्यन्तावसादनात् । उपनिपूर्वस्य सदेस्तदर्थत्वात् ।**

बृहदारण्यकोपनिषद्, सम्बन्धभाष्य पृ. ३०

सद् धातु के तीनों अर्थों की व्याख्या करते हुए शङ्कराचार्य कहते हैं—"अविद्या आदि संसार के बीज का विनाश करती है, ब्रह्म की प्राप्ति कराती है और स्वर्गलोकरूप फल की प्राप्ति के कारणरूप से लोकान्तरों में बारम्बार प्राप्त होने वाले गर्भवास, जन्म, वृद्धावस्था एवं मरण आदि उपद्रवों का अवसादन करने वाली है, अर्थात् इनको शिथिल करती है।"

उपनिषद् शब्द का दूसरा अर्थ है—उप = समीप, निषद् = बैठना। गुरु के समीप में बैठना अर्थात् गुरु के समीप श्रद्धापूर्वक बैठकर ज्ञान प्राप्त करना। याज्ञवल्क्य अपनी पत्नी मैत्रेयी को समीप बैठाकर रहस्य का ज्ञान कराते हैं एवं अज्ञान का विनाश कर परमानन्द का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

यहाँ शङ्का होती है कि 'विद्या' पढाई नहीं जाती है अपितु ग्रन्थ पढ़ाया जाता है। तो इस स्थिति में **उपनिषदं भो ब्रूहि** (केनोप. ४/७) प्रयोग क्यों हुआ है? इसका उत्तर है कि ब्रह्मविद्या जिन ग्रन्थों में उपनिषद् की गई है वे ग्रन्थ भी उपनिषद् कहलाते हैं।

वेद का अन्तिम भाग होने से उपनिषद् को वेदान्त भी कहते हैं अथवा वेद का चरम तात्पर्य उपनिषद् में वर्णित होने के कारण भी इसे वेदान्त कहते हैं—

**वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः ।**

मुण्डकोपनिषद् ३/२/६

वेदान्तसार में **वेदान्तो नामोपनिषत्प्रमाणम्** कहा गया है। वेदान्त से अतिरिक्त श्रुतिशिखा (**श्रुतिशिखोत्थाखण्डधीगोचरः,** अद्वैतमञ्जरी) तथा श्रुतिशिरः (**श्रुतिशिरोवचनेषु संक्षेपः,** शारीरक १/१०३) आदि शब्दों का प्रयोग भी उपनिषद् के लिये हुआ है। उपनिषद् शब्द का प्रयोग 'रहस्य' के अर्थ में भी होता है। यथा—**गुह्या आदेशा** (छान्दोग्य उप. ३/५/२) एवं **परमं गुह्यम्** (कठ उप. १/३/१७)। रहस्य का तात्पर्य उपनिषदों में वर्णित उन विचारों से है, जो अन्यत्र कहीं प्राप्त नहीं होते हैं। रहस्य को द्योतित करने वाला सर्वाधिक गूढतत्त्व ब्रह्म है। उपनिषद् सत्य के विज्ञान को ग्रहण करती है। इसलिये यह उपनिषद् पराविद्या, अध्यात्मविद्या तथा ब्रह्मविद्या कहलाती है।

उपनिषद् वेद के शिरोभाग के नाम से जानी जाती हैं। वेद अपौरुषेय हैं। इस दृष्टि से उपनिषदों के रचनाकाल का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। फिर भी तुष्यतुदुर्जनन्याय से यह मानना उचित ही होगा कि जो उपनिषद् जिस वेद का अन्तिम भाग है, उसका रचनाकाल वही होगा जो उससे सम्बद्ध वेद का है।

वर्तमान समय में उपलब्ध उपनिषदों की संख्या में भी मतैक्य नहीं है। कुछ विद्वानों के अनुसार उपलब्ध उपनिषदों की संख्या दो सौ से भी

अधिक है। भारतीय परम्परा में उपनिषदों की संख्या एक सौ आठ बतलाई गई है। मुक्तिकोपनिषद् में एक सौ आठ उपनिषदों का नाम भी गिनाया गया है। वे सभी निर्णय सागर प्रेस मुम्बई से मूल गुटका के रूप में प्रकाशित हैं। इक्हत्तर उपनिषदों का एक संग्रह सन् १९३३ में अडियार लाइब्रेरी मद्रास से प्रकाशित हुआ है। कोलबुक के संग्रह में बावन उपनिषदें थीं। गुजराती प्रिंटिंग प्रेस बम्बई से प्रकाशित उपनिषद्वाक्यमहाकोष में दो सौ तेईस उपनिषदों का नाम आया है। निष्कर्ष रूप में प्रधान उपनिषदों की संख्या ग्यारह अथवा तेरह है। ज्ञातव्य है कि शङ्कराचार्य ने ईश, केन, कठ, प्रश्न, मुण्डक, माण्डुक्य, तैत्तिरीय, ऐतरेय, छान्दोग्य, श्वेताश्वतर तथा बृहदारण्यक इन ग्यारह उपनिषदों पर भाष्य लिखा है।

**दर्शनसिद्धान्तादर्श**

भारतीय दर्शन के विभिन्न सम्प्रदायों पर औपनिषद विचारधारा का प्रतिबिम्ब स्पष्टतः दृष्टिगोचर होता है, क्योंकि सभी आस्तिक सम्प्रदाय अपने-अपने सिद्धान्तों का आदि स्रोत उपनिषदों को ही मानते हैं एवम् अपने पक्ष की पुष्टि के लिये उपनिषद् मन्त्रों एवं श्रुति को ही प्रमाण के रूप में उद्धृत करते हैं। यह कहा जा सकता है कि उपनिषद् भारतीय दर्शन का एक ऐसा उद्‌गम स्थल है, जहाँ से सभी दार्शनिक सम्प्रदाय अनेक सरिताओं की भाँति प्रवाहित हुए हैं। उपनिषदों में ही सभी दार्शनिक सम्प्रदायों के मूलभूत आधार निहित हैं, चाहे वे सम्प्रदाय आस्तिक हों अथवा नास्तिक। जडवाद के समर्थक चार्वाक ने भी तैत्तिरीयोपनिषद् के मन्त्र को उद्धृत किया है—

**स वा एषः पुरुषो अन्नरसमयः ।**

तैत्तिरीयोपनिषद् २/१/१

शून्यवाद के समर्थक बौद्ध दार्शनिक भी उपनिषद् के मन्त्र को प्रमाणरूप में उद्धृत करते हैं, जिसका अर्थ है—पहले यह असत् ही था।

**असद्वा इदमग्र आसीत् । ततो वै सदजायत ।**

तैत्तिरीयोपनिषद् १/७

यह मन्त्र बौद्धदर्शन में प्रमाण के रूप में प्राप्त होता है। कुमारिल भट्ट ने यह सिद्ध किया है कि बौद्धदर्शन के विज्ञानवाद, क्षणभङ्गवाद, आत्मवाद तथा वैराग्यवाद सभी उपनिषद् से ही निकले हैं—

**विज्ञानमात्रक्षणभङ्गनैरात्म्यवादानामपि उपनिषत्प्रभवत्वम् ।**
**विषयेषु आत्यन्तिकं रागं विनिवर्तयितुमिति उपपन्नं सर्वेषां प्रामाण्यम् ।**

तन्त्रवार्त्तिक १

सांख्य के आचार्य सत्कार्यवाद को प्रमाणित करने के लिये छान्दोग्योपनिषद् का मन्त्र उद्धृत करते हैं—

**सदेव सोम्येदमग्र आसीत् ।**

छान्दोग्योपनिषद् ६/२/१

सत्त्व, रजस् एवं तमस् इन तीनों गुणों को प्रमाणित करने के लिये भी उपनिषद् का मन्त्र ही उद्धृत करते हैं—

**अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णाम् ।**

श्वेताश्वतरोपनिषद् ४/५

उपनिषदों में पुरुष, प्रकृति, महत्, अहंकार, पञ्चमहाभूत आदि का भी वर्णन है—

**ब्रह्मणोऽव्यक्तम् । अव्यक्तान्महत् । महतोऽहंकारः। अहंकारात् पञ्चतन्मात्राणि । पञ्चतन्मात्रेभ्यः पञ्चभूतानि। पञ्चभूतेभ्योऽखिलं जगत् ।**

त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् १

इन सभी विषयों का स्पष्टीकरण सांख्यदर्शन में भी प्राप्त होता है। योगदर्शन के मूल आधार भी उपनिषद् में ही मिलते हैं। उपनिषदों में भी योग का विशद विवेचन प्राप्त होता है। उपनिषद् में जिस योग के लक्षण एवं अष्टाङ्गयोग का वर्णन है, वही योगदर्शन में भी वर्णित है। उपनिषदों में वेदान्त के **अहं ब्रह्मास्मि** एवं **तत्त्वमसि** महावाक्यों का सार समझाया गया है। विवर्तवाद, माया एवं अविद्या आदि का प्रतिपादन भी उपनिषदों में हुआ है। पैङ्गलोपनिषद् में सृष्टिक्रम में पञ्चीकरण की प्रक्रिया का भी वर्णन है। जीवन्मुक्त एवं विदेहमुक्त का वर्णन भी कई स्थानों पर दृष्टिगोचर होता है। निष्कर्षरूप में सभी दर्शनों का बीज उपनिषद् ही है।

प्राचीन एवं अर्वाचीन सभी उपनिषदों के विषयों में मुख्य विषय योग ही है। उपनिषदों में योग की साधन-प्रणाली एवं उसके भेद-प्रभेद की व्याख्या हुई है, किन्तु दर्शनयुग को ही योग के पूर्ण विकास का स्वर्णकाल

कहा जा सकता है। दर्शनकाल में ही साधन-प्रधान इस विद्या ने स्वतन्त्र दर्शन का रूप धारण किया। योग को दर्शनरूप में विभूषित करने का महनीय कार्य महर्षि पतञ्जलि ने ही किया है। इन्होंने योग को सूत्रात्मक शैली में निबन्धित कर उसे चार पादों में विभक्त किया है। पतञ्जलि का योग चित्तवृत्तिनिरोध की भूमि पर प्रतिष्ठित है। पतञ्जलि के न्यायरूपलक्षण, युक्तिशृंखला, प्राञ्जलता एवं उनके सिद्धान्तों की व्यावहारिकता तथा अकाट्यता सभी कुछ अतुलनीय हैं। उपनिषदों में यत्र-तत्र प्राप्त अशृंखलित योगतत्त्वों को पतञ्जलि ने एकत्रित कर उसे योगदर्शनशास्त्र का रूप प्रदान किया है।

सम्प्रति, योगविद्या के अनुसन्धित्सुओं के लिये औपनिषद योग एवं पातञ्जलयोग का तुलनात्मक अनुशीलन करने के लिये उपनिषदों में वर्णित योगचर्चा को यथासम्भव संस्पर्श किया जा रहा है।

**औपनिषद-योगविद्यादर्श**

**अद्वयतारकोपनिषद्** में तारकयोग के पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध दो भेद करते हुए उसे अमनस्कफलप्रद बतलाया है—

**तद्योगं च द्विधा विद्धि पूर्वोत्तरविधानतः ।**
**पूर्वं तु तारकं विद्यादमनस्कं तदुत्तरमिति ।।**

अद्वयतारकोपनिषद् १

**अमृतनादोपनिषद्** में षडङ्गयोग का वर्णन है। ये योग के प्रसिद्ध षडङ्ग से भिन्न हैं। इसमें प्रत्याहार, ध्यान, प्राणायाम, धारणा, तर्क और समाधि—ये छः योग के अङ्ग वर्णित हैं—

**प्रत्याहारस्तथा ध्यानं प्राणायामोऽथ धारणा ।**
**तर्कश्चैव समाधिश्च षडङ्गो योग उच्यते ।।**

अमृतनादोपनिषद् ६

आगम से अविरुद्ध अनुमान को 'तर्क' कहा गया है—

**आगमस्याविरोधेन ऊहनं तर्क उच्यते ।।**

अमृतनादोपनिषद् १७ पूर्वार्द्ध

यद्यपि षडङ्गों में आसन का उल्लेख नहीं है किन्तु समाधि सिद्धि के

उपाय के रूप में पद्मक, स्वस्तिक, भद्रासन और योगासन को मान्यता प्राप्त है—

**पद्मकं स्वस्तिकं वापि भद्रासनमथापि वा ।**
**बद्ध्वा योगासनं सम्यगुत्तराभिमुखस्थितः ।।**

अमृतनादोपनिषद् १९

**अमृतबिन्दूपनिषद्** में विषयात्मक मन बन्ध का तथा निर्विषयक मन मुक्ति का कारण कहा गया है। अर्थात् विषयासक्ति से मुक्त और हृदय में निरुद्ध मन जब अपने अभाव को प्राप्त होता है, तब उसे परमपद प्राप्त होता है—

**निरस्तविषयासङ्गं सन्निरुद्धं मनो हृदि ।**
**यदा यात्यात्मनोऽभावं तदा तत्परमं पदम् ।।**

अमृतबिन्दूपनिषद् ४

तब तक हृदय में मन का निरोध करना चाहिए जब तक उसका क्षय न हो जाय। इसी को ज्ञान कहते हैं और ध्यान कहते हैं, शेष न्यायविस्तर है—

**तावदेव निरोद्धव्यं यावद् हृदिगतं क्षयम् ।**
**एतज्ज्ञानं च ध्यानं च शेषो न्यायस्य विस्तरः ।।**

अमृतबिन्दूपनिषद् ५

इसके पश्चात् ज्ञान का स्वरूप तथा ध्यान का प्रकार कहा गया है।

**क्षुरिकोपनिषद्** में प्रसिद्ध षडङ्ग-आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान तथा समाधि—संक्षेपतः कहे गये हैं। **आसनमवस्थितः** कहकर छोड़ दिया है। किसी आसनविशेष का नाम नहीं लिया है।

**तेजोबिन्दूपनिषद्** उपरिवर्णित उपनिषदों से विस्तृत उपनिषद् है। इसमें छः अध्याय हैं। प्रथम अध्याय में परब्रह्मस्वरूप तथा परब्रह्मावगतिसाधन रूप पञ्चदशाङ्गयोग कहा गया है। यम, नियम, त्याग, मौन, देश, काल, आसन, मूलबन्ध, देहसाम्य, दृक्स्थिति, प्राणसंयमन, प्रत्याहार, धारणा, आत्मध्यान और समाधि—योग के ये पञ्चदश अङ्ग क्रमशः बतलाये गये हैं—

**यमो हि नियमस्त्यागो मौनं देशश्च कालतः ।**
**आसनं मूलबन्धश्च देहसाम्यं च दृक्स्थितिः ।।**
**प्राणसंयमनं चैव प्रत्याहारश्च धारणा ।**
**आत्मध्यानं समाधिश्च प्रोक्तान्यङ्गानि क्रमात् ।।**

तेजबिन्दूपनिषद् १/१५-१६

'यम' आदि का स्वरूप भी भिन्न प्रकार से कहा गया है। इसमें यम का लक्षण करते हुए उपनिषदकार ने लिखा है कि यह सब ब्रह्मरूप है, इस ज्ञान से इन्द्रियों का संयम करना ही 'यम' कहलाता है। इसी का पुनः-पुनः अभ्यास करना चाहिए। वचन है—

**सर्वं ब्रह्मेति वै ज्ञानादिन्द्रियग्रामसंयमः ।**
**यमोऽयमिति संप्रोक्तोऽभ्यसनीयो मुहुर्मुहुः ।।**

तेजबिन्दूपनिषद् १/१७

इसके द्वितीय अध्याय में अखण्डैकरसत्व तथा चिन्मात्रत्व-भावना द्वारा सबका एकरूप प्रतिपादन किया गया है। तृतीय अध्याय में ब्रह्मानुभव का वर्णन है। चतुर्थ अध्याय में जीवन्मुक्ति तथा विदेहमुक्ति आदि का वर्णन है। शेष दो अध्यायों में वेदान्तप्रतिपाद्य तत्पदार्थ एवं त्वं पदार्थ के अभेद का निरूपण है।

**त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्**—अवर्गीकृत शुक्लयजुर्वेदीय इस उपनिषद् का प्रारम्भ सृष्टिक्रम से हुआ है। इसके अनुसार योग के दो प्रकार हैं—कर्मयोग तथा ज्ञानयोग।

१. विहित कर्मों में इस बुद्धि का होना कि 'यह कर्तव्य कर्म है,' मन का ऐसा नित्य बन्धन कर्मयोग कहलाता है—

**कर्म कर्तव्यमित्येव विहितेष्वेव कर्मसु ।**
**बन्धनं मनसो नित्यं कर्मयोगः स उच्यते ।।**

त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् २५उ.-२६पू.

२. श्रेयोऽर्थ में चित्त का सदा बद्ध रहना ज्ञानयोग है, ऐसा समझना चाहिए। यह ज्ञानयोग सब सिद्धियों को देने वाला और मंगलकारक है—

**यत्तु चित्तस्य सततमर्थे श्रेयसि बन्धनम् ।**
**ज्ञानयोगः स विज्ञेयः सर्वसिद्धिकरः शिवः ।।**

त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् २६ पू.-२७ उ.

इसके अनन्तर अष्टाङ्गयोग को निर्विशेष ब्रह्मज्ञानोपाय बतलाया है। इसमें योग के प्रसिद्ध अष्टाङ्ग वर्णित हैं—यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान तथा समाधि। यम के दश भेद हैं—अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, दया, आर्जव, क्षमा, धृति, मिताहार तथा शौच—

**अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यं दयार्जवम् ।**
**क्षमा धृतिर्मिताहारः शौचं चेति यमा दश ।।**

त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् ३२-३३

नियम के भी दश भेद हैं—तप, सन्तोष, आस्तिक्य, दान, हरि-जप, वेदान्तश्रवण, ह्री, मति, जप तथा व्रत—

**तपः सन्तुष्टिरास्तिक्यं दानमाराधनं हरेः ।**
**वेदान्तश्रवणं चैव ह्रीर्मतिश्च जपो व्रतम् ।।**

त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् ३३-३४

इसमें कुछ प्रमुख आसनों का वर्णन मिलता है। आसनों के नाम हैं—स्वस्तिक, गोमुख, वीर, योग, पद्म, बद्धपद्म, कुक्कुट, उत्तानकूर्मक, धनु, सिंह, भद्र, मुक्त, मयूर, सिद्ध, मत्स्य पश्चिमतान तथा सुख ।

प्राणायाम का वर्णन करने से पहले इस उपनिषद् में अग्निस्थान, नाभिस्थान, नाडीचक्र, कुण्डलिनी, नाडीकन्द, नाडीचर वायु का विशद प्रतिपादन किया गया है। केवलकुम्भक, सहितकुम्भक और नाडीशोधक प्राणायाम, प्राणायाम का फल तथा प्राणधारण से रोगनाश आदि इसके अनन्तर कहे गये हैं। वचन है—

**सर्वरोगैर्विनिर्मुक्तो जीवेद्योगी गतक्लमः ।**
**कुक्षिरोगविनाशः स्यान्नाभिकन्देषु धारणात् ।।**

त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् १०९

प्रत्याहार, अष्टादश मर्मस्थानों में से प्रत्येक स्थान में मन के द्वारा परमात्मा को धारण करने का नाम है—

**यद्यष्टादशभेदेषु मर्मस्थानेषु धारणम् ।**
**स्थानात् स्थानं समाकृष्य प्रत्याहारः स उच्यते ।।**

त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् १२८-१२९

अष्टादश मर्मस्थानों के नाम हैं—पादाङ्गुष्ठ, गुल्फ, जंघामध्य, ऊरुमध्य, ऊरुमूल, पायु, हृदय, शिश्न, देहमध्य, नाभि, गलकूर्पर, तालुमध्य, घ्राणमूल, नेत्रमण्डल, भ्रूमध्य, ऊर्ध्वमूल, जानुद्वय तथा करमूल।

धारणा; पाञ्चभौतिक देह के पांचों भूतों में यमादि से युक्त मन को धारित करना है। धारणा संसार-सागर से तारने वाली है—

**पञ्चभूतमये देहे भूतेष्वेतेषु पञ्चसु ।।**
**मनसो धारणं यत्तद्युक्तस्य च यमादिभिः ।**
**धारणा सा च संसारसागरोत्तारकारणम् ।।**

त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् १३२ उ.-१३३

ध्यान; स्वरूपव्याप्तरूप परम परमात्मा वासुदेव का ही चिन्तन करना है। ध्यान कैवल्यसिद्धि को देने वाला है। इसके दो भेद हैं—सगुणध्यान तथा निर्गुणध्यान। ध्यान का लक्षण है—

**चिन्तनं वासुदेवस्य परस्य परमात्मनः ।**
**स्वरूपव्याप्तरूपस्य ध्यानं कैवल्यसिद्धिदम् ।।**

त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् १४६-१४७

समाधि; चित्त की वह निर्वृत्त्यवस्था है जिसमें मैं ही परब्रह्म हूँ, ब्रह्म मैं हूँ ऐसी सम्यक् स्थिति बनती है। श्रुति है—

**अहमेव परं ब्रह्म ब्रह्माहमिति संस्थितिः ।**
**समाधिः स तु विज्ञेयः सर्ववृत्तिविवर्जितः ।।**

त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् १६०-१६१

इस अवस्था में सोया हुआ सा जो चलता है, स्वभाव से ही जो सदा सर्वत्र निश्चल है, ऐसा योगी निर्वाणपद का आश्रय करके कैवल्य प्राप्त करता है—

**सुषुप्तिवद्यश्चरति स्वभावपरिनिश्चलः ।**
**निर्वाणपदमाश्रित्य योगी कैवल्यमश्नुते ।।**

त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् १६४

**दर्शनोपनिषद्** में गुरु दत्तात्रेय सांकृति नामक शिष्य को पूर्वोक्त अष्टाङ्गयोग का उपदेश करते हैं। इसमें यम और नियम के दश-दश भेद लक्षणसहित वर्णित हैं। नौ आसनों का वर्णन करने के पश्चात् 'देह' के विषय में बतलाया है। नाडी, वायु, नाडी-देवता, नाडियों में संवत्सरात्मपूर्ण सूर्यसञ्चार, अन्तस्तीर्थ आदि का बहुत उत्तम वर्णन है। प्राणायामादि सब अङ्गों का भी बहुत अच्छा प्रतिपादन है। यह योगोपनिषदों में एक उत्तम उपनिषद् है।

**ध्यानबिन्दूपनिषद्** में ब्रह्मध्यानयोग प्रणवध्यान, सविशेष ब्रह्मध्यान, त्रिमूर्तिध्यान का सर्वप्रथम वर्णन मिलता है। इसमें षडङ्गयोग की चर्चा है। इसमें सिंह, पद्म, भद्र तथा सिद्ध चार आसन ही कहे गये हैं। अन्त में नादानुसन्धान द्वारा आत्मदर्शन बतलाया गया है।

**नादबिन्दूपनिषद्** में प्रणवोपासना तथा नादानुसन्धान कहा गया है।

**पाशुपतब्राह्मणोपनिषद्** में ज्ञानयोग प्रतिपादित है। परमात्मा की हंसत्वेन भावना, अन्तर्याग, ज्ञानयज्ञरूप अश्वमेध इत्यादि अनेक विषय इसमें वर्णित हैं।

**ब्रह्मविद्योपनिषद्** में प्रणव की चारों मात्राओं का वर्णन किया गया है—

**तिस्रो मात्रार्धमात्रा च त्र्यक्षरस्य शिवस्य तु ।**
**तिस्रो मात्रास्तथा ज्ञेयाः सोमसूर्याग्निरूपिणः ।**
**अर्धमात्रा तथा ज्ञेया प्रणवस्योपरि स्थिता ।**

ब्रह्मविद्योपनिषद् ३-८-९

इसके पश्चात् सुषुम्ना नाडी के विषय में बतलाया है कि यह नाडी मृणालतन्तु के समान सूक्ष्म, ज्वाला सी उज्ज्वल और सूर्यसदृश प्रकाशमान वह परा नाडी सूर्य को भेद कर परम को प्राप्त होती है और मूर्धा में बहत्तर हजार नाडियों को भेद कर सबको व्याप्त कर रहती है। इस उपनिषद् में नाद

के द्वारा मोक्षप्राप्ति, जीवस्वरूपनिरूपण, हंसविद्या, हंसयोगी के द्वारा अनुसन्धेय आत्मस्वरूप इत्यादि अनेक विषय वर्णित हैं।

**मण्डलब्राह्मणोपनिषद्** में कुल पांच ब्राह्मणखण्ड हैं। इसमें सर्वप्रथम अष्टाङ्गयोग कहा गया है—

**ज्ञानयुक्तयमाद्यष्टाङ्गयोग उच्यते ।**

मण्डलब्राह्मणोपनिषद् १/१

इसमें यम के चार भेद किये हैं—

**शीतोष्णाहारनिद्राविजयः सर्वदा**
**शान्तिर्निश्चलत्वं विषयेन्द्रियनिग्रहश्चैते यमाः ।**

मण्डलब्राह्मणोपनिषद् १/१

तदनन्तर नियम के दश भेद बतलाये हैं—

**गुरुभक्तिः सत्यमार्गानुरक्तिः सुखागतवस्त्वनुभवश्च तद्वस्त्वनुभवेन तुष्टिर्निःसङ्गता एकान्तवासो मनोनिवृत्तिः फलानभिलाषो वैराग्यभावश्च नियमाः ।**

मण्डलब्राह्मणोपनिषद् १/१

इसमें योग के तारकयोग तथा अमनस्कयोग दो भेद किये हैं—

**तद्योगं च द्विधा विद्धि पूर्वोत्तरविभागतः ।**
**पूर्वं तु तारकं विद्यादमनस्कं तदुत्तरमिति ।**

मण्डलब्राह्मणोपनिषद् १/३

अर्थात् वह योग पूर्वोत्तर विधान से दो प्रकार का है। पूर्व का तारकयोग है और उत्तर का अमनस्कयोग है। तारकयोग भी द्विविध है—मूर्तितारकयोग तथा अमूर्तितारकयोग। दोनों का ही मनोयोग से अभ्यास करना चाहिए—

**उभयमपि मनोयुक्तमभ्यसेत् ।**

मण्डलब्राह्मणोपनिषद् १/३

**महावाक्योपनिषद्** नामक लघुतम उपनिषद् में हंसविद्या के ध्यान से सच्चिदानन्द परमात्मा के आविर्भाव का प्रतिपादन हुआ है। तदनुसार

ज्योतिर्मण्डलस्वरूप जो आदित्य है, वही आदित्य ब्रह्म है। जिसका **'हंसः सोऽहम्'** इस अजपा मन्त्र से निर्देश किया जाता है। प्राणापान की अनुलोम-प्रतिलोम गति से वह विद्या जानी जाती है। दीर्घकाल के अभ्यास से वह विद्या लाभकर जब त्रिवृत् आत्मा = ब्रह्म का ध्यान किया जाता है, तब सच्चिदानन्द परमात्मा आविर्भूत होते हैं—

**प्राणापानाभ्यां प्रतिलोमानुलोमाभ्यां समुपलभ्यैवं सा चिरं लब्ध्वा त्रिवृदात्मनि ब्रह्मण्यभिध्यायमाने सच्चिदानन्दः परमात्माविर्भवति ।**

महावाक्योपनिषद् १

**योगकुण्डल्युपनिषद्** तीन अध्यायों में विभक्त है। प्रथम अध्याय में आसन, प्राणायामादि द्वारा कुण्डलिनी योग के साधने की बात करते हुए बतलाया है कि चित्त के दो हेतु हैं—वासना और प्राण। इनमें से किसी एक के नष्ट होने से दोनों का नाश होता है। इनमें से प्रथम सदा प्राण विजित करना चाहिए, तदनन्तर मिताहार होकर आसन और अन्त में शक्तिचालन करे—

**हेतुद्वयं हि चित्तस्य वासना च समीरणः ।**
**तयोर्विनष्ट एकस्मिंस्तद्द्वावपि विनश्यतः ।।**
**तयोरादौ समीरस्य जयं कुर्यान्नरः सदा ।**
**मिताहारश्चासनं च शक्तिचालस्तृतीयकः ।।**

योगकुण्डल्युपनिषद् १/१-२

द्वितीय अध्याय में खेचरिविद्या के प्रयोग की विधि बतलाते हुए अभ्यासी को अजर-अमर कहा है—

**अथाहं संप्रवक्ष्यामि विद्यां खेचरिसंज्ञिकाम् ।**
**यथा विज्ञानवानस्या लोकेऽस्मिन्नजरोऽमरः ।।**

योगकुण्डल्युपनिषद् २/१

तृतीय अध्याय में ब्रह्म, जीव, मुक्ति आदि का स्वरूप वर्णित है।

**योगचूडामण्युपनिषद्** का प्रतिज्ञावाक्य है कि योगियों के हित की कामना से इस उपनिषद् को बतलाथा जा रहा है—

**योगचूडामणिं वक्ष्ये योगिनां हितकाम्यया ।**
**कैवल्यसिद्धिदं गूढं सेवितं योगवित्तमैः ।।**

योगचूडामण्युपनिषद् १

इसमें अध्यायों में अविभक्त एक सौ इक्कीस मन्त्र हैं। उपनिषद् का प्रारम्भ योग के षडङ्ग से हुआ है—

**आसनं प्राणसंरोधः प्रत्याहारश्च धारणा ।**
**ध्यानं समाधिरेतानि योगाङ्गानि भवन्ति षट् ।।**

योगचूडामण्युपनिषद् २

इसमें चक्र, नाडी, वायु आदि तत्त्वों के प्रतिपादन के पश्चात् प्रणवाभ्यास पर बल दिया है। प्रणवाभ्यासी को भी नाडीशोधन के लिये प्राणजय करना आवश्यक बतलाया है। जैसे सिंह, गज, व्याघ्र आदि को शनैः-शनैः वश में किया जाता है उसी प्रकार प्राणवायु को क्रमशः सेवित किया जाता है, अन्यथा अनियन्त्रित वायु साधक को नष्ट कर देता है—

**यथा सिंहो गजो व्याघ्रो भवेद्वश्यः शनैः शनैः ।**
**तथैव सेवितो वायुरन्यथा हन्ति साधकम् ।।**

योगचूडामण्युपनिषद् ११८

**योगतत्त्वोपनिषद्** में कुल एक सौ बयालीस मन्त्र हैं। इसमें अष्टाङ्गसंयुक्त योग का विवेचन हुआ है। मोक्षप्राप्ति के लिये ज्ञान और योग दोनों को आवश्यक बतलाया गया है। जिस प्रकार योग के विना ज्ञान मोक्ष को प्राप्त कराने वाला नहीं हो सकता है, उसी प्रकार ज्ञानहीन योग भी मोक्षकर्म में असमर्थ है—

**योगहीनं कथं ज्ञानं मोक्षदं भवति ध्रुवम् ।**
**योगो हि ज्ञानहीनस्तु न क्षमो मोक्षकर्मणि ।**
**तस्माज्ज्ञानं च योगं च मुमुक्षुर्दृढमभ्यसेत् ।।**

योगतत्त्वोपनिषद् उ. १४-१५

इसमें प्रकारान्तर से योग के चार भेद किये हैं—मन्त्रयोग, लययोग, हठयोग तथा राजयोग। वचन है—

**योगो हि बहुधा ब्रह्मन्भिद्यते व्यवहारतः ।**

**मन्त्रयोगो लयश्चैव हठोऽसौ राजयोगतः ।।**

योगतत्त्वोपनिषद् १९

ज्ञातव्य है कि योगसूत्र के प्रामाणिक टीकाकार श्रीनारायणतीर्थ ने योगसिद्धान्तचन्द्रिका में योग के उक्त चार भेदों को योगसूत्र में अन्वेषित किया है।

**योगशिखोपनिषद्** में छः अध्याय हैं। उपरिवर्णित उपनिषदों की तुलना में यह बृहद् उपनिषद है। इस उपनिषद् के विषय योगतत्त्वोपनिषद् से साम्य रखते हैं, किन्तु विषयों की प्रतिपादन-शैली उससे पृथक् है। कुछ नवीन विषयों का विवेचन भी इसमें उपलब्ध है। योगतत्त्वोपनिषद् में मन्त्रयोग आदि चारों योग स्वतन्त्ररूपेण कहे गये हैं, किन्तु यहाँ वे क्रमिक भूमिका माने गये हैं। तदनुसार मन्त्र, लय, हठ तथा राज—ये चार योग यथाक्रम चार भूमिकान्त हैं और सम्मिलित रूप से ये चारों एक ही योग हैं, जिसे महायोग कहते हैं। वचन है—

**मन्त्रो लयो हठो राजयोगोऽन्तर्भूमिकाः क्रमात् ।**

**एक एव चतुर्धाऽयं महायोगोऽभिधीयते ।।**

योगशिखोपनिषद् १/१२९उ.-१३०

इतना ही नहीं, मन्त्रादि चार योगों का स्वरूप भी इसमें भिन्न प्रकार से मिलता है। उदाहरण के लिये राजयोग को लीजिए—

**रजसो रेतसो योगाद् राजयोग इति स्मृतिः ।**

योगशिखोपनिषद् १/१३७ उ.

अर्थात् रज और रेत के योग से राजयोग होता है। योग का सामान्य स्वरूप बतलाते हुए कहा है—

**प्राणापानसमायोगो ज्ञेयं योगचतुष्टयम् ।**

योगशिखोपनिषद् १/१३८उ.

अर्थात् प्राणापान को समान करना योगचतुष्टय है। यह उपनिषद् योगदृष्ट्या अत्यन्त उपयोगी है।

**वराहोपनिषद्** पांच अध्यायों में विभक्त है। प्रथम चार अध्यायों में ज्ञान की चर्चा की गई है तथा अन्तिम पञ्चम अध्याय में योग कहा गया है। इसमें अष्टाङ्गसंयुत योग के लय, मन्त्र तथा हठ तीन भेद हैं—

**लयमन्त्रहठा योगा योगो ह्यष्टाङ्गसंयुतः ।**

वराहोपनिषद् ५/१०३.

इसमें यम और नियम के दश-दश भेद कहे गये हैं—

**अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यं दयार्जवम् ।**
**क्षमा धृतिर्मिताहारः शौचं चेति यमा दश ।।**
**तपः सन्तोषमास्तिक्यं दानमीश्वरपूजनम् ।**
**सिद्धान्तश्रवणं चैव ह्रीर्मतिश्च जपो व्रतम् ।**
**एते हि नियमाः प्रोक्ता दशधैव महामते ।।**

वराहोपनिषद् ५/१२-१४

इस उपनिषद् में अन्त में योग के कुछ विशेष प्रकार दिये गये हैं, जैसे—कालवञ्चनोपायभूतयोग, कायदार्ढ्यबलादिसाधनयोग, सम्पुटयोग आदि।

**शाण्डिल्योपनिषद्** में अथर्वा ऋषि शाण्डिल्य के प्रति अष्टाङ्गयोग का उपदेश करते हैं। तीन अध्यायों में विभक्त इस उपनिषद् के द्वितीय एवं तृतीय अध्याय अत्यन्त संक्षिप्त हैं। यह उपनिषद् प्रसिद्ध अष्टाङ्गयोग का समर्थन करती है—

**स होवाचाथर्वा यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टाङ्गानि ।**

शाण्डिल्योपनिषद् १/१

इसमें यम के दश, नियम के दश, आसन आठ, प्राणायाम के तीन, प्रत्याहार के पांच, धारणा के दो तथा ध्यान के दो भेद बतलाये हैं। अन्त में दत्तात्रेय का माहात्म्य प्रतिपादित है।

**हंसोपनिषद्** में हंसविद्या संक्षेप से प्रतिपादित है। अजपाजप, नादानुसन्धान आदि तदुपायत्वेन कहे गये हैं। यह अथर्ववेदीय संक्षिप्त उपनिषद् है। अनाख्येय गुह्य हंसविद्या को जानकर साधक मृत्यु को प्राप्त नहीं होता है—

**हंसहंसेति सदाऽयं सर्वेषु देहेषु व्याप्तो वर्तते ।**
द्वादशाव्दे भवेद्सिद्धि तस्य यततः परम्।। ४०८।।

मंत्रयोगेधिकारि सः ज्ञातको गुरुणा ध्रुवम्।
समबुद्धि क्षमायुक्तः पुष्याकांक्षि प्रियंवदः।। ४०६।।

मध्यस्थः सर्वकार्येषु सामान्य स्यान्नसंशयः।
एतज्ज्ञात्वैव गुरुभिः दीयते युक्तिोलयः।। ४१०।।

स्थिर बुद्धिर्लये युक्तः स्वाधीनो वीर्यवानपि।
शूरो वयस्थः श्रद्धावान् गुरुपादाब्जपूजकः।। ४११।।

एतस्मै दीयते धीरैर्हठयोगश्च साधकः।
महावीर्यचितोत्साही मनोज्ञः शौर्यवानपि।। ४१२।।

शास्त्रज्ञोऽभ्यासशीलश्च निर्भेदश्च निराकुलः।
नवयौवन सम्पन्नो मिताहारी जितेन्द्रियः।। ४१३।।

निर्भयाश्च शुचिर्दक्षो दाता सर्वजनाश्रयः
अविकारी स्थिरोधीमान् यथार्थेच्छा स्थितः क्षमी ।। ४१४ ।।

सुशीलो धर्मचारी च गुप्त चेष्टः प्रियंवदः ।
शास्त्र विश्वास सम्ल्पन्नों देवता गुरुपूजकः ।। ४१५ ।।

जनस्नां विरक्तश्च महाव्याधि विवर्जितः ।
अधिमात्रतरोज्ञश्च सर्वयोगस्य साधकः ।। ४१६ ।।

त्रिभिः संवत्सैरेः सिद्धिरेतस्य स्यान्नसंशयः ।
सर्वयोगधिकारी च नात्र कार्या विचारणा ।। ४१७ ।।

गाढ़ातपेस्वप्रतिबिम्बमीश्वरम् निरीक्ष्य निष्फालित लोचनद्वयम् ।
यदा नभे पश्यति स्व प्रतीकां नभागसोतत् क्षणमेव तम्पतिम् ।। ४१८ ।।

प्रतीकोपासना कार्या दृष्टादृष्टं फलप्रदा ।
पुनाति दर्शनामात्रेण नात्र कार्य विचारणाः ।। ४१९ ।।

प्रत्यह प्रक्षेते यो वै स्वप्रतीक नर्भागसो ।
आयुर्वृद्धि भवेत्तस्य मृत्युस्यान कदाचन ।। ४२० ।।

यदा पश्यति सम्पूर्णं स्वप्रतीक नभांगणे ।
तदा जप समायायति वायुं निर्जित तं चरेत् ।। ४२१ ।।

यः करोति सदाभ्यासं चात्मानं विंदते परम् ।
पूर्णानिंदेक पुरुषं स्वप्रतीकं प्रसादतः ।। ४२२ ।।

यात्राकाले विवाहे च शुभं कर्मणिसंकटे ।
पापक्षये पुण्यवृद्धौ प्रतीकोपासनं चरेत् ।। ४२३ ।।

निरन्तर कृताभ्यासादंतरे पश्यति ध्रुवम् ।
तदा भुक्ति मवाप्नोति योगी नियतमानसः ।। ४२४ ।।

अंगुष्ठाभ्यामुभे श्रोत्रे तर्जनीभ्याम् विलोचने ।
नासा रंध्रे च मध्याभ्यांभ्यामन्याम् वदनमृदृढम् ।। ४२५ ।।

निरुध्य मारुतं योगी यदेवम् कुरुते भृशम् ।
तदालक्षणमात्मानम् ज्योतिरूपम् प्रपश्यसि ।। ४२६ ।।

तत्रोजौ दृश्यते येन क्षणमात्रम् विनाविलम् ।
सर्व पापविर्निमुक्तः रत न्याति परमां गतिम् ।। ४२७ ।।

निरन्तर कृताभ्यासात्योगी विगत कंल्मषः ।
सर्वदेहादि विस्मृत्यतद्भिन्नस्तुस्वयं भवेत् ।। ४२८ ।।

यः करोति सदाभ्यासं गुप्ताचारेण मानवः ।
स वै ब्रह्मणिलिनः स्यात् पापकर्म रतोयदि ।। ४२९ ।।

गोपनीयः प्रयत्नेन सदाः प्रत्यय कारकः ।
निर्वाणदायको लोके योगोऽयम् ममबल्लभः ।। ४३० ।।

नादः संजापते तस्य क्रमेणाभ्यासतश्चवै ।
मंत्र भृंगावली वीणाः सदृशा प्रथमः ध्वनिः ।। ४३१ ।।

घंटारव सम पश्चात् ध्वनि मे घर्रवोपमः ।
एवमभ्यासनः पश्चात् संसारध्वान्तनाशनः ।। ४३२ ।।

ध्वनीतस्मिन् मनो दत्वायदा तिष्ठति निर्भरम् ।
तत्र नादे यदा चित्तं रमते योगिनो भ्रशम् ।। ४३३ ।।

तत्र नादे यदा चित्तं रमने योगिनो भ्रशम् ।
विस्मृतं सकलं वाह्यं नादेन सह शाम्यति ।। ४३४ ।।

एतदभ्यास योगेन जित्वा सम्यक् गुणान् बहून् ।
सर्वारम्भपरित्यागी चिदाकाशे विलीयते ।। ४३५ ।।

नासनं सिद्धसदृशम् न कुंभं सदृशम् बलम् ।
न खेचरी समा मुद्रा न नादसदृशयोऽलयः ।। ४३६ ।।

इदानीम् कथयिष्यामि मुक्तस्यानुभवं परम् ।
यज्ज्ञात्वा लभते मुक्तिं पापयुक्तोऽपि साधकः ।। ४३७ ।।

समभ्यचर्येश्वरम् सम्पक् तत्पार्श्वे योगमुत्तमम् ।
गृह्णीयात् सुस्थितो भूत्वा गुरुं संतोष्य बुद्धिमान् ।। ४३८ ।।

जीवादि सकलं वस्तुनि दत्वा योगविद गुरूम् ।
संतोष्याति प्रयत्नेन योगोऽयमृगृह्यते बुधैः ।। ४३९ ।।

विप्राज संतोष्य मेधावी नाना मंगल संयुतः।
ममालये शुचिर्भूत्वा प्रगृहीया इच्छुमात्मकम्।। ४४०।।

अन्यस्यानेन विधिना प्राक्तम् विग्रहादिकम्।
भूत्वा दिव्यवर्पुयोगी गृह्वीयाद्वक्ष्पमानकम्।। ४४१।।

पद्मासनस्थितो योगी जनसंगविवर्जितः।
विज्ञान नाड़ी द्वितीयमङ्गुलीभ्याम् निरोधयेत।। ४४२।।

सिद्धिस्तदार्विभवति सुखीरूपी निरंजनः।
तस्मिन् परिश्रमः कार्यो येन सिद्धि भवेत् खलु।। ४४३।।

यः करोति घनाभ्यासान् तस्य सिद्धिः र्नदूरतः।
वायु सिद्धिभवेदेव क्रमात् पुंसो न संशयः।। ४४४।।

संकृत् यः कुरुते योगी पापौघं नाशयेत् ध्रुवम्।
तस्य स्यात् मध्यमे वायु प्रवेशो नानुसंशयः।। ४४५।।

एतदभ्यास शीलोऽयं स योगी देव पूजकः।
अणिमादि गुणान्लब्ध्वा विचरेत् भुवन त्रये।। ४४६।।

यो वै यस्यानिलाभ्यासात् तत् भवेत्तस्य विग्रहः।
तिष्ठदात्मनि मेधावी स पुनः क्रीड़ते भृशम्।। ४४७।।

एतद्योगम् परम् गोप्यन् न देयम्यअस्य कस्यचित्।
मस्व प्रणैनै समायुक्तम् तमेव कथ्यते ध्रुवम्।। ४४८।।

योगी पद्मासने तिष्ठे कंठे कूपम् यदास्मरन्।
जिंहु कृत्वाताल मूले क्षुत्पिपासा निवर्तते।। ४४६।।

कंठकूपादधः स्थाने कूर्मनाऽयस्ति शोभना।
तस्मिन् योगी मनोदत्वा चित्तस्थैर्यलभेद्भृशम्।। ४५०।।

शिरः कपाले रुद्राक्षं विवरं चिन्यतेत्यदा।
तदा ज्योतिः प्रकाशः स्यात् विद्युत्तेजसमं प्रभम्।। ४५१।

ऐतच्चिन्तन मात्रेण पापानाम् संक्षयो भवेत्।
दुराचारोऽपि पुरुषो लभते परमं पदम्।। ४५२।।

अहर्निशिम् यदा चिंताम् तत् करोति विचक्षणः ।
सिद्धानाम् दर्शनम् तस्य भाषणं च भवेत् ध्रुवम् ।। ४५३ ।।

तिष्ठन् भुंजन् स्वपन् गच्छन् ध्यायेच्छून्य महार्निशिम् ।
तदाकाशमयो योगी चिदाकाशे विलीयते ।। ४५४ ।।

एतज्ज्ञानम् सदा कार्यं योगिना सिद्धिमिच्छता ।
निरन्तर कृताभ्यासात् मम तुल्यो भवेत् ध्रुवम् ।। ४५५ ।।

एतद्धयानबलो योगी सर्वेषां बल्लभो भवेत् ।
सर्वान् भूत जयान् कृत्वा निराशीरपपरिग्रहः।। ४५६ ।।

नासाग्रं येन दृश्येत् पद्मासन गतेन वै ।
मनसो मरण तस्य खेचरत्वम् प्रसिध्यति ।। ४५७ ।।

ज्योतिम् पश्यति योगीन्द्रः शुद्ध शुद्धावलोकनम् ।
तत्राभ्यासबलेनैव स्वयंतद्रक्षको भवेत् ।। ४५८ ।।

उत्तानं शयने भूमौ सुप्ताध्यायेदन्निरन्तरम् ।
सद्यः श्रम विनाशाय श्वासं योगी विचक्षणः ।। ४५९ ।।

शिरः पश्चात्तु भागस्य ध्याने मृत्युंजयो भवेत् ।
भ्रूमध्या दृष्टि मात्रेणा हयपरः परिकीर्तितः ।। ४६० ।।

चर्तुविधस्यचान्नस्य रसस्त्रेधाविभज्यते ।
तत्रसार तमो लिंगदेहस्य परिपोषकः ।। ४६१ ।।

सप्तधातुमयं पिण्ड नेति पुष्णाति मध्यगः ।
यातिविण्मूत्ररूपेण तृतीयांशः तनोवहिः ।। ४६२ ।।

अथ भागद्वयं नाडयः प्रोक्तास्ता सकला अपि ।
पोषयंति वपुर्वायुं सर्वमापादमस्तकम् ।। ४६३ ।।

नाडिमिरेभिः सर्वाभिः वायुसंचरते यदा ।
तदैवान्नरसोदेहे साम्येवेह प्रवर्तते ।। ४६४ ।।

चतुर्दशानाम् तत्रेह व्यापारे मुखमागतः ।
ताः समग्रा न हीना स्वप्राण संचार नाड़िकाः ।। ४६५ ।।

गुदात्द्व्यंगुलत्श्चोर्ध्वम् मेढ्रेकांगुलतस्त्वधः।
एवम् स्वस्ति समकंदं समंन्ताच्चतुरंगुलम्।। ४६६।।

पश्चिमाभिमुखं योनि गुदमेंढ्रान्तरालगा।
तत्र कंदं समाख्यातम् तत्रास्तु कुंडली सदा।। ४६७।।

संवेष्ट्य सकला नाड़ी रष्टधा कुटिलाकृति।
मुखेनिवेश्य तत्पुच्छं सुषुम्ना विवरे स्थिताः।। ४६८।।

सुप्तनागोपमाह्येषा स्फुरति प्रभया स्वया।
अहिवत्संधि संस्थाना बाग्देवी बीजसंगिता।। ४६९।।

ज्ञेयाशक्तिरियम् विष्णोः निर्भरस्वर्णाभास्वर।
सत्वं रजस्तमश्चेति गुणात्रय विकस्वराः।। ४७०।।

तत्र बन्धूक पुष्पाभ कामबीजं प्रकीर्तितम्।
कलहंस सम योगे प्रयुक्ताक्षररूपिणीम्।। ४७१।।

सूर्यानाडीमसाश्वष्य बीजं तत्र वरम् स्थितम्।
शरच्चन्द्रनिभं तेजस्त्रयमेतत् पुरस्थितम्।। ४७२।।

सूर्य कोटि प्रतीकाशं चन्द्र कोटि सुशीतलम्।
एतत्भयम् मिलित्वैव देवी त्रिपुरभैरवी।। ४७३।।

बीजसंज्ञ परम् तेजस्तदेव परिकीर्तितम्।
क्रिया विज्ञान शक्तिभ्याम् युतम् तत्परितो भ्रमात्।। ४७४।।

उत्तिष्ठद्विषतं त्वाभं सूक्ष्मं शोणशिखान्युत्तम्।
योनिस्थम् तत्परं तेज स्वयंभूलिंग संस्थितम्।। ४७५।।

आधार पद्ममेतद्धियोनिर्यस्यास्ति कंदतः।
परिस्फुर द्वादिशांतं चर्तुवर्णां चतुर्दलम्।। ४७६।।

कुलाभिधं सुवर्णाभिं स्वयम्भू लिंग संगतम्।
द्विरदो यत्र सिद्धोऽस्ति डाकिनी यत्र देवता।। ४७७।।

तत्पद्म मध्यगा योनिस्तत्र कुण्डलिनी स्थिता।
तस्या ऊर्ध्वे स्फुरत्तेज कामबीजं भ्रमन् मतः।। ४७८।।

यः करोति सदा ध्यानं मूलाधारे विचक्षणः।
तस्य या दार्दुरी सिद्धिर्भमि त्यागः क्रमेणा वै।। ४७६।।

वपुष्कर्मन्तरात्कृष्टा जठराग्नि विवर्धनम्।
आरोग्यंश्च पटुत्वश्च करणानां च जायते।। ४८०।।

भूतार्थं च भविष्यम् च वेत्ति सर्वं विभूषणम्।
ज्यश्रुतान्यपि शास्त्राणि स रहस्यं बदेत् ध्रुवम्।। ४८१।।

वस्त्रे सरस्वती देवी सदा नृत्यति निर्भरम्।
मंत्रसिद्धि मवेत्तस्य जपादेव न संशयः।। ४८२।।

जरामरण दुःखौधौ शंगं याति गुणैः सह।
इदम् ध्यानम् सदा कार्यम् पवनाभ्यासिना परम्।। ४८३।।

ध्यानमात्रेण योगीन्द्रो मुच्यते नात्र संशयः।
मूलपद्मं यदा ध्यायेत् स्वयभू लिंग संज्ञकम्।। ४८४।।

तदा तत्क्षणमात्रेण पापौघं नाशयेत् ध्रुवम्।
यं यं कामयते चित्ते तं तं फलमवाप्नुयात्।। ४८५।।

निरन्तर कृताभ्यासात् तं पश्यति विमुक्तिदम्।
वत्सराज्यंतरे श्रेष्ठं पूजनीयं प्रयत्नतः।। ४८६।।

तन्त्रे श्रेष्टतमं ह्येतत् नान्यरस्ति महत्तमम्।
आत्मसंस्थम् शिवम् त्यक्त्वा बहिस्थं यः समर्चयेत्।।४८७।।

हस्तस्य पिडमुत्सृज्य भ्रमते जीविताशया।
आत्मलिंगार्चनम् कुर्यादनालस्यो दिने दिने।। ४८८।।

तस्य स्यात् संकलासिद्धिः नात्रकार्याविचारणा।
निरन्तरकृताभ्यासात् षण्मासे सिद्धिमाप्नुयात्।। ४८९।।

तस्य वायु प्रवेशोऽपि सुपुम्णायां भवेत् ध्रुवम्।
मनोजयं च लभते वायु विन्दु विधारणम्।। ४९०।।

एषा हि कामुष्मिकी सिद्धिर्भवन्नैवात्र संशयः।
द्वितीयं च सरोजं च लिंगमूले व्यवस्थितम्।। ४९१।।

तद्दलति षड्वर्णं परि भास्वर षट्दलम् ।
स्वाधिष्ठानाभिधं तत्र पंकजं शोणरूपकम् ।। ४६२ ।।

बालाख्यो यत्र सिद्धोऽस्ति देवी यत्रास्ति राकिनी ।
ये ध्यायन्तिं सदा दिव्यं स्वाधिष्ठानारविंदकम् ।। ४६३ ।।

तस्याः कामांगनाः सर्वाः भजंते काममोहिताः ।
विविधं च अश्रुतं शास्त्रं निःशंको वै वदेत्ध्रुवम् ।। ४६४ ।।

सर्व रोगविनिर्मुक्तो लोके चरति निर्भ्रमः ।
मरणां बाधते तेन सकलेनापि न बाध्यते ।। ४६५ ।।

तस्य स्यात् परमा सिद्धिः अणिमादि् गुणाप्रदा ।
बापु सरचते देहे रसवृद्धि र्भवेद् ध्रुवम् ।। ४६६ ।।

आकाशपंकजं गलितं पीयूमार्य बर्धते ।
तृतीयं पंकजं नाभौ मणिपूरक संज्ञकम् ।। ४६७ ।।

डादिफावर्ण सयुक्तं दिग्दलम् विष्णुदैवतम् ।
तत्र मन्दाकिनी सिद्धिः किन्नरी तत्र देवता ।। ४६८ ।।

तस्मिन् ध्यानं सदा योगी करोति मणिपूरके ।
तस्य पाताल सिद्धिः स्यात् निरंतर सुखावहा ।। ४६६ ।।

ईप्सितंच भवेल्लोके दुःखरोगविनाशनम् ।
कालस्य वचनं चापि परदेहे प्रवेशनम् ।। ५०० ।।

जांबुनदादिकरणं सिद्धानां दर्शनं भवेत् ।
औपधी दर्शनं चापि निधीनां दर्शनं तथा ।। ५०१ ।।

हृदयेऽनाहतं नाम चतुर्थं पंकजं भवेत् ।
कादिण वर्ण संस्थानं द्वादशारसमन्वितम् ।। ५०२ ।।

अतिशोणम् कामराजं प्रसाद स्थान मीरितम् ।
पद्मस्थं तत्परम तेजो वाण लिंगं प्रकीर्तितम् ।। ५०३ ।।

तस्य स्मरण मात्रेण दृष्टादृष्टं फलं भवेत् ।
सिद्धः पिनाकी यत्र काकिनी यत्र देवता ।। ५०४ ।।

एतस्मिन् सततं ध्यानं ह्यपाथोजे करोति यः।
क्षुभ्यन्ते तस्य कान्त्यावै कामार्त दिव्ययोषिता।। ५०५।।

ज्ञानं चाप्रतिमं तस्य त्रिकाल विषयं भवेत्।
दूरश्रुति दूरदृष्टिः स्वेच्छया स्वगता व्रजेत्।। ५०६।।

सिद्धानां दर्शनं चापि योगिनां दर्शनं तथा।
भवत्खेचरसिद्धिश्च खेचराणाम् जयम् तथा।। ५०७।।

ये धायन्ति परम् नित्यं वाणलिंगं द्वितीयकम्।
खेचरी भूचरी सिद्धिः भवेत्तस्य न संशयः।। ५०८।।

एतत् ध्यानस्य महात्म्यं कथितुं नैव शक्यते।
ब्रह्माधाः सकलाः देवाः गोपयन्ति परंत्विदम्।। ५०६।।

कंठस्थान स्थितम् पद्मम् विशुद्धं नाम पंचमम्।
सुहेमानं भास्वरमिदम् षोडशस्वर शोभितम्।। ५१०।।

छगलं अस्ति सिद्धोऽत्र शकिनी चाधिदेवता।
ध्यानं करोति यो नित्यं सः योगीश्वर पंडितः।। ५११।।

किं तस्य योगिनोऽन्यत्र विशुद्धारको सरोरूहे।
चर्तुवेदान्धिमासन्ति रहस्यानि विधेरिव।। ५१२।।

इहस्थाने मनोयस्य दैवाद्याति लयं यदा।
तदा बाह्य परित्यज्य स्वांन्तरे रमते चिरम्।। ५१३।।

तस्य न क्षतिमायाति स्वशरीरं स्वशक्तितः।
संवत्सरे सहस्त्रेऽपि बज्रातिं कठिनस्यवै।। ५१४।।

यदा जयति तद्ध्यचान योगीन्द्रो ऽवनिमंडले।
तदा वर्ष सहस्त्राणि तत्क्षणाम् मन्यतेकृती।। ५१५।।

आज्ञापद्मं भ्रुवोर्मध्ये हंसोपेतम् द्विपत्रकम्।
शुक्लाभं तन्महाकालः सिद्धो देव्याम हाकिनी।। ५१६।।

शरच्चन्द्रनिभं तत्राक्षरबीजं विजृम्भितम्।
पुमान् परमहंसोऽयम् यत ज्ञात्वा नावसीदति।। ५१७।।

एतदेव परम तेजः सर्वतन्त्रेषु मंत्रिणाः ।
चिन्तयित्वा परां सिद्धिं लभन्ते नात्रसशंयः ।। ५१८ ।।

तृतीयं तदिदम् लिंगम् तदाहुः भुक्तिदायकम् ।
ध्यानमात्रेण योगीन्द्रो मत्समो भवति ध्रुवम् ।। ५१६ ।।

इडा हि वरूणा ख्याता पिंगलासीति मुच्यते ।
वाराणसी तयोर्मध्ये विश्वनाथोऽत्र भाति सः ।। ५२० ।।

एतत् क्षेत्रस्य महात्म्यं ऋषिभिः तत्वदर्शिभिः ।
शास्त्रेषु बहुधा प्रोक्तं परमतत्वं सुभाषितम् ।। ५२१ ।।

सुषुम्ना मेरूणा ख्याता ब्रह्मरंध्रं यतोऽस्ति वै ।
ततश्चेषा परावृत्या तदाज्ञा पद्मदक्षिणे ।। ५२२ ।।

वामानासापुटात् यानि गंगेति परिगीयते ।
ब्रह्म रंध्रे हि यत्पद्मं सहस्त्राख्यं व्यवस्थितम् ।। ५२३ ।।

तत्र कदे हि या योनिः तस्यां चन्दो व्यवस्थितः ।
त्रिकोणकारतुः तस्याः सुधाक्षरति संततम् ।। ५२४ ।।

इडायाम् अमृतम् तत्र समश्रवति चन्द्रमा ।
अमृतं बहती धाराद्रूपं निरंतरम् ।। ५२५ ।।

वाम नासपुटे याति गंगेतेत्युक्ताहि योगिभिः ।
आज्ञा पंकजं दक्षांशा वामनासापुटं गता ।। ५२६ ।।

उदेन्यत्रैहैव, तत्रेड़ा वरूणा समुदाहृता ।
ततो द्वय मिहस्थाने वाराणास्यां तु चिन्तयेत् ।। ५२७ ।।

तदाकारा पिंगलापि तदाज्ञाकमलोत्तरे ।
दक्षनासापुटं याति प्रोक्तास्माभिः असीतिवै ।। ५२८ ।।

मूलाधारे हि यत्पद्मचतुः पत्रं व्यवस्थितम् ।
तत्र कंदेऽस्ति या योनिः तस्या सूर्यो व्यवस्थिता ।। ५२६ ।।

ततः सूर्य मंडलद्वारं विषं क्षरति दुस्तरम् ।
पिंगलायां विषं तत्र सन्त्मायातनुतापनम् ।। ५३० ।।

/

विषंतत्र वहति या धारारूपम् निरंतरम् ।
दक्षनासापुटं याति कल्पितामपि पूर्ववत् ।। ५३१ ।।

आज्ञापंकजं वामांशा दक्षनासापुटं गता ।
उदग्वहापिंगलापि पुरासीति प्रवर्तिता ।। ५३२ ।।

आज्ञापद्ममिदं प्रोक्तं यत्रदेवो महेश्वरः ।
पीठत्रयं ततश्चोर्ध्वं निरुक्तं योगचितंकैः ।। ५३३ ।।

तद्विन्दुनादशक्त्याख्यं भालपट्टे व्यवस्थितम् ।
यः करोतिसदाध्यानम् आज्ञापद्मेतु गोपिता ।। ५३४ ।।

पूर्वजन्मकृतंकर्मम् स्मृतं स्यादविरोधतः ।
इहस्थिरो यदा योगी ध्यानं कुर्यान्निरन्तरम् ।। ५३५ ।।

तदा करोति प्रतिमा प्रति तल्पन् महार्थवत् ।
यक्ष राक्षस गन्धर्वा अप्सरो गण किन्नराः ।। ५३६ ।।

सेवते चरणौ तस्य सर्वे तस्य वशानुणाः ।
करोति रसनां योगी प्रविष्टा विपरीतगा ।। ५३७ ।।

लम्बिका ध्र्वेषु गर्तेषु घृत्वा ध्यानम् भयापहम् ।
यस्मिन् स्थाने मन्नोयस्य क्षणार्धे वर्त्ततेवलम् ।। ५३८ ।।

तस्य सर्वाणि पापनि संश्यं यांति तत्क्षणाात् ।
यानि यानीहि प्रोक्तानि पंचपद्मे फलानि वै ।। ५३९ ।।

तानिसर्वाणि सुतरां एतत् ज्ञानादभृवन्ति हि ।
यः करोति सदाभ्यासम् आज्ञापद्मे विचक्षणाः ।। ५४० ।।

वासनायां वंधं तिरस्कृत्य प्रमोदते
प्राण प्रयाण समये य स्मरेन्सुधी
त्यजेत्प्राणंस धर्मात्मा परमात्मनि लीयते ।। ५४१ ।।

तिष्ठन् गच्छन् श्वसन् भुंजन् योध्यानंकुरुतेनरः ।। ५४२ ।।

पापकर्म विकुर्वाणो नहि सज्जति किल्विषे ।
योगी द्वन्दविर्निमुक्तो स्वयया प्रभयास्वयम् ।। ५४३ ।।

द्विदले ध्यान महात्म्यंकथितुम् नैवशक्यते।
ब्रह्मादि देवता श्चैव किचिंन्मात्र वदन्ति ते।। ५४४।।

अत ऊर्ध्वं तालु मूले सहस्त्रारं सरोरूहम्।
अस्ति यत्र सुषुम्नायां मूलं सविवररूप स्थितम्।। ५४५।।

तालुमूला सुषम्ना या अधावेक्त्रा प्रवर्तते।
मूलाधारण पोन्यन्ता सर्वनाड़ी समाश्रिचता।। ५४६।।

वीज भूतानि वर्तते ब्रह्म मार्ग प्रदायिका।
तालुस्थाने च यत्पद्मं सहस्त्रारं पुरोहितम्।। ५४७।।

तत्कन्दे योनिरेकास्ति पश्चिमाभि मुखीमता।
तस्याः मध्ये सुषुम्नायां मूलं सविवरं स्थितम्।। ५४८।।

ब्रह्मरंध्रादिवोक्तां सा मूलाधारपंकजे।
तत्तंतु रन्ध्रे तन्छक्ति सुषुम्ना कुंडली सदा।। ५४९।।

सुषुम्नायांस्थिता नाड़ी चित्रास्यान्मम बल्लभ।
तस्यां मम मते कार्या ब्रह्मरन्ध्रादि कन्ल्पना।। ५५०।।

यस्य स्मरणमात्रेण सर्वज्ञ त्वं प्रजायते।
पापक्षय श्च भवति न भूयः पुरुषो भवेत्।। ५५१।।

प्रवेशितं च लागुल्यं मुखे स्वस्थ निवेशयत्।

तेनात्र न वहत्यैन देहचार समीरण।। ५५२।।

तेन संसारचक्रेऽस्मिन् विभ्रमत्येव सर्वदा।
तदर्थं वै प्रवर्तन्ते योगिनः प्राणाधारणे।। ५५३।।

तत एवाखिला नाडीः रुध्वा चेष्टि विचेष्टिनाम्।
विद्युंदगा कुण्डलिन्याः मुखरन्ध्रा द्वहिं भवेत्।। ५५४।।

सुषुम्नायां रादैवायं बहेत्प्राण समीरणः।
मूलपद्म स्थिता योनिः वामदक्षिणकोणतः।। ५५५।।

इडापिंगलयोर्मध्ये सुषुम्ना योनि मध्यगा।
ब्रह्मरन्ध्रं तु तत्रैव सुषुम्ना धारमंडले।। ५५६।।

यो जानाति स मुक्तः स्यात् कर्मबन्धाद्विचक्षणः ।
ब्रह्मरन्ध्रं मुखे तासां संगमः स्यादसंशयः ।। ५५७ ।।

यस्मिन्नन्ते स्नातकानां मुक्ति स्यादविरोधतः ।
गंगायमुनयोर्मध्ये बहत्येषा सरस्वती ।। ५५८ ।।

तासां तु संगम स्नात्वा धन्याः यान्ति परां गतिम् ।
इडा गंगा पुरा प्रोक्ता पिंगला चार्क पुत्रिका ।। ५५९ ।।

मध्या सरस्वती प्रोक्ता तासां संङ्गोऽति दुर्लभाः ।
सितासिते संगमे यो मनसा स्नानमाचरेत् ।। ५६० ।।

सर्व पाप विनिर्मुक्तो याति ब्रह्म सनातम् ।
त्रिवेण्या संगमे यो वै पितृकर्मसमाचरेत् ।। ५६१ ।।

पुरामयोक्ता या योनिः सहः सहस्त्रारे, सरोसहे ।
तस्या अधो वर्तते चन्द्रः तध्यानं क्रयुते बुधैः ।। ५६२ ।।

यस्य सम्रणामात्रेण योगिन्द्रोऽवनि मंडले ।
पूज्यो भवति देवानां सिद्धानां समंतोभवेत् ।। ५६३ ।।

शिरः कपालविवरे ध्याये दुग्ध महोदधि ।
तत्र स्थित्वा सहस्त्रारे पद्मे चन्द्रं विचिन्तयेत् ।। ५६४ ।।

शिरः कपालः विवरे द्विरष्ट कलया युतः ।
पीयूष भानुहंसाख्य स्तारयोन्निरञ्जनः ।। ५६५ ।।

निरन्तरकृताभ्यासात् त्रिदिने पश्यति ध्रुवम् ।
दृष्टि मात्रेणा पापौघं दहति एव सः साधकः ।। ५६६ ।।

अनागतं च स्फुरति चित्तुशुद्धिः भवेत्खलु ।
सद्यः कृत्वापि दहति महापातक पुंजकम् ।। ५६७ ।।

अनुकूल्यं ग्रहाः यान्ति सर्वे नश्यन्ति उपद्रवाः ।
उपसर्गाः समं यान्ति युद्धे जयमवाप्नुयात् ।। ५६८ ।।

खेचरी भूचरी सिद्धिः भवेच्छीरेन्दु दर्शनात् ।
ध्यानादेव भवेत्सर्वं मात्र कार्य विचारणा ।। ५६९ ।।

सतताभ्यासयोगेन सिद्धोभवति् नान्यथा।
सत्यं सत्यं पुनः सत्यं मम तुल्यो भवेदमृवम्।। ५७०।।

योगशास्त्रेऽपि अभिरते योगिनां योगदायकम्।
अतः ऊर्ध्वं दिव्यरूपं सहस्त्रारं सरोसहम्।। ५७१।।

तारयित्वा पितृन् सर्वान् स याति परमां गतिम्।
नित्यं नैमित्तिकं काम्यं प्रत्यह यः समाचरेत्।। ५७२।।

मनसा चिन्तयित्वा तु सोऽक्षयं फलमाप्नुयात्।
सकृद्यः कुरुते स्नानं स्वर्गेसौख्यं भुनंक्त सः।। ५७३।।

दग्धपापान् सौख्यान् वै योगी शुद्धमति स्वयं।
अपवित्राः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपिवा।। ५७४।।

स्नानाचरणमात्रेण पूतोभवति नान्यथा।
मृत्युकाले प्लुतं देहं त्रिवेण्यां सलिलं यदा।। ५७५।।

विचिन्त्य यः त्यजते प्राणान् सः तदामोक्षमाप्नुयात्।
नातः परतरं गुह्य त्रिषुलोकेषु विद्यते।। ५७६।।

गोपत्वम् सुप्रयत्नेन न चाख्येयम् कदाचन।
ब्रह्मरन्धे मनोदत्वा क्षणार्ध यदि तिष्ठति।। ५७७।।

सर्व पाप विर्निमुक्तो सः याति परमांगतिम्।
यस्मिन् लीन मनो यस्य सः योगी लीयतेमपि।। ५७८।।

अणिमादि गुणान् भुक्त्वा स्वेच्छया पुरुषोत्तमः।। ५७९।।

एतद्रधं ज्ञानमात्रेण मर्त्यः,
संसारेऽस्मिन् बल्लभो मे भवेत्सः।
पांपं जित्वा मुक्ति मार्गाधिकारी।
ज्ञानं दत्वा तारयत्यद्‌भुतं वै। ।५८०।।

चर्तुमुखादि त्रिदशैरगम्यं योगिबल्लभं।
प्रयत्नेन सुगोप्यं तदव्र् द्मरंरन्ध्रं मयोदितं।। ५८१।।

योगशास्त्रेप्यभिरतंयोगिनां योगदायकम्।

अतऊर्ध्वं दिव्यरूपं सहस्त्रारं सरोरूहम्।। ५८२।।

ब्रह्माण्डाख्यस्यदेहस्य बाह्ये तिष्ठति मुक्तिदम्।
कैलाश नाम तस्यैव महेशो यत्र विद्यते।। ५८३।।

आकुलाख्योऽविनाशी च क्षय वृद्धि विवर्जितः।। ५८४।।

स्थान.ास्य ज्ञानमात्रेण नृणी, सरोऽस्मिन् संभवो नैवभूयः।
भूतग्रामं संतताभ्यास योगात् वर्तुं हर्तुं स्याच्च शक्ति समग्रा।। ५८५।।

स्थाने परेहंस निवासभूते, कैलाश नाम्नीहि निविष्ट चेष्टाः।
योगी हतव्यधि रधकृताधिः वाधाश्चिरं जीवति मृत्युमुक्तः।। ५८६।।

चित्तवृत्तिर्यदा लीनाऽ कुलाख्ये परमेश्वरे।
तदा समाधि सम्पन्तो योगी निश्चलतां व्रजेत्।। ५८७।।

निरन्तरं कृतात्ध्यानाज्जगद्विस्मरणं भवेत्।
यदा विचित्र सामर्थ्यं योगिनो भवति ध्रुवम्।। ५८८।।

अस्माद्गलित पीयूषं पिवेद्योगी निरन्तरम्।
मृत्यु मृत्युं विधायाशु कुलं जित्वा सरोरुहे।। ५८९।।

अत्र कुंडलिनी शक्ति लयंयाति कुलाभिधा।
तदा चतुर्विधासृष्टि लीयते परमात्मनि।। ५९०।।

यद्गात्वा प्राण विषयं चित्तवृत्तिर्विलीयते।
तस्मिन् परिश्रमो योगी करोति निरपेक्षकः।। ५९१।।

चित्तवृत्तिर्यदालीना तस्मिन् योगी भवेध्रुवम्।
तदा विजयतेऽखण्ड ज्ञान रूपी निरञ्जनः।। ५९२।।

ब्रह्माण्डे वाह्ये संचित्य स्व प्रतीकं पथोदितम्।
तयावेश्य महत्शून्यं चिन्तयेद विरोधतः।। ५९३।।

आद्यान्तमध्यशून्यं तत् कोटि सूर्य समप्रभम्।
चन्द्र कोटि प्रतीकाशंमभ्यस्य सिद्धिमाप्नुयात्।। ५९४।।

एतद्ध्यानं सदा कुर्यादनालस्यो दिने दिने।
तस्य सकालासिद्धिर्वत्सरा नात्र संशयः।। ५९५।।

क्षणार्द्धं निश्चलेत्तम मनोवस्य भवेध्रुवम् ।
तस्यं कल्मष संघास्तत्क्षणादेव नश्यति ।। ५९६ ।।

यं दृष्ट्वा न निवर्त्तते मृत्यु संसारवर्त्मनि ।
अभ्यस्यैतं प्रयत्नेन स्वाधिष्ठानेन वर्त्मना ।। ५९७ ।।

एतद्ध्यानस्य माहात्म्यं मया वक्तुं न शक्यते ।
यः साध्यति जानाति सोऽन्यो नास्मादिमं मतम् ।। ५९८ ।।

ध्यानादेव..विचित्रे क्षण सम्भवम् ।
अणिमादि गुणोपेतां भवत्येव व न संशयः ।। ५९९ ।।

राजयोग मयाऽख्यातः सर्वतंत्रेषु गोपितः ।
राजधिराज योगंहि कथयामि समासतः ।। ६०० ।।

स्वस्तिकं चासनं कृत्वा गुमूटेजन्तुवर्जिते ।
गुरुं संपूज्य यत्नेन ध्यानमेतत् समाचरेत् ।। ६०१ ।।

निरालाम्बो भवेज्जीवो ज्ञात्वा वेदान्त युक्तिः ।
निरालम्बं मनः कृत्वा नं किञ्चित् साधनयेत्सुधी ।। ६०२ ।।

एतत् ध्यानान्महासिद्धि र्भवत्येव न संशयः ।
वृत्तिहीनं मनः कृत्वा पूर्णरूपं स्वयं भवेत् ।। ६०३ ।।

साधयेत् सततं यो वै स योगिविगतस्पृहः ।
अर्हन्मामन कोप्यास्मिन् सर्वदात्मैव विद्यते ।। ६०४ ।।

को बन्ध कस्य वा मोक्षः एकं पश्येत् सदाहि सः ।
एतत् करोति यो नित्यं स मुक्तो नात्र संशयः ।। ६०५ ।।

स एव योगी मद्भक्तः सर्व लोकेषु पूजितः ।
अहमस्मीति च तज्जीवात्म परमात्मनोः ।। ६०६ ।।

अहं तदेतदुभयं त्यक्त्वाऽखण्ड विचिन्तयेत् ।
अध्यारोपादिवादाभ्यां यत्र सर्वं विलीयते ।। ६०७ ।।

तदीजः आश्रयेद्योगी सर्वसंगविवर्जितः ।
अपरोक्ष चिदानन्दं पूर्णं त्यक्त्वां भ्रमाकुलम् ।। ६०८ ।।

परोक्षमपरोक्ष च कृत्वा मूढ़ाः भ्रमन्ति वै।
चराचरमिदं विश्वं परोक्ष यः करोति च।। ६०६।।

अपरोक्षं परम् ब्रह्म त्यक्त्वा तस्मिन् प्रलीयते।
ज्ञानकारणाजं ज्ञाय यया नित्यं यथा भृशम्।। ६१०।।

अभ्यासं कुरुते योगी तदा संगविर्जितः।
सैवमभ्यसतो नित्यं स्वप्रकाशं प्रकाशते।। ६११।।

श्रोतुर्बुद्धेः समाप्यर्थं निवर्तन्ते गुरोर्गिरः।
तदाभ्यासवाशादेकं स्वतो ज्ञानं प्रवर्तते।। ६१२।।

यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्यामनसा सह।
साधनादलभेदज्ञानं स्वयं स्फुरति तत्वतः।। ६१३।।

हठं बिना राजयोगो राजयोगो बिना हठम्।
तस्मात् प्रवर्त्तते योगी हठे सदगुरु मार्गतः।। ६१४।।

स्थिते देहे जीवतियोऽधुना न म्रियते भृशम्।
इन्द्रियार्थायभोगेषु स जीवति न संशयः।। ६१५।।

अभ्यास पाकपर्यन्तं मित्तान्नशरणो भवेत्।
अन्यथा साधनंधीमान् कर्त्तुं पारयुतीह न।। ६१६।।

अतीव साधुसल्लापं वदेत् संसदि बुद्धिमान्।
करोति पिण्ड रक्षार्थं वहालाप विवर्जितः।। ६१७।।

त्यजते ज्यजते संग सर्वथा त्यजते भृशम्।
अन्यथा न लभेन्मुक्तिं सत्यं सत्यं मयोदितम्।। ६१८।।

गृहे वै क्रियतेऽभ्यासः संगं त्यक्त्वा तदन्तरे।
व्यवहाराय कर्त्तव्यो वाह्यो संगो न रागतः।। ६१६।।

स्वे स्वे कर्माणि बाह्यो वर्त्तन्ते सर्वे ते कर्मसम्भवाः।
निमित्तमात्र करणो न दोषोऽस्ति कदाचन।। ६२०।।

एवंनिश्चित्य सुधिया गृहस्थोऽपि यदाचरेत्।
सदा सिद्धिमवाप्नोति नात्र कार्या विचारणा।। ६२१।।

पापपुण्य विर्निमुक्तः परित्यक्तांग सङ्गकः ।
यो भवेत् स विमुक्तः स्यात् गृहे तिष्ठन् सदागृही ।। ६२२ ।।

पापपुण्ये न लिप्येत् योगयुक्तो सदा गृही ।
कुर्वन्नपि तदोपायान् स्वकार्ये लोकसंग्रहे ।। ६२३ ।।

अधुना संप्रवक्ष्यामि मंत्रसाधनमुत्तमम् ।
ऐहिकामुष्मिक सुखं येन स्यादविरोधतः ।। ६२४ ।।

यस्मिन् मंत्रवरे ज्ञाते योगसिद्धिर्भवेत् खलु ।
योगिनः साधकेन्द्रस्य सर्वैश्वर्या सुखप्रदा ।। ६२५ ।।

मूलाधारेऽस्ति पत्पद्मं चर्तुदल समन्वितम् ।
तन्मध्ये वाग्भवं बीजं विस्फुरन्तं तडित्प्रभम् ।। ६२६ ।।

हृदये कामराजं तु बन्धूक कुसुमप्रभम् ।
आज्ञारविन्दे शक्त्याख्ये चन्द्रकोटिसमप्रभम् ।। ६२७ ।।

बीजत्रयमिदंगोयं भुक्तिं मुक्ति फलप्रदम् ।
एतन्मत्रं त्रयं योगी साधयेत् सिद्धिदायकः ।। ६२८ ।।

एतन्मंत्रं गुरोर्लब्ध्वा न द्रुतं न विलम्बितम् ।
अक्षराक्षरसन्धानं निःसंदिग्ध मनो जपेत् ।। ६२९ ।।

सद्गतश्चैक चित्तश्च शास्त्रोक्त विधिना सुधी ।
देव्यस्तु परतोलक्ष्यं हुत्वा लक्षत्रयं जपेत् ।। ६३० ।।

करवीर प्रसूनं तु गुडक्षीराज्य संयुत्तम ।
कुष्ठे योव्याकृतै धीमान् अपान्ते जुहुयात् सुधी ।। ६३१ ।।

ततो ददाति कामान् वै देवी त्रिपुर भैरवी ।
गुरुं सतोप्य विधिवत् लब्ध्वां मंत्र वरोतमम् ।। ६३२ ।।

अनेनविधिनायुक्तो मन्दाभग्योऽपि सिध्यति ।
लक्षमेकं जपेद्यस्तु साधकी विजितेन्द्रियः ।। ६३३ ।।

दर्शनातस्य क्षुभ्यन्ते योषितो मदनातुराः ।
पतन्ति साधकस्याग्रे निर्लज्जाः भयवर्जितः ।। ६३४ ।।

जपेन च द्विलक्षेन याप्यस्मिन् विषयोस्थिता।
आगच्छति यथापंथं उक्ते चाकुलविग्रहाः।। ६३५।।

ददते तस्मै सर्वस्वं तस्यैव वशेस्थिता।
त्रिभिलक्षैस्तथा जप्यै मण्डलीकाः समण्डलाः।। ६३६।।

वशमायन्ति ते सर्वे नात्रकार्या विचारणा।
षड्भिर्लक्षैर्महीपालाः सभृत्य बलवाहनाः।। ६३७।।

लक्षैर्द्वादशकैर्जप्यै यक्षोरक्षोरगेश्वराः।
वशमायान्ति ते सर्वे आज्ञां कुर्वन्ति नित्यशः।। ६३८।।

त्रिपंचलक्षजपैस्तु साधकेन्द्रस्य धीमतः।
सिद्धविद्याधराश्चैव सगन्धर्वाप्सरो गणाः।। ६३६।।

वशमायान्ति ने सर्वे नात्रकार्या विचारणा।
हठात् श्रवण विज्ञानं सर्वज्ञत्वं प्रजायते।। ६४०।।

तथाष्टद शाभिर्लक्षै र्देहेनानेन साधकः।
अतिष्ठेन्मेदिनी त्यक्त्वा दिव्यदेहस्तु जायते।। ६४१।।

भ्रमते स्वेच्छया लोके छिद्रा पश्यति मेदिनीम्।
अष्टाविंशतिभिर्लक्षे र्विद्याधरपति भवेत्।। ६४२।।

साधकस्तु भवेद् धीमान्कामरूपो महाबलः।
त्रिशं लक्षे सर्वथा जपै ब्रह्मा विष्णु समो भवेत्।। ६४३।।

रुद्रत्वं षष्टिाभिर्लक्षैः शक्तितत्वमशीतिभिः।
कोट्येकया महायोगी लीयते परमे पदे।। ६४४।।

साधकस्तु भवेद् योगी त्रैलोक्यो सोऽस्ति दुर्लभः।
त्रिपुरोत्रिपुरन्त्वेकं शिवं कल्याण कारणम्।। ६४५।।

अक्षयं तत्पदं शान्तंमप्रमेयमनामपम्।
लभतेऽसौ न सन्देहो धीमान् सर्वमीप्सितम्।। ६४६।।

शिव विद्या महाविद्या गुप्ता चाग्रे महेश्वरी।
मद् भाषितमिदं प्रोक्तं गोपनीय मतो बुधैः।। ६४७।।

भवेद् वीर्यवती गुप्ता निर्वीर्या च प्रकाशिता ।
य इदं पठेन्नित्यं माद्यौपान्तं विचक्षणाः ।। ६४८ ।।

योगसिद्धिभवेत् तस्य क्रमेणैव न संशयः ।
स मोक्षं लभते धीमान् य इदं नित्यमर्चयेत् ।। ६४६ ।।

मोक्षर्थीभ्य स सर्वेभ्यः साधुभ्यः श्रावयेद्यतिः ।
क्रिया युक्तस्य सिद्धि स्यादक्रियस्य कथं भवेद् ।। ६५० ।।

तस्मात् क्रिया विधानेन कर्त्तव्यो योगिपुङ्गवैः ।
यदृच्छालाभ संतुष्टः संत्यक्तान्तरसंगकम् ।। ६५१ ।।

गृहस्थः स लोकेशो मुक्तः स्याद्योगसाधनैः ।
गृहस्थानां भवेत् सिद्धिरीश्वराणां जनेनवै ।। ६५२ ।।

साधनेन विना देवि कथं सिद्धिः वारनने ।
तत्मात्सासाधनमुत्पाद्यासाधयेत् सिद्धिमुत्तमाम् ।। ६५३ ।।

## ।। इति ।।

# शाम्भवीतन्त्रम्

यह ग्रंथ शंकर पार्वती संवादरूप है। ग्रंथ के प्रारंभ में भगवान शंकर पार्वती जी से कहते हैं ज्ञान एक है, नित्य है, आदि अन्त से रहित है। अन्य कोई तत्व सृष्टि में सत्य नहीं है। इन्द्रियों से प्राप्त ज्ञान में, द्वैत और भेद, भासित होते हैं। ज्ञान ब्रह्म है, कालगति से बाधित नहीं है। इन्द्रिय-ज्ञान सीमित है। इन्द्रियों की स्थिति, अंधकार में है। द्वैत-भाव या भेद-बुद्धि में, सत्य नहीं है। मानव-ज्ञान की चरम सीमा ब्रह्म-ज्ञान है, जिसे प्राप्त करने के लिये, इन्द्रियों के परे जाना आवश्यक है। सब कुछ ब्रह्म में स्थित और ब्रह्म से व्याप्त है। एकरस, अपरिवर्तनीय ज्ञान, सत्य, अथवा ब्रह्म का अनुभव चित्त की वृत्तियों के परे है। चित्त शांति के पश्चात ही एकरस का अनुभव होता है।

आत्मा, सब प्राणियों में, समान रूप से विद्यमान है। आत्मज्ञान ही मुक्ति है। अपने भक्तो के लाभ के लिये, भगवान शंकर ने, इस महान योगोपदेश का वर्णन माता पार्वती के प्रश्नों के उत्तर रूप में किया है। सृष्टि-लीला ब्रह्म में स्थित है। महान सत्ता के विलास से लीला का विकास, विनाश एवं रक्षण होता है। हम मनुष्यों की इस रजोगुणी सृष्टि में, परमसत्ता जो कुछ करना चाहती है, मानव के माध्यम से ही करती है क्योंकि सृष्टि, नियमों पर आधारित है। नियमों का आदर ईश्वर भी करते हैं। साधना द्वारा शनैः शनैः अपने द्वैत-आवरण को दूर करता हुआ अपनी व्यक्तिगत चेतनास्तर को प्रत्येक साधक, पूर्ण बना सकता है। भगवत् कृपा सबमें समान रूप से प्रवाहित होती है। व्यक्ति अपनी पात्रतानुसार कृपा प्राप्त करता है। व्यक्ति की पात्रता बढ़ाने के लिये ही समस्त साधनायें बनीं।

अनेक मतमनान्तर और सम्प्रदाय, आंशिक सत्यों पर आधारित हैं, इसीलिये भेद उत्पन्न होते हैं। मानव समाज, एक होने पर भी भ्रम-वश बट जाता है और दुःखी होता है। व्यक्ति का धर्म, सृष्टि धर्म से, अलग

नहीं हो सकता। मुक्ति, पूर्णत्व अथवा पूर्ण विकास ही, निश्चित कालबाधित सृष्टि-धर्म है।

आत्मदर्शन चाहने वाले साधक मतमतान्तरों से भ्रमित होकर अज्ञान बढ़ा लेते हैं, व्यर्थ चिन्तन में फंस जाते है। सभी प्राणियों की अनन्य गति, आत्मदर्शन अथवा सत्यदर्शन में है। ज्ञान, तर्क के परे है। तर्क बुद्धि पर आश्रित है। बुद्धि सीमित है।, असीम का भान नहीं करा सकती, सांसारिक लाभ दे सकती है। जब तक असीम में गति न हो जाय तब तक बुद्धि और तर्क का सम्बल भी नहीं छोड़ना चाहिये, लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिये कि जब चेतनस्तर उठ जाता है तभी सत्य का अनुभव होता है। जब असीम से सम्बन्ध हो जायेगा, असीम संसार भी ठीक हो जायेगा, क्योंकि इन्द्रियानूभूत संसार सृष्टि-नियमों पर आधारित है। असीम की तरफ कदम उठाने पर सीमित संसार अवश्य शुद्ध और सुलभ होगा। सूक्ष्म और स्थूल दोनो ही ब्रह्ममय है। हमारे लिये दोनो का निरूपण लाभदाई है।

कोई दर्शन सत्य की प्रशंसा करता है तो कोई तपस्या की, कोई शुद्धता की, पवित्रता की अथवा आचार व्यवहार की तो अन्य क्षमाभाव की प्रशंसा करते हैं। कोई-कोई वैराग्य-साधना को ही श्रेष्ठ बताते है। ब्रह्ममय, पूर्ण विकसित जीवन एकांगी नहीं हो सकता। कुछ विद्वान कहते हैं कि सांसारिक ज्ञान ही सर्वोपरि है। कुछ आचार्य ज्ञान-मार्ग को सर्व श्रेष्ठ मार्ग बताते हैं, तो अन्य शम दम तितिक्षा-उपरति एवं सरल व्यवहार और को कुछ विचारक गृहस्थ जीवन के कर्मो की ही प्रशंसा करते हैं। कहते हैं कि परमसत्ता को किसने देखा है। जो इन्द्रिय ज्ञान-अनुभूत है, वही सत्य है, मृत्यु के बाद क्या होता है, किसने देखा है? कुछ बुद्धिमान, अग्नि-होत्र, होमादि (मनुष्य आदि) कर्मो को सर्वश्रेष्ठ मान बैठे, तो अन्य मंत्र-योग मंत्रसिद्धि को। कुछ ने निर्णय दे दिया कि तीर्थ, तीर्थदर्शन ही सर्वोपरि साधना है।

हम लोग अपनी जीवन-यात्रा में अनुभव करते हैं कि विभिन्न मत मुक्ति की राह तो बताते हैं, परन्तु समाज तथा व्यक्ति दुःखी रहता है। कर्म, अकर्म, विधि-निषेध, आदि की गति और क्षेत्र उलझन से भरे हैं। विविध व्याख्याओं और मतमनातरों का प्रतिपादन विद्वानों ने अपने

चिंतन के आधार पर किया। तत्वों के अनुपात-भेद के कारण प्राणियों में भिन्नता मिलती है, किन्तु ब्रह्म में तो सभी तत्व संतुलित है। रूचि और तत्व भेद का अन्य कोई आधार नहीं है।

एक शरीर में अनेक अंग होते है।, कुछ प्रत्यक्ष है और कुछ परोक्ष हैं। बुद्धि, मन, अंहकार और आत्मा आदि निराकार अप्रत्यक्ष तत्व हैं इनका केवल अनुभव होता है। हम केवल स्थूल हाथ या पैर अथवा शिर या पेट भी नहीं हैं। स्थूल शरीर, और उसमें स्थित निराकार तत्व, सब मिलकर एक व्यक्ति का रूप धारण करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति में कर्म हैं, विचार है, भावनायें हैं, प्रकाशिका शक्ति है। जिस व्यक्ति में साकार और निराकार का समन्वय है, वही विकसित व्यक्तित्व वाला है। विभिन्न मतमतान्तरों में भेद स्वाभाविक है। उचित-अनुचित की व्याख्या में बहुधा द्वन्द्व-भेद भी उत्पन्न हो जाता है, इसलिये हम पाते हैं कि अनुचित कर्म अनचाहे भी हो जाते हैं। भ्रम, मोह और अज्ञान से पाप उत्पन्न होता है। मुक्ति-पथ तो सरल, स्वाभाविक, सर्वांगीण विकास है।

नाना प्रकार की एकांगी साधनाओं से, व्यक्ति को, विशिष्ट परन्तु आंशिक शक्तियां प्राप्त होती हैं। परम लक्ष्य, परम पुण्य, परम पुरूषार्थ की सिद्धि तो, चेतना के सर्वांगीण विकास द्वारा हो सकती है। असह्य बने, जन्म मृत्यु, सुख-दुःख, लाभ हानि के चक्रों में घूमता हुआ जीव यात्रा करता रहता है। विकसित चेतना ही बन्धनों से परे का अनुभव देती है।

अनेक शास्त्र रचयिताओं ने व्यक्तिगत चिन्तन के आधार पर अपने अपने मार्ग को सर्वश्रेष्ठ बताया है। जो जिस साधनामार्ग से गया वह उसी को उत्तम मानेगा। सब मार्ग सब व्यक्तियों के लिये उपयुक्त नहीं होते। तत्व भेद को जानना, मानना और समझना होगा। व्यक्तित्व का विकास पूर्णत्व की ओर है, परन्तु एक साधना पद्धति सब के लिये उपयोगी नहीं हो सकती।

विचारकों, आचार्यों ने आत्मा के विषय में , अपने विचार एवं अनुभव प्रस्तुत किये हैं। आत्म-ज्ञान की राह भी, रूचि अनुसार बताई, लेकिन अधिकारी-भेद, देश-काल और परिस्थितियों की भिन्नता को कुछ विद्वान नज़र-अंदाज कर बैठे। कुछ विद्वानों ने तो यहां तक कह डाला

कि-जो कुछ उन्होंने कहा, उससे भिन्न कुछ भी सत्य नहीं है। मानव का ज्ञान-मात्र ऐसी सीमाओं में नहीं बंध सकता।

जिसने जो कुछ कहा, अपने मत के समर्थन के लिये कहा। इन्द्रियानुभूत-जगत को ही सब कुछ मानने वाले विद्वान् भूल गये कि इन्द्रियानुभव में आने वाली लीला के आगे भी, लीला सृष्टि है। क्या आज का कोई योग्य व्यक्ति या वैज्ञानिक मान सकता है, कि जो कुछ हम देखते हैं, अथवा सुनते हैं उसके अतिरिक्त कुछ भी नहीं है? हम अच्छी तरह जानते हैं कि हमारी आंखे, कान, आदि इन्द्रियों की ताकत, सीमित क्षेत्र Limited frequencies तक ही काम करती है।

मानव की ज्ञान यात्रा में, जब विद्वान ऐन्द्रिय जगत के आगे बढे तो कुछ शून्य की स्थिति तक पहुंच कर रुक गये। अन्य विचारक दो तत्वों की मान्यता ले बैठे कि प्रकृति और पुरुष के मिलन से सृष्टि-क्रम बना है।

ज्ञान मार्ग को सर्वश्रेष्ठ बताने वालों का मानव समाज पर बहुत समय तक एकछत्र शासन रहा। इनके विवेचन में, व्यक्ति का सांसारिक व्यवहार महत्वहीन हो गया, फलस्वरूप दैनिक जीवन में अनेक दुख बढ़ गये। जिस समाज में केवल आत्मा की बातें होती हैं, वहां राक्षस उत्पन्न होने लगते हैं। शरीर को अकर्मण्य बनाकर अथवा शरीर के द्वारा संभव असामाजिक कर्मों को नगण्य मानना हानिकारक है। आत्मदर्शन का संबंध दैनिक आचरण से भी है। जो ऊंची २ बातें करते हैं लेकिन कर्म को महत्व नहीं देते, वह मानव समाज के लिए घातक सिद्ध होते हैं। आज के योगी अपने को सिद्ध और महान मानते हैं लेकिन दैनिक आचरण के प्रति उदासीन और असंतुलित हो जाते हैं। जब सभी कुछ प्रभुमय है और परम सत्ता सबमें विद्यमान है तो संसार को व्यर्थ मानना परम अवहेलना है।

विरोधी मतों के कारण समाज और व्यक्ति परमध्येय से च्युत हो गये। कुछ बहककर श्रेष्ठ मार्ग से ही मुंह मोड़ बैठे, कहने लगे कि आत्मा आदि के व्यर्थ झगड़ों में पड़कर संसार बिगाड़ने से क्या लाभ हो सकता है? कुछ बिना समझे बूझे पुरानी मान्यताओं को अपनाकर संतुष्ट हो गये। कुछ लोग अकर्मण्य चिंतन प्रधान होकर व्यर्थ बन गये। कुछ लोगों

नें घबड़ांकर सभी सिद्धातों को तिलांजलि दी और उनके मन को जो अच्छा लगे वही करने लगे।

संसार लीला द्वैत भाव पर आधारित है। संसार में द्वन्द्व निश्चित है, परन्तु यह भी निश्चित है कि द्वन्द्वातीत अवस्था भी इसी जीवन में प्राप्त हो सकती है लेकिन सत्य की टोह में कुछ विद्वान नास्तिक निरीश्वरवादी हो गए और कुछ विद्वान कहने लगे कि परमसत्ता ईश्वर, परमेश्वर और ब्रह्म इस संसार के बाहर है। उसकी प्राप्ति इस जगत को त्यागने पर अथवा इससे बाहर जाने पर ही सम्भव है।

विभिन्न मतों का प्रतिपादन करने वाले विद्वान, विविध भेदों से, अपने विचार की पुष्टि करने के लिए, स्थिति-कातर होकर युक्तियां प्रमाण और तर्क प्रस्तुत करने लगे। फलतः व्यक्ति और समाज राह खो बैठा, पूर्वाग्रही हो गया और मानने लगा कि जो उनकी मान्यता है, वही सही है। दिमाग की सब खिड़कियां बन्द हो गई, किंकर्तव्य विमूढता आ गई। नऐ विचार और सिद्धान्त सुनने और मनन करने को लोग तैयार न रहे। जो वस्तु या तत्व बंध जाता है, वही गंदला एवं अधोगामी हो जाता है।

सभी मतों का विवरण देना असम्भव है, क्योंकि मत, भ्रम तथा किंकर्त्तव्य विमूढता उत्पन्न करते है। समाज के साधारण व्यक्ति न इतनी खोज कर सकते हैं और न उनके पास इतना समय, साधन और योग्यता ही है। मुक्ति और पूर्णत्व के मार्ग से लोग भटक गए। भ्रम, मोह और अज्ञान बढ़ा और आलस्य तथा शरीर-सुख की लालस ने मानव को दबा लिया। व्यक्ति समाज और देशों के पतन की कहानी अज्ञान की कहानी है। सिद्धान्तो के सागर में गोते लगाते रहना ही हमारा जीवन ध्येय कभी नहीं हो सकता।

परमज्ञानी भगवान शंकर कहते हैं कि सभी शास्त्रो को पुनःपुनः एकमत देखने और विचारने पर जो निश्चित मत बनता है वह बताता हूं। इसमें जातिगत, लैंगिक और देशगत भेद नहीं है। यह राह सभी प्राणियों के लिये उपयोगी है।

व्यक्ति के सर्वांगींण विकास के लिये, निश्चयात्मिका बुद्धि आवश्यक है। योगशास्त्र सभी के लिये लाभदायी है। इसका साधन, केवल

मानवशरीर और मानव मन की अपेक्षा करता है। इसका सम्यक्‌ज्ञान प्राप्त करके मानव अपनी विकसित शक्तियों को, लीलाक्रम में पूर्ण उपयोगी कर सकता है। तब सांसारिक एवं परमार्थिक आदर्शों का पूर्ण ज्ञान प्राप्त हो जायेगा, भ्रम के लिये कहीं स्थान नहीं रहेगा।

योग साधना में, परिश्रम करना श्रेयस्कर है। मुक्ति, पूर्णविकास, पूर्णत्व प्राप्त करने के लिये, अपनी शक्ति को इस मार्ग पर केन्द्रित करना उचित है। शास्त्रों की भवाटवी में भ्रमित होने से, क्या लाभ है? सम्यक्‌-ज्ञान और आलस्य विहीन साधना, व्यक्तित्व को पूर्ण विकसित कर सकती है। अंतःकरण की सुषुप्त शक्तियों को जागृत कर सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है। व्यक्ति जितना विकसित है उतना ही सुखी है।

योगशास्त्र रहस्यमय है। साधना करते करते इसके गोपनीय रहस्य और प्रभाव समझ में आते है। योगशास्त्र की व्याख्या साधको और योग्य अधिकारियों को पूर्ण लाभ प्राप्त कराने के लिये और चेतना के स्तर को अधिकाधिक विकसित करने के लिये की गई है। त्रैलोक्य में, संपूर्ण सृष्टि में, कहीं पर भी जन्मा हुआ व्यक्ति इससे लाभ उठा सकता है।

मनुष्य की दो शक्तियां ज्ञान और कर्म—ज्ञानशक्ति और क्रिया शक्ति-फलदायी है। इच्छाशक्ति आधार है। इन्हीं शक्तियों पर सम्पूर्ण विकास और लीला आधारित है।

ज्ञानमार्ग और कर्ममार्ग में भी दो दो मार्ग हो गये। ज्ञान में एक तो भौतिक संसार के ज्ञान का मार्ग है और दूसरा इन्द्रियातीत का ज्ञान है। कर्ममार्ग में विधि और निषेध का भेद है। निषिद्ध कर्म करने से जीवन पापमय होता है। वैध कर्म से पुण्य प्राप्त होता है। प्रत्येक कर्म का फल होता है। फल पुण्यमय अथवा पापमय हो सकता है।

वैध कर्मों के भी, तीन भेद हैं; नित्य, नैमित्तिक और काम्य नित्य कर्मों के न करने से निश्चित हानि होती है। नैमित्तिक और काम्य कर्मों से फल प्राप्त होते हैं। कर्म सकाम और निष्काम भी होते हैं, नीचे गिराने वाले पतनकारी और उन्नति प्राप्त कराने वाले। यही पतन और उन्नति नरक और स्वर्ग कहा गया है। व्यक्तित्व का उत्थान, विस्तार एवं विकास स्वर्ग है।

स्वर्ग तथा नरक अथवा उत्थान एवं पतन भी अनेक स्तरों वाले हैं। सत्-कर्म से उन्नति और असत्-कर्म से पतन निश्चित है। मानव अपने चुनाव द्वारा उन्नतिशील बने अथवा पतन में चला जाये। इच्छा शक्ति ही प्रेरित करती है। क्रिया का चुनाव अपने हाथ में है।

सम्पूर्ण सृष्टि कर्म और उनके शुभाशुभ फलप्राप्ति के नियम से बंधी है, कर्ममयी है। मानव कर्मयोगी है। कर्म के शाश्वत नियम को कोई तोड़ नहीं सकता। कर्म से बंधा जीव, पशु के समान, कभी कभी तो नारकीय भोग प्राप्त करता रहता है। अनेक प्रकार के दुखों से भरे जीवन को नरक कहा गया है और अनेक प्रकार के सुखों से परिपूर्ण जीवन को स्वर्ग बताया गया है। सभी व्यक्तिगत और समाजगत जीवन क्रमो में, दोनों तत्वों का सम्मिश्रण होता है। मात्राभेद से नारकीय और स्वर्गिक जीवन को पहचाना जाता है।

जो सुख चाहते हैं उन्हें पूर्णमय उचित, समाज-सम्मत, शास्त्र-सम्मत श्रेष्ठ कर्म करना चाहिये। दिव्य-जीवन प्राप्त होने पर भी पाप कर्म का फल दुःख होता है, जिसे भोगना पड़ता है, जैसे स्वर्ग में भी पर-स्त्री-गमन दहनीय माना गया है। पाप और पुण्य दोनों प्रकार के कर्मो के फल-भोग के लिये पुनर्जन्म निश्चित है।

बंधनो से बंधे जीवन में दुःख होता है। पाप और पुण्य दोनों ही बन्धन-कारक हैं। कर्मों की विषद व्याख्या करने वालो ने अन्त में यही स्वीकार किया है कि कर्मफलों से बंधा जीव, शरीर और रूप धारण करता रहता है और नाना प्रकार के सुख, दुःख, तथा मिश्रित भोग प्राप्त करता है। इसीलिये विद्वानों का मत है कि फलाकांक्षा न करने वाला व्यक्ति, कर्म तो करता है लेकिन बंधता नहीं। किसी प्रकार के कर्म में राग नहीं होना चाहिये। कर्म तो करना ही पड़ेगा क्योंकि मानवी-सृष्टि रजोगुणी है और इस सृष्टि में, कर्म नितान्त निश्चित नियम है। फलासक्ति का त्याग ही सर्वोच्च्व त्याग है।

नित्य और नैमित्तिक फलदाई कर्मो में राग न रखते हुए योग्य कर्मो में व्यक्ति प्रवृत्त हो। व्यक्तिगत संसार तो सुधरेगा ही साथ में व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास भी होगा। फल प्राप्त होगें, भोग मिलेंगे, परन्तु व्यक्ति बधेगा नहीं। योगाभ्यास भी कर्म है, लेकिन कर्म की व्याख्या को

भली प्रकार जानने वाला योगी, चेतना-स्तर के सिवा और कुछ नहीं चाहता। धीरे-धीरे विकास की आकांक्षा भी समाप्त हो जाती है।

पुण्य, पाप, कर्म, अकर्म, स्वर्ग, नरक, सुख, दुःख आदि की व्याख्याओं में व्यक्ति न फसे। कर्मणा गहनो गतिः। विकसित व्यक्ति, सभी तत्वों की सम्यक् व्याख्या सहज स्वाभाविक रूप में स्वयं समझ लेता है।

जीव को जानना चाहिये कि संपूर्ण लीला, चैतन्य सत्ता की है। इसी को आत्मा कहा गया है। आत्मा ही देखने, सुनने, जानने एवं मनन करने योग्य है। यही सच्चा कर्मयोग है। श्रुतियों का निश्चित मत है कि आत्मा ही विचारणीय है। अन्य सभी तत्व आत्मा से ही उत्पन्न, प्रकाशित और भाषित होते हैं। पूर्ण विकसित चेतना ही आत्मा है। विकसित व्यक्तित्व और चेतना क्या नहीं प्राप्त करा सकते। ऐसे ही ज्ञानमय वचन सबके लिये सुसेव्य हैं, भली प्रकार जानने समझने योग्य हैं, क्योंकि यही मुक्ति और पूर्णत्व प्राप्ति के साधन हैं। आत्मा ही परमात्मा है।

भगवान शंकर कहते हैं कि अनेक रूपो में, पाप और पुण्य में, सुख दुःख आदि में, चित्त वृत्तियों को प्रेरित करने वाली सत्ता तो मैं स्वयं हूं। संपूर्ण सृष्टि मुझसे प्रेरित होती है। जगत के चर, अचर मेरे द्वारा, मुझमें ही भासित होते हैं और मुझमें ही लीन होते हैं। मैं इस सृष्टि से भिन्न नहीं हूं और मुझसे भिन्न इस सृष्टि में कुछ भी नहीं है। मैं ही आदि अन्त और मध्य हूं। सैकड़ो थालियों में भरे जल में अनेक सूर्य दिखाई पड़ते हैं, लेकिन सूर्य एक ही है। मैं ही संपूर्ण सृष्टि में अनेक रूपों में भासित होता हूँ। मै ही आत्मा हूँ। रूपों पर आधारित ऐन्द्रिय जगत में भेद दिखाई पड़ते है। जितनी अधिक स्थूलता होगी उतनी ही विविधता दिखेगी। सूक्ष्म तत्वों की ओर बढ़ने पर अनेकता मिलने लगती है। सम्यक् ज्ञान होने पर रस्सी सांप नहीं दिखाई पड़ती और सीप में चांदी का आभास नहीं होता। सत्य का सामीप्य प्राप्त करना सभी का कर्त्तव्य भी है और सबके लिये सम्भव भी है।

परमात्मा के प्रति भ्रमित होने के कारण ही इस संसार में अनेकता मिलती है। आत्म-ज्ञान के पश्चात् जगत रहता है, लेकिन खिलवाड़ ज्ञान बढ़ता है। लगता है कि जो चाहे कर लेगें, सब कुछ अपने बस में है।

विकसित चेतना क्या नहीं कर सकती। संसार में अनुभव होने वाले बन्धन, दुःख निराशा, असफलता आदि भ्रान्ति और अज्ञान के फल है। सम्यक् दर्शन हाने पर जैसे रस्सी सांप नहीं रह जाती, उसी प्रकार आत्म-ज्ञान होने पर संसार के भ्रम स्वयं नष्ट हो जाते हैं। आंखे खराब होने पर अथवा पीलिया रोग के कारण संसार पीला भासित होता है। आत्म-ज्ञान न होने के कारण ही संसार की वस्तुयें त्यागने, छोड़ने अथवा उनके घटने से बड़ा कष्ट होता है। जैसे दृष्टि के दोष दूर होने पर सफेद वस्तु पीली नहीं सफेद दिखाई देती है, उसी प्रकार ज्ञान शुद्ध होने पर अज्ञान और भ्रम का अन्त हो जाता है। आत्मा की लीला के अलावा अन्य कुछ अनुभव में नहीं आता। आत्म-ज्ञान की यही प्रक्रिया है। जैसे तीनों काल में रस्सी सांप नहीं हो सकती, वैसे ही आत्मा स्थूल विश्व नहीं है। विश्व है स्थूल, परन्तु आत्मा है सूक्ष्माति-सूक्ष्म-निरंजन-गुणातीत, अनत् परमसत्ता अथवा ब्रह्म।

महान् दार्शिनकों का निश्चित मत है कि ईश्वर समेत समस्त सृष्टि का विनाश और निर्माण हुआ करता है। आत्म बोध होने पर सब स्वयं ही समझ में आ जाता है। अन्य किसी राह से यह बात समझाई नहीं जा सकती। बुद्धि और तर्क के परे जाना ही होगा। ससीम माध्यमों से असीम केवल आभास हो सकता है। पूर्ण ज्ञान प्राप्त होने पर सीमा नहीं रहेगी। सब कुछ असीम सत्तामय हो जायेगा। मन, बुद्धि, शरीर, कर्मवचन और भावना के परे सत्चित आनन्दधन है। जहां परिवर्तनीय और अपरिवर्तनीय तत्व एक रस हो जाते हैं। परिवर्तन होते हैं परन्तु प्रभावित नहीं करते।

### सृष्टि लीलाक्रमः

जैसे समुद्र में वायु के कारण फेन बुदबुदे आदि अनेक आकार उत्पन्न होते हैं उसी प्रकार चेतना के समुद्र में स्पन्दन होने के कारण सृष्टि उत्पन्न और नष्ट होती है। महत् चेतना ही स्पन्दन के कारण अनेक रूप धारण करती है। रूप आकार नष्ट होने पर चेतना समुद्र में सब कुछ फिर शुद्ध रूप में मिल जाता है। जैसे समुद्र में जल प्रधान है, यद्यपि अनेक अन्य तत्व भी जल में मिले हुये हैं, उसी प्रकार ईश्वर, आकाश तथा अन्य स्थूल तत्वों के विद्यमान होने पर भी, चेतना समुद्र

में सब कुछ चेतनामय है। यही चेतना आत्मा कही गई है।

मानव जीवन में, समय को हम वर्षों, महीनों दिनों आदि में नापते हैं, लेकिन अनन्तकालगणना में, मानव जीवन के सौ या पचास वर्ष क्षण समान हैं। इसीलिये मानव जीवन क्षणभंगुर कहा गया है। भ्रम के पर्यवसान होने पर स्वरूप परिवर्तन में मोह नहीं रहता।

सूक्ष्मतम चेतना के स्पन्दन से यह सृष्टि उत्पन्न होती है। स्थूलतर और स्थूलतम हो जाती है। सत्य ज्ञान होने पर जो नित्य वस्तु है जिसे आत्मा, परमात्मा परमसत्व आदि नाम दिये गये हैं, वही दिखायी देती है। स्थूलता से उत्पन्न भेद, चेतना तत्व में ही विलीन हो जाते है। जब तक भेद बुद्धि है, तब तक भ्रम है। सृष्टि लीला के आदि में जो तत्व था और वही जो अब भी सब में है तथा जो भविष्य में भी रहेगा, जो अपरिवर्तनीय है, वही स्थूल और सूक्ष्म सबका आधार है। सबमें ओतप्रोत है। इससे अन्य नित्य, सत्य, तत्व कोई नहीं है। समस्त सृष्टि परमात्मा में भासित, प्रकाशित, दृष्ट होती है। सब कुछ परमात्मामय है।

विद्वानों ने कल्पना अर्थात मस्तिष्क के द्वारा इस परिवर्तनशील जगत की परिभाषायें बनानें ओर इसे समझने के प्रयत्न किये। जब अविद्या ही जगत का मूल कारण है तो यह अपरिवर्तनीच और नित्य सत्य कैसे हो सकता है? स्थूल के जिस स्तर पर हम हैं, वहीं से सूक्ष्म स्तरों की ओर बढ़ें और सूक्ष्मातिसूक्ष्म तत्व आत्मा को पहचान लें। जब चैतन्य तत्व से ही सब कुछ उत्पन्न हुआ चराचर सृष्टियां इसी के अंग, हैं, तो अन्य सभी तत्वों को पाकर सूक्ष्म तत्व को जानने का प्रयास ही सर्वश्रेष्ठ है।

जैसे घट के भीतर और बाहर आकाश व्याप्त रहता है, उसी प्रकार सभी चर-अचर रूपों में, प्राणियों में, कार्य समूहों में वाह्य एवं अन्तः जगत के कार्यो मे, व्यक्ति और समाज के कर्म और विचार समुच्चय में, चारों तरफ आत्मा विद्यमान रहता है। यह निश्चित है कि आत्मा, सभी कार्य समूहों से असंलग्न है। जैसे आकाश शून्य सभी रूपों के भीतर और बाहर रहता हुआ भी, निर्विकार रहता है। अपना विकार रहित स्वरूप कभी नही त्यागता। यद्यपि आकाश अन्य सभी तत्वों में समाहित रहता है। आत्मा, यदि विकारी हो जाये तो शुद्ध तत्व नहीं रहेगा और

मरण-धर्मा हो जायेगा।

ईश्वर आदि देवताओं समेत सम्पूर्ण सृष्टि, आत्मा द्वारा व्याप्त क्रियाशील और जीवित है। वही सत्‌चित-आनन्द-धन, पूर्ण, द्वैतहीन, अद्वैततत्व है, जिसका कोई प्रकाशक नहीं है। जिसके प्रकाश से सभी प्रकाशित हैं, सभी शोभा पाते हैं, वह आत्मा पूर्ण है, स्वयंप्रभा है। देश काल परिस्थिति और रूप से आत्मा बंधा नही है। सब जगह व्याप्त है। उपाधियों के कारण, आत्मा की अलग अलग सत्तायें नहीं मानना चाहिये। इसका कभी रूप परिवर्तन नहीं होता, घटाव और बढ़ाव नहीं होता। नाश और निर्माण तो पंच महाभूतों का होता है। आत्मा नित्य एक रूप है। यह निश्चित सत्य है। इस तत्व से भिन्न कोई सत्ता इस सृष्टि लीला में नित्य नहीं है। आत्मा एक ही भाव में स्थित रहता हैं, एकरस है। इससे भिन्न अन्य सभी तत्व परिवर्तनीय हैं, इसीलिये शास्त्रों ने जगत लीला को मिथ्या बताया है। यदि आत्मा में कुछ जुड़ने या निकलने वाला रहे तो आत्मा भी सीमित तत्व हो जायेगा।

संसार-प्रपंच अविद्या के कारण सत्य भासित होता है। इस संसार में दुःख नाश और सुख प्राप्ति के लिये, ज्ञान पूर्वक विचार करके, आदि अन्त से रति एकरस आत्मा में स्थित होना चाहिये। आत्मा ही सुख स्वरूप है। जिस व्यक्ति का अज्ञान नष्ट हो जाता है अथवा जिसे सत्य-ज्ञान प्राप्त हो जाता है, उसके लिये अविद्या और अज्ञान पर आधारित विश्व-लीला बन्धन कारक नहीं रह जाती। यही आत्म-ज्ञान है, यही सनातन सत्य है। अनन्तकाल से यही ज्ञान अवाधित भाव से अविछिन्न रूप में चला आ रहा है। इसका रूप नहीं बदला, अन्य सभी सीमित ज्ञान बदलते रहे।

यह सृष्टि, काल पर आधारित है। समय से निर्माण और विनाश हुआ करता है। लीला ही बिगड़ती है। आत्मा तो त्रिकालावाधित एक भाव में स्थित रहता है। इस आत्मा का ज्ञान कल्पना एवं इन्द्रिय-अनुभव के परे है। आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी, ईश्वर, जीव, देवसमूह आदि सभी सत्तायें भेद-प्रभेद से गुण युक्त है, अपूर्ण हैं। केवल आत्मा ही गुणातीत पूर्णतत्व है। वाह्य आवरण और आकार वाले तो सभी समय के साथ नष्ट हो जाते है। जहां वाणी चित्त और मन गति नहीं, ऐसे

आत्मा में द्वैत-भाव असम्भव है। अपने में निश्चित भाव से सर्वव्यापी आत्मा को अभ्यास द्वारा योगी देख पाता है। सिद्ध योगी साधारण मनुष्य की तरह सांसारिक कर्मो को करता हुआ, प्रारव्ध को भोगता हुआ संकल्प विकल्प रहित होता है। सांसारिक कार्यो में लगे रहने पर भी, कुठांरहित बना रह सकता है। अपने आत्मा में स्थित एकरस आत्मभाव में सिद्ध योगी ही कुठांरहित बना रह सकता है। अपने आत्मा में स्थित अर्थात् अपने स्वरूप को जानने वाला आत्मा को सृष्टि लीला का कर्त्ता, नियामिक भोक्ता मानता हुआ, आत्म-सुख में रमण करता है। सबमें आत्मा के दर्शन करता है। संसार-प्रपंच में रहता हुआ भी, योगी निर्लिप्त रहता है। सहज समाधि की स्थिति रहती है, उसका ज्ञान दृढ़ हो जाता है। परिस्थितियों से बंधा वह पशु समान नहीं रहता। परिस्थितियों को बनाने, बदलने के क्षमता प्राप्त कर लेता है। लीलापति से एकत्व स्थापित करने पर योगी में भी लीलापति की सर्व-व्यापकता, सर्व-शक्तिमत्ता प्रकट होने लगती है। सहज समाधि की स्थिति में अनन्त सुख की अनुभूति अबाधगति से प्रवाहित रहती है।

## माया

माया विश्व-जननी है। इससे भिन्न कोई अन्य तत्व सृष्टि रचना का कारण नहीं है। अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश आदि भावों को उत्पन्न करके सृष्टि को माया आच्छादित करती है। माया स्वयं को ज्ञान शक्ति, क्रिया शक्ति और इच्छा शक्ति में विभाजित कर सम्पूर्ण सृष्टि को कर्म में प्रेरित करती है। माया को, महामाया, महाशक्ति आदि नामों से वर्णित किया गया है। माया शक्ति को ठीक ठीक समझ लेने पर विश्व लीला महत्वहीन हो जाती है। सब कुछ माया का खिलवाड़ जान पड़ता है। माया के कारण सब भूतों में समान रूप से व्याप्त आत्मा में भी द्वैत का आभास होता है। जो कुछ भी अनुभव में आता है, माया का विलास है। माया तो आत्मा से निम्नकोटि की तरंग-लीला है। "मीयते इति माया"। जो परिवर्तनशील है, वह सब माया है।

आत्मभाव मे स्थित व्यक्ति माया-लीला में प्रीति राग अथवा आसक्ति नहीं मानता। माया से उत्पन्न सभी सुख शरीर के है। सुख-भाव इन्द्रिय मन और बुद्धि तक सीमित है। आत्मा इन से परे है।

मायामय संसार व्यवहार दृष्टि से तीन भावों को प्राप्त होता है, शत्रु, मित्र, तथा उदासीन। दैनिक व्यवहार मे इन्हीं तीन भावों का अनुभव होता है। भावनाओं और विचारों पर आधारित प्रिय और अप्रिय का भेद वस्तु-जन्य है। भेद शाश्वत तथा नित्य नहीं है। प्रिय और अप्रिय के मापदंड भी बदलते रहते हैं। अपनी भावनाओं के कारण वही पुत्र कभी प्रिय तो कभी अप्रिय लगता है। अपने भीतर स्थित बुद्धि और मन ही शत्रु और उदासीन भावों के लिये उत्तरदायी हैं। योगी के लिये न कुछ प्रिय है न कुछ अप्रिय है, न वह उदासीन है और न लिप्त है। श्रुतियों को युक्तिपूर्वक पढ़कर, व्यक्ति को जान लेना चाहिये कि सम्पूर्ण विश्वलीला माया पर आधारित है। अध्यारोप और अपवादन्याय से योगी माया-तत्व को चैतन्य तत्व में लय कर लेता है।

कर्मों के फलस्वरूप संसार उत्पन्न होता है। अतः ज्ञान के द्वारा कर्मों के स्वरूप को समझ लेना चाहिये। सत्य को जानने से समस्त उपाधियां, जो माया और भावनाओं पर आश्रित हैं और द्वन्द उत्पन्न करती हैं, उनसे परे जाकर अखण्ड ज्ञान रूपी निरन्जन तत्व को प्राप्त करके व्यक्ति वही हो जाता है। मालिक बन जाता है, दास नहीं रहता। सकामभाव में आना, परिग्रह एवं अपरिग्रह आदि सभी द्वन्द्वमयी भावनायें उसके वश में होती है। वह विश्वपति के समान अपने विश्व की सृष्टि और प्रलय इच्छानुसार करने में समर्थ होता है। माया से मुक्ति की तथा आत्मतत्व में गति की यही प्रक्रिया है। संसार के सभी धर्मो ने इसी भाव-साधना को श्रेयस्कर बतलाया है।

जिस किसी भाव या वस्तु में अविद्या अथवा अपूर्णता का आभास मिले, यह परिवर्तनीय है। अपरिवर्तन की सीमा तक सब माया है। शुद्ध ब्रह्म-ज्ञान अथवा ब्रह्म का साक्षात्कार ज्ञान अथवा विद्या से ही हो सकता है, अविद्या से नहीं। यद्यपि माया ब्रह्म से बाहर नहीं है, फिर भी ब्रह्म-ज्ञान तक पहुंचने के लिये बुद्धि मन और इन्द्रियो को अभ्यास द्वारा शनैः शनैः तैयार करना चाहिये।

ब्रह्म शुद्ध चैतन्य सत्ता है। वेदान्त जिस रूप में ब्रह्म को मानता है वह क्रियाहीन स्पन्दन रहित चैतन्य तत्व है जो न कुछ उत्पन्न करता है न नष्ट करता है परंतु सब कुछ उसी में आधारित है। ब्रह्म की यह

व्याख्या दर्शन शास्त्र में भारत की अद्वितीय देन है। ईश्वर क्रियाशील है। ब्रह्म निराकार अनिर्वचनीय है। ईश्वर सकार भी है और ब्राह्मी स्थिति में निराकार है। अविद्या (माया) से संबंधित होकर ब्रह्म से ईश्वर-तत्व अथवा महतत्व या महामाया, महतत्व से शुद्ध अंहकार, उससे आकाश, आकाश से वायु, वायु से तेज अथवा अग्नि, अग्नि से जल और जल से पृथ्वी की उत्पति मानी गई है। चैतन्यसमुद्र के स्पन्दन को महामाया कहते है। महामाया में ज्ञानशक्ति, क्रियाशक्ति और इच्छा-शक्ति प्रस्फुटित होती है। ईश्वर अथवा महामाया इन तीन शक्तियों के रूप में बुद्धिगम्य है।

आकाश का गुण शब्द है। वायु का गुण स्पर्श है। वायु में शब्द भी होता है क्योंकि आकाश से उत्पन्न होने के कारण उसका गुण प्राप्त करता है, और अपने विशिष्ट गुण, स्पर्श के कारण भिन्न नाम प्राप्त करता है। अग्नि में प्रकाश, तेज रूप का ज्ञान होता है। इसमें पूर्ववर्ती दोनों महाभूतों के गुण शब्द और स्पर्श भी विद्यमान है। अपने पूर्वगामी तीन महाभूतों के गुण शब्द स्पर्श रूप को भी लिये रहता है। पृथ्वी स्थूलतम है। इसका विशिष्ट गुण गन्ध है परन्तु इसमें शब्द, स्पर्श, रूप, एवं गंध भी उपस्थित है। यद्यपि सबकी उत्पत्ति मूलतः ब्रह्म अथवा आत्मा से है, फिर भी जैसे-जैसे स्थूलता बढ़ती गई नये-नये गुण जुड़ते गये। गुण की विशिष्टता पर नाम ओर रूप के भेद आधारित है। ब्रह्म को ही समझने और अनुभव योग्य करने के लिये आत्मा की संज्ञा है। ब्रह्म और आत्मा गुणतीत है।

मानव शरीर में पंच महाभूतों के गुणों को ग्रहण करने के लिये, पांच ज्ञानेन्द्रियां है। इन्हीं के माध्यम से हम अपने स्पन्दन क्रम की सीमाओं के अन्दर सृष्टि का अनुभव करते है। सृष्टि गुणमयी है, मायामयी है। ब्रह्म गुणातीत है।

आकाश का गुण शब्द है–ज्ञानेन्द्रिय श्रवण है। वायु का विशेष गुण स्पर्श हैं ज्ञानेन्द्रिय त्वचा है। अग्नि अथवा तेज का विशिष्ट गुण रूप है, इसकी ज्ञानेन्द्रिय चक्षु है। जल का विशिष्ट गुण रस है–ज्ञानेन्द्रिय रसना है, तथा पृथ्वी का विशिष्ट गुण गंध है और इसकी ज्ञानेन्द्रिय घ्राण है।

सब कुछ चैतन्य से उत्पन्न हैं। चर-अचर, रूप-समुदाय, एवं मानवी

सृष्टि की सीमित स्पन्दन गति के अनुभव क्षेत्र के परे की अन्य सब सृष्टियां भी चैतन्य समुद्र की तरंगों के भिन्न-भिन्न स्तरों पर उदित होती हैं। समुद्र का रूपक पूर्ण व्याख्या नहीं करता परन्तु सूक्ष्म सत्ता को बुद्धिगत-करने के लिए निकटतम उदाहरण लिया गया है।

सृष्टि के प्रलय-क्रम को भली-भांति जान लेने से चैतन्य सत्ता की एकरसता, व्यापकता, अपरिवर्तनीयता का आभास मिलता है। स्थूलतम तत्व-पृथ्वी-प्रलय क्रम में जल में मिल जाता है। जल अग्नि में, अग्नि वायु में और वायु आकाश में मिल जाते हैं। आकाश तत्व अहंकार में, अहंकार तत्व महतत्व मे और महतत्व परमतत्व अथवा परमसत्ता या शुद्ध चैतन्य मे लीन होता है। अविद्या अर्थात् अज्ञान या सीमित ज्ञान ही आवरण शक्ति है। यही द्वैत उत्पन्न करती है। इसे जान लेने पर आत्मा जो पूर्ण सुखरूप है उस का आभास मिलता है।

माया की विक्षेपशक्ति के कारण ही जगत सत्य और सुखदायी दिखाई पड़ता है। महामाया में सूक्ष्मरूप से जड़त्व निहित है। अनुभव में आने वाले पांच महाभूतों में आकाश सबसे सूक्ष्म है, परन्तु उसमें भी जड़ता है। यद्यपि उसमें पृथ्वी के समान जड़ की सघनता नहीं है। महामाया से सत्व, रज और तम का आरम्भ होता है। आत्मा चैतन्य है, गुणातीत है। प्रत्येक व्यक्ति में चैतन्य है। व्यक्ति स्वयं को जब जड़ से सम्बन्धित कर लेता है और अपने चैतन्य-स्वरूप को विस्मृत कर देता है, तब सुख दुःख आदि द्वन्दों का अनुभव करता है। व्यक्ति में सूक्ष्मातिसूक्ष्म चैतन्य तत्व से सघनतम जड़ तत्व-पृथ्वी तक सभी तत्व विद्यमान है। तत्वों के अनुपात-भेद के कारण सृष्टि की विविधता है। अणु परमाणु की संरचना अथवा अनुपातों को बदल देने से, एक वस्तु दूसरी वस्तु या रूप में परिणत की जा सकती है। महर्षि पंतजलि ने इसे पदार्थ परिणाम की संज्ञा दी है। शास्त्रों का मत है कि जो एक शरीर में है, वही ब्रह्मांड में है।–"यत्पिण्डे तद्ब्रह्मांण्डे।"

जड़ता से चैतन्य की ओर की यात्रा, हमारे सुख को शुद्ध, सूक्ष्म एवं धनीभूत करते हुए, आनन्द का रूप प्रदान करती है। महामाया की विक्षेप और आवरण शक्ति के कारण ब्रह्म ही जगत के रूप में भासित होता है। महामाया के क्रियावैचित्र्य को ही शास्त्रो में दुर्गा, महाकाली,

लक्ष्मी, महालक्ष्मी, सरस्वती आदि संज्ञाओं से सम्बोधित किया गया है। देवताओं की कल्पना भी इसी प्रकार गुण और कर्म-विशिष्टता पर आधारित है। चैतन्य जब महामाया की आवरण शक्ति से युक्त होता है तो अपनी रूचि और मति के अनुरूप विद्वान पुरूष उसका वर्णन ईश्वर अथवा अन्य देवताओं के रूप में करते हैं।

चैतन्य से जड़ और जड़ से चैतन्य की ओर यात्रा की व्याख्या ही, सृष्टि रूपी समस्या-निर्माण और प्रलय का पूर्ण विश्लेषण है। मनुष्य की ज्ञान-शक्ति सीमित है। पूर्ण का अनुभव किया जा सकता है– तर्क से समझा नहीं जा सकता। समाधि अवश्य व्यक्ति को पूर्णत्व प्रदान करती है। शरीर एवं इन्द्रियों के बन्धन से मुक्त करते हुये, चैतन्य के अनुभव में सहायता करती है।

परिवर्तनशील जगत में आत्मा ही शाश्वत है, अन्य सब रूप, स्वरूप एवं वस्तुएं, भूत समुदाय कहे गये है। अपनी भावना के कारण चैतन्य ही सब रूपों में भिन्न आभास देता है। भिन्न भिन्न रूपो में आत्मा को देखना चाहिये, जो एकरस चैतन्य है, पूर्ण आनन्द-स्वरूप सत्य है सम्पूर्ण सृष्टि में वही व्याप्त है। उससे भिन्न कुछ भी नहीं है। इस ज्ञान का जो नित्य चिन्तन करता है, वह मरण-धर्मा संसार के दुःखों से मुक्ति का अनुभव करता है। संसार यथार्थतः लीलाक्रम ही जान पड़ता है। जैसे ब्रह्म सत्-चित्-आनन्द हैं, उसी प्रकार व्यक्ति भी आत्मभाव में स्थित होकर आनन्दमय हो सकता है।

सृष्टि खिलवाड़ है लीला है, यह आरोप और अपवाद न्याय से भी सिद्ध है। एक अपरिवर्तनीय ब्रह्म में ही सब कुछ का निर्माण और लय होता रहता है। मुक्त योगी अर्थात पूर्ण व्यक्ति के चित्त मे इससे भिन्न कोई भाव नही रह जाता।

## कर्म और सृष्टि

शरीर, बुद्धि और मन से होने वाले कर्म चेतना-सागर में स्पन्दन उत्पन्न करते हैं। स्पन्दन से अणु परमाणुओं की क्रिया आरम्भ होती है। अपने अपने जीवन काल में हम सभी अनुभव करते हैं कि हमारे विचार कर्म और भावनायें किस प्रकार हमारे शरीर, आयु इत्यादि में परिवर्तन

लाते रहते हैं। एक क्रोधी व्यक्ति का चेहरा क्रूर और भयावह हो जाता है। वही व्यक्ति यदि क्रोध त्याग दे शांत रहने लगे तो क्रूर और भयावह चिन्ह नष्ट हो जायेगें व्यक्तित्व आकर्षक हो जायेगा।

परमाणओं के सम्मिलन, अलगाव, विनाश निर्माण आदि के नियम हैं। हमारे कर्मों विचारों और भावनाओं के अनुसार हमारे व्यक्तिगत परमाणु बदलते है और शरीर की आयु पूरी होने पर समान भाव वाले अणु-परमाणु नियमाधीन, कर्म-श्रृंखला एवं वासना-माला के अनुरूप उपयुक्त स्थान, समय, परिवार, देश आदि को, पुनर्निर्माण पुनः मिलन हेतु-चुन लेते हैं। शास्त्रो ने कर्म विचार भावनाओं आदि में सामूहिक रूप को कर्म संस्कार कहा है। चेतना के अनन्त सागर में अणु परमाणुओं के मिलन और विच्छेद के कारण ही सृष्टि बनती और बिगड़ती रहती है अर्थात् बदलती रहती है। पूर्व कर्मों के अनुसार माता-पिता के अन्नमय कोष के माध्यम से जीव का पुर्नजन्म होता है। शरीर का बनना, बढ़ना और नष्ट हो जाना स्थूल जड़ अथवा प्राकृतिक शक्तियों के खिलवाड़ या सनंक पर आधारित है। प्रबल सृष्टि-नियमो पर ही सब कुछ आधारित है, इसीलिये शरीर के भागों को अत्यधिक महत्व नहीं देना चाहिये। शरीर ही सुख है, ऐसा नही मानना चाहिये। स्थूल शरीर की तुलना में कर्म, विचार, भावनायें और इनसे भी सूक्ष्म सूक्ष्मतर तत्व संस्कार आदि अधिकाधिक महत्वपूर्ण हैं। इसलिये शास्त्रों ने कहा है कि जो जैसा करता है, वैसा फल पाता है।

मांस, अस्थि, स्नायु, मज्जा, नाड़ी आदि से बना यह शरीर ही सब कुछ भोगता रहता है। सब सांसारिक अनुभवों और क्रियाओं का माध्यम शरीर ही है। भोग आत्मा के नहीं है, शरीर के है। शुद्ध चैतन्य आत्मा को इसी कारण द्रष्टा कहा गया है। जब तक शरीर रहेगा, चाहे अनचाहे ही भोग, प्रिय और अप्रिय का संयोग तथा वियोग होता रहेगा। भोगों को, जो परिस्थितियों और प्रारब्ध के अनुसार प्राप्त होते हैं, आसक्ति पूर्वक भोगने से दुःख उत्पन्न होता है। सभी भोगों को चाहे बिना, प्रारब्ध लीला का अंग मानकर, ग्रहण करने में, न दुःख रहता है न सुख, सब कुछ आनन्दमय हो जाता है। बहुत ऊची अवस्था में यह भाव दृढ़ हो पाता है। सभी इस भाव के अधिकारी नहीं है। इस उच्चतम अनुभूत

मत का अनधिकारी व्यक्ति अधिकतर दुरुपयोग ही करते आये है।

पंचभूतों से बने इस शरीर को अच्छी तरह समझ कर जान लेना चाहिये कि सम्पूर्ण ब्रह्मांड में द्वन्द्व है, सुख-दुःख आदि है। वस्तुओं और रूपों में सुख भाव अपनी ही कल्पना पर आधारित हैं।

बिन्दु शिव है, रजः शक्ति है। शास्त्रमतानुसार शिव और शक्ति के संघात से अनेक भूत समुदाय उत्पन्न होते हैं। जड़ रूपा सृष्टि में शिव और शक्ति तत्व भी जड़ है। जड़ में स्थित यही निर्माण शक्ति, लीला क्रम में नियमों के अनुसार क्रिया करती रहती है। प्रकृति में सब कुछ नियमों पर आधारित क्षणिक संवेग और आवेग नहीं चलते। नियम निश्चित हैं।

महाभूतों के पंचीकरण नियम से स्थूल जगत की उत्पत्ति होती है। यही आत्म-संख्यार्णिका मत है। ब्रह्मांड में सब कुछ कर्मानुसार उत्पन्न होता है। भगवान् शंकर कहते हैं कि पंचभूतों के मिश्रण से अनेक रूपों की उत्पति पूर्व कर्म के भोगों के लिये मैं करता हूं। भोग हेतु उत्पन्न होने वाले तत्व-संघात के सामूहिक रूप को जीव की संज्ञा दी गई है, [illegible] र्मश्रृंखला और वासना माला से बंधा रहता है।

आत्मा जड़ तत्व से रहित है। वह अनेक रूपों भूतों वस्तुओं में प्रवाहित होकर उन्हें जीवित अवस्था प्राप्त कराता है। जीव भी जड़ है, परन्तु पंच महाभूतों से अधिक सूक्ष्म है। वही जीव कर्मानुसार, विविध रूप धारण करते हुये, भोग प्राप्त करता रहता है। अपने कर्मफल के भोगों के लिये ही जीव पुनः पुनः उत्पन्न होता है। जब जीव में कोई जड़ता नहीं रह जाती, तब वही आत्मा बन जाता है। इसी नियम पर, फलाशा-त्याग का सिद्धांत आधारित है।

अनेक शरीरों, रूपों, योनियों और सृष्टियों अनादि वासना और कर्म-श्रृंखला के कारण परमाणुओं के माध्यम से जन्म-मरण अथवा रूपान्तर होता रहता है। नाना गुणों से ओत-प्रोत जीव, सभी व्यापारों का करने वाला तथा पूर्वार्जित संस्कार के अनुसार भोग प्राप्त करने वाला है। सृष्टि के भिन्न भिन्न स्तरों पर जो कुछ उत्पन्न होता है, नष्ट होता है अथवा जो भोग प्राप्त होते हैं, कुछ कर्मो के कारण हैं। जीव पशु के समान कर्मफल भोगता रहता है। कर्म से उत्पन्न होने वाले फल ही

दुःख-सुख का सृजन करते हैं। जीव की प्रवृति भी संस्कारों के अनुरूप ही होती है। माया की उपाधि और माध्यम से चैतन्य में सृजन और विनाश की संपूर्ण लीला होती रहती है।

इस सृष्टि में जो कुछ प्रपंच भासित होता है वह कर्म से उत्पन्न, कर्म फलस्वरूप है। सब जीव पशु के समान कर्मानुसार व्यक्तिगत एवं सामूहिक भोग तथा कर्म किया करते हैं। कर्म तो इच्छाओं से उदित होते हैं। कर्मो को इच्छा-दोष भी कहा गया है। काल-चक्र, कर्म-चक्र भी कहा गया है। काल-दोष भी कहा है। काल-चक्र, कर्म चक्र और लीला-क्रम में रमता जीव विविध रूपों में उत्पन्न होता रहता है और कर्म श्रृखंला एवं वासना माला से उत्पन्न फल भोगता रहता है सीप में चांदी का भ्रम होता है। आत्मा में जीव का भ्रम इसी भाँति का है। सीप कभी चांदी नहीं होती, रस्सी कभी सांप नहीं होता, आत्मा कभी जीव नहीं होता।

भिन्न भिन्न मतों और संप्रदायों ने ब्रह्म की अनेक परिभाषायें बना दी। ब्रह्म-अनुभव में आता है, कांच की आंखों से नहीं प्राप्त होता। आवागमन जीव का होता है। आत्मा में आवागमन, प्रारब्ध और बन्धन आदि का आरोप भ्रम-जन्य है।

### आत्मा और पुनर्जन्म

पुण्य और पाप, दोनों कर्मफल हैं। जीव इनसे बंधता है। आत्मा शुद्धतम चैतन्य तत्व है। जब कोई रूप शरीर नष्ट होता है तो जीव ही अन्य जन्म प्राप्त करने के लिये जाता है। जीव का पुनर्जन्म होता है, आत्मा का पुनर्जन्म नहीं हो पाता। वह तो सम्पूर्ण सृष्टि में समान रूप से विद्यमान है। पाप और पुण्य ब्राह्य विकार है, जो भोग्य वस्तु का रूप धारण करते हैं। इनका संबंध क्रिया और फल से है। आत्मा निर्विकार है। कर्म-संस्कारो से बंधा जीव सुख और दुःख प्राप्त करता रहता है। चैतन्य पाप से परे है, अलिप्त है। उस चैतन्य-तत्व आत्मा में पाप अथवा पुण्य का आरोप भ्रम-जन्य है। यह कभी एकीभाव से अन्यथा नहीं होता, एकरस रहता है। यह सत्य है कि पाप और पुण्य उसी प्रकार कर्म-विकार जैसे अनेक वृक्ष पृथ्वी के विकार है। पाप और पुण्य की परिभाषायें

बदलती रहती हैं। समाज और व्यक्ति के लिये लाभदायी कर्म पुण्यमय होते है। कर्म करते हुए कर्तापन पर कर्तृत्वाभिमान रहने पर कर्म फल उत्पन्न करते है। लेकिन बंधन कारक नहीं होते। कर्मठ होना मानवीय सृष्टि का नियम है। कुछ भी चेतन से भिन्न नहीं है, उसी पर सब कुछ आधारित है। माया के माध्यम से चैतन्य ही सब वस्तुओं का उत्पत्ति-कर्त्ता, पालनकर्त्ता, भोग्य और भोक्ता है।

उदाहरणार्थ, आकाश शून्य है और दीवारों से घिरकर दूषण ग्रहण कर लेता है। मकान के अन्दर का आकाश मकान से बाहर के आकाश से यद्यपि अलग नहीं होता, फिर भी दोषों के कारण भिन्न अनुभूति देता है। यह कहना भ्रम-जन्य एवं अनुचित होगा कि दीवारें गिरने पर वही आकाश जो पहले दीवारों में बंधा था या घिरा था, अपने में ही स्थित दूषणों के कारण अशुद्धत्व को प्राप्त हुआ, और जब उसी स्थान पर या अन्य स्थान पर दीवारें बनी, तो वही आकाश का टुकड़ा-विशेष, जो पहले दीवारों में बन्द था, फिर दीवारों में पूर्व दूषणों के कारण बंद हो गया। उदाहरण सीमित तथा सत्य की आंशिक व्याख्या करने वाले होते हैं, सत्य का पूर्ण निरूपण नहीं कर सकते। इसी प्रकार यह कथन भ्रम उत्पन्न करेगा कि आत्मा का पुनर्जन्म होता है। संस्कारों और जीवों का पुनर्जन्म होता है। चैतन्य, समान रूप से सम्पूर्ण लीला में व्याप्त है। यह भ्रम है कि चैतन्य का कोई अंग-विशेष बंध जायेगा। प्रारब्ध, संस्कार, कर्म, विचार, भावना आदि आत्मा को नहीं बांधते। यह भ्रांति है कि हम आत्मा में किसी जड़ वस्तु का आरोप करें या जड़ से आत्मा को बंधा मानें। जीव भ्रमण करता है, आत्मा सर्वत्र व्याप्त रहती है। प्रारब्ध अथवा कर्मों से बंध कर जीव ही नाना योनियों में भोग प्राप्त करता है और कर्म भी करता रहता है। कर्म-शृंखला और वासना माला, इच्छाशक्ति, ज्ञान शक्ति और क्रिया शक्ति के माध्यम से विक्षेपावरण रूपों वाली यही महामाया है। वहां जीव है जो लिंग शरीर, कारण शरीर आदि का सम्बंधी और व्यवहारी है। आत्मा जीव नहीं है। दर्शन के इस उच्चतम् सिद्धान्त का दुरूपयोग करने पर, जीवन में अनेक भ्रांतियां दुःख, पाप आदि उत्पन्न होते हैं। चेतना-स्तर के अनुसार, अधिकारी-भेद बनता है, जो विकसित और अविकसित व्यक्तित्व का आधार है।

कालचक्र में पड़कर जीव विविध रूपों में उत्पन्न होते रहते हैं, कर्म-श्रृंखला एवं वासना का फल भोगते हैं सीप में जिस प्रकार चांदी का भ्रम होता है, उसी प्रकार जीव में आत्मा का आरोप भ्रम से ही उत्पन्न होता है अपने कर्मफल से उत्पन्न आवागमन, दुःख, सुख आदि को हम व्यर्थ ही ब्रह्म सत्ता पर आरोपित करते हैं। ईश्वर दुःख उत्पन्न क्यों करता है ? बुरा फल क्यों होता है ? सत्कर्म करने पर भी दुःख आता है इत्यादि भाव भ्रम पर आधारित है।

उत्पन्न और लय होने वाले भूत-समूह का, इन्द्रियों से अनुभव में आने वाले तत्वों का और सृष्टि का यथार्थ ज्ञान ही मोक्ष का साधन है। विशेष दृष्टि द्वारा ही सत्य का (ज्ञान) साक्षात् होता है। बुद्धिगत तर्क का सम्बन्ध देखने और दिखाने वाली माया से है। अपने दृष्टिकोण पर अपना अधिकार ही साधना का श्रेय है।

मुक्ति का अर्थ है सत्य का ज्ञान। सभी लीलाओं को ठीक-ठीक समझना होगा। ब्रह्म सत्ता अथवा चैतन्य तत्व इस विश्व लीला से बाहर नहीं रहता। वह तो सभी में समान रूप से विद्यमान है। स्वर्ग, ब्रह्मलोक, विष्णुलोक, वैकुण्ठ आदि चेतना के विभिन्न स्तरों पर आधारित मानवीय-सृष्टि से अधिक सूक्ष्म लीलास्तर है। जब सृष्टि ब्रह्म में ही स्थित है, चैतन्य से ओतप्रोत है तो हम मुक्त होकर कहां जाने की बात सोचें ? आज तक जितना दर्शनशास्त्र बना उसमें ब्रह्म अथवा चैतन्य से आगे की बात नहीं मिलती। पूर्णत्व, सम्यक् ज्ञान, मुक्ति, सत्य ज्ञान, ब्रह्मैक्य आदि पर्यायवाची है।

यह निश्चित सत्य है कि ऊपर लिखे विश्लेषण से भिन्न मुक्ति का अन्य अर्थ नहीं हो सकता। चैतन्य को जानकर उसी में स्थित हो जाना मुक्ति है। यही पूर्णत्व का धर्म सम्पूर्ण सृष्टि पर लागू होता है। जाने-अनजाने, अनेक चैतन्य की ओर अग्रसर है, जहां सब कुछ असीम है सूक्ष्म से स्थूल की ओर मात्रा बंधन है। स्थूल की ओर जाना चेतना स्तर का विकास है। पूर्ण विकास मुक्ति है।

भ्रम अथवा माया के स्वरूप को ठीक-ठाक समझ लेना ही सत्य ब्रह्म का साक्षात्कार है। आवरण और विक्षेप शक्तियों को जान लेना ही ब्रह्ममय होना है। सत्य-ज्ञान से द्वैत, विभिन्नता, अनेकता आदि का आभास कराने वाली माया का प्रभाद दूर होता है। यह भ्रम है कि ब्रह्म इस संसार में नहीं है अथवा इससे परे है। विशेष दृष्टि प्राप्त प्राप्त होने पर ही भ्रम का निवारण होता है। अन्य किसी राह से सीपी में चांदी के भ्रम का निवारण नहीं हो सकता। परमसत्ता का साक्षात्कार ही मुक्ति का निश्चित मार्ग है। जब चैतन्य एक है, सत्य एक है, सब कुछ उसी में स्थित हैं, चैतन्य से हम बाहर नहीं है, तो मुक्ति के लिये हम उसे अन्यत्र ढूँढ़ने कहाँ जायें।

निश्चित सत्य है कि शरीर, भूत आदि कर्म से उत्पन्न होते हैं, जिन्हें अशरीरी चैतन्य चेतनता प्रदान करता है। वासना माया जीव की सहचरी है, आत्मा की नहीं। जो व्यक्ति संसार-सागर के पार का अनुभव करना चाहता है, चैतन्य में स्थित अथवा उससे एकाकार होना चाहता है, वह कर्म, अकर्म, विधि, निषेध, रूपसमुदाय आदि के रहस्य को, ठीक ठीक समझ ले यही साधना है। चेतना-स्तर का सतत् विकास ही साधना है। पूर्णत्व की प्राप्ति, मुक्ति का अनुभव, आनन्दमय से एकाकार होना ही साधना है साधना का चरम लक्ष्य है।

मानव सृष्टि में उत्पन्न होने वाले जीव अपने जाति, परिवार, संप्रदाय तथा देश काल परिस्थिति आदि के अनुसार कर्म करते रहते हैं और प्राप्त हुए फल में सुख मानते हैं। जब तक हमारा सुख, ब्रह्म वस्तुओं अथवा रूपों पर आधारित है तबतक, द्वैत रहेगा, मिश्रित अनुभव प्राप्त होगें। संसार-लीला में द्वैत-अनुभवों का सिद्धान्त निश्चित है।

संसारी विषयों में आसक्त होता है। आत्मभाव में स्थित व्यक्ति, उचित अनुचित कर्मो की सामाजिक व्याख्या को मानता हुआ, सभी कर्मो को अलिप्त भाव से करता रहता है। उसे पाप और पुण्य नहीं लगते, संस्कार नहीं बनते। सभी पद्धार्थो में, क्रियाओं तथा विचार-जगत में भी वह चैतन्य का दर्शन करता है। वह जानता है कि चैतन्य से भिन्न कुछ नहीं है। आत्मज्ञानी में षट् विकार कामना, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य तथा बंधन कारक लक्षण राग द्वेष, अविधा, अस्मिता, अभिनिवेश भी

सत्य ज्ञान के कारण नष्ट हो जाते है। ऐसी जाग्रत अथवा विकसित चेतना वाला व्यक्ति, जिसका व्यक्तित्व पूर्णतया परिष्कृत हो चुका है, संसार के उचित कर्मों को करता हुआ भी किसी बन्धन अथवा दोष को प्राप्त नहीं होता। जब एक चैतन्य तत्व से भिन्न अन्य कुछ अनुभव में ही नहीं आता, तब आत्म-दर्शन अथवा समदृष्टि प्राप्त होती है, जो सत्य का दर्शन और पूर्णत्व का अनुभव कराती है। यही मुक्तावस्था है।

### साधना

हमारे पास जो शरीर, बुद्धि, मन, चेतना-स्तर, एवं संस्कार समूह हैं, वही हमारी साधना की आधार शिला है। जो हमारे पास है वह क्यों मिला, अन्य की पूंजी इससे भिन्न क्यों है, यह जानना होगा। ज्ञान-वर्धन करना होगा, सत्य का साक्षात्कार करना होगा। शरीर, बुद्धि और मन तीनों का परिष्करण करना होगा। शरीर व्यर्थ नहीं है, बहुत महत्व-पूर्ण है। व्यक्तित्व के अन्य अंग भी उतने ही महत्व के हैं। हृदय रूपी कमल में दिव्य प्राण और वासनायें स्थित हैं। अनादिकाल की कर्म श्रृंखला से बंधा, अंहकार युक्त प्राण ही वृत्ति-भेद से अनेक नाम रूपवाला बनता रहता है।

हम पहले प्राण को समझें कि यह क्या है ? जबतक यह शरीर में रहता है तब तक सब कुछ ठीक है। चला जाता है तो शरीर सड़ने लगता है, रूप-परिवर्तन हो जाता है। प्राण के पांच मुख्य भेद हैं, जिन्हे क्रिया भेद से अपान, समान, उदान, व्यान ओर प्राण कहा गया है। अन्य ५ प्राण भी हैं परन्तु गौण हैं। इनके नाम हैं–नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त और धनंजय। इन दसों को कहीं-कहीं वायु और पवन भी कहा गया है। प्राण-वायु प्रमुख है और इसका स्थान हृदय देश माना गया है। अपान वायु प्रमुख गुदादेश में स्थित है। समान-वायुं नाभि-देश में, उदान कंठ क्षेत्र में और व्यान सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त है। नाग आदि जो ५ गौण प्राण हैं और वायु की संज्ञा पाते है उनके काम इस प्रकार है। नाग वायु द्वारा उद्गार की क्रिया होती है। कूर्म वायु द्वारा नेत्र-उन्मीलन क्रिया, कृकल द्वारा भूख-प्यास, देवदत्त द्वारा खांसी और डकार का संचालन होता है। ब्रह्मांड में जो कुछ भी है, उसमें यही दस प्राण अथवा वायु व्याप्त है।

व्यक्ति का योग सिद्ध हो जाये अर्थात् सत्य से, चैतन्य से, युक्त हो जाये, अथवा उसका अनुभव कर ले तो वह सभी दुःखों या बन्धनों से मुक्त हो जाता है। इस प्रकार की श्रेष्ठतम् गति प्राप्त हो, यही हमारी साधना का चरम उद्देश्य है। साधना पद्धति को सम्यक् रूपेण जानकर योगी को अनन्त सुख मिलता है। साधना की प्रत्येक क्रिया में प्रत्येक सीढ़ी पर सुख मिलता है। साधना की प्रत्येक क्रिया में प्रत्येक सीढ़ी पर सुख बढ़ना चाहिये। सीखी हुई विद्या अभ्यास से फलवती होती है। अभ्यास रहित विद्या फलहीन, बलहीन और दुःख वर्धक होती है। साधना आरम्भ करने से पहले सिद्धान्त भली भांति समझ लेने चाहिये। केवल शारीरिक क्रिया शरीर को लाभ देगी। मन और बुद्धि के क्रिया में साथ रहने से व्यक्तित्व का सम्यक् विकास होगा। साधना में कष्ट का अनुभव हो तो साधना रोक दें, कारण ढूढें, पद्धति ठीक करें, योग्य व्यक्ति से सलाह लें, ग्रन्थ देखें और फिर साधना में लग जायें। किसी भी क्रिया को इतना अधिक न करें कि थकावट हो अथवा कार्य-क्षमता घटे। ईश्वर द्वारा हम इस जीवन में जिस कर्म में लगा दिये गये उसमें किसी प्रकार शिथिलता न हो। क्षमता, क्रियाशीलता, चित्तशांति, शक्ति, सामर्थ्य बढ़ती रहें और आलस्य, अज्ञान, मोह, भ्रम, अतिनिन्द्रा आदि कम होते जायें, तो समझना चाहियें कि साधना ठीक चल रही है। यही मापदण्ड है।

### शरीर

मानव शरीर में मेरूदण्ड महत्वपूर्ण है। इसी में भाव द्वीपों अर्थात् केन्द्रों या कमलो का स्थान है। इस शरीर में नदियों, सागर, क्षेत्र, क्षेत्राधिपति, क्षेत्रपाल, ऋषिमुनि, नक्षत्र, ग्रह आदि के स्थान माने गए हैं। इसमें सब पुण्य तीर्थ हैं, पीठ स्थान हैं, पीठाधिपति देवता भी हैं। सृष्टि का निर्माण एवं संहार करने वाली शक्तियां-चंद्र तथा सूर्य भी मानव शरीर में प्रतीक रूप से स्थित हैं। आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी आदि महाभूत भी इसी शरीर में है। संपूर्ण सृष्टि में जो है, वह सूक्ष्म अथवा प्रतीक रूप से शरीर में विद्यमान है।

सृष्टि संरचना की मुख्य-मुख्य बातें समझ में आ जावें एवं शरीर रचना का आध्यात्मिक स्वरूप जान लिया जाय, इसीलिए यत् पिडं तत् ब्रह्माण्डं की बात कही गई है। शरीर से अधिक उपयोगी माध्यम हमारे

गास क्या हो सकता है, जो स्थूल सृष्टि रचना का चित्र हमारे पास उपस्थित कर दे समुद्र की लहर में समुद्र के मुख्य गौण सभी तत्व मात्राभेद से विद्यमान होते हैं। इसी प्रकार मानव-शरीर में भी सृष्टि लीला के सभी तत्व हैं। भिन्न-भिन्न शरीरों में तत्व-अनुपात अलग अलग होता है। तत्व-प्रवाधनता से ही चेतनास्तर जाना जाता है। मनुष्यों में विविधता तत्व-अनुपात-भेद के कारण है। अनुपात-भेद पूर्व कर्मो पर आधारित होता है। प्रत्येक मनुष्य के लिए उपयोगी है कि अपनी तत्व-शुन्द्धि करता रहे और सृष्टि विकास-क्रम (Evolutionary process) में पीछे न रहे।

स्थूल से सूक्ष्म तत्वों का महत्व एवं बल अधिक है। व्यक्ति शनैः शनैः अपनी तत्व शुद्धि करता जाय। तत्व-शुद्धि पर ही व्यक्ति का ज्ञान, योग्यता, अनुभूति, सूक्ष्म दृष्टि, मानसिक प्रतिक्रियायें, भावना आदि का विशुद्ध अनुपात आधारित है। चेतना के विकास के लिए आवश्यक है

शास्त्र-चिन्तन, पठन-पाठन, श्रवण, मनन, निदिध्यासन (अच्छी तरह समझे हुए सिद्धान्त ओर अपने व्यक्तिगत जीवन में उनकी उपयोगिता में निश्चित मत होकर उन्हें आचरण में उतार लेना)। अनेक शारीरक क्रियायें तथा समस्त साधनायें तत्वशुद्धि के लिए है।

जिस प्रकार पृथ्वी की स्थिति के लिए पर्वत-श्रेणियों की आवश्यकता है, उसी प्रकार शरीर में मेरूदण्ड है। योगी को अपने शरीर की पूर्ण जानकारी होनी होनी चाहिये। शरीर-विज्ञान-शास्त्र (Anatomy) और योगी का शरीर-विज्ञान अलग-अलग नहीं है। साधना करते हुए शरीर को समझने के लिए विज्ञान का सहारा लेना लाभदायी है। मानव शरीर ब्रह्माण्ड का छोटा रूप है। यह देशकाल और परिस्थितियों से प्रभावित होता है।

अपनी अमृत किरणों से चंद्रमा संसार में जीवनदायी रस की वर्षा करता है। मेरूदण्ड के ऊपरी सिरे पर चंद्रमा की स्थिति मानी गई है, जिसे सोलह कलाओं अर्थात् रूपों या क्रियाओं वाला माना जाता है। यह चंद्रमा दिन-रात पीयूष-स्त्रवण करता है। चंद्रमा से निकलता हुआ जीवनदायी रस दो भागों में बंट जाता है। इड़ा नाड़ी में जाने वाल रस शरीर को लाभ देता है। यह इड़ा अथवा अमृत वाहिनी-नाड़ी, जो

चन्द्रकिरण भी कही गई है, शरीर के बायें भाग में स्थित है। चन्द्र रस का शेषांश तालूमूल में छिद्र से बहकर मध्यमार्ग से अर्थात् भोजन और वायु-नली से आमाशय में चला जाता है।

मेरूदण्ड के मूल में अर्थात् नीचे के सिरे पर द्वादश कलायुक्त सूर्य स्थित है। मेरूदण्ड के दाहिने भाग में स्थित पिंगला नाड़ी द्वारा सम्पूर्ण शरीर को ताप अथवा गर्मी सूर्य पहुंचाता रहता है। यही ताप प्रजापति कहा गया है, सूर्य ग्रस लेता है अर्थात् भस्म कर देता है। वायु मार्ग द्वारा सूर्य का ताप सम्पूर्ण शरीर में भ्रमण करता है।

शरीर को सभी धातुओं और तत्वों को चन्द्ररस लाभ अथवा पोषण देता है और वायु से भरे इस शरीर में सूर्य का ताप रसों का पाक करता रहता है। सूर्य और चन्द्र शक्ति है और पिंगला के माध्यम से क्रियाशील रहता है। वह सृष्टि और संहार दोनों का कारक है। समय आने पर यह सूर्य शांत हो जाता है और शरीर भी नष्ट हो जाता है।

शरीर में छोटी बड़ी साढ़े तीन लाख नाड़ियां हैं। जिनमें चौदह प्रमुख हैं :– सुषुम्ना, इड़ा, पिंगला, गान्धारी, हस्ति, जिह्विका, कुहू, सरस्वती, पूषा, शस्निी, पयखिनी, वारूणी, अलम्बुषा, विश्वोदरी, तथा यशस्विनी। इन में तीन नाड़ियां – इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना महत्वपूर्ण हैं। योगी के लिए सुषुम्ना नाड़ी अत्यधिक महत्व की है, प्रिय है और अनन्त सुखदायिनी है। साधक की अन्य सभी नाड़ियां सुषुम्ना के अधीन हो जाती है। साधारण व्यक्तियों में सुषुम्ना सोई रहती है, अन्य नाड़ियां कार्य करती है। सुषुम्ना का मुख नीचे की ओर है। इसका स्वरूप कमलनाभ के रेशे के समान है और मेरूदण्ड के सहारे यह स्थित है। चन्द्रमा एवं सूर्य की क्रियाओं का एकीकरण यह नाड़ी कर सकती है। सुषुम्ना के मध्य में चित्रानाड़ी स्थित है, जो योगियों को सर्वाधिक प्रिय है। यह चित्रा नाड़ी सूक्ष्मतरंगों के रूप में ब्रह्मरंध्र तक जाती है। अनुभव में आने पर यह शुद्ध उज्वल प्रकाश-स्वरूपा नाड़ी पांच वर्णों में प्रकाशित होती है। इसे दिव्यमार्ग कहा गया है। यह अमृतस्वरूपा है। योगी ध्यान एवं अन्य साधनाओं द्वारा अपने सभी विकारों को नष्ट करता हुआ चित्रा नाड़ी के माध्यम से अमृत-तत्व प्राप्त करता है।

गुदा-द्वार से ३ सेन्टीमीटर ऊपर और जननेन्द्रिय से ३ सेन्टीमीटर

दूर ५ सेन्टीमीटर विस्तार वाला मूलाधार ही कंदके आकार का चक्र है। मूलाधार कमल में कर्णिका के समान त्रिकोणाकार योनि स्थित है। यह योनिस्थान तन्त्र-शास्त्रों में रहस्यमय माना गया है। इसी त्रिकोणाकार योनि स्थान में विद्युत रेल के समान रूप वाली आठ स्थानों से मुड़ी हुई कुण्डलिनी-शक्ति सुषुम्ना के मुख को आच्छादित किये हुये स्थित है। इस कुण्डलिनी को सृष्टि लीला चलाने वाली महामायों के समान महत्वपूर्ण वर्णित किया गया है। इसे सब देवताओं द्वारा पूजित-वाग् देवी कहा गया है। बैखरी, मध्यमा, पश्यन्ती एवं परा नाम से वर्णित चार वाणियों की अधिष्ठात्री वाग्देवी यही है। मुखरित वाणी वैखरी हैं, मध्यमा वाणी कण्ठ में स्थित है, पश्यन्ती का स्थान हृदय है। जिससे सभी वाणियां उत्पन्न होती हैं, वह परावाणी है और मूलाधार से उत्पन्न है।

शरीर के वाम भाग में मेरूदण्ड के सहारे इड़ा नाड़ी स्थित है, जो बायें नासापुट तक जाती है। पिंगला नाड़ी मेरूदण्ड के दक्षिण में स्थित है और सुषुम्ना से मिली हुई दाहिने नासापुट तक जाती है। इड़ा पिंगला के मध्य में सुषुम्ना नाड़ी स्थित है। शरीर में छः स्थानों पर छः चक्र अथवा छः कमल सिद्धा योगियों ने माने हैं। पांच चक्र सुषुम्ना में स्थित हैं। चक्रों के अनेक नाम योगियों ने माने हैं। पांच चक्र के अनेक नाम योगियों ने माने है।चक्रो का विशद वर्णन संदर्भ-सहित इस ग्रंथ मे उचित स्थान पर आगे किया गया है।

अन्य सभी नाड़ियां योग-साधना के लिये गौण हैं। मूलाधार चक्र से आरम्भ होकर अन्य नाड़ियां जिह्वा, आंखों, कानों, उंगलियों, पांव, हाथ, पेट आदि अनेक अंगो में जाती है। नाड़ियां सम्पूर्ण शरीर में फैली हैं और अंग विशेष की आवश्यकतानुसार आज्ञा, रस तथा वायु का वहन करती हैं। विभिन्न रूपों वाली साढ़े तीन लाख नाड़ियां शरीर के सभी भागों में फैली हुई हैं।

मूलाधार चक्र में द्वादश कला युक्त सूर्य स्थित है। सूर्य मण्डल में अग्नि स्थित है, जो पाचन क्रिया भी करता है। मूलाधार के क्षेत्र को वस्तिदेश भी कहा गया है। अग्नि को वैश्वानर कहा गया है, जिसके सम्बन्ध में महेश्वर कहते हैं कि प्रकाश रेखा के रूप वाला वैश्वानर अग्नि ही मेरा तेज-अंश है। यह अग्नि मन्द होने पर अनेक रोगों को उत्पन्न कर देता है। वैश्वानर अग्नि को बुद्धिमान प्रज्वलित करता रहे, भोजन के सिद्धान्तों को समझे और वैश्वानर अग्नि में उचित अन्नों की आहुति देता रहे।

ब्रह्मांड का प्रतिनिधित्व करने वाले मानव शरीर के वर्णन का अन्त नहीं है, आवश्यकतानुसार अन्य अध्यायों में भी किया गया है। शरीर का पूर्ण वर्णन असम्भव है। शास्त्रों में शरीर को ब्रह्मांड का प्रतिनिधि मानकर बहुत से स्थान, देश, प्रदेश, समुद्र, नदियां, पहाड़, दैवी शक्तियां, देवी एवं देवताओं के स्थान विभिन्न अंगो में माने हैं। जैसे सम्पूर्ण ब्रह्मांड में प्राण वायु के कारण क्रिया होती है, उसी प्रकार अनादि वासनामाला एवं अनन्त कर्म श्रृंखला से अलंकृत प्राण शरीर में निवास करता है और संस्कार-अनुसार अनेक कर्म प्राण वायु के आधार से करता रहता हैं।

## गुरु

गुरु ही ब्रह्म के समान कहे गये है क्योंकि गुरु ब्रह्मैक्य करा देते हैं। आजकल योग्य गुरु प्राप्त नहीं होते। सम्यक् ज्ञान कराने वाला ही गुरु है, इसीलिये सभी को गुरु बनने का अधिकार नहीं है। साधरणतया हमें शिक्षा देने वाले बहुत लोग हो सकते हैं, जिनका चेतना स्तर हम से अधिक विकसित हो।

गुरु की खोज एवं गुरु पाने की लालसा ने समाज में अनेक विकृतियां उत्पन्न कर दीं। इस ग्रन्थ को ही गुरु मानकर साधना आरम्भ करना उत्तम होगा। शास्त्र बताते हैं कि उचित समय पर गुरु स्वयं प्राप्त हो जाता है, खोजने से नहीं मिलता। भगवान् शिव द्वारा माता पार्वती के माध्यम से यह ग्रन्थ साधकों के लिए उपदेश रूप में प्राप्त हुआ है।

ग्रन्थ से ही गुरु भी सीखता है। साधक सचेत रहे कि वह हठी और अधीर न बने। किसी भी क्रिया में स्वयं को थकाये नहीं। क्रियायें उसी समय तक करे जब तक सरल सहज रूप से सुख प्राप्त होता रहे।

यदि उचित गुरु मिले तो मन, वचन, क्रम से शिष्य उनकी सेवा करे। माता-पिता और देवता तीनों स्थानो की पूर्ति, गुरु करता है। प्रतिदिन गुरु की तीन प्रदक्षिणायें करें, साष्टांग प्रणाम करे, दाहिने हाथ से चरण स्पर्श करें। सम्यक् प्रयत्न और दृढ़ श्रद्धा ही सिद्धि शीघ्र प्राप्त कराती हैं। बहुत लोगों का संग और प्रपंच करना, कर्म न करना और कर्म के सिद्धान्त पर विश्वास न करना, आवश्यकता से अधिक लोगों के साथ रहना, गुरु पूजा न करना इत्यादि साधक की प्रगति में बाधक होतें

है।

असत्य व्यवहार और असत्य भाषण को जो व्यक्ति जीवनोपयोगी समझता हो, कठोर वाणी का जो त्याग न कर सके, देशकाल परिस्थिति तथा शास्त्र मर्यादा की सीमाओं के अन्दर रहते हुये जो गुरु को संतोष न दे सके, उसे साधना नहीं करनी चाहिये। व्यर्थ परिश्रम और दुष्परिणाम ही उसके हाथ लगेंगे। विद्या, ज्ञान क्रिया आदि की साधना द्वारा इसी जीवन काल में सुफल मिलने चाहिये।

### सफलता के लक्षण

किसी विद्या के अभ्यास अथवा साधना के फल, हमें अपने जीवन में दिखाई पड़ना चाहिये। साधना का लक्ष्य सिद्धि है। सिद्धि के लिये प्रथम आवश्यक लक्षण है विश्वास। दूसरा प्रत्येक क्रिया में स्वाभाविक श्रद्धा। श्रद्धा जड़ नहीं है, वह विवेकपूर्ण होनी चाहिये। तीसरा लक्षण गुरु-पूजन है। साधक जब अपनी साधना में आगे बढ़ता है, उसमें चौथा लक्षण समत्व-भाव अथवा समदृष्टि का उदय होता है। पहले कहे गये तीन लक्षण साधक के वश में है। साधना की सफलता अथवा सिद्धि की उपलब्धि समत्व दृष्टि से आरम्भ होती है, जो चित्त का गुण है। पाँचवा लक्षण इन्द्रिय-निग्रह है, जो सहज स्वाभाविक रूप से प्राप्त हो। हठ एवं अविवेकपूर्ण कर्मो द्वारा इन्द्रिय-निग्रह हानिकारक है। निग्रह होता है, किया नहीं जाता। सत् साधना का छठवां लक्षण मिताहार है। सिद्धि प्राप्ति के लिए सातवां कोई लक्षण नहीं है।

योग साधना की सुन्दर आधारशिला है कि योग्य एवं श्रेष्ट गुरु व्यक्ति अथवा ग्रंथ से साधना पद्धति को भली भाँति जानना चाहिये। मनन के बाद जब बुद्धि निश्चयात्मिका हो जाय तब विधि अनुसार आलस्यहीन होकर साधना करे।

### प्राणायाम

प्राणावायु पर सृष्टि रचना आधारित है। साधक को शरीर एवं चित्त की वृतियों को श्रेष्ठ गति मे प्रेरित करने के लिये प्राणायाम का अभ्यास अवश्य करना चाहिये। प्राणायाम की शक्ति का अनुभव कोई भी व्यक्ति कर सकता है। क्रोधित अथवा चिंतित होने पर व्यक्ति रीढ़ सीधी करके बैठ जाये। आसन लगाना जानता हो तो पद्मासन लगाकर

बैठ जायें। कम से कम सोलह कुंभक करे। निश्चित रूप से शांति का अनुभव होगा। प्राणायाम की साधना आध्यात्मिक और भौतिक सभी प्रकार की उपलब्धियों के लिये महान उपयोगी क्रिया है।

योगी पद्मासन में प्राणायाम का अभ्यास करे। शरीर को सीधा रखते हुये हाथ जोड़ कर गुरु को अपने चित्त में ही प्रणाम करे क्षेत्रपाल अथवा स्थानीय शक्तियों को प्रणाम करे और सृष्टि की अधिष्ठात्री देवी शक्ति मां को प्रणाम करे। दाहिने हाथ के अंगूठे से दाहिने नासापुट अर्थात् पिंगला को दबाये। बायें नासापुट से अर्थात् इड़ा से वायु को शनैः शनैः शरीर में पूर्णरूपेण भर ले। बायें नासापुट को भी दबा ले और यथा शक्ति वायु को शरीर में रोके रहे। दाहिने नासापुट से शनैः शनैः वायु को निकाले। वेग से वायु को न नकाले। यह एक प्राणायाम कहा जायेगा। दूसरे प्राणायाम में दाहिने नासापुट से वायु को शनैः शनैः निकाले। वायु को शरीर में भरना पूरक कहा जाता है, रोकना कुम्भक और वायु को निकालना रेचक कहा जाता है। इस प्रकार एक समय में कम से कम २० प्राणायाम का अभ्यास करे। ध्यान रहे कि थकावट और अकुलाहट न हो। आकुलता मिटाने के लिये थोड़ी देर प्राणायाम की क्रिया को रोक कर दो चार लम्बी सांसे ले ले। स्थिरता प्राप्त होने पर तब प्राणयाम करे। यह आवयक नहीं है कि २० प्राणयाम एक ही श्रृंखला में करे। लेकिन यह आवयकता है कि जब प्राणायाम करने बैठे, कम से कम २० बार करे।

अनेक प्रकार के प्राणायाम होते हैं। सिद्धि, शांति, आरोग्य इत्यादि प्राप्त करने के लिये उपर्युक्त पद्धति समुचित हैं। इसी प्राणायाम पद्धति से सब सिद्धियां प्राप्त हो सकती है। प्राणायाम के साथ जप करने से महान लाभ भी शीघ्र प्राप्त होते हैं क्योंकि प्राणायाम मुख्यतया शारीरिक क्रिया है और जप प्राधानतः मानसिक क्रिया है। सम्यक् प्रगति के लिए, शारीरिक एवं मानसिक सन्तुलन आवश्यक है, अन्यथा साधना एकांगी रहेगी।

साधना के लिए बैठने पर चिन्ता-मुक्त अवस्था होनी चाहिये। यदि व्यग्रता हो तो साधना प्रारम्भ करने से पहले, कुछ काल के लिए आंख मूंद कर बैठा रहे। प्रातःकाल, मध्यान्ह, संध्याकाल एवं अर्धरात्रि साधना

के लिए अत्यन्त उपयुक्त चार अवसर है। दिनचर्या के कारण समय में कुछ हेर फेर करने में हानि नहीं होगी। तीन महिने तक यदि कोई व्यक्ति आलस्यहीन होकर चारों समय प्राणायाम करे तो निश्चित रूप से शरीर की सभी नाड़ियां शुद्ध हो जायेगीं। नाड़ि-शुद्धि के पश्चात् योगी सत्य अथवा तत्व का आभास पाने लगता है। भय नष्ट होने लगता है, अशुद्ध प्रवृतियों से मुक्त होने लगता है, पाप कर्मों में रूचि नहीं रह जाती, चित्त में विकास के लक्षण का उदय होने लगता है।

शरीर में साधना के कारण उत्पन्न होने वाले चिन्हों को संक्षेप में बताता हूं। शरीर सुगठित होगा, सुंगध उत्पन्न होगी, श्वास सधकर धीमी हो जायेगी। शरीर के अन्दर होने वाली क्रियाओं की विशेष जानकारी प्राप्त होगी, जैसे अस्वस्थता क्यों हुई, आलस्य क्यों आया, उत्साह क्यों कम हुआ, थकान क्यों हुई, चित्त चंचल क्यों हुआ इत्यादि। दोषों का कारण जान लेने पर उपचार आसान होता है। प्राणायाम की साधना करते रहने पर इस प्रकार की विशेष जानकारी जब होने लगे या कारण समझ मे आने लगे तो जान लेना चाहिये कि योग-साधना के लिए शरीर तैयार हो गया। प्राणायाम की साधना से प्राप्त होने वाले इस प्रारम्भिक लक्षणों के उदय को योग में आरम्भ-अवस्था कहा जाता है। प्राणायाम जब अधिक परिपक्व होने लगेगा तो वायु पर सिद्धि प्राप्त होगी और सभी प्रकार के दुःख तथा पाप उत्पन्न करने वाले संस्कार सहज ही नष्ट हो जायेंगें। इस आरम्भ अवस्था में पहुंचने पर अनुपयुक्त कर्मो में रूचि नहीं होगी। पाचक अग्नि बढ़ेगी, शरीर के सभी अंग सुन्दर एवं पुष्ट होगें, बल तथा उत्साह बढ़ेगा और हृदय में आनन्द छलकता रहेगा। सभी योग साधनाओं में चार अवस्थाएं होती हैं :–१. आरम्भ, २. घट, ३. परिचय और ४. निष्पत्ति।

### आरम्भ अवस्था

ऊपर लिखे सभी लक्षण आरम्भ के हैं।

### घट अवस्था

प्राण, अपान, नाद और बिंदु, जीवात्मा तथा परमात्मा का जब एकीकरण होता है तब साधना की घट-अवस्था आती है।

### परिचय-अवस्था

इड़ा और पिंगला को छोड़कर वायु सुषुम्ना में प्रवाहित है। कुंडलिनी जागृत हो, षटचक्रों का भेदन हो जाय तब यह अवस्था आती है। सभी वायुओं का एकीकरण हो जाता है। साधक भूत, भविष्य और वर्तमान का ज्ञाता हो जाता है। प्रणव (ओम्) के जप से सभी प्रकार के कर्म समूह नष्ट हो जाते हैं।

### निष्पत्ति-अवस्था

समाधि-अवस्था में स्थिर होकर सभी कर्म योगी करता रहे, यही चरम सिद्धि है। प्रारब्धा संचित और क्रियमाण रूपी कर्म-त्रिकूट का क्षय कर दे और अमृतावस्था में स्थिर हो जाये। सहज समाधि की अवस्था निष्पत्ति है।

### साधना में वाधक एवं सहायक कारण

योग साधना में वाधक तत्वों को जानना आवश्यक है। योगी प्रयत्न पूर्वक इन से बचे यदि वह संसार के दुःखो से बचना चाहता है। खट्टा, रूखा, कड़ुवा, अधिक नमकीन, चटपटा भोजन न करे, सरसों का तेल न खायें। अधिक भ्रमण हानिकर है, प्रातः काल का स्नान यदि कष्टदायी हो न करे लेकिन अपनी क्रियायें करता रहे। अधिक तेल का उपयोग न करें। अधिक गर्मी और अधिक सर्दी से बचे। चोरी से किये जाने वाले क्रम न करे। द्वेष से बचे। अंहकार से बराबर सचेत रहे। सरल आचरण एवं मृदु भाषण करे। अनावश्यक एवं कष्टदायी उपवास न करे। असत्य से यथाशक्ति बचे और किसी प्राणी को पीड़ा पहुँचाने का भाव न रखे। स्त्री-सहवास अत्यधिक संयमित हो। अग्नि न तापे। व्यर्थ बकवास तथा गप्पों से बचे। किसी की भलाई या बुराई की चर्चा में राग न करे, रस न ले। अधिक भोजन कभी न करे कि भारीपन जान पड़े।

इन उपायों को व्यवहार में लाने वाला योगी शीध्र ही कौशल प्राप्त कर लेता है। क्रियायें सिद्ध होनें लगती है और प्रकृति की शक्तियों पर अधिकार प्राप्त होने लगता है। इन आदेशों का पालन सिद्ध पुरूषों के लिए भी महत्वपूर्ण है, उन्हे विना अपनायें, सिद्धि प्राप्त नहीं होती।

दूध, घी, मिठाई, बिना चूने का पान, स्निग्ध पदार्थ, खीर, हल्के और कम वस्त्र, सिद्धांत-श्रवण अथवा अध्ययन, गृहस्थाश्रम में रहते हुये भी वैराग्य-साधना अर्थात् मोह और राग पर नियंत्रण, हरि नाम संकीर्तन, सुन्दर संगीत का श्रवण एवं गायन, मनन, क्षमाभाव, तपस्यामय जीवन अर्थात् नियमित कार्यक्रम, संकोचपूर्ण व्यवहार, श्रेष्ठ जनों की सेवा इत्यादि नियमों का पालन योगी के लिये आवश्यक है।

वायु जब दाहिने नासापुट से चल रही हो, अर्थात सूर्य नाड़ी या पिंगला से चल रही हो तब भोजन करना चाहिये। सोते समय बायां स्वर चलना अधिक लाभदायी है। भोजन के तत्काल बाद या बिल्कुल खाली पेट अभ्यास नहीं करना चाहिये।

अभ्यास की प्रारम्भिक अवस्था में घी मिली खीर बहुधा खानी चाहिये। अभ्यास में जब स्थिरता आने लगे तब घी दूध और खीर की मात्रा कम कर दे। योगी के लिये आवश्यक है कि चिड़िया की तरह, थोड़ा थोड़ा भोजन दिन में कई बार करे। प्राणायाम का अभ्यास चार कालों में अवश्य करे। श्यामा तुलसी, आंवला और बेल का उपयोग बहुत लाभदायी है।

कुम्भक यथाशक्ति करे, हठ न करे। शनैः शनैः कुम्भक सिद्ध हो जायेगा। साधनाकाल मे आने वाले पसीने को पोछ दे या मल दे। शरीर पर पसीना सूखने से धातुयें नष्ट होती है। प्राणायाम के समय छाती में धड़कन बढ़ेगी, चिन्ता न करे। धड़कन शान्त कर ले और अभ्यास फिर आरम्भ कर दे। कुम्भक की अवधि को अधिकाधिक बढ़ाता जाय।

इस प्रकार से साधना करते समय वायु-सिद्धि प्राप्त होती है। साधना यदि बढ़ती रही और नियमों का ठीक पालन होता रहा तो नींद बहुत कम हो जायेगी। शरीर पूर्णतया निरोग रहेगा। उत्साह बढ़ता रहेगा और शरीर कान्ति बढ़ेगी। मूत्र बहुत कम होगा। दैन्य भाव नष्ट हो जायेगा, उदासीनता नहीं रहेगी। यथार्थ का दर्शन होने लगेगा। पसीना कम आयेगा। कीटाणुओं से उत्पन्न होने वाले रोग नहीं होगें। कफ, वात, पित्त से उत्पन्न होने वाले कष्ट नहीं होगें।

## भूचरी सिद्धि

योगी यदि साधना करता रहे और सूक्ष्म भोजन करता रहे तो भूचरी सिद्धि प्राप्त होती है। इस सिद्धि के बाद हिंसक पशुओं से भय नहीं रहता। मार (ताड़ना) से चोट नहीं लगती। साधनो की राह मे कठिन अड़चन आती है परन्तु योगी धैर्य पूर्वक इनका सामना करता रहे। यदि साधक जितेन्द्रिय तथा एकान्त से बने, प्रणव (ओम्) का दीर्घ जप करे तो पूर्व तथा इस जन्म के कर्मो से उत्पन्न हुये सम्पूर्ण पाप और पुण्य रूपी फल अर्थात् संस्कार नष्ट हो जाते हैं, बन्धन का कारण नहीं बनते। योगी एक समय में केवल १६ प्राणायाम करके चिन्ता, कष्ट, उद्विग्नता, क्रोध, काम-विकार आदि होने पर भी विचलित नहीं हो सकता।

इस प्रकार साधना करते हुए, योगी, अधोगामी विचारों, कर्मों अथवा पापमय विचारों से छूटने के बाद अपने पुण्यमय कर्मों के बन्धनों से भी धीरे धीरे छुटकारा पा लेता है। प्राणायाम साधना द्वारा शनैः शनैः आठों प्रकार के ऐश्वर्य (अणिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्रकाम्य, महिमा, ईशित्व, वशित्व, कामावसायिता) योगी प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार की सिद्धियां अथवा चमत्कार प्राप्त कर, योगी ऐश्वर्यशाली बनता है। जब कुम्भक करते करते योगी प्राण अपान को, नाद और विन्दु को, जीवात्मा परमात्मा को एकाकार कर देता है, तब वह आकाशगामी हो जाता है। संसार चक्र में ऐसी कोई वस्तु नहीं जिसे वह प्राप्त न कर सके। इस प्रकार की घुट अवस्था तब प्राप्त होती है, जब योगी कुम्भक करने का अभ्यास कर लेता है।

प्रत्याहार स्वयं सिद्ध हो जाता है। योगी जो कुछ जानना चाहता है, उस का अन्तरमन उसे दिखा, बता देता है। इन्द्रियों पर उसे पूर्ण विजय अथवा अधिकार प्राप्त हो जाता है। वह समदृष्टि प्राप्त करता है।

जब योगी ८ दण्ड तक (३ घंटे १२ मिनट तक), कुम्भक करने लगता है तो अपने अंगूठे के सहारे ही रूई के समान टिका रह सकता है।

## परिचय अवस्था

**इस अवस्था में** शरीर में स्थित वायु इड़ा और पिंगला को छोड़ कर सुषुम्ना में प्रवाहित होने लगता है और सुषुम्ना द्वारा सहस्त्रार तक चला जाता है। सभी चक्र अथवा कमलों का भेदन हो जाता है। यह सब अभ्यास से सम्भव है। सुषुम्ना में वायु का पूर्ण प्रवाह होते ही, कुण्डलिनी शक्ति जागृत हो जाती है। तीनों कालों में हुए अथवा होने वाले कर्मो को योगी देखने लगता है अर्थात् त्रिकालदर्शी हो जाता है। कर्म समूह को, (ओम्) प्रणव का जप करते हुए योगी पूर्णतया नष्ट कर लेता है।

ऐसी अवस्था प्राप्त करने के पश्चात्, इच्छित कर्मो के लिये ही योगी शरीर मे स्थित रह जाता है। इस अवस्था में पहुचंने पर योगी निम्न-लिखित ५ स्थानों में क्रमशः धारणा करें ताकि पंच महाभूतों से उत्पन्न होने वाले भय अथवा बाधायें दूर हो जायें। २ घंटे तक मूलाधार चक्र में धारणा करे। इससे पृथ्वीतत्व पर पूर्ण विजय प्राप्त होगी। २ घंटे स्वाधिष्ठान चक्र में धारणा करे, इससे जल तत्व पर अधिकार हो जायेगा। २ घंटे तक नाभि अर्थात् मणिपुर चक्र में ध्यान करे। इससे अग्नि तत्व पर विजय होगी। हृदय स्थान में अनाहत चक्र है, २ घंटे तक इसमें धारणा करने पर वायु तत्व पर विजय प्राप्त होती है। इसके बाद कण्ठ में स्थित विशुद्ध-चक्र पर २ घंटे धारणा करने से आकाश तत्व पर विजय मिलती है। इस प्रकार संसार के सभी तत्व, योगी जीत लेता है। पंच-तत्वों की उपाधि से ऊपर उठा हुआ योगी इनसे प्रभावित नहीं होता। मृत्यु पर पूर्ण विजय प्राप्त कर लेता है। सैकड़ो ब्रह्मा के काल तक भी ऐसा योगी नष्ट नहीं हो सकता। इस अभ्यास क्रम से योग की पूर्ण सिद्धि प्राप्त होती है। अनादि कर्मो के बीज नष्ट हो जाते हैं। इसी क्रम में समाधि प्राप्त होने लगती है।

प्राणायाम का अभ्यास बढ़ने पर समाधि प्राप्त होने लगती है। समाधि पर जब अधिकार प्राप्त होता है, तब योगी पूर्णतया शांत धैर्यवान एवं जीवन मुक्त हो जाता है। अभ्यास करने वाला योगी प्राण वायु को अपने वश में कर लेता है तब क्रिया शक्ति और कर्मठता बहुत बढ़ जाती है। शरीर में स्थित सभी चक्र विजित हो जाते हैं और साधक अनन्त ज्ञान शक्ति के स्त्रोत से सम्बन्धित हो जाता है

### प्राणायाम के अन्य भेद :

पूरक, कुम्भक, रेचक प्राणायाम पूर्ण प्रक्रिया है। विशिष्ट लाभ पाने के लिये, प्राणायाम के अन्य तरीके यहां वर्णित हैं। यह प्राणायाम विशिष्ट रोगों, क्लेशों, को दूर करने के लिये हैं। संसारयात्रा में उत्पन्न होने वाले रोगों की शान्ति भी आवश्यक है।

१. जिव्हा को पीछे लौटाकर तालुमूल में टिका दे, और नाक से श्वास ग्रहण करता रहे तो अनेक रोग शान्त हो जाते हैं। यह अभ्यास साधारण दिनचर्या निभाते हुये किया जा सकता है। धीरे-धीरे सिद्ध हो जायेगा। इस अभ्यास से, हठ योग की महत्वपूर्ण खेचरी मुद्रा सिद्ध करने में सहायक होती है।

२. कौवे की चोंच की तरह जीभ को होठों के बाहर लम्बी गोल करते हुये निकाले। श्वास इसी गोल जीभ से ले। सख्त गर्मी में शीतलता मिलेगी। यदि प्राण और अपान वायु को खींचकर मिला देने की प्रक्रिया भी करें, तो इस प्राणायाम द्वारा, शरीर का कोई भी रोग दूर किया जा सकता है। शारीरिक कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। इस प्रकार रस युक्त वायु को पीकर, श्रम, जलन और ज्वर को तत्काल शान्त किया जा सकता है। जिव्हा को उल्टाकर, चन्द्रमा से टपकते हुये अमृत रस को ग्रहण करने का अभ्यास होने पर, एक महीने में सभी प्रकार के रोगों से मुक्ति हो जायेगी। मृत्यु तुल्य कष्ट देने वाले रोग एवं मृत्यु को निकट लाने वाले रोग भी शांत हो जाते है।

३. राजदंतों को अच्छी तरह दबा कर, कुन्डलिनी का ध्यान करते हुये श्वास लेने का अभ्यास जो योगी बना लेता है, उसे छः महीने से वाणी की सिद्धि हो जाती है। वाणी-सिद्धि का अर्थ है कि अपने विचार प्रभावशाली पद्धति में व्यक्त कर सके, वाणी मधुर गंभीर और वजनदार हो जाय। अब स्वर नाभिदेश से उत्पन्न होगें। कुंडलिनी को वाग्देवी अर्थात वाचा-शक्ति उत्पन्न करने वाली माना गया है। राजदंत सामने के ऊपर नीचे चार दांत है जो बाल्यावस्था में पहले निकलते हैं।

४. कौवे की चोंच की तरह होठों को बनाकर प्रातः सांय कुछ समय

तक वायु पीने का अभ्यास करे तो क्षय रोग शान्त हो जायेगा। वायु पीते समय कुंडलिनी पर ध्यान करे। होठों की बनी चोंच से वायु पीवे, वायु रेचन नाक से ही करे। साधारण व्यक्तियों के लिये तो सम्भव नहीं लेकिन जो एकान्त स्थान में साधना करता है, वह यदि कौवे की चोंच बनाकर दिन रात वायु पीने का अभ्यास बना ले तो शीघ्र ही दूर-दृष्टि, दूर-दर्शन एवं सूक्ष्म दृष्टि वाला हो जाता है।

५. दाँतो पर दाँत दबाकर, जिव्हा को पीछे लौटाकर, धीरे-धीरे श्वास लेने का अभ्यास जो कर लेता है, उसकी मेघा शक्ति बढ़ जाती है। शरीर में उत्पन्न होने वाले मृत्यु तुल्य कष्ट भी शांत हो जाते हैं। छः महिने के अभ्यास के पश्चात् योगी इस क्रिया में सिद्ध हो जाता है। इस सिद्धि से अधोगामी विचारों पर वश हो जाती है। अनुवयुक्त संस्कार नष्ट हो जाते हैं, रोगभय से मुक्त हो जाता है। यदि एक वर्ष तक अभ्यास करे तो भूत-पिशाचों पर भैरवी नामक शक्ति प्राप्त हो जाती है। अणिमा आदि सिद्धियां आने लगती है।

जिव्हा को उलट कर यदि थोड़ी देर भी श्वास (मुंह बंद रखते हुये, नाक से) ले सके तो स्वास्थ्य लाभ होता है। यदि किसी प्रकार जीभ को पीछे की तरफ दबाकर ध्यान करने का अभ्यास कर ले तो अखण्ड स्वास्थ्य प्राप्त हो जायेगा। इस प्रकार का अभ्यास जब सिद्ध हो जाता है, व्यक्ति कामदेव के समान सुन्दर शरीर वाला हो जाता है। भूख, प्यास, नींद और विस्मृति पर पूर्ण अधिकार हो जाता है। वासनायें परेशान नहीं करतीं।

इस प्रकार की कोई एक भी साधना करने वाला व्यक्ति बन्धन-मुक्त हो जाता है। पृथ्वी पर वह कहीं रहें, उसे मोह नहीं बांध सकता। पाप कर्मो में सकी रूचि न बन पायेगी न रह पायेगी। सिद्ध पुरूषों को स्वर्ग तुल्य सुख प्राप्त होते हैं। सुख उनके पीछे भागते हैं। व्यक्ति आनन्द मग्न रहता है और मुक्ति का अनुभव करता है। बन्धन पूर्ण-पुनर्जन्म उसे प्रभावित नहीं कर सकता।

### आसन

आसन अनेक हैं। चौरासी प्रकार के आसन प्रमुख हैं। प्रत्येक आसन में कुछ विशेषता है। आसानों के प्रभाव को समझकर अपनाना

चाहिये। प्रत्येक आसन का किसी अंग विशेष पर प्रभाव पड़ता है अपने ध्येय के अनुसार आसनों का चुनाव कर लेना चाहिये।

साधना के लिए उपयोगी चार आसनों का वर्णन करता हूं। बैठकर करने वाले आसनों में आसन तभी सिद्ध अथवा ठीक समझना चाहिये, ... पांव और घुटने, पृथ्वी पर टिके रहें।

### १. सिद्ध आसन

गुदा-द्वार और जननेन्द्रिय के मध्य में सींवन हैं इसे योनिस्थान कहते है। दाहिनें अथवा बायें पैर की ऐड़ी से योनि-स्थान को दबा ले, दूसरे पैर की एड़ी जननेन्द्रिय के ऊपर पेडू में लगावे। दोनों पैर की उंगलियों को दूसरे पैर के बीच खींच ले या दबा ले। दृष्टि को आज्ञा चक्र में स्थिर करे। शरीर सीधा रहे निश्चल रहे, झूले नही। एकान्त शांत स्थान में शान्त चित्त और उद्वेगहीन होकर बैठे।

यह सिद्धासन, सिद्ध पुरूषों के लिये भी लाभदायी है। इस आसन के अभ्यास से साधना में शीघ्र सफलता मिलती है। सिद्धासन का सदैव अभ्यास करना चाहिये। प्राणायाम-साधना में यह आसन विशेष लाभदायी है। इसके द्वारा संसार के द्वंद्वो से परे जाकर श्रेष्ठ गति प्राप्त होगी। इस आसन के समान रहस्यमय आसन अन्य नहीं है। इस आसन के अभ्यास से भी पापमयी गति रूकने लगती हैं अर्थात् पतन कारी कर्म और विचार संयमित होने लगते है।

### २. पद्मासन

दोनों पावों के तलवों को खीच कर आमने सामने की जांघ पर रख ले। ऐड़ी पेट में लग जाय। दोनों हाथों को नाभि के सामने मुड़े हुए पैरो पर टिकाकर सम्पुटित कर ले अर्थात् हथेलियों को ऊपर की ओर करके एक को दूसरे पर रख ले।

#### विशिष्ट क्रिया :

दृष्टि को नाक के अग्रभाग में स्थित करे। सामने के राजदंतों के पीछे जड़ में जीभ लगाये। ठोढ़ी को वक्षस्थल पर टिका दे। धीरे-धीरे

श्वास भरे। यथाशक्ति श्वास को रोके और शनैः शनैः निकाल दे। नाक और आंख बन्द करने की आवश्यकता नहीं है। रेचक बहुत धीरे-धीरे होना चाहिये। यह आसन अधिक अभ्यास करने पर सिद्ध होता है, लेकिन बहुत लाभप्रद है। धैर्यशाली और बुद्धिमान ही इस आसन का अधिकारी है। हठ एवं बल पूर्वक न करे और जब तक आराम से बैठ सके, तभी तक इस आसन में बैठे। थोड़ी देर में दोनो नासापुटों में श्वास का प्रवाह समान रूप से होने लगता है। सब प्रकार की साधनाओं में श्वास की यह सम- स्थिति उत्तम है। चित्त की अशांति मिटती है। संस्कारों पर अधिकार प्राप्त होता है। अवनति-कारक भाव संयमित हो जाते हैं।

### ३. पश्चिमोत्तान आसन

दोनों पैरों को आगे लम्बा कर दे। अंगूठे और एड़ी मिले रहें। दोनों हाथों से दोनों पैर या दोनों अंगूठे मजबूती से पकड़ ले। घुटनों पर सिर झुकाकर टिकायें।

यह आसन कुछ अभ्यास के पश्चात् आता है। मधुमेह (Diabetes), पीठ में दर्द, मंदाग्नि के दोष ठीक कर देता है। शरीर के तमाम अवसादों को हरण करता हुआ जठराग्नि को प्रदीप्त कर देता है। यदि इस श्रेष्ठ आसन का बुद्धिमान व्यक्ति प्रतिदिन अभ्यास करे तो शरीर के पिछले भागों में वायु का प्रभाव होता है और सुषुम्ना का द्वार शीघ्र खुलता है।

अभ्यास में लगे व्यक्ति को ही लाभ होता है। यदि नियमित अभ्यास न हो तो सिद्धि, सफलता, लाभ आदि नहीं प्राप्त होते। इस आसन में शरीर की वायु-शुद्धि अति शीघ्र होती है। शरीर में वायु संचार बढ़ने से अनेक कष्ट दूर होते हैं। बुद्धि प्रकाश-मय होती है। स्मरण शक्ति की अभिवृद्धि होती है।

आसनों को करते समय जप या ध्यान करते रहने से पाप वृत्तियां शीघ्र दूर हो जाती हैं। बुरी आदतें छूट जाती हैं।

## स्वस्तिकासन-सुखासन

दोनों पैरों को समेटकर एक पांव की उंगलियों को दूसरे पांव के घुटने के बीच फंसा दे। शरीर सीधा हो। अनेक प्रकार के प्राणायाम इस आसन में किये जा सकते हैं। इस आसान में साधक अधिक समय तक बैठ सकता है। यह आसन भी रहस्यमय कहा गया है, क्योंकि इस का प्रभाव चित्त पर अधिक होता है।

## विशिष्ट क्रिया

इस आसन के साथ प्राणायाम करते समय अधोभाग में स्थित इन्द्रियों को ऊपर खीचें। इसे मूल-बंध कहते है। पूरक करते समय मूल बंध लगा ले। प्राणायाम अपनी गति पर चलता रहे अर्थात् पूरक कुम्भक रेचक क्रमशः, यथाशक्ति होते रहें और ध्यान को मूलाधार में योनिस्थान में लगावे। इससे वासनायें समाप्त होने लगती हैं। ध्यान करे कि ब्रह्मयोनि में अग्निशिखा के समान सूक्ष्म चैतन्य शक्ति को प्रतीक, श्रेष्ठ, परम, कला-सम्पन्न कुंडलिनी-शक्ति स्थित है। इसमें करोड़ों सूर्य का तेज और करोड़ो चंद्रमाओं की शीतलता है। इस कुंडलिनी शक्ति को आत्मा का स्वरूप मानकर ध्यान करे। ब्रह्म-मार्ग अर्थात् सुषुम्ना से होकर त्रिकूट (मूलाधार, अनाहत ओर आज्ञाचक्र) को पार पर कुंडलिनी ऊपर जाती है और श्वेत तथा लाल रंग की तेजो मय अमृतमयी धारा को पीने लगती है। उसका विश्राम स्थान अमृत है जो सहस्त्रार में चन्द्रमा का साथी है। यह परमानन्द स्वरूपिणी है। यह कुंडलिनी शक्ति दिव्य अमृत पीकर शांत हो जाती है। उसी रस को पीने के लिये इसे योग-साधना द्वारा बार बार ऊपर ले जाया जाता है। अन्य कोई मार्ग अभी तक ज्ञात नहीं है। इस कुंडलिनी शक्ति को बार-बार अमृत पिलाने के कारण शरीर में ही स्थित कालाग्नि अर्थात् विनाशक तत्व शांत जो जाते हैं। तंत्र शास्त्र की यही चरम उपलब्धि है।

## योनिमुद्रा

इस ग्रंथ में योनिमुद्रा के महत्व का विशद् वर्णन किया गया है। किसी आसन में वैठ जायं, दोनो अंगूठो से दोनों कान के छेदों को बन्द करे। दोनों आंखों को दोनों तर्जनियों से बन्द करे, दोनों नासापुटों को

दोनों मध्यमा उंगलियों से दबा ले, अनामिका और कनिष्ठिका उंगलियों से दोनों होठों को ऊपर नीचे से दबा ले। श्वास चाहे तो नाक से ले अथवा काकी मुद्रा से खीचे। यथाशक्ति कुम्भक करे। वायु का रेचन बहुत धीरे-धीरे करे।

योनिमुद्रा रहस्यमय है। इसको सिद्ध करना आवश्यक है। कोई योग-सिद्धि ऐसी नहीं जो इसके द्वारा प्राप्त न हो जाय। इस के साथ मूलबंध करने से अधिक लाभ होता है। मंत्र चाहे दूषित हो, छिन्न हो, कीलित हो, स्तंभित अथवा दग्ध हो, शिखाहीन हो अथवा मलिन एवं तिरष्कृत हो, वे सभी सिद्ध हो जायेगें। व्यक्ति चाहे मोह में पड़ा हो अथवा भ्रमपूर्ण हो, एक एक सप्ताह तक मूर्छित रहते वाला हो, मंदबुद्धि हो, वृद्ध हो, प्रौढ़ हो अथवा नवयुवक हो, यह मुद्रा सबके लिये लाभदायी है। ऐसा व्यक्ति जो विरोधी भावों में फंस गया हो, निर्वीर्य हो गया हो, सत्वहीन हो चुका हो और चित्त को सैकड़ो धाराओं एवं भ्रान्तियों में विभाजित हो गया हो—अर्थात् दिशाहीन हो, वह भी इस योनिमुद्रा से लाभ उठा सकता है। शुभ अथवा अशुभ चाहे जैसा मंत्र जप हो, योनिमुद्रा के अभ्यास से सिद्ध हो जाता है। विधान के अनुसार अभ्यास करने पर यह योनिमुद्रा सभी सिद्धियों मोक्ष और ऐश्वर्य को देने वाली है।

इस मुद्रा को बहुत सूझ बूझ के साथ करना चाहिये। किसी शिक्षक से विधिपूर्वक सीखे तो अधिक लाभदायी है। इसका अभ्यास आजीवन करता रहे। इस मुद्रा साधना द्वारा व्यक्ति सभी प्रकार की साधानाओं का अधिकारी बन जाता है। इसका अभ्यास करने वाला पापमय वृत्तियों से छूट जाता है, चाहे उसने ब्रह्म हत्या अथवा गुरु हत्या की हो, सुरापन करने वाला हो, चोर हो या महा व्यभिचारी हो। जो मोक्ष के अभिलाषी हैं, उन्हें मुद्रा का अभ्यास नित्य करना चाहिये। योनि मुद्रा रहस्यमयी है। तंत्र शास्त्रो में इसे बहुत महत्व किया गया है।

### अभ्यास योग

इस संसार के सब लाभ एवं योग्यतायें अभ्यास पर आधारित हैं। सफलता अभ्यास से मिलती है, अभ्यास से योग सिद्ध होता है, मंत्र सिद्धि अभ्यास से होती है और प्राणों पर अधिकार अभ्यास से होता है। अन्य

कोई राह नहीं है। व्यक्ति अपने मृत्यु के समय को अभ्यास के द्वारा टाल सकता है, मृत्युजयी अर्थात् इच्छा-मृत्यु प्राप्त करने वाला हो सकता है। वाणी-सिद्धि, इच्छानुसार गमन, आदि योग-सिद्धियां अभ्यास से ही प्राप्त होती हैं। इन्हीं विभूतियों के कारण अभ्यास को भी योग की संज्ञा दी गई है।

### दस मुद्रायें अथवा बंध

अब उन मुद्राओं का वर्णन करता हूं जो योग साधना में महत्वपूर्ण हैं। अन्य मुद्रायें भी हैं, लेकिन उन्हे महत्वपूर्ण नहीं माना गया है। मुद्रायें रहस्यमयी कही गई हैं, क्योंकि साधक के शरीर और चित्त पर इनके प्रभाव की प्रक्रिया पूर्णतया समझाना असम्भव है। इनके अभ्यास से, कुंडलिनी शक्ति शीघ्र जागृत होती है और सभी चक्रों (कमलों) का भेदन हो जाता है। इस कुंडलिनी शक्ति (माहेश्वरी शक्ति) को भली भांति समझ लेना चाहिये। यह सुषुम्ना के मुख पर सोई हुई है। इसका सम्यक् वर्णन इस ग्रंथ में आगे किया गया है। महामुद्रा, महाबंध, महावेध, खेचरी, जालंधर-बंध, मूलबंध, विपरीत करणी, उड्डयान बंध वज्रोली और शक्ति चालन नामक दस मुद्रायें उत्तम हैं।

### महामुद्रा

यह तंत्रशास्त्र में लाभदायी क्रिया है। कपिल आदि सिद्धों ने इस मुद्रा का बड़ा महत्व बताया है। दाँये पैर की ऐड़ी को गुदा और मेढ्र-मूल (लिंगमूल) के बीच दबा ले। बायाँ पैर लम्बा फैलादे। दोनों हाथों से फैले हुये पांव को पकड़ ले, ठोढ़ी को हृदयदेश में दबा दे। शरीर के नव द्वारों को भीतर खीचनें का विचार करे अर्थात् मन को अन्तरमुखी करे। श्वास का पूरक, कुम्भक रेचक धीरे धीरे करे। थोड़ी देर, बांये पैर से अभ्यास करने के बाद बायें पैर से अभ्यास करे। थोड़े समय में दोनों नाड़ियां (इड़ा और पिंगला) सम हो जाती है अर्थात् दोनों नासपुटों से वायु समान रूप से चलने लगती है। इस अवस्था में चित्त शान्त हो जाता है। मंद बुद्धि मंद भाग्य साधक वर्ग को भी इस मुद्रा के कारण, साधना में गति मिलती है। योगाभ्यास काल में दोनों नासपुटों से सम-वायु चालन लाभदायी है।

इस क्रिया से शरीर का नाड़ी-जाल शुद्ध होने लगता है। नाड़ियों में प्रवाह-शक्ति बढ़ जाती है। महामुद्रा से ब्रह्मचार्य पालन में सहायता मिलती है। पातकीय संस्कारों का विनाश करने एवं कलुषित वृत्तियों को नष्ट करने में सहायता होती है। कुंडलिनी के लिए आवश्यक उष्णता उत्पन्न होती है ताकि चल पड़े, अर्थात् अपने परम-मार्ग ब्रह्मरंध्र की ओर अग्रसर हो। शरीर मलरहित शुद्ध कांतिमय हो जाता है। बुढ़ापे और मृत्यु के कष्ट नहीं होते। इच्छित साधनाओं की प्राप्ति होती है, सुख मिलता है, इन्द्रियां शान्त होती है।

अभ्यासरत योगी को ही कुछ प्राप्त होता है। यह इतनी लाभदायी मुद्रा है कि पंच महाभूतों पर अधिकार के बाद भी योगी इसका अभ्यास करता है।

### महाबंध

एक पांव फैलाये रहे, दूसरे की ऐड़ी समेटकर फैले पांव की जांघ पर रख ले। प्राणायाम की आवश्यता नहीं है। श्वास धीरे-धीरे चलावे। ठोढ़ी दबाकर हृदय पर लगा ले। गुदा और लिंग स्थानों को ऊप्र खीचें अर्थात् मूलबंध लगावे। इस क्रिया से अपान-वायु खिचंती है और प्राण वायु से मिलती है। पांव बदल-कर दोनों पांव से अभ्यास करे। इससे नाड़ी जाल शुद्ध और रस-प्रवाह उर्ध्वगामी हो जाता है। कुछ अभ्यास के पश्चात् वायु सुषुम्ना में प्रवेश करने लगती है। शरीर पुष्ट और अस्थिपंजर दृढ़ होता है। लगन के साथ इस बंध का अभ्यास करे।

### महाबेध

पांवो और ठोढ़ी की स्थिति महामुद्रा की तरह होती है। पेट में वायु भरकर पेट को आगे पीछे चलावे। इस प्रकार दवाब पड़ने पर सुषुम्ना कुछ समय बाद खुलने लगती है, उसकी गाठे खुल जाती हैं। वायु पर अधिकार प्राप्त होता है। वायु के उपयोग पर ही जीवन और मरण की क्रियायें आधारित है। अभ्यास से चक्रों के देवता कम्पित होने लगते हैं अर्थात् देवताओं के आसन डोल जाते हैं। ऐसे समय में कुंडलिनी महाशक्ति कैलासगामिनी हो जाती है जहां शिव से अर्थात् कल्याण से शक्ति का मिलन हो जाता है। महामुद्रा, महाबंध और महाबेध तीनों

का इसी क्रम से अभ्यास करना चाहिये। एक अभ्यास लाभदायी नहीं होता। तीनों क्रियायें क्रमशः एक ही समय में होनी चाहिये।

प्राणायाम के समान चारों कालों में इन तीन मुद्राओं का भी अभ्यास करे। अधिक समय नहीं लगता, लाभ अधिक होता है। छः महिनों तक उचित अभ्यास करने पर मृत्यु की तरफ ले जाने वाली धाराओं पर अधिकार प्राप्त हो जाता है। सिद्ध पुरूष इन क्रियाओं का महत्व जानते हैं और निरतंर करते रहते हैं।

## खेचरी मुद्रा

इसका अभ्यास लगन से करना चाहिये। प्राणायाम के वर्णन में जीभ को पीछे लौटाकर तालुमूल में लगाने की क्रिया, इस मुद्रा का प्रारम्भिक अभ्यास है। किसी एक आसन में बैठकर, दृष्टि को भ्रूमध्य अथवा आज्ञाचक्र में स्थित करे अर्थात् आंखे मूंदकर ध्यान करे मानों आखों से आज्ञाचक्र में देख रहा हो। साधक का चित्त शांत हो, स्थान एकान्त हो। जिव्हा को अभ्यास द्वारा लंबिका के पीछे तालुमूल के छेद में प्रविष्ट करे। यही सुधाकूप है जिसमें जिह्य का अधिकाधिक प्रवेश कराता जाय जब तक छिद्र के अन्तिम सिरे तक जीभ न पहुंच जाय। मक्खन लगाकर उंगलियों से दोहन करने से जिह्वा शीघ्र लम्बी हो जाती है। जीभ के नीचे डोरी काटने की जरूरत नहीं, यद्यपि अन्य ग्रंथो में यह डोरी काटने की क्रिया वर्णित है।

इस मुद्रा में योगी अमृतपान करने लगता है। जीवनदायी रस जो व्यर्थ जाता है उसका उपयोग होने लगता है। पोषक रसों को अमृत कहा गया है।

हठयोग के षटकर्मों में खेचरी को सर्वाधिक लाभदायी बताया गया है। जिसकी खेचरी सिद्ध हो गई, वह योग-मार्ग में वेगपूर्वक बढ़ता है। शरीर पूर्णतया शुद्ध हो जाता है। इस मुद्रा का अभ्यास यदि प्रतिदिन एक क्षण के लिए भी किया जाय तो दिव्य शरीर प्राप्त होता है। संस्कारों की शुद्धि होती है। इस जीवन में भोगों को दिव्यता के साथ भोगता हुआ योगी दिव्यकुल में जन्म पाता है। इस मुद्रा में स्थित होकर सौ वर्षो को एक क्षण के समान योगी बिता देते हैं।

यह क्रिया मुख्यतः हठयोग की हैं। आलस्यहीन साधना अपेक्षित है। यह मुद्रा सुरपूजित कही गई है।

### जालंधर-बंध

किसी आसन में बैठकर ठोढ़ी को हृदय में दबाकर टिका दे। पद्मासन में अथवा सिद्धासन में बैठकर अभ्यास अधिक लाभदायी है। इस बंध का अभ्यास करने से योनिमुद्रा भी शीघ्र सिद्ध हो जाती है। इस बंध के साथ, योनिमुद्रा और मूलबंध का अभ्यास आसानी से जोड़ा जा सकता है।

सहस्त्रार से टपकने वाले अमृत अर्थात् चन्द्ररस का पूर्ण उपयोग हो जाता है। शरीर को लाभ होता है। अन्यथा नाभिस्थान में स्थित अंग अग्नि इस रस को जलाती रहती है। इस बंध के द्वारा अमृत रस को शरीर के लाभहेतु उपयोग करने पर असुरों के समान शक्ति प्राप्त होती है। व्यक्ति संसार में अनेक सुख भोग कर सकता है। योगियों के लिए यह बंध बहुत लाभदायी माना गया है।

इस बंध का प्राणायाम के साथ अभ्यास करने पर पद्मासन में बैठा हुआ योगी आकाश और वायु तत्वों को शीघ्र जीत लेता है। पृथ्वी त्याग कर ऊपर उठ सकता है। शान्त एकान्त स्थान में इसका अभ्यास करना चाहिये।

### विपरीत-करणी ।शीर्षासन।

ललाट के शिरोभाग को जमीन मे लगावे। दोनों हाथों का गुंफन करके कपाल को सहारा देते हुये दोनों को जमीन पर टिकावे। मुलायम गद्दी अथवा कपड़े को लपेटकर ललाट के नीचे रख लें, नहीं तो दाग और गाठें बन जायेगीं। दोनों पांव को सीधा आकाश में उठा दे। आरम्भिक अवस्था में दीवार आदि के सहारे अभ्यास करें। शीर्षासान के पश्चात् थोड़ी देर लेटना चाहिये। शवासन का अभ्यास अधिक लाभदायी है।

इस क्रिया में हठ नहीं करना चाहिये। किसी अवस्था में अधिकता न करें और आंखो को यथासम्भव बन्द रखें।

शनैः शनैः अभ्यास बढ़ाते हुये यदि साधक ३ घंटे तक शीर्षासन

करने लगे तो मृत्युकारक तत्वों को पूर्णतया बस में कर लेगा। सहस्त्रार से झरने वाले अमृत रसों का पूर्ण लाभ शरीर को इस क्रिया से प्राप्त होता है। व्यक्ति सिद्धपुरूष हो जायेगा।

### उड्डयान बंध

पद्मासन में अथवा आधे खड़े होकर श्वास को ठेलकर बाहर निकाल दे। यथासम्भव पेट में वायु न रहे। नाभि-क्षेत्र को पीछे खींचकर पीठ में लगाने का अभ्यास करे। पेट पीछे खींचकर रोके रहे जबतक ऊबे नहीं। थकने पर पेट ढीला करे और सीधा खड़ा हो जाये। यदि आधे खड़े आसन में यह बंध कर रहे है, और बैठे हैं तो आराम कर ले। दो-चार श्वास ले। चित्त शांत करके फिर अभ्यास करे। एक समय में तीन बार बंध लगावें अधिक नहीं। इसका अभ्यास ठीक होने पर पेट को आगे पीछे धौकनी की तरह चलावें। आगे चलकर नवली निकाल सकते हैं और नवली-चालन कर सकते हैं।

इस आसन का चारों कालों में अभ्यास कर सकते हैं। ६ माह के अभ्यास से मृत्यु कारक प्रभावों को दूर कर सकते हैं। शरीर में वायु शुद्ध होती है, जठराग्नि प्रज्वलित होती है, रसों की वृद्धि होने लगती है और अस्थिपंजर दृढ़ होता है। यदि रोग है तो दूर होने लगते हैं। एकान्त शान्त स्थान में अभ्यास करे। पसीना आवे तो पोंछ दे या मालिश कर दे। शरीर को सूखने न दे। पसीने को शरीर पर सुखाने से धातुयें नष्ट होती है।

### वज्रौली

वज्रौली क्रिया का महत्व काम वासना पर अधिकार एवं वीर्य रक्षण के लिये है। यह हठयोग के षट् कर्मो में से एक है और शरीर के लिये लाभदायक है। गृहस्थ भी इसका अभ्यास कर सकते हैं और छः मास के अभ्यास से इसमें सिद्धि प्राप्त कर सकते हैं। इस क्रिया में मूत्र नली में कैथेटर डालना पड़ता है। एक साथ पूरा कैथेटर न डालें। एक या दो अंगुल कैथेटर रोज चढ़ावें और प्रतिदिन आगे आगे बढ़ाते जायें। इस क्रिया का अभ्यास आरम्भ करने के पहले नवली-चालन और मूलबंध सिद्ध होने से पेट प्रत्येक योगिक क्रिया के उपयुक्त बन जाता है। जब

मूत्राशय तक कैथेटर बिना कष्ट जाने लगे तब मूत्र बंध के माध्यम से नली द्वारा पानी ऊपर खीचनें का प्रयास करे। नवली क्रिया से पानी आदि शीघ्र खींच सकते है। पानी आदि को २४ मिनट तक रोके और निकाल दे। आरम्भ में कैथेटर साधारण मोटा बाद में अधिक मोटा कर देना चाहिये। कैथेटर और लिक्विड पैराफीन आधे घंटे तक उबालें और पूरा ध्यान रखें कि तौलिया हाथ, पानी एवं बर्तनों के कारण लिंग नाल में कीटाणु न जाने पावें। पानी खीचनें का अभ्यास जब हो जाये तो मट्ठा तथा दूध खीचें तत्पश्चात् घी खीचें। अन्त में व्यक्ति पारा खीचनें का अभ्यास कर सकता है। यह चरम सीमा है।

हमारे जीवन में वीर्यरक्षा का बड़ा महत्व है। ज्यादातर लोग वीर्य के कमजोरी के कारण ही आलसी, अनमने, अनुत्साही होते हैं। कोई काम करने का जोश नहीं रहता। बिन्दु धारण जीवन है, बिन्दु नाश मरण है। बिन्दु पात से भय, अपराध भाव अथवा किसी प्रकार की कुंठा नहीं उत्पन्न होनी चाहिये। यदि रक्षा हो सके तो लाभ है। जितनी वीर्य रक्षा होगी, उतना ही जीवन में संसारिक और पारमार्थिक लाभ होगा। काम करने के घंटे बढ़ जायेगें, थकान नहीं आवेगी। जैसे क्रियाओं में हठ नहीं की जाती, उसी प्रकार वीर्य रक्षण जबरदस्ती नहीं होता। ब्रह्मचर्य पालन के लिए शारीरिक और मानसिक अवस्था तैयार करनी पड़ती है। व्यर्थ बातचीत अधिक लोगों में व्यर्थ मिलना घूमना आदि रोकना पड़ता है। सिद्धांत ग्रंथो का अध्ययन प्रतिदिन करना आवश्यक हैं यौगिक क्रियायें करना भी उतना ही आवश्यक है। प्राणायाम शीर्षासन और वज्रौली ब्रह्मचर्य के लिए आवश्यक त्रिकूट है।

शरीर में स्थित बिन्दु सृजन-शक्ति का प्रतीक है। बिन्दु का सम्बन्ध सूर्यमंडल से है जो मूलाधार में स्थित है। जठराग्नि पर बिन्दु का प्रभाव पड़ता है। शरीर की कांति से भी वीर्य का सम्बन्ध है। सूर्यमंडल, शक्ति का स्थान है और चन्द्रमंडल शिव का। कुंडलिनी शक्ति महामाया की प्रतिनिधि है। शिव और शक्ति के मिलन से परम कल्याण होता है। बिन्दु की क्रिया से ही जीवन वर्धन और संकोचन अर्थात् निर्माण, विकास और विनाश की लीला होती है। योगी को अपना ब्रह्मचर्य सिद्ध कर लेने पर साधना में बड़ी गति मिलती है। बिन्दु नाश से साधना की गति

मंद होती है और कुछ समय पश्चात् एकदम रूक जाती है। बिन्दु की पूर्ण रक्षा करने से कोई सफलता पहुंच के बाहर नहीं रहती। इसकी महिमा का ज्ञान साधना करने वाले ही अच्छी तरह समझ सकते हैं। शरीर में सुख और दुःखकारी भावों का उदय बिन्दु क्षय और रक्षण पर आधारित है।

जब बज्रौली का अभ्यास करे तो नमक, मिर्च, मसाले आदि त्याग दे, नहीं तो मूत्र नली में जलन होगी। क्रिया की सिद्धि के पश्चात् यह बन्धन नहीं रहेगा। पेशाब करते समय रोक रोक कर मूत्र त्याग करें। बार-बार ऊपर खीचे मानों वापस थैली में भर रहे हों। यदि पेशाब में जलन जान पड़े तो खड़े होकर मूत्र त्यागे और तरल पदार्थ अधिक पीयें, जिनसे पेशाब अधिक बनता हो।

संसार में अधिकतर व्यक्ति अज्ञान में पड़े हुए जीवन बिता देते हैं और कर्मठता एवं बौद्धिक योग्यता से केवल स्थूल लाभ उठाते हैं। यदि चेतना-स्तर एवं शरीर की साधना सफल व्यक्ति भी करे तो उनका विकास होगा। सबके लाभ हेतु जो साधनाऐं योग्य व्यक्तियों के अनुभव पर आधारित हैं उन्ही का अभ्यास योगी पुरूष करता है।

अभ्यास से ही सिद्धि प्राप्त होती है। अभ्यास का और सिद्धियों को प्राप्त करने का अधिकार भोगमय संसार में रहने वालों को भी है। मुक्ति प्राप्त करने का भी अधिकार सबको है लेकिन सभी प्रकार के लाभों को प्राप्त करने के लिये साधना करना आवश्यक है। पृथ्वी पर कहीं पर रहने वाले हों सभी सिद्ध हो सकते हैं। प्रारव्ध को भोगते हुये भी योग साधना द्वारा सब सिद्धियां प्राप्त हो सकती हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है। महान सुख देने वाली साधनायें सम्यक् रूप से करनी चाहिये।

कुछ पाश्चात्य डाक्टरों का मत है कि वीर्य धनीभूत प्रोटिन (Concentrated high protein) मात्र है जिसका रक्षण अनेक शरीर दोष उत्पन्न करता है। वीर्य खर्च करते रहना लाभदायी है। इसके रक्षण को अधिक महत्व देना अप्राकृतिक और हानिकारक है। यह विचार भ्रामक है। वीर्य शक्ति है। शक्ति का उपयोग हम संभोग में करें तो क्षणिक सुख-लाभ होता है और वह सुख भी ऐसा जो अपनी मानसिक व्यवस्था पर आधारित होता है। अपनी यौन शक्ति को हम अन्य लाभदायी

विकासात्मा क्रियायों में लगा सकते हैं।

### सहजोली और अमरौली

यह दोनों वज्रौली के भेद हैं। अनका उद्देश्य भी बिन्दु रक्षण ही है। यदि अचानक बिन्दु-चालन हो जाय अथवा वासना जागे तो इड़ा और पिंगला को अर्थात् दोनों नासापुटों को बराबर चला ले, इससे वीर्यक्षरण रूक जायेगा। अमरौली में वज्रौली के समान ही मूत्रनाली का शोधन करना होता है। कैथेटर डालकर मूत्र नली में धीरे-धीरे हवा फूँकी जाती है।

सहजोली रहस्यपूर्ण क्रिया है। इस साधारण क्रिया से अनेक लाभ होते हैं। इसकी साधना अत्यन्त सरल है। प्रयत्न पूर्वक इसे सिद्ध करना चहिये। मूत्र रोक रोक कर त्याग करना चाहिये। सर्वदा मूत्र त्याग करते समय वायु को वेग पूर्वक मूत्र द्वार से ऊपर खीचने का अभ्यास करें तो बिन्दु रोकने की शक्ति प्राप्त होती है। ऐसा मत है कि सौ स्त्रियो के साथ संभोग करने पर भी बिन्दुपात नहीं होता। बिन्दु रूपी महारत्न को सिद्ध करने पर इस पृथ्वी पर क्या सिद्ध नहीं हो सकता।

भगवान शंकर कहते हैं, बिन्दु धारण से ईश्वरत्व प्राप्त होता है जिसके लिये मुझे साधना करनी पड़ती है। मुझे जो ईश्वरत्व प्राप्त हुआ है वह बिन्दुधारण के कारण ही है।

### शक्ति चालन

मूलाधार कमल में कुंडलिनी सोयी हुई है। उसका चालन इस क्रिया द्वारा करना चाहिये। अपान वायु को रोकर बलपूर्वक ऊपर खीचे। मुक्तासान में स्थित होकर यह क्रिया करें। यही शक्ति चालान क्रिया है। शक्ति चालन क्रिया का अभ्यास प्रतिदिन करे तो आयु में वृद्धि होती है और रोगनाश होता है। कुंडलिनी, जो सर्पिणी-रूपी कही गई है, वह निंद्रा त्याग कर स्वयं ऊपर जाने लगती है। सिद्धि चाहने वाले योगी को शक्ति चालन का नित्य अभ्यास करना चाहिये। जो शक्ति चालन का अभ्यास नित्य करता है, उसका शरीर सुन्दर हो जाता है। काया-सिद्ध होती है और अणिमा आदि ऐश्वर्य प्राप्त होने लगते हैं। क्रिया को ठीक समझकर प्रतिदिन दो मुहूर्त तक जो विधिपूर्वक अभ्यास करता है, उसे

मृत्युभय नहीं रहता।

यह दस मुद्रायें हैं। इनमें एक मुद्रा का भी अभ्यास करने पर भी सभी प्रकार की इच्छित सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं। स्त्रियां भी इनका अभ्यास कर सकती हैं।

### साधना के विघ्न एवं सहायक

देवी पार्वती ने प्रश्न किया कि भगवन् उन विघ्नों का वर्णन कीजिये जो परमार्थ की राह में साधक के सामने आते हैं।

भगवान शंकर ने उत्तर दिया–'हे देवी, सुनो।' मुक्ति पथ पर चलने वाले मनुष्यों के सामने संसार के भोगो में राग ही परमबन्धन है।

नारी (नारी के लिए पुरूष) शैया, भोजन, आसन, वस्त्र, स्त्री-सुख, चुम्बन, पान-पीने की अनेक वस्तुयें, राज्य, ऐश्वर्य, शौर्य (शरीर-बल-अभिमान) एवं अनेक विभूतियां, सोना, चांदी, तांबा, रत्न, गोधन, पांडित्य, वेद, शास्त्र, नृत्य, गीत, उत्तम अलंकार तथा चिन्ह, वंशी, वीणा, मृदंग, हाथी घोड़े, वाहन, पत्नी, सन्तान आदि विघ्न उत्पन्न करते हैं।

भोग रूपी विघ्नों के अतिरिक्त धार्मिककृत्य जो विघ्नकारी होते है उन्हें भी जानना चाहिये। स्नान, पूजा, अतिथि सेवा, होम, अग्निक्षेत्र, सुख, प्रसन्नता, व्रत, उपासना, नियम, मौन, इन्द्रिय, निग्रह, अध्ययन्न, मंत्र, दान, चतुर्दिक ख्याति, वापी, कूप, तड़ाग, महल, बाग बगीचा, काव्य, कलायें, यक्ष, चंद्रायण, कृच्छ–चंद्रायण, तीर्थ आदि विषय भी बाधक हो जाते हैं। यह सब पुण्य कार्य है, लेकिन सचेत रहना चाहिये कि ये साधना में बाधक न हों।

अब वह राह बताता हूं कि उन्नति के मार्ग में बाधाएं न आयें।

गोमुख आदि आसन का अभ्यास तथा धौति, प्रक्षालन आदि क्रियायें करें। नाड़ी-संचार-विज्ञान, प्रत्याहार और इन्द्रिय-निरोध को जानना चाहिये। नवली-चालान और वज्रौली करे। नाड़ियों के कर्म अर्थात प्राणायाम करे। मूत्रछिद्र से खीचें हुये रस को चौबिस मिनट तक रोके फिर बाहर निकाल दे। यह कालसमाधि है।

साधु पुरूषो का संग और दुर्जनों से संकोच का व्यवहार करना चाहिये। प्रत्येक श्वास के साथ अपने लक्ष्य का ध्यान रखें। एक क्षण

के लिए भी जीवन के लक्ष्य को भूले नहीं। ऐसा मनन करते रहना चाहिये कि वह ब्रह्म ही सब रूपों में स्थित है, परन्तु ब्रह्म का कोई रूप नहीं है। इस प्रकार मनन करते-करते जब इस पिण्ड रूपी शरीर का मान नहीं रह जाता तब ब्रह्मैक्य हो जाता है और चित्त पूर्णतया शान्त हो जाता है।

सभी विघ्न, नाना रूपों एवं भावनाओं में विद्यमान रहते हैं। सत्य का ज्ञान ही योग-सिद्धि है।

### योग के स्वरूप भेद

मंत्र योग, हठयोग, लययोग, और राजयोग जिसमें राजाधिराज योग भी है। यही चार मुख्य योग हैं।

### साधक अधिकारी भेद

गुरु को अधिकारी भेद भली भांति समझ लेना चाहिये।

साधक चार प्रकार के होते हैं। मृदु, मध्यम, अधिमात्रिक और अधिमात्रम्। वैयक्तिक गुणों पर अधिकारी भेद आधारित होते है। अधिमात्रम् साधक सर्वश्रेष्ठ है और संसार सागर को लाघंने में पूर्णतया समर्थ हैं।

### १. मृदु साधक

मन्द-उत्साही, मूढ़ भाव वाले, मोह करने वाले, हठी, व्याधियों से जिनका जीवन भरा है, श्रेष्ठ पुरूषों के निन्दक, लोभी, पाप-रत-मति, बहुत भोजन करने वाले, स्त्रीलुब्ध (मन को स्त्रियों में आश्रित करने वाला) चपल कातर, रोगी, पराधीन, अति निष्ठुर, मन्द आचरण वाले, मन्द वीर्य (आलसी) यह मृदु साधक होते है। यदि परम प्रयत्न के साथ यह लोग साधना करे तो १२ वर्षो में योग-सिद्धि प्राप्त करेगें। ये केवल मंत्रयोग के अधिकारी होते हैं।

### २. मध्यम साधक

समत्व बुद्धि वाले, क्षमाशील, पुण्याकांक्षी, प्रियभाषी, समस्त कालों में सामान्य भाव, संशय रहित व्यक्ति मध्यम साधक हैं। ये लय-योग के अधिकारी हैं। गुरु को चाहिये कि साधक के गुण भलीभांति समझ

लें, तभी लय-योग की शिक्षा दें।

### ३. अधिमात्रिक साधक

स्थिर बुद्धि, लग्नशील, स्वाधीन (रोटी कमाने-परिवार एवं संसारिक बोझों से मुक्त) वीर्यवान, शूर, स्थिर आयुवाला, (परिपक्व आयु), श्रद्धावान्, गुरुचरणों का पूजक, धर्यवान हो, तो अधिमात्रिक साधक है। उसे हठ योग की दीक्षा सांगोपांग देनी चाहिये।

### ४. अधिमात्रम् साधक

सभी प्रकार की योग साधनाओं के ये पूर्ण अधिकारी होते हैं। महान पौरूषवाला, उत्साही, मन की गतियों को जानने वाला, शौर्यवान्, शास्त्रज्ञानी, अभ्यासशील, भेद-बुद्धि रहित, आकुलता-हीन, नवयौवन सम्पन्न, मिताहारी, जितेन्द्रिय, निर्भय, पवित्र, दक्ष, दाता, सभी लोगो को सहारा देने वाला, विकारहीन, स्थिर-बुद्धि, बुद्धिमान, यथार्थ इच्छा वाला, (जो अपनी क्रियाओं की बाबत डींग न मारता हो) प्रिय भाषी, शास्त्रों में विश्वासी, देवता एवं श्रेष्ठ जनों के प्रति आदर भाव रखने वाला तथा जन साधारण में अनुरक्ति न रखता हो ओर जिसके शरीर में कोई महान व्याधि न हो, ऐसा साधक अधिमात्रतम कहा गया है अर्थात् योग का सर्वश्रेष्ठ अधिकारी माना गया है। सब प्रकार के योगों की शिक्षा वह ले सकता है ऐसे गुणवाले व्यक्ति के मिलने पर अन्य किसी बात का विचार किये विना योग की सम्पूर्ण शिक्षा देनी चाहिये।

राजयोग अर्थात् आष्टांग योग, जिसकी व्याख्या महर्षि पतंजलि ने की है, उसके साधरण रूप से सभी अधिकारी हैं। आयु, लिंग, देश, जाति के भेद बाधक नहीं हैं। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि, यह राजयोग के आठ अंग है।

### प्रतीकोपासना अर्थात् छाया-पुरूष-सिद्धि

जब धूप भलीभांति तप रही हो, अपनी छाया में ही छाया-पुरूष अर्थात् ईश्वर को, दोनों नेत्रों को अच्छी तरह खोल कर देखे। कुछ समय बाद अपनी उसी छाया को आकाश रूपी आंगन में कल्पना द्वारा देखे। जब अपनी छाया आकाश में दिखाई पड़ने लगे तो समझ ले कि वह

छाया पुरूष ईश्वर है।

शुभ मुहूर्त में जब आकाश स्वच्छ हो सूर्य यौवनावस्था में हो अपना चित्त शांत हो, एकान्त मैदान में अथवा नदी के किनारे अपनी छाया के कंठ अथवा सिर पर त्राटक करे। त्राटक जब स्थिर हो जाये आकाश में देखे। छाया पुरूष के दर्शन आकाश रूपी आंगन में शीघ्र होने लगेगें। भविष्य में होने वाली घटनाओं का आभास मिलने लगेगा।

छाया पुरूष की इस उपासना को प्रतीकोपासना कहते हैं। यह साधना दृष्ट और अदृष्ट अनेकों प्रकार के फल देने वाली है। छाया दर्शन पवित्रता उत्पन्न करता है। इसमें कोई शंका नहीं है। प्रतिदिन अभ्यास करने वाले की आयु बढ़ जाती है और विनाशकारी तत्व नहीं पनपते। आकाश रूपी आंगन में जब अपना प्रतीक (छाया) पूर्ण-रूपेण प्रत्यक्ष होने लगे और साथ में यदि मंत्र जप का अभ्यास किया जाय तब साधक वायु तत्व पर विजय प्राप्त कर लेता है, इच्छा-विचरण सिद्ध हो जाता है। यदि प्रतिदिन अभ्यास चलता रहे तो कुछ समय बाद अपने प्रतीक में परमात्मा के दर्शन होने लगेगें। परमात्मदर्शन का भाव स्थिर होने पर, छाया रूपी पूर्णआनन्दमय एकपुरूष की कृपा से व्यक्ति परमतत्व में स्थित् हो जाता है। साधक अपने पापमय संस्कारों को नष्ट कर लेता है, पुण्यमय संस्कार वृद्धि प्राप्त करते हैं। यात्राकाल, विवाह, शुभकर्मो के अवसर पर तथा संकट काल में उचित आदेश प्राप्त होने लगते हैं। निरन्तर अभ्यास द्वारा छाया पुरूष को साधक अपने अन्तःकरण में देखने लगता है। वह सुख का अधिकारी बनता है। प्रसन्न एवं शान्तिचित्त हो जाता है।

### नाद योग

दोनों कान के छिद्र अंगूठों से बन्द करे, दोनो तर्जनियों से दोनों नेत्र बंद करे तथा अनामिका और कनिष्ठिका उंगलियों से होठों को नीचे ऊपर से दबा ले। वायु को रोक ले। यह अभ्यास योगी दिन प्रतिदिन करे तो आत्मारूपी ज्योति शीघ्र दृष्टिगोचर होगी। लय न टूटे और विशुद्ध एकरस, विमल ज्योति जब दीखने लगे तो कुसंस्कार नष्ट हो जाते हैं और श्रेष्ठ मार्ग में गति होती है। निरन्तर अभ्यास, योगी के पापमय

संस्कारों का पूर्णतया विनाश कर देता है। इन्द्रियां और उनके विषय भूल जाते हैं। साधक शरीर से परे शरीरी (आत्मा) से एकाकार हो जाता है इस क्रिया का अभ्यास गुप्त भाव से यदि सर्वदा करता रहे तो साधक ब्रह्मलीन होता है, चाहे उसने पापकर्म ही क्यों न किये हों। यह शीघ्र लाभ देने वाली साधना रहस्यमय है। निर्वाण प्रदान करने वाली है एवं प्रयत्न पूर्वक अभ्यास करने योग्य है। भगवान् शंकर कहते हैं कि यह क्रिया मेरी प्रिय साधना है।

अभ्यास करते करते कुछ समय पश्चात् नाद की उत्पति होती है। भौंरों की गुंजार तथा वीणा के स्वर के समान मंत्र गूंजने लगता है। साधक की नाद विषयक अनुभूति यही है। कुछ समय बाद घंटा बजने के स्वर, तत्पश्चात् मेघ गर्जन का नाद अनुभव में आता है। अभ्यास करते रहने पर, संसार में उत्पन्न होने वाले दुःख नष्ट हो जाते हैं। नाद में चित्त लगाकर साधक जब स्थिर हो जाता है तो लय-लोग सिद्ध हो जाता है। नाद में योगी का चित्त निरन्तर रहने रमने लगता है, सभी बाहरी वस्तुएं विस्मृत हो जाती है, चित्त-वृत्तियों का शमन हो जाता है। लगातार अभ्यास द्वारा साधक अनेक सिद्धियां प्राप्त कर लेता है। कर्मक्षेत्र में संकल्प रहित होकर वह क्रियाशील रहता है। चित्तरूपी आकाश में लय प्राप्त करता है, अर्थात् चित्त की चंचलता शान्त हो जाती है। सृष्टि लीला में पात्र भाव से अलिप्त, अपने लाभ हानि के विचारों से परे रहकर कर्म करता रहता है।

सिद्ध-आसन के समान आसन नहीं है, कुम्भक के समान बलदायी क्रिया नहीं है, खेचरी के समान कोई मुद्रा नहीं है तथा नाद योग के समान अन्य कोई लय-योग नहीं है।

## मुक्त पुरूषों के अनुभव

मुक्त पुरूषों के अनुभव जानकर पाप-संस्कारों से युक्त साधक भी मुक्ति लाभ करते हैं। साधक अपने इष्ट की भली प्रकार पूजा करे और उन्हीं के पास उत्तम योगों की साधना करे। आसन सुखदायी हो अर्थात् सरल हो। गुरु से भलीभांति योग क्रियाओं की दीक्षा ले। योग्य गुरु को जीवनोपयोगी सभी वस्तुयें देकर प्रयत्नपूर्वक संतुष्ट करे। बुद्धिमान

ब्राह्मणों को संतुष्ट करे। नाना प्रकार की मंगल वस्तुओं को धारण करे। मंदिर में पवित्र होकर कल्याणकारक योग का ज्ञान ग्रहण करे। जन सम्पर्क से अलग, पद्मासन में स्थित दोनों विज्ञान नाड़ियों (इड़ा और पिंगला) को उंगलियों से रोक ले। प्राणायाम का अभ्यास करे। परिश्रमपूर्वक अभ्यास करने पर योगी का प्राणायाम सिद्ध हो जाता है, सुख रूपी निरजंन का अनुभव होने लगता है और सिद्धियां प्राप्त होने लगती हैं। प्राणायाम के गहन अभ्यास द्वारा वायुसिद्धि प्राप्त होती है और अन्य सिद्धियां दूर नहीं रह जातीं। नित्यप्रति के प्राणायाम अभ्यास से पापमय संस्कार नष्ट होते हैं तथा प्राण सुषुम्ना में प्रवेश करने लगता है। देवपूजन करता हुआ अभ्यास में लगा हुआ योगी अणिमादि सिद्धियों को प्राप्त कर तीनों लोकों में भ्रमण कर सकता है। योगी जिस भाव को लेकर प्राणायाम का अभ्यास करता है, उसी भाव के अनुरूप उसका शरीर हो जाता है। आत्मभाव में स्थित होकर वह योगी सृष्टिलीला में निर्विकार योगदान करता है।

मैं अपने अनुभव के प्रमाण से साधनाफल का युक्तियुक्त वर्णन बताता हूं। योग रहस्यमय साधना है। अधिकारी का निर्णय किये बिना सभी व्यक्तियों को इसका उपदेश नहीं करना चाहिये।

कण्ठ-कूप के नीचे कूर्मनाड़ी स्थित है, इसमें मन को लगाने से चित्त की स्थिरता शीघ्र प्राप्त होती है।

सिर के कपाल भाग में रूद्राक्ष के समान बिंवर है। इसमें ध्यान लगाने से विद्युत प्रकाश का अनुभव होता है। इस चिन्तन द्वारा पापमय संस्कार नष्ट होते हैं एवं दुराचारी व्यक्ति भी श्रेष्ठ पथ प्राप्त करने लगता है। दिन रात यदि इस पर ध्यान स्थिर रहे तो सिद्ध पुरूषों के दर्शन तथा उनसे वार्तालाप का निश्चित लाभ प्राप्त होता है। इस शून्य स्थान का चिन्तन वैठे हुये, भोजन करते हुये, सोते हुये, दिन रात करते रहना सम्भव है। अभ्यास करते रहने पर योगी का आकाश तत्व प्रधान हो जाता है। वह अपने चित्तरूपी आकाश में शान्त सुस्थिर हो जाता है, अर्थात् साधक का चित्त स्पंदनहीन हो जाता है। योगी अन्तरमुखी होकर चित्त में भ्रमण करता है।

ध्यान की क्रिया को भली भांति जानकर-समझकर सिद्धि चाहने वाला योगी निरन्तर अभ्यास करे। भगवान् शंकर कहते हैं कि सतत् अभ्यास द्वारा योगी मेरे समान ईश्वरत्व और शक्ति प्राप्त करेगा। ध्यान-अभ्यास के बल पर योगी सर्वलोकप्रिय बन जाता है। सृष्टि के कारणरूप सब भूतों पर विजय प्राप्त कर अपरिगृही एवं पूर्णकाम हो जाता है।

पद्मासन में स्थित जो साधक नाक के अग्र भाग पर दृष्टि स्थिर करता है, उसके मन के सभी संकल्प-विकल्प नष्ट हो जाते हैं और आकाशचारी सिद्धि प्राप्त होती है।

जो योगी शुद्ध चित्त श्रद्धापूर्वक ज्योति का दर्शन करता रहता है, वह अपने अभ्यास के बल पर स्वयं उस ज्योति का अधिकारी हो जाता है।

भूमि पर चित्त लेटकर आज्ञा चक्र में ज्योति का ध्यान करने से श्रम का तत्काल नाश होता है और श्वास पर संयम प्राप्त होता है।

सिर के पिछले भाग पर ध्यान करने से हानिकारक तत्वों पर विजय प्राप्त होती है। मृत्यु टल जाती है। आज्ञाचक्र में दृष्टि स्थिर करने से योगी अद्वितीय कीर्ति अर्जन करता है।

### भोजन एवं रस

चार प्रकार के भोजन लेह्य, चोष्य, चर्व्य और पेय ही हैं। शरीर मे भोजन से उत्पन्न होने वाले रस तीन भागों में बंट जाते हैं। सारतम भाग शरीर के सूक्ष्मतम अंगों का पोषण करता है, जैसे बुद्धि, मन, एवं इन्द्रियां आदि। रस का दूसरा भाग सप्त धातुमय शरीर पिंण्ड का पोषण करता है। रस का तीसरा भाग विष्ठा और मूत्र के साथ बाहर निकल जाता है। अन्न का आधा भाग सम्पूर्ण नाड़ियों के द्वारा सम्पूर्ण नाड़ियों का पोषण करता हुआ शरीर का रक्षण करता है। वायु का संचार नाड़ियों के द्वारा सम्पूर्ण शरीर में होता है। उसी माध्यम से अन्नों का रस समान रूप से अंगों को पुष्ट करता है नाड़ियों में चौदह नाड़ियां प्राण-प्रवाह की क्रिया में मुख्य हैं। अन्य नाड़ियां इनके अधीन है।

## कुण्डलिनी, एवं मूलाधार चक्र

गुदाद्वार से दो अंगुल ऊपर, लिंगमूल से एक अंगुल नीचे स्वस्तिक-चिन्ह के समान चार अंगुल का चौकोर कन्द है। कन्द के मध्य में पीछे की ओर मुख किये हुये योनि है, जिनमें कुण्डलिनी विद्यमान है। कुण्डलिनी आठ स्थानों से टेढ़ी है और स्वयं को पूर्णरूपेण लपेटे हुए पूंछ को अपने मुख में लेकर सुषुम्ना नाड़ी के मुख पर स्थित है यह सोई हुई नागिन के समान है और अपनी ही प्रभा से प्रकाशित होती रहती है, स्वयं प्रकाश है। इसमें सर्प के समान अत्यन्त सूक्ष्म ग्रन्थियां हैं। वाग्देवी अर्थात् वाणी की अधिष्ठात्री देवी वीज रूप से यहीं स्थित मानी गई हैं यही वाणी का उत्पत्ति स्थान है।

कुण्डलिनी शक्ति को वैष्णवी शक्ति भी माना गया है। यह शुद्ध स्वर्ण आभा वाली है, सतोगुण, रजोगुण और तमोगुण को विकसित करती है। किसी किसी ग्रन्थ में कुण्डलिनी में स्थित श्रेष्ठ तेज़ को बीज कहा गया है क्रिया और विज्ञान से युक्त तेज बीज मूलाधार चक्र में योनि में स्थित है। वंधूक पुष्प के रंग वाला कामवीज भी वहीं स्थित माना गया है। इस कामवीज को कुछ लेखकों ने हंस भी कहा है। पिंगला नाड़ी के पास ही परमतेजोमय तेजबीज की स्थिति भी मानी गई है। इस प्रकार कतिपय योगियों ने मूलाधार में ही वाग्वीज, कामवीज और तेज अथवा शक्ति वीज की स्थिति मानकर, त्रिपुरभैरवी का स्थान वहीं मान लिया है। मूलाधार की चार दिशाओं में चार पंखुड़ियां हैं। इनको वर्ण माला के चारों अक्षरों का (व, श, ष, और स) उत्पत्ति स्थान माना गया है। इस कमल को कुल कहा गया है जो कि स्वयंभूलिंग से युक्त है और स्वर्ण आभावाला है। यहां का सिद्ध चिन्ह हाथी तथा अधिष्ठात्री देवी डाकनी हैं। मूलाधार चक्र के बीच में योनि है और योनि में कुण्डलिनी हैं जिसके ऊपर प्रकाशभय तेजबीज स्वतंत्र रूप से भ्रमण करने वाला और इस प्रकार कुण्डलिनी की परिक्रमा करने वाला माना गया है।

इस मूलाधार चक्र में जो ध्यान करता है, उसे प्रथम दादुरी सिद्धि प्राप्त होती है। तत्पश्चात् भूमि से ऊपर उठने की सिद्धि मिलती है। कान्तिमय शरीर, उत्कृष्ट जठराग्नि, आरोग्य, कार्यपटुता एवं अंगों की क्रियाशीलता बढ़ती है। साधक भूत भविष्य की सभी बातों का ज्ञाता

हो जाता है। साधक शास्त्रों के सत्य अर्थ अर्थात् रहस्य को जान जाता है। जिन शास्त्रों को न कभी सुना हो न पढ़ा हो उनका रहस्य भी जानने लगता है। सरस्वती देवी साधक की वाणी में नृत्य करने लगती है। मंत्र-सिद्धि शीघ्र होने लगती है। ऐसे साधक को विजय वरण करती है। बुढ़ापा एवं मृत्यु कारक दोष समूह नष्ट हो जाते हैं अर्थात् कायाकष्ट और विस्मृत आदि दोष नहीं उत्पन्न होते। अनेक प्रवृतिकारक गुणों का भी शमन हो जाता है। चित्त-शांति प्राप्त होती है। समभाव में स्थित व्यक्ति निर्लिप्त होकर कर्म करता रहता है। प्राणायाम करने वाले साधकों को कुण्डलिनी शक्ति का निरन्तर ध्यान करना चाहिये, क्योंकि योगी जब मूलाधार-स्थित स्वयंभूलिंग का ध्यान करने लगता है तो अनेकों दुःखो से छुटकारा पाने लगता है। ध्यान-सिद्धि और कुण्डलिनी-सिद्धि के पश्चात् दुःखपूर्ण संस्कारों एवं परिस्थितियों से छुटकारा पाने के लिए एक क्षण का ध्यान शक्तिशाली होता है। योगी जिस वस्तु की कामना करता है उसे सहज ही प्राप्त कर लेता है। शक्ति-तत्व के पूर्ण जागरण के पश्चात् कुछ भी अप्राप्त नहीं रह जाता। कुण्डलिनी शक्ति को जागृत करने के पश्चात यदि निरन्तर एक वर्ष तक अभ्यास चलता रहे, तो संपूर्ण मुक्ति दायी तत्व प्राप्त होने लगते हैं।

मूलाधार चक्र के योनि-स्थान में जो स्वयंभूलिंग स्थित है, वह तंत्र शास्त्र का सर्व श्रेष्ठ तत्व है। इससे बड़ी शक्ति शरीर में अन्य कहीं नहीं है। अपने भीतर लिंग अर्थात् चिन्ह को छोड़कर बाह्य संसार में स्थित लिंगों और चिन्हों की जो व्यक्ति पूजा करता है, वह अपने घर की अथवा स्वयं प्राप्त महान् शक्ति को भूलकर शक्तिहीन वस्तुओं में जीवनी शक्ति की आशा करता हुआ भ्रमित रहता है। स्वयं में स्थित स्वंयभूलिंग की अर्चना निरालस्य होकर करनी चाहिये। छः महिनों के निरन्तर अभ्यास द्वारा सकल सिद्धियां प्राप्त होती है। शक्ति प्राप्ति के लिये अन्य किसी साधना का विचार करना व्यर्थ है। अभ्यास के कारण शीध्र की सुषुम्ना नाड़ी में वायु सहज भाव से प्रवेश करने लगती है। इसके बाद मन की गतियों पर विजय प्राप्त होने लगती है तथा वायु और विन्दु पर अधिकार प्राप्त होने लगता है इसके बाद मन की गतियों पर विजय प्राप्त हो जाती है कामनाओं पर पूर्ण विजय होने लगती है और एहिक तथा आमुष्मिकी सिद्धियां (लौकिक तथा पारलौकिक) प्राप्त होने लगती है।

## स्वाधिष्ठान चक्र

लिंगमूल में मूलाधार-स्थान के ऊपर (पेडू में) स्वाधिष्ठान चक्र है जो लाल वर्ण के कमल के समान है। ६ दल हैं जिन पर वर्णमाला के छः अक्षर (व, भ, म, य, र, ल) स्थित है। अर्थात् ६ अक्षरों का यह उत्पति स्थान है। बालनामक सिद्ध का स्थान है तथा अधिष्ठातृदेवी का नाम राकिनी है। दिव्य स्वाधिष्ठान चक्र पर ध्यान स्थिर करने वाले व्यक्ति पर कामिनियां मोहित हो जाती हैं। बिना पढ़े और बिना सुने हुये शास्त्रों का ज्ञान आविर्भूत होता है। सब प्रकार के रोगों से मुक्ति मिलती है। भ्रम-रहित होकर साधक पृथ्वी पर जीवन यापन करता है। मरण क्रिया को साधक बांध देता है और उसे बंधन में कोई नहीं डाल पाता। परम सिद्धि प्राप्त होती है, जिनमें अणिमादि आठ ऐश्वर्यो का समावेश है। वायु संचार भलीभांति होने के कारण शरीर में लाभदायी रसों की वृद्धि होती है। सहस्त्रार से टपकने वाले अमृत-रस की मात्रा बढ़ जाती है।

## मणिपुर चक्र

यह नाभि स्थान में स्थित तीसरा चक्र अथवा कमल है। दस पंखुड़ियां है और वर्णमाला के दस अक्षरों (ड, ढ, ण, त, थ, द, घ, न, प, फ,) का उत्पति स्थान है। विष्णु देवता अधिष्ठता हैं, मंदाकिनी सिद्धि है, किन्नरी देवी है।

इस चक्र पर ध्यान करने से योगी को पाताल सिद्धि प्राप्त होती है। अर्थात् नाभि के नीचे के सभी अंगों की शुद्धि और उन पर विजय मिलती है। सुख का धारा-प्रवाह अनुभव होता है। मनचाही घटनायें होने लगती हैं। दुःख और रोग का नाश हो जाता है। काल बाधा प्रभावित नहीं करती, परकाया-प्रवेश की क्षमता प्राप्त होती है। सुवर्ण बनाने की क्रिया अथवा सिद्धि मिलती है। सिद्धों का दर्शन होने लगता है, औषधियों को तथा धरती में छिपे खज़ानों को जानने की शक्ति मिलती है।

### अनाहत चक्र

चौथे कमल या अनाहत चक्र का स्थान हृदय है। यह बारह पंखुड़ियों वाला है। वर्णमाला के बारह अक्षरों (क, ख, ग, घ, ङ, च, छ, ज, झ, ञ, ट, ठ) का उत्पति स्थान है इस कमल पर अत्यन्त लाल रंग का परम तेज युक्त बाणलिंग स्थित माना गया है। यह सुख स्थान है, कामनाओं का अधिष्ठत्ता है। इस कमल में ध्यान स्थिर करने पर दृष्ट और अदृष्ट का ज्ञान होने लगता है। जाने-अनजाने फल अथवा लाभ प्राप्त होते हैं। यह पिनाकी नामक सिद्ध का स्थान कहा गया है। कांकिनी अधिष्ठातृ देवी कही गयी है। शरीर सुन्दर और आकर्षक हो जाता है। अप्रतिम ज्ञान, त्रिकाल ज्ञान, दूर छुति, दूरदृष्टि, स्वेच्छागमन आदि गुण प्राप्त होते हैं। सिद्धों और योगियों के दर्शन होने लगते हैं। आकाश गमन की क्षमता प्राप्त होती है एवं आकाशचारी सभी जीव मित्रभाव रखते हैं।

प्रथम बाणलिंग मूलाधार में है। दूसरा बाणलिंग का स्थान अनाहत है। तीसरा वाणलिंग आज्ञाचक्र में माना गया है। अनाहत चक्र में ध्यान स्थिर करने का माहात्म्य ब्रह्मादि सकल देवता भी ठीक-२ वर्णन नहीं कर सकते। यह चक्र महान् रहस्यों का स्थान है।

### विशुद्ध चक्र

यह पांचवा चक्र कंठस्थान में स्थित चक्र कहा जाता है। सोलह पंखुड़ियों वाला यह चक्र वर्णमाला के सोलह अक्षरों (अ, आ, इ, ई, ऊ, उ, ऋ, ल, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः) का उत्पति स्थान है। शुद्ध स्वर्ण की आभा वाला है।

यह छगल, नामक सिद्ध का स्थान है। शालिनी अधिष्ठातृदेवी है। इस चक्र में ध्यान करने से पांडित्य बढ़ता है। चारों वेदों का वर्णन करने में ब्रह्मा के समान योग्यता प्राप्त होती है। योगी के लिये इस चक्र का ध्यान गुणकारी है। योगी का मन जब इस चक्र में स्थिर हो जाता है, देवताओं के दर्शन होने लगते हैं। बाह्य वस्तुओं से चित्त निवृत होकर अपने अंतर में स्थित हो जाता है। शरीर की शक्तियों का ह्रास नहीं होता है। हजार वर्षो तक भी शरीर मजबूत और स्वस्थ रह सकता है। इस चक्र में ध्यान स्थिर करने वाला योगी सहस्त्र वर्षो का समय क्षण के समान बिता देता है अर्थात् समय का प्रवाह योगी को प्रभावित नहीं करता।

## आज्ञा चक्र

शरीर में स्थित चक्रों में छठवां चक्र आज्ञा चक्र है। यह भूमध्य में स्थित है। हंस की तरह शुभ्र आभा वाला है। महाकाल सिद्ध का स्थान है एवं हाकिनी देवी है। इस चक्र में शरत्कालीन चंद्रमा की कान्ति छायी रहती है। दो पंखुड़ियों वाला है। वर्ण-माला के दो अक्षर (ह, क्ष) का उत्पत्ति स्थान है। परमहंस पुरूष का स्थान यहां माना गया है। इस चक्र को सिद्ध करने पर किसी दुःख का अनुभव नहीं होता। धैर्य बहुत बढ़ता है। यहां परमतेजमय देवता का भी स्थान कहा गया है और इस चक्र को सभी तंत्रों में महत्वपूर्ण स्थान दिया है। यहां ध्यान करने से परासिद्धि प्राप्त होती है।

तीसरे वाणलिंग की स्थिति इस आज्ञा चक्र में मानी गई है। यह मुक्तिदायक चक्र है। भगवान शंकर कहते हैं कि इस चक्र में ध्यान करने वाला मेरे समान हो जाता है, इसमें कोई संशय नहीं है।

शास्त्रों में इड़ा नाड़ी को वरूणा नदी कहा गया है। पिंगला को असी नदी माना है। वरूणा और असी के बीच स्थित वाराणसी यही आज्ञा चक्र है। विश्वनाथ का निवास इसी में है। ऋषियों, महार्षियों एवं शास्त्रकारों द्वारा इस चक्र में माहात्म्य का अत्यधिक वर्णन किया गया है। इस चक्र को श्रेष्ठतम चक्र बताया है।

मेरूदण्ड के सहारे स्थित सुषुम्ना नाड़ी ब्रह्मरन्ध्र से मूलाधार तक गई है। सुषुम्ना ही गंगा कही गई है। यह बायें नासापुट के पास से गुजरती है और आज्ञा चक्र के दायें होकर जाती है। वाराणसी में तीनों नदियों की जैसी स्थिति है, उसी की कल्पना यहां की गयी है।

## सहस्त्रार

ब्रह्मरन्ध्र में स्थित कमल सप्तम चक्र है। इसमें एक हजार पंखुड़ियां हैं। सहस्त्रार कंदरूपी है। कंद में योनि स्थान है। योनि में चंद्रमा की स्थिति है। योनि त्रिकोणकार है और इससे जीवन पोषक अमृत टपकता है। चन्द्रमा से अमृत रस बहकर इड़ा नाड़ी में गिरता है। यह अमृत-धारा निरंतर प्रवाहित होती रहती है।यह इड़ा नाड़ी आज्ञाचक्र के दाहिने होकर बायें नासापुट में आती है इड़ा का उद्गम स्थान अथवा आरम्भ स्थान

वाम नासापुट है। पिंगला का उद्गम दक्षिण नासापुट है और सुषुम्ना का उद्गम ब्रह्मरन्ध्र है।

कंद रूपी मूलाधार की योनि में सूर्य है। सूर्य से कठोर विष अथवा ताप प्रवाहित होता है, जिसकी गर्मी पिंगला नाड़ी द्वारा शरीर में फैलती है। यह तेज रूपी विष दक्षिण नासापुट में पिंगला से प्रवाहित होकर आता है। इड़ा अधोवाहिनी है और पिंगला ऊर्ध्वाहिनी है। सुषुम्ना निश्चेष्ट है, जो प्राणायाम की साधना द्वारा संचारित की जाती है। इसमें होकर कुंडलिती शक्ति ऊपर एवं नीचे दोनों दिशाओं में प्रवाहित होती हैं। आज्ञाचक्र में पीठत्रय माना गया है क्योंकि वहां से पिंगला, इड़ा और सुषुम्ना तीनों गुजरती है। पीठत्रय में नाद-बिन्दु और शक्ति का सुमेल है। आज्ञाचक्र अर्थात् पीठत्रय में ध्यान स्थिर करने वाला योगी अपने पूर्व जन्मों का स्मरण प्राप्त कर लेता है। यक्ष, गन्धर्व, अप्सरायें आदि ऐसे ध्यान-सिद्ध योगी के अधीन हो जाते हैं। उस योगी की चरण सेवा सभी जीव उसके वशीभूत होकर करते हैं। इस आज्ञाचक्र में ध्यान के साथ-साथ योगी अपनी जिव्हा को उलट कर लंबिका के पीछे गड्ढे में प्रवेश करा देते हैं, अर्थात् ध्यान के साथ-२ खेचरी मुद्रा लगा लेते हैं।

मन का स्थान आज्ञा चक्र में है। यदि चंचल मन अपने स्थान पर थोड़ी देर के लिये भी स्थिर होने लगे तो योगी के पाप-संस्कार-समूह नष्ट होने लगते हैं। आज्ञा चक्र में ध्यान करने से अनेक फल प्राप्त होते हैं। वासनाओं के बन्धनों से मुक्ति मिलती है और योगी प्रसन्नता प्राप्त करता है। मृत्यु के समय जो योगी आज्ञाचक्र में ध्यान करता है परमात्मा में लीन होता है। बैठे, चलते, सोते, खाते यहां तक कि सांस लेते हुये भी जो योगी आज्ञा चक्र में ध्यानरत रहता है वह पाप कर्म करता हुआ भी पाप-संस्कार ग्रहण नहीं करता। द्वन्द्वों से मुक्त आत्म-प्रकाश से युक्त होता है। भगवान शंकर कहते हैं कि आज्ञाचक्र के माहात्म्य का वर्णन में भी पूरी तरह नहीं कर सकता। ब्रह्मादि देवता भी इस चक्र का वर्णन अंशमात्र ही कर पाते है। अब तब वर्णित सभी गुण, ऐश्वर्य और सिद्धियां आज्ञा चक्र में ध्यान करने से प्राप्त हो सकती है।

तालुमूल के ऊपर सहस्त्रार कमल अथवा चक्र है। सुषुम्ना का आरम्भ इसी चक्र के छिद्र (योनि) से होता है। सुषुम्ना का मुख नीचे

मूलाधार में स्थित है, जहां के योनि-स्थान में सुषुम्ना समाप्त होती है। शरीर की सभी नाड़ियों की यह आश्रय है। भूतमयी सृष्टि का बीज यही सुषुम्ना है। यही ब्रह्म-मार्ग प्रदान करने वाली भी है।

तालुमूल के ऊपर जो सहस्त्रार-पद्म का कंद है उसमें स्थित योनि पीठ की ओर मुंह करके यह स्थित है। योनि के छिद्र में सुषुम्ना का मूल है। ब्रह्मरन्ध्र से मूलाधार तक फैली हुई तंतु के समान सुषुम्ना में कुंडलिनी शक्ति का चालन होता है। सुषुम्ना के भीतर चित्रा नाड़ी स्थित रहती है, उसी में ब्रह्मरन्ध्रादि की कल्पना करनी चाहिये लेकिन सुषुम्ना लिखने की पद्धति बन गई है। चित्रानाड़ी इतनी महान है कि उसके चिन्तन मात्र से पापमय संस्कार नष्ट होने लगते हैं।

कुंडलिनी शक्ति अपनी पूँछ को अपने मुख में रखकर सुषुम्ना द्वार को आच्छादित करके सोई रहती है, इसीलिये सुषुम्ना नाड़ी में वायु का आवागमन नहीं होता। योगी वायु-संचार करना चाहता है और इसी एक उद्देश्य-प्राप्ति के लिये अनेक क्रियायें करता है। जब तक सुषुम्ना नहीं जागृत होती तभी तक भ्रमों का अस्तित्व रहता है। सभी नाड़ियों को छोड़ कर, योगी केवल एक ही बात की साधना करता है कि सुषुम्ना के मुख को कुंडलिनी छोड़े और सुषुम्ना में वायु-संचार किसी प्रकार से भी हो जाये।

मूलाधार मे स्थित त्रिकोणाकार योनि के बायें कोण से इड़ा, दाहिने कोण से पिंगला तथा योनि छिद्र के मध्य से सुषुम्ना का सम्बन्ध है। केवल सुषुम्ना ही ब्रह्मरन्ध्र तक जाने वाली नाड़ी है। अच्छे साधक निस्सन्देह जानते हैं कि अनेक बन्धनों से मुक्ति तभी मिलती है जब शक्ति का सम्बन्ध शिव से इस सुषुम्ना मार्ग द्वारा हो जाता है।

जैसे गंगा और यमुना के मध्य से सरस्वती गुप्त रूप से स्थित है और जैसे अनेक संगम में स्नान करने वाला श्रेष्ठ गति प्राप्त करता है, उसी प्रकार योगी के लिये इन तीनों इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना का संगम प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। यमुना काले रंग की है, गंगा श्वेत है, सरस्वती गुप्त रंग वाली है। इनके संगम रूपी प्रयाग राज में मनसहित स्नान करने वाला श्रेष्ठ मार्गगामी होता है और सब पापो को भस्म करके ब्रह्ममय हो जाता है। संगम पर पितृ-तर्पण का बड़ा महत्व बताया गया है। नाड़ीत्रय के कर्म का जागृत करना ही पितृतारक क्रिया है।

तीनों नाड़ियों और योग भाषा में वर्णित तीन नाड़ियों के संगम की तरह हमारे कर्मो की भी एक त्रिवेणी है। नित्य, नैमित्तिक एवं काम्य कर्मो का आचरण विचार पूर्वक एवं लगन पूर्वक करना चाहिये। तीनों नाड़ियों के संगम पर भी उसी प्रकार योगी को बारबार अपने मन को स्नान कराना चाहिये। जो व्यक्ति एक बार संगम पर स्नान कर लेता है दिव्य सुख का अनुभव करता है। योगी अपने सभी प्रकार के संस्कारों एवं पापमय को भस्म करते हुये, इस शरीर स्थित त्रिवेणी में बारबार स्नान करता है। पवित्र तथा अवपवित्र सभी अवस्थाओं में यह योग [illegible] रूपी स्नान लाभदायी है। स्नान शुद्धि कारक है इसलिये योगी चाहे जिस भाव में हो, त्रिवेणी के स्नान हेतु प्रयत्नशील रहता है। मृत्यु के समय [illegible]र जैसे त्रिवेणी में शरीर का विसर्जन मुक्तिदायक कहा गया है, उसी प्र[illegible]ार योगी का मन मृत्युकाल में यदि त्रिवेणी में स्थित होता है तो योग[illegible] मुक्ति का अधिकारी हो जाता है। तंत्र-शास्त्र मे इन तीन नाड़ियों क[illegible] क्रिया के समान अन्य कोई वस्तु रहस्यमय नहीं है। इन्हीं ता[illegible] [illegible]ृष्टि के बन्धन एवं मुक्तिहारिणी शक्तियां निहित हैं।

इन रहस्यों को अनाधिकारी को बताने से लाभ के बदले हानि होती है। [illegible]सी प्रकार सहस्त्रार में ध्यान स्थिर करने से भी अनेक लाभ होते हैं।

साधक का मन यदि एक क्षण के लिये सहस्त्रार में टिका रह जाये तो पापमय विचार नष्ट होने लगते हैं। पतन करने वाले विचारों का त्याग ही मुक्ति की साधना है। जिसका मन जिसमें लीन होता है अथवा रमता है, उसी को प्राप्त करता है अर्थात् उसी राह पर चलता है। श्रेष्ठ योगी अणिमादि ऐश्वर्यो को भोगकर मुझसे एकाकार हो जाता है। ब्रह्मरन्ध्र एवं सहस्त्रार को भली भांति जानने से व्यक्ति सर्वशक्तिमान सत्ता का प्रिय पात्र बनता है। उसे पाप पर विजय प्राप्त होती है, मुक्ति-मार्ग का अधिकार मिलता है।

भगवान शंकर कहते हैं मैं भी साधक को विलक्षण ज्ञान प्रदान करता हूं। ब्रंह्मादि देवताओं के लिये ब्रंह्मरन्ध्र तथा सहस्त्रार का ज्ञान महत्वपूर्ण है। इस ज्ञान की प्रयत्लनपूर्वक रक्षा करनी चाहिये। सृष्टि का रहस्य इस ज्ञान में है।

ब्रह्मरन्ध्र में स्थित सहस्त्र दल कमल में योनि स्थान के नीचे चन्द्र मंडल है। बुद्धिमान साधक इस चन्द्रमंडल का ध्यान करते हैं जिससे पृथ्वी पर योगियों को पूज्य स्थान प्राप्त होता है। योगी ऐसे गुणों को अपने मे जगा लेता है जिससे संसारी उसे मान देते हैं। योगी अपनी इच्छानुसार देवताओं के लिये पूज्य एवं सिद्धों में सर्व श्रेष्ठ सिद्ध बन सकता है।

सिर के कपाल-विवर में दूध के समान तरल पद्धार्थ से भरा सागर स्थित है, वहीं स्थित चन्द्रमा का ध्यान करे। चन्द्रमा १६ कला से युक्त है। उस क्षीर सागर में चन्द्रमा के समान शीतल एवं सूर्य के समान देदीप्यमान हंस विहार करता है। यह तारने वाला निरंजन तत्व प्रत्येक मानव शरीर के अन्दर है। निरन्तर अभ्यास करने पर निश्चित रूप से इस हंस का आभास ३ दिनों में साधक को प्राप्त हो जाता है। इसके दर्शन मात्र से साधक के पापमय संस्कार नष्ट होने लगते हैं। अज्ञात का ज्ञान होने लगता है चित्त शुद्धि होने लगती है। निरन्तर अभ्यास द्वारा महान पातकों के समूह भी शीघ्र नष्ट हो जाते हैं। संसार में जीवों को प्रभावित करने वाले ग्रह, साधक के अनुकूल हो जाते हैं और ग्रहों से उत्पन्न होने वाले उपद्रव शान्त हो जाते है। बाधाएं शान्त होकर टल जाती हैं, और युद्ध आदि में विजय प्राप्त होती है। आकाशगमन और भूचरी सिद्धियां प्राप्त होने लगती हैं। माहात्म्य कहां तक कहा जाये। अन्य विचार सब व्यर्थ हैं क्योंकि ध्यान से सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है। सतत् अभ्यास द्वारा ही सिद्धियां मिलती हैं, सोचने विचारने और अनेक कर्म करने से नहीं। भगवान शंकर प्रतिज्ञा पूर्वक कहते हैं कोई भी साधक, मेरे समान बन सकता है।

योग-शास्त्र के अध्ययन में एवं योग की क्रियायों में लगे हुये सभी योगियों को शरीर के ऊपरी सिरे पर स्थित, दिव्य सहस्त्र दल कमल ही योगसिद्धि देने वाला है। पिण्ड रूपी इस शरीर की क्रियायों से बाहर मुक्तिदायक तत्व शिरोभाग में स्थित है। इसे क्षीर सागर एवं विष्णु स्थान भी कहा गया है और इसे ही महेश्वर का निवासस्थान कैलास भी कहा गया है। यही स्थान तंत्रशास्त्र में अकुल कहा गया है, क्योंकि यह अविनाशी है। क्षय एवं बृद्धि की क्रियाओं से रहित है तथा संसार लीला

से अप्रभावित है। इस स्थान के ज्ञान मात्र से संसार में भ्रमित व्यक्ति द्वन्द्व भावों से मुक्त हो जाता है। निरन्तर अभ्यास द्वारा, योगी भूत समूह को मारने एवं जीवित करने की शक्ति प्राप्त कर सकता है। सहस्त्र दल कमल के ऊपर क्षीर सागर में हंस के निवास स्थान का अनेकों रूपकों द्वारा वर्णन किया जाता है। मन लगाकर व्याधि रहित होकर, योगी यदि अपनी चेतना को हंस में स्थित कर दे तो पाप संस्कारों से उत्पन्न बाधाओं पर विजय प्राप्त हो जायेगी। जब चित्त वृत्तियां कुल स्थान में, जो परमेश्वर का सूक्ष्म रूप से द्योतक है, पूर्णतया लीन हो जाती हैं तो परमेश्वरी को समाधि प्राप्त होती है और चचंलता पूर्णतया नष्ट हो जाती है। निरन्तर ध्यान के अभ्यास से योगी वाह्य जगत का विस्मरण कर लेता है। इस स्थिति में पहुंचने पर योगी को विचित्र सामर्थ्य प्राप्त होता है। इसी स्थान से निकले हुये अमृत रस का योगी निरन्तर पान करता रहता है। बार-बांर मरने और जन्म लेने के विधान पर जिसे कुल कहा गया है–विजय प्राप्त होती है। कुंडलिनी शक्ति इसी अकुल स्थान में लीन होती है। चारों प्रकार की सृष्टि अंहज, वेदज, उद्‌भिज और पिन्डज योगी के लिये विलीन हो जाती है। जहां जाकर चित्तवृत्ति विषयों से हटकर पूर्ण आनन्द मे लीन होती है, उसी की साधना विचारशील योगी परिश्रमपूर्वक करता है।

जब तक चित्त-वृत्तियां पूर्णतया शान्त नहीं हो जाती, तब तक साधक योगी नहीं कहा जा सकता। चित्त-वृत्तियों के लीन होने पर ही अखंड ज्ञान रूपी निरन्जन की प्राप्ति होती है। अपने शरीर के बाहर अपने प्रतीक की उपासना, जो पहले बताई गई है, सिद्ध करके अपने सिर के इस महत्वपूर्ण स्थान में लाकर निरन्तर चिन्तन करना चाहिये। प्रतीक आदि, अन्त और मध्य से परे है। करोडों चन्द्रमा के समान शीतल है। अभ्यास से इसकी सिद्धि प्राप्त होगी। आलस्यहीन होकर जो साधक एक वर्ष तक अपने प्रतीक का ध्यान प्रतिदिन करता रहता है, उसे शनैः शनैः सकल सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं। मन यदि आधे क्षण के लिए भी इस प्रकार ध्यान मे निश्चल हो कर टिक जाये तो पाप-संस्कार उसी क्षण नष्ट होने लगते है। जिसके दर्शन कर लेने पर मृत्युमय संस्कार से साधक पार हो जाता है, उसका अभ्यास प्रयत्नपूर्वक अनुष्ठान रूप में

बताये हुए मार्ग पर करना चाहिये।

भगवान् शंकर कहते हैं कि ध्यान का माहात्म्य इतना विशाल है कि मैं भी पूर्ण वर्णन नहीं कर सकता। ध्यान की साधना के कारण ही साधक विचित्र वस्तुओं को पाने और देखने की शक्ति प्राप्त करता है। अणिमा आदि सिद्धियां अपने वश में कर लेता है। सृष्टि के सम्पूर्ण सम्भव लाभ प्राप्त होने लगते हैं, इसमें कोई संशय नहीं।

हठयोग के बिना राजयोग और राजयोग के बिना हठयोग स्वयं में पूर्ण नहीं होते। उत्तम गुरु से अपने लिंये उपयुक्त मार्ग प्राप्त करके योगी साधना करता है। बिना मार्ग-दर्शक गुरु के बुद्धिमान साधक को हठयोग में प्रवृत्त नहीं होना चाहिये।

## राजाधिराज योग

तंत्र में रहस्यमय राजाधिराज योग का यह संक्षिप्त वर्णन है। स्वस्तिक आसन (सुखासन) में बैठकर गुरु का मानसिक पूजन करे ओर ध्यान साधना करे। शान्त, सरल, भाव में स्वस्थचित्त होकर बैठे। इस योग का वही अधिकारी है जो वेदान्त को युक्तिपूर्वक समझकर संसारिक भाव से मुक्त हो गया और स्वयं को लीलाक्रम का अंगमात्र मानकर सम-अवस्था में स्थित हो गया। मन को वृत्तिहीन बनाकर साधक स्वयं पूर्ण के समान हो जाता है। यह ध्यान साधना सब प्रकार की सिद्धियां प्रदान करती है।

ऐसा योगी, स्पृहा त्यागकर बराबर साधना करता रहता है। इसके लिये अर्हत नामक देवता स्वयं से अलग नहीं है। आत्मा ही शाश्वत् है, नित्य है और सर्वत्र विद्यमान है। वह सबमें परम-सत्ता को देखता है। योगी का विचार बन जाता है कि न तो कोई बन्धन है न मोक्ष ही कुछ है, क्योंकि वह सबमें एकरस उस परम सत्ता को ही देखता, जानता है। इस प्रकार का भाव जिसमें स्थिर हो जाता है, वह सर्वदा मुक्त और आत्मा में ही स्थित रहता है। ऐसा योगी मेरा पूर्ण भक्त है, जो सब लोकों में पूज्यनीय है।

जीवात्मा और परमात्मा दोनों में मैं ही हूं। मैं ही दोनों में भासित होता हूँ। साधक को खंड-भाव अथवा भेद भाव को त्यागकर यह चिन्तन

करना चाहिये। अध्यारोप और अपवाद सिद्धान्त के द्वारा भी सब कुछ उसी एक में लीन होता है।

इस प्रकार साधना करने से साधक ओज प्राप्त करता है। सब प्रकार के रोग निवृत्त हो जाते हैं। मूढ़जन भ्रम से व्याकुल होकर अपरोक्ष अर्थात् प्रत्यक्ष चिदानन्दपूर्ण ब्रह्म का त्याग करके, तथा अपरोक्ष को परोक्ष समझकर भ्रान्त होते हैं। सत्य का ज्ञान इस चराचर विश्व को समझकर भ्रान्त होते है। सत्य का ज्ञान इस विश्व को जो द्वन्द्वमय है, परोक्ष कर देता है। भ्रम दूर हो जाता है। परब्रह्म अपरोक्ष है। बुद्धि के क्षेत्र में उसे संज्ञायें दी जाती हैं परन्तु वह नित्य एकरस है एवं अनेक भी है। अनेक द्वन्द्वों के नष्ट होने पर उसके सिवाय कुछ शेष नहीं रहता है सब कुछ उसी में स्थित अथवा लीन हो जाता है।

योगी को वस्तुओं और रूपों में राग त्याग कर अभ्यास करना चाहिये। इस प्रकार अभ्यास करता हुआ साधक अपने में ही स्थित परम प्रकाश द्वारा, तेजस्वी होता है।

श्रोता की बुद्धि की सभी शंकाओं, विविध अर्थो को, गुरु की शिक्षा शांत करती है। मति जब निश्चयात्मिका हो जाती है, श्रद्धा एवं विश्वास दृढ़ हो जाते हैं, तब गुरु की वाणी की भी आवश्यकता नहीं रह जाती। साधक के अभ्यास के कारण एकरस ज्ञान स्वतः स्फुरित होता है। जहां वाणी मूक हो जाती है, जो वाणी के परे है, तथा जो मन के द्वारा मूक हो जाती है, तथा जो मन के द्वारा अप्राप्य है, कल्पना के द्वारा जाना नहीं जा सकता, वह विकारहीन वास्तविक ज्ञान केवल साधना द्वारा स्फुरित होता है।

आज जो शरीर हमारे पास है, उसमें प्रवाहित चैतन्य तत्व ही शरीर को जीवित की संज्ञा प्रदान करता है। चैतन्य तत्व विभिन्न शरीरें में नही मरता। इन्द्रियों के लिये भोग-प्रसंगों में भी वही चैतन्यतत्व निःसंशय चेतना प्रदान करता है।

अभ्यास परिपक्व अथवा स्थिर होने तक मिताहार आवश्यक है। अन्य किसी मार्ग से बुद्धिमान साधक भी अपनी साधनाओं मे पूर्णतत्व प्राप्त करने में समर्थ नहीं होगा। समाज में, सभा आदि में, बुद्धिमान साधक, साधु, प्रिय एवं लाभदायी वाणी बोले। शरीरपिण्ड रक्षा हेतु कर्म

करे। व्यर्थ अधिक सम्भाषण न करे। राग का त्याग अवश्य करे। अनेक रूपों में उत्पन्न होने वाले रोग को सर्वथा शीघ्रतापूर्वक त्याग करे। मुक्ति मार्ग की अन्य राह नहीं है।

### गृहस्थ और साधना

अपने घर में रह कर गृहस्थोचित कर्म करते हुये, लेकिन राग भाव को त्यागकर श्रेष्ठ पुरूष सब प्रकार के अभ्यास कर सकते हैं। कर्त्तव्य-भाव से आवश्यक व्यवहार हेतु, ब्राह्मणसंग करे। व्यक्ति कर्म-कर्म-श्रृंखला के नियम के कारण, अथवा कर्म के निश्चित नियम के पालन हेतु कर्मो में प्रवृत्त होते हैं। योगी निमित्त-भाव से कर्म करता है। निमित्त-भाव से किये गये कर्मसंस्कार दोषों को जन्म नहीं देते। सृष्टि लीला कर्म-श्रृंखला पर आधारित है। कर्म राग-भाव से नहीं, निमित भाव से करना चाहिये।

बुद्धिमान व्यक्ति, गृहस्थ होते हुये भी इस प्रकार का निश्चित मत बनाकर योगाभ्यास एवं लौकिक कर्म करे। सिद्धियां निश्चित प्राप्त होगी। इसमें कोई मतभेद नहीं हो सकता। पाप और पुण्यमय संस्कारों में राग त्यागकर, गृहस्थ आश्रम में रहते हुये भी लोक-लाभ लोक सेवा एवं लोक संग्रह के लिये उपायपूर्वक कर्म करता रहे। संपूर्ण कर्म विधि पूर्वक करता हुआ भी साधक अकर्त्ता रहता है। जब राग नहीं होगा तो कर्त्तृत्वाभिमान नहीं रह सकता। यह राजाधिराज योग गृही तथा विरक्त दोनों के लिये समान रूप से सुलभ एवं उपादेय है।

### मंत्र योग

उत्तम मंत्र योग का शुभ वर्णन लौकिक और पारलौकिक सुखों का अविरोध लाभ कराता है। श्रेष्ठ मंत्र अथवा उचित मंत्र जानकर अभ्यास द्वारा, योग सिद्धियां शीघ्र प्राप्त की जा सकती हैं। साधकों में श्रेष्ठ योगी को भी मंत्र-योग सभी ऐश्वर्य और सुख देने वाला होता है। लौकिक और पारलौकिक लाभ, मंत्र सिद्धि द्वारा सहज प्राप्य है।

त्रिकूट अथवा त्रिपुर में स्थित शक्ति का मंत्र गुरु से प्रयत्नपूर्वक प्राप्त करना चाहिये। मूलाधार, अनाहत एवं आज्ञाचक्रों में शक्तियों का स्थान माना गया है। यही त्रिकूट अथवा त्रिपुर है। मूलाधार में वाणी को उत्पन्न करने वाली विद्युत प्रभा वाली वाग्देवी अर्थात् वाणी की

अधिष्ठात्री देवी का बीज अक्षर स्थित है। अनाहत चक्र में कामनाओं का स्फुरण होता है। यहां काम बीज अक्षर की स्थिति है। आज्ञा चक्र को साक्षात् सर्वसम्पन्ना शक्ति का स्थान माना गया है। यहां शक्ति का बीज अक्षर है। इन तीनों स्थानों की अधिष्ठात्रियां, परम सत्ता की अंशरूपा, विशिष्ट शक्तियां मानी गई हैं। देवी देवताओं की कल्पना, भाव और अर्थ को स्पष्ट करने के लिये, अधिष्ठाता रूप में की गई है। इन तीनों शक्तिओं के सम्मिलित बीजमंत्र की साधना सिद्धि चाहने वाले साधक प्रयत्न करें तो भोग एवं मुक्ति दोनों लाभ सहज रूप से प्राप्त हो सकते हैं।

(इस ग्रंथ के अन्त में अप्राप्य हस्त लिखित "त्रिकूट रहस्य" से त्रिशक्तियों अथवा त्रिपुर-भैरवी का बीज मंत्र उधृत किया गया है। तंत्र-ग्रंथों में मंत्रो को अत्यन्त गोपनीय माना गया है। यह मंत्र, मंत्र कोष में भी प्राप्त नहीं हो सका था। साधक को चाहिये कि इस मंत्र की साधना करने के पहले, अधिकारी भेद के वर्णन से अपने आप को स्वयं तौल ले। यदि गुणों की कमी हो तो पहले अपनी कमी दूर करे ले, अन्यथा साधक लाभ के बदले हानि एव चित्त की अशान्ति पायेगा। वर्तमान युग में गुरु-पद्धति अत्यधिक भ्रष्ट हो गई है। साधना की चाह रखने वाले भी योग्य व्यक्ति उचित गुरु प्राप्त नहीं कर पाते। इस ग्रन्थ को गुरु मान कर, अधिकारी भेद के अध्यायों द्वारा अपने तत्व को भली भांति समझकर उपयुक्त साधना पद्धति ग्रहण की जा सकती है।)

गुरु से मंत्र को प्राप्त करके निश्चित मति एवं संशयहीन चित्त से मंत्र का जप, एक एक अक्षर का स्पष्ट उच्चारण करते हुये समत्व गति से अर्थात् न बिलम्बित गति से, न द्रुगति से करना चहिये।

बुद्धिमान मनुष्य एकाग्र चित्त होकर शास्त्रोक्त विधि से देवी त्रिपुरेश्वरी से लाभ पाने के लिये इस मंत्र का तीन लाख जप तथा एक लाख आहुतियां दें। कनेर का फूल, गुड़, खीर और घी को मिलाकर हविष्य बनाये। योनि की आकृति का कुण्ड बनाये तथा तीन लाख जप पूर्ण होने के बाद एक लाख आहुतियां दे। प्रत्येक दिन की जप एवं आहुति संख्या अपनी दिनचर्या के अनुसार स्वयं निश्चित कर ले। अधिक समय तक चलने वाले अनुष्ठान वर्तमान युग की दिनचर्या में कष्ट-साध्य

होते हैं। संध्याकाल से अर्धरात्रि तक का समय द्वितीय प्रहर शक्ति साधना के लिये उपयुक्त माना गया है। अर्धरात्रि से तीन घंटे पंहले से अर्धरात्रि तक का समय सर्वोतम माना गया है। सब प्रकार की कामनओं को, त्रिपुर भैरवी देवी निश्चित रूप से पूर्ण करती हैं।

गुरु को विधि पूर्वक संतुष्ट करके, श्रेष्ठ मंत्र प्राप्त कर, इन्द्रिय संयम के साथ साधना करने वाला व्यक्ति, यदि मन्द-भाग्य भी हो तो केवल एक लाख मंत्र जप से सिद्धि प्राप्त कर सकता है। ऐसे साधक का शरीर आकर्षक एवं कांति-युक्त हो जाता हैं। तंत्रशास्त्रों में तो यहां तक कह दिया गया है कि योगी को देखकर काम-मोहित होकर नव युवती क्षुब्ध हो जाती हैं, निर्लज्ज और भयहीन होकर योगी को अपना मन भी अपर्ण करती है। किसी विशेष उद्देश्य या लक्ष्य प्राप्ति अथवा कामना सिद्धि के लिये यदि मंत्र का दो लाख जप किया जाये तो देवी त्रिपुर भैरवी शीघ्र गति से जिस प्रकार माता अपने बालक की पुकार पर विह्वल हो जाती हैं, साधक को लाभ देने के लिये उचित मार्ग द्वारा प्रयत्नशील हो जाती है तथा अपनी संपूर्ण शक्ति साधक को दे देती है। देवी द्वारा शक्ति प्रदान का अर्थ है कि साधक के शरीर में मूलाधार, अनाहन और आज्ञा चक्रों में स्थित किन्तु सोई हुई शक्ति पूर्ण रूपेण जागृत हो जाती है। साधक को समस्त ऐश्वर्य प्राप्त होने लगते हैं और तीनों चक्रों में स्थित शक्ति व्यक्ति के उपयोग में आने लगती है।

त्रिपुर भैरवी के मंत्र का तीन लाख जप करने से, मंडल सहित समस्त मंडलेश्वर, साधक के प्रभाव क्षेत्र में आ जाते हैं।

मंत्र का छः लाख जप करने से साधक को प्राप्त शक्तियों के कारण सेना और परिचारकों सहित महीपालगण प्रभाव-क्षेत्र में आ जाते हैं।

बारह लाख जप से मनुष्येतर सृष्टि के यक्ष, राक्षय, सर्प, आदि भी साधक के प्रभाव में आने लगते है एवं आज्ञा-पालन करते है।

१५ लाख जप करने पर, बुद्धिमान श्रेष्ठ साधक का सम्बन्ध गन्धर्व, विद्याधर, अप्सराओं एवं सिद्धिगणो की सृष्टि से हो जाता है। सुनने की शक्ति बढ़ जाती है तथा सर्वज्ञा प्राप्त हो जाती है।

१८ लाख मंत्र जप से साधक का शरीर दिव्य हो जाता है एवं

पृथ्वी की आकर्षण-शक्ति के विपरीत ऊपर उठने की शक्ति प्राप्त होती है। साधक इच्छानुसार संसार में भ्रमण कर सकता है। पृथ्वी के नीचे स्थित रहस्यों को एक छिद्रमात्र से देख सकता है।

देवी त्रिपुर भैरवी के मंत्र का २८ लाख जप करने से विद्याधरों की सृष्टि पर पूर्ण अधिकार प्राप्त हो सकता है। साधक की बुद्धि विलक्षण हो जाती है। वह कामदेव के समान कान्तिवान सुगठित शरीर प्राप्त करता है एवं शरीर में अत्याधिक बल का अनुभव होता है।

३० लाख मंत्र जप से व्रह्मा और विष्णु के समान शक्ति प्राप्त करता है।

मंत्र के साठ लाख जप से रूद्रत्व प्राप्त होता है।

अस्सी लाख जप से सृष्टि में व्याप्त शक्ति तत्वों पर अधिकार प्राप्त करता है।

एक करोड़ मंत्र जप पूर्ण होने पर साधक महायोगी हो जाता है और परम पद का अधिकारी बनता है। इतना अधिक जप करने वाला व्यक्ति त्रैलोक्य में दुर्लभ है। त्रिपुर (मूलाधार, अनाह और आशा चक्र) के अन्तर्गत स्थित समस्त शक्तियों का वह पूंर्ण अधिकारी हो जाता है।

इन तीन चक्रों में स्थित शक्ति महान् कल्याणकारी है एवं सृष्टि का आदिकरण हैं। साधक यदि चाहे तो वह स्वयं कभी नष्ट न हो।

त्रिपुर में स्थित शक्तित्रय जानने योग्य है, जिसे जानकर समस्त पनताकारी तत्वों से रहित होकर साधक शान्त त्रिपुर-पद को प्राप्त करता है। बुद्धिमान साधक अपने समस्त अभीष्ठ निःसंदेह प्राप्त कर सकता है।

### चेतावनी

इस ग्रन्थ में वर्णित शिव-विद्या महा विद्या है। यह रहस्यमय एवं अतिउत्तम है। विद्वान् साधक, भगवान शिव की बताई इस विद्या को रहस्यमय मानकर श्रद्धापूर्वक सम्हाल कर रखें। विद्या गोपनीय रहने पर बलवती होती है प्रकाशित करने पर निर्बल हो जाती है इत्यादि।

बुद्धिमान साधक इस ग्रन्थ को भली भांति आद्योपान्त पढ़कर

बुद्धिगत करले। क्रमशः योग-सिद्धि में ग्रन्थ का चिन्तन, मनन एवं निदि्व्यासन अत्याधिक मनस्वी साधक द्वारा मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है।योगी के लिये उचित है कि मुक्ति पथ पर चलने वाले अधिकारी और योग्य सत्य-पथ के विश्लेषण-कर्त्ता को यह ग्रन्थ सुनाये।

कर्त्तव्यनिष्ठा, संयमशील एवं धैर्यवान् व्यक्ति को ही सिद्धियां मिलती हैं। अकर्मण्य व्यक्ति को केवल ग्रंथ पाठ एवं ज्ञान चर्चा से सार्थकता प्राप्त नहीं हुआ करती। श्रेष्ठ योगियों को विधि पूर्वक क्रिया करना चाहिये।

सहज स्वभाविक रूप से प्राप्त भोगों में एवं वस्तुओं में संतोष मानते हुये, पूर्ण कर्मठ, आसक्ति रहित एवं त्याग-भाव-प्रधान गृहस्थ साधक, लोक-पूजित हो सकता है और मोक्ष भी प्राप्त कर सकता है। भक्तों की कृपा से भी गृहस्थों को सहजरूप में अनेक शक्तियां प्राप्त हो सकती है। भगवान शंकर माता पार्वती से कहते हैं कि हे देवी, साधना किये विना कुछ भी सिद्ध नहीं हो सकता। अनेक उत्तम उपलब्धियों और सिद्धियों के लिये प्रत्येक व्यक्ति निरालस्य एवं भ्रम रहित होकर साधना करे।

## पुस्तक परिचय

यह एक लुप्तप्राय: तन्त्र माना गया है। इसमें भगवान शिव ने योगमार्ग, तन्त्रमार्ग तथा सहजमार्ग का अत्यन्त सरल और सर्वजनसुलभ विधान बतलाया है। इस ग्रंथ की व्याख्या के उपदेशक हैं महामहोपाध्याय डा. गोपीनाथ जी कविराज। अत: इस ग्रंथ की उपयोगिता इसलिये भी बढ़ जाती है कि एक साधन सिद्ध महापुरूष ने इस ग्रंथ में वर्णित सिद्धान्तों का अपनी अन्त:प्रज्ञा में अनुभव करके उसके सारतत्त्व का उपदेश प्रस्तुत किया है।


# भारतीय विद्या प्रकाशन

1 यू. बी. जवाहर नगर बैंग्लो रोड दिल्ली-110007

फोन-2521570

पो. बा. न. 1108 कचौड़ी गली वाराणसी-221001

फोन-3223766

# हठयोग

## एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य
## एवं
## हठयोग प्रदीपिका

सुरेन्द्र कुमार शर्मा

## हठयोग—एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य
## एवं
## हठयोगप्रदीपिका

—सुरेन्द्र कुमार शर्मा

**हठयोग**—आत्मस्थिति रूप परम स्वरूप को प्राप्त करने के लिए भारत की प्राचीनतम साधना-पथ का प्रतिनिधित्व करता है। इसी कारण भारतीय दर्शन परम्परा में इसका अपना विशिष्ट स्थान है क्योंकि कायाघट के हठयोगाग्नि में तापन को परमशिवरूप जल की प्राप्ति का साधन माना गया है। इसी यौगिक प्रक्रिया के विभिन्न पक्षों (षट् कर्म, आसन, प्राणायाम, मुद्रा और कुण्डलिनी-जागरण इत्यादि) का विशद विश्लेषण हठयोग-प्रदीपिका का विषय है। प्रस्तुत पुस्तक महायोग और उसके विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए हठयोगसम्बन्धी भ्रान्तियों को निरस्त करने का प्रयास है। हठयोग के घटक तत्त्वों का पर्यालोचन तथा मूल ग्रन्थ को उपस्थापित करने से पूर्व इस पर विकासात्मक दृष्टि से प्रकाश डाला गया है।

मूल्य : रु० ५०.००

# हठयोग : एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य एवं हठयोगप्रदीपिका

# हठयोग : एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य
# एवं
# हठयोगप्रदीपिका

सुरेन्द्र कुमार शर्मा

ईस्टर्न बुक लिंकर्स
दिल्ली :: (भारत)

प्रकाशक :
**ईस्टर्न बुक लिंकर्स**
5825, न्यू चन्द्रावल, जवाहर नगर, दिल्ली-110007



प्रथम संस्करण : 1985
मूल्य : रु० 50.00

मुद्रक :
रूबी प्रिंटिंग सर्विस,
मोहन मार्किट, रोहतास नगर,
शाहदरा, दिल्ली-3

गृहस्थानां सहस्रेण वानप्रस्थशतेन च ।
ब्रह्मचारिसहस्रेण योगाभ्यासी विशिष्यते ।।
(ब्रह्माण्ड पुराण)

ज्ञाननिष्ठो विरक्तो वा धर्मज्ञोऽपि जितेन्द्रियः ।
विना योगेन देवोऽपि न मोक्षं लभते प्रिये ।।
(भगवान् शङ्कर)

# पुरोवाक्

संस्कृत वाङ्मय विशाल होने के साथ ही साथ इतना विविध है कि इसमें न केवल मानव जीवन अपितु स्थावर जङ्गमात्मक इस विश्व का कोई भी अङ्ग इसके विवेचन से वञ्चित नहीं रहा है। इसके महनीय कलेवर में विकसित विद्याओं एवं कलाओं की संख्या अपरिगणनीय है। जीवन को बहुत सूक्ष्मता से देखने, समझने एवं उसको यथा-सम्भव परिपूर्ण बनाने के लिए प्राचीन भारतीय मनीषियों का योगदान सर्वथा अक्षुण्ण है। विद्याओं एवं कलाओं की विविधता में भी एकसूत्रता पाई जाती है और वह है अध्यात्मप्रवणता जहाँ आकर ही सभी स्रोतों का पर्यवसान होता है। सबका परम लक्ष्य यही है कि हम कौन हैं, हमारा स्वार्थ और परमार्थ क्या है तथा उनकी प्राप्ति हम किस प्रकार कर सकते हैं।

भारतीय वाङ्मय एक वृक्ष के समान है जिसके मूल तो वेद हैं तथा व्याकरण एवं धर्म, अर्थ, कामादि विषयक शास्त्र शाखा प्रशाखाएँ तथा पत्र-पुष्प हैं, पर इसका फल तो दर्शन शास्त्र ही है। इस शास्त्र की दो मुख्य प्रवृत्तियाँ हैं सांख्य और योग। संख्या चर्चा विचारण की व्युत्पत्ति से सांख्य पद सिद्धान्त पक्ष को निरूपित करता है तो 'युज्यते अनुभवपथ मानीयते अनेन' की व्युत्पत्ति से योग का अभिप्राय ज्ञान का अनुभवात्मक अनुष्ठान ही है। वस्तुतः सांख्य और योग ये दोनों ही एक ही सिक्के के दो पहलुओं की तरह दार्शनिक तत्त्वों के दो अनिवार्य पक्ष हैं जिनके बिना दर्शन की दृश्यते अनेन की व्युत्पत्ति समुचित नहीं बनती।

योग को महर्षि पतञ्जलि ने चित्त की वृत्तियों का निरोध कहा है, जिसे गीता में दुर्निग्रह एवं सुदुष्कर माना है। किन्तु वहीं यह बताया गया है कि इन्द्रियनिग्रह के द्वारा मनोनिग्रह सर्वथा सरल हो जाता है। इसी को योग की परम्परा में हठयोग कहते हैं। जिसमें विविध मुद्राओं एवं आसनों के द्वारा इन्द्रियों पर विजय प्राप्त करके चित्त की वृत्तियों का आनायास निरोध सम्पादित हो जाता है। यहाँ यह बात बताना नितराम आवश्यक है कि हठयोग का भी लक्ष्य अन्य दर्शनों की ही भाँति आत्मसाक्षात्कार ही है जिसकी चरम परिणति मोक्ष में होती है।

अपने अन्तेवासी सुरेन्द्रकुमार शर्मा की कृति हठयोग एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य एवं हठयोग प्रदीपिका को स्थालीपुलाकन्याय से ही अवलोकन कर मुझे प्रसन्नता हुई है कि ग्रन्थकार ने हठयोग की उपर्युक्त चेतना को आत्मसात् कर प्रस्तुत ग्रन्थ में उसका सम्यक् निर्वाह किया है। हठयोग के इतिहास का विवेचन अपने आप में एक बहुत ही जटिल कार्य है क्योंकि उसके सूत्र विविध एवं परस्पर विरुद्ध परम्पराओं में उलझे पड़े हैं जिन्हें सुलझाकर एकरूपता में लाना ही परमश्लाघ्य कार्य है जिसे यहाँ कुशलतापूर्वक सम्पन्न किया गया है। साथ ही हठयोगप्रदीपिका को आधार बनाकर कतिपय उत्कृष्ट आसनों, मुद्राओं और प्राणायाम के प्रकारों का सुस्पष्ट एवं प्रामाणिक निरूपण किया गया है।

अन्त में नादानुसन्धान सहित समाधि की अवस्था का निरूपण भी यहाँ सुबोध शैली में हुआ है। इन सबके प्रायोगिक दिग्दर्शन हेतु आयुर्वेद के ग्रन्थों के समुद्धरण कृति की महत्ता को और उत्कृष्ट बना देते हैं। अपनी प्रथम रचना में ही इतनी सफलता के लिए मैं सुरेन्द्र को बधाई देना चाहता हूँ और कामना करना चाहता हूँ कि वे निरन्तर एक के बाद एक ग्रन्थ के प्रणयन में लगे रहें तथा इस क्षेत्र में यशस्वी हों।

**डा० ब्रजमोहन चतुर्वेदी**
एम० ए०, पी-एच० डी०, डी० लिट्०,
प्रोफेसर संस्कृत-विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-7

# भूमिका

सप्त सिन्धु के निवासी प्राचीन ऋषियों व मुनियों की ज्ञानवर्धक, उर्वर एवं कल्पना विचार प्रधान ऋतम्भरा प्रज्ञा ने जिस ज्ञानार्जन की प्रशस्त परम्परा का परिवर्धन कर एक ऐसे दर्शनाङ्कुर को मानव मानस भूमि पर प्रतिष्ठापित किया, जो कालान्तर में विभिन्न धर्म शाखाओं एवं साम्प्रदायिक पत्रों से युक्त महान् दर्शन वृक्ष के रूप में उपस्थापित हुआ, फलस्वरूप समस्त मानव जन को जिससे आध्यात्मिक फल प्राप्त हुआ।

इस प्रकार की विभिन्न मर्त्य कल्पना अभौतक सत्ता से सम्बद्ध होकर एक नवीन मार्ग की ओर अग्रसर हुई, जिसे अखण्ड सत्ता के नाम से अभिहित करते हैं और इसकी प्राप्ति ही मानव जीवन की उदात्त भावना का चरम एवं अन्तिम लक्ष्य है, क्योंकि क्लेशमय भौतिक सत्ता से आत्यन्तिक दुःखनिवृत्ति का एकमात्र उपाय यही है। दर्शन शब्द के मूल में भी यही सिद्धान्त दृष्टिगत होता है। 'दर्शन' का व्युत्पत्ति-लभ्य अर्थ है—दृश्यते अनेन इति दर्शनम्। क्या ? अखण्ड तत्त्व का वास्तविक तात्त्विक स्वरूप। अर्थात् लक्ष्य प्राप्ति ही मोक्ष का नामान्तर है। तच्च्युति—

**पुनरपि जननं पुनरपि मरणं पुनरपि जननीजठरे शयनम्।**

संसृति का मुख्य हेतु है। अत एव सिसृक्षा से उत्पन्न त्रिगुणात्मिक ("जगदाभास") असत्य अथवा प्रातिभासिक सिद्ध नहीं किया जा सकता। यह माया नामक एक सामान्य वस्तु के द्रव्य से बना है, जो बाद में भिन्न प्रकार के सत्त्व, रजस् एवं तमस् नामक कार्य करते हुए अनुमान किया जाता है। माया तत्त्व समग्र कर्मों का कोष है)।[1] माया का यथार्थ ज्ञान दर्शन का ध्येय है। क्योंकि "प्राचीन भारत में पूर्णत्व के अन्वेषण के परिणामस्वरूप द्वैत तथा अनैकान्तिक दृष्टियों के साथ-साथ अद्वैत-दृष्टि का भी विकास हुआ था। दार्शनिक विचार के क्रम विकास की दृष्टि से वैदिक संहिता तथा उपनिषदों का अद्वैतवाद

---

1. भारतीय दर्शन का इतिहास—भाग पञ्चम, पृ०-30

यदि छोड़ भी दिया जाय, तो भी बहुसंख्यक दार्शनिक समीक्षकों में अद्वैत-चिन्तन का प्रभाव दिखाई देता है। प्राचीन मीमांसा शास्त्रों में जिस प्रकार अद्वैत-तत्त्व का अनुसन्धान मिलता है, वह शाङ्करमत से अत्यन्त प्राचीन है। भर्तृहरि तथा मण्डनमिश्र का ब्रह्मवाद आचार्य शंकर-प्रचारित अद्वैत से भिन्न होने पर भी, अद्वैतवाद ही है। प्राचीनकाल में शब्दाद्वैतवाद का विद्वत्समाज में अत्यधिक प्रचार रहा। जयन्त की न्यायमञ्जरी में, शान्तरक्षित तथा कमलशील के तत्त्वसंग्रह तथा उसकी टीका में, जैनसाहित्य में, सोमानन्द तथा उत्पलाचार्य की शिवदृष्टि और उसकी टीका आदि ग्रन्थों में, पूर्वपक्ष के रूप में इस मत की चर्चा की गई है। बौद्ध-दार्शनिक समाज में योगाचार-मत अद्वैतवाद है और माध्यमिक मत भी उसी प्रकार का है, उनमें एक है विज्ञानाद्वैतवाद और दूसरा है शून्याद्वैतवाद। प्रसिद्धि है कि कालक्रम से बुद्ध का नाम भी 'अद्वयवादी' पड़ गया था। नैयायिकों के अद्वैतवादी न होने पर भी नैयायिकशिरोमणि उदयनाचार्य ने आत्मतत्त्व-विवेक में अद्वैतवाद के ऊपर विशेष श्रद्धा प्रकट की है। शैव तथा शाक्त आगमों में भी अद्वैत की महिमा ही घोषित हुई है। इन्हें तान्त्रिक अद्वैतवाद कहा जा सकता है। ईश्वराद्वयवाद प्रत्यभिज्ञा तथा स्पन्द-साहित्य के माध्यम से प्रचारित हुआ था।··· अद्वैतवाद विभिन्न प्रकार का होने पर भी, सूक्ष्म दृष्टि से देखने पर प्रतीत होता है कि इन सब में किसी-न-किसी अंश में सोपान-परम्परागत एक क्रम विद्यमान है।''[1] इसी प्रकार विभिन्न दार्शनिक सिद्धान्तों में योग परक वैचित्र्य दृष्टिगत होने पर भी मूलतः एवं विशेष रूप से अन्तर्निहित एक ही तत्त्व का बोध होता है और उसी महायोग के चार प्रमुख अङ्गों (मन्त्र, लय, हठ और राज) का विवेचन योग-शास्त्रों में किया गया है।

महायोग के उपर्युक्त अङ्गों में क्रमशः श्रेष्ठता को प्राप्त कर अन्तिम योग राजयोग ही उत्तमोत्तम है तथा इसके तीन प्रकार—(सांख्य, तारक और अमनस्क) निर्दिष्ट हैं। पच्चीस तत्त्वों का ज्ञान सांख्य, बहिर्मुद्रा का ज्ञान तारक और अन्तर्मुद्रा के परिज्ञान से अमनस्क योग होता है। इस प्रकार सांख्य से तारक और तारक से अमनस्क योग श्रेष्ठ है।[2] परन्तु तत्त्व की दृष्टि से शिवयोग और राजयोग एक ही हैं और साधकों का

1. तान्त्रिक वाङ्मय में शाक्त दृष्टि—डा० गोपीनाथ कविराज, पृ०-1-2, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, सन्-1978
2. मन्त्रो लयो हठो राजा चेति योगाश्चतुर्विधाः। 1/4
उत्तरोत्तरवैशिष्ट्याद्योगाश्चत्वार एव हि।
तेष्वेक एव मुख्योऽसौ राजयोगोत्तमोत्तमः॥
सोऽपि त्रिधा भवेत्सांख्यस्तारकश्चामना इति।
पञ्चविंशतितत्त्वानां ज्ञानं यत्सांख्यमुच्यते॥
बहिर्मुद्रापरिज्ञानाद्योगस्तारक उच्यते।
अन्तर्मुद्रापरिज्ञानादमनस्क इतीरितः॥
श्लाध्यः सांख्यात्तारकोऽयममनस्कोऽपि तारकात्।
राजत्वात्सर्वयोगानां राजयोग इति स्मृतः॥ 1/9-12
शिवयोगदीपिका, आनन्दाश्रमसंस्कृतग्रन्थावलिः। ग्रन्थाङ्क-139, सन्-1978

साध्य शिवयोग तथा उसका साधन हठयोग कहलाता है। योग (योगाङ्गप्रक्रिया) से ज्ञान और ज्ञान से योग (समाधि) प्रवर्तित होता है तथा बुद्धिमान् पुरुष को इन दोनों की सिद्धि हेतु शरीर की रक्षा करनी चाहिये। महाकवि कालिदास के अनुसार भी—

**शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम् ।**

अतएव शरीर को कफ रहित एवं सुस्थैर्य हेतु हठयोग का ही अवलम्बन करना चाहिये, क्योंकि शरीरियों का कफ केवल हठयोग द्वारा ही नष्ट होता है।[1]

इस प्रकार की प्राचीन भावाभिव्यक्तियों पर अन्वेषकों का दृष्टिपात क्यों नहीं हुआ यह अपने आप में एक रहस्य ही तो है। विचारकों की दृष्टि से प्राचीन हठयोग वास्तव में अस्पृष्ट है। जबकि हठयोग का प्रचलन तान्त्रिक ग्रन्थों के प्रणयन से कई शताब्दी पूर्व था ऐसा कहना अतिशयोक्ति पूर्ण नहीं क्योंकि यह सर्वविदित है कि प्रत्येक सिद्ध को सर्वप्रथम हठयोग का अभ्यास करना चाहिए अथवा हठयोग का अभ्यास उसे तब करना चाहिये जबकि वह अन्य साधनों से अपने लक्ष्य को प्राप्त न कर सकता हो, इसलिए सुस्पष्ट है कि तन्त्र वहाँ से प्रारम्भ होते हैं, जहाँ हठयोग समाप्त होता है[2] (प्रकृत् शब्द हठयोग की प्राचीनता के द्योतक हैं)।

वस्तुतः तात्पर्य यह है कि तन्त्र के भव्य भवन के निर्माण में हठयोग ने सबल नींव प्रदान की तथा इसी भवन की प्रशंसा में प्राचीन आचार्यों ने कई ग्रन्थों का प्रणयन तो किया लेकिन इसके मूल कारण हठयोग के यथार्थ स्वरूप की उपेक्षा के साथ। जिसके फलस्वरूप विभिन्न दर्शनों की विविध विश्लेषणात्मक असङ्गतियों में घृष्ट होता हुआ प्राचीन हठयोग का यथार्थ स्वरूप अपनी मूलस्थिति से अपभ्रष्ट होता रहा। अनेक साम्प्रदायिक आचार्यों ने हठयोग निर्दिष्ट विशिष्ट मुद्राओं के वास्तविक स्वरूप को विकृत कर मुद्रा, मैथुन इत्यादि जैसे गर्हित अर्थों में उपस्थापित किया। इन परिस्थितियों में जबकि हठयोग दर्शन सूर्य को सघन प्रतिक्रिया मेघ ने आच्छन्न कर लिया था कि तभी आदि शंकराचार्य जैसे अद्वितीय, महिमा एवं प्रतिभाशाली व्यक्तित्वयुक्त गोरक्षनाथ रूप चन्दनानिल का आविर्भाव हुआ जिसके तीव्र वेग ने उस असामयिक दुर्दिन को दिग्लीन

---

1. शरीरं कफनाशेन सुस्थैर्यं याति निश्चितम् ।
   स कफो हठयोगेन विनश्यति शरीरिणाम् ।। शिवयोगप्रदीपिका—2/3

2. It means that every worshipper should practice first Hathayoga or that he should do so only when he fails to achieve his end by other means......It is therefore clear that Tantras begin where Hathayoga ends.—Guhyasamāja Tantra, edited by Benoytosh Bhattacharya, p. xvi-xvii.

कर दिया तथा उसकी सुगन्ध केवल इस मर्त्यभूमि पर ही नहीं प्रत्युत इस विज्ञान प्रधान युग में भी श्री शिव के मस्तकस्थ चन्द्रमण्डल पर विराजित हुई,* क्योंकि उसने सभी धर्मों का समन्वय 36 तत्त्वों में कर, पञ्चभूत निर्मित इस देह में इतने देवी-देवताओं का वास दिखाकर सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को इस प्रकार से पिण्डस्थ कर दिया कि कायज्ञान एक ऐसे चरमबिन्दु को प्राप्त कर गया जो स्वयं सिद्धियों से युक्त, अत्यन्त गूढ़ और रहस्यमय था। उनकी रचनाओं पर वेद और उपनिषदों के तात्त्विक विचारों, बौद्ध, सांख्य, योग, तन्त्र, अद्वैत, द्वैताद्वैत तथा कश्मीर शैव सम्प्रदाय के मूल तत्त्वों का प्रभाव किसी-न-किसी रूप में परिलक्षित होता है। दर्शन प्रधान ग्रन्थ 'सिद्धसिद्धान्तपद्धति' में परमशिव का ज्ञान बुद्धि ज्ञान से भिन्न व समस्त मानवजन के बाह्य एवं आन्तरिक अनुभूति का एकमात्र आधार है।

इन्हीं मूलभूत सिद्धान्तों के प्रचार और प्रसार का मुख्यतम श्रेय आगे चलकर श्री स्वात्माराम योगीन्द्र प्रणीत हठयोगप्रदीपिका को जाता है. क्योंकि उन्होंने गोरक्षनाथ के मूल सिद्धान्त (सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की शरीर में विद्यमानता) को चरितार्थ करने के उद्देश्य से काया योग साधना पद्धति का अवलम्बन कर, उससे प्राप्त मुक्ति का संचार किया। "मुक्ताई से अपने उपदेश में अल्लम प्रभु कहते हैं कि जिस प्रकार एक दूध पीते बालक को माँ के दूध से छुड़ाकर अनेक प्रकार के भोजन दिए जाते हैं, उसी प्रकार वास्तविक शिक्षक, भक्त को बाह्य प्रकार की पूजा में ध्यान केन्द्रित करने की शिक्षा देता है तथा बाद में उनको छुड़वा देता है, जिससे अन्त में वह सब प्रकार के कर्तव्यों से विरक्त हो जाता है तथा सत्य-ज्ञान प्राप्त करता है जिससे उसके सब कर्म नष्ट हो जाते हैं। यहाँ अध्ययन तथा व्याख्यान का यथेष्ट उपयोग नहीं परन्तु सबका शिव से तादाम्य का साक्षात्कार करना आवश्यक है।"[1] अतएव यह सुस्पष्ट है कि हठयोग साधना पद्धति का मुख्यतम उद्देश्य मुक्ति है ऐसा महान् हठयोगी अल्लम प्रभु ने भी स्वीकार किया है तथा इसी तत्त्व की उद्घोषणा करते हुए स्वयं हठयोगप्रदीपिकाकार कहते हैं कि जब तक ध्यान में परम-तत्त्व सहज रूप से नहीं आता, तब तक ज्ञान का उपदेश केवल आलाप मात्र है।[2] इस प्रकार परम साध्य के साधनाङ्गों का युक्तिपूर्ण वर्णन हठयोगप्रदीपिका में परिलक्षित होता है।

इस प्रसङ्ग में यह कथन असङ्गत नहीं कि प्रस्तुत ग्रन्थ में हठयोग के सभी अंगों (विशेष रूप से प्राणायाम) का सविस्तर एवं सुस्पष्ट वर्णन किया गया है, क्योंकि प्राणायाम श्वास की वह साधन क्रिया है जिसके द्वारा साध्यद्वय सिद्ध होते हैं। प्रथम असाध्य रोगों का नाश एवं द्वितीय कुण्डलिनी शक्ति जागरण द्वारा मुक्ति। प्राणायाम सम्बन्धी

---

* चन्द्रमा पर किए गए सफल प्राणायाम प्रयोग।

1. प्रभु लिङ्ग लीला, पृ०-57-58, भारतीय दर्शन का इतिहास, भाग-5, एस० एन० दास गुप्ता, पृ०-51
2. हठयोगप्रदीपिका—4/113

विवेचनान्तर्गत यह बताना अत्यावश्यक हो जाता है कि प्राणायाम का प्रयोग अत्यन्त प्राचीन एवं पाश्चात्य जगत् में भी प्रचलित था।[1]

प्रस्तुत ग्रन्थ में हठयोगप्रदीपिका के तुलनात्मकाध्ययनाभावाभाव व सिद्धासन और प्राणायाम को अत्यधिक स्पष्ट करने के उद्देश्य से चित्र भी उपस्थापित किये गए हैं। सिद्धासन की महत्ता को हठयोगमार्गानुगामी आचार्यों ने ही नहीं अपितु अद्वैतवाद के प्रचारक श्री आदिशङ्कराचार्य ने भी स्वीकार करते हुए कहा है कि—जिस (आसन) में सुखपूर्वक, अविच्छिन्न ब्रह्मचिन्तन हो, उसे ही आसन जानो तथा अन्य केवल सुखनाशक ही हैं। जो समस्त भूतों का आदिकारण, विश्व का अविनाशी अधिष्ठान और जिसमें ब्रह्मवेत्ता स्थित रहते हैं उसे सिद्धासन अथवा सिद्धों का आश्रय कहते हैं।[2]

प्रकृत ग्रन्थ सामान्य ज्ञान विवेचन के अतिरिक्त शोध के उद्देश्य से भी लिखा गया है। प्रेरणा स्रोत विषयक प्रसङ्ग में सर्वप्रथम मैं यह बताना चाहूँगा कि सन् 1981-

---

1. The Science of breathing is as old as the world. It is practised not merely for health but for evolving certain occult powers which are latent in all of us. The Chinese, two thousand years before the Christian era, had this science; the Greeks and Romans also practised it. Some of the Roman writers mentioned the practice of holding the breath for medical purposes, because it was believed that thereby they could induce heat in the internal regions of the body and also could strengthen the internal regions. Plato refers to the custom of resorting to breathing in certain ways, and later on, in mediaeval ages, writers have made mention of this science. Kant wrote a work on the power of the mind to control sickness by the mere force of the will, and there is one chapter on this matter alone, that is, treating certain diseases by the holding of the breath. This science therefore must be deeply important not only for the curing of disease but for other more important purposes.—Speeches and writings of Virchand R. Gandhi. The Yoga philosophy—Published by the Trustees Devchand Lalbhai Pustakoddhar Fund, Bombay, 1912.
2. सुखेनैव भवेद्यस्मिन्नजस्रं ब्रह्मचिन्तनम्।
   आसनं तद्विजानीयान्नेतरत् सुखनाशनम्॥
   सिद्धं यत् सर्वभूतादि विश्वाधिष्ठानमव्ययम्।
   यस्मिन् सिद्धाः समाविष्टास्तद्वै सिद्धासनं विदुः॥ अपरोक्षानुभूति—112, 113

82 में **अपर्णा आश्रम मानतलाई** से योगशिक्षा प्राप्त कर, मानव जीवन में योग के महत्त्व का बोध हुआ। परिणामस्वरूप यह निश्चय किया कि भविष्य में योगपरक विशेषानुसन्धानिकाध्ययन एवं आश्रम में दिये गये उपदेशानुसार योग का प्रचार एवं प्रसार का भरसक प्रयत्न करना चाहिये। इसके लिए मैं वहाँ के समस्त शिक्षकों का आभारी हूँ। सहायक ग्रन्थों के सम्बन्ध में (प्राणायाम के चित्र हेतु) कल्याण का योगाङ्क तथा कैवल्य धाम की हठप्रदीपिका ने समय-समय पर मेरा दिशा निर्देश किया।

श्रद्धेय गुरुवर प्रो० ब्रजमोहन चतुर्वेदी संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय का मैं अत्यन्त ऋणी एवं कृतज्ञता का पात्र हूँ जिन्होंने हठयोगप्रदीपिका की अतिप्राचीन टीका उपलब्ध कराई तथा स्वयं अत्यन्त व्यस्त होने पर भी अपने अमूल्य विचारों द्वारा मेरा दिशा निर्देशन किया।

मैं अपने लघु शोध निर्देशक पूज्य गुरु रीडर डा० बलदेवराज शर्मा संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ जिन्होंने समयाभाव होने पर भी मेरी सहायता की। पुस्तक का शुद्ध व परिमार्जित रूप उन्हीं के अथक प्रयास असीम कृपा व अगाध प्यार का ही फल है।

प्राणायाम के बाहरी चित्र हेतु मित्र सुरेन्द्र सिंह ने जो मेरी मदद की वह अकथनीय है। इस विषय में मैं कुमारी किरण शर्मा का ऋणी हूँ। दिल्ली विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में कार्यरत श्री कल्याण सिंह, श्री हरमन्दिर पाल, श्री रघुबीर सिंह और श्री बनवारी लाल का मैं अत्यन्त आभारी हूँ क्योंकि इनके अथक प्रयासों के कारण ही मुझे सहायक ग्रन्थों की उपलब्धि हो सकी। प्रकाशक श्री श्यामलाल मलहोत्रा (प्रोपराइटर, ईस्टर्न बुक लिंकर्स) का भी मैं आभारी हूँ जिन्होंने अल्प समय में ही इस ग्रंथ को प्रकाशित करने की कृपा की है। इस पुस्तक के निर्माण एवं प्रकाशन में मित्रवर श्री हरीश कौशिक, श्री भगवती प्रसाद, श्री रमण कुमार तथा श्री रमाकान्त तिवारी आदि मित्रों का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ क्योंकि इनके सतत सहयोग व प्रोत्साहन के द्वारा ही यह कार्य पूर्ण हो रहा है।

अन्त में केवल यही कहना चाहूँगा कि—

यदत्र सौष्ठवं किञ्चित्तद्गुरोरेव मे नहि।
यदत्रासौष्ठवं किञ्चित्तन्ममैव गुरोर्नहि ॥

—सुरेन्द्र कुमार शर्मा

# विषयानुक्रमणी

# संकेत-सूची

| | | |
|---|---|---|
| कठ उ० | — | कठोपनिषद् |
| घे० सं० | — | घेरण्ड-संहिता |
| पा० यो० द० | — | पातञ्जल योगदर्शन |
| भा० पु० | — | भागवत पुराण |
| म० स्मृ० | — | मनुस्मृति |
| मै० उ० | — | मैत्रायण्युपनिषद् |
| यो० कु० उ० | — | योगकुण्डल्युपनिषद् |
| यो० चू० उ० | — | योगचूडामण्युपनिषद् |
| यो० तत्त्व० उ० | — | योगतत्त्वोपनिषद् |
| शा० उ० | — | शाण्डिल्योपनिषद् |
| शि० सं० | — | शिव-संहिता |
| शि० स्व० | — | शिवस्वरोदय |
| ह० प्र० | — | हठप्रदीपिका |
| ह० यो० प्र० | — | हठयोगप्रदीपिका |

अध्याय 1

# हठयोग—एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य

दर्शन परम्परा के सन्दर्भ में भारतीय दर्शन प्रारम्भ से ही आस्तिक एवं नास्तिक[1] रूपी दो विचारप्रधान धाराओं में विभक्त रहा है। जहाँ एक ओर नास्तिक शब्द रूपी मणिमुकुट धारण करनेवाले जैन, बौद्ध और चार्वाक प्रभृति दर्शनों ने अपनी तर्कपूर्ण शैली से यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि हम सब उस ईश्वर की देन नहीं, वहीं दूसरी ओर ईश्वरीयसत्ताविषयक ज्ञानाऽमृतरस की गागर को धारण करने वाले वेदान्त, न्याय वैशेषिक, अर्वाचीन सांख्य और योग प्रभृति आस्तिक दर्शनों ने अपनी बाण सदृश अकाट्य लेखनी की जिह्वा से प्रस्फुटित तर्कों से यह सिद्ध किया है कि हम सब निरीह प्राणी ईश्वर की देन तथा उसी के वशीभूत केवल कठपुतली मात्र ही हैं। इसी कारण से अनुप्रेरित इन आस्तिक दर्शनों का भारतीय दर्शन साहित्य में ही नहीं अपितु समस्त विश्व दर्शन साहित्य में अनूठा एवं विशिष्ट योगदान रहा है, जिनमें योगदर्शन का अपना अलग एवं उच्चतम स्थान है, क्योंकि योगदर्शन में निर्दिष्ट ऋतम्भरा प्रज्ञा के द्वारा ही प्राचीन भारतीय मनीषियों को वैदिक मन्त्रों का बोध हुआ था।[2]

योग दर्शन में प्रतिपाद्य 'योग' का वर्णन आस्तिक, नास्तिक एवं अन्य संस्कृत साहित्य के ग्रन्थों में बहुलता से प्राप्त किया जा सकता है। जहाँ वैदिक विचारधारा में इसका अर्थ संयोग हेतु हुआ है, गणित शास्त्र में इसका अर्थ मिलाना दृष्टिगोचर होता है। वैयाकरण दृष्टिकोण के अनुसार योग शब्द 'युज्यते अनेन' इस व्युत्पत्ति के अनुसार

1. आस्तिक शब्द भारतीय दर्शन परम्परा में वेदों की प्रामाणिकता मानने वालों के लिए प्रयुक्त हुआ है और जो वेदों की प्रामाणिकता में विश्वास नहीं करते वे नास्तिक कहलाते हैं, क्योंकि वेद ईश्वरवादी ग्रन्थ हैं, इसलिए कालान्तर में आस्तिक शब्द ईश्वर में विश्वास करने वालों के लिए तथा जो ईश्वर में विश्वास नहीं करते उनके लिए नास्तिक शब्द का प्रयोग होने लगा।
2. (क) सतो बन्धुमसति निरविन्दन् हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा।

ऋग्वेद-10/129/4

'युजिर् योगे' धातु से करण अर्थ में घञ् प्रत्यय करके बना है, जिसका अर्थ संयुक्त होना अथवा मिलाना है। पातञ्जल योगदर्शन में 'युज् समाधौ' धातु से निष्पन्न योगपद का उल्लेख किया गया है, किन्तु भाष्यकार भगवान् व्यास के मन्तव्यानुसार योग एवं समाधि पर्यायवाची हैं।[1]

**योग शब्द की व्युत्पत्ति**—इस प्रकार शुद्ध तर्क की कसौटी पर परखने से यह प्रतीत होता है कि 'योग' शब्द नाना प्रकार के व्यापक अर्थों में प्रयुक्त हुआ है।[2] फिर भी इसका जो आध्यात्मिक अर्थ है उसमें प्रकार भेद होने पर भी कुछ अंश में मूलतः सामञ्जस्य प्राप्त होता है उसे जीवात्मा और परमात्मा का संयोग, प्राण और अपान का संयोग,

---

(ख) ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन्
देवात्मशक्ति स्वगुणैर्निगूढाम्।
यः कारणानि निखिलानि तानि
कालात्मयुक्तान्यधितिष्ठत्येकः ॥ श्वेताश्वतरोपनिषद्—1/3

1. (क) व्यास भाष्य, पृ॰. 1
(ख) योगः समाधि, पृ॰. 3

2. "योगः—1 सम्बन्धः। 2 (क) समुदायशब्दस्य अवयवशक्तिः (त॰दी॰) (नील॰ 4 पृ॰31) (सि॰ च॰ 4, 31)। यथा पाचकादिपदेषु योगः अत्र च पाचकादिपदात् पचति इति व्युत्पत्त्या पाककर्ता बुद्ध्यते इति बोध्यम्। अत्र योगबलं समाख्या इति मीमांसका वदन्ति (वाच॰)। (ख) वैयाकरणास्तु शास्त्रकल्पितावयवार्थमात्रबोध-प्रयोजको योगः (शक्तिः)। यथा पाचकादौ इत्याहुः (ल॰म॰ आकांक्षादिवि॰ पृ॰ 12) 3 (क) चित्तवृत्तिनिरोधः इति योगिन आहुः (पा॰ पा॰ 1 सू॰ 2) (ख) क्लेशकर्मविपाकाशयपरिपन्थिचित्तवृत्तिनिरोधो योगः (सर्व॰सं॰पृ॰ 132 पात॰) अत्रेदं बोध्यम्। विषयेष्वलंप्रत्ययवत उदासीनस्य बहिरिन्द्रियेभ्यो व्यावृत्तं मनो यदा आत्ममात्रनिष्ठं भवति तदा तत्कर्मानुगुणप्रयत्नाभावात्कर्म मनसि नोत्पद्यते स्थिरतरं मनो भवति स एव योगः (वै॰ उ॰ 5/2/16)। अथवा आत्मस्थे मनसि षडङ्गयोगेन इन्द्रियादिकं परित्यज्य मनो यदा आत्ममात्रे तिष्ठति तदा मनःकर्मणोनुत्पादः तदा मनो निश्चलं भवति। तदवस्थायां शरीरावच्छेदेन दुःखं न जायते। स आत्मना बाह्यव्यावृत्त-मनसः संयोगो योग उच्यते। षडङ्गानि स्कन्दपुराणे उक्तानि यथा-आसनं प्राणसंरोधः प्रत्याहारश्च धारणा। ध्यानं समाधिरेतानि योगाङ्गानि भवन्ति षट् ॥ (वै॰ सू॰ 5/2-16) (वै॰ वि॰ ) इति। यद्वा इन्द्रियाणि विषयेभ्यः प्रत्याहृत्येन्द्रियेभ्यो मनः प्रत्याहृत्य साक्षात्कर्तव्ये वस्तुनि मनः प्रणिधानं योगः (नील॰) इति। स च योगो द्विविधः।
राजयोगः हठयोगश्च। तत्र राजयोगः पतञ्जलिनोक्तः। हठयोगस्तु तन्त्रशास्त्रोक्तः प्रकारान्तरेणापि। योगो द्विविधः सम्प्रज्ञातः असम्प्रज्ञातश्चेति। तथा योगस्त्रिविधः

चन्द्र और सूर्य का मिलन रज और बिन्दु का मिलन, शिव शक्ति का सामञ्जस्य, चित्त-वृत्ति का निरोध अथवा पूर्वोक्त पाद-टिप्पणी में निर्दिष्ट किसी अन्य प्रकार से भी उसका लक्षण किया जाये परन्तु मूलमें विशेष भेद नहीं है।[1] स्कन्दपुराण के अनुसार जहाँ जीवात्मा और परमात्मा दोनों का जो समान रूपत्व है, वही सर्वसंकल्परहित समाधि कहा

---

ज्ञान-योगः कर्मयोगः भक्तियोगश्च (भाग० स्क० 11 अ० 20 श्लो० 6) इति। इदं च बोध्यम् 'षष्ठभगवदवतारो दत्तात्रेयः' स च आन्वीक्षिकीमलकार्यं प्रह्लादादिभ्य ऊचिवान् (भाग० 1 / 3 / 12)। तेन च स्वसंहितायां योगोनुशिष्टः इति 4 उपायः (5) युक्तिः (6) जीवात्मपरमात्मनोः सम्बन्धः इति केचिद्वेदान्तिन आहुः तदुक्तम् योगं संयोगमित्याहुर्जीवात्मपरमात्मनोः इति (वाच०)। (7) देवतानुसंधानं योगः इति रामानुजीयाः नारद-पञ्चरात्रविदः आहुः (सर्व० पृ० 117 रामा०)। (8) अप्राप्तस्यार्थस्य प्राप्तये पर्यनुयोगो योगः। यथा योगाचारः इत्यादौ इति बौद्धा आहुः। (9) शब्दादीनां प्रयोगः इति वैयाकरणा आहुः (10) भेषजम् इति भिषज आहुः। (11) योगः कर्मसु कौशलम्, इति कर्मकर्तारोङ्गीचक्रुः (12) छलम् (उपाधि) इति व्यवहारशास्त्रज्ञा आहुः। अत्र स्मृतिः योगाधमनविक्रीतं योगदानप्रतिग्रहम्। यस्य वाप्युपधिं पश्येत्तत्सर्वं विनिवर्तयेत्॥ (याज्ञ० अ०2 श्लो० 181टी० मिता० पृ०94) इति। योगः कपटम् इति मनुः (8/165) (13) रविचन्द्रयोगाधीना विष्कम्भादयः सप्तविंशति पदार्थाः इति ज्योतिषज्ञा आहुः। (14)तिथिवारनक्षत्राणां सम्बन्धविशेषः। यथा सिद्धियोगः अमृतसिद्धियोगः अर्धोदययोगः दग्धयोगः इत्यादिः इति मौहूर्तिका आहुः (15) लग्नादिगृहविशेषे स्थितो ग्रहविशेषः। यथा राजयोगः नाभसंयोगः इत्यादिः इति कार्तान्तिका आहुः। (16) यात्रायाम् आलग्नात्केन्द्रत्रिकोणस्थितो बुधजीवशुक्राद्यन्यतमः इति ज्योतिःशास्त्रज्ञा आहुः। तदुक्तम् एको ज्ञ ज्यसितेषु पञ्चमतपः केन्द्रेषु योगस्तथा द्वौ चेत्तेष्वधियोग एषु सकला योगाधियोगः स्मृतः योगे क्षेममथाधियोगगमने क्षेमं रिपूणां वधः (मु० चि०) इति। (17) कामुककामिनीसंमेलनं योगः इत्यालंकारिका वदन्ति। (18) चित्तद्वारेणात्मेश्वरसंबन्धो योगः (सर्व० सं० पृ० 169 नकुली०) (न्याय कोश-पृ० 670 से उद्धृत)

1. योऽपानप्राणयोश्चैव रजसो रेतसस्तथा।
   सूर्याचन्द्रमसोर्योगो जीवात्मपरमात्मनोः।
   एवं हि द्वन्द्वजालस्य संयोगो योग उच्यते॥ योगशिखोपनिषद्—1/68

जाता है। जीवात्मा और परमात्मा की अविभागरूप एकता ही परमयोग है।[1] याज्ञ-वल्क्य-संहिता में जीवात्मा और परमात्मा का संयोग योग कहा गया है।[2] गीता के अनुसार समत्व ही योग है।[3] जबकि पातञ्जल योगदर्शन के अनुसार चित्तवृत्ति का निरोध ही योग कहा गया है।[4] कठोपनिषद् के अनुसार इन्द्रिय, मन और बुद्धि की स्थिर धारणा का नाम योग है।[5] मैत्रायण्युपनिषद् के अनुसार प्राण, मन और इन्द्रियों का एकत्व तथा सर्वभाव का परित्याग ही योग कहलाता है।[6]

अग्निपुराण[7], आदित्यपुराण[8], कूर्मपुराण[9] और लिङ्गपुराण[10] आदि में चित्तवृत्ति के निरोध से ही योग की सम्भावना की अभिव्यक्ति की गई है। उपाध्याय यशोविजय ने द्वात्रिंशिका में कहा है कि सर्वकर्म मल का नाश तथा मोक्ष के साथ संयोग ही योग है[11] आचार्य हेमचन्द्र ने चारों पुरुषार्थों में मोक्ष को प्रमुख पुरुषार्थ मानकर योग को उसका कारण माना है।[12] महाभारत के शान्तिपर्व में योग द्वारा परम लक्ष्य की प्राप्ति बताई गई है।[13]

---

1. यत्समत्वं द्वयोरत्र जीवात्मपरमात्मनोः।
   स नष्ट-सर्वसंकल्पः समाधिरभिधीयते॥
   जीवात्मपरमार्थोऽयमविभागः परन्तप।
   स एव तु परो योगः समासात्कथितस्तव॥—स्कन्द पुराण अध्याय-29
2. संयोगो योग इत्युक्तो जीवात्मपरमात्मनोः—याज्ञवल्क्यस्मृति—2/44
3. समत्वं योग उच्यते।—गीता-2/48
4. योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः—पा० योग दर्शन-1/2
5. तां योगमिति मन्यन्ते स्थिरामिन्द्रियधारणाम्—कठोपनिषद्—2/3/11
6. एकत्वं प्राणमनसोरिन्द्रियाणां तथैव च।
   सर्वभावपरित्यागो योग इत्यभिधीयते॥ मैत्रायण्युपनिषद्—6/25
7. चित्तवृत्तिनिरोधश्च जीवब्रह्मात्मनोः परः।—अग्निपुराण-372
8. योगात् संजायते ज्ञानं योगो मय्येकचित्तता।—आदित्य पुराण
9. मय्येकचित्तता योगो वृत्त्यन्तरनिरोधतः।—कूर्म पुराण -11
10. योगो निरोधो वृत्तेस्तु चित्तस्य द्विजसत्तमाः—लिङ्ग पुराण-8
11. मोक्षेण योजनादेव योगो ह्यत्र निरुच्यते—द्वात्रिंशिका-10/1
12. चतुर्वर्गेऽग्रणी मोक्षो योगस्तस्य च कारणम्।
    ज्ञान-श्रद्धान-चारित्ररूपं रत्नत्रयं च सः॥ योगशास्त्र (1/15)।
13. शान्तिपर्व-232/32

**महायोग**—इन सब परिभाषाओं को देखने पर यह प्रतीत होता है कि स्वाभाविक योग एक ही है अनेक नहीं। यह महायोग के नाम से श्रेष्ठ साधकों में प्रसिद्ध है तथा अवस्था भेद के कारण ही यह मन्त्रयोग, हठयोग, लययोग और राजयोग रूपी अंगों से प्रकट होता है जैसा कि योगतत्त्वोपनिषद् एवं शिवसंहिता में कहा गया है।[1] इसी कारण से उसे महायोग कहा जाता है।[2]

लिङ्ग पुराण में योग के मन्त्र, स्पर्श, भाव, अभाव एवं महायोग रूपी पाँच भेद स्वीकार किए गए हैं[3] जबकि बोधसार ग्रन्थ में लिखा है कि लय, मन्त्र, हठ, राज, सांख्य और भक्ति योग इन (षट्) सब योगों के अन्दर मतैक्य है। जो मोक्षमार्गगामी हैं, उन सब बुधों ने देखा है कि सबका उद्देश्य मोक्षप्राप्ति है।[4] भारतीय संस्कृत साहित्य में योग (अष्टांग, लय, मन्त्र, हठ, राज, कर्म, सांख्य, ध्यान, भक्ति, तारक, विचार, शब्द, जप, पाशुपत, शैव, अहोरात्र, माहेश्वर, पातञ्जल, भृगु शिव और कापालिकयोग) इत्यादि नामों से जाना जाता रहा है[5] किन्तु मुख्य रूप से इसके केवल चार भेद (मन्त्र, हठ, लय और राजयोग) ही स्वीकार किए गए हैं क्योंकि 'योगाचार्य महर्षियों ने कहा है कि अध्यात्म, आधिदैव और आधिभूत इन भावत्रयों के अनुसार मन, वायु व वीर्य ये तीनों ही एक हैं, इसीलिए मन को वशीभूत करने से वीर्य ओर वायु अपने आप वशीभूत हो जाते हैं। वायु को वशीभूत करने से मन व वीर्य अपने आप ही अधीन हो जाते हैं। और

---

1. (क) योगो हि बहुधा ब्रह्मन् भिद्यते व्यवहारतः।
   मन्त्रयोगो लयश्चैव हठोऽसौ राजयोगकः ॥ योगतत्त्वोपनिषद्-19
   (ख) मन्त्रयोगो हठश्चैव लययोगस्तृतीयकः।
   चतुर्थो राजयोगः स्यात् स द्विधाभाववर्जितः ॥ शिवसंहिता-5/14
2. मन्त्रो लयो हठो राजयोगोथभूमिकाः क्रमात्।
   एक एव चतुर्धाऽयं महायोगोऽभिधीयते ॥ योगशिखोपनिषद्-1/129
3. लिङ्ग पुराण-75
4. लये मन्त्रे हठे राज्ञि भक्तौ साङ्ख्ये हरेर्मते।
   मतैक्यमस्ति सर्वेषां ये बुधा मोक्षमार्गगाः ॥ बोधसार
5. "राजयोग, हठयोग, ज्ञानयोग, कर्मयोग, भक्तियोग, जपयोग, लययोग, मन्त्रयोग शब्दयोग, प्रणवयोग, हंसयोग, तन्त्रयोग, स्वरयोग, ध्यानयोग, भृगुयोग, शिवयोग, पाशुपतयोग, प्रेमयोग, अनासक्तयोग, समाधियोग, ब्रह्मयोग, नामकीर्तनयोग, स्पर्शयोग, बुद्धियोग, अस्पर्शयोग, पुरुषोत्तमयोग, प्रकृति-पुरुषयोग, भावयोग, अभावयोग, क्रियायोग, विज्ञानयोग, गृहस्थयोग, पतिव्रतयोग, सांख्ययोग, कुण्ड-लिनीयोग, सुषुप्तियोग, स्वप्नयोग, चित्तयोग, इच्छायोग, मानसयोग, अहङ्कार योग, ज्ञानेन्द्रिययोग, कर्मेन्द्रिययोग, पूर्णयोग, कबीरपंथीयोग, स्वामी नारायण योग, बौद्धयोग, जैनयोग, पारसी मत-योग, ईसाई मत योग" इत्यादि
   योगदर्शन सम्पादक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ, पृष्ठ-17 से उद्धृत।

सुकौशल पूर्ण क्रियाओं के द्वारा वीर्य को वशीभूत करके उर्द्ध्वरेता हो जाने से मन व प्राणवायु अनायास उस योगी के वश में आ जाते हैं। राजयोग में बुद्धि से सम्बन्ध रखने वाली क्रियाओं से अधिक सम्बन्ध रखा गया है। और मन्त्र, हठ व लय इन तीन प्रकार की योगप्रणालियों में मन, वायु तथा वीर्य इन तीनों का सम्बन्ध अधिक रूप से है। इनमें से लययोग में मन की क्रिया का आधिक्य और मन्त्र व हठयोग में वायु धारण तथा रेतोधारण सम्बन्धी क्रियाओं की अधिकता देखी जाती है। शास्त्रों में मन्त्रयोगी के लिए वे सब तो चाहिए, उपरान्त प्राणायामसिद्धि व वायुनिरोध के लिए विशेष व्यवस्था रखी गई है।[1]

हठ—'हठ' में प्रयुक्त हकार और ठकार से अभिप्राय क्रमशः सूर्य नाड़ी और चन्द्र-नाड़ी प्रोक्त है। इस प्रकार सूर्य चन्द्र की एक रूपता ही हठ कहलाती है और इसके द्वारा सर्वदोष उत्पन्न जड़ता नष्ट होती है[1] तथा क्षेत्रज्ञ और परमात्मा की एकता होती है।[2] अतः सूर्य और चन्द्र नाड़ी के परस्पर संयोग को ही 'हठयोग' कहते हैं।[3] यहाँ सूर्य और चन्द्र से अभिप्राय क्रमशः पिङ्गला और इडा नाड़ी है तथा जिनका वास शरीर के दक्षिण एवं वाम भाग में माना गया है।[4] हठयोग के अन्य ग्रन्थों में हकार और ठकार निम्नलिखित पर्यायवाची शब्दों के द्वारा भी जाना जाता है—

ह—सूर्य, रवि, यमुना, शक्ति, रज, प्राण, पवन, अधः और
पिङ्गला नाड़ी।

ठ—चन्द्र, शशि, गंगा, शिव, बिन्दु, अपान, मन, ऊर्ध्व और इडा नाड़ी।

हठ=परस्पर मिलाना जिससे हठात् सिद्धि मिल जाये। गुह्य—समाज में ज्ञान

---

1. श्री धम्मकल्पद्रुम खण्ड 4, पृ०-1131
2. हकारेण तु सूर्यः स्यात् ठकारेणेन्दुरुच्यते।
   सूर्याचन्द्रमसोरैक्यं हठ इत्यभिधीयते॥
   हठेन ग्रस्यते जाड्यं सर्वदोष समुद्भवम्
   क्षेत्रज्ञः परमात्मा च तयोरैक्यं तदा भवेत्—योगशिखोपनिषद् 1/133,34
3. हकारः कीर्तितः सूर्यष्ठकारश्चन्द्र उच्यते।
   सूर्याचन्द्रमसोर्योगाद्हठयोगो निगद्यते॥ हठयोगप्रदीपिका
   —ज्योत्स्ना टीका—1/1
4. (क) मेरोर्वामे स्थिता नाड़ी इड़ा चन्द्रामृता शिवे।
   दक्षिणे सूर्यसंयुक्ता पिङ्गला नाम नामतः॥
   (ख) इड़ा वामे स्थिता नाड़ी शुक्ला चन्द्रस्वरूपिणी॥
   शक्तिरूपा तु सा नाड़ी साक्षादमृतविग्रहा।
   दक्षिणे या पिङ्गलाख्या पुंरूपा सूर्यविग्रहा॥ षट्चक्रविवृतिः पृष्ठ-78

प्राप्ति हेतु हठयोग को एक साधन के रूप में स्वीकार किया है।[1] और यह सिद्धों के द्वारा सेवित है।[2]

इस हठयोग की व्याख्या हम इस प्रकार से भी कर सकते हैं कि प्राणायाम आदि क्रिया के अभ्यास से उत्पन्न राजयोग के बिना ही परमात्मा का साक्षात्कार रूप चित्त की वृत्ति का निरोध करना ही हठयोग कहलाता है और वह तन्त्र प्रसिद्ध है।[3] जबकि 'अमर' इत्यादि कोषों में हठ शब्द बलात्कार हेतु प्रयुक्त हुआ है।[4] हठ एवं हठयोग शब्दार्थ हेतु शब्दकल्पद्रुम में इनकी व्याख्या अत्यधिक विस्तार एवं भली-प्रकार से निर्दिष्ट है, जिसमें हठयोग की दो प्रकार की विधियों पर प्रकाश डाला गया है।[5]

---

1. दर्शने तु कृतेऽप्येवं साधकस्य न जायते।
   यदा न सिध्यते बोधिर्हठयोगेन साधयेत्॥ गुह्यसमाज तन्त्र 18/162

2. एवं ध्यात्वा चिरायुस्स्याद् अङ्गजननवर्जितः।
   शिवतुल्यो महात्मासौ हठयोगप्रसङ्गतः॥
   हठज्योतिर्मयो भूत्वा ह्यन्तरेण शिवो भवेत्।
   अतोऽयं हठयोगः स्यात् सिद्धिदः सिद्धसेवितः॥
   योगकर्णिका-12/25-26

2. हठयोग—प्राणायामादिक्रियाभ्यासजन्यः राजयोगं विनैव परमात्मसाक्षात्कार-रूपश्चित्तवृत्तिनिरोधः। स च तन्त्रप्रसिद्धः तत्प्रकारस्तु हठदीपिकादावुक्तो द्रष्टव्यः। अत्र विग्रहः हठेन बलात्कारेण योगः चित्तवृत्तिनिरोधः इति।
   न्यायकोश पृ०-1064

3. (क) प्रसभं तु बलात्कारो हठः। अमरकोश पृष्ठ-393
   (ख) हठः स्यात् प्रसभे पृश्न्यां हेठो बाधापि हेठयोः।
   अपष्ठुः पुंसि काले च वामे स्यादन्यलिङ्गकः॥ मेदिनी—पृ०-39

4. हठ, कीलबन्धे। बलात्कृतौ। प्लुतौ। इति कवि-कल्पद्रुमः॥ (भा०-पर०-भक-प्लुतौ अक०-सेट्।) कीले बन्धः कीलबन्धः। हठति छागं कीले बध्नाति इत्यर्थः। कातन्त्रादौ बलात्कारमात्रे। हठति परचक्रं बली। इति दुर्गादासः॥ हठः पुं०(हठ+पुंसीति घः।) बलात्कारः। इत्यमरः। प्रश्नी। इति मेदिनी॥
   हठयोगः। यथा, हठयोगप्रदीपिकायाम्। १/१०।
   "अशेषतापतप्तानां समाश्रयमठो हठः। अशेषयोगयुक्तानामाधारकमठो हठः" ॥)
   हठपर्णी, स्त्री, (हठति प्लवते। इति हठ+अच्। तादृशं पर्णमस्याः। ङीष्।)
   शैवालः। इति त्रिकाण्डशेषः॥

5. हठयोगः पुं, (हठेन योगः) योगविशेषः। यथा—
   "इदानीं हठयोगस्तु कथ्यते हठसिद्धिदः। कृत्वासनं पवनाशं शरीरे रोगहारकम्॥
   पूरकं कुम्भकञ्चैव रेचकं वायुना भजेत्। इत्थं क्रमोत्क्रमं ज्ञात्वा पवनं साधयेत् सदा॥

'हकार' और 'ठकार' रूपी द्वन्दों को परस्पर मिलाना ही हठ योग कहलाता है क्योकि "हठयोगी लोगों का विचार है कि वैषम्य ही जगत् की उत्पत्ति और दृश्यमानता का मूल कारण है, जिससे जगत् प्रकट होता है। वह जब तक समावस्था में विद्यमान रहता है, तब तक जगत् नहीं रहता। वह अद्वैत या प्रलय की अवस्था है। साम्यभंग होने पर ही वैषम्य, द्वन्द्व अथवा द्वैत भाव का उदय होता है, यही सृष्टि का बीज है। जो दो विरुद्ध शक्तियाँ एक दूसरे का उपमर्दन कर स्थिति-रूप से निष्क्रिय भाव में विद्यमान रहती हैं, वे जब समत्व का त्याग करती हैं, अर्थात् जब उनमें गुण-प्रधान भाव जग उठता है, तब सृष्टि और संहार के व्यापार सूचित होते हैं।

बहिःशक्ति की प्रधानता से सृष्टि और अन्तःशक्ति की प्रधानता से संहार होता है। स्थिति दोनों शक्तियों की समानता का निदर्शन है। इन दोनों शक्तियों के भिन्न-भिन्न स्थानों में भिन्न-भिन्न पारिभाषिक नाम रखे गए हैं। शिव-शक्ति तथा पुरुष प्रकृति मूलतः इस आदिद्वन्द्व के ही वाचक हैं। जीव-देह में प्राण और अपान के रूप में इस विरुद्ध अथवा परस्पर-सम्बद्ध शक्तियुगल का ही विकास हमें दिखाई पड़ता है।[1]

इस "हठयोग की साधना से सिद्ध देह की प्राप्ति होती है। इससे प्राप्त शरीर वज्र-लौह के समान कठोर, स्वस्थ, रोगमुक्त एवं दीर्घायु होता है। हठयोगी शरीर के साथ जीवन और मृत्यु का भी स्वामी होता है। उसमें युवावस्था का तेज होता है। उसे इच्छामृत्यु सिद्ध होती है। संहार-मुद्रा धारण करके वह जीवन-त्याग करता है।"[2]

**हठ एवं राजयोग में सम्बन्ध**—इस प्रकार यह निर्विवाद सिद्ध होता है कि इन सब भेदों में राजयोग (समाधि) ही श्रेष्ठ है[3] और इस राजयोग की प्राप्ति का एकमात्र

---

धौत्यादिकर्म्मषट्कञ्च संस्कुर्यादहठसाधकः। एतन्नाड्यान्तु देवेशि !
वायुपूर्णं प्रतिष्ठितम् ।।
ततो मनो निश्चलं स्यात्तत आनन्द एव हि। हठयोगान्न कालः स्यान्मनः शून्ये
भवेद्यदि ।।

इदानीं हठयोगस्य द्वितीयं भेदवत् शृणु ।
आकाशे नासिकाग्रे तु सूर्यकोटिसमं स्मरेत् ।।
श्वेतं रक्तं तथा पीतं कृष्णमित्यादिरूपतः ।
एवं ध्यात्वा चिरायुः स्यादङ्गाजननवर्जितः ।।
शिवतुल्यो महात्मासौ हठयोगप्रसादतः ।
हठाज्ज्योतिर्म्मयो भूत्वा ह्यन्तरेण शिवो भवेत् ।।
अतोऽयं हठयोगः स्यात् सिद्धिदः सिद्धसेवितः ।।" इति। योगस्वरोदय ।।
शब्दकल्पद्रुम भाग पञ्चम पृ०-50।

1. भारतीय संस्कृति और साधना, पृष्ठ 255
2. संत काव्य में योग का स्वरूप, पृष्ठ 201
3. "राजत्वात्सर्वयोगानां राजयोग इति स्मृतः।"

उपाय केवल हठयोग ही है तथा ये दोनों अन्योन्याश्रित हैं क्योंकि हठयोग के बिना राजयोग और राजयोग के बिना हठयोग अपने आप में अपूर्ण है।[1] पातञ्जल योगदर्शन के आठ अंगों में से पूर्व के चार अंगों को हठयोग एवं बाद के चार अंगों को राजयोग की श्रेणी में रखकर दोनों को अन्योन्याश्रित कह सकते हैं क्योंकि जिस प्रकार राजयोग अपने आप में साधन ही नहीं अपितु साध्य भी है। उसी प्रकार हठयोग भी अपने आप में पूर्ण लक्ष्य कदापि नहीं हो सकता। क्योंकि सृष्टि, स्थिति और लय का कारण अन्तःकरण ही है, उसकी सहायता से जिसका साधन किया जाता है उसको राजयोग कहते हैं। मन, बुद्धि, चित्त और अहङ्कार ये अन्तःकरण के चार भेद हैं। अन्तःकरण दृश्य और आत्मा द्रष्टा है। अन्तःकरण रूपी कारण दृश्य से जगत् रूपी कार्यदृश्य का कार्यकारण सम्बन्ध है। दृश्य से द्रष्टा का सम्बन्ध स्थापित होने पर सृष्टि होती है। चित्त वृत्ति का चाञ्चल्य ही इसका कारण है। **वृत्तिजयपूर्वक स्वस्वरूप का प्रकाश करना ही राजयोग कहलाता है।** राजयोग में विचारबुद्धि का प्राधान्य रहता है। विचार शक्ति की पूर्णता द्वारा राजयोग का साधन होता है। राजयोग के ध्यान को ब्रह्मध्यान कहते हैं। इसकी समाधि ही निर्विकल्पक समाधि कहलाती है। राजयोग से सिद्धिप्राप्त महात्मा का नाम जीवन्मुक्त है। महाभावप्राप्त योगी महाबोधप्राप्त योगी वा महालय प्राप्त योगी तत्त्व ज्ञान की सहायता से राजयोगभूमि में अग्रसर होते हैं। राजयोग सब योग साधनों में श्रेष्ठ है और साधन की चरम सीमा है, इसी कारण इसको राजयोग कहते हैं।[2] जबकि

---

1. हठं बिना राजयोगो राजयोगं बिना हठः।
   न सिध्यति ततो युग्ममानिष्पत्तेः समभ्यसेत्॥ हठयोगप्रदीपिका-2/76
2. सृष्टिस्थितिविनाशानां हेतुता मनसि स्थिता।
   तत्साहाय्यात्साध्यते यो राजयोग इति स्मृतः॥
   अन्तः करणभेदास्तु मनो बुद्धिरहङ्कृतिः।
   चित्तञ्चेति विनिर्दिष्टाश्चत्वारो योगपारगैः॥
   तदन्तःकरणं दृश्यमात्मा द्रष्टा निगद्यते।
   विश्वमेतत्तयोः कार्यकारणत्वं सनातनम्॥
   दृश्यद्रष्ट्रोश्च सम्बन्धात्सृष्टिर्भवति शाश्वती।
   चाञ्चल्यं चित्तवृत्तीनां हेतुमत्र विदुर्बुधाः॥
   वृत्तीर्जित्वा राजयोगः स्वस्वरूपं प्रकाशयेत्।
   विचार बुद्धेः प्राधान्यं राजयोगस्य साधने॥
   ब्रह्मध्यानं हि तद्ध्यानं समाधिर्निर्विकल्पकः।
   तेनोपलब्धिसिद्धिर्हि जीवन्मुक्तः प्रकथ्यते॥
   उपलब्धमहाभावा महाबोधान्विताश्च वा।
   महालयं प्रपन्नाश्च तत्त्वज्ञानावलम्बतः॥
   योगिनो राजयोगस्य भूमिमासादयन्ति ते।
   योगसाधनमूर्द्धन्यो राजयोगोऽभिधीयते॥ श्री धर्मकल्पद्रुम भाग-4 से उद्धृत

यह देखा जाता है कि 'सूक्ष्म शरीर के तीव्र संस्कार से उत्पन्न हुए कर्म्मों के भोग के आश्रय रूपी जीव का स्थूल शरीर बनता है, अर्थात् सूक्ष्म शरीर के भाव के अनुरूप ही स्थूल शरीर का संगठन होता है और सूक्ष्म शरीर व स्थूल शरीर एक ही सम्बन्धयुक्त होकर रहते हैं तब इसमें क्या सन्देह है कि स्थूल शरीर के कार्यों के द्वारा सूक्ष्म शरीर पर आधिपत्य नहीं किया जा सकता है ? फलतः अधिकारी विशेष के लिए स्थूल शरीर प्रधान योग क्रियाओं का आविष्कार योग शास्त्र में किया गया है । जिनके द्वारा साधक प्रथम अवस्था में स्थूल शरीर की क्रियाओं का साधन करता हुआ स्थूल शरीर पर सम्पूर्ण आधिपत्य कर लेता है और क्रमशः उस शक्ति को अन्तर्मुख करके उसके द्वारा सूक्ष्म शरीर को वश में लाकर चित्तवृत्ति निरोध के द्वारा परमात्मा का साक्षात्कार करने में समर्थ होता है और इसी योग प्रणाली को हठयोग कहते हैं ।"[1] "प्राण, अपान, नाद, बिन्दु, जीवात्मा व परमात्मा के मेल से उत्पन्न होने के कारण स्थूल शरीर का नाम घट है । जलमध्य स्थिति आम कुम्भ की तरह शरीर रूपी यह घट सदा ही जीर्ण रहा करता है । इसलिए योगरूपी अनल के द्वारा दग्ध करके इस घट की शुद्धि करनी चाहिए । जीर्ण भावयुक्त स्थूल शरीर को हठयोग के द्वारा दृढ़ करके सूक्ष्म शरीर को भी योगानुकूल किया जाता है । स्थूल शरीर सूक्ष्मशरीर का ही परिणाम मात्र है । इसलिए जिस प्रकार ककारादि वर्णों के अभ्यास द्वारा क्रमशः शास्त्र ज्ञान लाभ होता है उसी प्रकार जिन सुकौशलपूर्ण क्रियाओं के द्वारा प्रथमतः स्थूल शरीर को वश में लाकर क्रमशः सूक्ष्म शरीर पर आधिपत्य स्थापन पूर्वक चित्तवृत्ति का निरोध किया जा सकता है उन साधनों की हठसंज्ञा होती है ।[2] श्री गोरक्षनाथ विरचित 'अमरौघप्रबोध' के अनुसार प्रभञ्जन विधान में रत ही हठयोग कहलाता है ।[3] संक्षेप में इतना कहना मात्र ही पर्याप्त होगा कि आत्मसाक्षात्कार हेतु राजयोग से निम्न द्वितीय श्रेणी की क्रिया का नाम ही हठयोग है एवं इसका उपदेश

---

1. श्री धर्मकल्पद्रुम—भाग-4—पृष्ठ 1129-30
2. प्राणाऽपाननादबिन्दुजीवात्मपरमात्मनाम् ।
   मेलनाद्घटते यस्मात्तस्माद्वै घट उच्यते ।।
   आमकुम्भमिवाऽम्भःस्थं जीर्यमाणं सदा घटम् ।
   योगानलेन सन्दह्य घटशुद्धिं समाचरेत् ।।
   हठयोगेन प्रथमं जीर्यमाणामिमां तनुम् ।
   द्रढयन् सूक्ष्मदेहं वै कुर्याद् योगयुजं पुनः ।।
   स्थूलः सूक्ष्मस्य देहो वै परिणामान्तरं यतः ।
   कादिवर्णान् समभ्यस्य शास्त्रज्ञानं यथाक्रमम् ।।
   यथोपलभ्यते तद्वत् स्थूलदेहस्य साधनैः ।
   योगेन मनसो योगो हठयोगः प्रकीर्त्तितः ।। श्री धर्म्मकल्पद्रुम से उद्धृत—4/पृ0-1127-28
3. यस्तु प्रभञ्जनविधानरतो हठस्सः—अमरौघप्रबोध-4

केवल राजयोग हेतु हुआ है।[1] किन्तु इस तथ्य के अतिरिक्त इस हेतु को भी विस्मरण नहीं करना चाहिए कि राजयोग रूपी परम लक्ष्य के साथ-साथ इसका अव्यवहित उद्देश्य देह शुद्धि है और जिसको योगियों की पारिभाषिक भाषा में घट शुद्धि भी कहते हैं।

**हठयोग एवं पातञ्जल योग में अन्तर**—महायोग (लय, मन्त्र, हठ और राज) के सभी अंगों में महर्षि पातञ्जल की ही प्रणाली प्रचलित है किन्तु प्रत्येक में योग के किसी विशिष्ट स्वरूप का ही निदर्शन है। वास्तव में योग की केवल दो प्रमुख प्रणालियाँ हैं, एक वह जो योगसूत्र द्वारा प्रतिपादित है और जिसका भाष्य व्यास ने किया तथा दूसरी प्रणाली वह है जो गोरक्षनाथ रचित गोरक्षशतक तथा स्वात्मारामयोगी की हठ-योगप्रदीपिका में वर्णित है। संक्षेप में दोनों योग प्रणालियों में यह अन्तर है कि जहाँ पातञ्जल योग चित्तानुशासन पर ही सारा प्रयास लगाते हैं वहाँ हठयोग का प्रमुख सम्बन्ध है शरीर उसके स्वास्थ्य शुद्धता एवं रोगरहितता से। इस तथ्य का उद्घाटन इसी से हो जाता है कि जहाँ पातञ्जल ने आसन की परिभाषा किसी ऐसी शरीरावस्थिति से की है जो स्थिरसुख हो (स्थिरसुखमासनम्) वहाँ हठयोग सम्बन्धी ग्रन्थ बहुत से आसनों का उल्लेख करते हैं, यथा—मयूरासन, सिद्धासन, पद्मासन, स्वस्तिकासन, इत्यादि जिनसे शरीरस्थ रोगों का निवारण होता है। जहां पातञ्जल योग दर्शन विचारप्रधान दर्शन ग्रन्थ है वहीं हठयोग के ग्रन्थ प्रक्रिया प्रधान होने के साथ-साथ उन पर ज्ञान का भी प्रभाव है। इसके अतिरिक्त हठयोग में कुछ क्रियाओं का भी उल्लेख प्राप्त होता है जिन्हें हठयोग की पारिभाषिक भाषा में षट्कर्म कहते हैं यथा नेति, धौति, बस्ति, त्राटक इत्यादि जिनके विषय में पातञ्जल मौन हैं।[2] इसके अतिरिक्त हठयोग के ग्रन्थों में मुद्रा एवं बन्धों का सविस्तर वर्णन दृष्टिगोचर है तथा मुद्राओं की संख्या पाँच से पच्चीस तक भी मानी गई है।[3] जबकि पातञ्जल योगदर्शन में इन मुद्राओं एवं बन्धों की चर्चा तक नहीं मिलती। हठयोग तथा पातञ्जलयोग में एक यह अन्तर भी है कि जहाँ हठयोग के ग्रन्थों में प्राणायाम एवं नादानुसन्धान की विधि का साङ्गोपाङ्ग विवेचन कर इनके

---

1. (क) श्रीमद्गोरक्षनाथेन सदामरौधवर्तिना।
   लयमन्त्रहठाः प्रोक्ता राजयोगाय केवलम्॥ वहीं-73
   (ख) केवलं राजयोगाय हठविद्योपदिश्यते। हठयोगप्रदीपिका-1/2
   (ग) मन्त्रे हठे लये चैव सिद्धिमासाद्य यत्नतः।
   पूर्णाधिकारमाप्नोति राजयोगपरो नरः॥ योगशास्त्र
2. धर्मशास्त्र का इतिहास भाग-5 पृ0-276
3. (क) पाँच मुद्राएँ—गोरक्षसंहिता-1/56
   (ख) दस मुद्राएँ—हठयोगप्रदीपिका-3/6-7
   (ग) पच्चीस मुद्राएँ—घेरण्ड संहिता-3/1-3

महत्त्व को स्वीकार किया है वही पातञ्जल योग में केवल प्राणायाम का अल्पमात्र ही वर्णन उपलब्ध होता है। इसके अतिरिक्त एक अन्य भेद यह भी कहा जा सकता है कि हठयोग के ग्रन्थों में आसन, प्राणायाम और (विशेषकर) मुद्राओं का प्रमुख उद्देश्य है कुण्डलिनी अर्थात् व्यक्ति की वह मार्मिक शक्ति जो सुषुम्ना के मूल में सर्प के समान कुण्डली लगाये रहती है को जगाना और उसे कतिपय (षट्) चक्रों से पार कराकर ब्रह्म-द्वार तक ले जाकर स्थिर करना,[1] जबकि योगदर्शन में चक्रों एवं नाड़ियों का वर्णन यदा-कदा ही दृष्टिगोचर होता है।

इसके अतिरिक्त पातञ्जल योग दर्शन में जहाँ यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि को योग के आठ अंगों के रूप में स्वीकार किया है[2] वहीं पर हठयोग के ग्रन्थ योगांगों की दृष्टि से एकमत नहीं हैं। दत्तात्रेय-संहिता,[3] मण्डलब्राह्मणोपनिषद्,[4] जाबालदर्शनोपनिषद्[5] वराहोपनिषद्,[6] सिद्धसिद्धान्त संग्रह[7] ने जहाँ योग के आठ अंग स्वीकार किए हैं वहीं पर योगतत्त्वोपनिषद् ने इन्हीं आठ अंगों को हठ-योग के अंग कहा है— "पूर्वोक्त लययोग के बाद अब हठयोग सुनो—यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, भ्रूमध्य हरि का ध्यान और समाधि को अष्टांग योग कहते हैं।"[8] सम्भवतः ऐसा प्रतीत होता है कि इन उपनिषदों के रचनाकारों ने पातञ्जल योग प्रणाली का ही अनुगमन किया है, क्योंकि अन्य हठयोग के ग्रन्थों में हठयोग के छः[9] एवं

---

1. हठयोगप्रदीपिका-3/1-4
2. पातञ्जलयोगदर्शन-2/29
3. दत्तात्रेय-संहिता—श्लोकार्धसंख्या-52-56
4. मण्डलब्राह्मणोपनिषद्-1/1
5. जाबालदर्शनोपनिषद्-4-5
6. वराहोपनिषद्-5/11-12
7. सिद्धसिद्धान्त संग्रह-2/49-50
8. स एव लययोगः स्याद्हठयोगमतः शृणु।
   यमश्च नियमश्चैव ह्यासनं प्राणसंयमः ॥
   प्रत्याहारो धारणा च ध्यानं भ्रूमध्ये हरिम्।
   समाधिसमताऽवस्था साष्टाङ्गो योग उच्यते ॥
   
   योगतत्त्वोपनिषद्—24-25
9. (क) अमृतनादोपनिषद्-6
   (ख) क्षुरिकोपनिषद्—सम्पूर्ण
   (ग) योगचूडामण्युपनिषद्-2
   (घ) ध्यानबिन्दूपनिषद्-41
   (ङ) गोरक्ष-संहिता-1/6
   (च) योगमार्त्तण्ड-2

सात[1] अंगों की परिकल्पना दृष्टिगोचर होती है। हठयोग के सात (षट्कर्म, आसन, मुद्रा, प्रत्याहार, प्राणायाम, ध्यान व समाधि) ही मानना उपयुक्त प्रतीत होता है[2] क्योंकि बिना षट्कर्म किए शरीर का शोधन एवं आसन के लिए सुखपूर्वक बैठना दुष्कर प्रतीत होता है। अत हठयोग के कुछ शास्त्रों में यम-नियम की परिकल्पना का परित्याग कर षट् कर्मों की महत्ता को स्वीकार कर उनका सविस्तर वर्णन दृष्टिगोचर होता है क्योंकि हठयोगियों का लक्ष्य (कलियुग में असम्भव मानी जाने वाली) शारीरिक शक्तियों का विकास कर अद्वैतसिद्धि प्राप्त करना था। जैसा कि भगवान् शंकराचार्य अपने अद्वैत-वेदान्तीय-प्रकरण ग्रन्थ अपरोक्षानुभूति में राजयोग तथा हठयोग विषयक भेद प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि पूर्णतया सभी प्रकार से क्षीण कलमष साधकों को ज्ञान मार्ग से मोक्ष प्राप्ति राजयोग के अन्तर्गत आती है। परन्तु जिन साधकों अथवा मुमुक्षुओं के पाप-कषाय आदि अवशिष्ट हैं, उन्हें हठयोग के अनुपालन से ही मोक्ष मार्ग में सफलता मिल सकती है। अद्वैत-वेदान्तीय-राजयोग के सन्दर्भ में व्यापक व्याख्या देते हुए आदि शंकराचार्य कहते हैं कि बुद्धिमन्दता विषयासक्ति रूपी रस्सी से जकड़े होने के कारण ब्रह्म के प्रत्यक्ष दर्शन में असमर्थ मुमुक्षुओं को चाहिए कि वे चिरकाल तक निर्गुण ब्रह्म की उपासना पद्धति का अभ्यास करते रहें।[3]

(१) यम (2) नियम (3) त्याग (4) मौन (5) देश (6) काल (7) आसन (8) मूलबन्ध (9) देहसाम्य (10) दृक् स्थिति (11) प्राणसंयम (12) प्रत्याहार (13) धारणा (14) आत्मध्यान और (15) समाधि रूपी (निदिध्यासन हेतु) राजयोग के पन्द्रह अंगों[4] का (पतञ्जलि ने जो अष्टांग योग का वर्णन

---

1. शोधनं दृढ़ता चैव स्थैर्य्यं धैर्य्यं च लाघवम्।
   प्रत्यक्षञ्च निर्लिप्तञ्च घटस्य सप्तसाधनम्॥
   षट्कर्मणां शोधनञ्च आसनेन भवेद् दृढम्।
   मुद्रया स्थिरता चैव प्रत्याहारेण धीरता॥
   प्राणायामाल्लाघवञ्च ध्यानात्प्रत्यक्षमात्मनि।
   समाधिना निर्लिप्तञ्च मुक्तिरेव न संशयः॥ घेरण्ड-संहिता 1/9-11
2. षट्कर्मासनमुद्रा प्रत्याहारश्च प्राणसंयामः।
   ध्यानसमाधी सप्तैवाङ्गानि स्युर्हठस्य योगस्य॥ योगशास्त्र
3. नित्याभ्यासादृते प्राप्तिर्न भवेत्सच्चिदात्मनः।
   तस्माद् ब्रह्म निदिध्यासेज्जिज्ञासुः श्रेयसे चिरम्॥ अपरोक्षानुभूति-101
4. यमो हि नियमत्यागो मौनं देशश्च कालता।
   आसनं मूलबन्धश्च देहसाम्यं च दृक्स्थितिः॥
   प्राणसंयमनं चैव प्रत्याहारश्च धारणा।
   आत्मध्यानं समाधिश्च प्रोक्तान्यङ्गानि वै क्रमात्॥ वही, 102-103

किया है उससे विलक्षण है क्योंकि पतंजलि अमान्य है अवैदिक होने से) सविस्तर वर्णन करते हुए शंकराचार्य कहते हैं कि इन अंगों से युक्त योग का नाम ही राजयोग है। जिनके कषाय स्वल्प क्षीण हुए हों उन्हें यह हठयोग के सहित और जिनका चित्त परिपक्व हो उन्हें यह राजयोग अकेला ही मोक्षसिद्धि देने वाला है। यह गुरु और इष्ट-देवता के भक्तों को, सभी को सुगमता से शीघ्र ही प्राप्त हो सकता है।[1]

**हठयोग की प्राचीनता**—इस प्रक्रिया प्रधान योग की प्राचीनता के विषय में अगर ऐतिहासिक दृष्टिकोण निकाल दिया जाए तो जब से सृष्टि की उत्पत्ति हुई है तब से ही मनुष्य एवं समस्त जीव-जन्तु किसी-न-किसी रूप में आसन का प्रयोग अवश्य करते रहे हैं क्योंकि जिसमें सुखपूर्वक बैठा जाए वही आसन कहलाता है। यहाँ तक कि गर्भावस्था में भी मनुष्य किसी-न-किसी आसन में अवश्य ठहरता है। घेरण्ड-संहिता में कहा गया है कि संसार में जितने भी जीव-जन्तु हैं, उतनी ही संख्या आसनों की है।[2]

यह प्रक्रिया प्रधान "योग भारतीय परम्परा की एक विशेष देन है। इसका इतिहास भारत के प्रागैतिहासिक काल से सम्बन्धित है। सिन्धु घाटी की सभ्यता में उप-लब्ध मुद्राओं एवं पद्मासन की स्थिति में उत्कीर्ण किसी देव विशेष का चित्र"[3] इस बात का परिचायक है कि यह प्रक्रिया प्रधान परम्परा प्रागैतिहासिक काल में भी विद्यमान एवं भारतीय ऋषियों की अक्षय सम्पत्ति थी।

इस योग की प्राचीनता के विषय की चर्चा करते हुए एस०एन० दास गुप्ता के शब्दों को देवीप्रसाद चट्टोपाध्याय ने इस प्रकार लिखा है कि "योग-क्रियाओं में अलग-अलग सम्प्रदायों ने अलग-अलग परिवर्तनों का समावेश किया, लेकिन इन सम्प्रदायों का सांख्य दर्शन की ओर कोई विशेष झुकाव न था। इस प्रकार योग-क्रियाएँ शैव तथा शाक्त सिद्धान्तों के अनुसार भी विकसित हुईं···वे एक दूसरी दिशा में विकसित हुईं जिसे हठयोग कहते हैं। जिनके बारे में यह कल्पना की गई कि वह लगातार किए जाने वाले स्नायविक व्यायामों के द्वारा—जिनका सम्बन्ध रोग निवारण तथा दूसरी अति प्राकृतिक क्षमताओं के द्वारा···जिनका सम्बन्ध रोग निवारण तथा दूसरी अति प्राकृतिक क्षमताओं के साथ भी

---

1. एभिरङ्गैः समायुक्तो राजयोग उदाहृतः।
   किञ्चित्पक्वकषायाणां हठयोगेन संयुतः॥
   परिपक्वं मनो येषां केवलोऽयं च सिद्धिदः।
   गुरुदैवतभक्तानां सर्वेषां सुलभो जवात्॥ वही—143-144
2. आसनानि समस्तानि यावन्तो जीवजन्तवः घेरण्ड-संहिता, 2/1
3. गोरक्ष-संहिता एक अध्ययन सुरिन्द्रकौर—लघु शोध प्रबन्ध पृ०2

जोड़ा गया—रहस्यात्मक तथा जादुई करामातों को जन्म देता है।···तन्त्र तथा दूसरी उपासना पद्धति के विकास पर भी इन क्रियाओं का प्रभाव अधिक था।···सबसे महत्त्वपूर्ण व्यक्ति कदाचित् पतञ्जलि थे, क्योंकि उन्होंने न केवल अनेक प्रकार की योग-क्रियाओं का संग्रह किया तथा उन विभिन्न मन्तव्यों को बटोरा जिनका सम्बन्ध योग से था या जोड़ा जा सकता था, बल्कि इन सबको सांख्य दर्शन पर कलम भी कर दिया, जिसके फलस्वरूप उन्हें वह रूप प्राप्त हुआ जिनमें वे हमें आज उपलब्ध हैं। वाचस्पति तथा विज्ञानभिक्षु इस बात से सहमत हैं कि पतञ्जलि योग के प्रवर्तक नहीं थे बल्कि एक संग्रहकर्ता थे"[1] अब प्रश्न उत्पन्न होता है कि इस प्रक्रिया प्रधान(हठ)योग के प्रवर्तक कौन थे ? सामान्यत: योगशास्त्रों में हठयोग के प्रवर्तक के रूप में मार्कण्डेय, भरद्वाज, मरीचि, जैमिनि, पराशर, भृगु व विश्वामित्र आदि पूज्यपाद महर्षियों का नामोल्लेख प्राप्त होता है तथा इन्हीं महर्षियों की अगाध अनुकम्पा से संसार में प्रत्येक युग में हठयोग का विकास होता गया है।[2] दत्तात्रेयसंहिता के अनुसार कपिल आदि मुनि और इनके शिष्यों ने हठयोग किया था। जिसके अन्तर्गत महामुद्रा, महाबन्ध, खेचरी मुद्रा, जालन्धरबन्ध, उड्यानबन्ध, मूलबन्ध, विपरीतकरणी और वज्रोलि के तीन प्रकार वज्रोलि, अमरोलि और सहजोलि आते हैं।[3]

---

1. (क) भारतीय दर्शन का इतिहास···एस०एन० दास गुप्ता, पृ० 237 (भाग 1)
   (ख) भारतीय दर्शन सरल परिचय···देवी प्रसाद चट्टोपाध्याय-181

2. मार्कण्डेयो भरद्वाजो मरीचिरथ जैमिनि: ।
   पराशरो भृगुश्चापि विश्वामित्रादयस्तथा ।।
   एषां पूज्याङ्घ्रिपद्मानामृषीणां कृपयाऽनिशम् ।
   हठयोगविकाशो वै जगत्यत्र विजृम्भते ।। योगशास्त्र

3. कपिलाद्यास्तु शिष्याश्च हठं कुर्युस्ततो यथा ।
   तद्यथा च महामुद्रा महाबन्धस्तथैव च ।
   ततः स्यात्खेचरी मुद्रा बन्धो जालन्धरस्तथा ।
   उड्डियाणं मूलबन्धो विपरीतकरणी तथा ।
   वज्रोलिरमरोलिश्च सहजोलिस्त्रिधा मता । दत्तात्रेय संहिता श्लोकार्ध संख्या 57-61

हठयोग प्रदीपिकाकार ने वसिष्ठ आदि ऋषियों[1] एवं मत्स्येन्द्रनाथ आदि योगियों के साथ-साथ बत्तीस (32) ऐसे महासिद्धों का नामोल्लेख किया है, जिन्होंने हठयोग विद्या के प्रभाव से मृत्यु रूपी काल दण्ड को काटकर मृत्युञ्जयी की पदवी प्राप्त की है।[2] डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदी एक श्लोक उद्धृत करते हुए लिखते हैं कि हठयोग की दो विधियाँ हैं—"एक तो गोरक्षनाथ की पूर्ववर्त्ती जिसका उल्लेख मृकण्डपुत्र या मार्कण्डेय आदि ने किया था और दूसरी गोरक्षनाथ आदि द्वारा उपदिष्ट।[3] किन्तु यह एक गहन अन्वेषण का विषय है कि हठयोग की कौनसी प्रणाली गोरक्षनाथ से पूर्ववर्ती थी क्योंकि स्वयं गोरक्षनाथ लिखते हैं कि 'वायु' और 'विन्दु' भेद से 'हठ' दो प्रकार का है।[4] ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार इस हठयोग (चक्र एवं नाड़ी वर्णन युक्त होने के कारण यहाँ हठयोग करना अधिक युक्तिसंगत प्रतीत होता है) का प्रादुर्भाव ब्रह्मा से हुआ है। इस पुराण के अनुसार एक बार देवादिदेव ब्रह्मा इड़ा आदि छः नाड़ियों को निरुद्ध कर मूलाधार आदि छः चक्रों का लंघन करके प्राणों को ब्रह्मरन्ध्र में स्थापितोपरान्त योगस्थ हो गये।[5] परन्तु हठपरम्परा के अनुसार इसके प्रवर्तक भगवान् शिव हैं। गोरक्षसंहिता में

1. वसिष्ठाद्यैश्च मुनिभिर्मत्स्येन्द्राद्यैश्च योगिभिः। हठयोगप्रदीपिका-1/20
2. श्री आदिनाथमत्स्येन्द्रशाबरानन्दभैरवाः।
   चौरङ्गीमीनगोरक्षविरूपाक्षबिलेशयाः ॥
   मन्थानो भैरवो योगी सिद्धिर्बुद्धश्च कन्थडिः।
   कोरण्डकः सुरानन्दः सिद्धिपादश्च चर्पटिः ॥
   कानेरी पूज्यपादश्च नित्यनाथो निरञ्जनः।
   कपाली बिन्दुनाथश्च काकचण्डीश्वराह्वयः ॥
   अल्लामः प्रभुदेवस्य घोडाचोली च टिण्टिणिः।
   भानुकी नारदेवश्च खण्डः कापालिकस्तथा ॥
   इत्यादयो महासिद्धा हठयोगप्रभावतः।
   खण्डयित्वा कालदण्डं ब्रह्माण्डे विचरन्ति ते ॥ हठयोग प्र०-1/5-9
3. द्विधा हठः स्यादेकस्तु गोरक्षादिसुसाधितः।
   अन्ये मृकण्डुपुत्राद्यैः साधितो हठसंज्ञकः ॥ नाथ सम्प्रदाय-पृ०-1/138
4. हठोऽपि द्विविधः क्वापि वायुबिन्दुनिषेवणात्—अमरौध प्रबोध-5
5. सुखं योगासनं कृत्वा बभूव संपुटाञ्जलिः,
   इड़ां सुषुम्नां मेध्यां च पिङ्गलां नलिनीं धुराम्।
   नाड़ीषट्कं च योगेन निरुध्य च प्रयत्नतः,
   मूलाधारं स्वाधिष्ठानं मणिपूरमनाहतम्।
   विशुद्धं परमाज्ञाख्यं षट्चक्रं सन्निरुध्य च।
   लंघनं कारयित्वा च तं षट्चक्रं क्रमाद् विधिः।
   ब्रह्मरन्ध्रं समानीय वायुबद्धं चकार ह। ब्रह्मवैवर्तं श्रीकृष्ण खण्ड अध्याय 20

कहा गया है कि यह शास्त्र साक्षात् स्वयं श्री आदिनाथ शिव के मुखारविन्द से ही निकला है।[1] हठयोग-प्रदीपिका के अनुसार उन सर्वशक्तिमान् श्री आदिनाथ को नमस्कार है जिन्होंने हठयोग विद्या का उपदेश किया।[2] पादुकापञ्चक और सिद्ध सिद्धान्त-पद्धति में भी सम्बन्धित प्रक्रिया की उत्पत्ति का कारण भगवान् शिव को माना है।[3]

इस हठयोग की उत्पत्ति ब्रह्मा अथवा शिव के द्वारा हुई। इस प्रकार के उपर्युक्त सन्दर्भों को यह कह कर भले ही टाल दिया जाए कि पौराणिक अथवा नाथ परम्परा से सम्बन्धित प्रत्येक शास्त्र, प्रत्येक विद्या एवं इन ग्रन्थों में वर्णित प्रत्येक सन्दर्भों आदि की उत्पत्ति ब्रह्मा अथवा शिव से मानने की एक अव्यवस्थ परम्परा रही है किन्तु ऐतिहासिक अन्वेषणों से यह स्पष्ट हो जाता है कि हठयोग के प्रमुख अंग के रूप में प्रतिष्ठित आसनों का उल्लेख सिन्धु घाटी की सम्यता में विद्यमान था तथा उन आसनों को मुद्राओं पर अंकित करने की भी एक सुदृढ़ परम्परा थी। 1922 में हुए अन्वेषणों से यह सिद्ध किया गया है कि मोहनजोदड़ो के समय इस परम्परा का विकास अपने चरमोत्कर्ष को प्राप्त कर चुका था। इस तथ्य के सन्दर्भ में श्री नीलकण्ठ शास्त्री के शब्द द्रष्टव्य हैं।[4]

इस प्रकार यह स्पष्ट सिद्ध है कि "सचमुच ये क्रियाएँ बहुत प्राचीन थीं। सिन्धु सम्यता के ठोस ध्वंसावशेष उदाहरण के लिए पत्थर की मूर्तियाँ तथा मुहरों पर अंकित चित्र अकाट्य रूप से इस बात का सूचन करते हैं कि ये क्रियाएँ इस देश में 3000 ई० पूर्व तक भी प्रचलित थीं। कालक्रम से ये क्रियाएँ बहेतु सामग्री जैसी हो गईं जिन्हें तरह-तरह के धार्मिक सम्प्रदायों ने ही नहीं अपितु दार्शनिक सम्प्रदायों तक ने भी अपना लिया था।[5]

---

1. योगशास्त्रं पठेन्नित्यं किमन्यैः शास्त्रविस्तरैः।
   यत्स्वयं चादिनाथस्य निर्गतं वदनाम्बुजात्॥ गोरक्ष-संहिता, 2/100
2. श्री आदिनाथाय नमोऽस्तु तस्मै येनोपदिष्टा हठयोगविद्या—ह०प्र०, 1/1
3. (क) पादुकापञ्चकस्तोत्रं पञ्चवक्त्राद्विनिर्गतम्।
   षडाम्नायफलप्राप्तं प्रपञ्चे चातिदुर्लभम्॥ पादुकापञ्चक-7
   (ख) शास्त्रेष्वन्येषु सर्वेषु शिवेन कथितः पुरा। सिद्धसिद्धान्तपद्धति 25/22
4. The deer throne of the God and his yogic posture are the most unequivocal features left, and these prove nothing more than the antiquity of yoga, a system of physical discipline and mental magic. It should be observed that the yogic posture of our God is not unique in Mohen Jodaro finds.
   (The cultural Heritage of India—Vol, IV pp. 66-67
5. भारतीय दर्शन सरल परिचय—श्री देवीप्रसाद चट्टोपाध्याय पृ०-180

श्री वी०आर० रामचन्द्र दीक्षितार ईसवी सन् से 3000 वर्ष पूर्व तथा उससे भी प्राचीन भारत वर्ष में प्रचलित योग साधना को पाशुपत योग साधना का ही प्रारम्भिक रूप मानते हैं।[1] ईसवी सन् से अति प्राचीन सिन्धु सभ्यता के ध्वंसावशेषों, वेदों **और उपनिषदों के[2] अतिरिक्त** यदि सूक्ष्म दृष्टि से प्राचीन वैद्यक शास्त्र के ग्रन्थों का पर्यालोचन किया जाय तो उनमें भी हठयोग विषयक सामग्री की उपलब्धि हो सकती है। यह एक अलग चिन्तनीय विषय है कि केचित् अर्वाचीन हठयोगपरम्परानुगामी आचार्यों ने आयुर्वेद ग्रन्थों को अनुपयोगी एवं व्यर्थ बताया है।[3] औषध शास्त्रों की वमन क्रिया तथा अर्वाचीन हठयोग के प्रथम अंग के षट्कर्मों की प्रमुख गजकरणी क्रिया[4] एवं वमन धौति[5] रूपी उपाङ्ग क्रिया में प्रकार भेद होने पर भी मौलिक सामञ्जस्य है क्योंकि दोनों की क्रिया पद्धतियों का एक मात्र लक्ष्य है, शरीर को कफ, पित्त इत्यादि रोगों से दूर करके शरीर को स्वच्छ एवं निरोग बनाना। चरक-संहिता के अध्याय बीस में वर्णित है कि "कफ में वैद्य सम्पूर्ण उपक्रमों में से वमन को प्रधानतम मानते हैं क्योंकि वह आदि से ही आमाशय में अनुप्रविष्ट होकर विकार-सम्बन्धी कफ की जड़ को अशेषतः ऊपर खींच लाता है। वहाँ पर कफ के जीते जाने पर शरीर के अन्तर्गत कफ के विकार शान्त हो जाते हैं जैसे खेत की क्यारी के बन्ध के टूट जाने पर जल से सींचे न जाने के कारण शालि जौ तथा षष्टिक आदि धान्य सूख जाते हैं। पूर्व में कहा गया है कि छाती विशेषतः श्लेष्मा का स्थान है, और यहाँ आमाशय को मुख्य माना है। आमाशय भी यद्यपि कफ स्थानों में गिना गया है परन्तु वह मुख्य नहीं। सुश्रुत में आमाशय को मुख्य माना गया है।

---

1. कल्याण का योगाङ्क—पृ०-237

2. वेदों तथा उपनिषदों में उपलब्ध हठयोग विषयक ज्ञान की समीक्षा आगे की गई है।

3. चरकानुचरणचतुराश्चटुलधियः सुश्रुतश्रवणलोलाः।
   अमनस्कौषधि···वा···ज्या कथमखिलंगतं तत्क्षयो भवति॥
   बिन्दुनादो महोषध्यौ विद्येते सर्वजन्तुषु।
   तावविज्ञाय सर्वेऽपि म्रियन्ते गुरुवर्जिताः॥ अमरौघप्रबोध 12-13,

4. उदरगतपदार्थमुद्वमन्ति पवनमपानमुदीर्य कण्ठनाले।
   क्रमपरिचयकेश्यनाडिचक्रा गजकरणीति निगद्यते हठज्ञैः॥ हठयोगप्रदीपिका 2/38

5. भोजनान्ते पिबेद्वारि चाकण्ठपूरितं सुधीः।
   ऊर्ध्वदृष्टिक्षणं कृत्वा तज्जलं वमयेत्पुनः।
   नित्यमभ्यासयोगेन कफपित्तं निवारयेत्॥ घेरण्ड-संहिता-1/39

टीकाकार आमाशय से आमाशय का ऊर्ध्वभाग लेते हैं। योगीन्द्रनाथ ने इस सन्दर्भ की टीका करते हुए यहाँ पर भी 'तत्र आमाशयस्य ऊर्ध्वभागे उरोलक्षणे' ऐसा कहा है। अर्थात् वह वहाँ उरस् (छाती) का ही ग्रहण करते हैं। परन्तु यदि आमाशय ही ग्रहण किया जाए तो भी कोई हानि नहीं। आमाशय क्लेदक श्लेष्मा का स्थान है। वमन से क्लेदक श्लेष्मा बाहर निकल जाती है।"[1] वैद्यक शास्त्र के एक अन्य प्रमुख ग्रन्थ योग-तरंगिणी में वमन क्रिया को अधिक स्पष्ट करते हुए कहा है कि 'यवागू को कण्ठपर्यन्त पीकर अथवा दूध, छाछ, दही इनको कण्ठपर्यन्त पीकर तथा उस प्राणी को अप्रिय भोजन तथा कफकारी भोजन कराय दोषों को उत्क्लेशित कर और जिसको स्नेहन स्वेदन कर चुके हैं ऐसे मनुष्य को वमन करावे तो वमन उत्तम होता है।[2] इसी भाव को काश्यप-संहिता में इस प्रकार कहा गया है कि पूर्व की ओर मुख कराकर उत्तम आसन में रोगी को बिठाकर वैद्य उस कषाय को जो न अत्यन्त गाढ़ा हो, न अत्यन्त उष्ण तथा न ही अत्यन्त शीत हो…आलोडन कर पूर्वोक्त ग्रहघ्नी आदि के कल्क के साथ कण्ठपर्यन्त पिलावे।…पार्श्वों को सिकोड़ कर थोड़ा आगे को झुक कर वमन हेतु बैठना चाहिए।[3]

जहाँ घेरण्ड-संहिता एवं हठयोगप्रदीपिका सदृश हठयोग के प्रमुख ग्रन्थों में वमन हेतु जल किस प्रकार का होना चाहिए इसको स्पष्ट नहीं किया गया है, वहीं आयुर्वेद ग्रन्थों में प्रसंगवश इसकी चर्चा करते हुए स्पष्ट कहा गया है कि 'कफ रोगों में पीपल, मैनफल और सेंधा नमक इनके चूर्ण को गरम जल में, पित्त रोगों में परवल अडूसा और नीम इनको शीतल जल में तथा अजीर्ण रोगों में गरम जल में सेंधा नमक

---

1. …वमनं तु सर्वोपक्रमेभ्यः श्लेष्मणि प्रधानतमं मन्यन्ते भिषजः, तद्ध्यादित एवामाशयमनुप्रविश्य केवलं वैकारिकं श्लेष्ममूलमपकर्षति, तत्रावर्जिते श्लेष्मण्यपि शरीरान्तर्गताः श्लेष्मविकाराः प्रशान्तिमापद्यन्ते, यथा—
भिन्ने केदारसेतौ शालियवषष्टिकादीन्यनभिष्यन्दमानान्यम्भसा
प्रशोषमापद्यन्ते तद्वदिति ॥ चरक-संहिता—अध्याय 20/18

2. पीत्वा यवागूमाकण्ठं क्षीरतक्रदधीनि च।
असात्म्यैः श्लेष्मलैर्भोज्यैर्दोषानुत्क्लेश्य देहिनः ॥
स्निग्धस्विन्नायवमनं दत्तं सम्यक्प्रवर्तते ॥ योगतरङ्गिणी—6/10-11

3. उपविष्टमासने प्राङ्मुखो भिषगालोड्य तं कषायं ग्रहघ्न्यादिकल्कैर्नातिघनोष्ण-शीतमाकण्ठात् पाययेत्,…उपसंगृहीतपार्श्वः स्यादीषन्न्युब्जः।"
काश्यपसंहिता वा वृद्धजीवकीय तन्त्र, अध्याय-3

डालकर वमन करना चाहिए।[1] और इन सब वमनों में सेंधा नमक सहित देना हितकर माना गया है।[2]

उपर्युक्त वमन हेतु आयुर्वेद ग्रन्थों में जहाँ कण्ठ को ऐरण्ड[3] की कोमल नाल से या "जिनके नख भली प्रकार कटे हुए हैं ऐसी दो अंगुलियों (मध्यमा + तर्जनी) से अथवा नीलोत्पल, कुमुद, सौगन्धिक, इनमें से किसी एक के नाल से स्पर्श करते हुए सुखपूर्वक वमन करने का विधान है[4] वहीं घेरण्ड-संहिता में रम्भादण्ड, हरिद्रादण्ड और वेत्रदण्ड का विधान किया गया है।[5]

इसी प्रकार आयुर्वेद की नस्तक्रिया,[6] अनुवासन बस्ति[7] और उत्तरबस्ति[8] क्रिया को हठयोग की क्रमश: नेति क्रिया, बस्ति क्रिया और वज्रोलि मुद्रा के समकक्ष ही समझना चाहिये क्योंकि इन क्रियाओं की विधियों एवं उनसे प्राप्त लाभों में कोई विशेष भेद नहीं है, यदि आयुर्वेद शास्त्रों में वर्णित क्रियाओं में औषधी विषयक ज्ञान का उल्लंघन कर लिया जाये। इसके अतिरिक्त हठयोगप्रदीपिका में स्पष्ट कहा गया है कि चर्बी प्रधान और श्लेष्म प्रधान व्यक्तियों को ही षट्कर्म (गजकरणी वमनधौति इत्यादि) करने चाहिए। और इन दोषों से रहित व्यक्ति को इन क्रियाओं की आवश्यकता नहीं है तथा षट्कर्मों से कफ इत्यादि दोषों की निवृत्ति अवश्यमेव होती है।[9] इसी भाव की

---

1. कृष्णाराठफलं सिंधुंकफे कोष्णजलैः पिबेत् ।
   पटोलवासानिम्बैश्चपित्ते शीतं जलं पिबेत् ॥
   सश्लेष्मवातपीडायां सक्षीरं मदनं पिबेत् ।
   अजीर्णे कोष्णपानीयं सिंधु पीत्वा वमेत्सुधीः ॥

   योगतरंगिणी-6/19-20

2. वमनेषु च सर्वेषु सैंधवं मधुना हितम् । वही 6।12
3. कण्ठमेरण्डनालेन स्पृशन्तं वामयेद्भिषक् । वही 6।21
4. नखाभ्यामङ्गुलीभ्यामुत्पलकुमुदसौगन्धिकनालैर्वा कण्ठमभिस्पृशन् ।

   चरक संहिता-15/13

5. रम्भादण्डं हरिद्रादण्डं वेत्रदण्डं तथैव च । घेरण्ड-संहिता-1/37
6. काश्यपसंहिता—अध्याय 4
7. योगतरङ्गिणी—8/8-12
8. वही—8/24-30
9. (क) मेदः श्लेष्माधिकः पूर्वं षट्कर्माणि समाचरेत् ।
   अन्यस्तु नाचरेत्तानि दोषाणां समभावतः ॥ हठयोगप्रदीपिका 2/21

   (ख) षट्कर्मनिर्गतस्थौल्यकफदोषमलादिकः । वही 2/36

अभिव्यक्ति औषधशास्त्रों में भी की गई है।[1] इन क्रियाओं के अतिरिक्त आयुर्वेद के प्राचीन ग्रन्थों में किसी ऐसे आसन का भी उल्लेख प्राप्त होता है जिनका सम्बन्ध जानूओं से था।[2]

इस प्रकार उपर्युक्त प्रमाणों से यह स्पष्ट हो जाता है कि अर्वाचीन हठयोग के प्रथम अंग के रूप में प्रतिष्ठित षट् कर्मों को ईसवी शताब्दी से पूर्व तथा उसके कुछ समय बाद के आयुर्वेद ग्रन्थों में आये हुये पञ्चकर्मों[3] में स्थान मिल चुका था। इसी भाव को हम इस प्रकार भी कह सकते हैं कि ईसवी शताब्दी से पूर्व षट्कर्मों[4] (हठयोग के प्रथम अंग) का तथा आसनों का प्रयोग सामान्य जन किया करते थे क्योंकि आयुर्वेद के ग्रन्थों का भी यही लक्ष्य था कि ऐसी क्रियाओं एवं औषधियों का प्रयोग करना जिससे सामान्य जन को शारीरिक लाभ एवं मानसिक सुख की प्राप्ति हो सके। सम्भवतः इसी लक्ष्य से प्रभावित होकर गोरक्षनाथ से कई शताब्दी पूर्ववर्त्ती काकचण्डीश्वर-कल्पतन्त्र' में भी जल नेति क्रिया का महत्त्व समझ कर उसका वर्णन करते हुए कहा गया है कि प्रातः काल उठ कर दो पसर जल नासिका छिद्र से जो मनुष्य पान करता है वह

---

1. (क) कफाधिकाश्च ये रोगाः·····················।।
काश्यप-संहिता अध्याय-7

(ख) य एते कफजा रोगा एते सन्तर्पणोद्भवाः।
ते चापतर्पणीयाः स्युर्लङ्घनीयास्त एव च।। वही अ०-7

(ग) बलवंतं कफव्याप्तं हृल्लासादिनिपीडितम्।
तथावमनसात्म्यं च धीरचित्तं च वामयेत्।। योगतरङ्गिणी 6/2

(घ) अतिबालोऽतिवृद्धो गुल्फप्लीहोर्ध्वरक्तलोम······। काश्यपसंहिता-अ०-7

(ङ) सुकुमारं कृशं बालं वृद्धं भीरुं न वामयेत्।। योगतरङ्गिणी-6/10

2. (क) वामनं पाययित्वा तु जानुमात्रासने स्थितम्। वही-6/21

(ख) जानुमात्रासनोपविष्टमाप्तैर्ललाटे पृष्ठे पार्श्वयोः···। सुश्रुत चिकित्सा-अ० 33

(ग) उपविष्टमासने············उपसंगृहीतपार्श्वः—
स्यादीषन्न्युब्जः। काश्यपसंहिता-अध्याय-3, पृ०-155

3. वमनं रेचनं नस्यं निरूहश्चानुवासनम्।
एतानि पञ्च कर्माणि कथितानि मुनीश्वरैः।। योगतरङ्गिणी-9/36

4. धौतिबस्तिस्तथा नेतिस्त्राटकं नौलिकं तथा।
कपालभातिश्चैतानि षट्कर्माणि प्रचक्षते।। ह० प्र०-2/22

बुद्धिमान, नेत्रों में गरुड़ के सदृश, वली और पलित से रहित सभी रोगों से मुक्त होता है।[1] हठयोग के ग्रन्थों के अनुसार इस क्रिया के द्वारा श्लेष्म विकार नष्ट होता है।[2]

यदि सूक्ष्म दृष्टि से ई० शताब्दी के पूर्ववर्त्ती आयुर्वेद के अतिरिक्त ग्रन्थों को देखा जाये तो उन ग्रन्थों में भी आसन से पूर्व कुछ ऐसी क्रियाओं की ओर संकेत किया गया है जिसे परवर्त्ती साहित्य में स्पष्ट शब्दों में षट्कर्म कहते हैं। पातञ्जल योग दर्शनानुसार जिसमें स्थिरता एवं सुख की प्राप्ति हो उसे आसन कहते हैं और साधक का शरीर प्रयत्न की शिथिलता (देह कम्पादि न होना) और अनन्त समापत्तियों (अनन्त विध आसनों को विचार कर उसमें से श्रेष्ठ एवं लाभकारी आसन को स्वीकार करना) के द्वारा ही आसन स्थिर और सुखकर होता है।[3] भोजवृत्ति टीका के अनुसार वह आसन जब स्थिर अर्थात् निष्कम्प सुखरूप और जो व्याकुलता करने योग्य न हो, ऐसा होता है तब वह योगाङ्गता को प्राप्त होता है।[4] जैन आगमों में आसन सम्बन्धी विचार करते हुये स्पष्ट संकेत प्राप्त होता है कि इन आसनों के अभ्यास के प्रारम्भिक काल में किञ्चित् कष्ट का अनुभव होने के कारण ये 'कायक्लेश' है।[5] आयुर्वेद ग्रन्थों में स्पष्ट

---

1. प्रसृतियुगलमात्रं प्रातरुत्थाय नित्यं पिबति खलु नरो यो घ्राणरन्ध्रेण वारि।
   स भवति मतिपूर्णश्चक्षुषा तार्क्ष्यतुल्यो वलिपलितविहीनः सर्वरोगैर्विमुक्तः ॥
   काकचण्डीश्वर कल्पतन्त्रम् उदककल्प 3

2. नासाभ्यां जलमाकृष्य पुनर्वक्त्रेण रेचयेत्।
   पायं पायं व्युत्क्रमेण श्लेष्मदोषं निवारयेत् ॥ घेरण्ड-संहिता-1/58

3. (क) स्थिरसुखमासनम्। पा० यो० दर्शन 2/46

   (ख) प्रयत्नशैथिल्यानन्तसमापत्तिभ्याम्। वही 2/47

   (ग) "अनन्तसमापत्तिभ्याम्' से यह तो स्पष्ट हो ही जाता है कि पातञ्जल योग दर्शन के काल से पूर्व ही बहुत आसनों का प्रचलन था जिनका नामोल्लेख करना सम्भवतः पातञ्जल को स्वीकार्य इसलिए नहीं था, क्योंकि अनन्तविध आसनों के नामोल्लेख एवं उनकी प्रक्रिया बताने से उनका दर्शन प्रधान ग्रन्थ केवल प्रक्रिया प्राधान मात्र होकर रह जाता।

4. तद्यदास्थिरं निष्कम्पं सुखमनुद्वेजनीयं च भवति तदा योगाङ्गतां भजते ॥ भोजवृत्ति टीका 2/46

5. उ० सू०—30/27

उक्त है कि शरीर का कम्पायमान एवं शिथिल होना वात, पित्त एवं कफ विकार के लक्षण है ।[1]

अब प्रश्न उत्पन्न होता है कि जिस मनुष्य का शरीर वात-पित्त-कफ त्रिविध दोषों से दूषित रहता है क्या वह आसन में सुखपूर्वक नहीं बैठ सकता ? इस प्रश्न का समाधान करते हुए हठयोग प्रदीपिका में स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि (पूर्वं षट् कर्माणि समाचरेत्)[2] अर्थात् पहले षट्कर्म करने चाहिएँ इसके अतिरिक्त घेरण्ड-संहिता में भी आसनों से पूर्व षट्कर्म का विधान किया गया है।[3] इस प्रकार यह निर्द्वन्द्व सिद्ध होता है कि जब तक शरीर रूपी घट को दावाग्नि रूपी षट्कर्म में दग्ध नहीं किया जायेगा, तब तक यह शरीर रूपी घट स्थिर सुख आसन रूपी जल हेतु व्यर्थ ही है क्योंकि आसनों से पूर्व अगर षट्कर्म कर लिए जाए तो शरीर किञ्चित् अभ्यास मात्र से ही आसनानुकूल बन जाता है और जिससे साधक को शीघ्र ही आसन सुखदायी होने लगता है।

इन सब उपर्युक्त प्रमाणों से यह सिद्ध होता है कि षट्कर्म की क्रियाओं का चाहे वह आयुर्वेद से सम्बन्धित ही क्यों न हो ईसवी शताब्दी से बहुत पहले प्रचलन था।

हठयोग विषयक ज्ञान एवं उसकी प्राचीनता बिषयक सन्दर्भ की चर्चा करते हुए डॉ० विनयतोष भट्टाचार्य लिखते हैं कि "बौद्ध धर्म ने योग के सिद्धान्तों को चुपचाप ग्रहण तो कर लिया, परन्तु उनका प्रचार जैसा ईसवी सन् की तीसरी शताब्दी में हुआ वैसा उससे पहले नहीं हुआ। किन्तु बौद्ध लोग निश्चेष्ट होकर नहीं बैठे रहे। उनका एक ऐसा दल था जो छिपकर (राज) योग एवं हठयोग दोनों प्रकार के योगों की साधना किया करता था और उन लोगों ने अपने सामूहिक उन साधनाओं को शास्त्र का रूप देकर एक ऐसी पद्धति का निर्माण किया जो पातञ्जलयोग पद्धति से बहुत कुछ मिलती है, बल्कि यों कहना चाहिए कि दोनों में बहुत कम अन्तर है। (राज) योग और हठयोग की मूलभित्ति पर तन्त्रों का निर्माण हुआ और तन्त्रों की सहायता से यह शास्त्र सर्वाङ्ग-पूर्ण बन गया।[4] सेनार्ट का तो यह विचार है कि योग ही बौद्धमत का मूल कारण है

---

1. (क) विषादविजृम्भाविनामवेपथु·········वातज्वरानिलाङ्गानि स्युः ॥
(चरक-संहिता, निदानस्थान-1/15-21)
(ख) वेपथुर्विषमो वेगः··························च भवन्त्यनिलजे ज्वरे ॥
योगतरङ्गिणी-21/16-17
2. हठ० प्र० 2/21,
3. घे० स० 1/10,
4. कल्याण का योगाङ्क, पृ० 281,

और पुर्से बौद्धमत को योग की ही एक शाखा के रूप में स्वीकार करते हैं।[1]

हठयोग सम्बन्धी साधनाओं एवं उसकी निर्धारित क्रियाओं का स्पष्ट दिग्दर्शन ईसवी सन् की तृतीय शताब्दी के गुह्य समाज तन्त्र में उपलब्ध होता है। इस तन्त्र ग्रन्थ में षडाङ्ग योग का वर्णन किया गया है।[2]

11वीं शताब्दी से पूर्व हठयोग के प्रचार का इससे अधिक प्रमाण और क्या हो सकता है कि "नरपतिजयचर्यास्वरोदय" शास्त्र में स्वरोदय ज्ञान का सविस्तार वर्णन दृष्टिगोचर होता है। इस स्वरोदय शास्त्र का ज्ञान राजा के लिये ही नहीं अपितु देवताओं के लिये भी आवश्यक माना गया है। इस ग्रन्थ में स्पष्ट निर्देश है कि जिस राजा के पास स्वर शास्त्र का पारंगत एक भी दैवज्ञ नहीं होता और कदाचित् वह विजय प्राप्त कर भी ले तो उसकी वह विजय घुणों से बनाये हुए अक्षरों के और अंधे से गृहीत पक्षी चटक के समान होती है। उसका राज्य केले के खम्भे के समान निस्सार होता है। स्वरशास्त्र का अभ्यास करने वाला, सत्यवादी और जितेन्द्रिय दैवज्ञ की आज्ञा पालन करने वाले राजा को निरन्तर विजयलक्ष्मी प्राप्त होती है।[3]

सम्भवतः ऐसा प्रतीत होता है कि इस प्राचीन प्रक्रिया प्रधान योग की परम्परा रूपी ज्ञान गंगा का प्रवाह अनादि काल से ही अनवरत बहता आया था जिससे केवल बौद्ध ही नहीं अपितु जैन दर्शन भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सका था। इतिहास स्वयं साक्षी है कि भगवान् महावीर स्वयं यौगिक तथा ध्यान-क्रियाओं में लीन रहे थे और उन्हें उत्कटिकासन में केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।[4] इसके अतिरिक्त वह स्वयं प्रक्रिया प्रधान योगी थे तथा उन्होंने इस प्रक्रिया प्रधान योग का प्रचार और प्रसार भी किया

---

1. संतकाव्य में योग का स्वरूप, पृ० 124,

2. सेवाषडङ्गयोगेन कृत्वा साधनमुत्तमम्।
   साधयेदन्यथा नैव जायते सिद्धिरुत्तमा॥
   प्रत्याहारस्तथा ध्यानं प्रणायामोऽथ धारणा।
   अनुस्मृतिः समाधिश्च षडङ्गो योग उच्यते॥ गुह्यसमाजतन्त्र 18/139-40

3. कथञ्चिद्विजयी युद्धे स्वरज्ञेन बिना नृपः।
   घुणवर्णोपमं तत्तु यथान्धचटकग्रहः॥
   यस्यैकोऽपि गृहे नास्ति स्वरशास्त्रस्य पारगः।
   रम्भास्तम्भोपमं राज्यं निश्चितं तस्य भूपतेः॥
   स्वरशास्त्रे सदाभ्यासी सत्यवादी जितेन्द्रियः।
   तस्यादेशस्य यः कर्त्ता जयश्रीस्तं नृपं भजेत्॥

   नरपतिजयचर्यास्वरोदय-1/10-12

4. भारतीय दर्शन में योग—डा० मंगला—पृ०-142

था ।[1] औपपातिकसूत्र में जहाँ वीर, कमल, दण्ड, वज्र इत्यादि आसनों का उल्लेख प्राप्त होता है वहीं आगम शास्त्रों में प्राणायाम विषयक सन्दर्भ की चर्चा दृष्टिगोचर होती है ।[2]

इन सब उपर्युक्त प्रमाणों से यह निर्विवाद सिद्ध होता है कि ईसवी सन् से कई शताब्दी पूर्व हठयोग के महत्त्वपूर्ण अंग षट् कर्म, आसन और प्राणायाम अपनी विकसित अवस्था को प्राप्त कर चुके थे और अति प्राचीन एवं जन सामान्य प्रिय इन क्रियाओं को विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों और दर्शन ग्रन्थों में भी निबद्ध कर दिया गया था, क्योंकि यह सर्वविदित तथ्य है कि किसी भी शास्त्र का प्रणयन अपने समय में पराकाष्ठा को प्राप्त उपलब्ध मान्यताओं को लेकर ही हुआ करता है । यह एक अलग चिन्तन का विषय है कि महर्षि पातंजल इन क्रियाओं से कितना कुछ ग्रहण कर सके तथा उन्होंने किस प्रकार से इस प्रक्रिया प्रधान योग को दर्शन प्रधान ग्रन्थ के रूप में परिष्कृत एवं परिमार्जित किया जो आज हमें वर्तमान रूप में उपलब्ध होता है ।

यद्यपि हठयोग के सिद्धान्त, ग्रन्थ रूप में पर्याप्त परवर्त्ती हैं, किन्तु जैसाकि हम अपने अध्ययन में स्पष्ट कर चुके हैं कि इसके चिह्न हमें निर्विवाद रूप से सिन्धुघाटी के प्रागैतिहासिक अवशेषों में उपलब्ध होते हैं और वहीं से सम्भवत: वेदों तथा उपनिषदों में यत्र-तत्र अवतरित होकर वेदोत्तर काल में पल्लवित होते हैं ।

---

1. "Mahavira and Gautama were conteporaneous and both of them were undoubtedly great practical yogins and not only their respective traditions, but even their opponents recognise them to be so. As already noted by this time, yoga was not only well-established as a practical discipline and as a system of thought, but it had also become very much popular and already influenced not only religious but also other fields of Indian life. Mahavira and especially Gautama tried to make it even more popular." (Yoga-Historical background Dr. Kenghe pp. 123-24)
2. (क) औपपातिक सूत्र, बाह्यतपोधिकार-30

   (ख) उत्तराध्ययन सूत्र—29/73

क्योंकि 'इसी हठयोग के द्वारा चित्तवृत्तिनिरोध व शान्तिलाभ होता है,[1] इत्यादि प्रमाणों के द्वारा श्रुति ने हठयोग का समर्थन किया है एवं स्मृतियों और परवर्ती कालीन धर्मग्रन्थों ने इसका अनुसरण।

हठयोग परम्परा के मुख्य विषय के रूप में प्रचलित प्राणायाम का प्रयोग वैदिक परम्परा के प्राचीनतम ग्रन्थ ऋग्वेद में भी अवलोकनीय है। शाब्दिक रूप में प्राणायाम का अर्थ 'प्राण का नियन्त्रण अथवा विराम' माना गया है। ऋग्वेद के दशम मण्डल में इसका प्रयोग अनेक स्थलों पर देखा जा सकता है। एक जगह प्रयुक्त हुआ है कि "प्राणा-द्वायुरजायत' अर्थात् आदि पुरुष के प्राण से वायु प्रकट हुई।[2] सम्भवतः ऋग्वेद के दशम मण्डल में 'अपान' की ओर भी निर्देश है।[3] तैत्तिरीय संहिता में प्राणों के पाँच प्रकारों का वर्णन उपलब्ध होता है।[4] जिस पर टिप्पणी करते हुए सायणाचार्य ने उन प्राणों का स्थान निर्धारित करते हुए कहा है कि हृदय में प्राण, गुदा में अपान, नाभि में समान, कण्ठ में उदान और व्यान की सम्पूर्ण शरीर में विद्यमानता है।[5]

अथर्ववेद में 'प्राणा' एवं 'अपाना' का बहुवचन में प्रयोग दृष्टिगोचर होता है।[6] और एक जगह "अष्टायोग" तथा 'षड्योग' का प्रयोग किया गया है।[7] इसके अतिरिक्त एक जगह शरीर में आठ चक्रों की विद्यमानता बताते हुए कहा गया है कि आठ चक्रों वाला तथा नवदरवाजों (छिद्र) वाला यह शरीर ही देवों की अयोध्यापुरी है। उसी इस शरीर पुरी के शिरोभाग में सुनहले वर्ण का एक कोश (ब्रह्मगुहा) अत्यन्त सुखमय है। वह

---

1. "हठाच्चेतसो जयम्" "हठेन लभ्यते शान्तिः" (श्री धर्मकल्पद्रुम, भाग चार पृ० 1127 से उद्धृत)
2. ऋग्वेद, 10/90/13
3. 'अन्तश्चरति रोचनास्य प्राणादपानती' (10/189/2)
4. प्राणापानौ मे पाहि समानव्यानौ मे पाहि उदानव्यानौ मे पाहि। (1/6।3।3)
5. हृदि प्राणो गुदेऽपानः समानो नाभिसंस्थितः।
   उदानः कण्ठदेशस्थो व्यानः सर्वशरीरगः। सायणाचार्य
6. प्राणा अपाना इह ते रमन्ताम्। अथर्ववेद-8/1/1
7. इमं यवमष्टायोगैः षड्योगेभिरचर्कृषु।
   तेना ते तन्वो ३ रपोऽपाचीनमप व्यये॥ वहीं-6/91/1

ज्योति से समाच्छादित है ।[1] यजुर्वेद और सामवेद संहिता में भी 'प्राण' शब्द का प्रयोग अनेक स्थलों पर देखा जा सकता है ।[2] गौतम धर्म सूत्र (1161) तथा बौधायन धर्मसूत्र में भी प्राणायाम का निर्देश प्राप्त है । उपर्युक्त उदाहरणों से यह स्पष्ट हो जाता है कि ईसा से कई शताब्दी पूर्व ही प्राणायाम का इतना विकास हो चुका था कि धार्मिक कृत्यों अथवा प्रायश्चित्तों के रूप में भी इस क्रिया का उपयोग किया जाता था ।[3]

उपनिषदों में तो इस योग की चर्चा प्रसंगवश अनेक स्थलों पर हुई है । श्वेताश्वतरोपनिषद् में योगी के लिए कौन-सा स्थान योगाभ्यास हेतु उत्तम है—इसी चर्चा करते हुए कहा गया है कि 'योगी को समतल, शुद्ध, कंकड़, अग्नि और बालू से रहित शब्द, जल और आश्रय की दृष्टि से सर्वथा अनुकूल नेत्रों को पीड़ा न देने वाले, गुहा आदि वायुशून्य स्थान में मन को ध्यान में लगाने का अभ्यास करना चाहिए ।[4] इसके अतिरिक्त इस क्रियात्मक योग की चर्चा करते हुए एक जगह षडङ्ग योग की परिकल्पना दृष्टिगोचर होती है । सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाए तो यहाँ हठयोग सम्बन्धी (आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि) अंगों का वर्णन अत्यन्त विशिष्ट रूप से दर्शाया गया है ।[5] हठयोग का स्पष्ट संकेत देते हुए अन्यत्र कहा गया है कि 'शरीर का हलका होना, आरोग्य, अलोलुपता, नेत्रों की प्रसन्नतावर्धक शरीर कांति, मधुर स्वर, शुभ गन्ध, इत्यादि योगप्रवृत्ति के प्रथम लक्षणान्तर्गत आते हैं ।[6] इसी भाव को हठयोगप्रदीपिका में भी स्पष्ट

---

1. अष्टाचक्रा नवद्वारा देवानां पूरयोध्या ।
   तस्यां हिरण्ययः कोशः स्वर्गो ज्योतिषावृतः ॥ वही-10/2/31

2. वैदिक कोश—पं० भगवद्दत्त, प्रथम भाग, पृ०-337-351

3. धर्मशास्त्र का इतिहास—पी० वी० काणे, भाग पञ्चम ।

4. समे शुचौ शर्करावह्निबालुका विवर्जिते शब्दजलाश्रयादिभिः ।
   मनोऽनुकूले न तु चक्षुःपीडने गुहानिवाताश्रयणे प्रयोजयेत् ॥ श्वेता० 2/10

5. त्रिरुन्नतं स्थाप्य समं शरीरं हृदीन्द्रियाणि मनसा सन्निरुध्य ।
   ब्रह्मोडुपेन प्रतरेत विद्वान् स्रोतांसि सर्वाणि भयावहानि ॥
   प्राणान् प्रापीड्येह संयुक्तचेष्टः क्षीणे प्राणे नासिकयोच्छ्वसीत ।
   दुष्टाश्वयुक्तमिव वाहमेनं विद्वान् मनो धारयेताह प्रमत्तः ॥ वही, 2/8-9

6. लघुत्वमारोग्यमलोलुपत्वं वर्णप्रसादं स्वरसौष्ठवं च ।
   गन्धः शुभो मूत्रपुरीषमल्पं योगप्रवृत्तिं प्रथमा वदन्ति ॥ वही, 2/13

करते हुए इनको हठयोग के लक्षण के रूप में स्वीकार किया है।[1] इससे यह स्पष्ट सिद्ध होता है कि श्वेताश्वतरोपनिषद् में वर्णित योग प्रवृत्ति के प्रथम लक्षण ही हठयोग के ही लक्षण हैं क्योंकि यह सर्वविदित है कि राजयोग से पहले हठयोग में नैपुण्य परमावश्यक माना गया है। इसके अतिरिक्त कठोपनिषद्[2] तैत्तिरीय,[3] छान्दोग्य,[4] कौषीतकि,[5] इत्यादि उपनिषदों में भी इस योग का बाहुल्य दृष्टिगोचर होता है। हठयोग के घटक तत्त्वों में नाड़ी ज्ञान का अपना एक अलग एवं विशिष्ट स्थान है और इसका वर्णन हमें कठोपनिषद् में भी प्राप्त होता है जहाँ वर्णित है कि हृदय में एक सौ एक प्रधान नाड़ियाँ हैं, जो वहाँ से सब ओर फैली हुई हैं। उनमें से एक नाड़ी, जिसको सुषुम्ना[6] कहते हैं, हृदय से मस्तक की ओर गयी है। भगवान् के परमधाम में जाने का अधिकारी उस नाड़ी के द्वारा शरीर से बाहर निकलकर सबसे ऊँचे लोक में अर्थात् भगवान् के परमधाम में जाकर अमृतस्वरूप परमानन्दमय परमेश्वर को प्राप्त हो जाता है; और दूसरे जीव मरणकाल में दूसरी नाड़ियों के द्वारा शरीर से बाहर निकलकर अपने-अपने कर्म और वासना के अनुसार नाना योनियों को प्राप्त होते हैं।[7] इस प्रकार सूक्ष्म दृष्टि से उपनिषदों में वर्णित तथ्यों का अन्वेषण करने पर यह प्रतीत होता है कि मोक्ष हेतु प्रक्रियात्मक योग को एक प्रमुख साधन के रूप में जाना जाने लगा था।

---

1. वपुःकृशत्वं वदने प्रसन्नता नादस्फुटत्वं नयने सुनिर्मले।
   अरोगता बिन्दुजयोऽग्निदीपनं नाड़ीविशुद्धिर्हठयोगलक्षणम्॥
   हठयोग प्र०—2/78
2. कठोपनिषद्, 2/6 11,/1/2/12
3. तैत्तिरीय, 2/4, 3/1/9,
4. छान्दोग्य, 7/6/1-2
5. कौषीतकि, 3/2, 3, 4
6. सुषुम्णा चर्व्यवल्लीव मेरुश्लिष्टा पुरोगता।
   ग्रीवान्तं प्राप्य गलिता तिर्यग्भूता वरानने।
   शङ्खिनीनालमालम्ब्य गता सा ब्रह्मसादनम्॥ निगमतत्त्वसारवचन
7. (क) शतं चैका च हृदयस्य नाड्यस्तासां मूर्धानमभिनिःसृतैका।
   तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति विष्वङ्ङन्या उत्क्रमणे भवन्ति॥
   कठोपनिषद्—2/3/16
   (ख) हृदयस्य नाड्यः प्राधान्येन शतम्, एका च। एकाधिकशतसङ्ख्याकाः प्रधान-नाड्य इति यावत्। तासां मध्ये या मूर्धानमभिनिःसृता तया सुषुम्णाख्यया नाड्याऽन्तकाले ऊर्ध्वमुद्गच्छन्नमृतत्वम्—परमां मुक्तिमधिगच्छति···।
   श्रीगोपालानन्दस्वामि विरचित भाष्य पृ०—124

प्राचीन ऋषियों ने सूत्रग्रन्थों की रचना के समय इस योग के महत्त्व को स्वीकारा जिसका प्रबल प्रमाण महर्षि गौतम का न्यायदर्शन[1] तथा महर्षि कणाद का वैशेषिक दर्शन[2] है। देवल धर्मसूत्र में प्राणायाम का उल्लेख एवं परिभाषा प्राप्त होती है, जिसमें प्राणायाम को तीन प्रकार का माना गया है, कुम्भ, रेचन और पूरण।[3] महर्षि बादरायण के ब्रह्मसूत्र के तृतीय अध्ययन में आसन, ध्यान आदि का वर्णन प्राप्त होता है।[4] वेदों, उपनिषदों में सूचित तथा दर्शन साहित्य में वर्णित योग साधना का पल्लवित-पुष्पित रूप हमें गीता में भी दृष्टिगोचर होता है, जिसमें योगाभ्यासी का स्थान निश्चित किया गया है[5] तथा योगांग के रूप में प्रतिष्ठित ध्यान का वर्णन प्राप्त होता है।[6]

मनुस्मृति में जहाँ यम और नियम की चर्चा करते हुए यह निर्दिष्ट है कि जो व्यक्ति यमों का सेवन न करते हुए केवल नियमों का ही पालन करता है, वह पतित होता है।[7] वहाँ याज्ञवल्क्यस्मृति में पद्मासन का स्पष्ट उल्लेख प्राप्त होता है जबकि श्री विज्ञानेश्वर की मिताक्षरा व्याख्या में इसे बद्धपद्मासन की संज्ञा दी गई है।[8] इसके अतिरिक्त याज्ञवल्क्य स्मृति में भी एक ऐसी नाड़ी का वर्णन प्राप्त होता है जो सूर्यमंडल का

---

1. समाधि-विशेषाभ्यासात्। अरण्य-गुहा-पुलिनादिषु योगाभ्यासोपदेशः।
   तदर्थं यम-नियमाभ्यामात्मसंस्कारो योगाच्चाध्यात्मविध्युपायैः ॥
   न्याय दर्शन—4/2/38, 4/2/42
2. अभिषेचनोपवास-ब्रह्मचर्य-गुरुकुलवास-वानप्रस्थ-यज्ञदानप्रोक्षणदिग्-नक्षत्रमन्त्रकाल-नियमाश्चादृष्टाय। वैशेषिक दर्शन, 6/2/2
3. त्रिविधः प्राणायामः। कुम्भो रेचनं पूरणमिति। देवल धर्मसूत्र कृत्यकल्प। मोक्षकाण्ड
4. ब्रह्मसूत्र, 4,1, 7-11
5. गीता, 6।11-14
6. वही, 18।52
7. यमान् सेवेत सततं न नित्यं नियमान् बुधः।
   यमान्पतत्यकुर्वाणो नियमान्केवलान्भजन् ॥
   आनृशंस्यं क्षमा सत्यमहिंसा दममस्पृहा।
   ध्यानं प्रसादो माधुर्यमार्जवं च यमा दश ॥
   मनुस्मृति 2/204
8. (क) ऊरुस्थोत्तानचरणः सव्ये न्यस्योत्तरं करम्।
   उत्तानं किञ्चिदुन्नाम्य मुखं विष्टभ्य चोरसा ॥ याज्ञवल्क्य स्मृति-3/198
   (ख) ऊरुस्थावुत्तानौ यस्य स तथोक्तः बद्धपद्मासनः। मिताक्षरा

भेदन कर ब्रह्मलोक के भी पार पहुंचती है तथा जिसके द्वारा जीव मुक्ति को प्राप्त होता है।[1] इस नाड़ी को कालान्तर में सुषुम्ना के नाम से भी पुकारा गया है।[2] इस नाड़ी के अतिरिक्त याज्ञवल्क्य स्मृति में हमारे शरीर में विद्यमान बहत्तर हजार नाड़ियों का भी उल्लेख प्राप्त होता है,[3] जैसाकि अर्वाचीन हठयोग के प्रमुख ग्रन्थों में वर्णित है।[4]

प्रायः हठयोग के प्रमुख ग्रन्थों में षट्कर्म की त्राटक क्रिया का उल्लेख दृष्टिगोचर होता है। इस क्रिया में किसी वस्तु पर अपना ध्यान लगाकर अश्रुपात पर्यन्त एकटक देखते रहना चाहिए।[5] सम्भवतः अगर सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाए तो महाकवि कालिदास ने भी इस क्रिया के महत्त्व को स्वीकार किया है तथा उन्होंने स्वयं ही लिखा है कि पार्वती ग्रीष्मऋतु में अपने चारों ओर आग जलाकर सूर्य की ओर एकटक देखती रहती थी[6] और जिसका मुख्य ध्येय हठक्रिया द्वारा शिव की प्राप्ति था। इसके अतिरिक्त कालिदास के अन्य ग्रन्थों में हठयोग सम्बन्धी आसन विशिष्ट मुद्राओं का भी वर्णन दृष्टिगत होता है।[7]

पुराण-कालीन युग में भी इन क्रियाओं का महत्त्व बढ़ने लग गया था, जिसका प्रमुख उदाहरण सर्वशिरोमणि भागवत-पुराण है, जिसमें वर्णित है कि मूलाधार से कुण्ड-

---

1. ऊर्ध्वमेकः स्थितस्तेषां यो भित्त्वा सूर्यमण्डलम्।
   ब्रह्मलोकमतिक्रम्य तेन याति परां गतिम्॥ याज्ञवल्क्य-3/167
2. इड़ा वामे स्थिता नाड़ी पिङ्गला दक्षिणे मता।
   तयोर्मध्यगता नाड़ी सुषुम्ना वंशमाश्रिता॥
   पादाङ्गुष्ठद्वये याता शिफाभ्यां शिरसा पुनः।
   ब्रह्मस्थानं समापन्ना सोमसूर्याग्निरूपिणी॥ शारदातिलक
3. द्वासप्ततिसहस्राणि हृदयादभिनिःसृताः।
   हिताहिता नाम नाड्यस्तासां मध्ये शशिप्रभम्॥ याज्ञवल्क्य स्मृति-3/108
4. तेषु नाडीसहस्रेषु द्विसप्ततिरुदाहृता।
   प्रधानाः प्राणवाहिन्यो भवस्तत्र दश स्मृता॥ योगमार्तण्ड-17
5. (क) निरीक्षेन्निश्चलदृशा सूक्ष्मलक्ष्यं समाहितः।
   अश्रुसम्पातपर्यन्तमाचार्यैस्त्राटकं स्मृतम्॥ हठयोगप्रदीपिका-2/31
   (ख) निमेषोन्मेषकं त्यक्त्वा सूक्ष्मलक्ष्यं निरीक्षयेत्।
   यावदश्रूणि पतन्ति त्राटकं प्रोच्यते बुधैः॥ घेरण्ड-संहिता-1/53
6. शुचौ चतुर्णां ज्वलतां हविर्भुजां शुचिस्मिता मध्यगता सुमध्यमा।
   विजित्य नेत्रप्रतिघातिनीं प्रभामनन्यदृष्टिः सवितारमैक्षत॥ कुमारसम्भव 5/20
7. द्रष्टव्य—रघुवंश/13वां सर्ग एवं वीरासन हेतु-13/52

लिनी शक्ति को उठाकर सुषुम्ना-मार्ग से ब्रह्मरन्ध्र तक ले जाना चाहिए। इसकेअतिरिक्त अन्य हठयोग सम्बन्धी क्रियाओं का भी उल्लेख प्राप्त होता है।[1]

गरुड़ पुराण[2] के अतिरिक्त ब्रह्मपुराण[3] में भी क्रियात्मक योग का वर्णन उपलब्ध होता है तथा इसमें योगाभ्यास का फल भी दर्शाया गया है। शिवमहापुराण में यम नियम सहित आठ अंगों का उल्लेख कर संक्षेप में आसन, प्राणसंरोध, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये ही वास्तव में योग के षडङ्ग माने गए हैं।[4] इसके अतिरिक्त उपरोक्त पुराण में आठ आसनों का भी वर्णन दृष्टिगोचर होता है।[5] अग्निपुराण में आसनों के अतिरिक्त युक्त प्राणायाम से लाभ एवं अयुक्त प्राणायाम से होने वाली हानियों की भी चर्चा की गई है।[6]

कालोपरान्त हठयोग की इन क्रियाओं को इतना अधिक महत्त्व दिया जाने लगा कि जिससे तान्त्रिक सम्प्रदाय भी प्रभावित हुए बिना न रह सका। अनेक तन्त्रग्रन्थों में इन क्रियाओं का महत्त्व प्रकट किया गया है, जिनमें महानिर्वाण तन्त्र इत्यादि मुख्य ग्रन्थ हैं। 11वीं शती के शारदातिलक तन्त्रशास्त्र में नाद, बिन्दु, नाड़ी इत्यादि का पर्याप्त उल्लेख प्राप्त होता है। इसके साथ-साथ षड्चक्र निरूपण एवं कुण्डलिनी शक्ति पर भी प्रकाश डाला गया है।[7]

हठयोग के अन्तर्गत आने वाले शिव तथा शक्ति तत्त्व का निरूपण करते हुए तान्त्रिक ग्रन्थ इस प्रकार व्याख्या करते हैं कि 'शिव' का स्थान सहस्रचक्र है जो कपाल प्रदेश में स्थित है तथाशक्ति का स्थान मूलाधार चक्र है जो कि गुदेन्द्रिय में स्थित हैं।[8]

---

1. भागवतपुराण—स्कन्ध 3 अ० 28, स्कन्ध 11 अ० 15, स्कन्ध 11, अ० 8
2. गरुडपुराण—अध्याय-8
3. ब्रह्मपुराण—योगविधिनिरूपण
4. शिवपुराण—7/2/37-14-16
5. स्वस्तिकं पद्ममध्येन्दुं वीरं योगं प्रसाधितम्।
   पर्यङ्कं च यथेष्टं च प्रोक्तमासनमष्टधा॥ वही—7/2/37-20
6. अग्निपुराण—अध्याय-372, 373
7. शारदातिलक—1/50-57, 25/65
8. Yogic and Tantric Medicine—O.P. Jaggi, p. 121

## हठयोग का अर्वाचीन काल

परवर्ती युग में ज्ञान-विज्ञान का ऐसा प्रवाह प्रवाहित हुआ कि मनुष्य को इस तथ्य पर चिन्तन करने के लिए बाध्य होना पड़ा कि इस दुःखमय संसार रूपी सागर को किस प्रक्रिया रूपी नौका के द्वारा शीघ्रता से पार किया जा सकता है। इसी चिन्तन रूपी गंगा का इतना तीव्र प्रवाह बहा कि चारों ओर उसी का स्वर सुनाई देने लगा तथा उसने समस्त धर्मों, दर्शनों एवं विभिन्न सम्प्रदायों के अज्ञान रूपी तटबन्धों का विच्छेदन कर एक ऐसी पद्धति का निर्माण किया जो अनेक प्रकार की सिद्धियों, जादुई करामातों एवं अनेक परम्पराओं का समावेश लिए हुई थी। जिसके फलस्वरूप हठयोग की सत्ता नाथ सम्प्रदाय के दर्शन सिद्धान्तों में अन्तर्भूत होकर नूतन रूप में प्रकट हुई और जिसने आसन, मुद्रा, प्राणायाम, कुण्डलिनी, जागरण एवं धौति, बस्ति, नेति, कुञ्जल इत्यादि षट्कर्म रूपी योग के बाह्य अंगों पर इतना अधिक महत्त्व दिया कि उसकी बढ़ती हुई लोकप्रियता से सभी सम्प्रदाय प्रभावित हुए। नाथ सम्प्रदाय के प्रथम आचार्य श्री गोरक्षनाथ (गोरखनाथ) के काल (10वीं श० से 11वीं शती के मध्य)[1] में तथा उनके परवर्ती काल में शैव तथा शाक्त साधनाएँ परस्पर एक दूसरे में समा गई थीं। शिव शक्ति में अभेद सम्बन्ध स्थापित हो गया था। स्वयं गोरक्षनाथ के अनुसार पिण्ड में ब्रह्माण्ड व्यापिनी परासंवित् ही कुण्डलिनी के रूप में स्थित है, जिसका उद्बोधन ही हठयोग का प्रधान लक्ष्य है। हठयोग के अनुयायी ऐसा विश्वास करते थे कि शिव में शक्ति और शक्ति में शिव का वास है, दोनों में अविभाग रूप एकता अर्थात् दोनों एकमेव होकर अनुस्यूत हैं। चन्द्रमा तथा उसकी चन्द्रिका की भाँति शिव और शक्ति अभिन्न हैं।[2]

---

1. (क) गोरक्ष का जन्म 1100 ई० में या इसके कुछ समय बाद हुआ था।—द्रष्टव्य श्री आर०सी० घेरे कृत मराठी ग्रन्थ 'गोरक्षनाथ की जीवनी एवं शिष्यों की परम्परा' (पृष्ठ 224)—धर्मशास्त्र से उद्धृत पृ०-276

   (ख) श्री पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल ने गोरक्षनाथ का जन्म दसवीं शताब्दी के लगभग ठहराया है—देखिए 'हिन्दी काव्य में निर्गुण सम्प्रदाय' पृ० 71

   (घ) गोरक्षनाथ का समय यदि दसवीं शताब्दी से लेकर ग्यारहवीं शताब्दी के मध्य मान लिया जाए तो कोई हानि नहीं होगी।

   (ग) विक्रम की ग्यारहवीं शताब्दी में—उत्तरी भारत की संत परम्परा-चतुर्वेदी पृ० 56

2. शिवस्याभ्यन्तरे शक्तिः शक्तेरभ्यन्तरे शिवः।
   अन्तरं नैव पश्यामि चन्द्रचन्द्रिकयोरिव ॥
   नानाशक्तिस्वरूपेण सर्वपिण्डाश्रयत्वतः।
   पिण्डाधार इतीष्टाख्या सिद्धान्त इति धीमताम् ॥ सिद्धसिद्धान्त संग्रह 4/37-38

यहाँ यह विचारणीय है कि नाथ से तात्पर्य क्या है ? नाथ वह अनादि धर्म है जो भुवनत्रय की स्थिति का कारण है क्योंकि नाथ के 'ना' शब्द से अनादि रूप अर्थ प्रकटित होता है तथा 'थ' का अर्थ है (भुवनत्रय का) स्थापित होना। श्री गोरक्षनाथ को इसी कारण से नाथ कहा जाता है।[1] क्योंकि "संतों के पूर्व का धार्मिक वातावरण भी विशृंखल था। जैन धर्म का शुद्धाचार धीरे-धीरे तन्त्र एवं योग को स्वीकार कर चुका था। बौद्धों का सम्प्रदाय बदलते-बदलते महायान, वज्रयान एवं सहजयान तक पहुंच चुका था। इन वज्रयानी एवं सहजयानी साधकों में योग की प्रमुखता थी, किन्तु इन्होंने आचरण का एक ऐसा मानदण्ड रखा था, जिसका बाहरी रूप अत्यन्त ही घृणित था। निम्न वर्ग को अपने महायान पर सवार कराकर पार उतारने वाली इनकी क्रान्ति धीरे-धीरे कुण्ठित हो गई थी। सहजयानी सिद्धों में आकर साधना बहुत कुछ लोक-धरातल पर पहुंच गई थी, पर उसका मुद्रा-मैथुन का रूप गर्हित था। इसकी प्रतिक्रिया के रूप में नाथपन्थियों का शुद्धतावादी शैव-सम्प्रदाय संगठित हुआ, जिसके सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण साधक गोरक्षनाथ हुए। गोरक्षनाथ ने साधना में वज्रदेह की सिद्धि का आदर्श स्वीकार किया और सिद्धों की साधना में शुद्धता का संचार किया।"[2] श्री "गोरक्षनाथ के नाम पर बहुत से ग्रन्थ चलते हैं, जिनमें अनेक तो निश्चित रूप से परवर्ती हैं और कई सन्देहास्पद हैं। सब मिलाकर केवल इतना ही कहा जा सकता है कि गोरक्षनाथ की कुछ पुस्तकें नाना भाव से परिवर्तित, परिवर्द्धित और विकृत होती हुई आज तक चली आ रही हैं। उनमें कुछ न कुछ गोरक्षनाथ की वाणी अवश्य रह गई है, पर सभी की सभी प्रामाणिक नहीं हैं। गोरक्षनाथ और उनके द्वारा प्रभावित योगमार्गीय ग्रन्थों के अवलोकन से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि गोरक्षनाथ ने योगमार्ग को एक बहुत ही व्यवस्थित रूप दिया है। उन्होंने शैव प्रत्यभिज्ञादर्शन के सिद्धान्तों के आधार पर अनेक प्रकार से प्रचलित काया-योग के साधनों को व्यवस्थित किया है, आत्मानुभूति और शैव परम्परा के सामञ्जस्य से चक्रों की संख्या नियत की तथा उन्होंने लोक भाषा को भी अपने उपदेशों का माध्यम बनाया।[3] डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदी ने श्री गोरक्षनाथ के नाम पर प्रचलित ग्रन्थों का ब्यौरा इस प्रकार से दिया है।

1. अमनस्क 2. अमरौघशासनम् 3. अवधूतगीता 4. गोरक्षकल्प 5. गोरक्षकौमुदी 6. गोरक्षगीता 7. गोरक्षचिकित्सा 8. गोरक्षपञ्चक 9. गोरक्षपद्धति 10. गोरक्षशतक

---

1. नाकारोऽनादिरूपं हिथकार: स्थाप्यते सदा।
   भुवनत्रयमेवैक: श्रीगोरक्ष नमोऽस्तु ते॥ (राजगुह्य) नाथ सम्प्रदाय पृ०-3
2. संतकाव्य में योग का स्वरूप—पृ०-89
3. नाथ-सम्प्रदाय—107-108

11. गोरक्षशास्त्र 12. गोरक्ष-संहिता 13. चतुरशीत्यासन 14. ज्ञानप्रकाशशतक 15. ज्ञानशतक 16. ज्ञानामृतयोग 17. नाड़ीज्ञानप्रदीपिका 18. महार्थमञ्जरी 19. योगचिन्तामणि 20. योगमार्तण्ड 21. योगबीज 22. योगशास्त्र 23. योगसिद्धान्तपद्धति 24. विवेकमार्तण्ड 25. श्रीनाथसूत्र 26. सिद्धसिद्धान्तपद्धति 27. हठयोग 28. हठसंहिता। इन पुस्तकों में अधिकांश के कर्त्ता स्वयं गोरक्षनाथ नहीं थे।[1] इसके अतिरिक्त आज भी हठयोग से सम्बन्धित ग्रन्थ अप्रकाश्य ही पड़े हुए हैं।[2]

इन ग्रन्थों के अतिरिक्त हठयोग विषयक उपनिषदों का भी निर्माण कम नहीं हुआ है। इन उपनिषदों से सम्बन्धित काल के विषय में इतना कहना ही पर्याप्त होगा कि इनमें से कुछ 11 वीं शताब्दी से पूर्व एवं कुछ 11वीं शताब्दी के बाद रची गईं।

आचार्य महादेव शास्त्री ने सन् 1920 में मद्रास की अड्यार लाइब्रेरी से 'योग उपनिषद्' नामक ग्रन्थ में 20 उपनिषदों का संग्रह प्रकाशित किया। जिनका नाम इस प्रकार है—

1. अद्वयतारकोपनिषद्
2. अमृतनादोपनिषद्
3. अमृतबिन्दूपनिषद्
4. क्षुरिकोपनिषद्
5. तेजोबिन्दूपनिषद्
6. त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्
7. दर्शनोपनिषद्
8. ध्यानबिन्दूपनिषद्
9. नादबिन्दूपनिषद्
10. पाशुपतब्राह्मणोपनिषद्
11. ब्रह्मविद्योपनिषद्
12. मण्डलब्राह्मणोपनिषद्
13. महावाक्योपनिषद्
14. योगकुण्डल्युपनिषद्
15. योगचूडामण्युपनिषद्
16. योगतत्त्वोपनिषद्
17. योगशिखोपनिषद्
18. वाराहोपनिषद्
19. शाण्डिल्योपनिषद्
20. हंसोपनिषद्[3]

इन उपनिषदों में चतुर्विधयोग एवं उनके घटक तत्त्वों के अन्तर्गत कुण्डलिनी, चक्र, नाड़ी, नाद, बिन्दु विभिन्न आसन और प्राणायाम इत्यादि का सविस्तर वर्णन किया

1. इन पुस्तकों से सम्बन्धित ज्ञान हेतु द्रष्टव्य-वही-पृ० 109-111
2. "To-day, due to popularity of the Subject, innumerable books have been published on Hathayoga, but very few can be said to have been based on a sound study of the tradition and literature. Vast traditional literature on the subject is still lying unpublished" Yoga : Historical Background—Dr. Kenghe P.-189
3. कल्याण का योगाङ्क

गया है। अत एव यह निर्विवाद सिद्ध है कि 11वीं शताब्दी एवं उसके परवर्त्ती काल में हठयोग अपनी चरम सीमा को प्राप्त कर चुका था तथा उसके प्राचीन सिद्धान्त ग्रन्थ रूप में निबद्ध हो गये थे। इस हठयोग की परम्परागत ज्ञान गंगा का परम्परा रूपी प्रवाह अनादि काल से ही प्रवाहित होता आया है। सम्भवत: सिन्धु घाटी की सभ्यता से भी प्राचीन, यह एक अलग विषय है कि इसका सम्बन्ध किस मत से रहा होगा। इस परम्परा का प्रवाह ईसवी सन् से कई शताब्दी पूर्व कुछ कम होने लगा था कि तभी ऐसी विभूति (पातञ्जल) का भारतभूमि में प्रादुर्भाव हुआ, जिसने न केवल प्राचीन ऋषियों एवं योगियों के उद्गारों का संकलन किया अपितु उनके उद्गारों को दर्शन का ऐसा रूप दिया जो आज समस्त विश्व में पूजनीय है। इसके अनन्तर सम्प्रदाय-ग्रन्थों, पुराणों एवं तन्त्र ग्रन्थों में भी इस प्रक्रिया-प्रधान योग का उत्थान एवं पतन जुड़ा हुआ है। प्राचीन सभ्यता का यह पौधा बाहरी आक्रमणों के बावजूद 11 वीं शताब्दी के बाद ऐसे महान् वट वृक्ष के रूप में प्रतिष्ठित हुआ कि जिसकी शारीरिक एवं मानसिक रोग निवारणार्थ तथा अलौकिक सिद्धि प्रदायक और आत्मानुभूति रूपी छत्र-छाया के नीचे सभी धर्मों, सम्प्रदायों एवं दर्शनों ने आश्रय लिया।

अर्वाचीन काल में लिखे गए हठयोग से सम्बन्धित घेरण्ड-संहिता, शिव-संहिता, षट्चक्रनिरूपण, शिवस्वरोदय और हठयोगप्रदीपिका इत्यादि प्रमुख ग्रन्थ हैं—इन ग्रन्थों में 14वीं शताब्दी के लगभग की हठयोगप्रदीपिका का अपना अलग एवं विशिष्ट स्थान है।

## हठयोगप्रदीपिका

प्रस्तुत पुस्तक से सम्बन्धित आचार्य स्वात्माराम योगीन्द्र के इस ग्रन्थ में समस्त हठयोग विषयक तत्त्व का सार है। यह ग्रन्थ चार उपदेशों में विभक्त है जिसकी कुल श्लोक संख्या (383) है। इस ग्रन्थ की विषयवस्तु संक्षेप में इस प्रकार है—

**प्रथम उपदेश**—प्राचीन परम्परा का अनुसरण करते हुए 69 श्लोकात्मक प्रथम उपदेश श्री आदिनाथ एवं गुरु गोरक्षनाथ को प्रणाम करने के उपरान्त हठयोग के 33 सिद्धों के नाम कीर्तन से प्रारम्भ होता है। एतदनन्तर हठाभ्यास के लिए उपयुक्त स्थान का निर्देश करके 15 प्रमुख आसनों का लाभ सहित वर्णन तथा योगी के लिए पथ्यकारी और अपथ्यकारी भोजन नियम का सविस्तर विवेचन उपलब्ध होता है। इस उपदेश में यह द्रष्टव्य है कि आसन को हठयोग के प्रथम अंग[1] के रूप में स्वीकार करके ग्रन्थकार

1. हठ० प्र०—1/19

ने पातञ्जल योग दर्शन,[1] योगतत्त्वोपनिषद्,[2] एवं जाबालदर्शनोपनिषद्[3], की परम्परा का परित्याग करके किसी अन्य (सम्भवतः पौराणिक अथवा किसी विशिष्ट उपनिषद्) हठ परम्परा का अनुगमन किया है। किन्तु यहाँ यह कहना युक्तिसंगत नहीं होगा कि हठयोगप्रदीपिकाकार ने यम और नियम की उपेक्षा की है। जहाँ पातञ्जल योग दर्शन का आरम्भ यम, नियम से होता है, वहाँ इस ग्रन्थ का आरम्भ आसन से करके यम और नियम की अवहेलना नहीं की गई, अपितु उनका भी वर्णन किया है।

**द्वितीय उपदेश**—इस उपदेश में श्लोकों की संख्या 78 है। विषयवस्तु की दृष्टि से इसमें प्राणायाम प्रयोजन, षट् कर्म, आहार की उपयोगिता, प्राणायाम का समय, प्राणायाम के आठ प्रकार एवं उनसे प्राप्त होने वाले लाभों का सविस्तर विवेचन और हठयोग एवं राजयोग में अन्योन्याश्रित सम्बन्ध बताते हुए हठसिद्धि का लक्षण स्पष्ट किया गया है।

**तृतीय उपदेश**—123 श्लोकों से युक्त इस उपदेश में कुण्डलिनी को जीव की मार्मिक शक्ति बताकर उसे सम्पूर्ण योग का आधार बताया गया है।[4] और कुण्डलिनी जागरण के उपाय स्वरूप दस मुद्राओं तथा उनकी सिद्धि पर्यन्त प्राप्त लाभों का सविस्तर विवेचन दृष्टिगोचर होता है।

**चतुर्थ उपदेश**—इस उपदेश में समाधि, कुण्डली जागरण, लय आदि की परिभाषा का परिणाम सहित वर्णन करने के उपरान्त शाम्भवी और खेचरी मुद्रा की सिद्धि का स्पष्ट विवेचन किया गया है। अन्त में नादानुसन्धान की चारों अवस्थाओं का निर्देश कर नादश्रवण के परिणामस्वरूप समाधि प्राप्ति एवं उसकी अवस्था का निर्देश 113 श्लोकों में किया गया है।

संक्षेप में यही कहना युक्तियुक्त प्रतीत होता है कि आजकल के समाज में उत्पन्न विविध रोगों के उपशमन हेतु और हठयोग सम्बन्धी समस्त विश्व में व्याप्त भ्रान्तियों को निरस्त करने में प्रस्तुत ग्रन्थ अत्यन्त सहायक सिद्ध होगा क्योंकि भारतीयदर्शनों में बहुधा भौतिक खण्ड सत्ताओं के पीछे एक अभौतिक, परमार्थ, अद्वय, परम लक्ष्य, परम-शिवरूपी अखण्ड सत्ता की कल्पना की गई और उपर्युक्त प्रमाणों के मूल में भी यही दर्शाया गया है कि बाह्य योग को चाहे किसी भी नाम से क्यों न पुकारा जाये, मूलतः उसका एक ही लक्ष्य होता है।

**—परमार्थतत्त्व**

---

1. पा० यो० द०—2/29
2. यो० तत्त्व० उ०—25
3. जा० द० उ०—1/4-6
4. ह० प्र०—3/1

अध्याय-2

# हठयोग के लिए स्थान तथा हठयोग के बाधक और साधक तत्त्व

## हठविद्या का प्रयोजन

ग्रन्थ के प्रारम्भ में मङ्गलाचरण करते हुए ग्रन्थकार श्री स्वात्मारामयोगीन्द्र सर्वशक्तिमान् भगवान् श्री आदिनाथ को प्रणाम कर बताते हैं कि यह हठविद्या राजयोग रूपी उच्चतम शिखर पर चढ़ने वालों के लिए सीढ़ी के समान है।[1] इसी विद्या हेतु इस ग्रन्थ की रचना की गई है। हठयोग जहां साधन है वहीं राजयोग साध्य बन जाता है।

## सिद्ध परम्परा

हठाभ्यास हेतु स्थान निर्धारण से पूर्व ग्रन्थकार ने अपने पूर्वज सिद्धों का नाम-स्मरण परमावश्यक माना जो आज भी हठयोगसिद्धि की शक्ति से मृत्युञ्जयी होकर ब्रह्माण्ड में विचरण करते हैं। वे सिद्ध हैं—सर्वश्री आदिनाथ, मत्स्येन्द्र, शाबर, आनन्द भैरव, चौरङ्गी, मीन, गोरक्ष, विरूपाक्ष, बिलेशय मन्थान, भैरवयोगी, सिद्धि, बुद्ध, कन्थडि, कोरण्टक, सुरानन्द, सिद्धिपाद, चर्पटी, कानेरी, पूज्यपाद, नित्यनाथ, निरञ्जन, कपाली, बिन्दुनाथ, काकचण्डीश्वर, अल्लाम, प्रभुदेव, घोडाचोली, टिण्टिणि, भानुकी, नारदेव, खण्ड, कापालिक आदि।[2]

'आदि' पद पर टीका करते हुए ज्योत्स्नाटीकाकार लिखते हैं कि आदि पद

---

1. श्री आदिनाथाय नमोऽस्तु तस्मै येनोपदिष्टा हठयोगविद्या।
   विभ्राजते प्रोन्नतराजयोगमारोढुमिच्छोरधिरोहिणीव।।—ह० प्र०, 1/1
2. ह० प्र०, 1/5-9

तारानाथ इत्यादि अन्य सिद्धों के लिए प्रयुक्त हुआ है।[1] इन आचार्यों द्वारा प्रदत्त यह विद्या सर्वदुःखनिवारणार्थ एकमात्र आश्रय रूपी मठ है।

## हठयोगाधिकारी

इस विद्या के सन्दर्भ में कहा गया है कि इस विद्या को अत्यन्त गुप्त रखना चाहिए क्योंकि गुप्त रहने पर यह विद्या अत्यन्त शक्तिशाली हो जाती है और प्रकट होने पर शक्तिहीन। शिव-संहिता में भी इसी भाव को किंचित् पाठभेद से व्यक्त किया गया है।[2]

अधिकारी के सन्दर्भ में हठयोगप्रदीपिका पर ज्योत्स्ना टीकाकार लिखते हैं कि जितेन्द्रिय, शान्त, भोगों में अनासक्त, निर्दोष और मुमुक्षु आज्ञाकारी अधिकारी को ही इस विद्या का उपदेश देना चाहिए। याज्ञवल्क्य स्मृति उद्धृत करते हुए आगे कहा गया है कि शास्त्रोक्त कर्मों से युक्त, कामना और संकल्प रहित, यम और नियमों से युक्त, निस्संग, विद्यायुक्त, क्रोधरहित, सत्य, धर्मपरायण, गुरुसेवारत, मातृपितृभक्त, गृहस्थादि आश्रम में स्थित श्रेष्ठ आचारी और विद्वानों ने जिसको भली प्रकार शिक्षा दी गई हो, ऐसा पुरुष योग का अधिकारी होता है।[3]

## हठयोग हेतु स्थान का निर्धारण

एतदनन्तर योगाभ्यासी के योगाभ्यास हेतु उत्तम स्थान की चर्चा की गई है, क्योंकि इस परम्परा के अभ्यासी को सर्वप्रथम स्थान, तदुपरान्त क्रमशः काल, आहार, नाड़ी शुद्धि और प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। इसके विपरीत आचरण करने पर अर्थात् दूरदेश में, अरण्य में और राजधानी में बैठकर योगाभ्यास करने से सिद्धि की हानि होती है।[4]

स्थान निर्धारित करते हुए कहा गया है कि हठयोगी को अच्छे राज्य में, धार्मिक देश में, जहाँ से अच्छी भिक्षा उपलब्ध हो सके, उपद्रवों से रहित, ऐसी कुटिया में वास

---

1. आदिशब्देन तारानाथादयो ग्राह्याः।
2. शिवसंहिता, 207
3. विद्युक्तकर्मसंयुक्तः कामसंकल्पवर्जितः।
   यमैश्च नियमैर्युक्तः सर्वसंगविवर्जितः॥
   कृतविद्यो जितक्रोधः सत्यधर्मपरायणः।
   गुरुशुश्रूषणरतः पितृमातृपरायणः॥
   स्वाश्रमस्थः सदाचारो विद्वद्भिश्च सुशिक्षितः॥—ज्योत्स्ना-1/11
4. घे० स०-5/23

करना चाहिए, जो एकान्त में हो, तथा जिसके चार हाथ प्रमाण पर्यन्त पत्थर, अग्नि और जल न हो। पुनः कुटिया के लक्षण को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि जिसका द्वार छोटा हो, छिद्र अथवा बिल रहित हो, भूमि समतल हो, अधिक विस्तृत न हो, गोमय लिप्त, कीटरहित, बाहर का मण्डप वेदी और कूपयुक्त हो तथा जो चारदीवारी से युक्त हो।[1]

स्थान के विषय में प्राचीन कालीन श्वेताश्वतरोपनिषद् में वर्णित है कि ऊंचे-नीचे स्थान से रहित शुद्ध, पत्थरों से रहित, अग्नि और बालू से वर्जित इत्यादि निर्वात एकान्त गुफा को साधक योगाभ्यास हेतु अपना आश्रय बनाए।[2]

इस प्रकार के भाव योगतत्त्वोपनिषद् और घेरण्डसंहिता में भी दृष्टिगोचर होते हैं।[3]

## हठयोग में बाधक और साधक तत्व

स्थान निर्धारण के पश्चात् योग के बाधक तत्त्वों की चर्चा कर इनके परित्याग का निर्देश दिया गया है, जिनमें अधिक भोजन, अधिक परिश्रम, अधिक बोलना, नियम पालन में आग्रह, अधिक लोकसंगति और मन की चंचलता है।[4] योग में बाधक तथा साधक तत्त्वों का भगवद्गीता में भी स्पष्ट उल्लेख प्राप्त होता है जिसमें वर्णित है कि अति अशन करने वाले, न बिल्कुल अशन रहित, न अधिक सोने वाले और न अधिक जागने वालों के लिए योग लाभकारी होता है, अपितु युक्त आहार-विहार, युक्त चेष्टा करने वाले और युक्त सोने और जागने वाले को ही योग लाभकारी होता है।[5] शिव-संहिता में (भोगरूप, धर्मरूप, और ज्ञानरूप) मुख्य तीन विघ्न मानकर गौणों की संख्या अधिक बताकर उनका अन्तर्भाव मुख्यों में कर दिया है।[6] कुलार्णवतन्त्र में इनकी संख्या आठ बताकर इन्हें क्रमशः घृणा, लज्जा, भय, शोक, जुगुप्सा, कुलशील और जाति रूपी पाश कहा गया है।[7]

---

1. ह० प्र०-1/12-13
2. श्वे० उ०—2/10
3. (क) यो० त० उ०, 32-35
   (ख) घे० स०, 5/6-7
4. ह० प्र०, 1/15
5. भग० गी०, 6/16/17
6. शि० सं०—5/3-5
7. Principles of Tantra, 639

ज्योत्स्ना टीका के अनुसार इन (हठप्रदीपिका में वर्णित) छः विघ्नों का परित्याग इसलिए आवश्यक है क्योंकि ये विघ्न काम और चंचलता की वृद्धि के हेतु हैं तथा इनसे योग विशेषकर नष्ट होता है।[1]

एतदनन्तर उत्साह, साहस, धैर्य यथार्थज्ञान, संकल्प और लोकसंग का परित्याग इन छः तत्त्वों को योग में सहायक माना है।[2] क्योंकि इनके द्वारा योग सिद्धि शीघ्र एवं सुनिश्चित हो जाती है। इस पर ज्योत्स्ना टीकाकार लिखते हैं कि विषयों में लगे चित्त को भी रोकना यह उद्यम रूप साहस, साध्य-असाध्य को विचार कर शीघ्र प्रवृत्ति रूप साहस, धैर्य जैसे कि जीवन पर्यन्त में तो सिद्ध होगा ही इस खेद के अभाव को धैर्य कहते हैं और मृगतृष्णा के जल तुल्य विषय मिथ्या हैं, केवल ब्रह्म ही सत्य है, यह वास्तविक (सत्य) ज्ञानरूप तत्त्वज्ञान, निश्चय अर्थात् शास्त्र और गुरु के वाक्यों में विश्वास, श्रद्धा, और योगाभ्यास के विरोधी जनों का परित्याग इन छः वस्तुओं से योग शीघ्र सिद्ध होता है।[3]

इस प्रकार आसनों से पूर्व ग्रन्थकार ने योगी का स्थान निर्धारित करके योग में बाधक एवं साधक तत्त्वों का निरूपण करना भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं समझा है।

---

1. ज्योत्स्ना टीका, 1/15
2 ह० प्र०, 1/16
3. ज्योत्स्ना, 1/16

## अध्याय-3

# आसन

### आसनों की संख्या

हठयोगप्रदीपिकाकार ने पातंजल योग प्रणाली का अनुसरण न करते हुए गोरक्ष संहिता,[1] योगचूडामण्युपनिषद्[2] और विष्णुपुराण[3] का अनुसरण किया है। इन्होंने आसन को प्रथम अंग के रूप में स्वीकार करके इसको शरीर में स्थिरता, आरोग्यता और लघुत्व प्रदान करने वाला बताया है।[4] किन-किन आसनों को विशेष मानकर उनका निरूपण करना चाहिए, इस प्रसंग में कहा गया है कि वसिष्ठ आदि मुनियों तथा मत्स्येन्द्रनाथ अदि योगियों द्वारा स्वीकृत कुछ आसनों का ही वर्णन इस ग्रन्थ में उपलब्ध होता है।

स्वयं हठयोगप्रदीपिकाकार आसनों की कुल संख्या का प्रत्यक्ष रूप से वर्णन नहीं करते परन्तु गोरक्ष-संहिता एवं घेरण्ड-संहिता के अनुसार आसन उतने हैं, जितने इस नश्वर जगत् में जीवजन्तु। उन चौरासी लाख आसनों में से चौरासी श्रेष्ठ हैं तथा उनमें भी बत्तीस विशिष्ट हैं।[5] किन्तु हठयोगप्रदीपिकाकार ने 15 आसनों[6] का और सर्वप्रथम

1. गो० सं०, 1/6
2. यो० चू० उ०, 2
3. वि० पु०, 37/16
4. ह०प्र०, 1/19
5. सिद्धं पद्मं तथा भद्रं मुक्तं वज्रं च स्वस्तिकम्।
   सिंहं च गोमुखं वीरं धनुरासनमेव च।।
   मृतं गुप्तं तथा मत्स्यं मत्स्येन्द्रासनमेव च।
   गोरक्षं पश्चिमोत्तानमुत्कटं संकटं तथा।।
   मयूरं कुक्कुटं कूर्मं तथा चोत्तानकूर्मकम्।
   उत्तानमण्डुकं वृक्षं मण्डूकं गरुडं वृषम्।।
   शलभं मकरं चोष्ट्रं भुजंगं योगमासनम्।
   द्वात्रिंशदासनानि तु मर्त्यलोके हि सिद्धिदम्।। घेरण्ड संहिता, प्र।-16
6. स्वस्तिक, गोमुख, वीर, कूर्म, कुक्कुट, उत्तानकूर्म, धनु, मत्स्येन्द्र, पश्चिमतान, मयूर, शव, सिद्ध, पद्म, सिंह और भद्र।

स्वस्तिक आसन का उल्लेख किया है। वैसे भी स्वस्ति शब्द भारतीय समाज में कल्याण-कारी माना गया है, यहाँ यह प्रतीत होता है कि इन आसनों के द्वारा समस्त संसार का कल्याण हो, इसी आशय से अभिभूत होकर ग्रन्थकार ने सर्वप्रथम इस आसन का उल्लेख किया है।

## 1. स्वस्तिकासन

इस आसन की विधि निरूपित करते हुए कहा गया है कि दोनों पैरों के तलुवों को घुटने और जंघा के मध्य में सम्यक् प्रकार से स्थापित करके, शरीर को सीधा रखकर सन्तुलित बैठना ही स्वस्तिकासन कहलाता है।[1]

इस आसन का उल्लेख अन्य हठयोग के ग्रन्थों में भी प्राप्त होता है। घेरण्ड-संहिता में इस आसन को पाँच आसनों के अनन्तर किंचित् पाठभेद से प्रस्तुत किया गया है।[2] त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्[3] और शाण्डिल्योपनिषद्[4] में भी इसका वर्णन किया गया है, किन्तु शण्डिल्योपनिषद् में इस आसन को प्रथम स्थान प्रदान कर इस आसन की महत्ता को स्वीकारा है।

यह आसन पैरों के तलवों के लिए बहुत उपयोगी है। जिन व्यक्तियों के पैरों में दुर्गन्ध, पसीना और दर्द की शिकायत रहती है, उन व्यक्तियों को यह आसन प्रातःकाल अवश्य करना चाहिए। इस आसन का चालीस दिन पर्यन्त अभ्यास करने से पैरों के तलवों को असीम बल मिलता है। इसके अभ्यासी को चलने में हल्कापन महसूस होता है। जिन व्यक्तियों के पैरों में ज्यादा दर्द होता है, उनको इस आसन का अभ्यास कम से कम 15 मिनट तक अवश्य करना चाहिए।

## 2. गोमुखासन

दाहिने गुल्फ को वाम भाग की कटिप्रदेश में तथा वाम गुल्फ को दाहिने भाग

---

1. ह० प्र०, 1।21
2. घे० स०, 2।12
3. त्रि० ब्रा० उ०, 35
4. शा० उ०, 3।1

के कटिप्रदेश में सम्यक् प्रकार से स्थापित करने से जो गोमुखाकृति बनती है, उसे गोमुखासन कहते हैं।[1]

इस आसन का वर्णन हमें जाबालदर्शनोपनिषद्[2], त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्[3] और घेरण्ड-संहिता[4] इत्यादि हठयोग के अन्य ग्रन्थों में भी उपलब्ध होता है। केवल घेरण्ड संहिता में शब्दसाम्य को छोड़कर अन्य दोनों ग्रन्थों में यह श्लोक किंचित् पाठ-भेद से प्रयुक्त हुआ है। प्रतीत होता है कि इन ग्रन्थों में अवश्य पूर्ववर्ती का उत्तरवर्ती ग्रन्थ पर प्रभाव पड़ा होगा।

इस आसन का अभ्यास करते समय यह अवश्य ध्यान देना चाहिए कि मेरुदण्ड बिल्कुल सीधा हो जिससे फेफड़ों में प्राणवायु का सम्यक् प्रकार से संचार हो सके। इसी कारण से यह आसन फेंफड़ों से सम्बन्धित समस्त रोगों का नाश करके, फेफड़ों में विद्यमान वायुग्रन्थियों को अधिक खोलता है, जिससे ज्यादा-से-ज्यादा वायु-ग्रंथियां श्वास का आधिक्य प्राप्त करें। इसके अतिरिक्त यह आसन समस्त शरीर के साथ-साथ पैरों, घुटनों और दोनों जंघाओं के लिए परम उपयोगी सिद्ध है। इस आसन का ब्रह्ममुहूर्त में अभ्यास करने से रक्तशुद्धि होती है। इसके अतिरिक्त इस आसन के निरन्तर अभ्यास के द्वारा मनुष्य को कभी भी क्षय और दमा जैसे रोगों की सम्भावना नहीं हो सकती। यह आसन स्वास्थ्य की दृष्टि से परम उपयोगी माना गया है।

## (3) वीरासन

एक पांव को विपरीत जंघा से स्पर्श कराते हुए तथा दूसरे पांव को विपरीत जंघा के ऊपर स्थापित करने को वीरासन कहते हैं।[5]

घेरण्ड-संहिता के अनुसार एक जंघा पर एक पांव तथा दूसरे पांव को पीछे की ओर बढ़ा देना ही वीरासन कहलाता है।[6] जबकि जाबालदर्शनोपनिषद् के मन्तव्यानुसार

---

1. हठयोगप्रदीपिका, 1।22
2. जाबालदर्शनोपनिषद्, 3।3-4
3. त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्, 3
4. घेरण्ड-संहिता, 2/14
5. हठयोगप्रदीपिका, 1/23
6. घेरण्ड-संहिता, 2/15

बाएं पैर को दक्षिण जंघा पर रखकर देह को सीधा करके बैठना ही वीरासन कहलाता है।[1] त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् के अनुसार एक चरण को बांयी जांघ पर और दूसरे को दाहिनी जांघ पर रखने से वीरासन होता है।[2] शाण्डिल्योपनिषद् में भी इसी भाव को व्यक्त किया गया है।[3]

ऐसी कथा प्रचलित है कि इस आसन में लक्ष्मण जी सिद्धहस्त थे और अक्सर वे इसी आसन का उपयोग किया करते थे। इसी कारण से आधुनिक योगविद् इसे लक्ष्मणासन भी कहते हैं। इस आसन के निरन्तर अभ्यास से जंघाओं, पिण्डलियों को तो असीम लाभ मिलता ही है साथ में इससे चित्त में एकाग्रता भी बढ़ती है। कुछ आधुनिक योगियों के द्वारा यह खड़े होकर भी लगाया जाता है क्योंकि खड़े होकर वीरासन के अभ्यास से शरीर को अत्यधिक लाभ मिलता है। किन्तु श्लोक के अन्वयार्थ हेतु इसे बैठकर ही सिद्ध किया जा सकता है। शिकारी अथवा लक्ष्यार्थ भेदन में निपुणता हेतु यह आसन परमावश्यक माना गया है। इसके साथ-साथ इस आसन के निरन्तर अभ्यास से मनुष्य के शरीर में ही नहीं अपितु मस्तिष्क को भी असीम बल मिलता है।

## (4) कूर्मासन

इस आसन की विधि निरूपित करते हुए कहा गया है कि दोनों पांवों की एड़ियों से गुदा के विपरीत (दाएं टखने से गुदा के वाम भाग तथा वाम टखने से गुदा के दायें) भाग को दबाकर बैठने को योग के जानकार कूर्मासन कहते हैं।[4]

घेरण्ड संहिता में इसी भाव को इस प्रकार से व्यक्त किया गया है कि दोनों अण्डकोषों के नीचे एड़ियों का अतिक्रमण कराकर सीधा बैठना ही कूर्मासन कहलाता है।[5]

यह आसन पेट, घुटने, जंघा संबंधी समस्त रोगों का निवारण करता है। इस आसन के अभ्यासी को बवासीर जैसे कष्टदायी रोगों की तो सम्भावना ही नष्ट हो जाती है, इसके साथ-साथ यह आसन ब्रह्मचर्य के लिए अति उत्तम माना गया है क्योंकि इसमें बैठने से वीर्य ऊर्ध्वगामी हो जाता है। इस आसन में श्वास-प्रश्वास की स्थिति सामान्य एवं दृष्टि भ्रूमध्य रखनी चाहिए। इसका सबसे अधिक लाभ यह भी

---

1. जाबालदर्शनोपनिषद्, 3/6
2. त्रिशिखिब्राह्मणोपनिद्, 37
3. शाण्डिल्योपनिषद्, 3/4
4. हठयोग प्र०—1/24
5. घेरण्ड-संहिता, 2/27

है कि इस आसन का अभ्यास यदि कोई व्यक्ति शीतकालीन ऋतु में भी करता है, तो उसे शरीर में उष्णता महसूस होगी। इन सब लाभों के अतिरिक्त यह अपान वायु को ऊर्ध्वगामी करने में सहायक सिद्ध होता है। यदि इसी आसन में पीछे की ओर झुक जाए तो मेरुदण्ड में लचीलापन आता है और आगे की ओर झुकने से जठराग्नि की अभिवृद्धि के साथ-साथ कुण्डलिनी शक्ति जागृत होती है।

## (5) कुक्कुटासन

इसकी विधि निर्धारित करते हुए कहा है कि सर्वप्रथम पद्मासन लगाकर दोनों घुटनों और जंघाओं के मध्य से दोनों हाथों को निकाल कर, समस्त शरीर को हाथों से उठाकर, आकाश में स्थित रहना ही कुक्कुटासन कहलाता है।[1]

त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्[2] और घेरण्ड-संहिता[3] में इसी भाव को व्यक्त किया गया है कि आकाश में दोनों भुजाओं को दोनों घुटनों और जंघाओं के मध्य से निकालकर, उस पर सम्पूर्ण शरीर का भार वहन करना ही कुक्कुटासन कहलाता है।

इस आसन में योगी की स्थिति मुर्गे सदृश हो जाती है अतएव इस आसन को कुक्कुटासन कहते हैं। ऐसा माना जाता है कि यह आसन 15-20 मिनट साधने से योगी को उतनी शक्ति प्राप्त होती है, जितनी सामान्य जन को कुक्कुट खाने से प्राप्त होती है। इस आसन के निरन्तर अभ्यास से हाथों, जंघाओं, घुटनों और पिण्डलियों को तो असीम बल मिलता ही है साथ में वक्षःस्थल पुष्ट होकर फैलता है। इस आसन से जठराग्नि प्रज्ज्वलित हो जाती है तथा सम्पूर्ण शरीर में स्थिरता उत्पन्न होती है। जिन व्यक्तियों के हाथ कांपते हों उन्हें यह आसन अवश्य करना चाहिए क्योंकि इस आसन में मनुष्य की हथेलियां मजबूत, अंगुलियां पुष्ट एवं मणिबन्ध सुदृढ़ होता है। सम्पूर्ण भुजा में उत्पन्न किसी भी विकृति के निवारणार्थ यह आसन परम उपयोगी माना जाता है।

## (6) उत्तानकूर्मासन

पूर्वोक्त बताये गये कुक्कुटासन की अवस्था में दोनों हाथों से ग्रीवा को पकड़ने पर अभ्यासी की जो आकृति बनती है उसे उत्तानकूर्मासन कहते हैं।[4]

---

1. ह० प्र०, 1/25
2. त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्, 41
3. घेरण्ड संहिता, 2/26
4. ह० प्र०, 1/26

त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्[1] और घेरण्ड-संहिता[2] में इसी आसन को इन शब्दों द्वारा अभिव्यक्त किया गया है कि कुक्कुटासन लगाकर दोनों भुजाओं से दोनों बन्धों को बांधकर कछुए के समान सीधा हो जाना ही उत्तानकूर्मासन कहलाता है।

इस आसन के निरन्तर अभ्यास से कमर पतली, सीना चौड़ा तथा मेरुदण्ड में लचीलापन आता है। कुक्कुटासन से प्राप्त होने वाले लाभों के अतिरिक्त इस आसन के द्वारा नाभिविकृति से उत्पन्न होने वाले दोषों का निवारण शीघ्रता से हो जाता है। जिस प्रकार कछुआ समय पर अपने बाह्य अंगों को समेट लेता है, उसी प्रकार इस आसन के द्वारा योगी बाह्य विषयों से अपना चित्त हटाकर भ्रूमध्य में लगाता है। यह आसन रक्तशोधन करने वाला भी माना गया है। ग्रीवा में उत्पन्न किसी भी विकार को दूर करने में यह परम उपयोगी आसन है। ब्रह्ममुहूर्त में इस आसन का अभ्यास करने से शरीर की दुर्गन्ध जाती रहती है और यदि इस आसन में निर्विकार भाव से शून्य आकाश को देखा जाये तो उससे नेत्रों की ज्योति बढ़ती है। अतएव यह आसन अन्य कई आसनों से ज्यादा महत्वपूर्ण आसन कहा जाता है।

### (7) धनुरासन

इस आसन की विधि निरूपित करते हुए कहा गया है कि दोनों पैरों के दोनों अंगूठों को हाथों से पकड़कर कानों तक खींचकर धनुष के समान स्थापित करना ही धनुरासन कहलाता है।[3]

त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् के अनुसार दोनों पैरों के अंगूठों को पकड़कर धनुष के आकार में कानों तक धनुष के समान खींचना ही धनुरासन कहलाता है।[4] जबकि घेरण्ड-संहिता में इसकी विधि इस प्रकार से बताई गई है कि दोनों पांवों को भूमि पर सीधे स्थापित करे तथा दोनों हाथों को पीठ की ओर करके पांवों को पकड़ लेने से शरीर जब धनुष के समान बन जाता है तब धनुरासन कहलाता है।[5]

इस आसन के निरन्तर अभ्यास से उदर सम्बन्धी समस्त रोगों का निवारण होता है, जठराग्नि प्रदीप्त होती है। यदि किसी कारणवश किसी की नाभि अपने स्थान

---

1. त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्, 42
2. घेरण्डसंहिता, 2/28
3. ह० प्र० 1/27
4. त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्, 43
5. घेरण्डसंहिता, 2/16

से हट जाये, तो उसे इस आसन का अभ्यास 4 से 6 मिनट अवश्य करना चाहिए। ऐसा करने से हटी हुई नाभि अपने स्थान को प्राप्त करती है तथा नाभि स्थान से उत्पन्न होने वाली समस्त नाड़ियां इस आसन के द्वारा अपना-अपना कार्य ठीक प्रकार से करती हैं। यह आसन मोटे पेट वालों के लिए अत्यावश्यक माना गया है। इस आसन का अभ्यास करने वालों का मेरुदण्ड अत्यधिक लचीला एवं ग्रीवा सुन्दर बन जाती है। हृदय रोगी को यह आसन वर्जित है।

## (8) मत्स्येन्द्रासन

दाहिने पैर को वामजंघा के मूल में स्थापित करके, बायें पैर को घुटने के ऊपर से लाकर भूमि पर स्थापित करने के पश्चात् शरीर को इतना मोड़ें कि विपरीत हाथों से दोनों पांवों को अर्थात् दायें हाथ से बायां पैर और बायें हाथ से दायां पैर पकड़ कर स्थिर रहें। इसे मत्स्येन्द्रासन कहते हैं तथा यह श्री मत्स्येन्द्रनाथ द्वारा बताया गया है।[1] त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् और घेरण्ड संहिता में भी इस आसन का विस्तारपूर्वक वर्णन उपलब्ध होता है।[2]

इस आसन के अभ्यासी की जठराग्नि प्रदीप्त होती है। वह साधक अनेक प्रकार के प्रचण्ड रोगों से मुक्ति पा जाता है, इसके निरन्तर अभ्यास से कुण्डलिनी शक्ति का जागरण होता है और योगी का चन्द्ररस अपनी चंचलता का त्याग कर स्थिरता को पाता है।[3]

कुण्डलिनी शक्ति हठयोग का एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण विषय है। यह एक ऐसी शक्ति है, जिसके जागृत होने पर ही योगी की मुक्ति सम्भव है। कुण्डलिनी पद्मतन्तु सदृश और कमल के कन्द के समान ही मूलकन्द की फणाग्र से देखकर, अपनी पूंछ को मुख में दबाकर ब्रह्मरन्ध्र के मुख को ढककर सोई रहती है।[4]

इस शक्ति पर स्वामी विवेकानन्द लिखते हैं कि मेरुदण्ड के तल में जो मूलाधार चक्र है,वह बहुत काम की वस्तु है। यही जगह प्रजनन-शक्ति का बीज या वीर्य का आधार है। इस त्रिकोण स्थान में एक छोटा-सा सांप कुण्डली लगाये बैठा है, योगी लोग उसको

---

1. ह० प्र० 1/28
2. (क) त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्, 48-49
   (ख) घेरण्डसंहिता, 2/21
3. ह० प्र० 1/29
4. योगकुण्डल्युपनिषद्—1/82-83

इस तरह से व्यक्त करते हैं। यह निद्रित सांप ही कुण्डलिनी है, इसको जागृत करना ही समस्त राजयोग का उद्देश्य है।[1]

चन्द्ररस एक ऐसा अमृत है जो मनुष्य के तालु-मूल से स्रवित होता रहता है। उसको नाभि स्थित अग्निस्वरूप सूर्य के द्वारा ग्रसते रहने के कारण ही मनुष्य की आयु क्षीण होती रहती है। अतएव उसकी रक्षा परमावश्यक मानी गई है।[2]

इसके अतिरिक्त यह आसन गुल्फ, प्लीहा यकृत् और पेट के कीटाणु आदि रोगों को नष्ट करता है। भुजबन्ध, जानु, और जंघा सम्बन्धी रोगों में भी लाभकारी है। यह आसन हठयोग प्रवर्त्तक आचार्य मत्स्येन्द्रनाथ के नाम से इसलिए प्रसिद्ध है, क्योंकि मत्स्येन्द्रनाथ इसी आसन का प्रायः प्रयोग करते थे। इस आसन के निरन्तर अभ्यास से नाद श्रवण और समाधि भी लग सकती है।

### (9) पश्चिमतानासन

दोनों पैरों को भूमि पर दण्ड की भाँति सामने फैलाकर, दोनों हाथों से दोनों पैरों के अंगूठों को भली प्रकार से पकड़कर, घुटनों पर मस्तक लगाकर रखना ही पश्चि-मतानासन कहलाता है।[3]

इसी भाव को त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् में इस प्रकार व्यक्त किया गया है कि दोनों पैरों को जमीन पर फैलाकर दोनों हाथों से पैर के अंगुठों को पकड़कर सिर को घुटनों पर लगाकर रखना ही पश्चिमतानासन कहलाता है।[4]

यह आसन पूर्वोक्त आसनों में अग्रगण्य माना गया है क्योंकि इससे साधक का प्राणवायु मेरुदण्ड स्थित, सुषुम्नावाही हो जाता है। इसके अभ्यास से जठराग्नि प्रदीप्त, उदर पतला और शरीर रोगरहित होता है।[5] प्राणवायु से तात्पर्य मुख्य वायु से है क्योंकि मुख्य वायुओं की संख्या पाँच मानी गई है[6] और इन मुख्य वायुओं में प्राणवायु को सर्व-श्रेष्ठ माना गया है।

---

1. सरल राजयोग, पृ० 20
2. ह० प्र०, 3/76
3. ह० प्र०—1/30
4. त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्, 50-51
5. ह० प्र०—1/31
6. प्राणाऽपानः समानश्च उदानो व्यान एव च। शिवस्वरोदय-42

यह आसन समस्त शरीर के लिए ही उपयोगी माना गया है क्योंकि इससे सम्पूर्ण शरीर के सभी अङ्ग प्रभावित होते हैं। स्वयं हठयोगप्रदीपिकाकार ने इसके महत्त्व को दर्शाया है कि इसके अभ्यास से प्राणवायु सुषुम्नावाही हो जाता है। सुषुम्नावाही से अभिप्राय समाधि की प्रथम अवस्था अगर मान लिया जाये तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। यह आसन जितना उदर के लिए लाभकारी माना गया है उतना ही मेरुदण्ड के लिए भी। इस आसन के सिद्ध होने पर शरीर की दुर्गन्ध नष्ट हो जाती है तथा शरीर से भीनी-भीनी सुगन्ध का आविर्भाव होता है। इस आसन को यथाशक्तिपूर्वक लगाना ही श्रेयस्कर माना गया है।

## 10. मयूरासन

दोनों हाथों को भूमि पर भली प्रकार स्थापित करके दोनों कोहनियों को नाभि प्रदेश के दोनों ओर लगाकर दण्ड के समान सीधा अधर में उठने को मयूरासन कहते हैं।[1]

जिस प्रकार मयूर दो पैरों के सहारे अपने सम्पूर्ण शरीर को आकाश में साधे रखता है, उसी प्रकार इस आसन के अभ्यासी को भी दोनों हाथों से ऊपर सम्पूर्ण शरीर को अधर में साधे रखना पड़ता है। इसी कारण इस आसन को मयूरासन कहते हैं। जाबाल-दर्शनोपनिषद् में इस आसन की विधि को भली प्रकार से बताते हुए कहा गया है कि अपनी दोनों हथेलियों को भूमि पर रखकर कुहनियों के अग्रभाग को नाभि के दोनों पार्श्वों में रखे, फिर सिर और पांवों को ऊंचा उठाकर आकाश में दण्ड के समान स्थित हो, यह मयूर आसन सब पातकों का नाश करने वाला है।[2] त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्[3] और शाण्डिल्योपनिषद्[4] में भी इसका वर्णन इस प्रकार से किया गया है कि हाथ की दोनों हथेलियों को जमीन पर टिका कर रखना और दोनों कोहनियों के नाभि के दोनों तरफ दबा कर बैठना फिर माथे और पैरों को ऊपर उठाकर लकड़ी के समान आकाश में अधर रखना यह मायूरासन है जो सर्वपापों का नाश करने वाला है।

कहीं-कहीं मयूर शब्द की जगह मयूर शब्द प्राप्त होता है।[5] यह आसन कठिन अवश्य है किन्तु इसके लाभ उतने ही अधिक माने गए हैं। स्वयं हठयोग प्रदीपिकाकार ने

---

1. ह० प्र०—1/32
2. जाबालदर्शनोपनिषद्—1/10-11
3. त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्—47-48
4. शाण्डिल्योपनिषद्—3/10-11
5. घेरण्डसंहिता—2/25

इसके लाभों का वर्णन करते हुए कहा है कि इस मयूरासन के निरन्तर अभ्यास से शीघ्र ही गुल्म, जलोदर आदि सभी रोगों का नाश होता है, यह आसन त्रिदोषों (वात, पित्त कफ) को दूर करता है। इसका निरन्तर अभ्यास अधिक एवं कुपथ्य को भी अच्छी तरह से पचाता है । तथा जठराग्नि को प्रदीप्त करके विष को भी मस्त करने की सामर्थ्य रखता है।

इस आसन के निरन्तर अभ्यास से कोहनियों, हथेलियों और मणिबन्धों को असीम बल की प्राप्ति होती है। इससे उदरसम्बन्धी समस्त रोगों का निवारण हो जाता है। शरीर का कंपायमान होना बन्द हो जाता है। शरीर में रक्त का प्रवाह ठीक प्रकार से होने लगता है। फेफड़ों तथा नेत्रों के लिए यह अत्यावश्यक माना गया है। इस आसन के अभ्यासी पर विष का प्रभाव नहीं होता। अतएव इस आसन को समस्त हठयोग के ग्रन्थों में अग्रगण्य स्थान प्राप्त होता है।

## 11. शवासन

मेरुदण्ड को सीधा करके पीठ के बल भूमि पर शव के समान लेट जाना ही शवासन कहलाता है। यह आसन शारीरिक थकान दूर करने के साथ-साथ मानसिक शान्ति प्रदायक माना गया है।[1]

घेरण्डसंहिता में भी इन शब्दों के साथ इस आसन का वर्णन किया गया है कि शव के समान पृथ्वी पर सीधा लेट जाना ही शवासन कहलाता है तथा इसको श्रम का हरण करने वाला बताया गया है।[2]

यह आसन जितना आसान है उतना ही कठिन भी माना गया है। समस्त आसनों, प्राणायामों एवं मुद्राओं से उत्पन्न थकान इसी आसन से दूर हो जाती है। प्रायः योगी लोग इसी आसन का प्रयोग आसनों के उपरान्त करते हैं। यदि अपनी चित्तवृत्ति को बाह्य विषयों से हठाकर चक्रों पर इस आसन में केन्द्रित किया जाय तो शीघ्र ही कुण्डलिनी शक्ति जागृत होकर, चक्रों का भेदन कर, ब्रह्मरन्ध्र की ओर अग्रसर होती है। इस आसन के निरन्तर अभ्यास से अनाहत नाद का भी श्रवण किया जा सकता है। हृदयरोगी के लिए यह आसन परमोपयोगी माना जा सकता है।

शीर्षासन के बाद इस आसन का प्रयोग अवश्य ही करना पड़ता है अन्यथा हानि की ही सम्भावना उत्पन्न हो सकती है।

---

1. ह० प्र०—1/34
2. घेरण्डसंहिता—2/17

## 12. सिद्धासन

गुदा तथा लिंगेन्द्रिय के मध्य भाग में एक चरण की एड़ी को दृढतापूर्वक लगाकर, दूसरे पैर की एड़ी को लिंगेन्द्रिय के ऊपर दृढ़ता से रखकर, ठोड़ी को हृदय के ऊपरी भाग पर अच्छी प्रकार स्थापित कर उपरान्त इन्द्रियों को वश में करके, भ्रूमध्य भाग को एकटक दृष्टि से देखें। मोक्ष द्वार का भेदन करने वाला यह सिद्धासन कहा गया है। इस आसन को कुछ विद्वान् लोग सिद्धासन, अन्य वज्रासन, कुछ मुक्तासन और कोई इसे गुप्तासन के नाम से पुकारते हैं।[1]

इस आसन की चर्चा करते हुए आगे कहा गया है कि जिस प्रकार यमों में मिताहार और नियमों में अहिंसा का स्थान है वैसे ही समस्त आसनों में सिद्धासन मुख्य है। यदि कोई योगी केवल इसी आसन का अभ्यास करता है तो उसके शरीर की 72 सहस्र नाड़ियों का मल दूर हो जाता है।[2] हठयोग के ग्रन्थों में ऐसा माना गया है कि हमारे शरीर में बहत्तर हज़ार नाड़ियाँ विद्यमान हैं।[3]

इस आसन के सिद्ध होने के पश्चात् अन्य किसी भी आसन की आवश्यकता नहीं है क्योंकि इस आसन को सावधानी पूर्वक करने से प्राणवायु केवल कुम्भक में बन्ध जाता है। इसके निरन्तर अभ्यास से उन्मनी कला स्वयमेव जागृत हो जाती है और तीनों बन्ध (मूलबन्ध, जालन्धर बन्ध और उड्डीयानबन्ध) स्वयं ही लग जाते हैं। यह आसन समस्त आसनों में मुख्य माना जाता है।[4]

## 13. पद्मासन

बायीं जंघा के ऊपर दाहिना पांव तथा दाहिनीं जंघा पर वाँयाँ पाँव रखकर दोनों हाथों को कमर के पीछे से लाकर दाहिने हाथ में दायें पैर के अंगूठे को तथा बायें हाथ से बायें पैर के अंगूठे को दृढ़ता से पकड़ कर ठुड्डी के कण्ठकूप से लगाये। इसके पश्चात् अपनी दृष्टि को नासाग्र भाग पर स्थिर रखे, तो सब प्रकार की व्याधियों को नष्ट करने

---

1. ह० प्र०—1/37-39
2. वही—1/40-41
3. (क) शिवस्वरोदय—32
   (ख) ध्यानबिन्दूपनिषद्—51
4. ह० प्र०—1/43

वाला यह पद्मासन कहलाता है। तथा दूसरे मत के अनुसार दोनों चरणों को यत्नपूर्वक विपरीत जंघाओं पर दृढ़ता पूर्वक स्थापित करके ठुड्डी को कण्ठकूप से लगायें तत्पश्चात् नाभि के नीचे वाम हथेली पर दक्षिण हथेली को रखकर अंजलि मुद्रा बनाकर बैठें, प्राणवायु को धीरे-धीरे ऊपर उठाकर, नासाग्रदृष्टि रखते हुए जिह्वा को तालु के अग्र-भाग पर स्थापित करें। इसे पद्मासन कहते हैं जो सब प्रकार के रोगों का नाशक है। कोई बुद्धिमान् विरला पुरुष ही इसे प्राप्त करता है, सब लोग इसे सिद्ध नहीं कर सकते।[1]

प्रथम के स्वरूप को देखते हुए उसे बद्धपद्मासन की ही संज्ञा देना अधिक उचित प्रतीत होता है क्योंकि इस प्रकार के पद्मासन का उल्लेख सर्वमान्य नहीं है। पद्मासन के स्वरूप को बताते हुए दूसरा लक्षण सही होता है। योगकुण्डल्युपनिषद् के अनुसार दोनों जाँघों पर एक दूसरे पैर के तलवों को सीधा रखने से पद्मासन कहलाता है जो सब पापों का नाश करने वाला है।[2] त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्[3] के अनुसार दोनों जाँघों पर दोनों पैर के तलवों को रखकर बैठने से पद्मासन होता है जो सब व्याधियों और विषों का नाशक बताया गया है। पद्मासन पर अच्छी तरह से बैठकर दाहिने हाथ से बाएं पैर के अंगूठे को और बायें हाथ से दाहिने पैर के अंगूठे को पकड़ना बद्ध-पद्मा-सन कहलाता है। जबकि शाण्डिल्योपनिषद् के अनुसार दोनों जंघाओं पर दोनों पैरों के तलवों को रखकर दोनों हाथों से दोनों पैरों के अंगूठे को उल्टी रीति से पकड़ कर रखना, सर्वमान्य पद्मासन है।[4] जाबालदर्शनोपनिषद् ने भी दोनों हाथों से दोनों पैरों के अंगूठे को पीठ के पीछे से लाकर पकड़ने को ही पद्मासन कहा है।[5]

किन्तु बद्ध-पद्मासन के यदि शाब्दिक तत्त्व का अनुशीलन किया जाये तो यही अर्थ निकलता है कि जिस आसन में शरीर बाँधा जाये वही बद्ध-पद्मासन कहलाता है। इसके लाभों की चर्चा करते हुए कहा गया है कि जो योगी इस आसन में स्थित होकर नासिका द्वारा प्राणवायु को ब्रह्मरन्ध्र में ले जाकर रोकता है, वह मुक्त है।[6] प्राणवायु का ब्रह्मरन्ध्र में जाकर ठहरना ही समाधि की अवस्था का द्योतक है। प्राण की प्रशंसा करते हुए शिव-स्वरोदय में कहा गया है कि 'प्राण ही परम मित्र है। प्राण ही परम सखा है और प्राण के सदृश श्रेष्ठ बन्धु कोई नहीं है।[7] प्राणायाम के सिद्ध होने के पश्चात् पद्मासन में ही

---

1. ह० प्र०—1।46-49
2. योगकुण्डल्युपनिषद्—1।5
3. त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्—39-40
4. शाण्डिल्योपनिषद्—3/3
5. जाबालदर्शनोपनिषद्—3/5
6. ह० प्र०—1/51
7. शिवस्वरोदय—219

योगी भूमि से ऊपर उठने लगता है।[1] यह आसन पैरों, घुटनों और जंघाओं के लिए बहुत अच्छा माना गया है। इस आसन के सिद्ध होने पर योगी की समाधि स्वयमेव लगने लग जाती है।

## 14. सिंहासन

दोनों पैरों की एड़ियों को अण्डकोष के नीचे सीवनी नाड़ी के दोनों ओर अर्थात् बाँयी ऐड़ी को दाहिने पार्श्व में तथा दायीं एड़ी को वाम पार्श्व में स्थापित कर दोनों हाथों को दोनों घुटनों पर रख तथा सभी अंगुलियों को फैला कर मुख को यथाशक्ति खोलकर अपनी दृष्टि को नासाग्र भाग पर स्थिति करना सिंहासन कहलाता है।

यह आसन उत्तम योगियों द्वारा पूजित है, क्योंकि इस आसन में तीनों बन्ध स्वयमेव लग जाते हैं।[2] त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् में भी इसी प्रकार का वर्णन उपलब्ध होता है।[3] जबकि शाण्डिल्योपनिषद् के अनुसार दाहिने गुल्फ के साथ बाएँ गुल्फ को और बायें गुल्फ के साथ दायें गुल्फ को लगाकर बैठना, दोनों हाथों को दोनों बाजुओं पर रखना, दोनों हाथों की अंगुलियों को फैलाकर, भली प्रकार एकाग्र होकर प्रसन्न मुख में नासिका के अग्रभाग पर दृष्टि रखना, सिंहासन कहलाता है। योगीजन सदा इसकी प्रशंसा करते हैं।[4]

सीवनी नाड़ी पर दबाव पड़ने से ब्रह्मचर्य की रक्षा होती है। अतः ब्रह्मचर्य हेतु यह आसन सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। मुख को यथाशक्ति खोलने से यह गले तथा जिह्वा के लिए उपयोगी माना जा सकता है। इससे नेत्रज्योति तो बढ़ती ही है, इसके निरंतर अभ्यास से शरीर में असीम बल, सिंह सदृश साहस भी उत्पन्न होता है। तीनों बन्ध लग जाने से योगी की आयु में वृद्धि, कामदेव सदृश देह की प्राप्ति के साथ-साथ कुण्डलिनी शक्ति को जगाने में भी आसन सहायक सिद्ध हो सकता है।

## 15. भद्रासन

दोनों पैरों की एड़ियों को अण्डकोष के नीचे सीवनी के पार्श्व भाग में इस प्रकार

---

1. योगतत्त्वोपनिषद्—55
2. ह० प्र०—1/52-54
3. त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्—44
4. शाण्डिल्योपनिषद्—3/5-6

से स्थापित करें कि वाम एड़ी सीवनी नाड़ी के वाम और दाहिनी एड़ी सीवनी नाड़ी के दायें भाग पर आये तत्पश्चात् अपने दोनों हाथों से पैरों को भली प्रकार पकड़कर स्थिर रहें। वह भद्रासन सभी रोगों को दूर करने वाला कहा गया है। कुछ सिद्धयोगी इसे गोरक्षासन भी कहते हैं। योगियों को इस प्रकार के हल्के आसनों से उत्पन्न श्रम को दूर करना चाहिए।[1]

शाण्डिल्योपनिषद् के अनुसार लिंगेन्द्रिय के नीचे की सीवनी पर दोनों गुल्फों को जमाकर रखने और हाथों से पैरों के दोनों पार्श्वों को दृढता पूर्वक पकड़ कर निश्चित बैठने से भद्रासन होता है, जो समस्त रोगों और विष आदि का नाश करने वाला है।[2] जाबालदर्शनोपनिषद् के अनुसार दोनों घुटनों को अण्डकोष के नीचे, पार्श्वों में रखने और दोनों हाथों से पार्श्वभाग तथा पाँवों को दृढ़ता से बाँधकर बैठने को भद्रासन कहते हैं, यह भद्रासन विष से उत्पन्न हुए रोगों का नाश करने वाला है।[3] घेरण्ड-संहिता में इस आसन को अधिक स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि दोनों एड़ियों को उलट कर अण्डकोशों के नीचे रखें तथा पीठ की ओर पद्मासन के समान दोनों अंगूठों को पकड़ लें, जालन्धर बन्ध की स्थिति करके नासिका के अग्रभाग को देखें, यह भद्रासन कहलाता है।[4]

इस आसन के निरन्तर अभ्यास से गुदा सम्बन्धी तथा मूत्र सम्बन्धी समस्त रोगों का निवारण होता है। "ब्रह्मचर्य के लिए यह बहुत उपयोगी माना जाता है।" नितम्ब प्रदेश में उत्पन्न सभी दर्दों को यह दूर करता है। इसे बच्चों, युवाओं और वृद्धों के लिए सबसे सरल और उपयोगी माना जा सकता है। यह आसन घुटनों, जंघाओं और पिण्डलियों के लिए भी उपयोगी है।

शाण्डिल्योपनिषद् में कहा गया है कि ये आसन समस्त रोगों के निवारक और विष का शमन करने वाले हैं अशक्य व्यक्ति को भी इन्हें सुखपूर्वक धारण करने का अभ्यास करना चाहिए। इन आसनों की सिद्धि त्रिलोक की सिद्धि के समान है।[5]

---

1. ह० प्र०—1/55-56
2. शा० उ०—3/8
3. जा० द० उ०—3/7
4. घे० सं०—2/9
5. शाण्डिल्योपनिषद्—3

अध्याय-4

# नाड़ी-शोधन प्राणायाम

आसनों के पश्चात् हठयोग के सभी ग्रन्थों में यह स्पष्ट किया गया है कि वायु के चलायमान होने पर चित्त भी चंचल होता है तथा वायु के स्थिर हो जाने पर चित्त भी स्थिर हो जाता है और तभी योगी स्थिरता को प्राप्त होता है।[1] जब तक शरीर में वायु की विद्यमानता रहती है तब तक ही जीवन कहलाता है, उसका शरीर से निकल जाना ही मरण है। अत: प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। किन्तु मलयुक्त नाड़ियों में प्राणवायु का गमन सम्यक् प्रकार से नहीं हो सकता और जब तक प्राणवायु का गमन नहीं होता तब तक उन्मनी अवस्था की प्राप्ति असंभव है। उन्मनी अवस्था को स्पष्ट करते हुए हठयोगप्रदीपिकाकार स्वयं लिखते हैं कि जब प्राणवायु सुषुम्ना में प्रवेश करता है तब मन में स्थिरता आ जाती है। मन का सम्यक् रूप से स्थिर रहना ही उन्मनी अवस्था कहलाती है।[2] मलों से व्याप्त सभी नाड़ियां जब निर्मल हो जाती हैं तब साधक समुचित रूप से प्राणवायु को नियंत्रित करने में समर्थ होता है। इसीलिए प्रतिदिन सात्त्विक बुद्धि से नाड़ी-शोधन प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। घेरण्ड-संहिता में कहा गया है कि कुश का आसन, मृगछाला या सिंह छाला कम्बल अथवा स्थल में से किसी प्रकार के आसन पर पूर्व या उत्तर की ओर मुख करके, नाड़ी शुद्ध होने पर प्राणायाम का साधन करना चाहिए।[3] गोरक्षसंहिता के अनुसार प्राण-अपान को संयुक्त करके प्रणव की बारह मात्राओं से पूरक[4] करना चाहिए। इससे सभी दोषों का शोधन

---

1. (क) गोरक्ष-संहिता—1/89
   (ख) ह०प्र०—2/2
2. वही—2/42
3. घेरण्ड-संहिता, 5/32
4. (क) पूरक—श्वास वायु को नासिका द्वारा उदर में भरना पूरक कहलाता है।
   (ख) रेचक—नासिका द्वारा श्वास को निकालना।
   (ग) कुम्भक—श्वास को उदर में रोके रखना कुम्भक कहलाता है।

हो जाता है। यह योगियों के लिए सदा ज्ञातव्य है।[1]

नाड़ी शोधन की प्रक्रिया को निरूपित करते हुए हठयोगप्रदीपिका में कहा गया है कि पद्मासन में बैठकर साधक को चन्द्र नाड़ी (बायीं नासिका) से श्वास को ग्रहण करके अपनी शक्ति के अनुसार श्वास को रोककर सूर्य नाड़ी (दायीं नासिका) से श्वास को छोड़ना चाहिए और पुनः प्राणवायु को सूर्यनाड़ी द्वारा खींचकर धीरे-धीरे करके फिर विधिवत् श्वास को उदर में रोककर चन्द्रनाड़ी से छोड़ देना चाहिए जिससे श्वास का त्याग किया हो उसी नासिकारन्ध्र से श्वास का ग्रहण कर श्वास को तब तक रोकें जब तक श्वास छोड़ने की संवेदना न हो। और तब श्वास को धीरे-धीरे दूसरे नासिका-रन्ध्र से छोड़ें। यदि प्राणवायु को इड़ा से पूरित करें तो उसे कुम्भक कर पुनः दूसरे से छोड़ देना चाहिए और बाद में पिंगला से वायु ग्रहण करके, कुम्भक कर, बायें से छोड़ देना चाहिए। इस प्रकार बायें और दाहिने नासिकारन्ध्र से लगातार प्राणायाम का अभ्यास करने से योगसाधकों के नाड़ी-समूह तीन मास से कुछ अधिक समय में निर्मल हो जाते हैं।[2] उचित रीति से प्राणायाम का अभ्यास करने से सभी रोगों का नाश होता है किन्तु प्राणायाम के गलत अभ्यास से वायु के प्रकोप से हिचकी, दमा, खांसी, सिर, कान और आंखों में पीड़ा तथा अन्य प्रकार के रोगों की उत्पत्ति हो जाती है।[3] और जब नाड़ियां निर्मल हो जाती हैं तब उसके बाह्य लक्षण प्रकट होते हैं, जैसे शरीर निश्चित रूप से पतला और कान्तिमान् हो जाता है। इससे जठराग्नि प्रदीप्त होती है, अन्तः प्रवर्तित नाद का अनुभव होता है तथा आरोग्य लाभ होता है।[4]

## षट् कर्म

षट्कर्म उन छः क्रियाओं का नाम है, जिनके द्वारा शरीर का शोधन माना गया है। यह छः शोधन क्रियाएं स्थूलता और कफ वाले व्यक्ति को सबसे पहले करनी चाहिए। किन्तु जिन व्यक्तियों में त्रिदोषों (वात-पित्त-कफ) की समानता हो, उन्हें इन क्रियाओं के अभ्यास की कोई विशेष आवश्यकता नहीं है। ये छः शोधन क्रियाएं इस प्रकार से हैं—धौति, बस्ति, नेति, त्राटक, नौलि और कपालभाति।[5]

---

1. गोरक्ष-संहिता—2/3
2. ह० प्र०—2/7-10
3. वही—2/16-17
4. वही—2/19-20
5. (क) वही—2/22
   (ख) घेरण्ड-संहिता—1/12

## 1. धौति

चार अंगुल चौड़ा, पन्द्रह हाथ लम्बा कपड़ा, जल में भिगोकर गुरु के निर्देश के अनुसार धीरे-धीरे निगलना चाहिए। पुन: इसे धीरे-धीरे बाहर निकालना चाहिए—इसे धौति-क्रिया कहते हैं।[1] जबकि घेरण्ड-संहिता के अनुसार अन्तधौति, दन्तधौति, हृद्धौति और मूलशोधन के भेद से धौतिकर्म चार प्रकार का माना गया है। इसके द्वारा योगी स्वशरीर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाते हैं।[2] इस धौतिक्रिया के फलस्वरूप खांसी, दमा, तिल्ली, कुष्ठ तथा अन्य बीस प्रकार के कफ-सम्बन्धी रोगों का नाश होता है।[3] इसके साथ ही क्रमश: नाड़ी समूहों पर नियन्त्रण पाकर साधकगण अपानवायु को ऊपर उठाकर कण्ठनली में लाकर, उदरस्थित पदार्थों (अन्न आदि) का वमन करते हैं। हठ-योग के जानकार इसे गजकरणी कहते हैं।[4]

## 2. बस्ति

नाभिपर्यन्त जल में स्थित होकर गुदा में एक नली का प्रवेश कराकर उत्कटासन में साधक गुदा का संकोचन कर जल द्वारा अन्दर के भाग का शोधन करे। इसी क्रिया को बस्ति क्रिया कहते हैं।[5] घेरण्ड-संहिता में बस्तिकर्म दो प्रकार का बताया गया है—(1) जलबस्ति और (2) शुष्कबस्ति। जलबस्ति जल में और शुष्कबस्ति स्थल में की जाती है।[6]

इस बस्ति-क्रिया के अभ्यास से गुल्म, प्लीहा, जलोदर तथा वात-पित्त-कफ से उत्पन्न होने वाले सभी दोष नष्ट हो जाते हैं, इससे त्रिदोषों का पूर्णत: निवारण हो जाता है, धातु, इन्द्रिय तथा अन्त:करण की प्रसन्नता होती है, जठराग्नि प्रदीप्त होती है तथा शरीर कामदेव के समान सुन्दर व आकर्षक बन जाता है।

## 3. नेति

चिकनी और लगभग नौ इंच लम्बी सूत से बनी सूत्र नेति को नासिका में डाल-

1. ह०प्र०—2/24
2. घेरण्ड-संहिता—1/13
3. ह० प्र०—2/25
4, वही—2/38
5. वही—2/27
6· घेरण्ड-संहिता—1/45

कर उसे मुख से बाहर निकालना ही नेति कर्म कहलाता है।[1]

इस क्रिया के अभ्यास से कपालप्रदेश की शुद्धि होती है। यह दिव्यदृष्टिप्रदायिनी है। इससे स्कन्ध प्रदेश से ऊपर होने वाले रोगसमूहों का नाश होता है। घेरण्ड-संहिता के अनुसार आधे हाथ लम्बा डोरा लेकर नासिका में डालकर मुख के द्वारा बाहर निकालना नेति कर्म कहलाता है। इसके साधन से खेचरी मुद्रा की सिद्धि कफ-दोषों की निवृत्ति और दिव्यदृष्टि उपलब्ध होती है।[2]

## 4. त्राटक

स्थिर दृष्टि से किसी सूक्ष्म लक्ष्य को एकाग्र होकर तब तक देखना जब तक आंख से आंसू न आ जाय। आचार्यों द्वारा यह त्राटक कर्म कहा गया है।[3]

इस त्राटक के द्वारा नेत्र रोगों का नाश होता है तथा तन्द्रा आदि की निवृत्ति होती है। अतः इस त्राटक को सोने की पेटी के समान महत्त्व देकर इसकी रक्षा करनी चाहिए।[4]

इस क्रिया में अपनी दृष्टि को किसी भी सूक्ष्म पदार्थ पर केन्द्रित करना चाहिए। यदि किसी वृक्ष के पत्तों पर अपनी दृष्टि को केन्द्रित किया जाये तो नेत्रों की ज्योति बढ़ती है। इसका अभ्यास धीरे-धीरे बढ़ाना चाहिए। इसके सिद्ध होने पर मनुष्य की एकाग्रता बढ़ती है तथा वह किसी भी प्राणी को वशीभूत कर सकता है।

## 5. नौलि

स्कन्ध प्रदेश को (60 डिग्री) आगे की ओर झुकाकर तीव्र वेग वाले भंवर के समान उदर के दायें भाग को वाम भाग तथा वाम भाग को दाहिनी तरफ वेग से घुमाना चाहिए। सिद्धों ने इसे ही नौलिकर्म कहा है।[5]

नौलि क्रिया करने से पूर्व उड्डीयान बन्ध अवश्य लगाना चाहिए। इस क्रिया को करने से पहले सीधे खड़े होकर, दोनों पांवों में एक फुट के लगभग दूरी रख कर, दोनों

---

1. ह० प्र०—2/29
2. घेरण्ड-संहिता—1/50-51
3. ह० प्र०—2/31
4. वही—2/32
5. वही—2/33

हाथों से दोनों पांवों के घुटनों को दबाते हुए वायु का रेचक करके पेट को पिचका कर मेरुदण्ड से लगाना चाहिए। इस क्रिया के पश्चात् नल तथा नाभि प्रदेश को ऊपर उठाने का अभ्यास करना चाहिए। इस क्रिया के चालीस दिन अभ्यास करने के बाद नल तथा नाभि अपने स्थल से ऊपर की ओर आ जाता है। तत्पश्चात् उस प्रदेश को उदर में भंवर के समान घुमाना चाहिए। इसी क्रिया को नौलि कर्म कहते हैं।

सदा प्रसन्नतावर्धक इस नौलि कर्म के प्रभाव से मन्द हुई जठराग्नि प्रदीप्त होती है तथा पाचन शक्ति में वृद्धि होती है। हठक्रिया में अग्रणी यह अनेक प्रकार के रोगों की नाशक है।[1]

## 6. कपालभाति

लुहार की धौंकनी के समान शीघ्रतापूर्वक श्वास का रेचक तथा पूरक करने को कपालभाति कहते हैं। इससे कफ आदि रोगों की निवृत्ति होती है।[2]

घेरण्ड-संहिता में इस क्रिया के तीन भेद बताये गये हैं—

(क) **वातक्रम**—इड़ा नाड़ी से वायु का पूरक और पिंगला से रेचन तत्पश्चात्, पिंगला से पूरक तथा इड़ा से रेचक।

(ख) **व्युत्क्रम**—दोनों नासारन्ध्रों से जल को खींचकर मुख से निकालना तथा मुख से पीकर दोनों नासारन्ध्रों से जल को निकालना।

(ग) **शीत्क्रम**—शीत्कार के साथ जल को मुख के द्वारा ग्रहण करके दोनों नासारन्ध्रों से निकालना।

उपर्युक्त निर्दिष्ट षट्क्रियाओं द्वारा मुटापा, कफ, पित्त और वात सम्बन्धी रोग तथा मल इत्यादि दोषों का निवारण करने के पश्चात् ही प्राणायाम करना चाहिए क्योंकि इससे प्राणायाम अनायास ही सिद्ध होता है।

कुछ आचार्यों का ऐसा मत है कि सभी प्रकार के मलों का केवल प्राणायाम से ही नाश हो जाता है। अतः वे अन्य क्रियाओं की आवश्यकता नहीं समझते।[3] सम्भवतः ऐसा प्रतीत होता है कि स्वयं हठयोगप्रदीपिकाकार ने इन षट् कर्मों की उपयोगिता को समझ कर उन षट् कर्मों का सविस्तार विवेचन किया है तथा उन्होंने पहले ही कह दिया है कि "इन षट् क्रियाओं को करने के बाद प्राणायाम अनायास ही सिद्ध हो जाता है।[4]

---

1. ह० प्र०—2/34
2. वही—2/35
3. वही—2/37
4. वही—2/36

## प्राणायाम

प्राणायाम द्वारा स्वास्थ्य-सम्पादन की विधि दैवी चिकित्सा है। शरीरस्थ च्यवनप्रक्रिया को अश्विनीकुमार या प्राणायाम ही सम्यक् रोककर पुनः स्वास्थ्य और आयु की वृद्धि कर सकते हैं। शरीरस्थ रसों को फिर से यविष्ट बनाने वाली विधि भी प्राणायाम ही है। प्राचीन ऋषियों ने प्राणविद्या के रहस्य को जानकर जिस योगविधि का आविष्कार किया, अनन्तकाल तक यही विधि अमृततत्त्व और दीर्घ आयुष्म की प्राप्ति के लिए सर्वोत्कृष्ट मानी जाती रहेगी। प्राण की प्रतिष्ठा ही अमृततत्त्व है, प्राण की उत्क्रान्ति ही मृत्यु है। ब्रह्मचर्य ही प्राणप्रतिष्ठा का सर्वोत्तम मार्ग है। सर्व प्रकार की निर्विकारिता ही प्राणों को प्रकृतिस्थ क्षोभरहित रखती है।[1] साधारणतः हमारा चित्त जब संसारमुखी होता है तब श्वास भी बाहर की ओर विचरण करता है। इस श्वास की गति की ओर योगियों ने ध्यान दिया है। जब श्वास हमारी बायीं अथवा दाहिनी नासिका से चलता है तब संसार-वासना स्पन्दित होती है। सब जीवों का श्वासप्रवाह इन्हीं दो नासापुटों से प्रवाहित होता है, अतएव संसार-वासना किसी तरह निवृत्त नहीं होती। इसी कारण योगियों ने ऐसी चेष्टा की है कि श्वास बाहर की ओर गमनागमन न करे। बाहर की ओर गमनागमन करने का पथ इड़ा और पिंगला नाड़ी हैं और साधारणतः अज्ञानी की ज्ञाननाड़ी-सुषुम्ना-पथ बन्द रहता है। योगी इसीलिए इड़ा और पिंगला नाड़ी का द्वार बन्द करके सुषुम्ना मार्ग से प्राण को चलाने की चेष्टा करते हैं, अन्यथा मनुष्य के अन्दर वास्तविक ज्ञान का उदय होना सम्भव नहीं। हमें समस्त ज्ञान नाड़ी-पथ से होता है। ब्रह्मज्ञान भी नाड़ी-पथ से ही होता है, वह ब्रह्मज्ञान प्रवाहिका नाड़ी सुषुम्ना है। उसी से प्राण को चलाना ही प्राणायाम का वास्तविक उद्देश्य है।[2]

प्राणायाम का शाब्दिक अर्थ है····'प्राणस्य आयामो गतिरोधः' अर्थात् प्राण वायु अर्थात् श्वास-प्रश्वास की गति को रोकना ही प्राणायाम कहलाता है। आचार्य पातंजल के अनुसार आसन के सिद्ध होने पर श्वास-प्रश्वास की गति को रोकने का ही नाम प्राणायाम है।[3]

डा० पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल के शब्दों में प्राणायाम के द्वारा प्राणवायु मात्र नहीं, अपितु दशों वायु वश में आ जाते हैं। परन्तु इसके लिए शरीर में वायु के आ जाने

---

1. कल्याण योगांक—पृ० 658
2. कल्याणांक—720
3. पातंजल योगदर्शन—2/49

के सत्र मार्ग वन्द कर देना आवश्यक होता है। शरीर के रोम-रोम में नाड़ी मुखों का अन्त है, जिनके द्वारा शरीर में पवन आता जाता है। इसी कारण कुछ योग-पन्थों में भस्म धारण आवश्यक बताया गया है। किन्तु वायु के यातायात के प्रधान द्वार नौ हैं। इन नौ द्वारों को वन्द रखना नाथपन्थी भाषा में 'वायुभक्षण' के लिए आवश्यक है। इस प्रकार जब वायु शरीर में व्याप्त हो जाता है तो बिन्दु स्थिर होकर अमृत का आस्वादन होता है और अनाहत नाद सुनाई देने लगता है, तथा स्वयं-प्रकाश आत्म-ज्योति के दर्शन होने लगते हैं।[1] कुम्भक के समय-भेद से प्राणायाम तीन प्रकार का होता है उत्तम मध्यम और कनिष्ठ। उत्तम प्राणायाम में कुम्भक 50 सेकण्ड का होता है, मध्यम 33 सेकण्ड का और कनिष्ठ प्राणायाम 16 सेकण्ड का होता है।

| प्राणायाम | पूरक | कुम्भक | रेचक | बाह्य कुम्भक |
|---|---|---|---|---|
| कनिष्ठ | 4 | 16 | 8 | 1 |
| मध्यम | 6 | 33 | 10 से 12 | 2 |
| उत्तम | 8 | 50 | 12 से 16 | 3 |

उत्तम प्राणायाम में प्रवेश होने के पश्चात् प्राणतत्त्व सुषुम्ना द्वारा मस्तिष्क में चढ़ने लगता है। आरम्भ में वह पिपीलिका (चींटी) के समान धीरे-धीरे सूक्ष्म परिमाण में ऊपर चढ़ता है। पश्चात् तीनों ग्रन्थिभाग के आगे नाड़ी के शेष भाग की शुद्धि होने पर मेढक की गति से कूदकर ऊपर चढ़ने लगता है और भस्त्रा प्राणायाम द्वारा कुम्भक बढ़ने से ग्रन्थियों के भेदन होने पर विहङ्गम (पक्षी) की तरह उड़कर शीघ्र प्राणतत्त्व सहस्रदलकमल में प्रवेश करता है। जब प्राणतत्त्व मस्तिष्क में जाने लगता है तब मस्तिष्क का शोधन हो जाता है और सहनशीलता भी बढ़ जाती है, जिससे कष्ट मालूम नहीं होता। एकाध वर्ष बाद जब प्राणतत्त्व अधिक वेग से गति करने लगता है तब मन की एकाग्रता होकर आनन्द का अनुभव होने लगता है।[2]

हठयोगप्रदीपिका में प्राणायाम के सम्बन्ध में कहा गया है कि विधिपूर्वक प्राणायाम के अभ्यास से समस्त नाड़ी समूहों के निर्मल होने पर प्राणवायु सुषुम्ना के मुख का भेदन कर उसमें सुखपूर्वक प्रविष्ट हो जाता है, इसका सुषुम्ना में प्रवेश होने पर मन में स्थिरता उत्पन्न होती है। मन का भली प्रकार से स्थिर हो जाना ही मनोन्मनी अवस्था कहलाता है।[3]

---

1. कल्याण का योगांक—पृ० 703
2. वही—पृ० 553
3. ह० प्र०—2/41-42

इसके अनन्तर हठयोगप्रदीपिका में कुम्भक भेद का निरूपण करते हुए कहा गया है कि 'सूर्यभेदन, उज्जायी, सीत्कारी, शीतली, भस्त्रिका, भ्रामरी, मूर्च्छा और प्लाविनी ये आठ प्रकार के कुम्भक होते हैं।[1] गोरक्ष-संहिता के अनुसार प्राणायाम तीन प्रकार का है।[2] योगकुण्डल्युपनिषद् के अनुसार प्राणायाम चार प्रकार का है—सूर्यभेदी, उज्जायी शीतली और भस्त्रिका।[3] शाण्डिल्योपनिषद् के अनुसार रेचक, पूरक और कुम्भक के भेद से प्राणायाम तीन प्रकार का है।[4]

हठयोगप्रदीपिका में प्राणायाम करने से पूर्व कुछ बातों को आवश्यक माना है कि पूरक के अन्त में जालन्धर बन्ध लगाना चाहिए और कुम्भक के अन्त तथा रेचक के प्रारम्भ में उड्डियान बन्ध करना चाहिए। जालन्धर बन्ध के पश्चात् नीचे के प्रदेश (गुदा) का शीघ्रता से आकुञ्च करना चाहिए इसी को मूलबन्ध भी कहते हैं। मूलबन्ध होने से तथा मध्यभाग (उदर) को पीछे की ओर दबाने से अर्थात् उड्डियान बन्ध लगाने पर प्राण सुषुम्ना में प्रवेश करता है।[5]

## प्राणायाम के भेदों का निरूपण

### 1. सूर्यभेदन

योगाभ्यासी को सर्व प्रथम किसी भी प्रकार का आसन बिछाकर, उस पर सुखपूर्वक (कोई भी) आसन लगाना चाहिए। तदनन्तर दाहिने नथुने से बाहरी वायु को धीरे धीरे अन्दर खींचकर, उसे जब तक सम्भव हो सके अधिकाधिक रोककर बायें नथुने से धीरे-धीरे श्वास को छोड़ना चाहिए। इसी को सूर्यभेदी प्राणायाम कहते हैं। यह अभ्यास मस्तकप्रदेश को शुद्ध करता है, वात-सम्बन्धी रोगों का नाशक है, उदर में

---

1. (क) ह० प्र०—2/44
   (ख) घेरण्ड संहिता—5/55
2. गोरक्ष-संहिता—2/4-6
3. योगकुण्डल्युपनिषद्—21
4. शाण्डिल्योपनिषद्, षष्ठ खण्ड
5. (क) ह० प्र०—2/45-46
   (ख) मूलबन्ध, उड्डियान बन्ध और जालन्धरबन्ध के लिए मुद्रा निरूपण अध्याय द्रष्टव्य है।

उत्पन्न कृमि दोषों को दूर करने वाला है। अतः इस सूर्यभेदन नामक प्राणायाम का उत्तम अभ्यास पुनः पुनः करना चाहिए।[1]

इस प्राणायाम को ग्रीष्म ऋतु में तथा अधिक पित्त वाले व्यक्तियों के लिए निषिद्ध माना गया है। इस प्राणायाम के प्रभाव से कपाल प्रदेश में उत्पन्न श्लेष्म, वातवहा नाड़ियों के विकार, रक्तदोष, उदरसम्बन्धी समस्त रोगों का निवारण होता है। सूर्य अग्नि स्वरूप है। उसी पर इस प्राणायाम का नामकरण हुआ है क्योंकि इस प्राणायाम को करने से शरीर में उष्णता की वृद्धि होती है। घेरण्डसंहिता के अनुसार यह सूर्यभेद संज्ञक कुम्भक वृद्धावस्था तथा मृत्यु का नाश करने वाला है। इससे कुण्डलिनी शक्ति का जागरण होता है और शरीरस्थ अग्नि प्रदीप्त होती है।[2]

## 2. उज्जायी

मुख को बन्द कर दोनों नासारन्ध्रों से धीरे-धीरे इस प्रकार श्वास लेना चाहिए कि जिससे शब्द उत्पन्न हो, तथा जिससे कण्ठ से लेकर हृदय प्रदेश पर्यन्त उसके स्पर्श का अनुभव हो। पूर्ववत् कुम्भक करने के उपरान्त श्वास का इड़ा नाड़ी से रेचक कर देना चाहिए। इससे कण्ठ में उत्पन्न होने वाले कफ दोष दूर होते हैं तथा जठराग्नि प्रदीप्त होती है तथा नाड़ी सम्बन्धी, जलोदर और धातु सम्बन्धी रोगों का निराकरण होता है। अतः इस प्राणायाम का अभ्यास चलते हुए तथा बैठते हुए भी करना चाहिए।[3]

योगकुण्डल्युपनिषद् के अनुसार इस प्राणायाम के निरन्तर अभ्यास से मस्तिष्क की उष्णता, गले का कफ और अन्य अनेक प्रकार के रोग दूर हो जाते हैं और देह की अग्नि की वृद्धि होती है।[4] इस प्राणायाम के प्रभाव से उदर सम्बन्धी रोगों का निवारण होता है। हृदय की धड़कन न्यून होती है। घेरण्ड-संहिता के अनुसार इससे पूर्ण कार्य सिद्ध हो जाते हैं, कफरोग, क्रूर वायु और अजीर्ण की उत्पत्ति नहीं होती। आमवात, क्षय. कांस, ज्वर, प्लीहा आदि रोगों की उत्पत्ति नहीं होती। यहां तक कि इस प्राणायाम के सिद्ध होने पर जरा-मरण का भी नाश हो जाता है।[5]

---

1. ह० प्र०—2/48-50
2. घेरण्ड संहिता—5/67
3. ह०प्र०—2/51-53
4. योगकुण्डल्युपनिषद्—28
5. घेरण्ड-संहिता—5/70-71

## 3. सीत्कारी

जिह्वा को दोनों ओष्ठों के मध्य रखकर मुख से सीत्कार करते हुए वायु का पूरक करना चाहिए तथा (वायु का) रेचक केवल नासारन्ध्र से ही करना चाहिए। इस प्रकार के अभ्यास से अभ्यासी कामदेव के समान सुन्दर बन जाता है।

वह योगाभ्यासी योगिनी समूहों द्वारा प्रशंसा प्राप्त करता है, वह सृष्टि और संहार करने में भी समर्थ होता है, और उसे कभी भी भूख-प्यास, निद्रा तथा आलस्य नहीं सताता। इस (प्राणायाम) का अभ्यासी बलयुक्त होकर शरीर पर नियन्त्रण प्राप्त करके सभी प्रकार के उपद्रवों से बचा रहता है और इस भूमिमण्डल में एक विख्यात योगी के रूप में प्रसिद्ध हो जाता है।[1]

इस प्राणायाम के निरन्तर अभ्यास से रक्त की शुद्धि, उदर के रोगों का नाश, आलस्य का निवारण तथा मानसिक स्थिरता की प्राप्ति होती है। इसके अभ्यास से मुख पर पड़ने वाली झाईयां, झुरियाँ तथा पीलापन दूर होता है। यह प्राणायाम पित्तप्रकोप का शमन करके शरीर को सुन्दर बनाता है। भूख, प्यास और गर्मी के समय में यह अत्यन्त लाभकारी प्राणायाम माना जाता है।

## 4. शीतली

काकचंचुवत् जिह्वा को गोल बनाकर उसे दोनों ओष्ठों के मध्य स्थापित करके श्वास का पूरक करने के पश्चात् कुम्भक का अभ्यास करना चाहिए। तत्पश्चात् धीरे-धीरे बुद्धिमान् योगाभ्यासी को दोनों नासारन्ध्रों के द्वारा वायु को बाहर निकाल देना चाहिए।

इस शीतली कुम्भक के अभ्यास से गुल्म, प्लीहा आदि अनेक रोग, ज्वर, पित्त, भूख, प्यास इत्यादि विकार तथा विष का प्रभाव भी नष्ट हो जाता है।[2]

घेरण्ड-संहिता एवं योगकुण्डल्युपनिषद् में भी इसके लाभों का वर्णन उपलब्ध होता है कि इस प्राणायाम के अभ्यास से अजीर्ण, कफ-पित्त, गुल्म, प्लीहा, तृषा, ज्वर तथा विष सदृश रोगों का नाश होता है।[3]

---

1. ह० प्र०—2/54-56
2. ह० प्र०—2/57-58
3. (क) घेरण्ड-संहिता—5/73
   (ख) योगकुण्ड०—31

इसके अतिरिक्त इससे शरीर में तेजस्विता तथा सुन्दरता की वृद्धि होती है और इससे उदर के कीड़ों का नाश एवं जठराग्नि प्रदीप्त होती है। यह प्राणायाम उच्च-रक्तचाप वालों के लिए बहुत अच्छा माना गया है। किन्तु सर्दी, जुकाम आदि से पीड़ित जनों को इसका अभ्यास नहीं करना चाहिए।

## 5. भस्त्रिका

सम्यक् प्रकार से पद्मासन लगाकर, मेरुदण्ड तथा गर्दन को सीधा कर बुद्धि-मान् को चाहिए कि मुख को बन्द करके उदरस्थ वायु को किसी भी एक नासारन्ध्र से यत्नपूर्वक इस प्रकार से बाहर निकाल दे कि शब्द करती हुई वायु हृदय, कण्ठ, तथा कपाल प्रदेश का स्पर्श करे। रेचक करने के उपरान्त शीघ्र ही वेगपूर्वक पुनः वायु का हृदय कमल पर्यन्त ग्रहण करना चाहिए। पुनः उपर्युक्त रीति से वायु का रेचक और पूरक करें। इस क्रिया को बार-बार उसी प्रकार से करना चाहिए जिस प्रकार लुहार के द्वारा वेगपूर्वक धौंकनी चलायी जाती है। इसका अभ्यास तब-तक करना चाहिए जब तक शरीर में थकान न आ जाये। थकावट होने पर साधक को दायें नासा-रन्ध्र से श्वास का ग्रहण करना चाहिए, जब वायु द्वारा उदर पूर्णरूप से भर जाये तब नासिका को मध्यमा तथा तर्जनी अँगुलियों से दृढ़ता रहित धारणा कर विधिपूर्वक कुम्भक कर वामनासारन्ध्र से वायु का रेचक करना चाहिए। इस प्रकार यह भस्त्रिका प्राणायाम वात-पित्त-कफ इत्यादि रोगों का निवारण करता है तथा इससे जठराग्नि प्रदीप्त होती है। इस प्राणायाम के निरन्तर अभ्यास से सुषुम्ना के मुख पर जमें हुए कफ आदि दोषों का नाश होता है फलस्वरूप सुखदायी तथा हितकारी प्राणवायु शीघ्र ही कुण्डली को जगाता है।

इसके अतिरिक्त यह भस्त्रिका प्राणायाम शरीर की तीनों ग्रन्थियों का सम्यक् प्रकार से भेदन करता है। अतः इसका अभ्यास विशेष रूप से करना चाहिए।[1] आरम्भिक काल में इस प्राणायाम का अधिक अभ्यास नहीं करना चाहिए क्योंकि अधिक करने पर फुफ्फुसकोष पर ज्यादा दबाव पड़ने का भय रहता है।

## 6. भ्रामरी

इस प्राणायाम में वेगपूर्वक भ्रमर के समान आवाज करते हुए दोनों नासारन्ध्रों

---

1. ह० प्र०—2/59-67

से श्वास का पूरक कर भ्रमरी के समान शब्द करते हुए ही श्वास को बाहर निकाल देना चाहिए। यह रेचक क्रिया धीरे-धीरे करनी चाहिए। इसके निरन्तर अभ्यास से श्रेष्ठ साधकों के चित्त आनन्दयुक्त हो जाते है।[1]

स्वामी श्री कृष्णानन्द जी 'प्राणायामविषयक मेरा अनुभव' में लिखते हैं कि "सिद्धासन लगाकर नेत्र बन्द कर लें और भ्रू में लक्ष्य रखें तथा जालन्धर बन्ध लगा हो। इस प्राणायाम के समय जालन्धर बन्ध बराबर लगा रहना चाहिए।" फिर दोनों नासा-पुटों से भ्रमर के नाद के समान स्वरसहित पूरक करें। पश्चात् 3 सेकण्ड कुम्भक करके शनैः शनैः आवाज सहित रेचक करें। इस प्रकार 144 प्राणायाम करें। सुनते हैं कि भ्रामरी और मूर्छा कुम्भक का बौद्ध सम्प्रदाय में अधिक प्रचार था। इस कुंभक की पांच अवस्थाएं हैं। प्रथमावस्था में कुछ दिन पूरक करके पश्चात् कुम्भक के समय महामुद्रा की जाती है। नियमपूर्वक तीन सेकण्ड का कुम्भक होने पर पुनः सिद्धासन लगा कर रेचक किया जाता है। पहले बायें पैर से, पीछे दाहिने पैर से, पश्चात् दोनों पैर फैला-कर महामुद्रा करके इस प्राणायाम का अभ्यास किया जाता है। दूसरे प्राणायामों के साथ की जाने वाली महामुद्रा में और भ्रामरी के साथ की इस महामुद्रा को कोई-कोई साधक 48 से 72 तक करते हैं। इसलिए एक वर्ष के पश्चात् जानु से 6 इंच आगे और गुल्फ से 10 इंच ऊपर के भाग में कपाल लग जाता है।

पहली अवस्था की सिद्धि होने के बाद दूसरी अवस्था में खेचरी करके 6 सेकण्ड का कुम्भक होता है और एक समय विधि के अनुसार मस्तिष्क को बायें से दाहिनी तरफ घुमाकर जालन्धर बन्ध लगाकर रेचक किया जाता है। इस रीति से 144 कुम्भक में 144 बार मस्तिष्क के घुमाने की क्रिया करनी पड़ती है। इस प्रकार तीसरी, चौथी और पाँचवीं अवस्था में कुम्भक बढ़ाया जाता है, तथा मस्तिष्क भी अधिक समय घुमाया जाता है। मस्तिष्क घुमाने की क्रिया से मस्तिष्क में प्राणतत्त्व चारों ओर चक्कर लगता हुआ प्रतीत होता है। इस प्राणायाम की क्रिया के बाद नाद बहुत जोर से उठता है। इस-लिए मन की एकाग्रता शीघ्र होती है।[2]

## 7. मूर्च्छा

श्वास का पूरक करने के बाद दृढ़तापूर्वक जालन्धर बन्ध लगाकर यथाशक्ति कुम्भक करे। पुनः श्वास को धीरे-धीरे बाहर निकाले। यह मूर्च्छना नामक प्राणायाम मस्तिष्क में मूर्च्छा उत्पन्न करने वाला तथा सुखदायी है।[3]

---

1. ह० प्र०—2/68
2. कल्याण का योगांक—पृ० 560-61
3. ह० प्र०—2/69

इस प्राणायाम को एक बार साध लेने पर भ्रामरी वाले सिद्धासन में तथा दूसरे अन्य प्राणायामों को सिद्ध करने वाले शवासन में भी नादानुसन्धान कर सकते हैं। वैसे इस प्राणायाम का अभ्यास भ्रामरी प्राणायाम के सिद्ध हो जाने पर ही करना श्रेयस्कर माना जाता है। इसके सिद्ध होने पर रेचक के समय जब नेत्रों को बन्द कर भ्रूमध्य में ध्यान लगाया जाता है तब वहाँ से प्राण तत्त्व का हल्का नीला (हल्के नीलम नग जैसा) प्रकाश दिखाई देता है। इसके निरंतर अभ्यास से मन शांत होता है। बाह्य विषयों से चित्तवृत्ति हटकर ध्येय विषय पर केन्द्रित होती है और मन आत्मा में रमण करने लगता है। इसके निरंतर अभ्यास से कुण्डलिनी शक्ति जाग्रत होती है तथा योगी समाधि की अवस्था को प्राप्त होता है। कुछ विद्वानों के मतानुसार यह समाधि की प्रथमावस्था कही गई है। यहाँ पर यह बात विशेष ध्यातव्य है कि उच्च रक्तचाप वालों के लिए यह प्राणायाम विवर्जित है।

घेरण्ड-संहिता के अनुसार पूर्वोक्त कुम्भक को करके विषयों से हटाकर मन को भौंहों के मध्य में स्थित आज्ञाचक्र में लगावें और इस पद्म में विद्यमान परमात्मा में लीन कर दें। इस मूर्च्छा कुम्भक की सिद्धि से आनन्द की प्राप्ति होती है, यह सत्य है।[1]

## 8. प्लाविनी

दोनों नासारन्ध्रों से उदर को पर्याप्त मात्रा में श्वास द्वारा पूर्ण रूप से भर लें, फिर धीरे-धीरे उसका रेचक करें। इसका अभ्यासी अथाह जल में भी कमलपत्र के समान आसानी से उतर सकता है।[2]

यह प्राणायाम उदर सम्बन्धी समस्त रोगों का निवारण करता है, जठराग्नि प्रदीप्त होती है। उदर सम्बन्धी अनावश्यक कीटों का नाश, कब्ज का निवारण तथा वायु सम्बन्धी समस्त रोग इससे दूर होते हैं। इस प्राणायाम में मन की परमात्मा में लीनता, कुण्डलिनी शक्ति का जागरण तथा सिद्धियों की प्राप्ति के साथ-साथ यह प्राणायाम समाधि में भी अत्यन्त सहायक होता है। इसके अतिरिक्त इस प्राणायाम का चालीस दिन अभ्यास करने से शरीर हल्का, वीर्य की वृद्धि तथा रक्त की शुद्धि होती है। उदर में वायु के विद्यमान रहने पर, साधक पानी में कमल पत्र की भाँति विचरण कर सकता है।

घेरण्ड-संहिता में प्राणायाम का आठवाँ भेद 'प्लाविनी' न मानकर 'केवली' प्राणायाम माना है। केवली कुम्भक में श्वास और प्रश्वास के साथ सोऽहं का उच्चारण

---

1. घेरण्ड-संहिता—5/82
2. ह० प्र०—2/70

आवश्यक है[1] जबकि हठयोग प्रदीपिकाकार ने कुम्भक के दो भेद सहित कुम्भक और केवल कुम्भक माने हैं।[2]

(क) **सहित कुम्भक**—जब प्राणायाम रेचक और पूरक के साथ किया जाए तब वह सहित कुम्भक कहलाता है और जब तक केवल कुम्भक की सिद्धि न हो जाए तब तक सहित कुम्भक का ही अभ्यास करना चाहिए।

(ख) **केवल कुम्भक**—रेचक-पूरक के बिना अपने आप जो उदर में वायु का धारण होता है, वह केवल कुम्भक कहा जाता है। इस केवल कुम्भक की सिद्धि होने पर उस साधक के लिए तीनों लोकों में कुछ भी दुर्लभ नहीं रह जाता। इसका साधक अपनी इच्छानुसार वायु धारण करने में सक्षम होकर राजयोग पद की प्राप्ति करता है। इसके निरन्तर अभ्यास से कुण्डलिनी का जागरण तथा उससे सुषुम्ना नाड़ी मल रहित होती है और हठयोग में सिद्धि की प्राप्ति होती है।[3]

प्राणायाम की समाप्ति कर ग्रन्थकार हठयोग सिद्धि का लक्षण देते हुए कहते हैं कि शरीर में हल्कापन, मुख पर प्रसन्नता, स्वर में सौष्ठव, नयन की तेजस्विता, रोग का अभाव, बिन्दु पर नियंत्रण, जठराग्नि की प्रदीप्ति तथा नाड़ियों की विशुद्धि, ये सब हठसिद्धि के लक्षण हैं।[4]

---

1. घेरण्ड-संहिता—5/83-86
2. ह० प्र०—2/71
3. ह० प्र०—2/72-75
4. वही—2/78

अध्याय-5

# मुद्रा-निरूपण

प्राणायाम के सिद्ध होने पर मुद्राओं का अभ्यास कुण्डलिनी जागरण हेतु परमावश्यक है। मुद्राओं के निरूपण से पूर्व मुद्राओं के महत्त्व तथा प्रयोजन की चर्चा यहाँ आवश्यक प्रतीत होती है। शास्त्रों में तो स्पष्ट उक्त है कि बिना प्रयोजन के तो मंद भी किसी कार्य में प्रवृत्त नहीं होता अतएव इनका प्रयोजन बताते हुए ग्रन्थकार ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि ब्रह्मरन्ध्र के द्वार पर प्रसुप्त कुण्डली को जगाने हेतु सब प्रयत्नों द्वारा मुद्राओं का अभ्यास करना चाहिए।[1]

योग तन्त्रों में कुण्डलिनी कोई नवीन वस्तु नहीं है। इसका वर्णन हठयोग के ग्रन्थों तथा उपनिषदों में प्राप्त होता है, इसका दूसरा नाम आधार शक्ति है और वह सभी पदार्थों को आश्रय देती हुई उन सबकी मूल सत्ता के रूप में विद्यमान रहती है। छान्दोग्योपनिषद् में कहा गया है कि हृदय की 101 नाड़ियाँ हैं तथा उनमें से एक मस्तक में प्रवेश करके अमरता की उपलब्धि कराती है। अन्यों से अमरत्व की प्राप्ति नहीं होती।[2] यह कुण्डलिनी शक्ति चैतन्य सम्पादन करने के कारण निरालम्ब होकर शुद्ध चित्तस्वरूप में स्थित हो जाती है। यदि यह आधारशून्य हो जाएगी तो समस्त संसार की वस्तुएं भी आधारहीन होकर नष्ट हो जायेंगी। ग्रन्थकार के शब्दों में जिस प्रकार पर्वतों तथा वनों से युक्त सम्पूर्ण पृथ्वी का आधार शेषनाग है, उसी प्रकार सभी योग यन्त्रों का आधार कुण्डली है।[3] और जब गुरु के प्रसाद से यह प्रसुप्त कुण्डली जग जाती है, तब

---

1. (क) ह० प्र०—3/5
   (ख) शिव-संहिता—4/14
2. छान्दोग्योपनिषद्—8/6/6
3. ह० प्र०—3/1

सभी पद्म (मूलाधार, स्वाधिष्ठान आदि) तथा सभी ग्रन्थियाँ खुल जाती हैं।[1] और जब तक यह देह में सोई रहती है तब तक जीव पशु के समान रहता है तथा असंख्य योगाभ्यास करने पर भी उसको ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती।[2] इसके जागरण पर सुषुम्ना मार्ग प्राण हेतु राजपथ के समान सुखदायी हो जाता है। चित्तविषयों से हट जाता है तथा मृत्युभय नष्ट हो जाता है। इस सुषुम्ना नाड़ी के कई पर्यायवाची शब्द हैं जैसे शून्य पदवी, ब्रह्मरन्ध्र, महापथ, श्मशान, शाम्भवी और मध्य मार्ग।[3]

अतः इसी कुण्डलिनी शक्ति को जगाने के लिए ही मुद्राओं का अभ्यास करना चाहिए। इन मुद्राओं की संख्या दस है—महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, उड्यानबन्ध, मूलबन्ध, जालंधर बन्ध, विपरीत करणी, वज्रोली और शक्तिचालन।[4]

जबकि घेरण्ड संहिता में इनकी संख्या पच्चीस और गोरक्ष-संहिता में इनकी संख्या पाँच बताई गई है।[5] शिव-संहिता में मुद्राओं की संख्या दस बताते हुए इनको क्रमशः उत्तमोत्तम कहा है।[6]

हठयोग के अतिरिक्त मुद्राओं का उल्लेख तन्त्र साहित्य में भी प्राप्त होता है। इनका नाम क्रमशः डोम्बि, नटी, रजकी, ब्राह्मणी और चण्डाली है तथा इनकी संख्या पाँच मानी गई है।[7]

### 1. महामुद्रा

वाम पैर की एड़ी से सीवनी नाड़ी को दबाएँ तथा दाहिने पैर को भूमि पर फैला कर दोनों हाथों से दृढ़ता पूर्वक पकड़ लें तदुपरान्त जालन्धर बन्ध लगाकर वायु को ऊपर की ओर ले जाकर रोकना चाहिए। जिस प्रकार डण्डे की चोट से सर्प दण्ड के समान सीधा हो जाता है उसी प्रकार मुद्राओं के निरन्तर अभ्यास से कुण्डलिनी शक्ति सहसा

---

1. (क) वही—3/2
   (ख) शिव-संहिता—4/13
2. घेरण्ड-संहिता—3/50
3. ह० प्र०—3/3-4
4. वही—3/6-7
5. (क) घेरण्ड-संहिता—3/1-3
   (ख) गोरक्ष-संहिता—1/56
6. शिव-संहित—4/58
7. Studies in the Tantras Part I by Prabodh Chandra Bagchi, Published by the university of Calcutta—1939

सीधी हो जाती है और तब इड़ा और पिंगला मृतवत् हो जाती हैं तथा वायु सुषुम्ना मार्गी हो जाता है। इसके बाद योगी को धीरे-धीरे श्वास का रेचक करना चाहिए, अत्यन्त शीघ्रता से नहीं। श्रेष्ठ योगियों ने इसी को महामुद्रा कहा है। महासिद्धों द्वारा बताई गई इस महामुद्रा के अभ्यास से महाक्लेश आदि दोष तथा मृत्यु का भय समाप्त हो जाता है। इसी कारण विद्वानों में श्रेष्ठों ने इसे महामुद्रा कहा है।

चन्द्र नाड़ी से अभ्यास करने के पश्चात् सूर्य नाड़ी से अभ्यास एवं जब दोनों की संख्या समान हो जाए तब इस मुद्रा को विसर्जित करना चाहिए। इस महामुद्रा के अभ्यासी के लिए पथ्य भोजन तथा अपथ्य भोजन नहीं रह जाता, रसहीन वस्तु भी रसयुक्त हो जाती है तथा विषतुल्य कुत्सितान्न भी अमृत के समान बन जाता है। महामुद्रा के अभ्यास से अभ्यासी के क्षय, कुष्ठ, कोष्ठबद्धता, गुल्म, अजीर्ण तथा अनेक प्रकार के उत्पन्न होने वाले रोग नष्ट हो जाते हैं। इस महामुद्रा को जो कि मनुष्य को महासिद्धि प्रदायक है, प्रयत्नपूर्वक गुप्त तथा किसी अधर्मी को नहीं बतानी चाहिए।[1]

गोरक्ष-संहिता[2] तथा घेरण्ड-संहिता[3] में भी इनके लाभों की चर्चा करते हुए बताया गया है कि इसके निरन्तर अभ्यास से क्षय, कुष्ठ, गुल्म, अजीर्ण आदि रोग नष्ट हो जाते हैं।

## 2. महाबन्ध

वाम चरण को एड़ी की सीवनी नाड़ी पर लगायें तथा दक्षिण चरण को वाम-जङ्घा पर दृढ़तापूर्वक स्थापित करें। तत्पश्चात् वायु का पूरक करके चिबुक को कण्ठकूप पर दृढ़तापूर्वक रखें। तब मूल बन्ध लगाते हुए मन को सुषुम्ना में लगाना चाहिए। यथाशक्ति कुम्भक करने के पश्चात् धीरे-धीरे वायु का रेचक करना चाहिए। इस प्रकार वायीं ओर से अभ्यास करने के बाद पुनः दायीं तरफ से अभ्यास करना चाहिए।

कुछ आचार्यों के मत को उद्धृत करते हुए हठयोग प्रदीपिकाकार कहते हैं कि जालन्धर बन्ध नहीं लगाना चाहिए अपितु जालन्धर बन्ध की अपेक्षा जिह्वा-बन्ध ही श्रेयस्कर है क्योंकि इससे प्राणों की गति ब्रह्मरन्ध्र की ओर हो जाती है।

यह महाबन्ध निश्चित ही महान् सिद्धियों का प्रदाता है तथा इसके अभ्यास से

---

1. ह० प्र०—3/10-18
2. गोरक्ष-संहिता, प्रथम शतक
3. घेरण्ड-संहिता—3/6-7

सभी नाड़ियों की ऊर्ध्वगामिता रुक जाती है। यह महाबन्ध कालपाश को तोड़ने में सामर्थ्य रखता है, इसके अभ्यास से तीनों धाराओं (इड़ा, पिङ्गला और सुषुम्ना) का संगम होता है तथा मन भृकुटि (शिव स्थान) में लगने लगता है।[1] योगकर्णिका में कहा गया है कि यह त्रिवेणी सङ्गम को प्राप्त करता है तथा मन केदार में रमण करता है।[2]

## 3. महावेध

महावेध की महत्ता का वर्णन हठयोगप्रदीपिका[3] तथा घेरण्डसंहिता[4] में इस प्रकार से किया गया है कि जिस प्रकार रूपयौवनसम्पन्ना स्त्री पुरुष के बिना व्यर्थ होती है, उसी प्रकार महामुद्रा तथा महाबन्ध ये दोनों ही महावेध के बिना व्यर्थ ही हैं। इसके अनन्तर इसकी प्रक्रिया निर्धारित करते हुए कहा गया है कि योगी को महाबन्ध लगाकर मन को एकाग्रचित्त कर श्वास को ग्रहण करने के पश्चात् जालंधर बन्ध द्वारा वायु की गति का निरोध करना चाहिए।

तदुपरान्त दोनों हथेलियों को भूमि पर लगाकर सम्पूर्ण शरीर को तुला के समान दोनों हथेलियों पर उठा लेवें। इसके अनन्तर धीरे-धीरे नितम्ब प्रदेश को भूमि पर ताड़न करें। ऐसा करने से प्राणवायु दोनों नासारन्ध्रों को छोड़कर सुषुम्नावाही हो जाता है।

सोम (इड़ा) सूर्य (पिङ्गला) अग्नि (सुषुम्ना) इन तीनों का परस्पर सम्बन्ध होने पर अमरता की प्राप्ति तथा मृतावस्था की उत्पत्ति होने पर अर्थात् इड़ा और पिंगला के निष्क्रिय होने पर वायु का सुषुम्ना से रेचन करना चाहिए।

इस महावेध के अभ्यास से अभ्यासी को महासिद्धियों की प्राप्ति, झुर्रियों, बालों का पकना तथा शरीर का कांपना बन्द होता है। इसलिए श्रेष्ठ साधक इसका अभ्यास करते हैं।

इन तीनों (महामुद्रा, महाबन्ध और महावेध) को अत्यन्त गुप्त रखना चाहिए। ये तीनों वृद्धावस्था और मृत्यु का विनाश करती हैं, इनके अभ्यास से जठराग्नि प्रदीप्त होती है तथा ये अणिमा आदि सिद्धियों की प्रदाता मानी जाती हैं।

प्रतिदिन तीन घंटे तक आठ बार इनका अभ्यास करना चाहिए। ये (साधक को) सभी द्रव्यों को देने वाली और सभी प्रकार के पापों को नष्ट करने वाली हैं। अच्छे

---

1. ह० प्र०—3/19-24
2. योगकर्णिका—8/38
3. ह० प्र०—3/25
4. घेरण्ड-संहिता—3/21

जानकार साधकों को भी इनका अभ्यास प्रारम्भ काल में अल्प मात्रा में ही करना चाहिए।[1]

शिव-संहिता में कहा गया है कि जो साधक प्रतिदिन इन मुद्राओं का चार बार अभ्यास करता है वह केवल छः मास में ही मृत्यु पर विजय पाता है।[2]

## 4. खेचरी

योग-विज्ञान में यह तथ्य सर्वविदित है कि हमारे तालुमूल में एक विवर से चन्द्र-रसरूपी अमृत स्रवित होता रहता है तथा जो नाभि प्रदेश पर पहुंच कर भस्म हो जाता है, उसका नष्ट होना ही मृत्यु का हेतु है। अतः उसको यत्नपूर्वक नाभि प्रदेश तक न पहुंचने देना ही खेचरी मुद्रा कहलाती है। इस मुद्रा की प्रक्रिया में जिह्वा को इतना दीर्घ करना चाहिए कि वह भृकुटि प्रदेश का स्पर्श करने लगे। तब उसको वापिस मुख में उलट कर उस विवर तक ले जाकर उससे स्रवित होने वाले सार को जिह्वा द्वारा ग्रहण करना चाहिए, ऐसा करने से मृत्यु का भय सदा के लिए समाप्त हो जाता है। स्वयं ग्रन्थकार के अनुसार जिह्वा को उलटकर कपाल-छिद्र में प्रवेश कराने के पश्चात् दृष्टि को भृकुटि पर स्थापित करने से खेचरी मुद्रा कहलाती है। खेचरी मुद्रा की सिद्धि के लिए जिह्वा का छेदन, चालन और दोहन इन तीन क्रियाओं को तब तक करते रहना चाहिए जब तक जिह्वा का स्पर्श भृकुटि पर न हो जाए। जिह्वा की छेदन, चालन और दोहन प्रक्रिया बताते हुए आगे कहा गया है कि स्नुही के पत्ते के समान धार वाले चिकने और निर्मल शस्त्र के द्वारा जिह्वा को रोममात्रा में काट दें। तत्पश्चात् सैन्धव नमक तथा हरड़ के चूर्ण को सात दिन तक कटे हुए भाग पर मलना चाहिए। सात दिन पश्चात् पुनः रोम मात्रा में काट दें। साधक इसी क्रम का षट्मास पर्यन्त प्रति दिन अभ्यास करता रहे। छः मास तक इसी क्रिया को करने से जिह्वा मूल का आवरण हट जाता है।

तदनन्तर जिह्वा को उलटकर कपाल छिद्र में लगाना चाहिए, इसी को खेचरी मुद्रा तथा इसी को व्योमचक्र भी कहते हैं।

जो साधक आधे क्षण भी जिह्वा को विपरीत कर कपाल छिद्र में लगाता है, वह शीघ्र ही विष, रोग, मृत्यु तथा वृद्धावस्था आदि से मुक्त हो जाता है। जो खेचरी मुद्रा को जान जाता है, उसे रोग, मृत्यु, तन्द्रा, निद्रा, भूख, प्यास तथा मूर्च्छा आदि से मुक्ति

---

1. ह० प्र०--3/26-31
2. शिव-संहिता—4/28

मिल जाती है। वह कर्मों में लिप्त तथा काल से भी बाधित नहीं होता। इसमें चित्त भृकुटि रूपी शून्य में विचरण करता है तथा जिह्वा कपाल-कुहर रूपी आकाश में स्थित रहती है, इसी कारण से सिद्ध लोग इसे खेचरी मुद्रा कहते हैं, इस के द्वारा जिस योगी ने जिह्वा को उलटकर कपाल छिद्र को बन्द कर लिया है, उसका बिन्दु कामिनी के द्वारा आलिङ्गित होने पर भी स्खलित नहीं होता अर्थात् उसके बिन्दु की रक्षा होती है। यदि वह बिन्दु कदाचित् स्खलित हो जाए तथा योनि-मण्डल को प्राप्त कर ले तो भी वह बिन्दु योनिमुद्रा के द्वारा निबद्ध होने पर भी शक्ति से खींचकर ऊर्ध्वगामी हो जाता है। जो योगवित् स्थिर रहकर जिह्वा को उलटाकर सोमपान करता है वह अर्धमास में ही मृत्यु पर विजय प्राप्त करता है, इसमें संशय नहीं क्योंकि जिस योगी का शरीर प्रतिदिन सोमद्रव्य से पूर्ण रहता है उसको सर्पदंश का विष नहीं चढ़ता तथा जिस प्रकार अग्नि लकड़ी को और दीपक तेल तथा बाती को नहीं त्यागता, उसी प्रकार सोमद्रव्य से पूर्ण देही को आत्मा नहीं त्यागती। जिह्वा के प्रवेश से उत्पन्न अग्नि से जो चन्द्रद्रव्य स्रवित होता है, उसी को अमरवारुणी कहते हैं और यदि जिह्वा का अग्रभाग सदा कपालछिद्र का चुम्बन कर, उससे स्रवित होने वाले स्राव का ग्रहण करता रहे, तो जिह्वा को क्रमशः लवण, तीखा, खट्टा, दुग्ध, मधु तथा घृत के समान रसों का आस्वादन होने लगेगा।[1] उसके समस्त रोगों का नाश, वृद्धावस्था का निवारण, शस्त्र का प्रभाव नष्ट तथा अणिमा आदि अष्टसिद्धियों की प्राप्ति के साथ-साथ उसके प्रति सिद्धांगनाएँ आकर्षित होती हैं।

जिह्वा को कपाल छिद्र में स्थिर करके ऊर्ध्व स्थित पराशक्ति का चिन्तन करते हुए, प्राणायाम के द्वारा षोडशदल-कमल से स्रवित निर्मल धारा की तरङ्गों के समान चन्द्ररस का जो साधक पान करता है, वह कमल डण्ठल के समान कोमलकाय प्राप्त कर व्याधि रहित होकर दीर्घायु को प्राप्त करता है।

ज्ञान के जनक तथा पांच स्रोतों (दो नाक, दो कान तथा एक मुख) से युक्त छिद्र जो कि ज्ञानयुक्त शून्य है उसी में खेचरी मुद्रा रहती है। जिस प्रकार से सृष्टि का मूल बीज प्रकृति है, देवों में श्रेष्ठ परमात्मा है और अवस्थाओं में एकमात्र अवस्था मनोन्मनी अवस्था है, उसी प्रकार मुद्राओं में एकमात्र खेचरी मुद्रा मानी गई है।[2]

## 5. उड्डीयान बन्ध

इसके नामकरण विषयक प्रसङ्ग के अनुसार सुषुम्ना नाड़ी में निरुद्ध प्राण-वायु

---

1. घेरण्ड-संहिता—3/31-32
2. ह० प्र०—3/32-53

इस बन्ध के द्वारा ऊर्ध्वगामी किया जाता है, क्योंकि इससे प्राणवायु रूपी पक्षी निरन्तर क्सुषुम्नामार्ग से शून्य में उड़ान भरता रहता है, इसीलिए इसे उड्डीयान कहा जाता है। इस बन्ध की प्रक्रिया निर्धारित करते हुए निर्दिष्ट है कि साधक को रेचक करने के उपरान्त नाभिस्थल को ऊपरी की ओर तथा उदर को नीचे और पीछे की ओर खींचकर मेरुदण्ड के साथ लगाना चाहिए। यह उड्डीयान बन्ध मृत्यु रूपी गज हेतु सिंह के समान है।

योगकुण्डल्युपनिषद् में इसको प्रथम स्थान न देकर द्वितीय स्थान पर रखा गया है।[1]

यदि कोई वृद्ध भी गुरु निर्दिष्ट मार्ग से एवं निरन्तर स्वाभाविक रूप से उड्डीयान बन्ध का अभ्यास करता है तो वह भी युवक सदृश बन जाता है। इस बन्ध के छः मास तक निरन्तर अभ्यास से साधक की मृत्यु पर विजय तथा उसको निश्चित ही मुक्ति प्राप्त होती है।[2]

इसके निरन्तर अभ्यास से नाभिचक्र की गति ठीक होती है, उदर सम्बन्धी समस्त रोगों का निवारण होता है, फेफड़ों को असीम बल की प्राप्ति, वीर्य ऊर्ध्वगामी जठराग्नि प्रदप्ति होती है एवं कुण्डलिनी शक्ति को जगाने में भी यह बन्ध सहायक सिद्ध होता है।

## 6. मूलबन्ध

दोनों पावों की किसी भी एक एड़ी से गुदेन्द्रिय तथा लिंगेन्द्रिय के मध्य भाग को दबाकर गुदा का आकुंचन करते हुए अपान वायु को ऊपर की ओर खींचना चाहिए। इसी को मूलबन्ध कहते हैं। अर्थात् अधोगामी अपानवायु को जो साधक गुदेन्द्रिय प्रदेश के आकुंचन के द्वारा बलपूर्वक ऊर्ध्वगामी कर लेता है, उसे ही योगीजन मूलबन्ध कहते हैं। इस प्रक्रिया में गुदेन्द्रिय प्रदेश को दबाकर बलपूर्वक बार-बार योनि का आकुंचन तब तक करते रहना चाहिए जब तक अपान वायु ऊर्ध्वगामी न हो जाए।[3]

घेरण्ड-संहिता में इसका निरूपण इस प्रकार से किया गया है कि बायीं एड़ी से गुह्यप्रदेश को संकुचित कर प्रयत्नपूर्वक मेरुदण्ड में नाभिग्रन्थि को लगाकर दबाए और दायीं एड़ी से उपस्थ को दृढ़तापूर्वक दबा ले। यह मूलबन्ध है तथा इससे वृद्धावस्था नष्ट होती है। संसार रूपी सागर से पार होने वाले आकांक्षियों को जनहीन स्थान (निर्जन)में

---

1. योगकुण्डल्युपनिषद्—41
2. ह० प्र०—3/54-59
3. ह० प्र०—3/60-62

छिपकर ही इस मुद्रा का अभ्यास करना चाहिए। इससे मरुत् सिद्धि होती है। अतएव मौन एवं आलस्य रहित होकर इसका अभ्यास करना चाहिए।[1]

इसके लाभों की चर्चा के प्रसङ्ग में कहा गया है कि इसके निरन्तर अभ्यास से प्राण तथा अपान वायु की एकता एवं नाद और बिन्दु में ऐक्य स्थापित होकर योगसिद्धि की प्राप्ति होती है। प्राण और अपान की एकता से मल और मूत्र की अल्पता होती है। यहाँ तक कि वृद्ध भी युवक सदृश बन जाता है।

जब इस बन्ध के अभ्यास से अपान वायु ऊर्ध्वगामी हो जाता है, तब वह वह्नि-मण्डल अर्थात् उदर की जठराग्नि में जा पहुंचता है। अपान वायु से आहत हुई जठराग्नि और अधिक प्रदीप्त हो उठती है। तब अग्नि और अपान वायु प्राण को उष्ण बना देते हैं। इससे देह की अग्नि अत्यन्त प्रदीप्त हो जाती है।

जब प्राणवायु और अपान वायु का घर्षण होता है, तब सोई हुई कुण्डलिनी सन्तप्त होकर जग जाती है तथा दण्ड से आहत हुई सर्पिणी की भांति फुन्कारती हुई सीधी हो जाती है और ब्रह्मनाड़ी में उसी प्रकार प्रवेश करती है जिस प्रकार सर्पिणी अपने बिल में प्रवेश करती है। अतएव योगियों को प्रति दिन मूलबन्ध का अभ्यास करना चाहिए।[2]

इस प्रकार का वर्णन योगकुण्डल्युपनिषद् में भी प्राप्त होता है।[3] इसके अतिरिक्त इस बन्ध के निरन्तर अभ्यास से गुदा सम्बन्धी समस्त रोगों का निवारण तथा उदर सम्बन्धी रोग शीघ्र नष्ट हो जाते हैं। बवासीर सदृश रोगों की तो यह अचूक दवा है।

## 7. जालन्धर बन्ध

सभी हठयोग के ग्रन्थों में इस बन्ध की चर्चा की गई है। कुछ प्राचीन योगियों के मतानुसार इस की आवश्यकता नहीं समझी गई क्योंकि उनके मतानुसार जिह्वा बन्ध होने पर जालन्धर बन्ध के समस्त लाभ योगी को प्राप्त हो जाते हैं, अतएव जालन्धर बन्ध की विशेष उपयोगिता दृष्टिगोचर नहीं होती, किन्तु हठयोगप्रदीपिकाकार ने इसके महत्त्व को समझ कर इसकी प्रक्रिया निर्धारित करते हुए कहा है कि 'कण्ठ को संकुचित करने के

---

1. घेरण्ड-संहिता—3/14-17
2. ह० प्र०—3/63-68
3. योगकुण्डल्युपनिषद्—43-45

उपरान्त ठोड़ी को हृदय-प्रदेश (कण्ठ-कूप) में दृढ़ता पूर्वक स्थापित करने को जालन्धर बन्ध कहते हैं, जो वृद्धावस्था तथा मृत्यु का विनाशक है।[1]

शिव-संहिता में इसके महत्त्व को प्रतिपादित करते हुए इसे देवताओं के लिए भी दुर्लभ बताया है।[2]

इससे प्राप्त लाभों की चर्चा के प्रसङ्ग में कहा गया है कि यह बन्ध समस्त नाड़ी जाल को बांधता है जिससे निम्नगामी चन्द्ररस का बाध होने पर कण्ठ सम्बन्धी समस्त रोगों का निवारण होता है।

शिव-संहिता में कहा है कि बुद्धिमान पुरुष इस बन्ध के द्वारा अमरवारुणी को पीकर अमरत्व तथा भुवनत्रय में प्रसन्नता को प्राप्त करता है।[3] कण्ठ-सङ्कोच वाले इस बन्ध को लगाने से चन्द्ररस जठराग्नि में नहीं गिरता तथा इससे वायु के विकार भी नहीं होते। यह बन्ध इड़ा और पिङ्गला नाड़ियों में वायु के प्रवाह को दृढ़तापूर्वक रोकता है। यह मध्यचक्र अर्थात् विशुद्ध चक्र है। इससे शरीर के सोलह आधारों का बन्ध होता है। सोलह आधारों के नाम इस प्रकार हैं—(1) अंगुष्ठ (2) गुल्फ (3) जानु (4) ऊरू (5) सीवनी (6) लिङ्ग (7) नाभि (8) ग्रीवा (9) हृदय (10) कण्ठदेश (11) लम्बिका (12) नासिका (13) भ्रू मध्य (14) मस्तक (15) मूर्धा और (16) ब्रह्मरन्ध्र।

इन आधारों का बन्ध परमावश्यक है क्योंकि इसके बिना योगसिद्धि की कल्पना ही व्यर्थ है।

इसके अतिरिक्त इस बन्ध से मन में स्थिरता, मस्तिष्क सन्तुलित एवं विशुद्ध रहता है। कण्ठ सम्बन्धी समस्त रोगों का नाश तथा नेत्र, कर्ण, नासिका और ग्रीवा के लिए भी यह बन्ध उपयोगी है।

महासिद्धों के द्वारा इन तीनों बन्धों (मूलबन्ध, उड्डियान बन्ध और जालंधर बन्ध) का सेवन श्रेष्ठ है तथा योगियों के मतानुसार ये सभी बन्ध हठतन्त्रों के साधन स्वरूप हैं।[4]

## 8. विपरीतकरणी मुद्रा

दिव्यरूप चन्द्रमण्डल से जो अमृत तत्त्व स्रवित होता है, उस सबको

---

1. ह० प्र०—3/69
2. शिव-संहिता—4/38
3. शिव-संहिता—4/39
4. ह० प्र०—3/75

नाभिमण्डल स्थित अग्निस्वरूप सूर्य ग्रसता रहता है, इसी कारण से शरीर वृद्धावस्था को प्राप्त है।

सूर्य के मुख में वह चन्द्र रस स्रवित न हो, इसकी एक दिव्य क्रिया कही गई है तथा इस क्रिया को गुरु के उपदेश से ही जाना जा सकता है न कि करोड़ों शास्त्रों के समूह से। नाभिमण्डल को ऊपर और तालुमूल को नीचे करने से सूर्यमण्डल ऊपर तथा चन्द्र-मण्डल नीचे की ओर हो जाता है। इसी क्रिया को विपरीत करणी मुद्रा कहते हैं जो कि गुरु के द्वारा ही प्राप्त है।[1]

घेरण्ड-संहिता के अनुसार नाभिमूल में सूर्य नाड़ी और तालुमूल में चन्द्रनाड़ी का वास माना गया है। सहस्रार के अमृतस्राव को सूर्य नाड़ी ग्रहण करती है और उसी से प्राणी की मृत्यु कही गई है। यदि उसी स्राव का पान चन्द्र नाड़ी करें तो जीव को मृत्युभय नहीं सताता। अतः सूर्यनाड़ी को ऊपर तथा चन्द्रनाड़ी को नीचे करना ही विपरीत-करणी मुद्रा कहलाती है।[2]

शिव-संहिता के अनुसार भूमि पर सिर रखकर दोनों पैरों को ऊपर स्थापित करना ही विपरीतकरणी मुद्रा है।[3] इसका प्रतिदिन अभ्यास जठराग्नि को प्रदीप्त करता है। किन्तु यह विशेष ध्यातव्य है कि इसके अभ्यासी को पर्याप्त मात्रा में आहार ग्रहण करना चाहिए अन्यथा प्रदीप्त जठराग्नि शरीरस्थ रक्त, मज्जा आदि धातुओं को जलाने लगती है।

प्रारम्भकाल में एकक्षणपर्यन्त ही नीचे की ओर सिर एवं पांवों को ऊपर की ओर स्थापित करना चाहिए। इसके अभ्यास की वृद्धि प्रतिदिन क्षणमात्रा में ही करनी चाहिए।

इस मुद्रा के छः मास निरन्तर अभ्यास से शरीर की झुर्रियां तथा बालों की श्वेतता नष्ट एवं इसका प्रतिदिन एक प्रहर का अभ्यास साधक को कालजित् बना देता है[4]

## 9- वज्रोली

योगोक्त नियम रहित स्वेच्छाचारी योगी यदि इस क्रिया को जानता है तो

1. ह० प्र०—3/78
2. घेरण्ड-संहिता—3/33-34
3. शिव-संहिता—4/45
4. ह० प्र०—3/79-81

वह भी योगसिद्धि का अधिकारी होगा। इस मुद्रा की सिद्धि अप्राप्य न सही किन्तु दुष्कर अवश्य मानी गई है। चौदह अंगुल पर्यन्त शीशे, तांबे, स्वर्ण, रजत अथवा रबड़ की पतली नली को लिंगेन्द्रिय के माध्यम से प्रतिदिन एक-एक अंगुल परिमाण से ऊपर की ओर प्रवेश कराना चाहिए। बारह दिन पर्यन्त लिंगेन्द्रिय के शुद्ध होने पर वायु का ग्रहण और त्याग करना चाहिए। दृढ़ अभ्यासानन्तर क्रमशः जल, दूध, तेल, शहद और पारा ग्रहण करना चाहिए। इस अभ्यास में सिद्धहस्त होने पर ही योगी स्वबिन्दु अथवा रज को आकर्षित करें।

इस प्रकार स्वबिन्दु की रक्षा करने वाला साधक मृत्यु पर विजय पाता है क्योंकि बिन्दु का पतन ही मृत्यु और बिन्दु की रक्षा ही जीवन है। बिन्दु को शरीर में धारण करने वाले साधक के शरीर से सुगन्ध उत्पन्न होती है।

सहजोली और अमरोली भेदों से यह दो प्रकार की है। सहज़ोली क्रिया में साधक वज्रोली के उपरान्त गोबर के उत्तम भस्म को जल में मिलाकर अपने सम्पूर्ण अंगों पर लगाते हैं। यह शुभकारी सहजोली क्रिया भोगयुक्त होते हुए भी मुक्ति-दायिनी है।

वज्रोली का सम्यक् अभ्यास करते हुए नासिका प्रदेश से स्रवित होने वाले स्राव का पान ही अमरोली है। ज्योत्स्ना टीका के अनुसार जो पुरुष शिवाम्बुरूप अमरी को नासिका से नित्य पीता है अर्थात् नासिकाछिद्र द्वारा अमरी को अंतर्गत करता है और प्रतिदिन वज्रोली का भली प्रकार अभ्यास करता है उस मुद्रा को कापालिक अमरोली कहते हैं अर्थात् नासिका के छिद्र से पान की अमरी वज्रोली के अनन्तर अमरोली कहलाती है।[1]

यदि कोई साधिका भी इस क्रिया को जानती है तो वह शीघ्र ही भूत-भविष्य को जानने वाली, आकाशगामिनी एवं उसे कार्यसिद्धि की प्राप्ति होती है।[2]

## 10 शक्तिचालन

भारतीय दर्शनों में जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीयावस्था का उल्लेख प्राप्त होता है। प्रथम तीन सामान्य जन के लिए जहां सुलभ हैं वहीं चतुर्थ तुरीयावस्था की उपलब्धि केवल योगियों को ही होती है। प्रथम तीन अवस्थाओं में कुण्डलिनी (जीव की मार्मिक शक्ति) प्रायः सुप्तावस्था में रहती है और तुरीयावस्था में यह जागृत हो उठती है तभी 'अहं ब्रह्मास्मि' का बोध होता है।

---

1. ज्योत्स्ना टीका—3/97
2. ह० प्र०—3/82-96

घेरण्ड-संहिता के अनुसार यह शक्ति मूलाधार से 4 अंगुल ऊपर 3/1-2 लपेटे खाकर सोई रहती है और जब तक यह सुप्तावस्था में विद्यमान रहती है तब तक जीव पशु के समान इस मर्त्यलोक में विचरण करता है, कोटियोग का अभ्यास करने पर भी उसे ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकती ।[1]

जिस प्रकार कोई सामान्य जन चाभी से अवरोधक कपाट को खोलता है, उसी प्रकार योगी इस शक्ति के द्वारा मोक्षद्वार का भेदन करता है। डा० गोपीनाथ कविराज के अनुसार 'अरणि-मंथन करने से जिस प्रकार अग्नि प्रज्ज्वलित की जाती है, अर्थात् अरणिस्थ सुप्त अग्नि जिस प्रकार संघर्षण से उद्दीप्त होती है, उसी प्रकार साधन प्रणाली द्वारा प्रसुप्त कुण्डलिनी को जगाना पड़ता है। अग्नि जिस प्रकार प्रकट होते ही ईंधन (काष्ठादि) को दग्ध करती है, उसी प्रकार कुण्डलिनी के चैतन्य होने पर साधना विलुप्त हो जाती है। बाह्य साधनामात्र—अर्थात् विचार, भक्ति या हठ किंवा मन्त्र-योगादि—यह सम्पूर्ण उपासना पुरुषकार-सापेक्ष अथवा कर्तृत्वाभिमानजन्य हैं। यह कर्तृत्व-बोध क्रम से कुण्डलिनी-चैतन्य के समान लुप्त हो जाती है, और कर्तृत्व-बोध के लुप्त होने से कुण्डलिनी अधिक जागृत होती है। जिस समय एक बार कुण्डलिनी चेतन होने लगती है, उस समय स्वभाव के नियम से ही सब कार्य स्वयं ही होते जाते हैं। जिस प्रकार अनुकूल स्रोत में नौका छोड़ देने पर उसको समुद्र में पहुंचाने के अन्य प्रयत्न करने की आवश्यकता नहीं होती, उसी प्रकार कुण्डलिनी को जगाने से और उसके प्रवाह में प्राण व मन को डाल देने से जीव को ब्रह्मावस्था प्राप्त करने के लिए पृथक् उपाय करने की आवश्यकता नहीं रहती। सङ्कोच शक्ति अथवा ऊर्ध्वबिन्दु-स्थित आकर्षण-शक्ति के प्रभाव में अन्तर्मुखगति क्रमशः वृद्धिगत होती है, और अन्त में साम्यावस्था में स्थिर हो जाती है ।[2]

स्वामी विवेकानन्द लिखते हैं कि 'प्राणायाम से पहले त्रिकोण-मण्डल को ध्यान में देखने का प्रयत्न करना चाहिए। आंखें बन्द करके इसके चित्र की मन-ही-मन स्पष्ट रूप से कल्पना कर सोचना चाहिए कि इसके चारों ओर अग्निशिखा है और उसके बीच में कुण्डलिनी सोई पड़ी है। ध्यान में इस कुण्डलिनी शक्ति को मूलाधार चक्र में जब स्पष्ट भाव से देख सकोगे, तब उसको जगाने के लिए कुम्भक करके उस वायु के बल से उसके मस्तक पर आघात करो। जिनकी कल्पना शक्ति जितनी अधिक है वे फल भी उतनी शीघ्रता से पाते हैं और उनकी कुण्डलिनी भी उतनी ही शीघ्र जागृत होती है। जितने दिन वह जागृत नहीं है उतने दिन सोचे—वह जग गयी है और इड़ा तथा पिंगला की गति अनुभव करने की चेष्टा करो, जोर देकर उनको सुषुम्ना पथ में चलाने की चेष्टा करो, इससे शीघ्र ही कार्य होगा।'[3]

---

1. घेरण्ड-संहिता—3/49/60
2. भारतीय संस्कृति और साधना—डा० गोपीनाथ कविराज
3. सरल-राजयोग—स्वामी विवेकानन्द, पृ० 21

हठयोगप्रदीपिकाकार के अनुसार जिस सुषुम्ना मार्ग से उस निरामय ब्रह्मपद की प्राप्ति होती है, यह कुण्डलिनी उसी सुषुम्ना मार्ग को मुख के द्वारा ढककर सोई रहती है। यह शक्ति सर्प के समान कुटिल आकार वाली तथा गङ्गा (इड़ा नाड़ी) और यमुना (पिङ्गला नाड़ी) के मध्य में स्थित है जिसको पुरुषार्थ से ही जगाना चाहिए, क्योंकि वहीं भगवान् विष्णु का परम पद है।

कन्द के ऊपर स्थित इस शक्ति को प्रातः और सायं आधे प्रहर तक पिंगला नाड़ी से पूरक करके परिधान युक्ति से पकड़ कर प्रतिदिन चलाना चाहिए। आगे कन्दस्थान का लक्षण देते हुए कहा है कि लिंगेन्द्रिय तथा नाभि के मध्य एक हाथ ऊंचाई वाला, चार अंगुल परिमाण वाला, कोमल, श्वेत तथा वस्त्र के द्वारा लिपटे हुए के समान कन्द स्थान है। इस कन्द प्रदेश को वज्रासन में स्थित होकर दोनों पैरों के टखनों से दबाना चाहिए। तदनन्तर भस्त्रिका प्राणायाम करना चाहिए, इससे कुण्डलिनी शीघ्रता से जागृत हो जाती है। अथवा नाभिमण्डल स्थित सूर्यनाड़ी का आकुंचन कर इस शक्ति को चलाने का अभ्यास करना चाहिए। इस शक्ति को दो मुहूर्त्त पर्यन्त निर्भय होकर चलाने से यह शक्ति सुषुम्ना में कुछ प्रविष्ट होकर ऊर्ध्वगामी हो जाती है।

जिस साधक ने इस शक्ति को चलायमान कर लिया है, वही राजयोग आदि सिद्धियों को प्राप्त करता है। वह योगी लीला करता हुआ मृत्यु पर विजय पाता है। इस शक्ति चालन के अभ्यास से बहत्तर सहस्र नाड़ियों का मल दूर हो जाता है।[1]

इस प्रकार आदिनाथ शम्भु द्वारा उपदिष्ट ये सभी मुद्राएं साधकों को महासिद्धि प्रदान करने वाली हैं। और जो साधक एकाग्र मन से इन मुद्राओं का अभ्यास करता है, वह अणिमा आदि गुण-ऐश्वर्य के साथ-साथ मृत्यु पर भी विजय पाता है।[2]

---

1. ह० प्र०—3/97-116
2. शिव-संहिता—4/58

### अध्याय-6

# समाधि

ध्यान ही जब ध्येयाकार रूप से साक्षी में निर्भासित होने लगता है, चित्त के ध्येयस्वरूपाविष्ट हो जाने के कारण 'अहमिदं चिन्तयामि' (मैं इसका चिन्तन करता हूँ) इत्यादि ज्ञानाकारक वृत्तियों का उदयन होने के कारण जब प्रत्ययात्मक स्वरूप से शून्य-सा हो जाता है, तब वही समाधि कहलाने लग जाता है। अर्थात् ध्यान ही जब ध्येयाकार रूप से प्रतीत होने लग जाए और ज्ञानाकार रूप से उसका अलग निर्भास न हो, तब ध्यान ही समाधि है।[1]

ध्यान में ध्याता, ध्येय और ध्यान का अलग-अलग ज्ञान रहता है और समाधि में इनका पृथक्-पृथक् भान नहीं रहता, केवल ध्येयाकार रूप से ही सबकी प्रतीति होती है। यही समाधि और ध्यान में विभिन्नता है।[2]

जाबालदर्शनोपनिषद् के अनुसार जब मनुष्य परमात्मा को परमार्थतः देख लेता है तब अखिल दृश्य जगत् विलीन हो जाता है।[3]

इस प्रकार एक समय में ब्रह्म के एक रूप का ही साक्षात्कार होता है। आत्मदर्शी मुनि ब्रह्म के अविनाशी प्रत्यक् चैतन्यस्वरूप का ही वरण करते हैं और परिणामी दृश्य स्वरूप का अपलाप करते हैं।[4]

सब प्रकार के सङ्कल्पों से सर्वथा शून्य हो जाने का नाम ही 'समाधि' है, जिस समाधि में मन सर्वथा निश्चल हो जाता है और जीवात्मा और परमात्मा का भेद मिट

---

1. तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः (पा० यो०—3/3)
2. कल्याण का योगाङ्क, पृ० 441
3. जाबालदर्शनोपनिषद्, 10 /12
4. कल्याण का योगाङ्क, पृ० 421

जाता है। जीवात्मा का प्रत्यक् चैतन्य में सर्वव्यापी अन्तरात्मा में ब्रह्म के अतीन्द्रिय रूप में स्थित होना ही समाधि है। जीवात्मा के अन्दर यह प्रत्यक् चैतन्य अथवा परमात्मा जिसे निर्विकल्प 'परम अह' भी कहते हैं, क्षुद्र अहम् प्रत्यय से आच्छन्न रहता है, जो देहाभिमान का कारण है। इस क्षुद्र अहम् बुद्धि के निवृत्त हो जाने पर प्रत्यक् चैतन्य अथवा निर्विकल्प 'परम ब्रह्म' का उदय होता है। अतः समाधिलाभ के लिए क्षुद्र अहं बुद्धि की निवृत्ति अवश्य है और वही समाधि है।[1]

सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषद् के अनुसार जीवात्मा की एकता के ज्ञान के उदय को ही 'समाधि' कहते हैं।[2]

मुक्तिकोपनिषद् के अनुसार 'मुनियों द्वारा साधित समाधि उस सङ्कल्पशून्य अवस्था का नाम है जिसमें न तो मन की क्रिया है और न बुद्धि का व्यापार है, जो आत्मज्ञान की अवस्था है और जिसमें उस (प्रत्यक् चैतन्य) के अतिरिक्त सबका बाध है'।[3]

अन्नपूर्णोपनिषद् के अनुसार 'इस गुणसमाहार (बाह्य प्रपञ्च) को आत्मा से भिन्न देखने वाले तत्त्वदर्शी पुरुष की आन्तरिक शान्ति से उत्पन्न स्थिति का नाम समाधि है।'[4]

हठयोगप्रदीपिका के अनुसार जैसे नमक पानी में मिल जाने से उसकी उसके साथ एकरूपता हो जाती है, वैसे ही आत्मा और मन की एकरूपता समाधि कही गई है। जीवात्मा और परमात्मा दोनों की एकरूपता और समता हो जाने पर इच्छामात्र का अभाव हो जाता है और वही समाधि कही जाती है।[5]

हठयोगप्रदीपिकाकार ने कुण्डली जागरण तथा उसके परिणाम, लय, शाम्भवी और खेचरी मुद्रा का वर्णन करते हुए इन सभी को समाधि के मार्ग के रूप में निरूपित किया है और अन्त में नादानुसन्धान तथा नादश्रवण के परिणाम स्वरूप समाधि की अवस्था का सविस्तार विवेचन किया है।

## कुण्डली

विविध आसन, कुम्भक, और विचित्र मुद्राओं का अभ्यास कुण्डली जागरण

1. कल्याण का योगाङ्क, पृ० 422
2. सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषद्—16
3. मुक्तिकोपनिषद्—2/55
4. अन्नपूर्णोपनिषद्—1/29
5. ह० प्र०—4/1-7

हेतु किया जाता है क्योंकि इसके जागने पर प्राण शून्य अर्थात् सुषुम्ना नाड़ी में लीन हो जाता है और जब प्राण शून्य में गमन करता है तो उसके फलस्वरूप चित्त भी शून्य में प्रवेश कर जाता है। तभी साधक क्रिया-कलापों से मुक्त हो जाता है। इसी कारण से नित्यप्रति स्वच्छ स्थान पर बैठकर सुषुम्ना के यथार्थ भेदन को जानकर और प्राण को उसमें प्रविष्ट कराकर ब्रह्मरन्ध्र में उसका निरोध करना चाहिए अतएव जब सुषुम्ना में प्राण चलने लगता है तब मनोन्मनी अवस्था सिद्ध होती है।[1]

## लय

हठयोगप्रदीपिका के अनुसार इन्द्रियों का स्वामी मन है, मन का स्वामी वायु है, वायु का स्वामी लय है और लय नाद पर आश्रित है। यह लय मत-मतान्तर में मोक्ष नाम से कही जाने वाली वस्तु हो या न हो, किन्तु यह सत्य ही है कि मन और प्राण के लय होने से किसी अनिर्वचनीय आनन्द की अनुभूति होती है। इस लय की प्राप्ति श्वास-प्रश्वास के निरुद्ध, विषय ग्रहण के बन्द, चेष्टारहित और विकाररहित साधकों को ही होती है। जहाँ मन एकाग्र हो वहीं लय होता है। उसी स्थान पर मस्तिष्क और जीवमात्र की शाश्वतशक्ति दोनों उस ब्रह्म में विलीन हो जाते हैं। क्योंकि विषय की विस्मृति ही लय है और उस स्थिति में वासनाओं का सदा अभाव रहता है।[2]

योगतत्त्वोपनिषद् में इस लय योग को अनेक प्रकार का बताया गया है और कहा गया है कि चित्त का लय योग है, यह बहुत तरह का कहा गया है। चलते, बैठते, सोते, खाते निष्कल परमात्मा का ध्यान करना चाहिए।[3]

घेरण्ड-संहिता में लयसिद्धियोगसमाधि की चर्चा करते हुए कहा गया है कि योनिमुद्रा का साधन करके योगी स्वयं में शक्ति की भावना और परमात्मा में पुरुष की भावना करे। पुनः ऐसी भावना करे कि मुझ में और परमात्मा में शक्ति और पुरुष रूप में विहार हो रहा है। फिर आनन्दमय ऐक्य स्थापित करता हुआ यह चिन्तन करे कि 'मैं अद्वैत ब्रह्म हूँ' इससे जो समाधि होती है उसे लयसिद्धि योग कहते हैं।[4]

---

1. ह० प्र०—4/8-20
2. ह० प्र०—4/21-33
3. (क) योगतत्त्वोपनिषद्—23
   (ख) योगकर्णिका—12/4
4. घेरण्ड-संहिता—7/12-13

## खेचरी

खेचरी मुद्रा के सम्बन्ध में पहले भी चर्चा की जा चुकी है किन्तु यह मुद्रा समाधि का भी मार्ग है अतः इसका स्थान पुनः निरूपित किया जा रहा है।

जब प्राणवायु इड़ा तथा पिंगला नाड़ियों के मध्यमार्ग अर्थात् सुषुम्ना नाड़ी में संचरण करता है तो उसी स्थान पर खेचरी मुद्रा रहती है क्योंकि इन दोनों नाड़ियों के मध्य रहने वाला शून्य प्राणवायु को ग्रसता रहता है, इस मध्य को व्योमचक्र भी कहा है।

योगचूडामण्युपनिषद् में कहा गया है कि खे का तात्पर्य आकाश है और जिस मुद्रा के द्वारा चित्त आकाशगामी हो जाता है उसको खेचरी मुद्रा कहते हैं।[1]

चन्द्रमण्डल से स्रवित होने वाले अमृत को शिव की प्रिया (गङ्गा) भी कहते हैं। उसको मेरुदण्ड स्थित दिव्य और अनुपम सुषुम्ना के द्वारा पूरित करना चाहिए और जब सुषुम्ना पूर्व की ओर से भी पूरित हो जाए अर्थात् प्राणवायु जब भृकुटि के ऊपर के भाग में गमन करने लगता है, तब खेचरी मुद्रा की सिद्धि होती है और इस सिद्धि के निरन्तर अभ्यास के द्वारा उन्मनी अवस्था उत्पन्न हो जाती है, क्योंकि भृकुटि के मध्य शिव का स्थान है और वहीं मन लीन हो जाता है और वहीं यह अंतिम स्थान है क्योंकि वहाँ मृत्यु नहीं होती।

मन को निरालम्ब करके किसी भी प्रकार का चिन्तन नहीं करना चाहिए, इससे वह साधक बाह्य और आभ्यन्तर से घट के समान होकर आकाश में स्थित हो जाता है। जैसे-जैसे बाहर की वायु मन्द होकर गति करता है वैसे-वैसे प्राण भी लीन होता जाता है और तब मध्य प्राणवायु मन के साथ (ब्रह्मरन्ध्र में) स्थिरता को प्राप्त होती है।

इस मुद्रा के निरन्तर अभ्यास से साधक को चाहिए कि वह सिर से पैर तक समस्त शरीर को चन्द्ररस रूपी अमृत से भर देवे, इससे साधक महाकाय, महाबल तथा पराक्रम से युक्त हो जाएगा और साधक आकाश में शून्य कुम्भ की भांति अन्दर से शून्य तथा बाहर से भी शून्य हो जाए तथा समुद्र में भरे हुए कुम्भ की भांति अन्दर से तथा बाहर से भी पूर्ण हो जाए क्योंकि यह समस्त संसार मन की ही रचना मात्र है तथा समस्त मनोविलास भी मन की ही रचना मात्र है अतएव मन को समस्त काल्पनिक रचनाओं से अलग कर निर्विकल्प (ब्रह्म) का आश्रय लेना चाहिए क्योंकि इससे निश्चित ही शान्ति प्राप्त होगी।

इस खेचरी मुद्रा का तब तक अभ्यास करते रहना चाहिए जब तक योगनिद्रा

---

1. योग० चू० उ०—55

प्राप्त न हो, क्योंकि योगनिद्रा अर्थात् समाधि की प्राप्ति होने पर कभी कालभय नहीं रहता है। इस समाधि में सम्पूर्ण ज्ञेय वस्तु के परित्याग से मन विलीन हो जाता है और मन के विलीन होते ही कैवल्य अर्थात् ब्रह्म ही शेष रह जाता है।[1]

## नादानुसन्धान

अब लय से समाधि के ही अङ्गरूप नादानुसन्धान प्रक्रिया का निरूपण किया जा रहा है। 'कठोपनिषद्' में कहा गया है कि जिस काल में योगाभ्यास के बल से पाँच ज्ञानेन्द्रिय, छठा मन और सातवीं बुद्धि लयभाव को प्राप्त हो जाती है, उसको परमगति कहते हैं। मोक्ष, मुक्ति, कैवल्य, ब्राह्मी स्थिति निर्वाण और अमनस्क-स्वरूप प्रतिष्ठा भी इसी को कहते हैं। यही बात शिवसंहिता में भी कही गई है 'जिस काल में सविकल्प समाधि के साधन से, निर्विकल्प समाधि सिद्ध हो जाती है मन दृश्य का चिन्तन छोड़कर वृत्ति-रहित हो जाता है, उस काल में साधक स्वयं पूर्णरूप हो जाता है। यानी 'उपाधि-विलयात् विष्णो' के अनुसार, अज्ञान की कार्यरूप वृत्ति ब्रह्म में लीन हो जाती है और साधक ब्रह्मपद को प्राप्त हो जाता है। जीव ब्रह्म का स्वरूप से तो अभेद है, परन्तु उपाधिकृत भेद है, योगाभ्यास के बल से उस उपाधि का लय कर लेने पर जीवात्मा ब्रह्मपद को प्राप्त हो जाता है। यही बात दक्षिणामूर्ति जी ने वेदान्तडिण्डिम में कही है—

"न जीवब्रह्मणोर्भेदः स्फूर्तिरूपेण विद्यते स्फूर्तिभेदेन मानम्, न जीवब्रह्मणोर्भेदः प्रियरूपेण विद्यते प्रियभेदेन मानम्।" अर्थात् जीव ब्रह्म का स्फुरण रूपी वृत्ति से भेद है, स्वरूप से भेद नहीं। चेतन में अविद्या की जो उपाधि जगत् की सत्यता, स्वरूप का विस्मरण, दृश्य में आसक्ति है, यही जीवदशा है।[2]

भगवान् शङ्कराचार्य जी ने मन के लय का सर्वोत्तम साधन नादानुसन्धान, अपने 'योगतारावली' ग्रन्थ में नीचे के श्लोकों में बताया है कि 'योगशास्त्र के प्रवर्तक भगवान् शिवजी ने मन के लय होने के सवा लक्ष साधन बतलाए हैं, उन सब में नादानुसन्धान सुलभ और श्रेष्ठ है। हे नादानुसन्धान! आपको नमस्कार है आप परमपद में स्थित कराते हैं, आपके ही प्रसाद से मेरा प्राणवायु और मन ये दोनों विष्णु के परमपद में लय हो जाएंगे। योगसाम्राज्य में स्थित होने की इच्छा हो तो सब चिन्ताओं को त्यागकर सावधान हो एकाग्र मन से अनहद नादों को सुनो।

---

1. ह० प्र०—4/42-61

2. कल्याण का योगाङ्क, पृ० 271

सदा शिवोक्तानि सपादलक्षलयावधानानि वसन्ति लोके।
नादानुसन्धानसमाधिमेकं मन्यामहे मान्यतमं लयानाम्॥
नादानुसन्धान नमोऽस्तु तुभ्यं त्वां मन्महेतुत्वपदं लयानाम्।
भवत्प्रसादात् पवनेन साकं विलीयते विष्णुपदे मनो मे॥
सर्वचिन्तां परित्यज्य सावधानेन चेतसा।
नाद एवानुसन्धेयो योगसाम्राज्यमिच्छता॥[1]

शिव-संहिता में भी मन को लय करने में उत्तमोत्तम साधन नाद ही कहा है।[2]

भगवान् शङ्कराचार्य की भाँति श्री स्वात्माराम योगीन्द्र भी यही मानते हैं कि श्री आदिनाथ के द्वारा प्रोक्त लय के सवा करोड़ विद्यमान प्रकारों में से एक नादानुसन्धान ही मुख्यतम लय है।[3] नादबिन्दूपनिषद् में कहा गया है कि जिस प्रकार बादलों के चले जाने पर सूर्य का उदय होता है, उसी प्रकार प्रारब्ध के समाप्त होने पर तथा आत्मा और ब्रह्म की एकता का चिन्तन करने पर कल्याणकारी, ज्योतिर्मय परमात्मा का नादरूप में साक्षात्कार होता है।[4]

योगी को मुक्तासन में बैठकर, शाम्भवी मुद्रा को सिद्ध करके, एकाग्रचित्त होकर दक्षिण कर्ण से अन्तस्थ नाद को सुनने का प्रयत्न करना चाहिए।[5] जबकि नादबिन्दूपनिषद् में वैष्णवी मुद्रा की ओर संकेत दिया गया है और मुक्तासन की जगह सिद्धासन का उल्लेख है।[6]

इस नाद की चार अवस्थाएँ सभी योगों में मान्य हैं—आरम्भावस्था, घटावस्था, परिचयावस्था और निष्पत्ति अवस्था।

1. **आरम्भावस्था**—इस अवस्था में जब ब्रह्मग्रन्थि का भेदन होता है तब योगी का मन शून्य होकर उसे परमानन्द की प्राप्ति होती है। तत्पश्चात् शरीर में से विचित्र प्रकार की क्वणक रूपी अनाहत ध्वनि सुनाई देती है जिससे साधक दिव्य शरीर वाला तेजस्वी, दिव्य गन्ध युक्त, अरोगी, आह्लादक हृदय तथा शून्य से युक्त हो जाता है।

2. **घटावस्था**—इस अवस्था में वायु निरुद्ध होकर सुषुम्नावाही हो जाता है,

---

1. कल्याण का योगाङ्क—271
2. शिव-संहिता—5/30
3. ह० प्र०—4/65
4. नादबिन्दूपनिषद्—30
5. ह० प्र०—4/67
6. नादबिन्दूपनिषद्—31

तब योगी दृढ़ासन होकर, अधिक ज्ञानी और देवतासदृश बन जाता है। इससे साधक की विष्णुग्रन्थि का भेदन होता है, जिससे अतिशून्य में परमानन्द की सूचक भेरी के आघात सदृश शब्द उत्पन्न होने लगते हैं।

शिव-संहिता में कहा गया है कि यह अवस्था प्राणायाम के द्वारा ही संभव है तथा इस अवस्था में प्राण-अपान, नादबिन्दु, जीवात्मा और परमात्मा एक हो जाते हैं।[1]

3. **परिचयावस्था**—इस अवस्था की प्राप्ति में जीव को शून्य में मर्दल ध्वनि का श्रवण होता है और तब सब प्रकार की सिद्धियों का आश्रय लेकर प्राण महाशून्य में गमन करता है। तब चित्त आनन्द को प्राप्त कर दोष, दुःख, जरा, व्याधि, क्षुधा और निद्रा आदि से रहित होकर सहजानन्द को प्राप्त करता है।

शिव-संहिता में वर्णित है कि इस अवस्था में योगी का प्राणवायु चन्द्र और सूर्य नाड़ी को त्याग कर सुषुम्नावाही होकर निश्चल हो जाता है तथा योगी त्रिकुट कर्मों को देखता हुआ अमरत्व को प्राप्त करता है।[2]

4. **निष्पत्त्यवस्था**—इस अवस्था की प्राप्ति में प्राणवायु रुद्रग्रन्थि का भेदन कर शिवस्थान को प्राप्त करता है और तब योगी को मिश्रित शब्दों वाली वीणा का स्वर सुनाई देता है। तभी योगी का चित्त एकाग्र होकर राजयोग समाधि हेतु बनता है और योगी ईश्वर सदृश सृष्टि का संहारक और कर्त्ता बन जाता है।

शिव-संहिता में इस अवस्था के द्वारा जीवन्मुक्त होना बताया है।[3]

इस प्रकार ग्रन्थकार ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि मोक्ष हो या न हो, किन्तु यहाँ पर ही एक अखण्ड सुख प्राप्त होता है, लय से उत्पन्न वह सुख राजयोग अर्थात् समाधि के द्वारा प्राप्त होता है। और जो जन राजयोग को नहीं जानते हुए केवल हठ-प्रक्रिया का ही अभ्यास करते हैं, वे साधक फलहीन प्रयास ही करते हैं।

इस नादानुसन्धान से समाधि प्राप्त करने वाले योगीश्वरों के हृदय में एक अनिर्वचनीय आनन्द उत्पन्न होता है।[4] इस नादानुसन्धान की प्रथमावस्था में अनेक प्रकार के महान् नाद सुनाई देते हैं, और बाद में अभ्यास के दृढ़ होने पर सूक्ष्म से सूक्ष्मतर होते जाते हैं।

प्रथमकाल में समुद्र, मेघ, भेरी, झर्झर ध्वनिसदृश, मध्य में ढोल, शङ्ख, घण्टा तथा घड़ियाल की ध्वनि के समान और अन्त में किङ्किणी, वेणु, वीणा तथा भ्रमर

1. शिव-संहिता—3/55-56
2. वही—3/60-65
3. वही—3/67,
4. ह० प्र०—4/68-80

निःस्वन की ध्वनि के समान नाना प्रकार के नादों का श्रवण शरीर के अन्दर से होता है। मेघ, भेरी आदि सुनाई देने वाले महान् ध्वनि वाले नादों में भी सूक्ष्म से सूक्ष्मतर नाद का ही श्रवण करना चाहिए और जिस किसी भी नाद में सर्वप्रथम मन लग जाए, उसमें ही स्थिर होकर उसके साथ ही लीन हो जाना चाहिए।

जिस प्रकार भ्रमर फूलों के रस का पान करता हुआ गन्ध की अपेक्षा नहीं रखता, उसी प्रकार नादासक्त चित्त बाह्य-विषयों की भी उपेक्षा नहीं करता। विषय-उद्यान में विचरण करने वाले मत्त गजेन्द्र रूपी मन को वश में करने के लिए यह नाद तीक्ष्ण अंकुश के समान है। क्योंकि नाद-बन्धन से बांधा गया (चंचल) मन अपनी चंचलता को त्याग कर छिन्न पंखों वाले पक्षी की भांति शीघ्र ही स्थिरता को प्राप्त करता है।[1]

नादबिन्दूपनिषद् में कहा गया है कि यदि हम मन को हिरण और तरंग की संज्ञा प्रदान करें तो यह नाद उस हिरण को फांसने के लिए जाल का और तरंग को रोकने के लिए तट का काम देता है।[2]

जिस प्रकार काष्ठ से उत्पन्न अग्नि काष्ठ के साथ ही शान्त हो जाती है, उसी प्रकार नाद में प्रवर्तित चित्त भी नाद के साथ लीन हो जाता है। इस प्रकार सभी हठ और लय के उपाय राजयोग की सिद्धि के लिए हैं। राजयोग से युक्त पुरुष मृत्युंजय हो जाता है। इस नादानुसन्धान से सदा पापों के संचय का नाश होता है और तब चित्त और वायु निश्चित रूप में उस निरंजन में विलीन हो जाते हैं और तब शङ्ख और दुंदुभि नाद कभी सुनाई नहीं देते अपितु उन्मनी-अवस्था की उत्पत्ति पर शरीर काष्ठवत् हो जाता है तथा वह साधक सभी अवस्थाओं से मुक्त और चिन्ताओं से रहित होकर मृतवान् रहता है।

## समाधि फल

समाधि से युक्त योगी काल के द्वारा खाया नहीं जा सकता, कर्मों के द्वारा बांधा नहीं जा सकता तथा वह गन्ध, रस, रूप, स्पर्श और न ही शब्द इन सबसे लिप्त होता है। उसका चित्त न तो सोया हुआ और न ही जागा हुआ रहता है। वह स्मृति तथा विस्मृति से दूर हो जाता है। वह योगी शीत-उष्ण, दुःख-सुख, मान-अपमान को नहीं जानता अर्थात् इन सब द्वन्द्वों से निर्लिप्त रहता है। इस अवस्था की प्राप्ति में योगी सब

1. ह० प्र०—4/83-91
2. नादबिन्दूपनिषद्—45

शास्त्रों से अबध्य रहता है। सब देहधारियों से वह अशक्य (बलवान्) और यन्त्र-मन्त्रों से अग्राह्य होता है तथा वह निश्चित रूप में मुक्त हो जाता है।

ग्रन्थ के अन्त में कहा गया है कि जब तक सुषुम्ना में प्राणवायु का संचार नहीं हो जाता, जब तक प्राणवायु के नियन्त्रण से चन्द्ररस स्थिर नहीं हो जाता और जब तक ध्यान में परम-तत्त्व सहज रूप से नहीं आता, तब तक ज्ञान का उपदेश केवल दम्भ और मिथ्या प्रलाप मात्र ही है[1]।इसी अवस्था की प्राप्ति ही हठयोग का परम उद्देश्य ह।

1. ह० प्र०—4/97-113

# उपसंहार

अनवरत प्रवाहित हो रही हठयोग की प्रशस्त प्रक्रिया-प्रधान परम्परा से प्रभावित होकर ऋतम्भराप्रज्ञायुक्त जिन भारतीय मनीषियों ने क्रिया एवं अध्यात्मचिन्तन की जिस उत्कृष्ट ज्ञानराशि के द्वारा समस्त मानव जीवन को अत्यधिक उदात्त बनाने की धारणा की, उसी के सङ्कल्प रूपी ज्ञानकण प्राचीन काल से ही भारत भूविमण्डल में आकाश और दिशा के साथ परमाणुओं के शाश्वत संयोग की भाँति इस तरह संयुक्त हुए कि यही प्रक्रिया-प्रधान योग बौद्ध, जैन, तन्त्र इत्यादि योगों के रूप में प्रकटित हुआ। प्राचीन भारतीय संस्कृति रूपी गङ्गा के हठयोग रूपी तीव्रप्रवाही जल ने सभी धर्मों, दर्शनों, सम्प्रदायों एवं मतों के अज्ञान रूपी तटबन्धों का विच्छेदन कर एक ऐसा मुक्तिमार्ग प्रशस्त किया कि जिसका अनुगमन कर विभिन्न दार्शनिकों ने ही नहीं अपितु सामान्य जनों ने भी अपने आपको कृतार्थ किया। इस हठयोग की समस्त मूर्धन्य व्यावहारिक गतिविधियों एवं सैद्धान्तिक मतों का चरम लक्ष्य, परम लक्ष्य की प्राप्ति है, जिसे हम मिथ्या भेद से उत्पन्न अज्ञान के वशीभूत होकर आत्मा, परमात्मा, जीव, ईश्वर, ब्रह्म इत्यादि की कल्पना रूपी कल्मषता से कलङ्कित करते हैं।

किन्तु शोचनीय विषय यह है कि हठयोग की इतनी महत्त्वपूर्ण प्रणाली का निश्चयात्मक ज्ञान अद्यावधि नहीं हो पाया है। हमारे देश में योग की कई प्रणालियाँ दृष्टिगोचर होती हैं। प्राचीनतम प्रणाली सिन्धु घाटी के अवशेषों में प्राप्त मुद्राओं के माध्यम से होती है। दूसरी प्रणाली बौद्ध योग की है। तीसरी प्रणाली पातञ्जल योग दर्शन के अन्तर्गत आती है। चतुर्थ प्रणाली के रूप में तन्त्र ग्रन्थों में योग सिद्धान्तों की उपलब्धि होती है। एतदनन्तर गोरक्ष प्रचलित पद्धति का दिग्दर्शन होता है। इस पद्धति के समय "भारतीय धर्म साधना की अवस्था विचित्र थी। शुद्धजीवन, सात्त्विक वृत्ति और अखण्ड ब्रह्मचर्य की भावना उन दिनों अपनी निम्नतम सीमा तक पहुंच चुकी थी। गोरक्षनाथ ने निर्मम हथौड़े की चोट से साधु और गृहस्थ दोनों की कुरीतियों को चूर्ण-विचूर्ण कर दिया।"[1]

---

1. नाथसम्प्रदाय—229

योग की इन सब प्रणालियों में क्या-क्या सम्बन्ध रहा है तथा सिन्धु घाटी में उपलब्ध योग की प्रणाली किस प्रकार से उत्तरवर्ती प्रणालियों को प्रस्फुटित तथा पल्लवित करने में उत्तरदायी रही है तथा पातञ्जल योग, तन्त्रीय योग और हठयोग का परस्पर कितना अटूट सम्बन्ध रहा है······इस पर मूल स्रोतों के आधार पर गम्भीर इतिहास-परक गवेषणा की अत्यधिक आवश्यकता है।

इसके अतिरिक्त पूर्वोक्त समस्त विवेचन के आधार पर यह निस्संकोच सिद्ध किया जा सकता है कि प्रस्तुत 'हठयोगप्रदीपिका' श्री स्वात्मारामयोगीन्द्र की अनुपम प्रक्रिया प्रधान कृति होने के साथ-साथ दर्शन ग्रन्थों से भी अत्यधिक प्रभावित है। अनेक जटिल प्रसङ्गों यथा प्राणायाम, कुण्डलिनी, आसनों व नादानुसन्धान से प्राप्त लाभों का सविस्तर वर्णन और वज्रोली मुद्रा के द्वारा योगसिद्धि की प्राप्ति जैसे तार्किक विवेचनों के कारण हठयोगप्रदीपिका समस्त प्रक्रिया-प्रधान एवं साधना-प्रधान शास्त्रों में अपना महत्त्वपूर्ण स्थान रखती है।

पूर्व के अध्यायों में हठयोग के मूल ग्रन्थों उपनिषदों और विभिन्न हठयोग सम्बन्धी ग्रन्थों के द्वारा हठयोग के विभिन्न पक्षों पर किये गए चिन्तन का तुलनात्मक चित्र उपस्थापित करने का विनम्र प्रयास किया गया है।

हठयोग वास्तव में स्वास्थ्यवर्धक है और इसके फलस्वरूप जीवन में निर्वाह सुखपूर्वक होता है, यह इसका इहलौकिक लाभ है। इसके अतिरिक्त कुण्डलिनी शक्ति के जागरण द्वारा यह मानव दुःख के कारण कर्तृत्व भाव का नाशक है और अन्त में जीव की समाधि अवस्था में स्थित परमार्थ सुख और पारलौकिक सुख की प्राप्ति करवाता है। अन्त में इतना कहना ही पर्याप्त होगा कि मोह मुग्ध जो जीव विपरीत ज्ञानकारिणी अविद्या के चक्र में पड़ कर संसार के यथार्थ स्वरूप से भटक रहे थे, उन्हें यह प्रस्तुत ग्रन्थ एक नई दिशा की प्रेरणा प्रदान करेगा। यही मेरी ईश्वर से प्रार्थना है।

# मुख्य सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. अथर्ववेद-संहिता—चौखम्बा प्रकाशन, वाराणसी।
2. अथर्ववेद-संहिता—श्रीकण्ठशास्त्री, माधवपुस्तकालय, कमला नगर, दिल्ली।
3. अपरोक्षानुभूतिः—(क) स्वामी विमुक्तानन्द (ख) पं० मनोहरलाल शर्मा।
4. कल्याणयोगाङ्क—गीता प्रेस गोरखपुर, सम्वत् 1992
5. कुमारसम्भव—व्याख्याकार श्री जगदीशलाल शास्त्री, प्रकाशक मोतीलाल बनारसी दास, सन् 1965
6. काकचण्डीश्वरकल्पतन्त्रम्—सम्पादक, श्री कैलाशपति पाण्डेय, प्रकाशक चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, सम्वत् 2039
7. गोरक्ष-संहिता—सम्पादक डा० चमनलाल गौतम, संस्कृति संस्थान ख्वाजा कुतुब (वेद नगर) बरेली (उत्तर प्रदेश) सन् 1982
8. गुह्य समाज तन्त्र—सम्पादक श्री एस. बाग्ची, मिथिलाविद्यापीठ, दरभङ्गा, 1965
9. घेरण्ड-संहिता—वही 6, सन् 1981
10. घेरण्ड-संहिता—सम्पादक, श्रीश चन्द्र वसु, अड़यार मद्रास, 1933
11. जयेन्द्र योग प्रयोग—डा० रमेश कुमार, सम्पादक डा० रुद्रदेव त्रिपाठी, मेघप्रकाशन ब्रह्मपुरी, दिल्ली, सन् 1982
12. दत्तात्रेय-योगशास्त्र—डा० ब्रह्ममित्र अवस्थी, स्वामी केशवानन्द योग संस्थान, रूप नगर, दिल्ली
13. धर्मशास्त्र का इतिहास—भाग पंचम—डा० पाण्डुरंग काणे, अनुवाद अर्जुन चौबे काश्यप, प्रकाशक हिन्दी समिति उत्तर प्रदेश, लखनऊ, प्रथम संस्करण 1973
14. नरपतिजयचर्यास्वरोदय—सम्पादक पण्डित गणेशदत्त पाठक, चौखम्बा संस्कृत सीरीज, वाराणसी 1971
15. नाथ और संत साहित्य—डा० नगेन्द्र नाथ उपाध्याय, शोध-प्रबन्ध, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय प्रकाशन
16. नाथ सम्प्रदाय—हजारी प्रसाद द्विवेदी, लोक भारती प्रकाशन, 1966

17. पातञ्जल योग दर्शन—सम्पादक पं० तुलसीराम, प्रकाशक स्वामी प्रेस, मेरठ, सन् 1977
18. पातञ्जल योग दर्शन—व्यास भाष्य, भोजवृत्ति सहित—अनुवादक श्री स्वामी विज्ञानाश्रम, प्रकाशक—श्री मदनलाल लक्ष्मी निवास चंडक, अजमेर नगर, सम्वत् 2018
19. पातञ्जल योगशास्त्र: एक अध्ययन—डा० ब्रह्ममित्र अवस्थी, इन्दु प्रकाशन, दिल्ली सन् 1978
20. प्रायोगिक योगशिक्षा—कुमारी अरुणा आनन्द, आनन्द प्रकाशन, नौरोजी नगर, दिल्ली, सन् 1982
21. ब्रह्मपुराण—सम्पादक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ, प्रकाशक संस्कृति संस्थान, बरेली सन् 1971
22. ब्रह्मसूत्र—श्री सत्यानन्द सरस्वती, प्रकाशन गोविन्द मठ, टेढ़ीनीम, वाराणसी, सम्वत् 2035
23. भगवद् गीता—डा० राधाकृष्णन्, प्रकाशक राजपाल एण्ड सन्ज, दिल्ली, सन् 1962
24. भागवतपुराण—प्रकाशक पंडित पुस्तकालय, राजा दरवाजा, काशी, सन् 1952
25. भारतीय दर्शन—श्री एस० एन० दास गुप्ता प्रकाशक राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, विद्यालय मार्ग तिलक नगर, जयपुर, 4
26. भारतीय दर्शन की रूपरेखा—एम० हिरियन्ना, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, सन् 1965
27. भारतीय दर्शन में योग—डा० मंगला, प्रकाशक मोतीलाल बनारसीदास, सन् 1983
28. मनुस्मृति—प्रकाशक हिन्दी पुस्तक एजेन्सी कलकत्ता, संस्करण 6, सम्वत् 1993
29. याज्ञवल्क्यस्मृति—चौखम्बा संस्कृत सीरीज, वाराणसी—1 सन् 1967
30. योगकर्णिका—नाथ अघोरानन्द—सम्पादक श्री एन० एन० शर्मा, ईस्टर्न बुक लिंकर्स, दिल्ली-7, सन्, 1981
31. योग दर्शन—श्री वेदमूर्ति तपोनिष्ठ वही 20—तृतीय संस्करण 1969
32. योगप्रदीपिका—ब्रह्मचारी याज्ञवल्क्य—मोतीलाल बनारसीदास, सन् 1981
33. योगशास्त्र—आचार्य हेमचन्द्र, प्रकाशक ऋषभ जौहरी, किशनलाल जैन, दिल्ली, सन् 1663
34. विष्णु-पुराण—सम्पादक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ, वही-20 सन् 1967
35. वैदिक कोष—श्री भगवद्दत्त—ऐंग्लो ओरियण्टल, विक्रम सम्वत् 1982
36. शिवमहापुराण की दार्शनिक समालोचना—डा० रमाशंकर त्रिपाठी, प्रकाशक हरिशंकर त्रिपाठी, अस्सी, वाराणसी, 1975

37. शिव-संहिता—श्री रायबहादुर, श्री चन्द्र वसु, प्रकाशक श्री सत्गुरु प्रकाशन, एम० एस० पी० सन् 1981
38. शिवस्वरोदय—अनुवादक पं० हरेकृष्ण शास्त्री, प्रकाशक ठाकुर दास एण्ड सन्स, राजा दरवाजा, वाराणसी, सन्-1980
39. श्री धर्म्मकल्पद्रुम—चतुर्थ खण्ड—श्री स्वामी दयानन्द—प्रथम संस्करण नारायण प्रेस, बनारस, सन्-1917
40. षट्चक्र निरूपण और पादुकापञ्चम—तृतीय संस्करण, सम्पादक श्री तारानाथ विद्यारत्न, प्रकाशक बी०घोष, आगमानुसन्धान समिति, कलकत्ता सन्-1941
41. सन्त काव्य में योग का स्वरूप—डा० रामेश्वर प्रसाद सिंह—प्रकाशन—अनुपम प्रकाशन पटना 1977
42. सरल राजयोग—स्वामी विवेकानन्द, अनुवादक श्री पृथ्वीनाथ शास्त्री, प्रकाशन श्री रामकृष्ण आश्रम, मध्य प्रदेश
43. सिद्धसिद्धान्त पद्धति—सम्पादिका—श्रीमती कल्याणी मलिक, प्रकाशन—पूना ओरियण्टल बुक हाउस, पूना 1954
44. सिद्धसिद्धान्त संग्रह—सम्पादक—श्री गोपीनाथ कविराज, प्रकाशक—श्री जयकृष्ण दास गुप्ता, गोपाल मन्दिर, बनारस, सन्-1925
45. हठयोगप्रदीपिका—संस्करणकर्ता स्वामी दिगम्बर जी, डा० पीताम्बर झा, कैवल्य-धाम श्रीमन्माधव योगमन्दिर समिति, लोनावाला (पूना), सम्वत् 2035
46. हठयोगप्रदीपिका—सम्पादक डा० चमनलाल गौतम, संस्कृति संस्थान वेदनगर, बरेली, उत्तर प्रदेश सन्-1982
47. हठयोगप्रदीपिका—सम्पादक पंचम सिंह, इण्डियन बुक सेन्टर, शक्तिनगर, दिल्ली, एस० एस० पी० सन् 1979
48. हठयोगप्रदीपिका—ब्रह्मानन्द रचित ज्योत्स्ना टीका सहित—सम्पादक श्री खेमराज, श्री वेङ्कटेश्वर स्टीम प्रेस, बम्बई, सम्वत्-1968
49. अन्नपूर्णोपनिषद्—उपनिषत् संग्रह—सम्पादक प्रो० जगदीशलाल शास्त्री, मोती-लाल बनारसीदास, दिल्ली, सन् 1980
50. अमृतनादोपनिषद्—वही
51. ईशादि नौ उपनिषद्—गीता प्रेस, गोरखपुर, सं०-2010
52. कठोपनिषद्—वही—48
53. कौषीतकि उपनिषद्—वही—48
54. छान्दोग्योपनिषद्—गीताप्रेस, गोरखपुर, सं० 2023
55. जाबालदर्शनोपनिषद्—वही—48
56. त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्—वही
57. ध्यानविन्दूपनिषद्—वही
58. मण्डलब्राह्मणोपनिषद्—वही

59. मैत्रायण्युपनिषद्—वही
60. मुक्तिकोपनिषद्—वही
61. योगकुण्डल्युपनिषद्—वही
62. योगचूडामण्युपनिषद्—वही
63. योगतत्त्वोपनिषद्—वही
64. योगसाधना—वही—45
65. योगशिखोपनिषद्—वही—48
66. शाण्डिल्योपनिषद्—वही
67. श्वेताश्वतरोपनिषद्—वही
68. सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषद्—वही

आयुर्वेदग्रन्थ—

69. काश्यप-संहिता—प्रकाशक—चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी—1976
70. चरक-संहिता—सम्पादक—श्री जयदेव विद्यालङ्कार, प्रकाशक—मोतीलाल बनारसीदास, बनारस, सं०-1993
71. योगतरंगिणी—सम्पादक श्री खेमराज श्री कृष्णदास, "श्री वेङ्कटेश्वर" स्टीम प्रेस, बम्बई
72. सुश्रुतसंहिता—सम्पादक श्री भास्कर गोविन्द घाणेकर, प्रकाशक–जयकृष्णदास, हरिदास गुप्त, चौखम्बा संस्कृत सीरीज, बनारस, सं०-2007

अप्रकाशित—

73. गोरक्ष-संहिता एक अध्ययन—कुमारी सुरिन्द्र कौर, लघु शोध-प्रबन्ध, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, सन्-1983
74. Guhyasamaja Tantra or Tathagata guhyaka—Edited—Sh. Benoytosh Bhattacharya, Oriental Institute, Baroda-1967
75. Studies in Tantras Part-1—Prabhodh Chandra Bagchi, Published by the university of Calcutta—1939.
76. The Cultural Heritage of India—Vol. IV—Published by Swami Lokeswarananda, Secretary, The Ramakrishna Mission Institute of Culture, Calcutta—1975.
77. Yoga—Historical background —Dr. C. T. Kenghe. Published by Bhattacharya, Bharata Manisha, Pande Haveli, Varanasi-1975.
78. Yogic and Tantric Medicine—Vol. II by O. P. Jaggi, Atma Ram and Sons, Delhi—1979.

# प्रथमोपदेशः

श्रीआदिनाथाय नमोऽस्तु तस्मै येनोपदिष्टा हठयोगविद्या ॥
विभ्राजते प्रोन्नतराजयोगमारोढुमिच्छोरधिरोहिणीव ॥ 1 ॥

प्रणम्य श्रीगुरुं नाथं स्वात्मारामेण योगिना ॥
केवलं राजयोगाय हठविद्योपदिश्यते ॥ 2 ॥

भ्रान्त्या बहुमतध्वान्ते राजयोगमजानताम् ॥
हठप्रदीपिकां धत्ते स्वात्मारामः कृपाकरः ॥ 3 ॥

हठविद्यां हि मत्स्येन्द्रगोरक्षाद्या विजानते ॥
स्वात्मारामोऽथवा योगी जानीते तत्प्रसादतः ॥ 4 ॥

श्रीआदिनाथमत्स्येन्द्रशाबरानन्दभैरवाः ॥
चौरङ्गी मीनगोरक्षविरूपाक्षबिलेशयाः ॥ 5 ॥

मन्थानो भैरवो योगी सिद्धिर्बुद्धश्च कन्थडिः ॥
कोरन्टकः सुरानन्दः सिद्धपादश्च चर्पटिः ॥ 6 ॥

कानेरी पूज्यपादश्च नित्यनाथो निरञ्जनः ॥
कपाली बिन्दुनाथश्च काकचण्डीश्वराह्वयः ॥ 7 ॥

अल्लामः प्रभुदेवश्च घोडाचोली च टिन्टिणिः ॥
भानुकी नारदेवश्च खण्डः कापालिकस्तथा ॥ 8 ॥

इत्यादयो महासिद्धा हठयोगप्रभावतः ॥
खण्डयित्वा कालदण्डं ब्रह्माण्डे विचरन्ति ते ॥ 9 ॥

अशेषतापतप्तानां समाश्रयमठो हठः ॥
अशेषयोगयुक्तानामाधारकमठो हठः ॥ 10 ॥

हठविद्या परं गोप्या योगिना सिद्धिमिच्छता ।।
भवेद्वीर्यवती गुप्ता निर्वीर्या तु प्रकाशिता ।। 11 ।।

सुराज्ये धार्मिके देशे सुभिक्षे निरुपद्रवे ।।
धनुःप्रमाणपर्यन्तं शिलाग्निजलवर्जिते ।।
एकान्ते मठिकामध्ये स्थातव्यं हठयोगिना ।। 12 ।।

अल्पद्वारमरन्ध्रगर्तविवरं नात्युच्चनीचायतं
सम्यग्गोमयसान्द्रलिप्तममलं निःशेषजंन्तूज्झितम् ।।
बाह्ये मण्डपवेदिकूपरुचिरं प्राकारसंवेष्टितं
प्रोक्तं योगमठस्य लक्षणमिदं सिद्धैर्हठाभ्यासिभिः ।। 13 ।।

एवंविधे मठे स्थित्वा सर्वचिन्ताविवर्जितः ।।
गुरूपदिष्टमार्गेण योगमेव समभ्यसेत् ।। 14 ।।

अत्याहारः प्रयासश्च प्रजल्पो नियमग्रहः ।।
जनसङ्गश्च लौल्यं च षड्भिर्योगो विनश्यति ।। 15 ।।

उत्साहोत्साहसाद्धैर्यात्तत्त्वज्ञानाच्च निश्चयात् ।।
जनसङ्गपरित्यागात्षड्भिर्योगः प्रसिद्ध्यति ।। 16 ।।

अथ यमनियमाः

अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यं क्षमा धृतिः ।।
दयार्जवं मिताहारः शौचं चैव यमा दश ।। 17 ।।

तपः सन्तोष आस्तिक्यं दानमीश्वरपूजनम् ।।
सिद्धान्तवाक्यश्रवणं ह्रीमती च तपो हुतम् ।।
नियमा दश सम्प्रोक्ता योगशास्त्रविशारदैः ।। 18 ।।

अथ आसनम्

हठस्य प्रथमाङ्गत्वादासनं पूर्वमुच्यते ।।
कुर्यात्तदासनं स्थैर्यमारोग्यं चाङ्गलाघवम् ।। 19 ।।

वसिष्ठाद्यैश्च मुनिभिर्मत्स्येन्द्राद्यैश्च योगिभिः ।।
अङ्गीकृतान्यासनानि कथ्यन्ते कानिचिन्मया ।। 20।

जानूर्वोरन्तरे सम्यक्कृत्वा पादतले उभे ।।
ऋजुकायः समासीनः स्वस्तिकं तत्प्रचक्षते ।। 21 ।।

सव्ये दक्षिणगुल्फं तु पृष्ठपार्श्वे नियोजयेत् ॥
दक्षिणेऽपि तथा सव्यं गोमुखं गोमुखाकृति ॥ 22 ॥

एकं पादं तथैकस्मिन्विन्यसेदूरुणि स्थितम् ॥
इतरस्मिंस्तथा चोरुं वीरासनमितीरितम् ॥ 23 ॥

गुदं निरुध्य गुल्फाभ्यां व्युत्क्रमेण समाहितः ॥
कूर्मासनं भवेदेतदिति योगविदो विदुः ॥ 24 ॥

पद्मासनं तु संस्थाप्य जानूर्वोरन्तरे करौ ॥
निवेश्य भूमौ संस्थाप्य व्योमस्थं कुक्कुटासनम् ॥ 25 ॥

कुक्कुटासनबन्धस्थो दोर्भ्यां सम्बध्य कन्धराम् ॥
भवेत्कूर्मवदुत्तान एतदुत्तानकूर्मकम् ॥ 26 ॥

पादाङ्गुष्ठौ तु पाणिभ्यां गृहीत्वा श्रवणावधि ॥
धनुराकर्षणं कुर्याद्धनुरासनमुच्यते ॥ 27 ॥

वामोरुमूलार्पितदक्षपादं जानोर्बहिर्वेष्टितवामपादम् ॥
प्रगृह्य तिष्ठेत्परिवर्तिताङ्गः श्रीमत्स्यनाथोदितमासनं स्यात् ॥ 28 ॥

मत्स्येन्द्रपीठं जठरप्रदीप्तिं प्रचण्डरुग्मण्डलखण्डनास्त्रम् ॥
अभ्यासतः कुण्डलिनीप्रबोधं चन्द्रस्थिरत्वं च ददाति पुंसाम् ॥29॥

प्रसार्य पादौ भुवि दण्डरूपौ दोर्भ्यां पदाग्रद्वितयं गृहीत्वा ॥
जानूपरि न्यस्तललाटदेशो वसेदिदं पश्चिमतानमाहुः ॥ 30 ॥

इति पश्चिमतानमासनाग्र्यं पवनं पश्चिमवाहिनं करोति ॥
उदयं जठरानलस्य कुर्यादुदरे कार्श्यमरोगतां च पुंसाम् 31 ॥

धरामवष्टभ्य करद्वयेन तत्कूर्परस्थापितनाभिपार्श्वः ॥
उच्चासनो दण्डवदुत्थितः स्यान्मयूरमेतत्प्रवदन्ति पीठम् ॥ 32 ॥

हरति सकलरोगानाशु गुल्मोदरादीनभिभवति च दोषानासनं श्रीमयूरम् ॥
बहु कदशनभुक्तं भस्म कुर्यादशेषं जनयति जठराग्निं जारयेत्कालकूटम् ॥ 33 ॥

उत्तानं शववद्भूमौ शयनं तच्छवासनम् ॥
शवासनं श्रान्तिहरं चित्तविश्रान्तिकारकम् ॥ 34 ॥

चतुरशीत्यासनानि शिवेन कथितानि च ॥
तेभ्यश्चतुष्कमादाय सारभूतं ब्रवीम्यहम् ॥ 35 ॥

सिद्धं पद्मं तथा सिंहं भद्रं चेति चतुष्टयम् ॥
श्रेष्ठं तत्रापि च सुखे तिष्ठेत्सिद्धासने सदा ॥ 36 ॥

योनिस्थानकमङ्घ्रिमूलघटितं कृत्वा दृढं विन्यसेत्
मेढ्रे पादमथैकमेव हृदये कृत्वा हनुं सुस्थिरम् ॥
स्थाणुः संयमितेन्द्रियोऽचलदृशा पश्येद्भ्रुवोरन्तरं
ह्येतन्मोक्षकपाटभेदजननं सिद्धासनं प्रोच्यते ॥ 37 ॥

मतान्तरे तु

मेढ्रादुपरि विन्यस्य सव्यं गुल्फं तथोपरि ॥
गुल्फान्तरं च निक्षिप्य सिद्धासनमिदं भवेत् ॥ 38 ॥

एतत्सिद्धासनं प्राहुरन्ये वज्रासनं विदुः ॥
मुक्तासनं वदन्त्येके प्राहुर्गुप्तासनं परे ॥ 39 ॥

यमेष्विव मिताहारमहिंसां नियमेष्विव ॥
मुख्यं सर्वासनेष्वेकं सिद्धाः सिद्धासनं विदुः ॥ 40 ॥

चतुरशीतिपीठेषु सिद्धमेव सदाभ्यसेत् ॥
द्वासप्ततिसहस्राणां नाडीनां मलशोधनम् ॥ 41 ॥

आत्मध्यायी मिताहारी यावद्द्वादशवत्सरम् ॥
सदा सिद्धासनाभ्यासाद्योगी निष्पत्तिमाप्नुयात् ॥ 42 ॥

किमन्यैर्बहुभिः पीठैः सिद्धे सिद्धासने सति ॥
प्राणानिले सावधाने बद्धे केवलकुम्भके ॥ 43 ॥

उत्पद्यते निरायासात्स्वयमेवोन्मनी कला ।
तथैकस्मिन्नेव दृढे सिद्धे सिद्धासने सति ।
बन्धत्रयमनायासात्स्वयमेवोपजायते ॥ 44 ॥

नासनं सिद्धसदृशं न कुम्भः केवलोपमः ॥
न खेचरीसमा मुद्रा न नादसदृशो लयः ॥ 45 ॥

अथ पद्मासनम्

वामोरूपरि दक्षिणं च चरणं संस्थाप्य वामं तथा
दक्षोरूपरि पश्चिमेन विधिना धृत्वा कराभ्यां दृढम् ।
अङ्गुष्ठौ हृदये निधाय चिबुकं नासाग्रमालोकयेत्
एतद्व्याधिविनाशकारि यमिनां पद्मासनं प्रोच्यते ॥ 46 ॥

उत्तानौ चरणौ कृत्वा ऊरुसंस्थौ प्रयत्नतः ॥
ऊरुमध्ये तथोत्तानौ पाणी कृत्वा ततो दृशौ ॥ 47 ॥

नासाग्रे विन्यसेद्राजदन्तमूले तु जिह्वया ॥
उत्तम्भ्य चिबुकं वक्षस्युत्थाप्य पवनं शनैः ॥ 48 ॥

इदं पद्मासनं प्रोक्तं सर्वव्याधिविनाशनम् ॥
दुर्लभं येन केनापि धीमता लभ्यते भुवि ॥ 49 ॥

कृत्वा सम्पुटितौ करौ दृढतरं बध्वा तु पद्मासनं
गाढं वक्षसि सन्निधाय चिबुकं ध्यायंश्च तच्चेतसि ।
वारं वारमपानमूर्ध्वमनिलं प्रोत्सारयन्पूरितं
न्यञ्चन्प्राणमुपैति बोधमतुलं शक्तिप्रभावान्नरः ॥ 50 ॥

पद्मासने स्थितो योगी नाडीद्वारेण पूरितम् ॥
मारुतं धारयेद्यस्तु स मुक्तो नात्र संशयः ॥ 51 ॥

अथ सिंहासनम्

गुल्फौ च वृषणस्याधः सीवन्याः पार्श्वयोः क्षिपेत् ॥
दक्षिणे सव्यगुल्फं तु दक्षगुल्फं तु सव्यके ॥ 52 ॥

हस्तौ तु जान्वोः संस्थाप्य स्वाङ्गुलीः सम्प्रसार्य च ॥
व्यात्तवक्त्रो निरीक्षेत नासाग्रं सुसमाहितः ॥ 53 ॥

सिंहासनं भवेदेतत्पूजितं योगिपुङ्गवैः ॥
बन्धत्रितयसन्धानां कुरुते चासनोत्तमम् ॥ 54 ॥

अथ भद्रासनम्

गुल्फौ च वृषणस्याधः सीवन्याः पार्श्वयोः क्षिपेत् ॥
सव्यगुल्फं तथा सव्ये दक्षगुल्फं तु दक्षिणे ॥ 55 ॥

पार्श्वपादौ च पाणिभ्यां दृढं बध्वा सुनिश्चलम् ॥
भद्रासनं भवेदेतत्सर्वव्याधिविनाशनम् ॥ 56 ॥

गोरक्षासनमित्याहुरिदं वै सिद्धयोगिनः ॥
एवमासनबन्धेषु योगीन्द्रो विगतश्रमः ॥ 57 ॥

अभ्यसेन्नाडिकाशुद्धिं मुद्रादिपवनक्रियाम् ॥
आसनं कुम्भकं चित्रं मुद्राख्यं करणं तथा ॥ 58 ॥

अथ नादानुसन्धानमभ्यासानुक्रमो हठे ।
ब्रह्मचारी मिताहारी त्यागी योगपरायणः ।
अब्दादूर्ध्वं भवेत्सिद्धो नात्र कार्या विचारणा ॥ 59 ॥

सुस्निग्धमधुराहारश्चतुर्थांशविवर्जितः ।।
भुज्यते शिवसम्प्रीत्यै मिताहारः स उच्यते ।। 60 ।।

कट्वम्लतीक्ष्णलवणोष्णहरीतशाक-
सौवीरतैलतिलसर्षपमद्यमत्स्यान् ।
आजादिमांसदधितक्रकुलत्थकोल-
पिण्याकहिङ्गुलशुनाद्यमपथ्यमाहुः ।।61।।

भोजनमहितं विद्यात्पुनरस्योष्णीकृतं रुक्षम् ।।
अतिलवणमम्लयुक्तं कदशनशाकोत्कटं वर्ज्यम् ।।
वह्निस्त्रीपथिसेवानामादौ वर्जनमाचरेत् ।। 62 ।।

तथा हि गोरक्षवचनम्

वर्जयेद्दुर्जनप्रान्तं वह्निस्त्रीपथिसेवनम् ।।
प्रातःस्नानोपवासादि कायक्लेशविधिं तथा ।। 63 ।।

गोधूमशालियवषाष्टिकशोभनान्नं
क्षीराज्यखण्डनवनीतसितामधूनि ।।
शुंठीपटोलकफलादिक पञ्च शाकम्
मुद्गादिदिव्यमुदकं च यमीन्द्रपथ्यम् ।। 64 ।।

पुष्टं सुमधुरं स्निग्धं गव्यं धातुप्रपोषणम् ।।
मनोभिलषितं योग्यं योगी भोजनमाचरेत् ।। 65 ।।

युवा वृद्धोऽतिवृद्धो वा व्याधितो दुर्बलोऽपि वा ।।
अभ्यासात्सिद्धिमाप्नोति सर्वयोगेष्वतन्द्रितः ।। 66 ।।

क्रियायुक्तस्य सिद्धिः स्यादक्रियस्य कथं भवेत् ।।
न शास्त्रपाठमात्रेण योगसिद्धिः प्रजायते ।। 67 ।।

न वेषधारणं सिद्धेः कारणं न च तत्कथा ।।
क्रियैव कारणं सिद्धेः सत्यमेतन्न संशयः ।। 68 ।।

पीटानि कुम्भकाश्चित्रा दिव्यानि करणानि च ।।
सर्वाण्यपि हठाभ्यासे राजयोगफलावधि ।। 69 ।।

इति हठयोगप्रदीपिकायां प्रथमोपदेशः ।।

# द्वितीयोपदेशः ॥

अथासने दृढे योगी वशी हितमिताशनः ॥
गुरूपदिष्टमार्गेण प्राणायामान्समभ्यसेत् ॥ 1 ॥

चले वाते चलं चित्तं निश्चले निश्चलं भवेत् ॥
योगी स्थाणुत्वमाप्नोति ततो वायुं निरोधयेत् ॥ 2 ॥

यावद्वायुः स्थितो देहे तावज्जीवनमुच्यते ॥
मरणं तस्य निश्क्रान्तिस्ततो वायुं निरोधयेत् ॥ 3 ॥

मलाकुलासु नाडीषु मारुतो नैव मध्यगः ॥
कथं स्यादुन्मनीभावः कार्यसिद्धिः कथं भवेत् ॥ 4 ॥

शुद्धिमेति यदा सर्वं नाडीचक्रं मलाकुलम् ॥
तदैव जायते योगी प्राणसंग्रहणे क्षमः ॥ 5 ॥

प्राणायामं ततः कुर्यान्नित्यं सात्त्विकया धिया ॥
यथा सुषुम्नानाडीस्था मलाः शुद्धिं प्रयान्ति च ॥ 6 ॥

बद्धपद्मासनो योगी प्राणं चन्द्रेण पूरयेत् ॥
धारयित्वा यथाशक्ति भूयः सूर्येण रेचयेत् ॥ 7 ॥

प्राणं सूर्येण चाकृष्य पूरयेदुदरं शनैः ॥
विधिवत्कुम्भकं कृत्वा पुनश्चन्द्रेण रेचयेत् ॥ 8 ॥

येन त्यजेत्तेन पीत्वा धारयेदतिरोधतः ॥
रेचयेच्च ततोऽन्येन शनैरेव न वेगतः ॥ 9 ॥

प्राणं चेदिडया पिबेन्नियमितं भूयोऽन्यया रेचयेत्
पीत्वा पिङ्गलया समीरणमथो बध्वा त्यजेद्वामया ॥
सूर्याचन्द्रमसोरनेन विधिनाभ्यासं सदा तन्वतां
शुद्धा नाड़िगणा भवन्ति यमिनां मासत्रयादूर्ध्वतः ॥10॥

प्रातर्मध्यन्दिने सायमर्धरात्रे च कुम्भकान् ॥
शनैरशीतिपर्यन्तं चतुर्वारं समभ्यसेत् ॥ 11 ॥

कनीयसि भवेत्स्वेदः कम्पो भवति मध्यमे ॥
उत्तमे स्थानमाप्नोति ततो वायुं निबन्धयेत् ॥ 12 ॥

जलेन श्रमजातेन गात्रमर्दनमाचरेत् ॥
दृढता लघुता चैव तेन गात्रस्य जायते ॥ 13 ॥

अभ्यासकाले प्रथमे शस्तं क्षीराज्यभोजनम् ॥
ततोऽभ्यसेद् दृढीभूते न तादृङ्नियमग्रहः ॥ 14 ॥

यथा सिंहो गजो व्याघ्रो भवेद्वश्यः शनैःशनैः ॥
तथैव सेवितो वायुरन्यथा हन्ति साधकम् ॥ 15 ॥

प्राणायामादियुक्तेन सर्वरोगक्षयो भवेत् ॥
अयुक्ताभ्यासयोगेन सर्वरोगसमुद्भवः ॥ 16 ॥

हिक्का श्वासश्च कासश्च शिरःकर्णाक्षिवेदनाः ॥
भवन्ति विविधा रोगाः पवनस्य प्रकोपतः ॥ 17 ॥

युक्तं युक्तं त्यजेद्वायुं युक्तं युक्तं च पूरयेत् ॥
युक्तं युक्तं च बध्नीयादेवं सिद्धिमवाप्नुयात् ॥ 18 ॥

यदा तु नाडीशुद्धिः स्यात्तथा चिह्नानि बाह्यतः ॥
कायस्य कृशता कान्तिस्तदा जायेत निश्चितम् ॥ 19 ॥

यथेष्टधारणं वायोरनलस्य प्रदीपनम् ॥
नादाभिव्यक्तिरारोग्यं जायते नाडीशोधनम् ॥ 20 ॥

मेदश्लेष्माधिकः पूर्वं षट्कर्माणि समाचरेत् ॥
अन्यस्तु नाचरेत्तानि दोषाणां समभावतः ॥ 21 ॥

धौतिर्बस्तिस्तथा नेतिस्त्राटकं नौलिकं तथा ॥
कपालभातिश्चैतानि षट् कर्माणि प्रचक्षते ॥ 22 ॥

कर्माष्टकमिदं गोप्यं घटशोधनकारकम् ॥
विचित्रगुणसन्धायि पूज्यते योगपुङ्गवैः ॥ 23 ॥

तत्र धौतिः

चतुरङ्गुलविस्तारं हस्तपञ्चदशायतम् ॥
गुरूपदिष्टमार्गेण सिक्तं वस्त्रं शनैर्ग्रसेत् ॥
पुनः प्रत्याहरेच्चैतदुदितं धौतिकर्म तत् ॥ 24 ॥

कासश्वासप्लीहकुष्टं कफरोगांश्च विंशतिः ॥
धौतिकर्मप्रभावेन प्रयान्त्येव न संशयः ॥25॥

नाभिदघ्नजले पायौ न्यस्तनालोत्कटासनः ॥
आधाराकुञ्चनं कुर्यात्क्षालनं बस्तिकर्म तत् ॥26॥

### बस्तिकर्म

गुल्मप्लीहोदरं चापि वातपित्तकफोद्भवाः ॥
बस्तिकर्मप्रभावेन क्षीयन्ते सकलामयाः ॥27॥

धात्विन्द्रियान्तःकरणप्रसादं
दद्याच्च कान्ति दहनप्रदीप्तिम् ॥
अशेषदोषोपचयं निहन्या-
दभ्यस्यमानं जलबस्तिकर्म ॥28॥

### अथ नेतिः

सूत्रं वितस्ति सुस्निग्धं नासानाले प्रवेशयेत् ।
मुखान्निर्गमयेच्चैषा नेतिः सिद्धैर्निगद्यते ॥29॥

कपालशोधिनी चैव दिव्यदृष्टिप्रदायिनी ॥
जत्रूर्ध्वजातरोगौघं नेतिराशु निहन्ति च ॥30॥

### अथ त्राटकम्

निरीक्षेन्निश्चलदृशा सूक्ष्मलक्ष्यं समाहितः ॥
अश्रुसम्पातपर्यन्तमाचार्यैस्त्राटकं स्मृतम् ॥31॥

मोचनं नेत्ररोगाणां तन्द्रादीनां कपाटकम् ॥
यत्नतस्त्राटकं गोप्यं यथा हाटकपेटकम् ॥32॥

### अथ नौलिः

अमदावर्तवेगेन तुन्दं सव्यापसव्यतः ॥
नतांसो भ्रामयेदेषा नौलिः सिद्धैः प्रचक्ष्यते ॥33॥

मन्दाग्निसन्दीपनपाचनादि सन्धापिका नन्दकरी सदैव ॥
अशेषदोषामयशोषणी च हठक्रियामौलिरियं च नौलिः ॥34॥

### अथ कपालभातिः

भस्त्रावल्लोहकारस्य रेचपूरौ ससंभ्रमौ ॥
कपालभातिर्विख्याता कफदोषविशोषणी ॥35॥

षट्कर्मनिर्गतस्थौल्यकफदोषमलादिकः ॥
प्राणायामं ततः कुर्यादनायासेन सिद्ध्यति ॥36॥

प्राणायामैरेव सर्वे प्रशुष्यन्ति मला इति ॥
आचार्याणां तु केषाञ्चिदन्यत्कर्म न सम्मतम् ॥37॥

### अथ गजकरणी

उदरगतपदार्थमुद्वमन्ति पवनमपानमुदीर्य कण्ठनाले ॥
क्रमपरिचयवश्यनाडिचक्रा गजकरणीति निगद्यते हठज्ञैः ॥38॥

ब्रह्मादयोऽपि त्रिदशाः पवनाभ्यासतत्पराः ॥
अभूवन्नन्तकभयात्तस्मात्पवनमभ्यसेत् ॥39॥

यावद्बद्धो मरुद्देहे यावच्चित्तं निराकुलम् ॥
यावद्दृष्टिर्भ्रुवोर्मध्ये तावत्कालभयं कुतः ॥40॥

विधिवत्प्राणसंयामैर्नाडीचक्रे विशोधिते ॥
सुषुम्नावदनं भित्वा सुखाद्विशति मारुतः ॥41॥

### अथ मनोन्मनी

मारुते मध्यसञ्चारे मनःस्थैर्यं प्रजायते ॥
यो मनःसुस्थिरीभावः सैवावस्था मनोन्मनी ॥42॥

तत्सिद्धये विधानज्ञाश्चित्रान्कुर्वन्ति कुम्भकान् ॥
विचित्रकुम्भकाभ्यासाद्विचित्रां सिद्धिमाप्नुयात् ॥43॥

### अथ कुम्भकभेदाः

सूर्यभेदनमुज्जायी सीत्कारी सीतली तथा ॥
भस्त्रिका भ्रामरी मूर्च्छा प्लाविनीत्यष्ट कुम्भकाः ॥44॥

पूरकान्ते तु कर्तव्यो बन्धो जालन्धराभिधः ॥
कुम्भकान्ते रेचकादौ कर्तव्यस्तूड्डियानकः ॥45॥

अधस्तात्कुञ्चनेनाशु कण्ठसङ्कोचने कृते ॥
मध्ये पश्चिमतानेन स्यात्प्राणो ब्रह्मनाडिगः ॥46॥

आपानमूर्ध्वमुत्थाप्य प्राणं कण्ठादधो नयेत् ॥
योगी जराविमुक्तः सन् षोडशाब्दवयो भवेत् ॥47॥

हृदि प्राणो गुदेऽपानः समानो नाभिमण्डले ।
उदानः कण्ठदेशस्थो व्यानः सर्वशरीरगः । शिवसंहितायाम् अ० 3 श्लो० 7 ।

अथ सूर्यभेदनम्

आसने सुखदे योगी बद्ध्वा चैवासनं ततः ॥
दक्षनाड्या समाकृष्य बहिःस्थं पवनं शनैः ॥48॥

आकेशादानखाग्राच्च निरोधावधि कुम्भयेत् ॥
ततः शनैः सव्यनाड्या रेचयेत्पवनं शनैः ॥49॥

कपालशोधनं वातदोषघ्नं कृमिदोषहृत् ॥
पुनः पुनरिदं कार्यं सूर्यभेदनमुत्तमम् ॥50॥

योगाभ्यासक्रमं वक्ष्ये योगिनां योगसिद्धये ।
उषःकाले समुत्थाय प्रातःकालेऽथवा बुधः ॥ 1 ॥

गुरुं संस्मृत्य शिरसि हृदये स्वेष्टदेवताम् ।
शौचं कृत्वा दन्तशुद्धिं विदध्याद् भस्मधारणम् ॥ 2 ॥

शुचौ देशे मठे रम्ये प्रतिष्ठाप्यासनं मृदु ।
तत्रोपविश्य संस्मृत्य मनसा गुरुमीश्वरम् ॥ 3॥

देशकालौ च संकीर्त्य संकल्प्य विधिपूर्वकम् ।
अद्येत्यादि श्रीपरमेश्वरप्रसादपूर्वकं समाधि-
तत्फलसिद्ध्यर्थमासनपूर्वकान् प्राणायामादीन् करिष्ये ।
अनन्तं प्रणमेद्देवं नागेशं पीठसिद्धये ॥4 ॥

मणिभ्राजत्फणासहस्रविधृतविश्वम्भरा-
मण्डलायानन्ताय नागराजाय नमः ।
ततोऽभ्यसेदासनानि श्रमे जाते शवासनम् ।
अन्ते समभ्यसेत्तत्तु श्रमाभावे तु नाभ्यसेत् ॥5॥

करणीं विपरीताख्यां कुम्भकात्पूर्वमभ्यसेत् ।
जालन्धरप्रसादार्थं कुम्भकात्पूर्वयोगतः ॥6॥

विधायाचमनं कृत्वा कर्माङ्गं प्राणसंयमम् ।
योगीन्द्रादीन्नमस्कृत्य कौर्मीञ्च शिववाक्यतः ॥7॥ कूर्मपुराणे ।

नमस्कृत्याथ योगीन्द्रान् सच्छिष्यांश्च विनायकम्।
गुरुं चैवाथवा योगी युञ्जीत सुसमाहितः ॥8॥

बद्धाभ्यासे सिद्धपीठं कुम्भकाबन्धपूर्वकम् ।
प्रथमे दश कर्तव्या पञ्चवृद्ध्या दिने दिने ॥ 9 ॥

कार्या अशीतिपर्यन्तं कुम्भकाः सुसमाहितैः।
योगीन्द्रः प्रथमं कुर्यादभ्यासं चन्द्रसूर्ययोः ॥10॥

अनुलोमविलोमाख्यमेतं प्राहुर्मनीषिणः।
सूर्यभेदनमभ्यस्य बन्धपूर्वकमेकधीः ॥11॥

उज्जायिनं ततः कुर्यात्सीत्कारीं शीतलीं ततः।
भस्त्रिकाञ्च समभ्यस्य कुर्यादन्यन्नवापरान् ॥12॥

मुद्राः समभ्यसेद्बद्धगुरुवक्त्राद् यथाक्रमम् ।
ततः पद्मासनं बद्ध्वा कुर्यान्नादानुचिन्तनम् ॥13॥

अभ्यासं सकलं कुर्यादीश्वरार्पणमादृतः।
अभ्यासादुत्थितः स्नानं कुर्यादुष्णेन वारिणा ॥14॥

स्नात्वा समापयेन्नित्यं कर्म संक्षेपतः सुधीः।
मध्याह्ने पि तथाभ्यस्य किञ्चिद्विश्रम्य भोजनम् ॥15॥

कुर्वीत योगिनां पथ्यमपथ्यन्न कदाचन ॥
एलां वापि लवङ्गं वा भोजनान्तं च भक्षयेत् ॥16॥

केचित्कर्पूरमिच्छन्ति ताम्बूलं शोभनं तथा ।
चूर्णेन रहितं शस्तं पवनाभ्यासयोगिनाम् ॥17॥

भोजनानन्तरं कुर्यान्मोक्षशास्त्रावलोकनम्।
पुराणश्रवणं वापि नाम सङ्कीर्तनं विभोः ॥18॥

सायं सन्ध्याविधिं कृत्वा योगं पूर्ववदभ्यसेत् ।
यदा त्रिघटिकाशेषो दिवसोऽभ्यासमाचरेत् ॥ 19 ॥

अभ्यासानन्तरं कार्या सायंसन्ध्या सदा बुधैः ॥
अर्धरात्रे हठाभ्यासं विदध्यात्पूर्ववद्यमी ॥20।

विपरीतां तु करणीं सायंकालार्धरात्रयोः।
नाभ्यसेद्भोजनादूर्ध्वं यतः सा न प्रशस्यते ॥ 21 ॥

अथोज्जायी ॥

मुखं संयम्य नाडीभ्यामाकृष्य पवनं शनैः ॥
यथा लगति कण्ठात्तु हृदयावधि सस्वनम् ॥ 51 ॥

पूर्ववत्कुम्भयेत्प्राणं रेचयेदिडया ततः ॥
श्लेष्मदोषहरं कण्ठे देहानलविवर्धनम् ॥ 52 ॥

नाडीजलोदराधातुगतदोषविनाशनम् ॥
गच्छता तिष्ठता कार्यमुज्जाय्याख्यं तु कुम्भकम् ॥ 53 ॥

अथ सीत्कारी ॥

सीत्कां कुर्यात्तथा वक्त्रे घ्राणेनैव विजृम्भिकाम् ॥
एवमभ्यासयोगेन कामदेवो द्वितीयकः ॥ 54 ॥

योगिनीचक्रसामान्यः सृष्टिसंहारकारकः ॥
न क्षुधा न तृषा निद्रा नैवालस्यं प्रजायते ॥ 55 ॥

भवेत्सत्त्वं च देहस्य सर्वोपद्रववर्जितः ॥
अनेन विधिना सत्यं योगीन्द्रो भूमिमण्डले ॥ 56 ॥

अथ शीतली ॥

जिह्वया वायुमाकृष्य पूर्ववत्कुम्भसाधनम् ॥
शनकैर्घ्राणरन्ध्राभ्यां रेचयेत्पवनं सुधीः ॥ 57 ॥

गुल्मप्लीहादिकान् रोगान् ज्वरं पित्तं क्षुधां तृषाम् ।
विषाणि शीतलीनाम कुम्भिकेयं निहन्ति हि ॥58॥

अथ भस्त्रिका ॥

ऊर्वोरुपरि संस्थाप्य शुभे पादतले उभे ।
पद्मासनं भवेदेतत्सर्वपापप्रणाशनम् ॥ 59 ॥

सम्यक् पद्मासनं बध्वा समग्रीवोदरं सुधीः ॥
मुखं संयम्य यत्नेन घ्राणं घ्राणेन रेचयेत् ॥ 60 ॥

यथा लगति हृत्कण्ठे कपालावधि सस्वनम् ॥
वेगेन पूरयेच्चापि हृत्पद्मावधि मारुतम् ॥ 61 ॥

पुनर्विरेचयेत्तद्वत्पूरयेच्च पुनः पुनः ॥
यथैव लोहकारेण भस्त्रा वेगेन चाल्यते ॥ 62॥

तथैव स्वशरीरस्थं चालयेत्पवनं धिया ॥
यदा श्रमो भवेद्देहे तदा सूर्येण पूरयेत् ॥ 63 ॥

यथोदरं भवेत्पूर्णमनिलेन तथा लघु ।
धारयेन्नासिकां मध्यतर्जनीभ्यां विना दृढम् ॥ 64 ॥

विधिवत्कुम्भकं कृत्वा रेचयेदिडयानिलम् ।
वातपित्तश्लेष्महरं शरीराग्निविवर्धनम् ॥ 65 ॥

कुण्डलीबोधकं क्षिप्रं पवनं सुखदं हितम् ।
ब्रह्मनाडीमुखे संस्थकफाद्यर्गलनाशनम् ॥ 66 ॥

सम्यग्गात्रसमुद्भूतग्रन्थित्रयविभेदकम् ।
विशेषेणैव कर्तव्यं भस्त्राख्यं कुम्भकं त्विदम् ॥ 67 ॥

अथ भ्रामरी ॥

वेगाद्घोषं पूरकं भृङ्गनादं भृङ्गीनादं रेचकं मन्दमन्दम् ॥
योगीन्द्राणामेवमभ्यासयोगाच्चित्ते जाता काचिदानन्दलीला ॥68॥

अथ मूर्च्छा

पूरकान्ते गाढतरं बध्वा जालन्धरं शनैः ॥
रेचयेन्मूर्च्छनाख्येयं मनोमूर्च्छा सुखप्रदा ॥ 69 ॥

अथ प्लाविनी ॥

अन्तः प्रवर्तितोदारमारुतापूरितोदरः ।
पयस्यगाधेऽपि सुखात्प्लवते पद्मपत्रवत् ॥70॥

प्राणायामस्त्रिधा प्रोक्तो रेचपूरककुम्भकैः ।
सहितः केवलश्चेति कुम्भको द्विविधो मतः ॥71॥

यावत्केवलसिद्धिः स्यात्सहितं तावदभ्यसेत् ।
रेचकं पूरकं मुक्त्वा सुखं यद्वायुधारणम् ॥ 72 ॥

प्राणायामोऽयमित्युक्तः स वै केवलकुम्भकः ।
कुम्भके केवले सिद्धे रेचपूरकवर्जिते ॥ 73 ॥

न तस्य दुर्लभं किञ्चित्त्रिषु लोकेषु विद्यते ।
शक्तः केवलकुम्भेन यथेष्टं वायुधारणात् ॥ 74 ॥

राजयोगपदं चापि लभते नात्र संशयः ।
कुम्भकात्कुण्डलीबोधः कुण्डलीबोधतो भवेत् ॥ 75 ॥

अनर्गला सुषुम्ना च हठसिद्धिश्च जायते।
हठं विना राजयोगो राजयोगं बिना हठः ॥
न सिध्यति ततो युग्ममानिष्पत्तेः समभ्यसेत् ॥ 76 ॥

कुंभकप्राणरोधान्ते कुर्याच्चित्तं निराश्रयम् ।
एवमभ्यासयोगेन राजयोगपदं व्रजेत् ॥ 77 ॥

वपुः कृशत्वं वदने प्रसन्नता नादस्फुटत्वं नयने सुनिर्मले ।
अरोगता बिन्दुजयोऽग्निदीपनं नाडीविशुद्धिर्हठयोगलक्षणम् ॥78॥

इति हठयोगप्रदीपिकायां द्वितीयोपदेशः ॥ 2 ॥

# तृतीयोपदेशः ।

सशैलवनधात्रीणां यथाधारोऽहिनायकः ।
सर्वेषां योगतन्त्राणां तथाधारो हि कुण्डली ॥ 1 ॥

सुप्ता गुरुप्रसादेन यदा जार्गात कुंण्डली ।
तदा सर्वाणि पद्मानि भिद्यन्ते ग्रन्थयोऽपि च ॥2॥

प्राणस्य शून्यपदवी तथा राजपथायते ।
तदा चित्तं निरालम्बं तदा कालस्य वञ्चनम् ॥ 3 ॥

सुषुम्ना शून्यपदवी ब्रह्मरन्ध्रं महापथः ।
श्मशानं शाम्भवी मध्यमार्गश्चेत्येकवाचकाः ॥ 4 ॥

तस्मात्सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितुमीश्वरीम् ।
ब्रह्मद्वारमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत् ॥ 5 ॥

अथ मुद्राभेदाः

महामुद्रा महाबन्धो महावेधश्च खेचरी ।
उड्यानं मूलबन्धश्च बन्धो जालन्धराभिधः ॥ 6 ॥

करणी विपरीताख्या वज्रोली शक्तिचालनम् ।
इदं हि मुद्रादशकं जरामरणनाशनम् ॥ 7 ॥

आदिनाथोदितं दिव्यमष्टैश्वर्यप्रदायकम् ।
वल्लभं सर्वसिद्धानां दुर्लभं मरुतामपि ॥ 8 ॥

गोपनीयं प्रयत्नेन यथा रत्नकरण्डकम् ।
कस्यचिन्नैव वक्तव्यं कुलस्त्रीसुरतं यथा ॥ 9 ॥

अथ महामुद्रा ॥

पादमूलेन वामेन योनिं सम्पीड्य दक्षिणम् ।
प्रसारितं पदं कृत्वा कराभ्यां धारयेद्दृढम् ॥ 10 ॥

कण्ठे बन्धं समारोप्य धारयेद्वायुमूर्ध्वतः ॥
यथा दण्डहतः सर्पो दण्डाकारः प्रजायते ॥ 11 ॥

ऋज्वीभूता तथा शक्तिः कुण्डली सहसा भवेत् ॥
तदा सा मरणावस्था जायते द्विपुटाश्रया ॥ 12 ॥

ततः शनैः शनैरेव रेचयेन्नैव वेगतः ॥
महामुद्रां च तेनैव वदन्ति विबुधोत्तमाः ॥
इयं खलु महामुद्रा महासिद्धैः प्रदर्शिता ॥ 13 ॥

महाक्लेशादयो दोषाः क्षीयन्ते मरणादयः ॥
महामुद्रां च तेनैव वदन्ति विबुधोत्तमाः ॥ 14 ॥

चन्द्राङ्गे तु समभ्यस्य सूर्याङ्गे पुनरभ्यसेत् ॥
यावत्तुल्या भवेत्सङ्ख्या ततो मुद्रां विसर्जयेत् ॥ 15 ॥

नहि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः ॥
अपि भुक्तं विषं घोरं पीयूषमपि जीर्यति ॥ 16 ॥

क्षयकुष्ठगुदावर्तगुल्माजीर्णपुरोगमाः ॥
तस्य दोषाः क्षयं यान्ति महामुद्रां तु योऽभ्यसेत् ॥17॥

कथितेयं महामुद्रा महासिद्धिकरा नृणाम् ॥
गोपनीया प्रयत्नेन न देया यस्य कस्यचित् ॥18॥

अथ महाबन्धः ॥

पार्ष्णिं वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत् ॥
वामोरूपरि संस्थाप्य दक्षिणं चरणं तथा ॥ 19 ॥

पूरयित्वा ततो वायुं हृदये चुबुकं दृढम् ॥
निष्पीड्य वायुमाकुञ्च्य मनोमध्ये नियोजयेत् ॥20॥

धारयित्वा यथाशक्ति रेचयेदनिलं शनैः ॥
सव्याङ्गे तु समभ्यस्य दक्षाङ्गे पुनरभ्यसेत् ॥21॥

मतमत्र तु केषाञ्चित्कण्ठबन्धं विवर्जयेत् ॥
राजदन्तस्थजिह्वाया बन्धः शस्तो भवेदिति ॥22॥

अयं तु सर्वनाडीनामूर्ध्वं गतिनिरोधकः ।।
अयं खलु महाबन्धो महासिद्धिप्रदायकः ।।23।।

कालपाशमहाबन्धविमोचनविचक्षणः ।।
त्रिवेणीसङ्गमं धत्ते केदारं प्रापयेन्मनः ।।24।।

रूपलावण्यसम्पन्ना यथा स्त्री पुरुषं विना ।।
महामुद्रामहाबन्धौ निष्फलौ वेधवर्जितौ ।।25।।

अथ महावेधः ।।

महाबन्धस्थितो योगी कृत्वा पूरकमेकधीः ।।
वायूनां गतिमावृत्य निभृतं कण्ठमुद्रया ।।26।।

समहस्तयुगो भूमौ स्फिचौ सन्ताडयेच्छनैः ।।
पुटद्वयमतिक्रम्य वायुः स्फुरति मध्यगः ।।27।।

सोमसूर्याग्निसम्वन्धो जायते चामृताय वै ।।
मृतावस्था समुत्पन्ना ततो वायुं विरेचयेत् ।।28।।

महावेधोऽयमभ्यासान्महासिद्धिप्रदायकः ।।
वलीपलितवेपन्नः सेव्यते साधकोत्तमैः 29 ।।

एतत्त्रयं महागुह्यं जरामृत्युविनाशनम् ।।
वह्निवृद्धिकरं चैव ह्यणमादिगुणप्रदम् ।।30।।

अष्टधा क्रियते चैव यामे यामे दिने दिने ।।
पुण्यसम्भारसन्धायि पापौघभिदुरं सदा ।।
सम्यक्शिक्षावतामेवं स्वल्पं प्रथमसाधनम् ।।31।।

अथ खेचरी ।।

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतिगा ।।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ।।32।।

छेदनचालनदोहैः कलां क्रमेण वर्धयेत्तावत् ।।
सा यावद्भ्रूमध्यं स्पृशति तदा खेचरीसिद्धिः ।।33।।

स्नुहीपत्रनिभं शस्त्रं सुतीक्ष्णं स्निग्धनिर्मलम् ।।
समादाय ततस्तेन रोममात्रं समुच्छिनेत् ।।34।।

ततः सैन्धवपथ्याभ्यां चूर्णिताभ्यां प्रकर्षयेत् ।।
पुनः सप्तदिने प्राप्ते रोममात्रं समुच्छिनेत् ।।35।।

एवं क्रमेण षण्मासं नित्यं युक्तः समाचरेत् ॥
षण्मासाद्रसनामूलशिलाबन्धः प्रणश्यति ॥36॥

कलां पराङ्मुखीं कृत्वा त्रिपथे परियोजयेत् ॥
सा भवेत्खेचरी मुद्रा व्योमचक्रं तदुच्यते ॥37॥

रसनामूर्ध्वगां कृत्वा क्षणार्धमपि तिष्ठति ॥
विषैर्विमुच्यते योगी व्याधिमृत्युजरादिभिः ॥38॥

न रोगो मरणं तन्द्रा न निद्रा न क्षुधा तृषा ॥
न च मूर्च्छा भवेत्तस्य यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥39॥

पीड्यते न स रोगेण लिप्यते न च कर्मणा ॥
बाध्यते न स कालेन यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥40॥

चित्तं चरति खे यस्माज्जिह्वा चरति खे गता ॥
तेनैषा खेचरी नाम मुद्रा सिद्धैर्निरूपिता ॥41॥

खेचर्या मुद्रितं येन विवरं लम्बिकोर्ध्वतः ॥
न तस्य क्षरते बिन्दुः कामिन्याश्लेषितस्य च ॥42॥

ऊर्ध्वजिह्वः स्थिरो भूत्वा सोमपानं करोति यः ॥
मासार्धेन न सन्देहो मृत्युं जयति योगवित् ॥43॥

नित्यं सोमकलापूर्णं शरीरे यस्य योगिनः ॥
तक्षकेणापि दष्टस्य विषं तस्य न सर्पति ॥44॥

इन्धनानि यथा वह्निस्तैलवर्त्तिं च दीपकः ॥
तथा सोमकलापूर्णं देही देहं न मुञ्चति ॥45॥

गोमांसं भक्षयेन्नित्यं पिबेदमरवारुणीम् ॥
कुलीनं तमहं मन्ये इतरे कुलघातकाः ॥46॥

कृतार्थौ पितरौ तेन धन्यो देशः कुलं च तत् ।
जायते योगवान्यत्र दत्तमक्षय्यतां व्रजेत् ॥
दृष्टः सम्भाषितः स्पृष्टः पुम्प्रकृत्या विवेकवान् ।
पञ्चकोटिशतापातं पुनाति वृजिनं नृणाम् ॥
ब्रह्मवैवर्ते

गृहस्थानां सहस्रेण वानप्रस्थशतेन च ।
ब्रह्मचारिसहस्रेण योगाभ्यासी विशिष्यते ॥
ब्रह्माण्डे

राजयोगस्य माहात्म्यं को विजानाति तत्त्वतः ।
तज्ज्ञानी वसते यत्र सन्देशःपुण्यभाजनम् ।।
दर्शनादर्चनादस्य त्रिसप्तकुलसंयुताः ।
अज्ञा मुक्तिपदं यान्ति किं पुनस्तत्परायणाः ।।
अन्तर्योगं बहिर्योगं यो जानाति विशेषतः
त्वया मयाप्यसौ वन्द्यः शेषैर्वन्द्यस्तु का पुनः ।।
राजयोग, कूर्म्मपुराणे

एककालं द्विकालं वा त्रिकालं नित्यमेव वा ।
ये युञ्जते महायोगं विज्ञेयास्ते महेश्वराः ।।

गोशब्देनोदिता जिह्वा तत्प्रवेशो हि तालुनि ।।
गोमांसभक्षणं तत्तु महापातकनाशनम् ।।47।।

जिह्वाप्रवेशसम्भूतवह्निनोत्पादितः खलु ।।
चन्द्रात्स्रवति यः सारः स स्यादमरवारुणी ।।48।।

चुम्बन्ती यदि लम्बिकाग्रमनिशं जिह्वारसस्पन्दिनी
सक्षारा कटुकाम्लदग्धसदृशी मध्वाज्यतुल्या तथा ।।
व्याधीनां हरणं जरान्तकरणं शस्त्रागमोदीरणं
तस्य स्यादमरत्वमष्टगुणितं सिद्धाङ्गनाकर्षणम् ।।49।।

मूर्ध्नः षोडशपत्रपद्मगलितं प्राणादवाप्तं हठादूर्ध्वास्यो रसनां नियम्य विवरे शक्तिं परां चिन्तयन् ।। उत्कल्लोलकलाजलं च विमलं धारामयं यः पिबेन्निर्व्याधिः स मृणालकोमलवपुर्योगी चिरं जीवति ।।50।।

यत्प्रालेयं प्रहितसुषिरं मेरुमूर्धांतरस्थं
तस्मिंस्तत्त्वं प्रवदति सुधीस्तन्मुखं निम्नगानाम् ।।
चन्द्रात्सारः स्रवति वपुषस्तेन मृत्युर्नराणां
तद्बध्नीयात्सुकरणमथो नान्यथा कार्यसिद्धिः ।। 51।।

सुषिरं ज्ञानजनकं पञ्चस्रोतःसमन्वितम् ।।
तिष्ठते खेचरी मुद्रा तस्मिन् शून्ये निरञ्जने ।।52।।

एकं सृष्टिमयं बीजमेका मुद्रा च खेचरी ।।
एको देवो निरालम्ब एकाधस्था मनोन्मनी ।।53।।

अथोड्डीयानबन्धः ।।

बद्धो येन सुषुम्नायां प्राणस्तूड्डीयते यतः ।
तस्मादुड्डीयनाख्योऽयं योगिभिः समुदाहृतः ।।54।।

उड्डीनं कुरुते यस्मादविश्रान्तं महाखगः ॥
उड्डीयानं तदेव स्यात्तत्र बन्धोऽभिधीयते ॥55॥

उदरे पश्चिमं तानं नाभेरूर्ध्वं च कारयेत् ॥
उड्डीयानो ह्यसौ बन्धो मृत्युमातङ्गकेसरी ॥56॥

उड्डियानं तु सहजं गुरुणा कथितं सदा ॥
अभ्यसेत्सततं यस्तु वृद्धोऽपि तरुणायते ॥57॥

नाभेरूर्ध्वमधश्चापि तानं कुर्यात्प्रयत्नतः ॥
षण्मासमभ्यसेन्मृत्युं जयत्येव न संशयः ॥58॥

सर्वेषामेव बन्धानामुत्तमो ह्युड्डियानकः ॥
उड्डियाने दृढे बन्धे मुक्तिः स्वाभाविकी भवेत् ॥59॥

अथ मूलबन्धः ॥

पार्ष्णि भागेन सम्पीडय योनिमाकुञ्चयेद्गुदम् ॥
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोऽभिधीयते ॥60॥

अधोगतिमपानं वा ऊर्ध्वगं कुरुते बलात्
आकुञ्चनेन तं प्राहुर्मूलबन्धं हि योगिनः ॥61॥

गुदं पार्ष्ण्या तु सम्पीड्य वायुमाकुञ्चयेद् बलात् ॥
वारंबारं यथा वोर्ध्वं समायाति समीरणः ॥62॥

प्राणापानौ नादबिन्दू मूलबन्धेन चैकताम् ॥
गत्वा योगस्य संसिद्धिं गच्छतो नात्र संशयः ॥63॥

अपानप्राणयोरैक्यं क्षयो मूत्रपुरीषयोः ॥
युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूलबन्धनात् ॥64॥

अपाने ऊर्ध्वगे जाते प्रयाते वह्निमण्डलम् ॥
तदाऽनलशिखा दीर्घा जायते वायुनाऽहता ॥65॥

देहमध्ये शिखिस्थानं तप्तजाम्बूनदप्रभम् ।
त्रिकोणं तु मनुष्याणां चतुरस्रं चतुष्पदाम् ॥
मण्डलं तु पतङ्गानां सत्यमेतद्ब्रवीमि ते ।
तन्मध्ये तु शिखा तन्वी सदा तिष्ठति पावके ॥

याज्ञवल्क्ये—

ततो यातो वह्न्यपानौ प्राणमुष्णस्वरूपकम् ।
तेनात्यन्तप्रदीप्तस्तु ज्वलनो देहजस्तथा ॥66॥

तेन कुण्डलिनी सुप्ता सन्तप्ता सम्प्रबुध्यते ।
दण्डाहता भुजङ्गीव निश्वस्य ऋजुतां व्रजेत् ॥67॥

विलं प्रविष्टेव ततो ब्रह्मनाड्यन्तरं व्रजेत् ।
तस्मान्नित्यं मूलबन्धः कर्त्तव्यो योगिभिः सदा ॥68॥

अथ जालन्धरवन्धः ॥

कण्ठमाकुञ्च्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढम् ।
बन्धो जालन्धराख्योऽयं जरामृत्युविनाशकः ॥69॥

बध्नाति हि शिराजालमधोगामि नभोजलम् ।
ततो जालन्धरो बन्धः कण्ठदुःखौधनाशनः ॥70॥

जालन्धरे कृते बन्धे कण्ठसङ्कोचलक्षणे ।
न पीयूषं पतत्यग्नौ न च वायुः प्रकुप्यति ॥71॥

कण्ठसङ्कोचनेनैव द्वे नाड्यौ स्तम्भयेद्दृढम् ।
मध्यचक्रमिदं ज्ञेयं षोडशाधारबन्धनम् ॥72॥

अङ्गुष्ठगुल्फजानूरुसीवनीकण्ठलिङ्गनाभयः ।
हृद्ग्रीवा कण्ठदेशश्च लम्बिका नासिका तथा ॥
भ्रूमध्यं च ललाटं च मूर्धा च ब्रह्मरन्ध्रकम् ।
एते हि षोडशाधाराः कथिता योगिपुङ्गवैः ॥

मूलस्थानं समाकुञ्च्य उड्डीयानं तु कारयेत् ॥
इडां च पिङ्गलां बध्वा वाहयेत्पश्चिमे पथि ॥73॥

अनेनेन विधानेन प्रयाति पवनो लयम् ।
ततो न जायते मृत्युर्जरारोगादिकं तथा ॥74॥

बन्धत्रयमिदं श्रेष्ठं महासिद्धैश्च सेवितम् ।
सर्वेषां हठतन्त्राणां साधनं योगिनो विदुः ॥75॥

यत्किञ्चित्स्रवते चन्द्रादमृतं दिव्यरूपिणः ।
तत्सर्वं ग्रसते सूर्यस्तेन पिण्डो जरायुतः ॥76॥

तत्रास्ति करणं दिव्यं सूर्यस्य मुखवञ्चनम् ।
गुरूपदेशतो ज्ञेयं न तु शास्त्रार्थकोटिभिः ॥77॥

अथ विपरीतकरणी ॥

ऊर्ध्वं नाभेरधस्तालोरूर्ध्वं भानुरधः शशी ।
करणी विपरीताख्या गुरुवाक्येन लभ्यते ॥78॥

नित्यमभ्यासयुक्तस्य जठराग्निविवर्धिनी।
आहारो बहुलस्तस्य सम्पाद्यः साधकस्य च ॥
अल्पाहारो यदि भवेदग्निर्दहति तत्क्षणात् ॥79॥

अधःशिराश्चोर्ध्वपादः क्षणं स्यात्प्रथमे दिने ॥
क्षणाच्च किञ्चिदधिकमभ्यसेच्च दिने दिने ॥80॥

वलितं पलितं चैव षण्मासोर्ध्वं न दृश्यते ॥
याममात्रं तु यो नित्यमभ्यसेत्स तु कालजित् ॥ 81॥

अथ वज्रोली ॥

स्वेच्छया वर्तमानोऽपि योगोक्तैर्नियमैर्विना।
वज्रोलीं यो विजानाति स योगी सिद्धिभाजनम् ॥82॥

तत्र वस्तुद्वयं वक्ष्ये दुर्लभं यस्य कस्यचित्।
क्षीरं चैकं द्वितीयं तु नारी च वशवर्तिनी ॥83॥

मेहनेन शनैः सम्यगूर्ध्वाकुञ्चनमभ्यसेत् ॥
पुरुषोऽप्यथवा नारी वज्रोलीसिद्धिमाप्नुयात् ॥84॥

यत्नतः शस्तनालेन फूत्कारं वज्रकन्दरे।
शनैः शनैः प्रकुर्वीत वायुसञ्चारकारणात् ॥85॥

नारीभगे पतद्बिन्दुमभ्यासेनोर्ध्वमाहरेत्।
चलितं च निजं बिन्दुमूर्ध्वमाकृष्य रक्षयेत् ॥86॥

एवं संरक्षयेद् बिन्दुं मृत्युं जयति योगवित्।
मरणं बिन्दुपातेन जीवनं बिन्दुधारणात् ॥87॥

सुगन्धो योगिनो देहे जायते बिन्दुधारणात्।
यावद् बिन्दुः स्थिरो देहे तावत्कालभयं कुतः ॥88॥

चित्तायत्तं नृणां शुक्रं शुक्रायत्तं च जीवितम्।
तस्माच्छुक्रं मनश्चैव रक्षणीयं प्रयत्नतः ॥89॥

अथ सहजोलिः ॥

सहजोलिश्चामरोलिर्वज्रोल्या भेद एकतः।
जलेषु भस्म निक्षिप्य दग्धगोमयसम्भवम् ॥90॥

वज्रोलीमैथुनादूर्ध्वं स्त्रीपुंसोः स्वाङ्गलेपनम् ॥
आसीनयोः सुखेनैव मुक्तव्यापकयोः क्षणात् ॥91॥

सहजोलिरियं प्रोक्ता श्रद्धेया योगिभिः सदा ॥
अयं शुभकरो योगो भोगयुक्तोऽपि मुक्तिदः ॥92॥

अयं योगः पुण्यवतां धीराणां तत्त्वदर्शिनाम् ॥
निर्मत्सराणां सिध्येत न तु मत्सरशालिनाम् ॥93॥

अथामरोली ॥

पित्तोल्वणत्वात्प्रथमाम्बुधारां विहाग निसारतयान्त्यधारा ।
निषेव्यते शीतलमध्यधारा कापालिके खण्डमतेऽमरोली ॥94॥

अमरीं यः पिबेन्नित्यं नस्यं कुर्वन् दिने दिने ॥
वज्रोलीमभ्यसेत्सम्यगमरोलीति कथ्यते ॥95॥

अभ्यासान्निःसृतां चान्द्रीं विभूत्या सह मिश्रयेत् ॥
धारयेदुत्तमाङ्गेषु दिव्यदृष्टिः प्रजायते ॥96॥

अथ शक्तिचालनम् ॥

कुटिलाङ्गी कुण्डलिनी भुजङ्गी शक्तिरीश्वरी ॥
कुंण्डल्यरुन्धती चैते शब्दाः पर्यायवाचकाः ॥97॥

उद्घाटयेत्कपाटं तु यथा कुञ्चिकया हठात् ॥
कुण्डलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं विभेदयेत् ॥98॥

येन मार्गेण गन्तव्यं ब्रह्मस्थानं निरामयम् ॥
मुखेनाच्छाद्य तद्द्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी ॥99॥

कन्दोर्ध्वं कुण्डली शक्तिः सुप्ता मोक्षाय योगिनाम् ॥
बन्धनाय च मूढानां यस्तां वेत्ति स योगवित् ॥100॥

कुण्डली कुटिलाकारा सर्पवत्परिकीर्तिता ॥
सा शक्तिश्चालिता येन स मुक्तो नात्र संशयः ॥101॥

गङ्गायमुनयोर्मध्ये बालरण्डा तपस्विनी ॥
बलात्कारेण गृह्णीयात्तद्विष्णोः परमं पदम् ॥102॥

इडा भगवती गङ्गा पिङ्गला यमुना नदी ॥
इडापिङ्गलयोर्मध्ये बालरण्डा च कुण्डली ॥103॥

पुच्छे प्रगृह्य भुजगीं सुप्तामुद्बोधयेच्च ताम् ॥
निद्रां विहाय सा शक्तिरूर्ध्वमुत्तिष्ठते हठात् ॥104॥

अवस्थिता चैव फणावती सा प्रातश्च सायं प्रहरार्धमात्रम् ॥
प्रपूर्य सूर्यात्परिधानयुक्त्या प्रगृह्य नित्यं परिचालनीया ॥105॥

ऊर्ध्वं वितस्तिमात्रं तु विस्तारं चतुरङ्गुलम् ॥
मृदुलं धवलं प्रोक्तं वेष्टिताम्बरलक्षणम् ॥106॥

सति वज्रासने पादौ कराभ्यां धारयेद् दृढम् ॥
गुल्फदेशसमीपे च कन्दं तत्र प्रपीडयेत् ॥107॥

वज्रासने स्थितो योगी चालयित्वा च कुण्डलीम् ॥
कुर्यादनन्तरं भस्त्रां कुण्डलीमाशु बोधयेत् ॥108॥

भानोराकुञ्चनं कुर्यात्कुण्डलीं चालयेत्ततः ॥
मृत्युवक्त्रगतस्यापि तस्य मृत्युभयं कुतः ॥109॥

मुहूर्तद्वयपर्यन्तं निर्भयं चालनादसौ ॥
ऊर्ध्वमाकृष्यते किञ्चित्सुषुम्नायां समुद्गता ॥110॥

तेन कुण्डलिनी तस्याः सुषुम्नायां मुखं ध्रुवम् ॥
जहाति तस्मात्प्राणोऽयं सुषुम्नां व्रजति स्वतः ॥111॥

तस्मात्सञ्चालयेन्नित्यं सुखसुप्तामरुन्धतीम् ॥
तस्माः सञ्चालनेनैव योगी रोगैः प्रमुच्यते ॥112॥

येन सञ्चालिता शक्तिः स योगी सिद्धिभाजनम् ॥
किमत्र बहुनोक्तेन कालं जयति लीलया ॥113॥

ब्रह्मचर्यरतस्यैव नित्यं हितमिताशिनः ॥
मण्डलाद्दृश्यते सिद्धिः कुण्डल्याभ्यासयोगिनः ॥114॥

कुण्डलीं चालयित्वा तु भस्त्रां कुर्याद्विशेषतः ॥
एवमभ्यसतो नित्यं यमिनो यमभीः कुतः ॥115॥

द्वासप्ततिसहस्राणां नाडीनां मलशोधने ।
कुतः प्रक्षालनोपायः कुण्डल्यभ्यसनादृते ॥116॥

इयं तु मध्यमा नाडी दृढाभ्यासेन योगिनाम् ।
आसनप्राणसंयाममुद्राभिः सरला भवेत् ॥117॥

अभ्यासे तु विनिद्राणां मनो धृत्वा समाधिना ।
रुद्राणी वा यदा मुद्राभद्रां सिद्धिं प्रयच्छति ॥118॥

राजयोगं विना पृथ्वी राजयोगं विना निशा ।
राजयोगं विना मुद्रा विचित्रापि न शोभते ।।119।।

मारुतस्य विधिं सर्वं मनोयुक्तं समभ्यसेत् ।
इतरत्र न कर्तव्या मनोवृत्तिर्मनीषिणा ।।120।।

इति मुद्रा दश प्रोक्ता आदिनाथेन शम्भुना ।
एकैका तासु यमिनां महासिद्धिप्रदायिनी ।।121।।

उपदेशं हि मुद्राणां यो दत्ते साम्प्रदायिकम् ।
स एव श्रीगुरुः स्वामी साक्षादीश्वर एव सः ।।122।।

तस्य वाक्यपरो भूत्वा मुद्राभ्यासे समाहितः ।
अणिमादिगुणैः सार्धं लभते कालवञ्चनम् ।।123।।

इति हठप्रदीपिकायां तृतीयोपदेशः ।।3।।

# चतुर्थोपदेशः ।

नमः शिवाय गुरवे नादबिन्दुकलात्मने ।
निरञ्जनपदं याति नित्यं यत्र परायणः ॥1॥

अथेदानीं प्रवक्ष्यामि समाधिक्रममुत्तमम् ॥
मृत्युघ्नं च सुखोपायं ब्रह्मानन्दकरं परम् ॥2॥

राजयोगसमाधिश्च उन्मनी च मनोन्मनी ।
अमरत्वं लयस्तत्त्वं शून्याशून्यं परं पदम् ॥3॥

अमनस्कं तथा द्वैतं निरालम्बं निरञ्जनम् ।
जीवन्मुक्तिश्च सहजा तुर्या चेत्येकवाचकाः ॥4॥

सलिले सैन्धवं यद्वत्साम्यं भजति योगतः ।
तथात्ममनसोरैक्यं समाधिरभिधीयते ॥5॥

यदा संक्षीयते प्राणो मानसं च प्रलीयते ।
तदा समरसत्वं च समाधिरभिधीयते ॥6॥

तत्समं च द्वयोरैक्यं जीवात्मपरमात्मनोः ।
प्रनष्टसर्वसङ्कल्पः समाधिः सोऽभिधीयते ॥7॥

राजयोगस्य माहात्म्यं को वा जानाति तत्त्वतः ।
ज्ञानं मुक्तिः स्थितिः सिद्धिर्गुरुवाक्येन लभ्यते ॥8॥

दुर्लभो विषयत्यागो दुर्लभं तत्त्वदर्शनम् ।
दुर्लभा सहजावस्था सद्गुरोः करुणां विना ॥9॥

विविधैरासनैः कुम्भैर्विचित्रैः करणैरपि ।
प्रबुद्धायां महाशक्तौ प्राणः शून्ये प्रलीयते ॥10॥

उत्पन्नशक्तिबोधस्य त्यक्तनिःशेषकर्मणः ।
योगिनः सहजावस्था स्वयमेव प्रजायते ॥11॥

सुषुम्नावाहिनि प्राणे शून्ये विशति मानसे ।
तदा सर्वाणि कर्माणि निर्मूलयति योगवित् ॥12॥

अमराय नमस्तुभ्यं सोऽपि कालस्त्वया जितः ।
पतितं वदने यस्य जगदेतच्चराचरम् ॥13॥

चित्ते समत्वमापन्ने वायौ व्रजति मध्यमे ।
तदामरोली वज्रोली सहजोली प्रजायते ॥14॥

ज्ञानं कुतो मनसि सम्भवतीह तावत्
प्राणोऽपि जीवति मनो म्रियते न यावत् ।
प्राणो मनो द्वयमिदं विलयं नयेद्यो
मोक्षं स गच्छति नरो न कथञ्चिदन्यः ॥15॥

ज्ञात्वा सुषुम्नासद्भेदं कृत्वा वायुं च मध्यगम् ॥
स्थित्वा सदैव सुस्थाने ब्रह्मरन्ध्रे निरोधयेत् ॥16॥

सूर्याचन्द्रमसौ धत्तः कालं रात्रिन्दिवात्मकम् ॥
भोक्त्री सुषुम्ना कालस्य गुह्यमेतदुदाहृतम् ॥17॥

द्वासप्ततिसहस्राणि नाडीद्वाराणि पञ्जरे ॥
सुषुम्ना शाम्भवी शक्तिः शेषास्त्वेव निरर्थका ॥18॥

वायुः परिचितो यस्मादग्निना सह कुण्डलीम् ॥
बोधयित्वा सुषुम्नायां प्रविशेदनिरोधतः ॥19॥

सुषुम्ना वाहिनि प्राणे सिद्ध्यत्येव मनोन्मनी ॥
अन्यथा त्वितराभ्यासाः प्रयासायैव योगिनाम् ॥20॥

पवनो बध्यते येन मनस्तेनैव बध्यते ॥
मनश्च बध्यते येन पवनस्तेन बध्यते ॥21॥

हेतुद्वयं तु चित्तस्य वासना च समीरणः ॥
तयोर्विनष्ट एकस्मिन्तौ द्वावपि नश्यतः ॥22॥

मनो यत्र विलीयेत पवनस्तत्र लीयते ॥
पवनो लीयते यत्र मनस्तत्र विलीयते ॥23॥

दुग्धाम्बुवत्सम्मिलितावुभौ तौ तुल्यक्रियौ मानसमारुतौ हि ॥
यतो मरुत्तत्र मनः प्रवृत्तिर्यतो मनस्तत्र मरुत्प्रवृत्तिः ॥24॥

तत्रैकनाशादपरस्य नाश एकप्रवृत्तेरपरप्रवृत्तिः ॥
अध्वस्तयोश्चेन्द्रियवर्गवृत्तिः प्रध्वस्तयोर्मोक्षपदस्य सिद्धिः ॥25॥

रसस्य मनसश्चैव चञ्चलत्वं स्वभावतः ॥
रसो बद्धो मनो बद्धं किन्न सिद्ध्यति भूतले ॥26॥

मूर्च्छितो हरते व्याधीन्मृतो जीवयति स्वयम् ॥
बद्धः खेचरतां धत्ते रसो वायुश्च पार्वति ॥27॥

मनः स्थैर्ये स्थिरो वायुस्ततो बिन्दुः स्थिरो भवेत् ॥
बिन्दुस्थैर्यात्सदा सत्त्वं पिण्डस्थैर्यं प्रजायते ॥28॥

इन्द्रियाणां मनो नाथो मनोनाथस्तु मारुतः ॥
मारुतस्य लयो नाथः स लयो नादमाश्रितः ॥ 29 ॥

सोऽयमेवास्तु मोक्षाख्यो मास्तु वापि मतान्तरे ॥
मनः प्राणलये कश्चिदानन्दः सम्प्रवर्तते ॥ 30 ॥

प्रनष्टश्वासनिश्वासः प्रध्वस्तविषयग्रहः ॥
निश्चेष्टो निर्विकारश्च लयो जयति योगिनाम् ॥ 31 ॥

उच्छिन्नसर्वसङ्कल्पो निःशेषाशेषचेष्टितः ॥
स्वावगम्यो लयः कोऽपि जायते वागगोचरः ॥ 32 ॥

लयो लय इति प्राहुः कीदृशं लयलक्षणम् ॥
अपुनर्वासनोत्थानाल्लयो विषयविस्मृतिः ॥ 33 ॥

## अथ शाम्भवी मुद्रा

वेदशास्त्रपुराणानि सामान्यगणिका इव ॥
एकैव शाम्भवी मुद्रा गुप्ता कुलवधूरिव ॥ 34 ॥

अन्तर्लक्ष्यं बहिर्दृष्टिर्निमेषोन्मेषवर्जिता ॥
एषा सा शाम्भवी मुद्रा वेदशास्त्रेषु गोपिता ॥ 35 ॥

अन्तर्लक्ष्यविलीनचित्तपवनो योगी यदा वर्तते
दृष्ट्या निश्चलतारया बहिरधः पश्यन्नपश्यन्नपि ॥
मुद्रेयं खलु शाम्भवी भवति सा लब्धा प्रसादाद् गुरोः
शून्याशून्यविलक्षणं स्फुरति तत्तत्वं परं शाम्भवम् ॥ 36 ॥

श्रीशाम्भव्याश्च खेचर्या अवस्थाधामभेदतः ॥
भवेच्चित्तलयानन्दः शून्ये चित्सुखरूपिणि ॥ 37 ॥

अथोन्मनी ॥

तारे ज्योतिषि संयोज्य किञ्चिदुन्नमयेद् भ्रुवौ ॥
पूर्वयोगं मनो युञ्जन्नुन्मनीकारकः क्षणात् ॥ 38 ॥

केचिदागमजालेन केचिन्निगमसङ्कुलैः ॥
केचित्तर्केण मुह्यन्ति नैव जानन्ति तारकम् ॥ 39 ॥

अर्धोन्मीलितलोचनः स्थिरमना नासाग्रदत्तेक्षणः
चन्द्रार्कावपि लीनतामुपनयन्निस्पन्दभावेन यः ॥
ज्योतीरूपमशेषबीजमखिलं देदीप्यमानं परं
तत्त्वं तत्पदमेति वस्तु परमं वाच्यं किमत्राधिकम् ॥ 40 ॥

दिवा न पूजयेल्लिङ्गं रात्रौ चैव न पूजयेत् ॥
सर्वदा पूजयेल्लिङ्गं दिवारात्रिनिरोधतः ॥ 41 ॥

अथ खेचरी ॥

सव्यदक्षिणनाडिस्थो मध्ये चरति मारुतः ॥
तिष्ठते खेचरी मुद्रा तस्मिन् स्थाने न संशयः ॥ 42 ॥

इडापिङ्गलयोर्मध्ये शून्यं चैवानिलं ग्रसेत् ॥
तिष्ठते खेचरी मुद्रा तत्र सत्यं पुनः पुनः ॥ 43 ॥

सूर्याचन्द्रमसोर्मध्ये निरालवान्तरं पुनः ॥
संस्थिता व्योमचक्रे या सा मुद्रा नाम खेचरी ॥ 44 ॥

सोमाद्यत्रोदिता धारा साक्षात्सा शिववल्लभा ॥
पूरयेदतुलां दिव्यां सुषुम्नां पश्चिमे मुखे ॥ 45 ॥

पुरस्ताच्चैव पूर्येत निश्चिता खेचरी भवेत् ।
अभ्यस्ता खेचरी मुद्राप्युन्मनी सम्प्रजायते । 46 ॥

भ्रुवोर्मध्ये शिवस्थानं मनस्तत्र विलीयते ।
ज्ञातव्यं तत्पदं तुर्यं तत्र कालो न विद्यते । 47 ॥

अभ्यसेत्खेचरीं तावद्यावत्स्याद्योगनिद्रितः ।
सम्प्राप्तयोगनिद्रस्य कालो नास्ति कदाचन ॥ 48 ॥

निरालम्बं मनः कृत्वा न किञ्चिदपि चिन्तयेत् ।
स बाह्याभ्यन्तरे व्योम्नि घटवत्तिष्ठति ध्रुवम् ॥ 49

बाह्यवायुर्यथा लीनस्तथा मध्ये न संशयः ।
स्वस्थाने स्थिरतामेति पवनो मनसा सह ॥ 50

एवमभ्यसमानस्य वायुमार्गे दिवानिशम् ।
अभ्यासाज्जीर्यते वायुर्मनस्तत्रैव लीयते ॥ 51 ॥

अमृतैः प्लावयेद्देहमापादतलमस्तकम् ।
सिध्यत्येव महाकायो महाबलपराक्रमः ॥ 52 ॥

इति खेचरी ॥

शक्तिमध्ये मनः कृत्वा शक्तिं मानसमध्यगाम् ।
मनसा मन आलोक्य धारयेत्परमं पदम् ॥ 53 ॥

खमध्ये कुरु चात्मानमात्ममध्ये च खं कुरु ।
सर्वं च खमयं कृत्वा न किञ्चिदपि चिन्तयेत् ॥ 54 ॥

अन्तः शून्यो बहिः शून्यः शून्यः कुम्भ इवाम्बरे ॥
अन्तः पूर्णो बहिः पूर्णः पूर्णः कुम्भ इवार्णवे ॥ 55 ॥

बाह्यचिन्ता न कर्तव्या तथैवान्तरचिन्तनम् ।
सर्वचिन्तां परित्यज्य न किञ्चिदपि चिन्तयेत् ॥ 56 ॥

सङ्कल्पमात्रकलनैव जगत्समग्रं
सङ्कल्पमात्रकलनैव मनोविलासः ।
सङ्कल्पमात्रमतिमुत्सृज निर्विकल्प-
माश्रित्य निश्चयमवाप्नुहि राम शान्तिम् ॥57॥

कर्पूरमनले यद्वत्सैन्धवं सलिले तथा ।
तथा सन्धीयमानं च मनस्तत्त्वे विलीयते ॥ 58 ॥

ज्ञेयं सर्वं प्रतीतं च ज्ञानं च मन उच्यते ।
ज्ञानं ज्ञेयं समं नष्टं नान्यः पन्था द्वितीयकः ॥ 59 ॥

मनोदृश्यमिदं सर्वं यत्किञ्चित्सचराचरम् ।
मनसो ह्युन्मनीभावाद्द्वैतं नैवोपलभ्यते ॥ 60 ॥

ज्ञेयवस्तुपरित्यागाद्विलयं याति मानसम् ।
मनसो विलये जाते कैवल्यमवशिष्यते ॥ 61 ॥

एवं नानाविधोपायाः सम्यक् स्वानुभवान्विताः ।
समाधिमार्गाः कथिताः पूर्वाचार्यैर्महात्मभिः ॥ 62 ॥

सुषुम्नायै कुण्डलिन्यै सुधायै चन्द्रजन्मने ।
मनोन्मन्यै नमस्तुभ्यं महाशक्त्यै चिदात्मने ॥ 63 ॥

अशक्यतत्त्वबोधानां मूढानामपि सम्मतम् ।
प्रोक्तं गोरक्षनाथेन नादोपासनमुच्यते ॥ 64 ॥

श्रीआदिनाथेन सपादकोटिलयप्रकाराः कथिता जयन्ति ।
नादानुसन्धानकमेकमेव मन्यामहे मुख्यतमं लयानाम् ॥ 65 ॥

मुक्तासने स्थितो योगी मुद्रां सन्ध्याय शाम्भवीम् ।
शृणुयाद्दक्षिणे कर्णे नादमन्तस्थमेकधीः ॥ 66 ॥

श्रवणपुटनयनयुगलघ्राणमुखानां निरोधनं कार्यम् ॥
शुद्धासुषुम्नासरणौ स्फुटममलः श्रूयते नादः ॥ 67 ॥

आरम्भश्च घटश्चैव तथा परिचयोऽपि च ।
निष्पत्तिः सर्वयोगेषु स्यादवस्थाचतुष्टयम् ॥ 68 ॥

अथारम्भावस्था ॥

ब्रह्मग्रन्थेर्भवेद्भेदोत्थानन्दः शून्यसम्भवः ।
विचित्रः क्वणको देहेऽनाहतः श्रूयते ध्वनिः ॥ 69 ॥

दिव्यदेहश्च तेजस्वी दिव्यगन्धस्त्वरोगवान् ।
सम्पूर्णहृदयः शून्य आरम्भो योगवान् भवेत् ॥ 70

अथ घटावस्था ॥

द्वितीयायां घटीकृत्य वायुर्भवति मध्यगः ।
दृढासनो भवेद्योगी ज्ञानी देवसमस्तदा ॥71॥

विष्णुग्रन्थेस्ततो भेदात्परमानन्दसूचकः ।
अतिशून्ये विमर्दश्च भेरीशब्दस्तथा भवेत् ॥ 72 ॥

अथ परिचयावस्था ॥

तृतीयायां तु विज्ञेयो विहायोमर्दलध्वनिः ।
महाशून्यं तदा याति सर्वसिद्धिसमाश्रयम् ॥ 73 ॥

चित्तानन्दं तदा जित्वा सहजानन्दसम्भवः ।
दोषदुःखजराव्याधिक्षुधानिद्राविवर्जितः ॥ 74 ॥

रुद्रग्रन्थिं यदा भित्वा शर्वपीठगतोऽनिलः ।
निष्पत्तौ वैणवः शब्दः क्वणद्वीणाक्वणो भवेत् ॥ 75 ॥

एकीभूतं तदा चित्तं राजयोगाभिधानकम् ।
सृष्टिसंहारकर्तासौ योगीश्वरसमो भवेत् ॥ 76 ॥

अस्तु वा मास्तु वा मुक्तिरत्रैवाखण्डितं सुखम् ।
लयोद्भवमिदं सौख्यं राजयोगादवाप्यते ॥ 77 ॥

राजयोगमजानन्तः केवलं हठकर्मिणः ।
एतानभ्यासिनो मन्ये प्रयासफलवर्जितान् ॥ 78 ॥

उन्मन्यवाप्तये शीघ्रं भ्रूध्यानं मम सम्मतम् ।
राजयोगपदं प्राप्तं सुखोपायोऽल्पचेतसाम् ॥
सद्यः प्रत्ययसन्धायी जायते नादजो लयः ॥ 79 ॥

नादानुसन्धानसमाधिभाजां योगीश्वराणां हृदि वर्धमानम् ।
आनन्दमेकं वचसामगम्यं जानाति तं श्रीगुरुनाथ एकः ॥ 80 ॥

कर्णौ पिधाय हस्ताभ्यां यं शृणोति ध्वनिं मुनिः ।
तत्र चित्तं स्थिरीकुर्याद्यावत्स्थिरपदं व्रजेत् ॥ 81 ॥

अभ्यस्यमानो नादोऽयं बाह्यमावृणुते ध्वनिम् ॥
पक्षाद्विक्षेपमखिलं जित्वा योगी सुखी भवेत् ॥ 82 ॥

श्रूयते प्रथमाभ्यासे नादो नानाविधो महान् ।
ततोऽभ्यासे वर्धमाने श्रूयते बहुसूक्ष्मकः ॥ 83 ॥

आदौ जलधिजीमूतभेरीझर्झरसम्भवाः ।
मध्ये मर्दलशङ्खोत्था घण्टाकाहलजास्तथा ॥ 84 ॥

अन्ते तु किङ्किणीवंशवीणाभ्रमरनिःस्वनाः ।
इति नानाविधा नादाः श्रूयन्ते देहमध्यगाः 85 ॥

महति श्रूयमाणेऽपि मेघभेर्यादिके ध्वनौ ।
तत्र सूक्ष्मात्सूक्ष्मतरं नादमेव परामृशेत् ॥ 86 ॥

घनमुत्सृज्य वा सूक्ष्मे सूक्ष्ममुत्सृज्य वा घने ।
रममाणमपि क्षिप्तं मनो नान्यत्र चालयेत् ॥ 87 ॥

यत्रकुत्रापि वा नादे लगति प्रथमं मनः ॥
तत्रैव सुस्थिरीभूय तेन सार्धं विलीयते ॥ 88 ॥

मकरन्दं पिबन् भृङ्गो गन्धं नापेक्षते यथा ॥
नादासक्तं तथा चित्तं विषयान्नहि काङ्क्षते ॥ 89 ॥

मनोमत्तगजेन्द्रस्य विषयोद्यानचारिणः ॥
नियमने समर्थोऽयं निनादनिशिताङ्कुशः ॥ 90 ॥

बद्धं तु नादबन्धेन मनः सन्त्यक्तचापलम् ॥
प्रयाति सुतरां स्थैर्यं छिन्नपक्षः खगो यथा ॥ 91 ॥

सर्वचिन्तां परित्यज्य सावधानेन चेतसा ॥
नाद एवानुसन्धेयो योगसाम्राज्यमिच्छता ॥ 92 ॥

नादोऽन्तरङ्गसारङ्गबन्धने वागुरायते ॥
अन्तरङ्गकुरङ्गस्य वधे व्याधायतेऽपि च ॥ 93 ॥

अन्तरङ्गस्य यमिनो वाजिनः परिघायते ॥
नादोपास्तिरतो नित्यमवधार्या हि योगिना ॥ 94 ॥

बद्धं विमुक्तचाञ्चल्यं नादगन्धकजारणात् ॥
मनः पारदमाप्नोति निरालम्बाख्यखेटनम् ॥ 95 ॥

नादश्रवणतः क्षिप्रमन्तरङ्गभुजङ्गमः ॥
विस्मृत्य सर्वमेकाग्रः कुत्रचिन्नहि धावति ॥ 96 ॥

काष्ठे प्रवर्तितो वह्निः काष्ठेन सह शाम्यति ॥
नादे प्रवर्तितं चित्तं नादेन सह लीयते ॥ 97 ॥

घण्टादिनादसक्तस्तब्धान्तःकरणहरिणस्य ॥
प्रहरणमपि सुकरं शरसन्धानप्रवीणश्चेत् ॥98॥

अनाहतस्य शब्दस्य ध्वनिर्य उपलभ्यते ॥
ध्वनेरन्तर्गतं ज्ञेयं ज्ञेयस्यान्तर्गतं मनः ॥
मनस्तत्र लयं याति तद्विष्णोः परमं पदम् ॥ 99 ॥

तावदाकाशसङ्कल्पो यावच्छब्दः प्रवर्तते ॥
निःशब्दं तत्परं ब्रह्म परमात्मेति गीयते ॥ 100 ॥

यत्किञ्चिन्नादरूपेण श्रूयते शक्तिरेव सा ॥
यस्तत्त्वान्तो निराकारः स एव परमेश्वरः ॥ 101 ॥

सर्वे हठलयोपाया राजयोगस्य सिद्धये ॥
राजयोगसमारूढः पुरुषः कालवञ्चकः ॥ 102 ॥

तत्त्वं बीजं हठः क्षेत्रमौदासीन्यं जलं त्रिभिः ॥
उन्मनी कल्पलतिका सद्य एव प्रवर्तते ॥ 103 ॥

सदा नादानुसन्धानात् क्षीयन्ते पापसञ्चयाः ॥
निरञ्जने विलीयेते निश्चितं चित्तमारुतौ ॥ 104 ॥

शङ्खदुन्दुभिनादं च न शृणोति कदाचन ॥
काष्ठवज्जायते देह उन्मन्यवस्थया ध्रुवम् ॥ 105 ॥

सर्वावस्थाविनिर्मुक्तः सर्वचिन्ताविवर्जितः ॥
मृतवत्तिष्ठते योगी स मुक्तो नात्र संशयः ॥ 106 ॥

खाद्यते न च कालेन बाध्यते न च कर्मणा ॥
साध्यते न स केनापि योगी युक्तः समाधिना ॥ 107 ॥

न गन्धं न रसं रूपं न च स्पर्शं न निःस्वनम् ॥
नात्मानं न परं वेत्ति योगी युक्तः समाधिना ॥ 108 ॥

चित्तं न सुप्तं नोजाग्रत्स्मृतिविस्मृतिवर्जितम् ॥
न चास्तमेति नोदेति यस्यासौ मुक्त एव सः ॥ 109 ॥

न विजानाति शीतोष्णं न दुःखं न सुखं तथा ॥
न मानं नापमानं च योगी युक्तः समाधिना ॥ 110 ॥

स्वस्थो जाग्रदवस्थायां सुप्तवद्योऽवतिष्ठते ।।
निःश्वासोच्छ्वासहीनश्च निश्चितं मुक्त एव सः ।। 111 ।।

अवध्यः सर्वशस्त्राणामशक्यः सर्वदेहिनाम् ।।
अग्राह्यो मन्त्रयन्त्राणां योगी युक्तः समाधिना ।। 112 ।।

यावन्नैव प्रविशति चरन्मारुतो मध्यमार्गे
यावद्विन्दुर्न भवति दृढप्राणवातप्रबन्धात् ।
यावद्ध्याने सहजसदृशं जायते नैव तत्त्वं
तावज्ज्ञानं वदति तदिदं दम्भमिथ्याप्रलापः ।। 113 ।।

इति हठप्रदीपिकायां समाधिलक्षणं नाम चतुर्थोपदेशः ।। 4 ।।

---

**नोट**—मुख्य सन्दर्भ ग्रन्थ सूची के क्रम

क्रम संख्या 9 में 6 के स्थान पर 7
,, ,, 31 में 20 के स्थान पर 21
,, ,, 34 में 20 के स्थान पर 21
,, ,, 64 में 45 के स्थान पर 46
,, ,, 65 में 48 के स्थान पर 49 पाठ पढ़ा जाये ।

# श्लोकानुक्रमणी

(क्ष)



(ख)



(ग)



(घ)



(च)

(छ)



(ज)



(ज्ञ)



(त)



(द)



(ध)

(न)



(प)



(ब)

(भ)



(म)



(य)

(ह)

# अनुक्रमणी

## सांख्य-दर्शन का इतिहास

**अनु० — डॉ० शिव कुमार**

प्रस्तुत पुस्तिका ए० बी० कीथ की **The Sāṁkhya System** नामक पुस्तक का अनुवाद है। कीथ की यह पुस्तक प्राचीनता, सारगर्भितता, विशदता एवं सर्वाङ्गीण विवेचन के उपरान्त भी आङ्गल भाषा में होने के कारण सांख्य दर्शन के अध्येताओं का यथोचित ध्यान आकर्षित नहीं कर सकी। अतः इसका हिन्दी अनुवाद आवश्यक समझा गया।

विषय की विविधता के आधार पर पुस्तक को आठ अध्यायों में विभक्त किया गया है। **प्रथम अध्याय** में उपनिषदों में उपलब्ध सांख्य का वर्णन है। **दूसरे अध्याय** में सांख्य और बौद्ध दर्शन का ऐतिहासिक और तुलनात्मक अध्ययन है। **तीसरे अध्याय** में विकसनशील महाकाव्यों में सांख्य के स्वरूप का विवेचन है। **चतुर्थ अध्याय** में सांख्य और योग का काल-क्रम की दृष्टि से तुलनात्मक अध्ययन है। **पांचवें अध्याय** में सांख्य के एक प्राचीन परन्तु अनुपलब्ध ग्रन्थ षष्टितन्त्र का विवेचन है। **छठे अध्याय** में ग्रीक और सांख्य दर्शन का तुलनात्मक अध्ययन है। **सातवें अध्याय** में सांख्य-कारिका और **अन्तिम आठवें अध्याय** में उत्तरवर्ती सांख्य-दार्शनिकों के योगदान का विवेचन है। आशा है प्रस्तुत अनुवाद कीथ के विचारों को हिन्दी माध्यम से सांख्य दर्शन के अध्येताओं तक सुगमता से प्रेषित कर सकेगा।

**मूल्य : रु० ५०.००**

# मुद्रा

# विज्ञान एवं साधना

श्यामाकान्त द्विवेदी 'आनन्द'

# मुद्रा
# विज्ञान एवं साधना

[illegible] द्विवेदी 'आनन्द'

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
वाराणसी

॥ श्रीः॥

चौखम्बा सुरभारती ग्रन्थमाला
३९०

# मुद्रा : विज्ञान एवं साधना

( नित्यकर्मीय एवं तान्त्रिक मुद्राओं का सर्वाङ्गपूर्ण विवेचन )

डॉ० श्यामाकान्त द्विवेदी 'आनन्द'

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
वाराणसी

प्रकाशक

**© चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन**

( भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक )

के० ३७/११७, गोपालमन्दिर लेन

पो० बा० नं० ११२९, वाराणसी-२२१००१

दूरभाष : २३३५२६३; २३३३४३१



प्रथम संस्करण 2005

मूल्य 250.00



अन्य प्राप्तिस्थान

**चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान**

३८ यू० ए०, जवाहरनगर, बंगलो रोड

पो० बा० नं० २११३

दिल्ली-११०००७

दूरभाष : २३८५६३९१

❖

**चौखम्बा विद्याभवन**

चौक ( बैंक ऑफ बडौदा भवन के पीछे )

पो० बा० नं० १०६९, वाराणसी-२२१००१

दूरभाष : २४२०४०४

अक्षर-संयोजक : मुकेश कम्प्यूटर्स, वाराणसी-०१

# प्राक्कथन

भारतीय योग-साधना विश्व की श्रेष्ठतम एवं अन्यतम साधना है। भारतीय मनीषियों ने मानव-जीवन के चार पुरुषार्थ माने हैं। उनमें चतुर्थ पुरुषार्थ 'मोक्ष' है। मोक्ष का साधन 'ज्ञान' है। ज्ञान का साधन 'योग' है। गोरक्षनाथ जी ने ठीक ही कहा है कि 'अज्ञान के कारण ही संसरणरूप बन्धन है और ज्ञान द्वारा ही उसका अन्त सम्भव है—

'अज्ञानादेव संसारो ज्ञानादेव विमुच्यते'; किन्तु योग-हीन 'ज्ञान' भी मोक्ष नहीं दे सकता— 'योगहीनं कथं ज्ञानं मोक्षदं भवतीश्वरि'। योगहीन 'ज्ञान' एवं ज्ञानहीन 'योग' दोनों ही मोक्ष नहीं दे सकते—

योगोऽपि ज्ञानहीनस्तु न क्षमो मोक्षकर्मणि।

कोई भी साधक ज्ञाननिष्ठ, विरक्त, धर्मज्ञ एवं जितेन्द्रिय भी क्यों न हो; किन्तु यदि वह देवता भी हो तो भी विना 'योग' के मोक्ष नहीं प्राप्त कर सकता—

ज्ञाननिष्ठो विरक्तोऽपि धर्मज्ञो विजितेन्द्रियः।
विना योगेन देवोऽपि न मोक्षं लभते प्रिये।।

इसीलिए 'सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषद्' में कहा भी गया है—

योगेन योगो ज्ञातव्यो योगो योगात् प्रवर्धते।
योगग्रस्तस्तु योगेन स योगी रमते चिरम्।।

योगेन योगं संरोध्य भावं भावेन चाञ्जसा।
निर्विकल्पं परं तत्त्वं सदा भूत्वा परं भवेत्।।

इसी योग-साधना का एक मुख्य अंग 'मुद्रा' है। यह आसनों से भी उत्कृष्टतर है और प्राणायामों से भी; क्योंकि इसका तात्त्विक स्वरूप सर्वातिशायी एवं अत्यन्त रहस्यान्वित है। 'मुद्रा' क्या है? 'मुद्रा' है— आनन्दश्री की प्राप्ति। समस्त योगों में प्रचलित अष्ट महासिद्धियों के सौभाग्य को तिरस्कृत करने वाली एवं ऐश्वर्यरूपिणी विमर्श शक्ति के आनन्दोत्कर्ष की परमाह्लादिनी शक्ति ( श्री ) की स्वात्मानुभूतिमयी अभि-व्यक्ति ही 'मुद्रा' है और वही भगवान् की तात्त्विक पूजा भी है—

आनन्दोल्लासश्रीः क्षुल्लकिताष्टमहासिद्धिसौभाग्या।
दृश्यते यत्र दशायां सैव देवस्य सर्वमुद्राः।। ( महार्थमञ्जरी )

योग का वह अंग, जो समस्त नाड़ी-जाल को शोधित कर दे, चन्द्रमा एवं सूर्य को चालित कर दे, शरीर के रसों को शोषित एवं बिन्दु को ऊर्ध्वोन्मुख कर दे, उसे ही 'महामुद्रा' कहते हैं—

शोधनं नाडिजालस्य चालनं चन्द्रसूर्ययोः।
रसानां शोषणं चैव महामुद्रा विधीयते।। ( गोरक्षशतक )

'मुद्रायें' अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व एवं वशित्व नामक अष्टसिद्धियाँ प्रदान करती हैं और दुर्लभ हैं—

आदिनाथोदितं दिव्यमष्टैश्वर्यप्रदायकम्।
वल्लभं सर्वसिद्धानां दुर्लभं मरुतामपि।। ( हठयोगप्रदीपिका )

तथा ये 'मुद' ( मोद ) या आनन्द प्रदान करने वाली, देवताओं को प्रसन्न करने वाली तथा सिद्धों को अत्यन्त प्रिय यौगिक साधनायें हैं। इसीलिये इन्हें 'मुद्रा' की आख्या प्रदान की गई है। तान्त्रिक योग की सर्वोच्च उपलब्धि— कुण्डलिनी का ऊर्ध्वा-रोहण करते हुये परमशिव के साथ 'सामरस्य' प्राप्त करना भी मुद्रा के द्वारा ही सम्भव है। इन्हीं कारणों से इन्हें 'रत्नों की तिजोरी' कहकर अत्यन्त गुप्त रखने का उपदेश दिया गया है—

गोपनीयं प्रयत्नेन यथा रत्नकरण्डकम्।
कस्यचिन्नैव वक्तव्यं मूलस्त्रीसुरतं यथा।। ( हठयोगप्रदीपिका )

'बन्ध' और 'मुद्रा' अष्टांगयोग में तो नहीं आते; किन्तु तान्त्रिक योग में इनकी महत्ता सर्वातिशायी है; क्योंकि तान्त्रिक योग 'शक्ति' का पुजारी होता है। वह स्वामी विवेकानन्द की तरह ही यह मानता है कि— Weakness is death अर्थात् षाट्कौशिक शरीर की अन्य कोई मृत्यु नहीं है; प्रत्युत 'कमजोरी ही मौत है'। कमजोरी है— अपूर्णता, सुषुप्ति एवं द्वैतभाव। भारतीय योगशास्त्र यह कहता है कि 'कमजोर' वह नहीं है, जिसके विषय में यह कहा जाय कि 'उसमें शक्ति ही नहीं है' या 'उसमें कम शक्ति है' या 'उसकी शक्ति क्षीण है'; प्रत्युत वह यह मानता है कि संसार का कोई भी मानव न तो शक्तिहीन है, न अल्प शक्ति वाला है और न ही शक्तिक्षीण है; प्रत्युत वह केवल वह व्यक्ति है, जिसकी 'शक्ति सो गई है, सो रही है और विना जगाये वह अनन्त काल तक सोती ही रहेगी।' इसीलिये वेदों में भी कहा गया है कि 'उठो और जागो'— 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।' इसी शक्ति को सोने से जगाना और 'शव' से 'शिव' बनना, 'पशु' से 'पशुपति' बनना तथा 'जीवोऽहं' ( सकलोऽहं ) के स्थान पर 'शिवोऽहं' की अनुभूति करना या अद्वैत-परामर्श में, 'अहं देवी न चान्योऽस्मि'— मैं देवीस्वरूपा पराशक्ति हूँ' की अपरोक्षानुभूति प्राप्त करना ही तान्त्रिक योग का परम लक्ष्य है। चूँकि मुद्रायें इस परम लक्ष्य ( शक्ति का जागरण, शक्ति का आयत्तीकरण, शक्ति एवं शक्तिमान का सामरस्य ) की प्राप्ति का अन्यतम साधन हैं; इसीलिये तान्त्रिक योग में इनकी अन्यतम महत्ता प्रतिपादित की गई है और सुषुप्ता आदिशक्ति 'ईश्वरी' को जागृत करने का परम साधन घोषित किया गया है—

अधुना कथयिष्यामि योगसिद्धिकरं परम्।
गोपनीयं सुसिद्धानां योगं परमदुर्लभम्।।

सुप्ता गुरुप्रसादेन यदा जागर्ति कुण्डली।
तदा सर्वाणि पद्मानि भिद्यन्ते ग्रन्थयोऽपि च।।

तस्मात् सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितुमीश्वरीम्।
ब्रह्मरन्ध्रमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत्।। ( शिवसंहिता )

इसी मुद्रा-साधना से कपिल आदि ऋषियों को भी अप्रतिम एवं विलक्षण सिद्धियाँ प्राप्त हुई हैं—

महामुद्रां प्रवक्ष्यामि तन्त्रेऽस्मिन्मम वल्लभे।
यां प्राप्य सिद्धाः संसिद्धिं कपिलाद्याः पुरा गताः।।

इसमें मान्त्रिक, शारीरिक, यौगिक, तान्त्रिक एवं हाव-भाव प्रदर्शित करने वाली विविध प्रकार की मुद्राओं का सन्निवेश करते हुये उसके तात्त्विक स्वरूप की व्याख्या के साथ ही साथ ही उसके स्थूल, सूक्ष्म सभी संकेतितार्थों की भी व्याख्या की गई है। यह भी प्रयास किया गया है कि पाठक मुद्राओं को उँगलियों के विशिष्ट सन्निवेश, अंगों द्वारा विभिन्न आकृतियों के निर्माण एवं साम्प्रदायिक वैभिन्य के संकेतात्मक चिह्नों के रूप में ही ( मुद्राओं को ) ग्रहण न कर ले; प्रत्युत उन्हें भारतीय साधना के गम्भीर रहस्यों एवं तात्त्विक दृष्टियों का भी प्रतीक समझे।

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन के सञ्चालक एवं प्रकाशक माननीय श्री वल्लभदासजी एवं श्रीनवनीतदासजी गुप्त का मैं अत्यन्त आभारी हूँ कि वे योग के सर्वातिशायी महत्त्व को स्वीकार करके और उसकी अप्रतिम महनीयता का यथार्थ मूल्यांकन करके उसके विभिन्न अंग-प्रत्यंगों पर भी रचनायें प्रकाशित करने का श्लाघ्य साहस दिखाते हुये 'मुद्रा' विषय पर यह रचना मुद्रा-जिज्ञासुओं के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं।

विजयादशमी, 2004 ई. **श्यामाकान्त द्विवेदी 'आनन्द'**

# प्रस्तावना

भारतीय धर्म-साधना की पद्धतियों में से किसी भी धर्म, सम्प्रदाय या मत की साधना-पद्धति ऐसी नहीं है, जिसमें कि मुद्रा का विधान न हो। 'मुद्रा' अपने तात्त्विक स्वरूप में वह नहीं है, जो कि अपने बाह्य स्वरूप में परिलक्षित होती है। 'मुद्रा' अपने यथार्थ स्वरूप में कोई बाह्यवर्ती एवं कर्मकाण्डीय व्यापार नहीं है। मूलतः तो यह अपने चिदानन्दात्मक आत्मस्वरूप के उन्मीलन का एक साधन है। यह केवल साधन-मात्र भी नहीं है, प्रत्युत अपने अन्तरतम में यह शिवशक्तिस्वरूप है। इसीलिये 'मालिनीविजयोत्तरतन्त्र' ( अधिकार-7 ) में कहा गया है कि 'मुद्रा' शिव-शक्ति है—

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि मुद्राख्याः शिवशक्तयः।

इसके अनुग्रह या शक्ति से मान्त्रिक मन्त्र-सिद्धि प्राप्त कर लेता है अर्थात् यह मन्त्र-सिद्धि का साधन भी है—

याभिः संरक्षितो मन्त्री मन्त्रसिद्धिमवाप्नुयात्।

( मा. वि. तन्त्र-7.1 )

'कुलार्णवतन्त्र' में तो इसकी मोदनात्मक एवं द्रावणात्मक रूप में विवेचना करके मात्र इसके साधनात्मक पक्ष को उद्घाटित करते हुये कहा है—

मुदं कुर्वन्ति देवानां मनांसि द्रावयन्ति च।
तस्मान्मुद्रा इति ख्याता दर्शितव्याः कुलेश्वरि।।

किन्तु इसका एक उच्चतर साध्य पक्ष भी है। इसके इसी साध्य पक्ष को मालिनी-विजयोत्तरतन्त्र में शिव-शक्ति कहा गया है।

स्वास्थ्य एवं रोगोपचार की दृष्टि से लाभप्रद ध्यानमुद्रा, वायुमुद्रा, शून्यमुद्रा, पृथ्वीमुद्रा, वरणमुद्रा, सूर्यमुद्रा, प्राणमुद्रा एवं शिवलिङ्गमुद्रा का आजकल अधिक उपयोग हो रहा है।

योगशास्त्रोक्त मुद्रायें ( महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, उड्डीयान, मूलबन्ध, जालन्धर-बन्ध, विपरीतकरणी, वज्रोली, शक्तिचालिनी, नभोमुद्रा, योनि, वज्राणी, ताडागी, माण्डवी, शाम्भवी, अश्विनी, पाशिनी, काकी, मातङ्गी, भुजङ्गिनी, पञ्चधारणी आदि मुद्रायें ), तन्त्रोक्त मुद्रायें ( त्रिखण्डा, सर्वसंक्षोभकारिणी, सर्वविद्राविणी, आकर्षणी, सर्वावेशकरी, उन्मादिनी, महाङ्कुशा, खेचरी, समयमुद्रा, संहारमुद्रा, बीजमुद्रा, योनिमुद्रा आदि मुद्रायें ) तो हैं ही; इसके अतिरिक्त भी मुद्राओं के अनेक भेद हैं। प्रत्येक विशिष्ट साधन-पद्धति, धर्म एवं दृष्टि के अनुसार मुद्राओं के विभिन्न स्वरूप निर्मित होते रहे हैं। जैसे कि बौद्ध धर्म में कर्ममुद्रा,

धर्ममुद्रा, ज्ञानमुद्रा एवं महामुद्रा का विधान पाया जाता है। इसके अतिरिक्त भी मुद्रायें हैं। 'अद्वयवज्र' ने 'समयमुद्रा' का विधान करके इसे ही श्रेष्ठतमा मुद्रा घोषित किया है।

सिद्धसरहपा ने एक पृथक् मुद्रा 'भवमुद्रा' का उल्लेख किया है, जो कि सांसारिक सुख-दुःख और क्लेश देकर भव-बन्धन में बाँधती है— 'भव मुद्दे सअल हि जग वाहिउ।'

बौद्ध दर्शन के अनुसार बोधिचित्त के उद्बुद्ध हो जाने के अनन्तर प्राप्त मुद्राचतुष्क मोक्षप्रद है। इसीलिये इन्हें 'मुद्रा' कहा जाता है ( दोहाकोष )। इसे 'मुद्रा' इसलिये कहते हैं; क्योंकि यह मुद्रण करती है—

मुद्र्यते लक्षणेनेति मुद्रणं तेन भण्यते।

'श्रीसम्पुट' में लोचना, मामकी, पाण्डरा एवं तारा को क्रमशः कर्ममुद्रा, ज्ञानमुद्रा, महामुद्रा एवं समयमुद्रा कहा गया है।

'मुद्रा' मोद प्रदान करने वाली है— यह अर्थ बौद्ध तान्त्रिकों का है; लेकिन अन्य बौद्धों ने 'मुद्रा' का यह अर्थ स्वीकार नहीं किया; जैसा कि अद्वयवज्रसंग्रह में कहा भी गया है—

'कर्मणा काय-वाक्-चित्त-चिन्ता तु प्रधाना मुद्रा कल्पनास्वरूपा तस्यामानन्दं जायते।'

इसके बाद बौद्धतन्त्रों में अनेक नाम जोड़े गये; यथा— इन्द्रा, यमा, गौरी, वारुणी, वारियोगिनी, कौबेरा, वज्रडाकिनी, नैरात्म्ययोगिनी, ऐशाना, वुक्कसी, पावका, राक्षसा, आशया, वायव्या, चौरिका, वैताली, भूचरी, खेचरी आदि ( साधनमाला )।

'सिद्ध तिलोपा' ने कर्ममुद्रा को अधिक महत्त्व दिया है। 'बोल-कक्कोलसाधना' में भी कर्ममुद्रा को रेखाङ्कित किया गया है। अद्वयवज्र ने भी वज्र-परिणति के लिये कर्ममुद्रा को रेखाङ्कित किया है।

'श्रीसम्पुट' में कहा गया है कि भगवान् बुद्ध 'निर्माणचक्र' में लोचना मुद्रा, 'धर्मचक्र' में मामकी मुद्रा, 'सम्भोगचक्र' में पाण्डरा मुद्रा एवं 'महासुखचक्र' ( महासुख काया ) में तारामुद्रा से सम्भोगाश्लिष्ट हैं।

सिद्धों ने भगवती नैरात्मा को 'महामुद्रा' के रूप में कल्पित किया है।

'प्रज्ञोपायविनिश्चयसिद्धि' का मत है कि मुद्रा के उपयोग से वज्रावेक्ष जागृत होता है। बौद्ध तन्त्र में प्रधान मुद्रायें चार हैं—

1. कर्ममुद्रा ( आदि अभिषेक की क्रियायें निष्पाद्य )।
2. धर्ममुद्रा ( ज्ञानप्राधान्य। वैलक्षण्य एवं स्थैर्य की दशा )।
3. महामुद्रा ( शुद्ध अद्वय ज्ञान। जगत् के सभी पदार्थों की प्रतिष्ठा )।
4. समयमुद्रा ( योगी द्वारा सहज स्व-स्वरूप की प्राप्ति )।

तात्त्विक दृष्टि से स्वरूप-निर्वचन किया जाय तो नाद ही 'मन्त्र' और स्थिति ही 'मुद्रा'

है; जैसा कि जयरथ ने 'विवेक' में कहा है— 'नादो मन्त्रः स्थितिर्मुद्रा।' और वह मुद्रा किसी स्वाभाविक स्थिति की संज्ञा है— 'मुद्रा या काचिदास्थितिः।'

आचार्य अभिनवगुप्तपाद कहते हैं कि वह योगी, जो कुल ( शरीर ) में स्थित तो दृष्टि-गत होता है, किन्तु 'शैवसमावेश' के परामृत में जिसका सम्पूर्ण अस्तित्व डूबा हुआ है और जो चिदैकात्म्य की दृढ़ता से देहभाव विस्मृत कर चुका है, उसकी उठने-बैठने की निःशेष क्रियायें सामान्य शारीर क्रियायें न रहकर 'मुद्रायें' ही बन जाती हैं। हाथ आदि शरीराङ्गों से निर्मित आकृतियाँ 'मुद्रा' नहीं हैं—

'कुले शरीरे सत्यपि, प्राप्तपरेश्वरैकात्म्येन योगिनः। अतएव तत्रैव दार्ढ्याद्विस्मृतदेह-भावस्य, या काचन उत्थितत्वादिरूपा देहे स्थितिः सैव चिच्छक्तिप्रकृतिरूपा वास्तवी मुद्रा; न तु नियतकरादिनिर्वर्त्यसन्निवेशादिरूपा इत्यर्थः। यदुक्तम्— 'नादो मन्त्रः स्थितिर्मुद्रा।'

आचार्य अभिनवगुप्त इसी कथ्य को इन शब्दों में प्रस्तुत करते हैं—

कुले योगिन उद्रिक्तभैरवीयपरासवात्।
घूर्णितस्य स्थितिर्देहे मुद्रा या काचिदेव सा।।

( तन्त्रालोक-4.200 )

## मुद्राओं के प्रकार

यदि मुद्राओं के प्रकार पर प्रकाश डाला जाय तो वे अनेक दृष्टियों से वर्गीकृत किये जाने के कारण अनेक प्रकार की होती हैं। मुख्यतः ये मुद्रायें तीन प्रकार की हैं— मनोजा, वाग्भवा एवं देहोद्भवा। जैसा कि तन्त्रालोक में कहा भी गया है—

मनोजा गुरुवक्त्रस्था वाग्भवा मन्त्रसम्भवा।
देहोद्भवाङ्गविक्षेपैर्मुद्रेयं त्रिविधा स्मृता।।

'मनोजा' मुद्रायें वे होती हैं, जो मानसिक अनुसन्धान से उद्भूत होती हैं।

'वाग्भवा' मुद्रायें वे मुद्रायें कहलाती हैं, जो मन्त्रों द्वारा उद्भूत होती हैं।

'देहोद्भवा' मुद्रायें वे मुद्रायें होती हैं, जो शरीराङ्गों की विशिष्ट आकृतियों को बनाने से उद्भूत होती हैं। ये अङ्गविक्षेपात्मक मुद्रायें कहलाती हैं।

आचार्य अभिनवगुप्त ( तन्त्रालोक-15.158 ) का मत यह है कि शरीर, मन एवं वाणी— तीनों ही से मुद्रा का प्रदर्शन करना चाहिये—

मुद्राप्रदर्शनं पश्चात् कायेन मनसा गिरा।

शिव-शक्ति का स्वरूप ही मुद्राओं का तात्त्विक स्वरूप है— मुद्राख्याः शिवशक्तयः।'

मुद्राओं के प्रयोजन के सन्दर्भ में सामान्य विश्वास यह है कि मुद्राओं के प्रदर्शन से सम्बद्ध शक्तियों का प्रादुर्भाव हो जाता है।

## मुद्रा की परिभाषा

जो दुष्ट ग्रहों से साधक को मुक्त कर दे एवं पापसमूह को द्रवीभूत कर दे, गला दे, वह मोचन-द्रावणकारिणी शक्ति ही 'मुद्रा' कहलाती है—

मोचयन्ति ग्रहादिभ्यः पापौघं द्रावयन्ति च।
मोचनं द्रावणं यस्मान्मुद्रास्ताः शक्तयोः मताः।।

स्वच्छन्दतन्त्र में मुद्रा की तात्त्विक व्याख्या करते हुये कहा गया है कि मन्त्र तो ज्ञान-शक्ति है; लेकिन मुद्रा परमात्मा की क्रियाशक्ति है—

मन्त्रो वै ज्ञानशक्तिश्च मुद्रा चैव क्रियात्मिका।

'नेत्रतन्त्र' में कहा गया है कि आत्मा के स्वरूप की अभिव्यक्ति हेतु तीन साधन हैं— मन्त्र, ध्यान और मुद्रा।

आचार्य क्षेमराज मुद्रा की व्याख्या करते हुये कहते हैं कि 'मुदो हर्षस्य राणात् पाश-मोचनभेदद्रावणात्मत्वात् परसंविद् द्रावणमुद्रणाच्च मुद्रा।'

क्षेमराज का कथन है कि जब मुद्रा के द्वारा अणु ( आत्मा ) मुद्रित हो जाता है अर्थात् वशीभूत हो जाता है तब मन्त्रवीर्य की स्फुरत्ता द्वारा, विज्ञान द्वारा आत्मा द्वादशान्तपर्यन्त प्रसृत हो जाता है। नेत्रतन्त्र ( 7.33 ) भी मुद्रा की इसी अर्थ में व्याख्या करता है—

मुद्रया तु तया देवि आत्मा वै मुद्रितो यदा।
तदा चोर्ध्वं तु विसरेद्विधानेनोर्ध्वतः क्रमात्।।

नेत्रतन्त्र ( 21.10 ) में स्वात्मस्वरूपाभिव्यक्ति के जो तीन साधन बताये गये हैं, उनमें मन्त्र, ध्यान एवं मुद्रा— तीनों ही को गृहीत किया गया है।

शैव-शाक्त परम्परा में मुद्रा का अर्थ 'शक्ति' है, जो कि योगिनी-साधिका के रूप में प्रस्तुत होकर भैरवीचक्र की पूजा सम्पन्न करने में एक शक्ति की भूमिका निष्पन्न करती है।

संगीतशास्त्र में जो नृत्य का वर्णन आता है, उसमें नृत्य के साथ-साथ अनेक भाव-भङ्गिमायें भी प्रस्तुत की गई हैं। वे सारे शारीर हाव-भाव नृत्य-व्यापार में नर्तक के मनोभाव को व्यक्त करते हैं। ये बाह्य दृश्यों, घटनाओं, मनोभावों, मानसिक स्थितियों, भावोद्वेगों एवं रसानुभूतियों को व्यक्त करते हैं।

अद्वयप्रधान शास्त्रों में सभी कुछ स्वात्मस्वरूप ही प्रतीत माना जाता है; अतः वहाँ मुद्रा भी परसंविद्रूपा ही मानी जाती है।

यथार्थ दीक्षा एवं यथार्थ भैरव-विमर्शन के समय साधक भैरवीभाव से अभिभूत हो जाता है; अतः भैरव की उपासना में उनकी मुद्राओं का भी प्रदर्शन करना चाहिये। भगवान् शिव ने भगवती पार्वती से इसी विषय पर जोर देकर कहा है कि—

एता मुद्रा महादेवि! भैरवस्य प्रदर्शयेत्।
आवाहने पूजनान्ते तथा चैव विसर्जने।।

आचार्य जयरथ भी इसी की पुष्टि में कहते हैं कि 'ननु एवं स्वात्मनि भैरवीभावः कृतो भवेत्। भैरवस्य सन्निधिनिमित्तमवश्यप्रदर्शनीया मुद्राः।'

योगिनीहृदय ( चक्रसङ्केत ) में कहा गया है कि—

चिदात्मभित्तौ विश्वस्य प्रकाशामर्शने यदा।
करोति स्वेच्छया पूर्णा विचिकीर्षासमन्विता।।
क्रियाशक्तिस्तु विश्वस्य मोदनाद् द्रावणात्तथा।
मुद्राख्या सा यदा संविदम्बिका त्रिकलामयी।।

आचार्य भास्करराय अपने सेतुबन्ध ( चक्रसङ्केत-56 ) में कहते हैं कि 'जब चिच्छक्ति स्वात्माभिन्न भित्ति में स्वेच्छापूर्वक विश्वमयोल्लेख का 'प्रकाश' में आमर्शन करती है, तब वे ही क्रियाशक्ति बनकर विश्व के मोदन एवं द्रावणरूप धर्मद्वय से विशिष्ट होकर 'मुद्रा' नाम वाली कहलाती हैं'—

'यदा तावच्चिच्छक्तिः स्वात्माभिन्नायां भित्तावधिकरणे स्वेच्छया विश्वमयोल्लेखस्य प्रकाशामर्शने करोति। ............ तदा सैव क्रियाशक्तिर्भूत्वा विश्वस्य मोदनद्रावणरूपधर्मद्वयविशिष्टा सती मुद्राख्या भवति।'

महेश्वरानन्द अपने 'परिमल' में कहते हैं कि—

आनन्दोल्लासश्रीः क्षुल्लकिताष्टमहासिद्धिसौभाग्या।
दृश्यते यत्र दशायां सैव देवस्य सर्वमुद्राः।।

वे कहते हैं कि जिस दशा में समस्त योगप्रचलित अष्ट महासिद्धियों के सौभाग्य को तिरस्कृत करने वाली ऐश्वर्यरूपिणी, परमात्म-विमर्श के आनन्द के उत्कर्ष की, 'श्री' अर्थात् परमाह्लादिनी शक्ति अभिव्यक्ति या स्वानुभूतिमयी रूप से प्रकाशित होती है। वही परमात्मा की पूजा की 'मुद्रा' है।

जिस अवस्था में पूज्य-पूजकत्वरूप दोनों स्वभावों में सामरस्य स्थापित करके स्थित परमेश्वर का स्वविश्रान्तिलक्षणात्मक आनन्द के प्रति जो उल्लास है तथा उस समय जो परामृश्यमान स्वातन्त्र्यसारात्मक स्फुरत्ता होती है, उसकी 'श्री' ( अमित वैभव ) की अनुस्यूति जिसमें होती है, उन्हें ही करङ्किणी, संक्षोभिणी आदि 'मुद्रा' कहा जाता है।

निस्तरङ्ग समुद्रावस्थानस्थानीय वह स्वविश्रान्तिचमत्कार या आत्मपरामर्श क्रियारूप अलौकिक आनन्द, जिसमें समस्त फेन, बुद्बुद एवं बिन्दु आदि बाह्यानन्दरूप परिस्पन्द आत्मविलीन हो चुके हों, वही मोद ( आनन्द ) प्रदान करने के कारण करङ्किणी आदि मुद्राप्रपञ्च के उदय एवं विलय की भूमि होने के कारण 'मुद्रा' नाम से प्रसिद्ध है—

'निस्तरङ्गसमुद्रावस्थानस्थानीया तत एव स्वान्तर्विलीनफेनबुद्बुदबिन्द्वादिप्रायाशेषबाह्यानन्दपरिस्पन्दा स्वविश्रान्तिचमत्काराऽपरपर्यायपरामर्शक्रियारूपा काचिदलौकिकानुभूतिरानन्दसम्पन्मुदं रातीति व्युत्पत्त्या करङ्किण्याद्यन्यमुद्राप्रपञ्चोदयविलयभूमिर्मुद्रात्वेनानुसन्धेयेति।' कहा भी गया है—

सा सिद्धिः सर्वसिद्धीनां सिद्धित्वे परिकीर्तिता।
ज्ञानं ह्यकलितं चैकं मुद्रा चैका ग्रहात्मिका।
द्वावेतौ यस्य जायेते सोऽन्वयी सिद्धशासने।।

आनन्द के प्रति परानन्द, निरानन्द, महानन्दानन्द, विषयानन्द के स्वभावतः सम्पूर्ण आनन्द-सामरस्य को उन्मीलित करने हेतु जो 'उल्लास' है, वही 'श्री' है। कहा भी गया है— कौलार्णवानन्दमयोर्मिरूपाम्।'

चिद्गगनचन्द्रिका में भी कहा गया है कि—

यत् परो निरुपसर्गतः परः स्यान्महानपि च केवलः शिवे।
उत्तरश्च विषयात् स च त्वदानन्द उल्लससि तद्भनासि यत्।।

उक्त गाथा में महेश्वरानन्द ने 'श्री' को इसी अर्थ में गृहीत किया है और ऐसी ही 'श्री' से मुद्रा रसासिक्त है।

तन्त्रराजतन्त्र में कहा गया है कि भगवती ललिता देवी 'प्रकाश' शिव की विमर्शशक्ति हैं। भास्करराय के अनुसार भगवती का लौहित्य कामेश्वर, ललिता एवं साधक की आत्मा है। यह भी कहा गया है कि 'लौहित्यमेतस्य सर्वस्य विमर्शः' ( Redness is the Vimarsh of all this )। अपनी आत्मा ललिता देवी हैं और विश्व उनका शरीर है। इसी विश्वशरीरा एवं सर्वात्मरूपा भगवती ललिता को जो आनन्दित कर दे, वही 'मुद्रा' है। जो उन पराभट्टारिका, राजराजेश्वरी महात्रिपुरसुन्दरी भगवती को साधक के प्रति उत्प्रेरित कर दे, उसे भी 'मुद्रा' कहते हैं। 'तन्त्रराजतन्त्र' में बीस मुद्राओं का उल्लेख है; यथा— आवाहनी, स्थापिनी, सन्निरोधनी, अवगुण्ठनी, सन्निधापिनी, हेति ( बाण, धनुष, पाश, अंकुश ), नमस्क्रिया, संक्षोभिणी, द्राविणी, आकर्षिणी, वश्या, उन्मादनी, महांकुशा, खेचरी, बीज, योनि, शक्त्युत्थापनी ( त्रिखण्डा )। तन्त्रराजतन्त्र में मुद्राओं के तीन भेद बताये गये हैं— स्थूल, सूक्ष्म और पर।

तन्त्रराजतन्त्र के अनुसार भगवती के बाण, धनुष, पाश एवं अंकुश भी मुद्रायें हैं और इनका प्रतीकात्मक अर्थ इस प्रकार है—

1. शब्दादितन्मात्राः पञ्चपुष्पबाणाः ( 21 )।
2. मन इक्षु धनुः ( 22 )।
3. रागः पाशः ( 23 )।
4. द्वेषोऽङ्कुशः ( 24 )।

'रहस्यनामसाहस्र' में भी इन मुद्राओं का अर्थ इस प्रकार स्पष्ट किया गया है—

रागस्वरूपपाशाढ्या क्रोधाकाराङ्कुशोज्ज्वला।
मनोरूपेक्षुकोदण्डा पञ्चतन्मात्रसायका:।।

तन्त्रराजतन्त्र में भी कहा गया है—

..............................तन्मात्रा: पुष्पसायका:।
मनो भवेदिक्षुधनु: पाशो राग उदीरत:।
द्वेष: स्यादङ्कुश: प्रोक्त: क्रमेण वरवर्णिनी।।

'देवीयामल' में मुद्रा को शारीरिक भौतिक कर्मकाण्डीय न मानकर उसे उसके तात्त्विक स्वरूप में ग्रहण करते हुये कहा गया है कि मुद्रा देह द्वारा स्वात्मस्वरूपोन्मीलन या स्वरूपलाभ कराकर आनन्द प्रदान कराने वाली एक विशिष्ट क्रिया है—

मुदस्वरूपलाभाख्यं देहद्वारेण चात्मनाम्।
रात्यर्पयति यत्तेन मुद्रा शास्त्रेषु वर्णिता।।

योगिनीहृदय में तो कहा गया है कि भगवती 'संवित्' ही क्रियाशक्ति के रूप में विश्व का मोदन एवं द्रावण करती हुई 'मुद्रा' कहलाती है।

आचार्य शिवानन्द ने मुद्राओं को किन्हीं शक्तियों का स्वरूप बताया है। शिवानन्द शरीर की विशेष क्रियाओं एवं अङ्गुली-सन्निवेशमात्र को मुद्रा नहीं मानते; बल्कि इसके स्वरूप को इससे उच्चतर भावभूमि पर प्रतिष्ठित मानते हैं। योगिनीहृदय में कहा गया है कि मुद्रा की अनेक विशेषतायें एवं शक्तियाँ हैं—

शृणु देवि! प्रवक्ष्यामि मुद्रा: सर्वार्थसिद्धिदा:।
याभिर्विरचिताभिस्तु सम्मुखा त्रिपुरा भवेत्।।

स्पष्ट है कि मुद्रा के मुख्यत: दो कार्य हैं— समस्त सिद्धियों की प्रदायकता और त्रिपुरा देवी का साक्षात्कार। मुद्रा पाशजाल का द्रावण करती है और तन्निष्ठ भक्तों का पाश से मोचन करती है; इसलिये भी इसे 'मुद्रा' कहते हैं—

द्रावणात् पाशजालस्य तत्परस्य च मोचनात्।
मुद्रापीठमिति प्रोक्तं कामरूपं नमाम्यहम्।।

दीपमालिका, वि. सं.-2061
सीधी-मध्य प्रदेश

**श्यामाकान्त द्विवेदी 'आनन्द'**

# विषयानुक्रमणिका

●

**यज्ञकृत्येषु चेच्छक्तौ हस्तौ मुद्रादिषु क्षमौ।**
**तदा मुद्रां विधायैव तत्तत्कृत्यं समाचरेत्॥**

**मुद्राविमुक्तहस्तेन क्रियते कर्म दैविकम्।**
**यदि तन्निष्फलं तस्मात्कर्म मुद्रान्वितश्चरेत्॥**

यज्ञादि कृत्यों का मुद्राविरहित सम्पादन क्षम्य होते हुये भी समस्त यज्ञकृत्यों को मुद्रापूर्वक ही सम्पन्न करना उत्तम कहा गया है। मुद्रा से विमुक्त दैविक कृत्य सर्वथा निष्फल होते हैं; अत: समस्त दैविक कृत्य मुद्रासहित ही सम्पन्न किये जाने चाहिये।

( भास्कररायप्रणीत 'तृचभास्कर' से साभार )

# मुद्रा : विज्ञान एवं साधना

॥ श्रीः॥

# मुद्रा : विज्ञान एवं साधना

## मुद्राविज्ञान : एक परिचय

'मुद्रा' अपने यथार्थ स्वरूप में परसंवित्तत्त्व का ही साधनात्मक एवं योगात्मक स्वरूप है। 'देवीयामल' में कहा गया है कि मुद्रा साधक को स्वरूप-साक्षात्कारात्मक परम लाभ प्रदान करती है। 'मुद' ( आनन्द = आनन्दस्वरूप आत्मा ) को देने के कारण ही इसकी आख्या है— 'मुद्रा'। मुद्रा के दो स्वरूप हैं। इसे बाह्य एवं आन्तर दोनों अर्थों में गृहीत किया गया है। इसका आन्तर स्वरूप 'मालिनीविजयवार्त्तिक' में इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है—

कुलयोगिन उद्रिक्तभैरवीयरसासवात्।
घूर्णमानस्य यः कश्चित् कोऽप्युदेति यथा तथा॥
शरीरगः समावेशो मोदनद्रावणात्मकः।
सा स्वीकृतजगन्मुद्रा मुद्रा नैरुत्तरे मते॥

पाशुपत शास्त्र एवं पाञ्चरात्रागम आदि में तो बाह्य मुद्राओं को ग्रहण किया गया है; किन्तु रहस्य-प्रधान आगमों में मुद्राओं को रहस्यात्मक अर्थ में ( शक्ति के अर्थ में ) आन्तर मुद्रा के रूप में स्वीकार किया गया है। इस अर्थ में मुद्रा मात्र 'परसंवित्' है और 'शक्ति' है। संवित्तत्त्व प्राण के रूप में परिणत होकर देह में स्थित है।

इसी प्रकार संवित्तत्त्व मुद्रारूप में भी साधक में स्थित है। महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, उड्यान, मूलबन्ध आदि मुद्रायें अपने बाह्य स्वरूप में कुछ भी क्यों न हों; किन्तु उनका तात्त्विक स्वरूप आनन्दात्मक एवं शक्त्यात्मक है। नेत्रतन्त्र में यदि इसे 'शक्ति' का स्वरूप माना गया है तो महेश्वरानन्द ने इसे 'आनन्दोल्लासश्री' की दशा कहा है।

मुद्रा मन्त्रशास्त्र में अंगुलिसन्निवेशात्मक रूप में है तो योगशास्त्र में यह बन्धात्मक एवं योगसाधना की एक प्रविधि के रूप में स्वीकृत है।

एक शंका उठती है कि मुद्रा और बन्ध में वह कौन-सा वैशिष्ट्य है या उसमें ऐसे कौन-से व्यावर्तक चिह्न, भेदक लक्षण एवं सुनिश्चित भिन्नतायें हैं, जिससे कि उन्हें आसन से पृथक् रखा जाय? बन्ध एवं मुद्रा को आसन का ही रूप क्यों न माना जाय?

एक शंका यह भी उठती है कि जब षडंग, अष्टांग एवं सप्तांग योग में से किसी भी अंग में मुद्रा एवं बन्ध का उल्लेख न होने पर भी यह योग का प्रधान अंगभूत

साधन है तो इसका अन्तर्भाव यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एवं समाधि में से किसके भीतर किया जाय? स्पष्ट है कि इसे यम, नियम, प्राणायाम, धारणा, ध्यान एवं समाधि नामक अंगों में से किसी में भी अन्तर्भूत नहीं किया जा सकता। फिर शेष बचता है— 'आसन' नामक योगांग। इसे आसन नामक योगांग में ही अन्तर्भूत क्यों न माना जाय?

एक शंका पुन: उठती है कि यदि मुद्राओं एवं बन्धों को योग के आसनांग में ही अन्तर्भूत मान लिया जाय तो इनको आसन से पृथक् 'मुद्रा' एवं 'बन्ध' नाम क्यों दिया? गया यदि ये आसन के ही भेद हैं तो इन्हें मुद्रा एवं बन्ध के रूप में पृथक् से निरूपित करके आसनों से पृथक् क्यों किया गया? वे कौन-से भेदक तत्त्व हैं, जो कि मुद्रा और बन्ध को आसनों से पृथक् करते हैं? यदि इन समस्त शंकाओं को व्यापक आयाम में रखकर और समस्त मुद्राओं एवं बन्धों तथा उनके समस्त भेदों-उपभेदों पर गम्भीरता से विचार किया जाय तो मुद्रा एवं बन्ध को निरस्त संशयात्मक स्वरूप में पारिभाषित करना कठिन है। इस परिभाषा को अतिव्याप्ति दोष से मुक्त रखकर मुद्राबन्ध के स्वरूप को निर्धारित करना एक कठिन प्रयत्न होगा।

अभिनवगुप्तपादाचार्य 'मुद्रा' पद की व्याख्या करते हुए कहते हैं—

'मुद्राश्च सकलकरचरणादिकरणव्यापारमय्य: क्रियाशक्तिरूपा, तत्कृतो गण: समूहात्मपरशक्त्येकरूप: स्वस्यात्मन: प्राणपुर्यष्टकशून्यादे: देहस्य आवेश:–झटिति परस्वरूपानुप्रवेशेन पारतन्त्र्यात्मकजडतातिरोधानेन स्वतन्त्रकर्तृतानुविद्धप्रमातृतोदय:।'

मुद्रा एक आवेश है। इस आवेश का लक्षण क्या है? इस विषय में कहा गया है—

कलोद्वलितमेतच्च चित्तत्वं कर्तृतामयम्।
अचिद्रूपस्य शून्यादेर्मितं गुणतया स्थितम्।।

मुख्यत्वं कर्तृतायाश्च बोधस्य च चिदात्मन:।
शून्यादौ तद्गुणे ज्ञानं तत्स्यादावेशलक्षणम्।।

परस्वरूपानुप्रवेश के द्वारा पारतन्त्र्यात्मक तथा जड़ता के तिरोधान होने के कारण स्वतन्त्रकर्तृता से अनुविद्ध प्रमातृता का उदय ही मुद्रा है।

मुद्रा और बन्ध में क्या भेद है तथा आसनों से इन्हें किस प्रकार शत-प्रतिशत रूप में पृथक् किया जाय? इसकी कोई लक्ष्मण रेखा खींचना सम्भव नहीं है।

[1]हठयोग-प्रदीपिका में कहा गया है कि ब्रह्मद्वार ( सुषुम्ना के मुख के अग्रभाग ) में सोती हुई ईश्वरी कुण्डलिनी को जगाने के लिए साधक को मुद्राओं का अभ्यास करना चाहिये—

१. **मुद्रा और बन्ध में भेद**— हठयोगप्रदीपिका में उड्डीयान, मूलबन्ध, जालन्धर को मुद्रा एवं बन्ध दोनों कहा गया है—

तस्मात्सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितुमीश्वरीम्।
ब्रह्मद्वारमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत्।।[१]

यहीं दश मुद्राओं का उल्लेख किया गया है, जो निम्नांकित हैं—

१. महामुद्रा
२. महाबन्ध
३. महावेध
४. खेचरी
५. उड्यान
६. मूलबन्ध
७. जालन्धर बन्ध
८. विपरीतकरणी
९. वज्रोली
१०. शक्तिचालन

घेरण्डसंहिता के अनुसार महामुद्रा, नभोमुद्रा, उड्डीयान, जालन्धर, मूलबन्ध, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, विपरीतकरणी, योनि, वज्राणी, शक्तिधारिणी, ताडागी, माण्डवी, शाम्भवी, धारणा मुद्रा ( ५ प्रकार की ), अश्विनी, पाशिनी, काकी, मातङ्गी एवं भुजङ्गिनी— ये २५ मुद्रायें हैं। शिवसंहिता में वे ही १० मुद्रायें हैं, जो हठयोग-प्रदीपिका में बताई गई हैं। अन्तर केवल यह है कि हठयोगप्रदीपिका में जिसे 'शक्ति-चालन' मुद्रा कहा गया है, उसे ही शिवसंहिता में ही 'शक्तिचालन' तथा घेरण्डसंहिता में 'शक्तिधारिणी' कहा गया है—

१. दशमं शक्तिचालनम् ( शिवसंहिता )।
२. विपरीतकरी योनिर्वज्राणी शक्तिधारिणी ( घेरण्डसंहिता )।
३. करणी विपरीताख्या वज्रोली शक्तिचालनम् ( हठयोगप्रदीपिका )।

यह भी मान्यता है कि मूलतः 'मुद्रा' एक ही है और वह मूल मुद्रा 'योनिमुद्रा' है। योनिमुद्रा के ही सर्वसंक्षोभिणी आदि मुद्रायें रूपान्तर हैं—

एका चैव महामुद्रा योनिमुद्रात्वमागता।
तया विभक्तः स्वात्मा तु संक्षोभादिप्रभेदतः।।

यह भी कहा गया है कि बाह्य पूजा में तो सर्वसंक्षोभिणी आदि मुद्राओं का प्रयोग किया जाना चाहिये; किन्तु आन्तर्यजन के समय महायोनि मुद्रा का प्रयोग किया जाना चाहिये। शिवानन्द दीपिका में कहते हैं— 'बाह्यपूजायां सर्वसंक्षोभिणीमुद्रायाः प्राथम्यमभिमतं परमेश्वरेण। अन्तर्यजनवेलायां श्रीमहायोनिमुद्रायाः प्राथम्यमिति।'

---

उड्यानं मूलबन्धश्च बन्धो जालन्धराभिधः।।

घेरण्डसंहिता में भी उड्डीयान, जालन्धर, मूल एवं महाबन्ध को 'बन्ध' एवं 'मुद्रा' दोनों आख्यायें प्रदान की गई हैं— 'उड्डीयानं जलन्धरम्। मूलबन्धो महाबन्धो।।
शिवसंहिता में भी महाबन्ध, जालन्धर बन्ध, मूलबन्ध, उड्डीयान बन्ध को 'बन्ध' भी कहा गया है और मुद्राओं के प्रकरण में इन्हें 'मुद्रा' भी कहा गया है।
क्या बन्ध भी मुद्रान्तर्गत हैं और उनका स्वस्वरूप मुद्रा से पृथक् नहीं है?

१. हठयोगप्रदीपिका : तृतीयोपदेश ( ३.५ )

## मुद्राओं के अभ्यास का उद्देश्य

**हठयोगप्रदीपिका का मत**— कुण्डलिनी का जागरण।

अन्य उद्देश्य या फल— १. जरा-मरण का नाश, २. दिव्य अष्ट सिद्धियों की प्राप्ति एवं ३. देवताओं की प्रसन्नता की प्राप्ति।

**वैशिष्ट्य**— आदिनाथोक्त हैं। समस्त सिद्धों को अति प्रिय हैं— 'वल्लभं सर्व-सिद्धानाम्'। देवताओं को भी दुर्लभ हैं। रत्न की मञ्जूषा की भाति गोपनीय हैं। कुलस्त्री-सम्भोग की वार्ता के समान ये अत्यन्त गोपनीय हैं—

इति मुद्रा दश प्रोक्ता आदिनाथेन शम्भुना।
एकैका तासु यमिनां महासिद्धिप्रदायिनी।।[१]

इन मुद्राओं में से प्रत्येक मुद्रा महान् सिद्धियाँ प्रदान करने की क्षमता रखती है।

स्वात्माराम मुनीन्द्र कहते हैं कि जो व्यक्ति मुद्राओं के अभ्यास का गुरुपरम्परा-प्राप्त उपदेश देता है, वही यथार्थ गुरु है। वही योगसिद्ध स्वामी है और साक्षात् ईश्वर है—

उपदेशं हि मुद्राणां यो दत्ते साम्प्रदायिकम्।
स एव श्रीगुरुः स्वामी साक्षादीश्वर एव सः।।[२]

ऐसा मुद्रासाधक समाहित योगी अणिमादिक सिद्धियाँ प्राप्त करता है और काल-वञ्चन करने में समर्थ हो जाता है।

**घेरण्ड ऋषि का मत**— ऋषि घेरण्ड कहते हैं कि—

१. मुद्रा-स्वरूप के ज्ञान से सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं।

२. मुद्रायें अत्यन्त गोपनीय हैं; अतः जिस किसी भी व्यक्ति को नहीं दे देनी चाहिये; प्रत्युत अधिकारी व्यक्ति को ही दी जानी चाहिये।

३. मुद्रायें प्रीतिप्रदायक एवं देव-दुर्लभ हैं—

( क ) येन विज्ञातमात्रेण सर्वसिद्धिः प्रजायते।
( ख ) गोपनीयं प्रयत्नेन न देयं यस्य कस्यचित्।।
( ग ) प्रीतिदं योगिनां चैव दुर्लभं मरुतामपि।।

४. मुद्रायें सर्वसिद्धों को अति प्रिय हैं और जरा-मरण की नाशिका हैं।

५. ये शठ, भक्तिहीन, अनधिकारी व्यक्ति को नहीं दी जानी चाहिये; बल्कि ऋजु स्वभाव वाले, शान्त चित्त वाले, गुरुभक्त एवं कुलीन लोगों को ही प्रदातव्य हैं।

६. मुद्रायें समस्त रोगों का विनाश करती हैं। नित्याभ्यासी की जठराग्नि अत्यधिक तीव्र हो जाती है।

---

१. हठयोगप्रदीपिका। २. हठयोगप्रदीपिका।

७. मुद्रा साधकों के वार्धक्य, मृत्यु, अग्नि, वायु, कास, श्वास, प्लीहा, कुष्ठ, श्लेष्मा एवं बीस प्रकार के कफ रोगों को नष्ट कर देता है—

( क ) तस्य नो जायते मृत्युर्नास्य जरादिकं तथा।
नाग्निजलभयं तस्य वायोरपि कुतो भयम्।।

( ख ) कासः श्वासः प्लीहकुष्ठं श्लेष्मरोगाश्च विंशतिः।
मुद्राणां साधनाच्चैव विनश्यन्ति न संशयः।।

वस्तुतः मुद्रा के समान महत्त्वपूर्ण, उपादेय एवं सिद्धियाँ प्रदान करने वाली दूसरी कोई साधना ही नहीं है—

बहुना किमिहोक्तेन सारं वच्मि च चण्ड ते।
नास्ति मुद्रासमं किञ्चित् सिद्धिदं क्षितिमण्डले।।[1]

**शिवसंहिताकार का मत**— शिवसंहिता में मुद्रा के विषय में निम्न उल्लेख्य बिन्दुओं को चिह्नित किया गया है—

१. मुद्रायें योगसिद्धिकर ( योग सिद्धि-प्रदायिका ) हैं।

२. मुद्रायें गोपनीय हैं।

३. यह सिद्धों का परम योग है और दुर्लभ योग है— 'योगसिद्धिकरं परम्'।।

गोपनीयं सुसिद्धानां योगं परमदुर्लभम्।।

कुण्डलिनी शक्ति ब्रह्मरन्ध्र के मुख में सोई रहती है। गुरुकृपा से जब भी वह जागृत होती है तब षट्चक्रों में स्थित समस्त ग्रन्थियों का भेदन कर डालती है; अतः ब्रह्मद्वार-रूप मुख में सोती हुई कुण्डलिनी को जागृत करने हेतु मुद्रा का अभ्यास करना चाहिये—

अधुना कथयिष्यामि योगसिद्धिकरं परम्।
गोपनीयं सुसिद्धानां योगं परमदुर्लभम्।।

सुप्ता गुरुप्रसादेन यदा जागर्ति कुण्डली।
तदा सर्वाणि पद्मानि भिद्यन्ते ग्रन्थयोऽपि च।।

तस्मात् सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितुमीश्वरीम्।
ब्रह्मरन्ध्रमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत्।।

४. ( शिवसंहिता में प्रोक्त ) १० मुद्रायें ही श्रेष्ठ हैं। इनमें श्रेष्ठ और कोई मुद्रायें हैं भी नहीं तथा होगी भी नहीं। इनमें से एक का भी अभ्यास कर लेने पर सिद्धि प्राप्त हो जाती है—

एतत्तु मुद्रा दशकं न भूतं न भविष्यति।
एकैकाभ्यसने सिद्धिः सिद्धो भवति नान्यथा।।

---

१. घेरण्डसंहिता उपदेश ( ३.९५ )

**महेश्वरानन्द की मुद्राविषयक दृष्टि**— आचार्य महेश्वरानन्द ने मुद्रा के स्वरूप का तात्त्विक विवेचन किया है। उनके अनुसार प्रकाशस्वरूप परमात्मा की पूजा के लिए अंगन्यास आदि के साथ किसी विशेष बाह्य मुद्रा की आवश्यकता नहीं होती।

जिस अवस्था में समस्त योग-प्रचलित अष्ट महासिद्धियों के सौभाग्य को तिरस्कृत कर देने वाले ऐश्वर्यरूप परमात्मविमर्श के आनन्दोत्कर्ष की श्री— परमाह्लादिनी शक्ति अभिव्यक्त या स्वानुभूतिमयी प्रकाशित होती है, वही परमात्मा की नमस्या ( पूजा ) मुद्रा है—

आणन्दुल्लाससिरी धुल्लइदट्ठमहसिद्धि सोहग्गा।
दीसइ जत्थ दसाए सोच्चिअ देवस्स सव्वमुद्दाओ।।

( आनन्दोल्लासश्रीः छुल्लिकताष्टमहासिद्धिसौभाग्या।
दृश्यते यत्र दशायां सैव देवस्य सर्वमुद्राः।। )

स्वोपज्ञ परिमल में महेश्वरानन्द इसी बात को शब्दान्तर में इस प्रकार प्रस्तुत करते हैं—

'यस्यामवस्थायां देवस्य क्रीडाविजिगीषाद्यनेकप्रकारस्वातन्त्र्यसारत्वात् पूज्यपूजकत्वोभयस्वभावसामरस्यशालिनः परमेश्वरस्य स्वविश्रान्तिलक्षणमानन्दं प्रति य उल्लासः तथा परामृश्यमानतया स्फुरत्ता, तस्याः श्रीः तद्वदुपर्युपर्यनुस्यूतिलक्षणा प्ररूढिर्दृश्यते, निर्विवादमपरोक्षीक्रियते, सैव सर्वाः करङ्किण्यादयः संक्षोभिण्यादयोऽन्यथा वा प्रसिद्धास्तास्ताः, मुद्रा इत्यवगन्तव्यम्।'

इस परिभाषा के भावान्तर को इस प्रकार प्रकट किया जा सकता है— 'करचरणाद्याकुञ्चनावकुञ्चनादिसङ्कोचोल्लङ्घनेन निस्तरङ्गसमुद्रावस्थानस्थानीया तत एव स्वान्तर्विलीनफेनबुद्बुदबिन्द्वादिप्रायाऽशेषबाह्यानन्दपरिस्पन्दा स्वविश्रान्तिचमत्काराऽपरपर्यायपरामर्शक्रियारूपा काचिदलौकिकानुभूतिरानन्दसम्पद् मुदं रातीति व्युत्पत्त्या करङ्किण्याद्यन्यमुद्राप्रपञ्चोदयविलयभूमिर्मुद्रात्वेनानुसन्धेयेति।' कहा भी गया है—

सा सिद्धिः सर्वसिद्धीनां सिद्धित्वे परिकीर्तिता।
ज्ञानं ह्यकलितं चैकं मुद्रा चैका ग्रहात्मिका।
द्वावेतौ यस्य जायेते सोऽन्वयी सिद्धिशासने।।

इस तत्त्वात्मिका ( सिद्धिस्वरूपा ) मुद्रा में अष्टसिद्धियों का पारम्परिक अर्थ भी स्वीकृत नहीं है।

| **महार्थमञ्जरी एवं परिमल की मुद्राविषयक दृष्टि और अष्ट सिद्धियों का अर्थ** | **अष्ट सिद्धियों का पारम्परिक अर्थ** |
| --- | --- |
| **१. अणिमा**— परमेश्वर की पूजा के हेतु सर्वमुद्रा में आनन्दोल्लासश्री में प्रकाशरूप से सर्वपदार्थान्तर्भाव की सामर्थ्य ही 'अणिमा' है। | **१. अणिमा**— शरीर को अणुवत् सूक्ष्मतर कर लेने की सिद्धि ही 'अणिमा' सिद्धि है। |

२. **महिमा**— उसी प्रकार व्यापकता का सञ्चार ही 'महिमा' है।

३. **लघिमा**— भेदों के प्रति साधक का औदासीन्य ( उपेक्षा ) ही 'लघिमा' है।

४. **प्राप्ति**— स्वात्मविश्रान्ति ही 'प्राप्ति' है।

५. **प्राकाम्य**— वेद्यविलास में अभिरुचि या प्रीति 'प्राकाम्य' है।

६. **ईशित्व**— सम्पूर्ण प्रमुसत्ता ही 'ईशित्व' है।

७. **वशित्व**— विमर्शरूप भूमि ही 'वशित्व' है।

८. **कामावसायित्व**— पूर्णाहम्भाव की भावना ही कामावसायित्व है।

वे सब अद्वैत सर्वव्यापक परमात्मा की पूजा में स्वात्म-विमर्शरूप 'मुद्रा' में ही अधिगृहीत हो उठते हैं। परमेश्वर की स्वात्मविमर्शस्वरूपिणी 'शक्ति' ही सर्वमुद्रामयी है।[१]

२. **महिमा**— गगनादि में व्यापक हो जाना ही 'महिमा' सिद्धि है।

३. **लघिमा**— समुद्रादि जलसमूह को विना स्पर्श किये हुये पार कर जाना ही 'लघिमा' सिद्धि है।

४. **प्राप्ति**— यथाकाम, यथाभीष्ट वस्तु को पा जाना ही 'प्राप्ति' सिद्धि है।

५. **प्राकाम्य**— संकल्पमात्र से सर्वत्र अप्रतिहत गति से गमन करने की शक्ति ही 'प्राकाम्य' सिद्धि है।

६. **ईशित्व**— सार्वत्रिक प्रभुत्व ( ऐश्वर्य ) से युक्त होना ही 'ईशित्व' सिद्धि है।

७. **वशित्व**— इन्द्रियार्थोपभोगार्थ स्वेच्छाभासाधीन हानोपादान भोगेच्छा से निवृत्तिपरक निष्कामता ही 'वशित्व' सिद्धि है।

८. **कामावसायित्व**— स्वाभिलाषा से ही स्वर्गनरकादि की अनुभूति में आनन्दोल्लासश्री में प्रकाशरूप से सर्वपदार्थान्तर्भाव का सामर्थ्य प्राप्त कर लेना ही 'कामावसायित्व' सिद्धि है ।

---

इस पूजात्मक मुद्रा में ध्यान, होम, हव्य, वह्नि, स्रुवा आदि का भी अभिधेय अर्थ स्वीकृत नहीं है; प्रत्युत रहस्यार्थ ( प्रतीकार्थ ) स्वीकृत है; यथा—

१. **ध्यान**— ध्यानं या निश्चला चिन्ता निराकारा निराश्रया।
न तु ध्यानं शरीरादिमुखहस्तादिकल्पनम्।।

२. **हवन**— महाशून्यालये वह्नौ भूताक्षविषयादिकम्।
हूयते मनसा सार्धं स होमश्चेतना स्रुचा।।

३. **अग्नि और हव्य**— पराहन्तामये संविदग्नौ संवेद्यतर्पणे।
इयन्तालक्षणं हव्यं जुहुयादबहिर्मुखः।।

---

१. तत्र च ताः सिद्धयो यदा प्रकाशरूपतया सर्वपदार्थान्तर्भावसामर्थ्यमणिमा। तथैव व्यापकत्वं महिमा। भेदरूपगौरवव्युदासो लघिमा। स्वात्मविश्रान्तिलाभः प्राप्तिः। वेद्यविलासोपलालनं प्राकाम्यम्। अनवच्छिन्नैश्वर्यशालित्वमीशितृत्वम्। विप्रकृष्टतया सर्वंसहता वशित्वम्। पूर्णाहम्भावभावना यत्र कामावसायित्वमिति संविन्मयत्वौचित्येन परामृश्यते तदानीमस्मदुक्तमुद्रापर्वानुप्रवेश इति न किञ्चिदासां क्षुल्लकीकरणम्, प्रयोजनाभावात्। ( स्वोपज्ञ परिमल )

**४. हव्य—** अथ हव्यमिदन्ताख्यं हावं हावं स्वचिन्मुखे।
उल्लङ्घ्य मायामालिन्यं स्वैरमासीत मेरुवत्।।

महेश्वरानन्द कहते हैं कि उक्त पूजात्मक मुद्रा में ध्यानादि अंगों के प्रतीकार्थों–रहस्यार्थों के सहित पूजा-द्रव्यों को भी सम्मिलित मानना चाहिये, उनकी भी कल्पना कर लेनी चाहिये—

'मन्त्रमुद्राविद् ध्यानहोमादयोऽपि साधकव्यापाराः संविदद्वैतानुगुण्येन स्वयमूहनीयाः।'[१]

हमारे व्यावहारिक लोक में तो खड्ग-गोरोचनपातालप्रभृति विभूति के स्पन्द ही सिद्धियाँ मानी जाती हैं। उनकी अपेक्षा तो अणिमा-महिमा-लघिमा-प्राप्ति-प्राकाम्य-ईशित्व-वशित्व-कामावसायित्व आदि अष्ट सिद्धियाँ महत्तर सिद्धियाँ हैं; किन्तु मुद्रा में इन अष्टसिद्धियों के अर्थ को और अधिक वृहत्तर आयाम में स्वीकार किया जाता है और उनमें गुप्त रहस्यार्थों को ही स्वीकार किया जाता है।[२]

लोक में तो अष्टसिद्धियों का निम्न अर्थ ही ज्ञात है—

१. स्वशरीरं प्रत्यणूकरणसामर्थ्यमणिमा।
२. गगनादिव्यापकत्वकौशलं महिमा।
३. समुद्रसलिलादावपि पद्भ्यां प्रयाणे तदस्पर्शो लघिमा।
४. यथाभिलषितपदार्थलाभः प्राप्तिः।
५. सङ्कल्पमात्रात् सर्वत्राप्रतिहतगतित्वं प्राकाम्यम्।
६. सार्वत्रिकं प्रभुत्वमीशितृत्वम्।
७. इन्द्रियार्थोपभोगे स्वेच्छामात्राधीनहानोपादानत्वं वशित्वम्।
८. स्वाभिलाषमात्रात्सद्यः स्वर्गनरकाद्यनुभूतिर्यत्र कामावसायित्वमिति विवेकः।[३]

किन्तु प्रस्तुत प्रसंग में मुद्रा के अंगीभूत इन अष्टैश्वर्यों— अष्टसिद्धियों के अर्थ रहस्यात्मक हैं और वे ही स्वीकृत हैं। इन रहस्यार्थों एवं प्रतीकार्थों से गर्भित अष्टसिद्धियों से युक्त मुद्रा ही यहाँ 'मुद्रा' मानी गई है। सामान्य अर्थ में गृहीत ( आंगिक हाव-भाव प्रदर्शित करने वाली ) मुद्रा यहाँ स्वीकृत नहीं है।[४]

जहाँ आनन्दोल्लासश्री का दर्शन होता है, उस दशा को ही तो देवता की 'मुद्रा' माना जाता है; क्योंकि 'मुदं राति ददाति इति मुद्रा'; फिर यह आनन्दोल्लास कितने आनन्दों से गर्भित है? यह परानन्द, निरानन्द, महानन्द, आनन्द, विषयानन्द एवं स्वभावाशेषानन्द के सामरस्य को उन्मीलित करने वाला आनन्दश्री नाम से विख्यात है।[५]

---

१. महेश्वरानन्द : स्वोपज्ञ परिमल।
२. स्वोपज्ञ परिमल।
३. परिमल ( महेश्वरानन्द )।
४. स्वोपज्ञ परिमल।
५. स्वोपज्ञ परिमल।

**स्वच्छन्दतन्त्र एवं नेत्रतन्त्र का मत**— स्वच्छन्दतन्त्र में मुद्रा को क्रियाशक्ति कहा गया है। नेत्रतन्त्र में आत्मस्वरूप की अभिव्यक्ति के तीन साधन कहे गये हैं और उनमें मुद्रा भी एक है। तीन साधन निम्नांकित हैं—

**आत्मस्वरूपाभिव्यक्ति के साधन** ( नेत्रतन्त्र )

मन्त्र ध्यान मुद्रा

ऋजुविमर्शिनी में भी मुद्रा को क्रियाशक्ति कहा गया है।

**शिवानन्द का मत**— शिवानन्द कहते हैं कि मुद्रा केवल आंगिक प्रदर्शन या अंगों का विशिष्ट सन्निवेश-मात्र नहीं है; प्रत्युत यह शक्ति का स्वरूपान्तर है— 'मुद्रा नाम कश्चन शक्तय:।'[१] इसीलिए कहा गया है—

मोचयन्ति ग्रहादिभ्य: पाशौघं द्रावयन्ति च।
मोचनं द्रावणं यस्मान्मुद्रास्ता: शक्तयो मता:।।

अंगुलिसन्निवेशात्मक बाह्य मुद्राओं का तो समस्त तन्त्रों में वर्णन किया गया है; किन्तु योग में बन्धरूप एवं संस्थान-विशेषानुसरणरूप मुद्राओं का वर्णन हठयोग के ग्रन्थों में पाया जाता है। अद्वयप्रधान तन्त्रों में मुद्रा परसंवित् के रूप में मान्य है। योगिनीहृदय ( १.५७ ) में भी मुद्रा को संविद्रूपा ही स्वीकार किया गया है।

**नित्याषोडशिकार्णव-मत**— नित्याषोडशिकार्णव के तृतीय पटल में कहा गया है कि मुद्रा वह योग-साधना है, जो कि समस्त सिद्धियाँ प्रदान करती है तथा जिसे निर्मित करने पर ( दिखाने या प्रयोग में लाने पर ) भगवती त्रिपुरा प्रसन्न होकर साधक के समक्ष उपस्थित हो जाती हैं—

शृणु देवि! प्रवक्ष्यामि मुद्रा: सर्वार्थसद्धिदा:।
याभिर्विरचिताभिस्तु सम्मुखा त्रिपुरा भवेत्।।

**मुद्रा के कार्य**

सर्वार्थसिद्धिप्रदायकत्व त्रिपुरा-दर्शन ग्रहों से विमुक्ति पाशौघ-द्रावण

( क ) मोचयन्ति ग्रहादिभ्य: पाशौघं द्रावयन्ति च।
मोचनं द्रावणं यस्मान्मुद्रास्ता: शक्तयो मता:।।

( ख ) द्रावणात् पाशजालस्य तत्परस्य च मोचनात्।
मुद्रापीठमिति प्रोक्तं कामरूपं नमाम्यहम्।। ( सङ्केतपद्धति )[२]

**तन्त्रालोक का मत**— अभिनवगुप्तपादाचार्य कहते हैं कि मुद्रा स्वरूपलाभ का

---

१. ऋजुविमर्शिनी। २. ऋजुविमर्शिनी।

साधन है। देहद्वार से मुद अर्थात् स्व-स्वरूपात्मक उपलब्धि होती है; इसीलिए इसे मुद्रा कहा जाता है—

मुदं स्वरूपलाभाख्यं देहद्वारेण चात्मनाम्।
रात्यर्पयति यत्तेन मुद्रा शास्त्रेषु वर्णिता।।

**योगिनीहृदय का मत**— योगिनीहृदय के मतानुसार संविदम्बिका क्रियाशक्ति के रूप में विश्व का मोदन एवं द्रावण करती हुई मुद्रा के रूप में विद्यमान है—

क्रियाशक्तिस्तु विश्वस्य मोदनाद् द्रावणात्तथा।
मुद्राख्या सा यदा संविदम्बिका त्रिकलामयी।।[1]

अमृतानन्द कहते हैं कि जब विमर्श शक्ति विश्व के रूप में प्रसृत होना चाहती है तब क्रियाशक्ति बनकर स्वविकारभूत विश्व का परचिदानन्दलक्षणरूप मोदन द्वारा एवं एकरसीभावलक्षणात्मक द्रावण के द्वारा 'मुद्रा' रूप ग्रहण कर लेती है—

'यदा विमर्शशक्तिः विश्वरूपेण विहर्तुमिच्छति तदा क्रियाशक्तिर्भूत्वा स्वविकारभूतस्य विश्वस्य परचिदानन्दलक्षणेन मोदनेन तदैकरस्यलक्षणेन द्रावणेन च मुद्राख्यामापन्नेत्यर्थः।'[2]

'विश्वस्य मोदनाद् द्रावणाच्च। अत्र त्वनुकूलक्रियैव मोदनम्। द्रावणं नाम तदेकरसीभावः। संविद् मुद्राख्यां लभते।'[3]

## मुद्रा के भेद

अभिनवगुप्तपाद की दृष्टि में मुद्रा में स्वरूपप्रतिबिम्बता निहित है। विद्यानन्द ने अर्थ-रत्नावली में मुद्रा के जो दो भेद बताये हैं; वे हैं— बाह्या ( कररचनात्मक ) बन्धस्वरूपा।

शिवानन्द जी ने खेचरी मुद्रा के ३ भेद किये हैं— अंगुलिविरचनात्मक, बोधगगन-चारिता एवं संस्थानविशेषानुसरणरूपा।

आचार्य क्षेमराज ने स्वच्छन्दतन्त्र ( २.१०२ ) के आधार पर समस्त मुद्राओं के तीन भेद किये हैं; जो निम्नांकित हैं—

मनोजा गुरुवक्त्रस्था वाग्भवा मन्त्रसम्भवा।
देहोद्भवाङ्गविक्षेपैर्मुद्रेयं त्रिविधा स्मृता।।

अभिनवगुप्तपादाचार्य ने मुद्रा के चार भेद बताये हैं— तन्त्रालोक ( ३२.९ ) में प्रतिपादित उस दृष्टि की व्याख्या करते हुए जयरथ कहते हैं—

अङ्गुलिन्यासभेदेन करजा बहुमार्गगा।
सर्वावस्थास्वेकरूपा वृत्तिर्मुदा च कायिकी।।

मन्त्रतन्मयता मुद्रा विलापाख्या प्रकीर्तिता।
ध्येयतन्मयता मुद्रा मानसी परिकीर्तिता।।

---

१. योगिनीहृदय ( चक्रसङ्केत )।　　२. दीपिका।　　३. अमृतानन्द : दीपिका।

अभिनवगुप्तपाद ने तन्त्रालोक ( मुद्राह्निकः ३२.५-६ ) में खेचरी मुद्रा के भी अनेक भेद बताये हैं और करङ्किणी, क्रोधना, भैरवी एवं लेलिहानिका का नामोल्लेख किया है।

१. करङ्किणी = ज्ञानसिद्धों की मुद्रा।
२. क्रोधिनी = मन्त्रसिद्धों की मुद्रा।
३. भैरवी = मेलापसिद्धों की मुद्रा।
४. लेलिहाना = शाक्तसिद्धों की मुद्रा।
→ **मुद्राचतुष्टय**

कायिकी मुद्रा पाशुपतों में प्रचलित है ( जयरथ )।

**यामुनाचार्यवर्णित मुद्राषट्क** ( आगमप्रामाण्य )—

| | | |
|---|---|---|
| १. कर्णिका | ३. कुण्डल | ५. भस्म |
| २. रुचक | ४. शिखामणि | ६. यज्ञोपवीत |

कपालमुद्रा, खट्वांग मुद्रा ( पाशुपतीय उपमुद्रा )।

पाञ्चरात्र एवं पाशुपत आदि मतों में बाह्य मुद्राओं का प्रतिपादन किया गया है; जबकि अद्वयप्रधान तन्त्रों में सब कुछ आत्मस्वरूप होने के कारण मुद्रा भी परसंवित्तिरूपा है ।

**कौलावलीनिर्णय और मुद्राविधान**— शाक्तों की साधना का सविध एवं शास्त्रोक्त विधान करने वाला एवं अतिप्रिय तन्त्रग्रन्थ 'कौलावलीनिर्णय' मुद्रा-प्रदर्शन एवं मुद्रा-साधना को साधना-क्षेत्र में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण एवं अपरिहार्यतः आवश्यक नित्य कृत्य के रूप में प्रस्तुत करता है। इसमें कहा गया है कि शाक्त साधक को—

१. ब्राह्ममुहूर्त में निद्रा एवं आलस्य का त्याग करके सूर्य के तेज एवं चन्द्रमण्डल से मण्डित सहस्रदल कमल में रजतपर्वत के समान श्वेत, वीरासनस्थित, शुक्लाभूषण-विभूषित, शुक्लाम्बरधारी, शक्तिसमन्वित श्रीगुरुदेव का नित्य ध्यान करते हुए प्रतीकात्मक उपचारों ( यथा— भूम्यात्मक गन्ध, भावात्मक पुष्प, वाय्वात्मक धूप, तेजसात्मक दीप, अमृतात्मक नैवेद्य, वरुणात्मक जल, आकाशात्मक मुकुट आदि ) से पूजा करके योनिमुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिये।

२. संविदा-ग्रहण ( जपारम्भ के पूर्व का कृत्य ) के समय सात बार मूलमन्त्र का जप करके आवाहनादि मुद्राओं तथा धेनुमुद्रा दिखाकर तीन बार छोटिका मुद्रा से दिग्बन्धन करके फिर गुरु-तर्पणोपरान्त तत्त्वमुद्रा द्वारा परिवारसहित देवी का हृदय में तर्पण करते हुये अग्रिम कृत्यों का निष्पादन करना चाहिये।

३. पूजारम्भ के समय पुष्प सूंघकर नाराच मुद्रा से इसे ईशान कोण में फेंक देना चाहिये।[1]

---

१. कौलावलीनिर्णय

**नाराच मुद्रा का स्वरूप**— दाहिने हाथ की तर्जनी को अंगूठे के आगे लाकर ऊर्ध्व रेखा से मिलाते हुये शेष उँगलियों को ऊपर उठाना ही नाराच मुद्रा है।

४. साधक को चाहिये कि मद्यशोधन-क्रियान्तर्गत पञ्चसंज्ञक मुद्राओं द्वारा इष्ट-देवता को भक्तिपूर्वक प्रणाम करे।

**( क ) चतुरस्रिका मुद्रा**— दोनों हाथों की हथेलियों को भूमि पर अधोमुख उंगलियों को सीधी करके रखना चाहिये। यही चतुरस्रिका मुद्रा है।

**( ख ) सम्पुट मुद्रा**— दोनों हथेलियों ( पाणितन्त्रों ) को एक-दूसरे के अभिमुख सम्पुटाकार मिलाने को सम्पुट मुद्रा कहते हैं।

**( ग ) योनिमुद्रा**— दोनों कनिष्ठिकाओं के मूल में दोनों अंगुष्ठों को रखकर, फिर दोनों तर्जनियों के ऊपर दोनों मध्यभागों को और दोनों अनामिकाओं एवं कनिष्ठिकाओं को अंगुष्ठ से दबाकर रखने को योनिमुद्रा कहते हैं।

**( घ ) सम्पुटाञ्जलि मुद्रा**— सम्पुट मुद्रा बनाकर उसी में दोनों कनिष्ठिकाओं के मूल में दोनों अंगूठों को लगा देने को सम्पुटाञ्जलि मुद्रा कहते हैं।[1]

( क ) 'ह्रां नमः' कहकर चतुरस्रिका मुद्रा,
( ख ) 'ह्रीं नमः' कहकर संवृत्त मुद्रा,
( ग ) 'क्लीं नमः' कहकर सम्पुट मुद्रा,
( घ ) 'प्लुं नमः' कहकर सम्पुटाञ्जलि मुद्रा,
( ङ ) 'सः नमः' कहकर योनि-मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिये।

साधक को द्रव्यशोधन की क्रिया के अन्तर्गत आनन्दभैरवी का पूजन करके 'वं' का जप करके द्रव्य को अमृत मानकर फिर, आवाहिनी, स्थापिनी, सन्निधापिनी, सन्निरोधिनी, अवगुण्ठन, षंडग की मुद्रायें तथा छोटिका मुद्रा द्वारा दिग्बन्धन करके, परमीकरण करके धेनुमुद्रा से अमृतीकरण करना चाहिये।

**मुद्राशोधन**— सुपक्व, मनोहर, शर्करादि से पूरित मुद्रायें भी देवी की पूजा में स्वीकृत हैं। भुने हुए धान्य भी मुद्रा के रूप में स्वीकृत हैं। मुद्राओं के शोधन का मन्त्र निम्नांकित है—

ॐ तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः दिवीव चक्षुराततम् ॐ तद्विप्रासो विपण्यवो जागृवांसः समिन्धते विष्णोर्यत् परमं पदम्।

मुद्रायें दिखाकर मूल मन्त्र का जप करना चाहिये।[2]

**शंखमुद्रा**— दाहिने हाथ से वाम कर के अंगूठे को पकड़कर फिर मुट्ठी एवं अंगूठे

---

१. कौलावलीनिर्णय। २. कौलावलीनिर्णय।

को उत्तान करके फैलाना चाहिये; साथ ही वामवर्ती हाथ की शेष उँगलियाँ उसी प्रकार संयुक्त रूप में फैली रहें एवं दाहिने अंगूठे से लगी रहें। इसे ही शंखमुद्रा कहते हैं।

**मत्स्य मुद्रा**— दाहिना हाथ अधोमुख रहे और वाम पाणि भी; तथापि एक-दूसरे के ऊपर सभी उँगलियाँ मिली हुई और सीधी रहें। अंगूठों को किञ्चित् चलाये। इसे ही मत्स्य मुद्रा कहते हैं।

**आवाहनी मुद्रा**— दोनों हाथों की ऊर्ध्वमुख अञ्जलियों को अधोमुख करने से आवाहनी मुद्रा बनती है।

**स्थापिनी मुद्रा**— आवाहनी मुद्रा को ऊर्ध्वमुख करने पर स्थापिनी मुद्रा बनती है।

**सन्निधापिनी मुद्रा**— दोनों हाथ की बँधी हुई मुट्ठियों को मिलित रूप से रखने पर सन्निधापिनी मुद्रा बनती है।[१]

**सन्निरोधिनी मुद्रा**— मुट्ठियों के भीतर अंगूठों को दबाकर उन्हें अधोमुख करने पर सन्निरोधिनी मुद्रा बनती है।

**अवगुण्ठन मुद्रा**— सन्निरोधिनी मुद्रा में यदि तर्जनी सीधी कर दी जाय तो अवगुण्ठन मुद्रा बनती है।

**परमीकरण महामुद्रा**— परस्पर दोनों हाथों के अंगूठों को ग्रथित करके शेष अंगुलियों को सीधी फैला देने को महामुद्रा या परमीकरण कहते हैं।

**धेनुमुद्रा**— दोनों हाथों की उंगलियों को नीचे की ओर करके दोनों मध्यमाओं, दोनों तर्जनियों तथा दोनों अनामिकाओं को दोनों कनिष्ठाओं से संयुक्त करे तो धेनुमुद्रा बनती है।

नियमानुसार स्वकल्पोक्त विधि से साधकों को मुद्रायें प्रदर्शित करके छोटिका मुद्रा द्वारा तीन साल से दिग्बन्धन करके प्राणप्रतिष्ठा के मन्त्र से लेलिहान मुद्रा के द्वारा यन्त्र पर हाथ रखकर या पाँच कुशों द्वारा प्राणप्रतिष्ठा करनी चाहिए।[२]

**लेलिहान मुद्रा**— दाहिने हाथ की तर्जनी, मध्यमा एवं अनामिका को सीधी करके अधोमुख करे और अनामिका के ऊपर अंगुष्ठ को रखे तथा कनिष्ठा को सीधी फैला दे तो लेलिहान मुद्रा बनती है।

ज्ञानमुद्रा से परमेश्वरी का पूजन करना चाहिये।

**ज्ञानमुद्रा**— अंगुष्ठ एवं तर्जनी के संयोग से अर्थात् तर्जनी को अंगुष्ठ के मूल में लगाने से ( अंगुष्ठ एवं तर्जनी के संयोग द्वारा ) जो ( अंगुष्ठ की जड़ में ) गोलाकार रचना बनती है, उससे युक्त ऊर्ध्वोन्मुख अंगुष्ठ की रचना ज्ञानमुद्रा कहलाती है।[३]

१. कौलावलीनिर्णय। २. कौलावलीनिर्णय। ३. कौलावलीनिर्णय।

महादेवी की नीराजना करने के अनन्तर साधकों को चाहिए कि वे देवता को चक्रमुद्रा दिखायें।

बायें हाथ की वृद्धा अंगुली के गर्भ में कनिष्ठा एवं दक्षिणवर्ती हाथ की कनिष्ठा के गर्भ में जोड़कर फिर वाम एवं दक्षिण अंगुष्ठों का संयोग करने से चक्रमुद्रा बनती है।

साधक को चाहिये कि वह इष्टदेवी को दुग्ध, दधि, पायस, मोदक, चर्व्य, चोष्य, लेह्य, पेय, भक्ष्य एवं भोज्य आदि पदार्थ समर्पित करके तथा चुल्लूक देकर प्राणमुद्रा का प्रदर्शन करे।[१]

**प्राणमुद्रा**— वृद्धा, अनामा और कनिष्ठा के संयोग से प्राणमुद्रा बनती है।
**अपान मुद्रा**— वृद्धा, मध्यमा एवं तर्जनी से अपान मुद्रा बनती है।
**व्यान मुद्रा**— वृद्धा, अनामा और मध्यमा से व्यान मुद्रा बनती है।
**उदान मुद्रा**— कनिष्ठा से रहित समस्त अंगुलियों से उदान मुद्रा बनती है।
**समान मुद्रा**— सम्पूर्ण अंगुलियों के संयोग से समान मुद्रा बनती है।

प्राणाय स्वाहा, अपानाय स्वाहा, व्यानाय स्वाहा, उदानाय स्वाहा, समानाय स्वाहा कहकर मुद्राओं का प्रदर्शन करना चाहिये।

यह भी शास्त्र-विधान है कि अग्नि में देवी को समाविष्ट समझकर संहारमुद्रा द्वारा 'देवीं अग्नये स्वाहा' मन्त्र से तीन आहुतियाँ प्रदान करनी चाहिये। इसी प्रकार गणदेवताओं को संहारमुद्रा से लाकर उनका पूजन करना चाहिये।

कुम्भमुद्रा लगाकर सुगन्धित जल को लेकर मूलमन्त्रपूर्वक 'अमुकं देवतां अभिषिञ्चामि' कहने के अन्त में हृदय मन्त्र लगाकर अपने सिर में समन्त्र की भावना करनी चाहिये।

साधना में योनिमुद्रा का सर्वातिशायी महत्त्व है। सृष्टि चार प्रकार की है। यह जिसकी योनि से उत्पन्न होती है, उसी में लय हो जाती है। यही योनिमुद्रा है। इसके बन्धन से सभी मन्त्र सिद्ध हो जाते हैं।[२]

'शाक्तानन्दतरङ्गिणी' के अनुसार वामांगुष्ठ एवं अनामिका को युक्त करके जिस तत्त्वमुद्रा की रचना होती है, उसके द्वारा देवता के मुख में मूल मन्त्र से तीन बार तर्पण करना चाहिये। इससे द्रव्य अमृत के तुल्य हो जाता है।

मुद्रा-प्रदर्शन के साथ-साथ शरीरांग भी निर्धारित हैं; यथा—

## गोरक्षनाथोपदिष्ट अष्ट मुद्रायें

गोरक्षनाथ जी ने अपनी 'अष्टमुद्रा' नामक पुस्तक में आठ मुद्राओं का उल्लेख किया है, जो निम्नांकित हैं—

---

१. कौलावलीनिर्णय। २. कौलावलीनिर्णय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. मूलनी | ३. खीरनी | ५. भूचरी | ७. अगोचरी |
| २. जलश्री | ४. खेचरी | ६. चाचरी | ८. उनमनी |

**मुद्राओं का स्वरूप—**

**१. मूलनी मुद्रा—** अवधी यंद्रीमध्ये मूलनी मुद्रा।
काम तृष्णा ले उतपनीं काम।।

**२. जलश्री मुद्रा—** कामतृष्णासमो कृत्वा मुद्रा तौ भई मूलनी।
नाभी मधे जलश्री मुद्रा काल क्रोध ले उतपनी।।

**३. खीरनी मुद्रा—** काल क्रोध समो कृतवा मुद्रा तौ भई जलश्री।
हृदा मध्ये खीरनी मुद्रा ज्ञान दीप ले उतपनी।।

**४. खेचरी मुद्रा—** ज्ञानदीप समो कृतवा मुद्रा तौ भई खीरनी।
मुख मध्ये खेचरी मुद्रा स्वादबिस्वाद ले उतपनी।।

**५. भूचरी मुद्रा—** स्वाद विस्वाद समो कृतवा मुद्रा तो भई खेचरी।
नासिका मध्ये भूचरी मुद्रा गंध निबंध ले उतपनी।।

**६. चाचरी मुद्रा—** गंध विगंध समो कृतवा मुद्रा तौ भई भूचरी।
चखिमध्ये चाचरी मुद्रा दिष्टि-विदिष्टि हो उतपनी।।

**७. अगोचरी मुद्रा—** दिष्टि विदिष्टि समो कृतवा मुद्रा तौ भई चाचरी।
करण मध्ये अगोचरी मुद्रा सबद कुसबद ले उतपनी।।

**८. उनमनी मुद्रा—** सबद कुसबद समो कृतवा मुद्रा तौ भई अगोचरी।
ब्रह्माण्ड असथानि उनमनी मुद्रा परम जाति लै उतपनी।।

परम जोति समो कृतवा मुद्रा तौ भई उनमनी।
सुंनि मँडल तहाँ नीझर झरिया।
चंद सुरजि ले उनमनि धरिया।।

( चन्द्रमा और सूर्य के योग से जब उन्मनावस्था आती है, तब ब्रह्मरन्ध्र ( शून्यमण्डल ) में अमृत का निर्झर झरने लगता है। )

उनमनि रहिबा भेद न कहिबा पीयवा नींझर पाणी।
लंका छाडि पलंका जाइबा तब गुरमुख लेबा वाणी।।

असाध साधंत गगन गाजंत उनमनी लागत ताली।
उलटंत पवनं पलटंत वाणी अजीव पीवत जे ब्रह्मज्ञानी।।

अनहद सूं मन उनमन रहै, सो सन्यासी अगम की कहै।
बदंत गोरख रुति ते सूरिवां उनमनि मन मैं वास।।

उनमनि डांडी मन तराजू पवन कीया गदियाना।
मन पवन दो काय सुपारी उनमनी तिलक सिंदूरं।।

नासिका अग्रे भ्रूमण्डले अहनिस रहिवा थीरं।
माता गरभि जनम न आयबा बहुरि न पीयवा खीरं।।

नासा अग्र निजु ज्यौ बाई। इड़ा प्यंगुला मधि समाई।। ( गो० बा० )

**वज्रोली-अमरोली मुद्रा—**

बजरी करंता असरी राखै अमरि करंता बाई।
भोग करंता जे व्यंद राखै ते गोरख का गुरभाई।।

**खेचरी मुद्रा—** मुख मध्ये खेचरी मुद्रा स्वाद विस्वाद ले उतपनी।।

**भूचरी मुद्रा—** नासिका मध्ये भूचरी मुद्रा गंध निबंध ले उतपनी।।

**चाचरी मुद्रा—** चखि मध्ये चाचरी मुद्रा दिष्टि विदिष्टि ले उतपनी।

**आचार्य रामानन्द कहते हैं—**

चाचरी भूचरी खेचरी अगोचरी उन्मुनी पाँच मुद्रा साधत सिद्ध राजा।।

**उन्मनी मुद्रा—** गोरक्षनाथ ने 'अमनस्क योग' में इसे अमनस्क कहा है—

तत्त्वस्य सम्मुखे जाते अमनस्कं प्रजायते।।

अमृतोद्दीपनी विद्या निरपाया निरञ्जना।
अमनस्का कला कापि जयत्यानन्ददायिनी।।

**मत्स्येन्द्रनाथ—**

१. ( कौणसो पाती किहि विधि रहै )
पाँचों पाती उनमनि रहै। ऐसा विचार मछिंद्र कहै।

२. ( तामैं निहचल कैसे रहे )
तामहिं निहचल उनमन रहै। ऐसा विचार मछिंद्र कहै।

३. रूप अरूप मन उनमनि रहै। ऐसा विचार मछिंद्र कहै।

४. सिव सकती ले उनमन रहै। ऐसा विचार मछिंद्र कहै।

५. सदा चेतनि मन उनमत रहै। सतगुर होइ सु बूंझां कहै।

६. गगन अस्थाने मन उनमन रहै। ऐसा बिचारि मछिन्द्र कहै।

**गोरखनाथ—**

१. अहनिसि मन लै उनमन रहै। गम की छाँड़ि अगम की कहै।।

२. मन पवना लै उनमनि धरिवा ते जोगी ततसारं।

३. यहु मन लै जे उनमन रहै।
तौ तीनि लोक की बातां कहै।

४. अवधू दम कौं गहिबा उनमनि रहिवा ज्यूं बाजवा अनहदतूरं।
५. छठैं छमासि काया पलटिबा तब उनमुनि जोग अपारं।
६. सुंनि मंडल तहाँ नीझर झरिया चंद सुरजि ले उनमनि धरिया।
७. उनमनि रहिबा भेद न कहिबा पीयबा नींझर पांणी।
८. असाध साधंत गगन गाजंत उनमनी लागंत ताली।
९. अनहद सूं मन उनमन रहै। सो सन्यासी अगम की कहै।
१०. बदंत गोरख सति ते सूरिबां उनमनि मन मैं बास।
११. उनमन जोगी दसवैं द्वार। नाद व्यंद ले धूँधूँकार।
१२. परचय जोगी उनमन खेला। अहनिसि रंछया करै देवता स्यूं मेला।

**आचार्य रामानन्द—**

१. उनमुनी दिष्टि सो भाव देखै।
२. उनमनी भरे जदद मसाल।
३. चाचरी भूचरी खेचरी अगोचरी उन्मुनी।
पाँच मुद्रा साधते सिद्ध राजा। ( रामरक्षा )[1]

**उन्मनी मुद्रा की प्रक्रिया—** योगीश्वर गोरक्षनाथ उन्मनीकारक विधि के विधान का प्रस्तुतीकरण इस प्रकार करते हैं कि तारों ( आँख की पुतलियों ) को ज्योति में लगाकर भौंहों को कुछ ऊर्ध्व करना चाहिये ( ऊपर चढ़ा लेना चाहिये )। यह पूर्वयोग ( तारक योग ) का योग-मार्ग ( पद्धति ) क्षण भर में उन्मनीभाव उत्पन्न कर देता है—

तारे ज्योतींषि संयोज्य किञ्चिदुन्नमयन् भ्रुवौ।
पूर्वयोगस्य मार्गोऽयमुन्मनीकारकः क्षणात्।।[2]

समस्त चिन्ताओं से मुक्त होकर तथा सुरम्य प्रदेश में समासीन होकर योग का अभ्यास करना चाहिये। सब प्रकार की चिन्ताओं से मुक्त होकर, एकान्त स्थान में स्थिर होकर, समान आसन में समासीन होकर, पीछे की ओर कुछ झुककर अर्थात् तनकर, स्थिरांग होकर, सुखपूर्वक बैठकर एवं एक हाथ तक दृष्टि को स्थिर करके योग का अभ्यास करना चाहिये। इस विधि से योगाभ्यास करने से मन सुस्थिर हो जाता है और क्रमशः वायु, वाणी, देह एवं दृष्टि में स्थैर्य आ जाता है। जिसको अमनस्क योग की प्राप्ति हो रही हो और जो सब ओर से उदासीन हो, ऐसे योगी के शरीर में मृदुता एवं लघुता आ जाती है।[3]

---

१. विशेष ध्यातव्य— उन्मनी मुद्रा का उल्लेख हठयोगप्रदीपिका, घेरण्डसंहिता एवं शिवसंहिता में नहीं है।
२. अमनस्कयोग।
३. अमनस्कयोग।

दृश्य के विना ही जिसकी दृष्टि स्थिर हो जाय, विना किसी प्रकार के प्रयत्न के जिसकी वायु स्थिर हो जाय एवं विना किसी अवलम्बन के जिसका चित्त स्थिर हो जाय; वही योगी है। वही गुरु होने के योग्य है और वही सेव्य है—

दृष्टिः स्थिरा यस्य विनैव दृश्यं वायुः स्थिरो यस्य विना प्रयत्नम्।
चित्तं स्थिरं यस्य विनावलम्बनं स एव योगी स गुरुः स सेव्यः।।[१]

सुखासन पर समासीन होकर परतत्त्व का अभ्यास करना चाहिये। साधक को अभ्यास द्वारा परतत्त्व को प्रकाशित करना चाहिये। ये भूतात्मक जगत्, ये पञ्चभूत, यह पञ्चभूतात्मक शरीर आदि सभी वितथ हैं; अतः 'ये हैं ही नहीं'— ऐसी भावना करनी चाहिए।

सब प्रकार की चिन्ताओं से रहित होकर मन से किसी का भी चिन्तन नहीं करना चाहिये। जो योगी ऐसा करता है, ऐसे योगी के बाहर एवं भीतर तत्त्व ( उसके सम्मुख ) उपस्थित हो जाता है अर्थात् उसे बाहर एवं भीतर सर्वत्र तत्त्व स्फुरित रूप में दृष्टिगोचर या अनुभूत होता है। तत्त्व के सम्मुख होने पर अमनस्क योग हो जाता है। अमनस्क योग की प्राप्ति होने पर चित्त आदि का सम्यक् लय हो जाता है—

( क ) न किञ्चिन्मनसा ध्यायेत्सर्वचिन्ताविवर्जितः।
स बाह्याभ्यन्तरे योगी जायते तत्त्वसम्मुखः।।

( ख ) तत्त्वस्य सम्मुखे जाते अमनस्कः प्रजायते।
अमनस्केऽपि सञ्जाते चित्तादिविलयो भवेत्।।[२]

हठयोगप्रदीपिका में भी कहा गया है—

बाह्यचिन्ता न कर्तव्या तथैवान्तरचिन्तनम्।
सर्वचिन्तां परित्यज्य न किञ्चिदपि चिन्तयेत्।।[३]

चित्त आदि का विलय हो जाने पर पवन ( वायु ) का लय हो जाता है। मन और पवन का विलय हो जाने पर इन्द्रियार्थों ( पञ्च महाविषयों ) का त्याग हो जाता है। इन्द्रियार्थों ( शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध ) का त्याग हो जाने पर योगी को बाह्य ज्ञान नहीं रह जाता। बाह्य ज्ञान के विनष्ट होने पर वैषम्य के अभाव के कारण सर्वसाम्य हो जाता है। सर्व-साम्य होने पर साधक व्यापारशून्य हो जाता है और परब्रह्म में समाविष्ट योगी लयीभूत हो जाता है।[४]

**अन्तर्मुद्रा और उन्मनी**— योगिराज गोरक्षनाथ ने अमनस्क योग को अन्तर्मुद्रात्मक कहा है और इसे ही यथार्थ योग कहा है—

**मुद्राद्वय**— गोरक्षनाथ के अनुसार मुद्रायें दो प्रकार की हैं—

---

१. अमनस्कयोग।
२. अमनस्क योग।
३. स्वात्माराम मुनीन्द्र।
४. अमनस्क योग।

बहिर्मुद्रा ( बहिर्योग ) एवं अन्तर्मुद्रा ( अन्तर्योग )।

पूर्वयोग या तारक योग बाह्य मुद्रा से मुक्त होने के कारण बहिर्योग है और अमनस्क योग ( उन्मनी योग ) अन्तर्मुद्रात्मक होने के कारक यथार्थ योग है।[१]

**अमनस्क और राजयोग**— गुरु गोरक्षनाथ कहते हैं कि अमनस्क योग ( उन्मनी मुद्रा से प्राप्य योग की उन्मनावस्था ) ही राजयोग है—

राजयोगः स कथितः स एव मुनिपुङ्गव।
राजत्वात् सर्वयोगानां राजयोग इति स्मृतः।।[२]

अन्तर्योग और बहिर्योग में से अन्तर्योग अमनस्क योग है। अन्तर्योगात्मक अमनस्क योग में चित्त, बुद्धि, अहंकार, ऋत्विक्, सोम १० इन्द्रियों और प्राणों का ज्योतिर्मण्डल में हवन करते हैं।

( क ) होता = चित्त, बुद्धि, अहंकार, ऋत्विक्, सोम।
( ख ) हव्य = ( हवन-सामग्री ) = २० इन्द्रियाँ।
( ग ) होमकुण्ड = ज्योतिर्मण्डल।[३]

इस अमनस्क ( उन्मनी भाव ) की साधना हेतु पवित्र, निर्जन एवं मनोहर प्रदेश, समान आसन, कुछ तन कर बैठने की स्थिति, सुखासन, समस्त अंगों की यथास्थान स्थापना, सुस्थिर चित्तता, निश्चलता, एक हाथ आगे तक दृष्टि-स्थापन, पैर के नख से शिखापर्यन्त समस्त अंगों का शैथिल्य, आन्तर-बाह्य समस्त चिन्ताओं का त्याग, औदासीन्य, आनन्द-पूर्वक सन्तुष्टि के साथ अभ्यास, वाणी, मन एवं शरीर के क्षोभ का परित्याग तथा शिला की भाँति शरीर की सुस्थिरता ( निश्चलता ) होनी चाहिये।[४]

जब जहाँ पर जिस प्रकार मन स्थिर हो तब वहाँ उसी प्रकार उसको रहने देना चाहिये। उसे वहाँ से कभी नहीं हटाना चाहिये।[५]

ऐसा साधक न सोता है और न जागता है। वे स्वप्न-जागरण-विहीन होते हैं; क्योंकि स्वप्न चिदंशरहित होता है और जागरण में विषयग्रह का प्राधान्य होता है—

स्वप्ने चिदंशशून्यत्वं जागरे विषयग्रहः।
स्वप्नजागरणातीतमतस्तत्त्वं विदुर्बुधाः।।

दृष्टि जहाँ-कहीं संलग्न होती है, वहीं पर स्थिर होकर धीरे-धीरे नष्ट हो जाती है। चारो ओर फैलाई हुई दृष्टि जब धीरे-धीरे प्रत्याहृत होकर पुनरावर्तित होती है, तब साधक परतत्त्व को स्वयं अपने में देखता है। जैसे सोकर उठा हुआ कोई पुरुष रसादि विषयों

---

१. अमनस्क योग ( उत्तरार्ध )।
२. अमनस्क योग।
३. अमनस्क योग।
४. अमनस्क योग ( ५०-५७ )।
५. अमनस्क योग।

का अनुभव करता है, वैसे ही योगनिद्रा के समय योगी जागता ही रहता है, इसीलिए वह 'योगी' कहलाता है—

यथा सुप्तोत्थितः कश्चिद् विषयान् प्रतिपद्यते।
जागर्त्येव ततो योगी योगनिद्राक्षणे तथा।।[१]

जाग्रत-स्वप्न के मध्य की स्थिति ही उन्मनी है—

निद्राजाग्रन्मध्यभागे संविद्भेदान्तरे तथा।
मध्ये संविद्वेद्योश्च सूक्ष्मबुद्ध्याऽभिलक्षय।।

एतत्पदं निजं रूपं यत् प्राप्य न विमुह्यति।
एतदज्ञानमात्रेण प्रवृत्तं जगदीदृशम्।।

मन जहाँ स्थिर होता है, वहीं नष्ट हो जाता है—

स्थिरीभूता च यत्रैव विनश्यति शनैः शनैः।

मन के स्थिर होने पर न तो कोई विधि है और न ही कोई क्रम है—

सदाभ्यासे स्थिरीभूते न विधिर्नैव च क्रमः।

स्थिरीकरण के लिए चिन्तन का त्याग अपरिहार्यतः आवश्यक है; क्योंकि तभी तत्त्व प्रकाशित हो पाता है; अन्यथा नहीं—

न किञ्चिच्चिन्तयेद् योगी औदासीन्यपरो भवेत्।
न किञ्चिच्चिन्तनादेव स्वयं तत्त्वं प्रकाशते।।

इस साधना में थोड़ा-सा भी प्रयत्न नहीं किया जाना चाहिये, संकल्प-कामना नहीं होनी चाहिये एवं अहं-त्वं का बोध भी नहीं होना चाहिये; क्योंकि—

यावत्प्रयत्नलेशोऽस्ति यावत्सङ्कल्पकामना।
अहं त्वमिति सम्प्राप्तिस्तावत्तत्त्वस्य का कथा।।

न रोका गया मन अपनी इच्छा पूरी करके अपने-आप शान्त हो जाता है तथा प्रयत्न-पूर्वक निवारित करने पर भी कभी निवृत्त नहीं होता। मन जब तक तत्त्व प्राप्त नहीं करता, तब तक इधर-उधर भागता रहता है—

दुर्निवार्यं मनस्तद्वद्यावत्तत्त्वं न बिन्दति।

मनोवृत्ति आत्मा में सदा सुस्थिर रहती है—

सदाभ्यासान्मनोवृत्तिस्तदात्मनि।

जो कुछ भी चराचर जगत् है, वह सब मन से दृश्य है। मन का उन्मनीभाव होने पर अद्वैत हो जाता है—

---

१. अमनस्क योग।

मनोदृश्यमिदं सर्वं यत् किञ्चित्सचराचरम्।
मनसोऽप्युन्मनीभावेऽद्वैतभाव: प्रकल्पते।।[१]

योगी को न तो दिन में जागना चाहिये और न ही रात्रि में सोना चाहिये; प्रत्युत उसे तो नित्य रात्रि एवं दिन में सहज तत्त्व में सोना चाहिये—

न दिवा जागरितव्यं स्वपितव्यं नैव रात्रिभागेऽपि।
रात्रावह्नि च सहजे स्वपितव्यं योगिना नित्यम्।।

अमनस्कस्वरूप सहजतत्त्व में स्थित पुरुष के विषय में दिन और रात्रि शब्द हैं ही नहीं; क्योंकि वे जागरण-शयन-वर्जित तथा चिन्मात्रानन्दावस्थित रहते हैं।

ओंकारादि विभिन्न करणों से प्राण का संयोजन, हृदयकमल में ज्योतिश्चिन्तन एवं महाशून्यालम्बन ( चित्त का निरालम्बन )— इन सबका मनविभ्रम-निराकरणार्थ अवाच्य अमनस्क का सेवन करना चाहिये—

अवाच्यमेकममनस्कत्वं बुधै: सेव्यताम्।[२]

उन्मनी तो भगवती की पवित्र आख्या भी है—

सर्वयन्त्रात्मिका सर्वतन्त्ररूपा मनोन्मनी।[३]

भ्रूमध्य से अष्टम स्थान ब्रह्मरन्ध्र है और उसके नीचे मनोन्मनी उन्मनी है—

भ्रूमध्यादष्टमं स्थानं ब्रह्मरन्ध्रादधस्तनं मनोन्मनीम्।

**उन्मनी का जन्म**— सुषुम्नावाहिनि प्राणे सिद्ध्यत्येव मनोन्मनी।[४] स्वच्छन्दतन्त्र में उसका स्वरूप इस प्रकार बताया गया है—

या शक्ति: कारणत्वेन तदूर्ध्वं चोन्मनी स्मृता।
नात्र कालकलामानं न तत्त्वं न च देवता।।

सुनिर्वाणं पदं शुद्धं रुद्रवर्णं तदुच्यते।
शिवशक्तिरिति ख्याता निर्विकल्पा निरञ्जना।।

त्रिपुरोपनिषद् में कहा गया है कि उन्मनीभाव परमपद है—

निरस्तविषयासङ्गं सन्निरुद्धं मनो हृदि।
यदा यात्युन्मनीभावं तदा तत्परमं पदम्।।

**उन्मनी मुद्रा**— योगशास्त्र में उन्मनी एक मुद्रा भी है। उसका स्वरूप इस प्रकार है—

नेत्रत्रयोन्मेषनिमेषमुक्ते वायुर्यया वर्णितरेचपूर:।
मनश्च सङ्कल्पविकल्पशून्यं मनोन्मनी सा मयि सन्निधत्ताम्।।

बृहन्नारदीय पुराण में कहा गया है—

---

१. अमनस्क योग।
२. अमनस्क योग।
३. ललितासहस्रनाम।
४. सौभाग्यभास्कर।

ध्यानध्यातृध्येयभावो यदा पश्यति निर्भरम्।
तदोन्मनत्वं भवति ज्ञानामृतनिषेवणात्।।

उन्मनी अद्वैतभाव की स्थिति है; क्योंकि—

मनसो ह्युन्मनीभावाद् द्वैतं नैवोपलभ्यते।।[1]

उन्मनी नमस्कार्य है; इसीलिए हठयोगप्रदीपिकाकार कहते हैं—

मनोन्मन्यै नमस्तुभ्यं महाशक्त्यै चिदात्मने।।

स्वात्माराम मुनीन्द्र कहते हैं कि तत्त्व ( चित्त ) ही बीज है ( क्योंकि चित्त ही उन्मनी-रूप अंकुर है )। प्राणापान की एकता रूप हठयोग उसका क्षेत्र है। औदासीन्य जल है। उसी से उन्मनी कल्पलतिका का जन्म होता है—

तत्त्वं बीजं हठ: क्षेत्रमौदासीन्यं जलं त्रिभि:।
उन्मनीकल्पलतिका सद्य एव प्रवर्तते।।[2]

मन-उन्मन लययोग सन्तों में पर्याप्त रूप में मिलता है। मन को उन्मनरूपी परमात्मा में लीन करने से मन निर्मल हो जाता है, सन्त कवि दादूदयाल कहते हैं कि जैसे मैले मन को शुद्ध मन से धोकर स्वच्छ किया जाता है, उसी प्रकार इस मन को उन्मनी में लीन करके पूर्ण निर्मल करना चाहिये। उन्मनी ध्यान एवं उन्मनी मुद्रा— दोनों ही उन्मन योग के लिए आवश्यक हैं। दादूदयाल कहते हैं कि वैरागी योगी सदैव उन्मनी ध्यान में ही लीन रहता है— 'जुगिया बैरागी बाबा रहै अकेला उन्मनी लागा।' मन को अन्तर्मुखी करने पर ही उन्मनी ध्यान लगता है। कबीर कहते हैं कि लोग परमात्मा को बाहर ढूँढ़ने में सारा जीवन नष्ट कर देते हैं; किन्तु उन्मनी ध्यान से उसकी प्राप्ति शरीर के भीतर ही हो सकती है। उन्मन ध्यान ही क्रमश: धीरे-धीरे उन्मन समाधि में परिणत हो जाता है। कबीर कहते हैं कि उन्मनी ध्यान में संलग्न रहने से मन थक गया है। सहज समाधि लग गई है। किसी बात का वर्णन नहीं किया जा सकता। उन्मन ध्यान घर के भीतर ही है— 'बाहर खोजत जनम गँवाया। उन्मन ध्यान घट भीतर पाया।'

उन्मनी ध्यान का साफल्य केवल उन्मनि मुद्रा पर ही आश्रित है। मन का अन्तर्मुखी-करण ही उन्मनी मुद्रा है। कबीर कहते हैं कि साधक को चाहिये कि मन को अन्तर्मुखी करके उन्मनी मुद्रा लगाये। उन्मनी मुद्रा में उन्मन ध्यान करने से मन शून्य में प्रविष्ट हो जाता है। यही 'मन उन्मन लय योग' है। यही 'मन शून्य लय योग' है।

मन-उन्मन योग में मन का परिष्करण आवश्यक है। उन्मनी मुद्रा में मन को अन्तर्मुखी करना होता है। ज्ञान एवं सदाचार के विना मन अन्तर्मुखी हो ही नहीं सकता। मन ज्ञान एवं सदाचार से शुद्ध होने पर उन्मनी ध्यान में लीन हो जाता है। कबीर कहते है कि

---

१. हठयोगप्रदीपिका। २. हठयोगप्रदीपिका।

साधक उन्मनी समाधि में लीन होकर गगन में रसास्वादन किया करते हैं। मन को ब्रह्म-रन्ध्र में केन्द्रित करना मनशून्य योग है। सन्तों की दृष्टि में शून्य में ध्यान का केन्द्रीयकरण ही उन्मनी मुद्रा है।

सन्तों ने भी अगोचरी, भूचरी, चाचरी, खेचरी, शाम्भवी एवं उन्मनी मुद्राओं का उल्लेख किया है। सन्तों के मत में ( यथा— सन्त यारी के मत में )—

१. त्रिकुटी में दामिनी जैसी ज्योति पर मन का केन्द्रीयकरण 'चाचरी' मुद्रा है।
२. मस्तक में ज्योति का दर्शन करना 'भूचरी' मुद्रा है।
३. गगनगुफा या ब्रह्मरन्ध्र में ज्योति-ध्यान 'खेचरी' मुद्रा है।
४. शून्य में ध्यान का केन्द्रीयकरण 'उन्मनी' मुद्रा है।

तान्त्रिकों में कुण्डलिनी साधना के अतिरिक्त मुद्रा-साधना भी प्रचलित रही है।[१] कुण्डलिनी को जागृत करने के लिए योगी को सबसे पहले दस मुद्राओं की साधना करनी पड़ती है।

कबीर कहते हैं— 'उन्मुनि रहै ब्रह्म को चीन्है परम तत्त्व को ध्यावै।' 'उन्मनि रहनी' का समस्त विवरण इस प्रकार है—

सन्तो सहज समाधि भली।
आँख न मूँदूँ, कान न रुँधूँ काया कष्ट न धारूँ।
खुले नैन मै हँस हँस देखूँ सुन्दर रूप निहारूँ।
कहूँ सो नाम सुनूँ सो सुमिरन जो कुछ करूँ सो पूजा।
गिरह उद्यान एक सम देखूँ भाव मिटाऊँ दूजा।
जहँ जहँ जाउँ सोई परिकरमा जो कुछ करूँ सो सेवा।
जब सोऊँ सो तब करूँ दण्डवत पूजूँ और न देवा।।[२]

**उन्मनी मुद्रा, आज्ञा चक्र एवं ध्यान**— शिवसंहिता में ११ मुद्राओं का वर्णन किया गया है। इसमें योनिमुद्रा, महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, जालन्धर, मूलबन्ध, विपरीत-करिणी, उड्डीयानबन्ध, वज्रोली एवं शक्तिचालन का एवं घेरण्डसंहिता में वज्राणी, माण्डवी, ताडागी, शाम्भवी, योनि आदि का वर्णन तो है; किन्तु इन दोनों में उन्मनी मुद्रा का उल्लेख कहीं नहीं किया गया है। हठयोगप्रदीपिका में उन्मनी का उल्लेख निम्न रूपों में किया गया है[३]—

---

१. प्रिंसपल्स आफ तन्त्राज।
२. कहे कबीर यह उन्मुनि रहनी सो परगट कर गाई।
३. हठयोगप्रदीपिका में महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, उड्यान, मूलबन्ध, जालन्धर, विपरीतकरणी, वज्रोली, शक्तिचालन इन १० मुद्राओं का उल्लेख तो है, किन्तु इसमें उन्मनी मुद्रा का उल्लेख नहीं किया गया है।

( क ) अवस्था के रूप में मनोन्मनी—

एकं सृष्टिमयं बीजमेका मुद्रा च खेचरी।
एको देवो निरालम्ब एकावस्था मनोन्मनी।। ( ३.५४ )

( ख ) राजयोग, समाधि, अमनस्क, सहजा, लय एवं अद्वैत के अर्थ में—

राजयोगः समाधिश्च उन्मनी च मनोन्मनी।
अमरत्वं लयस्तत्त्वं शून्या शून्यं परं पदम्।।

अमनस्कं तथाऽद्वैतं निरालम्बं निरञ्जनम्।
जीवन्मुक्तिश्च सहजा तुर्या चेत्येकवाचकाः।। ( ४.३-४ )

( ग ) सुषुम्णा में प्राणसञ्चार की अवस्था के रूप में—

सुषुम्नावाहिनी प्राणो सिद्ध्यत्येव मनोन्मनी।। ( ४.२० )

( घ ) उन्मनी मुद्रा के रूप में ( किन्तु १० मुद्राओं में इसका कहीं भी उल्लेख नहीं किया गया है )—

१. तारे ज्योतींषि संयोज्य किञ्चिदुन्नमयेद् भ्रुवौ।
पूर्वयोगं मनो युञ्जन्नुन्मनीकारकः क्षणात्।।

२. केचिदागमजालेन केचिन्निगमसङ्कुलैः।
केचित्तर्केण मुह्यन्ति नैव जानन्ति तारकम्।।

( तारकं = उक्तोन्मन्येव तरणोपायः )

नेत्रों की कनीनिकारूप तारा को ज्योति में ( तारों को नासिका के अग्र भाग में ) लगाने से उत्पन्न प्रकाशमान तेज में लगाकर भृकुटियों को थोड़ा ऊपर करने से अन्तर्लक्ष्म बहिर्दृष्टि-रूप योग में मन का संयोग उन्मनीकारक अवस्था उत्पन्न करता है। उन्मनीकारक = उन्मन्य-वस्थाकारक।

उन्मनी के विना कोई संसार-सागर से तारने वाला नहीं है— 'उन्मन्येव तरणोपायः' ( ज्योत्स्ना )।

( ङ ) खेचरी की परिपक्वावस्था के रूप में—

पुरस्ताच्चैव पूर्येत निश्चिता खेचरी भवेत्।
अभ्यस्ता खेचरी मुद्राप्युन्मनी सम्प्रजायते।। ( ४.४७ )

भ्रुवोर्मध्ये शिवस्थानं मनस्तत्र विलीयते।
ज्ञातव्यं तत्पदं तुर्यं तत्र कालो न विद्यते।। ( ४.४८ )

( च ) अद्वैतावस्था के रूप में—

मनसो ह्युन्मनीभावाद् द्वैतं नैवोपलभ्यते।। ( ४.६१ )

( छ ) उन्मनी अवस्था प्राप्त करने हेतु भ्रूध्यान आवश्यक है—

उन्मन्यवाप्तये शीघ्रं भ्रूध्यानं मम सम्मतम्।। ( ४.८० )

( ज ) चित्त ( तत्त्व ) बीज है। ह + ठ = खेत है। औदासीन्य = जल है। उन्मनी कल्पलतिका है। उन्मनी = असम्प्रज्ञात समाधि।

( क ) शाम्भवी मुद्रा का उपयोग— दक्षिण कान से नादश्रवण ( ४.६७ )।

( ख ) पराङ्मुखी मुद्रा का उपयोग— स्फुट, अमल नाद को सुषुम्णा में सुनना ( ४.६८ )।

## उन्मनी अवस्था एवं उसमें स्थित योगी के लक्षण

हठयोगप्रदीपिका में उन्मनी अवस्था में स्थित योगी के निम्न लक्षण दिये गये हैं—

१. शंख, दुन्दुभी आदि की गम्भीर ध्वनियों को भी उन्मन योगी सुन नहीं पाता तथा उसका शरीर काष्ठ के साथ संवेदनहीन एवं स्थिर या निश्चल हो जाता है—

काष्ठवज्जायते देह उन्मन्यावस्थया ध्रुवम्।। ( ४.१०६ )

२. वह समस्त अवस्थाओं से विनिर्मुक्त, सर्वचिन्तातीत तथा मृतक के समान संवेदनहीन एवं निश्चल हो जाता है।[1]

३. वह काल, कर्म एवं अन्य यन्त्र-मन्त्र के प्रयोगों से अप्रभावित हो जाता है।

४. ऐसा योगी समाधिस्थ होने पर गन्ध, रस, रूप, स्पर्श एवं शब्द को, अपने को, दूसरे को नहीं जानता।

५. वह जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति, स्मृति, उदय एवं अस्त से परे है।[2]

६. वह शीत, ऊष्ण, सुख, दुःख, मान, अपमान किसी की भी संवेदना नहीं रखता।

७. वह जागृतावस्था में भी सुषुप्तवत् रहता है। वह उच्छ्वास-निश्वास से रहित एवं मुक्त होता है।

८. वह समस्त शस्त्रों से अवध्य होता है। वह समस्त प्राणियों द्वारा अशक्य ( अग्राह्य ) होता है। सभी मन्त्रों एवं यन्त्रों की पकड़ से पर होता है।[3]

## क्रममुद्रा

क्रमसूत्रों में लिखा गया है कि अन्तःस्वरूप क्रममुद्रा के द्वारा बहिर्मुख होने पर भी साधक समाधिस्थ ही रहता है। वहाँ पहले बाह्य से अन्तः में प्रवेश होता है तथा आभ्यन्तर से बाह्य स्वरूप में भी प्रवेश समाधिबल से सम्पन्न होता है। इस प्रकार यह मुद्राक्रम बाह्य एवं आभ्यन्तर से संयुक्त होता है—

'क्रममुद्रया अन्तःस्वरूपया बहिर्मुखः समाविष्टो भवति साधकः। तत्रादौ बाह्यात् अन्तःप्रवेशः आभ्यन्तरात् बाह्यस्वरूपे प्रवेशः आवेशवशात् जायते इति सबाह्याभ्यन्तरोऽयं मुद्राक्रमः।'[4]

---

१-३. हठयोगप्रदीपिका। ४. प्रत्यभिज्ञाहृदयम् में उद्धृत।

इसका अर्थ यह है कि सृष्टि, स्थिति और संहार संवित् समूहरूप क्रम को जो मुद्रित करती है— आत्मसात् करती है, वह तुरीय चिति शक्ति ही 'क्रममुद्रा' है। इस पूर्णाहन्तास्वरूप क्रममुद्रा के द्वारा विषयों में व्यापृत रहने पर भी जिसने परशक्ति के विकास का साक्षात्कार कर लिया है, वह परम योगी हो जाता है और वहाँ बाह्य अर्थात् निगले जाते हुए विषयसमूह से अन्तः पराचिति भूमि में ग्रसनक्रम से समावेश होता है और आभ्यन्तर अर्थात् साक्षात्कृत चितिशक्तिस्वरूप से समावेश के सामर्थ्य से ही इदन्तात्मक विषयसमूह में वमन की युक्ति से प्रवेश— चिद्रस की निविड़ता का प्रसारस्वरूप समावेश हुआ करता है।[1]

इस प्रकार यह नित्योदित— बाह्यान्तर समावेश 'मुद'— हर्ष के वितरण करने से परमानन्दस्वरूप होने के कारण, पाशों को नष्ट करने एवं विश्व को अन्तः— तुरीय सत्ता में मुद्रित करने के कारण मुद्रात्मा और सृष्ट्यादि क्रम का आभासक होने के कारण तथा क्रमाभासस्वरूप होने के कारण 'क्रम' कहा जाता है।[2]

जब साधक का परमेश्वर के साथ ऐकात्म्य होता है तब शरीर में एक प्रकार का तनाव या भावप्रदर्शनार्थ एक विशेष प्रकार का आकृतिजन्य आंगिक परिवर्तन हो जाता है और उसे ही 'मुद्रा' कहते हैं। इसमें उँगलियों की विशेष आकृतियाँ निर्मित हो जाती हैं। कभी-कभी हाथ उठ जाता है। कभी कभी मुख-चेष्टा में परिवर्तन हो जाता है। ये ही आकृतिपरिवर्तन की रचनायें 'मुद्रा' कहलाती हैं। पराशक्ति की मदिरा से मत्त शरीर में जो उत्थानादि चेष्टायें उत्पन्न हो जाती हैं, वे भी मुद्रायें कहीं जाती हैं—

कुले योगिनि उद्रिक्तभैरवीयपरासवात्।
घूर्णितस्य स्थितिर्देहे मुद्रा या काचिदेव सा।।[3]

**आवाहनी मुद्रा**— दोनों हाथों के अँगुलियों की अञ्जलि बनाकर अनामिकाओं के मूल में अँगूठा लगावे।

**स्थापिनी मुद्रा**— आवाहिनी मुद्रा को अधोमुख करे।

**सन्निधापिनी मुद्रा**— दोनों हाथों की मुट्ठी बाँधकर दोनों अँगूठों को ऊपर उठा दे।

**सन्निबोधिनी मुद्रा**— दोनों अंगूठों की मुष्टी के भीतर कर मुष्टी को अधोमुख करे।

**सकलीकरण मुद्रा**— देवता के अंगों में षडंगन्यास करे।

**परमीकरण मुद्रा**— दोनों हाथों को एक साथ मिलाकर अधोमुख करे।[4]

इसके अनन्तर 'वं' मन्त्र से धेनुमुद्रा द्वारा अमृतीकरण एवं निम्न मन्त्र से प्राणप्रतिष्ठा करें—

---

१. शक्तिसूत्र।
२. प्रत्यभिज्ञाहृदयम्।
३. तन्त्रालोक।
४. शाक्तानन्दतरङ्गिणी।

**आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं हंसः अमुकि देव्याः प्राणा इह प्राणाः आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं हंसः अमुकि देव्याः जीव इह स्थितः। आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं हसः अमुकि देव्याः सर्वेन्द्रियाणि वाङ्मनश्चक्षुःश्रोत्र-घ्राणप्राणा इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा।**

देवी के वाम या दक्षिण भाग में प्राणादि ग्रासमुद्राओं का प्रदर्शन किया जाना चाहिए—

**प्राण मुद्रा**— दाहिने हाथ की उँगलियों को कुछ वक्राकार करके उनके अग्रभाग को एक-दूसरे से संलग्न करे।

**अपान मुद्रा**— तर्जनी एवं मध्यमा तथा अंगुष्ठ को संयुक्त करे।

**व्यान मुद्रा**— मध्यमा, अनामिका एवं अंगुष्ठ को संलग्न करे।

**उदान मुद्रा**— कनिष्ठा को छोड़कर शेष चार उँगलियों को संलग्न करे।

**समान मुद्रा**— अंगुष्ठादि को छोड़कर शेष चार उँगलियों को संलग्न करे।[1]

## शाम्भवी मुद्रा और उसका विशेष महत्त्व

घेरण्डसंहिता, हठयोगप्रदीपिका, अमनस्क योग आदि योग के तान्त्रिक एवं नाथपन्थी अनेक ग्रन्थों में शाम्भवी मुद्रा को कुलवधू की भाँति सम्माननीय एवं उसकी तुलना में वेदों एवं शास्त्रों को घृणित वेश्याओं की भाँति लज्जास्पद कहा गया है—

वेदशास्त्रपुराणानि सामान्यगणिका इव।
एकैव शाम्भवी विद्या गुप्ता कूलवधूरिव।।

इसे समस्त शास्त्रों में गुप्त कहा जाता है—

एषा हि शाम्भवी मुद्रा सर्वशास्त्रेषु गोपिता।।

शाम्भवी मुद्रा केवल मुद्रामात्र नहीं है; प्रत्युत यह शक्ति है। शाम्भवी मुद्रा आदि शक्ति 'उमा' है। गोरक्षनाथ कहते हैं—

आदिशक्तिरुमा चैषा मत्तो जन्मवती पुरा।

यह भगवतीस्वरूपा तो है ही; साथ ही साक्षात् भगवान् शिव से उत्पन्न भी हुई है—

मत्तो जन्मवती पुरा।

यह वह रहस्यमयी एवं गोपनीय से भी गोपनीय विद्या है, जिसे किसी सामान्य व्यक्ति को दिया भी नहीं जा सकता। इसे केवल अधिकारी व्यक्ति ही प्राप्त करने का अधिकारी है; अन्य नहीं—

गुह्यात् गुह्यतरा विद्या न देया यस्य कस्यचित्।

इस शाम्भवी मुद्रा का ज्ञान जिस किसी भी अञ्चल या देश में विद्यमान है, वह देश भी धन्य एवं पुण्यशाली है—

---

१. शाक्तानन्दतरङ्गिणी। २-३. अमनस्कयोग।

एतज्ज्ञानं वसेद् यत्र स देशः पुण्यभाजनम्।

उस प्रदेश के दर्शन एवं स्पर्श से व्यक्ति २१ पुश्तों सहित मुक्ति प्राप्त कर लेता है—

दर्शनात् स्पर्शनात्तस्य त्रिसप्तकुलसंयुताः।
जना मुक्तिपदं यान्ति किं पुनस्तत्परायणाः।।[१]

## शाम्भवी मुद्रा और आज्ञाचक्र का महत्त्व

**आधुनिक विज्ञान की दृष्टि में आज्ञा चक्र के महत्त्व का विश्लेषण—**

१. स्नायु-विज्ञानियों के परीक्षणों से ये तथ्य सामने आये हैं कि आज्ञाचक्र के स्थान में 'आप्टिक चि आज्मा' के समीप की कोशिकाओं से निरन्तर एलेक्ट्रो मैग्नेटिक तरंगें निकलती रहती हैं। इनकी क्षमता एक्सरे एवं लेसर आदि किरणों से भी अधिक मानी जाती है। वे संकल्प से परिचालित एवं नियन्त्रित होती हैं। वे कठोर से कठोर अवरोधों को पार करके सुनिर्दिष्ट स्थानों में जा सकती हैं। आज्ञाचक्र की सूक्ष्म विद्युत् तरंगों द्वारा परोक्ष जगत् का साक्षात्कार भी हुआ करता है।

२. इस चक्र में स्थित विद्युत् तरंगें केवल परोक्ष जगत् का साक्षात्कार ही नहीं करातीं; प्रत्युत इनकी सहायता से किसी भी व्यक्ति की मनःस्थिति— भावना, कल्पना, इच्छा, आकांक्षा आदि के विषय में यथार्थ अनुमान भी लगाया जा सकता है।

३. अपनी ही नहीं; प्रत्युत इस तृतीय नेत्र की सहायता से दूसरों की अभिरुचि को भी परिवर्तित किया जा सकता है।

४. इस आज्ञाचक्रस्थ तृतीय नेत्र के द्वारा अदृश्य सहायकों ( Invisible helpers ) भूत, प्रेत एवं पितरों से भी सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

५. मनोविज्ञान के प्रयोगों ने सिद्ध किया है कि यह वह केन्द्र है, जिसके द्वारा दिव्य दर्शन, दिव्य श्रवण, दूरदर्शन, भूत-भविष्य का ज्ञान, पूर्वाभास, दूरानुभूति, विचार-सम्प्रेषण जैसे कार्य सिद्ध किये जा सकते हैं।

६. इस केन्द्र से निःसृत सूक्ष्म भाव-तरंगों द्वारा सम्मोहन जैसे कार्य भी सम्पन्न किये जा सकते हैं।

७. ध्यानयोगी यह मानते हैं कि इसी स्थान पर ध्यान केन्द्रित करने से आत्म-साक्षात्कार, ईश्वरानुभूति एवं आदान-प्रदान आदि कार्य भी सम्पन्न किये जा सकते हैं। इसके माध्यम से सामान्य व्यक्ति भी ( इस केन्द्र को जागृत करके ) परमसत्ता के साथ एकाकार हो सकता है।

८. नये विकासवादी वैज्ञानिक कहते हैं कि प्राचीन काल में मस्तिष्क के मध्य

१. अमनस्कयोग।

दोनों भौंहों के मध्य एक तृतीय नेत्र था; किन्तु बाद में वह ग्रन्थि के रूप में रूपान्तरित हो गया। पीनियल ग्रन्थि तृतीय नेत्र का ही परिवर्तित स्वरूप है। यह ग्रन्थि अपने अन्दर अनन्त रहस्यों को छिपाये हुये है। एक या दो मिलीग्राम की यह विलक्षण रचना शरीर के विकास एवं उसकी हलचलों में बहुत बड़ी भूमिका निभाती है।

९. ध्यानयोग की क्रिया में विभिन्न ध्यानकेन्द्रों को जागृत करने के लिए भी इस केन्द्र पर ध्यान एकाग्र किया जाता है।

१०. यदि केन्द्र असन्तुलित हो जाय तो असमय शारीरिक प्रौढ़ता का आना, जननांगों का शीघ्रता से बढ़ना, ग्रन्थि के हारमोनों के विकास में अवरोध आना, शरीर-मस्तिष्क का विकास बन्द हो जाना आदि अनेक समस्यायें उत्पन्न हो जाती हैं।

११. वैज्ञानिक शोध ने यह भी सिद्ध किया है कि जीव-जन्तु इस तृतीय नेत्र का उपयोग ( अपने दैनिक कार्यों में ) उसी प्रकार करते हैं, जैसे सामान्य मनुष्य अपनी दो आँखों का उपयोग करते हैं। वे समय, दिशा, मौसम एवं प्रकृति की अन्य घटनाओं का भी अनुमान इसी केन्द्र से करते हैं।

१२. ठण्ढे रक्त वाले प्राणियों में इस केन्द्र की कोशिकायें थर्मोस्टेट का काम करती हैं और शरीर का तापक्रम सन्तुलित रखने हेतु ( जैसे कि गर्मी में ठण्ढे एवं ठण्ढ़क में गर्म स्थानों में जाकर तापक्रम नियन्त्रण में रखने हेतु ) भी इसी केन्द्र से निर्देश प्राप्त होते हैं।

१३. पश्चिमी जर्मनी के वैज्ञानिक शोध सिद्ध करते हैं कि यह केन्द्र ( तृतीय चक्षु ) कुतुबनुमा का भी कार्य निष्पादित करता है। पशु-पक्षी इसी कुतुबनुमा द्वारा दिशा का अनुमान लगाते हैं। पृथ्वी-चुम्बकत्व एवं जैव चुम्बकत्व— दोनों के तरंगों की गति समान है। इसी के द्वारा साइबेरिया के आव्रजक पक्षी आस्ट्रेलिया आकर पुनः साइबेरिया लौट जाते हैं। मानव में यह अंग निरर्थक हो गया है; किन्तु योग से इसे जागृत करके इसकी विलक्षण क्षमताओं को प्राप्त किया जा सकता है।

कवि गेटे को इस केन्द्र की शक्ति जाग्रत हो गई तो उन्होंने देखा कि मेरे स्थान वाइम्नर से हजारों मील सुदूर सिसली में एक भयानक भूकम्प आया है। उसने इस बात को अपने मित्रों को बताया। किसी ने विश्वास तो नहीं किया; किन्तु समाचारपत्रों से पता चला कि घटना सही थी।

नैन्सी नामक अंग्रेज महिला ने जिन्ना की पारसी पत्नी द्वारा आत्महत्या कर लेने एवं पूर्वी पाकिस्तान के टूट कर पृथक् होने की जो भविष्यवाणी की थी, उस पर किसी ने विश्वास तो नहीं किया; किन्तु बाद में वह घटना घटी।

१४. आज्ञाचक्रगत शाम्भवी मुद्रा लगाने या भ्रूमध्य में ध्यान लगाने से पूर्वजन्मों

में किये गये कर्मों का भी स्मरण हो जाता है—

ध्यानयोगनिरतस्य जायते पूर्वजन्मकृतकर्मणां स्मृतिः।[१]

१५. आज्ञाचक्रवर्तिनी शाम्भवी मुद्रा या भ्रूमध्य ध्यान से दूरदर्शन एवं दूरश्रवण नामक सिद्धियाँ भी प्राप्त हो जाती है—

क्षेत्रबिन्दुनिलये च दूरतो दर्शनश्रवणयोः समर्थता।[२]

१६. शाम्भवी मुद्रागत इस ध्यान द्वारा प्रतिमा में स्थित देवी-देवता से वार्तालाप भी होता है—

इह सन्निहितस्वचित्तवृतिः प्रतिमायाः प्रतिजल्पनं करोति।

१७. भ्रूद्वय के मध्य में निरालम्बा मुद्रा लगाने पर योगी स्वर्ग एवं नक्षत्रसमूह को देखता है और साथ ही वह विष्णु के पद्माकाश को भी देखता है—

निरालम्बां मुद्रां निजगुरुमुखेनैव विदितामिह
स्थाने कृत्वा स्थिरनिशितधीः साधकवरः।
सदाभ्यासोऽश्वस्यत्यमरनिलयानन्तरखिला-
नुडुश्रेणीं विष्णोरपि पदमुडूनामपि पतिम्।।[३]

१८. यहाँ ध्यान लगाने वाला योगी समस्त देववन्दित ब्रह्मा एवं विष्णु को, प्रेताधिप, वारिप, देवाधिप, देवनिकाय, सूर्य, वह्नि, पवन, तार्क्ष्य, यक्षेश्वर, गन्धर्व, किन्नर, सिद्ध-समूह, यक्ष, राक्षस, अनेक भव्याकृतियाँ, दिव्य दृश्य, कान्तिकलाकलापकलित विद्याधर, मातृका, राक्षस, उत्तुंग तरंग वाली तथा जलमयी कल्लोलिनी ( स्वर्ग गंगा ), स्वर्ण पर्वत, उत्तुंग पीवरपयोधरभार से नम्र ( झुकी हुई ) अप्सराओं का समूह, पर्वत, विभिन्न दिशायें, कुरंगादि शोभित रमणीय अरण्य, जलहस्ती, राजहंस, वकपंक्ति, नवीन मेघ, विद्युत्, महान् सुख एवं परमेश्वर आदि सभी को देखता है— 'स्थानेऽस्मिन् परमेश एष भगवान् व्यक्तो भवत्यव्ययः' और वह योगी वेदान्तवेद्य पुराणपुरुष में लयीभूत हो जाता है—

दीव्यन्तं परमं पुराणपुरुषं वेदान्तवेद्यं कविम्।
विश्वाद्यं प्रविशन्ति सन्ततमहानन्दैककन्दं विभुम्।।[४]

१९. इस परम तेजस्वरूप आज्ञाचक्र को देखने पर परमोत्कृष्ट सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं—

चिन्तयित्वा परां सिद्धिं लभते नात्र संशयः।[५]

२०. इस स्थान का ध्यान करने से पूर्व जन्म के सम्पूर्ण कर्म नष्ट हो जाते हैं—

पूर्वजन्मकृतं कर्म विनश्येदविरोधतः।

---

१. त्रिपुरासारसमुच्चय ( नागभट्ट )।
२. त्रिपुरासारसमुच्चय।
३. त्रिपुरासारसमुच्चय।
४. त्रिपुरासारसमुच्चय।
५. शिवसंहिता।

यक्ष, राक्षस, गन्धर्व, अप्सरा एवं किन्नर आदि उसके वशीभूत होकर उसके चरणों की सेवा करते हैं।

यक्षराक्षसगन्धर्वा अप्सरोरगकिन्नराः।
सेवन्ते चरणं तस्य सर्वे तस्य वशानुगाः।।

जो इस पद्म का स्मरण करता हुआ प्राणत्याग करता है, वह परमात्मा में विलीन हो जाता है—

त्यजेत् प्राणं स धर्मात्मा परमात्मनि लीयते।

शिवसंहिता में शाम्भवी मुद्रा का सर्वाधिक महत्त्वांकन करते हुए उसे कुलवधू एवं उनकी तुलना में वेदों, शास्त्रों एवं पुराणों को वेश्या कहा गया है—

वेदशास्त्रपुराणानि सामान्यगणिका इव।
इयं तु शाम्भवी मुद्रा गुप्ता कुलवधूरिव।।[१]

शाण्डिल्योपनिषद् ( १.४८ ) में कहा गया है कि इड़ा नाड़ी से वायु को आकृष्ट करके भ्रूमध्य में धारण करने पर जो अमृत-क्षरण होता है, उसका पान करके साधक रोगनिवृत्त हो जाता है—

आत्मन्यात्मानमिडया धारयित्वा भ्रुवोन्तरे।
विभेद्य त्रिदशाहारं व्याधिस्थोऽपि विमुच्यते।।

## आसन एवं प्राणायाम के अभ्यास में आज्ञाचक्र की साधना

आसन एवं प्राणायाम के अभ्यास में भी आज्ञाचक्र की साधना का विधान है। गोरक्ष-पद्धति ( १.११ ) में कहा गया है कि सिद्धासन में भ्रूमध्य दृष्टि रखकर साधना करनी चाहिये। सिद्धासन में भ्रूमध्य में दृष्टि रखकर ही जप करने का विधान किया गया है—

बद्धपद्मासनो योगी नमस्कृत्य गुरुं शिवम्।
भ्रूमध्ये दृष्टिरेकाकी प्राणायामं समभ्यसेत्।।

भ्रूमध्य का स्थान सोम ( इड़ा ), सूर्य ( पिंगला ) एवं अग्नि ( कुण्डलिनी ) का संगम है; इसीलिये इसे त्रिकूट पर्वत भी कहा गया है।

वाराहोपनिषद् ( ५.६३ ) के अनुसार जब नासापुटद्वय से समाकृष्ट वायु को सोम-सूर्याग्नि-सम्बन्ध से कुण्डल्यग्नि आज्ञाचक्र में ग्रस लेती है, तब प्राणादि के लय हो जाने पर जो स्फूर्ति प्राप्त होती है, वह अमृतप्रदा होती है—

पुटद्वयं समाकृष्य वायुः स्फुरति सत्वरम्।
सोमसूर्याग्निसम्बन्धात् जानीयादमृताय वै।।

ध्यानबिन्दूपनिषद् ( ३८.४० ) में कहा गया है कि भ्रूमध्य ब्रह्मोपलब्धि का मूल

---

१. शिवसंहिता ( ३.६० )।

स्थान होने के कारण ब्रह्मायतन एवं अमृतस्थान है। इसीलिये उसमें यहीं पर प्राणालय का विधान किया गया है।

यहाँ कहा गया है कि जिस प्रकार मनुष्य पद्मनाल की सहायता से धीरे-धीरे जल पीने के लिए ऊर्ध्वाकर्षण करता है, उसी प्रकार योगी मूलाधार में अपान के साथ ऐक्य-भावापन्न वायु को ऊर्ध्वमुखी बनाकर सुषुम्णा मार्ग से अनाहतपाथोज से होकर भ्रूमध्य में ले जाय एवं वहीं उसे लयीभूत कर दे—

यथैवोत्पलनालेन तोयमाकर्षयेन्नरः।
तथैवोत्कर्षयेद् वायुं योगी योगपथे स्थितः।।

अर्धमात्रात्मकं कृत्वा कोशमूलं तु पङ्कजम्।
कर्षयेन्नालमात्रेण भ्रुवोर्मध्ये लयं नयेत्।।

भ्रूमध्ये ललाटे तु नासिकायास्तु मूलतः।
जानीयादमृतस्थानं तद् ब्रह्मायतनं महत्।।

योगकुण्डल्योपनिषद् ( ३.७-८ ) में कहा गया है कि बैन्दवस्थान में केवल कुम्भक के द्वारा प्राणरोध किया जाना चाहिये।

शाण्डिल्योपनिषद् ( १.७.३४ ) में कहा गया है कि तारकयोग के अभ्यास से भ्रूमध्य में तारक ज्योति के दर्शन होने पर चित्तवृत्ति के शान्त हो जाने पर प्राणस्पन्दन निरुद्ध हो जाता है।

घेरण्डसंहिता ( ५.८२ ) में कहा गया है कि कुम्भक प्राणायाम के अभ्यास में मन को भ्रूमध्य में केन्द्रित करने से मन मूर्च्छित होकर वृत्तिशून्य हो जाता है। इसे मनोमूर्च्छा कुम्भक प्राणायाम कहा जाता है और यह योगियों को भी आनन्द प्रदान करता है—

सुखेन कुम्भकं कृत्वा मनश्च भ्रुवोरन्तरे।
सन्त्यज्य विषयान् सर्वान् मनोमूर्च्छा सुखप्रदा।।

आज्ञाचक्र को खेचरगति, अमृतक्षरण, प्राण एवं मन का निरोध, मन का केन्द्र, ॐकार का स्थान, दिव्यदृष्टि एवं सम्प्रज्ञात समाधि की प्राप्ति का केन्द्र होने के कारण योगशास्त्र में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान माना जाता है। इसके अनेक साधना-केन्द्र हैं—

१. नाभि एवं उसके नीचे के केन्द्र— ऐन्द्रिय बोध एवं शारीर चेतना के केन्द्र।

२. हृदयस्थ अनाहत चक्र— भावप्रधान साधना के लिये उपयुक्त केन्द्र।

३. अनाहत एवं आज्ञाचक्र— चेतना के ऊर्ध्वारोहण हेतु हृदय एवं उसके ऊर्ध्ववर्ती केन्द्रों का अभ्यास किया जाता है।

४. धारणा, ध्यान, मनोलय, ॐकारोपासना हेतु ज्ञानमार्गियों का यही साधनाकेन्द्र है।

जब कुण्डलिनी शक्ति भ्रूमध्य में प्रवेश कर जाती है तब तालुचक्रस्थित चन्द्रमा

से अमृतक्षरण होता है, जिनका पान खेचरी मुद्रा द्वारा किया जाता है।

भैरवी तन्त्र में कहा गया है कि योगी पद्मासन लगाकर बैठे, नेत्रों को यत्किञ्चित् संकुचित करके भौंहों को भी थोड़ा सिकोड़े, दृष्टि एवं मन को भ्रूमध्य में स्थिर करे, मूलाधारस्थ कुण्डलिनी शक्ति को सुषुम्णा मार्ग से भ्रूमध्य में लाकर वहाँ समासीन देवता ( अर्धनारी-नटेश्वर ) के साथ युक्त कर दे, वाम नासा के मार्ग से शनैः-शनैः वायु को आकर्षित करके भ्रूमध्य में धारण करे और फिर दक्षिणवर्ती नासिका के मार्ग से रेचन क्रिया करे। यही अन्तर्याग है—

वामेनानिलमाकृष्य किञ्चिदाकुञ्चयेद् भ्रुवम्।
रेचयेद् भानुमार्गेण जिह्वां तालुगतां चरेत्।।
शक्तिं शिवपदे योज्य किञ्चिदाकुञ्चितेक्षणम्।
अन्तर्यागमिदं देवि! कथितं गुरुभिः क्रमात्।।

योगशिखोपनिषद् ( ५.५५ ) में कहा गया है कि जितेन्द्रिय योगयुक्त योगी आकाश ( भ्रूमध्य से मूर्धापर्यन्त ) में चित्त को धारण करने से अणिमादि सिद्धियाँ प्राप्त कर लेता है।

दर्शनोपनिषद् ( ७.१०-१२ ) एवं शाण्डिल्योपनिषद् ( १.८.२ ) में कहा गया है कि वायु-धारणात्मक प्रत्याहार-साधना में भ्रूमध्य भी वायु-धारण करने का एक केन्द्र है। प्रत्याहार के इस विधान में— स्वस्तिकासन में निश्चल भाव से समासीन होना, दोनों नासापुटों द्वारा वायु को आकर्षित करना, शरीर को आपादमस्तक वायु से परिपूरित करना, फिर आरोहावरोह क्रम से वायु को धारण करना पड़ता है।

५. आरोहक्रम में दोनों पैर, मूलाधार, नाभिकन्द, हृदय, कण्ठमूल, तालु, भ्रूमध्य, ललाट एवं मूर्धा में वायु धारण की जाती है।

५. अवरोहक्रम में मूर्धा, ललाट, भ्रूमध्य आदि से नीचे आते हुये पादद्वय में आकर वायु-धारण समाप्त की जाती है।

योगतत्त्वोपनिषद् ( ९८.१०२ ) में कहा गया है कि भ्रूमध्य से ऊर्ध्वप्रदेश में आकाश तत्त्व की धारणा की जाती है।

●

# मुद्रातत्त्व एवं साधना

## मुद्रा

स्वरोदय शास्त्र में मुद्राप्रयोग का भी विधान है। इसमें सर्पमुद्रा का उल्लेख करते हुए कहा गया है—

आदौ तु क्रियते मुद्रा पश्चात् युद्धं समाचरेत्।
सर्पमुद्रा कृता येन तस्य सिद्धिर्न संशयः।।

इस प्रकार शिवस्वरोदय में युद्ध के पहले मुद्रा-ग्रहण का विधान किया गया है।

कुलार्णवतन्त्र में कहा गया है कि चूँकि यह साधनात्मिका क्रिया देवताओं को आह्लादित करती है और उनके मन को द्रवित करने की क्षमता रखती है; इसीलिए इसे मुद्रा कहा जाता है और इसे अवश्य प्रदर्शित करना चाहिए—

मुदं कुर्वन्ति देवानां मनांसि द्रावयन्ति च।
तस्मान्मुद्रा इति ख्याता दर्शितव्या कुलेश्वरि।।

ऋजुविमर्शिनी-टीका में शिवानन्द ने मन्त्र एवं मुद्रा को ज्ञान एवं क्रिया से सम्बद्ध माना है। वे कहते हैं— 'मन्त्रमुद्राशब्देन ज्ञानक्रिये लिलक्षयिषिते।'

सुभगोदयवासना ( ३५ ) में भी इसी तथ्य की पुष्टि करते हुए कहा गया है—

ज्ञानक्रियासतत्त्वेन मन्त्रमुद्राक्रमेण तु।

शिवानन्द कहते हैं कि मन्त्र एवं मुद्रा ज्ञानशक्ति एवं क्रियाशक्ति के रूपान्तर हैं। स्वच्छन्दतन्त्र ( ४.३७५ ) में इसी तत्त्व की सुस्पष्ट रूप में पुष्टि भी की गई है—

मन्त्रो वै ज्ञानशक्तिश्च मुद्रा चैव क्रियात्मिका।

नेत्रतन्त्र में भी आत्मस्वरूपाभिव्यक्ति के साधनत्रय में मुद्रा को भी एक साधन माना गया है। ये साधनत्रय हैं— मन्त्र, ध्यान एवं मुद्रा।

शिवस्वरोदय में अरुन्धती, ध्रुव, विष्णुपद तथा मातृमण्डल आदि का भी वर्णन किया गया है; जिनका सम्बन्ध मुद्रा एवं धारणा से है; यथा—

अरुन्धती = जिह्वा का अग्र भाग। ध्रुव = नासिकाग्रभाग ( अगोचरी मुद्रा )। विष्णुपद = भृकुटिद्वय। तारा = चक्षुपुत्रिका ( मातृमण्डल )।

अरुन्धती भवेज्जिह्वा ध्रुवो नासाग्रमेव च।
भ्रुवो विष्णुपदं ज्ञेयं तारकं मातृमण्डलम्।।

शिवस्वरोदय में षण्मुखी मुद्रा का भी विधान किया गया है।

शिवानन्द 'मुद्रा' शब्द की व्याख्या करते हुए इसको इस प्रकार पारिभाषित करते हैं कि ये ग्रहादि के दुष्परिणामों से रक्षा करती हैं और पापसमूह को विगलित करती हैं, द्रावण करती हैं; अत: 'मुद्रा' कहलाती हैं— मुद्रा नाम काश्चन शक्तय:। उक्तं च—

मोचयन्ति ग्रहादिभ्य: पाशौघं द्रावयन्ति च।
मोचनं द्रावणं यस्मान्मुद्रास्ता: शक्तयो मता:।।[1]

मोचन एवं द्रावण नामक व्यापारों से युक्त क्रिया ही मुद्रा है।

**आचार्य शिवानन्द की दृष्टि**— मन्त्रादि की साधना के काल में उँगलियों का विशिष्ट सन्निवेशमात्र ही मुद्रा नहीं है, प्रत्युत इन मुद्राओं के प्रदर्शन से इन मुद्राओं से सम्बद्ध शक्तियों का जो आविर्भाव होता है, वह भी 'मुद्रा' पद के अर्थ में सन्निविष्ट है।

तन्त्रालोक ( ३२.१-२ ) में श्रीदेवीयामल के प्रमाण के आधार पर यह प्रतिपादित किया गया है कि मुद्राओं में परमात्मा या परा शक्ति का परस्वरूप प्रतिबिम्बित रहता है। चूँकि मुद्रा देह के माध्यम से साधक को आत्मा के स्वस्वरूपरूप 'मुदा' प्रदान करती है; अत: इसे 'मुद्रा' कहा जाता है—

मुदं स्वरूपलाभाख्यं देहद्वारेण चात्मनाम्।

**मुद्रा के कार्य**— मुद्रा के तीन कार्य होते हैं—

१. नाड़ियों का शोधन।

२. चन्द्रमा एवं सूर्य ( अपान एवं प्राण ) का चालन।

३. रसना का शोषण ( सहस्रार से द्रवित चन्द्रामृत का पान )।

शोधनं नाड़िजालस्य चालनं चन्द्रसूर्ययो:।
रसनाशोषणं कुर्यान्महामुद्राऽभिधीयते।।[2]

'शिवसंहिता' में कहा गया है कि मुद्रा बन्धन का अभ्यासारम्भ करने के पूर्व आधार-पद्म में मन को वायु के साथ लगाना एवं भरना चाहिए—

आदौ पूरकयोगेन स्वाधारे पूरयेन्मन:।

**मुद्रासाधन का फल**— जो मुद्रासाधन करते हैं; उन्हें निम्न फल प्राप्त होता है—

१. वृद्धावस्था नहीं आती।

२. मृत्यु का भय जाता रहता है।

३. अग्नि, जल एवं पर्वत का भी भय नहीं रहता।

तस्य नो जायते मृत्युर्नास्य जरादिकं तथा।
नाग्निजलभयं तस्य वायोरपि कुतो भयम्।।

---

१. नित्याषोडशिकार्णव। २. विवेकमार्तण्ड।

मुद्रा-साधक को निम्न लाभ भी होते हैं—

कासः श्वासः प्लीहकुष्ठं श्लेष्मरोगाश्च विंशतिः।
मुद्राणां साधनाच्चैव विनश्यन्ति न संशयः।।

अर्थात् मुद्रा-साधकों को कास रोग, श्वास रोग, प्लीहा रोग, कुष्ठ रोग एवं श्लेष्मा रोग नहीं होते।

मुद्रायें सभी सिद्धों को अत्यन्त प्रिय रही हैं और ये जरा-मरण की नाशिका हैं—

वल्लभं सर्वसिद्धानां जरामरणनाशनम्।

घेरण्ड ऋषि तो कहते हैं कि पृथ्वीमण्डल में मुद्रा के समान सिद्धिप्रद और कोई नहीं है—

नास्ति मुद्रासमं किञ्चित् सिद्धिदं क्षितिमण्डले।

किन्तु मुद्रा प्राप्त करने के अधिकारी सभी लोग नहीं हुआ करते। इसके अधिकारी तो केवल निम्न अधिकार प्राप्त व्यक्ति ही होते हैं—

१. ऋजुप्रकृति
२. शान्तचित्त
३. गुरुभक्त
४. कुलीन

ऋजवे शान्तचित्ताय गुरुभक्तिपराय च।
कुलीनाय प्रदातव्यं भोगमुक्तिप्रदायकम्।।

शिवसंहिता में इसे गोपनीय, योगसिद्धिकर और सिद्धों का परम दुर्लभ योग कहा गया है—

अधुना कथयिष्यामि योगसिद्धिकरं परम्।
गोपनीयं सुसिद्धानां योगं परमदुर्लभम्।
रात्यर्पयति यत्तेन मुद्रा शास्त्रेषु वर्णिता।।

योगिनीहृदय ( १.५७ ) में कहा गया है कि भगवती संवित् शक्ति ही क्रियाशक्ति के स्वरूप में जगत् का मोदन एवं द्रावण नामक द्विविध व्यापार निष्पादित करती हुई 'मुद्रा' कहलाती हैं—

क्रियाशक्तिस्तु विश्वस्य मोदनाद् द्रावणात्तथा।
मुद्राख्या सा यदा संविदम्बिका त्रिकलामयी।।

द्रावण = द्रावणं नाम तदेकरसीभावः। दीपिकाकार कहते हैं—

यदा विमर्शशक्तिः विश्वरूपेण विहर्तुमिच्छति तदा क्रियाशक्तिर्भूत्वा स्वविकारभूतस्य विश्वस्य परचिदानन्दलक्षणेन मोदनेन तदैकरस्यलक्षणेन द्रावणेन च मुद्राख्यामापन्नेत्यर्थः।

भाव यह है कि विमर्शशक्ति ही क्रियाशक्ति का स्वरूप धारण करके परचिदानन्दात्मक आनन्द के द्वारा तथा ऐकरस्यस्वरूप द्रावण के द्वारा 'मुद्रा' नामक आख्या ग्रहण कर लेती है।

द्रावण क्या है? तदैकरस्यं द्रावणम् ( सेतुबन्ध में उद्धृत )।

आचार्य विद्यानन्द ने अर्थरत्नावली में मुद्रा के दो भेद किए हैं— बाह्य, कररचनास्वरूपा एवं आन्तर, बन्धस्वरूपा।

'खेचरी' भी एक मुद्रा है। शिवानन्द ने उसके तीन भेद उद्घाटित किए हैं—

उँगलियों के सन्निवेश या विरचनाविशेष द्वारा सुनिर्मित, बोधगगनचारिता एवं संस्थान-विशेषानुसरणरूपा।

स्वच्छन्दागम में तो सभी मुद्राओं के तीन स्वरूप स्वीकार किये गए हैं। आचार्य क्षेम-राज भी इसी की पुष्टि में कहते हैं—

मनोजा गुरुवक्त्रस्था वाग्भवा मन्त्रसम्भवा।
देहोद्भवाङ्गविक्षेपैर्मुद्रेयं त्रिविधा स्मृता।।

तन्त्रालोक में मुद्रा को चतुर्विध घोषित किया गया है। जयरथ ने इसकी व्याख्या के प्रसंग में कहा है—

अङ्गुलिन्यासभेदेन करजा बहुमार्गगा।
सर्वावस्थास्वेकरूपा वृत्तिर्मुद्रा च कायिकी।।

मन्त्रतन्मयता मुद्रा विलापाख्या प्रकीर्त्तिता।
ध्येयतन्मयता मुद्रा मानसी परिकीर्तिता।।

मुद्राओं के जो दो भेद हैं; उनमें उंगलियों के सन्निवेशविशेष से निर्मित मुद्राओं का अनेक नामों, अनेक प्रकारों, अनेक स्व-स्वरूपों एवं अनेक शास्त्रों में सविस्तार वर्णन किया गया है। इनमें बन्धस्वरूपा या संस्थान-विशेष का अनुसरण करने वाली ये क्रियायें मुद्रा एवं बन्ध दोनों नामों से हठयोगप्रदीपिका आदि अनेक योगग्रन्थों में सविस्तार वर्णित हैं।

खेचरी आदि मुद्राओं का सविस्तार विवेचन त्रिकदर्शन में भी प्राप्त होता है। मालिनी-विजयोत्तरतन्त्र ( सप्तमोऽधिकार ) में कहा गया है कि मुद्रायें शिव-शक्ति के स्वरूपान्तर हैं—

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि मुद्राख्याः शिवशक्तयः।

मालिनीविजयोत्तर तन्त्र में ही मुद्राओं के भेद एवं उनके नाम भी कहे गये हैं।

**मुद्रासम्बन्धिनी दार्शनिक दृष्टि**— तान्त्रिक दर्शनों के अनुसार शिव की शक्ति ही शारीर-चेष्टाओं के रूप में प्रकट होती है। अतएव मुद्रा शिव-शक्ति की आख्या है। अभिनव-गुप्तपाद ने तन्त्रालोक में मुद्रा के अनेक प्रकारों का उल्लेख किया है; यथा— मनोजा मुद्रा ( गुरुमुख-श्रव्य ), वाग्भवा मुद्रा, मन्त्रजा मुद्रा। देह के विक्षेप से मुद्रा के अनेक भेद हो जाते हैं।

देवाख्ययामल में मुद्रा को विम्ब ( चैतन्य ) का प्रतिविम्ब माना गया है। जब शरीर में श्रम की स्फुरणा होती है तब शरीर में कुछ विचित्र परिवर्तन होते हैं और ये परिवर्तन

ही मुद्रायें हैं। अतः मुद्रा से विम्ब का उदय हो सकता है—

१. मुद्राबिम्बोदयो नाम्ना। ( तन्त्रालोक आ०-३२ )

२. प्रतिबिम्बोदयो मुद्रा। ( तन्त्रालोक )

३. बिम्बात्समुदयो यस्या इत्युक्ता प्रतिविम्बिता।
विम्बस्य यस्या उदय इत्युक्ता तदुपायता।। ( तन्त्रालोक )

मुद्रा ब्रह्म को जानने का साधन है।

मुद्रा की दूसरी व्याख्या यह है कि मुद्रा वह पद्धति है, जिससे देवता भी द्रवित हो उठते हैं। देवता मुद्राप्रदर्शन से प्रसन्न हो उठते हैं। यह अशेष पाशों से मोचन ( मुक्ति ) कराती है; इसलिए भी यह मुद्रा है—

१. इत्याशयेन मुद्रा मोचयते पाशजालतोऽशेषात्।
कार्याय यान्पुर्यष्टकसंस्कारान्द्रावयेत्तथा।। ( तन्त्रालोक )

२. यह स्वरूपोद्घाटन कराती है, स्वरूपलाभ कराती है; इसलिए भी मुद्रा कहलाती है—

मुदं स्वरूपलाभाख्यं देहद्वारेण चात्मनाम्।
रात्यर्पयति यत्तेन मुद्रा शास्त्रेषु वर्णिता।।

( मु = स्वरूपलाभ। द = शरीर द्वारा। राति = प्रदान करता है। मोदयति इति मुद्रा। द्रावयति इति मुद्रा। )[1] मुद्राओं में मुख्य मुद्रा खेचरी मुद्रा है। त्रिशूलिनी, क्रोधना, भैरवी, महाप्रेता, ज्वालिनी, करिङ्कणी, क्षोभिणी, ध्रुवा, योगमुद्रा एवं लेलिहानिका आदि अनेक मुद्रायें हैं। शरीर की दृष्टि से देखें तो काममुद्रा, करमुद्रा, वाक् मुद्रा एवं चित्तमुद्रा आदि अनेक मुद्रायें हैं। वाणीमुद्रा मन्त्रोच्चारण से सम्बन्ध रखती है। चितमुद्रा का अर्थ अन्तः-करण में प्रवेश है। करमुद्रा अङ्गुलियों की विविधात्मक न्यासपद्धति है। काममुद्रा शरीर को एक स्थिति में स्थापित करने की प्रक्रिया है।

**मुद्रा में मानसिक स्थिति**— योगी मूलाधार से शक्ति को उद्रिक्त करके नाभिदेश में मन को निविष्ट करता है। उसे चाहिए कि वह वहीं पर मन को बार-बार अवरुद्ध करके इड़ा एवं पिंगला की वायु को मध्य मार्ग में समाविष्ट करे। बिन्दु, नाद एवं ब्रह्मरन्ध्र नामक तीनों आकाशों तक प्राण को ले जाकर कुम्भक के द्वारा प्राण को रोककर पुनः शक्ति ( व्यापिनी की पूर्व स्थिति ), व्यापिनी एवं समना— इन तीन आकाशों को अतिक्रान्त करके उन्मना-वस्था की दिशा में अग्रपद होना चाहिए और अन्ततः परम शिव में लयीभूत हो जाना चाहिए।[2]

द्वितीय पद्धति यह है कि नाद, बिन्दु, वायु एवं ब्रह्मरन्ध्र की क्रमिक स्थिति में आरोहण करना चाहिए। मूलाधार चक्र से नाद, बिन्दु एवं शक्ति— इन तीनों आकाशों में मन को

१. अभिनवगुप्तपाद : तन्त्रालोक।

२. यही गगनचारित्व एवं परमव्योम की स्थिति है।

सन्निविष्ट करके और पुनः इनका वेधन करके शिवत्व की सम्प्राप्ति करनी चाहिए—

ध्वनिज्योतिर्मरुद्युक्तं चित्तं विश्रम्य चोपरि।
अनेनाभ्यायोगेन शिवं भित्वा परं व्रजेत्।।[१]

**त्रिशूलिनी मुद्रा**— दोनों हाथों को कण्ठ के नीचे स्थापित करके वाम चरण को दक्षिण चरण पर स्थापित करना चाहिए। कनिष्ठिका एवं मध्यमा से नासिका के छिद्रों को विदीर्ण करना चाहिए और अनामिका तथा तर्जनी से भ्रूभंग को कुञ्चित करना चाहिए तथा मन्त्र पढ़ते हुए जिह्वा का चालन्न करते हुए 'हा हा हा हा' करना चाहिए।

यदि ब्रह्मरन्ध्र में इस त्रिशूल मुद्रा का प्रयोग किया जाय तो योगी पृथ्वी छोड़ देता है और रस में सम्मिलित रस की भाँति शिव में लीन हो जाता है।

खेचरी मुद्रा निष्कला मुद्रा है। अनेक मुद्रायें इसी के विभिन्न प्रकार हैं। आवेशरहित मुद्रा यथार्थ मुद्रा नहीं है। देह का विकार भी मुद्रा नहीं है। निष्कलावस्था में स्थित योगी खेचरी मुद्रा में स्थित रहता है।

## स्वरोदय शास्त्र और मुद्रा

'शिवस्वरोदय' स्वरोदयशास्त्र का ग्रन्थ है। उसमें अनेक मुद्राओं के ग्रहण करने का विधान किया गया है। उसमें षण्मुखी मुद्रा की पद्धति का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि मुख, नासिका, नेत्र, कान को अपनी अंगुलियों से बन्द करके सक्रिय तत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करनी अर्थात् तत्त्वों को उदित करना ही षण्मुखी मुद्रा कहलाता है—

मुखनासाक्षिकर्णान्तानङ्गुलीभिर्निरोधयेत् ।
तत्त्वोदयमिति ज्ञेयं षण्मुखीकरणं प्रियम्।।[२]

शिवस्वरोदयोक्त मुद्रायें हैं— सर्पमुद्रा ( २३९ ), षण्मुखी मुद्रा ( ३८२ ), अगोचरी आदि एवं धारणायें हैं— अरुन्धती, ध्रुव, विष्णुपद, मातृमण्डल आदि।

इसमें कहा गया है कि सर्वप्रथम मुद्रा का ग्रहण करना चाहिए– 'आदौ तु क्रियते मुद्रा'। इसे युद्ध करने के पूर्व धारण करना अनिवार्यवत् माना गया है; क्योंकि कहा भी गया है—

आदौ तु क्रियते मुद्रा पश्चाद्युद्धं समाचरेत्।।

## तान्त्रिक बौद्धसाधना और मुद्रा

तान्त्रिक बौद्ध जिसे 'मुद्रा' कहते हैं, वह शक्ति का ही बाह्य रूप या उसकी बाह्याभि-व्यक्ति हैं। इसके चार प्रकार हैं— कर्ममुद्रा, धर्ममुद्रा, महामुद्रा एवं समयमुद्रा।

गुरु-दीक्षा लेने के बाद साधक को साधना हेतु प्रज्ञा ग्रहण करनी पड़ती है। प्रज्ञा ही

---

१. तन्त्रालोक। २. शिवस्वरोदय ( ३८२ )।

मुद्रा या नायिका है। यह विवाह जैसी क्रिया है। इसके पश्चात् अभिषेक की क्रिया सम्पन्न की जाती है। फिर साधक एवं मुद्रा दोनों मण्डल में प्रविष्ट होते हैं और योगक्रिया निष्पन्न की जाती है।

**कर्ममुद्रा**— यह एक प्रारम्भिक क्रिया है। कर्म पद काय, वाक् एवं चित्त की चिन्तादि रूप क्रिया है। इस मुद्रा के अन्तर्गत क्षण के चार भेद एवं आनन्द की चार श्रेणियाँ अन्तर्भुक्त हैं। उन चार क्षणों के नाम हैं— विचित्र, विपाक, विलक्षण और विमर्द।

**धर्ममुद्रा**— यह धर्मधातुस्वरूप है। यह सहजस्वभाव है और प्रवाह की दृष्टि से नित्य है। इस मुद्रा में अज्ञान एवं भ्रान्ति पूर्णतया निवृत्त हो जाती है। मध्य नाड़ी = सुषुम्णा नाड़ी = ब्रह्मनाड़ी ही ज्ञान एवं योग का मार्ग है। आगमिक बौद्ध दर्शन इड़ा-पिंगला को 'प्रज्ञा' एवं 'उपाय' कहकर इसी सुषुम्णा नाड़ी को 'अवधूती' कहता है और इसका ही नामान्तर है—धर्ममुद्रा। प्रज्ञा और उपाय की सूचक नाड़ियों को बौद्ध 'ललना' एवं 'रसना' कहते थे। तथता के अवतरण का यह उत्कृष्ट मार्ग है। यही 'मध्यमा प्रतिपत्' भी है। इसके अभ्यास से निरोध का साक्षात्कार होता है। इस मार्ग में ग्राह्य एवं ग्राहक विकल्प निवृत्त हो जाते हैं।

**महामुद्रा**— महामुद्रा तृतीय मुद्रा है। यह निःस्वभाव है। यहाँ आवरणों के सारे प्रकार नष्ट हो जाते हैं। यह नभवत् स्वच्छ एवं समस्त सम्पत्तियों का निधान है। यह निर्वाणस्वरूप है। इस अप्रतिष्ठित मानस की अवस्था में अकल्पित संकल्पों का उन्मेष होता है। यह 'अस्मृत्य मनसिकार' नाम वाली पूर्ण निरालम्बावस्था है।

**समयमुद्रा**— यह तान्त्रिक बौद्ध में चतुर्थ मुद्रा के रूप में स्वीकृत है। यह अचिन्त्य-स्वरूपा मुद्रा है। इस अवस्थाविशेष में विश्वकल्याणार्थ स्वच्छ 'सम्भोग काय' एवं 'निर्माण काय' स्वरूप वाला होकर 'वज्रधर' स्फुरित होता है। तिब्बती बौद्ध इस विश्वकल्याणकारी स्वरूप को 'हेरुक' कहते हैं। समयमुद्रा महामुद्रा का फल है।

योगी गोरक्षनाथ ने भी गोरखबानी ( २७५ ) में अनेक मुद्राओं का उल्लेख किया है; जो कि तत्कालीन योगि-सम्प्रदाय में प्रचलित थीं—

नासिका अग्रे भ्रूमण्डले अहनिस रहिबा थीरं।
माता गरभि जनम न आयबा, बहुरि न पीयवा खीरं।।

'दर्शन' कानों की मुद्रा है। गोरक्षनाथ कहते हैं—

दरसण माई दरसण बाप दससण माहीं आपै आप।
या दरसण का कोई जाणै भेव सो आपै करता आपै देव।।

## मुद्राभ्यास का उद्देश्य

योगियों का कथन है कि अनादि सुषुप्ता कुण्डलिनी शक्ति को जागृत करने के लिए

मुद्राभ्यास करना चाहिए—

तस्मात्सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितुमीश्वरीम्।
ब्रह्मद्वारमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत्।।

## मुद्रासाधना का महत्त्व

ऋषि घेरण्ड कहते हैं कि मुद्रायें इतनी मूल्यवान हैं कि इनकी साधना से समस्त सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं। यह ज्ञान परम गुह्य ज्ञान है; अतः इसका उपदेश भी सभी को करना निषिद्ध है। ये मुद्रायें योगियों को परम प्रिय हैं और देवताओं के लिए दुर्लभ हैं—

मुद्राणां पटलं देवि! कथितं तव सन्निधौ।
येन विज्ञातमात्रेण सर्वसिद्धिः प्रजायते।।

गोपनीयं प्रयत्नेन न देयं यस्य कस्यचित्।
प्रीतिदं योगिनां चैव दुर्लभं मरुतामपि।।

ग्रन्थान्तर में भी इसी की पुष्टि की गई है—

मुद्राणां दशकं रूपं ह्येतद्व्याधिविनाशकम्।
देवेशि! कथितं दिव्यमष्टैश्वर्यप्रदायकम्।।

वल्लभं योगिनामेतद् दुर्लभं मरुतामपि।
गोपनीयं प्रयत्नेन यथा रत्नकरण्डकम्।
कस्यचिन्नैव वक्तव्यं कुलस्त्रीसुरतं यथा।।

सारांश यह कि मुद्रायें व्याधियों को विनष्ट करती हैं और दिव्य ऐश्वर्यों ( अणिमा। लघिमा, गरिमा, महिमा, प्राप्ति, ईशित्व, वशित्व, प्राकाम्य आदि ) को प्राप्त कराती हैं। ये परम गोपनीय हैं और देवों को भी अप्राप्य हैं।

## मुद्राभ्यास की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

भारतीय दर्शनशास्त्रों में सांख्यदर्शन प्राचीनतम दर्शन है, जो कि बुद्ध के आविर्भाव से भी पूर्व था। कपिल इसी सांख्य दर्शन के उद्भावक थे। स्वयं कपिल ऋषि भी मुद्राओं का अभ्यास किया करते थे—

महामुद्रां प्रवक्ष्यामि तन्त्रेऽस्मिन् मम वल्लभे।
यां प्राप्य सिद्धा सिद्धिं च कपिलाद्याः पुरागताः।।

## मुद्राओं के प्रकार

हठयोगप्रदीपिका में मुद्राओं के निम्नांकित प्रकार बताए गए हैं—

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १. महामुद्रा | ३. महावेध | ५. उड्यान | ८. विपरीतकरणी | ९. वज्रोली |
| २. महाबन्ध | ४. खेचरी | ६. मूलबन्ध | ७. जालन्धरबन्ध | १०. शक्तिचालन |

महामुद्रा महाबन्धो महावेधश्च खेचरी।
उड्यानं मूलबन्धश्च बन्धो जालन्धराभिध:।।

करणी विपरीताख्या वज्रोली शक्तिचालनम्।
इदं हि मुद्रादशकं जरामरणनाशनम्।।

घेरण्डसंहिता में मुद्राओं के २५ प्रकार बताए गए है; जो निम्नांकित हैं—

| | | | |
|---|---|---|---|
| १ महामुद्रा | ६. महावेध | ११. माण्डवी | १६. काकी |
| २. नभोमुद्रा | ७. खेचरी | १२. शाम्भवी | १७. योनि |
| ३. उड्डीयान | ८. विरीतकरणी | १३. पञ्चधारणा | १८. मातंगी |
| ४. जालन्धर | ९. शक्तिचालिनी | १४. अश्विनी | १९. वज्राली |
| ५. मूलबन्ध | १०. ताड़ागी | १५. पाशिनी | २०. भुजङ्गिनी |

इन उल्लिखित मुद्राओं की संख्या तो २० ही है; फिर भी मुद्राओं की संख्या २५ ही कही गई है—

महामुद्रा नभोमुद्रा उड्डीयानं जलन्धरम्।
मूलबन्धं महाबन्धं महावेधश्च खेचरी।।

विपरीतकरिणी योनि वज्राली शक्तिचालिनी।
ताडागी माण्डवी मुद्रा शाम्भवी पञ्चधारणा।।

अश्विनी पाशिनी काकी मातङ्गी च भुजङ्गिनी।
पञ्चविंशति मुद्रा वै सिद्धिदाश्चेह योगिनाम्।।

मुद्रा की संख्या २५ कहने का कारण यह है कि पञ्चधारणा नामक मुद्रा के ५ भेद हैं; अत: मुद्राओं की कुल संख्या २५ हो जाती है। पञ्चधारणारूप मुद्रा के पाँच भेद हैं— पार्थिवी धारणा, आम्भसी धारणा, वैश्वानरी धारणा, वायवी धारणा एवं नभो धारणा।

शिवसंहिता में मुद्राओं के मात्र १० भेद बताए गए हैं; जो महामुद्रा, महाबन्ध, महा-वेध, खेचरी, जालन्धरबन्ध, मूलबन्ध, विपरीतकरिणी, उड्डियानबन्ध, वज्रोली एवं शक्ति-चालन के नाम से जाने जाते हैं।

हठयोगप्रदीपिका में वर्णित १० मुद्राओं की ही शिवसंहिता में भी यथावत् स्वीकृति है।

मालिनीविजयोत्तर तन्त्र में मुद्राओं के २६ प्रकार बताए गए हैं।

गोरक्षनाथ ने गोरखबानी में मुद्रा का प्रतीकात्मक अर्थ भी ग्रहण किया है। वे कहते हैं कि मैंने चन्द्र एवं सूर्य ( इड़ा-पिंगला ) नाड़ियों को मूँद लिया अर्थात् सुषुम्णा का मार्ग खोल दिया। यही मेरी मुद्रा है— 'चन्द्र-सूर नीं मुद्रा कीन्हीं' ( गो० बा०-११० )।

मालिनीविजयोत्तर तन्त्र के अनुसार मुद्राओं का नाम और उनका स्वरूप निम्नानुसार है—

त्रिशूलं च तथा पद्मं शक्तिश्चक्रं सवज्रकम्।
दण्डदंष्ट्रे महाप्रेता महामुद्रा खगेश्वरी।।

महोदया कराला च खट्वाङ्गं सकपालकम्।
हलं पाशाङ्कुशं घण्टा मुद्गरस्त्रिशिखोऽपरः।।

आवाहस्थापनीरोधा द्रव्यदा नतिरेव च।
अमिता योगमुद्रेति विज्ञेया वीरवन्दिते।।

इनमें त्रिशूल एवं पद्ममुद्रा का स्वरूप इस प्रकार है—

**त्रिशूलमुद्रा**— तर्जनीमध्यमानामा दक्षिणास्यप्रसारिताः।
कनिष्ठाङ्गुष्ठकाक्रान्तास्त्रिशूलं परिकीर्तितम्।।

**पद्ममुद्रा**— पद्माकारौ करौ कृत्वा पद्ममुद्रां प्रदर्शयेत्।

**शक्तिमुद्रा**— सम्मुखौ प्रसृतौ कृत्वा करावन्तरिताङ्गुली।
प्रसृते मध्यमे लग्ने कौमार्यः शक्तिरिष्यते।।

**वज्रमुद्रा**— कनिष्ठाङ्गुष्ठकौ श्लिष्टौ शेषाः स्युर्मणिबन्धगाः।
वज्रमुद्रेति विख्याता चैन्द्री सन्तोषकारिका।

**दण्डमुद्रा**— ऊर्ध्वप्रसारितो मुष्टिर्दक्षिणोऽङ्गुष्ठगर्भगः।
दण्डमुद्रेति विख्याता वैवस्वतकुलप्रिया।।

**दंष्ट्रामुद्रा**— वामतो वक्रगां कुर्याद्वाममुष्टेः कनिष्ठिकाम्।
दंष्ट्रेयं कीर्तिता देवि! चामुण्डा कुलनन्दिनी।।

इन मुद्राओं के प्रदर्शन या प्रयोग से मान्त्रिक की रक्षा होती है और उसे मन्त्रसिद्धि प्राप्त होती है।

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि मुद्राख्याः शिवशक्तयः।
याभिः संरक्षितो मन्त्री मन्त्रसिद्धिमवाप्नुयात्।।[१]

मालिनीविजयोत्तर तन्त्र में २६ प्रकार की मुद्राओं का उल्लेख करते हुए उनके स्वरूप की व्याख्या की गई है। वे निम्नांकित हैं—

१. त्रिशूल ७. दंष्ट्रा १२. कराला १७. अंकुश २२. रोधा
२. पद्म ८. महाप्रेत १३. खट्वांग १८. घण्टा २३. द्रव्यदा
३. शक्ति ९. महामुद्रा १४. कपाल १९. त्रिशिख मुद्गर २४. नति
४. चक्र १०. खगेश्वरी १५. हल २०. आवाह २५. अमृता
५. वज्र ११. महोदया १६. पाश २१. स्थापिनी २६. योगमुद्रा
६. दण्ड

१. मालिनीविजयोत्तरतन्त्र।

तन्त्रालोक (३२.५-६) में करंकिणी, क्रोधना, भैरवी, लेलिहानिका आदि मुद्राओं को खेचरी का विस्तार कहा गया है।

१. करङ्किणी : ज्ञानसिद्धों की मुद्रा
२. क्रोधिनी : मन्त्रसिद्धों की मुद्रा
३. भैरवी : मेलापसिद्धों की मुद्रा
४. लेलिहाना : शाक्तसिद्धों की मुद्रा
५. खेचरी : शाम्भवसिद्धों की मुद्रा

→ विज्ञानभैरव, क्रमदर्शन, चिद्गगनचन्द्रिका, महार्थमञ्जरी आदि ग्रन्थों में उल्लिखित।

## मुद्रा के १० या २५ भेद

### शिवसंहिता/हठयोग प्रदीपिका में प्रतिपादित १० मुद्रायें

महामुद्रा महाबन्ध महावेध खेचरी जालन्धर
मूल विपरीतकरणी उड्डियान वज्रोली शक्तिचालन

### गोरक्षशतक के अनुसार ५ मुद्रायें

महामुद्रा नभोमुद्रा उड्डियानमुद्रा जालधरबन्ध मूलबन्ध

### घेरण्ड ऋषि के अनुसार २५ मुद्रायें

महा नभो उड्डियान जालन्धर मूलबन्ध महावेध खेचरी विपरीतकरणी योनि
वज्राली शक्तिचालिनी ताड़ागी माण्डवी शाम्भवी पञ्चधारणा अश्विनी पाशिनी काकी
मातङ्गी भुजङ्गिनी पार्थिवी आम्भसी आग्नेयी वायवी आकाशी

**गोरक्षनाथ के योगबीज की दृष्टि**— वायु को वश में करने वाले श्रेष्ठतम बन्ध तीन हैं— मूलबन्ध, उड्डियानबन्ध एवं जालन्धरबन्ध।

प्रथमो मूलबन्धस्तु द्वितीय उड्डियानकः।
जालन्धरस्तृतीयस्तु लक्षणं कथयाम्यहम्।।

योगबीज में उड्डियान, जालन्धर आदि को मुद्रा के रूप में नहीं; प्रत्युत बन्ध के रूप में निरूपित किया गया है।

**गोरक्षशतक में गोरक्ष-दृष्टि**— 'गोरक्षशतक' में गोरक्षनाथ ने मुक्तिदा मुद्राओं में केवल ५ मुद्राओं का नामोल्लेख किया है और उन्हें योगबीज की भाँति बन्ध नहीं; प्रत्युत 'मुद्रा' कहा है। वे इसी तारतम्य में खेचरी मुद्रा के स्वरूप की भी विवेचना कर गए हैं; किन्तु नभोमुद्रा के रूप में—

महामुद्रां नभोमुद्रां उड्डियानं जलन्धरम्।
मूलबन्धञ्च यो वेत्ति स योगी मुक्तिभाजनम्।।

इसके बहुत आगे ६४ वें श्लोक में खेचरी मुद्रा का उल्लेख किया गया है और महामुद्रा का स्वरूप— विवेचन करने के बाद ही खेचरी मुद्रा का स्वरूप-निर्वचन बड़े विस्तार के साथ किया गया है। इसका विवेचन अगली छब्बीस अर्धालियों में विस्तार-पूर्वक किया गया है। यथा—

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी।।

चित्तं चरति खे यस्माज्जिह्वा चरति खे गता।
तेनैव खेचरी मुद्रा सर्वसिद्धैर्नमस्कृता।।

इसी तारतम्य में गोरक्षनाथ ने नभोमुद्रा का भी नामोल्लेख किया है—

खेचर्या मुद्रितं येन विवरं लम्बिकोर्ध्वतः।
न तस्य सरते बिन्दुः कामिन्यालिङ्गितस्य च।।

यावद् बिन्दुः स्थितो देहे तावन्मृत्युभयं कुत।
यावद् बद्धा नभोमुद्रा तावद् बिन्दुर्न गच्छति।।

पाशुपत शास्त्र में कायिकी मुद्रा प्रतिपादित हुई है। इस तथ्य को व्याख्याकार जयरथ ने उद्धृत किया है। आचार्य महेश्वानन्द महार्थमञ्जरी की ५१वीं गाथा में मुद्रा की विवेचना करते हुए कहते हैं कि परमात्मा की स्वात्मविमर्शस्वरूपिणी शक्ति ही मुद्रात्मिका है। जिस अवस्था में [illegible] योग-प्रचलित अष्ट महासिद्धियों के सौभाग्य को तिरस्कृत करने वाले ऐश्वर्यस्वरूप [illegible]-विमर्श के आनन्द के उत्कर्ष की परमाह्लादिनी शक्ति व्यक्त होती है या स्वानुभूति के रूप में अभिव्यक्त होती है, वही परमात्मा की पूजा मुद्रा है—

आशान्दुल्लाससिरी छुल्लइददृमहसिद्धिसोहम्गा।
दीसइ जत्थ दसाए सोच्चिअ देवस्स सव्वमुद्दाओ।।

( आनन्दोल्लासश्रीः क्षुल्लकिताष्टमहासिद्धिसौभाग्या।
दृश्यते यत्र दशायां सैव देवस्य सर्वमुद्रा।। )

महेश्वरानन्द परिमल में मुद्रातत्त्व की व्याख्या करते हुए कहते हैं— 'यस्यामवस्थायां देवस्य क्रीडाविजिगीषाद्यनेकप्रकारस्वातन्त्र्यसारत्वात् पूज्यपूजकत्वोभयस्वभावसामरस्यशालिनः परमेश्वरस्य स्वविश्रान्तिलक्षणमानन्दं प्रति य उल्लासः तथा परामृश्यमानतया स्फुरत्ता तस्याः श्रीः तद्वदुपर्युपर्यनुस्यूतिलक्षणा प्ररूढिर्दृश्यते निर्विवादमपरोक्षीक्रियते, सैव सर्वा करङ्किण्यादयः संक्षोभिण्यादयोऽन्यथा वा प्रसिद्धास्तास्ता मुद्रा इत्यवगन्तव्यम्।'

सारांश यह कि परमेश्वर की स्वविश्रान्तिस्वरूप आनन्द के प्रति जो उल्लास है और परामृश्यमान स्वरूप में जो स्फुरत्ता है, उसकी 'श्री' की अपरोक्षानुभूति ही मुद्रा है; जो कि बाह्य रूप में बाह्य मुद्रा के रूप में भी प्रदर्शित की जाती है। अणिमा, गरिमा, महिमा,

प्रकाम्य, ईशित्व, वशित्व, प्राप्ति एवं कामावसायित्व के रूप में जो अष्ट सिद्धियाँ हैं, वे भी इसी 'श्री' एवं परमाह्लादिनी विमर्शशक्ति ( आनन्द शक्ति ) की अभिव्यक्तियाँ हैं और यही आनन्द शक्ति पूजानुगत मुद्रा का यथार्थ स्वरूप है।

**अभिनवगुप्तपादाचार्य का मत**— तन्त्रालोक में अभिनवगुप्तपादाचार्य कहते हैं—

मुद्राप्रदर्शनं पश्चात्कायेन मनसा गिरा। ( १५.२५९ )

जयरथ इसकी व्याख्या करते हुए कहते हैं कि भैरव के साक्षात्कार हेतु मुद्राओं का प्रदर्शन आवश्यक है। भगवान् शिव देवी पार्वती से कह रहे हैं कि हे महादेवी! भैरव की इन मुद्राओं का प्रदर्शन भी इस अवसर पर आवश्यक है। आवाहन, पूजन तथा विसर्जन की मुद्रायें पृथक्-पृथक् होती हैं। ये उन्हीं अवसरों पर यथानुरूप प्रदर्शित भी की जाती हैं—

एता मुद्रा महादेवि! भैरवस्य प्रदर्शयेत्।
आवाहने पूजनान्ते तथा चैव विसर्जने।।

'ननु एवं स्वात्मनि भैरवीभाव: कृतो भैरवस्य सन्निधिनिमित्तमवश्यप्रदर्शनीया मुद्रा:' ( जयरथ : विवेक )।

इन मुद्राओं का प्रदर्शन आवाहन, पूजा के अन्त में तथा विसर्जन के समय करना चाहिए।

मुद्राओं का प्रदर्शन केवल शरीर से ही नहीं; प्रत्युत तीन प्रकार से करना चाहिए; वे इस प्रकार हैं— कायिक, मानसिक एवं वाणीगत।

मुद्राप्रदर्शनं पश्चात्कायेन मनसा गिरा। ( अभिनव० )

मनोजा गुरुवक्त्रस्था वाग्भवा मन्त्रसम्भवा।
देहोद्भवाङ्गविक्षेपैर्मुद्रेयं त्रिविधा स्मृता।।

**( क ) मनोजा मुद्रायें**— मन से उत्पन्न ( मानसिक अनुसन्धान से उद्भूत ) ही मनोजा मुद्रायें कहलाती हैं।

**( ख ) वाग्भवा मुद्रायें**— गुरुमुख में स्थित और वाणी के माध्यम से व्यक्त होने वाली मुद्रायें वाग्भवा मुद्रायें कहलाती हैं। वाग्भवा मुद्रायें मन्त्रसम्भवा भी मानी जाती हैं।

**( ग ) देहोद्भवा मुद्रायें**— ये आंगिक होती हैं। ये उँगलियों के विक्षेप से उद्भूत होती हैं। इन आंगिक एवं विक्षेपमयी आकृतियों से शाक्तस्पन्द में विशेषोल्लास उदित होता है। इस प्रकार मनोजा, वाग्भवा एवं देहोद्भवा— तीन प्रकार की मुद्रायें होती हैं।

## मुद्राओं का आदर्श स्वरूप

मुद्रानामक पूजा-व्यापार शिव-शक्तिरूप ही है— 'मुद्राख्य: शिवशक्तय:' मुद्राओं का प्रदर्शन शरीर, मन एवं वाणी— तीनों से करना चाहिए। इन मुद्राओं को मन से

निष्पादित करने का भी शास्त्रों में विधान है। मुद्राओं को शिव एवं शक्ति का स्वस्वरूप मानकर ही उनका मन में भक्तिपूर्वक स्मरण करना चाहिए।

बौद्धों की तान्त्रिक साधनाओं में भी मुद्राओं का प्रयोग किया जाता है।

## बौद्धतन्त्रों की मुद्रायें

बौद्ध तान्त्रिक साधना में मुद्रा का अर्थ नारी से सम्बद्ध है। अभिषेक में भी नारियों का होना अनिवार्य माना जाता है। ये नारियाँ मुद्रा कही जाती हैं। मुद्रा ( नारी शक्ति ) द्वारा साधक अपने भीतर निहित शक्तियों को जाग्रत किया करता है। यहाँ साधक परम-तत्त्व शिव एवं मुद्रा ( नारी ) शक्ति तत्त्व का प्रतीक है। मुद्राओं को विद्या भी कहा गया है। इन विद्याओं ( मुद्राओं ) के निम्न प्रकार हैं—

| | |
|---|---|
| १. भागिनेया | ६. मातुल की पत्नी |
| २. दुहित्री | ७. पितृव्य पत्नी |
| ३. भगिनी | ८. पिता की भगिनी |
| ४. जननी | ९. स्वमातृ भगिनी |
| ५. भार्या की जननी | १०. स्वभार्या |

अन्य दस विद्यायें निम्नवत् हैं—

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १. शूद्री | ३. ब्राह्मणी | ५. डोम्बी | ७. नटी | ९. चर्मकारी |
| २. क्षत्रिणी | ४. वेश्या | ६. कैवर्ती | ८. रजकी | १०. चाण्डाली |

साधक को इन १० विद्याओं को गुरु को समर्पित करने का तान्त्रिक विधान है। गुरु तारा, पाण्डरा, मामकी, लोचना, स्पर्शवज्रा, रसवज्रा, रूपवज्रा, गन्धवज्रा आदि देवियों की भी शिष्यों से पूजा कराता है तथा गुरु साधक को उसकी अपनी पत्नी के साथ या चाण्डाली आदि अन्य मुद्राओं के साथ साधना करने का आदेश देता है।

इन मुद्राओं के प्रतीकार्थ भी हैं। ये १० मुद्रायें ही १० साधना भूमियों की भी प्रतीक हैं, जो निम्नांकित हैं—

| | | |
|---|---|---|
| १. प्रमुदिता | ४. अर्चिष्मती | ७. दुरङ्गका |
| २. विमला | ५. सुदुर्जया | ८. अचला |
| ३. प्रभाकरी | ६. अभिमुखी | ९. धर्ममेध्या |

नारी को प्रज्ञापारमिता का स्वरूप माना गया है।[1]

अद्वयवज्र 'अद्वयवज्रसंग्रह' में कहते हैं कि गुह्य क्रिया ( रति कर्म ) से प्रज्ञा एवं उपाय दीप्त हो उठते हैं— प्रज्ञोपायगुह्याभ्यां दीप्यत।

सेकोद्देश्य टीका में मुद्रा को मांसल नारी के रूप में स्वीकार करके कलशाभिषेक,

---

१. सेकोद्देश्य टीका।

गुह्याभिषेक एवं प्रज्ञाभिषेक का विधान किया गया है और कहा गया है कि 'तत्स्तुष्टो गुरुर्लोकसंवृत्या स्वनस्पर्शनं कारयति, स्वमुद्रायास्तेन कलशाभिषेक: स एव। ततो गुह्य-पूजा कृत्वा शिष्यामृतं ददाति, मुद्रारविन्दं चालोकयति तेन गुह्याभिषेको भवति।।'

## मुद्रा, आनन्द और क्षण

तन्त्रशास्त्र में चार मुद्रायें मानी गई हैं— कर्ममुद्रा, धर्ममुद्रा, महामुद्रा एवं समयमुद्रा।

**कर्ममुद्रा**— इसमें आदि अभिषेक की क्रियायें एवं विधि-निषेध तथा कर्म-विपाक, वैचित्र्य एवं वैविध्य सभी अन्तर्भुक्त हैं।

ये मुद्रायें शारीरिक चेष्टाओं की अपेक्षा पित्त की आन्तरिक भूमियाँ अधिक हैं।

अद्वयवज्रसंग्रह में कहा गया है— 'कर्ममुद्रा-कर्म या काय वाक् चित्त चिन्ता तत्प्रधाना मुद्रा कल्पनास्वरूपा तस्यां कर्म्ममुद्रायां आनन्दा जायन्ते।

**धर्ममुद्रा**— निष्प्रपञ्चा, निर्विकल्पा, अकृत्रिमा, उत्पादरहिता, करुणास्वभावा, परमा-नन्दैकसुन्दरोपायभूता। यह है— 'निस्तरङ्गशून्यता करुणाभिन्ना।'

**महामुद्रा**— अविकल्पितसङ्कल्प अप्रतिष्ठित मानस।
अस्मृत्य मनसिकार निरालम्ब नमोऽस्तु ते।।

इसमें ज्ञाता-ज्ञान-ज्ञेय आदि की त्रिपुटी नष्ट हो जाती है, अत: यह निर्वाणस्वरूपिणी है।

**समयमुद्रा**— समयमुद्रा सम्यक् सम्बोधि प्राप्त करने की अवस्था है। इस अवस्था में मन्त्र, जप, तप, होम, मण्डल आदि के सारे विधान निरर्थक एवं अप्रयोज्य माने जाते हैं—

न मन्त्रजापो न तपो न होमो न माण्डलेयं न च मण्डलं च।
स मन्त्रजाप: स तप: स होम: तन्माण्डलेयं न च मण्डलं च।।

धर्ममुद्रा में ज्ञान-प्राधान्य रहता है; अत: उसमें वैलक्षण्य एवं स्थैर्य दोनों रहते हैं। महामुद्रावस्था में संसार के समस्त पदार्थ अप्रतिष्ठ हो जाते हैं और शुद्धाद्वैत ज्ञान का उन्मेष होता है। विना महामुद्रा के कर्ममुद्रा निष्कल रहती है। अन्तत: समयमुद्रा या सहजमुद्रावस्था काम्य रहती है। इसमें योगी स्वरूपावस्थान प्राप्त कर लेता है।

शृणु देवि! प्रवक्ष्यामि मुद्रा: सर्वार्थसिद्धिदा:।
याभिर्विरचिताभिस्तु सम्मुखा त्रिपुरा भवेत्।। ( ३.२ )

शिवानन्द ने ऋजुविमर्शिनी में मुद्रा की व्याख्या में दो परिभाषायें प्रस्तुत की हैं—

मोचयन्ति ग्रहादिभ्य: पाशौघं द्रावयन्ति च।
मोचनं द्रावणं यस्मान्मुद्रास्ता: शक्तयो मता:।। ( सेकोद्देश )

द्रावणात् पाशजालस्य तत्परस्य च मोचनात्।
मुद्रापीठमिति प्रोक्तं कामरूपं नमाम्यहम्।। ( सं० प० )

शिवानन्द कहते हैं कि मुद्रायें तो अनिर्वचनीय आध्यात्मिक शक्तियाँ हैं— 'मुद्रा नाम काश्चन शक्तय:।'

त्रिखण्डा मुद्रा त्रिपुरा के आह्वान हेतु प्रसुक्त होती है। प्रथम मुद्रा सर्वसंक्षोभकारिणी कहलाती है। मुद्रायें निम्नांकित हैं—

प्रथमा मुद्रा : सर्वसंक्षोभकारिणी मुद्रा
द्वितीया मुद्रा : सर्वविद्राविणी मुद्रा
तृतीया मुद्रा : त्रैलोक्याकर्षिणी मुद्रा
चतुर्थी मुद्रा : सर्वावेशकरी मुद्रा

अंगुलिविरचनात्मा — बोधगगनचारिता कलात्मा — उद्योगात्मा संस्थानविशेषानुसरणरूपा

पञ्चमी मुद्रा : उन्मादिनी मुद्रा
षष्ठी मुद्रा : महांकुशाख्या मुद्रा
सप्तमी मुद्रा : खेचरी मुद्रा[1]
अष्टमी मुद्रा : बीज मुद्रा
नवमी मुद्रा : योनि मुद्रा

## खेचरी मुद्रा

१. चिबुकं योजयित्वा तु षोडशस्वरमण्डले।
चन्द्रसूर्यनिरोधेन मूलशक्तिनिकुञ्चनात्।
रसनामन्तरा कृत्वा अनच्के धारयेन्मन:।
एष सा खेचरी ध्याता उन्मनात्वं प्रयच्छति।।

२. चिबुककण्ठसमायोगात् प्रविकास्य शिरोऽम्बुजम्।
चन्द्रसूर्यनिरोधेन मूलशक्तिं निकुञ्च्य च।।
रौद्रीं कुचिकयोद्घाट्य द्विरष्टकमलोदरे।
रसनामन्तरा कृत्वा नासाग्रे रोपयेद् दृशम्।।
यवमात्रत्रिकोणं तु मीलनोन्मीलनात्मकम्।
लिहन् स्वरसनाग्रेण पिबन्नमरवारुणीम्।।
सदा समरसीभूतं मन: शून्ये निवेशयेत्।
एषा सा खेचरी मुद्रा उन्मनात्वप्रदायिनी।[2]

श्रीतन्त्रसद्भाव में इसका स्वरूप इस प्रकार विवेचित किया गया है—

बद्ध्वा पद्मासनं योगी नाभावक्षेश्वरं न्यसेत्।
दण्डाकारं तु तत्तावन्नयेद् यावत् कखत्रयम्।।
निगृह्य तत्र तत्तूर्णं प्रेरयेत त्रयेण तु।
एतां बद्ध्वा महायोगी खे गतिं प्रतिपद्यते।।

---

१. नित्याषोडशिकारणवि। २. ज्ञानार्णव तन्त्र।

मुद्रा, आनन्द एवं क्षण का पारस्परिक सम्बन्ध इस प्रकार है—

| क्षण | आनन्द | मुद्रा |
|---|---|---|
| १. विचित्र | आनन्द | कर्ममुद्रा |
| २. विपाक | परमानन्द | धर्ममुद्रा |
| ३. विलक्षण | सहजानन्द | महामुद्रा |
| ४. विमर्द | विरमानन्द | समयमुद्रा |

चार प्रकार के ही क्षण हैं, जहाँ आनन्दों का उद्भव होता है। विकल्प ही क्षोभ उत्पन्न करते हैं। विकल्पों का कारण है— मन। मन के कार्यों की समाप्ति की अवस्था है— अमनस्कारावस्था। यह अवस्था परमोच्च आनन्द, परमोच्च मुद्रा एवं परमोच्च क्षण की अवस्था होती है।

**नारोपा का मत**— नारोपा की 'सेकोद्देश' टीका में उपर्युक्त आनन्दों के १६ भेद किये गए हैं और ४-४ आनन्दों की एक श्रेणी निर्मित की गई है। सेकोद्देश टीका में जो आनन्द-क्रम दिया गया है, वह 'अद्वयवज्रसंग्रह' के आनन्दतन्त्र क्रम से भिन्न है। 'हेवज्र-तन्त्र' में सहजानन्द के लिए बोधिचित् ( शुक्र ) के प्रवाह को रोकना आवश्यक माना गया है। 'गुह्याभिषेक' एवं 'प्रज्ञाभिषेक' में भी यह विधान स्वीकृत है। स्खलन मृत्यु है—

मरणं बिन्दुपातेन जीवनं बिन्दुधारणात्।

**यामुनाचार्य का मत**— आचार्य श्री यामुनाचार्य ने आगम प्रामाण्य में छः मुद्राओं का वर्णन किया है— कर्णिका, रुचक, कुण्डल, शिखामणि, भस्म, और यज्ञोपवीत।

कपालमुद्रा, खट्वाङ्ग मुद्रा, उपमुद्रायें पाशुपत मत में स्वीकृत हैं।

**पाञ्चरात्र का मत**— पाञ्चरात्र आदि वैष्णवागमों में शंख एवं चक्र आदि को गर्म करके शरीर पर उनके चिह्न बनाना भी 'मुद्रा' कहा गया है। पाशुपतागम में शरीर पर धारण किए गए अनेक द्रव्यों को भी मुद्रा कहा गया है।

अभिनवगुप्तपाद ने तन्त्रालोक ( आ०-२९ ) में मुद्राओं के प्रयोग को उचित माना है तथा पाञ्चरात्रागम, पाशुपतागम में निर्दिष्ट मुद्राओं ( बाह्य मुद्राओं ) को भी सार्थक स्वीकार किया है एवं रहस्यप्रधान तन्त्रों के अनुवर्ती साधकों के लिए रहस्यात्मक मुद्राओं को ( मुद्राओं के प्रतीकार्थों एवं रहस्यार्थों को ) उपादेय माना है।

**नेत्रतन्त्र का मत**— नेत्रतन्त्र ( २१.८० ) में स्वात्माभिव्यक्ति के लिए तीन साधनों का निर्देश किया गया है— मन्त्र, ध्यान एवं मुद्रा।

अद्वैतप्रधान तन्त्रों में सभी कुछ आत्मस्वरूप माना जाता है। अतः इस दृष्टि से मुद्रा को भी परसंवित् का ही एक स्वरूप स्वीकार्य किया जाता है।

**नित्याषोडशिकार्णव**— नित्याषोडशिकार्णव ( पटल-३.२८ ) में कहा गया है कि त्रिपुरासम्बन्धी मुद्राओं की यह महत्ता है कि उनके प्रदर्शन से स्वयं भगवती त्रिपुरा प्रकट हो जाती हैं। पूजाकाल में ही इन मुद्राओं का प्रयोग किया जाना चाहिए—

एता मुद्रा महेशानि! त्रिपुराया मयोदिताः।
पूजाकाले प्रयोक्तव्या यथानुक्रमयोगतः।।

योनिमुद्रा सर्वोच्च मुद्रा है और अन्य सभी मुद्रायें इसी के रूपान्तर हैं—

एका चैव महामुद्रा योनिमुद्रात्वमागता।
तया विभक्त आत्मा तु संक्षोभादिप्रभेदतः।।

१. सर्वसंक्षोभिणी : द्राम् ( द्रां )
२. सर्वविद्राविणी : द्रीम् ( द्रीं )
३. सर्वाकर्षिणी : क्लीम् ( क्लीं )
४. सर्ववेशकारिणी : ब्लूम् ( ब्लूं )
५. सर्वोन्मादिनी : सः
६. सर्वाङ्कुशा : क्रोम् ( क्रों )
७. खेचरी : ह् स् क्रोम्
८. बीजमुद्रा : हसौ
९. योनिमुद्रा : ऐं

→ ये नवों मुद्रायें नवों चक्रों में बीज के उच्चारण के साथ प्रदर्शित की जानी चाहिए। नवों मुद्राओं के बीज अर्थरत्नावली में इसी प्रकार प्रस्तुत किये गये हैं।

इन समस्त मुद्राओं में प्रथमा मुद्रा सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा एवं अन्तिम मुद्रा योनिमुद्रा है।

बाह्यपूजा में सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा प्रथम मुद्रा है। योनिमुद्रा बन्ध के मन्त्रगत समस्त दोषों के निराकरणार्थ तन्त्रों में कहा गया है—

यद्यदुच्चरते मन्त्री मन्त्रवर्णं शुभाशुभम्।
तत्तत्सिद्ध्यति देवेशि! योनिमुद्रा निबन्धनात्।।

योनिमुद्रा की ही भाँति खेचरी मुद्रा की भी महत्ता है। शैव-शाक्त-बौद्ध-कौलिक तन्त्र-ग्रन्थों में मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा और मैथुन— पञ्च पदार्थों को बाह्योपासना में स्वीकार किया गया है और उनकी भी आख्या मुद्रा है। आन्तरी 'मुद्रा' क्या है? ये निम्नांकित हैं—

कुलयोगिन उद्रिक्त भैरवीयरसासवात्।
घूर्णमानस्य यः कश्चित् कोऽप्युदेति यथा तथा।।

शरीरगः समावेशो मोदनद्रावणात्मकः।
सा स्वीकृत जगन्मुद्रा मुद्रा नैरुत्तरे मते।।[१]

---

१. मालिनीविजयवार्तिक।

# मुद्राओं के विभिन्न भेद

## १. महामुद्रा और उसका स्वरूप

साधक को बाएं पैर की एड़ी से गुदा एवं पेट के मध्य में स्थित योनिस्थान को बड़ी कोमलतापूर्वक दबाकर दायें पैर को फैलाकर और दोनों हाथों से अंगूठे को पकड़कर शरीर के नवों द्वारों को रोककर ठोढ़ी को हृदयस्थल पर संयत करके तथा चित्त को परमात्मा में निलीन ( एकाग्र ) करके वायु-साधन का अभ्यास करना चाहिए। यही योग-शास्त्र में महामुद्रा कही जाती है।[१]

इस मुद्रा-साधना में साधक को स्थिर मन से प्रथमतः वामांग से अभ्यासारम्भ करना चाहिए और उसके बाद दायें अंग से करना चाहिए। दोनों अंगों से अभ्यास करते समय साधक को प्राणायाम का अभ्यास समान रूप से करना चाहिए। इस अभ्यास से तो मन्द-भाग्य योगी भी सिद्ध हो जाता है।

महामुद्राभ्यास से ( प्राणायामाभ्याम के माध्यम से ) शरीर की समस्त नाड़ियों का सञ्चालन एवं चालन होता है; उनमें वायु का संचार हो जाता है और स्फूर्ति आ जाती है।[२]

**महामुद्रा-साधना के लाभ** ( शिवसंहिता[३] )—

---

१. शिवसंहिता

२. शिवसंहिता इसके करने से क्षय, बवासीर, प्लीहा, अपच, कुष्ठ, मलावरोध समाप्त हो जाता है।

३. अनेन विधिना योगी मन्दभाग्योऽपि सिध्यति।
सर्वासामेव नाडीनां चालनं बिन्दुमारणम्।।
जीवनं तु कषायस्य पातकानां विनाशनम्।
कुण्डली-तापनं वायोर्ब्रह्मरन्ध्रप्रवेशनम्।।
सर्वरोगोपशमनं जठराग्निविवर्धनम्।
वपुषा कान्तिममलां जरामृत्युविनाशनम्।।
वाञ्छितार्थफलं सौख्यमिन्द्रियाणाञ्च मारणम्।
एतदुक्तानि सर्वाणि योगरूढ़स्य योगिनः।
भवेदभ्यासतोऽवश्यं नात्र कार्या विचारणा।।
गोपनीया प्रयत्नेन मुद्रेयं सुरपूजिते।
यां तु प्राप्य भवाम्भोधेः पारं गच्छन्ति योगिनः।।
मुद्रा कामदुघा ह्येषा साधकानां मयोदिता।
गुप्ताचारेणा कर्तव्या न देया यस्य कस्यचित्।।

१. महामन्द भाग्य वालों को भी सिद्धि की प्राप्ति।

२. शरीर की समस्त नाड़ियों का चालन ( गतिमयता ) और सभी नाड़ियों में वायु-संचार एवं स्फूर्ति।

३. वीर्य की स्थिरता।

४. जीवन में स्थैर्य एवं समस्त पापों का क्षय।

५. कुण्डलिनी शक्ति की प्रबुद्धता और उसका वायुसहित ब्रह्मरन्ध्र में प्रवेश।

६. समस्त रोगों का नाश।

७. जठराग्नि की प्रदीप्ति।

८. शरीर में कान्ति।

९. जरा-वार्धक्य एवं मृत्यु का नाश।

१०. मनोकामनाओं की पूर्ति।

११. सुख की प्राप्ति।

१२. इन्द्रियों पर विजय।

१३. सब कुछ की सिद्धि।

१४. संसार-सागर से पार होना।

हठयोगप्रदीपिका में स्वात्माराम मुनीन्द्र महामुद्रा-साधन के निम्न लाभ बनाते हैं—

१. आधार शक्ति कुण्डली ऋज्वीभूत ( सरल ) हो जाती है।

२. महाक्लेशों ( अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष अभिनिवेश ) का अन्त।

३. द्विपुटाश्रया इड़ा-पिंगला नाड़ी की मरणावस्था आ जाती है ( सुषुम्णा नाड़ी में प्राण-प्रवेश )।

४. इड़ा-पिंगला की मृत्यु।

५. इसके साधक को पथ्यापथ्य का विचार नहीं करना पड़ता।

६. समस्त छः हों प्रकार के रसों की सुपाच्यता।

७. खादित विष भी अमृत बन जाता है।

८. क्षय, कुष्ठ, गुदावर्त, गुल्म एवं इनसे सम्भूत रोगों का नाश।

९. महान् सिद्धियाँ प्रदान करता है।

१०. अजीर्ण का नाश।

न हि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः।
अपि भुक्तं विषं घोरं पीयूषमिव जीर्यति।।

क्षयकुष्ठगुदावर्तगुल्माजीर्णपुरोगमाः ।
तस्या दोषाः क्षयं यान्ति महामुद्रां तु योऽभ्यसेत्।।

कथितेयं महामुद्रा महासिद्धिकरी नृणाम्।
गोपनीया प्रयत्नेन न देया यस्य कस्यचित्।। ( ह० प्र० )

महामुद्रा दसों मुद्राओं में प्रथम मुद्रा है। इसकी साधना-विधि यह है कि वाम पाद के मूल ( तलभाग ) से अर्थात् पार्ष्णि से योनि-स्थान ( गुदा-लिंग का मध्यभाग ) को सम्यक् रूप से सम्पीड़ित करके ( दबाकर ) और दक्षिण पैर को फैलाकर ( दक्षिण पाद की पार्ष्णि अर्थात् एडी को भूमि से मिलाकर ) और उसकी उँगलियों को ऊपर करके उस दक्षिण पाद को सिकुड़ी हुई दोनों हाथों की तर्जनियों से दृढ़तापूर्वक अंगुष्ठ के स्थान में जोर से पकड़ना चाहिए। कण्ठ प्रदेश में भली प्रकार जालन्धर नामक बन्ध लगाकर वायु को ऊर्ध्व देश ( सुषुम्ना ) में धारण करना चाहिए। ब्रह्मानन्द ज्योत्स्ना में कहते हैं कि— साम्प्रदायिकों का कथन है कि मूलबन्ध तो योनि के सम्पीड़न एवं जिह्वा के बन्धन से ही चरितार्थ है; पृथक् रूप से मूलबन्ध लगाने का कोई प्रयोजन ही नहीं है।[1]

घेरण्डसंहिता में इस विधान को और अधिक सुस्पष्ट करते हुए कहा गया है कि इसके साधन में— गुह्यप्रदेश को दृढ़तापूर्वक बायीं एड़ी से दबाना चाहिए, दाहिने पैर को फैलाकर हाथ से पैर की उँगलियों को पकड़ना चाहिए और कण्ठ को सिकोड़कर भौहों के मध्य स्थान में देखना चाहिए। यही 'महामुद्रा' है—

पायुमूलं वामगुल्फे सम्पीड्य दृढ़यत्नतः।
याम्यपादं प्रसार्याथ करे धृतपदाङ्गुलः।।

कण्ठसङ्कोचनं कृत्वा भ्रुवोर्मध्ये निरीक्षयेत्।
महामुद्राभिधा मुद्रा कथ्यते चैव सूरिभिः।।

ग्रहयामल में कहा गया है—

योनिप्रदेश को बायीं एड़ी से दबाकर दक्षिण पाँव को फैलाकर मुंह को दोनों हाथों से पकड़कर और उसे कण्ठ में सिकोड़कर कुम्भक करते हुए वायु को रोके।

ऐसा करने से डण्डे से घायल ( चोट खाये ) सर्प के समान कुण्डलिनी खड़ी हो जाती है ( जैसे आहत सर्प )। इस प्रकार कुटिला ( टेढ़ी ) कुण्डलिनी सरल भाव ग्रहण कर लेती है।

इसके बाद कुम्भक से भरी वायु का रेचन कर देना चाहिए। यही साधना-विधि महामुद्रा है—

पादमूलेन वामेन योनिं सम्पीड्य दक्षिणे।
पादं प्रसारितं कृत्वा कराभ्यां धारयेद् दृढम्।।

कण्ठे वक्त्रं समारोप्य धारयेद् वायुमूर्ध्वतः।
यथादण्डाहतः सर्पो दण्डाकारः प्रजायते।।

१. हठयोगप्रदीपिका–ज्योत्स्ना।

ऋज्वीभूता तथा शक्तिः कुण्डली सहसा भवेत्।
तदा सा मरणावस्था जायते द्विपुटाश्रिता।।

तदा शनैः शनैरेव रेचयेत् नैव वेगतः।
इयं खलु महामुद्रा तव स्नेहात् प्रकाश्यते।।

ग्रहयामल में इसकी साधना के अन्य फल भी बताए गए हैं—

महाक्लेशादयो दोषाः क्षीयन्ते मरणादयः।
महामुद्रा तु तेनैव समाख्याता महेश्वरी।।

चन्द्राङ्गेन समभ्यस्य सूर्याङ्गेन समभ्यसेत्।
यावत्संख्या भवेत्तस्या ततः संख्यां विसर्जयेत्।।

न हि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः।
अपि भुक्तं विषं घोरं पीयूषमपि जीर्यति।।

क्षयकुष्ठगुदावर्तगुदप्लीहपुरोगमाः।
तस्य दोषाः क्षयं यान्ति महामुद्रां च योऽभ्यसेत्।।

कथितेयं महामुद्रा जरामरणनाशिनी।
गोपनीया प्रयत्नेन न देया यस्य कस्यचित्।।

अर्थात् महाक्लेशादि एवं मरणादि दोष भी महामुद्रा के अभ्यास से नष्ट हो जाते हैं। चन्द्रस्वर का अभ्यास करके सूर्यांग से निश्चित संख्यापर्यन्त अभ्यास करने से पथ्यापथ्य एवं विष भी खाने पर पच जाते हैं। क्षयादिक रोग, जरा, मरण आदि सभी का महामुद्रा से नाश हो जाता है।

स्वात्माराम मुनीन्द्र ने भी 'हठयोगप्रदीपिका' इसी तथ्य की इन शब्दों द्वारा पुष्टि की है—

महाक्लेशादयो दोषाः क्षीयन्ते मरणादयः।
महामुद्रां च तेनैव वदन्ति विबुधोत्तमाः।।

चन्द्राङ्गे तु समभ्यस्य सूर्याङ्गे पुनरभ्यसेत्।
यावत्तुल्या भवेत्संख्या ततो मुद्रां विसर्जयेत्।।

न हि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः।
अपि भुक्तं विषं घोरं पीयूषमिव जीर्यति।।

क्षयकुष्ठगुदावर्तगुल्माजीर्णपुरोगमाः।
तस्य दोषाः क्षयं यान्ति महामुद्रां तु योऽभ्यसेत्।
कथितेयं महामुद्रा महासिद्धिकरी नृणाम्।
गोपनीया प्रयत्नेन न देया यस्य कस्यचित्।।

## २. महाबन्ध और उसका स्वरूप

स्वात्माराम मुनीन्द्र ने हठयोगप्रदीपिका में जिन १० मुद्राओं का उल्लेख किया है, उनमें 'महाबन्ध' द्वितीय मुद्रा है—

महामुद्रा महाबन्धो महावेधश्च खेचरी।
उड्यानं मूलबन्धश्च बन्धो जालन्धराभिधः।।

करणी विपरीताख्या वज्रोली शक्तिचालनम्।
इदं हि मुद्रा दशकं जरामरणनाशनम्।।

इस मुद्रा का विधान इस प्रकार है कि इसमें साधकों को वाम चरण की पार्ष्णि को योनिस्थान में ( गुदा-लिंग के मध्य स्थान में ) लगाना चाहिए तथा वाम जंघा के ऊपर दक्षिण पाद ( दाहिने पैर ) को रखना चाहिए। इसी स्थिति में बैठना चाहिए—

पार्ष्णि वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत्।
वामोरुपरि संस्थाप्य दक्षिणं चरणं तथा।।

इसके अनन्तर पूरक करना चाहिए और हृदय में दृढ़तापूर्वक चिबुक ( ठोढ़ी ) को साध कर ( जालन्धर बन्ध लगाकर ) योनि ( गुदा-लिंग का मध्य भाग ) को संकुचित करके ( मूलबन्ध लगाकर ) मन को मध्य नाड़ी में प्रवेश कराना चाहिए।

फिर वायु को यथाशक्ति ( कुम्भक के द्वारा ) धारण करके शनैः-शनैः वायु का रेचन कर देना चाहिए। इसी प्रकार वामांग में भी भली प्रकार अभ्यास करने के बाद दक्षिणांग में इसका अभ्यास करना चाहिए और यह अभ्यास तब तक करते रहना चाहिए, जब तक कि वामांगाभ्यास की संख्या के बराबर न हो जाय।

जहाँ तक जालन्धर बन्ध में कण्ठ के संकोच का उपयोग है, उसके विषय में किन्हीं-किन्हीं आचार्यों का कथन है कि इस जालन्धर बन्ध में कण्ठ का जो बन्धन ( संकोच ) है, उसे छोड़ देना चाहिए; क्योंकि दाढ़ ( राजदन्त ) के ऊपर अवस्थित जिह्वा का बन्ध ही जालन्धर बन्ध में उचित है; कण्ठ-संकोच की अपेक्षा वही उत्तम है। स्वात्माराम कहते हैं—

पूरयित्वा ततो वायुं हृदये चिबुकं दृढ़म्।
निष्पीड्य योनिमाकुञ्च्य मनो मध्ये नियोजयेत्।।

धारयित्वा यथाशक्ति रेचयेदनिलं शनैः।
सव्याङ्गे तु समभ्यस्य दक्षाङ्गे पुनरभ्यसेत्।।

मतमत्र तु केषाञ्चित् कण्ठबन्धं विवर्जयेत्।
राजदन्तस्थजिह्वायां बन्धः शस्तो भवेदिति।।

शिवसंहिता में इसका स्वरूप इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है—

दाहिना पैर फैलाकर, बायीं जांघ पर रखकर, गुदा और योनि को सिकोड़ कर अपान

वायु को ऊपर चढ़ाकर प्राणवायु को नीचे की ओर खींचकर दोनों को ( नाभिस्थल में ) समान वायु से संयुक्त करके ऊपर उठाने के लिए इस महाबन्ध का अभ्यास जो साधक करता है, उसके लिए यह ( महाबन्ध ) सिद्धिमार्गदायक कहा गया है। योगी के नाड़ी-जाल से रसव्यूह ऊपर की ओर जाता है। इस महाबन्ध का अभ्यास बड़ी सावधानी से दोनों पैरों से बारी-बारी से करना चाहिए। इस बन्ध के अभ्यास से सुषुम्णा नाड़ी के भीतर वायु स्थित हो जाती है। इसके अभ्यास से शरीर के अस्थिपञ्जर का ढांचा सुदृढ़ होता है। सभी बन्ध संयत होते हैं और योगी का हृदय सन्तुष्ट हो जाता है।

इस महाबन्ध के अभ्यास से योगीन्द्र अपनी समस्त इच्छायें पूरी कर सकता है।[१]

घेरण्डसंहिता में ऋषि घेरण्ड ने इस मुद्रा को इस प्रकार स्पष्ट करने का प्रयास किया है— बायीं एड़ी से गुदामूल का निरोध करके दाहिने पैर से यत्नपूर्वक बायीं एड़ी को दबाता हुआ धीरे-धीरे गुह्यदेश को चालित करे एवं धीरे-धीरे गुह्यदेश को सिकोड़े तथा जालन्धर बन्ध से प्राणवायु को धारण करे। इसी मुद्रा की आख्या है— 'महाबन्ध'। ऋषि घेरण्ड कहते हैं कि महाबन्ध सभी मुद्राओं में श्रेष्ठ है। यह जरा-मृत्यु को दूर करती है। इसके प्रभाव से सभी मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं—

महाबन्धः परो बन्धो जरामरणनाशनः।
प्रसादादस्य बन्धस्य साधयेत् सर्ववाञ्छितम्।।

**महाबन्ध मुद्रा के फल**— स्वात्माराम मुनीन्द्र हठयोगप्रदीपिका में कहते हैं कि महाबन्ध ( राजदन्तों में स्थित जिह्वा का बन्ध ) ७२००० नाड़ियों की ऊर्ध्व गति का प्रतिबन्धक है। नाड़ियों के जाल का जो बन्धन करे, उसे 'जालन्धर बन्ध' कहते हैं। महा-बन्ध महासिद्धियों का प्रदायक है—

अयं तु सर्वनाड़ीनामूर्ध्वं गतिनिरोधकः।
अयं खलु महाबन्धो महासिद्धिप्रदायकः।।

---

१. ततः प्रसारितः पादो विन्यस्य तमुरूपरि।।
गुदयोनिं समाकुञ्च्य कृत्वा चापानमूर्ध्वगम्।
योजयित्वा समानेन कृत्वा प्राणमधोमुखम्।।
बन्धयेदूर्ध्वगत्यर्थं प्राणापानेन यः सुधीः।
कथितोऽयं महाबन्धः सिद्धिमार्गप्रदायकः।।
नाड़ीजालाद्रसव्यूहो मूर्धानं याति योगिनः।
उभाभ्यां साधयेत् पद्भ्यामेकैकेसु प्रयत्नतः।।
भवेदभ्यासतो वायुः सुषुम्णामध्यसङ्गतः।
अनेन वपुषः पुष्टिर्दृढबन्धोऽस्थिपञ्जरे।।
सम्पूर्णहृदयो योगी भवन्त्येतानि योगिनः।
बन्धेनानेन योगीन्द्रः साधयेत्सर्वमीप्सितम्।।( शिवसंहिता-३७-४२ )

इतना ही नहीं; यह मुद्रा मृत्युपाशस्वरूप महाबन्धन से मुक्ति प्रदान कराती है; तीन नदियों के संगम ( प्रयाग ) को धारण करती है और भृकुटियों के मध्य स्थान में अवस्थित भगवान् शिव के धाम केदार तीर्थ को भी प्राप्त कराती है—

कालपाशमहाबन्धविमोचनविचक्षण: ।
त्रिवेणीसङ्गमं धत्ते केदारं प्रापयेन्मन:।।

## ३. महावेध और उसका यथार्थ स्वरूप

स्वात्माराम मुनीन्द्र हठयोगप्रदीपिका में कहते हैं कि योगी महाबन्ध मुद्रा में स्थित होकर एकाग्र बुद्धि से पूरक प्राणायाम करके कण्ठमुद्रा ( जालन्धर मुद्रा ) से प्राणादिक वायुओं को ( जो कि ऊर्ध्व अधोगत्यात्मक हैं ) निश्चल रीति से अवरुद्ध करके ( कुम्भक प्राणायाम करके ), हाथ के तलों को भूमि पर रखकर और इन भूमिसंलग्न दोनों हाथों से योनि-स्थान-संलग्न पार्ष्णि वाले वाम पाद से नितम्ब को ऊपर उठाकर धीरे-धीरे ताडित करे।

इसके परिणामस्वरूप इडा-पिंगला के मार्ग का त्याग करके प्राण सुषुम्णा नाड़ी में प्रवाहित होने लगता है। फिर चन्द्रमा-सूर्य-अग्नि से अधिष्ठित इड़ा-पिंगला-सुषुम्णा नाड़ियों की वायु एक हो जाती है। इड़ा-पिंगला के मध्य प्राण-सञ्चार अवरुद्ध हो जाने से उनकी मरणावस्था आ जाती है; क्योंकि इड़ा-पिंगला में प्राण-सञ्चार ही उनका जीवन है। इस मरणावस्था के प्रस्तुत होने पर वायु का विरेचन कर देना चाहिए।[१]

इसी यौगिक मुद्राभ्यास को 'महावेध' कहते हैं।

घेरण्डसंहिता में इस विधान को और अधिक सुस्पष्ट रीति से समझाते हुए कहा गया है कि प्रथमत: महाबन्धमुद्रा का अभ्यास करे और फिर उड्डीयान बन्ध करके कुम्भक द्वारा वायु का स्तम्भन करे इसे ही 'महावेध' कहते हैं।[२]

शिवसंहिता में इसके स्वरूप को इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है— अपान एवं प्राण को एकीकृत करके महावेध में स्थित होकर योगी अपने उदर को वायु से पूरित करके दोनों पार्श्वों को ताड़ित करे। यही 'महावेध' का स्वरूप है।[३]

अभ्यासपटु योगी वायु के द्वारा सुषुम्णा मार्ग में स्थित ग्रन्थि को अच्छी तरह संविद्ध

---

१. महाबन्धस्थितो योगी कृत्वा पूरकमेकधी:। वायूनां गतिमावृत्त्यां निभृतं कण्ठमुद्रया।।
समहस्तयुगो भूमौ स्फिचौ सन्ताडयेच्छनै:। पुटद्वयमतिक्रम्य वायु: स्फुरति मध्यग:।।
सोमसूर्याग्निसम्बन्धो जायते चामृताय वै। मृतावस्था समुत्पन्ना ततो वायुं विरेचयेत्।।

२. महाबन्धं समारुह्य उड्डीयानकुम्भकं चरेत्। महावेध: समाख्यातो योगिनां सिद्धिदायक:।।

३. अपानप्राणयोरैक्यं कृत्वा त्रिभुवनेश्वरि।
महावेधस्थितो योगी कुक्षिमापूर्य वायुना।
स्फिचौ सन्ताडयेद्धीमान् वेधोऽयं कीर्तितो मया।।

करके ब्रह्मग्रन्थि का भेदन करता है। जो योगी महावेध को गोपनीय रखकर सदैव इसका अभ्यास करता रहता है, उसकी वायु सिद्ध हो जाती है और इसके परिणामस्वरूप उसके वार्धक्य एवं मृत्यु का नाश हो जाता है। वृद्धावस्था तारुण्य में रूपान्तरित हो जाती है और मृत्यु उसके वशीभूत हो जाती है।

महावेध के अभ्यास से रहित महामुद्रा और महाबन्ध दोनों निष्फल हो जाते हैं। अतः योगी को महामुद्रा, महाबन्ध एवं महावेध— तीनों का अभ्यास यथाक्रम बड़ी ही सावधानी-पूर्वक करना चाहिए।

प्रत्येक योगी को ( सिद्धि-प्राप्ति की इच्छा रखने वाले योगी को ) इन तीनों अभ्यासों को सावधानीपूर्वक गोपनीय रखना चाहिए; अन्यथा गोपनीयता नष्ट होने पर सिद्धि भी नष्ट हो जाती है।[१]

**महावेध का महत्त्व**— जिस प्रकार पुरुषों के विना नारी का समस्त रूप-लावण्य एवं यौवन व्यर्थ रहता है, उसी प्रकार महावेध के विना मूलबन्ध एवं महाबन्ध भी व्यर्थ एवं निरर्थक हो जाते हैं—

रूपयौवनलावण्यं नारीणां पुरुषं विना।
मूलबन्धमहाबन्धौ महावेधं विना यथा।।[२]

यह महासिद्धिदायक मुद्रा है—

महाबन्धं समारुह्य उड्डीयानकुम्भकं चरेत्।
महावेधः समाख्यातो योगिनां सिद्धिदायकः।।

जो योगी प्रतिदिन महावेध के साथ महाबन्ध एवं मूलबन्ध का अभ्यास करते हैं, वे योगी योगियों में श्रेष्ठ हो जाते हैं और उन पर वृद्धावस्था आक्रमण नहीं करती। यह परम गुह्य अभ्यास है; अतः इसे सदैव गोपनीय रखना चाहिए।[३]

## महावेध के अभ्यास का फल

१. सुषुम्णा में प्राण-सञ्चरण ( प्राणवायु की मध्य नाड़ी में गति )।

२. इडा-पिंगला की ( वायु-सञ्चार न होने से ) मृत्यु।

---

१. गोपनीया प्रयत्नेन साधकैः सिद्धिमीप्सुभिः।
अन्यथा च न सिद्धिः स्यान्मुद्राणामेष निश्चयः।। ( शिवसंहिता )

२. घेरण्डसंहिता

३. महाबन्धमूलबन्धौ महावेधसमन्वितौ।
प्रत्यहं कुरुते यस्तु स योगी योगवित्तमः।।
न च मृत्युभयं तस्य न जरा तस्य विद्यते।
गोपनीयः प्रयत्नेन वेधोऽयं योगिपुङ्गवः।।
( घेरण्डसंहिता-२३-२४ )

३. सोम, सूर्य, अग्नि ( इड़ा-पिंगला-सुषुष्णा ) का मोक्ष का साधन बन जाना ( जायते चामृताय वै )।

४. अणिमादिक सिद्धियों की प्राप्ति। वली-पलित-वेपथु का नाश ( केशों की शुक्लता का दूरीकरण )।

५. अणिमादिक सिद्धियों की प्राप्ति। वली-पलित-वेपथु का नाश ( केशों की शुक्रता का दूरीकरण )।

६. जरा-मृत्यु का नाश।

७. वह्नि-वृद्धि[१]।

८. वायु-सिद्धि।

९. वार्धक्य-जरा-क्षय।

१०. सुषुम्णा मार्ग से वायु के प्रवेश एवं ताडन से सभी चक्र एवं उनके देवता— गणेश, ब्रह्मा, विष्णु, महादेव, ईश्वर आदि का प्रकम्पित होने लगना।

११. कुण्डलिनी शक्ति का जागृत होकर कैलास ( ब्रह्मस्थान ) में लीन हो जाना।

१२. तीनों मुद्राओं के अभ्यास से ६ मासों में मृत्यु पर विजय।

१३. सिद्धि की प्राप्ति[२]।

तीनों क्रियाओं के अभ्यास की संख्या का विधान निम्नानुसार है—

अष्टधा क्रियते चैव यामे-यामे दिने-दिने।
पुण्यसम्भारसन्धायि पापौघभिदुरं सदा।
सम्यक्शिक्षावतामेवं स्वल्पं प्रथमसाधनम्।।

( हठयोगप्रदीपिका-३.२१ )

---

१. सोमसूर्याग्निसम्बन्धो जायते चामृताय वै।
मृतावस्था समुत्पन्ना ततो वायुं विरेचयेत्।।
महावेधोऽयमभ्यासान्महासिद्धिप्रदायक:।
वलीपलितवेपघ्न: सेव्यते साधकोत्तमै:।।
एतत्त्रयं महागुह्यं जरामृत्युविनाशनम्।
वह्निवृद्धिकरं चैव ह्यणिमादिगुणप्रदम्।। ( हठयोगप्रदीपिका )

२. वेधेनानेन संविध्य वायुना योगिपुङ्गव:।
ग्रन्थिं सुषुम्णामार्गेण ब्रह्मग्रन्थिं भिनत्यसौ।।
य: करोति सदाभ्यासं महावेधं सुगोपितम्।
वायुसिद्धिर्भवेत्तस्य जरामरणनाशिनी।।
चक्रमध्ये स्थिता: देवा: कम्पन्ति वायुताडनात्।
कुण्डल्यपि महामाया कैलासे सा विलीयते।।
एतत् त्रयं प्रयत्नेन चतुर्वारं करोति य:।
षण्मासाभ्यन्तरं मृत्युं जयत्येव न संशय:।। ( शिवसंहिता )

## ४. खेचरी मुद्रा और उसका स्वरूप

कपाल छिद्र में जिह्वा-प्रवेश के साथ भृकुटियों के मध्य का दर्शन करना ही खेचरी मुद्रा कहलाती है—

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी।।
( हठयोगप्रदीपिका-३.३२ )

**खेचरी मुद्रा की साधना-विधि**— जिह्वा के नीचे जिह्वा और उसकी जड़ को मिलाने वाली जो नाड़ी है, उसका छेदन करता हुआ निरन्तर रसनाग्र भाग को परिचालित करे। ऐसा प्रतिदिन करने से जिह्वा बड़ी हो जाती है। क्रम से अभ्यास द्वारा जिह्वा को इतनी लम्बी करे कि वह भौंहों के मध्य तक पहुँच जाय। जिह्वा को क्रमशः तालुमूल में ले जाना चाहिए। तालु के मूल में जो गर्त ( गड्ढा ) है, उसे 'कपालकुहर' कहते हैं। जिह्वा को कपाल-कुहर के मध्य ऊपर की ओर उल्टी करके स्थापित करना चाहिए और दोनों भौंहों के मध्य स्थान को लगातार देखना चाहिए। यही विधि एवं विधान 'खेचरी मुद्रा' है।[१]

योगसाधक को अनेक प्रकार के साधन-सम्बन्धी विघ्नों या उपद्रवों को दूर करके वज्रासनस्थ होकर, दोनों भौंहों के मध्य में दृढ़तापूर्वक दृष्टि को संयत करके लम्बिका के ऊपर स्थित गर्त में रसना को उलटकर प्रयत्नपूर्वक सुधाकूप ( अमृत के कूपस्वरूप तालु-विवर ) में संयोजित करना चाहिए।[२]

यह खेचरी मुद्रा समस्त सिद्धियाँ प्रदान करने वाली है। भगवान् शिव कहते हैं कि खेचरी मुद्रा मुझे प्राणों से भी अधिक प्रिय है—

---

१ जिह्वाधोनाड़ीसञ्छिन्नां रसनां चालयेत् सदा।
दोहयेन्नवनीतेन लोहयन्त्रेण कर्षयेत्।।
एवं नित्यं समाभ्यासाल्लम्बिका दीर्घतां व्रजेत्।
यावद्गच्छेद् भ्रुवोर्मध्ये तथा गच्छति खेचरी।।
रसनां तालुमध्ये तु शनैः शनैः प्रवेशयेत्।
कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।
भ्रुवोर्मध्ये गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी।।
( घेरण्ड संहिता-२५-२७ )

२. भ्रुवोरन्तर्गतां दृष्टिं विधाय सुदृढां सुधीः।।
उपविश्यासने वज्रे नानोपद्रववर्जितः।।
लम्बिकोर्ध्वे स्थिते गर्ते रसनां विपरीतगाम्।।
संयोजयेत्प्रयत्नेन सुधाकूपे विचक्षणः।
मुद्रैषा खेचरी प्रोक्ता भक्तानामनुरोधतः।।५३।।
( शिवसंहिता-५१-५३ )

सिद्धीनां जननी ह्येषा मम प्राणाधिकप्रिया।

यदि साधक इसका निरन्तर अभ्यास करता रहे तो वह अमृतपान करने लगता है। उसका शरीर पक्व-पुष्ट हो जाता है। यह खेचरी मुद्रा मृत्युरूपी हाथी के लिए साक्षात् सिंह के समान है। साधक चाहे कितना भी अपवित्र क्यों न हो; किन्तु यदि उसकी खेचरी मुद्रा सिद्ध हो जाती है तो वह सभी अवस्थाओं में शुद्ध हो जाता है। जो योगी मात्र आधे क्षण के लिए ही इस खेचरी मुद्रा का अभ्यास करता है, वह पाप-महासागर को भी पार करके समस्त दिव्य भोगों का आस्वादन करता है। यदि उसे जन्म भी लेना पड़े तो पवित्र कुल में ही जन्म लेता है।

जो योगी इस मुद्रा का अभ्यास स्वस्थ चित्त एवं प्रमादरहित होकर करता है, उसके लिए सैकड़ों ब्रह्मा के कार्यकाल व्यतीत हो जाने पर भी वह आधे क्षण के ही समान प्रतीत होता है। गुरु के उपदेश से जिस साधक को यह खेचरी सिद्ध हो जाती है, वह अनेक- विध पाप-कर्म में प्रवृत्त रहकर भी परम गति को प्राप्त कर लेता है। हे देवों के द्वारा पूजित पार्वति! इस मुद्रा का उपदेश सभी को ( जिस-किसी को ) नहीं करना चाहिए; केवल सुपात्र साधक ही इसके अभ्यास का अधिकारी होता है। इस मुद्रा को बड़ी ही सावधानी से गोपनीय रखना चाहिए।[१]

**हठयोगप्रदीपिका में निर्दिष्ट साधना-विधि**— साधक को अपनी जीभ की जड़ को सात दिनों में एक बार थोड़ा-थोड़ा काट कर और जीभ में मक्खन लगाकर जीभ का प्रतिदिन दोहन करना चाहिए एवं उसे खींच-खींचकर इतनी बड़ी कर लेनी चाहिए कि वह भौंह तक पहुँच जाय और फिर उसे मुख के अन्दर उल्टा करके कपालकुहर में

---

१. सिद्धीनां जननी ह्येषा मम प्राणाधिकप्रिया।
निरन्तरकृताभ्यासात्पीयूषं प्रत्यहं पिबेत्।।
तेन विग्रहसिद्धिः स्यान्मृत्युमातङ्गकेसरी।
अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थाङ्गतोऽपि वा।
खेचरी यस्य शुद्धा तु स शुद्धो नात्र संशयः।।
क्षणार्धं कुरुते यस्तु तीर्त्वा पापमहार्णवम्।
दिव्यभोगान् प्रभुक्त्वा च सत्कुले स प्रजायते।।
मुद्रैषा खेचरी यस्तु स्वस्थचितो ह्यतन्द्रितः।
शतब्रह्मगतेनापि क्षणार्धं मन्यते हि सः।।
गुरूपदेशतो मुद्रां यो वेत्ति खेचरीमिमाम्।
नानापापरतो धीमान् स याति परमां गतिम्।।
सा प्राणसदृशी मुद्रा यस्मै कस्मै न दीयते।
प्रच्छाद्यते प्रयत्नेन मुद्रेयं सुरपूजिते।।
( शिवसंहिता-५४-५९ )

स्थापित करके श्वासनलिका को भी थोड़ी-थोड़ी देर के लिए बन्द कर देना चाहिए। ऐसा करने से चन्द्रमा से निपतित अमृत मूलाधार-स्थित अग्नि में न गिरकर साधक को स्वयं प्राप्त होने लगता है; जिससे कि वह जरा-मृत्यु-विष आदि सभी पर विजय पाकर मृत्युञ्जयी बन जाता है। इसी समय योगी को अपने नेत्रों को त्रिकुटी के मध्य स्थिर करना चाहिए। शाम्भवी मुद्रा भी करते रहना चाहिए।[1]

**खेचरी मुद्रा के अभ्यास में निहित क्रियायें—** इस मुद्रा के अभ्यास में मुख्यतः निम्न क्रियायें है—

१. कपालकुहर में जिह्वा की स्थिरतापूर्वक स्थापना।

२. दोनों भौंहों के मध्य दृष्टि को स्थिर करना।

जिह्वागत अन्य क्रियायें हैं— जिह्वा का छेदन, जिह्वा का चालन एवं जिह्वा का दोहन[2]।

खेचरी मुद्रा के अभ्यास में व्योमचक्र एवं शाम्भवी मुद्रा प्रधान कारक तत्त्व हैं।

छेदनादि से जिह्वा के लम्बी हो जाने पर जिह्वा को तीनों नाड़ियों के मार्ग ( कपाल छिद्र, में स्थिर करना ( व्योम चक्र ) आवश्यक है।

कलां पराङ्मुखी कृत्वा त्रिपथे परियोजयेत्।<br>
सा भवेत् खेचरी मुद्रा व्योमचक्रं तदुच्यते।।[3]

हाथ के अंगूठे एवं तर्जनी से जिह्वा को पकड़कर वाम एवं दक्षिणरूप से हिलाना और अंगूठे तथा तर्जनी से गोदोहन के समान जिह्वा का दोहन तब तक करना चाहिए,

---

१. कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।<br>
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी।। ( स्वात्माराम मुनीन्द्र हठयोगप्रदीपिका )<br>
भास्करराय 'सेतुबन्ध' में कहते हैं कि भगवती त्रिपुरसुन्दरी ही स्वयं खेचरी मुद्रा बनकर सर्वरोगहर चक्र में स्थित हैं— 'यानि पापानि ये च रोगास्तेषां सर्वेषां नाशं कुर्वती या विशेषदर्शनात्मिका प्रमा तदभिन्ना संविन्मयी निर्विषयज्ञानपरा क्रिया शक्त्यभिन्ना त्रिपुरसुन्दर्येव खेचरी भूत्वा सर्व-रोगहरे चक्रे स्थिता।'

२. छेदनचालनदोहैः कलां क्रमेण वर्धयेत्तावत्।<br>
सा यावद् भ्रूमध्यं स्पृशति तदा खेचरीसिद्धिः।।<br>
स्नुहीपत्रनिभं शस्त्रं सुतीक्ष्णं स्निग्धनिर्मलम्।<br>
समादाय ततस्तेन रोममात्रं समुच्छिनेत्।।<br>
ततः सैन्धवपथ्याभ्यां चूर्णिताभ्यां प्रघर्षयेत्।<br>
पुनः सप्तदिने प्राप्ते रोममात्रं समुच्छिदेत्।।<br>
एवं क्रमेण षण्मासं नित्यं युक्तः समाचरेत्।<br>
षण्मासाद्रसनामूलशिराबन्धः प्रणश्यति।।<br>
( हठयोगप्रदीपिका-३.३३-३६)

३. हठयोगप्रदीपिका ( तृतीयोपदेश ३.३७ )

जब तक कि वह भ्रुवद्वय के मध्य भाग का स्पर्श न कर ले। स्नुही ( सेहुँड़ ) के पत्ते के समान तीक्ष्ण एवं चिकने तथा निर्मल ( निर्दोष ) शस्त्र से जिह्वा के मूल की नाड़ी को रोम के बराबर काटना ( छेदन करना ) चाहिए। इस छेदन के बाद चूर्ण किए हुए लवण ( सैन्धव ) एवं हरड से जिह्वा के मूल को पूर्णतया घिस कर सात दिनों तक प्रतिदिन छेदन एवं घर्षण प्रत्येक प्रात:काल एवं सायंकाल करना चाहिए। योगियों के लिए लवण का प्रयोग निषिद्ध है। इसके स्थान पर खदिर ( कत्था ) और पथ्या का चूर्ण लेना चाहिए। सात दिन व्यतीत हो जाने पर आठवें दिन पुन: रोममात्र जीभ की जड़ को काटना ( छेदन करना ) चाहिए; किन्तु इस बार भी ( प्रथम बार से अधिक ) रोममात्र ही जिह्वा की जड़ का कर्तन ( छेदन ) करना चाहिए।

खेचरी मुद्रा में जिह्वा की क्रियायें हैं— छेदन, चालन, दोहन एवं जिह्वा स्थापन।

इसके अनन्तर जिह्वा को उलटकर और उसे कपाल-कुहर में स्थापित करके ब्रह्मरन्ध्र में स्थित चन्द्रमा से स्रवित अमृत को ( पातालस्थ सूर्य से छीनकर ) स्वयं पीना। इसमें पाँचवीं किया है— भ्रूमध्य में दृष्टिस्थापन।

**खेचरी मुद्रा-सिद्धि के फल—**

खेचरी मुद्रा के सिद्ध हो जाने पर निम्न परिणाम एवं सिद्धियाँ दृष्टिगोचर होती हैं—

१. तालुछिद्र में एक घटिका ( मुहूर्त ) मात्र की जिह्वा की स्थिरता से धातुवैषम्य से उत्पन्न व्याधि, मृत्यु, वार्धक्य एवं सर्प-वृश्चिक-दंश के विष के प्रभावों से मुक्ति[१]।

२. रोग, मरण, तन्द्रा, निद्रा, क्षुधा, तृषा, मूर्च्छा आदि से मुक्ति।

३. रोग एवं पीड़ा, कर्म-फल एवं काल के प्रभाव से मुक्ति।

४. बिन्दु-क्षरण से मुक्ति ( बिन्दु-स्थैर्य-बिन्दु का ऊर्ध्वीकरण )।

---

१. रसनामूर्ध्वगां कृत्वा क्षणार्धमपि तिष्ठति।
विषैर्विमुच्यते योगी व्याधिमृत्युजरादिभि:।।
न रोगो मरणं तन्द्रा न निद्रा न क्षुधा तृषा।
न च मूर्च्छा भवेत्तस्य यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम्।।
पीड्यते न स रोगेण लिप्यते न च कर्मणा।
बाध्यते न स कालेन यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम्।।
खेचर्या मुद्रितं येन विवरं लम्बिकोर्ध्वत:।
न तस्य सरते बिन्दु: कामिन्या श्लेषितस्य च।।
चलितोऽपि यदा बिन्दु: सम्प्राप्तो योनिमण्डलम्।
व्रजत्यूर्ध्वं हत: शक्त्या निबद्धो योनिमुद्रया।।
ऊर्ध्वजिह्व: स्थिरो भूत्वा सोमपानं करोति य:।
मासार्धेन न सन्देहो मृत्युं जयति योगवित्।।
( हठयोगीप्रदीपिका-३.३८-४४ )

जो योगी तालु के ऊपर के छिद्र में क्षणार्ध भी स्थिर रहता है, वह धातुओं के वैषम्य-रूप व्याधि एवं मृत्यु-जरा-वार्धक्य तथा वृश्चिक-सर्पादि-दंश के विष-प्रभाव से मुक्त रहता है।

वह योगी, जो खेचरी मुद्रा को जानता है— रोग, मृत्यु एवं अन्तःकरण की तमोगुणी वृत्तिरूप तन्द्रा, निद्रा, क्षुधा, तृषा एवं ( तमोगुणात्मिक ) मूर्च्छा आदि के दुष्परिणामों एवं इनकी समस्त दशाओं से मुक्त रहता है। वह योगी रोग की पीड़ा से कभी पीड़ित नहीं होता और न तो काल के पाश में बाँधा ही जा पाता है। जिस योगी ने खेचरी मुद्रा से लम्बिका ( तालु ) के ऊर्ध्ववर्ती छिद्र ( कपालकुहर ) को आच्छादित कर लिया है, वह कामिनियों के मृदु स्पर्श से भी अक्षुब्ध रहता है तथा उसका शुक्र ( रेतस् ) कभी भी क्षरित नहीं होता। उसका बिन्दु ( शुक्र ) मस्तक से नीचे कभी गिरता ही नहीं। यदि उसका बिन्दु चलायमान होता भी है और मदनागार में गिर भी जाता है तो योगी योनिमुद्रा ( जननेन्द्रिय-संकोचन ) के द्वारा वज्रोली क्रिया की सहायता से उसे ऊपर खींचकर पुनः सुषुम्णा मार्ग द्वारा मस्तक में चढ़ा लेता है—

चलितोऽपि यदा बिन्दुः सम्प्राप्तो योनिमण्डलम्।
व्रजत्यूर्ध्वं हृतः शक्त्या निबद्धो योनिमुद्रया।।

जो योगी कपालकुहर में गिरते हुए चन्द्रामृत का पान करता है ( ऊर्ध्व छिद्र में गिरे हुए पीयूष का पान करता है ), वह योगज्ञाता योगी पन्द्रह दिनों में ही मृत्यु पर विजय प्राप्त कर लेता है। जिस योगी का शरीर नित्य चन्द्रकला ( अमृत ) से पूर्ण रहता है, उसके शरीर को यदि तक्षक नाग भी काट ले तो उसके शरीर पर उसके विष का कोई प्रभाव नहीं होता।

जिस प्रकार अग्नि को यदि लकड़ी मिलती रहे तो वह कभी नहीं बुझती और यदि दीपक को तेल मिलता रहे तो वह भी नहीं बुझता; ठीक उसी प्रकार यदि शरीर को ब्रह्मरन्ध्र से गिरने वाला सोमकलात्मक अमृत प्राप्त होता रहे तो जीवात्मा ऐसे शरीर का कभी त्याग नहीं करता अर्थात् ऐसा अमृतप्राप्त शरीर मृत्युञ्जयी होता है, मृत्युपाश से अतीत होता है। इसीलिये योगी के लिए यह विधान है कि वह प्रतिदिन गोमांस का भक्षण करे और वारुणी ( सुरा ) का सेवन करे।

**गोमांस-भक्षण का अर्थ**— गोमांस के भक्षण का अर्थ गौ नामक पशु के मांस का भक्षण नहीं है; प्रत्युत जिह्वा के मूल को सात-सात दिनों पर सूत्र की मोटाई में काटना है। चूँकि इस विधान में जिह्वा के मांस को काटना पड़ता है; अतः उसका लाक्षणिक अर्थ 'मांस-भक्षण' हो गया। किन्तु इस अर्थ ने भी अपने निहितार्थ की अभिव्यक्ति नहीं की और उसका अर्थ 'जिह्वा को तालुप्रदेश में प्रविष्ट कराना' ही स्वीकार किया गया है—

गोशब्देनोदिता जिह्वा तत्प्रवेशो हि तालुनि।
गोमांसभक्षणं तत्तु महापातकनाशनम्।।[१]

यह यौगिक साधना वाला ( खेचरीगत ) गोमांस-भक्षण बड़े से बड़े पाप को भी नष्ट कर देता है।

**अमरवारुणी का अर्थ**— वैसे तो अमरवारुणी का अर्थ है— देवताओं की शराब या अमरत्व प्रदान करने वाली शराब; किन्तु वस्तुत: यह कोई सुरा ( शराब ) है ही नहीं; प्रत्युत यह ब्रह्मरन्ध्र में स्थित चन्द्रमा से चूने वाला अमृत है। खेचरी मुद्रा सिद्ध हो जाने पर उपर्युक्त ऊर्ध्वजिह्व योगी उपर्युक्त ( ब्रह्मरन्ध्र से स्रवित ) पीयूष को पीने लगता है। यह ब्रह्मरन्ध्रस्थ चन्द्रमा से नि:सृत अमृत ही अमरवारुणी की आख्या से प्रसिद्ध है—

जिह्वाप्रवेशसम्भूतवह्निनोत्पादित: खलु।
चन्द्रात् स्रवति य: सार: स स्यादमरवारुणी।।[२]

**खेचरी शब्द का अर्थ**— वस्तुत: खेचरी शब्द आकाश में सञ्चरण का द्योतक है। खेचरी का अर्थ है— 'ख' ( आकाश ) में 'चरण' ( सञ्चरण ) करने वाली या कराने वाली। अभिधेय अर्थ में यह शब्द एक विशिष्ट मुद्रा को संकेतित करता है—

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी।।[३]

कपाले मूर्ध्नि कुहरं सुषिरं तस्मिन् कपालकुहरे विपरीतं प्रतीपं गच्छतीति विपरीतगा पराङ्मुखीभूता जिह्वा रसना स्यात्। भ्रुवोरन्तर्गता भ्रुवोर्मध्ये प्रविष्टा दृष्टिर्दर्शनं स्यात्। सा खेचरी मुद्रा भवति। कपालकुहरे जिह्वाप्रवेशपूर्वकं भ्रुवोरन्तर्दर्शनं खेचरीति लक्षणं सिद्धम्।।'[४]

इसी भाव को इन शब्दों में भी व्यक्त किया गया है—

चित्तं चरति खे यस्माज्जिह्वा चरति खे गता।
तेनैषा खेचरी नाम मुद्रा सिद्धैर्निरूपिता।।

क्योंकि इस मुद्रा के द्वारा चित्त ( अन्त:करण ) दोनों भृकुटियों के मध्यस्थान में स्थित आकाश में विचरण करता है और जिह्वा भी दोनों भृकुटियों के मध्य में ही विचरण करती है; अत: इस 'ख' ( आकाश ) में सञ्चरण कराने वाली ( चित्त एवं जिह्वा दोनों को आकाश मार्ग में स्थिर कराने वाली ) मुद्रा को खेचरी कहते हैं। जिस मुद्रा के करने से जिह्वा भृकुटियों के मध्य भाग में स्थित आकाश में विचरण करे, उसे 'खेचरी' कहते हैं।[५]

इस मुद्राभ्यास के समय योगी की जिह्वा यदि तालु के ऊर्ध्ववर्ती विवर का निरन्तर स्पर्श

---

१. हठयोगप्रदीपिका ( तृ० उप० )
२. हठयोगप्रदीपिका ( तृ० उप० )
३. हठयोगप्रदीपिका ( तृ० उप० )
४. ज्योत्स्ना ( ब्रह्मानन्द गिरि )
५. हठयोगप्रदीपिका।

करती हुई चन्द्रकलामृत का पान करती रहे तो योगी समस्त रोगादिक व्याधियों, वृद्धावस्था एवं शस्त्राघात के प्रभावों से निर्मुक्त रहता है और साथ ही अमृतत्व की प्राप्ति करता है—

व्याधीनां हरणं जरान्तकरणं शस्त्रागमोदीरणं,
तस्य स्यादमरत्वमष्टगुणितं सिद्धाङ्गनाकर्षणम्।

वह अणिमादिक सिद्धियों को भी प्राप्त कर लेता है और सिद्ध रमणियों को भी अपनी ओर आकृष्ट कर लेता है।[१]

जो योगी जिह्वा को कपालकुहर ( तालुरन्ध्र ) में ले जाकर और जिह्वा को ऊर्ध्वमुखी करके परमशक्ति कुण्डलिनी का ध्यान करता हुआ प्राणवायु के साधन एवं हठयोग से प्राप्त कण्ठस्थ षोडशदल पद्म में गिरते हुए अमृत का पान करता है, वह रोगरहित हो जाता है और उसका शरीर कमलनाल के समान मसृण हो जाता है; साथ ही वह अमृतायित शरीर के साथ चिर काल तक जीवित रहता है—

उत्कल्लोलकलाजलं च विमलं धारामयं यः पिबेति।
निर्व्याधिः स मृणालकोमलवपुर्योगी चिरं जीवति।।

मेरु ( सुषुम्ना ) के ऊर्ध्व भाग में स्थित कपालकुहर में चन्द्रकलामृत ( प्रालेय ) जल रहता है। उसमें तम एवं रजोगुण से परे तथा सतोगुण से सम्पन्न विद्वान् आत्मतत्त्व का साक्षात्कार करता है। यही विवर सुषुम्ना, इड़ा, पिंगला आदि प्रमुख प्राणवाहिनी नाड़ियों का उद्गम स्थान है। शरीर का सारतत्त्व चन्द्रामृत है। यह द्रवित होकर अधोगमन करता हुआ सूर्य के मुख में गिरता है। इस अमृत को नीचे गिरने से रोकने की यह क्रिया ही खेचरी क्रिया है। इसके द्वारा कायसिद्धि ( शरीर का अमरत्व ) प्राप्त होती है[२]—

यत्प्रालेयं प्रहितसुषिरं मेरुमूर्धान्तरस्थं
तस्मिंस्तत्त्वं प्रवदति सुधीस्तन्मुखं निम्नगानाम्।
चन्द्रात्सारः स्रवति वपुषस्तेन मृत्युर्नराणां
तद् बध्नीयात्सुकरणमथो नान्यथा कायसिद्धिः।।

नाड़ियों के पाँच स्रोतों से युक्त ( इड़ा आदि नाड़ियों के प्रवाह से युक्त ) विवर ( कपालकुहर ) ज्ञान का भी उद्गम स्थान है। उस शून्य निरञ्जनस्वरूप विवर में खेचरी मुद्रा स्थिर हो जाती है। प्रणवात्मक ( सृष्टिमय ) बीज केवल एक है। मुद्राओं में प्रधानतम मुद्रा केवल एक है और वह खेचरी है। निराधार एवं निरञ्जन परमात्मा भी मात्र एक ही है। सर्वोच्च अवस्था भी केवल एक ही है और वह है— 'मनोन्मनी'—

एकं सृष्टिमयं बीजमेका मुद्रा च खेचरी।
एको देवो निरालम्ब एकावस्था मनोन्मनी।।[३]

**घेरण्ड ऋषि का मत**— जिस योगी को खेचरी मुद्रा सिद्ध हो गई हो; उसे मूर्च्छा,

१-३. हठयोगप्रदीपिका।

क्षुधा, पिपासा, आलस्य, रोग, जरा एवं वृद्धावस्था का भय नहीं रह जाता; क्योंकि ये योगी को प्रभावित नहीं कर पाते। ऐसे योगी को न आग जला सकती है और न वायु शुष्क कर सकता है। न जल उसे आर्द्र कर सकता है और न ही सर्प उसे काट सकता है। इस मुद्रा-सिद्धि से योगी के शरीर में दिव्य कान्ति का प्रादुर्भाव हो जाता है। इसके द्वारा कपाल और रसना के योग से अनेक रसों का प्रादुर्भाव होता है और समाधि जैसी उच्च योगावस्था प्राप्त हो जाती है। इसके द्वारा ही रसना के योग से अनेक रस उत्पन्न हो जाते हैं। इतना ही नहीं; इस मुद्रा के द्वारा जिह्वा से विलक्षण रसों का सञ्चार होता है और विशेषाह्लाद प्राप्त होता है। इसके कारण खारे, तीते, कषाय आदि रसों का उद्रेक होता है। इसके साथ ही इसके द्वारा मक्खन, घृत, दही, दूध, तक्र, मधु, दाख एवं अमृत के स्वाद की भी अनुभूति होती है—

न च मूर्च्छा क्षुधा तृष्णा नैवालस्यं प्रजायते।।

न च रोगो जरामृत्युर्देवदेहं प्रपद्यते।<br>
नाग्निना दह्यते गात्रं न शोषयति मारुतः।।

न देहं क्लेदयन्त्यापो दंशयेन्न भुजङ्गमः।<br>
लावण्यं च भवेद् गात्रे समाधिर्जायते ध्रुवम्।।

कपालवक्त्रसंयोगे रसना रसमाप्नुयात्।<br>
नानारससमुद्भूतमानन्दं च दिने दिने।।

आदौ लवणक्षारं च ततस्तिक्तकषायकम्।<br>
नवनीतं घृतं क्षीरं दधितक्रमधूनि च।<br>
द्राक्षारसं च पीयूषं जायते रसनादिकम्।।[1]

**नित्याषोडशिकार्णव** ( चतुश्शती: वामकेश्वरीमत ) **के अनुसार खेचरी मुद्रा का स्वरूप**— वामकेश्वरतन्त्र या नित्याषोडशिकार्णव में खेचरी मुद्रा का स्वरूप इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है—

सव्यं दक्षिणदेशे तु दक्षिणं सव्यदेशतः।<br>
बाहुं कृत्वा महेशानि हस्तौ सम्परिवर्त्य च।।

कनिष्ठानामिके देवि! युक्त्वा तेन क्रमेण तु।<br>
तर्जनीभ्यां समाक्रान्ते सर्वोर्ध्वमपि मध्यमे।।

अङ्गुष्ठौ तु महेशानि मारयेत् सरलावपि।<br>
इयं सा खेचरी नाम्ना मुद्रा सर्वोत्तमा प्रिये।।

इसका अर्थ निम्नानुसार है— 'प्रथमं सव्यं बाहुं दक्षिणदेशे दक्षिणं बाहुं सव्यदेशे

---

१. घेरण्ड संहिता ( ३/२८-३२ )।

कृत्वा पुनर्हस्तौ परस्परतः सम्परिवर्त्य ततः कनिष्ठाद्वयमनामिकाद्वयं च परिवर्त्तनक्रमेण संयोज्य पुनस्तर्जनीभ्यामुभयभागतः समाक्रान्ते मध्यमाङ्गुली-सर्वोर्ध्वतः समुन्नमय्याङ्गुष्ठौ परस्परश्लिष्टौ कुर्यादितीयं खेचर्याख्या सप्तमी मुद्रा।[1]

ग्रन्थान्तर में इसका स्वरूप इस प्रकार निरूपित किया गया है—

चिबुकं योजयित्वा तु षोडशस्वरमण्डले।
चन्द्रसूर्याग्निरोधेन मूलशक्तिनिकुञ्चनात्।।

रसनामन्तरा कृत्वा अनच्के धारयेन्मनः।
एषा सा खेचरी मुद्रा उन्मानत्वं प्रयच्छति।।[2]

'ज्ञानसार' नामक ग्रन्थ में इसका स्वरूप इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है—

बिन्दुकण्ठसमायोगात् प्रविकास्य शिरोऽम्बुजम्।
चन्द्रसूर्याग्निरोधेन मूलशक्तिं निकुञ्च्य च।।

रौद्रीं कुञ्चिकयोद्घाट्य द्विरष्टकमलोदरे।
रसनामन्तरा कृत्वा नासाग्रे रोपयेद् दृशौ।।

यवमात्रं त्रिकोणं तु मीलनोन्मीलतात्मकम्।
लिहन् स्वरसनाग्रेण पिबन्नमरवारुणीम्।।

सदा समरसीभूतं मनः शून्ये निवेशयेत्।
एषा सा खेचरी मुद्रा उन्मनात्वप्रदायिनी।।[3]

खेचरी मुद्रा 'ज्ञानसार' की दृष्टि से कुछ भिन्न स्वरूप वाली है। इसमें दृष्टि को भ्रूद्वय के मध्य न रखकर नासिकाग्र पर रखने का विधान किया गया है।

तन्त्रसद्भाव में कहा गया है—

बद्ध्वा पद्मासनं योगी नाभावक्षेश्वरं न्यसेत्।
दण्डाकारं तु तत्तावन्नयेद् यावत् कखत्रयम्।।

निगृह्य तत्र तत्तूर्णं प्रेरयेत् खत्रयेण तु।
एतां बद्ध्वा महायोगी खे गतिं प्रतिपद्यते।।

'योगिनीहृदय' के चक्रसंकेत में खेचरी मुद्रा का स्वरूप इस प्रकार बताया गया है—

धर्माधर्मस्य संघट्टादुत्थिता वित्तिरूपिणी।
विकल्पोत्थक्रियालोपरूपदोषविघातिनी।।

विकल्परूपरोगाणां हारिणी खेचरी तथा।
सर्वरोगहराख्ये तु चक्र संविन्मयी स्थिता।।

---

१. शिवानन्द : ऋजुविमर्शिनी।
२. अर्थरत्नावली।
३. विद्यानन्द : अर्थरत्नावली में उद्धृत।

धर्म ( शक्ति ) एवं अधर्म ( शिव ) के संघट्ट ( सामरस्य ) से उद्भूत संवित्तिरूपिणी विकल्पात्मक क्रियारूप दोषों का विघात करने वाली, विकल्परूप रोगों का हरण करने वाली, निर्विकल्प बोधभूमिसञ्चारिणी चिच्छक्ति सर्वरोगहर नामक चक्र में स्थित है।

खेचरी समस्त कष्टों को नष्ट करने वाली, नित्योदया, शिवत्व प्राप्त कराने वाली एवं निरस्त सकलक्रियाक्रम में निवास करने वाली चिति शक्ति है—

खे निरस्तसकलक्रियाक्रमे या चितिश्चरति शाश्वतोदया।
सा शिवत्वसमवाप्तिकारिणी खेचरी सकलखेदहारिणी।।

अपूर्णम्मन्यतालक्षणात्मक संवित्ति का विनाश करने वाली एवं सर्वरोगहर चक्र में निवास करने वाली मुद्रा ही खेचरी मुद्रा है। अमृतानन्द योगी योगिनीदीपिका में कहते हैं—
अपूर्णम्मन्यतालक्षणानां हारिणी सर्वरोगहराख्ये चक्रे खेचरी मुद्रा स्थिता।।

## ५. उड्डीयान बन्ध और उसका स्वरूप

योगिराज गोरक्षनाथ ने 'योगबीज' में प्रथम स्थान में मूलबन्ध एवं द्वितीय स्थान में उड्डीयान बन्ध को रक्खा है— 'प्रथमो मूलबन्धस्तु द्वितीय उड्डियानकः।' नियम यह है कि कुम्भक के आदि में तथा रेचक के अन्त में उड्डीयान बन्ध करना चाहिए। इससे सुषुम्णा में बद्ध प्राण ऊपर की ओर उड़ने लगता है। इसके करने से वृद्ध व्यक्ति भी तरुण हो जाता है—

कुम्भकादौ रेचकान्ते कर्तव्यस्तूड्डियानकः।
बद्धो येन सुषुम्णायां प्राणस्तूड्डीयके ततः।।

नाभि के ऊपर के भाग और पश्चिम द्वार को उदर के सम भाव में संकुचित करना चाहिए। उदर के मध्य भाग में स्थित गुह्यादि चक्र की सभी नाड़ियों को नाभि के ऊपर उठाने का नाम ही उड्डीयान बन्ध है। यह बन्ध मृत्युरूपी हाथी के लिए सिंह के समान है—

उदरे पश्चिमे तानं नाभेरुर्ध्वन्नु कारयेत्।
उड्डीयानं कुरुते यत्तदविश्रान्तमहाखगः।।
उड्डीयानं त्वसौ बन्धो मृत्युमातङ्गकेशरी।।[१]

जितने भी बन्ध हैं, उनमें उड्डीयान प्रमुख है। इसके अभ्यास से अनायास ही मुक्ति प्राप्त हो जाती है—

समग्राद् बन्धनाद्ध्येतदुड्डीयानं विशिष्यते।
उड्डीयाने समभ्यस्ते मुक्तिः स्वाभाविकी भवेत्।।

'दत्तात्रेय संहिता' में कहा गया है कि उड्डीयान बन्ध के अभ्यास से वृद्ध भी युवा हो जाता है। इसके छः मासों के अभ्यास से मृत्यु पर भी विजय प्राप्त हो जाती है—

---

१. घेरण्डसंहिता।

अभ्यसेद्यस्तु सत्त्वस्थो वृद्धोऽपि तरुणायते।
षण्मासमभ्यसेन्मृत्युं जयत्येव न संशयः।।[१]

जो साधक दिन में चार बार उड्डीयान बन्ध का अभ्यास करता है, उसकी नाभि शुद्ध हो जाती है। उसकी वायु भी शुद्ध हो जाती है। छः मास तक इसका अभ्यास करने से मृत्यु पर भी विजय प्राप्त हो जाती है। इसके अभ्यास से जठराग्नि तीव्र हो उठती है और शरीर पुष्ट हो जाता है तथा रस का सञ्चार होता है। इसका अभ्यास सदैव एकान्त में करना चाहिए—

नित्यं यः कुरुते योगी चतुर्वारं दिने दिने।
तस्य नाभेस्तु शुद्धिः स्याद्येन शुद्धो भवेन्मरुत्।।
षण्मासमभ्यसेद् योगी मृत्युं जयति निश्चितम्।
तस्योदराग्निर्ज्वलति रसवृद्धिश्च जायते।।
रोगाणां संक्षयश्चापि योगिनां भवति ध्रुवम्।
गुरोर्लब्ध्वा तु यत्नेन साधयेच्च विचक्षणः।
निर्जने सुस्थिते देशे बन्धं परमदुर्लभम्।।[२]

'गोरक्षशतक' में गोरखनाथ कहते हैं कि जिस प्रकार विना विश्राम किए पक्षी भी उड़ता रहता है, उसी प्रकार उड्डीयान बन्ध मृत्युरूपी गजराज के लिए सिंह के समान है। इस बन्ध का अभ्यास उदर के पश्चिम भाग एवं नाभि के नीचे के भाग में किया जाता है। इसीलिए इसे उड्डीयान बन्ध कहा जाता है—

उड्डीनं कुरुते यस्मादविश्रान्तं महाखगः।
उड्डीयानं तदेव स्यान्मृत्युमातङ्गकेशरी।।
उदरात्पश्चिमे भागे ह्यधो नाभेर्निगद्यते।
उड्डीयानस्य बन्धोऽयं तत्र बन्धो विधीयते।।

साधक नाभि के ऊपर और नीचे आकर्षण का प्रयोग करता है अर्थात् पेट को खींच-कर पीठ में लगाने का प्रयास करता है। यही उड्डीयान बन्ध है।[३]

नाभिप्रदेश के ऊर्ध्वभाग एवं अधोभाग को मेरुदण्ड की ओर खींचकर ( पीठ की ओर आकृष्ट करके ) जो बन्ध लगाया जाता है, 'शिवसंहिता' में इसके तीन लक्षण दिए गए हैं—

१. पेट को पीछे की ओर इतना खींचना कि यह मेरुदण्ड से चिपक जाय। यही है— इसका आकर्षण या तानपक्ष।

२. यह समस्त दुःखों एवं पापों को नष्ट कर देता है।

---

१. घेरण्डसंहिता।
२. घेरण्डसंहिता।
३. शिवसंहिता/विवेकमार्तण्ड/गोरक्षशतक।

३. यह मृत्युरूपी हाथी के लिए सिंहस्वरूप काल है—

नाभेरुर्ध्वमधश्चापि तानं पश्चिममाचरेत्।
उड्डयानबन्ध एषः स्यात् सर्वदुःखौघनाशनः।।

उदरे पश्चिमं तानं नाभेरुर्ध्वं तु कारयेत्।
उड्डयानाख्योऽत्र बन्धोऽयं मृत्युमातङ्गकेशरी।।

जिस बन्ध से बद्ध प्राण उड़कर ( सहज ऊर्ध्वमुख होकर ) सुषुम्ना नाड़ी में पहुँच जाता है, उसे योगियों द्वारा उड्डीयान बन्ध कहा गया है। जिस प्रकार पक्षी आकाश में निरन्तर उड़ने लगता है, उसी प्रकार सुषुम्ना नाड़ी से देहावकाश ( ब्रह्मरन्ध्र ) में उड़ता है। ऊपर चढ़ता जाता है, इसी कारण यह उड्डीयानबन्ध कहा जाता है—

बद्धो येन सुषुम्नायां प्राणस्तूड्डीयते यतः।
तस्मादुड्डीयनाख्याऽयं योगिभिः समुदाहृतः।।

उड्डीनं कुरुते यस्मादविश्रान्तं महाखगः।
उड्डीयानं तदेव स्यात् तत्र बन्धोऽभिधीयते।।

नाभि के ऊपर और नीचे उदर में पीछे की ओर इस तरह आकर्षण करना चाहिए कि दोनों भाग पीछे पीठ तक पहुँच जाय तो यह उड्डीयान बन्ध मृत्युरूपी हाथी के लिए साक्षात् सिंह के समान है। गुरु द्वारा यह उड्डीयान बन्ध सदा स्वाभाविक कहा गया है। इस बन्ध का अभ्यास नित्य करने वाला यदि वृद्ध भी हो तो वह तरुण हो जाता है। नाभि के ऊपर और निचले भाग में अच्छी तरह से तान ( आकर्षण या खिंचाव ) करना चाहिए। साधक छः मास तक इस प्रकार अभ्यास करने से मृत्यु को भी वश में कर लेता है, दीर्घ जीवनयापन करता है तथा स्वस्थ रहता है। समस्त षोडशाधारों के बन्धों में उड्डीयान बन्ध ही प्रमुख है। इसकी सिद्धि होने पर साधक को अनायास ही मुक्ति प्राप्त हो जाती है। उड्डीयान बन्ध का अभ्यास करते समय प्राण विहंग की गति से सुषुम्ना में उड़ता है और इस तरह की समाधि की अवस्था में साधक मुक्ति को अधिगत करता है।

**विशेष**— दोनों जानुओं को मोड़कर पैरों के तलवों को परस्पर मिलाकर पेट के नाभि से नीचे और ऊपर आठ अंगुल हिस्से को प्रयत्नपूर्वक खींचकर रीढ़ की अस्थि ( मेरुदण्ड ) से लगाने पर पेट के स्थान में गड्ढा-सा दिखाई पड़ने लगता है। इससे प्राण सुषुम्णा की ओर उड़ने लगता है। यह बन्ध पैरों के तलवों को विना मिलाए भी किया जा सकता है। इससे प्राण और वीर्य ऊर्ध्वगामी होते हैं, मन्दाग्नि का नाश होता है, भूख लगती है और जठराग्नि बढ़ती है।[१]

---

१. हठयोगप्रदीपिका—

उदरे पश्चिमं तानं नाभेरूर्ध्वं च कारयेत्।
उड्डीयानो ह्यसौ बन्धो मृत्युमातङ्गकेसरी।।

इस प्रकार साधक को चाहिए कि वह मूलाधार को अच्छी तरह से सिकोड़कर उड्डीयान बन्ध ( नाभिस्थान को पीठ की ओर मेरुदण्ड तक आकृष्ट करना ) करे और इड़ा-पिंगला दोनों नाड़ियों को स्तम्भित कर ( जालन्धर बन्ध लगाकर ) प्राण को सुषुम्ना में पश्चिम मार्ग में प्रविष्ट करे। ऐसा करने से प्राण स्थिर हो जाता है और ब्रह्मरन्ध्र में लीन हो जाता है। प्राण का लय हो जाने पर— स्थैर्य होने पर मृत्यु का भय नहीं रह जाता, वृद्धावस्था नष्ट हो जाती है, रोगादिक का आक्रमण नहीं होता— बाल नहीं झड़ते, बाल नहीं पकते और मृत्युपाश से मुक्ति मिल जाती है। महासिद्ध योगी इन तीन ( मूलबन्ध, उड्डीयान एवं जालन्धर ) बन्धों का अभ्यास किया करते हैं। समस्त हठसाधनों में योगी इन बन्धों को सिद्धियाँ प्रदान करने वाला बन्ध मानते हैं। 'हठयोग प्रदीपिका' में स्वात्माराम मुनीन्द्र कहते हैं—

मूलस्थानं समाकुञ्च्य उड्डियानं तु कारयेत्।
इडां च पिङ्गलां बद्ध्वा वाहयेत् पश्चिमे पथि।।

अनेनैव विधानेन प्रयाति पवनो लयम्।
ततो न जायते मृत्युर्जरारोगादिकं तथा।।

बन्धत्रयमिदं श्रेष्ठं महासिद्धैश्च सेवितम्।
सर्वेषां हठतन्त्राणां साधनं योगिनो विदुः।।

स्वरोदयशास्त्र में मुद्रा एवं आसन रोगों की स्वीकृति है।

## स्वरोदय शास्त्र में आसन-विधान

**पद्मासन**— स्वरोदय शास्त्र में मात्र पद्मासन को ही स्वीकार किया गया है; क्योंकि समस्त आसनों में पद्मासन सर्वाधिक प्रिय एवं सर्वाधिक प्रयुक्त आसन रहा है। क्या वैष्णव, क्या शैव, क्या शाक्त, क्या स्मार्त्त, क्या योगी, क्या भक्त, क्या ज्ञानी, क्या कर्मकाण्डी, क्या हिन्दू, क्या बौद्ध, क्या सिक्ख और क्या जैनी— सभी ने इसे स्वीकार किया है। भगवान् बुद्ध, महावीर, २४ तीर्थंकर, कापालिक, कौल, सिद्ध आदि सभी ने इसे ही अपनी साधना में स्थान दिया है।

योगिराज गोरक्षनाथ ने गोरक्षशतक में कहा है कि आसनों में मात्र दो ही आसन

---

उड्डीयानं तु सहजं गुरुणा कथितं सदा।
अभ्यसेत् सततं यस्तु वृद्धोऽपि तरुणायते।।
नाभेरुर्ध्वमधश्चापि तानं कुर्यात्प्रयत्नतः।
षण्मासमभ्यसेन्मृत्युं जयत्येव न संशयः।।
सर्वेषामेव बन्धानामुत्तमो ह्युड्डियानकः।
उड्डियाने दृढ़े बन्धे मुक्तिः स्वाभाविकी भवेत्।।

श्रेष्ठतम हैं और वे हैं— सिद्धासन एवं कमलासन।

आसनेभ्यो समस्तेभ्यो द्वयमेतदुदाहृतम्।
एकं सिद्धासनं तत्र द्वितीयं कमलासनम्।।

पद्मासन की परिभाषा—

वामोरूपरि दक्षिणञ्च चरणं संस्थाप्य वामं तथा
दक्षोरूपरि पश्चिमेन विधिना धृत्वा कराभ्यां दृढ़म्।
अंगुष्ठौ हृदये निधाय चिबुकं नासाग्रमालोकये-
देतद् व्याधिविकारनाशनकरं पद्मासनं प्रोच्यते।। ( गोरक्षशतक )

अर्थात् वामवर्ती जानुमूल में दाहिना पैर स्थापित करके तथा दायें जानुमूल में वाम चरण स्थापित करके तथा दोनों हाथों को पीछे से ले जाकर दायें हाथ से बायें पैर के अंगूठे एवं बायें हाथ से दायें पैर के अंगूठे को दृढ़तापूर्वक पकड़ कर चिबुक को हृदय से लगाकर नासिकाग्र को दोनों नेत्रों से देखने का विधान करने वाले तथा समस्त व्याधियों एवं शारीरिक तथा मानसिक विकारों को नष्ट करने वाले आसन को 'पद्मासन' कहते हैं।

आसनों का महत्त्व प्रत्येक साधना समाज में स्वीकृत रहा है—

ॐ आसण करि पदम आसण बंधि। पिछलै आसण पवनां संधि।।[१]

## ६. मूलबन्ध और उसका स्वरूप

साधक को चाहिए कि वह योनिस्थान ( गुदा-मेढ्र के मध्य भाग ) को किसी भी पैर की एड़ी से दबाकर गुदा को सिकोड़े ( संकुचन करे ) और फैलाये तथा अपान वायु को ऊपर की ओर आकृष्ट करे। यही 'मूलबन्ध' कहलाता है। वह साधन-प्रक्रिया, जिसके द्वारा साधक निम्नाभिमुखी एवं निम्नगामिनी अपान वायु को ऊपर की आकृष्ट करता है, मूलबन्ध कहलाती है। ऊपर की ओर आकृष्ट करने का लक्ष्य यह है कि वायु को सुषुम्णा में प्रवाहित करता है। इसे ही मूलबन्ध कहा जाता है।[२]

मूलबन्ध कुण्डलिनी-जागरण में सहायक होता है। मूलबन्ध का अभ्यास करते समय मेरुदण्ड में नाभिग्रन्थि दबाना चाहिए—

---

१. गोरखनाथ गो० बा० ( १७३ )
आसण इन्द्री जेणौ आप बसि राख्या तेसौ पाया सर्व निरंतर मेरे ज्ञानी।
( गो० बा०-८९ )
मूल चपि डिट आसणि बैठा तब मिटि गया आवागवनं।

२. पार्ष्णिभागेन सम्पीड्य योनिमाकुञ्चयेद् गुदम्। अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धोऽभिधीयते।।
अधोगतिमपानं वा ऊर्ध्वगं कुरुते बलात्। आकुञ्चनेन तं प्राहुर्मूलबन्ध हि योगिनः।।
( हठयोगप्रदीपिका-६१-६२ )

नाभिग्रन्थि मेरुदण्डे सम्पीड्य यत्नतः सुधीः।

( घेरण्ड संहिता-३.१४ )

मूलबन्ध उड्डीयान बन्ध से संयुक्त हो जाता है और अपान वायु सुषुम्णा में सुगमता से चढ़ने लगती है।

साधक को चाहिए कि एड़ी के अधोभाग से बलपूर्वक अच्छी तरह से दबाकर बार-बार वायु को गुदा का आकुञ्चन करते हुए इस प्रकार ऊपर की ओर खींचे कि वह सुषुम्ना नाड़ी में प्रविष्ट हो जाय।

निम्नगामी प्राण एवं अपान वायु, नाद एवं बिन्दु मूलबन्ध के द्वारा एकता प्राप्त करके योगसिद्धि प्रदान करते हैं। अपान वायु एवं प्राण वायु की एकता से मल-मूत्र का क्षय होने से वृद्ध व्यक्ति भी युवक हो जाता है। अपान वायु के ऊर्ध्वगामी होकर वह्निमण्डल ( नाभि के नीचे त्रिकोण ) में प्रविष्ट करने पर वायु से प्रताड़ित होने पर अग्निशिखा बढ़ जाती है।[1]

मूलबन्ध लगाने पर अपान एवं प्राण के साथ एक होकर सुषुम्ना में प्रवेश करता है। इससे नादाभिव्यक्ति होती है। फिर नाद के साथ ही प्राणापान हृदय प्रदेश से ऊर्ध्व प्रदेश में जाकर बिन्दु के साथ एकता स्थापित करके ऊपर उठने लगते हैं। इससे योग-सिद्धि होती है। 'ज्योत्स्ना' नामक टीका में ब्रह्मानन्द गिरि कहते हैं— मूलबन्धे कृतेऽपानः प्राणेन सहैकीभूय सुषुम्नायां प्रविशन्ति। ततो नादाभिव्यक्तिर्भवति। ततो नादेन सह प्राणापानौ हृदयोपरि गत्वा नादस्य बिन्दुना सहैक्यमाधाय मूर्ध्नि गच्छतः। ततो योगसिद्धिः।'

हमारे नाभि के नीचे के भाग में त्रिकोण वह्निमण्डल है। महर्षि याज्ञवल्क्य का कथन है—

देहमध्ये शिखिस्थानं तप्तजाम्बूनदप्रभम्।
त्रिकोणं तु मनुष्याणां चतुरस्रं चतुष्पदाम्।।

मण्डलं तु पतङ्गानां सत्यमेतद् ब्रवीमि ते।
तन्मध्ये तु शिखा तन्वी सदा तिष्ठति पावके।।

---

१. गुदं पाष्ण्या तु सम्पीड्य वायुमाकुञ्चयेद् बलात्।
वारं वारं यथा चोर्ध्वं समायाति समीरणः।।
प्राणापानौ नादबिन्दू मूलबन्धेन चैकताम्।
गत्वा योगस्य संसिद्धिं यच्छतो नात्र संशयः।।
अपानप्राणयोरैक्यं क्षयो मूत्रपुरीषयोः।
युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूलबन्धनात्।।
अपाने ऊर्ध्वगे जाते प्रयाते वह्निमण्डलम्।
तदानलशिखा दीर्घा जायते वायुनाहता।।

( हठयोगप्रदीपिका-६३-६६ )

इस समय अपान वायु के सहित जठराग्नि की शिखा बढ़ जाती है।

इस स्थिति में अग्नि और अपान दोनों अग्नि की दीपशिखा से ऊष्ण होकर ऊर्ध्व प्रदेश की ओर गतिशील प्राणवायु में जा पहुँचते हैं। इससे देह में स्थित अग्नि अत्यन्त प्रदीप्त हो जाती है। तब उससे ताड़ित होकर कुण्डलिनी जाग्रत हो जाती है और दण्ड से आहत भुजंगिनी के सदृश श्वास लेती हुई सीधी हो जाती है। इसके बाद वह कुण्डलिनी शक्ति ब्रह्मनाड़ी ( सुषुम्ना ) के भीतर प्रविष्ट हो जाती है; ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार सर्पिणी बिल में प्रविष्ट हो जाती है। इसलिए योगियों के द्वारा नित्य मूलबन्ध का अभ्यास करना चाहिए।[1]

गुदा एवं लिंगस्थान के रन्ध्र को बन्द करने की संख्या मूलबन्ध है। वाम पैर की एड़ी को गुदा और लिंग के मध्य भाग में दृढ़ लगाकर गुदा को सिकोड़कर योनिस्थान को संकुचित करने के द्वारा अधोगत अपान वायु को ऊर्ध्वाकर्षित करना मूलबन्ध है। यह कब्ज को दूर करता है तथा वीर्य को पुष्ट एवं ऊर्ध्वगामी करता है। इस मुद्रा से साधक संसार-सागर से भी उत्तीर्ण हो जाता है और उसकी वायु सिद्ध हो जाती है—

संसारसमुद्रं तर्तुमभिलषति यः पुमान्।
विजनेषु गुप्तो भूत्वा मुद्रामेनां समभ्यसेत्।।

घेरण्ड ऋषि के मत से यह साधना विजन स्थान में करनी चाहिए। साधक को मौनाव-लम्बी होना चाहिए और आलस्य एवं प्रमाद से अपने को दूर करके साधना करनी चाहिए—

अभ्यासाद् बन्धनस्यास्य मरुत् सिद्धिर्भवेद् ध्रुवम्।
साधयेद् यत्नतो तर्हि मौनी तु विजितालसः।।

( घे० सं०-३.१६-१७ )

'शिवसंहिता' में कहा गया है कि साधक पैर की एड़ी से गुदामार्ग को अच्छी प्रकार से दबाकर अपान वायु को खींचकर धीरे-धीरे ऊपर की ओर ले जाय, यही बुढ़ापे एवं मृत्यु के भय को नष्ट करने वाला मूलबन्ध है। इस प्रकार प्राण एवं अपान

---

१. ततो यातो वह्न्यपानौ प्राणमुष्णस्वरूपकम्।
तेनात्यन्तप्रदीप्तस्तु ज्वलनो देहजस्तथा।।
तेन कुण्डलिनी सुप्ता सन्तप्ता सम्प्रबुध्यते।
दण्डाहता भुजङ्गीव निःश्वस्य ऋजुतां व्रजेत्।।
बिलं प्रविष्टेव ततो ब्रह्मनाड्यन्तरं व्रजेत्।
तस्मान्नित्यं मूलबन्धः कर्तव्यो योगिभिः सदा।।

( हठयोगप्रदीपिका-६७-६९ )

की एकता होने पर बन्ध के द्वारा योनिमुद्रा स्वतः सिद्ध हो जाती है।[१] योनिमुद्रा के सिद्ध हो जाने पर इस पृथ्वी पर साधक को समस्त योगसिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं। इस मूलबन्ध के सिद्ध हो जाने पर श्रेष्ठ योगी पद्मासन में स्थित होकर वायु पर विजय प्राप्त करके पृथ्वी से क्रमशः ऊपर उठते हुए आकाश में स्थित होकर विचरण करता है। यदि योगी संसार-सागर को पार करना चाहता है तो उसे किसी निर्जन एकान्त स्थान में मूलबन्ध का अभ्यास करना चाहिए।

गोरक्षनाथ 'विवेकमार्तण्ड' में कहते हैं कि जो योगी महामुद्रा, नभोमुद्रा 'उड्डीयान बन्ध' जालन्धर बन्ध एवं मूलबन्ध का अभ्यास करना जानता है, वही मुक्ति प्राप्त करता है—

महामुद्रा नभोमुद्रामुड्डियानं जलन्धरम्।
मूलबन्धं च यो वेत्ति स योगी सिद्धिभाजनम्।।

अपानवायु एवं प्राणवायु का ऐक्य होने पर इससे मल-मूत्र का क्षय होने पर वृद्ध व्यक्ति भी तरुण हो जाता है। यह मूलबन्ध के अभ्यास से ही सिद्ध होता है। अपान वायु को ऊपर की ओर खींचकर ( प्राणवायु से मिलाते हुए ) पैर की एड़ी से योनिस्थान को दृढ़ता से दबाकर गुदा को सिकोड़ना चाहिए। यही मूलबन्ध का अभ्यास कहा जाता है—

अपानप्राणयोरैक्ये क्षयान्मूत्रपुरीषयोः।
युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूलबन्धनात्।।

पार्ष्णिभागेन सम्पीड्य योनिमाकुञ्चयेद्गुदम्।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धो निगद्यते।।[२]

योगबीज में मूलबन्ध को प्रथम स्थान दिया गया है—

प्रथमो मूलबन्धस्तु द्वितीय उड्डियानकः।
जालन्धरस्तृतीयस्तु लक्षणं कथयाम्यहम्।।

'योगबीज' में कहा गया है कि बन्ध प्रधान हैं, जिनके नित्याभ्यास से वायु वश में हो जाता है और वे हैं— मूलबन्ध, उड्डीयान बन्ध एवं जालन्धर बन्ध। गोरखनाथ कहते हैं—

मूल चक्र वहाँ प्रगटै ज्यंदू। पलटै काया थिर होइ कंधु।
मूल बंध वज्र कछोटा पकड़िबा थीरं सत उडियांणी बंधिबा बीरं।।

---

१. पादमूलेन संपीड्य गुदमार्गं सुयन्त्रितम्।।
बलादपानमाकृष्य क्रमादूर्ध्वं सुचारयेत्। कल्पितोऽयं मूलबन्धो जरामरणनाशनः।।
अपानप्राणयोरैक्यं प्रकरोत्यधिकल्पितम्।बन्धेनानेन सुतरां योनिमुद्रा प्रसिद्ध्यति।।
सिद्धायां योनिमुद्रायां किं न सिध्यति भूतले। बन्धस्यास्य प्रसादेन गगने विजितानिलः।।
पद्मासने स्थितो योगी भुवमुत्सृज्य वर्धते।।
सुगुप्ते निर्जने देशे बन्धमेनं समभ्यसेत्। संसारसागरं तर्तुं यदीच्छेद् योगिपुङ्गवः।।
( शिवसंहिता-६४-६८ )

२. गोरक्षशतक ( ८१-८२ ) विवेकमार्तण्ड।

## ७. माण्डूकी मुद्रा

मुख को बन्द करके जिह्वा की जड़ को तालु के ऊपर की ओर चलाना चाहिए और सहस्रदल पद्म से निर्गत अमृत का पान करना चाहिए। इसे ही माण्डूकी मुद्रा कहते हैं—

मुखं सम्मुद्रितं कृत्वा जिह्वामूलं प्रचालयेत्।
शनैर्ग्रसेदमृतं तां माण्डूकीमुद्रिकां विदुः।।[१]

**फल**— वलित ( त्वचा का सिकुड़ना ), पलित ( बालों का श्वेत होना ) रुक जाता है और यौवन चिरस्थायी हो जाता है।

## ८. ताड़ागी मुद्रा

उत्तान होकर लेटते हुए पेट को तालाब की भाँति गहरा करते हुए प्राणायाम करने को ताड़ागी मुद्रा कहते हैं—

उदरं पश्चिमोत्तानं कृत्वा च तडागाकृतिः।
ताडागी सा परा मुद्रा जरामृत्युविनाशिनी।।[२]

## ९. अश्विनी मुद्रा

इसमें मलद्वार को बार-बार संकुचित एवं विस्तृत करने ( सिकोड़ने एवं फैलाने ) का अभ्यास करना होता है; क्योंकि यह शक्तिप्रबोधकारिणी है—

आकुञ्चयेद्गुदद्वारं प्रकाशयेत् पुनः पुनः।
सा भवेदश्विनी मुद्रा शक्तिप्रबोधकारिणी।।[३]

## १०. पाशिनी मुद्रा

दोनों पावों को कण्ठ की पीठ पर रखकर पाशवत् परिबद्ध होने का अभ्यास ही पाशिनी मुद्रा है—

कण्ठे पृष्ठे क्षिपेत्पादौ पाशवं दृढ़बन्धने।
सा एव पाशिनी मुद्रा शक्तिप्रबोधकारिणी।।[४]

यह मुद्रा शरीरांगों में शक्ति का सञ्चार करती है।

## ११. जालन्धर बन्ध और उसका स्वरूप

'शिवसंहिता' के अनुसार जालन्धर बन्ध नामक बन्ध ही पाँचवीं महामुद्रा है—

महामुद्रा महाबन्धो महावेधश्च खेचरी।
जालन्धरो.............................................।।

जालन्धरबन्ध की परिभाषा—

---

१-४. घेरण्डसंहिता।

बद्धार्गलशिराजालं हृदये चिबुकं न्यसेत्।
बन्धो जालन्धरः प्रोक्तो देवानामपि दुर्लभः।।

इस बन्ध का अभ्यास देवताओं के लिए भी दुर्लभ है— 'देवानामपि दुर्लभः।' सहस्रार से स्रवित पीयूष को नाभि में स्थित अग्नि पी जाती है। नाभि में पतित होकर नाभि-स्थित अग्नि के द्वारा इसे पीने से बचाने के लिए यह जालन्धर बन्ध किया जाता है।[१]

जालन्धर बन्ध के अभ्यास से बुद्धिमान साधक स्वयं अमृत पी लेता है और जीवन्मुक्ति-स्वरूप अमरत्व प्राप्त करके तीनों लोकों में सुखपूर्वक विचरण करता है। यह जालन्धर बन्ध सिद्धों को योग-सिद्धि प्रदान करता है। जो सिद्धि प्राप्त करने का इच्छुक है, वह योगी नित्य ही इस बन्ध का अभ्यास करता है।[२]

चूँकि यह बन्ध शिरा-नाड़ियों के समूह को बाँधता है और कपाल के छिद्ररूप नभ के जल का प्रतिबन्धक है; अतः इसे जालन्धर बन्ध कहा जाता है। यह कण्ठ के कष्टों का भी नाशक है। इसी कारण इसे जालन्धर बन्ध कहते हैं—

बध्नाति हि शिराजालमधोगामि नभोजलम्।
ततो जालन्धरो बन्धः कण्ठदुःखौघनाशनः।।[३]

इसके द्वारा अमृत जठराग्नि में नहीं पड़ने पाता और वायु का भी कोप नहीं होता; साथ ही अन्य नाड़ियों में वायु का गमन भी नहीं होता—

जालन्धरे कृते बन्धे कण्ठसङ्कोचलक्षणे।
न पीयूषं पतत्यग्नौ न च वायुः प्रकुप्यति।।[४] (गोरक्षशतक)

शिराणां नाडीनां जालं समुदायं बध्नाति। अधोगन्तुं शीलमस्येत्यधोगामि नभसः कपाल-कुहरस्य जलममृतं च बध्नाति प्रतिबध्नाति। ततस्तस्माज्जालन्धरो जालन्धरनामकोऽवर्थो बन्धः जालं शिराजालं जालानां समूहो जालं धरतीति जालन्धरः।[५]

कण्ठ को संकुचित करके, हृदय पर ठोढ़ी रखकर जालन्धर बन्ध होता है। इससे सोलह प्रकार का आधार बन्ध होता है और यह मृत्यु को पराजित करता है—

कण्ठसङ्कोचनं कृत्वा चिबुकं हृदये न्यसेत्।
जालन्धरे कृते बन्धे षोडशाधारबन्धनम्।
जालन्धरं महामुद्रा मृत्योश्च क्षयकारिणी।।[६]

ग्रहयामल में कहा गया है—

कण्ठमाकुञ्च्य हृदये स्थापयेत् चिबुकं दृढम्।
बन्धो जालन्धराख्योऽयममृताव्ययकारकः।।[७]

---

१. भास्करराय, सेतुबन्ध।
२. शिवसंहिता।
३-४. हठयोगप्रदीपिका।
५. ज्योत्स्ना (ब्रह्मानन्द गिरि)।
६. घेरण्डसंहिता।
७. घेरण्डसंहिता में टीकाकार द्वारा उद्धृत।

अन्य ग्रन्थों में इसका स्वरूप इस प्रकार निरूपित किया गया है—

बन्धेनानेन पीयूषं स्वयं पिबति बुद्धिमान्।
अमरत्वं च सम्प्राप्य मोदते भुवनत्रये।।

जालन्धर: बन्ध एष सिद्धानां सिद्धिदायक:।
अभ्यास: क्रियते नित्यं योगिना सिद्धिमिच्छता।।

**जालन्धर बन्ध की सिद्धि**— घेरण्ड ऋषि कहते हैं कि इस मुद्रा का अभ्यास छ: मास करने पर ही सिद्धि मिलती है तथा यह सिद्धिप्रदायिका मुद्रा है—

सिद्धं जालन्धरं बन्धं योगिनां सिद्धिदायकम्।
षण्मासमभ्यसेद् यो हि स सिद्धो नात्र संशय:।।

गोरखनाथ ने 'गोरक्षशतक' में कहा है कि मुक्ति प्रदान करने वाले जो पाँच बन्ध हैं, उनमें महामुद्रा, नभोमुद्रा, उड्डीयान बन्ध के अतिरिक्त जालन्धर बन्ध भी है—

महामुद्रां नभोमुद्रां उड्डियानं जलन्धरम्।
मूलबन्धश्च यो वेत्ति स योगी मुक्तिभाजनम्।।

इसका विधान यह है कि कण्ठ को हृदय की ओर संकुचित करके ( झुकाकर ) हृदय पर चिबुक को दृढ़तापूर्वक स्थापित करना चाहिए। यह मुद्रा साधक को जरा एवं मृत्यु दोनों से मुक्ति दिला देती है; क्योंकि यह दोनों की विनाशिका है—

कण्ठमाकुञ्च्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढ़म्।
बन्धो जालन्धराख्योऽयं जरामृत्युविनाशक:।।[१]

कण्ठ को हृदय की ओर झुकाकर रखने ( कण्ठसंकोचन करने ) से इड़ा एवं पिंगला नाड़ियों का स्तम्भन हो जाता है, प्राण सुषुम्ना से प्रवाहित होते हुए ऊर्ध्वमुख हो जाता है। इसे सोलहों आधारों का बन्धन करने वाला मध्यचक्र— कण्ठचक्र या विशुद्धचक्र समझना चाहिए। यह सोलह दल वाले विशुद्ध चक्र का अवरोधक या प्रतिबन्धक है। इससे अमृत का नीचे गिरना रुक जाता है—

कण्ठसङ्कोचनेनैव द्वे नाड्यौ स्तम्भयेद् दृढ़म्।
मध्यचक्रमिदं ज्ञेयं षोडशाधारबन्धनम्।।[२]

## १२. योनिमुद्रा

सिद्धासन से बैठकर दोनों अंगूठों से दोनों कान, दोनों तर्जनियों से दोनों आँखें, दोनों मध्यमाओं से दोनों नाक के छिद्र और दोनों अनामिकाओं से मुंह बन्द कर लेना चाहिए। काकी मुद्रा के द्वारा प्राणवायु को खींचकर अपान वायु के साथ मिला देना चाहिए। देहस्थित छ: चक्रों का ध्यान करके 'हुं' और 'हंस:' इन दोनों मन्त्रों के द्वारा सोई हुई कुण्डलिनी देवी को जागृत करना चाहिए और जीवात्मा के साथ मुक्त कुण्डलिनी शक्ति

---
१-२. हठयोगप्रदीपिका।

को सहस्रदल कमल पर ले जाकर ऐसा चिन्तन करना चाहिए कि 'मैं स्वयं शक्तिमय होकर शिवजी के साथ अनेक प्रकार के विहार कर रहा हूँ।' फिर दृढ़ चित्त से ऐसा चिन्तन करना चाहिए कि 'शिव-शक्ति के संयोग से आनन्दस्वरूप होकर मैं ही ब्रह्मस्वरूप में स्थित हूँ।' इसके अभ्यासकाल में ब्रह्मचर्य अत्यावश्यक है।

## १३. अगोचरी मुद्रा

नासिका के अग्रभाग पर मन को दृढ़तापूर्वक स्थिर करने ( दृष्टि-स्थिरीकरण ) को ही अगोचरी मुद्रा कहते हैं।

## १४. भूचरी मुद्रा

नासिकाग्र से चार अंगुल दूर आकाश में मन को पूर्णतया स्थिर करने को भूचरी मुद्रा कहते हैं।

## १५. चाचरी मुद्रा

आज्ञाचक्र में मनः-स्थिरीकरण ही चाचरी मुद्रा है। इसे भूचरी मुद्रा भी कहते हैं।

## १६. ज्ञान मुद्रा

पद्मासन, सिद्धासन या अन्य किसी आसन से बैठकर दोनों हाथों के पञ्जे घुटने पर खोलकर रखे तथा तर्जनी उँगलियों को अंगूठों के मध्य में इस प्रकार लगाये कि गोल छल्ला सा बन जाय। इसी मुद्रा से ध्यान किया जाता है।

## १७. विपरीतकरणी मुद्रा और उसका स्वरूप

योग की साधना करने वाले को इस मुद्रा के अभ्यास के समय अपने शिर को पृथ्वी पर टिकाकर एवं दोनों पैरों को आकाश में एक-सीध में रखकर शरीर को स्थिर रखते हुए इसका अभ्यास करना चाहिए। इसे ही समस्त तन्त्रग्रन्थों में विरीतकरणी मुद्रा कहा गया है। जो साधक इसका अभ्यास प्रतिदिन तीन घण्टों तक करता है, वह मृत्यु को अपने वश में कर लेता है। प्रलय काल में भी उसका विनाश नहीं होता। जो विपरीतकरणी का अभ्यास करके अमृतपान करता है, वह सिद्धों के समान महान् एवं शक्तिशाली हो जाता है। ऐसा अभ्यासी त्रिलोकपूज्य हो जाता है। शिवसंहिताकार की यही दृष्टि है।[१]

**घेरण्ड ऋषि का मत**— घेरण्ड ऋषि 'घेरण्डसंहिता' में कहते हैं कि नाभि में सूर्य

---

१. भूतले स्वशिरो दत्ता खे नयेच्चरणद्वयम्।विपरीतकृतिश्चैषा सर्वतन्त्रेषु गोपिता।।
एतद् यः कुरुते नित्यमभ्यासं याममात्रतः।मृत्युं जयति सः योगी प्रलये नापि सीदति।।
कुरुतेऽमृतपानं यः सिद्धानां समतामियात्।स सेव्यः सर्वलोकानां बन्धमेनं करोति यः।।
( शिवसंहिता-६९-७१ )

एवं तालुमूल में चन्द्र है। सहस्रार में सुधा का नित्य प्रवाह होता रहता है। सूर्य द्वारा अमृत-पान कर लेने से जीव की मृत्यु हो जाती है।

सूर्य नीचे है और चन्द्र ऊपर है। यदि विपरीत क्रम में ( इस विपरीतकरणी मुद्रा के माध्यम से ) सूर्य को ऊपर एवं चन्द्रमा को नीचे कर दिया जाय तो इस मुद्रा को विपरीत-करणी मुद्रा कहा जाता है। इसके द्वारा अमृत सूर्य को ( कुण्डलिनी को, त्रिकोणमय अग्नि को ) प्राप्त न होकर स्वयं साधक को प्राप्त होने लगता है। इसे पीकर साधक अमर हो जाता है। इस मुद्रा में शिर को पृथ्वी में लगाकर, दोनों हाथों की टेक लेकर एवं दोनों पावों को उठाकर शिर को स्थिर रखना चाहिए।[१]

घेरण्ड ऋषि के मतानुसार सूर्य का यथार्थ वासस्थान नाभि का मूल प्रदेश एवं चन्द्रमा के निवास का मूल स्थान तालु का मूल है। चन्द्रमा से स्रवित अमृत को मृत्यु पी जाती है— 'अमृतं ग्रसते मृत्युः'। इसी कारण जीव मृत्युधर्मा है; अन्यथा वह भी अमर हो जाय— 'ततो मृत्युवशो नरः।' यह मुद्रा योगशास्त्र की नहीं; प्रत्युत तन्त्रशास्त्र की है और सभी तन्त्रों में स्वीकृत, उल्लिखित है तथा गोपनीय है—

विपरीतकरी मुद्रा सर्वतन्त्रेषु गोपिता।

**स्वात्माराम मुनीन्द्र का अभिमत**— तालुमूल में स्थित चन्द्रमा से जो कुछ भी पीयूष ( सोमकला जल ) द्रवित होकर स्रवित होता है, उसे नाभिप्रदेश में स्थित अनलात्मक सूर्य पी जाता है। जैसे राहु सूर्य को ग्रस लेता है, वैसे ही इस अमृत को सूर्य ग्रस लेता है। इस अमृत को सूर्य के मुख में गिरने से बचाने के लिए गुरु के उपदेश ( मार्गदर्शन ) द्वारा दिव्य करणस्वरूप विपरीतकरणी मुद्रा को जानना चाहिए। यह करोड़ों शास्त्रों के अर्थ ( शास्त्रार्थ ) से भी ज्ञेय नहीं है। इसीलिए कहा गया है कि इसे गुरु के उपदेश से जानना चाहिए।[२]

---

१. नाभिमूले वसेत् सूर्यस्तालुमूले च चन्द्रमाः।
अमृतं ग्रसते मृत्युस्ततो मृत्युवशो नरः।।
ऊर्ध्वं च जायते सूर्यश्चन्द्रं च अध आनयेत्।
विपरीतकरी मुद्रा सर्वतन्त्रेषु गोपिता।।
भूमौ शिरश्च संस्थाप्य करयुग्मा समाहितः।
ऊर्ध्वपादः स्थिरोभूत्वा विपरीतकरी मता।।
( घेरण्डसंहिता-३२-३५ )

२. यत्किञ्चित् स्रवते चन्द्रादमृतं दिव्यरूपिणः।
तत्सर्वं ग्रसते सूर्यस्तेन पिण्डो जरायुतः।।
तत्रास्ति करणं दिव्यं सूर्यस्य मुख्वञ्चनम्।
गुरूपदेशतो ज्ञेयं न तु शास्त्रार्थकोटिभिः।।
( स्वात्माराम मुनीन्द्र )

गुरु गोरक्षनाथ ने भी गोरक्षसंहिता ( २.३२-३ ) में कहा है कि अग्निरूपी सूर्य नाभि में रहता है तथा अमृतस्वरूप चन्द्रमा तालुमूल में नित्य निवास करता है। तालुमूल में नीचे की ओर मुख करके रहने वाला चन्द्रमा जिस अमृत की वर्षा करता है, उसे ऊर्ध्व-मुखी अग्निस्वरूप सूर्य नाभि में पी लेता है। जो योगी विपरीतकरणी मुद्रा को जानते हैं, वे उस अमृत को अग्नि के मुख से छीनकर अपने मुख में ही रख लेते हैं—

नाभिदेशे वसत्येको भास्करो दहनात्मकः।
अमृतात्मा स्थितो नित्यं तालुमूले च चन्द्रमाः।।

वर्षत्यधो मुखश्चन्द्रो ग्रसत्यूर्ध्वो मुखो रविः।
ज्ञातव्या करणी तत्र यथा पीयूषमाप्यते।।

जिस यौगिक क्रिया में नाभि ऊपर की ओर और तालु नीचे की ओर हो जाय अर्थात् सूर्य की स्थिति ऊपर एवं चन्द्रमा की स्थिति ( अवस्थान ) नीचे जो जाय, वह शीर्षासन-स्वरूप योगप्रक्रिया विपरीतकरणी मुद्रा है। यह गुरुवाक्यलभ्या है। जो इस मुद्रा का नित्य प्रति अभ्यास करता है, उसकी जठराग्नि प्रदीप्त हो उठती है और वह यथारुचि अधिक आहार ग्रहण कर सकता है। यदि आहार कम लिया गया तो जठराग्नि उसके शरीर को तत्काल परिदग्ध करने लगती है। अभ्यासारम्भ में प्रथम दिन केवल क्षणमात्र के लिए सिर को नीचे एवं पैरों को ऊपर करके इसका अभ्यास करना चाहिए; देर तक नहीं।[1]

ब्रह्मानन्द 'ज्योत्स्ना' में कहते हैं— 'अधः अधोभागे भूमौ शिरो यस्य सोऽधःशिराः कराभ्यां कटिप्रदेशमवलम्ब्य बाहुमूलादारभ्य कूर्परपर्यन्ताभ्यां बाहुभ्यां स्कन्धाभ्यां गलपृष्ठ-भागशिरःपृष्ठभागाभ्यां भूमिमवष्टभ्याधःशिरा भवेत्।'

इस मुद्रा के अभ्यासकाल को प्रत्येक दिन एक क्षण से अधिक क्षण तक क्रमशः बढ़ाते हुए इसकी साधना की जानी चाहिए। यदि छः मासों तक इसका प्रतिदिन अभ्यास किया जाय तो—

( क ) केश कभी नहीं पकते।

( ख ) एक प्रहर ( ढाई से तीन घड़ी ) पर्यन्त इस मुद्रा का अभ्यासी मृत्यु पर विजय प्राप्त कर लेता है।

( ग ) प्रारब्ध कर्मों के फलोपभोग भी क्षीण हो जाते हैं।[2]

---

१. ऊर्ध्वनाभेरधस्तालोरूर्ध्वं भानुरधः शशी। करणी विपरीताख्या गुरुवाक्येन लभ्यते।।
नित्यमभ्यासयुक्तस्य जठराग्निविवर्धिनी। आहारो बहुलस्तस्य सम्पाद्यः साधकस्य च।।
अल्पाहारो यदि भवेदग्निर्दहति तत्क्षणात्। अधःशिराश्चोर्ध्वपादः क्षणं स्यात् प्रथमे दिने।।
( हठयोगप्रदीपिका-७९-८१ )

२. क्षणाच्च किञ्चिदधिकमभ्यसेच्च दिने दिने। वलितं पलितं चैव षण्मासोर्ध्वं न दृश्यते।
याममात्रं तु यो नित्यमभ्यसेत्स तु कालजित्।। ( हठयोगप्रदीपिका-८२ )

**ब्रह्मानन्द गिरि का अभिमत**— 'ज्योत्स्ना' नामक टीका में ब्रह्मानन्द जी कहते हैं कि दोनों हाथों से कटिप्रदेश को पकड़कर बाहुमूल से कूर्परपर्यन्त कन्धों, गर्दन एवं सिर के पिछले भाग को भूमि पर स्थित करना चाहिए।

## १८. वज्रोली मुद्रा और उसका स्वरूप

हठयोगयोगप्रदीपिका एवं शिवसंहिता के अनुसार वज्रोली मुद्रा नवीं मुद्रा है—

महामुद्रा महाबन्धो महावेधश्च खेचरी।
उड्यानं मूलबन्धश्च बन्धो जालन्धराभिधः।।

करणी विपरीताख्या वज्रोली शक्तिचालनम्।
इदं हि मुद्रादशकं जरामरणनाशनम्।।

( हठयोगप्रदीपिका-६-७ )

महामुद्रा महाबन्धो महावेधश्च खेचरी।
जालन्धरो मूलबन्धो विपरीतकृतिस्तथा।।

उड्डानं चैव वज्रोली दशमं शक्तिचालनम्।
इदं कि मुद्रादशकं मुद्राणामुत्तमोत्तमम्।।

( शिवसंहिता-२४-२५ )

घेरण्ड ऋषि ने घेरण्डसंहिता में वज्राली मुद्रा का भी उल्लेख किया है, जिसका स्वरूप वज्रोली मुद्रा से साम्य नहीं रखता। इसमें कहा गया है कि दोनों हाथों को पृथ्वी पर स्थिर भाव से टिकाकर दोनों पैरों एवं मस्तक को आकाश में उठा देने को वज्राली मुद्रा कहते हैं—

धरामवष्टभ्य करयोस्तलाभ्यामूर्ध्वं क्षिपेत्पादयुगं शिरः खे।
शक्तिप्रबोधाय चिरजीवनाय वज्रालिमुद्रां कवयो वदन्ति।।

**वज्राली मुद्रा**— वज्राली मुद्रा को श्रेष्ठतम योगमुद्रा कहते हुए यह कहा गया है कि यह मुक्ति का कारण तथा परमोपकारी एवं सिद्धिप्रद है। इससे ( वज्रोली-साधना की भाँति ) बिन्दु-सिद्धि, ऊर्ध्वरेतस्त्व-सिद्धि, शुक्रास्खलन-सिद्धि प्राप्त होती है और परिणामतः बिन्दुसिद्धि के अनन्तर ऐसा कोई भी कार्य है ही नहीं, जो कि सफल नहीं होता? कौन सा प्राप्तव्य है, जो हस्तगत नहीं होता? इसके द्वारा तो भोगियों को भी सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं—

अयं योगो योगश्रेष्ठो योगिनां मुक्तिकारणम्।
अयं हितप्रदो योगो योगिनां सिद्धिदायकः।।

एतद् योगप्रसादेन बिन्दुसिद्धिर्भवेद् ध्रुवम्।
सिद्धे बिन्दौ महायत्ने किं न सिध्यति भूतले।।

भोगेन महता युक्तो यदि मुद्रां समाचरेत्।
तथापि सकला सिद्धिस्तस्य भवति निश्चितम्।।

घेरण्ड ऋषि ने वज्रोली, अमरोली, सहजोली आदि का उल्लेख नहीं किया है; किन्तु हठयोगप्रदीपिका में इनका उल्लेख ही नहीं; अपितु इनके स्वरूप की विशद विवेचना भी की गई है।

**शिवसंहिता में वर्णित वज्रोली का स्वरूप**— भगवान् शिव कहते हैं कि वज्रोली मुद्रा—

१. संसार में व्याप्त अज्ञानान्धकार की विनाशिका है।

२. गृहस्थों को भी ( योगोक्त नियमों का पालन न करने पर भी ) मुक्ति दिलाने वाली एक अनुत्तर योगविधि है।

३. भोगपरायण व्यक्ति को भी मोक्ष दिलाती है।

४. योग में सिद्धि दिलाकर अमृतपान कराती है।

५. साधक के शरीर को दिव्य बना देती है।

६. साधक को शिवस्वरूप बना देती है ( शिवतुल्य महिमान्वित कर देती है )।

७. बिन्दु में स्थैर्य लाकर उसे स्खलनातीत कर देती है।

८. समस्त प्रकार के भोगों का आस्वादन कराती है।

९. समस्त सिद्धियाँ प्रदान करती है।

१०. सर्वार्थसिद्धि एवं प्राकाम्य-सिद्धि के साथ ही साधक को लोकोत्तर सिद्ध बना देती है।

११. समस्त मनोरथों की सिद्धि प्रदान कर देती है।

१२. साधक को ( भोगपरायण होते हुए भी ) ऊर्ध्वरेतस् ब्रह्मचारी एवं अस्खलित योगी बना देती है।

भगवान् शिव पार्वती से कहते हैं कि वज्रोली भोगैषणा-परायण गृहस्थों को भी विरक्त योगी, ऊर्ध्वरेतस् ब्रह्मचारी बना देती है। अज्ञान-तिमिर का ध्वंस करने वाली यह वज्रोली भोगासक्त गृहस्थों को भी महामुक्ति प्रदान करती है।[१]

**वज्रोली की साधना-पद्धति**— इसके विधानानुसार साधक नारी की जननेन्द्रिय से रज को उपस्थनाल में आकृष्ट करके अपने शरीर में प्रविष्ट करके तथा बिन्दु को निरुद्ध करके जननेन्द्रिय-चालन करे। यदि संयोगवश बिन्दु अपने स्थान से खलित हो जाय तो साधक को चाहिए कि वह योनिमुद्रा के द्वारा उसे निबद्ध करे। बिन्दु को निबद्ध करके ऊपर की ओर ले जाकर वाम भाग में स्थित करके योगी गुरु के आदेशानुसार 'हुं हुं' का उच्चारण

---

१. वज्रोलीं कथयिष्यामि संसारध्वान्तनाशिनीम्। स्वभक्तेभ्यः समासेन गुह्याद् गुह्यतमामपि।।
स्वेच्छया वर्तमानोऽपि योगोक्तनियमैर्विना। मुक्तो भवति गार्हस्थ वज्रोल्यभ्यासयोगतः।।
वज्रोल्यभ्यासयोगोऽयं भोगे युक्तेऽपि मुक्तिदः। तस्माददतिप्रयत्नेन कर्तव्यो योगिभिः सदा।।
( शिवसंहिता-७८-८० )

करके लिंग का चालन करे तथा अपान वायु को आकुञ्चित करके बलपूर्वक रज का योनि से आकर्षण करे। इस विधि से योगी योग की शीघ्र ही सिद्धि के लिए अमृतपान करता है। गुरु के चरणकमल का पूजक योगी अपने शरीर में चन्द्रस्वरूप बिन्दु और सूर्यस्वरूप रज दोनों को प्रविष्ट करता है।

भगवान् शिव कहते हैं कि मैं बिन्दुस्वरूप हूँ और शक्ति रजस्वरूपिणी है। योगी के शरीर में इन दोनों के सामरस्य से शरीर का दिव्यीकरण निष्पन्न होता है। शरीर से शुक्र-स्खलन ही मृत्यु है और बिन्दु को धारण करना ही जीवन है। योगसाधक को बड़ी सावधानी से बिन्दु की रक्षा करनी चाहिए। भगवान् शिव पार्वती से कहते हैं—

अहं बिन्दू रजः शक्तिरुभयोर्मेलनं यदा।
योगिनां साधनावस्था भवेद् दिव्यं वपुस्तदा।।

मरणं बिन्दुपातेन जीवनं बिन्दुधारणात्।
तस्मादतिप्रयत्नेन कुरुते बिन्दुधारणम्।।

बिन्दु से ही प्राणी का जन्म होता है और उसी से मृत्यु होती है। बिन्दु ही उसके शरीर प्राप्त करने में कारण है और बिन्दु का अभाव हो जाने से ही शरीर की मृत्यु हो जाती है। बिन्दु की ही सिद्धि करनी चाहिए। इसकी रक्षा करने में सभी सिद्धियाँ सहज, सुलभ हैं। इसकी सिद्धि से पृथ्वी पर भला क्या सिद्ध नहीं हो सकता? बिन्दु-रक्षा के परिणाम-स्वरूप ही शिव इतने महिमाशाली बने हुए हैं। शरीर में स्थित बिन्दु का अभाव होना ही संसार में आसक्त, माया-विमोहित एवं वार्धक्य तथा मृत्यु के कवलीभूत प्राणियों के दुःखों का कारण है। बिन्दु-रक्षारूप यह शांकर योग सभी के लिए सर्वोत्तम है। भोगयुक्त मानव भी बिन्दु-रक्षा ( वज्रोली मुद्रा का अभ्यास ) से सिद्धि प्राप्त कर लेता है। वह समस्त मनोरथों की प्राप्ति भी कर लेता है तथा सिद्ध भी हो जाता है। इस वज्रोली के अभ्यास से साधक समस्त भोगों का आस्वादन करता है और समस्त सिद्धियाँ अधिगत कर लेता है।[१]

## १९. अमरोली मुद्रा और उसका स्वरूप

अमरोली और सहजोली भी वज्रोली की ही सहायक क्रियायें हैं। शिवसंहिता में कहा गया है कि यदि दैवयोग से वीर्य अपने स्थान से उत्तेजनापूर्वक चलायमान हो जाय और साधक रज-बिन्दु के ऐक्य में सफल हो जाय तो यही अमरोली मुद्रा है। इसमें साधक

---

१. अभ्यासात् सिद्धिमाप्नोति भोगयुक्तोऽपि मानवः।
सकलः साधितार्थोऽपि सिद्धो भवति भूतले।।
भुक्त्वा भोगानशेषान् वै योगेनानेन निश्चितम्।
अनेन सकला सिद्धिर्योगिनां भवति ध्रुवम्।
सुखभोगेन महता तस्मादेनं समभ्यसेत्।।
( शिवसंहिता-९३-९४ )

लिंगनाल से ( वीर्यवाहिनी नाड़ी से ) रज-बिन्दु का शोषण करता है। शिवसंहिता ( ४.८६ ) में बिन्दु को चन्द्रमा और रज को सूर्य कहा गया है। अमरोली मुद्रा को शिवसंहिता में इस प्रकार पारिभाषित किया गया है—

देवाच्चलति चेद् वेगे मेलनं चन्द्रसूर्ययोः।
अमरोलिरियं प्रोक्ता लिङ्गनालेन शोषयेत्।।

हठयोगप्रदीपिका में अमरोली को वज्रोली का ही एक प्रकार बताकर उसे उससे अभिन्न सिद्ध किया गया है—

सहजोलिश्चामरोलिर्वज्रोल्या भेद एकतः।
जले सुभस्म निक्षिप्य दग्धगोमयसम्भवम्।।

वज्रोली, सहजोली एवं अमरोली— इन तीनों का फल एक ही है।

वज्रोली मुद्रा की सिद्धि के लिए मैथुनानन्तर स्त्री एवं पुरुष दोनों को ( दग्ध गोमय को जल में डालकर बनाये गये ) भस्म का अपने मस्तक, शिर, नेत्र, हृदय, स्कन्ध एवं भुजाओं पर लेप लगाना चाहिये—

जले सुभस्म निक्षिप्य दग्ध गोमयसम्भवम्।
वज्रोली मैथुनादूर्ध्वं स्त्रीपुंसोः स्वाङ्गलेपनम्।
आसीनयोः सुखेनैव मुक्तव्यापारयोः क्षणात्।।

सहजोली के विषय में मात्र इतना ही कहा गया है कि दग्ध गोमय को जल में मिलाकर निर्मित भस्म का मस्तकादि अंगों पर लेप किया जाना चाहिए। इस भस्म-लेपन क्रिया को मत्स्येन्द्र आदि योगियों ने सहजोली मुद्रा कहा है—

सहजोलिरियं प्रोक्ता श्रद्धेया योगिभिः सदा।
अयं शुभकरो योगो भोगयुक्तोऽपि मुक्तिदः।।

यह योग केवल पुण्यात्माओं, धैर्यवानों, तत्त्वदर्शियों एवं मत्सरहीन साधकों को ही सिद्ध होता है; मत्सरशीलों को नहीं—

अयं योगः पुण्यवतां धीराणां तत्त्वदर्शिनाम्।
निर्मत्सराणां सिध्येत न तु मत्सरशालिनम्।।

**अमरोली का स्वरूप**— अमरोली क्रिया का स्वरूप इस प्रकार बताया गया है—

पित्तोल्बणत्वात्प्रथमाम्बुधारां विहाय निःसारतयान्त्यधारा।
निषेव्यते शीतलमध्यधारा कापालिके खण्डमतेऽमरोली।।

अर्थात् अधिक पित्त वाली प्रारम्भिक बिन्दुधारा और सार अंश से शून्य एवं अन्त की बिन्दुधारा का त्याग करके शीतल मध्य धारा ( चन्द्रामृत ) का ही इस मुद्रा में सेवन किया जाता है। इसे खण्ड कापालिकमत में अमरोली कहा जाता है।

साधक नासिका द्वारा अमरी ( शिवाम्बु ) का नित्य पान करते हुए वज्रोली मुद्रा के द्वारा वीर्य के ऊर्ध्वाकर्षण का अभ्यास करता है। उसका यह अभ्यास अमरोली कहलाता है—

अमरीं यः पिबेन्नित्यं नस्यं कुर्वन् दिने दिने।
वज्रोलीमभ्यसेत् सम्यगमरोलीति कथ्यते।।

अमरोली के अभ्यास से निःसृत सुधा चन्द्रामृत को विभूति ( भस्म ) में मिलाकर उत्तम अंगों ( सिर, कपाल, नेत्र, कन्धे, कण्ठ एवं हृदय ) आदि में लेप करना चाहिए। इससे साधक की दृष्टि दिव्य हो जाती है—

अभ्यासान्निःसृतां चान्द्रीं विभूत्या सह मिश्रयेत्।
धारयेदुत्तमाङ्गेषु दिव्यदृष्टिः प्रजायते।।

यदि नारी अच्छी तरह अभ्यास में निपुणता प्राप्त करके वज्रोली मुद्रा के द्वारा पुरुष के वीर्य का आकुञ्चन करके ( आकर्षण करके ) रज की रक्षा करती है तो वह योगिनी होती है। इस प्रकार के अभ्यास से नारी का रज तनिक भी नष्ट नहीं होता। उसके शरीर में मूलाधार से समुत्थित नाद हृदय के ऊर्ध्व भाग में पहुँचकर बिन्दुरूप हो जाता है—

तस्याः किञ्चिद् रजोनाशं न गच्छति न संशयः।
तस्याः शरीरे नादश्च बिन्दुतामेव गच्छति।।

अमृतसिद्धि-नामक ग्रन्थ में इसका स्वरूप इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है—

बीजं च पौरुषं प्रोक्तं रजश्च स्त्रीसमुद्भवम्।
अनयोर्बाह्ययोगेन सृष्टिं सञ्जायते नृणाम्।।

यदाभ्यन्तरयोगः स्यात्तदा योगीति गीयते।
बिन्दुश्चन्द्रमयो प्रोक्तो रजः सूर्यमयं तथा।।

अनयोः सङ्गमादेव जायते परमं पदम्।
स्वर्गदो मोक्षदो बिन्दुः धर्मदोऽधर्मदस्तथा।
तन्मध्ये देवताः सर्वास्तिष्ठन्ते सूक्ष्मरूपतः।।

अर्थात् पुरुष के वीर्य एवं नारी के रज के बाह्य योग से सन्तानोत्पत्ति होती है। दोनों का आन्तरिक योग होने पर ही योगी कहा जाता है। बिन्दु चन्द्रात्मक एवं रज सूर्यात्मक है। इनके योग से परमपद की प्राप्ति होती है। बिन्दु स्वर्ग, मोक्ष, धर्म एवं अधर्म— सब कुछ प्रदान करता है। सूक्ष्म रूप से सभी देवता इसमें निवास करते हैं—

वज्रोली मुद्रा के अभ्यास से बिन्दु एवं रज एक होकर अपने ही शरीर में एक हो जायँ तो समस्त सिद्धियाँ प्रदान करते हैं। जो नारी योनि के संकोच द्वारा रज को ऊर्ध्व करके रक्षा करती है, वह योगिनी है। वह भूत एवं भविष्य को जानती है तथा उसे खेचरी की सिद्धि प्राप्त होती है। वज्रोली के अभ्यासयोग से देहसिद्धि ( रूप-लावण्य आदि )

की प्राप्ति होती है। यह योग अत्यन्त पुण्यकारक है। भोगों को भोगने पर भी यह योग मोक्ष प्रदान करता है।

**वज्रोली, सहजोली एवं अमरोली का उद्देश्य**— इसका उद्देश्य है— शरीर में बिन्दु की रक्षा। इस मुद्रा से बिन्दु एवं रज के एक होकर ऊर्ध्वमुख होने से देह-सिद्धि, योगसिद्धि एवं मुक्ति या स्वरूपावस्था की प्राप्ति होती है। यद्यपि वज्रोली योगसिद्ध पुरुषों की साधना की गहन अनुभूति है तथापि कौलों, कापालिकों एवं अन्य वामाचारी तान्त्रिकों ने इसे वासना-तुष्टि का साधनमात्र बना लिया। योगी का उद्देश्य वीर्य को ऊर्ध्वमुख करना है तथा योगिनी का उद्देश्य रज को ऊर्ध्वगामी करने में निहित है। बिन्दु एवं रज की ऊर्ध्वमुखी एकता से कायसिद्धि, योगसिद्धि एवं तत्त्वसाक्षात्कार सम्पन्न हुआ करते हैं। मूलाधार ( मूल बन्ध ) द्वारा अपान वायु ( चन्द्र ) एवं प्राणवायु ( सूर्य ) को नाभिस्थान में संस्थित करके वज्रोली के द्वारा सुषुम्नामार्ग से ऊर्ध्वमुख करके ब्रह्मरन्ध्र में स्थापित करना भी वज्रोली का उद्देश्य है।

योगतत्त्वोपनिषद् में वज्रोली की महत्ता इस प्रकार बतायी गई है—

वज्रोलीमभ्यसेद् यस्तु स योगी सिद्धिभाजनम्।
लभ्यते यदि तस्यैव योगसिद्धिः करे स्थिता।
अतीतानागतं वेत्ति खेचरी च भवेद् ध्रुवम्।।

वज्रोली की सिद्धि से—

१. योगी भूत एवं भविष्य दोनों को जान जाता है।

२. वह आकाश-सञ्चरण की शक्ति भी आयत्त कर लेता है।

३. वह जननेन्द्रिय से स्खलित अपने शुक्र को नारी के जननेन्द्रिय से आकृष्ट कर सकता है।

४. वह नारी के रज को भी खींच सकता है।

५. वह जननेन्द्रिय में स्रवित बिन्दु को रज के साथ मिश्रित करके उसे पुनः अपने शरीर में आकृष्ट कर सकता है।

६. वह भोगी होते हुये भी योगी एवं ब्रह्मचारी बन सकता है।

७. वज्रोली वीर्यस्खलन रोकने वाली क्रिया है। अमरोली स्खलित बिन्दु को भी नारी के रज के साथ मिश्रित करके अपने शरीर में खींच लेने की क्रिया है ।

८. अभ्यास के काल में प्राण एवं अपान को एकीभूत करके सुषुम्ना मार्ग से ऊर्ध्वगामी करने हेतु पवन पर विजय आवश्यक है।

गोरक्षनाथ ने गोरखबानी ( सबदी १४१ ) में इस विधान को स्वीकार किया है—

बजरी करंतां अमरी राखै अमरिं करंतां बाई।
भोग करंतां जे ब्यंद राषै ले गोरख का गुरभाई।

**वज्रोली मुद्रा** ( हठयोगप्रदीपिका की दृष्टि से )— जो योगी वज्रोली मुद्रा का अभ्यास करना जानता है, वह योगशास्त्र के नियमों के पालन के विना भी अपनी इच्छा से जीवन-धारण करते हुए सिद्धि प्राप्त कर लेता है। वज्रोली के साधक के लिए दो दुर्लभ वस्तुयें अत्यावश्यक हैं— दूध एवं आज्ञाकारिणी नारी—

तत्र वस्तुद्वयं वक्ष्ये दुर्लभं यस्य कस्यचित्।
क्षीरं चैकं द्वितीयं तु नारी च वशवर्तिनी।।

वज्रोली मुद्रा का स्वरूप इस प्रकार है कि पुरुष या नारी बिन्दुप्रवाह को ऊर्ध्व प्रदेश में आकर्षित करे। लिङ्गेन्द्रिय के आकुञ्चन से बिन्दु को ऊर्ध्वाकर्षित करने का अभ्यास किया जाय तो इससे वज्रोली मुद्रा की सिद्धि होती है—

मेहनेन शनैः समयगूर्ध्वाकुञ्चनमभ्यसेत्।
पुरुषोऽप्यथवा नारी वज्रोलीसिद्धिमाप्नुयात्।।

सम्भोगानन्तर बिन्दु को क्षरित होने से रोकने के लिए उस बिन्दु को धीरे-धीरे आकुञ्चित करके उसे ऊपर ले जाने का स्त्री या पुरुष धीरे-धीरे अभ्यास करे तो वज्रोली मुद्रा की सिद्धि हो जाती है। शीशे की बनी हुई नली से उपस्थ के छिद्र में वायु के सञ्चार हेतु फूत्कार करना चाहिये—

यत्नतः शस्तनालेन फूत्कारं वज्रकन्दरे।
शनैः शनैः प्रकुर्वीत वायुसञ्चारकारणात्।।

दुग्ध, नारी, शीशे की नली एवं वायुयोग— ये चारो वस्तुयें वज्रोली मुद्रा के लिए आवश्यक हैं।

**शीशे की नली** ( शस्तनाल )— लिंगेन्द्रिय के छिद्र में प्रवेश करने योग्य चौदह अंगुल लम्बी शीशे की नली बनवानी चाहिए। उसे धीरे-धीरे दो-दो अंगुल, तीन-तीन अंगुल के क्रम से लिंगछिद्र में प्रवेश कराने का इस प्रकार अभ्यास करना चाहिए कि बारह अंगुल प्रविष्ट हो जाय और मात्र दो अंगुल बाहर रह जाय। टेढ़े एवं ऊर्ध्वमुख भाग को बाहर रखना चाहिए। फिर सुनार की धौंकनी के नल के समान नली को लेकर उसके अगले भाग को उपस्थ में प्रविष्ट करे और उसमें फूँके तो उपस्थ मार्ग का शोधन होता है। इसके बाद अन्य क्रियायें करे।

**जलाकर्षणाभ्यास**— इसके अनन्तर योगी को चाहिए कि वह अपने जननेन्द्रिय से जल को ऊपर खींचे।

**वीर्याकर्षणाभ्यास**— इसके अनन्तर वह अपने जननेन्द्रिय से वीर्य का आकर्षण करे। तत्पश्चात् जननेन्द्रिय में अधःपतित वीर्य का आकर्षण करना चाहिए—

नारीभगे पतद्बिन्दुमभ्यासेनोर्ध्वमाहरेत्।
चलितं च निजं बिन्दुमूर्ध्वमाकृष्य रक्षयेत्।।

एवं संरक्षयेद् बिन्दुं मृत्युं जयति योगवित्।
मरणं बिन्दुपातेन जीवनं बिन्दुधारणात्।।

बिन्दु ( वीर्य ) को शरीर में धारण करते रहने से योगी के शरीर में दिव्य गन्ध की उत्पत्ति हो जाती है। शरीर कान्तिमय हो जाता है। जब तक शरीर में वीर्यबिन्दु स्थिर है, तब तक काल का भय नहीं रहता— शरीर जीर्ण-शीर्ण होकर नष्ट नहीं होता।

मनुष्यों का चित्त शुक्राश्रित है। जीवन शुक्राधीन है; अतः वीर्य एवं मन दोनों की रक्षा की जानी चाहिये।[१] ऋतुमती नारी के रज एवं अपने बिन्दु की रक्षा की जानी चाहिये। योगाभ्यास में निपुण योगी को चाहिये कि वह लिंगेन्द्रिय के छिद्र से ( वज्रोली की विधि से ) रज एवं बिन्दु दोनों का ऊर्ध्वाकर्षण करे।[२]

**वज्रोली के भेद**— वज्रोली मुद्रा की दो सहायक क्रियायें और हैं और उन्हें तान्त्रिक योगियों ने सहजोली एवं अमरोली कहा है। ये दोनों ही वज्रोली मुद्रा के विशेष भेद हैं—

सहजोलिश्चामरोलिर्वज्रोल्या भेद एकतः।

सहजोली में तो सम्भोगानन्तर गोबर के कण्डे की भस्म को जल में भिगोकर स्त्री-पुरुष दोनों को अपने सिर, ललाट, नेत्र, हृदय, स्कन्ध एवं बाहुओं में लगाने ( लेप करने ) का विधान है; किन्तु अमरोली का विधान दूसरा है। इसमें पित्तप्रधान प्रारम्भिक बिन्दुधारा और सारशून्य अन्तिम बिन्दुधारा का त्याग करके शीतल मध्यधारा ( चन्द्रामृत ) का ही ( इस मुद्रा में ) सेवन करने का विधान है। यही खण्डकापालिकों की दृष्टि है—

निषेव्यते शीतलमध्यधारा कापालिके खण्डमतेऽमरोली।

अमरोली की क्रिया में साधक नासिका के द्वारा अमरी ( शिवाम्बु ) का नित्य पान करते

---

१. सुगन्धो योगिनो देहे जायते बिन्दुधारणात्।
यावद् बिन्दुः स्थिरो देहे तावत्कालभयं कुतः।।
चित्तायत्तं नृणां शुक्रं शुक्रायत्तं च जीवितम्।
तस्माच्छुक्रं मनश्चैव रक्षणीयं प्रयत्नतः।।

२. ऋतुमत्या रजोऽप्येयं निजं बिन्दुं च रक्षयेत्।
मेढ्रेणाकर्षयेदूर्ध्वं सम्यगभ्यासयोगवित्।।

**पिण्ड के दिव्यीकरण के मुख्य साधन—**

( क ) विपरीतकरणी मुद्रा के द्वारा चन्द्र से स्रवित एवं अग्नि या ( सूर्य ) में पतित होने वाले अमृत का साधक द्वारा स्वयं पान करना=चन्द्रकलामृतपान।

( ख ) वज्रोली मुद्रा द्वारा वीर्य को स्खलित होने से रक्षित करते हुए उसे रज के साथ एकीकृत करके उसकी ऊर्ध्वस्थापना।

( ग ) नाद श्रवण

( घ ) ब्रह्मचर्य

हुए वज्रोली मुद्रा द्वारा वीर्याकर्षण का अभ्यास करता है। उसका यही अभ्यास अमरोली कहा जाता है।

अमरोली के अभ्यास से निकली हुई सुधा ( चन्द्रामृत ) को भस्म ( विभूति ) में मिश्रित करके उसको उत्तम अंगों ( सिर, कपाल, नेत्र, कन्धों, कण्ठ एवं हृदय आदि में ) लेप करना चाहिये। इससे साधक में दिव्य दृष्टि का उन्मेष हो जाता है।

**योगिनी और योगी**— यदि कोई नारी वज्रोली मुद्रा के द्वारा पुरुष के वीर्य का आकुञ्चन करके ( आकर्षण करके ) रज की रक्षा करती है तो वह योगिनी है। इस प्रकार के अभ्यास से नारी का रज तनिक भी नष्ट नहीं होता। उसके शरीर में मूलाधारोत्थित नाद हृदय के ऊर्ध्व भाग में पहुँचकर बिन्दु हो जाता है। इसी प्रकार जो साधक योनिगत बिन्दु की भी रक्षा कर लेता है, वही योगी है—

पुंसो बिन्दुं समाकुञ्च्य सम्यगभ्यासपाटवात्।
यदि नारी रजो रक्षेद् वज्रोल्या साऽपि योगिनी।।

तस्याः किञ्चिद् रजोनाशं न गच्छति न संशयः।
तस्याः शरीरे नादश्च बिन्दुतामेव गच्छति।।

**बिन्दु एवं रज का एकीकरण**— प्राण एवं अपान, 'ह' एवं 'ठ', सूर्य एवं चन्द्रमा, शुक्र एवं रज— इनकी एकता ( सामरस्य ) को ही 'योग' कहा जाता है। वज्रोली मुद्रा के अभ्यास से बिन्दु एवं रज एक होकर अपने ही शरीर में एक हो जायँ तो समस्त सिद्धियाँ प्रदान करने लगते हैं। जो नारी योनि के संकोच द्वारा रज को ऊर्ध्व करके उसकी रक्षा करती है, वह भूत-भविष्य की ज्ञाता बन जाती है— उसकी खेचरी सिद्ध हो जाती है, तब वह योगिनी कहलाती है—

रक्षेदाकुञ्चनादूर्ध्वं या रजः सा हि योगिनी।
अतीतानागतं वेत्ति खेचरी च भवेद् ध्रुवम्।।

## २०. शक्तिचालनी मुद्रा और उसका स्वरूप

समस्त मुद्राओं का प्रधान लक्ष्य एक है और वह है— शक्ति का जागरण अर्थात् सोती हुई शक्ति को जगाना—

तस्मात्सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितुमीश्वरीम्।
ब्रह्मद्वारमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत्।।[१]

इसी परिप्रेक्ष्य में आगे दश मुद्राओं का वर्णन किया गया है; जो कि महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, उड्यान, मूलबन्ध, जालन्धर, विपरीतकरणी, वज्रोली एवं शक्तिचालन हैं।

शक्तिचालन मुद्रा का सम्बन्ध भगवती कुण्डलिनी के जागरण से है। तान्त्रिक योग

१. हठयोग प्रदीपिका।

का मूलाधार भी कुण्डलिनी ही है—

सशैलवनधात्रीणां यथाधारोऽहिनायकः।
सर्वेषां योगतन्त्राणां तथाधारो हि कुण्डली।।

यह गुरुप्रसाद से ही जागृत होती है; किन्तु जब जागृत होती है तब समस्त शरीरस्थ पद्म एवं ग्रन्थियाँ खुल जाती हैं—

सुप्ता गुरुप्रसादेन यदा जागर्ति कुण्डली।
तदा सर्वाणि पद्मानि भिद्यन्ते ग्रन्थयोऽपि च।।

वह कौन-सी शक्ति है, जिसे जगाया जाता है? यह शक्ति आत्मशक्ति है, पर देवता है, कुण्डली है; जो कि साढ़े तीन वलयों में वलयित होकर सर्पिणी की भाँति सो रही है—

मूलाधारे आत्मशक्तिः कुण्डली परदेवता।
शयिता भुजगाकारा सार्धं त्रिवलयान्विता।।

यावत् सा निद्रिता देहे तावज्जीवो पशुर्यथा।
ज्ञानं न जायते तावत् कोटियोगं समभ्यसेत्।।[१]

**कुण्डलिनी**— कुलकुण्डलिनी मूलाधार चक्र में अनादि काल से सो रही है। तान्त्रिकों के रूपक के अनुसार अकुल ( शिव ) शिवलोक में बहुत ऊपर स्थित है और उसकी वियुक्ता पत्नी अनन्त कालों से उससे बिछुड़कर पाताल लोक में सुप्तावस्था में वियोगिनी प्रोषित्पतिका नायिका की भाँति पड़ी है। इसके अनेक नाम हैं जिनमें से मुख्य हैं—

१. कुटिलांगी ४. शक्ति ६. कुण्डली
२. कुण्डलिनी ५. ईश्वरी ७. अरुन्धती
३. भुजंगी

कुटिलाङ्गी कुण्डलिनी भुजङ्गी शक्तिरीश्वरी।
कुण्डल्यरुन्धती चैते शब्दाः पर्यायवाचकाः।।

कुण्डली के जागरण की विधियों का तान्त्रिक योग के ग्रन्थों एवं पुराणों में भूरिशः उल्लेख मिलता है। उपनिषदों में भी इस विषय पर सविस्तार प्रकाश डाला गया है।

**कुण्डलिनी-जागरण की विधि**— अनादिकाल-सुषुप्ता भुजंगिनी कुण्डलिनी का उत्थापन ही शक्ति का जागरण एवं शक्ति का उत्थापन है। जब तक यह शक्ति नहीं जागती; योग के किसी भी अंग— आसन-प्राणायाम-प्रत्याहार-धारणा-ध्यान-समाधि एवं मुद्रा-बन्ध-षट्कर्म आदि की पूरी सिद्धि सम्भव नहीं हो पाती।

**हठयोगप्रदीपिका की शक्त्युत्थापन-विधि**— स्वात्माराम मुनीन्द्र कहते हैं कि जिस प्रकार कुञ्जी के द्वारा हठपूर्वक किवाड़ खोला जाता है, उसी प्रकार योगियों के द्वारा

१. घेरण्ड संहिता।

कुण्डलिनीरूपी चाभी के द्वारा मोक्ष के बन्द द्वार को खोला जाता है—

उद्घाटयेत् कपाटं तु यथा कुञ्चिकया हठात्।
कुण्डलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं विभेदयेत्।।[१]

जिस मार्ग से निरामय बाह्य स्थान ( ब्रह्मरन्ध्र ) में प्रवेश किया जाता है, उसी सुषुम्ना द्वार को अवरुद्ध करके परमेश्वरी कुण्डलिनी सोती है। कन्द के ऊर्ध्व भाग में कुण्डलिनी सोयी रहती है। यह योगियों को मोक्ष प्रदान करती है और अज्ञानियों के लिये बन्धनकारिणी है। जो उसे जानता है, वही योग का ज्ञाता है—

येन मार्गेण गन्तव्यं ब्रह्मस्थानं निरामयम्।
मुखेनाच्छाद्य तद् द्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी।।

कन्दोर्ध्वं कुण्डली शक्तिः सुप्ता मोक्षाय योगिनाम्।
बन्धनाय च मन्दानां यस्तां वेत्ति स योगवित्।।

नाभि के नीचे और लिंगेन्द्रिय के ऊपर कन्द स्थित है। इसी कन्द के ऊपर सुषुम्ना द्वार को अवरुद्ध करके कुण्डलिनी सोती है। योगी इस कुण्डलिनी शक्ति का चालन ( प्रबोधन ) करके मुक्त हो जाते हैं और ब्रह्मरन्ध्र में स्थित शिव का साक्षात्कार कर लेते हैं।

कुण्डली शक्ति का आकार सर्प के समान है। यह शक्ति जिसके द्वारा चालित या प्रबुद्ध की जाती है, वह योगी अज्ञान के बन्धन से निवृत्त है रहता। गंगा ( इड़ा ) एवं यमुना ( पिंगला नाड़ी ) के मध्य बालरण्डा तपस्विनी के समान कुण्डलिनी स्थित है। उसे ग्रहण करना परम पद की प्राप्ति है। इडा गंगा के समान है और पिंगला यमुना के समान है—

गङ्गायमुनयोर्मध्ये बालरण्डां तपस्विनीम्।
बलात्कारेण गृह्णीयात्तद्विष्णोः परमं पदम्।।

इडा भगवती गङ्गा पिङ्गला यमुना नदी।
इडापिङ्गलयोर्मध्ये बालरण्डा च कुण्डली।।

इड़ा नाड़ी भगवती गंगा है। पिंगला नाड़ी यमुना नदी है। इन दोनों के मध्य में बालरण्डा ( निराहारा ) तपस्विनी कुण्डलिनी स्थित है। उसे हठयोग के द्वारा प्रबुद्ध करके ग्रहण करना परम पद परमेश्वर की प्राप्ति है। कुण्डलिनी जब तक इन दोनों इड़ा-पिंगला नाड़ियों के मध्य सोती रहती है और सुषुम्ना में प्रबुद्ध होकर प्रवेश नहीं करती है; तब तक निष्कल रहती है। परदेवता आत्म शक्ति कुण्डलिनी भुजंगाकारा है और सोयी हुई है। वह जब तक सोती रहती है, प्राणी पशु के समान अज्ञानी रहता है। चाहे करोड़ों प्रकार की योग-साधना की जाय, ज्ञान तब तक प्राप्त नहीं होता, जब तक कि कुण्डलिनी जग न जाय। 'बालरण्डा तपस्विनी' इसलिए कहा गया है; क्योंकि कुण्डलिनी शिव से विरक्त होकर

---

१. हठयोगप्रदीपिका।

गंगा ( इड़ा ) एवं पिंगला ( यमुना ) की मध्य स्थली में तपस्या करती है और ब्रह्मनाड़ी सुषुम्ना में प्रवेश कर जाग्रत होकर ब्रह्मरन्ध्र में शिव का सायुज्य प्राप्त करती है—

पुच्छे प्रगृह्य भुजगीं सुप्तामुद्बोधयेच्च ताम्।
निद्रां विहाय सा शक्तिरूर्ध्वमुत्तिष्ठते हठात्।।

सोती हुई भुजंगी कुण्डलिनी को पूँछ पकड़कर जगाना चाहिए। वह निद्रा का त्याग कर हठपूर्वक उठकर स्थित हो जाती है, जाग जाती है। पूँछ पकड़कर सर्पाकृति कुण्डलिनी को जगाने का अभिप्राय है— प्राणनिरोध का अभ्यास। इससे वायु के द्वारा ताड़ित होकर कुण्डलिनी जग जाती है। गोरक्षनाथ 'गोरक्षशतक' में शक्तिचालिनी मुद्रा के विषय में कहते हैं—

कृत्वा सम्पुटितौ करौ दृढ़तरं बद्ध्वा तु पद्मासनम्
गाढ़ं वक्षसि सन्निधाय चिबुकं ध्यात्वा च तत्प्रेक्षितम्।
वारंवारमपानमूर्ध्वमनिलं प्रोच्चारयेत् पूरितम्।
मुञ्चन्प्राणमुपैति बोधमतुलं शक्तिप्रबोधान्नरः।।

दोनों हाथों को एक-दूसरे से सटाकर पद्मासन में अच्छी तरह स्थित होकर वक्षःस्थल पर चिबुक को लगाकर कुण्डलिनी का ध्यान करते हुए बार-बार प्राणायाम द्वारा वायु को खींच कर उसे अपान वायु से मिलाकर कुम्भक द्वारा वायु को रोककर श्वास बाहर निकालने से शक्ति के प्रबोधन द्वारा अतुल बोध प्राप्त करता है।

शक्तिचालिनी मुद्रा के अभ्यासकाल में साधक सिद्धासन या पद्मासन में बैठकर दोनों हथेलियों को पृथ्वी पर जमा दे। बीस-पच्चीस बार धीरे-धीरे दोनों नितम्बों को पृथ्वी से उठा-उठाकर ताड़न करे। इसके अनन्तर मूलबन्ध लगाकर दोनों नासिकाओं से पूरक करके प्राणवायु को अपान वायु से मिलाकर जालन्धर बन्ध लगाकर कुम्भक करे। कुम्भक के समय अश्विनी मुद्रा करे, गुह्य प्रदेश का संकोचन एवं प्रसारण करे। इसके बाद जालन्धर बन्ध खोलकर रेचक से वायु बाहर निकाल कर एकाग्र चित्त बैठ जाय। इससे कुण्डलिनी जग जाती है—

अवस्थिता चैव फणावती सा प्रातश्च सायं प्रहरार्धमात्रम्।
प्रपूर्य सूर्यात्परिधानयुक्त्या प्रगृह्य नित्यं परिचालनीया।।

मूलाधार में स्थित कुण्डलिनी को दक्षिण नासा से वायु खींचते हुए पूरक की विधि से सूर्यास्त और सूर्योदय के समय सायं एवं प्रातःकाल में डेढ़-डेढ़ घण्टे ( ९० मिनट ) तक परिधानयुक्ति से परिचालित ( प्रबोधित ) करना चाहिए।

( परिचालन करना अर्थात् कुण्डलिनी शक्ति को अच्छी तरह चालित करते हुए सुषुम्ना में समुत्थित करना )।

कुण्डलिनी का परिचालन एकाग्र चित्त होकर नाभिदेश को वस्त्र से आच्छादित करके

गोपनीयता के साथ करना चाहिए। घेरण्डसंहिता में कहा गया है—

नाभिं सम्वेष्ट्य वस्त्रेण न च नग्नो बहिः स्थितः।
गोपनीयगृहे स्थित्वा शक्तिचालनमभ्यसेत्।।

नाभि को वस्त्र से लपेट कर एकान्त स्थान में शक्तिचालन मुद्रा का अभ्यास करना चाहिये। नग्नावस्था में बाहर इसका साधन नहीं करना चाहिए। नाभिस्थानीय पेट को दायें-बायें, बायें-दायें परिचालित करना चाहिए।

कन्द का सम्पीडन ही शक्तिचालन है। कन्द के स्थान और स्वरूप का वर्णन किया गया है। मूल स्थान से एक वित्ता के ऊपर मेढ्र एवं नाभि के मध्य में कन्द का स्थान है। यह चौड़ाई में चार अंगुल ( तीन इञ्च ) है। यह मसृण एवं श्वेत है तथा वेष्टित किये हुये वस्त्र के समान है। साधक को वज्रासन में स्थित होकर दोनों पैरों की एड़ियों के पास हाथों से दृढ़तापूर्वक पकड़कर उस कन्द का प्रपीड़न करना चाहिए अर्थात् दबाना चाहिए। इस प्रकार वज्रासन में स्थित होकर शक्तिचालन करते हुए योगी को 'भस्त्रा कुम्भक' प्राणायाम करके कुण्डलिनी को जगाना चाहिये—

ऊर्ध्वं वितस्तिमात्रं तु विस्तारं चतुरङ्गुलम्।
मृदुलं धवलं प्रोक्तं वेष्टिताम्बरलक्षणम्।।

सति वज्रासने पादौ कराभ्यां धारयेद् दृढ़म्।
गुल्फदेशसमीपे च कन्दं तत्र प्रपीडयेत्।।

वज्रासने स्थितो योगी चालयित्वा च कुण्डलीम्।
कुर्यादनन्तरं भस्त्रां कुण्डलीमाशु बोधयेत्।।

कन्दयोनि की स्थिति के सम्बन्ध में गोरखनाथ जी कहते हैं—

ऊर्ध्वं मेढ्रादधो नाभेः कन्दयोनिः खगाण्डवत्।
तत्र नाड्यः समुत्पन्नाः सहस्राणां द्विसप्ततिः।।

मेढ्र से ऊपर और नाभि के नीचे पक्षी के अण्डे की भाँति कन्दयोनि है। यह बहत्तर हजार नाड़ियों का उत्पत्ति-स्थान है।

याज्ञवल्क्य का कथन है कि गुदा से दो अंगुल ऊपर और मेढ्र ( लिंगेन्द्रिय ) से दो अंगुल नीचे देह का मध्य भाग है। उसके मध्य में मनुष्यों का कन्दस्थान नौ अंगुल लम्बा और चार अंगुल चौड़ा है। यह अण्डाकार है—

गुदात्तु द्व्यङ्गुलादूर्ध्वं मेढ्रात्तु द्व्यङ्गुलादधः।
देहमध्यं तयोर्मध्यं मनुजानामितीरितम्।।

कन्दस्थानं मनुष्याणां देहमध्यान्नवाङ्गुलम्।
चतुरङ्गुलिविस्तारमायामं च तथाविधम्।
अण्डाकृतिवदाकारभूषितं च त्वगादिभिः।।

नाभि का आकुञ्चन करते हुए नाभिदेशस्थ भास्कर का आकुञ्चन करना चाहिए। इस प्रकार कुण्डली शक्ति का चालन करना चाहिए। इससे योगी को मृत्यु का भय नहीं रह जाता; भले ही वह मृत्यु के मुख में ही क्यों न पड़ा हो। दो मुहूर्त ( ९६ मिनट तक ) शक्ति का इस तरह चालन करने से कुण्डलिनी सुषुम्ना में प्रविष्ट होकर कुछ ऊपर की ओर खिंच जाती है। ऐसा करने से कुण्डलिनी सुषुम्ना के मुख का त्याग करके भीतर प्रवेश करती है। इसके फलस्वरूप प्राणवायु अपने-आप सुषुम्ना में प्रविष्ट हो जाती है।[1]

जिस शक्तिचालन मुद्रा से प्राण सुषुम्ना में चला जाता है, उस अरुन्धती ( कुण्डलिनी ) का, जो कि सुख से सोती है, नित्य चालन करना चाहिए। इससे योगी रोगों ( कास-श्वास-ज्वर आदि ) से मुक्त हो जाता है। जो योगी कुण्डली को सञ्चालित कर लेता है, अणिमादि सिद्धियों को प्राप्त कर लेता है, वह खेल-खेल में ही अनायास मृत्यु को भी अपने वश में कर लेता है।[2]

जो साधक इन्द्रियों को वश में रखकर ब्रह्मचर्य का पालन करता है तथा सात्त्विक आहार का सेवन करता है, वह शक्तिचालन मुद्रा का अभ्यासी योगी एक मण्डल ( ४० दिवसों ) में ही प्राणायाम की सिद्धि कर लेता है। कुण्डलिनी का चालन करके योगी को विशेष रूप से भस्त्राकुम्भक का नित्याभ्यास करना चाहिए। इससे उसे मृत्युभय आक्रान्त नहीं करता। उसकी अकाल मृत्यु नहीं होती। वह स्वेच्छा से देह छोड़ने में स्वतन्त्र होता है; क्योंकि मृत्यु उसके वश में रहती है।[3]

विना कुण्डलिनी का चालन किये शरीरस्थित बहत्तर हजार नाड़ियों के दृढ़ाभ्यास से आसन, प्राणायाम और मुद्राओं की साधना के द्वारा मध्यमा नाडी, सुषुम्णा सरल हो जाती

---

१. भानोराकुञ्चनं कुर्यात्कुण्डलीं चालयेत्ततः।
मृत्युवक्त्रगतस्यापि तस्य मृत्युभयं कुतः।।
मुहूर्तद्वयपर्यन्तं निर्भयं चालनादसौ।
ऊर्ध्वमाकृष्यते किञ्चित् सुषुम्नायां समुद्गता।।
तेन कुण्डलिनी तस्याः सुषुम्नाया मुखं ध्रुवम्।
जहाति तस्मात् प्राणोऽयं सुषुम्नां व्रजति स्वतः।। ( हठयोगप्रदीपिका )

२. तस्मात्सञ्चालयेन्नित्यं सुखसुप्तामरुन्धतीम्।
तस्याः सञ्चालनेनैन योगी रोगैः प्रमुच्यते।।
येन सञ्चालिता शक्तिः स योगो सिद्धिभाजनम्।
किमत्र बहुनोक्तेन कालं जयति लीलया।। ( हठयोगप्रदीपिका )

३. ब्रह्मचर्चरतस्यैव नित्यं हितमिताशिनः।
मण्डलाद् दृश्यते सिद्धिः कुण्डल्यभ्यासयोगिनः।।
कुण्डलीं चालयित्वा तु भस्त्रां कुर्याद् विशेषतः।
एनमभ्यसतो नित्यं यमिनो यमभीः कुतः।। ( हठयोगप्रदीपिका )

है— कुण्डलिनी के प्रवेश के लिए सुगम मार्ग के रूप में प्रशस्त हो जाती है। अभ्यास के समय मन को समाधि में लीन करने पर निद्रारहित अवस्था में साधक को रुद्राणी, शाम्भवी मुद्रा या उन्मनी अवस्था कल्याणकारिणी सिद्धियाँ प्रदान करती है।[१]

अभ्यास के समय मन को समाधि में लीन करने पर निद्रारहित अवस्था में साधक विभिन्न स्थितियाँ प्राप्त करता है।

मुद्रा हठयोग का प्रधान अंग है। आसन, मुद्रा और कुम्भक— ये हठसाधना के प्रधान अंग माने जाते हैं।

**शिवसंहिता की शक्त्युत्थापन-विधि**— शिवसंहिता में कहा गया है कि मूलाधार चक्र में प्रसुप्त कुण्डली शक्ति को बुद्धिमान साधक अपान वायु पर आरूढ़ होकर उसे बलपूर्वक चालित करे। यह सर्वशक्तिप्रदा शक्तिचालनमुद्रा है। जो साधक प्रतिदिन शक्ति-चालन मुद्रा का अच्छी तरह विधि-विधान के साथ अभ्यास करता है, उसकी आयु में वृद्धि हो जाती है तथा उसके शरीरादि रोगों का ध्वंस हो जाता है। शक्तिचालन मुद्रा के अभ्यास से निद्रा का परित्याग करके कुण्डलिनी शक्ति स्वयं ऊपर उठ जाती है, जागृत हो उठती है; अतः सिद्धि के आकांक्षी साधक को शक्तिचालन मुद्रा का अभ्यास अवश्य करना चाहिए। जो साधक गुरु के मार्गदर्शन में इस मुद्रा का अभ्यास करता है, उसे अणिमादि सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं तथा वह मृत्यु से अतीत हो जाता है।[२]

जो साधक केवल दो मुहूर्त ( दो क्षण ) तक भी इस शक्तिचालन मुद्रा का अभ्यास करता है, उसके लिए योगसिद्धि सहज सुलभ है। योगियों को चाहिये कि वे योगासन में स्थित होकर इस मुद्रा का अभ्यास करें।

इस दस मुद्राओं के समान योगाभ्यास न तो कभी भूतकाल में था और न ही भविष्य में इनके समान कोई अभ्यास होगा। एक-एक का अभ्यास ही पूर्ण विधि से करने पर परम सिद्धिदायक है। योगसाधना में सिद्धि का मुख्यतम उपाय मुद्राभ्यास है; अन्य साधनाओं की कोई आवश्यकता नहीं है।[३]

---

१. इयं तु मध्यमा नाड़ी दृढ़ाभ्यासेन योगिनाम्।
आसनप्राणसंयाममुद्राभिः सरला भवेत्।। ( हठयोगप्रदीपिका )

२. आधारकमले सुप्तां चालयेत् कुण्डलीं दृढ़ाम्।
अपानवायुमारुह्य बलादाकृष्य बुद्धिमान्।
शक्तिचालनमुद्रेयं सर्वशक्तिप्रदायिनी।।
शक्तिचालनमेवं हि प्रत्यहं यः समाचरेत्।
आयुर्वृद्धिर्भवेत्तस्य रोगाणां च विनाशनम्।। ( शिवसंहिता )

३. विहाय निद्रां भुजगी स्वयमूर्ध्वे भवेत्खलु। तस्मादभ्यासनं कार्यं योगिना सिद्धिमिच्छता।।
यः करोति सदाभ्यासं शक्तिचालनमुत्तमम्। येन विग्रहसंसिद्धिः स्यादणिमादिगुणप्रदा।।

**घेरण्डसंहिता की शक्त्युत्थापन-विधि**— घेरण्ड ऋषि कहते हैं कि एक बालिस्त चौड़ा और चार अंगुल लम्बा श्वेत मुलायम वस्त्र नाभि पर रखकर उसे कटिसूत्र से बाँध लेना चाहिए। शरीर में भस्म का लेप करके सिद्धासन लगाकर प्राणवायु को खींचकर अपान वायु से मिलाना चाहिए। जब तक सुषुम्ना द्वार से वायु प्रवेश न कर जाय, तब तक अश्विनी मुद्रा से गुह्य का आकुञ्चन करते रहना चाहिए। इस प्रकार श्वास रुकने से कुम्भक के प्रभाव से सर्पाकार कुण्डलिनी जाग कर ऊर्ध्व मार्ग में खड़ी हो जाती है। शक्तिचालिनी मुद्रा के विना योनिमुद्रा सिद्ध नहीं होती।

घेरण्ड ऋषि यह भी कहते हैं कि यह मुद्रा सर्वाधिक गोपनीय है। प्रतिदिन प्रयत्न एवं गोपनीयता के साथ इसका अभ्यास करते जाना चाहिए। यह मुद्रा जरा एवं मृत्यु— दोनों का ध्वंस करने वाली है। इसके नित्याभ्यास से रोगों का क्षय होता है और सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं—

नित्यं योऽभ्यसते योगी सिद्धिस्तस्य करे स्थिता।
तस्य विग्रहसिद्धिः स्याद् रोगाणां संक्षयो भवेत्।।[1]

घेरण्डसंहिता में शक्तिचालिनी मुद्रा के सन्दर्भ में कहा गया है कि कुण्डलिनी मूलाधार में सार्धत्रिवलय होकर सर्पिणी के रूप में सोयी हुई है। उसके सुप्तावस्था में योगी अज्ञावस्था में रहता है। जैसे चाभी से ताला खुलता है, उसी प्रकार कुण्डलिनी के जागरण से ब्रह्मरन्ध्र का बन्द द्वारा खुलता है। नाभि को वस्त्र से लपेट कर एकान्त स्थान में शक्ति-चालनी मुद्रा का अभ्यास करना चाहिये—

मूलाधारे आत्मशक्तिः कुण्डली परदेवता।
शयिता भुजगाकारा सार्धं त्रिवलयान्विताः।।आदि।।

इस साधना में बालिस्त भर चौड़ा एवं चार अंगुल लम्बा श्वेत एवं कोमल वस्त्र नाभि पर रखकर कटिसूत्र में बाँधा जाता है और शरीर में भस्म का लेपन करके, सिद्धासन से बैठकर, प्राण को खींचकर उसे अपान से मिलाने की क्रिया करनी पड़ती है।[2]

---

गुरूपदेशविधिना तस्य मृत्युभयं कुतः। मुहूर्तद्वयपर्यन्तं विधिना शक्तिचालनम्।।
यः करोति प्रयत्नेन तस्य सिद्धिरदूरतः। युक्तासनेन कर्तव्यं योगिभिः शक्तिचालनम्।।
एततु मुंद्रादशकं न भूतं न भविष्यति। एकैकाभ्यासनं सिद्धिः सिद्धो भवति नान्यथा।।
( शिवसंहिता )

१. घेरण्डसंहिता ( ३.५९-६० )

२. वितस्तिप्रमितं दीर्घं विस्तारे चतुरङ्गुलम्।
मृदुलं धवलं सूक्ष्मं वेष्टनालम्बरलक्षणम्।।
एवमम्बरयुक्तं च कटिसूत्रेण योजयेत्।
भस्मना गात्रसंलिप्तं सिद्धासनं समाचरेत्।।

मुद्रायें कालवञ्चनात्मिका भी हैं—

तस्य वाक्यपरो भूत्वा मुद्राभ्यासे समाहित:।
अणिमादिगुणै: सार्धं लभते कालवञ्चनम्।।

## मुद्रा और राजयोग

मुद्राओं की सिद्धि कब होती है? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए स्वात्माराम मुनीन्द्र कहते हैं कि मुद्रायें केवल शारीर व्यापार या शारीर अभ्यासमात्र नहीं है; प्रत्युत ये मन:साधनात्मक हैं; अत: इनकी सिद्धि में राजयोग की प्रधान भूमिका है; इसीलिए हठयोगप्रदीपिका में कहा गया है—

नासाभ्यां प्राणमाकृष्य अपाने योजयेद् बलात्।
तावदाकुञ्चयेद् गुह्यं शनैरश्विनमुद्रया।।
यावद् गच्छेत् सुषुम्नायां वायु: प्राकाशयेद् हठात्।
तदा वायुप्रबन्धेन कुम्भिका च भुजङ्गिनी।।
बद्धश्वासस्ततो भूत्वा ऊर्ध्वमार्गं प्रपद्यते।
शक्तेर्विना चालनेन योनिमुद्रा न सिध्यति।। (३/५३-५७)
गोपनीयं प्रयत्नेन दिने दिने समभ्यसेत्।
मुद्रेयं परमा गोप्या जरामरणनाशिनी।।
तस्मादभ्यासनं कार्यं योगिभि: सिद्धिकांक्षिभि:।।

शक्तिचालिनी के बाद ही योनिमुद्रा का अभ्यास करना चाहिये। हे चण्डकपाले! इस प्रकार शक्तिचालनी मुद्रा का प्रतिदिन अभ्यास करना चाहिए। जो योगी इसका अभ्यास करता है, उसे सिद्धियाँ एवं विग्रहसिद्धि प्राप्त तो होती ही हैं; साथ ही उसके रोग भी नष्ट हो जाते हैं। इसी सन्दर्भ में घेरण्ड ऋषि कहते हैं—

आदौ चालनमभ्यस्य योनिमुद्रां समभ्यसेत्।
इति ते कथितं चण्डकापाले शक्तिचालनम्।।
गोपनीयं प्रयत्नेन दिन दिने समभ्यसेत्।
मुद्रेयं परमा गोप्या जरामरणनाशिनी।।
तस्मादभ्यासनं कार्यं योगिभि: सिद्धिकांक्षिभि:।
नित्यं योऽभ्यसते योगी सिद्धिस्तस्य करे स्थिता।
तस्य विग्रहसिद्धि: स्यात् रोगाणां संक्षयो भवेत्।।

कुण्डलिनी शक्ति आधारकमल में सो रही है, उसे जगाकर बलपूर्वक अपान वायु का आकर्षण करना चाहिए। यही शक्तिचालनी मुद्रा है। यह सर्वशक्तिप्रदा क्रिया है—

आधारे कमले सुप्तां चालयेत् कुण्डलीं दृढ़ाम्।
अपानवायुमारूह्य बलादाकृष्य बुद्धिमान्।
शक्तिचालनमुद्रेयं सर्वशक्तिप्रदायिनी।।

हठयोगप्रदीपिका में कहा गया है कि ७२००० नाड़ियों के शोधन में ( उनमें स्थित अशुद्धि को दूर करने में ) शक्तिचालनमुद्रा ( कुण्डलिनी के अभ्यास ) से बढ़कर कोई प्रक्षालनोपाय नहीं है—

द्वासप्ततिसहस्राणां नाडीनां मलशोधने। कुत: प्रक्षालनोपाय: कुण्डल्यभ्यसनादृते।।

राजयोगं विना पृथ्वी राजयोगं विना निशा।
राजयोगं विना मुद्रा विचित्रापि न शोभते।।

साधक को प्राणायाम की सभी विधियों को मनोयोगपूर्वक करना चाहिए और उस मनीषी को मन की प्रवृत्ति किसी विषयान्तर में निरत नहीं करनी चाहिये—

इतरत्र न कर्तव्या मनोवृत्तिर्मनीषिणा।

सर्वेश्वर भगवान् आदिनाथ शम्भु ने इन्हीं अभ्यासों को दश महामुद्रा कहा है। ये महासिद्धिप्रदायिका हैं। इसकी प्रत्येक मुद्रा महासिद्धिप्रदा है—

इति मुद्रा दश प्रोक्ता आदिनाथेन शम्भुना।
एकैका तासु यमिनां महासिद्धिप्रदायिनी।।

जो इन मुद्राओं का उपदेष्टा योगी है, वही गुरु, स्वामी एवं ईश्वर है—

उपदेशं हि मुद्राणां यो दत्ते साम्प्रदायिकम्।
स एव श्रीगुरुः स्वामी साक्षादीश्वर एव सः।।

राजयोग है क्या? स्वात्माराम मुनीन्द्र कहते हैं कि राजयोग वृत्त्यन्तरनिरोधपूर्वक आत्मगोचर एवं धारावाहिक रूप में प्रसृत ( प्रवाहित ) निर्विकल्प वृत्ति है। ज्योत्स्ना में यही व्याख्या की गई है— 'वृत्त्यन्तरनिरोधपूर्वकात्मगोचरधारावाहिकनिर्विकल्पकवृत्तिः राजयोगः।'

**राजयोगं विना पृथ्वीः**— राजयोग के विना पृथ्वी शोभित नहीं होती। पृथ्वी का क्या अर्थ है? ज्योत्स्नाकार का कथन है कि 'पृथ्वी' शब्द स्थैर्य गुण का प्रतिनिधि एवं सूचक है। आसन में स्थिरता आवश्यक है। पृथ्वी भूतत्त्व है। भूतत्त्व स्थिर है। जल, अग्नि एवं वायु तत्त्व अस्थिर हैं, अतः पृथ्वी को स्थिरता का सूचक मान लिया गया है। पृथ्वी का नाम ही है— ( अचला ) स्थिर। यद्यपि नक्षत्र-विज्ञान की दृष्टि से पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है; अतः स्थिर नहीं है, तथापि अपने पिण्ड के भीतर वह स्थिर है। वह बाहर अपनी सम्पूर्ण पिण्डात्मक रचना के रूप में सूर्य की परिक्रमा करते हुए ३६५ दिन ५ घण्टे ८८ मिनट एवं ४५.५१ सेकेण्ड लगाती है। अपनी धुरी पर भी वह स्थिर नहीं है; तथापि अपने मध्य में स्थिरवत् है; अन्यथा पृथ्वी तूफान जैसी होती। पृथ्वी के सम्बन्ध में प्रारम्भिक मत यह था कि पृथ्वी ब्रह्माण्ड का एक ऐसा अचल केन्द्र है, जिसके चारो ओर सूर्य, नक्षत्र तथा अन्य खगोलपिण्ड चक्कर काटते हैं। इस सिद्धान्त के प्रथम प्रवर्त्तकों में निडोस के यूरोडाक्सियस ( ३६० ई० पूर्व पू० ) एक थे । यूनानी दार्शनिक अरिस्टाकस ( ३१०-३२० ई० पू० ) का मत यह नहीं था। उनके अनुसार 'स्थिर नक्षत्र एवं सूर्य स्थिर हैं। पृथ्वी एक वृत्त की परिधि के चारो ओर की परिक्रमा करती है और सूर्य इस परिक्रमा-कक्ष के केन्द्र में है।'

अलेक्जेण्ड्रिया के दार्शनिक कलाडियस टालमी का अभिमत है कि निडोस के दार्शनिक

यूरोडाक्सियस का मत वैज्ञानिक नहीं है। कापरनिकस ( १४७३-१५४३ ) ने कहा कि सूर्य ही ब्रह्माण्ड का केन्द्र है और पृथ्वी अचला नहीं— स्थिर नहीं; अस्थिर है और वह सूर्य की परिक्रमा करती है—

१. पृथ्वी का अपनी धुरी पर परिक्रमा का काल २३ घण्टा, ५६ मिनट और ४.९ सेकेण्ड।

२. पृथ्वी की सूर्य के चतुर्दिक प्रदक्षिणा का काल ३६५ दिन, ५ घण्टे, ८८ मिनट और ४५.५१ सेकेण्ड।

जिस प्रकार थाली को पीटने पर उस पर रक्खे छोटे कण नाचने या हिलने लगते हैं, ठीक उसी प्रकार यदि पृथ्वी भी अस्थिर होती तो उस पर स्थित पहाड़, नदियाँ, नगर, मकान आदि कोई भी स्थिर नहीं रह पाते; अत: पृथ्वी आपेक्षिक दृष्टि से तो स्थिर ही है। इसी दृष्टि से ज्योत्स्ना में ब्रह्मानन्द गिरि कहते हैं—

पृथ्वीशब्देन स्थैर्यगुण: राजयोगादसनं लक्ष्यते।

पृथ्वी का अर्थ है— स्थैर्य। राजयोग का अर्थ है— आसन।

राजयोग के विना परमपुरुषार्थस्वरूप मोक्ष प्राप्त करना सम्भव नहीं है— 'राजयोगं विना परमपुरुषार्थफलासिद्धि: इति हेतुरग्रेऽपि योजनीय:।'

'राजयोगं विना निशा' क्यों कहा गया है? निशा के समान कुम्भक प्राणायाम राजयोग के विना शोभायमान नहीं होता; क्योंकि जिस प्रकार रात्रि में राजपुरुषों का सञ्चार नहीं होता, उसी प्रकार कुम्भक ( प्राणायाम ) में प्राणों का सञ्चार नहीं होता।

निशा का अर्थ है— कुम्भक प्राणायाम। निशाशब्देन प्राणसञ्चाराभाव:, कुम्भक प्राणायाम=निशा।

राजयोग का अर्थ है— राजयोग नामक ज्ञान एवं मन:प्रधान साधना। 'निशाशब्देन प्राणासञ्चाराभावलक्षण: कुम्भको लक्ष्यते। राजयोगं विना निशेव निशा कुम्भको न राजते । निशायां प्रायेण राजजनसञ्चाराभावात्।'

राजयोगं विना मुद्रा विचित्राऽपि न शोभते। अर्थात् राजयोग के विना मुद्रा भी सुशोभित नहीं होती।

## २१. योगमुद्रा

पद्मासन से बैठकर हथेलियों को एड़ियों पर रखिये। धीरे-धीरे श्वास बाहर निकाल कर एवं आगे झुककर मस्तक को जमीन से लगाइये। यदि अधिक समय तक अभ्यास करना हो तो सामान्यावस्था में ( प्रथमावस्था में आकर ) श्वास लें। हाथों को एड़ियों पर न रखकर पीठ पर भी रख सकते हैं। बायीं कलाई को दाहिनी कलाई से पकड़ें। इससे पेट के सभी विकार दूर हो जाते हैं।

## २२. भुजङ्गिनी मुद्रा

मुख को थोड़ा फैलाकर गले के द्वारा वायु-पान करना भुजंगिनी मुद्रा कहलाती है। फल = वार्धक्य + मृत्यु का निवारण।

## २३. मातङ्गिनी मुद्रा

मुख से निकालने के बाद मुख से खींचकर दोनों नासारन्ध्रों से निकालने की क्रिया को मातंगिनी मुद्रा कहते हैं।

## २४. काकी मुद्रा

मुख को कौवे की चोंच के समान बनाकर धीरे-धीरे वायु-पान करने को काकी मुद्रा कहते हैं। फल = रोग-राहित्य।

**सन्त ज्ञानेश्वर की दृष्टि**— ज्ञानेश्वर ने भावार्थदीपिका में मूल बन्ध का बहुत सरल ढंग से वर्णन किया है। वे कहते हैं कि जंघे को पिंडुली से मिला दो। पाँव के तलुए एक पर एक ड्योढ़ा करके गुदास्थान के मूल में स्थिर रखकर जोर से दबाओ। दाहिना पाँव नीचे रक्खो एवं वृषण से गुदास्थान तक जो रेखा है, उसे उससे दबाओ। इस वृत्ति में बायाँ पाँव अपने-आप ही ऊपर रहेगा। गुदा और शिश्न के मध्य जो केवल चार अंगुल स्थान है, उसमें से दोनों ओर डेढ़-डेढ़ अंगुल छोड़कर बीच में जो एक अंगुल जगह रह जाती है, वहाँ एडी के उत्तर भाग से दबाओ और शरीर स्थिर करो। पीठ के नीचे का भाग इस प्रकार उठाओ कि उठाया प्रतीत न हो तथा दोनों घुटनों का भी सन्तुलन सम्भालो। इस स्थिति में सम्पूर्ण शरीर एड़ी के मस्तक पर रहेगा। हे अर्जुन! यही है— मूलबन्ध। इसे ही गौण वज्रासन भी कहते हैं। इस प्रकार जब मूलाधार का बन्ध सिद्ध हो जाता है और अपान वायु का अधोमार्ग बन्द हो जाता है तब वायु भीतर की ओर संकुचित होने लगती है।[१]

नाभि के नीचे स्वाधिष्ठान चक्र के ऊपर जो बन्ध बनता है, उसे उड्डीयान बन्ध कहते हैं। इसी प्रकार जब ठोढ़ी कण्ठ के नीचे के गड्ढे में जम जाती है, हृदय को जोर से दबाती है और कण्ठमणि अदृश्य हो जाती है तो इस बन्ध को जालन्धर बन्ध कहते हैं।[२]

मूलबन्ध के द्वारा अपान वायु को बन्द कर दिया जाता है। फिर पीछे वह पलटती है और संकुचित होते ही तत्काल फूलती है। सन्ताप से वह उन्मत्त हो जाती है और

१. पक्षान्तर में की गई व्याख्या—

( क ) राज्ञो नृपस्य योगो राजयोगो ( राजा के साथ संयोग या मिलन = राजयोग ) राज-सम्बन्धस्तं विना पृथ्वी भूमिर्न राजते। शास्तारं विना भूमौ नानोपद्रवसम्भवात् ।

२. राजा चन्द्रः सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानां राजा ( श्रुति )। तस्य योगं सम्बन्धं विना निशा रात्रिर्न राजते। राजा = चन्द्रमा। चन्द्रमा के विना निशा सुशोभित नहीं होती = राजयोगं विना निशा।

मनमानी जगहों में गर्जन करती है और ठहर-ठहर कर नाभिकमल मणिचक्र से लड़ने लगती है। वह सारे पेट को खोज डालती है और बाल्यावस्था का समस्त सड़ा कीचड़ बाहर फेंक देती है। वह शरीर के कोष्ठ-कोष्ठ को खोजती है और कफ एवं पित्त का स्थान नहीं रहने देती। वह धातु के समुद्रों को उलट देती है। वह मेदा के पर्वतों को फोड़ डालती है तथा भीतरी हड्डी से मिली हुई मज्जा को बाहर निकालती है और नाड़ियों का सम्बन्ध छुड़ा देती है।[1]

**शक्त्युत्थापनसम्बन्धिनी ज्ञानेश्वर की दृष्टि**— मूलबन्ध लगाने पर कुण्डलिनी निरुद्ध अपान वायु अवयवों को शिथिल कर डालती हैं। अपान वायु साधकों को भयभीत कर देती है। वह व्याधियाँ भी प्रकट करती है तथा साथ ही उसको नष्ट भी कर देती है। वह जलतत्त्व एवं पृथ्वी तत्त्व— दोनों को एक में सान डालती है।

दूसरी ओर लगे हुए आसन की ऊष्णता से कुण्डलिनी नामक शक्ति को जागृत कर देती है। जैसे कोई नागिन का सँपोला कुंकुम नहाया हुआ हो और अनेक वलयों में वलयित होकर सो रहा हो, उसी प्रकार की छोटी-सी कुण्डलिनी साढे तीन वलयों ( सार्ध त्रिवलयों ) में वलयित होकर और मुख को मध्य में किये हुये सर्पिणी के समान सोती रहती है। वह देखने में ऐसी प्रतीत होती है; मानों वह—

१. कुंकुम में नहाया हुआ संपोला हो।

२. विद्युतनिर्मित कंकण हो।

३. अग्नि-ज्वालाओं से परिवेष्टित एक विशिष्ट रचना हो।

४. घोंटे हुए सोने का पासा हो।

५. वह छोटे से स्थान में दबी हुई पड़ी रहती है; किन्तु वज्रासन के दबाव के कारण जाग जाती है। जगने पर वह ऐसी प्रतीत होती है; मानो—

( क ) कोई नक्षत्र उलटा पड़ा हो।

( ख ) सूर्य का आसन छूट गया हो।

( ग ) चतुर्दिक प्रसृत तेज के बीज से अंकुर फूटे हों।

ऐसी कुण्डलिनी अपने वलयों ( फेटों ) को छोड़कर कौतुक के साथ अंगड़ाई लेती हुई नाभिस्थान पर दिखाई पड़ती है। चिरकाल से भूखी और हठपूर्वक जगाने से जागृत वह कुण्डलिनी भोजन के लिए ऊपर की ओर मुंह फाड़ती है और हृदयकमल के नीचे स्थित पवनसमूह को खा जाती है और माँसल स्थानों के कुछ भागों को अपना ग्रास ( कवल )

---

राजयोगं विना नृपसम्बन्धं विना मुद्रा राजभिः पत्रेषु क्रियमाणश्चिह्नविशेषः। विचित्रापि पृथ्वीपक्षे रत्नादिजनकत्वेन विलक्षणापि। निशापक्षे ग्रहनक्षत्रादिभिर्विचित्रापि। मुद्रापक्षे रेखाभिर्विचित्राऽपि न राजते। ( ब्रह्मानन्द गिरि-ज्योत्स्ना )

१. भावार्थदीपिका। ( श्लोक ६.१२-१३ )

बना ड़ालती है। फिर वह हृदय के भी एक-दो ग्रास चट कर जाती है। तत्पश्चात् वह तलुवों एवं हथेलियों का भी भेदन करती है और प्रत्येक अवयव की ग्रन्थियों में भी पहुँचती है। वह अधोभाग को भी नहीं छोड़ती। वह नख का भी सत्त्व निकाल लेती है और त्वचा के ढांचे को हड्डी के कंकाल से जोड़ देती है। वह हड्डियों की नलियों का भी रस निकालती है, नसों के जाले धो डालती है; जिससे कि रोममूलों की वृद्धि बन्द हो जाती है। फिर वह तृषाकुल कुण्डलिनी सप्तधातुओं के समूह को भी पीती है, जिससे कि शरीर का प्रत्येक भाग शुष्क हो जाता है। वह नासारन्ध्रों से निःसृत एवं १२ अंगुल पर्यन्त प्रसृत वायु को हटाकर भीतर घुस जाती है और तब नीचे की वायु ऊपर चढ़ती है एवं ऊपर की वायु नीचे उतरती है। जब इन दोनों वायुओं का मिलन होता है तब चक्रों के मात्र सूक्ष्म पुर्जे ही बच पाते हैं। कुण्डलिनी इन दोनों से कहती है कि जाओ, तुम्हारी यहाँ कोई उपयोगिता नहीं है।

कुण्डलिनी शरीर के पृथ्वी से सम्बद्ध धातु को पूर्णतया खा जाती है। वह इसमें से कुछ भी शेष नहीं रहने देती। फिर वह जलतत्त्व को भी पूर्णतया अपना आहार बना ड़ालती है। पृथ्वीतत्त्व एवं जलतत्त्व— दोनों का आहार कर चुकने के बाद वह तृप्त हो जाती है और इसी स्थिति में सुषुम्ना नामक नाड़ी के पास शान्त होकर स्थित हो जाती है।

वह आहारोपरान्त प्राप्त तृप्ति से ( सन्तुष्टि द्वारा ) मुख से जो गरल उगलती है, उसी अमृत से प्राणवायु जीवन धारण करती है। वह विष भीतर से बाहर की ओर अग्नि के रूप में निकालता है, किन्तु वह शैत्य फैलाता है; जिसके परिणामस्वरूप शिथिलीकृत, गलित, शुष्क एवं निष्प्राणीभूतवत् शरीरावयव दृढ़ होने लगते हैं।

कुण्डलिनी के जागरण की इस अवस्था में—

१. नाड़ियों के मार्ग बन्द हो जाते हैं।

२. नवों प्रकार के वायु की गति बन्द हो जाती है।

३. इड़ा-पिंगला नाड़ियाँ एक में मिल जाती हैं।

४. तीनों ग्रन्थियाँ छूट जाती हैं।

५. चक्रों की कलियाँ खिल उठती हैं।

६. चन्द्रमा और सूर्य नामक कल्पित वायु ढूँढ़ने पर भी कहीं दृष्टिगत नहीं होते।

७. बुद्धि का विकास बन्द हो जाता है।

८. घ्राणेन्द्रिय में स्थित सौरभ कुण्डलिनी के साथ नाड़ी में प्रविष्ट हो जाता है।

९. ऊर्ध्वस्थित समस्त चन्द्रामृत सरोवर कुण्डलिनी के मुख में गिर पड़ता है।

१०. इसके द्वारा नली में जो रस भर जाता है, वह समस्त शरीर में फैल जाता है और प्राणवायु के योग से यत्र-तत्र शुष्क हो जाता है।[१]

---

१. भावार्थदीपिका।

११. उस समय शरीर के रूप से मानों कान्ति ही अवतार ग्रहण करती है और ऊपर से त्वचारूपी आवरण डाल लेती है।

ऐसा प्रतीत होता है मानों, सूर्य मेघरूपी घूंघट काढ़े हुए है और मेघ के हट जाने पर वह अत्यन्त तेजस्वी दृष्टिगोचर हो रहा हो। ठीक इसी प्रकार जो शरीर त्वचारूपी सूखा पड़ा रहता है, वह भूसे की भाँति झड़ जाता है। उस समय शरीर के अवयवों की कान्ति ऐसी प्रतीत होती है जैसे वह स्फटिक से बनी हो या रत्नरूपी बीज में अंकुर प्रस्फुटित हो उठे हों, या सन्ध्याकाल के आकाश का रंग निकाल कर उन्हीं से ही कोई नया शरीर बना दिया गया हो, या आत्मज्योति का लिंग ही परिमार्जित करके रख दिया गया हो, या शरीर कुंकुम से नहाया हुआ हो, या आत्मरस ही शरीर के रूप में ढाल दिया गया हो, या शान्ति ने ही मूर्ति का रूप धारण कर लिया हो, या आनन्दस्वरूप चित्र ही लिपि के रूप में प्रकट हो गया हो ( आनन्दरूपा चित्र की लिखावट हो ), या महासुख की प्रतिमा हो या सन्तोषरूपी वृक्ष का पौधा रोपा गया हो, या महासुख का विग्रह हो, या सन्तुष्टिरूप वृक्ष का रोपा लगाया गया हो, या स्वर्णचम्पक की कलिका हो, या अमृत की मूर्ति हो, या मसृणता की बरेज में वसन्त आ गया हो, या शरदर्तु की आर्द्रता से चन्द्रबिम्ब पल्लवित हो उठा हो, या मूर्तिमान तेज ही आसनस्थ हो गया हो। कुण्डलिनी के अमृत का पान करते समय योगी का शरीर इसी प्रकार तेजस्वी, आकर्षक एवं सुन्दर बन जाता है। उस तेजोमय देह को देखकर यमराज भी भयभीत हो उठता है। यह शरीर वार्धक्य के बन्धन से अतीत हो जाता है। यौवन की ग्रन्थि का उद्भेदन हो जाता है। उसकी आयु यथार्थ आयु से कम दिखाई पड़ती है।

उसके शरीर में ऐसे नए नख निकलते हैं, जो ( देखने पर ) स्वर्ण के वृक्ष के पल्लवों में नित्य नव्य रत्नों की कलिकाओं के समान दृष्टिगत होते हैं। दाँत भी नए हो जाते हैं और छोटे-छोटे होते हैं। ये देखने में ऐसे लगते हैं, मानों हीरों की पंक्तियाँ बैठा दी गई हों। शरीर में जो रोमों के अंकुर होते हैं, वे ऐसे लगते हैं मानों माणिक्य के नोकदार कण हों। हथेलियाँ एवं तलवे रक्त कमल के समान दृष्टिगत होते हैं। नेत्र निर्मल हो जाते हैं। नेत्र ऐसे दिखते हैं मानों पक जाने पर सीपी का सीवन तोड़कर मोती बाहर निकल आये हों या सीपी की सियन खुल गई हो, जिससे मोती बाहर दिखने लगे हों । यही दृश्य दिखाई पड़ता है, ऐसे योगी के अर्धोन्मीलित नेत्रों का। दृष्टि पलकों में नहीं समाती और निकलकर व्यापक होना चाहती है। वह रहती तो अर्धोन्मीलित ही है; किन्तु आकाश तक व्याप्त रहती है।

ऐसे योगी का शरीर स्वर्ण का हो जाता है; किन्तु वह सोना के समान वजनी नहीं होता; प्रत्युत वायु का लघुत्व रखता है। उसमें पृथ्वी एवं जल के अंश नहीं रहा करते। उसे समुद्र का तट दिखाई पड़ता है और स्वर्ग का सुमधुर स्वर दृष्टिगोचर होता है। उसे

चींटी के मन का समाचार, अवस्था एवं मनोभाव ज्ञात हो जाता है। वह पवन के अश्व पर सवार हो सकता है। वह जल पर चले तो उसके तलुवे भीगते नहीं। उसे इसी प्रकार की अनेक सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं।

## २५. कुण्डलिनी

प्राणों का हाथ पकड़कर हृदयाकाश की सीढ़ी बनाकर सुषुम्ना नाड़ी के जीने से पहुँची हुई जगदम्बा कुण्डलिनी चैतन्य-चक्रवर्ती है। उसने जगद्बीज ओंकार के अंकुररूप जीव पर छाया की है। वह निराकार ब्रह्म का साकार विग्रह है। वह परमात्मा शिव का सम्पुट है। वह ओंकार की प्रसवित्री जन्मभूमि है। वह कुण्डलिनी बाला जब हृदय में पहुँचती है तो अनाहत ध्वनि करने लगती है। उसके साथ बुद्धि की चेतना उपस्थित रहती है। इसी कारण बुद्धि को वह मधुर ध्वनि श्रुतिगोचर होती रहती है। वह ध्वनि ऐसी सुनाई पड़ती है, मानों घोषाकार कुण्ड में ध्वनि-चिह्न के आकार एवं ओंकार के रूप में लिखे गए हों। चूँकि वहाँ कल्पना करने वाला भी नहीं रहता; अतः यह ज्ञात नहीं होता कि कहाँ से किस वस्तु की ध्वनि श्रुतिगोचर हो रही है।

जब तक पवनतत्त्व का नाश नहीं होता तब तक आकाश में ध्वनि होती रहती है और आकाश गरजता रहता है। इस समय सहज रूप में ही ब्रह्मरन्ध्र की खिड़की खुल जाती है।[१]

कमलगर्भ के आकार के महदाकाश में, जो कि चैतन्यविग्रह है, कुण्डलिनी परमेश्वरी मानों तेजरूपी कलेवा अर्पित करती है। वह बुद्धिरूपी शोक का इस प्रकार नैवेद्य अर्पित करती है कि द्वैत का ध्वंस हो जाता है। इस स्थिति में कुण्डलिनी अपना तेज परित्यक्त करती है और केवल प्राणस्वरूप में अवशिष्ट रह जाती है। वह इस प्रकार दृष्टिगत होती है, मानों पवन की पुत्रिका ( कठपुतली ) ने अपनी ओढ़ी हुई सोने की साड़ी उतार कर रख दी हो। ऐसा प्रतीत होता है मानों किसी दीपक की दृष्टि वायु से लड़कर लुप्त हो गई हो या विद्युत् चमक कर आकाश में विलीन हो गई हो।

हृदयकमल में कुण्डलिनी ऐसी दिखती है, मानों वह सोने की शलाका हो या कोई प्रकाश का प्रपात प्रवाहित हो रहा हो। उस शक्ति का रूप शक्ति में उसी प्रकार समाविष्ट या संलीन हो जाता है, जैसे हृदय भूमि के दर्रे में समा गया हो।

उसे या तो शक्ति कहें या प्राण— वह दोनों है। इस समय वह प्राण के रूप में रहती है। इस समय नाद, बिन्दु, कला, ज्योति— ये नहीं रह जाते। इस समय मन को वशीकृत करना, पवन का आश्रय लेना या ध्यानाभ्यास करना आदि निरर्थक हो जाता है। पिण्ड से पिण्ड का ग्रास, जो कि नाथ सम्प्रदाय का मर्म है, वही भगवान् कृष्ण ने गीता में उद्घाटित किया है।

---

१. भावार्थदीपिका।

जब शक्ति के तेज का लोप हो जाता है तब देह का रूप भी मिट जाता है और योगी इतना सूक्ष्म हो जाता है कि आँख में भी छिप सकता है। वह सावयव होते हुए भी वायुस्वरूप हो जाता है। ऐसा लगता है मानों केले के वृक्ष का गाभा अपने आच्छादन का त्याग करके खड़ा हो गया हो या आकाश के शरीर में अंग उत्पन्न हो गये हों। इस प्रकार का शरीर प्राप्त करने पर उसे खेचर कहते हैं। यह पद प्राप्त होते ही अनेक चमत्कार प्रकट होने लगते हैं। यथा—

१. योगी जहाँ-कहीं से भी निकल जाय, उसके पावों से निर्मित रेखाओं के स्थान पर अणिमादिक सिद्धियाँ उपस्थित हो जाती हैं।

२. देह के देह में पृथ्वी, जल और तेज ( अग्नितत्त्व ) तीनों महाभूत लुप्त हो जाते हैं।

३. हृदय में पृथ्वीतत्त्व को जलतत्त्व गला देता है। जलतत्त्व अग्नितत्त्व को शुष्क कर डालता है और वायुतत्त्व अग्नितत्त्व को बुझा देता है। फिर केवल वायुतत्त्वमात्र शेष रह जाता है। वह शरीर को आधार प्रदान किये रहता है।

४. इसके अनन्तर वायुतत्त्व भी आकाशतत्त्व में विलीन हो जाता है। इस समय कुण्डलिनी की 'कुण्डलिनी' आख्या न रहकर वायु हो जाती है अर्थात् कुण्डलिनी का नाम वायु हो जाता है। 'कुण्डलिनी' नाम के बदले उसका नाम 'वायु' पड़ जाता है।

५. जब तक कुण्डलिनी ब्रह्म में समाविष्ट नहीं हो जाती, तब तक उसकी शक्ति बनी रहती है। फिर वह जालन्धर बन्ध छोड़ देती है और सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश करती है एवं गगनरूपी पहाड़ी पर जा पहुँचती है।

६. अब कुण्डलिनी ओंकार की पीठ पर पाँव रखकर शीघ्रता से पश्यन्ती वाक् रूपी सीढ़ी पर चढ़ जाती है और जिस प्रकार सागर में सरिता उसी प्रकार ओंकार की अर्द्धमात्रा तक आकाशतत्त्व के हृदय में जा मिलती हुई दिखाई देती है। फिर वह ब्रह्मरन्ध्र में स्थिर रहकर सोऽहंभावरूपी भुजायें फैलाकर दौड़ती हुई परब्रह्म से मिल जाती है। उस काल में पञ्चमहाभूतों का आवरण विदीर्ण हो जाता है और शक्ति का शक्तिमान के साथ सामरस्य ( महामिलन ) हो जाता है।

७. उस सामरस्यात्मक ब्रह्मानन्द में आकाशतत्त्व सहित सब कुछ विलीन हो जाता है। उस समय ऐसा प्रतीत होता है; मानों समुद्र ही मेघों के मुख से निकलकर नदी-प्रवाह में बहकर अपने-आप में ही मिल गया हो।[१]

इस समय ऐसा प्रतीत होता है; मानों ब्रह्म ही ब्रह्मपद में समाविष्ट गया हो। ऐसी लोकोत्तर एकता की दशा उपस्थित हो जाती है। इस समय द्वैत निर्मूल हो जाता है।

८. इस समय गगन में गगन विलीन हो जाता है। उस अवस्था का जिसे अनुभव हो जाय, वही सिद्ध पुरुष है।

१. भावार्थदीपिका।

९. उस अनुभव की वार्ता वाणी के हाथ में नहीं आती; अतः संवादरूपी ग्राम में पहुँचना सम्भव नहीं रह पाता। यहाँ तक कि इस अभिप्राय को प्रकट करने वाली वाणी भी दूर रह जाती है।[१]

१०. इस समय भृकुटी की पिछली ओर मकार का भी प्रवेश नहीं हो पाता। अकेले प्राण को भी गगन में प्रवेश करने में सङ्कट का सामना करना पड़ता है और जब वह वहीं मिल जाता है तब शब्दरूपी दिन का अस्त हो जाता है और आकाश का ध्वंस हो जाता है। अतएव महदाकाश के शरीर में जब आकाश का भी ठिकाना नहीं लगता, तब भला शब्द की थाह लग पाना कहाँ सम्भव है? यह वस्तु वाणी द्वारा वर्ण्य एवं कानों द्वारा श्रव्य नहीं है। यदि दैवयोग से कुछ अनुभव प्राप्त हो जाता है तो अनुभवी साधक तद्रूप बन जाता है। उसके अनन्तर कुछ भी ज्ञातव्य नहीं रह जाता।[२]

११. जब शब्द पीछे हटता है तब संकल्प की आयु समाप्त हो जाती है और वहाँ पर विचार की वायु का भी प्रवेश नहीं होता। जो उन्मनी अवस्था की शोभा है, तुर्यावस्था का तारुण्य है, अनादि और अननुमेय परम तत्त्व है, जो विश्व का मूल है, जो योगवृक्ष का फल है, जो आनन्द का जीवन है, जो आकार की अन्तिम सीमा है, जो मोक्ष का एकान्त है, जिसमें आदि और अन्त लीन हो गये हों, जो महाभूतों का बीज है, जो महातेज का तेज है, जो परमात्मा का निजस्वरूप है, वह महासुख अनिर्वाच्य है। यही ब्रह्मप्राप्ति का मार्ग है। इस अनुभूति के होने पर सम्पूर्ण विश्व का लय हो जाता है।[३]

**षट्चक्रनिरूपणम् में कुण्डलिनी का स्वरूप**— पूर्णानन्द यति ने कुण्डलिनी का स्वरूप इस प्रकार चित्रित किया है—

तस्योर्ध्वे बिसतन्तुसोदरलसत् सूक्ष्मा जगन्मोहिनी
ब्रह्मद्वारमुखं मुखेन मधुरं सञ्छादयन्ती स्वयम्।
शङ्खावर्त्तनिभा नवीनचपला मालाविलासास्पदा
सुप्ता सर्पसमा शिवोपरि लसत् सार्द्धत्रिवृत्ताकृतिः।।[४]

कूजन्ती कुलकुण्डली च मधुरं मत्तालिमालास्फुटं
वाचं कोमलकाव्यबन्धरचना भेदातिभेदक्रमैः।
श्वासोच्छ्वासविभञ्जनेन जगतां जीवो यया धार्यते
सा मूलाम्बुजगह्वरे विलसति प्रोद्दामदीप्तावलिः।।

तन्मध्ये परमा कलाऽतिकुशला सूक्ष्मातिसूक्ष्मा परा
नित्यानन्दपरम्परातिविगलत् पीयूषधाराधरा।
ब्रह्माण्डादिकटाहमेव सकलं यद् भासया भासते
सेयं श्रीपरमेश्वरी विजयते नित्यप्रबोधा दया।।[५]

---

१. भावार्थदीपिका।
२. ज्ञानेश्वरः भावार्थदीपिका।
३. ज्ञानेश्वरी।
४. षट्क्रनिरूपण। ( १० )
५. षट्चक्रनिरूपण। ( १२ )

## २६. शाम्भवी मुद्रा

१. मन को आज्ञाचक्र में स्थिर करके, दृष्टि को सम स्थल में अधिकाधिक दो हाथ और कम से कम एक बीता के अन्तर से किसी मनोनीत पदार्थ की कल्पना में केन्द्रित करके स्थिर करना या चलते-फिरते, उठते-बैठते, सोते-जागते एवं कार्य करते समय अपने में अपना लक्ष्य रखकर अलक्ष्य को लक्ष्य बनाना। परा का स्फुरण यशवन्ती बनकर मध्यमा वैखरी के अर्थ की एकता करता है या नहीं? इसी का निरीक्षण करना आन्तर लक्ष्य है। इसी मुद्रा के करने से शिव जी के नाम पर इसका नाम पड़ा— शाम्भवी मुद्रा।

२. नासिकाग्र भाग पर दृष्टि जमाना चाहिए। इसका भाव यह है कि यदि साधक नेत्रों को अधिक खोलेगा तो विक्षेप होगा और सर्वथा बन्द रखने पर आलस्य से चित्त का लय होगा। अतएव भृकुटी के मध्य में लक्ष्य स्थिर करना चाहिए। नेत्रों को यत्किञ्चित् खुला रक्खे, जिससे चित्त का लक्ष्य अन्तर्मुख ( ध्येयाकार ) रहे। दृष्टि बाहर की ओर ( नेत्र खुला ) रहे; किन्तु बाह्य पदार्थ दिखाई न पड़े।

३. दोनों भृकुटियों के मध्य दृष्टि जमाकर स्थिर मन से ध्यान द्वारा परमात्मा का दर्शन करे।

'घेरण्डसंहिता' में कहा गया है कि वेद-शास्त्र-पुराण आदि तो सामान्य गणिका के समान हैं; परन्तु शाम्भवी मुद्रा तो कुलवधू की भाँति सम्माननीय है—

वेदशास्त्रपुराणानि सामान्यगणिका इव।
इयं तु शाम्भवी मुद्रा गुप्ता कुलवधूरिव।।

जो इसे जानता है, वह आदिनाथ नारायण एवं स्रष्टा ब्रह्मा के समान है—

स एव आदिनाथश्च स च नारायणः स्वयम्।
स च ब्रह्मा सृष्टिकरी यो मुद्रां वेत्ति शाम्भवीम्।।[१]

सत्यं सत्यं पुनः सत्यं सत्यमुक्तं महेश्वरः।
शाम्भवीं यो विजानीयात् स च ब्रह्मा न चान्यथा।।

शाम्भवी मुद्रा द्वारा चित्त का लय हो जाता है—

अन्तर्लक्ष्यबहिर्दृष्टिर्निमेषोन्मेषवर्जिता।
एषा सा शाम्भवी मुद्रा वेदशास्त्रेषु गोपिता।।

अन्तर्लक्ष्यविलीनचित्तपवनो योगी यदा वर्तते
दृष्ट्या निश्चलतारया बहिरधः पश्यन्नपश्यन्नपि।
मुद्रेयं खलु शाम्भवी भवति सा लब्धा प्रसादाद् गुरोः
शून्याशून्यविलक्षणं स्फुरति तत्तत्त्वं परं शाम्भवम्।।[२]

---

१. हठयोगप्रदीपिका। ( ४.३५ )　　२. हठयोगप्रदीपिका।

अन्तर्लक्ष्यमनन्यधीरविरतं पश्यन्मुदा संयमी
दृष्ट्युन्मेषनिमेषवर्जितमियं मुद्रा भवेच्छाभवी।
गुप्तेयं गिरिशेन तन्त्रविदुषा तन्त्रेषु तत्त्वार्थिना-
मेषा स्याद्यमिनां मनोलयकरी मुक्तिप्रदा दुर्लभा।।

ऊर्ध्वदृष्टिरधोदृष्टिरुर्ध्ववेधो ह्यधः शिराः।
राधासन्त्रविधानेन जीवन्मुक्तो भवेत्क्षितौ।।

**फल**— श्रीशाम्भव्याश्च खेचर्या अवस्थाधामभेदतः।
भवेच्चित्तलयानन्दः शून्ये चित्सुखरूपिणि।।[१]

## २७. षड्मुखी मुद्रा

अंगूठों से दोनों कान बन्द करना, तर्जनी और मध्यमा से नेत्र बन्द करना एवं अनामिका-कनिष्ठिका से नासारन्ध्रों को बन्द करके ध्यान लगाने से प्रकाश का साक्षात्कार होता है।

## २८. पराङ्मुखी मुद्रा

इसमें कान, नेत्र, नासिका— इन तीनों के दोनों छिद्रों एवं मुख को हाथ की उँगलियों से बन्द करना पड़ता है— 'श्रवणपुटनयनयुगलघ्राणमुखानां निरोधनं कार्यम्।' नादानुसन्धान में इस मुद्रा का प्रयोग किया जाता है; क्योंकि 'शुद्धसुषुम्णासरणौ स्फुटममलः श्रूयते नादः।' इससे नाद स्फुटतापूर्वक श्रुतिगोचर होता है।[२]

## २९. उन्मनी मुद्रा

तारे ज्योतींषि संयोज्य किञ्चिदुन्नमयेद् भ्रुवौ।
पूर्वयोगं मनो युञ्जन्नुन्मनीकारकः क्षणात्।।

इसमें नेत्र के तारों को नासिकाग्र भाग में लगाकर और उससे उत्पन्न ज्योति में मन लगाकर भृकुटियों को थोड़ा ऊपर उठाकर अन्तर्लक्ष्य बहिर्दृष्टि योग की साधना करनी होती है।

## ३०. माण्डूकी मुद्रा

मुख को बन्द करके जिह्वा की जड़ को तालु के ऊपर चलाना चाहिए और शनैः-शनैः सहस्रदल पद्म से निर्गत पीयूष का पान करना चाहिए। पीयूष-पान की इस यौगिक पद्धति को माण्डूकी मुद्रा कहते हैं—

मुखं सम्मुद्रितं कृत्वा जिह्वामूलं प्रचालयेत्।
शनैर्ग्रसेदमृतं तां माण्डूकीमुद्रिकां विदुः।।

**माण्डूकीमुद्रा के अभ्यास का फल**— माण्डूकी मुद्रा का नित्य अभ्यास करने

१-२. हठयोगप्रदीपिका।

से साधक के शरीरांगों में वलित ( त्वचा-संकुचन ), पलित ( बालों की श्वेतता ) तथा वार्धक्य नहीं आता यौवन में स्थायित्व आ जाता है।

## ३१. नभोमुद्रा

योगी जब भी कभी कोई भी कार्य करे, तब सदैव जिह्वा को ऊपर की ओर करके कुम्भक प्राणायाम के द्वारा स्थिरता प्राप्त करके वायु धारण करे। ऐसा करने से साधक के समस्त रोगों की निवृत्ति हो जाती है।

## ३२. वज्रोणि मुद्रा

दोनों हाथों की हथेलियों से पृथ्वी तल को पकड़कर दोनों पैरों को ऊपर उठाते हुए तथा मस्तक को आकाश की ओर ऊपर उठाते हुए हाथों के खड़ा रहने को वज्रोणि मुद्रा कहते हैं। इसे ही वृश्चिकासन भी कहते हैं।

**वज्रोणि मुद्राभ्यास के फल**— यह योगों में श्रेष्ठतर योग है। यह योगियों को मुक्ति प्रदान करता है। यह योगियों के हित को साधित करने वाला है—

अयं योगे योगश्रेष्ठ: योगिनां मुक्तिकारणम्।
अयं हितप्रदो योगो योगिनां सिद्धिदायक:।।

यह योग-साधन बिन्दु-सिद्धि प्रदान करने वाला योग है। यदि बिन्दु की सिद्धि हो जाय तो क्या नहीं सिद्ध हो सकता? भोगी पुरुष भी यदि इसका अभ्यास करे तो समस्त सिद्धियाँ प्राप्त कर लेता है—

भोगेन महता युक्तो यदि मुद्रां समाचरेत्।
तथापि सकला सिद्धिर्भवति तस्य निश्चितम्।।

## ३३. पञ्चधारणा मुद्रा

इन पञ्चतत्त्वात्मक धारणा मुद्राओं की सविस्तर विवेचना की गई है। पञ्चधारणा मुद्रा के पाँच भेद हैं— पार्थिवी धारणा, आम्भसी धारणा, आग्नेयी धारणा, वायवी धारणा एवं आकाशी धारणा।

**१. पार्थिवी धारणा मुद्रा**— घेरण्ड ऋषि के अनुसार इसका स्वरूप इस प्रकार है—

१. पृथ्वी तत्त्व का वर्ण ( रंग ) हरिताल की भाँति पीला है।
२. पृथ्वी तत्त्व का बीज लकार है— 'लं'।
३. पृथ्वी तत्त्व का आकार चौकोर है।
४. पृथ्वी तत्त्व के देवता ब्रह्मा हैं।

इन समस्त बीजादि के साथ ब्रह्मा का हृदय में ध्यान करके उन्हें हृदय में स्थापित करना चाहिये और उस समय प्राणवायु को खींचकर कुम्भक के द्वारा पाँच घड़ी ( दो

घण्टा ) मन को स्थिर रखना चाहिये। इस अभ्यास को ही पार्थिवी धारणा मुद्रा कहते हैं। इसे ही अधोधारणा भी कहते हैं।

**पार्थिवी धारणा का फल**— पार्थिवी धारणा के निम्न फल हैं—

( क ) पृथ्वी तत्त्व पर विजय।

( ख ) मृत्युञ्जयत्व।

( ग ) निरापद रूप में समस्त पृथ्वी पर विचरण की क्षमता-प्राप्ति।

**२. आम्भसी धारणा मुद्रा**— 'वं'—

( क ) जल तत्त्व का वर्ण ( रंग ) शंख के समान श्वेत और चन्द्रमा के समान निर्मल है। यह कुन्द के समान धवल है।

( ख ) इसकी संज्ञा अमृत है।

( ग ) इसका बीज वर्ण 'वकार' है।

( घ ) इसका देवता 'विष्णु' है।

साधक को चाहिये कि इन बीजादिक विवरणों के सहित देवता विष्णु से समन्वित जल तत्त्व का ध्यान करे एवं प्राण को आकृष्ट करके पाँच घड़ी पर्यन्त चित्त को स्थिर करके कुम्भक प्राणायाम करे। इसे ही आम्भसी धारणा मुद्रा कहते हैं।

**आम्भसी धारणा मुद्रा का फल**—

( क ) दुःसह ताप-पाप का अन्त।

( ख ) गहरे से गहरे जल में डूबने पर भी मृत्यु से रक्षा।

**सावधानी**— इस गोपनीय मुद्रा को बता देने पर सिद्धि नष्ट हो जाती है।

**३. आग्नेयी धारणा मुद्रा**— 'रं' —

( क ) तत्त्व का स्थान— नाभिस्थल में अग्नितत्त्व स्थित है।

( ख ) तत्त्व का वर्ण— इसका वर्ण इन्द्रगोपवत् रक्त है।

( ग ) तत्त्व का बीज— इस तत्त्व का बीज रकार है।

( घ ) तत्त्व का आकार— इस तत्त्व का आकार चतुष्कोण है।

( ङ ) तत्त्व के देवता— इस तत्त्व के देवता रुद्र हैं।

( च ) यह तत्त्व तेज का समूह है और अतिदीप्तिमान है। योग बल से अग्नितत्त्व को उदित करके, एकाग्र चित्त होकर कुम्भक प्राणायाम द्वारा वहाँ प्राण को पाँच घड़ी तक रोकना चाहिये। इसे ही आग्नेयी मुद्रा ( वैश्वानरी धारणा ) कहते हैं।

**वैश्वानरी धारणा मुद्रा का फल**—

( क ) काल के भय से मुक्ति।

( ख ) प्रदीप्त अग्नि में प्रवेश से भी व्यक्ति पर अग्नि का कोई भी प्रभाव नहीं पड़ता।

**४. वायवी धारणा मुद्रा** — 'यं'—

( क ) वायु तत्त्व का वर्ण— अञ्जन के समान धूम्रवर्ण।

( ख ) वायु तत्त्व का बीज— वायु तत्त्व का बीजाक्षर है— यकार।

( ग ) वायु तत्त्व का देवता— इस तत्त्व के देवता ईश्वर हैं।

( घ ) वायु तत्त्व का गुण— इस तत्त्व का गुण सतोगुण है।

योग के प्रभाव से वायु तत्त्व का उदय करके, एकाग्र चित्त होकर, प्राणवायु को आकृष्ट करके कुम्भक प्राणायाम की सहायता से वायु को पाँच घड़ी तक धारण करना ही वायवी धारणा मुद्रा है।

**वायवी धारणा मुद्रा का फल**—

१. आकाश में चलने की क्षमता।

२. वार्धक्य एवं मृत्यु का विनाश।

३. वायु-प्रकोप या वायु-शक्ति से मृत्यु न होने की क्षमता-प्राप्ति।

**सावधानी**— अपात्र के समक्ष सिद्धि-भेद प्रकट कर देने पर सिद्धि का लुप्त हो जाना निश्चित है; अत: इसे गोपनीय रखना चाहिये।

**५. आकाशी धारणा मुद्रा** — 'हं'—

( क ) आकाश तत्त्व का वर्ण— इसका वर्ण समुद्र के जल की भाँति विशुद्ध है।

( ख ) आकाश तत्त्व के देवता— इस तत्त्व के देवता सदाशिव हैं।

( ग ) आकाश तत्त्व का बीजाक्षर— इस तत्त्व का बीजाक्षर 'हं' है।

योग के प्रभाव से हृदय में आकाश तत्त्व का उदय करके ( आकाश तत्त्व के देवता, बीज आदि के साथ तत्त्व का ध्यान करके ) प्राणवायु को कुम्भक प्राणायाम के द्वारा पाँच घड़ी तक स्तम्भित किये रहना ही आकाशी धारणा मुद्रा है।

**आकाशी धारणा मुद्रा का फल**—

१. इसका ज्ञानी ही योगवित् है, अन्य नहीं।

२. इसकी मृत्यु कभी नहीं होती और प्रलयकाल में भी वह दु:खी नहीं होता।

सारी मुद्राओं का सामान्य फल यह है कि ये सभी सिद्धों को अत्यन्त प्रिय हैं और जरा-मरण को नष्ट कर देने वाली हैं।

इदं तु मुद्रापटलं कथितं चण्डकापलि।
वल्लभं सर्वसिद्धानां जरामरणनाशनम्।।

ये मुद्रायें समस्त रोगों की नाशिका हैं और जठराग्नि को तीव्रतर करने वाली हैं—

मुद्राणां पटलं ह्येतत्सर्वव्याधिविनाशनम्।
नित्यमभ्यासशीलस्य जठराग्निविवर्धनम्।।

मुद्रा-साधकों को मृत्यु, जरा, अग्नि, जल एवं वायु से सम्बद्ध कोई भय कभी भी कष्ट नहीं देता—

तस्य नो जायते मृत्युर्नास्य जरादिकं तथा।
नाग्निर्जलभयं तस्य वायोरपि कुतो भयम्।।

ऐसे साधकों को कास, श्वास, प्लीहा, कुष्ठ, कफ आदि का भी कोई भय सन्तप्त नहीं करता। इनके समान पृथ्वी पर कोई भी साधना इतनी अधिक सिद्धियाँ प्रदान नहीं कर सकतीं।

नास्ति मुद्रासमं किञ्चित् सिद्धिदं क्षितिमण्डले।

## नाथपन्थ एवं अन्य शैव-शाक्त पन्थों में मुद्रा के प्रयोग

नाथपन्थी मुद्रा को दो अर्थों में प्रयुक्त करते हैं और वे हैं— शारीरिक धरातल एवं मानसिक धरातल।

कनकटा योगी कान फाड़कर कुण्डल धारण करते हैं। इसे वे कर्णमुद्रा कहते हैं। योगी लोग मुद्रा, नाद, कन्था, आसन, खप्पर, झोली, विभूति एवं बटुवा आदि धारण करते थे और 'अजपाजाप' करते थे। बंगाल के पुराने नाथपन्थी ( योगी या कापालिक ) अपने कानों में मनुष्य की अस्थियों का कुण्डल एवं ग्रीवा में अस्थियों की माला धारण करते थे। ये पैरों में नूपुर एवं हाथों में नरकपाल लेकर चलते थे। मेखला, गोपीयन्त्र ( सारंगी ) एवं भस्म भी रखते थे। रुद्राक्ष, पवित्री, शृंगी, लंगोटी, घंघारी, सुमिरनी एवं किंगरी को भी व्यवहार में लाते थे।

वैष्णव एवं शैव परम्परा में शंख एवं त्रिशूल आदि को आग पर गर्म करके शरीर पर उसका स्पर्श कराकर उसकी अनुकृति को शरीरांग पर धारण करने के रूप में मुद्रा धारण करने की परिपाटी विद्यमान है।

कबीरदास ने मुद्रा को मानसिक धरातल पर प्रयोग करने का परामर्श देकर इसे प्रतीकार्थ में ग्रहण किया है। वे कहते हैं—

सो जोगी जाके मन में मुद्रा। रात दिवस ना करई निद्रा।।
मन में आसण मन में रहणा। मन का जप तप मन सू कहँणा।।
मन खपरा मन मैं सींगी। अनहदनाद बजावै रंगी।।
पंच प्रजारि भसम करि भूका। कहै कबीर सो लहसै लंका।।

## अष्टमुद्रायें और उनका स्वरूप

गोरक्षनाथ की स्वयं की एक पुस्तक ही है, जिसका नाम है— 'अष्टमुद्रा'। उसमें वर्णित ये अष्टमुद्रायें निम्नवत् हैं—

**१. मूलनी मुद्रा**— ( काम-तृष्णा का उद्भव ) काम एवं तृष्णा में समत्वस्थापन। ( इन्द्रिय = जननेन्द्रियसम्बन्धी )।

**२. जलश्री मुद्रा**— ( नाभि-स्थान में काल-क्रोध ) उद्देश्य क्या है? काल एवं क्रोध में समत्वभाव की स्थापना।

**३. खीरनी मुद्रा**— ( हृदय स्थान में ज्ञानदीप लेकर आविर्भूत ) ज्ञानदीप में समत्व भावस्थापन।

**४. खेचरी मुद्रा**— ( मुख में उत्पन्न, स्वाद-विस्वाद लेकर उत्पन्न ) इन दोनों में समत्व स्थापन = खेचरी मुद्रा।

**५. भूचरी मुद्रा**— ( नासिका के मध्य उत्पन्न ) ( गन्ध-विगन्ध लेकर उत्पन्न ) गन्ध-विगन्ध में समत्वस्थापना = भूचरी मुद्रा।

**६. चाचरी मुद्रा**— ( आँख के मध्य उत्पन्न ) ( दृष्टि-विदृष्टिसहित उत्पन्न ) दृष्टि-विदृष्टि में समत्वस्थापना = चाचरी मुद्रा।

**७. अगोचरी मुद्रा**— शब्द-कुशब्द के साथ उत्पन्न, ( करण के मध्य उत्पन्न ) = दृष्टि-विदृष्टि में समत्व-स्थापना = अगोचरी मुद्रा।

**८. उन्मनी मुद्रा**— ( परम ज्योति लेकर उत्पन्न। ब्रह्माण्ड स्थान में उत्पन्न ) परम ज्योति को समभावस्थ करने से उन्मनी ज्योति सिद्ध होती है।

**अष्ट मुद्रा के ज्ञान का लाभ**— यती अष्ट मुद्रा का जाणो भेव। सो आपै करता आपै देव।

गोरक्षनाथ मनमुद्रा का भी विधान करते हैं—

मन मुद्रा कै रूप न रेख। जगत रूप मन ही मन देखि।।
काया थै मन जांन न देह। रति दिवस अभि अंतरि लेह।।

मन को रात-दिन कभी भी शरीर से बाहर जाने ही नहीं देना चाहिए। मन के इस अनवरत अन्तर्मुखीकरण को ही मनमुद्रा कहते हैं।

**वज्रोली और अमरोली**— इसके विषय में गोरक्षनाथ कहते हैं—

बजरी करंतां अमरी राखै अमरि करंतां बाई।
भोग करंतां जे ब्यंद राखै ले गोरख का गुरभाई।। ( गो० बा० )

गुरु गोरक्षनाथ विपरीतकरणी मुद्रा का विधान करते हुए कहते हैं—

विपरीत करणी करि लै जूं थिर ह्वै वाई। वाई जब थिरि ह्वै महारस सीझै।।

( गो० बा०-१४९ )

घेरण्ड ऋषि का कथन है कि मुद्रा की योगसाधना में इसलिए महत्ता है; क्योंकि मुद्रा स्थिरता प्रदान करती है—

मुद्राया स्थिरता चैव प्रत्याहारेण धीरता।।

## मन्त्रशास्त्रीय मुद्रायें

योगशास्त्रीय ( हठयौगिक ) मुद्राओं के अतिरिक्त मन्त्रशास्त्रीय मुद्रायें भी होती हैं। इन मन्त्रशास्त्रीय मुद्राओं में मुख्य मुद्रायें निम्नांकित हैं—

**१. सम्मुखम्**— इसमें दोनों हाथों की उँगलियों को एक-दूसरे के साथ मिलाना होता है।

**२. सम्पुटम्**— इसमें दोनों हाथों की हथेलियों को फुलाकार एक हथेली की उँगलियों को दूसरे हाथ की उँगलियों पर रखकर सामने की ओर कली के आकार में रखकर प्रस्तुत किया जाता है।

**३. विततम्**— इस मुद्रा में दोनों हाथों की हथेलियों को एक-दूसरे के सामने रखा जाता है।

**४. विस्तृतम्**— इस मुद्रा में दोनों हाथों की हथेलियों को कुछ दूरी पर रखकर उँगलियों को खुला रखा जाता है।

**५. द्विमुखम्**— इस मुद्रा में दोनों हाथों की हथेलियों को ( एक हथेली की कनिष्ठ उँगली से दूसरे हाथ की कनिष्ठ उँगली एवं एक हाथ की अनामिका से दूसरे हाथ की अनामिका को ) आपस में मिलाना चाहिए।

**६. त्रिमुखम्**— इस मुद्रा में दोनों मध्यमाओं को उँगली के अग्र भाग से स्पर्श किया जाता है ( मध्यमा उँगलियों को परस्पर मिलाया जाता है )।

**७. चतुर्मुखम्**— इस मुद्रा में त्रिमुखम् मुद्रा के साथ दोनों तर्जनियों को भी मिला देना चाहिए।

**८. पञ्चमुखम्**— चतुर्मुखम् मुद्रा के साथ दोनों अंगूठों को मिला देने पर पञ्च-मुखम् मुद्रा होती है।

**९. षण्मुखम्**— पञ्चमुखम् मुद्रा के साथ कनिष्ठाओं को खोल देना चाहिये।

**१०. अधोमुखम्**— दोनों हाथों को उल्टा करके उनकी अँगुलियों को मोड़े और उन्हें मिलाकर नीचे की ओर कर देना चाहिए।

**११. व्यापकाञ्जलिकम्**— इस प्रकार से मिले हुए हाथों को शरीर की ओर से घुमाकर सीधा कर देना चाहिए।

**१२. शकटम्**— दोनों हाथों को उल्टा कर दें, एक हाथ का अंगूठा दूसरे हाथ के अंगूठे से मिला दें। तर्जनियाँ सीधी रखें एवं मुट्ठी बांध दें।

**१३. यमपाशम्**— इस मुद्रा में तर्जनी उँगली से तर्जनी को बाँधना होता है और साथ ही दोनों मुट्ठियों को भी बाँधा जाता है।

**१४. ग्रन्थितम्**— दोनों हाथों की उँगलियों को एक-दूसरे के साथ ग्रन्थित करना चाहिए।

**१५. सन्मुखोन्मुखम्**— इस मुद्रा में दोनों हाथों की पाँचों उँगलियों को मिलाना चाहिए। पहले बायें हाथ पर दाहिना हाथ रखा जाय और उसके बाद दायें हाथ पर बायाँ हाथ रखना चाहिए।

**१६. प्रलम्बम्**— इस मुद्रा में दोनों हाथों की उँगलियों को कुछ मोड़ कर फिर उन्हें उल्टा करके नीचे की ओर कर देना चाहिए।

**१७. मुष्टिकम्**— इस मुद्रा में दोनों हाथों की मुट्ठियों को बाँधकर परस्पर मिलाना चाहिए और इसमें दोनों अंगूठों को ऊपर की ओर ही रखना चाहिए।

**१८. मत्स्य**— इस मुद्रा में दोनों हाथों को पूरा खोल देना होता है। दायें हाथ को पीठ पर बायाँ हाथ उल्टा करके रखना चाहिए। दोनों अंगूठों को पृथक्-पृथक् रखना चाहिए।

**१९. कूर्म**— सीधे बायें हाथ की मध्यमा, अनामिका और कनिष्ठिका को मोड़ें, उल्टे दाहिने हाथ को मध्यमा-अनामिकाओं को उन तीनों उँगलियों के नीचे रक्खें और बायीं तर्जनी पर दायीं कनिष्ठिका एवं बायें अंगूठे पर दायीं तर्जनी रखनी चाहिए।

**२०. वराहकम्**— इस मुद्रा में दायें हाथ की तर्जनी उँगली को बायें अँगूठे से मिलाना चाहिए एवं दोनों हाथों की उँगलियों को एक-दूसरे से बाँधना चाहिए।

**२१. सिंहाक्रान्तम्**— इस मुद्रा में दोनों हाथों को कानों के निकट लाना पड़ता है और इसके साथ ही हाथ को खुला रखना पड़ता है। इसमें हथेलियाँ सामने रखी जाती हैं।

**२२. महाक्रान्तम्**— इस मुद्रा में दोनों हाथों की उँगलियों को कानों के निकट लाया जाता है।

**२३. मुद्गरम्**— इस मुद्रा में दायें हाथ की मुट्ठी बाँधकर बायें हाथ की हथेली पर दाहिनी कोहनी रखी जाती है।

**२४. पल्लवम्**— इस मुद्रा में दायें हाथ की उँगलियों को मुख के सामने हिलाना चाहिए।

●

## कार्यविशेष में प्रयोज्य मुद्रायें

**देवोपासना की मुद्रायें**— आवाहन, स्थापन, सन्निद्ध, अवगुण्ठन, धेनुमुद्रा, सरली।

**भोजन-मुद्रायें**— प्राणाहुति, अपानाहुति, व्यानाहुति, उदानाहुति, समानाहुति।

**पञ्चदेव-मुद्रायें**— शंख, घंटा, चक्र, गदा, पद्म, वंशी, कौस्तुभ, श्रीवत्स, वनमाला, ज्ञान, बिल्व, गरुड़, नारसिंही, वाराह, हयग्रीव, धनुष, बाण, परशु, त्रैलोक्यमोहिनी, काम, मत्स्य, कूर्म, लिंग, योनि, त्रिशूल, अक्ष, वर, मग, क्षट्वांग, अभय, कपाल, डमरु, दन्त, पाश, अंकुश, विघ्न, परशुमोदक, बीजपुर, पद्म।

**न्यास-मुद्रा**— सर्वसिद्ध्यै व्याघ्रचर्म ज्ञानसिद्ध्यै मृगाजिनम्।
वस्त्रासनं रोगहरं वेत्रजं श्रीविवर्धनम्।।

मुदं करोति देवानां द्रावयत्यसुरांस्तथा।
मोदनाद् द्रावणाच्चैव मुद्रेति परिकीर्तिता।।

अर्थात् देवताओं को हर्ष तथा असुरों का विनाश करने के कारण ही इसका नाम मुद्रा पड़ा।

जप से पहले २४ मुद्राओं के प्रदर्शन का विधान शास्त्रों में मिलता है। मुद्रा का अभिप्राय हाथ को विशेष आकृति में मोड़ना है। हाथों को विभिन्न प्रकार से मोड़ने पर अलग-अलग मुद्रायें बनती हैं। मुद्राओं का प्रदर्शन अपने इष्टदेवता की मूर्ति, चित्र या यन्त्र के समक्ष एकान्त स्थान में किया जाता है। किसी दूसरे व्यक्ति के उपस्थित रहने पर इनका प्रदर्शन वर्जित है। जप के पूर्व की २४ मुद्राओं के नाम इस प्रकार हैं—

**नित्य पूजा-मुद्रायें**— प्रार्थना, अंकुश, कुन्त, कुम्भ, तत्त्व। ये सभी मुद्रायें प्रत्येक साधक को दैनिक स्नानादि के समय करनी चाहिये।

**सन्ध्या-मुद्रायें**— सन्ध्याकाल की चौबीस मुद्रायें हैं— सम्मुखी, सम्पुटी, वितत, विस्तृत, द्विमुखी, त्रिमुखी, चतुर्मुखी, पञ्चमुखी, षष्टमुखी, अधोमुखी, व्यापक, आञ्जलिक, शकट, यम, पाश, ग्रथित, सन्मुखोन्मुखी, प्रलय, मुष्टिक, मत्स्य, कूर्म, वाराह, सिंहाक्रान्त, महाक्रान्त, मुद्‌गर।

**शक्ति-मुद्रायें**— अंकुश, वर, अभय, धनुष, बाण, खड्ग, चर्म, मूसल, दुर्ग।

**महाकाली-मुद्रायें**— महायोनि, मुण्ड, भूतिनी।

**महालक्ष्मी-मुद्रायें**— पंकज, अक्षमाला, वीणा, व्याख्यान, पुस्तक।

**तारा-मुद्रायें**— योनि, भूतिनी, बीज, धूमिनि, लेलिहा।

**त्रिपुरा-मुद्रायें**— सर्वविक्षोभकारिणी, सर्वविद्राविणी, सर्वाकर्षणी, सर्ववश्यकरी, उन्मादिनी, महांकुशा, खेचरी, बीज, योनि।

**अंगन्यास-मुद्रायें**— अंगन्यास की छः मुद्रायें होती हैं— हृदय, शिर, शिखा, कवच, नेत्र, फट्।

**करन्यास-मुद्रायें**— करन्यास की भी छः मुद्रायें होती हैं— तर्जनी, मध्यमा, अनामिका, कनिष्ठिका, अंगुष्ठ, फट्।

**जीवन्यास-मुद्रायें**— इसकी भी छः मुद्रायें होती हैं— बीज, लेलिहा, त्रिखण्डा, नाद, बिन्दु, सौभाग्य।

**ध्यानावेश-प्रार्थना में**— विघ्नघ्नी, विस्मय, प्रार्थना, अर्घ्य, सूर्य-प्रदर्शनी।

**योग-साधना में**— मुकुल, पङ्कज, व्याक्रोशी, निष्ठुर, योग, महामुद्रा, उड्डीयान, महाखग, जालन्धर, मूलबन्ध, महावेध, विपरीतकरणी, वज्रोली, माण्डूकी, शाम्भवी।

**पञ्च-तत्त्व की मुद्रायें**— पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश, अश्विनी, पाशिनी, काकी, मातङ्गिनी, भुजङ्गिनी, रिपु-जिह्वाग्रहा, गालिनी, सर्वसंक्षोभकारिणी, तर्जनी, क्रोध।

**शान्ति-रक्षण**— अशनि ( कुशलि ), स्फोट ( छेटिका ), शुभङ्करी, मुष्टी, शक्ति, पञ्चमुखी, प्रार्थना, संहार, बलिदान की चार मुद्रायें।

**होम की मुद्रायें**— अवगुण्ठिनी, सप्तजिह्वा, प्रज्वालिनी, मृगी, हंसी, शूकरी, काम्य मुद्रायें, आवशिष्टिका मुद्रा।

●

## विविध देवमुद्रायें

**विष्णु**— शङ्ख, चक्र, गदा, पद्म, वेणु, श्रीवत्स, कौस्तुभ, वनमाला, ज्ञान, बिल्व, गरुड़, नृसिंह, वराह, हयग्रीव, धनुष, बाण, परशु, जगन्मोहन, काम।

**शिव**— लिङ्ग, योनि, त्रिशूल, अक्ष, वर, अभय, मृग, खट्वाङ्ग, कपाल, डमरु।

**गणेश**— दन्त, पाश, अंकुश, विघ्न, परशु, मोदक, बीजपूर।

**सूर्य**— पद्म।

**शक्ति**— पाश, अंकुश, वर, अभय, धनुष, बाण, खड्ग, चर्म, मूशल, दुर्ग।

**महाकाली**—महायोनि, मुण्ड, भूतिनी।

**महालक्ष्मी**— लक्ष्मी, चक्र।

**महासरस्वती**— अक्षमाला, वीणा, व्याख्या, पुस्तक।

**तारा**— योनि, भूतिनी, बीज, धूमिनी, लेलिहा।

**त्रिपुरसुन्दरी**— सर्वसंक्षोभिणी, सर्वविद्राविणी, सर्वाकर्षणी, सर्ववश्यकरी, सर्वोन्मादिनी, महांकुशा, खेचरी, बीज, योनि।

**भुवनेशी**— पाश, अंकुश, वर, अभय, पुस्तक, ज्ञान, बीज, योनि।

●

# मुद्राओं के स्वरूप

(१) प्रार्थना मुद्रा

(४) कुन्त मुद्रा

(२) अंकुश मुद्रा (अ)

(५) कुम्भ मुद्रा (अ)

(३) अंकुश मुद्रा (ब)

(६) कुम्भ मुद्रा (ब)

(७) तत्त्व मुद्रा

(१०) अपान मुद्रा

(८) प्राण मुद्रा (अ)

(११) व्यान मुद्रा

(९) प्राण मुद्रा (ब)

(१२) उदान मुद्रा

(१३) समान मुद्रा

(१६) संस्थापनी मुद्रा

(१४) ग्रास मुद्रा

(१७) सन्निधापनी मुद्रा

(१५) आवाहनी मुद्रा

(१८) सन्निरोधिनी मुद्रा

(१९) सम्मुखीकरणी मुद्रा (अ)

(२२) शङ्ख मुद्रा

(२०) सम्मुखीकरणी मुद्रा (ब)

(२३) चक्र मुद्रा

(२१) अवगुण्ठनी मुद्रा

(२४) गदा मुद्रा

(२५) पद्म मुद्रा

(२८) परशु मुद्रा

(२६) ज्ञान मुद्रा (अ)

(२९) मत्स्य मुद्रा

(२७) ज्ञान मुद्रा (ब)

(३०) कुर्म (कच्छप) मुद्रा

(३१) हयग्रीव मुद्रा

(३४) दन्त मुद्रा

(३२) वर मुद्रा

(३५) पाश मुद्रा

(३३) अभय मुद्रा

(३६) मोदक मुद्रा

(३७) खड्ग मुद्रा

(४०) लेलिहा मुद्रा

(३८) मुशल मुद्रा

(४१) सुमुखी मुद्रा

(३९) मुण्ड मुद्रा

(४२) सम्पुटी मुद्रा

(४३) वितत मुद्रा

(४६) त्रिमुखी मुद्रा

(४४) विस्तृत मुद्रा

(४७) चतुर्मुखी मुद्रा

(४५) द्विमुखी मुद्रा

(४८) पञ्चमुखी मुद्रा

(४९) षण्मुखी मुद्रा

(५२) शकट मुद्रा

(५०) अधोमुखी मुद्रा

(५३) यम-पाश मुद्रा

(५१) व्यापकाञ्जलि मुद्रा

(५४) ग्रन्थित मुद्रा

(५५) सम्मुखोन्मुख मुद्रा

(५८) वराह मुद्रा

(५६) प्रलम्ब मुद्रा

(५९) सिंहाक्रान्त मुद्रा

(५७) मुष्टिक मुद्रा

(६०) महाक्रान्त मुद्रा

(६१) मुद्गार मुद्रा

(६४) बीज मुद्रा

(६२) पल्लव मुद्रा

(६५) त्रिखण्डा मुद्रा

(६३) धेनु मुद्रा

(६६) ज्वालिनी (सप्तजिह्वा) मुद्रा

(६७) मृगी मुद्रा

(७०) सर्वाकर्षिणी मुद्रा

(६८) सर्व-संक्षोभिणी मुद्रा

(७१) सर्व-वशङ्करी मुद्रा

(६९) सर्व-विद्राविणी मुद्रा

(७२) सर्वोन्मादिनी मुद्रा

(७३) सर्व-महाङ्कुशा मुद्रा

(७६) संहार मुद्रा (अ)

(७४) खेचरी मुद्रा

(७७) संहार मुद्रा (अ)

(७५) योनि मुद्रा

(७८) सुरभि मुद्रा

(७९) सर्वबीज मुद्रा

(८२) गालिनी मुद्रा

(८०) चतुरस्र मुद्रा

(८३) वरुण मुद्रा

(८१) सौभाग्यदण्डिनी मुद्रा

(८४) पृथ्वी मुद्रा

(९१) वायु मुद्रा

(९४) वज्रप्रदम मुद्रा

(९२) आकाश मुद्रा

(९५) लिङ्ग मुद्रा

(९३) सूर्य मुद्रा

(९६) निर्वाण मुद्रा

(९७) पूषण मुद्रा (अ)

(१००) कुण्डलिनी मुद्रा

(९८) पूषण मुद्रा (ब)

(१०१) रुद्र मुद्रा

(९९) कुबेर मुद्रा

(१०२) गरुड मुद्रा

(१०३) मातंगी मुद्रा

(१०६) भ्रमर मुद्रा

(१०४) महाशीर्ष मुद्रा

(१०७) उत्तरबोधी मुद्रा

(१०५) हाकिनी मुद्रा

(१०८) शक्ति मुद्रा

(१०९) मुकुल मुद्रा

(११२) ध्यानी मुद्रा

(११०) कालेश्वर मुद्रा

(११३) अन्तः मुद्रा

(१११) शिवलिङ्ग मुद्रा

(११४) वरद मुद्रा

(११५) भूमिस्पर्श मुद्रा

(११८) पुष्पपुट मुद्रा

(११६) धर्मचक्र मुद्रा

(११९) उषस् मुद्रा

(११७) नाग मुद्रा

(१२०) भूडी मुद्रा

## मुद्राओं के लक्षण

हस्तद्वये त्वधोवक्त्रे सम्मुखे च परस्परम्।
वामाङ्गुलीर्दक्षिणानामङ्गुलीनां च सन्धिषु।।
संवेश्य मध्यमाभ्यां तु तर्जन्यौ द्वे प्रयोजयेत्।
कनिष्ठे द्वे अनामाभ्यां युञ्ज्यात् सा **धेनुमुद्रिका**।।
वामाङ्गुष्ठं तु संगृह्य दक्षिणेन तु मुष्टिना।
कृत्वोत्तानं तथा मुष्टिमङ्गुष्ठं तु प्रसारयेत्।।
वामाङ्गुलीस्तथा श्लिष्टाः संयुक्ताः सुप्रसारिताः।
दक्षिणाङ्गुष्ठसंस्पृष्टा मुद्रा **शङ्ख**स्य चोदिता।।
हस्तौ तु सम्मुखौ कृत्वा संलग्नौ सुप्रसारितौ।
कनिष्ठाङ्गुष्ठकौ लग्नौ मुद्रा **चक्र**स्य सिद्धिदा।।
अन्योन्याभिमुखौ हस्तौ कृत्वा तु ग्रथिताङ्गुली।
अङ्गुल्यौ मध्यमे भूयः संलग्ने सुप्रसारिते।।
**गदा**मुद्रा समाख्याता परा मुक्तिकरी तथा।
करौ तु सुमुखौ कृत्वा सम्मुखावुन्नताङ्गुली।
तलान्तर्मिलिताङ्गुष्ठौ कुर्यात्सा **पद्म**मुद्रिका।।
हस्तौ तु विमुखौ कृत्वा ग्रथयित्वा कनिष्ठके।
तर्जन्यौ मुखतः श्लिष्टे श्लिष्टावङ्गुष्ठकौ तथा।।
मध्यमाऽनामिकायुग्मे द्वौ पक्षाविव चिन्तयेत्।
एषा **गरुड**मुद्रा स्यादशेषविषशातिनी।।
अन्योन्याभिमुखौ हस्तौ कृतौ चेद् ग्रथिताङ्गुली।
अङ्गुष्ठौ च मिथः श्लिष्टौ मुद्रैषा **ग्रथिता**भिधा।।
मुष्टिद्वयस्य तर्जन्यौ प्रसार्योर्ध्वाधरीकृते।
ग्रथिते चेदसौ मुद्रा **यमपाशा**भिधा मता।।
हस्तं मुसलवत्कृत्वा मुष्टिमाबध्य तर्जनीम्।
प्रसार्य सङ्कुचेत्सेयं मुद्रा स्या**दङ्कुशा**भिधा।।

अत्रैव मध्यमाया अपि प्रसारणं सम्प्रदायसिद्धम्।

हस्ताभ्यामञ्जलिं कृत्वाऽनामिकामूलपर्वणोः।
अङ्गुष्ठौ निक्षिपेत्सेयं मुद्रा **त्वावाहनी** स्मृता।।

अधोमुखी त्वियं चेत्स्यान्मुद्रा **संस्थापिनी** मता।
उच्छ्रिताङ्गुष्ठमुष्ट्योस्तु संयोगात् **सन्निधापिनी**।।

अन्तःप्रवेशिताङ्गुष्ठा सैव **संरोधिनी** मता।
मुष्टिद्वयस्थिताङ्गुष्ठौ सम्मुखा तु परस्परम्।
संश्लिष्टावुच्छ्रितौ कुर्यात्सेयं **सम्मुख**मुद्रिका।।

मुष्टिद्वयस्य तर्जन्यौ प्रसार्याधोमुखीकृते।
अनुलोमविलोमेन भ्रामिते देवताऽभितः।
दुष्टदृष्टिनिरासाय सैषा मुद्राऽ**वगुण्ठनी**।।

हृदयादिषडङ्गानां मुद्रा देवतनौ कृताः।
**सकलीकरणा**भिख्याः सर्वावयवपूर्तिदाः।।

त्रिद्व्येकदशकत्रिद्विसङ्ख्याकाङ्गुलिभिः क्रमात्।
**हृदयादिषडङ्गानां** मुद्रा ऊह्या विपश्चिता।।

तर्जन्यादित्रयेण प्रसारितेन हृदयम्। अङ्गुष्ठतर्जनीभ्यां प्रसारिताभ्यां योजितमुखाभ्यामधोऽग्राभ्यां शिरः। प्रसृताङ्गुष्ठेनाधोमुखेन शिखा। करद्वयदशाङ्गुलीभिः प्रसृताभिः कवचम्। तर्जन्यादित्रयाग्रेण त्रिकोणाग्रतुल्येन नेत्रम्। द्विनेत्र्यां त्वनामिकालोपः। हस्तद्वयस्याप्यङ्गुष्ठतर्जनीभ्यां सशब्दाभ्यामभितो भ्रामिताभ्यां अस्त्रमिति साम्प्रदायिकोऽर्थः।

अधोमुखी धेनुमुद्रा देवस्योपरि दर्शिता।
**अमृतीकरणी** प्रोक्ता परमानन्ददायिनी।।

अधोमुखौ ग्रथिताङ्गुष्ठौ प्रसृताङ्गुलिकौ करौ।
**परमीकरणं** नाम देवस्योपरि चालितौ।।

प्रसृताङ्गुलिकौ हस्तौ मिथः श्लिष्टौ च सम्मितौ।
कुर्यात्स्वहृदये सेयं मुद्रा **प्रार्थन**संज्ञिका।।

अञ्जल्याऽ**ञ्जलि**मुद्रा स्याद् **वासुदेवा**भिधा च सा।
सैव शीर्षादिपादान्तं चालिता चेदधोमुखी।
मुद्रैषा **व्यापिका** नाम सद्गुणव्याप्तिदायिनी।।

तर्जन्यादित्रये कार्ये हस्तयोः सङ्कुचन्मुखे।
प्रसारिते सुसरले तथाङ्गुष्ठकनिष्ठिके।।

दक्षहस्तस्य तर्जन्या वामस्यानामिकामुखम्।
अनामया च तर्जन्या मुखं मध्यां च मध्यया।।

अङ्गुष्ठेन कनिष्ठाया अङ्गुष्ठस्य कनिष्ठया।
स्पर्शयेद् **गालिनी** मुद्रा सैषा तीर्थापकर्षिणी।।

अङ्गुष्ठाग्रेण संस्पृश्ये कनिष्ठामध्यपर्वणी।
**गन्ध**मुद्रेति सा ख्याताऽङ्गुष्ठयोर्मध्यपर्वणी।।

तर्जन्यग्रेण संस्पृश्ये **पुष्प**मुद्रेति कीर्तिता।
तर्जनी मध्यमाऽनामा मध्यपर्वाणि संस्पृशेत्।
अङ्गुष्ठाग्रेण ता धूपदीपनैवेद्यमुद्रिकाः।।

ऊर्ध्वाङ्गुलिभि**र्ग्रास**मुद्रा वामकरे कृता।
सैव **ताम्बूल**मुद्रा स्याद्दक्षे सङ्कुचिताङ्गुलिः।।

तर्जनीमध्यमाङ्गुष्ठः **प्राण**मुद्रा प्रकीर्तिता।
मध्यमाऽनामिकाङ्गुष्ठैः स्या**दपान**स्य मुद्रिका।।

कनिष्ठाऽनामिकाऽङ्गुष्ठै**र्व्यान**मुद्रा प्रकीर्तिताः।
तर्जन्यनामिकाङ्गुष्ठैः स्या**दुदान**स्य मुद्रिका।।

**समान**मुद्राऽङ्गुलिभिः संहताभिस्तु पञ्चभिः।
मणिबन्धस्थितौ कृत्वा प्रसृताङ्गुलिकौ करौ।।

कनिष्ठाङ्गुष्ठयुगले मिलित्वाऽन्ते प्रसारयेत्।
**सप्तजिह्वा**ख्यमुद्रेयं वैश्वानरवशङ्करी।।

मिलिताऽनामिकाङ्गुष्ठमध्यमाग्राणि योजयेत्।
शिष्टे द्वे उच्छ्रिते कुर्या**न्मृग**मुद्रेयमीरिता।।

अनयोरुपयोगस्तु होमविधौ भविष्यति।

कमलाकृतिमुद्रा तु **सौर**मुद्रेति कीर्तिता।।

**बिम्ब**मुद्रोक्ता कालिकापुराणे—

मुष्टिद्वयं तथोत्तानं कृत्वा संयोज्य पार्श्वतः।
दक्षिणस्य कनिष्ठादीन् प्रसार्य क्रमतः पुरः।।

तथा वामकनिष्ठादीन् एकैकान् सुप्रसारयेत्।
अष्टौ मुद्राः समाख्याता नाम तासां क्रमाच्छृणु।।

प्रोन्नामोन्नामने चैव बिम्बं पाशुपतं तथा।
शुद्धं त्यागः सारणी च तथा चैव प्रसारिणी ।। इति ।।

**कमलबिम्ब**मुद्रे सौरमन्त्रमात्रेषूपयुक्ते—

दक्षाङ्गुष्ठं वामाङ्गुष्ठे क्षिप्त्वा हस्तद्वयेन तु।
एकमुष्टिं सावकाशां कुर्यात्सा **कुम्भ**मुद्रिका ।।

अधोमुखे वामहस्ते ऊर्ध्वास्यं दक्षहस्तकम्।
क्षिप्त्वाङ्गुलीरङ्गुलीभिर्ग्रथयित्वा विवर्तयेत् ।।

प्रोक्ता **संहार**मुद्रेयं विनियुक्ता विसर्जने।

इयमेव **निर्याण**मुद्रेत्युच्यते।

( भास्कररायकृत 'तृचभास्कर' से उद्धृत )

## तन्त्रशास्त्र के महत्वपूर्ण प्रकाशन :

* **अन्नदाकल्पतन्त्रम्** । हिन्दी टीका सहित । एस. एन. खण्डेलवाल
* **एकजटातारासाधनतन्त्रम्** । हिन्दी टीका सहित । एस. एन. खण्डेलवाल
* **कुण्डलिनी शक्ति** । अरुणकुमार शर्मा
* **कुलार्णव तन्त्रम्** । हिन्दी टीका सहित । परमहंस मिश्र
* **तन्त्रविज्ञान और साधना** । सीताराम चतुर्वेदी
* **तन्त्रसार:** । 'नीर-क्षीर-विवेक' नामक हिन्दी टीका सहित । परमहंस मिश्र । 1-2 भाग
* **तन्त्रालोक** । जयरथकृत संस्कृत टीका एव राधेश्याम चतुर्वेदी कृत हिन्दी टीका सहित
* **त्रिपुरा रहस्यम्** । ज्ञानखण्ड एवं महात्म्खण्ड । हिन्दी टीका सहित । जगदीश चन्द्र मिश्र
* **नीलसरस्वती-तन्त्रम्** । हिन्दी टीका सहित । एस. एन. खण्डेलवाल
* **भूतडामरतन्त्रम्** । हिन्दी टीका सहित । एस. एन. खण्डेलवाल
* **मन्त्रमहोदधि** । 'नौका' संस्कृत टीका तथा 'अरित्र' हिन्दी टीका सहित । सुधाकर मालवीय
* **रूद्रयामलतन्त्रम्** । हिन्दी टीका सहित । सुधाकर मालवीय । 1-2 भाग
* **ललितासहस्रनाम्** । हिन्दी टीका सहित । श्रीभारतभूषण
* **वरिवस्यारहस्यम्** । संस्कृत हिन्दी टीका सहित । श्यामाकान्त द्विवेदी
* **वर्ण-बीज-प्रकाश:** । सरयू प्रसाद द्विवेदी
* **शारदातिलकम्** । हिन्दी टीका सहित । सुधाकर मालवीय । 1-2 भाग
* **सर्वोल्लास-तन्त्रम्** । हिन्दी टीका सहित । एस. एन. खण्डेलवाल
* **सिद्धनागार्जुनतन्त्रम्** । हिन्दी टीका सहित । एस. एन. खण्डेलवाल
* **सौन्दर्यलहरी** । 'लक्ष्मीधरी' संस्कृत एवं 'सरला' हिन्दी व्याख्या । सुधाकर मालवीय


चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन
वाराणसी

# प्रकाशक का वक्तव्य

महात्मा ॐ आजकल योग पर बहुत कुछ विवेचना कर रहे हैं और अवसर अवसर पर पुस्तकें भी लिख कर हमें प्रकाशनार्थ देते रहते हैं। इसी प्रकार 'वज्रोली' जो मनुष्य को पूर्ण शक्ति शाली बना सक्ती है ॐ ने तैयार की है। और इसमें दी गई बातें सब ॐ ही के अनुभव की हैं। हम इस संबंध में अनभिज्ञ होने के कारण कुछ भी कहने में समर्थ नही हैं। जिस किसी महाशय को इस संबंध में कुछ शंका समाधान करना हो तो वे कृपाकर महात्मा ॐ से मिलें।

इन दिनों में कुछ महाशय जिनके विचार ॐ से नहीं मिलते हैं प्रायः हमसे उनकी पुस्तकों के संबध में वाद विवाद करने पर उतारू हो जाते हैं, परन्तु इस वक्तव्य द्वारा हम यह सार्वजनिक रूप से प्रकट करते हैं कि पुस्तकों के भाव, पुस्तकों की भाषा आदि की जिम्मेवारी सदा लेखक पर ही होती है प्रकाशक इस संबंध में विशेष कुछ भी जिम्मेवारी नहीं रखते और न यही मान लिया जाना चाहिए कि जो भी पुस्तक प्रकाशित की जावे उसमें व्यक्त भावों व भाषा के लिये प्रकाशक भी जिम्मेवार ही हो। वास्तव में पुस्तक का लेखक ही अपने विचारों को पूर्ण रूप से व्यक्त कर सकता है। लेखक की आज्ञानुसार कहीं कहीं और कभी कभी भाषा में केवल सुधार कर देने से ही प्रकाशक व लेखक दोनों एक ही विचार के नहीं हो सक्त हैं और न कहे जा सक्ते हैं। रहा हमारा निजी व्यक्तिगत संबंध जिसे ॐ जानते हैं या हम और जनता को इससे कोई विशेष संबंध कदापि नहीं हो सकता।

हमें पूर्ण विश्वास है कि योग ग्रंथावली की यह 'वज्रोली' पुस्तक योग में विश्वास व श्रद्धा रखने वालों के लिये महत्वशाली व उपयोगी सिद्ध होगी।

निवेदक—

व्यास सूर्यराज

मंत्री—म० प्र० मन्दिर।

# विषय-सूची

# प्रस्तावना

ॐ योग शब्द कितना व्यापक है, इस बातको जानने की यहाँ आवश्यकता नहीं है। यहाँ तो इतना ही कहना है कि योग शब्द का मुख्य अर्थ है हमारे और ब्रह्म के बीचमें के अंतराय (परदे) को फाड़ डालना। इस परदे को हटाने के लिये छः योग प्राधन हैं। जैसे कि क्रिया योग, प्राणयोग, मनोयोग, भावना योग, बुद्धि-योग, और बिन्दु योग। इन योगों की पूर्णतया अन्यान्याश्रयता और साम्यता है, जिसका कारण योग का प्रारम्भ क्रम है। हमारे इस योग का प्रारम्भ बिन्दुजय के लक्ष्य से होता है। अतः इसका नाम बिन्दु-योग है। जिस क्रिया से इस बिन्दुजय के तत्व को साधक प्राप्त किया करता है उस क्रिया का नाम ही वज्रौली मुद्रा है। इस मुद्रा में बिन्दुजय की विधी बताकर उसके लाभ आदि बतलाये गये हैं। बस इस मुद्रा को समझने के लिये ही यह छोटा सा निबन्ध लिखा गया है। इस निबन्ध में वज्रौली संबन्धी सभी बातों पर प्रकाश डालकर साधन संबन्धी कठिना-इयों को सुलभ बनाने की भरसक चेष्टा की गई है। यहाँ तक कि वज्रौली के अन्दर और बाहर की गुप्त बातों को भी खोल दिया गया है जिनको पढ़कर साधक वज्रौली संबन्धी बहुत ही

गलतफहमियों को सहज ही हृदयांगम कर के समझ सके कि वज्रौली का रहस्य साधकों को भोगरूप पाप में लगा कर वीर्य का नाश करना नहीं अपितु उसको निर्दोष बना पारद की शद्धश्यता में लेजा कर ऊर्ध्वरेता बना ईश्वराभिमुख कर देना है। ( केवलं पारदोपमम् ) वीर्य का पारे की शद्धश्यता में आजाना ही ईश्वर प्राप्ति के मार्ग में प्रवेश करना है। जब यही ऊर्ध्वगामी होकर सहस्रार की दिव्य किरणों में लय हो जाता है तब ही साधक ब्रह्मरूपता को प्राप्त हो जाया करता है। यही तत्व वज्रौली मुद्रा का सार है। जिसको समझ कर साधक उन मूढ किंवदन्तियों और धूर्तों के माया जालसे बच सकेंगे जो वज्रौली मुद्रा को भोगरूप, पाप का साधन बनाते हैं। इन गुप्त और प्रकट बातों के साथ में ॐ ने पाठकों के सुविधार्थ वज्रौली संबन्धी औजार और आसनों के चित्र भी दिये हैं जिससे उनको पाठक सुगमता से समझ सकेंगे।

शायद इस निबन्ध को पढ़ कर कुछ गुप्तता के पोषक ॐ को यह कहें कि ऐसी गुप्त बातों को आम जनता के सामने नहीं रखना चाहिये। यह तो श्रद्धालु अधिकारियों को ही देना चाहिये। इन सज्जनों से ॐ का इतना ही कहना है कि यदि कोई वस्तु गुप्त नाम से कहीं और रखी जाने की हो तो वह एक मात्र पाप ही है। यही कारण है कि मनुष्य मात्र अपने पापप्रद कार्यों को छिपाने का प्रयत्न किया करते हैं। ॐ के अनुभव में धार्मिक बातों को गुप्त रखने का तरीका व्यभिचार

पूर्ण तंत्रों और स्वार्थपरता से ही चला है। यदि ऐसा न होता तो भगवान् गीता में और उपनिषदों में कहीं भी यह कहते नहीं मिलते कि मैं तुमको यह गुप्त और पवित्रताओं की राजविद्या बता रहा हूँ। हम तुमको यह गुप्त तत्व बता रहे हैं जहाँ पर मन वाणी और बुद्धि नहीं पहुंच सकती है।

ॐ के विचार में इस बेहूदी गुप्तता ने ही भारत की बहुतसी बहुमुल्य विद्याओं का नाश किया है। यदि अब भी हम इस पाप से नहीं छूटेंगे तो हमारा जो कुछ है वह भी नाश हो जायगा। आज इस गुप्तपन के पापसे मुक्त रह कर ही ( चाहे भौतिकता में ही सही ) पाश्चात्य जगत ऊपर उठ रहा है। अतः हमें किसी भी साधन को गुप्तता की चिता में फूकना नहीं चाहिये। रही श्रद्धा और अधिकारी की बात। इनका स्थान तो आज अंधविश्वाश और कामनाओं ने ही ले लिया है। पूर्वकालीन श्रद्धाकी दृष्टि में भोग नाम का कोई पदार्थ ही नहीं था। उदाहरणार्थ नचीकेता को ही देख लीजिये वह यमराजके सब कुछ देने पर भी कहता है कि कुछ हो तो लूँ बिना हुई वस्तु को देने और लेने लगना ही तो सबसे बड़ी मूर्खता है। साधक की इस मोक्ष स्वरूप अखंड धारा का नाम ही श्रद्धा है। मोक्ष मार्ग में इस श्रद्धा और साधक का एक स्वरूप माना है इस श्रद्धा से युक्त साधक के लिये भोगों का अस्तित्व ही बन्धन, पाप, अत्याचार और सबसे बड़ा व्यभिचार है। इसके अस्तित्व का अभाव मुक्ति का तात्विक बीज है। आज इस कामकामी संसार में उप-

रोक्त श्रद्धालु अधिकारी का मिलना ही दुस्तर है। जिधर देखो उधर 'अंधेनैव नीयमान यथान्धाः' अंधविश्वास का साम्राज्य है आज के गुरुओं के यहाँ विवेक वैराग्य सम्पन्न सदाचारी, संयमी वासनाक्षयी अधिकारी नहीं अपितु विवेक, वैराग्य, संयम, सदा-चार से रहित संपत्तिशाली भोगों के पुतले, सिद्धि और चमत्कारों के चाहक जो भोग व कामना की पूर्ति के नहीं होने पर गुरु की कौन कहे भगवान् तक को भी छोड़ देने वाले कामी पुरुष ही श्रद्धालु अधिकारी माने जाते हैं। यदि उपरोक्त विवेचन सत्य है तो संसार श्रद्धालु अधिकारी का नहीं अपितु अंधविश्वाशी, कामकामियों का ही है। तो फिर किसी गुन पोषक और श्रद्धालु अधिकारी के समर्थक को संसार से आज ही कूच कर देना चाहिये। नहीं, ऐसा नहीं, शास्त्रों में यह भी लिखा है कि जब २ भी संसार में अंधविश्वास और कामनाओं का अधिकार हो जावे तब २ ही सच्चे ब्राह्मण और संन्यासियों को घर २ घूम कर जनता में सत्यतत्त्व का प्रचार करना चाहिये। यह अर्थ भगवान् श्री आदि शंकराचार्य के निम्न लिखित वाक्य का है कि 'कोवा गुरु योहि हितोप देष्टा' गुरु स्वार्थ परता की दीक्षा से नहीं अपितु हितका उपदेश देने से होता है। इस सर्वहित सत्य उपदेश से कामकाभी पुरुषों की कामना का दमन ( चाहे थोड़ा ही क्यों न हो ) होकर शुद्ध श्रद्धा की जागृति होगी जो समय पर विस्तार पाकर विश्व कल्याण का कारण होजावेगी। अन्यथा गुरुता और अधि-कारियों के भरोसे हमारी विद्या तो नाश होगी ही और अध-

कचरे साधनों से लोगों को हानि भी अधिक उठानी पड़ेगी। अतएव ऐसे गुरुतर कार्य का यापन करने में वही व्यक्ति सफली भूत हो सकेंगे जिसके हृदय में संसार का कल्याण करने की लग्न होग। सत्य विद्या का जीर्णोद्धार करने की सद्प्रेरणा होगी एवं निजत्व के अभाव के साथ ही साथ निस्वार्थ भावना का समावेश होगा।

ॐ जो स्त्री के बिना बज्रोली का सिद्ध होना असम्भव मानते हैं, वह अपने को व्यभिचारी, भ्रष्ट और बज्रोली जैसी शुद्ध वीर्य-रक्षक विज्ञानिक क्रिया को नष्ट करने के पाप को अपने ऊपर लादते हैं। हां! जैसे एक सद्गृहस्थ अपनी सद्गृहस्थी को निबाहता हुवा ईश्वर प्राप्त कर सकता है वैसे ही एक बज्रोली सिद्ध ईश्वर प्राप्त मनुष्य भी अपने जीवन रूपि सर्प के मुख में से कामुकता के दाँत या विषय विष रूपि विष की थैली निकाल कर काम जयी होकर सद्गृहस्थीको निबाह सकता है।

इस तत्व को समझाने के लिये ही इस पुस्तिका का दूसरा भाग लिखा गया है न कि कामी बनाने के लिये। इतना होते हुए भी बज्रोली की मुख्य मुक्त-सिद्धि ब्रह्मप्राप्ती को नैष्ठिक ब्रह्मचारी और गौण सिद्धिको कामजयी सद्गृहस्थी प्राप्तकिया करता है। इनसे अन्य कामासक्त मनुष्य बज्रोली को छूकर अपनी मौत आप बनते हैं। इन दोनों तत्वों का अनुभव अपने २ चरित्रों के अनुसार साधक बज्रोली मुद्रा करके ले सकते हैं।

## अनुभव की परिभाषाः—

ॐ इस निबन्ध में बताये हुए मात्र साधन अनुभव सिद्ध हैं। अनुभव दो तरह का होता है, एक क्रिया-साध्य, और दूसरा विज्ञानबुद्धि-साध्य। क्रिया-साध्य साधनों को ॐ ने साधको द्वारा एक बार नहीं अनेक बार परीक्षा करके लिखा है। मनो-विज्ञान और बुद्धिविज्ञान-साध्य साधनों की परीक्षा विज्ञानबुद्धि द्वारा ही हुआ करती है जिसका भी ॐ ने भरसक प्रयत्न किया है। इन दोनों अनुभवों के मिलाप से ही, एक पूरा अनुभव सिद्ध हुआ करता है। इस पूर्ण अनुभव का नाम ही सच्चा अनुभव होता है। इस सच्चे पूर्ण अनुभव से ही साधकों को पूर्ण सिद्धि मिला करती है। अतः पूर्ण अनुभव का नाम सिद्धि और पूर्ण सिद्धि का नाम अनुभव है। जो साधक अनुभव की इस परिभाषा को समझ लेगा वो ही अनुभव-सिद्ध होकर सिद्धि को प्राप्त कर सकेगा। क्रिया-साध्य साधन का नाम क्रिया और मनोविज्ञान, बुद्धि विज्ञान-साध्य साधन का नाम चमत्कार कहा जाया करता है।

विश्वात्मा ॐ

* ॐ तत्सत् *

# भूमिका.

विश्वात्मा ॐ ने इस पुस्तक को लिख कर भारतीय साधकों का हित साधन ही किया है। योग,समाधि और संयम का महत्व असाधारण है। परन्तु इन दोनोंकी प्राप्ति बिना धारणा और ध्यान के नहीं हो सकती। धारणा को सफल करनेके लिये अनेक प्रकार की मुद्राएँ करनी पड़ती हैं। जैसे अगोचरी, भूचरी, चाचरी, खेचरी और साम्भवी आदि। योग-शास्त्र में मुद्राओं का महत्व अनुपम है। मुद्राओं से अनेक प्रकार के लाभ हो सकते हैं और असाधारण सिद्धियें भी इनके द्वारा प्राप्त की जा सकती हैं।

साम्भवी और षणमुखी मुद्रा से जिस प्रकार मन और प्राणवायु को विजय कर अंतःकरण की शुद्धि से संप्रज्ञात् समाधि को प्राप्त कर सकते हैं—ठीक वैसे ही योगी लोग वज्रोली मुद्रा द्वारा वीर्य सिद्ध कर समाधि को प्राप्त हो सकते हैं। योग शास्त्रों का सिद्धान्त है कि "मन, वायु और वीर्य यह तीनों एक ही पदार्थ है, इन तीनों में से किसी एक को वशीभूत करने से तीनों वशीभूत हो जाते हैं"। अतः एव योग-शास्त्रों में इन तीनों को वशीभूत करने की पृथक २ प्रणालियें बतलाई गई हैं जैसे—ईश्वर प्रणिधान या एकत्व के अभ्यास से मन

को, प्राणायाम से वायु को वशीभूत करने का आदेश है—ठीक वैसे ही 'वज्रौली मुद्रा' से वीर्य को वशीभूत किया जासकता है।

आज कल क्रिया-योग के विशेषज्ञ बहुत ही विरले महात्मा मिलते हैं। कारण सूक्ष्म विषय की बातें कहने से उसका प्रत्यक्ष में कुछ भी असर नहीं होता। श्रद्धा और भक्ति से उन बातों को सुन लेने या मान लेने पर ही निर्भर रहना पड़ता है परन्तु स्थूल विषय की स्थूल क्रियाओं को करने और करवाने वालों पर भौतिक दृष्टि से भी अधिक उत्तरदायित्व है। इसमें साधक या सिद्धि के प्रयत्नों की सफलता या असफलता स्पस्ट दिखलाई पड़ती है अतः बिना अनुभव किये स्थूल कार्यों की शिक्षा देना शिष्यों के सामने अपना पतन करना है और साथ २ साधक का जीवन भी नष्ट भ्रष्ट कर देने का अपराधी बनता है। इतनी कठिनतम क्रिया को सहज में बतलाने के लिये जो प्रयत्न 'वज्रौली' के लेखक महाशय ने किये हैं वे अवश्य ही प्रशंसनीय और सर्व साधारण के उपयोगी हैं। इस पुस्तक में केवल उपदेश ही नहीं दिया गया है वरन् प्रत्येक क्रिया को करने के लिये आसन और उसके यन्त्रों ( औजारों ) के चित्र नाम और परिचय भी दे दिये हैं। स्वतंत्र शीर्षकों को देखने से तो पुस्तक का विषय स्पष्ट समझ में आजाता है। सर्व साधारण पाठकों को भी इससे यह शिक्षा मिल सकती है कि 'वज्रौली मुद्रा' से वीर्य सिद्धि किस प्रकार से हो सकती है।

देश में इस समय बहुत से पुरुष हीन वीर्य होकर अपने जीवन को बरबाद कर देते हैं। खास कर युवक युवतियाँ तो अनेक वैद्य और डॉक्टरों की शरण जाकर अपना दम्पति सौख्य स्थिर करना चाहते हैं। उनके लिये यह मुद्रा बहुत उपयोगी हो सकती है। यदि वे अपने श्री गुरुदेव के सामने इस क्रिया को सिद्ध करलें तो भोग और मोक्ष दोनों ही मिल सकते हैं। छान्दोग्योपनिषद् में लिखा है कि 'आचार्याद्ध्येव विद्याविदिता साधिष्ठं प्रपयति' गुरु के मुख से जानी विद्या ही यथेष्ट फल को प्राप्त करवाती है। शिव संहिता कहती है कि 'दमवेद्वीर्यवती विद्या गुरु वक्र समुद्भवा अन्यथा फलहीनास्यान्निर्वीर्याप्यति दुःखदा'। गुरु मुख से सीखी हुई विद्या ही वीर्य वती होती है अन्यथा—अपने मन से पुस्तकें पढ़ने आदि से—जो विद्या आती है। वह दुःखदाई होती है। इस लिये यदि हमें अपने 'वज्रौली मुद्रा' विद्या को सफल, वीर्यवती, और सुख वाली बनानी है तो इसे गुरु मुख से ही समझ कर उन्हीं के सामने—इसका साधन करना चाहिये।

इस पुस्तक में सार रूप में 'वज्रौली मुद्रा' सम्बन्धी मुख्य बातें आगई हैं। स्त्री संभोग आदि विषयों को सीमित भाषा में लिख कर लेखक ने जिस प्रकार वज्रौली के नाम पर व्यभिचार करने वालों का और इस विद्या को गुप्त रखने की बहानेबाजी से साधकों के जीवन और इस उत्साह को नष्ट भ्रष्ट करने वाले अयोगियों को सावधान करदिया है, ठीक वैसे ही सज्जन

साधकों को बतला दिया गया है कि यह 'वज्रौली मुद्रा' अपने वीर्य की रक्षा और ब्रह्म तेज की प्राप्ति करने के लिये है। इसका दुरुपयोग करने वाला साधक योग से विमुख होकर भोगी और रोगी होता हुआ स्वयं अपना पतन कर देता है। अतः एव हम भूमिका को समाप्त करते हुए पाठकों का ध्यान 'वज्रौली मुद्रा' के महत्व पूर्ण। वीर्य रक्षा की ओर खींचते हुए उचित परामर्श देते हैं, कि इस पुस्तक को पढ़ कर आप स्वयं लाभ उठावें और अपने इष्ट मित्रों को वीर्य-रक्षा का ज्ञान करवावें जिससे अपने देश, समाज और धर्म का अभ्युदय हो। अस्तु।

भवदीय शुभेच्छु

**पं० बद्रीदास पुरोहित**

"वेददान्त भूषण"

'वनस्थ'

# वज्रौली मुद्रा

वज्रौली-मुद्रा योग-शास्त्र का एक चौकन्ना बना देने वाला साधन है। इसका नाम सुनते ही श्रोता के मन में उत्साह, संशय, भय, आश्चर्य दौड़ने लगा करता है। क्योंकि यह साधन भोगी और त्यागी दोनों ही को प्रोत्साहित करता है। भोगी तो इसको पढ़ते ही हजारों स्त्रियों को भोगने की खुशी के झूले में झूलने लगता है। त्यागी इससे ईश्वर मिलन की आनन्दी वृति का रसस्वादन करने का स्वप्न देखा करता है। यह दोनों बातें ही श्रोता के उत्साह का कारण है परन्तु दूसरे ही क्षण वह संशय की सूली पर चढ़ा हुआ अपने को भय की श्रृङ्खला से जकड़ा हुआ देखता है। वह सोचता है क्या यह साधन मुझ से हो सकेगा। यदि बिगड़ गया तो मेरा क्या हाल होगा, इत्यादि बातें सोचता हुआ मन ही मन कहा करता है कि कैसा आश्चर्य है कि भोग मोक्ष दोनों एक साथ ही प्राप्त हो सकते हैं। क्या भोग की पत्नी मुक्ती और मुक्ति का पति भोग हो सकता है ? कदापि नहीं, यदि ऐसा होता तो मोक्ष-मार्गी पुरुषों को सर्व त्यागी क्यों कहा जाता ? क्या कभी जननेन्द्रिय से प्रकृति विरुद्ध जल दुग्ध, घृत, मधु आदि

द्रव और पारद आदि ठोस पदार्थ खींचे जा सकते हैं ? यही बातें हैं जो साधक को उत्साहित करती हुई भी संशय युक्त करके आश्चर्य में डाला करती हैं। ॐ पाठकों के हितार्थ उपरोक्त बातों को अपने अनुभव और बुद्धि के अनुसार इस लेख में हल करना चाहता है जिससे पाठक बज्रौली की सत्यता को जान कर ही उसमें प्रवृत होकर बज्रौली की बहुत सी कठिनाइयों को पार कर जायेंगे।

## ❀ बज्रौली की कठिनाइयों ❀

ॐ एक तो कठिनता होती है और एक मृत्यु से खिलवाड़ करना होता है; अतः बज्रौली कठिन ही नहीं अपितु मृत्यु से खिलवाड़ करना है। जैसे मृत्यु को खेल में जीतना कठिन ही नहीं अपितु दुस्तर भी है तैसे ही बज्रौली की कठिनाइयों से पार पाना भी दुस्तरातिदुस्तर है क्योंकि ये साधन अदृश्य लोक (शरीर के अन्तर भाग) का साधन है। इसके सिद्ध करने में बुद्धि के सिवाय अन्य कोई भी इन्द्रिय काम नहीं दे सकती है। अतः यह इन्द्रिय-ग्राह्य साधन नहीं बुद्धि-ग्राह्य है। जैसे "बुद्धि ग्राह्यमतीन्द्रियम्"। इन्द्रिय में शलाका डालने तक ही तुम्हारे हाथ आंख आदि इन्द्रियें काम कर सकती हैं किन्तु इसके आगे वह हाथ भी सलाका को अन्दर ढकेलने के सिवाय कुछ नहीं जान सकता कि वह शलाका किधर कहाँ जाकर क्या काम

कर रही है, यहाँ तो बुद्धि के संकेत द्वारा अन्तरस्पर्श ही साधक को कुछ जता सकता है कि अन्दर क्या हो रहा है अतः इस साधन के अन्तर कार्यों को समझना इतना ही कठिन है जितना अंधे को भूँगली ( नलिकाष्ट ) में डाली हुई सूई के छिद्र को समझना कठिन हुआ करता है। इसीलिये ही तो ॐ कहा करता है कि वज्रौली के साधन में लगना अपने को अन्ध कूप में ढकेल देना है। उपनिषदों के मतानुसार शरीर के अन्दर जीवन तन्तु इतने सूक्ष्म हैं कि जितने बाल के अग्र भाग के सौ टुकड़े करके उसके शतांश ( १०० मा ) भाग की सूक्ष्मता हुआ करती है। जिनको एकाग्र सूक्ष्मातिसूक्ष्म बुद्धि के सिवाय साधक किसी साधन या ( सूक्ष्मदर्शी ) यन्त्रों तक से भी नहीं देख सकता है। यद्यपि इनमें बहुत सी जीवन किरणें ऐसी हैं जिनको स्पर्शन आघात नहीं छू सकता है या स्पर्शन आघात के नीचे वह नहीं आसकती हैं फिर भी यह अज्ञात लोक का कार्य है जिसमें थोड़ी भी गलती होने पर साधक दुखोंके गर्तमें ही नहीं अपितु कभी २ मौत का शिकार भी हो जाया करता है। अतः साधकों का कर्तव्य है कि वह अपने को किसी सच्चे अनुभवी गुरु की सहायता से सोच समझ कर ही इस साधन में लगावे।

## ❀ भोजन ❀

ॐ वज्रौली के लिये निम्न लिखित वस्तुओं को छोड़कर सब पदार्थ ग्राह्य ही हैं। त्याज्य पदार्थ हैं:—तेल, मिर्च, खटाई,

लहसन, प्याज, मांस और अति उष्ण, अति तीक्ष्ण खाद्य पदार्थ, गांजा, सुलफा, अफीम, भंग, शराब, कोकीन, तम्बाकू, जरदा, नस्य, काफी आदि पदार्थ भी बिलकुल छोड़ देने चाहिये। अन्य खाद्य पदार्थों में भी रजतम की प्रधानता को छोड़ कर ही भोजन करना चाहिये। सर्व साधारण के लिये दाल, रोटी, शाक, भात, खिचड़ी आदि पथ्य ताजे फल और सूखे मेवे बहुत लाभप्रद होते हैं। बज्रौली के लिये सबसे प्रधान भोजन दुग्ध, मक्खन व घृत ही है। जिस साधक को ये भरपूर न मिल सकें वे बज्रौली मुद्रा को कभी न छूवें और यदि छूवेंगे तो कल्पनातीत हानि होगी।

## ● बज्रौली के औजार ❀

ॐ बज्रौली-मुद्रा के लिये चार प्रकार के औजारों की आवश्यकता हुआ करती है। इसके बिना साधकों को बज्रौली मुद्रा में सफलता नहीं मिलती है। इनमें से नं० १ और नं० ४ तो सीसे और तांबे के हैं, और नं० २ व नं० ३ चाँदी के। इनमें से नं० १ से नं० ३ तक की मोटाई सूत २ और लम्बाई ७ इञ्च होनी चाहिये। नं० १ सीसे वाली ठोस और आगे से इन्द्री में डालने वाले भाग की ओर से १ एक इञ्च मुड़ीहुई होनी चाहिये और नं० २ चाँदी वाली पोली नलीके दोनों भाग ऊपर को ही मुड़े हुए होने चाहिये। इसका बाहर का भाग पेच वाला और अन्दर का भाग साफ रहना चाहिये। नं० ३ वाली पोली नली का अन्दर

का भाग ऊपर को व बाहर का भाग नीचे को मुड़ा हुआ रहना चाहिये। इसके दोनों ही भाग साफ होते हैं। नं० ४ तांबे वाली पोली नली दो सूत से कुछ मोटी, १०-१२ इंच लम्बी होती है। जिसके नीचे के भाग में पेच और ऊपर के भाग में एक प्याली लगी होनी चाहिये (चित्रों से पूर्णतया समझलो) इनमें से नं० १ तांबेवाली को छोड़कर अन्य तीनों का कार्य ॐ अब रबड़ की नली से भी लेन लगा है जो बहुत ही सुगम और खतरे से रहित सिद्ध हुई है परन्तु इसमें एक कमी अवश्य ही रह गई है कि वह अन्दर से मुड़ी हुई नहीं है। यह नली दो सूत मोटी और तीन फुट लम्बी होनी चाहिये। रबड़ की नली को काम में लेने से प्रथम उसको उत्तम तरह से साफ कर लेना चाहिये। साफ करने की विधी यह है कि बाहर से तो उसको साबुन आदि से धो लेना चाहिये और अन्दर से उसमें जल भर कर उसके बाहर के भाग को खूब मलना चाहिये इस क्रिया से उसके अन्दर का सब मैल धुल कर वह अन्दर से बिलकुल साफ हो जायगी।

## ❀ सर्व प्रथम साधन ❀

ॐ इस साधन को आप सबसे प्रथम आरम्भ करदें और सबके सहायक रहते हुए सबके अन्त तक चालू रक्खें। इसके पूर्णतया सिद्ध होजाने पर साधक का अपान पर अधिकार स्नायु सञ्चालन की शक्ति प्राप्त होकर उनमें बल का विकास होने लगता है; साथ ही स्तम्भन शक्ति भी बढ़ती जाती है। इस क्रिया की सिद्धि के हो जाने पर ही साधक बिना नली के पारदादि

पदार्थों को खींचने की शक्ति प्राप्त किया करता है परन्तु क्रिया को मनोविज्ञान पूर्वक करना चाहिये। ॐ ये क्रिया नहीं अपितु, बज्रौली सिद्धि का मूल मन्त्र है। क्रिया इस तरह है कि जब २ भी आप लघु शंका किया करें तब २ ही अपने दांतो * को उपर नीचे से मिलाकर बलपूर्वक दबाते हुए अपनी मूत्र धारा के तीव्र हो जाने पर एक दम रोक लिया करें। इस वेग को एक बार लघुशंका करने में चार बार रोकना और छोड़ना चाहिये। ऐसे ही इन्द्रिय से खीचे जाने वाले पदार्थों को भी रोक २ कर ही छोड़ा करें। जब आप इस अभ्यास के बल से पारद को रोकने लगेंगे तो आपको बज्रौली में सफलता प्राप्त हो जायगी। यदि किसी साधक को मूत्र के वापिस खीचने में कुछ हानि की भ्रम भावना हो ( सो तो है नहीं ) तो उसको जल, दुग्ध, घृत आदि को ही रोक २ कर छोड़ना चाहिये। जलके रोक २ कर छोड़ने से इन्द्रिय के अन्दर के विक्रित पदार्थ भी धुलने लगते हैं जिनके धुलने पर आकर्शित पदार्थ शीघ्र और अधिक फल देने लगते हैं। यह क्रिया सुगम होकर भी अधिक फल देने वाली है।

* दांतों को ऐसे दबा कर क्रिया करने वाले साधकों के दांतों में कभी कोई रोग नहीं हुआ करते हैं। यदि कोई सर्व साधारण मलमूत्र त्याग करने वाला पुरुष भी इस क्रिया को नियमित रूप से करेगा तो उसके दांतों को बहुत लाभ होगा। दांतों के रोगी लाभ उठावें।

# ❋ औजारों के प्रयोग की विधी ❋

ॐ इन औजारों में से सर्व प्रथम नं० १ शीशे की ठोस शलाका को निम्न लिखित क्रम से प्रयोग में लाना चाहिये। सर्व प्रथम इस शलाका को किसी कपड़े से खूब रगड़ कर साफ करके थोड़ासा घी लगा कर प्रथम दिन करीब एक अंगूल ही इन्द्रिय में प्रवेस करना चाहिये यहां जहां पर आपकी इन्द्रिय का कुछ मोटा सा भाग है शलाका कुछ कठिनता से अटक कर अन्दर जाया करती है अतः घबराने की कोई आवश्यकता नहीं; कार्य हठ से नहीं साहस और धैर्य से करना चाहिये। यह कठिनता १–२ दिन में अपने आप ही मिट जायगी। यद्यपि इस छल्ले के पार करने पर करीब पांच अँगुल तक रास्ता साफ होने से शलाका अपने आप ही सुगमता से अन्दर जाया करती है तथापि शलाका को एक २ अंगूल ही अन्दर डालना चाहिये। शलाका के पांच छः अंगुल और जाने पर अण्ड कोष के बीच में शलाका एक बार फिर कुछ अटकेगी। यहां पर और भी धैर्य्य, साहस और एकाग्रता की आवश्यकता है। शलाका को बार २ घी लगा कर डालने से २–३ दिन में रास्ता अपने आप ही नरम होकर खुल जावेगा जिसके खुल जाने से शलाका ८ से ११ अंगुल अन्दर जाने लगेगी, बस यहां पर आपकी इस शलाका का कार्य्य पूर्ण हो जाता है। इसकी पूर्णता की मोटी परीक्षा शलाका का मूत्राशय पर आघात पहुँचाना ही है। मूत्राशय पर आघात पहुँचने का चिन्ह मूत्र का प्रवाहित हो जाना ही है मूत्र प्रवाह किसी २ साधक का

किसी २ समय इतना तेज़ हो जाया करता है कि साधक के रोकने पर भी हाथ में निकल जाया करता है। इस सब कार्य को साधक १२-१३ दिनों में समाप्त कर दिया करता है। इसके पूर्ण हो जाने पर साधक को नं० २ चाँदी वाली पोली नली और नम्बर ३ तांबे वाली धमनी से काम लेना पड़ता है। विधि यह है कि नं० २ चांदी वाली पोली नली के सफा भाग को इन्द्रिय में ऐसे डाले जिससे उसका पेचवाला भाग ऊपर को रहे। पश्चात् नं० ३ तांबे वाली के पेच को इस चाँदी वाली के पेच पर कस देना चाहिये ऐसा करने से नं० ३ का प्याली वाला भाग आपके ठीक मुख के पास आ जावेगा। प्याली के मुख के पास आजाने पर उसमें उसी प्रकार मुख लगा कर जैसे सुनार अपनी फूकनी में लगाया करता है, वायु भरनी चाहिये। जब वायु इन्द्रिय में पूर्णतया भर जावे तब उसको बाहर जाकर निकाल देना चाहिये। वायु निकालते समय पहिले मूत्र और पीछे कुछ झाग सहित फड़ २ करती हुई वायु बहुत जोरों से निकला करती है। इस क्रिया से वायु ५-७ दिन में ही पूर्ण रूप से भरने और निकलने लगेगी, वायु पूर्णतया भर जाने पर नाभि के नीचेके भाग 'पट्ठ' में एक विशेष प्रकार की फटन जैसी वेदना मालूम हुआ करती है जिससे साधक को भान सा होने लगा करता है कि मानो मूत्र बाहर निकलने को बाधित कर रहा है। यह विशेष फटन ही साधक की वायु के पूर्ण भर जाने की सूचना और इस साधन की सफलता का चिन्ह है। इसके पूर्ण हो जाने पर साधक को नली की प्याली में जल भर कर फूँक के द्वारा

नं० ३ की नली नं० २ वाली नली में लगाकर
मुख से वायु भरी जारही है।

ही इन्द्रिय में धकेलना चाहिये। जब साधक इस विधि से एक छटांक जल इन्द्रिय में बिना परिश्रम भर सकेगा तब इस नली का कार्य भी पूर्ण हो जावेगा। इसके आगे साधक को नं० ४ वाली नली काम में लेनी चाहिये। इस नली को इन्द्रिय में ऐसे डाले जिसमें इन्द्रिय के अन्दर वाला मुख ऊपर को और बाहर वाला मुख पानी की कटोरी में रहे। प्रथम वायु खेंचनी चाहिये फिर जल, फिर दुग्ध, घृत, शहद और पारा खींचना चाहिये। यदि साधक को अश्वी-मुद्रा और नौली-क्रिया तथा नलों का उठाना बैठाना ठीक तरह से आता है तो वह उपरोक्त पदार्थों को बहुत ही शीघ्र खेंच सकेगा? यहां तक कि कोई साधक तो प्रथम दिन ही वायु को और २-३ दिन में जलको खीचने लगा करता है। सेर भर जल खींचने के पीछे आधा सेर दुग्ध और आधा सेर दूध के पीछे पाव भर घृत और तब आध पाव शहद और बाद में एक छटाँक पारा खींचना चाहिये। यह क्रम सर्वसाधारण के लिये उपयोगि और लाभप्रद है। यों तो सेर भर पानी खींचने वाला साधक पाव भर पारा भी खींच सकता है परन्तु इससे हानि की भी सम्भावना है। बज्रौली के लिये अश्वी-मुद्रा और नौली क्रिया आवश्यक है।

ॐ साधकों को यह बात बिल्कुल सत्य माननी चाहिये कि अश्वी-मुद्रा और नौली-क्रिया तथा पवनवस्ती के बिना बज्रौली मुद्रा होना कठिन ही नहीं अपितु असम्भव है अतः बज्रौली के साधकों का कर्तव्य है कि वह अश्वीमुद्रा और नौलीक्रिया को उत्तम तरह से सीख कर बज्रौली-मुद्रा में लगे।

ॐ ऊपर आप पुराने औजारों के नाप तोल प्रयोग विधि शकल और रबड़ की नली आदि के तरीके समझ चुके हैं अब ॐ आपको वह सुगम अनुभूत औजार और उसके प्रयोग का तरीका भी बता देता हूँ जिसमें आपकी सब कठिनाइयें सुगम हो जाती हैं। यह औजार नाई के बाल भिगाने वाला फोव्वारा (EFFUSER) है। इसके प्रयोग की विधि पानी चढाते हुवे चित्र के परिचय में देखिये। बताने की बात यही है कि इस औजार का काम में लाने से पहिले इसके मुख में पानी को फोवारे की आकृती में बदलने वाला जो स्क्रू होता है उसे निकाल देना चाहिये और चित्र के अनुसार रबड़ की नली लगाकर प्रथम वायु, पश्चात् जल चढ़ाने का अभ्यास करना चाहिये। बस इसके समझ पूर्वक करने से आपका वायु और जल चढाने का कार्य सुगमता से सफल हो जायगा, मुंह से वायु और जल भरने की क्लिष्टता भी मिट जायगी और यह अभ्यास बहुत सुलभ, सुगम, सरल व कम प्रयास से हो जायगा।

## ● अश्वी-मुद्रा ●

ॐ अश्वी-मुद्रा उस क्रिया का नाम है जिसको घोड़ा लीद करने के पश्चात् अपनी गुदा से किया करता है। इसकी सिद्धि के लिये साधक को अपनी गुदा को बहुत आकर्षण विकर्षण (खोलना बन्द करना) करना पड़ता है। अब इस आकर्षण विकर्षण (संकोच-विकास) द्वारा साधक की गुदा बिना ही परिश्रम

नाई के फौवारे द्वारा वायु और पानी चढ़ाया जा रहा है।

नं० ४ की नली लगाकर वायु खींची व
निकाली जा रही है।

खुलने व बन्द होने लगे तब यह मुद्रा सिद्ध हो जाती है। अश्वी मुद्रा की दूसरी विधि यह है कि आप किसी समसूत्र सीधी जमीन पर कोई कपड़ा बिछा कर चित्त लेट कर अपने दोनों घुटनों को इतने खड़े कर लीजिये जिससे आपके दोनों पैरों की एड़ियें दोनों नितंबों के लग जाँय। ऐसे होने पर आप अपनी गुदा के अन्दर के भाग को ( जो अन्दर से पोला है ) बलपूर्वक बाहर की ओर धकेलो। जब धकेलने में असमर्थ हो जाओ तब अन्दर की तरफ भी उतने ही बलसे खीचने की चेष्टा किया करो। इस अश्वी-मुद्रा से साधक को बहुत ही अद्‌भुत लाभ हुआ करते हैं। परन्तु बज्रौली की सिद्धि के लिये साधक को आकर्षण विकर्षण गुदा से नहीं अपितु इन्द्रिय से करना पड़ता है। यद्यपि इस आकषण विकर्षण से गुदा और लिंग एक साथ ही खींचा और खुला करते हैं तथापि साधक को बज्रौली करते समय में लिंग इन्द्रिय के खिंचाव पर ही अधिक ध्यान देना चाहिये क्योंकि बज्रौली की पूर्ण सिद्धि तब ही हुआ करती है जब साधक गुदा को बिलकुल हिलाये बिना ही इन्द्रिय को खोल और बन्द कर सकता है। इस इन्द्रियाकर्षण के सिद्ध हो जाने पर साधक उस हरेक पदार्थ को ( जिसको गुदा उपस्थ के एक साथ खींचते हुए बहुत बल से खींचा करता है ) इशारे मात्र से ही खींच सकता है। अतः बज्रौली के उपासकों को उपस्थाकर्षण पहिले सिद्ध कर लेना चाहिये।

# ❀ पवन-वस्ता ❀

ॐ यह क्रिया जो आपको बताई जा रही है वह वज्रौली के लिये बहुत अनुभव द्वारा उपयोगी सिद्ध करके लिखी है। इसके करने से साधक अपान की शुद्धि को बहुत शीघ्र प्राप्त करलिया करता है। अपान की शुद्धि और सिद्धी ही वज्रौली की सिद्धी का मूल बीज मंत्र है। जो साधक इस क्रिया को गुदा और लिंग से करना सिद्ध करलेगा वह कुछ ही दिनों में वज्रौली का सहज सिद्ध हो जावेगा। अतः साधकों को इसे अवश्य साध लेना चाहिये। विधि यह है:—पग के अंगूठे से सवाई ड्योढी मोटी और आठ-दस अंगुल लम्बी जिसमें हाथ की मध्यमा अंगुली प्रवेश कर सके इतनी पोली बढ़िया पालिस की हुई काष्ट की या अन्य किसी भी धातु की सचीकण नली, जिसके मध्य भाग में एक ऐसा छल्ला बनाया गया हो जो नली को गुदा में जाने से रोक रक्खे, लेकर घृत लगा तीन-चार अंगुल गुदा में डालकर उत्कट आसन से बैठ कर या नौली क्रिया के सदृश घुटनों पर हाथ रखकर आगे झुक कर जल वस्तीवत वायु को खींचने का अभ्यास करें। इस वस्ती के अभ्यास से आप पांच सात दिनमें ही वायु को सुख पूर्वक खीचने लगेंगे। महीने दो महीने में तो आप वायु को इतनी खीचने लगेंगे जिससे एक ही सड़ाटे (श्वास) के पूरक में आपका पेट फुटबौल वत भरकर फूलने लगेगा। इस अभ्यास के ठीक तरह से हो जाने पर आप बिना नली के भी

वायु को गुदा से पूरक, रेचक, कुम्भक कर सकेंगे। जैसे नासिका से भस्त्रिका प्राणायाम किया जा सकता है वैसे ही गुदा से भी हो सकेगा। गुदा से रेचक, पूरक, कुम्भक करने लगने ही का नाम पवन-वस्ती या अपानायाम कहा जाता है। इस क्रिया को उपस्थ से करने लग जाना ही वज्रौली का सफल रहस्य है।

## ❀ फल ❀

ॐ यह क्रिया बज्रौली की सफलता की तो कुंजी है ही इसमें किसी को भी सन्देह करने की गुंजायश नहीं है। इससे पेट के मात्र रोग नाश हो जाते हैं यह अपान शुद्धिकर होने से अपान की कठोरता, उद्दण्डता, क्रूरता, विकृतता का नाश करती है। इससे सब तरह के उदर शूल, कुक्षी शूल और वायु शूलोंका नाश हो जाता है। इससे वायु गोला और अन्य किसी भी तरह की पेट की गाँठों को सहज में ही मिटाया जा सकता है। इससे पेट की नसें लचीली हो जाती हैं। रक्त शुद्धि के लिये यह क्रिया महान् अमृतमय प्रयोग है। वीर्य-वाही नसें इससे शुद्ध और सुदृढ़ हो जाती हैं। यह अपान के मात्र विकारों को नाश करके मन्दाग्निको मिटा कर क्षुधा की खूब वृद्धि करती है। जैसे बाहर की वायु के अन्दर बाहर जाने आने पर गन्दे से गन्दा मकान भी शुद्ध हो जाता है तैसे ही इस क्रिया से पेट की महान् से महान् दुर्गन्ध भी शुद्ध हो जाया करती है। इससे मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर

( पैक्कस सौलर ) आदि चक्रों का संशोधन, उद्घाटन होकर कुन्डलनी शक्ति का ऋजुत्व एवं जागरण हो जाता है। यह क्रिया कुछ ही दिनों में प्राण अपान की एकता करके साधक के कुम्भक को बढ़ाकर प्रत्याहारादि की सिद्धी करके समाधी तक पहुँचा दिया करती है।

## ❀ नौली-क्रिया ❀

ॐ बज्रौली-मुद्रा के लिये उपस्थाकर्षण से भी अधिक नौली क्रिया की आवश्यकता है। सिद्धान्त से नौली-क्रिया ही बज्रौली की सिद्धि का मूल मंत्र है। नौली पेट के अन्दर के नलों को वर्तुल ( गोलाकार ) घुमाने का ही नाम है। नौली की विधि यह है कि प्रथम समसूत्र में सीधा खड़ा होकर आगे की ओर इतना झुकें कि जिससे आपका मस्तक ठीक गोड़ों के सन्मुख आजावे। इतना झुकने पर आप अपने दोनों हाथों को दोनों घुटनों पर रखकर पेट की समस्त वायु को नासापुट से विरेचन करके उदर को ऊपर की ओर खींचते हुए बायें दायें घुमाने की चेष्टा किया करें। ऐसा करने से कुछ ही दिनों में आपके दोनों नल पेट में उत्तम तरह से घूमने लगेंगे, नलों का पूर्ण तया घूमने लगना ही नौली क्रिया की पूर्णता है। नौली के पूर्ण हो जाने पर साधक को अपना पेट पूर्णतया अन्दर को खींच कर ( उड्डीयान बन्द लगाकर ) अपने दोनों नलों को बाहर की ओर फेंक कर खड़ा करने का

नौलीक्रिया.

कटोरी में जल, दूध, शहद व पारा डाल कर
नं० १ की नली द्वारा खींचा जा रहा है।

अभ्यास करना चाहिये। जब साधक के दोनों नल हृदय से कन्द स्थान तक डंडाकार खड़े होने लगेंगे तब ही साधक को वज्रौली मुद्रा में सफलता प्राप्त हो सकेगी।

## वज्रौली के लिये अश्वी मुद्रा
## ❀ और नौली का प्रयोग ❀

ॐ जब आप अश्वी मुद्रा ( लिंगाकर्षण और नौली क्रिया ) तथा दोनों नलों को पूर्णतया खड़ा करने में एक साथ सफल हो जावें तब भद्र आसन या घुटनों के बल बैठकर या कुछ आगे को झुककर खड़े २ ही अपनी इन्द्रिय में नं० ४ वाली नली डालकर दोनों नलों को खड़ा करके यदि यह पदार्थाकर्षण दोनों नलों को वायु से बिलकुल खाली करके किया जाय तो साधकों के लिये हर एक दृष्टि से लाभप्रद और खींचने में सुगम होगा। सर्व प्रथम उपस्थ के अन्दर के भाग के आकर्षण विकर्षण से वायु को खींचने की चेष्टा करें। यदि आप अश्वीमुद्रा, नौलीक्रिया और दोनों नलों का ठीक ठीक एक साथ प्रयोग करेंगे तो प्रथम दिन या एक दो दिन में ही वायु को सुगमता से खींच सकेंगे।

( ॐ के यहां लम्बी रबड़ की नली लगाकर खड़े २ कुछ आगे को झुक कर वायु, जलादि पदार्थ खीचने वाले साधक भी वर्तमान हैं ) जब यह खींची हुई वायु शब्द करती हुई पेट में जाने लगेगी तब आप अपनी सफलता पर फूले न समायेंगे।

पांच सात दिन वायु खींचने के पश्चात् आप वायु को आनन्द पूर्वक खींच सकेंगे। जल खींचने के लिये आपको नली के बाहर के भाग को जलकी कटोरी आदि में डुबो कर नली को घुमाकर इन्द्री के अन्दर वाले भाग को खीचते हुए दोनों नलों को उठाना होगा। इसक्रिया के एक साथ होते ही आप जल को बहुत ही सुगमता से खींच सकेंगे। इन दोनों नलोंके बीच में एक और नल विशेष है जो लिंग से कंठ पर्यन्त लम्बा है।जसको कहीं २ नाभि स्तम्भ के नामसे कहा है और जिसका परिज्ञान हो जाने पर साधक मुँह से पीये हुए जल का गुट्टा और लिंग से वैसा का वैसा ही निकाल सकता है जैसा की पीया गया था। इस नल की चर्चा गुरुगम्य होने से यहाँ जानबूझ कर नहीं की गई है। प्रथम दिन तो आप से एक दो तोला जल खींचा जा सकेगा। आगे क्रम से जलका खींचना बढाते जावें। जब आप एक सड़ाढे (श्वास) मे पाव भर जल खींचने लगेंगे तब आप से पारे और शहद के सिवाय दुग्धादि द्रव्य बहुत ही सुगमता से खींचे जावेंगे।

## ❀ पारे के खींचने में एक अड़चन ❀

ॐ वैसे तो सेर दो सेर जल खींचने वालों को पारा खीचना कोई कठिन कार्य नहीं है परन्तु पारे को खींचते समय साधक को एक अड़चन का सामना करना पड़ता है। वह अड़चन है पारे का चाँदी की नली में जमने लगना। इस अड़चन से चाँदी की नली खराब होने लगती है जिससे साधक को पारे के

खींचने में कठिनता का सामना करना पड़ता है। यद्यपि ॐ ने उपरोक्त अड़चन को रबड़ की नली से दूर कर दिया है परन्तु रबड़ की नली से भी इस अड़चन की प्रथम बुराई ही दूर हुई है। रबड़ के अन्दर का भाग मुड़ा हुआ न होने से साधक को पूर्वोक्त पदार्थों के खींचने की कठिनता का तो सामना करना ही पड़ता है। नली का अन्दर का भाग मुड़ा हुआ होने से साधक को हरएक वस्तु खींचकर अन्दर रोकने की सुविधा अपने आपही मिल जाया करती है।

## ❋ कुछ अन्य बातें ❋

ॐ यद्यपि साधक उपरोक्त साधनों से पारे को पर्याप्त मात्रा में खींचने की सिद्धी को प्राप्त हो जाया करता है तथापि वह बज्रौली की पूर्णता से बहुत ही दूर रहा करता है। बज्रौली की पूर्णता में पहुँचने के लिये साधक को कुछ और बातें भी समझ लेनी चाहियें। उनमें से कुछ यह हैं:—

मनकी पवित्रता और बलिष्ठता को प्राप्त करना, अपान वायु को शुद्ध करके उसपर अपना पूर्णतया अधिकार करलेना, वीर्यवाही स्नायुओं को शुद्ध, दृढ़ तथा बलवान बनालेना। जिस नली में प्रवेश करके वीर्य ऊर्ध्व गामी होकर अमोघत्व को प्राप्त होता है उस नली का पूर्ण परिज्ञान प्राप्त कर लेना। यह इन्द्रिय मार्ग अन्दर जाकर दो मार्गों में विभाजित हो जाता है। इन दो मार्गों में से एक मार्ग मूत्राशय में प्रवेश

करता है, दूसरा मार्ग वीर्याशय में प्रवेश करता है। बज्रौली के साधक को इन दोनों मार्गों का ज्ञान प्राप्त कर लेना परम आवश्यक है। जो साधक इन दोनों मार्गों का पूर्ण ज्ञान प्राप्त कर लेता है वह मूत्राशय और वीर्याशय के रोगों को सहज ही मिटा सकता है। इन मार्गों का पूर्ण परिज्ञान हो जाने पर साधक को वीर्य के उन दो मार्गों को समझना होता है जो अध्र्व और ऊर्ध्व मार्ग के नाम से कहे जाते हैं। इन दोनों मार्गों को समझ कर उन पर अपना अधिकार प्राप्त कर लेना ही बज्रौली सिद्धि के भौतिक और अध्यात्मिक तत्व को जान लेना है। जैसे वीर्य के दो मार्ग हैं, वैसे मूत्राशय के भी दो मार्ग हैं। इनको वाम और दाये मार्ग कहते हैं। इन सब बातों को समझने पर साधक को वीर्य के पतन, ऊर्ध्व गमन वीर्य के साथ मूत्र क्यों नहीं आता और मूत्र के साथ में वीर्य क्यों नहीं आता, वीर्य ऊर्ध्व गामी किन कारण से और अध्र्व गामी किन कारणों से होता है इत्यादि बातें अपने आपही सूझने लगती हैं। (इस मार्ग का सम्बन्ध षटचक्र और सुषुम्णा आदि नाड़ियों से है जो; सीधी शरीर के पिंड को भेद कर मस्तक में पहुंचती हैं।) उपरोक्त लिखी हुई बातों की सिद्धि किये बिना बज्रौली मुद्रा प्रदर्शन के सिवाय अन्य कुछ भी नहीं है।

ॐ यदि आपने अपने मन को पवित्र और बलिष्ट बना लिया है, अपान वायु को शुद्ध करके उसको अपनी इच्छा के अनुसार चलाने की शक्ती को प्राप्त कर लिया है, वीर्यवाही

तन्तुओं को सुदृढ़ता की खुराक दे दी है तो आप अपने वीर्य को एक सड़ाके ( श्वास ) में ही मस्तक के मध्य केन्द्र में पहुँचा सकते हैं। यही बज्रौली की सिद्धि का मूलमन्त्र है।

## ❀ मनकी पवित्रता और बलिष्ठता ❀

अपवित्र और निर्बल मन वाले साधकों को बज्रौली तो क्या किसी कार्य में सफलता नहीं मिला करती है। सफलता ही नहीं निर्बल और अपवित्र मनवाले साधकों को संसार में भी जिन्दा रहने का अधिकार नहीं होता। अतः हरेक साधक का कर्तव्य है कि वह अपने मनको पवित्र और बलिष्ठ बनावे, मनकी पवित्रता शुद्ध संकल्पों से और पुष्टता एकाग्रता एवं एक संकल्पता से ही हुआ करती है। शुद्ध संकल्प ही मनकी शक्ति को बढ़ाने वाला आहार है और एकाग्रता ही मनकी बलिष्ठता का कारण है। अतः मनको बुरे संकल्पों से बचाकर एकाग्रही रखना चाहिये। बुरे संकल्पों से मनकी शक्ती वैसे ही सड़कर नाश हो जाया करती है जैसे रसोई घर की नाली में गन्दा जल डालनेसे वह सड़जाया करती है। जैसे सड़ियल पानीसे कठोर से कठोर पत्थर सड़ने लग जाता है, वैसे हो बुरे संकल्पों से शक्तिशाली से शक्तिशाली मन भी मुर्दा होकर सड़ उठा करता है। मन की पवित्रता और पुष्टता ही सफलता की कुंजी है।

# अपान की पवित्रता

ॐ अपान की सिद्धि के बिना जो साधक बज्रौली मुद्रा में हाथ डाला करता है वह साधक बज्रौली की सिद्धि को नहीं अपितु रोग और मृत्यु की सिद्धि को प्राप्त हुआ करता है। अत: बज्रौली के उपासकों को अपान को शुद्ध अवश्य करलेना चाहिये। अपान शुद्धि के कुछ उपाय निम्न लिखित हैं।

अनाभ्रभिरत्री का प्राणायाम, पलावनीप्रणायाम, अश्वीमुद्रा, तड़ागी मुद्रा, योनी मुद्रा, शक्ति चालनी मुद्रा, महा मुद्रा, उड्डीयान बन्ध, महा बन्ध, महा बेध, और जलबस्ती, पवन बस्ती, स्थल बस्ती तथा नौली क्रिया और प्राणायाम तत्व * नामक पुस्तिका में कहे हुए अपानायाम के मात्र प्रयोग अपान शुद्धिकर हैं।

अपान शुद्धि और सिद्धि के लिये बहुत से आसन भी लाभ प्रद हैं। जिनमें से कुछ यह हैं:—

पश्चिमोत्तान आसन सर्पासन, सुलभासन, हंसासन, पवन मुक्तासन, गर्भासन, नाभ्यासन, कूर्मासन, शंखासन, मयूरासन, उत्तानपाद आसन, उत्तान पृष्ठासन, मत्स्येन्द्रासन, मत्स्यासन, शीर्षासन योग मुद्रा आसानादि। अन्य भी पेट पर असर करने वाले आसन हैं। उपरोक्त लिखे हुये साधनों से साधक अपान को शुद्ध कर और सिद्धि करके अपने अधिकार में ला सकता है

---

* यह पुस्तक हमारे यहाँ से ।॥) में मिल सकेगी। प्रकाशक.

## ❁ वीर्य वाही स्नायुओं की सुदृढ़ता ❁

ॐ जिस साधक का मन शुद्ध और पुष्टता से युक्त है जो उपरोक्त अपान शुद्धि के साधनों से सम्पन्न होकर गीता के भोजन विज्ञान युक्त रस वाला (प्रवाहक) चिकना (भेदक) स्थाई बल से युक्त जिसमें वजन की अपेक्षा बल अधिक ठहरने वाला हो। "हृदय प्रिये न कि जिव्हा प्रिये" जो आयु वृद्धि, बल आरोग्यता, सुख प्रीति बढ़ाने वाले भोजन को करने वाले साधक की वीर्य वाही नसें अपने आप ही सुदृढ़ और मजबूत हो जाया करती हैं, जो साधक मनोबल और अपान शुद्धि तथा स्नायु-बल से युक्त हो जाया करता है वो ही वीर्य बल प्राप्त किया करता है। जो वीर्य बल से युक्त होता है उसको ही बज्रौली की पूर्णता प्राप्त हुआ करती है।

## बिना औजारों के पदार्थों को खींचने के साधन

ॐ इस दिव्य साधन के सिद्ध हो जाने पर आप वायु आदि पदार्थों को इन्द्रिय से खींचने में सहज ही सफल हो जावोगे। सिद्धान्त से इस साधन में सिद्ध हो जाना ही बज्रौली की गुप्तातिगुप्त सिद्धि को पाजना है।

साधन:—सर्व प्रथम आप अपने नाभि मण्डल में रहनेवाले अपान वायु को विचार और भावनाओं के नेत्रों से पकड़कर मनो विज्ञान पूर्वक अपनी प्राण शक्ति को मानसिक शक्ति में

परणित करके नाभि के चारों ओर घुमाने का अभ्यास करें। यदि आप अपनी मात्र शक्ति मनोभावों के रूप में और मन को अपनी आत्मशक्ति के रूप में संघठित कर सके तो आप थोड़े ही दिनों में अपान को अपनी रुची के अनुसार घुमा फिरा सकोगे। जब आप अपनी नाभि स्थित अपान को अपनी इच्छानुसार संचालित करने में सफल हो जावो तब विजित अपान को उसी तरह से गुदाद्वार से अपनी रुची के अनुसार बाहर फेंकने का अभ्यास करो; जैसे कुपित अपान को पाद के रूप में निकाला करते हैं। इसमें सफल हो जाने पर गुदा को बन्द रख कर इन्द्रि से वायु को बाहर फेंकने और अन्दर खींचने का अभ्यास करो। इन अभ्यासों के सफल हो जाने पर आपको वायु से पारे पर्यन्त मात्र पदार्थों को बिना औजार खींचना उतना ही सुगम हो जावेगा जितना की नोली और अश्वमुद्रा ठीक हो जाने पर औजारों से खींचना होता है।

इस दिव्य-बल को पूर्णतया प्राप्त करने पर आपको अन्दर की वायु बाहर और बाहर की वायु अन्दर लेना बिलकुल ही सहज हो जावेगा। यहाँ तक की आप अपनी इन्द्रिय को अन्दर और बाहर की वायु से भरकर यथा रुची रख सकेंगे। एक साथ या फौवारे के सदृश्य थोड़ी २ निकाल सकेंगे। इससे आगे के व्यवहार की बात को बताने में ॐ असमर्थ है। आध्यात्मि-कता की दृष्टि से इस साधन में सफल होने पर साधक को

अपान को प्राण में होम करने की शक्ति प्राप्त हो जाती है, वीर्य को ऊर्ध्वगामी बनाने का बल प्राप्त होकर साधक को मोक्ष मार्ग में प्रवेश करने का अधिकार मिल जाता है, जो बज्रोली मुद्रा या बिन्दु योग का परम लक्ष सिद्धान्त है।

## दूसरा साधनः—

ॐ यह वैसाही साधन है जिसको कि गुप्तातिगुप्त गुरु परमपरा की वस्तु मानकर छिपाया जाया करता है। कितने ही गुप्तपोषक कहा करते हैं कि ऐसे सुगम और सरल साधनों को पुस्तक में लिख कर श्रद्धा रहित अन-अधिकारी पुरुषों को बता कर अपने विरोधी दल को तैयार और प्रतिष्ठा को दूसरों के हाथ में बेच देना है। ऐसे साधनों को सीख कर ही बहुत से साधक नुगरे बन जाते हैं। और कहने लगते हैं कि अजी यह कौनसी सिद्धि की बात है इसे तो मैं भी कर लेता हूँ। इत्यादि

यद्यपि उपरोक्त बातें सच है परन्तु वे मनुष्यों के लिये नहीं पशुओं के लिये हैं। मनुष्य कभी नुगरा, कृतघ्न नहीं हो सकता है। ॐ से भी ऐसे श्वान मनुष्यों की भेंट हुई है जो ॐ से छल कर दूसरों का शिकार बन गये हैं। कोई नर्मदा तट का योगी बना तो कोई नीलगिरी गिरनार का सिद्ध बन बैठा। कोई हिमालय का समाधिस्त बना। किसी ने ॐ के पैर पर दांत जमाये परन्तु ये सब कामकामी पुरुषों की वृति है न कि मुमुक्षुओं की। किन्तु

इन थोड़े से नर पशुओं के दोषों को लेकर मात्र विश्व के मनुष्यों को किसी विद्या से वञ्चित रखना कहाँ की सभ्यता और कितने पैसों का गुरुत्व है। उपरोक्त बातों को वेही देखेंगे जो ज्ञान के भण्डारी नहीं मान के पुजारी हैं।

जिनके पेट नहीं पीठ है। जो परमार्थी नहीं स्वार्थी हैं,जिनमें उद्धारक का गौरव नहीं गुरुपन का घमण्ड है। जो व्यापक के आकाश में नहीं व्यक्तित्व की चिक में बैठ कर सिद्धियें बाँटा करते है, जिनके जीवन का लक्ष्य ही दूसरों का उद्धार है, जो अपना जीवन देकर भी दूसरों का कल्याण करना चाहते हैं उनके लिये प्रेय और श्रेय में से कुछ भी अदेय, गुप्त नहीं है। फिर ऐसे साधनों की तो कीमत ही क्या है।

इस साधन को श्रद्धा, विश्वास, धैर्य, साहस, मनोविज्ञान पूर्वक कीजिये सफलता बहुत शीघ्र होगी। आप पहले कहे हुए सर्व प्रथम साधन मूत्राकर्षण विकर्षण से या औजारों द्वारा खींचे हुए पदार्थों के आकर्षण विकर्षण से साधन को प्रारम्भ कर सकते हैं। साधन ये हैं:-जब आप अपने अन्दर मीनाय से बहती हुई मूत्र धारा को या औजारों द्वारा खींचे हुवे पदार्थों को आठ दस अंगुल बहार से अन्दर की ओर खींचता हुआ देखें और उसके खिंचाव का धक्का आपके अन्तर कोष्ठ में मालूम होने लगे तब एक पानी के भरे हुए प्याले में अपनी इन्द्रिय को ऐसे रक्खें

जैसे कि पानी को छू जावे अर्थात् उसके छिद्र से हवा और पानी एक साथ मिलते रहें। इस पर स्थिति के ठीक हो जाने पर आप अपनी मूत्र धारा या औजारों द्वारा खींचे हुए पदार्थों की धारा को वेग पूर्वक चालू करके बल पूर्वक एक दम धमणी की तरह छोड़ने और खींचने का अभ्यास किया करें यदि आपकी इन्द्रिय की पवन बस्ती सिद्ध है और आप धमण क्रिया से बाहर की वायु और जल का मिश्रण करके अन्दर की वायु को छोड़ने में सफल हो गये हों तो उस दिन ही बिना औजारों के सब पदार्थों को खींच सकेंगे। अभ्यास की सुगमता के लिये प्रथम अवस्था में पानी के प्याले को इन्द्रिय के मूलसे कुछ ऊंचा रखलेना ठीक होता है। जैसे २ अभ्यास की पूर्ति होती जावे वैसे २ ही क्रम से प्याले को निचे करते जाना चाहिये।

पवन बस्ती सिद्ध साधक इस क्रियामें बहुत शीघ्र सफलता प्राप्त किया करता है। ॐ के विचार में तो इसके निरन्तर दृढ अभ्यास से आठ दस मासमें कोई भी साधक सफलता प्राप्त कर सकता है।

## तीसरा साधनः—

ॐ किसी भी साधन की सत्यता की कसौटी साधक की साधना—शक्ति और तत्परता तथा शुद्ध वैज्ञानिक विचार विनिमय पर निर्भर रहा करती है। साधक की साधनतत्परता और शुद्ध वैज्ञानिक विचार विनिमय शक्ति ही सफलता की दिव्य

कुँजी है। जिस साधक ने इस दिव्य कुँजी को पा लिया होगा वही साधक बिना औजारों के साधनों में सफलता प्राप्त कर सकेगा। यह गन्धर्वनगर की बातें नहीं क्रियायोग के दिव्य अनुभवजन्य प्रयोग हैं जिनको कोई भी क्रियाशील साधक साध कर लाभ उठा सकता है। जिस साधक को इन्द्रिय से पवन वस्ति सिद्ध हो गई है वह इन साधनों को स्वतः सिद्ध ही पा सकता है। उसको इन साधनों में कोई नई या कठिन बात मालूम नहीं होगी।

तीसरा साधन यह है जब साधक औजारों से पदार्थ खींचने में बिलकुल सिद्ध हस्त हो जावे तब उसको नली द्वारा वायु को पेट में खूब अच्छी तरह से भर कर नली को इन्द्रिय से निकाल कर पेट में भरी वायु को बहुत ही शीघ्र २ बल पूर्वक इन्द्रिय से निकालना और खींचना चाहिये। इस अभ्यास के बल से आप थोड़े ही दिनों में अन्दर और बाहर की वायु को एक बना सकेंगे बाहर और अन्दर की वायु का एक हो जाना ही सफलता का रहस्य है। इन दोनों वायुओं के एक होते ही अन्दर की वायु बाहर और बाहर की वायु अन्दर अपने आप ही आने जाने लगेगी जिसको देख समझ कर आपतो कहेंगे कि पर्वत के ओले ही पहाड़ था, और आपके मित्र आपको एक योग सिद्ध महान् योगी मानने लगेंगे। कुछ परिश्रम कीजिये और फल पाइये क्योंकि 'जिन खोजा तिन पाइया'।

# इन्द्रिय से खींचे जाने वाले पदार्थों की अन्वेषणा

ॐ वज्रौली से खींचे जाने वाले पदार्थों के नाम ऊपर दिये गये हैं। उनका वैज्ञानिक दृष्टि से मनुष्य जीवन और स्वास्थ्य से घनिष्ठ सम्बन्ध है। इनमें सर्व प्रथम खींचा जाने वाला पदार्थ वायु है जो मनुष्य जीवन और स्वास्थ्य के लिये सब से पहली वस्तु है। अन्न और जल जैसे पदार्थ के बिना बहुत या कुछ दिन तक जीवन और स्वास्थ्य रह सकता है। परन्तु प्राण-वायु के बिना जीवन और स्वास्थ्य एक क्षण के सौ वें भाग तक रहना भी असम्भव है। अतः वायु में जीवन और स्वास्थ्य का प्रथम सार-तत्व वर्तमान है। ऋग्वेद के एक मंत्र में कहा है कि हे वायु तुम आते हुये अपनी औषधि लेते आओ। दूसरे एक मंत्र में फिर कहा है कि हे वायु तुम्हारे में अमृत का सागर है। अतः वायु को इन्द्रिय से पीना अमृत और सिद्धि को अपने अन्दर भरना है। अनुभव से भी वीर्य दोषी पुरुषों के लिये इन्द्रिय से पी हुई वायु अमृत ही सिद्ध हुई है। पवित्र मनोभावों से युक्त साधकों को इस बात का अनुभव एक दो सप्ताह में ही हो जावेगा।

दूसरा खींचने का पदार्थ जल है जिसका अर्थ ही जनन शक्ति को अमोघ और ऊर्ध्वगामी बनाना है वीर्य जल का ही एक रूपान्तर तत्व है। अतः जलका वीर्य रक्षक पदार्थों में मुख्य स्थान है। मेह स्नान मेढ स्नान, उदर स्नान, तैरना आदि प्रयोगों से वीर्य दोष का मिटाना सिद्ध हो चुका है। जब

शरीर के बाहर के भागों पर पड़ा हुआ जल भी वीर्य दोष के लिये अचूक सिद्ध हो चुका है तो फिर शरीर के अन्दर रहने वाले वीर्य वाहक तन्तुओं पर पहुँच कर वह कितना उत्तम फल देगा इस बात को कोई भी बुद्धिमान विज्ञानवेत्ता पुरुष मान सकता है। वेद में जल की प्रशंसा पर सैकड़ों मंत्र आये हैं। बहुत से मन्त्रों में तो जल में विश्वमात्र की औषधी बनाई गई है। ( अप्सु विश्वभेषजम् ), जल का ही एक नाम वरुण है जिसका अर्थ ही सुन्दरता है। अतः वज्रोली द्वारा विधि पूर्वक खींचा हुआ जल ही कुछ दिनोंमें साधक के वीर्य में पुष्टता, रक्तमें तेजी आंखों में स्वच्छता लाने लगता है। अपनी प्रकृति ( वात, पित कफ, के अनुसार कांच की रंगदार शीशी में भरकर और सूर्य की किरणों में रखकर उस जल को भी खीचने से बहुत लाभ हुआ है। रक्त दोषी को लाल शीशी का और वीर्य दोषी को आसमानी शीशी का जल अमृत का फल दिया करता है।

तीसरा पदार्थ दुग्ध है जिसके तुल्य इस लोक में, दिव्यलोक में और अन्तरिक्ष लोक में कोई अन्य औषधि नहीं है। जैसे कि ( पय औषधीसु दिव्या हीन्तरिक्षे )। आयुर्वेद में दूध को सद्यो वीर्य कहा है। अतः दुग्ध भी वज्रोली मुद्रा के लिये अमृत मय पेय है। परन्तु वज्रोली के लिये दुग्धको बड़ी सावधानी से चुनना चाहिये।

चौथा पदार्थ घी है जो भारीपन में दुग्ध और जल से हलका और गुण में इनका मथा हुआ सार तत्व है। घृत को वेद

में चक्षु, आयु, अमृत, अजन्मा आदि कहा गया है। अतः साधकों के लिये घृत बज्रौली की मुख्य वस्तु है। इससे अपान की शुद्धी, नसों का लचीलापन वीर्य की निर्दोषता, रक्त में चमक, शरीर में हलकापन और मन में एक प्रकार की मधुर मस्ती सी आने लगा करती है। साधकों को इसको महंगा होने पर भी अवश्य काम में लाना चाहिये।

पांचवा पदार्थ शहद है। जिसका शुद्ध नाम मधु है। मधु शब्द इतना पुरातन है कि वह वेदों में भी अनेक बार आया है। इसके महत्व को मधु शब्द का अर्थ जानने वाले विद्वान् ही समझ सकते हैं। इसका आरोग्यता तथा रक्तशुद्धि से घनिष्ट सम्बन्ध है। धार्मिक कृत्योंमें भी इसका प्रथम नाम आता है। सबसे महत्व की बात यह है कि इससे कल्याणमूर्ती शिव का अभीशेष भी होता है। जिसका अर्थ यह है कि मधु कल्याण को भी कल्याण देने वाला या कल्याण प्रिय पदार्थ है। मधु वनस्पतिरूप समुद्र का मथन किया हुआ अमृत ( वेजीटेबिल ) रस है जिसकी श्रेष्ठता में किसी को सन्देह हो ही नहीं सकता है। यह उन जन्तु विशेषों का खींचा हुआ अमर रस है जो विष में से भी अमृत को पहचान कर खींच सकते हैं। जिसको यह बुद्धि का ठेकेदार मनुष्य खींचना तो दूर रहा समझ तक भी नहीं सकता है। यह उन मक्षिकाओं की निजकी विज्ञान संग्रहित सम्पत्ति है जिसको हमारा मनुष्य समाज स्वार्थ वश

उनसे एक डाकू के सदृश लूट लेता है। वह इतना ही कह कर संतोष कर लेती है कि:—"परोपकाराय सतां विभूतय"।

कुछ भी क्यों न हो मधु सचमुच ही मधु ही है इसके महत्व को समझ कर ही हमारे योगवेत्ताओं ने इसको बज्रौली के साधन पदार्थों में लिया है जो बज्रौली के लिये बहुत ही महत्व की वस्तु है परन्तु यह चिपकना होने से साधक को कुछ खींचना कठिन अवश्य होता है अतः इसके खींचने को कुछ अभ्यासी अनावश्यक समझते हैं परन्तु ॐ के मतानुसार लाभ और बल की दृष्टि से इसको साधक अवश्य खींचें। हाँ! अभ्यास की सुगमता के लिये पहले कुछ पानी मिला कर खींच सकते हैं। यह अन्दर जाकर साधक का ज्ञात और अज्ञात बहुत लाभ पहुँचाता है।

छठा पदार्थ पारा है। पारा एक रसायनिक वृद्ध को जवान और मृत्यु से अमर बनाने वाला पदार्थ है। इसके गुणों की पूर्णता तो भगवान् शंकर के सिवाय कोई जान नहीं सकता। आयुर्वेद में पारे का अनन्त गुण और अनन्त शक्ति कहा है। पारे की विशेषताओं को जानने के लिये श्री आदि शंकराचार्य के गुरु से निर्मित पारदसंहिता देखना चाहिये। बज्रौली के लिये पारे की इससे भी अधिक विशेषता है क्योंकि बज्रौली का निर्माण वीर्य शक्ति के अमोघत्व के लिये हुआ है और पारा स्वयं वीर्य ही है। अन्तर केवल इतना ही है कि वीर्य मनुष्य के अन्दर का वीर्य है और पारा मनुष्य के बाहर का वीर्य है।

वीर्य का सजातीय पदार्थ होने से पारा बज्रौली के लिये कितना उपयोगी है इस तत्व को कोई भी वीर्य-विज्ञानवेत्ता पुरुष जान सकता है। इसके अन्दर और बाहर के भेद को मिटाकर एक रूप देना ही बज्रौली की परम सिद्धि है। मोटे तौर से समझने की बात यह है कि जो पारेरूप वीर्य को बाहर से खींचकर अन्दर रोक सकता है वह अन्दर के वीर्य को क्यों न रोक सकेगा अर्थात् पारा खींचने के पश्चात् वीर्य अवश्य रोका जा सकता है। पारा खींचने से साधक को अन्य भी बहुत से लाभ होते हैं।

ॐ के अनुभव के अनुसार साधक को सर्व प्रथम दो ढाई तोला पारा ही खींचना चाहिये अधिक से अधिक अपने वीर्य से दुगना पारा खींचा जा सकता है। साधारणतया मनुष्य के अन्दर दो से तीन तोला तक वीर्य रहता है इससे अधिक खींचने से पारा अपने वजन से साधक के अन्तर स्नायुओं को तोड़ या अंतर चर्म को फाड़ सकता है। अतः पारा खींचते समय साधक को सावधान रहने की पूर्णतया आवश्यकता है। अभ्यास की सुविधा और सफलता की पूर्णता के लिये प्रथम दिन तीन माशे पारा खींच कर ऊपर से सेर भर दूध पी लेना चाहिये। जब इस पारे को चार घन्टे हो जावे तो उसको निकाल देना चाहिये। इसी क्रम से सप्ताह में तीन माशे पारे के हिसाब से चौबीस सप्ताह या छः महीने में छः तोला पारा चढ़ाया जा सकता है। इससे अधिक बढ़ाने की कोई आवश्यकता नहीं। पारे की गर्मी को शान्त करने और नशों की शक्ति बढ़ाने के लिये दूध और घृत की खुराक बढ़ाते रहना

चाहिये अन्यथा पारे की उष्णता साधक के मस्तिष्क में जाकर साधक को विक्षिप्त बना सकती है। जितना कि पारा बज्रौली के लिये पूर्णता और सिद्धि का साधक है उतना ही खुराक की कमी और खींचने की अधिकता से मौत का विकराल मुख भी है। वीर्य लाभ के लिये घृत के पीछे बादाम का घृत ( बादाम रोगन ) भी खींचा जा सकता है। योग संध्या के लेखक ने तेल का खींचना भी लिखा है। शायद तेलाकर्षण से इन्द्रिय की नशों में बल की वृद्धि होती हो, ( करडापन भी होता हो परन्तु ॐ को इसका खास कुछ भी अनुभव नहीं है। यह बात ॐ ने एक अनुमान के बल पर लिखी है। वह अनुमान यह है कि ॐ ने गणेश-क्रिया के लिये एक साधक को गुदा के चक्रों पर घी लगाने को कहा था उसने घी के अभाव में तेल का प्रयोग कर लिया जिससे उसके गुदा चक्र बहुत ही कठिन, करड़े पड़ गये थे। अतः तेल का प्रयोग साधक अपनी जिम्मेदारी पर ही करें।

ॐ उपरोक्त खींचे जाने वाले पदार्थों का जीवन, स्वास्थ्यरक्षा, वीर्यवृद्धि और शुद्धि—पुष्टि से कितना वैज्ञानिक सम्बन्ध है इस बात को जानने से और उन पदार्थों के वीर्य के मौलिक मुख्य केन्द्रों में पहुँचाने के लिये बज्रौली जैसी इन्जक्सन क्रिया की कला का वैज्ञानिक दृष्टि से निर्माण देखने पर हमारे पूर्वजों के वैज्ञानिक कौशलके आगे हमें नतमस्तक होना

पड़ता है और वे स्वास्थ्य एवं जीवन-विज्ञान और वीर्य-विज्ञान को कहां तक जानगये थे इसका पता भी सहज ही लग जाता है। ॐ अपने अनुभवों के बल पर जोर दे कर कह सकता हूँ कि यदि विज्ञानवेत्ता लोग इस पर ध्यान देंगे तो विश्व का इससे बहुत अधिक लाभ होगा।

## ❋ बज्रौली की पूर्णता ❋

ॐ योग-शास्त्र में वायुसे पारे पर्यन्त खींच लेना ही बज्रौली की पूर्ण सिद्धि मानी गई है किन्तु यह सिद्धि औजार से नहीं अपितु स्वयं इन्द्रिय से खींचे जाने पर ही मिला करती है। जब साधक वायु से पारे तक में इन्द्रिय को बिना औजार डुबो कर यथा रुची पारे आदि को खींच सकेगा; अपनी इन्द्रिय को काम वेदना के बिना ही केवल अन्दर और बाहर की वायु से भर सुदृढ़, कठिन बनाकर यथा रुची रख सकेगा, जब खींचे हुवे मात्र पदार्थ को सूखे के सूखे निकाल सकेगा, अर्थात् उनके संग में मूत्र, झागादि बिलकुल नहीं आवेंगे तब ही साधक के हाथ बज्रौली की पूर्ण सिद्धि लगेगी। और वह ब्रह्मचर्य के तीव्र भाव-वेग से वीर्य को ऊर्ध्वगामी बनाकर मस्तक में ले जाकर ब्रह्म बिन्दु का रूप दे सकेगा। वीर्य का स्वभाविक गुण आकर्षण और विकर्षण है आकर्षण जीवन है और विकर्षण मृत्यु। जैसे कि "मरणं बिन्दु पातेन जीवनं बिन्दु धारणं"। बज्रौली की पूर्णता में साधक आकर्षित पदार्थों को पचा भी सकता है।

## ❀ पूर्णता की परीक्षा और उसके कुछ उपाय ❀

ॐ वज्रौली की पूर्णता को परखने के लिये साधक को सर्व-प्रथम अपने वीर्य को वीर्य के केन्द्र में ही संचालित कर के उसको वहां का वहां ही पूर्व स्थिति की भांति ही शान्त कर देना चाहिये। इस साधन में सफल हो जाने पर वीर्य संचालित कर के इन्द्रिय के मध्य भाग में लाकर वापस वीर्य को वीर्य के पूर्व स्थानमें लेजाकर पूर्वावस्थावत् पूर्ण शान्त बना देनेका अभ्यास किया करें। इस अभ्यास में सफल हो जाने पर बिलकुल पड़ते हुवे वीर्य को रोक कर पूर्वावस्था में पहुंचा कर पूर्णतया वेदना रहित बना देना चाहिये। चौथी अवस्था में आपको नीचे पड़े हुवे वीर्य को खींच कर पूर्व रूप में पहुँचा कर पूर्ण शान्त बनाना होगा। उपरोक्त चारों साधनों में सफल हो जाने पर आप अपने को वज्रौली में पूर्ण सिद्ध मान लीजिये।

## ❀ असली वीर्य के लक्षण ❀

ॐ ऊपर कहा गया है कि वीर्य और पारा सँजातीय पदार्थ हैं भेद केवल अन्दर और बाहर का ही है। जैसे बिना बन्धन के पारे को रोकना कठिनातिकठिन है वैसे ही बिना बन्धन (संयम) के वीर्य को रोकना भी दुस्तरातिदुस्तर है। जैसे पारा अग्नि से नाश हो उड़जाया करता है वैसे ही वीर्य भी कामाग्नि के (कामुक विचारों) से नाश होजाता है। जैसे पारा अग्नि के

आधान से रहित होजाने पर मनुष्य को रोग, वृद्धापन, मृत्यु से छुड़ा देता है वैसे ही वीर्य भी कामाग्नि के आधान से रहित हो जाने पर मनुष्य को जन्म, मृत्यु, रोग से छुड़ा कर ब्रह्म में लय कर दिया करता है। अतः वीर्य पारे का ही आवान्तर स्वरूप है जिस समय साधक का वीर्य पारे जैसा रंग रूप धारण करके पारेके सम वजन होजावे तब ही साधक को अपने वीर्य का असली रूप समझ लेना चाहिये। इस वीर्य को ही हमारे पूर्वजों ने अमोघ-वीर्य, ऊर्ध्वरेतस, ओज, तेजश शुक्र, पवित्रता, कान्ति, बिन्दु, भर्गादि नामों से कहा है।

## ❁ बज्रौली की उत्पत्ति कैसे हुई ❁

ॐबज्रौली की उत्पत्ति, उसका कार्यक्रम, उसमें प्रियोगित हुए पदार्थों का विज्ञान, उसका उपस्थ इन्द्रिय से सम्बन्ध सभी बातें बताती हैं कि बज्रौली का निर्माण, वीर्य के संशोधन, संरक्षण, उद्‌शोधन करके उसको भोग में लगाने के लिये नहीं अपितु वीर्य के उपरोक्त असली तत्व को प्राप्त करके मुक्ति पाने के लिये हुआ है। जब साधक को बज्रौली की सिद्धि वीर्य के उपरोक्त अमोघत्व को प्राप्त हो जाती है तब कुछ आगे बढजाने पर साधक के चमकीले वीर्य में एक विशेष तरह की असाधारण नवीन, शुभ्र सिन्दूर जैसी झांई बनने लगजाती है। इस झांई के पूर्णता में पहुंचने पर साधक को उससे सिन्दूर वर्ण को तीव्रतर झांई में गुलाबी रंग की शुभ्रतर किरणें बनती हुई दिखाई पड़ती

हैं। इसी ही प्रकाश के क्रम विकास से साधक का वीर्य एक दिन पूर्ण प्रकाश को प्राप्त होजाया करता है। वीर्य का इस प्रकाश में बदल जाना ही वीर्यजय, ब्रह्मलय या मुक्ति कहा जाता है। इस वीर्य की प्रथम अवस्था का नाम शुक्र (शुक्र) दूसरी का ओज, तीसरी का बिन्दु, चौथी का स्वर्ग, पांचवीं का ब्रह्मतेज, छुठी का ब्रह्म, सातवीं का अनामी अवस्था कहा जाता है। इस तत्व की पूर्ण प्राप्तिके लिये ही वज्रौली मुद्रा का निर्माण हुआ है।

## वज्रौली का फल

ॐ भारत के दुर्भाग्य से कहो या विषय लोलुपता से कहो आज भारत के नवयुवक और नवयुवतियें निन्यानवे प्रतिशत (या ॐ अत्योक्ति नहीं करता है तो शत प्रतिशत) ही एक न एक प्रकार के रज वीर्य दोष से ग्रसित हैं। इस दोष से इनका बढ़ता हुआ जीवन वैसे ही घटती की ओर जा रहा है जैसे कि किसी कटने वाले वृक्ष का जाया करता है। इन वीर्य दोषी युवक युवतियों को न तो जीवन का ही आनन्द मिलता है और न मौत का ही मिलता है। जैसे गली हुई लकड़ी घड़ने और जलाने के काम की नहीं रहा करती है तैसे ही वीर्य दोषी दंपति भी किसी काम के नहीं रहा करते हैं। यह रोग नहीं अपितु एक बिना अग्नि की भभकती हुई भयानक चिता है जिसमें मनुष्य की बुद्धि, स्मृति, धृति, प्रज्ञा, साहस, निर्भयता, आरोग्यता, कांति, शान्ति आदि सद्गुण जल कर भस्म हो जाते हैं। इस

महान, अभिशाप रूप अग्नि रोग से बचाने के लिये हमारे पूर्वजों ने बज्रौली मुद्रा जैसी दिव्य क्रिया का निर्माण किया है। जिसके ठीक तरह किसी अनुभवी गुरु के समीप में रह कर अभ्यास करने से मनुष्य मात्र के रोग नाश हो सकते हैं। वीर्य और रज सम्बन्धी रोगों का मिट जाना तो एक साधारण सी बात है। वीर्य दोष के मिटजाने पर साधक वीर्य के उस ऊर्ध्वगामी तत्व का प्राप्त हो जाता है, जिसके प्राप्त हो जाने पर साधक मृत्यु तक से भी छूट सकता है। शुक्र पद का अर्थ पूर्ण जवानी पूर्ण आरोग्यता, पूर्ण बुद्धि, पूर्ण स्मृति, पूर्ण प्रज्ञा, पूर्ण धृति, पूर्ण साहस, पूर्ण निर्भीकता, पूर्ण कांति तथा पूर्ण शांति आदि है। शुक्र से उठ कर वीर्य ओज पद को प्राप्त हुआ करता है। ओज का अर्थ पूर्ण बल है. जिसके बिना मनुष्य उभय लोकों में से किसी भी लोक का अधिकार नहीं पा सकता। जैसे कि ( नय-मात्मा बलहीनेन लभ्यं ते ) निर्बल मनुष्य को आत्मा की प्राप्ति नहीं हो सकती।

इस मन्त्र के बल शब्द में शरीर बल, इन्द्रिय बल, प्राण बल, मनो बल, बुद्धि बल आदि मात्र बलों का समावेश है। शुक्र और ओज से युक्त ही पुरुष पूर्ण मनुष्य कहलाने का अधिकारी है। ओज की पूर्णता से उठ कर वीर्य बिन्दु तत्व में प्रवेश किया करता है। इस बिन्दु शब्द को योग शास्त्र ने बहुत ही महत्व दिया है। यहां तक कि बिन्दु से ही साधक मृत्युञ्जय हो जाता है। जैसे कि (एवं संरक्षयते बिन्दु मृत्युञ्जयति तत्ववित्)

इस बज्रौली योगका वेत्ता साधक इस तरह से बिन्दु रक्षा करके मृत्युको जय कर लेता है। फिर कहा है कि (यावद् बिन्दुस्थिरो देहे तावत्काल भयंकुतः) जब तक देह में विन्दु सुरक्षित रहता है तब तक मृत्युका भय कहीं भी नहीं है। अथर्ववेद में भी कहा है कि (ब्रह्मचर्येण तपसा देवा मृत्यु मुपाघ्नत) विन्दु जय रूप तप से ही देवों ने मृत्यु को मार डाला। विन्दु जय से ही प्राण जय का साधन हो जाता है। जैसे कि (चले विन्दु चले प्राणे निश्चले निश्चलं भवेत्) विंदु की स्थिरता ही प्राण की स्थिरता और विंदु का चलना ही प्राण का चलना है। विंदु के स्थिर हो जाने पर ही साधक शिव पद को प्राप्त हुआ करता है। जैसे कि हे पार्वती मैं विन्दु जय से ही शिव पद को प्राप्त हो सका हूँ फिर कहते हैं कि (अहं विंदु शिवो विंदु) मैं विंदु और शिव विंदु है। फिर देखिये कि (अहं विंदु रजा शक्ति) विंदु मैं शिव और रज शक्ती पार्वती है। इस शिवशक्ति रज—वीर्य का एकी करण ही राजयोग कहा जाता है। जैसेकि (रजसो रेतसो योगात् राज-योग इतिस्मृतिः) रजरूपी पार्वती और रेत रूपी शिव के संभोग से ही राजयोग सिद्ध हुआ करता है। इस रज रूप पार्वती का स्थान नाभि और बिन्द का स्थान मस्तक का मध्य भाग कहा है। इस रजका वर्ण सिन्दूर और बिन्दु का वर्ण श्वेत कहा है। इस रज रूपी पार्वती को नाभि से उठा कर मस्तक के मध्य केन्द्र में शिव से मिला देना ही योग सिद्धि या बज्रौली सिद्धि का सफल रहस्य है। कहां तक कहें विंदु ही ॐ का ईश्वरत्व है।

उध्वंगति का दिव्य संकेत है। विंदु ही गणित का तात्विक बीज है। विंदु ही सोभाग्यवती का सौभाग्य है। तभी तो योग शास्त्र में कहा है कि ( सिद्धे विन्दौ महाशक्ति कि न सिध्यति भूतले ) हे पार्वती विंदु के सिद्ध हो जाने पर पृथ्वी में साधक को क्या २ सिद्ध नहीं हो सकता है अर्थात् सब कुछ सिद्ध हो जाता है ( न तस्य रोगो न जरा न मृत्यु ) विंदु सिद्ध साधक को रोग, बुढ़ापा, मृत्यु आदि कुछ भी नहीं छू सकते हैं।

कुछ भी क्यों न कहो विंदु मनुष्य और ईश्वर के बीच का द्विभाषिया है। जो ईश्वर की बात साधक को और साधक की बात ईश्वर को समझाया करता है। ईश्वर के सम्पर्क में पहुंचाना ही बज्रौली का सच्चा अर्थ है। योग शास्त्र में कुछ इसके सिवाय भी लिखा हुआ है। वह है स्त्री पुरुष का समागम। ॐ के अनुभव में मोक्ष दायक साधन को स्त्री समागम जैसे तुच्छ विषय में लगाना कितनी बड़ी तुच्छता है। इस बात को कोई भी समझदार पुरुष समझ सकता है। यदि इतना समझ कर भी उपरोक्त गलती से साधक अपने को नहीं बचा सकता हो उसको निम्न लिखित बातें अवश्य जान लेनी चाहियें।

जब तक बज्रौली पूर्णतया सिद्ध न हो जाय तब तक गृहस्थी भी स्त्री समागम नहीं कर सकता। स्त्री समागम तो क्या बल्कि तत्सम्बंधी विचार भी नहीं लाना चाहिये। स्त्री समागम और तत्सम्बन्धी विचारों से वीर्य का जीवन—सार नष्ट होता रहता है। बज्रौली के पूर्णतया सिद्ध होजाने पर साधक को

आपन को पूर्ण सिद्धि प्राप्त हो जाती है। जिससे स्त्री समागम ता साधक को एक तुच्छातितुच्छ बात नजर आने लगती है। इस से वह वीर्य के बिना संचालित किये काम वेदनासे रहित स्थिति में ही इन्द्रिय को बाहर या अन्दर की वायु से भर कर रबड़ की नली की तरह कठिन बना सकता है। इस मैथुन से साधक को वायु के इन्द्रिय में रोकने के सिवाय और कोई हानि न होकर दिन प्रतिदिन बल का विकास हो हुआ करता है। इस मैथुन के सिद्ध हो जाने पर ही साधक स्त्री के रज को आकर्षण कर सकता है। वीर्य के पारे की सदृश्यता में आजाने पर ही साधक स्खलितता के दोष से छूट जाया करता है। यदि इसी वीर्य को साधक पारे की सदृश बंध बनाले तो फिर उसकी शक्ति का कहना ही क्या है। पारा वीर्यस्थ मन की एक अपूर्व वस्तु है। किसी विज्ञान विशेष निर्मित पारे की गोली मुख में रख कर मैथुन करने से जब तक वह मुख में से नहीं निकल जायगी तब तक स्खलन हो ही नही सकता है। अतः जैसे २ वीर्य पारे की सादृश्यता में पहुँचता जाता है। तैसे ही तैसे साधक स्खलन के दोष से मुक्त हो जाता है।

## ❁ अनुभूत फल ❁

ॐ ऊपर जो कुछ भी कहा गया है वह शास्त्र और अनुभव का मिश्रण है परन्तु अब जो कहा जाता है वह सब अनुभव की ही बातें हैं। इन अनुभवजन्य बातों के बल पर ही यह निबन्ध

लिखा गया है। बज्रौली के जलादि प्रयोगों से मूत्राशय और वीर्याशय को बड़ी सुगमता से धोकर सफा किया जा सकता है। तथा उनके ठीक प्रयोगों से वीर्य के मात्र दोष नाश हो जाते हैं। इस रोग के सभी रोगियों को इन प्रयोगों से आनन्द भूत सफलता मिली है। स्वप्नदोष तो बज्रौली के प्रयोगों से कुछ ही दिनों में मिटजाता है। रक्त शुद्ध होकर उसमें कान्ति आने लगती है नेत्र निर्मलता को प्राप्त होजाते हैं। उदर के मात्र विकार मिटकर क्षुधा की अत्यधिक वृद्धि हो जाती है। अतः बज्रौली के साधकों को खाने पीने का पूर्ण प्रबन्ध रखना चाहिये। मल और मूत्र की बद्धता तो बज्रौली के अभ्यासी को कभी छू तक नहीं सकती है। शायद इन प्रयोगों से बहुमूत्र (Diabetes) का रोग भी मिट जाता है परन्तु इसमें ॐ का कोई निजी अनुभव नहीं है। इन बातों की जांच करना शरीर शास्त्र के ज्ञाता और चिकित्सकों का काम है। साधक को किसी अनुभवी गुरु के समीप में ही प्रयोग करना चाहिये अन्यथा लाभ के सिवाय हानि की सम्भावना अधिक है।

## ❀ स्तम्भन और बज्रौली ❀

ॐ की इस निबन्ध में कामुकता और सिद्धि से सम्बन्ध रखनेवाली बातें लिखने की इच्छा बिल्कुल ही नहीं थी क्यों कि ॐ इन दोनों बातों को योग मार्ग के सबसे बड़े विघ्न मानता है। इनमें कामुकता भौतिक और सिद्धि दैविक विघ्न

है। परन्तु इस निबन्ध के पूर्ण लिखजाने पर एक ऐसा कारण आ उपस्थित हुआ जिससे ॐ इस विषय पर कुछ लिखने को बाध्य होगया। वह कारण था एक जिज्ञासु का यह पूछना कि क्या बज्रौली का सन्तानोत्पत्ति और स्तम्भन से भी कुछ सबन्ध है। ॐ ने कहा कि बज्रौली के भोग शब्द का भौतिक तत्व ही सन्तान पैदा करनेके आध्यात्मिक तत्वको पाजाना है। इस प्रजनन तत्व के भौतिक स्वरूप का नाम ही शुद्ध शास्त्रीय भाषा में स्तम्भन, अमोघ, अव्यर्थ तत्व है। जो लोग स्तम्भन का अर्थ कामुकता की तृप्ति या मैथुन की दृढ़ता लेते हैं वो शास्त्रीय भाषा का दुरुपयोग और अपने जीवन, चरित्र, सभ्यता, संस्कृति की हत्या करते हैं। उक्त जिज्ञासु ने कहा कि मैंने अमुक बज्रौली के अभ्यासी से इस विषय पर चर्चा की थी उसने कहा कि आप जानते हैं मैं बज्रौली करता हूँ। बज्रौली से स्तम्भन नहीं होता है और होता है तो बहुत कम होता है। ॐ ने कहा एक ओर तो वह अपने को बज्रौली का सिद्धहस्त होने का फतवा बांट रहे हैं और दूसरी ओर बज्रौली के भौत्यिक सिद्धान्त के विरुद्ध ऐसी बेहूदी अनर्गल बात कह रहे हैं। इस सज्जन के मतानुसार तो बज्रौली और उसको बतलाने वाले यौगिक ग्रन्थ तथा उसके प्रवर्तक बज्रौली (बन्दु) योग के पूर्ववेत्ता सब ही झूठे, ढोंगी, जनता की आंखों में धूल डालने के साधन है। ॐ ने जितने भी ग्रन्थों में बज्रौली का विधि विधान पढ़ा है उन सबमें बज्रौली को बिन्दुजय, स्तम्भन, अमोघ, अव्यर्थवीर्य बनाने के

लिये ही बताया है। इसके प्रमाण में ॐ अपनी परिस्थिति के अनुसार इस विषय की सब बातें पाठकों को बताकर कुछ थोड़े शब्द ही उद्धृत करता है। जैसे कि बज्रौली की पूर्णता में साधक स्खलित वीर्य को ऊर्ध्व कर सकता है। स्त्री के रज को खींच कर अपने स्तम्भन बल से वीर्य के रूप में परिणत कर सकता है। यहाँ तक कि पूर्ण सिद्ध, स्त्री के प्राण और पूर्ण सिद्ध पुरुष के प्राणों तक को भी खींच कर अपने प्राण में प्राण, वीर्य में वीर्य, मन में मन को स्तम्भन कर सकते हैं इत्यादि। इतना तो नहीं परन्तु जो मनुष्य कुछ थे ही नहीं उनको बज्रौली के साधन से ॐ ने सब कुछ बने हुए देखा है। उपरोक्त प्रमाणों को देखकर कोई भी बुद्धिमान पाठक समझ सकता है कि उक्त बज्रौली ग्रन्थ का कथन कितना सत्य है तथा वह बज्रौली को किस लिये करना है। परन्तु उपरोक्त प्रमाणों के होते हुये भी ॐ पाठकों को सावधान कर देता है कि वह अपने विचारों को अकामुक बनाये बिना और किसी सच्चे बज्रौलीवेत्ता गुरु के मिले बिना उपरोक्त स्तम्भन के लिये बज्रौलीमुद्रा को कभी न छूवे। क्योंकि कामुकता के विचारों के आघात से शुद्ध से शुद्ध वीर्य भी दूषित होकर नाश होने लगता है। उसमें यत्किञ्चित भी आघात सहने की शक्ति नहीं रहा करती है जैसे कमजोर घड़ा टांका देते हुए भी फटता रहता है, तैसे ही दूषित वीर्य भी कामुक विचारों के युक्त होने से मुद्रा के साधनों से भी नाश की ही ओर प्राप्त होता है।

## ❀ बज्रौली और प्रजनन तत्व ❀

ॐ उत्तम सन्तान बनाने के लिये उत्तम प्रजनन तत्व की आवश्यकता होती है। उत्तम प्रजनन तत्व को योग शास्त्रों में गौरीशङ्करात्मक कहा है। गौरी-रज का वर्ण सिन्दूर और शिव-

बिन्दु का वर्ण श्वेत पारदवत् कहा है। इसको ही योग में ब्रह्म बिन्दु और ब्रह्म बीज नाम से कहते हैं। इसी तत्व को भगवान् गीता में अपना सनातनबीज स्वरूप बताते है जैसे कि 'बीजं मां सर्व भूतानां विधि पार्थ सनातनम्' इस तत्व से सन्तान बनाना कामोपासना नहीं अपितु भगवदुपासना कहा जाता है जैसे कि 'प्रजनश्चास्मिकन्दर्प' धर्म विरुद्ध भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ आदि २। जिस प्रजनन तत्व क्रिया में मेरी धारणा तत्व को ही सन्तान के रूप में बदला जाता है वह प्रजनन क्रिया का काम नहीं अपितु मेरे प्रजननस्वरूप का साक्षात्कार करना मेरे प्रजननतत्व की उपासना है इस उपासना तत्वके मौलिकस्वरूप का साक्षातकार करना ही वज्रौली मुद्रा के भोग शब्द का शुद्धार्थ है। इस सनातन ब्रह्म बिन्दु, ब्रह्म-बीज का उद्गम स्थान योगशास्त्र में कथित ब्रह्म-नाड़ी है। वज्रा नामक नाड़ी में पहुँचने पर साधक को इस तत्व के मौलिक स्वरूप का बोध हो जाता है। वज्रा में पहुंचाने वाली होने से ही इस मुद्रा का नाम वज्रौली पड़ा है। ब्रह्म नाड़ी गत बिन्दु का ब्रह्म में आने से वज्र, अमोघ अन्यथा सुषुम्णा में आने से केवल वीर्य नाम पड़ा करता है। यही सन्तानोत्पादक तत्व का स्वरूप है। इस से नीचे वाले वीर्य से प्रथम तो गर्भ ही नहीं रहता है, रह गया तो पेट में ही मिट जाता है, पेट में नहीं मिटा तो जन्म लेते ही मरजाता है। यदि इन सर्व आपत्तियों से बचगया तो अल्पजीवी होता है, यदि किन्हीं कारणों से दीर्घ-जीवी भी हो गया तो रोगी, शोकी जीवन बिताया करता है। अतः हर एक साधक का कर्त्तव्य है कि वह अपने वीर्य को सुषुम्णा से नीचे न उतरने दे क्योंकि इससे नीचे वाले वीर्य में प्रजननतत्व नहीं अपितु मनुष्य जीवन का महान् पाप रहता है। सुषुम्णा के वीर्य से मनुष्य, वज्रा के वीर्य से महापुरुष, चित्रा के वीर्य से देव, मनुष्य उत्पन्न हुआ करते हैं। यही सन्तान विज्ञान की

कसौटी है। इसको ही योग में गौरीशङ्कर, ब्रह्मबिन्दु, ब्रह्मबीज के नाम से और गीता में धर्मानुकूल, प्रजनन तत्व, सनातन, बीज के नाम से कहा गया है। इस प्रजनन तत्व में मन, प्राण, वीर्य ईश्वरात्मिक तत्वों का एक कोरण बना हुआ रहा करता है। जिन साधकों को इस भगवान् तत्वस्वरूप गौरीशङ्करा-त्मक सनातन बीज़ की प्राप्ति होजाया करती है वे एक प्रकार के योगी ही हुआ करते हैं। सुषुम्णा वाले रज वीर्य से गर्भाधान रहते समय साधकों का मेरुदण्ड के मज्जातन्तुओं में एक विशेष तरह की आल्हादप्रद गुदगुदी सी हुआ करती है। वज्रा के रज वीर्य से गर्भाधान रहते समय चक्षुओं के मध्य केन्द्रों में एक विचित्र तरह की विद्युत की क्षणिक चमक का साधकों को साक्षात्कार हुआ करता है। चित्रा के रजोवीर्य से गर्भ रहते समय साधकों के चक्रों के अन्दर आने से विद्युत गति (current) का प्रवाह इतना तेज हो जाया करता है कि वह बिजली के लट्टुओं की तरह प्रकाश उत्पन्न किया करते हैं। उसके प्रकाश के प्रवाह से कुछ देर के लिये साधक भी प्रकाश-मय हो जाया करते हैं। जिन साधकों का यह बीजात्मक प्रकाश स्तम्भ ऊर्ध्व प्रयाण करता हुआ सा दीखा करता है उनके लड़का और जिनके नीचे को ओर बहता हुआ सा दीखा करता है उनके लड़की हुआ करती है। उपरोक्त गर्भाधान का साधकों को उसी क्षण गर्भ रहने का परिज्ञान हो जाया करता है।

उपरोक्त गौरीशङ्करात्मक सनातन बीज का वज्रोली द्वारा उत्तम साधक किसी वज्रोली के तत्ववेत्ता गुरु के पास साधन कर तीन वर्ष में प्राप्त कर सकता है। इस ही की पूर्ति के लिये हमारे पूर्वाचार्यों ने निम्न लिखित ब्रह्मचर्य रख कर सुषुम्णागत रजवीर्य को और २५ वर्ष स्त्री ३६ वर्ष पुरुष अस्खलित वीर्य

को रख कर वज्रागतवीर्य को तथा ३६ वर्ष स्त्री और ४८ वर्ष पुरुष अस्खलित ब्रह्मचर्य को रख कर चित्रागत रज वीर्य को पूर्व कालीन स्त्री पुरुष प्राप्त किया करते थे। क्या भारत को अब भी कभी ऐसे ब्रह्मचर्य का पालन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा?

## ऊर्ध्वगति और वज्रौली

ॐ मनुष्य की नैसर्गिक रचना ही उस तत्व से हुई है जिसमें स्वभाव से ही अधः और ऊर्ध्वगति रहती है। जिन मनुष्यों में अधोगति के भाव उभर, सामने या ऊपर आजाया करते हैं वे अधोगामी और जिनमें ऊर्ध्वगामी तत्व उभर सामने या ऊपर आजाया करते हैं वे ऊर्ध्वगामी होते हैं। इस बात को गीता में भी कहा है कि 'हे अर्जुन जो मनुष्य सत्व में स्थित हैं वे ऊर्ध्वगामी होते हैं, जो रज में स्थित होते हैं वे मध्य में रहते हैं और जो तम में फँसे रहते हैं से अधोगामी होते हैं' उस अधो और ऊर्ध्वगामी पदार्थ का नाम है 'बिन्दु'। इस बिन्दु का अधोगामी अंश अन्न जल आदि भौतिक पदार्थों से और ऊर्ध्वगामी अंश आत्मसोर से बनता है। इस बिन्दु तत्व के उपरोक्त दोनों तत्वों से ही मनुष्य का अध्यात्मिक और अधि-भौतिक जीवन निर्माण, धारणा और संहार हुआ करता है। योग में इस बिन्दु को बहुत ही महत्व की वस्तु माना है। पाठकों के हितार्थ बिन्दु तत्व के अधो व ऊर्ध्वगामी तत्वों का विवेचन किया जाता है।

इस अधोगामी तत्व से इन्द्रिय और ऊर्ध्वगामी तत्व से निरिन्द्रिय होता है। इसके सइन्द्रिय भाग को वीर्य, मन, प्राण, अपान, समान व व्यान कहते हैं। और निरिन्द्रिय भाग को ऊर्ध्वरेतस्व, उदान, धनञ्जय व देव दत्त कहते हैं। इनमें से अपान, शरीर के नीचे के भाग में रह कर उसकी व्यवस्था

करता है। समान इधर उधर पड़ने से रोकता है। प्राण जीवन तत्व के मध्य बिन्दु को स्तम्भन किये रहता है और व्यान इन सबकी व्यापक व्यवस्था को स्थित रखता है। दूसरा आध्यात्मिक तत्व उदान और धनञ्जय निरिन्द्रिय तत्व है। इन दोनों पदार्थों के अधोगति वाले भाग मिल कर कण्ठ से नीचे के शरीर और इन्द्रियों के कार्य को व्यवस्थित रूप से चलाते हैं। उदान और धनंजय मिल कर निरिन्द्रिय मस्तिस्क, निरिन्द्रिय रोम क्रिया और निरिन्द्रिय परलोक मार्ग का सञ्चालन किया करते हैं। इन शरीर गत तत्वों को और मस्तिस्कगत तत्वों की क्रियाओं का ठीक तरह से मिल कर होते रहना ही जीवन और सम्बन्ध विच्छेद का नाम ही मृत्यु कहा जाता है। इन दोनों की तात्विक कड़ी को मिलाये रखना ही वीर्य और ऊर्ध्वरेतश्व का कार्य है। इस कड़ी को जोड़े रखने में ही देव, मन की आवश्यकता हुआ करती है। जिस साधक का यह बिन्दु त्रय का आदिभौतिक भाग अपने अस्तित्व सहित अध्यात्म भाग में जज्ब हो कर एकत्व को प्राप्त हो जाता है वह साधक ऊर्ध्वगामी और जिस साधक का अध्यात्म भाग अपने अस्तित्व सहित अधिभौतिक एकता को पा लेता है वह अधोगामी हुआ करता है। जो साधक उपरोक्त बिन्दुत्रय के तेजोंश की उपासना करते हैं वे ऊर्ध्वगामी और मृत्युञ्जय हो जाया करते हैं और जो उपरोक्त बिन्दुत्रय के तमोंश की, भौतिक तत्व की उपासना करते हैं वे अधोगामी और मृत्यु को प्राप्त हुआ करते हैं। इस तत्व को योगशास्त्र ने दो वाक्यों से बिल्कुल ही स्पष्ट कर दिया है कि "मरणं बिन्दु पातेन जीवनम् बिन्दु धारणे। चले बिन्दु चलेत प्राणः निश्चले निश्चलं भवेत्" ॥ वीर्य का ऊर्ध्वगामी तत्व ऊर्ध्वरेतश्व और प्राण का ऊर्ध्वगामी तत्व धनञ्जय उदान और मन का ऊर्ध्व गामी तत्व देव कहा जाता है। इन तीनों के धारण का नाम

जीवन और पतन का नाम मृत्यु है। ऐसे ही यहां चले का अर्थ अधोगति जन्म मृत्यु के प्रभाव से और निश्चले का अर्थ ऊर्ध्वगति, प्राणायाम, ब्राह्मी स्थिति या पूर्णस्थिरता है जिसमें जाकर बिन्दु प्राण व मन का बिल्कुल ही उतक्रमण नहीं हुआ करता जैसे कि "तस्य प्राणा न उतक्रामंति" उसके प्राण ब्रह्मरूप होने से नीचे की ओर उतक्रमण नही होते हैं। गीता अध्याय १४ में लिखा है कि रजोगुण प्रधान होने से मनुष्य जन्म मिलता है सतोगुण की ओर बढ़ने लगना ऊर्ध्वगति 'ऊर्ध्वा कुण्ठे' कहा जाता है और तमोगुण की ओर बढ़ने लगना अधोगति अधः पतन कहा जाता है।

"ॐ" उपरोक्त विवेचन से आपके समझ में आगया होगा कि आपके वीर्य, प्राण, मन में अधोगति और ऊर्ध्वगति वाले नैसर्गिक तत्व वर्तमान हैं। जो साधक अधोगति के तत्व को संयम बल, ऊर्ध्वगामी तत्व से दबा कर ऊर्ध्वगामी तत्व को उभार सकता है वह साधक ऊर्ध्वगति को सहज ही प्राप्त हो सकता है। परन्तु यह सब होगा तब ही जब साधक बिन्दुत्रय के उपरोक्त ऊर्ध्वगामी तत्व पर अपना पूर्णतया अधिकार कर लेगा। इसके आधार पर ही योग शास्त्र में आकाश गमन आदि सिद्धियों की नींव रक्खी गई है। जैसे कि पातंजलि योगदर्शन विभूति पाद् ३९ वाँ मन्त्र * में कहा है कि जब प्राण, वायु, अपान, समान, व्यान को उदान द्वारा जय कर लिया जाता है तब साधक जल, कीच, कांटे आदि पर चल सकता है फिर सूत्र

---

१ गीता १४ अध्याय का श्लोक—

ऊर्ध्वं गच्छन्ति सत्त्वस्था मध्ये तिष्ठन्ति राजसाः ।
जघन्यगुणवृत्तिस्था अधो गच्छन्ति तामसाः ॥ १८ ॥

* उदान जयाजल पंक कण्टकादिष्व संग उत्क्रान्तिश्च ॥

४२ × में कहा है कि शरीर और आकाश के सम्बन्ध संयम से साधक सड़ कपड़े की रुई के समान हल्का होकर आकाश में उड़ सकता है।

अतः शास्त्रों में भी ऐसे कुछ उदाहरण मिलते हैं, जैसे कि भीम के फेंके हुए हाथी आकाश में उड़ने का वर्णन आदि। ऊपर कहा गया है कि उदान वायु मरण के अनन्तर मनुष्य के सूक्ष्म शरीर को ऊपर के लोक में लेजाने का कारण बनता है और कभी कभी शरीरगत धनञ्जय वायु ब्रह्माण्डगत धनंजय वायु की सहायता से मुर्दे को खड़ा कर दिया करता है। इन दोनो वायुओं को निकालने के लिये ही हिन्दु धर्म में कपाल क्रिया की जाती है। परन्तु ध्यान ये रखना चाहिये कि ये सब वर्णन बिन्दुत्रय के ही उदान से सम्बन्ध रखते हैं। काम और मनोजयी हुए बिना कोई साधक उदान जयी नहीं हो सकता है। जिसको वीर्य की भाषा में ऊर्ध्वरेतस्व कहते हैं उसको ही प्राण की भाषा में उदान कहते हैं। साधक काम जयी होने से ऊर्ध्वरेतस्व और उदानजय के तत्व को प्राप्त कर सकता है। इन दोनों की विजेय सहायक आन्तरिक शक्ति का नाम ही

---

× कायाकाशयो स्सम्बंध संयमाल्लघुतूल समापत्तेश्चाकाश गमनम् ॥

नोट—उपरोक्त सूत्रों में बताई हुई सिद्धियें आदि आजकल के योगियों की जुबान में ही मिलती हैं कार्य में नहीं। हां कहीं २ बाजारु बाजीगर अग्नि आदि पर चलने के चुटकले जरूर दिखा दिया करते हैं जिनका सम्बन्ध योग से कुछ भी नहीं होकर चाल बाजी से ही अधिक हुआ करता है यही कारण आज के वैज्ञानिक समय में सिद्धियों के अभ्यास को बहुत से क्षेपक, फिजूल, विज्ञान प्रकृति के विरुद्ध कहने लग गये हैं। पाठकों को इन पतनकारी बातूनी सिद्धियों में न फंस योग का परमार्थिक तत्व खोजने की चेष्टा करनी चाहिये।

मन–बिन्दु है। सिद्धान्त से वीर्य, प्राण, मन एक ही तत्व के तीन नाम हैं। जैसे कि "इति बिन्दु प्रथम् भवेत्" उदान स्वरूप वीर्यबिन्दु और अपान मूलाधार और स्वाधिष्ठान चक्र में रहते हैं। मणिपुर चक्रमें वीर्य का पूरण और प्राण का समान तत्व रहते हैं शुक्र और व्यान व्यापक चक्रमें रहते हैं। इन चारों शक्तियों को जानने के पश्चात साधक सङ्कण्डे से भी हलका हो सकता है। यहाँ बिन्दु योग की दृष्टि से प्राण और मन बिन्दु का भी वीर्य बिन्दु में ही समावेश हो गया है।

## ॐ समाधी और वज्रौली ॐ

ॐ यहां समाधी की समालोचना नहीं करनी है यहां तो इतना ही कहना है कि बिन्दु योग ही समाधी का बीज मन्त्र है। बिन्दु योग के सिद्ध हुए बिना समाधी को पाना इतना ही दुस्तर है जितना कि प्राण के बिना प्राणी, सूर्य के बिना प्रकाश होता है। योगशास्त्र ने कहा है कि बिन्दुयोग ही प्राणायाम का तत्व प्रत्याहार का बीज, धारणा का सार, ध्यान की कुँजी, समाधि का अमर रस है। बिन्दुयोग की ही सिद्धि इन सब की सिद्धि है और बिन्दुयोग की ही असिद्धि इन सब की असिद्धि है। बिन्दुयोग के सिद्ध होते ही साधक जीव से शिव हो जाता है। महादेव कहते हैं कि हे पार्वती 'बिन्दुयोग को ही सिद्ध करके मैं शिव तत्व को प्राप्त हुआ हूँ।' योगी गोरख भी कहते हैं कि 'जो जाने पारे (वीर्य) का भेव (भेद), वह योगी नहीं साक्षात् देव।' अभी तो शङ्कर कहते हैं कि –'सिद्धेबिन्दु महामन्त्रे किं न सिध्यन्ति भूतले' बिन्दुयोग के सिद्ध होते ही प्राय योग स्वयं ही सिद्ध हो जाते हैं। उनके लिये फिर कुछ अन्य साधन की आवश्यकता नहीं रहती है। इस योग के अनेकों उदाहरणों में

से प्रातः स्मरणीय पितामह भीष्म का ज्वलन्त उदाहरण है। इस योग के साधनार्थ साधक को सर्व प्रथम यह समझना चाहिये कि प्राण और मन वीर्य के ही दूसरे नाम हैं। वीर्य का ब्रह्मबिन्दु, प्राण का जीवनप्रकाशबिन्दु और मनका सङ्कल्पबिन्दु नाम है। इन तीनों के जय को ही प्राणायाम, प्रत्याहार, एक तत्व को धारणा ध्यान और इनके ब्रह्ममें लय करदेने को ही समाधी कह सकते हैं। इस समाधी को भगवान ने गीता में चार भागों में बांटा है। प्रथम शरीर की शून्यता और इन्द्रियों की सजीवता दूसरी शरीर और इन्द्रियों की शून्यता और मनकी सजीवता, तीसरी शरीर, मन, इन्द्रिय की शून्यता और बुद्धि की सजीवता, यहां तक की समाधी ही संप्रज्ञात समाधी कही जाती है। चौथी समाधी में शरीर, इन्द्रिय, मन, बुद्धि सब कुछ ही लोप होजाती है। इस समाधी वाले योगी के प्राणों का फिर किसी अवस्था में उत्क्रमण नहीं होता है। प्रथम समाधी में साधक के वही अवयव ठण्डे पड़ा करते हैं जिनको ब्रह्मा ने आत्मा विमुखी और बहिर्दर्शी बनाया है। इस अवस्था में साधक के ईड़ा पिंगला गत चक्रों का भेदन और तद्गत कुण्डलनी शक्ति का जागरण हो जाया करता है। दूसरी समाधी में साधक की ज्ञानइन्द्रियों का लय और शुष्मणागत चक्रोंको भेदन तथा तद्गत कुण्डलनी शक्ति का स्फोट हो जाता है। इस अवस्था का नाम ही प्रत्याहार कहा जाता है। तीसरी समाधी में साधक के वज्रागत चक्रों का भेदन और तद्गत कुण्डलनी शक्ति का उद्बोधन हो जाता है।

चौथी समाधी में साधक के चित्रा के चक्रों का भेदन और तद्गत कुण्डलनी के अन्तिम शिवात्मक प्रकाश का दर्शन हुआ करता है। चित्रा में ही ईड़ा, पिंगला, शुष्मणा, बज्रादि नाड़ियों का अस्तित्व रहता है। चित्रा में पहुंचते ही इनका अस्तित्व मिटजाता है अर्थात् यह गति रहित हो जाती हैं। जैसे चित्रा में पहुंच कर ईड़ादि नाड़ी अपना अस्तित्व खो बैठती है वैसे ही चित्रा में पहुंच कर प्राण, मन, बिंदु भी अपना अस्तित्व खो देते हैं। चित्रा में जाकर न तो नाड़ी नाड़ी ही रहती है; न प्राण, मन, बिन्दु ही रहते हैं। यहां पहुँचने ही यह सब एक आत्मरेखा विद्युत् प्रकाश आनन्द लहरों में परिवर्तित हो जाते हैं। इस आत्म रेखा को विद्युत्-प्रभा, आनन्दलहरी का नाम ही ब्रह्मनाड़ी कहा जाता है। इस दिव्य नाड़ी में पहुँचते ही "ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति" के पद को प्राप्त हो जाता है। इस तात्विक समाधी के तत्व में पहुंच कर फिर योगी का उत्थान नहीं हुआ करता है। उसकी मात्र अवस्था एक ही तरह की हुआ करती है। यह तो रही शास्त्रीय समाधी की बात आज कल कुछ ऐलची समाधी भी लगाई जाती है। उनमें से प्रथम समाधो का स्वरूप ऐसा होता है। जैसे कि मोटर के मात्र अवयव बन्ध होने पर भी उसका खास यन्त्र चालू रखा जा सकता है वैसे ही इस समाधी में साधक अपने मात्र अवयवों को बन्द करके हृदय की सूक्ष्म तन्त्री को चालू रखा करता है। जिसकी गति को डाक्टर लोग भी समझने में

चार भागों में से दो भाग के अन्दाज गृहस्थ के यहां से आहार अर्थात् पका हुआ (रन्धा हुआ) अन्न लावे, और एक भाग जल लावे, सो उन तीनों हिस्सों से अपनी उदर-पूर्ति करे, एक भाग उदर का खाली रखे। खाली रखने का प्रयोजन एक तो वीतराग देव की आज्ञा है कि—आत्मार्थी साधु हमेशा ऊनोदरी तप करे, पशु की तरह ठूंस-ठूंसकर उदर को न भरे।

दूसरा प्रयोजन यह है कि पेट में एक भाग खाली रखने से श्वास उछ्वास की गति ठीक रहती है। क्योंकि यदि अन्न और जल से सम्पूर्ण पेट भर लेगा तो श्वासोछ्वास वायु का आना जाना कदापि ठीक न रह सकेगा, यह सर्वजन-अनुभूत है कि अन्न के कम खाने वालों का शरीर प्रफुल्लित और आलस्य-रहित रहता है और जो मनुष्य पेट भर लेते हैं उनको थोड़ी देर बाद ही आलस्य आ जाता है। जो लोग केवल अन्न अर्थात् आहार से ही पेट भरते हैं और पीछे से पानी पीते हैं उनका तो श्वासोछ्वास बहुत तकलीफ से निकलता है, दूसरे लोग भी देखकर कहते हैं कि आज तो माल खूब खाया। अजीर्ण होने से स्वास्थ्य पर पानी फिर जाता है। जब गृहस्थों को भी मिताहारी होना चाहिये तब योगी के लिये विशेष क्या कहें। इसलिये ऊपर लिखे अनुसार भोजन करना चाहिये—और जो योगाभ्यास करने वाले साधु हैं वे द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव के अनुसार भिक्षा-वृत्ति के वास्ते एक बार गृहस्थ के घर जावें, अपनी उदर-पूर्त्ति के लिये शुद्ध आहार पानी लावें, परन्तु गृहस्थ के घर बारम्बार न जावें। क्योंकि जो मुनि बारम्बार जायेगा तो मांगने खाने में ही उसका काल पूरा हो जायगा; फिर योगाभ्यास किस समय करेगा? दूसरा वीतरागदेव ने भी कहा है कि वैयावृत्य—साधुओं की टहल सेवा—करने वाले के बिना नित्यभोजी साधु एक बार गृहस्थ के घर जाये। बारम्बार जाने वाला भगवदाज्ञा-विराधक है।

### योगी के लिये हेयोपादेय वस्तु

अब योग साधनेवाला किस-किस वस्तु का त्याग करे, और किस-किस वस्तु को ग्रहण करे। जो वस्तु भोग में न आवे जैसे १—कडवी चीज

(नीम के पत्रादि) ग्रहण न करे। २—भांग, गांजा, तमाकू आदि कोई तरह का नशा अंगीकार न करे, क्योंकि जो नशा करनेवाला होगा, वह बकवृत्ति (बगुला वृत्ति) से लोगों को ध्यान दिखावेगा।

३—आम्ल—खटाई, इमली, कच्चा आम, जामुन, जमेरी, निम्बू, नारंगी आदि नाना प्रकार की खटाइयां हैं, इन्हें ग्रहण न करें, लाल मिरच भी बहुत न खाय, बहुत लवण भी न खाय, बहुत गरम भोजन न खाय क्योंकि ये रक्त-विकार द्वारा स्वास्थ्य को हानिकारक हैं। एवं ऐसी वनस्पतियां कन्दमूलादि अनन्तकाय जो इन्द्रियों को विकार पैदा करनेवाली हैं, न खानी चाहिये। इन्द्रियों को कंदमूल हरित—शाकादि पुष्ट करते हैं और पुष्टि विकार का हेतु है। इसे भी योगी को त्याज्य समझना चाहिये।

योगी तिल, सरसों, मधु (शहद), मदिरा, मांस, इन सबका त्याग करे छाछ, कुलथी, तिलपापड़ी, बासी अन्न, सीरा, सेकी हुई लापसी और कांजी आदि को भी अंगीकार न करे। शीघ्रता से गमनागमन (जाना आना), भागना, अग्नि का सेवन करना, और स्नानादि भी न करे। साधना के समय बहुत तपादि भी न करे, और बहुत मनुष्यों से परिचय भी न करे, बहुत बोलना भी न चाहिये।

### योगी के काम में आने वाली वस्तुएं

गेहूं, चावल, ज्वार, बाजरा, सांठी के चावल, मूंग की दाल, तुबर की दाल, उड़द की दाल, दूध, घृत, मीठा सभी ले सकता है, परन्तु मीठा नित्य न खाय, और लड्डू, जलेबी, सीरा, लापसी, घेवर, कलाकन्दादि इस योग साधनेवाले को बिल्कुल खाने के लिये निषिद्ध है। कारणवशात् सोंठ, पीपर, काली मिरच, जावत्री आदि अंगीकार कर सकता है और ऐसा आहार करे कि जो जल्दी पच जाय। बल्कि रोटी लूखी (खुश्क) खाय, जहां तक बने वहां तक भिक्षा में भी रोटी रूखी लावे, क्योंकि चुपड़ी हुई रोटी गरिष्ठ होती है, पचने में दुर्जर होती है और गरिष्ठ वस्तु के खाने से आलस्य भी आता है। ऊपर लिखी चीजों का संयोग भिक्षा में न मिले तो चना सेका

छुरा लेकर अपना निर्वाह कर ले, अथवा आधे से भी थोड़ा आहार करे।

### योगी के लिये स्थान

योगी के लिये स्थान कैसा होना चाहिये वह दिखाते हैं। एकान्त अर्थात् वस्ती से बाहर हो, और उस मकान में स्त्री, नपुंसक, तिर्यञ्च आदि का आना जाना न होना चाहिये। इसी वास्ते जैनधर्म में ब्रह्मचारी को नव वाडों से ब्रह्मचर्य पालन करना कहा है। उन नव वाडों का वर्णन शास्त्रों में है, ग्रन्थ बढ़ जाने के भय से नहीं लिखते। अन्य मत में कई एक प्रकार मठादि के बताये हैं वे भी ग्रन्थ बढ़ने के भय से नहीं लिखते। परन्तु उस एकान्त स्थान में चूना-पत्थर आदि का मकान न हो। वह दूसरी रीति से योग साधनेवाले की पीठिका कही गई है।

### आसन प्रतिष्ठा

योग साधने वाले को प्रथम आसन दृढ़ करना चाहिये। आसनों की संख्या चौरासी लक्ष है जिसमें चौरासी आसन प्रसिद्ध हैं। उनमें भी जो इस योग-साधना में बहुत उपयोगी हैं उन्हीं आसनों के कुछ गुणादि वर्णन करते हैं।

### स्वस्तिक-आसन

यह समस्त आसनों में सुगम है, और मंगल रूप भी है, इसीलिये इसको प्रथम कहा है। सुगमता इसकी इस लिये है कि जंघों के मध्य में दोनों पावों के तलवों को करके और देह सरल करके बैठना, उसे स्वस्तिकासन कहते हैं। इसका नाम स्वस्तिक क्यों दिया यह दिखलाते हैं—स्वस्ति नाम है कल्याण का, जो भव्य जीव आत्मार्थी आत्मसाधन और मोक्ष जाने की चाहना करे उसे कोई तरह का विघ्न न हो, क्योंकि सत्कर्म करने में प्रायः विघ्न आया ही करते हैं। शास्त्रकारों का उल्लेख देखने में आता है कि "श्रेयांसि बहुविघ्नानि भवन्ति महतामपि"। इसलिये इसे मंगल बुद्धि से पहले कहा है और दूसरा इस आसन में बैठने से सुस्ती—आलस दूर होता है, तीसरा हर एक इसे सहज में कर सकता है, इस वास्ते भी इसी स्वस्तिकासन का पहले स्वरूप-निर्देशन किया है।

## २-गोधुक् आसन

ऊकडू (पांव के बल पर) बैठकर एडीयां ऊंची रखे और पांवों के पंजों के बल पर अपना समस्त शरीर का भार डाल कर, जैसे गवाला लोग गाय को दोहने के अवसर पर बैठते हैं, वैसा बैठने को गोधुक् आसन या गोदोहन आसन कहते हैं। इसी आसन से शासनपति भगवान् श्री वर्धमान स्वामी ने सालवृक्ष के नीचे केवलज्ञान-केवलदर्शन प्राप्त किया था।

## ३-गोमुख आसन

वांई अर्थात् डावी तरफ कटि (कमर) के नीचे दक्षिण अर्थात् जीमने पांव की गुल्म अर्थात् एड़ी धरे और जीमनी कटि की तरफ वांये पांव की एड़ी को धरकर बैठ जाय, और दोनों घुटनों को ऊपर नीचे कर ले, जैसे गौ का मुख अर्थात् दोनों होठ ऊपर नीचे होते हैं, इस तरह दोनों घुटने करे। इस आसन को कानफटे साधुओं में जो गोरखनाथ हो गये हैं उन्होंने विशेपकर किया है, इसी लिये इसको गोरक्ष-आसन भी कहते है।

## ४-वीरासन

जैसे वीर अर्थात् शूर-वीर मनुष्य युद्ध में धनुष वाण को खींचते हैं, उस रीति से जो खड़ा होना उसी का नाम वीरासन है। सो यह वीरासन कई तरह से होता है, इसीलिये नाम मात्र लिखा है, क्योंकि आसनों की प्रक्रिया तो गुरु के पास से अपनी दृष्टि से देखे और गुरु करके दिखावे तव ही तथावत् मालुम होती है।

## ५-कूर्मासन

दोनों पगों (पांव) की एड़ी से गुदा को रोक करके सावधान स्थित हो जाने को कूर्मासन कहते है।

## ६-कुक्कुटासन

अब कुक्कुटासन कहते हैं—वाएं पैर के तलवे दाहिनी (जीमनी) जंघा के ऊपर रखे, अर्थात् पद्मासन लगाकर फिर दोनों हाथों को ऊरु अर्थात् जंघा के बीच में हाथ घुसेड़कर जमीन पर टेके, फिर हाथों पर जोर देकर और आसन करता हुआ ऊपर को उठे और जमीन से अधर (आश्रय-रहित) हाथों के ऊपर खड़ा रहे उसी का नाम कुक्कुटासन है।

### ७-धनुषासन

दोनों पांवों के अंगूठों को दोनों हाथों से ग्रहण करके एक को कानपर्यन्त लावे, धनुष की तरह आकर्षण करे। अथवा ऐसा भी कहते हैं कि एक पैर को फैला करके, एक से अंगुठा को ग्रहण करे और एक हाथ कानपर्यन्त करे इसका नाम धनुषासन है।

### ८-पश्चिमोतानासन

दोनों पांव दण्ड की तरह लम्बे करे और धरती को पैरों से पकड़े, अर्थात् पांवों को चिपटे जमा रखे, और दोनों हाथों को फैलाकर पांवों के दोनों अंगूठों को दोनों हाथों से पकड़े, परन्तु पांव ऊपर को न उठने पावे, ज़मीन से ही लगे रहें, फिर माथे को नीचा करके जंघों के ऊपर लगाकर स्थिर हो जाय, अथवा दोनों पांवों को चिपटा ले, और दोनों हाथ पैरों के इधर-उधर से करके तलवों के बीच में हाथों की दसों अंगुलियां मिलावे, परन्तु अंगुली ऐसी मिलावे कि छूट न जाय, फिर माथा जंघा के ऊपर रखकर स्थिर हो जाय। इस आसनके कुछ गुण दिखलाते हैं। यह आसन ऊपर कहे आसनों में से मुख्य आसन है और सुषुम्णा-मार्ग को बतानेवाला है, प्राणों की गति सूक्ष्म अर्थात् धीमा करनेवाला है, पेट की अग्नि को तीव्र करता है और उड्यान-बन्ध में भी मदद देता है, पेट के मध्य भाग को कृश बनाता है, जिससे तोंद नहीं निकलती, पेट पतला बना रहता हैं, और कब्जियत (मलावरोध) को दूर करता है, दस्त को साफ (खुलासा) करता है। जो मनुष्य इस आसन को लगाने का अभ्यास करेगा, उसको शरीर सम्बन्धी अनेक प्रकार के लाभों के अतिरिक्त योगाभ्यास में विशेष सहायता मिलेगी।

### ९-मयूरासन

दोनों हाथ जमीन पर रखकर दोनों कुहणी (कोणी) मिलाकर नाभि और कलेजा के बीच में रखकर कोणियों के ऊपर सब शरीर का भार देकर दोनों पांव पीछे से ऊंचे उठावे, और जमीन पर सिवाय हाथों के कोई शरीर का अंग न रहने दे। जैसे मयूर अपने पंखों को ऊपर करके नाचता है, इसी रीति से पांव ऊंचा करे, इसी का नाम मयूरासन है। इसका

प्रकारान्तर भी कुछ बतलाते हैं कि, माथा जमीन से लगा रहे और बाकी कुल रीति उस प्रकार से जान लेनी चाहिये।

### इसके कुछ गुण

इस मयूर-आसन के करने में क्या लाभ है, अथवा क्या-क्या फायदे हैं वही दिखाते हैं—इस के आसन करने में जलन्धर, तापतिल्ली, फीया आदि अनेक रोग चले जाते हैं, और वात, पित्त, कफ, इनको भी यह मयूरासन नाश करता है अर्थात् विषम दोषों को सम करता है। जो कदाचित् कुत्सित अन्न खाया जाय तो उसे भी भस्म कर देता है, और जब बस्ति करने का काम पड़े अथवा कुछ जल पेट में रह जाय तो इसके करने से जल्दी रेचन हो जाता है।

### १०-सिंहासन

दोनों घोटू जमीन पर टेककर दोनों एड़ियों को गुदा के पास ले जाकर उसके ऊपर बैठ जाय और दोनों हाथों के पंजे अर्थात् अंगुली पेट की तरफ और हथेली घोटू की तरफ करके सतर बैठ जाय, परन्तु हाथ में किसी तरह का शल्य न हो, और गरदन को कुछ झुकी हुई सामने रखे दोनों आंखों की पुतली दोनों भंवरों (भौंओं) के बीच में रखे, और मुख को फाड़े, जीभ को अच्छी तरह से बाहर निकाले, और सिंह की तरह गर्जना अर्थात् शब्द करे। इसका अभ्यास करने से शरीर में फुर्ती बनी रहती है, और तेजी बनी रहती है। कदाचित् गोचरी (भिक्षा) में खटाई आदि आ जाय तो खाने के बाद इस आसन को करे। इससे योग में किसी प्रकार का विघ्न न होगा।

अब ऊपर लिखे हुए आसनों में परिश्रम होता है, इसको दूर करने के वास्ते शिवासन को अवश्यमेव करे। इसलिये शिवासन का स्वरूप लिखते हैं।

### ११-शिवासन

जमीन से पीठ लगाकर शयन करे और हाथ पांव सीधे कर दे, अर्थात् जैसे मुर्दा होता है वैसे सरल होकर सो जाय। इस आसन से शरीर का

परिश्रम दूर हो जाता है, इस लिये परिश्रम दूर करने के लिये यह आसन श्रेयस्कर है।

### १२-सिद्धासन

दांये पांव की एड़ी को योनि के मध्य लगावे। गुदा और लिंग मध्यभाग का नाम योनि है—सीवन-स्थान को योनि कहते हैं। उस स्थान को एड़ी से दबाये रहे और दाहिने पांव को उठाकर लिंग की जड़ में एड़ी को लगा कर नीचे को दबावे,इसी रीति से बैठकर फिर एड़ी को हृदय से चार अंगुल फरक से रखे, और नेत्रों को अचल दृष्टि से भृकुटी के मध्यभाग में लगा दे उसका नाम सिद्धासन है। इस आसन का फल तो अन्य मतावलम्बियों के शास्त्रों में बहुत वर्णित है, और श्री जैनमत में भी गुरुमुख से इसकी महिमा सुनने वाले जिज्ञासु जानते हैं, तथा शास्त्रों में भी वर्णन है। "यथा नाम तथा गुणा:" इस उक्ति से भी जान पड़ता है कि इस आसन में कोई विशेष महत्त्व होना चाहिये।

### १३. पद्मासन

बाईं जंघा के ऊपर दायां पांव स्थापन कर बांया पांव दाहिनी जंघा पर स्थापन करके दांये हाथ को पीठ पीछे घुमाकर बांयी जंघा पर स्थित पांव के अंगुठे को पकड़े, और ऐसे ही बांये हाथ को पीठ पीछे ले जाकर दाहिनी जंघा पर स्थित जो बांया पांव उसके अंगुठे को पकड़े, और हृदय के समीप ठोड़ी चार अंगुल के अन्तर में रखे, नेत्रों से नासिका की डण्डी अर्थात् अग्रभाग (नोक) को देखे।

अब प्रकारान्तर से भी पद्मासन को दिखाते हैं—बांया पांव को आगे दाहिनी जंघा के ऊपर और दाहिने पांव को बांयी जंघा पर रखे, और हाथों को उन दोनों एड़ियों के ऊपर पहले बांये हाथ को रखे, उसके ऊपर दाहिने हाथ को रखे, अर्थात् जैसे जिन-मन्दिर में भगवान् वीतराग जिनेन्द्रदेव की प्रतिमा स्थापित की जाती है, इसका नाम पर्यंकासन भी है।

इन आसनों की विधि श्री हेमचन्द्राचार्य कृत योगशास्त्र में देखो, इस जगह तो संक्षेप से नाम तथा गुण वर्णन करते हैं। जैसे पंकज कीचड़ से

उत्पन्न हुआ और जल से वृद्धि पाकर दोनों को छोड़कर पृथक् हो जाता है । इसी रीति से जो मनुष्य इस पद्मासन को साधनेवाला है वह संसार रूप कीचड़ से उत्पन्न होकर और भोगरूप जल से वृद्धि पाकर इन दोनों को छोड़कर इस योगरूप अभ्यास में पृथक् स्थित हो जाता है । इसीलिये इसका नाम कमल पंकज भी है ।

इस प्रकार संक्षेप में आसनों का वर्णन किया है, जो पुरुष पहले इन आसनों का अभ्यास दृढ़ करेगा, वह ही पुरुष योगाभ्यास के परिश्रम को उठावेगा, गुरु के बिना योगाभ्यास का रास्ता कदापि न पावेगा, पुस्तक बांचने मात्र से भी हाथ न आवेगा, इसीलिए हमारा कहना है जो कोई योग की सिद्धि करना चाहे वह प्रथम स्वरोदय अर्थात् स्वर का अभ्यास योगी गुरु से अवश्य-मेव करे । क्योंकि जब तक पूरा-पूरा उसका स्वर के तत्त्वों का ज्ञान न होगा तब तक योग की सिद्धि कदापि न होगी । स्वर के ज्ञान बिना जो मनुष्य योगाभ्यास अर्थात् प्राणायाम, मुद्रा, कुम्भकादि का परिश्रम करते हैं, उनका परिश्रम व्यर्थ जाता है, क्योंकि योगाभ्यास की प्रथम भूमिका स्वर-अभ्यास है ।

वर्त्तमान काल में बहुत लोग प्राणायामादि अथवा षट्कर्मादि के विषय में परिश्रम उठाते हैं, परन्तु स्वर-अभ्यास के बिना लाचार होकर थक जाते हैं, और समाधि के भेद को नहीं पाते । इसलिए जो योग की इच्छा करने वाला जिज्ञासु है उसको मुनासिब है कि सद्गुरु के पास से विनयपूर्वक शुश्रूषा करके कपट-रहित हो गुरु की चरण-सेवा करे और इस स्वर-साधन की कुंजी सीखे, जिससे सर्व कार्य सिद्ध हों । मकान बनाने वाला यदि पहले नींव को मजबूत करेगा, तो मकान चाहे जितना ऊपर ले जावे उसको कभी भी खतरे का मुंह न देखना पड़ेगा, और न ही किसी प्रकार हानि की सम्भावना होगी ।

### स्वरोदय-स्वरूप

पृथिवी, जल, अग्नि, वायु, आकाश यह पांच तत्त्व हैं, और इन पांचों तत्त्वों को ही सभी स्वरोदय वाले कहते हैं । जैनों में भी गुरुकुल-वास बिना

इन्हीं को स्वरोदय वाले पांच तत्त्व कहते हैं, परन्तु यथावत् गुरु मिले और जिज्ञासु को योग्य जाने तो दूसरे भी पांच तत्त्व बतावे। उन पांच तत्त्वों की प्रसिद्धि ही नहीं है, परन्तु मैंने जिस गुरु की चरण-सेवा से योगाभ्यास की रीति पाई है उनकी जबानी इसका स्वरूप समझा है अनुभवी गुरु से ही विद्या का मर्म जाना जा सकता है जो ग्रन्थों में लिखा हुआ नहीं मिलेगा।

थोड़े समय पहले श्री आनन्दघनजी महाराज महान योगी हुए हैं, वे मारवाड़ में बहुत घूमे हैं, और प्रायः कई देशों में प्रसिद्ध भी थे। आयु के नजदीक आने से उन्होंने विचारा कि यदि कोई जिज्ञासु मिले तो इस वस्तु (योग प्रक्रिया) को दूं, ऐसा विचार कर मारवाड़ादि में अच्छी तरह अन्वेषण किया किन्तु कोई योग्य जिज्ञासु व्यक्ति देखने में न आया। अनन्तर गुजरात देश में श्री यशोविजय जी उपाध्याय का नाम सुनकर श्री आनन्दघन जी महाराज गुजरात में गये और उपाध्यायजी से मिले एवं उनसे इस विषय का आदान प्रदान किया। योग्य शिष्य न मिलने से उन्होंने अपनी परम्परा में कोई शिष्यादि न किया। क्योंकि उन्हें कोई योग्य शिष्य नहीं मिला। श्री आनन्दघन जी महाराज अपनी बनाई हुई चौबीसी के अन्दर श्री कुन्थुनाथ भगवान् के स्तवन में जो नवमी गाथा है उसमें मन ठहरने की कह गये हैं। परन्तु बिना अध्यात्मी गुरु के गाथा का रहस्य मालुम नहीं होता। वह गाथा भी दिखाते है—

"मनडुं दुराराध्य तें वश आण्युं, ते आगमथी मति आणुं।
आनन्दघन प्रभु माहरुं आणो, तो साचुं करी जाणुं हो ॥कुं॥९॥

इस गाथा में आ-ग-म-थि इन चार अक्षरों में मन ठहरने का मतलब बतलाया, गुरुकुलवास बिना इसका अर्थ समझ में न आया, मैंने इसका अर्थ कितने ही जिज्ञासुओं को खोल कर बताया, जिन्होंने इस अर्थ को पाया, उन्होंने नवकार गुणने में मन भी ठहराया, इसके आगे भी बताते, परन्तु पूरा जिज्ञासु नजर में न आया, इसीलिये वह पद पोथियों में उलटा सीधा गाकर पाठकगण को सुनाया।

परन्तु पूर्वोक्त गाथा के पुर्वार्ध का अर्थ लोग ऐसा करते हैं कि हे श्री

कुन्थुनाथ स्वामिन् ! मन जो है सो बड़ा दुष्ट है, अर्थात् अति चंचल है, परन्तु इसको आपने वश किया है, सो हे प्रभो ! आगमथी अर्थात् शास्त्र के आधार पर अथवा शास्त्र के श्रद्धान-बल से जानता हूं (विश्वास करता हूं) आगे की तुक में कहते हैं कि हे प्रभो ! मैं तो प्रत्यक्ष तब जानूं, जब मेरा मन स्थिरता पकड़ ले, अर्थात् समाहित हो जावे, ऐसा भाव लोग निकालते हैं।

परन्तु इस अर्थ में तो शंका उत्पन्न होती है कि आनन्दघन जी को श्रद्धा न थी, क्योंकि यदि उन्हें श्रद्धा होती तो ऐसा न कहते कि मैं शास्त्र से श्रद्धान करता हूं, परन्तु प्रत्यक्ष में तो तब ही विश्वास कर सकता हूं जब कि मेरा मन समाहित हो जावे (ठहर जावे)। इस कथन से उन्हें अश्रद्धान उत्पन्न होता है। अथवा उनका मन स्थिर नहीं था। तो वे योगीराज कैसे ?

इस शंका को दूर करने के लिये कुछ प्रयत्न करते हैं कि पूज्यपाद श्री आनन्दघन जी महाराज के समान तो श्रद्धान इस समय होना कठिन है। और उनके समान योगीराज होना भी कठिन है। किन्तु आनन्दघन जी का अभिप्राय न जानने से ऐसा कहना ठीक नहीं जान पड़ता, क्योंकि देखिये श्री आनन्दघन जी अपनी गाथा में क्या कहते हैं।'आगमथि' इन चार अक्षरों में श्री आनन्दघन जी महाराज का अभिप्राय दिखाते हैं कि एक एक अक्षर में गुरुगम से सम्पूर्ण नाम निकलता है। जैसे 'भीम' कहने से भीमसेन को ग्रहण करते हैं; वैसे ही (आ) कहने से "आया" और (ग) कहने से 'गया", (म) कहने से मन और (थि) कहने से स्थिर। उसका तात्पर्य यह है कि आने जाने में मन को मिलाना (रोकना) उस मिलाने से मन स्थिर होता है। इसी रीति से हे प्रभो ! आपने अपने मन को स्थिर किया, ऐसा उस पद का अर्थ है, परन्तु जैसा लोग कहते हैं उसी रीति से मैं नहीं मानता।

कदाचित् आगम पद करके कोई इस गाथा में शास्त्र का अर्थ लेगा तो जो शास्त्रों में आगम का लक्षण किया है वह व्यर्थ हो जायगा। क्योंकि आगम का लक्षण, प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकार में तो "आप्तवचनादाविर्भूतमर्थ-

संवेदनमागमः'' अर्थात् आप्त के वचन ये प्रकट हुआ पदार्थ का जो संवेदन अर्थात् ज्ञान उसका नाम आगम है, न कि शास्त्रों का नाम आगम है। इसी रीति से श्री आनन्दघन जी महाराज जैसे श्रद्धावान थे, वैसे ही अध्यात्म-योगीराज भी थे। वैसा तो वर्त्तमान काल में होना कठिन है इसी रीति से गुरुगम को जानो, जैनमत में किसी तरह का सन्देह मत आनो, श्री आनन्दघन जी महाराज अध्यात्मीओं में उच्च कोटि के थे, अध्यात्म विना विद्वता की कोई महत्ता नहीं।

इसी रीति से मैं (चिदानन्द अपर नाम कर्पूरचन्द) ने भी योग्य जिज्ञासु विना किसी को शिष्य न बनाया[८४]।

अब जो वक्तव्य है उसके विषय में कहते हैं। प्रथम कहे हुए पंच तत्त्वों की गति चन्द्र और सूर्य नाड़ी में होती है, इसका ठीक ठीक जानना वही स्वर साधन है॥

### स्वरोत्थान

स्वरोत्थान प्रथम भृकुटि चक्र से होता है और आगमचक्र से होकर वंकनाल के पास होकर पश्चिम-द्वार से निकलकर शीघ्रता से नाभि में खटका देता है फिर नाभि में उठकर हृदय-कमल पर होकर कण्ठदल के ऊपर होकर जो जीमणा (दाहिना) रन्ध्र है उसमें घुसकर बांयी (डाबी) ओर नासिका-द्वार से निकलता है। इसी प्रकार बांयें रन्ध्र में घुसकर दांयी नासिका से निकलता है। इसी रीति से फिर पीछे को भी जाता है। इस जगह किंचित् परीक्षक पुरुषों के वास्ते परीक्षा अवसर भी है—जो भृकुटि चक्र से नाभि में आता है, सो उसके आने की परीक्षा यह है कि नाभि से खट-खट का शब्द आता है। जैसे घड़ी चक्रों के फिरने से खट-खट करती है उसी प्रकार नाभि में भी होता है।

इस खटके के देखने के वास्ते जब तक गुरु-कृपा न हो तब तक उस खटके का देखना कठिन है। जो गुरु खटके के देखने की रीति बतावे; तब वह खटका भी देखे और बीच का भी कुछ लाभ हो। कदाचित् कोई बुद्धिमान

८४—आप भी अपने हृदय में ही योग प्रणाली लिए स्वर्ग में चले गये।

एकाग्र चित्त होकर उस खटके की प्रतीति करे तो उस बुद्धिमान को खटका तो प्रतीत हो जायगा, परन्तु उसका जो रहस्य है सो गुरु के विना कदापि न मिलेगा, क्योंकि श्री मानतुंगाचार्य जी 'पंच परमेष्ठि स्तोत्र' में लिखते हैं कि "गुरुकृपां विना किं पुस्तकभारेण"।

न्यायशास्त्र में भी ऐसा कहते हैं कि "शिवे रुष्टे गुरुत्राता गुरौ रुष्टे न कश्चन" अर्थात् शिव (इष्ट-देव) के रुष्ट होने पर गुरु रक्षण करने वाला है परन्तु गुरु के रुष्ट होने पर कोई रक्षण करने वाला नहीं है। जैन-धर्म में तो गुरु के विना कुछ भी नहीं होता, इसलिए गुरु की मुख्यता है। अब ऊपर लिखे दोनों स्वरों में जो पांचों तत्त्वों का प्रकाश है, उसका थोड़ा सा वर्णन करते हैं।

### १-पृथिवी तत्त्व का स्वरूप

पृथिवी तत्त्व का रंग पीला और बारह अंगुल या आठ अंगुल बहता है— अर्थात् सन्मुख नकुवे के (नाक के रन्ध्रों के) ठीक सीध में बाहर मालूम पड़ता है। स्वाद मीठा, आकार चौकोना (चौरस), और ५० पचास पल अथवा बीस मिनट जिसका जंघा में स्थान है।

### २-जल तत्त्व का स्वरूप

दूसरा जलतत्त्व है, इसका वर्ण सफेद है। सोलह अंगुल अथवा बारह अंगुल नासिकाग्र भाग में बहता है, किन्तु इसकी गति नीची रहती है। स्वाद (रस) कषायेला और वर्त्तुल—गोल आकार तथा ४० पल अर्थात् सोलह मिनट पांव के स्थल में रहता है।

### ३-अग्नितत्त्व का स्वरूप

अग्नितत्त्व का रंग लाल और चार अंगुल ऊंची इसकी गति जानना चाहिए, स्वाद तीक्ष्ण जैसे मरीच का रस तीक्ष्ण होता है, त्रिकोण आकार, ३० पल अर्थात् १२ मिनट कन्धे में रहता है।

### ४-वायुतत्त्व का स्वरूप

वायुतत्त्व का वर्ण हरा अथवा नीला जानना चाहिए, तथा आठ अंगुल अथवा पांच अंगुल तिरछी गति, स्वाद में खट्टा, आकार में ध्वजा जैसा,

२० पल अर्थात् ८ आठ मिनट नाभि में जिसकी स्थिति है।

### ५-आकाश तत्त्व का स्वरूप

आकाश तत्त्व रंग में काला, अथवा नाना प्रकार का, नासिका के भीतर ही चलने वाला, स्वाद में कटु, शून्याकार वाला, १० पल अथवा ४ मिनट मस्तक में अथवा सम्पूर्ण देह में स्थित है। वह आकाश तत्त्व नाम से पहिचाना जाता है। इस प्रकार तत्त्वों का वर्ण तथा आकार आदि कहा है। अब जो कुछ ऊपर लिख आये हैं कि मुझे जैन रीति से जो तत्त्व गुरु ने कहे हैं कुछ उनका स्वरूप कहते हैं।

### जैन रीति से तत्त्वों का अनुसन्धान

अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, साधु ये पंच तत्त्व जानने चाहिये। और क्रम से निम्नलिखित वर्णादि भी जानने चाहिये—जैसे शुक्ल, लाल, पीला, हरा अथवा नीला, काला अथवा विचित्र। सोलह अंगुल, चार अंगुल, बारह अंगुल, आठ अंगुल, कुछ नहीं। कषायला, अथवा अत्यन्त मीठा, तीखा, मीठा, खट्टा, कड़ुवा।

### १-अरिहंत तत्त्व

अब इन उक्त तत्त्वों तथा इनके वर्णभेदादि पर विचार दिखलाते है। पहले अरिहंत को श्वेत वर्ण क्यों कहा है? वह इसलिये कि उनमें किसी प्रकार का मल—कर्मरूप मैल—नहीं रहा। और बारह अथवा सोलह अंगुल इस वास्ते कि आठ गुण प्रातिहार्यादि और चार मूल अतिशय इस प्रकार बारह गुण हैं इसी लिये बारह अंगुल और चार कर्म के क्षय होने से चार गुण, इसी रीति से सोलह अंगुल समझना चाहिये।

इसका स्वाद कषायला इसलिये कहा है कि सम्यक्त्व-रहित मिथ्या दृष्टि जीवों को उनके वचन रूप जल में रुचि नहीं होती, इसलिए उन्हें उनका वचन कषायला लगता है और जो सम्यक्त्व करके सहित हैं, उनको शब्द-रूपी जल अत्यन्त मीठा मालूम होता है, इसलिये अज्ञान दशा से लोग जल का स्वाद कषायला कहते हैं, परन्तु है असल में मीठा; इसी वास्ते नैयायिकों ने जल को मीठा कहा है। हरीतकी अर्थात् हरड़ अथवा आम की सेकी हुई

गुठली खाकर ऊपर से पानी पीने से मीठा लगता है। अन्य वस्तु के संयोग से जल को कषायला कहते हैं परन्तु है वास्तव में मीठा। इसलिये अरिहंत तत्त्व को मीठा कहा है। जैसे जलतत्त्व के स्वाद की अज्ञान दशा से खबर नहीं पड़ती, वैसे ही अज्ञान के कारण जिन तत्त्वों का हम वर्णन करते हैं उनको छोड़कर पृथिवी आदि तत्त्वों को अंगीकार किया, देखादेखी लोगों ने इन्हीं को तत्त्व लिखा है।

अरिहंत तत्त्व का वर्त्तुल आकार दूसरी रीति से हैं—जैसे बड़ का पेड़ नीचे से संकुचित होकर ऊपर से विस्तीर्ण होता है और जैसे जल धारारूप से निकलकर जमीन पर फैल जाता है, वैसे ही अरिहंत-रूप तत्त्व के मुखार-विन्द में से धारारूप त्रिपदी निकलने से गणधरादि शिष्यरूपी जमीन पर विस्ताररूप द्वादशांगी रचना करते है। इत्यादि अरिहन्त तत्त्व के गुण जानों, बाकी गुरुगम से सब पहचानों, अब इसके आगे सिद्ध तत्त्व का विवेचन करेंगे।

### २-सिद्धतत्त्व

सिद्ध का वर्ण लाल इसलिये है कि जैसे अग्नि सर्व वस्तु को भस्म करती है वैसे ही सिद्ध भी कर्मरूप वस्तु को जलाकर भस्म कर देता है। इस अनु-मान से अग्निरूप अलंकार के सदृश रंग लाल कहा है। परन्तु सिद्ध में रंग कोई नहीं, क्योंकि शास्त्रों में ऐसा कहा है कि सिद्ध परमात्मा में वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श कोई नहीं, ऐसे ही अग्नि में भी कोई तरह का रंग नहीं है, क्योंकि जो अग्नि में लाल रंग होता तो अग्नि के बुझने के बाद राख में भी कुछ लाली रहनी चाहिए। इस लिये अज्ञान दशा से लोगों को उपाधि से लाल रंग प्रतीत होता है।

अब सिद्ध रूप अग्नि का चार अंगुल प्रमाण इस प्रकार है कि सिद्ध में मुख्यतया चार गुण अर्थात् ज्ञान, दर्शन, चरित्र और वीर्य हैं। इन गुणों से ही चार अंगुल लेते हैं। और दूसरा इसमें यह भी प्रमाण है कि परमात्मा और जीव में कोई भेद भी नहीं है, केवल उपाधि (कर्म-संयोग) से भेद है। इसलिए जिसमें जो गुण होता है उसमें वह गुण सत्तारूप से बना रहता ही

है। इसलिये इसमें चार अंगुल प्रमाण कहा है।

इस तत्त्व का स्वाद तीक्ष्ण इसलिये है जिसकी तीक्ष्णता (सूक्ष्मता, दुर्ज्ञेयता) में दूसरी वस्तु प्रवेश न कर सके। ऊर्ध्व गति इस तत्त्व की इसलिये है कि जो चीज हल्की होती है। वह स्वभावतः ऊपर को जाने वाली है, और भारी होने से नीचे को गति करने वाली होती है। इसलिये कर्म रूप मल न होने से इस सिद्ध के जीव की ऊर्ध्वगति कही गई है।

इसका त्रिकोण आकार इसलिये कहते हैं कि तीन भाग अवगाहना के करने से एक भाग कम हो जाना और दो भाग रहना, इसलिये इस तत्त्व को तीन भाग की अपेक्षासे त्रिकोण कहते हैं। इस रीति से सिद्धतत्त्व का निरूपण किया है। अब आचार्य तत्त्व के विषय में कहेंगे।

### ३-आचार्य तत्त्व

आचार्य तत्त्व का पीला रंग है, वह शास्त्रों में प्रसिद्ध है, युक्ति देने का कोई प्रयोजन नहीं जान पड़ता, इसलिए युक्ति नहीं दिखलाते। यह तत्त्व बारह अंगुल चलता है और अंगुल के विषय में युक्ति यह है कि तीर्थंकरो के मुख से त्रिपदी सुनकर द्वादश अंग अर्थात् जिनमत के बारह वेद रचते हैं। और बारह वेदों में भूत, भविष्यत्, वर्त्तमान तीनों काल की बातों का समावेश है, इसलिए उनकी बारह अंगुल गति कही गई है।

रस—स्वाद मीठा इसलिये है कि कुल समुदाय को विश्वास में लेकर मार्ग में चलाते हैं। समचतुरस्र इसलिये है कि उनका चारों (साधु, साध्वी, श्रावक, श्राविका) पर सदृश भाव है। इसलिये आचार्य तत्त्व को समचतुरस्र (चौकोण) कहा है।

सीधी गति इसलिये कही है कि समुदाय में आचार्य की न्यूनाधिक भाव-परिणति नहीं होती। इस प्रकार आचार्य तत्त्व को पहचानों। अब चतुर्थ उपाध्याय पद का वर्णन करते हैं।

### ४-उपाध्याय-तत्त्व

चतुर्थ उपाध्याय तत्त्व का वर्ण हरा, प्रमाण अंगुल आठ, गति तिरछी, आकार ध्वजा सम, स्वाद खट्टा। इसका आठ अंगुल प्रमाण इसलिये है कि,

अष्ट प्रवचन माता (पांच समिति, तीन गुप्ति) को आप यथावत् पालते हैं, और दूसरों से पलवाते हैं। तिरछी गति इसकी इसलिए है कि द्वादशांगी का स्वाध्याय अनुलोम प्रतिलोम (उलटा सीधा) कई प्रकार से करते हैं, और जिसका अष्ट-प्रहर विचार रूप भ्रमण कई तरह का है। यदि जो कोई वक्रता से पूछे तो उसी रीति से समझाना और धर्म में लाना, इस लिए तिरछी गति कही है। अब साधु पद का वर्णन करते है।

## ५-साधु-तत्त्व

उत्सर्ग मार्ग से साधुपन में से बाहिर न हो, इसलिये बाहिर निकलना नहीं कहा। काला रंग इसलिये कहा है कि उस रंग के ऊपर कोई दूसरा रंग न ही चढ़ता। ऐसे ही साधु के साधन में दूसरा रंग न हो, और बहुत रंग इस वास्ते कहते हैं कि, साधु गुरु की चरण सेवा से विद्याध्ययन करता है और जब विद्या में निपुण हो तब दूसरों को अध्ययन करावे, जब अध्ययन कराने लगा तब उपाध्याय पद की भी प्राप्ति होती है। फिर उपाध्यय पद में निपुण जानकर योग्यता देख गुरु आचार्यपद देते हैं, इस प्रकार बढ़ता हुआ अरिहन्तपद को पाकर सिद्धपद को प्राप्त होता है, इसलिए बहुत रंग इसके विषय में कहे गये हैं। आकाश इसको इसलिये कहते हैं कि जैसे आकाश में सर्व द्रव्य रहने वाले ही हैं, वैसे साधुपद में सर्व द्रव्य रहने वाले हैं। इसी रीति से सर्व-व्यापक जानों। कड़वा स्वाद इसलिये है कि जैसे कड़वी चीज से चित्त बिगड़ता है परन्तु कड़वी चीज़ है गुणदायक, वैसे ही साधु को अनेक परिषहादि का सहन करना भी होता है, इसलिये वह कटुक प्रतीत होता है, परन्तु है सुखकारी। इस रीति से इन पांच तत्त्वों का किंचित् भेद सुनाया इसको गुरुगम से मैंने पाया है, परन्तु शास्त्रों में लेख नहीं आया है, इस रीति को सुनकर कितने ही लोगों के चित्त में कुविकल्प समाया, परन्तु इसमें मुझे कोई सन्देह नहीं है इसलिये पंचमेष्ठि का मैंने ध्यान बताया है।

अब इस जगह शंका उत्पन्न होती है कि शास्त्रों में तो यह बात किसी के देखने में नहीं आई, जो कहीं होती तो कोई आचार्य किसी जगह लिखते इस शंका का समाधान ऐसा है कि मैंने जो इस विषय में लिखा है सो सर्वज्ञ

की सर्वज्ञता से किंचित् भी बाहिर नहीं है। क्योंकि सर्वमतावलम्बी अज्ञान के जोर से अपने तत्त्वों की मुख्यता लेकर वर्त्तमान काल में दुःखगर्भित मोहगर्भित वैराग्य वाले और जाति कुल के जैनियों की व्यवस्था देखकर हंसी करते हैं कि हमारे बिना तत्त्वादि का साधन तुम्हारे मत में नहीं है। इस तरह श्रवण करके चित्त में आया कि इस वीतराग सर्वज्ञ देव से कोई बात छिपी नहीं। परन्तु दिन प्रतिदिन योग्यता की हानि होने से गुरू परम्परा छिपती गई और अज्ञानियों का जोर बढ़ता गया। इसलिये उन अज्ञानियों का मुख बन्द करने के लिए और चिन्तामणि रत्न समान जिनधर्म की उन्नति के वास्ते मैंने कहा है, सद्गुरु का उपदेश भी पाया है। इस रीति के लुप्त हो जाने का किंचित् कारण दिखाता हूं।

श्री महावीर स्वामी से लेकर श्री भद्रबाहु स्वामी तक चौदह पूर्व विद्या और गुरु-परम्परा यथावत् चली आई। इसलिये श्रीभद्रबाहु स्वामी ने नेपाल देश के पहाड़ों में जाकर प्राणायाम सिद्ध किया। श्री कल्पसूत्र की टीका आदि में ऐसा लिखा है कि, जिस समय श्री यशोभद्र सूरि जी देवलोक को प्राप्त हुए, और साधुओं को विद्या पढ़ाने वाला आचार्य भद्रबाहु स्वामी के सिवाय कोई दूसरा न देखा, तब श्रीसंघ ने मिलकर भद्रबाहु स्वामी को विनयपूर्वक आवेदन किया और कहा कि हे भगवन्! श्रीयशोभद्र सूरि जी महाराज तो देवलोक प्राप्त हुए और स्थूलभद्रजी आदि अनेक साधु विद्या पढ़ने योग्य हैं; इसलिए आप पधारो, क्योंकि आप के सिवाय दूसरा कोई विद्या पढ़ाने वाला नहीं हैं। यह खबर श्रीभद्रबाहु स्वामी ने सुनकर कहला भेजा कि मैं महाप्राणायाम की साधना करता हूं, इस कारण मेरा आना नहीं हो सकेगा। साथ में यह भी कहला भेजा कि जो पढ़ने वाले साधु हों उन्हें यहां भेज दो, मैं उन्हें पढ़ाऊंगा, किन्तु प्राणायाम सिद्ध हुए बिना मेरा वहां आना न होगा; इसलिये श्रीसंघ को उचित है कि उन साधुओं को मेरे पास भेज दे। आत्मा के साधन से किसी को नहीं डिगाना चाहिए, जिस रीति से दोनों कार्य सिद्ध हों उसी रीति से बर्त्तना चाहिए।

अनन्तर श्रीसंघ ने महामुनि स्थूलभद्रादि ५०० (पांच सौ) साधुओं का

श्रीभद्रबाहु स्वामीजी के पास भेजा, तब उन्होंने पढ़ाना आरम्भ कर दिया। श्रीस्थूलभद्रजी को दशपूर्व तक पढ़ाया, इधर से श्रीभद्रबाहु स्वामी का महाप्राणायाम भी सिद्ध हो गया, और मुनियों को भी जितना जिसको कण्ठस्थ हो सका उतना ही उसको पढ़ाया, फिर वहां से विहार कर विचरने को चित्त आया। अनन्तर पाटलीपुर नगर में आकर भव्यजीवों को उपदेश देने लगे।

उस समय श्री स्थूलभद्रजी महाराज गुरु की आज्ञा लेकर जंगल के बीच गुफा में पठित विद्या का मनन करने के लिये गये। थोड़े समय में (उनकी गृहस्थपन की बहिन जो साध्वी हो गई थी) एक साध्वी भद्रबाहुस्वामी के पास आकर विधिपूर्वक वन्दना कर कहने लगी कि हमारे भाई स्थूलभद्रजी महाराज आपके पास पढ़ने को आये थे वे कहां है, नजर नहीं आये, उन्हें वन्दना करने की हमारी तीव्र इच्छा है। इसके अनन्तर उत्तर में श्रीभद्रबाहु स्वामी बोले कि वे फलानी जगह पर अभ्यस्त विद्या का मनन-परावर्त्तन करते हैं। यदि तुम्हारी उन्हें वन्दना करने की इच्छा हो तो वहां जाओ। इस उत्तर को सुनकर गुरुजी की आज्ञा से वहां से जब स्थूलभद्रजी को बांदने के लिए चली, तो उस समय स्थूलभद्रजी ने जान लिया कि मेरी साध्वी बहन मुझे वन्दना करने के लिए आ रही है। तो उसे देखकर स्थूलभद्रजी महाराज ने विद्या के बल से घमंड में आकर अपने आपको सिंह के रूप में परिवर्तित कर लिया, और जब साध्वी बहन समीप पहुंची तो वहां थोड़ी दूर से देखा कि सिंह बैठा हुआ है तो सिंह को देखकर पीछे लौटी, और व्याकुल-चित्त होती हुई चिन्ता करने लगी कि मेरे भाई मुनि स्थूलभद्रजी को सिंह ने खा लिया होगा। ऐसा विचार करती हुई श्री गुरु महाराज के पास आकर यह समस्त हाल सुनाया, और गुरुमहाराज यह वृत्त सुनकर उपयोग दे बोले कि तेरे भाई को सिंह ने नहीं खाया, वास्तव में तेरा भाई तुझे अपनी विद्या का चमत्कार दिखाने के लिए सिंह का रूप धारण कर वहीं बैठा है, अब जाओ वहां मिलेगा और जाकर वन्दना करना। यह सुनकर मन में सन्तोष पाकर फिर से वहां जाकर उन्हें वन्दन कर वह पीछे

अपने उपाश्रय को लौटी। यह जानकर श्रीभद्रबाहु स्वामी ने स्थूलभद्रजी को अयोग्य जानकर आगे पढ़ाना बन्द कर दिया। धीरे-धीरे आगे जाकर मनुष्यों की स्मरण शक्ति भी कम होती गई।

अनेक विद्याओं के साथ-साथ धीरे-धीरे योगाभ्यास की रीति भी लुप्त होती गई। परन्तु जो कुछ बची है वह जीर्णवस्त्र-छिद्रसन्धान न्याय से चली आती है; वह भी कदाग्रह से दिन प्रतिदिन दबी जाती है, सर्वथा लुप्त नहीं हुई क्योंकि श्रीहरिभद्रसूरिजी ने योगविंशतिका तथा योगसमुच्चयादि ग्रन्थों में और श्रीहेमचन्द्राचार्यजी ने भी योगशास्त्र में वर्णन किया है और रत्नप्रभसूरि आदि अनेक आचार्य समाधि की महिमा कर गये हैं और द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव अनुसार समाधि आदि में परिश्रम भी किया होगा और श्री आनन्दघन जैसे तो सत्पुरुष थोड़े से काल के पहले हुए हैं सो इन्होंने तो हठयोगकी बहुत सी बातें जताई हैं। मुद्रा, धारणा नादादि स्तवनों में गाये हैं, अजपाजाप जपने के वास्ते भी इशारे करके बहुत-सी महिमा बताई हैं और मन ठहराते गए हैं।

ऐसे ही मैंने भी स्वरोदयादि ग्रंथ में इशारा जताया है नवपदजी का ध्यान करना भी बताया है, समाधि का भेद भी लिखा है, इन पांच तत्त्वों पर खुलासा कर दिखाया है। इसलिये मुझे पाठकगण को इतना हाल लिखकर समझाना पड़ा है कि जिससे कोई सन्देह न करे, और मुझे कुछ इसमें आग्रह भी नहीं हैं, जैसा गुरु ने मुझे बताया, उसमें से किंचत् मैंने बुद्धि-अनुसार लिखा है। इस बात को समझकर जैनधर्म की रीति से किंचित् तत्त्वों का भेद चित्त में लाओ, गुरु के पास से विशेष भेद पाओ, आत्मार्थी बनना चाहो तो योगाभ्यास में चित्त लगाओ, आत्मदर्शी बनो, जिससे मोक्षपद पाओ, ऊपर लिखे तत्त्वों का भेद सुन अभ्यास को बढ़ाओ।

## पांचों तत्त्वों की साधन रीति

इन पांच तत्त्वों के साधने वाले को चाहिए कि पहले पांच गोलियां अलग-अलग रंग की बनावें, और एक गोली अनेक वर्ण की बनावे और इन छहों गोलियों को पास रखे। जब बुद्धिपूर्वक तत्त्व देखने का विचार हो, तब पास

में रखी हुई जो अदृष्ट गोलियां हैं, उनमें से एक गोली निकाले, जब उस गोली की और बुद्धि में विचारे हुए रंग की एकता मिल जाए तो जानें कि तत्त्व मिलने लगा है। अथवा किसी दूसरे से कहे कि तुम अपने मन में किसी एक रंग को विचारो। जब वह कहें कि हां मैंने रंग विचार लिया है, तो उस समय अपने स्वर में तत्त्व को देखे, और जब अपनी बुद्धिपूर्वक तत्त्व का रंग प्रतीत हो तब उस पुरुष को कहे कि तुमने फलाना रंग अपने मन में विचारा है। जो उस पुरुष का रंग अपने कहे हुए रंग के अनुसार मिल जाए तो जानों कि अपना तत्त्व मिलने लगा है। अथवा दर्पण (आईना) को अपने मुख के पास लगाकर नाक का श्वास उसके ऊपर छोड़े, उस कांच के ऊपर श्वास से तत्त्व के अनुसार आकार बनता है, उस आकार से भी तत्त्व की पहचान करें।

### मुद्रा द्वारा तत्त्वों की पहचान

अथवा अंगुठों से दो कानों को मूंदे और तर्जनी से आंखों की पलको को दबावे, मध्यमा से नासिका का स्वर बन्द करे, अनामिका और कनिष्ठिका से होंठों को दबावे इस रीति से दूसरे हाथ से दूसरी तरफ से बन्द करे, और मन को भृकुटि की तरफ ले जाए। उस जगह जैसा तत्व होगा वैसा ही तिलुला अर्थात् विन्दु आदि से मालूम होगा, इस प्रकार रंग और आकार को जानने के लिए कहा। अब कुछ रस के विषय में कहेंगे।

### रस द्वारा तत्त्वों की पहचान

जिस समय जो तत्त्व होगा उस समय उस मनुष्य के सूक्ष्म परिणाम में तत्त्व की रसानुसार वांछा हो जाएगी, और गति इसकी ऊंची, नीची, तिरछी, सीधी जैसी हो, गुरु से बोध हो सकता है।

### प्रकृति या बातचीत द्वारा तत्त्वों की पहचान

प्रकृति (स्वभाव) या बातचीत द्वारा तत्त्वों के विषय में यों जानना चाहिए कि जब अग्नितत्त्व होता है उस समय क्रोध स्वभाव होता है, जब जलतत्त्व होता है तो मनुष्य उस समय शीघ्रता से बातचीत करना चाहता है, जब पृथिवी तत्त्व होता है, उस समय धैर्य से बातचीत करने को चित्त

चाहता है। जब वायु तत्त्व होता है तो उस समय प्रसंग छोड़कर दूसरी बात करने लगता है अथवा मानपूर्वक वचन बोलता है। आकाश-तत्त्व में तो तूष्णीं अर्थात् गुम्म हो जाता है। जब अग्नितत्त्व चलता है, उस समय उष्ण वायु निकलती है, और जब जलतत्त्व बहता है तब शीतल वायु निकलती है, और पृथ्वी तत्त्व बहते समय मिश्र अर्थात् दोनों तरह की निकलती है, और वायु तत्त्व चलते समय न शीतल न उष्ण, आकाश-तत्त्व के बहते समय वायु निकलती नहीं, परन्तु सूक्ष्मता से चींटी का रेंगना नाक में मालूम होता है। इस प्रकार स्थूल तत्त्वों के परिज्ञान के विषय में कहा, परन्तु स्थूल तत्त्वों की जब यथावत् पहचान हो जाये, फिर गुरु कृपा करे तो एक-एक तत्त्व में जो पांचों तत्त्व चलते हैं, उन सबकी पहचान होनी सरल हो जाती है।

विशेषकर जो तत्त्वों के अन्तर्गत अर्थात् एक तत्त्व के अन्तर्गत पांचों तत्त्वों को पहचाने तो वह योगी यथावत् कारण-कार्य की गति जान सकता है। जब तक तत्त्व के अन्तर्गत तत्त्वों को न जानेगा तब तक यथार्थ रीति से कार्य को भी न पहचानेगा, केवल स्वरोदय के अभिमान को तानेगा। परन्तु इन सब में भी मुख्य सगुण और निर्गुण का जानना है, सो बिना गुरु चरण-सेवा के सगुण निर्गुण का पाना कठिन है। इसलिए जो जिज्ञासु इस योगाभ्यास की इच्छा करे वह प्रथम स्वर का अभ्यास कर ले। स्वर का भेद बताने में गुरु की परीक्षा भी हो जाएगी, फिर योगाभ्यास का साधन करना सुगम हो जायेगा। योगाभ्यास में क्रियाओं द्वारा रोग निवृत्ति दिखाते हैं।

### क्रियायें

नेती १ धोती २ ब्रह्मदातन ३ गजकर्म ४ नोली ५ वस्ती ६ गणेश-क्रिया ७ बागी ८ शंख-पखाली ९ त्राटक १०। इन दस क्रियाओं में से कई एक क्रिया तो अन्यमत के लोग वैरागी, उदासी, दादूपन्थी आदि करते हैं, और उन लोगों में इन क्रियाओं की प्रसिद्धि भी है। इन क्रियाओं को देखकर लोग कहते हैं कि ये लोग समाधि लगाते हैं और पूरे योगी हैं। परन्तु देखा जाए तो इन क्रियाओं में योग-समाधि का नाम निशान भी नहीं है; जैनमत में इन चीजों की वर्त्तमानकाल में धारणा है कि यह अन्य मत की

क्रिया है और इसमें जलादि का आरम्भ बहुत है इसलिए न करना चाहिए। परन्तु मेरा कहना है कि वर्त्तमान काल में जनों में योगाभ्यास करनेवाले ही नहीं हैं। क्योंकि पहले हम योग्यता या अयोग्यता के विषय में लिख चुके हैं। दूसरा जो मनुष्य जल के अधिक खर्च के विषय में कहते हैं कि जल का बहुत खर्च होता है, उन लोगों ने अन्यमत वालों को देखा है, अपने गुरु आदि महोदयों को नहीं देखा, इसलिए वे ऐसा कहते हैं। परन्तु देखीये नोली १ बस्ती २ गणेश कर्म ३ वागी ४ त्राटक ५ इनमें तो जल का काम नहीं, किन्तु बस्ती में अलवत्ता सेर डेढ़ सेर जल का काम है, लाभ इनमें अधिक है, क्योंकि जो इन क्रियाओं को गुरुगम से सीखेगा तो दवा औषध के लिए हकीम, वैद्यादि की उसे चाहना न रहेगी, और ये क्रियायें कोई नित्य प्रति करने की तो है ही नहीं ; जब कभी रोगादि हो तो इन क्रियाओं को करे, और कितनी एक क्रियायें नित्य करे तो रोगादि के उत्पन्न होने की सम्भावना तक नहीं होती।

### क्रियाएं करने की रीति

अब क्रिया करने की रीति दिखाते हैं कि क्रिया किस तरह करनी चाहिए।

### प्रथम नेती क्रिया

कच्चा सूत मुलायम सवा या डेढ़ हाथ लम्बा हो, और इक्कावन तार अथवा इक्कोत्तर तार इकट्ठे मिलावे, फिर उस लम्बे डेढ़ हाथ में से ऐंठकर आठ अंगुल तो वट ले और शेष खुला रखे। परन्तु दोनों सिरों की ओर से खुले हुए रखे और बीच में से बटे, फिर उसके ऊपर किंचित् मोम लगावे जिससे वह सूत कठिन बना रहे और मुलायम भी बना रहे। जब प्रातःकाल नेती क्रिया करे तब उस सूत को उष्ण जल में भिगोवे और वह फिर अपनी नाक में गेरे, जब वह गले के छिद्र में पहुंचजाए, उस समय मुंह में हाथ डालकर उस डोरा (धागा) को धीरे-धीरे खेंचकर मुख के बाहर निकाले, और वह बटा हुआ तो एक हाथ में और खुला हुआ छोर दूसरे हाथ में पकड़े। इस तरह दोनों हाथों से धीरे-धीरे ऐसे खीचे कि जैसे छाछ (मट्ठा) बिलोते हैं, इस प्रकार

दोनों नासा के छिद्रों में करे, इसी का नाम नेती है। इसके करने से नेत्रों की ज्योति प्रबल होती है और यह गज क्रिया में भी काम देती है।

## २—धोती क्रिया

अब धोती के विषय में कहते हैं कि अच्छी मलमल जिसके सूत में गांठे आदि न हों अथवा और कोई कपड़ा हो, परन्तु बारीक होना चाहिए; वह कपड़ा चार अंगुल तो चौड़ा हो और सोलह हाथ लम्बा हो। उस कपड़े को उष्ण जल से भिगोकर निचोड़ डालें, फिर उसको झड़काकर एक छोर (सिरा) मुंह में देकर उसको जैसे ग्रास (कवा) निगला जाता है, वैसे निगलना शुरू करे यहां तक कि चार अंगुल छोड़कर सब निगल जाए। बाद में उसके कुछ थोड़ा-सा पेट को हिलावे, परन्तु नौली आदि क्रिया न करे, क्योंकि नौली आदि क्रिया करने से आंतों में और नलों में फंस जाने का भय है। हां, हठयोग प्रदीपिका में ऐसा लिखा हुआ है कि नौलीचक्र करे। किन्तु यह क्रिया बहुत समझदारों के ही लिए है न कि साधारण बुद्धि वालों के लिए; क्योंकि बेसमझ आदमी ऐसी क्रिया में कहीं-कहीं प्राण खो बैठते हैं और हमें यह प्रतीत होता हैं कि हठयोग प्रदीपिका वाले ने गुरु-परम्परा-शून्य मनःकल्पित लिख दिया है। इनकी भ्रमपूर्ण विचारणा तो मुद्रा आदि कहते समय दिखलावेंगे। हमने जो पेट हिलाना लिखा है उसका तात्पर्य यह है कि सिद्धासन से धोती को निगले और निगलते समय उत्कटासन (उक्कडू) से बैठकर पेट को सतर करें और नीचे को झुककर अर्ध रेचन करे फिर धीरे-धीरे खीचे, इतने में जो पेट का हिलना है उतना ही पर्याप्त है। कदाचित् खींचने में कपड़ा अटके तो, जितना मलमल या खाया हुआ मुलायम वस्त्र बाहर है उसे फिर निगल जाए और फिर धीरे-धीरे निकाले तो साफ निकल आवेगा। दुबारा निगलना उसी के लिए है कि जिसके पेट में कपड़ा अटके; न कि उसके लिए कि जिसके अन्दर से साफ-साफ निकल आवे। धोती क्रिया के करने से कफ दूर होता है। जिस समय कफादि की वृद्धि हो उस समय धोती क्रिया करनी उचित है न कि नित्य प्रति।

### ३—ब्रह्मदातन क्रिया

अब तीसरी ब्रह्मदातन क्रिया के स्वरूप का निदर्शन कराते हैं—सूत का डोरा अच्छी तरह वटकर कच्चे सूत के ऊपर लपेटे । सो ऐसा कड़ा लपेटना चाहिए कि तरपणी के डोरा जैसा हो जाए या रामस्नेही साधु जो कमर में कन्दोरा लगाते हैं वैसा कड़ा हो और फिर उसके ऊपर मोम लगावे और उस सूत के सदृश कूची को कर ले और वह बंधा हुआ सूत का डोरा सवा हाथ लम्बा होना चाहिए । उसको प्रातःकाल उष्ण पानी में भिगोकर गीला करके मुख में डाले, जब वह कागल्या के पास में आवे अर्थात् आगे का गले की ओर जावे तो उस समय थोड़ा-सा जोर देकर हाथ के सहारे से नीचे को दबावे। फिर वह ब्रह्मदातन स्वयं ही नीचे को चली जाती है; और उसको यहां तक ले जावे कि चार अंगुल बाकी रहे । तब उस बाकी चार अंगुल को हाथ की अंगुलियों से धीरे-धीरे वैसे घुमावे जैसे कान में रुई फेरी जाती है, और बाद में उसे निकाल ले फिर साफ करके रख दें, उसे ब्रह्मदातन कहते हैं। इस ब्रह्मदातन करने का प्रयोजन यह है कि जमा हुआ कफ इससे ढीला पड़ जाता है, और ग्रन्थि आदि इसके फेरने से फूट जाती है। जिस पुरुष को ऐसे कफ की शिकायत हो वह ब्रह्मदातन के बाद धोती करे, क्योंकि ब्रह्मदातन कफ को नहीं निकालता, कफ की गांठ को फोड़ देता है और धोती कफ को निकाल देती है ।

### ४—गजकर्म

अब गजकर्म के स्वरूप को कहते हैं—त्रिफला अथवा कोरा उष्ण पानी नाक से पीना शुरू करे और जितना पेट में समावे उतना पेट भर पीले, फिर पेट को खूब हिलावे, और जिसको नौली करना आती हो तो नौली बेशक करे । इसके बाद जिसको वायु नीचे से उठाना आता हो वह पुरुष अर्धरेचन करके सर्व जल को बाहर निकाल दे, किंचित् भी पेट में न रखे । अथवा नीचे से वायु खींचकर निकालने की रीति न मालूम हो तो उत्कटासन (उक्कडू) से बैठकर दक्षिण हाथ की कूहणी घुटने (जानु-ढींचन) पर जमाकर अंगूठे को मुंह में डालकर काकलल (तालु के पास लटकी हुई

मांस ग्रन्थि विशेष) की पूर्व तरफ के ऊपर तालवे को अगूठे से मर्दन करे, अर्थात् धीरे-धीरे मले। उस जगह एक नाड़ी-नस है, उस पर अंगूठा लगाने से पानी बाहर निकल आता है। यदि गुरु बतावे तो इसमें कोई परिश्रम नहीं है, और विना गुरु के अभ्यास करे तो दो या तीन दिन में उस नाड़ी को पा सकता है, क्योंकि अभ्यास भी बड़ी चीज है। जैसे हाथी सूंड से पानी पीकर मुंह से निकलता है यह भी वैसा होने से इसका नाम गजकर्म कहते हैं। जिसको सर्दी हो वह गरम पानी पीवे, वह भी अधिक गर्म न होना चाहिये, अधिक गर्म होने से खून विगड़ जाता है, और जिसको गर्मी हो अथवा खून विगड़ा हुआ हो तो वह बहुत ठण्डा जल हिम की तरह (वर्फ की नाई) करके पीये तो चालीस दिन में उसको आराम हो जायेगा, किन्तु खाने में भी पथ्य रखना आवश्यक है।

अब ऊपर वतलाई हुई जो चार क्रियाएं लिख चुके हैं उन्हें किसी को करते हुए देखकर मुग्ध न हो जाना चाहिए, क्योंकि वर्त्तमान में कितने ही दुःख-गर्भित मोह गर्भित-वैराग्य वाले भोले जीवों को दिखाकर लोगों का माल ठगते हैं, लोगों में अपने को योगी बताते हैं, इन क्रियाओं में योग का लेश भी नहीं है, इसलिये हम पाठकगण को दिखाते हैं, इन ठगों के चाल से बचाते हैं।

### ५—नौलीचक्र

अब नौलीचक्र का स्वरूप दिखाते हैं—पहले उत्कटासन (उक्कडू) वैठे, अथवा खड़ा होकर दोनों हाथ घुटनों पर रखे, अथवा नीचे से पिंडली को पकड़े, इन तीनों रीतियों में से किसी एक रीति से करे। फिर पेट को पीठ की तरफ खेंचे जब वह पेट कमर में जाने लगे उस समय गुरु की बताई हुई जो रीति है, उससे वायु अर्थात् श्वास से उन दोनों नलों को उठावे, कि जैसे दोनों हाथों को चौड़े करके अलग से मिलाते हैं और अंजलि से पानी खींचते हैं, इस रीति से कुल पेट-भाग तो पीठ में लगा रहे, और जो नलों का भाग है सो उठ आवे, तब बीच में तो वह नल जेवड़ी के सदृश खड़े हुए हों और इधर उधर चारों ओर का जो पेट का भाग है वह पीठ से लगा हुआ रहे।

जब इस प्रकार पुरुष के नल खड़े हो जायें, फिर उसमें प्राण और अपानवायु को इस तरह घुमाना चाहिये, जैसे कि कुम्हार का चाक घूमता है यह नौलीचक्र कहलाता है। इस नौली के करने से जठराग्नि तेज होती हैं और जो मलादिक पेट में कच्चा हो उसे पकाकर दस्त की राह बाहर निकाल देता है, और आम आदि पैदा होने नहीं देता, इस नौली के होने से प्राण अपान दोनों को एक करने में भी सहायता मिलती है, बस्तिकर्म में मुख्यता इस नौली-चक्र की है, इसलिए इसको अवश्य ही करना चाहिए।

### ६—बस्तीकर्म

बस्तीकर्म का स्वरूप यह है कि कूंड़े में त्रिफला का पानी अथवा उष्ण पानी भरे, परन्तु वह ज्यादा गरम न हो, गुनगुना (कवोष्ण) होय। और जस्त अथवा नरसल या बांस पोला पतला चिकना हो, उसकी छः अंगुल की नली बनावे, फिर उस नली को गुदा में चढ़ावे, वह चार अंगुल तो भीतर रखे और दो अंगुल बाहर रखे। फिर उस कूंडे के ऊपर बैठे और जो पहले "नौलीकर्म" कह आये हैं, उस रीति से नलों को उठावे, फिर अपानवायु का ऊर्ध्व-रेचन करे अर्थात् ऊपर को खींचे। उस वायु के खींचने से जल ऊपर को चढ़ आता है; फिर उस नली को निकाल दे, और दो मिनट के बाद नौलीचक्र फिरावे। फिर कुछ देर के बाद प्राण वायु का जोर देकर अपानवायु से अधोरेचन करे, और उस जल को गुदा के रास्ते से निकाल दे। उस जल में जो कुछ पेट में मल आदि है, वह जल के साथ तमाम बाहर निकल जाता है। कदाचित् थोड़ा बहुत जल पेट में रह जाये तो मयूरासन करे, फिर अधोरेचन करने से बिलकुल जल निकल जाता है। इस बस्तीकर्म करने का तात्पर्य यही है, कि प्राण और अपान को एकत्र करने में सहायता मिले। बिना पेट साफ किये प्राण-अपान की खबर ही नहीं पड़ती। इस-लिए शरीर में मल आदि बिगड़ा हो तो अवश्य ही इसको करे।

### ७—गणेशक्रिया

यह गणेश क्रिया इस तरह की जाती है, कि जिस वक्त पाखाना को जाय उस वक्त मल अच्छी तरह से निकल जाय तब मध्यमा (बीच की) अथवा

अनामिका, इन दोनों अंगुलियों में से एक पर वस्त्र का टुकड़ा रखकर उस अंगुली को गुदा में डालकर चारों तरफ फिरावे। इस रीति से दो तीन बार करने से गणेशचक्र साफ हो जाता है, चक्र के ऊपर मल नहीं रहता है। इस क्रिया के करने से गुदा की बीमारी नहीं होती है, और यह चक्र का ध्यान करने में सहायता देता है।

### ८—बागीकर्म

इस बागीकर्म का स्वरूप यह है कि जिस वक्त मनुष्य आहार अर्थात् भोजन कर ले, उसके एक घण्टे या दो घण्टे के बाद ऐसा जाने कि आहार का रस तो मेरे शरीर में परिणत हो गया होगा अर्थात् पच गया होगा और फोक बाकी रह गया होगा, उस वक्त गजक्रिया में जो रीति कही गई है, कि नीचे से वायु खींचकर या मुंह में उसी तरह अंगूठा डाल करके, उसको मुंह की राह निकालकर फेंक दें; ऐसा जो करे, उसका नाम बागीकर्म है। इस बागीकर्म के करने से पाखाना आदि जाने का काम नहीं रहता और स्वस्थ चित्त, अर्थात् पेट में भार न रहने से ध्यान ठीक होता है। परन्तु यह बागीकर्म उसके वास्ते है कि जिन पुरुषों का दिमाग अन्न खाकर ठीक नहीं रह सकता और पेट भरकर भोजन करते हैं, उसी पुरुष को बागीकर्म करना चाहिये, न कि थोड़ा खाने वाले को, क्योंकि जो थोड़ा ही खाने से सन्तुष्ट हैं, उसको तो किसी तरह की हानि नहीं, किन्तु जिनको बिना पूर्ण भोजन किये चित्त की चंचलता ही रहती है उनके वास्ते बागीकर्म अच्छा है।

### ९—शंखपखाली

शंखपखाली नाम उसका है, कि जैसे शंख में ऊपर से तो पानी भरता जाये और नीचे से निकलता जाए, वैसे ही मुख से पानी पीता जाये और गुदा से निकलता चला जाय। इस शंखपखाली को वह मनुष्य कर सकता है कि जिसको नौलीचक्र अच्छी तरह से करना आता हो; क्योंकि जिस समय उसको मुंह से जल पीना पड़ता है, उसी वक्त नौलीचक्र फिराने से अपान वायु को अधोरेचन अर्थात् नीचे को निकाल करके उस जल को गुदा की राह से निकालता चला जाता है, इसलिए इसको शंखपखाली कहते हैं। इस

शंखपखाली के करने वाले लोग केवल ठग और जड़ समाधि लगाने वाले होते हैं। इसके विषय में विशेष आगे बतलाया जायेगा।

## १०—त्राटक-वर्णन

इस त्राटक का स्वरूप यह है, कि दोनों नेत्रों की दृष्टि को किसी सूक्ष्म वस्तु पर स्थापन करे, और पलकों को न हिलाकर टकटकी लगाकर देखे, उस वस्तु से दूसरी जगह पर दृष्टि न जाने दे अथवा आंखों की पुतली को घुमाकर भी न देखे (भ्रू) के बाल को देखे, उनके ऊपर दृष्टि ऐसी ठहरावे, कि आंख और नाक दोनों में से जल गिरने लगे। इसका नाम त्राटक है। इसके करने वाले को निद्रा, आलस्य कम होता है, और नेत्रों की ज्योति विशेष बढ़ती है, इसलिए इसको हमेशा करे। इस रीति से यह दस क्रियाएं बतलाई हैं।

इन दस में से नौली, त्राटक, गणेश क्रिया, और बागी इन चारों में तो जल का खर्च नहीं है और बाकी की छः क्रियाओं में जल का खर्च होता है। सो गुरु से इन दस बातों को सीखे और सीखने के बाद कुछ दिन तक अभ्यास करे। जब अभ्यास ठीक हो जाये तब छोड़ दे, और फिर काम पड़ने पर किया करे। उसमें भी शंखपखाली क्रिया केवल जानने मात्र है, उसका कुछ फल नहीं। बागीकर्म को प्रतिदिन करना उसका काम है, कि उसको पूरा आहार किये बिना न सरे। जो मनुष्य परिमित भोजन करता है, उसको कोई जरूरत नहीं। यदि काम पड़े तो कर ले। और गणेश क्रिया भी प्रतिदिन करना उसी के वास्ते है, कि जिसका मल अच्छी तरह से बंधा हुआ नहीं है और गुदा में लिपट जाता है। परन्तु जिसको दस्त बन्दूक की गोली की तरह लगे, और गुदा को लेपमात्र भी न लगे, उसको गणेश क्रिया करने की कोई आवश्यकता नहीं। नौली और त्राटक सदा ही करे, क्योंकि नौली कुंभक-मुद्रा, प्राणायाम आदि में विशेष सहायता देने वाली है। इसलिये उसे अवश्य ही करे। बागी और त्राटक जब इच्छा हो तब करे, परन्तु शेष क्रियाएं भोजन करने के पहले करे, भोजन करने के बाद करेगा तो नाना प्रकार के रोगों की उत्पत्ति हो जायेगी।

अलबत्त, भोजन करने के दो पहर (प्रहर) अथवा डेढ़ पहर के बाद जो नौलीचक्र करेगा उसको कुछ हानि न होगी। इस रीति से यह दसों क्रियाओं का वर्णन कर चुके हैं। इन दसों क्रियाओं में धर्म का लेश भी नहीं है। हां, यह परम्परा से धर्म का साधन जो शरीर उसमें रोगादिक की उत्पत्ति को दूर करने के लिए बिना ही वैद्य, हकीम अथवा धन-खर्च रोग को निवारण करने का हेतु है। इसलिये गुरु परम्परा से यथावत् याद हो तो रोगादि दूर करने का कारण है, न कि धर्म का।

### बन्ध के प्रकार

अब बन्ध का वर्णन करते हैं, क्योंकि जो पहले ही बन्ध का वर्णन न करें तो कुम्भक-मुद्रा प्राणायाम आदि का वर्णन करना व्यर्थ हो जायेगा, बिना बन्ध के लगाये कुम्भक आदि कोई क्रिया नहीं होती। इसलिये बन्ध का पृथक् कहना आवश्यक है। वह बन्ध चार प्रकार से होता है १. मूलबन्ध २. जालन्धरबन्ध, ३. उड़ियानबन्ध, ४. जिह्वाबन्ध।

### १—मूलबन्ध

इस मूलबन्ध की विधि यह है, कि एड़ी से योनि स्थान को दबाकर गुदा को संकोचित करे। फिर अपान वायु जो कि नीचे को जाने वाली है, उसको ऊपर चढ़ावे, उसका नाम मूलबन्ध है। अथवा एड़ी को गुदा के नीचे रखे, और अपानवायु को ऊर्ध्वगमन अर्थात् सुषुम्ना नाड़ी में प्राप्त करे, इसी को मूलबन्ध कहते हैं।

### मूलबन्ध के गुण

अधोगति (नीचे को जाने वाली) अपान वायु को तो ऊपर करे और दूसरी जो प्राणवायु ऊर्ध्वगामनी (ऊपर जाने वाली) है उसे नीचे करे। इन दोनों वायुओं को मिलाकर एक करे। उस एकता के होने से वायु का सुषुम्ना (नाड़ी) में प्रवेश होता है। जो करने वाले पुरुष हैं उस वक्त उनको नाद की प्रतीति होती है। उस नाद का वर्णन आगे करेंगे। दूसरा प्राण और अपान के एक हो जाने से वायु विशेष कर पंखे के समान चलती है। इसलिए उससे जठराग्नि के कुण्ड के ऊपर जो मल रूपी छार (राख) है,

वह उड़ जाती है, और उसके उड़ जाड़े से जठराग्नि तेज होती है। उस तेजी की गरमी से कुण्डलिनी अर्थात् बालरण्डा चमक कर खड़ी हो जाती है। उसके चमकने से ही योगियों के योग सिद्ध हो जाते हैं। इत्यादि जो अनेक गुण इसमें हैं वे लिखे नहीं जा सकते। जो मनुष्य करते हैं वे योगीश्वर होते हुए आनन्द लूटते हैं, जिज्ञासु को योग्य जानकर उपदेश भी देते हैं, आत्मा को अपने आनन्द रूपी रस में ही भिगोते हैं।

### २—जालन्धर बन्ध

इस जालन्धर बन्ध का स्वरूप यह है, कि कण्ठ को नीचे झुकाकर हृदय से चार अंगुल अलग ठोड़ी को यत्न से दृढ़ स्थापित करे, इसका नाम जालन्धरबन्ध है। परन्तु इसमें पद्मासन लगावे। जालन्धरबन्ध का अर्थ है, कि नाड़ियों का जाल (समूह) बांधे, और नीचे को गमन करे ऐसा जो कपाल का छिद्र है उसको बांधे। जालन्धरबन्ध के करने से कण्ठ के सर्व रोग नष्ट हो जाते हैं। फिर कण्ठ के संकोचित करने से दोनों नाड़ियों (इड़ा और पिंगला) का स्तम्भन करे। इसी का नाम जालन्धरबन्ध है।

### ३—उड़ियान बन्ध

इस उड़ियान बन्ध की विधि कहने के पहले उड़ियान शब्द का अर्थ करते हैं, कि जिस हेतु से अथवा जिस बन्ध करके रोकी हुई वायु सुषुम्ना नाड़ी में उड़ जाये अर्थात् प्रवेश कर जाये। सुषुम्ना के ज़ोर से आकाश मार्ग में प्रवेश कर सकता है, इस वास्ते इसका नाम उड़ियान है। महान् खग अर्थात् आकाश में निकलकर प्राण जिसमें बन्ध करे, और जिसमें श्रम न हो तथा सुषुम्ना पक्षी की तरह गति करे, उसका नाम उड़ियानबन्ध है।

### उड़ियान बन्ध की रीति

उड़ियान बन्ध की रीति यह है कि नाभि के ऊपर का भाग और नीचे का भाग इन दोनों को उदर समेत पीछे को खींचे, और पीठ में लग जाये ऐसा खींचे, इसका नाम उड़ियान बन्ध है। नाभि के ऊपर नीचे के भागों को यत्न पूर्वक पीछे को लगावे, अर्थात् पीठ की तरफ दोनों भागों को ले जाये। इस उड़ियान बन्ध का अभ्यास रोटी खाने के पहले बारम्वार करे तो छः महीने

में इसके गुण आप से आप प्रकट हो जाते हैं, अधिक कहने की कोई आवश्यकता नहीं है।

### ४—जिह्वा बन्ध

जिह्वाबन्ध की विधि यह है, कि जालन्धरबन्ध अर्थात् कण्ठ को झुकाकार ठोड़ी को हृदय में स्थापित करें और दोनों राजदन्तों (मुख के सामने के ऊपर के जो दांत हैं उन) पर जिह्वा को काढ़कर लगावे उसी का नाम जिह्वाबन्ध है। इस जिह्वा बन्ध से एक सुषुम्ना नाड़ी रहित जो सम्पूर्ण नाड़ियां हैं उनके ऊपर वायु की गति रुक जाती है, इसलिए इसको कोई जालन्धर बन्ध भी कहते हैं। जाल नाम नसों का है उनका जो बांधना उसी का नाम जालन्धर है। यह ऊपर लिखी हुई बन्धों की रीति के साथ जो पुरुष प्राणायाम करेगा, उसी को हठयोग की प्राप्ति होगी और हठयोग से ही राजयोग की प्राप्ति होती है। इस वास्ते आत्मार्थियों को इसमें भी परिश्रम करना चाहिये। परन्तु इन बन्धों में गुरु की अपेक्षा जरूर है, क्योंकि गुरु यथावत् रीति करके दिखावे तो जिज्ञासु असल भेद पावे। जिह्वाबन्ध, खेचरीमुद्रा से सम्बन्ध रखता है, वह खेचरीमुद्रा तो आगे दिखलावेंगे। उस खेचरीमुद्रा को भी कितने ही लोग जालन्धरबन्ध कहते हैं।

### कुम्भकों के नाम

कुम्भकों के नाम ये हैं—१. सूर्यभेदन, २. उज्जाई, ३. सीत्कारी, ४. सीतली, ५. भस्त्रिका, ६. भ्रामरी, ७. मूर्छा, और ८. प्लावनी।

### १—सूर्यभेदन का वर्णन

सूर्यभेदन की रीति यह है कि मूलबन्ध करके पूरक के अन्त में शीघ्र ही जालन्धगबन्ध लगावे। कुम्भक के अन्त में और रेचन की आदि में उड़ियानबन्ध लगावे।

इस रीति से सूर्यस्वर से प्राणायाम करे। जो बन्ध के साथ प्राणायाम करेगा उसको वायु-प्रकोप कभी नहीं होगा और इसमें इतना विशेष है, कि पूरक शीघ्रता से भी करे तो कुछ हर्ज नहीं, परन्तु रेचन धीरे-धीरे से करे। यदि शीघ्रता करेगा तो कुम्भक की रुकी हुई वायु शीघ्रता होने से

रोमादिक भेद कर निकलेगी और वह रोमादिक द्वारा निकलने से शरीर में नाना प्रकार के रोग उत्पन्न कर देगी। क्योंकि जैसे बंधा हुआ हाथी मद में चढ़ जाये, और उसको एक संग बंधनों से खोलो तो नाना प्रकार के उपद्रव करता हैं, वैसे ही कुम्भक में बंधी हुई वायु शीघ्रता से रेचन द्वारा बाहर होने से उपद्रव करती है। इसलिये रेचन करते समय आदि से लेकर अन्त तक धीरज से करे। सूर्यभेदन इसका नाम इसीलिये है, कि सूर्य से पूरक और चन्द्र से रेचन किया जाता है। इस कुम्भक के करने वाले पुरुप के मस्तक की शुद्धि होती है, उदर की शुद्धि होती है, तथा वात रोगादिक की उत्पत्ति नहीं होती। अर्थात् चौरासी प्रकार की वायु से जो रोगादि होते हैं उनकी निवृत्ति होती है। चन्द्रस्वर से इसको करे तो चन्द्रभेदन हो जाता है, चन्द्रभेदी से नेत्रों में ठण्डक होती है, और गरमी आदि भी दूर हो जाती है। परन्तु यह कुम्भक किसी शास्त्रकार ने नहीं लिखा है, इसलिये इसका भेद गुरुगम से जानों।

### २—उज्जाई-कुम्भक का वर्णन

इसकी विधि यह है कि मुख बन्द करके पवन को कण्ठ से लेकर हृदय पर्यन्त शब्द सहित इड़ा और पिंगला नाड़ी करके शनैः शनैः खींचकर पूरक करे, फिर केश और नख पर्यन्त कुम्भक करे, पीछे डावी (वाम) नासिका से रेचन करे। इस कुम्भक के करने से कण्ठ के कफादि रोग दूर होते हैं, झठराग्नि का दीपन होता है, नाड़ियों में जो जलादिक की व्यथा हो उसको दूर करता है, और धातु आदि की पुष्टि करता है। परन्तु शब्दादिक के साथ पूरक करना, इस भेद को तो सिवाय गुरु के दूसरा कोई कुछ नहीं कह सकता।

### ३ सीत्कारी कुम्भक

मुख के अर्थात् होठों के बीच में जिह्वा लगाकर शीत करके पवन का मुख से पूरक करे, फिर दोनों नासिका के छिद्रों से शनैः शनैः रेचन करे, परन्तु मुख से वायु को न निकलने दे। अभ्यास करने के पीछे भी मुख से वायु को न निकाले, क्योंकि मुख से वायु निकलने से बल की हानि होती

है। इसमें कुम्भक नहीं कहा तब भी कुम्भक अवश्य ही करे; इसके करने वाले पुरुष के रूप; लावण्य और शरीर की पुष्टि होती है; क्षुधा तृषा आदि भी कम लगते हैं; निद्रा और आलस्य भी नहीं होता है।

### ४ सीतली मुद्रा

इसका विधान इस प्रकार है कि पक्षी की नीचे की चोंच के समान अपनी जिह्वा को होठों के वाहिर निकालकर वायु को खींचकर पूरक करे, और फिर मुख वन्द करके कुम्भक करे। फिर शनैः शनैः नासिका के छिद्रों से वायु का रेचन करे। इस कुम्भक करने वाले को गुल्म और प्लीहा अर्थात् तापतिल्ली और पित्त ज्वारादिक रोग नहीं होते हैं। यह मुद्रा भोजन या जल की इच्छा को बढ़ाने वाली है और सर्प के विष की अथवा अन्य विष अर्थात् जहर को शान्ति करने वाली है।

### ५ भस्त्रिका कुम्भक

भस्त्रिका नाम धौंकनी का है। इसका विधान यह है कि सतर (सीधा) बैठकर दोनों हाथ दोनों जंघाओं के ऊपर रखे और मुख अर्थात् होठों को ऐसा मिलावे कि जिससे हवा होठों में होकर न निकले; फिर नासिका के दोनों छिद्रों से पूरक करे, फिर रेचन करे, इसी प्रकार वारम्बार रेचन और पूरक शीघ्रता के साथ करे, और बीच में दम न लेने पावे। जैसे लुहार लोहे को गरम करता है, और जब लोहा ताव पर आता है उस वक्त अग्नि को इस कदर धोंकता है, कि बीच में दम न ले। वैसे ही जब तक शरीर में परिश्रम होकर थकावट न मालूम हो तब तक पूरक रेचन करे। जब थक जावे तव सूर्यस्वर से पूरक करे फिर कुम्भक करके वन्धपूर्वक चन्द्रनाड़ी से रेचन करे। परन्तु इस जगह कुम्भक करते समय जीमने (दक्षिण) हाथ के अंगूठे से सीधा नासिका का दक्षिण छिद्र वन्द करे, और अनामिका और कनिष्ठिका अंगुली से नासिका का वाम छिद्र वन्द करे। कुम्भक पूर्ण होने के बाद चन्द्रस्वर से रेचन करे, फिर चन्द्रस्वर से ही रेचन और पूरक वारम्वार करे। पिछली रीति के अनुसार पूरक रेचन करते करते थकने लगे तो डावे (वाम) स्वर से पूरक करे और अना-

मिका और कनिष्टिका अंगुली से शीघ्र ही बन्द कर ले। कुम्भक पूर्ण होने के पीछे बन्धकपूर्वक अंगूठा हटाकर जीमणे (दक्षिण) स्वर से रेचन करे। फिर उस जीमणी (दक्षिण) नासिका से बारम्बार पहली तरह से रेचन-पूरक करे। जब थकने लगे तब पूरक करे, अंगूठे से छिद्र को बन्द कर ले, और ऊपर लिखी रीति से फिर रेचन करे। इस रीति से इस कुम्भक का वर्णन किया है।

इसका गुण यह है कि वात, पित्त, कफ इन तीनों प्रकार के रोगों को दूर करे और तीनों को समान रखे, और जठराग्नि को दीप्त करे, कुंडली नाड़ी सोती हुई को शीघ्र ही जगा दे। जो पुरुष इसको बारम्बार करेगा, उसको नाना प्रकार की सिद्धियां, और शीघ्रता से प्राणायाम की सिद्धि होगी। शरीर में जो अपानादि वायु है उनको बाहर फेंकना उसका नाम रेचक हैं, और भीतर को ले जाना उसका नाम पूरक है। और यथाशक्ति जो प्राणों को रोकना उसका नाम कुम्भक है।

इन कुम्भकों के करने से कुण्डली जो आधारशक्ति है वह जागृत होती है।

### ६ भ्रामरी कुम्भक

इस भ्रामरी कुम्भक का विधान यह है कि (भ्रमरी) चोइन्द्री (चतुरिन्द्रिय) होती है। वह तेइन्द्रिय लट को लाकर अपने घर में बन्द कर शब्द सुनाती है। इह शब्द के सुनने से वह लट भ्रमरी हो जाती है, ऐसा श्री आनन्दघनजी महाराज कहते हैं। वे इक्कीसवें श्रीनमिनाथ भगवान् के स्तवन की सातवीं गाथा में लिखते हैं कि—

"जिन स्वरूप थई जिन आराधे, वैसे ही जिनवर होवे रे।
भृंगी इलिका ने चटकावे, ते भृंगी जग जोवे रे ॥७॥"

जैसा उस भ्रमरी का शब्द है, वैसे ही शब्द-सहित पूरक करे, फिर कुंभक करे, फिर रेचक करे, परन्तु भ्रमरी रूप गुंजार शब्द को तीनों जगह साथ में रखे। इस रीति की कुम्भक करने से नाद की खबर जल्दी से हो जाती है। जब नाद की खबर यथावत् हुई, तब चित्त नाद में लगा हुआ शीघ्रता से समाधि को प्राप्त होगा।

### ७ मूर्छा कुम्भक

इस मूर्छा शब्द का अर्थ बेहोश, अर्थात् मुर्द की भांति हो जाना है, और कुछ सुरत अर्थात् चेतना नहीं रहती, जिसको लोक में गश भी कहते हैं। इसकी विधि यह है कि गले में जो नसों का जाल है, उस जाल की नाड़ी, हंसली के ऊपर और गले की मणिया के नीचे अर्थात् दोनों के बीच में है, उसके दबाने से मूर्छा आ जाती है इसका नाम मूर्छा-कुम्भक है। इसमें पूरक रेचक करने का कोई काम नहीं। यह कुम्भक जड़ समाधि में काम आती है। सो इसका असली भेद तो गुरु नस दबाकर बतावे तब मालूम होगा। इस कुम्भक से कुछ सिद्धि नहीं।

### ८ प्लावनी कुम्भक

प्लावनी का अर्थ यह है कि जैसे जल के ऊपर लोग तैरते हैं, वैसे ही वायु शरीर में रोककर ऐसा कुम्भक करे, कि जिससे शरीर हलका होकर आपसे आप ऊपर को उठने लगे और किसी तरह का परिश्रम न पड़े। इस कुम्भक के करने से आकाशादि में चलने की शक्ति होती है। और इसी कुम्भक से केले की पालकी में बैठकर श्री स्वामी शंकराचार्य कुमारपाल राजा के पास गये थे, और कुमारपाल राजा को जैनमत से भ्रष्ट करना विचारा था। फिर श्री हेमाचन्द्राचार्य ने इसी कुम्भक से अधर होकर व्याख्यान उच्चारा, कुमारपाल को सम्भाला, शंकराचार्य को वहां से निवारा।

इस रीति से आठ कुंभकों का वर्णन कर दिया है। चन्द्रभेदादि नवमी कुम्भक भी हो गई सही, किंचित् गुरु कृपा से हमने अनुभव में बात लही। परन्तु 'हठ-प्रदीपिका' में पिछले तीनों कुम्भकों की जो रीति है, वह भी दिखाते हैं, कि जो पूरक वेग से करे तो भ्रमर की तरह नाद होता है, इस लिए पूरक वेग से करे, जिसमें भ्रमर की तरह नाद हो उस रीति से नाद करता हुआ पूरक करे। फिर भ्रमरी का सा नाद हो, जिसमें मन्द-मन्द रीति से रेचन करे, वह रेचन पूरक की विवेषता है। और पूरक पीछे रेचक तो भ्रमरी की तरह स्वभाव सिद्ध है इस वास्ते विशेष नहीं लिखा है।

इस रीति से अभ्यास करे। इसके आनन्द को योगीश्वर भी कह नहीं सकते।

अब मूर्छा कहते हैं कि पूरक अन्त में जालन्धरबंध बांधकर शनैः शनैः रेचन करे। इस कुम्भक का नाम मूर्छा है जो मन को मुर्च्छित करता है। प्लावनी कुम्भक यह है कि शरीर के भीतर भरी जो अधिक वायु, उस करके चारों तरफ से भर लिया है उदर जिसने, वह पुरुष अगाध जल में कमल पत्र के समान गमन करता है। यह रीति तीनों कुम्भकों की स्वयं आत्माराम योगी की बनाई हुई 'हठप्रदीपिका' में लिखी है।

### मुद्राओं का वर्णन

अब इसके आगे मुद्राओं का वर्णन करते हैं, सो पहले जो 'हठप्रदीपिकादि ग्रंथों में उनके नाम लिखे हैं उस रीति से यहां नाम दिखाते हैं—१ महामुद्रा, २ महाबन्ध, ३ महावेध, ४ खेचरी, ५ उड़ियान, ६ मूलबन्ध, ७ जालंधर बंध, ८ विपरीतकरणी, ९ वज्रोली, १० शक्तिचालन।

इस तरह हठप्रदीपिका और गोरक्षपद्धति आदि ग्रंथों में उडियानबंध, मूलबंध, जालंधरबंध, इन तीनों को भी मुद्राओं में ही गिना है, सो इन तीनों बंधों की रीति ऊपर लिख चुके हैं। इन मुद्राओं में कई मुद्रा निष्प्रयोजन भी है। इस वास्ते जो मुद्रा सप्रयोजन हैं उनको दिखाकर फिर अपनी भी युक्ति उसमें कहेंगे। इसलिए पाठकगण ध्यान रखें कि पीछे लिखी मुद्रा उनके ग्रंथानुसार है।

### १ महामुद्रा वर्णन

इस महामुद्रा की विधि यह है कि वाम (बायां) पाद की एड़ी को योनि-स्थान में लगावे (योनि-स्थान का मतलब पहले दिखा चुके हैं सो वहां से देखो) और दक्षिण चरण को लम्बा करके फैलावे, एड़ी जमीन पर लगावे, और अंगूठा, अंगुलियों को डण्डे की भांति ऊंची खड़ी करे, फिर जीमने (दक्षिण) हाथ का अंगूठा और तर्जनी अंगुली से जीमने पग के अंगूठे को पकड़े, और बन्ध-पूरक सुषुम्ना नाड़ी में धारण करे, और मूलबंध भी बांध करके योनिस्थान को पीड़न करे। फिर जिह्वाबन्ध लगावे। जो कुण्डली सर्प के आकार सी डेढ़ी हो रही है; वह जैसे डण्डे के प्रहार से

टेढ़ेपन को छोड़कर सर्पिणी सरल हो जाती है, वैसे ही उस समय शीघ्र ही सरल हो जाती है। जब वह कुण्डली सरल हो गई तब कुण्डली के बोध से सुषुम्ना में प्राण का प्रवेश होता है। उस समय इड़ा और पिंगला को सहायता देने वाला जो प्राण है वह सहायता देने में समर्थ नहीं रहता। इसलिए इड़ा पिंगला यह दोनों नाड़ी मरण प्राप्त होती है अर्थात् घर छोड़कर भाग जाती है। उस समय के आनन्द को तो उसके करने वाले ही जानते हैं, न कि लिखने, या बांचने वाले। जो इस आनंद को प्राप्त करेंगे, वे ही इनका अभ्यास करेंगे, उनको करने वालों का ही मोह, राग, द्वेषादि मिटेगा, आत्मा में उन्हीं का दिल डटेगा, ज्ञान दर्शन, चरित्र तीनों का मेल सटेगा, तब कर्मों के पटल आत्मा से हटेंगे। जिन्होंने इस आनन्द को पाया है उन्होंने ही पदों में गाया हैं। हमको श्री आनन्दघन जी का पद याद आया, इसका यहां उल्लेख करते हैं।

"इड़ा पिंगला घर तज भागी, सुषुम्ना का घर वासी।
ब्रह्मरन्ध्र मध्यासन पूरो, बाबा अनहद नाद बजासी ॥१॥"

ऐसा श्री आनन्दघन जी का फरमाना (कथन) है। इससे प्रतीत होता है कि वे इस मुद्रा के भी अभ्यासी थे। जिन्होंने ऐसा अभ्यास किया है, वे कब किसी के जाल में फंसते हैं? आत्मा को भजते हैं और राग-द्वेष को तजते हैं गच्छादिक के मद में नहीं धसते हैं।

### महामुद्रा के अभ्यास का विधान

इसकी विधि यह है कि चन्द्र अंग अर्थात् वाम-अंग से अभ्यास करे, फिर सूर्य अंग अर्थात् दक्षिण अंग से अभ्यास करे। परन्तु दोनों अंगों से अभ्यास बराबर करे, कमी वेशी न होने दे। फिर इसको विसर्जन कर दे। परन्तु इस बात का ध्यान रखे कि जब वाम अंग से अभ्यास करे तो दक्षिण चरण को फैलावे, और ऊपर लिखी रीति से चरण के अंगूठे को दक्षिण हाथ से पकड़े और जब दक्षिण अंग से अभ्यास करे तब वाम चरण को फैलाकर वाम हाथ से चरण का अंगूठा पकड़े। इस रीति से दोनों अंगों में समान अभ्यास करे।

### महामुद्रा के गुण

जो पुरुष इसका अभ्यास करने वाले हैं, उन पुरुषों को पथ्य-अपथ्य का भय करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि सम्पूर्ण कटुक, खटाई आदि जो भोजन करेगा सो ही पच जायेगा। ऐसी कोई चीज़ नहीं है कि उसको हज़म न होवे, क्योंकि साधु की गोचरी में गृहस्थ के घर से सब तरह की निरसादि चीज़ आती है। सो इन क्रिया करने वालों को हज़म हो जाती है; किसी रोगादि को उत्पन्न नहीं करती है।

### २ महाबन्ध मुद्रा

अन्य मतों की रीति का भी वर्णन कर देते हैं कि वाम चरण की एड़ी योनिस्थान में लगा कर फिर वाम चरण को जानु के ऊपर दक्षिण चरण को धरे, उसके बाद पूरक करे; फिर हृदय में ठोड़ी लगाकर जालंधर बन्ध लगावे, और मूलबन्ध लगाकर यथाशक्ति कुम्भक करके मंद-मंद रेचन करे। इसका गुण हठप्रदीपिका या गोरक्षपद्धति में देखो।

### ३ महावेध मुद्रा

इसका विधान यह है कि महामुद्रा में स्थित, जिसकी एकाग्र बुद्धि है ऐसा योगी नासिका पुट से पूरक करके कण्ठ की जालन्धर मुद्रा से वायु की ऊपर नीचे गमन रूप जो गति उसको रोककर कुम्भक करे, और पृथ्वी में लग रहे हैं तालुआ जिनके, ऐसे दोनों हाथ समान करके, फिर योनि-स्थान में लगे हुए एड़ी वाले पांव के साथ हाथों के सहारे कुछ ऊपर उठकर फिर मन्द-मन्द भूमि में ताड़न करे,इड़ा पिंगला दोनों को उल्लंघन करके सुषुम्ना के मध्य में वायु प्राप्त हो। चन्द्र, सूर्य, और अग्नि में अधिष्ठित नाड़ी जो इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना, उनका सम्बन्ध मोक्ष के लिए होता है। निश्चय करके प्राण वियोग की अवस्था अर्थात् मृतसी अवस्था प्राप्त होती है। उसके पीछे वायु को नासिका-पुटन करके धीरे-धीरे रेचन करे। परन्तु इस जगह इतना विशेष है कि योनि-स्थान में एड़ी लगी रहने से जब वह हाथों के बल से ऊपर उठेगा तो आसन भंग हो जाने से मूलबन्ध यथावत् न रहेगा; इस लिए इस मुद्रा के अभ्यास में पद्मासन लगावे, और मूलबन्ध को कम न

होने दे। इतने पर भी इसकी असली रीति गुरुगम से जानों, हठप्रदीपिका वाले ने पद्मासन नहीं लिखा परन्तु गोरख पद्धति में लिखा हुआ है।

### ४ विपरीतकरणी मुद्रा

विपरीत मुद्रा करने का प्रकार यह है कि पृथ्वी पर मस्तक टेककर हाथों से सिर को थामकर मयूर आसन की तरह पैर ऊंचे करके आकाश की तरफ सतर कर देवे। इस रीति से सिर के बल अधर खड़ा होना, उसका नाम विपरीत करणी मुद्रा है। इसके करने का प्रयोजन यही है, कि चन्द्रमा ऊर्ध्व भाग में है, और सूर्य अधोभाग में है, सो जो चन्द्रमा से अमृत झरता है वह सूर्य में पड़कर भस्म हो जाता है। इसलिये विपरीत-मुद्रा करने से चन्द्रमा अधोभाग में हो जाता है, और सूर्य ऊर्ध्व भाग में हो जाता है। सूर्य को अमृत न मिलने से सूर्य निर्बल होकर इड़ा-पिंगला को जोर नहीं दे सकता। जो इसका अभ्यास करे वह पहले दिन एक क्षण, दूसरे दिन दो क्षण, इसी प्रकार से प्रतिदिन बढ़ाता चला जाय। जब एक पहर की मुद्रा होने लगे तब आगे अभ्यास न बढ़ावे। इसके कारण से क्षुधा बहुत लगती है। जो कम खाने वाला है, यदि वह इस क्रिया को करता है, तो कम खाने से उसके शरीर को यह मुद्रा जला देगी। इसलिए इससे कुछ प्रयोजन सिद्धि नहीं होती। न मालूम इन लोगों ने लिखकर क्यों इसकी इतनी महिमा की है?

### खेचरी मुद्रा का कथन

प्रथम खेचरी हो जाने की विधि लिखते हैं, इसके बाद इसके गुणादि और करने की विधि लिखेंगे। सो इसकी पहली विधि यह है कि पहले जिह्वा को होठों के बाहर निकाले, और दोनों हाथों के अंगूठों और तर्जनियों से पकड़कर शनैः शनैः बाहर को खींचे, तथा गौ के थनों से जैसे दूध निकालते हैं उसी रीति से दोनों हाथों से खींचे, वह बढ़ते-बढ़ते इतनी बढ़ जाय कि नाक पर होकर भृकुटी के मध्य में जा लगे। जब इस तरह का अभ्यास हो जाय तब उसका छेदन—सोधन किया जाता है। वह दिखाते हैं कि जैसे थूहर के पत्ते की धार तीक्ष्ण होती है, इस तरह का चिकना,

निर्मल और तीक्ष्ण धार वाला शस्त्र लेकर उससे जिह्वा के नीचे जो नस है उसको पहले लवमात्र छेदे; फिर उसके ऊपर सेन्धा लूण और हर्रों को पीसकर उस छेदी हुई जगह लगावे। परन्तु इस क्रिया करने वाले को दोनों वक्त लवण खाना मना है, तो भी हर्रे और लवण को लगा ले। फिर सात दिन के पीछे आठवें दिन कुछ अधिक छेदे। इस रीति से छः महीने पर्यन्त युक्ति से करे तो जिह्वा के मूल में जो नाड़ी है वह नाड़ी कपाल के छिद्र में जाने लायक होगी। इस रीति से पहले साधन करे। यह रीति ग्रंथों में लिखी है। परन्तु इसकी असल रीति तो यह है कि जिसमें शस्त्रादि से छेदने का कुछ प्रयोजन नहीं है, किन्तु वह रीति गुरु की कृपा के बिना मिलनी कठिन है और वह रीति शास्त्र द्वारा लिखी भी नहीं जाती, क्योंकि गुरु आदि तो योग्य अयोग्य देखकर युक्ति-क्रम बताते हैं, शास्त्र में लिखें तो योग्य अयोग्य की कुछ खबर न पड़े। और बिना योग्य के अमन्त वस्तु नहीं दी जाती। हमने अपने गुरु की बताई रीति आजमाई है। बिना छेदन के जिह्वा अलग कराई है। एक दो जिज्ञासुओं को बताई भी है। उलटकर जिह्वा छिद्रों में पहुंचाई है।

## खेचरी मुद्रा के गुण और प्रयोजन

जब जिह्वा की नस अलग हो जाय, तब जिह्वा को तिरछी करके गले में ले जाय, और तीनों नाड़ियों के जो मार्ग अर्थात् नासिका के जो छिद्र, जिसमें इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना नासिका के बाहर निकलकर मालूम होती हैं, उनके बन्द करने के वास्ते छिद्रों के ऊपर जिह्वा लगाकर छिद्रों को बन्द कर दे, जिससे इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना इन तीनों नासिका के बाहर न निकल सकें। इसका नाम खेचरी मुद्रा है। इसको कितने ही व्योम-चक्र भी कहते हैं, परन्तु यह व्योम-चक्र नहीं है, क्योंकि व्योम-चक्र भृकुटी के ऊपर है। इसके करने से यह गुण है कि यदि तालु के ऊपर के छिद्रों में लगी हुई जिह्वा, एक घड़ी मात्र भी उस जगह स्थिर रहे, तो सर्प से लेकर जितने ज़हरीले जानवर हैं उनका ज़हर दूर करने की शक्ति उस पुरुष को प्राप्त हो जाती है। उसको किसी जानवर का ज़हर (विष) नहीं चढ़ता और

इस मुद्रा के करने वाले पुरुष को आलस्य, निद्रा, क्षुधा, तृषा, मूर्छा आदि विशेष नहीं होते हैं। तालु के ऊपर के सन्मुख जिह्वा लगाये हुए जो स्थिर होकर वह गले के छिद्रों में से पड़ता हुआ चन्द्र-अमृत का पान करता है वह सर्व कार्य की सिद्धि हृदय में धरता है, राग द्वेष की परिहरता है मात्र कर्मों से झगड़ता है, परन्तु अपने समान सर्व जीवों को जान किसी से लड़ता नहीं है, मध्यस्थभाव में प्रवृत्त रहता है। परन्तु इसकी पूर्ण रीति बिना गुरु के नहीं प्राप्त होती। वर्तमान काल में छापा होने से हठयोगादि की पुस्तकें बहुत प्रसिद्ध हैं। इससे कई योगी हो जाते हैं। परन्तु इन पुस्तकों से अपनी जान खो बैठते हैं। इसलिए यदि आत्मार्थी बनकर योगाभ्यास करने की इच्छा हो तो सद्गुरु की विनय, प्रतिपत्ति, शुश्रूषादि करो। जिससे तुम्हारे पर गुरु अनुग्रह करके उसे बतावे, और आशीर्वाद देवे, जिससे तुमको यथावत् प्राप्ति हो जाये, इस खेचरी मुद्रा के विषय में 'हठप्रदीपिका' आदि ग्रंथों में जो प्रक्रिया लिखी है, वह प्रक्रिया यहां नहीं लिखी है। क्योंकि, उसमें गोमांस और अमर-वारुणी (मदिरा) का भक्षण करना और पीना लिखा है।

इसका कुछ खुलासा भी देते है कि छोटी हरडां को बारह पहर अथवा सोलह पहर तक कुंवारी गौ अर्थात् आठ दस महीने की बछिया के पेशाब में भिगोवे। जब वे दो दिन में भीजकर फूल जाये, तब उनको छाया में सुखा लें, सूर्य की धूप न लगने दें फिर उनको कोरे बर्तन में डाल कर सेकें। उन्हें इस तरह सेकें कि जल न जायें और कच्ची भीन रहें। उन हरडों में सेंधा लवण अन्दाजे से मिलाकर चूर्ण बनावे। उससे सायं और प्रातः दोनों वक्त जिह्वा की जड़ में मालिश करे और दस-दस मिनट ऊपर लिखी रीति से जिह्वा को शनैः शनैः खेंचा करे, बाहर की तरफ ही ले जाया करे, फिर तीन महीने के बाद उलटकर गले की तरफ ही ले जाया करे, छः महीने इस रीति से करेगा तो जिह्वा कागल्या से आगे निकल जायेगी। नव महीनों में छिद्रों के पास में पहुंच जायेगी। जिसकी इच्छा होवे वह विश्वास सहित इस काम को अंगीकार करे तो हमारे लिखे

अनुसार प्राप्ति हो जायेगी । विशेष गुरुओं के पास जाकर उनसे जिज्ञासा पूर्ण करनी चाहिए, क्योंकि जो आत्मार्थी योगाभ्यास की इच्छा वाले हैं, उनके वास्ते संकेत (इशारा) लिखा है । अन्यमतावलम्बियों का खण्डन भी कर दिखाया है । बिना शस्त्र छेद के खेचरी मुद्रा करना बतला दिया ।

**वज्रोली मुद्रा**

प्रथम 'हठप्रदीपिका' और 'गोरक्षपद्धति' की प्रक्रिया दिखाकर पीछे किञ्चित् अपनी रीति, जो गुरु-कृपा से पाई है, उसको लिखेंगे । प्रथम मूल का श्लोक लिखेंगे पीछे टीका के अनुसार जो भाषा है उसको लिखेंगे । कदाचित् भाषा में न्यूनता होगी, तो टीका के उतने ही अक्षर दिखाकर पीछे भाषा लिखेंगे । सो प्रथम 'हठप्रदीपिका' के श्लोक लिखते हैं ।

"स्वेच्छया वर्तमानोऽपि, योगोक्तैर्नियमैर्विना ।
वज्रोलीं यो विजानाति, स योगी सिद्धिभाजनम् ॥८३ ॥

तत्र वस्तुद्वयं वक्ष्ये, दुर्लभं यस्य कस्यचित् ।
क्षीरं चैकं द्वितीयं तु, नारी च वशवर्तिनी ॥ ८४ ॥

मेहनेन शनैः सम्यगूर्ध्वाकुञ्चनमभ्यसेत् ।
पुरुषोऽप्यथवा नारी, वज्रोलीसिद्धिमाप्नुयात् ॥ ८५ ॥

यत्नतः शस्तनालेन, फूत्कारं वज्रकन्दरे ।
शनैः-शनैः प्रकुर्वीत, वायुसंचारकारणात् ॥ ८६ ॥

नारी भगे पतद्बिन्दुमभ्यासेनोर्ध्वमाहरेत् ।
चलितञ्च निजं बिन्दुमूर्ध्वमाकृष्य रक्षयेत् ॥ ८७ ॥

एवं संरक्षयन् बिन्दुं, मृत्युं जयति योगवित् ।
मरणं बिन्दुपातेन, जीवनं बिन्दुधारणात् ॥ ८८ ॥

सुगन्धो योगिनां देहे, जायते बिन्दुधारणात् ।
यावद्बिन्दुः स्थिरो देहे, तावत्कालभयं कुतः ॥८९ ॥

चिन्तायत्तं नृणां शुक्रं, शुक्रायत्तञ्च जीवितम् ।
तस्माच्छुक्रं मनश्चैव, रक्षणीयं प्रयत्नतः ॥ ९० ॥

ऋतुमत्या रजोऽप्येवं, बीजं बिन्दुञ्च रक्षयेत् ।
मेढेण कर्षयेदूर्ध्वं, सम्यगभ्यासयोगवित् ।। ९१ ।।"

**भाषा टीका**

"अब वज्रोली के आदि में इसका फल कहते हैं। जो योगाभ्यासी वज्रोली मुद्रा को विशेषकर अपने अनुभव करके जाने, सो योगी योगशास्त्र में कहे हुए ब्रह्मचर्यादि किये बिना अपनी इच्छा करके वर्तमान रहे, अणिमादि अष्ट सिद्धि को भोगने वाला हो ।। ८३ ।। वज्रोली के अभ्यास में दो वस्तु कही है, एक तो दूध पीना दूसरी स्त्री आज्ञाकारी वशवर्तिनी हो ।। ८४ ।। वज्रोली मुद्रा का प्रकार यह है कि स्त्री-संग के पीछे बिन्दु को क्षरण कहां पड़ना, जिसको पुरुष अथवा स्त्री यत्नपूर्वक इन्द्रिय को ऊपर आकुंचन करके वीर्य को ऊपर खींचने का अभ्यास करे, तो वह वज्रोली सिद्ध होती है ।। ८५ ।। अब वज्रोली की पूर्वांग क्रिया कहते हैं। चांदी की बनी हुई नाल को शनैः शनैः जैसे अग्नि सुलगाने को फूंक मारते हैं, वैसे ही फुंकार से इन्द्रिय के छिद्र में वायु का संचार बारम्बार करे।

**वज्रोली की साधन क्रिया**

वज्रोली की साधन प्रक्रिया यह है कि सीसे की बनी हुई चिकनी हो, इन्द्रिय में प्रवेश करने के योग्य हो, ऐसी चौदह (चतुर्दश) अंगुल की शलाका करा करके उसको इन्द्रिय में प्रवेश कराने का अभ्यास करे। पहले दिन एक अंगुल प्रवेश करे। दूसरे दिन दो अंगुल प्रवेश करे। तीसरे दिन तीन अंगुल प्रवेश करे। इस रीति से क्रम से बारह अंगुल प्रवेश हो जाय तो इन्द्रिय मार्ग शुद्ध होवे। अथवा चौदह अंगुल की शलाका बनवावे, जिसमें दो अंगुल टेढ़ी और ऊंचे मुंह वाली होनी चाहिए, वह दो अंगुल बाहर स्थापन करे। इसके पीछे सुनार की अग्नि सुलगाने की नाल के सदृश नाल ग्रहण करके उस नाल का जो अग्रभाग उसको इन्द्रिय में प्रवेश की हुई नाल के दो अंगुल बाहर निकले हुए भाग के मध्य में प्रवेश कर फूत्कार करे। इस प्रकार भली भांति इन्द्रिय मार्ग शुद्ध हो जाय, तब पीछे से इन्द्रिय द्वारा जल को ऊपर चढ़ाने का अभ्तास करे। जब जल का आकर्षण होने लग जाय, तब पहले

श्लोक में लिखी हुई रीति के अनुसार वीर्य के आकर्षण करने का अभ्यास करे। जब वीर्य का आकर्षण करना सिद्ध हो जाय, तब वज्रोली मुद्रा सिद्ध होती है। जिस मनुष्य को खेचरी मुद्रा, और प्राण जय यह दोनों सिद्ध हो उसको वज्रोली मुद्रा सिद्ध होगी; दूसरे को नहीं ॥ ८६ ॥

जब इस प्रकार वज्रोली मुद्रा का अभ्यास सिद्ध हो जाय, उसके आगे साधन बतलाते हैं। नारीभगे इति। रतिकाल में स्त्री की योनि में वीर्य गिर पड़ा यह मालूम होवे लेकिन गिरे नहीं, उससे पहले जो वीर्य उसको वज्रोली के अभ्यास द्वारा ऊपर को आकर्षण करे। यदि गिरने के पहले बिन्दु को आकर्षण न कर सके तो स्त्री की भग में गिरा हुआ जो अपना वीर्य और स्त्री का रज इन दोनों को ऊपर खींचकर स्थापित करे ॥ ८७ ॥

### वज्रोली के गुण वर्णन

"एवमिति। इस रीति से जो वीर्य को स्थिर करता है, वह योगवेत्ता होता है, और मृत्यु को जीत लेता है। परन्तु जो वीर्य का पतन करता है, वह मरण को प्राप्त होता है। इस रीति से वीर्य को धारण करने वाला जीवित होता है। इसलिए बिन्दु को इस रीति से स्थित करे ॥ ८८ ॥

सुगन्धेति। वज्रोली के अभ्यास करने वाले देह में वीर्य को धारण करते हैं, उससे बहुत सुन्दर सुगन्ध पैदा होती है और जब तक बिन्दु स्थित रहता है, तब तक काल का भय नहीं होता है ॥ ८९ ॥

चित्तायत्त मिति। निश्चय जो चित्त चलायमान हो, तो मनुष्य का वीर्य चलायमान होता है। और जो चित्त स्थिर हो तो वीर्य भी स्थिर रहता है। इसलिए चित्त के अधीन वीर्य है, और शुक्र जो स्थिर हो तो जीवन स्थिर हो, जो शुक्र नष्ट हो तो मरण हो, इस लिए शुक्र के अधीन जीवन है, इस वास्ते शुक्र और बिन्दु इन दोनों की अवश्य रक्षा करनी चाहिए ॥ ९० ॥

ऋतुमत्यादि। ऋतुमती स्त्री का रज और अपना बिन्दु इन दोनों को इस रीति से स्थिर करे कि इन्द्रिय करके यत्नपूर्वक रज और बिन्दु को ऊपर आकर्षण करे। वह वज्रोली-अभ्यासवेत्ता योगी जानता है ॥ ९१ ॥"

यह हठ प्रदीपिका का लेख लिखा, अब 'गोरक्ष-पद्धति' का भी लेख लिखते हैं।

### गोरक्ष-पद्धति की रीति से वज्रोली वर्णन

"स्वेच्छया वर्त्तमानोऽपि, योगोक्तैर्नियमैर्विना।
वज्रोलीं यो विजानाति, स योगी सिद्धिभाजनम् ॥ १ ॥
तत्र वस्तुद्वयं वक्ष्ये, दुर्लभं यस्य कस्यचित्।
क्षीरं चैकं द्वितीयन्तु, नारी च वशवर्तिनी ॥ २ ॥
मेहनेन शनैः सम्यगूर्ध्वाकुंचनमभ्यसेत्।
पुरुषोऽप्यथवा नारी, वज्रोलीसिद्धिमाप्नुयात् ॥ ३ ॥
यत्नतः शस्तनालेन, फूत्कारं वज्रकन्दरे।
शनैः शनैः प्रकुर्वीत, वायुसञ्चारकारणात् ॥ ४ ॥
नारीभगे पतद्बिन्दुमभ्यासेनोर्ध्वमाहरेत्।
चलितं च निजं बिन्दुमूर्ध्वमाकृष्य रक्षयेत् ॥ ५ ॥
एवं संरक्षयन् बिन्दुं, मृत्युं जयति योगवित्।
मरणं बिन्दुपातेन, जीवनं बिन्दुधारणात् ॥ ६ ॥
सुगन्धो योगिनो देहे, जायते बिन्दुधारणात्।
यावद् बिन्दुः स्थिरो देहे, तावत्कालभयं कुतः ॥ ७ ॥
चित्तायत्तं नृणां शुक्रं, शुक्रायत्तञ्च जीवितम्।
तस्माच्छुक्रं मनश्चैव, रक्षणीयं प्रयत्नतः ॥ ८ ॥
ऋतुमत्या रजोऽप्येवं, बीजं बिन्दुञ्च रक्षयेत्।
मेढ्रेण कर्षयेदूर्ध्वं सम्यगभ्यासयोगवित्। ९ ॥

इन श्लोकों का अर्थ इसलिये नहीं लिखते कि जैसा अर्थ 'हठप्रदीपिका' में है' वैसा ही इनका भी है। श्लोकों का लिखना तो ठीक समझा, कुछ भेद होता तो अर्थ अवश्य ही लिखते, क्योंकि निष्प्रयोजन ग्रन्थ को बढ़ाना ठीक नहीं समझा। थोड़े ही से प्रयोजन निकले तो बहुत क्यों बढ़ावें ?

अब ऊपर लिखी हुई जो रीति है उससे योग करने वाले को ही योगीन्द्र समझते हैं यह उसका लिखना और ऐसे ही योगीन्द्र समझना असम्भव सा है,

क्योंकि प्रथम ही योगाभ्यास के आरम्भ में अपथ्यभोजनादि अथवा स्नानादि क्रियाएं, और स्त्री का संग बिलकुल मना किया है। धर्मशास्त्रों में वा स्मृतियों में भी अनेक ऋषियों ने ऐसा ही लिखा है कि जिस जगह स्त्री का चित्र व मूर्ति हो, उस मकान में योगी, सन्यासी यति ब्रह्मचारी आदि को नहीं ठहरना चाहिए और जो कि स्त्री-विषय के आलंकारिक काव्य है उनको भी यति, ब्रह्मचारी, योगी, सन्यासी न पढ़े, क्योंकि पढ़ने से विकार उत्पन्न होता है यदि उस मकान में ठहरने और उस चित्र-मूर्ति को देखने से चित्त की चंचलता और विकार उत्पन्न होता है, तो स्त्री के पास में रहने से क्यों कर चित्त स्थिर रह सकता है ? और योनि में लिंग को देकर क्रिया करना और वीर्य का निकालना और उसको भग में न पड़ने देना, अथवा न रुक सके और पड़ जाय तो उसका वायु के जोर से आकर्षण करके फिर स्तम्भ करना, इससे तो पहले ही न करना श्रेष्ठ है, क्योंकि पहले शरीर को कीचड़ मलकर फिर पानी से धोना, इससे तो कीचड़ न मलना ही श्रेष्ठ है। इस लिए यदि आदिनाथ, मच्छन्दरनाथादि योगियों ने इस बात को अंगीकार किया है, तो उनके योगीन्द्र होने में वा अमर होने में विवेक-सहित बुद्धि से विचार करने वाले को सन्देह होता है। सम्भव है कि स्त्री-संग करने से मोक्ष मानना, "कवलक" (कौलक) मतावलम्बियों के विना और कोई मतावलम्बी स्वीकार न करेगा। कौलक मत वाले पांच मकार से मोक्ष मानते हैं। वे पांच मकार ये हैं—मांस, मदिरा, मछली, मैथुन, मुद्रा। वे इनको अंगीकार करते हैं। उनके भी दक्षिणी, वामी, उत्तरादि, काचलियापन्थ, कूंडापन्थ, अधरवीयं, आदि अनेक भेद हैं।

तब तक योग का सच्चा ज्ञान ही होता जब तक आत्मानुभव और अध्यात्म का आत्मार्थी गुरु न मिले। इसलिए मैं नम्रता-पूर्वक पाठक-गणों को कहता हूं, कि जैसा गुरु मुझे मिला, और उन्होंने जो बातें मुझे बताईं, अनुभव कराया, दो मिनट में मानो अमृत का प्याला पिलाया, शासनपति श्री वीर भगवान् के निर्वाण-भूमि पर ध्यान करना फरमाया, मैंने भी उस जगह आकर उन्नीस सौ चौतीस की साल में आसन जमाया, ध्यान

के प्रारम्भ से ग्यारहवे दिन अनुभव का आनन्द पाया, उसी के किञ्चित् स्वाद से इतना लेख लिखाया है।

ऊपर की बात से अब हमको यह विचार करना चाहिए कि जब योनि में लिंग देकर क्रिया करना, और वीर्य न पड़ने देना, अथवा पड़े हुए को ऊपर चढ़ाते जाना ही यदि 'हठप्रदीपिका' आदि के मत से योगीन्द्रपन हो तो सब कामी मनुष्य भी योगवेत्ता हो जायेंगे।

दूसरी बात यह है कि जो चीज पहले साबुन बनी हुई है, उस चीज में से थोड़ी निकाल कर फिर उसमें मिलावे तो मिलाने से जो घाट पहले था वह घाट न रहेगा। जैसे दही किसी बरतन में जमा हुआ है, उसमें से कुछ निकाल कर फिर पीछे से उसमें मिलावे तो पहले जैसा यथावत् स्वरूप था वैसा कदापि न होगा। यही हाल वीर्य का भी है। इस लिए पहले उस वीर्य को कदापि न निकालना चाहिए।

तीसरी बात यह भी है कि योनि में लिंग देने से यदि योगवेत्ता होता हो, तो यम, नियम, आसन, प्राणायाम, ध्यान, धारणा, प्रत्याहार, समाधि, आदि साधन व्यर्थ हो जायंगे।

चौथा कारण यह है कि गोरक्षपद्धति के सातवें और हठप्रदीपिका के ८३ वें श्लोक में लिखा है, कि चित्त के स्थिर होने से वीर्य स्थिर होता है। इससे आत्म-अनुभवी—अध्यात्म इसी बात को अंगीकार करेंगे कि चित्त को स्थिर करने से वीर्य आप ही स्थिर हो जाएगा।

पांचवां कथन है कि योनिमें लिंग डाल कर क्रिया करना और वीर्य को न गिरने देना, यह बात शौकीन जार पुरुष भी कर सकते हैं। अथवा दवाई आदि से भी हो सकता है। परन्तु ऐसी क्रिया (वज्रोली) से कदापि चित्त स्थिर न होगा। उलटी विशेष रूप से चित्त की चंचलता हो जाएगी, और चंचलता होने से व्यभिचारादि विशेष करने लगेगा। क्योंकि देखो अग्नि में ज्यों-ज्यों घृत काष्ठादि पड़ेगा, त्यों-त्यों अग्नि विशेष करके प्रज्वलित होगी। इस रीति से जो योनि में लिंग देकर क्रिया करेगा, उसका चित्त विषयासक्त होगा ही और जिस समय वह वीर्य निकलता है सो रुकना भी कठिन है; क्यों

कि वीर्य निकलते समय जो विषयानन्द होता है, उस विषयानन्द में जगत् फंस रहा है और जरा-मरण करता है, और फिर वह वीर्य भग में पड़ा हुआ पीछे खींचकर ले जावे तो वह वीर्य दही के दृष्टांत के अनुसार कदापि एक-रस न होगा। इसलिए वर्तमान काल में कितने ही लोग इन ग्रन्थों के अनुसार वज्रोली में प्रवृत्त होते हैं और अपने दिल में विचारते हैं कि इस क्रिया के करने से हम योगवेत्ता होकर योगीन्द्र बन जायेंगे। किन्तु वह तो होता नहीं है, उलटे वे लोग भ्रष्ट और पतित हो जाते हैं। इसलिए इन ग्रंथों की रीति आत्मार्थियों के वास्ते उपयुक्त हमारे समझ में नहीं आई, इस कारण से हमने विशेष खोलकर लिखा है, कितने ही वेषधारी इस क्रिया को करके साधुत्व से भ्रष्ट हो गए हैं। भाई, इसकी प्रवृत्ति अन्य मत में ही है जैनमत के साधु भ्रष्ट न हुए, क्योंकि उन्होंने यह क्रिया को अपनाया नहीं है। अन्य मत के साधु काम विकार जन्य प्रवृत्ति कर आपस में लड़ाई करते हैं इसलिए प्रसंग से हमने भी इतनी बात लिख दी है।

### वज्रोली की शुद्ध रीति और प्रयोजन

अब हम वज्रोली का प्रयोजन और रीति गुरु की कृपा से जो पाई है वह बतलाते हैं, आत्मार्थी पाठकगणों को सुनाते हैं, कुछ अनुभव भी दिखाते हैं, वीर्य को बचाते हैं, स्त्री का बिलकुल त्याग कराते हैं, अपने स्वरूप को मिलाते हैं। जो बुद्धि पूर्वक विवेक सहित ग्रहण कर श्रद्धा-सहित परिश्रम करेगा उसे स्वरोदय-साधन में सहायता मिलेगी और इससे कुछ विशेष सिद्धि नहीं है। हां विषयी पुरुषों के वास्ते स्त्रियों को प्रसन्न करना, और आप आनन्द लूटना होता है, परन्तु यह काम योगियों का नहीं। इन्द्रिय में गज डालकर छिद्र बढ़ाना भी निष्प्रयोजन है। क्योंकि लघुनीति साफ मार्ग के बिना कदापि न निकलेगी और फूंकनी लगाकर उसमें वायु को फूंक से भरना भी निष्प्रयोजन है। यद्यपि लघुनीति होना, अथवा विषय करने से भी वीर्य का निकलना, इन दोनों बातों का अनुभव जगत् को हो रहा है। परन्तु ख्याल न रखने से उसका रहस्य समझते नहीं हैं। विवेक के साथ विचार करें तो प्रत्यक्ष अनुभव होता है। यही दिखाते हैं कि जिस समय पुरुष अठारह अथवा बीस वर्ष की आयु में हो, और

स्त्री तेरह या चौदह वर्ष की आयु में हो और जब वह लघुनीति करने को बैठे, उस समय गुदा को ऊपर आकुञ्चन करने से लघुनीति (पेशाब) की धार बन्द हो जाती है। और जब आकुंचन छोड़ते हैं तब धार निकलती है। इस रीति से जो मैथुनादि क्रिया करते हैं, तब वीर्य निकलते समय गुदा ऊपर को स्वयं ही आकुञ्चित हो जाती है, और वीर्य रुक जाता है, जब गुदा नीचे को होती है तब वह वीर्य निकलता है। यह सब प्राणवायु का ख्याल है। परन्तु वीर्य और पेशाब रुकने और निकलने का अनुभव सबको है। बल्कि कितने ही मनुष्य श्वास को रोक कर वीर्य को रोकते हैं, और किसी समय उसे रोकने से वीर्य रुककर घाव (क्षत) कर देता है, जिस घाव के होने से सुजाक की बीमारी कहलाती है। यह अनुभव साधारण पुरुषों को भी हो रहा है।

और जो योगी जन हैं उनको यदि कभी कोई कारण (गर्मी आदि) से वीर्य चलायमान हो जाय, तो उसको प्राण अपान की एकता, और नौली चक्र से कुंभक करके लिंग के ऊपर रोक लेते हैं, क्योंकि जिसको नौली-चक्र यथावत् याद है वह पुरुष लिंग से और गुदा से द्रावण (पिघला हुआ घृत, दुग्ध, जल और तेल) चढ़ा सकता है। सो घृत, दुग्ध, शहद आदि लिंग से चढ़ाना केवल लोगों को तमाशा दिखाना है, क्योंकि वीर्य निकल गया वह खराब हो गया, उसके चढ़ाने से सिवाय हानि के और कुछ लाभ नहीं होगा। इसलिए इस वज्रोली का मुख्य तात्पर्य यही है कि स्वर-साधन करने वाले ऐसा कहते है कि लघुनीति चन्द्र स्वर में करे और बड़ीनीति (पाखाना) सूर्य स्वर में करे। लघुनीति को वज्रोली रोक सकती है, यही इसका प्रयोजन है। क्योंकि जब पुरुष अथवा स्त्री पाखाना आदि को जाते हैं उस समय दोनों ही स्वर होते हैं। इस बात को सर्व साधारण जानते हैं। कदाचित् गज डाल कर उसमें फूंकादि लगाकर लिंग को साफ करे, परन्तु जब तक उसको नौलीचक्र न आता होगा, तब तक उससे वस्ती कर्म और वज्रोली कदापि न होगी।

और जो इन ग्रन्थकारों ने ऐसा लिखा है, कि "जिसको वज्रोली होगी, उसी को खेचरी होगी और खेचर होगी तो वज्रोली होगी" यह बात भी ठीक नहीं है। क्योंकि इन दोनों का आपस में कुछ सम्बन्ध नहीं, बल्कि बिना वज्रोली

के खेचरी मैंने कराई है, और विना खेचरी के वज्रोली करते हमने कितने ही मनुष्यों को देखा है। हां, बिना नौली के वज्रोली कदापि न होगी, क्योंकि नौलीकर्म जिसको सिद्ध होगा, वह पुरुष नल उठाकर बाहर की वायु को खींच सकता है, विना नौली के कुम्भक वायु नहीं खिचती, इसलिए जिसको नौली याद होगी उसको वज्रोली जब करेगा तब ही याद हो जायगी। इस रीति से किञ्चित् वज्रोली की प्रक्रिया दिखाई।

जोली, अम्रोली क्रियायें भी इस वज्रोली का ही भेद है ऐसा 'गोरक्ष-पद्धति आदि में लिखा है और इसका असल भेद ओघड़मत या अघोरियों का आचरण है परन्तु इसके करने से कुछ आत्मा की सिद्धि नहीं। हां, किसी कदर साधन करने से लोगों को चमत्कारादि सिद्धि दिखाने का कारण है। सो इसके लिखने के लिए चित्त तो नहीं चाहता। परन्तु मेरे गुरु ने मुझको बताने में किसी प्रकार का संकोच नहीं रखा। यदि वे कुछ संकोच रखते तो मैं भी संगति पाकर उनके (अघोरियों) के जाल में फंस जाता। सो उन गुरु की चरण-कृपा से और सब हाल जानने से उनके जाल में नहीं आया हूं, उनके घर के हाल को कहकर सर्वज्ञ मत पुख्ता बताता हूं। इस प्रकार लिखे हेतु से किञ्चित् दिखाते हैं कि लघुनीति का पीना और बड़ीनीति का खाना, अर्थात् पाखाना का खाना और पेशाब का पीना उसका नाम जोली है। अघोरी मतवाले ऐसा करते हैं।

### अम्रोली

बड़ीनीति को और लघुनीति को मिलाकर कपड़े से छानना, और उसको गरम करके पीना, तथा उसके बोदर [फोकम] को शरीर पर मालिश करना उसका नाम अम्रोली है।

इसे करने वाले लोग एक मन्त्र का जाप भी करते हैं, उस जाप से उनको सिद्धि प्राप्य होती है। इस काम के करने वाले इस संसार को यह तमाशा दिखाते हैं। क्रिया करने में सिद्धि की आशा रखते हैं, इन लोगों को आत्मा के स्वरूप का किञ्चित् भी बोध नहीं है।

अब इस प्रपञ्च को छोड़कर प्रणायामादि दिखाते हैं, प्रथम मल-शुद्धि का उपाय कराते हैं, क्योंकि प्राणायाम से भी मलशुद्धि होती है।

### प्रणायाम के तीन भेद

एक तो पूरक, दूसरा कुम्भक, तीसरा रेचक। पूरक उसको कहते हैं कि वायु को ऊपर अर्थात् बाहर से अन्दर ले जाना।

कुम्भक उसको कहते हैं कि श्वास को बन्द रखना अर्थात् न तो भीतर ले जाना और न बाहर निकलना।

रेचक नाम उसका है, कि जो वायु रोकी हुई है, उसको बाहर निकालना।

### तीनों प्राणायाम करने की रीति

इनकी रीति यह है कि प्रथम पद्मासन अथवा मूलासन लगावे, फिर चन्द्र अर्थात् डावी [वाम] नासिका से वायु को खींचे—अर्थात् पूरक करे। फिर अंगूठा और अनामिका अंगुली से दोनों नासिका के छिद्रों को बन्द करे, जितनी जिसकी शक्ति हो उतने समय पर्यन्त इस माफिक करना चाहिये। और मूलबन्ध, जालन्धरबन्ध, उड़ियानबन्ध, इन तीनों को करे।

फिर सींधे [दक्षिण] स्वर से वायु का धीरे-धीरे रेचन करे। परन्तु इस रीति से धीरे-धीरे रेचन करे कि जिसमें किसी तरह का शरीर को ज़ोर न पड़े।

फिर दक्षिण स्वर से धीरे-धीरे पूरक करे—अर्थात् प्राणवायु को खींचे। फिर दोनों नासिका के छिद्रों को बन्द करके यथाशक्ति कुम्भक करे।

बाद चन्द्र [वाम] स्वर से बन्धपूर्वक धीरे-धीरे रेचन करे। फिर जिस नाड़ी से रेचन करे, उसी से ही पूरक करे। फिर यथाशक्ति कुम्भक करके बन्ध-पूर्वक दूसरी नाड़ी से रेचक करे। जब तक पसीना और कम्प हो तब तक पूरक और रेचक करता ही रहे। परन्तु जिस नाड़ी से पूरक करे, उससे रेचक न करे, जिससे रेचक करे, उससे पूरक करले तो कोई हानि नही है। इस रेचक को जल्दी-जल्दी न करे—अर्थात् एक साथ न छोड़े; क्योंकि जोर से रेचक करने से बल की हानि होती है।

इस रीति से जो अभ्यास करता है, उसकी नाड़ी तीन या पांच मास में शुद्ध हो जाती है।

## ८५ प्राणायाम के काल तथा नियम का वर्णन

### ८५ समय और पांचतत्त्व

समय परिवर्तनशील है। अनन्तकाल से अनवरत घूम रहा है। न इसकी गति को ही कभी रोका जा सकता है यह स्वतः ही चल रहा है। यह तो हुई बाह्य समय की बात। इस प्रकार अभ्यंतर स्तर में पंच तत्त्व के रूप में यही समय हम लोगों को दूसरे सूत्र में घूमा रहा है। यही हमारे नित्य नैमित्तिक आदि सभी कार्यों में लाभ-हानि, जय-पराजय, शुभ-अशुभ कराने में निश्चित कारण बना हुआ है। इसका प्रायः किसी को बोध नहीं है।

गुप्त रूपसे घूमते हुए ये पांच तत्त्व एक के बाद दूसरे क्रमानुसार परिवर्तित होते मालुम होते हैं। जैसे ऋतु के परिवर्तन का बोध हो जाता है, उसी तरह तत्त्व के आगमन की भी जानकारी हो जाती है।

प्रमाण के लिये देखिये—हम सब मनुष्य सब दिन एक ही है; परन्तु हमारे अन्तःकरण के भाव इतनी जल्दी-जल्दी क्यों बदलते हैं? कभी शुभ कभी अशुभ; कभी क्रुर कभी सदय; कभी उद्दंड कभी विनम्र; कभी शांत तो कभी अशांत; कभी प्रसन्न तो कभी विषण्ण। यह जो बार-बार, शीघ्र-शीघ्र मनोभाव का परिवर्तन होता है; यह तत्त्व के प्रभाव का ही परिणाम है। अभिप्राय यह है कि जिस समय जिस तत्त्व का शरीर में उदय होता है उसी तत्त्व के प्रभावानुसार भाव, विचार होता है।

उदाहरण के लिये—मैंने आप से अपने किसी कार्य के लिये प्रार्थना की; आपने उत्तर में अस्वीकार कर दिया। फिर मैंने दूसरी बार आप से कहा तो उस समय आपने कहा—"अच्छा कर दूंगा। ऐसी बात व्यवहार में बहुधा देखने में आती है। लोग सलाह देते हैं कि अभी उनकी चित्तवृत्ति ठीक नहीं है; कुछ मत कहो। जब देखो चित्तवृत्ति ठीक है, तब कहना; तुम्हारा कहना सफल होगा। यह बात व्यवहार में स्वतः स्पष्ट है। तात्पर्य यह है कि शुभ तत्त्व में जो कहा जाता है वह काम हो जाता है। अशुभ तत्त्व के समय कही गई बात निष्फल हो जाती है। तत्त्व का यह सिद्धान्त ध्रुव सत्य है।

इसको प्रातःकाल सूर्य उदय होने के समव (बादलों में लाली मालूम लगे तब) से प्रारम्भ करे, और तीन घड़ी तक करे—

और मध्याह्न को भी तीन घड़ी तक करे। इसी प्रकार सायंकाल में तीन घड़ी करे। इन तीनों काल में अस्सी-अस्सी बार कुम्भक, रेचक, पूरक करे। तीनों काल के ये दो सौ चालीस प्राणायाम हुए।

---

विचार करके देखिये—मनुष्य सुख में हो या दुःख में, क्रोध में हो या क्षमा में, हंसी में हो या रुदन मैं, खुशी में हो या गमी मैं—एक ही स्थिति मैं बहुत समय तक कोई भी नही रह सकता। चाहे कोई शस्त्र लेकर घात करने को ही क्यों न आवे, यदि किसी तरह वह समय टाल दिया जावे तो टल जाता है। अतएव मनुष्य की सफलता-असफलना में हेतु तत्त्वों की देन है।

तत्त्व क्या है इस पर योगशास्त्र के वचन हैं—

१—पृथ्वी, २—जल, ३—अग्नि, ४—वायु, ५—आकाश। ये पांच तत्त्व हैं। इन्हें परम तत्त्व कहते हैं। उपर्युक्त पांच तत्त्वों का एक के बाद दूसरे का आना जाना निरबाध निर्विच्छिन्न रूप में चलता रहता है। एक निमेष भी इनकी गति में अवरोध नहीं होता।

इन पांच तत्त्वों में पृथ्वी और जल तत्त्व शुभ हैं। शेष तीन तत्त्व—अग्नि, वायु और आकाश तत्त्व अशुभ फल दाता हैं। इस स्वरोदय विज्ञान मैं इन तत्त्वों का विस्तार से दिग्दर्शन कराया गया है।

अयोग्य काल में किये हुए विवाह आदि तथा दीक्षा प्रतिष्ठा आदि कार्य उत्तर काल में उल्टे अशुभ फल को देने वाले दृष्टिपथ में आते हैं। अयोग्य काल में किया हुआ प्रयाण व्यापार आदि के विपरीत परिणाम देखे जाते हैं। इन्हें दूर करने के लिये दैवी सामग्री के सिवाय दूसरी कोई भी सामग्री समर्थ नहीं है; मात्र इतना ही नहीं परन्तु परवशता के कारण होने वाला जन्म, व्याधि और मरणादि भी अयोग्य काल में हुए हों वे भी शान्ति पुष्टि आदि दैवी शक्ति से दूर होते हैं। ऐसे अनेक हेतुओं को लेकर प्रत्येक शुभ महुर्त की आवश्यकता है। उसका प्रतिपादन करने वाला अष्टांग निमित्त शास्त्र है।

### जघन्य, मध्यम उत्कृष्ट प्राणायाम

जघन्य प्राणायाम में पसीना होता है और मध्यम में कंप होता है तथा उत्कृष्ट प्राणायाग में ब्रह्मरन्ध्र होता है। ब्यालीस विपल से कम कुम्भक रहे तो जघन्य प्राणायाम होता है। चौरासी विपल[८६] से कुछ अधिक कुम्भक रहे तो मध्यम प्राणायाम होता है। और बन्धपूर्वक १२५ विपल कुम्भक रहे तो उसको उत्कृष्ट प्राणायाम काल कहते हैं।

जब प्राणायाम स्थिर हो जाता है, तब प्राण ब्रह्मरन्ध्र को प्राप्त होता है। और ब्रह्मरन्ध्र में गया हुआ प्राण जब पच्चीस पल तक स्थित रहे उसको प्रत्याहार कहते हैं। ऐसे ही धारणा भी है। और जब छः घड़ी तक स्थिर रहे, तब ध्यान होता है। और बारह दिन तक स्थिर रहे, तब ध्यान होता है।

प्राणायाम के अभ्यास से जो पसीना हो, उसे शरीर पर तैल की तरह मालिश करे। उस मालिश के होने से शरीर में दृढ़ता—अर्थात् पराक्रम बढ़ता है, शरीर नरम होता है और जड़ता दूर होती है।

जो मनुष्य इस प्राणायाम को करे, वह पहले ऊपर लिखे हुए जो तीन बन्ध हैं उनका अभ्यास करे; क्योंकि जो बिना बन्ध के अभ्यास करेगा, उसके बल वीर्य की हानि होगी, और श्वास-कासादिक की बीमारी भी। इसलिये बन्ध-पूर्वक प्राणायाम करे।

### बन्ध लगाने की रीति

बन्ध लगाने की रीति इस प्रकार है कि जिस समय में पूरक करे, उस समय से ही मूलबन्ध को लगावे। अथवा पूरक के अन्त और कुम्भक के आदि में अवश्य करके मूलबन्ध को लगावे और अर्द्धकुम्भक में जालन्धर

---

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ८६–६ श्वासोश्वास | = | १ पल | = | २५ सेकंड |
| ६० पल | = | १ घड़ी | = | २४ मिनिट |
| २॥ घड़ी | = | ६० मिनिट | = | १ घण्टा |
| ६० घड़ी | = | एक दिन रात | = | २४ घण्टे |
| ६० विपल | = | एक पल | = | २४ मिनिट |
| १ महूर्त | = | २ घड़ी | = | ४८ मिनिट |

वन्ध को लगावे। कुम्भक का अन्त और रेचक की आदि में उड्डियान वन्ध लगावे।

जो इन वन्धों में से कोई एक भी वन्ध को न लगावेगा, उसकी अनेक तरह बीमारी की उत्पत्ति होगी। परन्तु हमारा अनुभव ऐसा भी है कि यदि जालन्धर बन्ध न लगावे तो उसमें कोई हानि न होगी, परन्तु मूलबन्ध और उड्डियान वन्ध यत्न पूर्वक अवश्य ही लगावे।

इस प्राणायाम के लिये हमने तीन काल लिखे हैं। परन्तु रात के बारह बजे का चौथा काल भी लिया जाता है। इसलिये चारों काल की संख्या के तीन सौ बीस प्राणायाम होते हैं।

यहां पर हम इतना बता देना आवश्यक समझते हैं कि पूरक कुछ शीघ्रता से भी करेगा तो उसको किसी प्रकार की हानि न होगी। परन्तु रेचक करने में यदि शीघ्रता करेगा तो वायु रोमों द्वारा निकलकर कुष्ठादि रोगों को उत्पन्न करेगी। जैसे वन्धा हुआ हाथी रस्सी आदि टुटने से अथवा शृखला आदि खोलने से भागता है, और अनेक तरह के उपद्रव करता है। वैसे ही कुंभक की रुकी हुई वायु शीघ्रता से रेचक करने से उपद्रव करती है। इसलिये प्राणायाम करने वाले को यत्न-पूर्वक धीरज के साथ सब काम करना चाहिये।

एक वात और भी बताते हैं कि पूरक में दस अक्षरों का जाप है, कुम्भक में सोलह अक्षरों का जाप है और रेचक में भी दस अक्षरों का जाप है। जाप में कोई तो 'प्रणव' (ओंकार) का स्मरण करता है और कोई' 'राम'' का, कोई ''सोऽहं'' का, और कोई ''अर्हम्'' का। इस रीति से अपनी-अपनी उपासना वाले अपने-अपने इष्ट अक्षर का जाप बताते हैं, लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं, परन्तु असल भेद नहीं पाते हैं। इसलिये हमारा यह कथन है कि यदि सद्गुरु मिल जाय तो वह कृपा करके आप ही सर्व भेद जिज्ञासु को बतला देगा। कदाचित्त सद्गुरु का संयोग न मिले, और जिज्ञासा हो तो प्रणव (ॐ) का ध्यान करे, सर्व के जाल को परिहरे, क्योंकि इस प्रणव अक्षर में उसके शब्दार्थ जानने वाले सब मतावलम्बी अपने-अपने

इष्ट को मिलाते हैं, और उसकी महिमा सब कोई गाते हैं, परन्तु गाने वाले पन्थवाले इसको उड़ाते हैं, अपने मनःकल्पित शब्द की रटना लगाते हैं, इस ही लिये वह अपना गुरु आदि से जुदा पन्थ चलाते हैं।

इसलिये प्रणव का ध्यान करना ठीक है। इस प्राणायाम के सिद्ध होने से शरीर नीरोग हो जाता है और शरीर नीरोग होने से बुद्धि आदि की प्रकृति स्वच्छ अर्थात् निर्मल रहती है। और प्राणायाम करने वाले की चेष्टा पर अन्य पुरुषों को ओजस्विता प्रतीत होती है। जिसका प्राणायाम अच्छी तरह हो गया है' और चल रहा है, उस मनुष्य को दस्तादि इस प्रकार होगा कि जैसे बन्दूक से गोली निकलती है लेपादि न लगेगा और जिसका प्राणायाम बिगड़े अथवा कमी होय तो उसके पेट में से दस्त में बकरी की सी मेंगनी जाती है, और दुर्गन्धि भी हो जाती है। इसलिये जो प्राणायाम की रीति लिखी है, उस रीति से साधन करे तो यथावत् फल मिलेगा, योगाभ्यास में चित्त चलेगा। इस रीति से प्राणायाम का किंचित भेद दिखाया, जिन्होंने इसका अभ्यास किया उन्होंने ही इसका फल पाया और इसकी साधना से अध्यात्म पद पाया है।

अब हम इस प्रणायाम के अनन्तर जो कहेंगे, वह सब ध्यान और समाधि के मतलब की बात होगी। यहां तक ध्यान और समाधि के पूर्व-कारण बताये गये, क्योंकि आसनों से लेकर प्राणाययाम-पर्यन्त जो बातें लिख आये हैं वे आत्म-धर्म नहीं, किन्तु आत्मधर्म-साधन के पूर्व-कारण हैं।

इन बातों को जो कोई अज्ञानी धर्म जानकर ग्रहण करेगा अथवा ऊपर लिखी बातों को धर्म जानेगा, उस पुरुष को आत्म स्वरूप न मिलेगा, जन्म-मरण में ही वह पिलेगा, कर्म-बन्धन से न टलेगा। अब चक्रों का स्वरूप बतलाते है।

### चक्रों का नाम

१ मूलाधार, २ स्वाधिष्ठान, ३ मणिपूरक, ४ अनहद, ५ विशुद्ध, ६ आज्ञा, ७ सहस्रदल।

## १ मूलाधार चक्र का वर्णन

इसका प्रकार यह है, कि गुदा से दो अंगुल ऊपर मूलाधार चक्र है, इसको गणेश चक्र भी कहते हैं। इसकी चार पंखड़ियां हैं। इस चक्र का रंग लाल है—जैसे सूर्य के उदय वा अस्त के समय बादल लाल होता है, इस तरह का इसका रंग है और उन चारों पंखड़ियों के ऊपर ये चार अक्षर हैं;—वं, शं, षं, सं। ये चारों पंखड़ियों में इस कदर दमकते हैं कि जैसे अंगूठी आदि में नगीना लगने से वह दमकता है।

इस मूलाधार के पास में कन्द है। वह कन्द चार अंगुल विस्तार वाला है। सो मूलाधार से दो अंगुल ऊंचा, और लिंग चक्र से एक अंगुल नीचा और चार अंगुल विस्तार वाला है, तथा अण्डे के समान गोल आकार वाला है, एवं गुदा ऊपर मेड़्रें अर्थात् कन्द के पास बीच में योनि है उसका त्रिकोण आकार है। यह पश्चिम-मुखी है—अर्थात् पीछे को मुख है। बंकनाल अथवा उर्द्धव गमन उसी में होकर है।

### कुण्डलिनी नाड़ी

उसी स्थान में सर्वदा कुण्डिलिनी की स्थिति है। यह कुण्डलिनी, सब नाड़ियों को घेरकर साढ़े तीन आंटे (फेर) देकर कुटिल आकृति से अपने मुख में पूंछ को दबाकर सुषुम्ना विवर में स्थित है और सर्प के सदृश है तथा बालक के केश से भी सूक्ष्म और तप्त किये हुए सुवर्ण के सदृश देदीप्यमान है।

और लाल रंग का काम-बीज उसके सिर पर घूमता है। जिस स्थान में कुण्डली स्थित है, उसी स्थान में काम बीज के साथ सुषुम्ना नाड़ी भी स्थित है और शरीर में भ्रमण करती है। कभी ऊर्ध्वगामिनी, कभी अधोगामिनी और कभी जल में प्रवेश करने वाली है।

इसको जगाने की रीति, और कुछ नाड़ियों का वर्णन करेंगे। इस जगह प्रसंगवश किंचित् चिन्ह बताया है, इस देदीप्यमान काम-बीज सहित मूलाधार चक्र का ध्यान करने वाले पुरुष को बारह महीने के भीतर जो शास्त्र कभी श्रवण नहीं किये हैं उन शास्त्रों के रहस्य-सहित भावार्थ समझने की शक्ति

उत्पन्न हो जाती है, क्योंकि जो जिस भाषा में अक्षर बांचना जानेगा, उस भाषा का ग्रन्थ कैसा ही क्लिष्ट (कठिन) क्यों न हो उसके बांचने की और समझनेकी शक्ति हो जायगी। कदाचित् अक्षर न पढ़ सके तो दूसरे से श्रवण करके कर्ता के अभिप्राय को ठीक-ठीक समझ सकेगा और कुछ दिन पर्यन्त निरन्तर इसका ध्यान करे तो उसके सामने सरस्वती नृत्य करती है और कवितादि निर्द्वन्द्वता से करता है।

### २ स्वाधिष्ठान चक्र का वर्णन

इस स्वाधिष्ठान चक्र की लिंग के मूल में छः पांखड़ी हैं। उनके ऊपर ये छः अक्षर हैं;—वं, भं, मं, यं, रं, लं। इन्हीं अक्षरों से पांखड़ी शोभायमान है, और इसका रक्त वर्ण है जो कुछ पीला सा झलकता है। शरत्पूर्णिमा के सर्वकला-पूर्ण चन्द्रमा की तरह सफेद वर्ण का चमकीला (बं) बीज सहित जो कोई इस चक्र का ध्यान करे, उसको कविता करने की शक्ति होगी, और सुषुम्ना नाड़ी चलाने की शक्ति को प्राप्त होकर नाद को श्रवण करता हुआ आनन्द को प्राप्त होगा।

### ३ मणिपूरक चक्र का वर्णन

यह पद्म नाभि की जड़ में है, सुवर्ण के सदृश दस पांखड़ी करके संयुक्त और दसों पांखड़ियों के ऊपर "डं, ढं, णं, तं, थं, दं, धं, नं, पं, फं, ये दस अक्षर हैं। इन अक्षरों से संयुक्त, शोभायमान, देखने वाले को आनन्द देने वाला, सूर्य के समान वह्नि बीज है, और उसके आगे स्वस्तिक (साथिया) है, इस अग्नि बीज का सूर्य के समान प्रकाश है। इस मणिपूरक चक्र का बीज-सहित जो कोई पुरुष ध्यान करता है, उसको सुवर्ण आदि सिद्धि करने की शक्ति हो जाती है, और देवताओं के दर्शन होना सुलभ हो जाता है।

### ४ हृदय कमल-अनहद चक्र का वर्णन

यह अनहद नामक कमल बारह पांखड़ी का है, और बारह अक्षर करके संयुक्त है। वे अक्षर ये हैं—कं, खं, गं, घं, ङं, चं, छं, जं, झं, ञं, टं, ठं। इस पद्म का लाल वर्ण है, और इसका वायु बीज है। इसकी पांखड़ी (कली) के बीच में बिजली के समान चमकती हुई त्रिकोणी एक शक्ति है,

उसके बीच में सुवर्ण के समान एक कल्याण रूप लिंग-अर्थात् स्वस्वरूप अनेक अक्षरों करके संयुक्त त्रैलोक्य स्वामी, निर्वाणी, निरंजन, अनाथों का नाथ, साक्षात् विराजमान दर्शन देता है। इसके मस्तक के ऊपर छिदी हुई मणि चमकती है, उसको साक्षात् उस कल्याण-रूप मूर्ति का दर्शन होता है और नाना प्रकार की सिद्धियां और ज्ञानादि उत्पन्न होते हैं।

सो इसकी पूर्ण विधि तो नाड़ियों का वर्णन और शक्ति-संचार का वर्णन करने के वाद मानसिक पूजन में कहेंगे। परन्तु इस जगह तो उस कल्याण रूप-मूर्ति देखने के वास्ते परमत' और स्वमत वाले वहुत कुछ कह गये हैं; जिसमें स्वमत वालों का किंचित हाल सुनाते हैं। श्री आनन्दघनजी महाराज अपनी 'वहत्तरी' में कहते हैं कि;—

"आशा मारी आसन घर घट में, अजपा जाप जपावे ।
आनन्दघन चेतनमय मूरति, नाथ निरंजन पावे ।।१।।"

ज्ञानसारजी में भी वे कहते हैं;—

"हृदय कमल किरण के भीतर, आत्म रूप प्रकाशे ।
वाको छोड़ दूरतर खोजे, अन्धा जगत् खुलाशे ।।१।।

इस वास्ते जो कोई आत्मार्थी होगा, वह ही इन बातों को जानेगा और करेगा।

### ५ विशुद्ध चक्र का वर्णन

इस विशुद्ध चक्र का स्थान कण्ठ में है, और इस पद्म की सोलह पांखड़ी (कली) हैं, तथा इन सोलह पांखड़ियों पर सोलह अक्षर हैं वे ये हैं;—

अं, आं, इं, ईं, उं, ऊं, ऋं, ॠं, लृं, ॡं, एं, ऐं, ओं, औं, अं, अः। इन अक्षरों करके संयुक्त यह चक्र स्वर्ण के समान चमकता है। परन्तु पद्म का रंग धूंए का सा है, और इसका आकाश बीज है। जो कोई पुरुष बीज-सहित विशुद्ध चक्र का ध्यान करेगा, वह पण्डित और योगियों में शिरोमणि और सर्व शास्त्रों के रहस्य को जानने वाला होगा, एवं अनेक तरह की लब्धियां हो जायेंगी, तथा मन की चंचलता भी मिट जायगी।

### ६ आज्ञा चक्र का वर्णन

यह आज्ञा चक्र नामक पद्म भृकुटि स्थान में है, और इस पद्म की दो पांखड़ी (कली) हैं और चन्द्रमा के समान उज्ज्वल शोभायमान है। उन दोनों पांखड़ियों पर, 'हं क्षं' ये दो अक्षर हैं।

इस पद्म का श्वेत वर्ण है, और शरद पूर्णिमा के चन्द्रमा के सदृश देदीप्यमान, परम तेजस्वी' चन्द्रबीज-अर्थात् (ठं) विराजमान है। इस बीज के साथ उक्त पद्म का जो कोई ध्यान करे वह जो इच्छा करे वही उसको प्राप्त होता है और जो कोई इस पद्म का निरन्तर ध्यान करे उसको पहले तो दीप का सा धूम्राकार (धुधला) सा प्रकाश मालूम होता है; फिर सूर्य का सा प्रकाश हो जाता है। पश्चात् परमानन्द-मय होकर मन की चंचलता मिटाकर आत्म-समाधि में प्राप्त होता है।

इन छः चक्रों का वर्णन तो बहुत पुस्तकों में है, परन्तु सातवें सहस्र दल कमल का गुरु गमता से प्राप्त वर्णन दिखाते हैं।

### ७—सहस्र-दल कमल चक्र का वर्णन

यह सहस्र-दल कमल नाम का पद्म कपाल में है और इसकी हजार पांखड़ी (कली) हैं। कितने ही मनुष्य इसको कोरी कल्पना ही कहते हैं। परन्तु गुरुगम से इसका यथावत् हाल मालूम होता है और जो कुल चक्रों को भेदकर इसमें आकर स्थिति करे वह जड़ समाधि का भेद और जो इसका ध्यान करे वह आज्ञाचक्र, और अनहद चक्र इन दोनों को छोड़कर बाकी चक्रों की प्राप्ति कर सकता है। परन्तु यह अनुमान सिद्धि है। मुख्यता करके इस पद्म से जड़ समाधि वालों का प्रयोजन है।

इस रीति से षट् चक्र का ध्यान लिखा और सातवें का प्रयोजन बताया है, अब नाड़ियों का किंचित् वर्णन करते हैं।

### नाड़ियों का वर्णन

नाडियों का विस्तार तो तन्दूलबयालिया सूत्र में वर्णित है और अन्य मतावलम्बी कुल शरीर में ७२००० हज़ार नाड़ी मानते हैं, और वे अहोरात्र के इक्कीस हज़ार छः सौ (२१६००) श्वास-प्रश्वास मानते हैं। परन्तु यह

मानना ठीक नहीं हो सकता। सर्वज्ञ मतावलम्बी 'तन्दूलवयालिया सूत्र' में करोड़ों नाड़ियां शरीर में कही है। परन्तु साढ़े तीन करोड़ रोमावली सर्व मतावलम्बी अंगीकार करते हैं, सो यह सब सूक्ष्म नाड़ियों के भेद हैं।

और वज्रऋषभनाराच आदि जो संघयण गिनाएं हैं सो नाड़ियों के बंध हैं। इसको यदि 'तन्दूलवयालीया' सूत्र के अनुसार लिखें तो एक ग्रंथ पृथक् ही बन जाए। इसलिए जो मुख्य बातें हैं उन्हीं को गिनाते हैं कि छांटते-छांटते अन्त में मुख्य चौबीस ही नाड़ियां हैं। नाभी के पास में जो कन्द है, उसमें से दस नाड़ियां ऊपर को गई हैं। वे जड़ में से दो-दो मिली हुई निकली हैं। सो उसमें भी चार नाड़ी जुड़ी हुई आगे से फटकर और एक बिलकुल अलग हैं। ये पांच नाड़ियां डाबी तरफ से जीमणी तरफ और इसी तरह दूसरी पांच नाड़ियां जीमनी तरफ से डाबी तरफ ऊपर को गई हैं। इस माफिक दस नाड़ियां नीचे गई हैं। और दो-दो नाड़ी दोनों तरफ तिरछी (तिर्यक्) गई हैं। इस रीति से चौबीस नाड़ियों का वर्णन किया।

इसमें भी दस नाड़ी मुख्य हैं। कितने ही मतावलम्बी इनको दस वायु भी बताते हैं। प्राण अपानादि दश प्राण पृथक् हैं और दश नाड़ियां मुख्यता करके दशों द्वार में रहती हैं।

और जिससे ये नाड़ियां बल खींचती हैं, उसी को ऊपर लिखी दस वायु ठहराते हैं। इन दस नाड़ियों के निर्बल होने से इन्द्रियादि भी निर्बल हो जाती हैं, क्योंकि यह अनुभव की बात है कि जन्म के बाद अन्धा, काना, बहरा हो जाना या नासिका का गंध ग्रहण शक्ति क न रहना, इसी प्रकार जिह्वा का स्वाद कम हो जाना, यह सब नाड़ियों का खेल है।

इस प्रकार नाड़ियों के अनेक विचार हैं। परन्तु हमको तो इस जगह समाधि-प्रभृति योग का वर्णन करना है। इसलिए जिन नाड़ियों से मुख्य प्रयोजन है उन्हीं का वर्णन करते हैं।

इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना, गांधारी, हस्तिजिह्वा, पूषा, यशस्विनी, अलम्बुषा, कुहू, शंखिनी, ये दस मुख्य नाड़ियों के नाम हैं और भी दो चार नाड़ियां योगियों के देखने की हैं वह भी इनके बीच में कहेंगे।

## नाड़ियों की उत्पत्ति

यह इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना नाम वाली नाड़ियां तो आज्ञा-चक्र से उत्पन्न हुई हैं और सहस्र दल कमल के पास में होकर मेरु के बराबर में होती हुई पश्चिम मुख से निकलकर गुह्य स्थान में होकर कन्द को भेद कर नाभि में जो कंद है उसमें मिल गई हैं। फिर आगे को नासा द्वारा अन्य चक्रों को भेदन करती हुई निकलती हैं।

और गुह्यद्वार से ऊपर जो मूलाधार चक्र है उसमें व्याप्त सुषुम्ना नाड़ी के बीच में लिंग देश से निकलकर सिर तक पहुंची हुई वज्र-नाम की एक नाड़ी है वह देदीप्यमान चमकने वाली है। यह नाड़ी योगीश्वरों को ध्यान में प्रतीत होती है, जो मकड़ी के तार से भी सूक्ष्म है और सुषुम्ना नाड़ी उक्त छओं पद्मों की नाल को भेद कर गई है। वैसे ही चित्रनाड़ी भी उसी छिद्र से ऊपर को चली गई है और इसी के बीच में एक ब्रह्मनाड़ी बिजली के समान देदीप्यमान है और वह नाड़ी सुषुम्ना से भी मोहनीय स्वरूप वाली है। जिनको शुद्ध ज्ञान प्राप्त हुआ है और जिनका आचरण शुद्ध है उनके देखने में यह नाड़ी ठीक-ठीक आती है, न कि प्रत्येक मनुष्य इसको देख सकता है।

## कुण्डली चलाने का उपाय

इस कुण्डली के, कुण्डलिनी, नागन, बालरण्डा, शक्ति आदि कई नाम हैं। यह कुण्डलिनी नामक नाड़ी सब नाड़ियों के ऊपर स्थित होकर मणि-पूरक चक्र कर्णिका में आवृत करके ब्रह्मरन्ध्र के द्वार को रोक कर सर्वदा रहती है और सुषुम्ना को नहीं जाने देती है। इसलिए प्राण-वायु और अपान-वायु को धोंकने वाला—अर्थात् उत्तेजित् करने वाला जो पुरुष है वह उस प्राण और अपान वायु की एकता से उत्तेजित हुई जो अग्नि उससे जागृत होकर मन और प्राणवायु सहित सुषुम्ना को सूची तंतु न्याय से ऊपर ले जाता है। जैसे सूई में तंतु (धागा) पोया हुआ हो तो वह सुई कपड़े के अनेक सूतों को भेदकर तंतु-सहित ऊपर को निकल जाती है वैसे ही वह करने वाला पुरुष मन और प्राण वायु के साथ सुषुम्ना नाड़ी को ऊपर ले

जाकर आनन्द को प्राप्त होता है।

अथवा सोते हुए सर्प के समान कुण्डली नाड़ी है। उसको जागृत करने के वास्ते पहले अपानवायु और प्राणवायु से विधिपूर्वक बीच की अग्नि के स्वरूप को तेज करे। अग्नि की तेजी से उसे जगाकर जैसे अति वेग से चलता हुआ सर्प समान गति को छोड़कर कुटिल गति से जाता है, वैसे ही करने वाला ज्योतिमयस्वरूप होकर सुषुम्ना मार्ग से लय हो जाता है।

जैसे ताले में कुंजी लगाने से ताला खुलकर कपाट (किवाड़) खुल जाते हैं वैसे ही कुण्डली करके सुषुम्ना रूप कुंजी (ताली) से आत्म-स्वरूप कपाट खुल जाता है।

## दूसरी रीति से शक्ति-चालनादि का वर्णन

दूसरा प्रकार यह है कि वज्र-आसन लगाकर हाथों से पगों (पैरों) की एड़ी पकड़ कर कंद स्थान को दृढ़ता से पीड़न करे और उस वक्त में वज्रासन से ही धोंकनी-कुम्भक करके वायु को प्रचलित करे, उस वायु के प्रचलित होने से अग्नि प्रज्वलित होती है, उस प्रज्वलित अग्नि की गर्मी से वह बाल-रंडा मुख फाड़ देती है। उस समय भी सुषुम्ना करके योगश्वर अपने स्वरूप का आनन्द पाता है।

अथवा, नाभि स्थान में सूर्य नाड़ी को आकुंचन कर कुंडली को चलावे, या चार घड़ी पर्यन्त निर्भय होकर शक्ति चालन करे तो कुंडली कुछ सुषुम्ना में ऊपर को उठे तब प्राणवायु आप ही सुषुम्ना में प्रवेश कर जाती है।

इस शक्ति के चलाने में नौली-चक्र जौर भस्त्रिका, कुम्भक और महामुद्रा ये तीनों बहुत उपयोगी है। जो पुरुष इनका विशेष रूप से अभ्यास करेगा वही इस बालरंडा को जगाकर सुषुम्ना के संग होकर अपने आत्मस्वरूप आनन्द को प्राप्त करेगा। परन्तु ये सब बातें वायु के साधन से होती हैं। इसलिए वायु के नाम दिखाते हैं :—१ प्राण २ अपान ३ समान ४ उदान ५ व्यान ६ नाग ७ कूर्म ८ कृकल ९ देवदत्त १० धनंजय। ये दस वायु सर्व शरीर में रहती हैं।

### वायुओं का स्थान

प्राणवायु हृदय में रहती है और श्वास-प्रश्वास को बाहर-भीतर निकालती है और जठराग्नि से अन्न पानादि को परिपक्व करती है। अपानवायु मूलाधार से मल-मूत्र को बाहर निकालती है। समान वायु नाभि में रहकर सब नाड़ियों को यथास्थान रखती है। उदान वायु कण्ठ में रहकर शरीर की वृद्धि करती है। व्यानवायु सर्व शरीर में व्याप्त है। वह लेना छोड़ना (आदान-उत्सर्ग धर्म) करती है। नागवायु उद्गार अर्थात् डकार कराती है कूर्मवायु नेत्रों के पलकों को ऊपर-नीचे लाती है। कृकल वायु नासिका से छींक कराती है। देवदत्त वायु जंभाई (जृम्भा) कराती हे। धनंजय सर्वशरीर में रहती है। इनको दश प्राण भी कहते हैं। परन्तु मुख्यता जो कुछ है वह श्वास-प्रश्वास की है। जो कुछ काम जगत में हो रहा है वह सब इसकी कृपा है।

इस आर्यावर्त से कितने ही मनुष्यों ने योगाभ्यास का भेद पाया है। अरबस्थान वाले मुसलमानों ने यहां से योगाभ्यास को पाकर इसका नाम अपने संकेत में (हबसेदम) रख लिया है; और अंग्रेज लोग 'मैस्मेरिज़म' कहते हैं। ये सब खेल मन-वायु के साथ होने से यथावत् सिद्ध होता है। क्योंकि मन-वायु की एकता होगी, तब चित्त को एकाग्र कर जिस काम में लगावेगा, उस कार्य में अवश्य प्रवृत्त होगा। क्योंकि चित्तवृत्ति का निरोध ही योग है ऐसा पतंजलिने योग-दर्शन में लिखा है "योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः ॥२॥" इसका अर्थ यह है कि 'युज्यतेऽसौ योगः' जो युक्त किया जाय उसको योग कहते हैं। 'चित्तवृत्तिनिरोधः, चित्तस्य वृत्तयः चित्तवृत्तयः चित्तवृत्तीनां निरोध इति चित्तवृत्तिनिरोधः' चित्त की वृत्तियों को रोकने को—चित्त की वृत्तियों के निरोध को—योग कहते हैं।

इसलिए इस जगह मन का ठहराना अवश्य ही है। जब तक मन की चंचलता न मिटेगी तब तक योगाभ्यास या और कार्य नहीं हो सकता है।

इसलिए प्रसंगवश मन ठहराने का दृष्टान्त दिखाते हैं, जिसका बुद्धिमान् पुरुष बुद्धि से विचार करें। वह दृष्टान्त इस तरह है—

## मन ठहराने पर एक दृष्टान्त

एक ब्राह्मण अन्न मांग कर खाता था। उसके पास में और कुछ नहीं था। वह ब्राह्मण प्रतिदिन जंगल में दिशा (पाखाना) फिरने जाता था। वहां से उठकर एक आक के वृक्ष के नीचे आकर जो कुछ पानी हाथ धोने से बचता वह आक के पेड़ के ऊपर डाल देता और उस जगह लोटा शुद्धकर आप हाथ साफ कर चला जाता था। इस रीति से पानी डालते-डालते चिर-काल हो गया। उस ब्राह्मण के एक कन्या थी। वह विवाह के योग्य हुई थी, परन्तु उस ब्राह्मण के पास इतना धन नहीं था कि अपनी पुत्री का विवाह कर सकता।

एक दिन उस कन्या को बड़ी हुई देखकर वह चिन्तित होता हुआ दिशा फिरने के लिए गया और उस स्थान पर विचारने लगा कि हाय! मेरी बेटी इतनी बड़ी हो गई और मेरे पास एक पैसा नहीं, इसका विवाह किस प्रकार करूंगा? यह विचार करते-करते अपनी गुदा को धोने लगा तो धोते-धोते जितना पानी लोटे में था वह सब गिरा दिया और वहां से उठकर जिस आक के वृक्ष के समीप सदा लोटा मांजता था, वहीं मांजने लगा। परन्तु जल न बचने से उस आक पर पानी नहीं डाला। तब उस आक के वृक्ष पर रहने वाला एक भूत बोला, अरे विप्र! मुझको सदा जल पिलाता था, आज क्यों न पिलाया? उस समय ब्राह्मण बोला कि अरे भाई तू कौन है? जब उसने जवाब दिया कि मैं इस जगह का रहने वाला भूत हूं। तब ब्राह्मण बोला, मैंने तुझको इतने दिन पानी पिलाया, उसका फल आज तक कुछ न पाया। तब वह भूत कहने लगा, तुझे क्या चाहिए? उस समय वह ब्राह्मण कहने लगा कि मेरी बेटी विवाह के योग्य हो गई है और मेरे पास कोई द्रव्य नहीं है, क्योंकि मैं भिक्षा मांगकर खाता हूं और भिक्षा भी उतनी ही लाता हूं, कि जितनी से मेरा पेट भरे, इसलिए मेरे पास धन एकत्र नहीं हुआ और बिना धन के कन्या का विवाह कैसे कर सकता हूं? इस चिन्ता में तुझको जल न मिला।

इस वचन को सुनकर भूत कहने लगा कि हे विप्र ! तू किसी प्रकार सोच न कर। मैं तेरे वास्ते पांच हज़ार रुपये का उपाय करता हूं, बन्दर रूप धरता हूं, तेरे साथ चलता हूं, परन्तु तू अपने मुख से मेरी कीमत न कहना। जो कोई तुझसे पूछे तो कहना कि यह बन्दर अपनी कीमत कह देगा। इतना कहकर वह भूत बन्दर बन गया, और ब्राह्मण के साथ बातें करता हुआ नगर में पहुंचा तब वह ब्राह्मण जहां सेठ साहूकारों की दुकानें थीं, वहां उसको ले गया।

अब जो कोई साहूकार उस बन्दर की बातें सुनता वही उसको लेने के लिए तैयार होने लगता। जब यह बन्दर अपनी बात को प्रगट करता, तब उसे सुनकर सब चुप हो जाते और बन्दर को मोल न ले सके थे।

इस रीति से वह ब्राह्मण घूमता-घूमता एक बड़े सेठ के पास पहुंचा, जो कि उस नगरी में सबसे बड़ा था और जिसकी देश देशान्तरों में जगह-जगह पर दुकानें थीं। उस जगह वह बन्दर नाना प्रकार की अच्छी-अच्छी बातें करने लगा। वह साहूकार उस बन्दर की बातें सुनकर खुश हुआ और ब्राह्मण से पूछा कि तुम इसको बेचते हो ? तब ब्राह्मण बोला, कि हां, बेचता हूं। तब सेठ ने कहा कि इसकी कीमत क्या है ? तब ब्राह्मण ने जवाब दिया कि, कीमत इस बन्दर ही से पूछ लो। तब सेठ ने बंदर को पूछा कि हे बंदर ! तेरी क्या कीमत है ? तब बंदर बोला कि सेठजी पहले मेरे से एक बात की प्रतिज्ञा कर लो तो पीछे मैं अपनी कीमत कहूंगा। तब सेठ बोला कि तू किस बात की प्रतिज्ञा कराना चाहता है ? तब वह बंदर बोला मैं बेकाम नहीं बैठूंगा, निरन्तर काम करता रहूंगा, यदि तुम मुझको काम न बताओगे तो मैं तुम्हारा भक्षण कर लूंगा। पहले इस बात की प्रतिज्ञा करो तो मैं अपनी कीमत आपको बताऊंगा। इस बात को सुनकर सेठ ने विचार किया कि मेरे यहां सैंकड़ों हज़ारों आदमी काम करते हैं, तो यह अकेला बिचारा बंदर कितना कार्य करेगा, इसको बैठने को कब फुर्सत मिलेगी ? इतना विचार करके हंसा और कहने लगा, कि हे बंदर ! मैंने तेरी बात स्वीकार की, अब अपनी कीमत कह दे। तब वह बंदर कहने

लगा कि पांच हज़ार रुपया इस ब्राह्मण को दे दो, मैं तुम्हारा हो चुका। उसी समय सेठ ने उस ब्राह्मण को पांच हज़ार रुपया देकर विदा किया।

जब सेठ उस बंदर से काम कराने लगा तब बंदर भी आज्ञा के अनुसार चलने लगा, तत्काल उस काम को करके आने लगा और दूसरे काम की इजाज़त मांगने लगा। इस प्रकार सेठजी ने दो तीन दिन काम चलाया।

परन्तु अन्त में परेशान होकर अपने चित्त में विचारने लगा, कि मैंने बन्दर क्या मोल लिया अपना काल मोल लिया। इस प्रकार विचार करता हुआ उस बन्दर को बैठा कर अपने घर चला गया और घर में बैठ कर अपना प्राण बचाने का विचार करने लगा, कि इस बन्दर से प्राण कैसे बचाऊं, किस जगह जाऊं, क्या उपाय लगाऊं इत्यादि सोच में बैठा हुआ विचार कर रहा था।

उसी समय कोई ज्ञानी गुरु परोपकारी भिक्षा के वास्ते भ्रमण करते हुए उसके घर चले आये, और उस सेठ को देखकर कहने लगे कि हे देवानुप्रिय! ऐसी तुझको क्या चिन्ता है जो उग्र सोच में बैठा हुआ है?

तब वह सेठ खड़ा होकर गुरु महाराज को प्रणाम करके प्रार्थना करने लगा, कि हे स्वामिन्! मैंने एक बन्दर मोल लिया था, वह बन्दर इतना चंचल और ऐसी मीठी-मीठी बातें करता था, कि उसको देखते ही मेरा चित्त उस पर मोहित हो गया। तब मैंने उसके मालिक से कीमत पूछी। उस समय बन्दर बेचने वाला कहने लगा, कि मैं इसकी कीमत नहीं कह सकता। यदि तुमको लेना हो तो इसी बन्दर से ही पूछो, यह बन्दर आप अपनी कीमत कहेगा। जब मैंने बन्दर से कीमत पूछी, कि तेरी क्या कीमत है? उस समय वह बन्दर कहने लगा कि हे सेठ! पहले मेरी एक बात की प्रतिज्ञा करो, उसके बाद कीमत पूछना। जब मैंने कहा कि हे बन्दर? किस बात का इकरार कराता है? तब बन्दर कहने लगा कि काम सदा करता रहूंगा, कभी निकम्मा न रहूंना, जो तुम मुझको काम न बताओगे, तो मैं तुम्हारा भक्षण कर लूंगा। पहले इस प्रतिज्ञा को मंजूर करो तो मैं अपनी कीमत कहूं। जब मैंने इस बात को सुना, तब दिल में सोचा कि मेरे यहां हज़ारों

मनुष्य काम करते हैं, इस बेचारे को निकम्मा रहने का कब समय मिलेगा ? ऐसा विचार कर उससे कहा कि मैंने तेरी प्रतिज्ञा स्वीकृत की, अब तू अपनी कीमत कह । तब उसने अपनी कीमत कही, मैंने उसके कहने के अनुसार उसके मालिक को कीमत देकर बन्दर को मोल ले लिया । उसको जो-जो काम बताया, सो वह तत्काल कर लाया, इस रीति से दो चार दिन में काम बताता रहा, जब कि वह हर एक काम को करने लगा, तब मैं उसके काम को देखकर घबराया, कि मैं इससे जिस काम को कहता हूं उसको तत्काल ही कर लाता है । इसको मैं क्या काम बताऊं ? जब मैंने उसके करने के योग्य कोई काम न देखा तब उस बन्दर को दुकान पर छोड़कर घर पर चला आया । जो मैं दुकान पर जाऊं, और उसको काम न बताऊं तो वह मुझे खा जायेगा । इस सोच में बैठा हूं, सो हे भगवन् ! उस बन्दर से मुझ को प्राण बचाना कठिन हो गया है ।

इस बात को सुनकर गुरु महाराज कहने लगे, कि हे देवानुप्रिय ! वह बन्दर नहीं हैं, किन्तु भूत है, उसको काम करने में अथवा आने जाने में देर नहीं लगती । सो हम अब तुझको उपाय बताते हैं, जिससे तू उससे बच जायेगा, जो तू वह उपाय करेगा तो वह बन्दर तेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकेगा । और जो तू न करेगा तो तेरा प्राण उस बन्दर से कदापि न बचेगा ।

उपरोक्त वचनों को सुनकर सेठ के मन को धैर्य हुआ और हाथ जोड़कर विनती करने लगा हे भगवन् । कृपा करके शीघ्र ही ऐसा उपाय बताइये, कि जिससे मैं इसके फन्दे से छूटूं ।

तब गुरु महाराज कहने लगे, कि हे देवानुप्रिय ! तू अपनी दुकान के आगे एक बांस गड़वा दे, और उस बन्दर के गले में जंजीर डालकर उस बांस में अटका कर उस बन्दर को हुक्म दे, कि तू इस बांस पर चढ़ और उतर, यही तुम्हें काम बताया है, और तेरे लिए कोई काम होगा तो शृंखला से जंजीर को खोलकर अपना काम करवा लूंगा । इतना कहकर फिर जंजीर से बांध कर चढ़ना उतरना बता देना । इस उपाय से बन्दर तेरे को नहीं खायेगा, तावेदार बनाही रहेगा । यह दृष्टान्त कहा ।

अब इसका अर्थ उतार कर दिखाते हैं, कि यह मन रूपी बन्दर इस जीव के साथ लगा हुआ है। सो यह कभी स्थिर अर्थात् खाली नहीं बैठता। इस मन रूपी बन्दर के वास्ते जो कोई सद्गुरु मिले, और योग्य समझ कर यथा-वत् आलम्बन रूप बांस का गाड़ना बताकर मन रूपी बन्दर को शृंखला से बांधकर इस बांस पर चढ़ना उतरना बतावे, तो यह मन रूपी बन्दर भव्य जीव के वश में आवे दुर्गति से रुक जावेगा, आत्मा का स्वरूप यथावत् पावेगा, इसमें अनेक प्रकार के चमत्कार दर्शावे, या जो जिज्ञासा वाला चाहना करके लावे वह हो क्योंकि ऊपर लिखे दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिकके अनुसार मैंने कितने मनुष्यों को बतलाया था, और अनुभव भी कराया था, परन्तु जिज्ञासा अर्थात् चाहना बिना आगे को कुछ न पूछा। उतने ही में तृप्त होकर कर्त्तव्य छोड़ बैठे।

सो यह बात जाति कुल के जैनियों के सिवाय और भी कितने ही मता-वलम्बियों को ऊपर लिखे अनुसार बताया, अबलम्बन बताकर उनके मन को ठहराया, परन्तु मैंने उनमें आत्मार्थ न पाया, क्योंकि उन्होंने मेरे को चमत्कार दिखाने को कहा इसलिये मेरा भी चित्त घबराया, अपात्र जानकर जो कुछ बताया उससे भी पछताया, आगे को बताने में मेरा दिल न हुलसाया। क्योंकि शास्त्रों में ऐसा लिखा है, कि जो जिज्ञासु आत्मार्थी विशेष चाहने वाला, शील, संतोष, क्षमादि गुणों करके सहित, विनय-सम्पन्न और श्रद्धा अर्थात् वचन के ऊपर विश्वास करने वाला हो और यदि गुरु परीक्षा के लिए अनेक प्रकार से दुर्वचनादि, ताड़ना, अथवा विपरीत आचरण करके उसके चित्त को विक्षिप्त करे, तो भी वह जिज्ञासु गुरु की चरण-सेवा, भक्ति, विनय, आदि से न्यून न हो, उसको ही वस्तु बताना। सर्वमतावलम्बी इस बात को अंगीकार करते हैं। और अपने-अपने जिज्ञासुओं को इस रीति से सुनाते भी हैं। परन्तु उन जिज्ञासुओं को गुरु वाक्य पर विश्वास न होने से लाभ नहीं होता।

देखो जिस योगी में योगाभ्यास द्वारा मन-वायु को एक करके श्वास बढ़ाना अथवा घटाना ये दोनों प्रकार की शक्तियां हैं, उस पुरुष की

सामर्थ्य है कि जिस जगह चाहे उस जगह पर पहुंच जाये। इस विषय का एक दृष्टान्त दिखाते हैं—

जिस समय स्वामी शंकराचार्य ने मंडन मिश्र को जीतकर संन्यास दिया। उस समय उसकी स्त्री सरसवाणी आकाश में जाती थी, उस समय शंकराचार्य ने उसको रोककर कहा कि तू मुझ से जो प्रश्न करेगी उसका मैं उत्तर दूंगा। उस समय सरसवाणी ने शंकराचार्य का तिरस्कार करने के लिए नायिका के भेद पूछे। इस प्रश्न को सुनकर शंकराचार्य को उत्तर न आया, तब सरसवाणी से छः महीने के वास्ते उत्तर देने की प्रतिज्ञा कर अन्यत्र गया। तब एक नगर में राजा का मृतक देखकर उसके शरीर में प्रवेश कर गया। यह परकाय[८७] (दूसरे के शरीर) में प्रवेश करने का अर्थ यही है कि वे उस मन वायु की एकता करके श्वास के मार्ग से अपने तैजस शरीर को उस राजा के मृतक शरीर में ले गए। यह हाल शंकर-दिग्विजय में लिखा है, वहां से देखो। हमको तो इतना परिचय देना था कि इस मनोवायु की एकता से जो कोई श्वास को बढ़ाकर जो काम करेगा सो सिद्ध कर लेगा।

दूसरा, श्री जैनमत के सिद्धान्तों में भी ऐसा कहा है, कि जो तेतीस सागर

---

८७—**परकाय प्रवेश करने की विधि**—हठ योग में। ब्रह्मरंध्र से निकल कर और परकाय में अपान (गुदा) मार्ग से प्रवेश करे। वहां जाकर नाभि कमल का आश्रय लेकर सुषुम्ना नाड़ी में से होकर हृदय कमल में जाना। वहां जाकर अपनी वायु द्वारा उसके प्राण के प्रचार को रोकना। वह वायु वहां तक रोकना कि वह शरीरधारी देह से चेष्टा रहित होकर नीचे गिर जाये। अन्तर्मुहूर्त में उस देह से विमुक्त होने पर अपनी तरफ से इन्द्रियों की क्रिया प्रगट होने पर योग का जानकार अपने शरीर की तरह उस शरीर से सर्व क्रिया में प्रवृत्ति करे। आधा दिन अथवा एक दिन पर शरीर में क्रीड़ा करके बुद्धिमान पीछे उपर्युक्त विधि से अपने शरीर में वापिस प्रवेश करे। यह परकाय प्रवेश (दूसरे की काया में प्रवेश करना) आत्मा के कल्याण में सर्वथा बाधक है इसलिये मुमुक्षु आत्माओं को इसे न तो महत्व देना चाहिये और नहीं साधन करने की आवश्यकता है।

की आयु वाले देवता हैं, उनको यदि द्रव्यानुयोग के सूक्ष्म सिद्धान्तों में कहीं षड्द्रव्य की चर्चा में संदेह उत्पन्न होवे, तो जिनेन्द्र भगवान् इस क्षेत्र में बैठे हुए ही मन-वायु की एकता से इन देवताओं के संशय दूर कर देते हैं। इस तरह मनवायु की एकता से श्वास का खेल सद्गुरुओं ने बताया है जिसका अनुभव इस चिदानन्द ने भी पाया है।

योगशास्त्र में हेमचन्द्रचार्य ने भी ऐसा लिखा है कि जो मनुष्य मन-वायु की एकता कर लेता है वह मनुष्य हजार कोस पर बैठे हुए मनुष्य के शरीर को अपने श्वास-बल से वश कर डालता है।

हमने इस जगह किंचित् परिचय लिखा है सद्गुरुओं ने अपने जिज्ञासुओं को विशेष कर दिखाया है जो उन गुरुओं ने अनुभव कराया है वह लेखनी से लिखने में नहीं आ सकता, गुंगे को गुड़ खाना बताया, उसने खाकर स्वाद लिया, पर जिह्वा से कहने न पाया, जिसने पाया उसने छिपाया।

जैन सिद्धान्त में पांच प्रकार का शरीर कहा है, जिनके नाम ये हैं—कार्मण, तैजस, औदारिक, वैक्रिय और आहारक। इन पांच प्रकार के शरीरों में चौरासी लक्ष योनियों का समावेश है। इन पांच शरीरों से रहित संसारी जीव तो कोई नहीं है, और जो इन पांच शरीरों से रहित है, वह है सिद्ध भगवान् जो निराकार, निरंजन, ज्योतिस्वरूप, परमात्मा, परब्रह्म, सच्चिदानन्दमय, स्वरूप-भोगी, स्वस्वरूप रमण, अव्याबाध, अनवगाही, अमूर्त, अनाहारी अव्यवहारी, अचल, अविनाशी, अलख-स्वरूप हैं। बाकी कुल जीव इन पांच शरीरों से सहित हैं। वैक्रिय शरीर नरक गति और देवगति वाले का होता है। आहारक शरीर १४ पूर्वधारी मुनि किसी कारण से धारण करता है और औदारिक शरीर सर्व मनुष्य और तिर्यञ्च योनि वालों को मिलता है।

वैक्रियवाले देवों की चार निकाय है—१. भवनपति, २—वानव्यंतर-व्यंतर, ३. ज्योतिषी, ४. वैमानिक। इन चारों निकायों में अनेक जातियां देवताओं की हैं। जैसे मनुष्यों में चार वर्ण छत्तीस कौमें प्रसिद्ध हैं, परन्तु जाति भेद नाना हो रहे हैं, जैसे ब्राह्मणों में पांच गौड़ और पांच द्राविड़,

# पंचम प्रकाश

## प्राणायाम का स्वरूप

यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि, योग के यह आठ अग माने गए है। इनमे से चौथा अग 'प्राणायाम' है। आचार्य पतजलि आदि ने मुक्ति-साधना के लिए प्राणायाम को उपयोगी माना है। परन्तु, मोक्ष के साधन रूप ध्यान मे वह उपयोगी नही है। फिर भी शरीर की नीरोगता और कालज्ञान मे उसकी उपयोगिता है। इस कारण यहाँ उसका वर्णन किया गया है।

प्राणायामस्तत· कैश्चिदाश्रितो ध्यान-सिद्धये।<br>
शक्यो नेतरथा कर्त्तु मन·पवन-निर्जय ॥ १ ॥

मुख और नासिका के अन्दर सचार करने वाला वायु 'प्राण' कहलाता है। उसके सचार का निरोध करना 'प्राणायाम' है। आसनो का अभ्यास करने के पश्चात् किन्ही-किन्ही आचार्यों ने ध्यान की सिद्धि के लिए प्राणायाम को उपयोगी माना है, क्योकि प्राणायाम के बिना मन और पवन जीता नही जा सकता।

## प्राणायाम से मनोजय

मनो यत्र मरुत्तत्र मरुद्यत्र मनस्तत ।<br>
अतस्तुल्य-क्रियावेतौ संवीतौ क्षीर-नीरवत् ॥ २ ॥

जहाँ मन है, वहाँ पवन है और जहाँ पवन है, वहाँ मन है। अतः

समान क्रिया वाले मन और पवन—क्षीर-नीर की भाँति आपस मे मिले हुए हैं।

एकस्य नाशेऽन्यस्य स्यान्नाशो वृत्तौ च वर्तनम् ।
ध्वस्तयोरिन्द्रियमति ध्वसान्मोक्षश्च जायते ॥ ३ ॥

मन और पवन मे से एक का नाश होने पर दूसरे का नाश होता है और एक की प्रवृत्ति होने पर दूसरे की प्रवृत्ति होती है। जब इन दोनो का नाश हो जाता है, तब इन्द्रिय और बुद्धि के व्यापार का भी नाश हो जाता है और इनके व्यापार का नाश हो जाने से मोक्ष लाभ होता है।

**टिप्पण**—जब जीव शरीर का त्याग करके चला जाता है, तब मन और पवन का नाश हो जाता है और इन्द्रिय तथा विचार की प्रवृत्ति भी बन्द हो जाती है। परन्तु, यहाँ उस प्रवृत्ति के बन्द होने से प्रयोजन नही है, क्योकि उससे मोक्ष नही होता। आत्मिक उपयोग की पूर्ण जागृति होने पर मन और पवन की प्रवृत्ति बन्द हो जाए और उसके फलस्वरूप इन्द्रिय तथा बुद्धि की प्रवृत्ति बन्द हो जाए, तब मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## प्राणायाम का लक्षण और भेद

प्राणायामो गतिच्छेद श्वासप्रश्वासयोर्मत ।
रेचक पूरकश्चैव कुम्भकश्चेति स त्रिधा ॥ ४ ॥

श्वास और उच्छ्वास की गति का निरोध करना 'प्राणायाम' कहलाता है। वह रेचक, पूरक और कु भक के भेद से तीन प्रकार का है।

## अन्य आचार्यों का मत

प्रत्याहारस्तथा शान्त उत्तरश्चाधरस्तथा ।
एभिर्भेदैश्चतुर्भिस्तु सप्तधा कीर्त्यते परै ॥ ५ ॥

दूसरे आचार्यों की ऐसी मान्यता है कि पूर्वोक्त रेचक, पूरक और कुंभक के साथ प्रत्याहार, शान्त, उत्तर और अधर, यह चार भेद मिलाने से प्राणायाम सात प्रकार का होता है।

## १. रेचक-प्राणायाम

य: कोष्ठादतियत्नेन नासाब्रह्मपुराननैः ।
बहिः प्रक्षेपणं वायोः स रेचक इति स्मृतः ॥ ६ ॥

अत्यन्त प्रयत्न करके नासिका, ब्रह्मरन्ध्र और मुख के द्वारा कोष्ठ अर्थात् उदर मे से वायु को बाहर निकालना 'रेचक-प्राणायाम' कहलाता है।

## २-३ पूरक और कुंभक प्राणायाम

समाकृष्य यदापानात् पूरणं स तु पूरकः ।
नाभिपद्मे स्थिरीकृत्य रोधनं स तु कुम्भकः ॥ ७ ॥

बाहर के पवन को खीचकर उसे अपान—गुदा द्वार पर्यन्त कोष्ठ मे भर लेना 'पूरक-प्राणायाम' है और नाभि-कमल मे स्थिर करके उसे रोक लेना 'कुभक-प्राणायाम' कहलाता है।

## ४-५ प्रत्याहार और शान्त प्राणायाम

स्थानात्स्थानान्तरोत्कर्षः प्रत्याहारः प्रकीर्तितः ।
तालुनासाननद्वारैर्निरोधः शान्त उच्यते । ८ ॥

पवन को खीचकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना 'प्रत्याहार' कहलाता है। तालु, नासिका और मुख के द्वारो से वायु का निरोध कर देना 'शान्त' नामक प्राणायाम है।

टिप्पण—वायु को नाभि मे से खीचकर हृदय मे और हृदय से खीच कर नाभि मे, इस प्रकार एक स्थान से दूसरे स्थान मे ले जाना 'प्रत्याहार-प्राणायाम' है। कुभक मे पवन नाभि-कमल मे रोका जाता है

और शान्त-प्राणायाम मे वायु को नासिका आदि पवन निकलने के द्वारो से रोका जाता है। यही दोनो मे अन्तर प्रतीत होता है।

## ६-७ उत्तर और अधर प्राणायाम

आपीयोर्ध्वं यदुत्कृष्य हृदयादिषु धारणम्।
उत्तर स समाख्यातो विपरीतस्ततोऽधर. ॥ ९ ॥

वाहर के वायु का पान करके और उसे ऊपर खीच कर हृदय आदि मे स्थापित कर रखना 'उत्तर-प्राणायाम' कहलाता है। इससे विपरीत ऊपर से नीचे की ओर ले जाकर उसे धारण करना 'अधर-प्राणायाम' कहलाता है।

## प्राणायाम का फल

रेचनादुदरव्याधे कफस्य च परिक्षय।
पुष्टि पूरक-योगेन व्याधि-घातश्च जायते ॥ १० ॥
विकसत्याशु हृत्पद्म ग्रन्थिरन्तर्विभिद्यते।
बलस्थैर्य-विवृद्धिश्च कुम्भकाद् भवति स्फुटम्॥ ११ ॥
प्रत्याहाराद्वल कान्तिर्दोषशान्तिश्च शान्तत.।
उत्तराधरसेवात स्थिरता कुम्भकस्य तु ॥ १२ ॥

रेचक-प्राणायाम से उदर की व्याधि का और कफ का विनाश होता है। पूरक-प्राणायाम से शरीर पुष्ट होता है और व्याधि नष्ट होती है।

कुभक-प्राणायाम करने से हृदय-कमल तत्काल विकसित हो जाता है, अन्दर की ग्रन्थि का भेदन होता है, बल की वृद्धि होती है और वायु की स्थिरता होती है।

प्रत्याहार करने से शरीर मे वल और तेज बढता है। शान्त नामक प्राणायाम से दोपो—वात, पित्त, कफ या सन्निपात की शान्ति होती है। उत्तर और अधर नामक प्राणायाम कुम्भक को स्थिर बनाते है।

प्राणमपानसमानावुदान व्यानमेव च ।
प्राणायामैर्जयेत् स्थान-वर्ण-क्रियार्थ-बीजवित्॥ १३ ॥

प्राण, अपान, समान, उदान और व्यान, यह पाँच प्रकार का पवन है। कौन पवन शरीर के किस प्रदेश मे रहता है ? किसका कैसा वर्ण---रंग है ? कैसी क्रिया है ? कैसा अर्थ है ? और कैसा बीज है ? इन वातो को जान कर योगी प्राणायाम के द्वारा इन पर विजय प्राप्त करे ।

टिप्पण---उक्त पाँच प्रकार के पवन---वायु का सक्षेप मे निम्न स्वरूप है---

१. प्राण---उच्छ्वास-निश्वास का व्यापार 'प्राण-वायु' है ।
२ अपान---मल, मूत्र और गर्भादि को वाहर लाने वाला वायु ।
३ समान---भोजन-पानी से वने रस को शरीर के भिन्न-भिन्न प्रदेशो मे पहुँचाने वाला वायु ।
४ उदान---रस आदि को ऊपर ले जाने वाला वायु ।
५ व्यान---सम्पूर्ण शरीर मे व्याप्त होकर रहा हुआ वायु ।

१ प्राण-वायु

प्राणो नासाग्रहृन्नाभिपादागुष्ठान्तगो हरित् ।
गमागम-प्रयोगेण तज्जयो धारणेन च ॥ १४ ॥

प्राण-वायु नासिका के अग्रभाग मे, हृदय मे, नाभि मे और पैर के अगूष्ठ पर्यन्त फैलने वाला है । उसका वर्ण हरा है । गमागम के प्रयोग और धारण के द्वारा उसे जीतना चाहिए ।

टिप्पण---प्रस्तुत मे 'गम' का अर्थ 'रेचक-क्रिया', 'आगम' का अर्थ 'पूरकक्रिया' और धारणा का अर्थ 'कुम्भक-क्रिया' है। इन तीनो क्रियाओ से एक प्राणायाम होता है । जिस वायु का जो स्थान है, उस स्थान पर रेचक, पूरक और कुम्भक करने से उस वायु पर विजय प्राप्त की जा सकती है ।

तेरहवें श्लोक मे बतलाए हुए वायु के स्थान आदि पाँच-पाँच भेदो मे से यहाँ प्राण-वायु के स्थान, वर्ण और क्रिया—प्रयोग का प्रतिपादन किया गया है। अर्थ और वीज का वर्णन वाद मे किया जाएगा।

**प्रयोग और धारण**

नासादि-स्थान-योगेन पूरणाद्रेचनान्मुहु ।
गमागमप्रयोग स्याद्धारण कुम्भनात् पुन ॥ १५ ॥

नासिका आदि स्थानो मे वार-वार वायु का पूरण और रेचन करने से गमागम प्रयोग होता है और उसका अवरोध—कुम्भक करने से धारण प्रयोग होता है।

**२ अपान-वायु**

अपान कृष्णरुग्मन्यापृष्ठपृष्ठान्तपार्ष्णिग ।
जेय स्वस्थान-योगेन रेचनात्पूरणान्मुहु ॥ १६ ॥

अपान-वायु का रग काला है। गर्दन के पीछे की नाडी, पीठ, गुदा और एडी मे उसका स्थान है। इन स्थानो मे वार-वार रेचक, पूरक करके इसे जीतना चाहिए।

**३ समान-वायु**

शुक्ल समानो हृन्नाभिसर्वसन्धिष्ववस्थित ।
जेय स्वस्थान - योगेनासकृद्रेचनपूरणात् ॥ १७ ॥

समान-वायु का वर्ण श्वेत है। हृदय, नाभि और सब सधियो मे उसका निवास स्थान है। इन स्थानो मे वार-वार रेचक और पूरक करके उसे जीतना चाहिए।

**४ उदान-वायु**

रक्तो हृत्कण्ठ-तालु-भ्रू-मध्यमूर्धनि च सस्थितः ।
उदानो वश्यता नेयो गत्यागति - नियोगत. ॥ १८ ॥

उदान वायु का वर्ण लाल है। हृदय, कठ, तालु, भ्रकुटि का मध्य-भाग और मस्तक उसका स्थान है। उसे भी गमागम के प्रयोग से वश मे करना—जीतना चाहिए।

**प्रयोग की विधि**

नासाकर्षण-योगेन स्थापयेत्तं हृदादिषु।
वलादुत्कृष्यमाण च रुध्वा रुध्वा वश नयेत्॥ १९॥

नासिका के द्वारा बाहर से वायु को खीच कर उसे हृदय मे स्थापित करना चाहिए। यदि वह वायु जवरदस्ती दूसरे स्थान मे जाता हो, तो उसे बार-बार निरोध करके वश मे करना चाहिए।

**टिप्पण**—वायु को जीतने का यह उपाय प्रत्येक वायु के लिए लागू होता है। वायु के जो-जो निवास स्थान बतलाए हैं, वहाँ-वहाँ पहले पूरक-प्राणायाम करना चाहिए अर्थात् नासिका द्वारा बाहर के वायु को अन्दर खीचकर उसे उस-उस स्थान पर रोकना चाहिए। ऐसा करने से खीचने और छोडने की दोनो क्रियाएँ बन्द हो जाएँगी और वह वायु उस स्थान पर नियत समय तक स्थिर रहेगा। यदि कभी वह वायु जोर मार कर दूसरे स्थान पर चला जाए, तो उसे बार-बार रोक कर और कुछ समय तक कुम्भक-प्राणायाम करके नासिका के एक छिद्र द्वारा उसे धीरे-धीरे बाहर निकाल देना चाहिए। फिर उसी छिद्र द्वारा उसे भीतर खीच कर कुम्भक-प्राणायाम करना चाहिए। ऐसा करने से वायु वशीभूत हो जाता है।

## ५. व्यान-वायु

सर्वत्वग्वृत्तिको व्यान. शक्रकार्मुकसन्निभ॰।
जेतव्यः कुम्भकाभ्यासात् सकोचप्रसृतिक्रमात्॥ २०॥

व्यान-वायु का इन्द्रधनुष-सा वर्ण है। त्वचा के सर्व भागो मे उसका निवास है। सकोच और प्रसार अर्थात् पूरक और रेचक-

प्राणायाम के क्रम से तथा कुम्भक-प्राणायाम के अभ्यास से उसे जीतना चाहिए।

### पाँचो वायु के वीज

प्राणापानसमानोदान-व्यानेष्वेषु च वायुषु ।
यें पें वें रौं लौं वीजानि ध्यातव्यानि यथाक्रमम् ।। २१ ।।

प्राण, अपान, समान, उदान और व्यान वायु को वश मे करते समय या इन्हे जीतने के लिए प्राणायाम करते समय क्रमश 'यें' आदि वीजाक्षरो का ध्यान करना चाहिए। इसका तात्पर्य यह है कि प्राण वायु को जीतते समय 'यें' का, अपान को जीतते समय 'पें' का, समान को जीतते समय 'वें' का, उदान विजय के समय 'रौं' का और व्यान-विजय के समय 'लौं' बीजाक्षर का ध्यान करना चाहिए।

### वायु-विजय से लाभ

प्राबल्य जाठरस्याग्नेर्दीर्घश्वासमरुज्जयौ ।
लाघव च शरीरस्य प्राणस्य विजये भवेत् ।। २२ ।।

रोहण क्षतभगादेरुदराग्ने प्रदीपनम् ।
वर्चोऽल्पत्व व्याधिघात समानापानयोर्जये ।। २३ ।।

उत्क्रान्तिर्वारि-पङ्काद्यैश्चावाधोदान-निर्जये ।
जये व्यानस्य शीतोष्णासग कान्तिररोगिता ।। २४ ।।

प्राण-वायु को जीतने से जठराग्नि प्रबल होती है, अविच्छिन्न रूप से श्वास की प्रवृत्ति होती है और शेष वायु भी वश मे हो जाती हैं, क्योकि प्राण-वायु पर सभी वायु आश्रित हैं। इससे शरीर मे लघुता आ जाती है।

यदि शरीर मे घाव हो जाए तो समान-वायु और अपान-वायु को जीतने से घाव जल्दी भर जाता है, टूटी हुई हड्डी जुड जाती है, जठराग्नि

तेज हो जाती है, मल-मूत्र कम हो जाता है और व्याधियों का नाश हो जाता है।

उदान-वायु पर विजय प्राप्त करने से मनुष्य मे ऐसी शक्ति उत्पन्न हो जाती है कि वह चाहे तो मृत्यु के समय अर्चिमार्ग दशम द्वार से प्राण त्याग कर सकता है, पानी और कीचड से शरीर को बाधा नही होती और कण्टक आदि का कष्ट भी नही होता। व्यान-वायु के विजय से शरीर पर सर्दी-गर्मी का असर नही होता, शरीर का तेज बढता है और नीरोगता प्राप्त होती है।

यत्र-यत्र भवेत्स्थाने जन्तो रोग. प्रपीडकः।
तच्छान्त्यै धारयेत्तत्र प्राणादि मरुत सदा ॥ २५ ॥

प्राणी को पीडा उत्पन्न करने वाला रोग जिस-जिस स्थान पर उत्पन्न हुआ हो, उसकी शान्ति के लिए उसी-उसी स्थान पर प्राणादि वायु को रोक रखना चाहिए।

**टिप्पण**—शरीर के प्रत्येक भाग मे, पाँच प्रकार की वायु मे से कोई न कोई वायु अवश्य रहती है। जब शरीर के किसी भाग मे रोग की उत्पत्ति हो, तो पहले पूरक-प्राणायाम करके उस भाग मे कुम्भक-प्राणायाम करना चाहिए। ऐसा करने से रोग का नाश हो जाता है।

एव प्राणादि विजये कृताभ्यास. प्रतिक्षणम्।
धारणादिकमभ्यस्येन्मनःस्थैर्यकृते सदा ॥ २६ ॥

इस प्रकार प्राणादि वायु को जीतने का अभ्यास करके, मन की स्थिरता के लिए निरन्तर धारण, ध्यान एव समाधि का अभ्यास करना चाहिए।

## धारण की विधि

उक्तासनसमासीनो रेचयित्वाऽनिलं शनै.।
आपादाङ्गुष्ठपर्यन्तं वाममार्गेण पूरयेत् ॥ २७ ॥

पादागुष्ठे मन पूर्व रुध्वा पादतले ततः ।
पार्ष्णौ गुल्फे च जघाया जानुन्यूरौ गुदे तत ॥ २८ ॥
लिगे नाभौ च तुन्दे च हृत्कण्ठरसनेऽपि च ।
तालुनासाग्रनेत्रे च भ्रुवोर्भाले शिरस्यथ ॥ २९ ॥
एव रश्मि-क्रमेणैव धारयन्मरुता सह ।
स्थानात्स्थानान्तरं नीत्वा यावद् ब्रह्मपुर नयेत् ॥ ३० ॥
तत क्रमेण तेनैव पादागुष्ठान्तमानयेत् ।
नाभिपद्मान्तर नीत्वा ततो वायु विरेचयेत् ॥ ३१ ॥

पूर्वोक्त आसनो मे से किसी एक आसन से स्थित होकर, धीरे-धीरे पवन का रेचन करके—बाहर निकाल कर उसे नासिका के बाएँ छिद्र से अन्दर खीचे और पैर के अगूठे तक ले जाए और मन का भी पैर के अगुष्ठ मे निरोध करे। फिर अनुक्रम से वायु के साथ मन को पैर के तल भाग मे, एडी मे, गुल्फ मे, जाघ मे, जानु मे, ऊरु मे, गुदा मे, लिग मे, नाभि मे, पेट मे, हृदय मे, कठ मे, जीभ मे, तालु मे, नासिका के अग्रभाग मे, नेत्र मे, भ्रकुटि मे, कपाल मे और मस्तक मे, धारण करे और अन्त मे उन्हे ब्रह्म-रन्ध्र पर्यन्त ले जाना चाहिए। तदनन्तर पूर्वोक्त क्रम से पीछे लौटाते हुए अन्त मे मन सहित पवन को पैर के अगूठे मे ले आना चाहिए और उन्हे वहाँ से नाभि-कमल मे ले जाकर वायु का रेचक करना चाहिए।

**धारणा का फल**

पादागुष्ठादौ जघाया जानूरुगुदमेदने ।
धारित क्रमशो वायु शीघ्रगत्यै बलाय च ॥ ३२ ॥
नाभौ ज्वरादिघाताय जठरे काय-शुद्धये ।
ज्ञानाय हृदये कूर्मनाड्या रोग-जराच्छिदे ॥ ३३ ॥
कण्ठे क्षुत्तर्षनाशाय जिह्वाग्रे रससविदे ।
गन्धज्ञानाय नासाग्रे रूपज्ञानाय चक्षुषो ॥ ३४ ॥

भाले तद्रोगनाशाय, क्रोधस्योपशमाय च।
ब्रह्म-रन्ध्रे च सिद्धाना साक्षाद्दर्शन-हेतवे ॥ ३५ ॥

पैर के अगूठे मे, एड़ी मे और गुल्फ—टकने मे, जघा मे, घुटने मे, ऊरु मे, गुदा मे और लिंग मे—अनुक्रम से वायु को धारण कर रखने से शीघ्र गति और बल की प्राप्ति होती है।

नाभि मे वायु को धारण करने से ज्वर दूर हो जाता है, जठर मे धारण करने से मलशुद्धि होने से शरीर शुद्ध होता है, हृदय मे धारण करने से ज्ञान की वृद्धि होती है तथा कूर्म-नाडी मे धारण करने से रोग और वृद्धावस्था का नाश होता है—वृद्धावस्था मे भी शरीर मे जवानो जैसी स्फूर्ति बनी रहती है।

कठ मे वायु को धारण करने से भूख-प्यास नही लगती और यदि क्षुधा-पिपासा लगी हो तो शान्त जाती है। जीभ के अग्रभाग पर वायु का निरोध करने से रस-ज्ञान की वृद्धि होती है। नासिका के अग्रभाग पर रोकने से गध का ज्ञान होता है। चक्षु मे धारण करने से रूप-ज्ञान की वृद्धि होती है।

कपाल-मस्तिष्क मे वायु को धारण करने से कपाल-मस्तिष्क सम्बन्धी रोगों का नाश होता है और क्रोध का उपशम होता है। ब्रह्मरन्ध्र मे वायु को रोकने से साक्षात् सिद्धो के दर्शन होते हैं।

**पवन की चेष्टा**

अभ्यस्य धारणामेव सिद्धीनां कारण परम्।
चेष्टितं पवमानस्य जानीयाद् गतसशयः ॥ ३६ ॥

धारणा सिद्धियो का परम कारण है। उसका इस प्रकार अभ्यास करके फिर निश्शंक होकर पवन की चेष्टा को जानने का प्रयत्न करे।

नाभेनिष्क्रामतश्चारं हृन्मध्ये नयतो गतिम्।
तिष्ठतो द्वादशान्ते तु विन्द्यात्स्थान नभस्वतः ॥ ३७ ॥

### मण्डलों का निर्देश

मण्डलानि च चत्वारि नासिका-विवरे विदु. ।
भौम-वारुण-वायव्याग्नेयाख्यानि यथोत्तरम् ॥ ४२ ॥

नासिका के विवर मे चार मडल होते हैं—१. भौम—पार्थिव मडल, २. वारुण मडल, ३ वायव्य मडल, और ४ आग्नेय मडल ।

### १. भौम-मंडल

पृथिवी-बीज-सम्पूर्ण, वज्र-लाञ्छन-संयुतम् ।
चतुरस्त्रं द्रुतस्वर्णप्रभं स्याद् भौम-मण्डलम् ॥ ४३ ॥

पृथ्वी के बीज से परिपूर्ण, वज्र के चिह्न से युक्त, चौरस और तपाये हुए सोने के वर्ण—रग वाला, 'पार्थिव मडल' है ।

टिप्पण—पार्थिव-बीज 'अ' अक्षर है । कोई-कोई आचार्य 'ल' को पार्थिव-बीज मानते है । आचार्य हेमचन्द्र ने 'क्ष' को पार्थिव-बीज माना है ।

### २. वारुण-मंडल

स्यादर्धचन्द्रसंस्थानं वारुणाक्षरलाञ्छितम् ।
चन्द्राभममृतस्यन्दसान्द्रं वारुण-मण्डलम् ॥ ४४ ॥

वारुण-मण्डल—अष्टमी के चन्द्र के समान आकार वाला, वारुण अक्षर 'व' के चिह्न से युक्त, चन्द्रमा के सदृश उज्ज्वल और अमृत के झरने से व्याप्त है ।

### ३. वायव्य-मंडल

स्निग्धाञ्जनघनच्छायं सुवृत्त विन्दुसंकुलम् ।
दुर्लक्ष्यं पवनाक्रान्तं चञ्चलं वायु-मण्डलम् ॥ ४५ ॥

वायव्य-मण्डल—स्निग्ध अंजन और मेघ के समान श्याम कान्ति वाला, गोलाकार, मध्य मे विन्दु के चिह्न से व्याप्त, मुश्किल से मालूम

होने वाला, चारो ओर पवन से वेष्टित—पवन-वीज 'य' अक्षर से घिरा हुआ और चचल है।

४. आग्नेय-मंडल

ऊर्ध्वज्वालाञ्चित भीम त्रिकोण स्वस्तिकान्वितम्।
स्फुलिंगपिंग तद्वीज ज्ञेयमाग्नेय-मण्डलम् ॥४६॥

ऊपर की ओर फैलती हुई ज्वालाओ से युक्त, भय उत्पन्न करने वाला, त्रिकोण, स्वस्तिक के चिह्न से युक्त, अग्नि के स्फुलिंग के समान वर्ण वाला और अग्नि-वीज रेफ ' ' ' से युक्त आग्नेय-मडल कहा गया है।

अभ्यासेन स्वसवेद्य स्यान्मण्डल-चतुष्टयम्।
क्रमेण सचरन्नत्र वायुर्ज्ञेयश्चतुर्विध. ॥ ४७ ॥

पूर्वोक्त चारो मडल स्वय जाने जा सकते हैं, परन्तु उन्हे जानने के लिए अभ्यास करना चाहिए। यकायक उनका ज्ञान नही हो सकता। इन चार मडलो मे सचार करने वाली वायु को भी चार प्रकार का जानना चाहिए।

## चार प्रकार का वायु

१ पुरन्दर-वायु

नासिका-रन्ध्रमापूर्य पीतवर्ण. शनैर्वहन्।
कवोष्णोऽष्टागुल स्वच्छो भवेद्वायु. पुरन्दर ॥ ४८ ॥

पुरन्दर वायु—पृथ्वी तत्त्व का वर्ण पीला है, स्पर्श कुछ-कुछ उष्ण है और वह स्वच्छ होता है। वह नासिका के छिद्र को पूर कर धीरे-धीरे आठ अगुल बाहर तक वहता है।

२ वरुण-वायु

धवल शीतलोऽधस्तात्त्वरितत्वरित वहन्।
द्वादशागुलमानश्च वायुर्वरुण उच्यते ॥ ४९ ॥

जिसका श्वेत वर्ण है, शीतल स्पर्श है और जो नीचे की ओर बारह अगुल तक शीघ्रता से बहने वाला है, उसे 'वरुण वायु'--जल-तत्त्व कहते है।

### ३ पवन-वायु

उष्ण शीतश्च कृष्णश्च वहन्तिर्यगनारतम् ।
षडंगुल-प्रमाणश्च वायु. पवन-सज्ञितः ॥ ५० ॥

पवन—वायु-तत्त्व कही उष्ण और कही शीत होता है। उसका वर्ण काला है। वह निरन्तर छह अगुल प्रमाण बहता रहता है।

### ४. दहन-वायु

बालादित्य - सम - ज्योतिरत्युष्णश्चतुरंगुल. ।
आवर्त्तवान् वहन्नूर्ध्वं पवनः दहन स्मृत. ॥ ५१ ॥

दहन-वायु—अग्नि-तत्त्व उदीयमान सूर्य के समान लाल वर्ण वाला है, अति उष्ण स्पर्श वाला है और ववडर की तरह चार अगुल ऊँचा बहता है।

इन्द्रं स्तम्भादिकार्येषु वरुण शस्तकर्मसु ।
वायु मलिन-लोलेषु वश्यादौ वह्निमादिशेत् ॥ ५२ ॥

जब पुरन्दर-वायु बहता हो तब स्तभन आदि कार्य करने चाहिए। वरुण-वायु के बहते समय प्रशस्त कार्य, पवन-वायु के बहते समय मलिन और चपल कार्य और दहन-वायु के वहते समय वशीकरण आदि कार्य करने चाहिए।

### शुभाशुभ निर्णय

छत्र - चामर-हस्त्यश्वाराम[1]राज्यादिसम्पदम् ।
मनीषितं फल वायुः समाचष्टे पुरन्दर ॥ ५३ ॥
रामाराज्यादिसम्पूर्णैः पुत्र-स्वजन-बन्धुभि. ।
सारेण वस्तुना चापि योजयेद् वरुण क्षणात् ॥ ५४ ॥

---

१ श्वरामा ।

कृषिसेवादिक सर्वमपि सिद्ध विनश्यति ।
मृत्यु-भी कलहो वैर त्रासश्च पवने भवेत् ॥ ५५ ॥
भय शोक रुज दु ख विघ्नव्यूह-परम्पराम् ।
ससूचयेद्विनाशश्च, दहनो दहनात्मक ॥ ५६ ॥

जिस समय पुरन्दर-वायु बह रहा हो उस समय छत्र, चामर, हाथी, अश्व, स्त्री एव राज्य आदि सम्पत्ति के विषय मे कोई प्रश्न करे या इनके निमित्त कोई कार्य प्रारम्भ करे, तो इच्छित अर्थ की प्राप्ति होती है ।

प्रश्न करते समय या कार्य आरम्भ करते समय यदि वरुण-वायु बहता हो, तो उससे राज्यादि से परिपूर्ण पुत्र, स्वजन, बन्धु और उत्तम वस्तु की प्राप्ति होती है ।

प्रश्न या कार्यारभ के समय पवन नामक वायु बहता हो, तो खेती और सेवा—नौकरी सम्बन्धी सिद्ध हुआ कार्य भी नष्ट हो जाता है, बिगड जाता है और मृत्यु का भय, क्लेश, वैर तथा त्रास उत्पन्न होता है ।

प्रश्न या कार्यारभ के समय दहन स्वभाव वाला दहन-वायु बहता हो, तो वह भय, शोक, रोग, दु ख और विघ्नो के समूह की परम्परा एव धन-धान्य के विनाश का ससूचक है ।

शशाङ्क-रवि-मार्गेण वायवा मण्डलेष्वमी ।
विशन्त शुभदा सर्वे निष्क्रामन्तोऽन्यथा स्मृता ॥ ५७ ॥

यह पुरन्दर आदि चारो प्रकार के वायु चन्द्रमार्ग या सूर्यमार्ग से—बायी और दाहिनी नाडी मे होकर प्रवेश करते हो, तो शुभ फलदायक होते हैं और निकल रहे हो, तो अशुभ फलदायक होते है ।

## शुभाशुभ होने का कारण

प्रवेश-समये वायुर्जीव मृत्युस्तु निर्गमे ।
उच्यते ज्ञानिभिस्तादृक् फलमप्यनयोस्तत ॥ ५८ ॥

वायु जब मडल मे प्रवेश करता है, तब उसे 'जीव' कहते हैं और जब वह मडल मे से बाहर निकलता है, तब उसे 'मृत्यु' कहते हैं। इसी कारण ज्ञानियो ने प्रवेश करते समय का फल 'शुभ' और निकलते समय के फल को 'अशुभ' कहा है।

**टिप्पण**—इसका तात्पर्य यह है कि जिस समय पूरक के रूप मे वायु का भीतर प्रवेश हो रहा हो, उस समय कोई कार्य प्रारम्भ करे अथवा किसी कार्य के सम्बन्ध मे प्रश्न करे, तो वह कार्य सिद्ध होता है, क्योकि वह वायु 'जीव' है। इसके विपरीत, जब वायु रेचक के रूप मे बाहर निकल रहा हो, तब कोई कार्य प्रारम्भ किया जाए या किसी कार्य की सिद्धि-असिद्धि के विषय मे प्रश्न किया जाए, तो वह कार्य सिद्ध नही होगा, क्योकि वह वायु 'मृत्यु' है।

पथेन्दोरिन्द्र-वरुणौ विशन्तौ सर्वसिद्धिदौ।
रविमार्गेण निर्यान्तौ प्रविशन्तौ च मध्यमौ ॥ ५९ ॥
दक्षिणेन विनिर्यान्तौ विनाशायानिलानलौ।
नि सरन्तौ विशन्तौ च मध्यमावितरेण तु ॥ ६० ॥

चन्द्रमार्ग से अर्थात् बायी नासिका से प्रवेश करता हुआ पुरन्दर और वरुण वायु समस्त सिद्धियाँ प्रदान करता है तथा सूर्य-मार्ग से बाहर निकलते हुए एव प्रवेश करते हुए दोनो वायु मध्यम फलदायक होते है।

**टिप्पण**—बायी ओर का नासिकारन्ध्र 'चन्द्र-नाडी' और 'इडा-नाडी' कहलाता है तथा दाहिनी ओर का 'सूर्य-नाडी' और 'पिगला-नाडी' कहलाता है। जिस समय चन्द्र-नाडी मे पुरन्दर या वरुण-वायु प्रवेश करता है, यदि उस समय कोई कार्य आरम्भ किया जाए या किसी कार्य के विषय मे प्रश्न किया जाए, तो वह कार्य सिद्ध होता है। जब यही दोनो वायु सूर्य-नाडी से प्रवेश कर रहे या निकल रहे हो, तब कार्य प्रारम्भ किया जाए या कार्य सम्बन्धी प्रश्न किया जाए, तो उस व्यक्ति को मध्यम फल की प्राप्ति होती है।

इडा च पिंगला चैव सुषुम्णा चेति नाडिका ।
शशि-सूर्य-शिव-स्थान वाम-दक्षिण-मध्यगा ॥ ६१ ॥
पीयूषमिव वर्षन्ती सर्वगात्रेषु सर्वदा ।
वामाऽमृतमयी नाडी सम्मताऽभीष्टसूचिका ॥ ६२ ॥
वहन्त्यनिष्ट-शसित्री सहर्त्री दक्षिणा पुन ।
सुषुम्णा तु भवेत्सिद्धि-निर्वाण-फलकारणम् ॥ ६३ ॥

बायी तरफ की नाडी इडा कहलाती है और उसमे चन्द्र का स्थान है । दाहिनी ओर की नाडी—पिंगला मे सूर्य का स्थान है और दोनो के मध्य मे स्थित नाडी मे—जो सुषुम्णा कहलाती है, शिवस्थान—मोक्ष-स्थान है ।

शरीर के समस्त भागो मे सदा अमृत-वर्षा करने वाली अमृतमय बायी नाडी समस्त मनोरथो को पूर्ण करने वाली मानी गई है ।

वहती हुई दाहिनी नाडी अनिष्ट को सूचित करने वाली और कार्य का विघात करने वाली होती है ।

सुषुम्णा नाडी अणिमा आदि आठ महासिद्धियो का तथा मोक्ष रूप फल का कारण होती है ।

टिप्पण—सुषुम्णा नाडी मे मोक्ष का स्थान है और अणिमा आदि सिद्धियो का कारण है, इस विधान का आशय यह है कि इस नाडी मे ध्यान करने से लम्बे समय तक ध्यान-सन्तति चालू रहती है और इस कारण थोडे समय मे भी अधिक कर्मो का क्षय किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, सुषुम्णा नाडी मे वायु की गति बहुत मद होती है, अत मन सरलता से स्थिर हो जाता है । मन एव पवन की स्थिरता होने पर सयम की साधना भी सरल हो जाती है। धारणा, ध्यान और समाधि को एक ही स्थल पर करना सयम है और यह सयम सिद्धियो का कारण है । इसी अभिप्राय से सुषुम्णा नाडी को मोक्ष एव सिद्धियो का कारण बतलाया गया है ।

वामैवाभ्युदयादीष्ट-शस्तकार्येषु सम्मता ।
दक्षिणा तु रताहार-युद्धादौ दीप्त-कर्मणि ॥ ६४ ॥

अभ्युदय आदि इष्ट और प्रशस्त कार्यों मे बायी नाडी अच्छी मानी गई है और मैथुन, आहार तथा युद्ध आदि दीप्त कार्यो मे दाहिनी नाडी उत्तम मानी गई है ।

**टिप्पण**—यात्रा, दान, विवाह, नवीन वस्त्राभूषण धारण करते समय, ग्राम-नगर एवं घर मे प्रवेश करते समय, स्वजन-मिलन, शान्ति-कर्म, पौष्टिक कर्म, योगाभ्यास, राज-दर्शन, चिकित्सा, मैत्री, वीज-वपन, इत्यादि कार्यो के प्रारम्भ मे बायी नाडी शुभ होती है और भोजन, विग्रह, विषय-प्रसग, युद्ध, मत्र-साधन, व्यापार आदि कार्यों के प्रारम्भ मे दाहिनी नाडी शुभ मानी गई है।

**पक्ष और नाड़ी**

वामा शस्तोदये पक्षे सिते कृष्णे तु दक्षिणा ।
त्रीणि त्रीणि दिनानीन्दु-सूर्ययोरुदय शुभ ॥ ६५ ॥

शुक्ल पक्ष मे सूर्योदय के समय बायी नाडी का उदय शुभ माना गया है और कृष्ण पक्ष मे सूर्योदय के समय दाहिनी नाडी का उदय शुभ माना गया है । यह बायी और दाहिनी नाडी का उदय तीन-तीन दिन तक शुभ माना जाता है ।

शशाकेनोदयो वायो सूर्येणास्त शुभावहम् ।
उदये रविणा त्वस्य शशिनास्त शिवं मतम् ॥ ६६ ॥

सूर्योदय के समय वायु का उदय चन्द्र स्वर मे हुआ हो, तो उस दिन सूर्य स्वर मे अस्त होना शुभ और कल्याणकारी है । यदि सूर्य स्वर मे उदय और चन्द्र स्वर मे अस्त हो तब भी शुभ होता है ।

**नाड़ी-उदय का स्पष्टीकरण**

सितपक्षे दिनारम्भे यत्नत प्रतिपद्दिने ।
वायोर्वीक्षेत सञ्चार प्रशस्तमितरं तथा ॥ ६७ ॥

उदेति पवन पूर्वं शशिन्येष त्र्यह तत ।
सक्रामति त्र्यह सूर्ये शशिन्येव पुनस्त्र्यहम् ॥ ६८ ॥

वहेद्यावद् बृहत्पर्व क्रमेणानेन मारुत ।
कृष्ण-पक्षे पुन सूर्योदय-पूर्वमय क्रम ॥ ६९ ॥

शुक्ल पक्ष मे प्रतिपदा के दिन, सूर्योदय के प्रारम्भ के समय यत्न-पूर्वक प्रशस्त या अप्रशस्त वायु के सचार को देखना चाहिए । प्रथम तीन दिन तक चन्द्र-नाडी मे पवन का वहना प्रारम्भ होगा अर्थात् प्रतिपदा, द्वितीया और तृतीया के दिन सूर्योदय के समय चन्द्र-नाडी मे पवन वहेगा । तत्पश्चात् तीन दिन तक अर्थात् चतुर्थी, पचमी और षष्ठी के दिन सूर्योदय के समय सूर्य-नाडी मे वहेगा । तदनन्तर फिर तीन दिन तक चन्द्र-नाडी मे और फिर तीन दिन तक सूर्य-नाडी मे, इस क्रम से पूर्णिमा तक पवन वहता रहेगा । कृष्ण पक्ष मे पहले तीन दिन तक सूर्योदय के समय सूर्य-नाडी मे, फिर तीन दिन चन्द्र-नाडी मे, इसी क्रम से तीन-तीन दिन के क्रम से अमावस्या तक वहेगा ।

**टिप्पण**—स्मरण रखना चाहिए कि यह नियम सारे दिन के लिए नही, सिर्फ सूर्योदय के समय के लिए है । उसके पश्चात् एक-एक घटे मे चन्द्र-नाडी और सूर्य-नाडी बदलती रहती है । इस नियम मे उलट-फेर होना अशुभ फल का सूचक है ।

**क्रम-विपर्यय का फल**

त्रीन् पक्षानन्यथात्वेऽस्य मासषट्केन पञ्चता ।
पक्ष-द्वय विपर्यासेऽभीष्टबन्धु-विपद् भवेत् ॥ ७० ॥

भवेत्तु दारुणो व्याधिरेक पक्ष त्रिपर्यये ।
द्वि-त्र्याद्यहर्विपर्यासे कलहादिकमुद्दिशेत् ॥ ७१ ॥

पहले वायु के बहने का जो क्रम कहा गया है, यदि उसमे लगातार तीन पक्ष तक विपर्यास हो, अर्थात् चन्द्र-नाडी के बदले सूर्य-नाडी मे

और सूर्य-नाडी के बदले चन्द्र-नाडी मे पवन वहे, तो छह महीने मे मृत्यु होती है। यदि दो पक्ष तक विपर्यास होता रहे, तो प्रिय बन्धु पर विपत्ति आती है। एक पक्ष तक विपरीत पवन बहे, तो भयकर व्याधि उत्पन्न होती है और यदि दो-तीन दिन तक विपरीत पवन बहे, तो कलह आदि अनिष्ट फल की प्राप्ति होती है।

एक द्वि-त्रीण्यहोरात्राण्यर्क एव मरुद्वहन् ।
वर्षैस्त्रिभिर्द्वाभ्यामेकेनान्तायेन्दौ रुजे पुन ॥ ७२ ॥

यदि किसी व्यक्ति के एक अहो-रात्रि अर्थात् दिन रात सूर्यनाडी मे ही पवन चलता रहे, तो उसकी तीन वर्ष मे मृत्यु हो जाती है। इसी प्रकार दो अहो-रात्रि सूर्यनाडी मे पवन चले तो दो वर्ष मे और तीन अहो-रात्रि चलता रहे तो एक वर्ष मे मृत्यु हो जाती है।

मासमेक रवावेव वहन् वायुर्विनिर्दिशेत् ।
अहो-रात्रावधि मृत्यु शशाके तु धन-क्षयम् ॥ ७३ ॥

यदि किसी व्यक्ति के एक मास पर्यन्त लगातार सूर्य-नाड़ी मे ही पवन चलता रहे, तो उसकी एक अहो-रात्रि मे ही मृत्यु हो जाती है। यदि एक मास तक चन्द्र-नाडी मे ही पवन चलता रहे, तो उमके धन का क्षय होता है।

वायुस्त्रिमार्गग शसेन्मध्याह्नात्परतो मृतिम् ।
दशाह तु द्विमार्गस्थ सक्रान्तौ मरण दिशेत् ॥ ७४ ॥

इडा, पिंगला और सुषुम्णा, इन तीनो नाडियो मे साथ-साथ पवन चले तो मध्याह्न—दो प्रहर के पश्चात् मरण को सूचित करता है। इडा और पिंगला, दोनो नाडियो मे साथ-साथ वायु वहे, तो दस दिन मे, और अकेली सुषुम्णा मे लम्बे समय तक वायु वहे तो शीघ्र मरण होगा, ऐसा कहना चाहिए।

दशाह तु वहन्निन्दावेवोद्वेगरुजे मरुत् ।
इतश्चेतश्च यामार्धं वहन् लाभार्चनादिकृत् ॥ ७५ ॥

लगातार दस दिन तक चन्द्र-नाडी मे ही पवन चलता रहे तो उद्वेग और रोग उत्पन्न होता है। यदि आधे-आधे प्रहर मे वायु बदलता रहे अर्थात् आधा प्रहर सूर्य-नाडी मे और आधा प्रहर चन्द्र-नाडी मे, इस क्रम से चले तो लाभ और पूजा-प्रतिष्ठा आदि शुभ फल की प्राप्ति होती है।

विषुवत्समयप्राप्तौ स्पन्देते यस्य चक्षुषी ।
अहोरात्रेण जानीयात् तस्य नाशमसशयम् ॥ ७६ ॥

जब दिन और रात समान—बारह-बारह घंटे के होते हैं, तब वह विषुवत् काल कहलाता है। विषुवत् काल मे जिसकी आँखे फडकती हैं, उसकी निश्चय ही मृत्यु होती है।

पञ्चातिक्रम्य सक्रान्तीर्मुखे वायुर्वहन् दिशेत् ।
मित्रार्थहानी निस्तेजोऽनर्थान् सर्वान्मृतिं विना ॥ ७७ ॥

एक नाडी मे से दूसरी नाडी मे पवन का जाना 'सक्रान्ति' कहलाता है। यदि दिन की पांच सक्रान्तियाँ बीत जाने पर वायु मुख से बहे तो उससे मित्र हानि, धन हानि और मृत्यु को छोडकर सभी अनर्थ होते हैं।

सक्रान्ती समतिक्रम्य त्रयोदश समीरण ।
प्रवहन् वामनासाया रोगोद्वेगादि सूचयेत् ॥ ७८ ॥

यदि तेरह सक्रान्तियाँ व्यतीत हो जाने पर वायु वाम नासिका से बहे, तो वह रोग और उद्वेग की उत्पत्ति को सूचित करता है।

मार्गशीर्षस्य सक्रान्ति-कालादारभ्य मारुत ।
वहन् पञ्चाहमाचष्टे वत्सरेऽष्टादशे मृतिम् ॥ ७९ ॥

मार्गशीर्ष मास के प्रथम दिन से अर्थात् शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से लेकर लगातार पाँच दिन तक एक ही नाडी मे पवन चलता रहे, तो वह उस दिन से अठारहवें वर्ष मे मृत्यु का होना सूचित करता है।

शरत्संक्रान्तिकालाच्च पञ्चाह मारुतो वहन् ।
तत पञ्च-दशाब्दानामन्ते मरणमादिशेत् ॥ ८० ॥

यदि शरद् ऋतु की सक्रान्ति से अर्थात् आसौज शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से लेकर पाँच दिन तक एक ही नाडी मे पवन चलता रहे, तो उसकी पन्द्रहवे वर्ष मे मृत्यु होनी चाहिए ।

श्रावणादेः समारभ्य पञ्चाहमनिलो वहन् ।
अन्ते द्वादश-वर्षाणा मरणं परिसूचयेत् ॥ ८१ ॥

वहन् ज्येष्ठादिदिवसाद्दशाहानि समीरण, ।
दिशेन्नवम-वर्षस्य पर्यन्ते मरणं ध्रुवम् ॥ ८२ ॥

आरम्य चैत्राद्यदिनात् पञ्चाह पवनो वहन् ।
पर्यन्ते वर्षषट्कस्य मृत्यु नियतमादिशेत् ॥ ८३ ॥

आरम्य माघमासादे· पञ्चाहानि मरुद्वहन् ।
सवत्सरत्रयस्यान्ते संसूचयति पञ्चताम् ॥ ८४ ॥

इसी प्रकार श्रावण मास[1] के प्रारभ से पाँच दिन तक एक ही नाडी मे वायु चलता रहे, तो वह बारहवे वर्ष मे मृत्यु का सूचक है ।

ज्येष्ठ महीने के प्रथम दिन से दस दिन तक एक ही नाडी मे वायु चलता रहे, तो नौ वर्ष के अन्त मे निश्चय ही उसका मरण होगा ।

चैत्र मास के प्रथम दिन से पाँच दिन तक एक ही नाडी मे पवन चलता रहे, तो निश्चय से छह वर्ष के अन्त मे मृत्यु होगी ।

माघ महीने के प्रथम दिन से पाँच दिन तक एक ही नाडी मे पवन का चलना तीन वर्ष के अन्त मे मरण होने का सूचक है ।

सर्वत्र द्वि-त्रि-चतुरो वायुश्चेद्दिवसान् वहेत् ।
अब्दभागैस्तु ते शोध्या यथावदनुपूर्वश· ॥ ८५ ॥

---

१ यहाँ मास का आरभ शुक्ल पक्ष से समझना चाहिए ।

शरत्सक्रान्तिकालाच्च पञ्चाहं मारुतो वहन् ।
तत पञ्च-दशाब्दानामन्ते मरणमादिशेत् ॥ ८० ॥

यदि शरद् ऋतु की सक्रान्ति से अर्थात् आसौज शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से लेकर पाँच दिन तक एक ही नाडी मे पवन चलता रहे, तो उसकी पन्द्रहवे वर्ष मे मृत्यु होनी चाहिए ।

श्रावणादेः ससारभ्य पञ्चाहमनिलो वहन् ।
अन्ते द्वादश-वर्षाणा मरण परिसूचयेत् ॥ ८१ ॥

वहन् ज्येष्ठादिदिवसाद्दशाहानि समीरणः ।
दिशेन्नवम-वर्षस्य पर्यन्ते मरणं ध्रुवम् ॥ ८२ ॥

आरभ्य चैत्राद्यदिनात् पञ्चाह पवनो वहन् ।
पर्यन्ते वर्षषट्कस्य मृत्यु नियतमादिशेत् ॥ ८३ ॥

आरभ्य माघमासादे· पञ्चाहानि मरुद्वहन् ।
सवत्सरत्रयस्यान्ते संसूचयति पञ्चताम् ॥ ८४ ॥

इसी प्रकार श्रावण मास[1] के प्रारभ से पाँच दिन तक एक ही नाडी मे वायु चलता रहे, तो वह बारहवे वर्ष मे मृत्यु का सूचक है ।

ज्येष्ठ महीने के प्रथम दिन से दस दिन तक एक ही नाडी मे वायु चलता रहे, तो नौ वर्ष के अन्त मे निश्चय ही उसका मरण होगा ।

चैत्र मास के प्रथम दिन से पाँच दिन तक एक ही नाडी मे पवन चलता रहे, तो निश्चय से छह वर्ष के अन्त में मृत्यु होगी ।

माघ महीने के प्रथम दिन से पाँच दिन तक एक ही नाडी मे पवन का चलना तीन वर्ष के अन्त मे मरण होने का सूचक है ।

सर्वत्र द्वि-त्रि-चतुरो वायुश्चेद्दिवसान् वहेत् ।
अब्दभागेस्तु ते शोध्या यथावदनुपूर्वश· ॥ ८५ ॥

---

१ यहाँ मास का आरभ शुक्ल पक्ष से समझना चाहिए ।

जिस महीने मे पांच दिन तक एक ही नाडी मे वायु चलने से जितने वर्षों मे मरण बतलाया है, उस महीने मे दो, तीन या चार दिन तक ही यदि एक नाडी मे वायु चलता रहे, तो उस वर्ष के उतने ही विभाग करके कम दिनो के अनुसार वर्ष के उतने ही विभाग कम कर देने चाहिए। जैसे—मार्गशीर्ष मास के प्रारम्भ मे पांच दिन तक एक ही नाडी मे वायु चलने से अठारह वर्षों मे मरण बताया गया है। यदि इस मास मे पांच के बदले चार दिन तक ही एक नाडी मे वायु चलता रहे, तो अठारह वर्ष का एक पाँचवा भाग अर्थात् तीन वर्ष, सात मास और छह दिन कम करने पर चौदह वर्ष, चार मास और चौबीस दिन मे मृत्यु होगी। इसका अभिप्राय यह निकला कि मार्गशीर्ष मास के आरम्भ मे यदि चार दिन तक एक ही नाडी मे वायु चलता रहे, तो चौदह वर्ष, चार मास और चौबीस दिन मे मृत्यु होगी।

अन्यत्र भी इसी तरह ही समझना चाहिए और ऋतु आदि के मास मे भी यही नियम समझना चाहिए।

## काल-निर्णय

अथेदानी प्रवक्ष्यामि, किञ्चित्कालस्य निर्णयम्।
सूर्य-मार्ग समाश्रित्य, स च पौष्णेऽत्रगम्यते ॥ ८६ ॥

अब मैं काल-ज्ञान का निर्णय कहूँगा। काल-ज्ञान सूर्यमार्ग को आश्रित करके पौष्ण-काल मे जाना जाता है।

## पौष्ण-काल

जन्मऋक्षगते चन्द्रे, समसप्तगते रवौ।
पौष्णनामा भवेत्कालो, मृत्युनिर्णयकारणम् ॥ ८७ ॥

चन्द्रमा जन्म नक्षत्र मे हो और सूर्य अपनी राशि से सातवी राशि मे हो तथा चन्द्रमा ने जितनी जन्म-राशि भोगी हो, उतनी ही सूर्य ने

सातवी राशि भोगी हो, तब 'पौष्ण' नामक काल होता है। इस पौष्ण-काल मे मृत्यु का निर्णय किया जा सकता है।

> दिनार्ध दिनमेक च, यदा सूर्ये मरुद्वहन्।
> चतुर्दशे द्वादशेऽब्दे मृत्यवे भवति क्रमात् ॥ ८८ ॥

पौष्ण काल मे यदि आधे दिन तक सूर्य-नाडी मे पवन चलता रहे, तो चौदहवें वर्ष मे मृत्यु होती है। यदि पूरे दिन सूर्य-नाडी मे पवन चलता रहे, तो बारहवे वर्ष मे मृत्यु होती है।

> तथैव च वहन् वायुरहो-रात्र द्वयहं त्र्यहम्।
> दशमाष्टमषष्ठाब्देष्वन्ताय भवति क्रमात् ॥ ८९ ॥

पौष्ण काल मे एक अहो-रात्र, दो दिन या तीन दिन तक सूर्य-नाडी मे पवन चलता रहे तो क्रम से दसवे वर्ष, आठवे वर्ष और छठे वष मृत्यु होती है।

> वहन् दिनानि चत्वारि तुर्येऽब्दे मृत्यवे मरुत्।
> साशीत्यह· सहस्रे तु पञ्चाहानि वहन् पुनः ॥ ९० ॥

पूर्वोक्त प्रकार से चार दिन तक वायु चलता रहे, तो चौथे वर्ष मे और पाँच दिन तक चलता रहे तो तीन वर्ष—एक हजार और अस्सी दिन मे मृत्यु होती है।

> एक-द्वि-त्रि-चतु पञ्च चतुर्विंशत्यह· क्षयात्।
> षडादीन् दिवसान् पञ्च शोधयेदिह तद्यथा ॥ ९१ ॥
> षट्कं दिनानामध्यर्क वहमाने समीरणे।
> जीवत्यह्ना सहस्रं षट् पञ्चाशद्दिवसाधिकम् ॥ ९२ ॥
> सहस्रं साष्टक जीवेद्वायौ सप्ताह-वाहिनि।
> सषट्त्रिंशन्नवशती जीवेदष्टाह-वाहिनि ॥ ९३ ॥
> एकत्रैव नवाहानि तथा वहति मारुते।
> अह्लामष्टशती जीवेच्चत्वारिंशद्दिनाधिकाम् ॥ ९४ ॥

तथैव वायौ प्रवहत्येकत्र दश वासरान् ।
विंशत्यभ्यधिकामह्ना जीवेत्सप्तशती ध्रुवम् ॥ ९५ ॥

ऊपर कहा जा चुका है कि जिस व्यक्ति की सूर्य-नाडी मे लगातार पाँच दिन वायु चलता रहे, तो वह १०८० दिन जीवित रहता है । यहाँ छह, सात, आठ, नौ या दस दिन तक उसी एक नाडी मे वायु चलने का फल दिखलाया गया है । वह इस प्रकार है—

यदि एक ही सूर्य नाडी मे छह, सात, आठ, नौ या दस दिन पर्यन्त वायु बहता रहे, तो क्रमश १, २, ३, ४, ५ चौबीसी दिन १०८० दिनो मे से कम करके जीवित रहने के दिनो की सख्या जान लेना चाहिए । इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—

यदि छह दिन तक सूर्यनाडी मे वायु चले तो १०८०—२४=१०५६ दिन तक जीवित रहता है ।

यदि सात दिन तक एक सूर्यनाडी मे ही वायु चलता रहे तो १०५६ दिनो मे से दो चौवीसी अर्थात् २४ × २=४८ दिन कम करने से १०५६—४८ = १००८ दिन जीवित रहता है ।

यदि आठ दिन तक उसी प्रकार वायु चलता रहे तो १००८ दिनो मे से तीन चौवीसी अर्थात् २४ × ३=७२ दिन कम करने से १००८-७२ =९३६ दिन जीवित रहता है ।

यदि एक ही नाडी मे नौ दिन पर्यन्त वायु चलता रहे तो ९३६ मे से चार चौवीसी अर्थात् २४ × ४=९६ दिन कम करने से ९३६-९६= ८४० दिन जीवित रहता है ।

यदि पूर्वोक्त पौष्ण-काल मे लगातार दस दिन तक सूर्य-नाडी मे वायु चलता रहे, तो पूर्वोक्त ८४० दिनो मे से पाँच चौवीसी अर्थात् २४ × ५=१२० दिन कम करने से ८४० — १२०=७२० दिन तक ही जीवित रहता है ।

एक-द्वि-त्रि-चतु पञ्च-चतुर्विंशत्यह· क्षयात् ।
एकादशादिपञ्चाहान्यत्र शोध्यानि तद्यथा ।। ९६ ।।

ग्यारह से लेकर पन्द्रह दिन तक एक ही सूर्यनाड़ी मे पवन चलता रहे, तो पूर्वकथित सात सौ वीस दिन मे से पूर्वोक्त प्रकार से अनुक्रम से दो, तीन, चार, पाँच चौबीसो दिन कम कर लेने चाहिए। ग्रन्थकार स्वय इसका विवरण दे रहे हैं।

एकादश-दिनान्यर्क-नाड्या वहति मारुते ।
पणवत्यधिकाह्नानां षट् शतान्येव जीवति ।। ९७ ।।

यदि पौष्ण-काल मे सूर्यनाडी मे ग्यारह दिनो तक वायु चलता रहे, तो मनुष्य ६९६ दिन जीवित रहता है।

तथैव द्वादशाहानि वायौ वहति जीवति ।
दिनानां षट्शतीमष्टचत्वारिंशत् समन्विताम् ।। ९८ ।।

यदि पूर्वोक्त रूप से बारह दिन पर्यन्त वायु एक ही नाडी मे चलता रहे, तो मनुष्य ६४८ दिवस जीवित रहता है।

त्रयोदश-दिनान्यर्क-नाडिचारिणि मारुते ।
जीवेत्पञ्चशतीमह्ना षट्सप्तति-दिनाधिकाम् ।। ९९ ।।

यदि तेरह दिन तक सूर्य-नाड़ी में पवन चलता रहे, तो व्यक्ति ५७६ दिन तक ही जीवित रहता है।

चतुर्दश-दिनान्येवं प्रवाहिनि समीरणे ।
अशीत्यभ्यधिकां जीवेदह्नां शत चतुष्टयम् ।। १०० ।।

यदि चौदह दिवस तक सूर्यनाड़ी मे पवन चलता रहे, तो मनुष्य ४८० दिन तक ही जीवित रहता है।

तथा पञ्चदशाहानि यावत् वहति मारुते ।
जीवेत्षष्ठिदिनोपेतं दिवसाना शतत्रयम् ।। १०१ ।।

यदि पन्द्रह दिन तक लगातार सूर्य-नाडी मे पवन चलता रहे, तो मनुष्य ३६० दिन तक ही जीवित रहता है।

एक-द्वि-त्रि-चतु पञ्च-द्वादशाह-क्रम-क्षयात् ।
षोडशाद्यानि पञ्चाहान्यत्र शोध्यानि तद्यथा ॥ १०२ ॥

सोलह, सत्तरह, अठारह, उन्नीस और बीस दिन पर्यन्त एक सूर्य-नाडी मे वायु चलता रहे, तो पूर्वोक्त ३६० दिनो मे से क्रमश एक बारह—१२, दो बारह—२४, तीन बारह—३६, चार बारह—४८ और पाँच बारह—६० दिन कम कर करके जीवित रहता है, ऐसा कहना चाहिए। इसका आगे स्पष्टीकरण किया गया है।

प्रवहत्येकनाक्षायां षोडशाहानि मारुते ।
जीवेत्सहाष्टचत्वारिंशत दिनशतत्रयीम् ॥ १०३ ॥
वहमाने तथा सप्तदशाहानि समीरणे ।
अह्ना शतत्रये मृत्युश्चतुर्विंशति-सयुते ॥ १०४ ॥
पवने विचरत्यष्टादशाहानि तथैव च ।
नाशोऽष्टाशीति-सयुक्ते गते दिन शतद्वये ॥ १०५ ॥
विचरत्यनिले तद्वद्दिनान्येकोनविंशतिम् ।
चत्वारिंशद्युते याते मृत्युर्दिन-शतद्वये ॥ १०६ ॥
विंशति - दिवसानेकनासाचारिणि मारुते ।
साशीतौ वासरशते गते मृत्युर्न सशय ॥ १०७ ॥

यदि किसी व्यक्ति के सोलह दिन तक एक ही नासिका मे वायु चलता रहे, तो वह तीन सौ अडतालीस—३४८ दिन तक जीवित रहता है।

यदि लगातार सत्तरह दिन तक एक ही नासिका मे वायु चलता रहे, तो तीन सौ चौवीस दिन मे मृत्यु होती है।

इसी प्रकार अठारह दिन तक वायु चले तो दो सौ अठासी दिन मे, उन्नीस दिन लगातार पवन चलता रहे, तो दो सौ चालीस दिन मे और

यदि बीस दिन तक एक ही सूर्य नासिका मे पवन चलता रहे, तो एक सौ अस्सी दिन मे निश्चित रूप से मृत्यु होती है।

एक-द्वि-त्रि-चतु पञ्च-दिनषट्क-क्रम-क्षयात्।
एकविंशादि पञ्चाहान्यत्र शोध्यानि तद्यथा ॥ १०८ ॥

यदि इक्कीस, बाईस, तेईस, चौबीस, पच्चीस दिन तक एक सूर्य-नाडी मे ही पवन बहता रहे, तो पूर्वोक्त १८० दिनो मे से क्रमश एक, दो, तीन, चार, पाँच षट्क कम करते रहना चाहिए। इसका स्पष्टी-करण आगे किया गया है।

एकविंशत्यहं त्वर्क-नाडीवाहिनि मारुते।
चतु सप्तति-संयुक्ते मृत्युर्दिनशते भवेत् ॥ १०९ ॥

यदि पौष्ण-काल में इक्कीस दिवस पर्यन्त सूर्य-नाडी मे पवन बहता रहे, तो पूर्वोक्त १८० दिन मे से एक षट्क कम करने पर, अर्थात् १८०—६=१७४ दिन मे उसकी मृत्यु होती है।

द्वाविंशति-दिनान्येवं स द्वि-षष्टावहः शते।
षड्दिनोनैः पञ्चमासैस्त्रयोविंशत्यहानुगे ॥ ११० ॥

पूर्वोक्त प्रकार से बाईस दिन तक पवन चलता रहे, तो १७४ दिनो मे से दो षट्क अर्थात् बारह दिन कम करने से १७४-१२=१६२ दिन तक जीवित रहेगा। यदि तेईस दिन तक उसी प्रकार पवन चलता रहे, तो १६२ दिनो मे से तीन षट्क अर्थात् अठारह दिन कम करने से छह दिन कम पाँच महीने मे अर्थात् १६२-१८=१४४ दिनो मे मृत्यु होती है।

तथैव वायौ वहति चतुर्विंशतिवासरीम्।
विंशत्यभ्यधिके मृत्युर्भवेद्दिनशते गते ॥ १११ ॥

पूर्वोक्त प्रकार से चौबीस दिन तक वायु चलता रहे, तो एक सौ बीस दिन बीतने पर मृत्यु हो जाती है।

पञ्चविंशत्यह चैव वायौ मासत्रये मृति ।
मासद्वये पुनर्मृत्यु षड्विंशतिदिनानुगे ॥ ११२ ॥

इसी प्रकार पच्चीस दिन तक वायु चलता रहे, तो तीन महीने मे और छब्बीस दिन तक चलता रहे, तो दो महीने मे मृत्यु होती है ।

सप्तविंशत्यहवहे नाशो मासेन जायते ।
मासार्धेन पुनर्मृत्युरष्टाविंशत्यहानुगे ॥ ११३ ॥

इसी तरह सत्ताईस दिन तक वायु चलता रहे, तो एक महीने मे और अट्ठाईस दिन तक चलता रहे, तो पन्द्रह दिन मे ही मृत्यु होती है ।

एकोनत्रिंशदहगे मृति स्याद्दशमेऽहनि ।
त्रिंशद्दिनीचरे तु स्यात्पञ्चत्व पञ्चमे दिने ॥ ११४ ॥

इसी तरह उनतीस दिन तक एक ही सूर्य-नाडी मे वायु चलता रहे, तो दसवें दिन और तीस दिन तक चलता रहे, तो पाँचवें दिन मृत्यु होती है ।

एकत्रिंशदहचरे वायौ मृत्युर्दिनत्रये ।
द्वितीयदिवसे नाशो द्वात्रिंशदहवाहिनि ॥ ११५ ॥

इसी प्रकार इकत्तीस दिन तक वायु चलता रहे, तो तीन दिन मे और बत्तीस दिन तक चलता रहे, तो दूसरे दिन ही मृत्यु होती है ।

त्रयस्त्रिंश - दहचरे त्वेकाहेनापि पञ्चता ।
एवं यदीन्दुनाड्यां स्यात्तदा व्याध्यादिक दिशेत् ॥ ११६ ॥

इस तरह तेतीस दिन तक लगातार सूर्य नाडी मे ही पवन वहता रहे, तो एक ही दिन मे मृत्यु हो जाती है ।

जिस प्रकार लगातार सूर्य नाडी के चलने का फल मरण बतलाया है, उसी प्रकार यदि चन्द्रनाडी मे पवन चलता रहे, तो उसका फल मृत्यु नही, किन्तु उतने ही काल मे व्याधि, मित्रनाश, महान् भय की प्राप्ति, देश-त्याग, धन-नाश, पुत्र-नाश, दुर्भिक्ष आदि समझना चाहिए ।

### उपसंहार

अध्यात्म वायुमाश्रित्य प्रत्येक सूर्य-सोमयोः ।
एवमभ्यास-योगेन जानीयात् कालनिर्णयम् ॥ ११७ ॥

इस प्रकार शरीर के भीतर रहे हुए वायु सम्बन्धी सूर्य एव चन्द्र-नाडी का अभ्यास करके काल का निर्णय जानना चाहिए ।

### मृत्यु के बाह्य लक्षण

अध्यात्मिकविपर्यास संभवेद् व्याधितोऽपि हि ।
तन्निश्चयाय बध्नामि बाह्यं कालस्य लक्षणम् ॥ ११८ ॥

शरीर के अन्तर्गत वायु के आधार पर उक्त काल-निर्णय बताया गया है, परन्तु वायु का विपर्यास—उलट-फेर व्याधि के कारण भी हो सकता है । व्याधिकृत विपर्यास की स्थिति मे वायु के द्वारा काल का निर्णय सही नही होगा । अत काल का स्पष्ट और सही निर्णय करने के लिए काल के बाह्य लक्षणो का वर्णन किया जाता है ।

नेत्र-श्रोत्र-शिरोभेदात् स च त्रिविधलक्षणः ।
निरीक्ष्य सूर्यमाश्रित्य यथेष्टमपरः पुन. ॥ ११९ ॥

सूर्य की अपेक्षा से काल का बाह्य लक्षण—नेत्र, श्रोत्र और शिर के भेद से तीन प्रकार का माना गया है । इसके अतिरिक्त अन्य बाह्य लक्षण स्वेच्छा से ही देखे जाते है । उनके लिए सूर्य का अवलबन लेने की भी आवश्यकता नही है ।

### नेत्र से कालज्ञान

वामे तत्रेक्षणे पद्मं षोडशच्छदमैन्दवम् ।
जानीयाद् भानवीयं तु दक्षिणे द्वादशच्छदम् ॥ १२० ॥

बाएँ नेत्र मे सोलह पाखुडी वाला चन्द्र सम्बन्धी कमल है और दाहिने नेत्र मे बारह पाखुडी वाला सूर्य सम्बन्धी कमल है, सर्वप्रथम इन दोनो कमलो का परिज्ञान कर लेना चाहिए ।

खद्योतद्युतिवर्णानि चत्वारिच्छदनानि तु ।
प्रत्येक तत्र दृश्यानि स्वागुलीविनिपीडनात् ॥ १२१ ॥

गुरु के उपदेश के अनुसार अपनी उगली से आँख के विशिष्ट भाग को दवाने से प्रत्येक कमल की चार पाखुडियाँ जुगनू की तरह चमकती हुई दिखाई देती हैं, इन्हे देखना चाहिए ।

सोमाधो भ्रूलतापाङ्गघ्राणान्तिकदलेषु तु ।
दले नष्टे क्रमान्मृत्यु षट्त्रियुग्मैकमासत' ॥ १२२ ॥

चन्द्र सम्वन्धी कमल मे, चार पाखुडियो मे से यदि नीचे की पखुडी दिखाई न दे तो छह महीने मे मृत्यु होती है, भ्रकुटी के समीप की पखुडी परिलक्षित न हो तो तीन मास मे, आँख के कोने की पखुडी दिखाई न दे तो दो मास मे, और नाक के पास की पखुडी दिखाई न पडे तो एक मास मे मृत्यु होती है ।

अयमेव क्रम पद्मे भानवीये यदा भवेत् ।
दश-पञ्च-त्रि-द्विदिनै क्रमान्मृत्युस्तदा भवेत् ॥ १२३ ॥

सूर्य सम्वन्धी कमल मे इसी क्रम से पाखुडियाँ दिखाई न देने पर क्रमश दस, पाँच, तीन और दो दिन में मृत्यु होती है । अर्थात् दाहिनी आँख को गुरु-उपदेशानुसार दवाने से सूर्य सम्वन्धी कमल की भी चार पाखुडियाँ दिखाई देती है । उनमे से नीचे की दिखाई न दे तो दस दिन मे, ऊपर की दिखाई न दे तो पाँच दिन मे, आँख के कोने की तरफ की दिखाई न दे तो तीन दिन मे और नाक की तरफ की दिखाई न दे तो दो दिन मे मृत्यु होती है ।

एतान्यपीड्यमानानि द्वयोरपि हि पद्मयो ।
दलानि यदि वीक्ष्येत् मृत्युर्दिनशतात्तदा ॥ १२४ ॥

द आख को अगुली से दबाये बिना दोनो कमलो की पाखुडियाँ दिखाई न दे तो सौ दिन मे मृत्यु होती है ।

**कर्ण से कालज्ञान**

ध्यात्वा हृद्यष्टपत्राब्जं श्रोत्रे हस्ताग्र-पीडिते ।
न श्रूयेताग्नि-निर्घोषो यदि स्व पञ्च-वासरान् ॥१२५॥
दश वा पञ्चदश वा विंशतिं पञ्चविंशतिम् ।
तदा पञ्च-चतुस्त्रिद्व्येक-वर्षैर्मरणं क्रमात् ॥१२६॥

हृदय मे आठ पखुडी के कमल का ध्यान करके दोनो हाथो की तर्जनी अगुलियाँ को दोनो कानो मे डालने पर यदि पाँच, दस, पन्द्रह, बीस या पच्चीस दिन तक अपना अग्नि-निर्घोष—तीव्रता से जलती हुई अग्नि का धक-धकाहट का शब्द सुनाई न दे, तो क्रमश पाँच वर्ष, चार वर्ष, तीन वर्ष, दो वर्ष और एक वर्ष मे मृत्यु होती है ।

एक-द्वि-त्रि-चतुः पञ्च-चतुर्विंशत्यह क्षयात् ।
षडादि-षोडश-दिनान्यान्तराण्यपि शोधयेत् ॥ १२७ ॥

ऊपर बतलाया गया है कि पाँच दिन तक अग्नि-निर्घोष सुनाई न दे तो पाँच वर्ष मे मृत्यु होती है, किन्तु यदि छठे दिन भी सुनाई न दे या सातवे आदि दिन भी सुनाई न दे तो क्या फल होता है ? इस प्रश्न का उत्तर इस श्लोक मे निम्न प्रकार से दिया गया है .—

यदि छह दिन से लेकर सोलह दिन तक अगुली से दबाने पर भी कान मे शब्द सुनाई न दे, तो पाँच वर्ष के दिनो मे से क्रमश एक, दो, तीन, चार, पाँच आदि सोलह चौबीसियाँ कम करते हुए मृत्यु के दिनो की संख्या का निश्चय करना चाहिए । यथा—छह दिन शब्द सुनाई न देने पर २४ दिन कम पाँच वर्ष अर्थात् १७७६ दिन मे मृत्यु होती है । सात दिन सुनाई न देने पर १७७६ दिनो मे से दो चौबीसी अर्थात् ४८ दिन कम करने से १७७६ – ४८ = १७२८ दिन मे मृत्यु होती है । इसी प्रकार पूर्व-पूर्व सख्या मे से उपर्युक्त चौबीसियाँ कम करके मरणकाल का निश्चय करना चाहिए ।

### मस्तक से काल-ज्ञान

ब्रह्मद्वारे प्रसर्पन्ती पञ्चाह धूममालिकाम् ।
न चेत्पश्येत्तदा ज्ञेयो मृत्यु सवत्सरैस्त्रिभि ॥ १२८ ॥

ब्रह्म द्वार—दसवें द्वार मे फैलती हुई धूम की श्रेणी यदि पांच दिन तक दृष्टिगोचर न हो तो समझना चाहिए कि तीन वर्ष मे मृत्यु होगी।

धूम की श्रेणी का ब्रह्मद्वार मे प्रविष्ट होने का ज्ञान प्राप्त करने के लिए निष्णात गुरु की सहायता लेनी चाहिए।

### प्रकारान्तर से काल-ज्ञान

प्रतिपद्दिवसे कालचक्र-ज्ञानाय शौचवान् ।
आत्मनो दक्षिण पाणि शुक्ल पक्षं प्रकल्पयेत् ॥ १२९ ॥

अधोमध्योर्ध्वपर्वाणि कनिष्ठांगुलिकानि तु ।
क्रमेण प्रतिपत् षष्ठयेकादशी. कल्पयेत्तिथी ॥ १३० ॥

अवशेषागुली - पर्वाण्यवशेष - तिथीस्तथा ।
पञ्चमी-दशमी-राका पर्वाण्यगुष्ठगानि तु ॥ १३१ ॥

शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के दिन पवित्र होकर कालचक्र को जानने के लिए अपने दाहिने हाथ को शुक्ल पक्ष के रूप मे कल्पित करना चाहिए।

अपनी कनिष्ठा अगुलि के निम्न, मध्यम और ऊपर के पर्व मे अनुक्रम से प्रतिपदा, षष्ठी और एकादशी तिथि की कल्पना करनी चाहिए।

अगूठे के निचले, मध्य के और ऊपर के पर्व मे पचमी, दशमी और पूर्णिमा की कल्पना करनी चाहिए तथा शेष अगुलियो के पर्वों मे शेष तिथियो की कल्पना करनी चाहिए। अर्थात् अनामिका अगुलि के तीन पर्वों मे दूज, तीज और चौथ की, मध्यमा के तीन पर्वों मे सप्तमी,

अष्टमी और नवमी की तथा तर्जनी के तीन पर्वों मे द्वादशी, त्रयोदशी और चतुर्दशी की कल्पना करनी चाहिए।

वामपाणि कृष्णपक्षं तिथीस्तद्वच्च कल्पयेत् ।
ततश्च निर्जने देशे बद्ध-पद्मासन सुधीः ॥ १३२ ॥
प्रसन्न· सितसंव्यानः कोशीकृत्य करद्वयम् ।
ततस्तदन्त शून्यं तु कृष्णां वर्ण विचिन्तयेत् ॥ १३३ ॥

कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के दिन बाएँ हाथ मे कृष्ण पक्ष की कल्पना करे तथा पाँचो उंगलियो मे शुक्ल पक्ष के हाथ की तरह तिथियो की कल्पना करे। तत्पश्चात् एकान्त निर्जन प्रदेश मे जाकर, पद्मासन लगाकर, मन की प्रसन्नता के साथ उज्ज्वल ध्यान करके, दोनो हाथो को कमल के कोश के आकार मे जोड ले और हाथ मे काले वर्ण के एक बिन्दु का चिन्तन करे।

उद्घाटित - कराम्भोजस्ततो यत्रांगुलीतिथौ ।
वीक्ष्याते कालबिन्दु [1] स काल इत्यत्र कीर्त्यते ॥ १३४ ॥

तत्पश्चात् हाथ खोलने पर जिस अंगुली के अन्दर कल्पित अंधेरी या उजेली तिथि मे काला बिन्दु दिखाई दे, उसी अंधेरी या उजेली तिथि के दिन मृत्यु होगी, ऐसा समझ लेना चाहिए।

## काल-निर्णय के अन्य उपाय

क्षुत-विण्मेद-मूत्राणि भवन्ति युगपद्यदि ।
मासे तत्र तिथौ तत्र वर्षान्ते मरणं तदा ॥ १३५ ॥

जिस मनुष्य को छीक, विष्ठा, वीर्यस्राव और पेशाव, ये चारो एक साथ हो, उसकी एक वर्ष के अन्त मे उसी मास और उसी तिथि को मृत्यु होगी।

---

१ वीक्षते कालबिन्दु ।

रोहिणी शशभृल्लक्ष्म महापथयरुन्धतीम् ।
ध्रुव च न यदा पश्येद्वर्षेण स्यात्तदा मृति[1] ॥ १३६ ॥

यदि दृष्टि निर्मल—साफ होने पर भी १ रोहिणी नक्षत्र, २ चन्द्रमा का चिह्न, ३ छाया-पथ—छायापुरुष, ४ अरुन्धती तारा—सप्तर्षि के समीप दिखाई देने वाला एक छोटा-सा तारा और ५ ध्रुव अर्थात् भ्रकुटि, यह पाँच या इनमे से एक भी दिखाई न दे, तो उसकी एक वर्ष मे मृत्यु होती है।

स्वप्ने स्व भक्ष्यमाण श्वगृध्रकाकनिशाचरै ।
उह्यमान खरोष्ट्राद्यैर्यदा पश्येत्तदा मृति ॥ १३७ ॥

यदि कोई व्यक्ति स्वप्न मे कुत्ता, गीध, काक या अन्य निशाचर प्राणियो द्वारा अपने शरीर को भक्षण करते देखे, अथवा गधा, ऊँट, शूकर, कुत्ते आदि पर सवारी करे या इनके द्वारा अपने को घसीटकर ले जाता हुआ देखे तो उसकी एक वर्ष मे मृत्यु होती है।

---

१ इस विषय मे ग्रन्थकार ने स्वोपज्ञ टीका मे अन्य आचार्यो का मत प्रदर्शित करते हुए दो श्लोक उद्धृत किये हैं, वे इस प्रकार हैं—

अरुन्धती ध्रुव चैव, विष्णोस्त्रीणि पदानि च ।
क्षीणायुषो न पश्यन्ति, चतुर्थ मातृमण्डलम् ॥१॥
अरुन्धती भवेज्जिह्वा, ध्रुव नासाग्रमुच्यते ।
तारा विष्णुपद प्रोक्त भ्रुव स्यान्मातृमण्डलम् ॥२॥

जिनकी आयु क्षीण हो चुकी होती है, वे अरुन्धती, ध्रुव, विष्णुपद और मातृमण्डल को नही देख सकते हैं।

यहाँ अरुन्धती का अर्थ जिह्वा, ध्रुव का अर्थ नासिका का अग्रभाग, विष्णुपद का अर्थ दूसरे के नेत्र की पुतली देखने पर दिखाई देने वाली अपनी पुतली और मातृमण्डल का अर्थ भ्रकुटी समझना चाहिए।

रश्मि-निर्मुक्तमादित्यं रश्मियुक्तं हविर्भुजम् ।
यदा पश्येद्विपद्येत तदैकादश-मासत ॥ १३८ ॥

यदि कोई व्यक्ति सहस्ररश्मि—सूर्यमण्डल को किरण-विहीन देखे और अग्नि को किरण-युक्त देखे, तो वह मनुष्य ग्यारह मास मे मृत्यु को प्राप्त होता है ।

वृक्षाग्रे कुत्रचित्पश्येत् गन्धर्व-नगरं यदि ।
पश्येत्प्रेतान् पिशाचान् वा दशमे मासि तन्मृति ॥ १३९ ॥

यदि किसी व्यक्ति को किसी जगह गधर्वनगर—वास्तविक नगर का प्रतिबिम्ब वृक्ष के ऊपर दिखाई दे अथवा प्रेत या पिशाच प्रत्यक्ष रूप से दृष्टिगोचर हो, तो उसकी दसवे महीने मे मृत्यु होती है ।

छर्दि-मूत्र-पुरीष वा सुवर्ण-रजतानि वा ।
स्वप्ने पश्येद्यदि तदा मासान्नवैव जीविति ॥ १४० ॥

यदि कोई व्यक्ति स्वप्न मे उलटी, मूत्र, विष्ठा, सोना और चाँदी देखता है, तो वह नौ महीने तक जीवित रहता है ।[1]

स्थूलोऽकस्मात् कृशोऽकस्मादकस्मादतिकोपन ।
अकस्मादतिभीरुर्वा मासानष्टैव जीवति ॥ १४१ ॥

जो मनुष्य अकस्मात् अर्थात् विना कारण ही मोटा हो जाए या अकस्मात् ही कृश—दुवला हो जाए या अकस्मात् ही क्रोधी हो जाए या अकस्मात् ही भीरु—कायर हो जाए, तो वह आठ महीने तक ही जीवित रहता है ।

समग्रमपि विन्यस्तं पाशौ वा कर्दमेऽपि वा ।
स्याच्चेत्खण्डं पदं सप्तमास्यन्ते म्रियते तदा ॥ १४२ ॥

१ श्री केशर विजयजी महाराज के विचार से यह फल रोगी मनुष्य की अपेक्षा से होना चाहिए ।

यदि कभी धूल पर या कीचड मे पूरा पैर जमाने पर भी वह अधूरा पडा हुआ दिखाई दे, तो उसकी सात महीने के अन्त मे मृत्यु होती है ।

तारा श्यामा यदा पश्येच्छुष्येदधरतालु च ।
न स्वागुलि-त्रय मायाद्राजदन्तद्वयान्तरे ॥१४३॥
गृध्र काक कपोतो वा क्रव्यादोऽन्योऽपि वा खग ।
निलीयेत यदा मूर्ध्नि षण्मास्यन्ते मृतिस्तदा ॥१४४॥

यदि किसी व्यक्ति को अपनी आँख की पुतली एकदम काली दिखाई दे, बिना किसी बीमारी के ओष्ठ और तालु सूखने लगें, मुँह चौडा करने पर ऊपर और नीचे के मध्यवर्ती दातो के बीच मे अपनी तीन अगुलियाँ समाविष्ट न हो तथा गिद्ध, काक, कबूतर या कोई भी मासभक्षी पक्षी मस्तक पर बैठ जाए, तो उसकी छह माह के अन्त मे मृत्यु होती है ।

प्रत्यह पश्यतानभ्रेऽह्न्यापूर्य जलैर्मुखम् ।
विहिते फूत्कृते शक्रधन्वा तु तत्र दृश्यते ॥ १४५ ॥
यदा न दृश्यते तत्तु मासै षड्भिर्मृतिस्तदा ।
पर-नेत्रे स्वदेह चेन्न पश्येन्मरण तदा ॥ १४६ ॥

यदि दिन के समय मुख मे पानी भरकर बादलो से रहित आकाश मे फूत्कार के साथ ऊपर उछालने पर और कुछ दिन तक ऐसा करने पर उस पानी मे इन्द्रधनुष-सा वर्ण दिखाई देता है । किन्तु, जब वह इन्द्रधनुष दिखाई न दे तो उस व्यक्ति की छह मास मे मृत्यु होती है । इसके अतिरिक्त यदि दूसरे की आँखो की पुतली मे अपना शरीर दिखाई न दे, तब भी छह महीने मे मृत्यु होती है, ऐसा समझ लेना चाहिए ।

कूर्परौ न्यस्य जान्वोर्मूर्ध्न्येकीकृत्य करौ सदा ।
रम्भाकोशनिभा छाया लक्षयेदन्तरोद्भवाम् ॥ १४७ ॥
विकासि च दल तत्र यदैक परिलक्ष्यते ।
तस्यामेव तिथौ मृत्यु षण्मास्यन्ते भवेत्तदा ॥ १४८ ॥

दोनो जानुओ पर दोनो हाथो की कोहनियाँ को स्थापित करके अपने हाथ के दोनो पजे मस्तक पर स्थापित किए जाएँ और ऐसा करने पर यदि बादल न होने पर भी दोनो हाथो के बीच मे डोडे के सदृश छाया उत्पन्न होती है तो उसे निरन्तर देखते रहना चाहिए। यदि उस छाया मे एक पत्र विकसित होता हुआ दिखाई दे, तो समझ लेना चाहिए कि उसकी छह महीने के अन्त मे उसी दिन मृत्यु होगी।

इन्द्रनीलसमच्छाया वक्रीभूता सहस्रश ।
मुक्ताफलालङ्करणा पन्नगा सूक्ष्ममूर्त्तय ॥ १४९ ॥
दिवा सम्मुखमायान्तो दृश्यन्ते व्योम्नि सन्निधौ ।
न दृश्यन्ते यदा ते तु षण्मास्यन्ते मृतिस्तदा ॥ १५० ॥

जब आकाश मेघमालाओ—बादलो से रहित होता है, उस समय मनुष्य धूप मे स्थित हो तो उसे इन्द्रनील-मणि के सदृश कान्ति वाले, टेढे-मेढ़े, हजारो मुक्ताओ के अलकार वाले तथा सूक्ष्म आकृति के सर्प सन्मुख आते हुए दिखाई देते हैं। किन्तु, जब वह सर्प दिखाई न दे तो उसे समझना चाहिए कि उसकी छह महीने मे मृत्यु होगी।

स्वप्ने मुण्डितमभ्यक्तं रक्त-गन्ध-स्रगम्बरम् ।
पश्येद् याम्यां खरे यान्तं स्व योऽब्दार्ध स जीवति ॥१५१॥

जो मनुष्य स्वप्न मे यह देखता है कि "मेरा मस्तक मु डा हुआ है, तैल की मालिश की हुई है, लाल रग का पदार्थ शरीर पर लेपन किया हुआ है, गले मे लाल रग की माला पहनी हुई है, और लाल रग के वस्त्र पहन कर, गधे पर चढकर दक्षिण दिशा की ओर जा रहा हूँ" तो उसकी छह महीने मे मृत्यु होती है।

घण्टानादो रतान्ते चेदकस्मादनुभूयते ।
पञ्चता पञ्चमास्यन्ते तदा भवति निश्चितम् ॥ १५२ ॥

यदि विषय-सेवन करने के पश्चात् अकस्मात् ही शरीर मे घटे के

नाद-स्वर सुनाई दे, तो उसकी पाँच मास के अन्त मे मृत्यु होती है, इसमें सन्देह नही है ।

शिरो वेगात् समारुह्य कृकलासो व्रजन् यदि ।
दध्याद्वर्ण-त्रय पञ्च-मास्यन्ते मरण तदा ॥ १५३ ॥

यदि कभी कोई गिरगिट वेग के साथ मस्तक पर चढ जाए और जाते-जाते तीन बार रग बदले, तो उस व्यक्ति की पाच मास के अन्त मे मृत्यु होती है ।

वक्री भवति नासा चेद्वर्तुली भवतो दृशौ ।
स्वस्थानाद् भ्रश्यत कर्णौ चतुर्मास्या तदा मृति ॥ १५४॥

यदि किसी व्यक्ति की नाक टेढी हो जाए, आँखें गोल हो जाए और अन्य अग अपने-अपने स्थान से ढीले पड जाएँ तो उसकी चार मास मे मृत्यु होती है ।

कृष्णं कृष्ण-परीवार लोह-दण्डधर नरम् ।
यदा स्वप्ने निरीक्ष्येत मृत्युर्मासैस्त्रिभिस्तदा ॥ १५५ ॥

यदि किसी व्यक्ति को स्वप्न मे काले वर्ण का, काले परिवार का और लोहे के दण्ड को धारण करने वाला मनुष्य दिखाई दे, तो उसकी तीन महीने मे मृत्यु होती है ।

इन्दुमुष्ण रविं शीत छिद्र भूमौ रवावपि ।
जिह्वा श्यामा मुख कोकनदाभ च यदेक्षते ॥ १५६ ॥
तालुकम्पो मन शोको वर्णोऽङ्गे नैकधा यदा ।
नाभेश्चाकस्मिकी हिक्का मृत्युर्मासद्वयात्तदा ॥ १५७ ॥

यदि किसी व्यक्ति को चन्द्रमा उष्ण, सूर्य ठडा, जमीन और सूर्य-मण्डल मे छिद्र, अपनी जीभ काली, मुख लाल कमल के समान दिखाई दे और तालु मे कम्पन हो, निष्कारण मन मे शोक हो, शरीर मे अनेक

प्रकार का वर्ण उत्पन्न होता रहे और नाभि से अकस्मात् हिक्का—हीक उठे, तो उसकी दो मास मे मृत्यु होती है, ऐसा समझना चाहिए।

जिह्वा नास्वादमादत्ते मुहु स्खलति भाषणे।
श्रोत्रे न शृणुत शब्द गन्धं वेत्ति न नासिका ॥ १५८ ॥

स्पन्देते नयने नित्य दृष्ट-वस्तुन्यपि भ्रमः।
नक्तमिन्द्रधनु पश्येत् तथोल्कापतन दिवा ॥ १५९ ॥

न च्छायात्मन पश्येद्दर्पणे सलिलेऽपि वा।
अनब्दा विद्युतं पश्येच्छिरोऽकस्मादपि ज्वलेत् ॥ १६० ॥

हंस-काक-मयूराणा पश्येच्च क्वापि सहतिम्।
शीतोष्णखर-मृद्वादेरपि स्पर्श न वेत्ति च ॥ १६१ ॥

अमीषा लक्ष्मणा मध्याद्यदेकमपि दृश्यते।
जन्तोर्भवति मासेन तदा मृत्युर्न सशय ॥ १६२ ॥

यदि कोई व्यक्ति अपनी जिह्वा के स्वाद को जानने मे असमर्थ हो जाए और बोलते समय लडखडा जाए, कानो से शब्द सुनाई न दे और नासिका गध को ग्रहण करना बन्द कर दे, और उसके नेत्र निरन्तर फडकते रहे, देखी हुई वस्तु मे भी भ्रम उत्पन्न होने लगे, रात्रि मे इन्द्रधनुष दृष्टिगोचर होता हो, दिन मे उल्कापात दिखाई दे। इसके अतिरिक्त यदि उसे दर्पण मे अथवा पानी मे अपनी आकृति दिखाई न दे, बादल न होने पर भी बिजली दिखाई दे और अकस्मात् ही मस्तक मे जलन उत्पन्न हो जाए। और उस व्यक्ति को हस, काक और मयूरो का किसी जगह झुड दिखाई दे[1] और शीत, उष्ण, कठोर तथा कोमल स्पर्श का ज्ञान लुप्त हो जाए।

---

१. श्री केसर विजय महाराज ने ऐसा अर्थ किया है कि हस, काक और मयूर को मैथुन करते हुए देखे।

न स्वनासां स्वजिह्वां न न ग्रहानामल दिश ।
नापि सप्तऋषीन् यर्हि[1] पश्यति म्रियते तदा ॥ १६७ ॥

जो मनुष्य अपनी नाक को, अपनी जीभ को, ग्रहो को, निर्मल दिशाओ को या आकाश मे स्थित सप्त-ऋषि तारामो को नहीं देख सकता, उसका दो दिन मे मरण हो जाता है ।

प्रभाते यदि वा सायं ज्योत्स्नावत्यामथो निशि ।
प्रवितत्य निजौ बाहू निजच्छाया विलोक्य च ॥ १६८ ॥

शनैरुत्क्षिप्य नेत्रे स्वच्छाया पश्येत्ततोऽम्बरे ।
न शिरो दृश्यते तस्या यदा स्यान्मरण तदा ॥ १६९ ॥

नेक्ष्यते वामबाहुश्चेत् पुत्र-दार-क्षयस्तदा ।
यदि दक्षिणबाहुर्नेक्ष्यते भ्रातृ-क्षयस्तदा ॥ १७० ॥

अदृष्टे हृदये मृत्युरुदरे च धन-क्षय. ।
गुह्ये पितृ-विनाशस्तु व्याधिरूरुयुगे भवेत् ॥ १७१ ॥

अदर्शने पादयोश्च विदेशगमनं भवेत् ।
अदृश्यमाने सर्वाङ्गे सद्यो मरणमादिशेत् ॥ १७२ ॥

कोई व्यक्ति प्रात काल, सायकाल या शुक्ल पक्ष की रात्रि मे प्रकाश मे खडा होकर, दोनो हाथ नीचे लटका कर कुछ देर तक अपनी छाया देखता रहे । तत्पश्चात् नेत्रो को धीरे-धीरे छाया से हटाकर ऊपर आकाश में देखने पर उसे पुरुष की आकृति दिखाई देगी । यदि उस आकृति मे उसे अपना मस्तक दिखाई न दे, तो समझना चाहिए कि मेरी मृत्यु होने वाली है । यदि उसे बायाँ हाथ दिखाई न दे, तो पुत्र या स्त्री की मृत्यु होती है और यदि दाहिना हाथ दिखाई न दे, तो भाई की मृत्यु होती है । यदि उसे अपना हृदय दिखाई न दे, तो उसकी अपनी

---

१. व्योम्नि ।

मृत्यु होती है और उदर—पेट दिखाई न दे, तो उसके धन का नाश होना है। यदि उसे अपना गुह्य स्थान दिखाई न दे, तो उसके पिता आदि किसी पूज्य जन की मृत्यु होती है और यदि दोनो जाघें दिखाई नही दे, तो उसके शरीर मे व्याधि उत्पन्न होती है। यदि उसे अपने पैर न दीखें तो उसे विदेश यात्रा करनी पडती है और यदि उसे अपना समग्र शरीर ही दिखाई न दे, तो उसकी शीघ्र ही मृत्यु होती है।

**कालज्ञान के अन्य उपाय**

विद्यया दर्पणागुष्ठ - कुड्यासिष्ववतारिता[1]।
विधिना देवता पृष्टा ब्रूते कालस्य निर्णयम् ॥ १७३ ॥

सूर्येन्दु ग्रहणे विद्यो[2] नरवीरे-ठठेत्यसौ[3]।
साध्या दशसहस्याष्टोत्तरया[4] जपकर्मत. ॥ १७४ ॥

अष्टोत्तरसहस्रस्य जापात् कार्यक्षणे पुन ।
देवता लीयतेऽस्यादी, तत कन्याऽऽह निर्णयम्। १७५ ॥

सत्साधक-गुणाकृष्टा स्वयमेवाथ देवता।
त्रिकाल-विषय ब्रूते निर्णय गतसशयम् ॥ १७६ ॥

दर्पण, अगूठे, दीवार या तलवार आदि पर विद्या के द्वारा विधिपूर्वक अवतरित की हुई देवता आदि की आकृति प्रश्न करने पर काल-मृत्यु का निर्णय बता देती है।

सूर्यग्रहण या चन्द्रग्रहण के समय 'ॐ नरवीरे ठ ठ स्वाहा' का दस हजार आठ बार जाप करके विद्या की साधना करनी चाहिए।

जब उस विद्या से कार्य लेना हो तो एक हजार आठ बार जाप करने से वह दर्पण, तलवार आदि पर अवतरित हो जाती है।

---

१ कुड्यादिष्ववतारिता। २ विद्या। ३. नरवीरठवेत्यस
४ दश सहस्राष्टोत्तरया।

तत्पश्चात् वह दर्पण आदि, जिसमे विद्या का अवतरण किया गया है, एक कुमारी कन्या को दिखलाना चाहिए। जब कन्या को उसमे देवता का रूप दिखलाई दे, तब उससे आयु के विषय मे प्रश्न करना चाहिए। उस प्रश्न का जो उत्तर मिलेगा, उस निर्णय को कन्या अभिव्यक्त कर देगी।

श्रेष्ठ साधक की योग या तप-साधना से आकृष्ट देवता की आकृति स्वय ही—असदिग्ध रूप से, उसे अनागत, आगत और वर्तमान काल सम्बन्धी आयु का निर्णय बता देती है।

## शकुन द्वारा काल-ज्ञान

अथवा शकुनाद्विद्यात्सज्जो वा यदि वाऽऽनुर।
स्वतो वा परतो वाऽपि गृहे वा यदि वा वहि ॥ १७७ ॥

कोई पुरुष नीरोग हो या रोगी हो, अपने आप से और दूसरे से, घर के भीतर हो या घर के बाहर, शकुन के द्वारा काल—मृत्यु के समय का निर्णय कर सकता है।

अहि-वृश्चिक-कृम्या-खु-गृहगोधा-पिपीलिका।
यूका-मत्कुणलूताश्च वल्मीकोऽथोपदेहिका ॥१७८॥
कीटिका घृतवर्णाश्च भ्रमर्यश्च यदाधिका।
उद्वेग-कलह-व्याधि-मरणानि तदा दिशेत् ॥१७९॥

यदि सर्प, बिच्छू, कीडे, चूहे, छिपकली, चिंटियाँ, जूँ, खटमल, मकड़ी, बाबी, उदेही—घृतवर्ण की चीटिये और भ्रमर आदि बहुत अधिक परिमाण मे दृष्टिगोचर हो तो उद्वेग, क्लेश, व्याधि अथवा मरण होता है।

उपानद्वाहनच्छत्र-शस्त्रच्छायाङ्ग-कुन्तलान्।
चञ्च्वा चुम्बेद्यदा काकस्तदाऽऽसन्नैव पचता ॥१८०॥
अश्रुपूर्णदृशो गावो गाढ पादैर्वसुन्धराम्।
खनन्ति चेत्तदानी स्याद्रोगो मृत्युश्च तत्प्रभो ॥१८१॥

यदि काक जूते को, हाथी-अश्व आदि किसी वाहन को अथवा छत्र, शस्त्र, छाया—परछाई, शरीर या केश को चुम्बन—स्पर्श करले तो समझना चाहिए कि मृत्यु सन्निकट है।

यदि आँखो से आँसू बहाती हुई गाय अपने पैरो के द्वारा जोर से पृथ्वी को खोदे, तो उसके स्वामी को रोग और मृत्यु का शिकार होना पडता है।

अनातुरकृते ह्येतत् शकुन परिकीर्तितम्।
अधुनाऽऽतुरमुद्दिश्य शकुन परिकीर्त्यते॥ १८२॥

ऊपर कहे गये शकुन नीरोग पुरुष के काल-निर्णय के लिए है। अब बीमार व्यक्ति को लक्ष्य करके शकुन का विचार करते हैं।

## रोगी के काल का निर्णय

दक्षिणस्या वलित्वा चेत् श्वा गुद लेढ्युरोऽथवा।
लागूल वा तदा मृत्युरेक द्वि-त्रिदिनै क्रमात्॥ १८३॥
शेते निमित्तकाले चेत् श्वा सकोच्याखिल वपु।
धूत्वा कर्णौ वलित्वाङ्ग धुनोत्यथ ततो मृति॥ १८४॥
यदि व्यात्तमुखोलाला मुञ्चन् सकोचितेक्षण।
अग सकोच्य शेते श्वा तदा मृत्युर्न सशय॥ १८५॥

जब रोगी मनुष्य अपनी आयु के विषय मे शकुन देख रहा हो, उस समय यदि कोई कुत्ता या कुत्ती दक्षिण दिशा मे जाकर अपनी गुदा को चाटे तो उसकी एक दिन मे, हृदय को चाटे तो दो दिन मे और पूछ को चाटे तो तीन दिन मे मृत्यु होती है।

जब कभी रोगी निमित्त देख रहा हो, उस समय यदि कुत्ता अपने सम्पूर्ण शरीर को सिकोड कर सोता हो अथवा कानो को फडफडा रहा हो या शरीर को मोडकर हिला रहा हो तो रोगी की मृत्यु होती है।

यदि कुत्ता मुँह फाडकर लार टपकाता हुआ, आँख मींच कर और शरीर को सिकोड कर सोता हुआ दिखाई दे, तो रोगी की निश्चय ही मृत्यु होती है।

**काक का शकुन**

यद्यातुर-गृहस्योर्ध्वं काकपक्षिगणो मिलन् ।
त्रिसन्ध्यं दृश्यते नून तदा मृत्युरुपस्थित· ॥ १८६ ॥
महानसे तथा शय्यागारे काकाः क्षिपन्ति चेत् ।
चर्मास्थि-रज्जु केशान् वा तदासन्नैव पंचता ॥ १८७ ॥

यदि रोगी मनुष्य के घर के ऊपर प्रभात, मध्याह्न और सध्या के समय अर्थात् तीनो सध्याओ के काल मे कौओ का समूह मिल कर कोलाहल करे, तो समझ लेना चाहिए कि रोगी की मृत्यु निकट है।

रोगी की भोजनशाला या शयनगृह के ऊपर कौए चमडा, हड्डी, रस्सी या केश लाकर डाल दे, तो समझना चाहिए कि रोगी की मृत्यु समीप ही है।

**उपश्रुति से काल-निर्णय**

अथवोपश्रुतेर्विन्द्याद्विद्वान् कालस्य निर्णयम् ।
प्रशस्ते दिवसे स्वप्नकाले शस्ता दिशं श्रित· ॥ १८८ ॥
पूत्वा पंचनमस्कृत्याचार्यमन्त्रेण वा श्रुती ।
गेहाच्छन्न - श्रुतिर्गच्छेच्छिल्पि-चत्वर-भूमिषु ॥ १८९ ॥
चन्द्रनेनार्चयित्वा क्ष्मां क्षिप्त्वा गंधाक्षतादि च ।
सावधानस्ततस्तत्रोपश्रुते· शृणुयाद् ध्वनिम् ॥ १९० ॥
अर्थान्तरापदेश्यश्च सरूपश्चेति स द्विधा ।
विमर्श-गम्यस्तत्राद्य· स्फुटोक्तार्थोऽपर· पुनः ॥ १९१ ॥
यथैष भवनस्तम्भ पञ्चषड्भिरय[1] दिनै· ।
पक्षैर्मासैरथो वर्षैर्भक्ष्यते यदि वा न वा ॥ १९२ ॥

---

१. तथेयद्भिरय ।

मनोहरतरश्चासीत् किन्त्वय लघु भक्ष्यते ।
अर्थान्तरापदेश्य स्यादेवमादिरुप श्रुति ॥ १६३ ॥
एषा स्त्री पुरुपो वाऽसौ स्थानादस्मान्न यास्यति ।
दास्यामो न वय गन्तु गन्तुकामो न चाप्ययम् ॥ १६४ ॥
विद्यते गन्तु-कामोऽयमह च प्रेषणोत्सुक. ।
तेन यास्यत्यसौ शीघ्र स्यात्सरूपेत्युपश्रुति ॥ १६५ ॥
कर्णोद्‌घाटन - सजातोपश्रुत्यन्तरमात्मन ।
कुशला कालमासन्नमनासन्नं च जानते ॥ १६६ ॥

विद्वान् पुरुप को उपश्रुति से काल का निर्णय करना चाहिए। उसके निर्णय की विधि इस प्रकार है—

जब भद्रा आदि अपयोग न हो—ऐसे प्रशस्त दिन मे सोने के समय अर्थात् एक प्रहर रात्रि व्यतीत हो जाने पर वह प्रवुद्ध-पुरुप पूर्व, उत्तर या पश्चिम दिशा मे जाए। वह जाते समय पांच नमस्कार मन्त्र का जाप करके अपने दोनो कानो को पवित्र कर ले। फिर कानो को इस प्रकार वन्द कर ले कि उसे किसी व्यक्ति का शब्द सुनाई न पडे और शिल्पियो—कारीगरो के घर की ओर अथवा वाजार की ओर पूर्वोक्त दिशाओ मे गमन करे। वह वहाँ जाकर भूमि को चन्दन से चर्चित करके गध-अक्षत डाल कर, सावधान होकर, कान खोल कर लोगो के शब्दो को सुने। वे शब्द दो प्रकार के होगे—१ अर्थान्तरापदेश्य और २ स्वरूप-उपश्रुति। अर्थान्तरापदेश्य शब्द या उपश्रुति वह है जो प्रत्यक्ष रूप से अभीष्ट अर्थ को प्रकट न करे, वल्कि सोच-विचार करने पर अभीष्ट अर्थ को प्रकट करे। और स्वरूप उपश्रुति वह कहलाती है, जो जिस रूप मे सुनाई दे उसी रूप मे अभीष्ट अर्थ को प्रकट करे।

१ अर्थान्तरापदेश्य उपश्रुति—इस प्रकार समझना चाहिए—'इस घर का स्तभ पांच-छह दिनो मे, पाँच-छह पखवाडों मे, पाँच-छह महीनो मे या पाँच-छह वर्षों मे टूट जायगा, अथवा यह नही टूटेगा।'

'यह स्तम्भ बहुत बढिया था, परन्तु जल्दी ही नष्ट हो जायगा।' इत्यादि प्रकार की उपश्रुति 'अर्थान्तरापदेश्य' कहलाती है। इस उपश्रुति से अपनी आयु का अनुमान लगा लेना चाहिए। जितने दिनो मे स्तम्भ टूटने की ध्वनि सुनाई दे, उतने ही दिनो मे आयु की समाप्ति समझनी चाहिए।

२ स्वरूप-उपश्रुति–इस प्रकार होती है—'यह स्त्री इस स्थान से नही जाएगी। यह पुरुष यहाँ से जाने वाला नही है। हम उसे जाने नही देंगे और वह जाना भी नही चाहता है' या 'अमुक यहाँ से जाना चाहता है, मैं उसे भेज देने के लिए उत्सुक हूँ, अत अब वह शीघ्र ही चला जाएगा।' इस उपश्रुति से भी आयु का निर्णय होता है। इसका अभिप्राय यह है कि यदि जाने की बात सुनाई देती है, तो समझना चाहिए कि आयु का अन्त निकट है और यदि न जाने या न जाने देने की ध्वनि सुनाई देती है, तो समझना चाहिए कि आयु का अन्त सन्निकट नही है।

इस प्रकार कान खोल कर स्वय सुनी हुई उपश्रुति के अनुसार कुशल पुरुष निर्णय कर सकता है कि उसकी आयु का अन्त सन्निकट है या दूर है।

## शनैश्चर के आकार से काल-निर्णय

शनिः स्याद्यत्र नक्षत्रे तद्दातव्यं मुखे तत ।
चत्वारि दक्षिणे पाणौ त्रीणि त्रीणि च पादयोः ॥ १६७ ॥
चत्वारि वामहस्ते तु क्रमशः पंच वक्षसि ।
त्रीणि शीर्षे दृशोर्द्वे द्वे गुह्य एकं शनौ नरे ॥ १६८ ॥
निमित्त-समये तत्र पतितं स्थापना क्रमात् ।
जन्मर्क्ष नामऋक्ष वा गुह्यदेशे भवेद्यदि ॥ १६६ ॥
दृष्टं श्लिष्टं ग्रहैर्दुष्टैः सौम्यैरप्रेक्षितायुतम् ।
सज्जस्यापि तदा मृत्युः का कथा रोगिण. पुन. ॥२००॥

शनि-देव की पुरुष के समान आकृति वना लेना चाहिए। फिर निमित्त देखते समय जिस नक्षत्र मे शनि हो, उसके मुख मे वह नक्षत्र स्थापित करना चाहिए। तत्पश्चात् क्रम से आने वाले चार नक्षत्र दाहिने हाथ मे, तीन-तीन दोनो पैरो मे, चार बाएँ हाथ मे, पांच वक्षस्थल मे, तीन मस्तक मे, दो-दो दोनो नेत्रो मे और एक गुह्य भाग मे स्थापित करना चाहिए।

निमित्त देखते समय, स्थापना के अनुक्रम से जन्म-नक्षत्र अथवा नाम-नक्षत्र यदि गुह्य भाग मे आया हो और उस पर दुष्ट ग्रहो की दृष्टि पडती हो या दुष्ट ग्रहो के साथ मिलाप होता हो और सौम्य गहो की दृष्टि न पडती हो या उनसे मिलाप न होता हो, तो निरोगी होने पर भी उस मनुष्य की मृत्यु होती है। रोगी की तो बात ही क्या ?

**लग्न के अनुसार कालज्ञान**

पृच्छायामथ लग्नास्ते चतुर्थदशमस्थिता ।
ग्रहा क्रूरा शशी पष्ठाष्टमश्चेत् स्यात्तदा मृति. ॥२०१॥

आयु सम्बन्धी प्रश्न पूछने समय जो लग्न चल रहा हो वह उसी समय अस्त हो जाए और क्रूर ग्रह चौथे, सातवे या दसवें रहे हुए हों और चन्द्रमा छठा या आठवां हो, तो उस पुरुष की मृत्यु होती है।

पृच्छाया समये लग्नाधिपतिर्भवति ग्रह. ।
यदि वाऽस्तमितो मृत्यु. सज्जस्यापि तदा भवेत् ॥२०२॥

आयु सम्बन्धी प्रश्न पूछते ममय यदि लग्नाधिपति मेषादि राशि मे गुरु, मगल, और शुक्रादि हो अथवा चालू लग्न का अधिपति ग्रह अस्त हो गया हो तो नीरोग मनुष्य की भी मृत्यु होती है।

लग्नस्थश्चेच्छशी सौरिर्द्वादशो नवम कुज ।
अष्टमोऽर्कस्तदा मृत्यु स्माच्चेन्न बलवान् गुरु ॥ २०३॥

यदि प्रश्न करते समय लग्न मे चन्द्रमा स्थिति हो, बारहवें शनैश्चर

हो, नौवे मगल हो, आठवे सूर्य हो और गुरु यदि बलवान् न हो, तो उसकी मृत्यु होती है।

रवि. षष्ठस्तृतीयो वा शशी च दशमस्थित. ।
यदा भवति मृत्यु स्यात्तृतीये दिवसे तदा ॥ २०४ ॥

यदि आयु सम्बन्धी प्रश्न करते समय सूर्य तीसरे या छठे हो और चन्द्रमा दसवे हो तो उसकी तीसरे दिन मृत्यु समझनी चाहिए।

पापग्रहाश्चेदुदयात्तुर्ये वा द्वादशेऽथवा ।
दिशन्ति तद्विदो मृत्यु तृतीये दिवसे तदा ॥ २०५ ॥

यदि प्रश्न करते समय पापग्रह लग्न से चौथे या बारहवे हो तो कालज्ञान के ज्ञाता पुरुष तीसरे दिन मृत्यु होना बतलाते है।

उदये पचमे वापि यदि पापग्रहो भवेत् ।
अष्टभिर्दशभिर्वा स्याद्दिवसैः पचता तत ॥ २०६ ॥

यदि प्रश्न करते समय चलते लग्न मे अथवा पाँचवें स्थान मे पापग्रह हो तो आठ या दस दिन मे मृत्यु होती है।

धनुर्मिथुनयो सप्तमयोर्यद्यशुभ - ग्रहा ।
तदा व्याधिर्मृतिर्वा स्याज्ज्योतिपामिति निर्णय ॥२०७॥

यदि प्रश्न करते समय सातवे धनुष-राशि और मिथुन-राशि मे अशुभ ग्रह आये हो तो व्याधि या मृत्यु होती है, यह ज्योतिष-शास्त्र के वेत्ताओ का निर्णय है।

## यंत्र के द्वारा कालज्ञान

अन्तस्थाधिकृत-प्राणिनाम - प्रणव - गर्भितम् ।
कोणस्थ - रेफमाग्नेयपुरं ज्वालाशता - कुलम् ॥ २०८ ॥
सानुस्वारैरकाराद्यै. षट्स्वरैः पार्श्वतो वृतम् ।
स्वस्तिकांकबहि कोण स्वाक्षरान्त. प्रतिष्ठितम् ॥ २०९ ॥

चतु पार्श्वस्थ-गुरुय यन्त्र वायुपुरा-वृतम् ।
कल्पयित्वा परिन्यस्येत् पादहृच्छीर्षसन्धिषु ॥ २१० ॥

सूर्योदयक्षणे सूर्यं पृष्ठे कृत्वा तत सुधी ।
स्व-परायुर्विनिश्चेतु निजच्छाया विलोकयेत् ॥ २११ ॥

पूर्णां छाया यदीक्षेत तदा वर्ष न पचता ।
कर्णाभावे तु पचत्व वर्षैर्द्वादशभिर्भवेत् ॥ २१२ ॥

हस्तागुली-स्कन्ध-केश-पार्श्व-नासाक्षये क्रमात् ।
दशाष्ट - सप्त - पच - त्र्येक - वर्षैर्मरण दिशेत् ॥ २१३ ॥

षण्मास्या म्रियते नाशे शिरसश्चिबुकस्य वा ।
ग्रीवानाशे तु मासेनैकादशाहेन दृक्क्षये ॥ २१४ ॥

सच्छिद्रे हृदये मृत्युर्दिवसै सप्तभिर्भवेत् ।
यदि च्छायाद्वय पश्येद्यमपार्श्व तदा व्रजेत् ॥ २१५ ॥

यत्र पर सर्वप्रथम ॐ लिखना चाहिए और उसके साथ जिसकी आयु का निर्णय करना है, उसका नाम भी लिखना चाहिए। एक षट्कोण यन्त्र मे ॐकार होना चाहिए। यत्र के चारो कोणो मे मानो अग्नि की सैकडो ज्वालाओ से व्याप्त अग्निवीज अक्षर 'र' लिखना चाहिए। अनुस्वार सहित अकार आदि 'अ, आ, इ, ई, उ, ऊ'—छह स्वरो से कोणो के वाह्य भागो को घेर लेना चाहिए अर्थात् छहो कोणो मे छह स्वर लिखने चाहिए। फिर छहो कोणो के वाहरी भाग मे छह स्वस्तिक वना लेने चाहिए। स्वस्तिको और स्वरो के बीच मे छह 'स्वा' अक्षर लिखने चाहिए। फिर चारो ओर विसर्ग सहित यकार 'य' लिखना चाहिए और उस यकार के चारो तरफ वायु के पूर से आवृत—सलग्न चार रेखाएँ खीचनी चाहिए।

इस प्रकार का यन्त्र वनाकर उसके पैर, हृदय, मस्तक और सन्धियो मे स्थापित करना चाहिए। तत्पश्चात् सूर्योदय के समय सूर्य की ओर

पीठ करके और पश्चिम मे मुख करके बैठना चाहिए और अपनी या दूसरे की आयु का निर्णय करने के लिए अपनी छाया को देखना चाहिए।

यदि छाया पूर्ण दिखाई दे तो समझना चाहिए कि एक वर्ष तक मृत्यु नही होगी और नीरोगता के साथ सुखपूर्वक वर्ष व्यतीत होगा। यदि अपना कान दिखाई न दे तो बारह वर्ष मे मृत्यु होगी। हाथ न दीखे तो दस वर्ष मे मरण होगा। अगुलियाँ न दीखे तो आठ वर्ष मे, कधा न दीखे तो सात वर्ष मे, केश न दीखें तो पाँच वर्ष मे, पार्श्व भाग न दीखें तो तीन वर्ष मे, नाक न दीखे तो एक वर्ष मे, मस्तक या ठोडी न दीखे तो छह महीने मे, ग्रीवा न दीखे तो एक महीने मे, नेत्र न दीखे तो ग्यारह दिन मे और हृदय मे छिद्र दिखाई दे, तो सात दिन मे मृत्यु होगी। और यदि दो छायाएँ दिखाई दें, तो समझना चाहिए कि मृत्यु पास ही आ पहुँची है।

**विद्या-प्रयोग से काल-निर्णय**

इति यन्त्र प्रयोगेण जानीयात्कालनिर्णयम्।
यदि वा विद्यया विद्याद्वक्ष्यमाणप्रकारया ॥ २१६ ॥

पूर्वोक्त रीति से यन्त्र का प्रयोग करके आयु का निर्णय करना चाहिए अथवा आगे कही जाने वाली विद्या से काल का निर्णय कर लेना चाहिए।

प्रथम न्यस्य चूडाया स्वाशब्दमो च मस्तके।
क्षि नेत्र-हृदये पञ्च नाभ्यब्जे हाक्षर तत ॥ २१७ ॥

सर्वप्रथम चोटी मे 'स्वा' शब्द, मस्तक पर 'ॐ' शब्द, नेत्र मे 'क्ष' शब्द, हृदय मे 'प' शब्द और नाभि-कमल मे 'हा' शब्द स्थापित करना चाहिए।

अनया विद्ययाऽष्टाग्र - शतवारं विलोचने।
स्वच्छाया चाभिमन्त्र्यार्क पृष्ठे कृत्वाऽरुणोदये॥ २१८ ॥

परच्छाया परकृते स्वच्छाया स्वकृते पुनः ।
सम्यक् तत्कृतपूज सन्नुपयुक्तो विलोकयेत् ॥ २१९ ॥

'ॐ' जुस ॐ मृत्युञ्जयाय ॐ वज्रपाणिने शूलपाणिने हर-हर दह-दह स्वरूप दर्शय-दर्शय हुं फट्-फट् ।' इस विद्या से अपने नेत्रो को और अपनी छाया को १०८ वार मन्त्रित करके, सूर्योदय के समय, सूर्य की तरफ पीठ करके, सम्यक् प्रकार से विद्या की पूजा करके, चित्त स्थिर करके, दूसरे के लिए दूसरे की छाया और अपने लिए अपनी छाया देखनी चाहिए।

सम्पूर्ण यदि पश्येत्तामावर्ष न मृतिस्तदा ।
क्रमजघा-जान्वभावे त्रि-द्व्येकाव्दैर्मृति पुन ॥ २२० ॥
ऊरोरभावे दशभिर्मासैर्नश्येत्कटे पुन ।
अष्टाभिर्नवभिर्वापि तुन्दाभावे तु पचपे ॥ २२१ ॥

यदि छाया सम्पूर्ण दिखाई दे तो एक वर्ष पर्यन्त मृत्यु नही होगी। और पैर, जघा और घुटना दिखाई न देने पर अनुक्रम मे तीन, दो और एक वर्ष मे मृत्यु होती है। ऊरु—पिडली दिखाई न देने पर दस महीने मे, कमर दिखाई न देने पर आठ-नौ महीने मे और पेट दिखाई न देने पर पाँच मास मे मृत्यु होती है।

ग्रीवाऽभावे चतुस्त्रि-द्व्येकमासैर्म्रियते पुन ।
कक्षाभावे तु पक्षेण दशाहेन भुजक्षये ॥ २२२ ॥
दिनै स्कधक्षयेऽष्टाभिश्चतुर्याम्या तु हृत्क्षये ।
शीर्षाभावे तु यामाभ्या सर्वाभावे तु तत्क्षणात् ॥ २२३ ॥

यदि गर्दन न दिखाई दे तो चार, तीन, दो या एक मास मे मृत्यु होती है। यदि वगल दिखाई न दे, तो पन्द्रह दिन मे और भुजा दिखाई न दे, तो दस दिन मे मृत्यु होती है।

यदि स्कध दृष्टिगोचर न हो तो आठ दिन मे, हृदय दिखाई न दे तो चार प्रहर मे, मस्तक दिखाई न दे तो दो प्रहर मे और पूरा का पूरा शरीर दिखाई न दे तो तत्काल ही मृत्यु होती है ।

## उपसंहार

एवमाध्यात्मिकं काल विनिश्चेतु प्रसगत ।
बाह्यस्यापि हि कालस्य निर्णय. परिभाषितः ॥ २२४ ॥

इस प्रकार प्राणायाम—पवन के अभ्यास से शारीरिक कालज्ञान का निर्णय करते हुए प्रसगवश बाह्य निमित्तो से भी काल का निर्णय बताया गया है । इसका तात्पर्य यह है कि सूर्य-नाडी आदि की गति से भी मृत्यु के समय का ज्ञान किया जा सकता है और बाह्य निमित्तो एव शकुन आदि को देखकर भी मृत्यु के समय को जाना जा सकता है ।

## जय-पराजय निर्णय

को जेष्यति द्वयोर्युद्धे इति पृच्छत्यवस्थित ।
जयः पूर्वस्य पूर्णे स्याद्रिक्ते स्यादितरस्य तु ॥ २२५ ॥

दो विरोधी व्यक्तियो के युद्ध मे किसकी विजय होगी ? इस प्रकार का प्रश्न करने पर, प्रश्न के समम यदि पूर्ण नाडी हो अर्थात् स्वाभाविक रूप से पूरक हो रहा हो—श्वास भीतर की ओर खिच रहा हो तो जिसका नाम पहले लिया गया है, उसकी विजय होती है और यदि नाडी रिक्त हो अर्थात् वायु बाहर निकल रहा हो तो दूसरे की विजय होती है ।

## रिक्त-पूर्ण का लक्षण

यत्त्यजेत् सचरन् वायुस्तद्रिक्तमभिधीयते ।
सक्रमेद्यत्र तु स्थाने तत्पूर्णं कथित बुधैः ॥ २२६ ॥

चलते हुए वायु का बाहर निकालना 'रिक्त' कहलाता है और नासिका के स्थान मे पवन भीतर प्रवेश करता हो तो उसे विद्वान् 'पूर्ण

कहते हैं। वायु का बाहर निकलना 'रिक्त' और नासिका के द्वारा भीतर प्रविष्ट होना 'पूर्ण' कहलाता है।

## स्वरोदय से शुभाशुभ-निर्णय

प्रश्नाऽऽदौ नाम चेद् ज्ञातुर्गृह्णात्यन्वातुरस्य तु।
स्यादिष्टस्य तदा सिद्धिर्विपर्यासे विपर्यय ॥२२७॥

यदि प्रश्नकर्त्ता प्रश्न करते समय पहले जानने वाले का अर्थात् जिससे प्रश्न किया जा रहा है, उसका नाम ले तो इष्ट सिद्धि होती है। इसके विपरीत, पहले रोगी का और फिर जानने वाले का नाम ले तो परिणाम भी विपरीत ही होता है।

**टिप्पण**—इस प्रकार का प्रश्न अनजान मे पूछा जाए तभी उसका सही फल मालूम हो सकता है। यदि कोई प्रश्नकर्त्ता उपर्युक्त नियम को जानकर यदि जानकार का नाम पहले लेकर प्रश्न पूछे तो यह नही कहा जा सकता कि रोगी जीवित रहेगा ही। उसकी परीक्षा दूसरे उपायो से की जानी चाहिए।

वाम-बाहुस्थिते दूते समनामाक्षरो जयेत्।
दक्षिण-बाहुगे त्वाजौ विषमाक्षर-नामक ॥ २२८ ॥

युद्ध मे किस पक्ष की जय होगी ? इस प्रकार प्रश्न करने वाला दूत यदि बायी ओर खडा हो और युद्ध करने वाले का नाम—दो, चार, छह आदि सम अक्षर का हो, तो उसकी विजय होगी और यदि प्रश्नकर्त्ता दाहिनी ओर खडा हो, तो विषम अक्षरो के नाम वाले की विजय होगी।

भूतादिभिर्गृहीताना दष्टाना वा भुजङ्गमै.।
विधि पूर्वोक्त एवासौ विज्ञेय खलु मान्त्रिकै ॥ २२९ ॥

जो भूत आदि से आविष्ट हो अथवा जो सर्प आदि से डँस लिये गये हो, ऐसे मनुष्यो के सम्बन्ध मे भी मत्रवेत्ताओ को उनके ठीक होने या न होने का निर्णय करने के लिए पूर्वोक्त विधि ही समझनी चाहिए।

पूर्णा संजायते वामा नाडी हि[1] वरुणेन चेत् ।
कार्याण्यारभ्यमाणानि तदा सिध्यन्त्यसशयम् ॥ २३० ॥

पहले कहे हुए चार मडलो मे से दूसरे वारुण मडल से यदि वाम नाडी पूर्ण वह रही हो तो उस समय प्रारम्भ किए गए कार्य अवश्य ही सफल होते हैं ।

जय-जीवित-लाभादि-कार्याणि निखिलान्यपि ।
निष्फलान्येव जायन्ते पवने दक्षिणास्थिते ॥ २३१ ॥

यदि वारुण मडल के उदय के समय पवन दाहिनी नासिका मे चल रहा हो तो जय, जीवन एव लाभ आदि सम्बन्धी सर्व कार्य निष्फल ही होते हैं ।

ज्ञानी बुद्ध्वाऽनिल सम्यक् पुष्पं हस्तात्प्रपातयेत् ।
मृत-जीवित-विज्ञाने तत कुर्वीत निश्चयम् ॥२३२॥

जीवन और मरण सम्बन्धी विज्ञान को प्राप्त करने के लिए ज्ञानी पुरुष वायु को भली-भाँति जानकर और अपने हाथ से पुष्प नीचे गिराकर उसके द्वारा भी निश्चय कर सकते है ।

त्वरितो वरुणे लाभश्चिरेण तु पुरन्दरे ।
जायते पवने स्वल्प-सिद्धोऽप्यग्नौ विनश्यति ॥ २३३ ॥

यदि प्रश्न करते समय उत्तरदाता को वरुण-मडल का उदय हो तो उसका तत्काल लाभ होता है, ऐसा समझना चाहिए । पुरन्दर मडल का उदय होने पर देर से लाभ होता है, पवन मडल का उदय हो तो साधारण लाभ होता है और अग्नि मडल का उदय हो तो सिद्ध कार्य का भी नाश हो जाता है, ऐसा समझना चाहिए ।

आयाति वरुणे यातः, तत्रैवास्ते सुखं क्षितौ ।
प्रयाति पवनेऽन्यत्र, मृत इत्यनले वदेत् ॥ २३४ ॥

यदि किसी गाँव या देश गए हुए मनुष्य के सम्बन्ध मे वरुण मडल

1. विशता ।

के उदय के समय प्रश्न किया जाए तो वह जल्दी ही लौट कर आने वाला है, पृथ्वी मडल मे प्रश्न किया जाए तो वह जहाँ गया है वहाँ सुखपूर्वक है, पवन मडल मे प्रश्न किया जाए तो वह वहाँ से अन्यत्र चला गया है, अग्निमडल मे प्रश्न किया जाए तो उसकी मृत्यु हो गई है, ऐसा फल समझना चाहिए ।

दहने युद्ध-पृच्छाया युद्धभगश्च दारुण. ।
मृत्यु सैन्य-विनाशो वा पवने जायते पुन ॥ २३५ ॥

यदि अग्नि मडल मे युद्ध सम्बन्धी प्रश्न किया जाए तो महायुद्ध होगा और उसमे शत्रु की ओर से पराजय प्राप्त होगी, पवन मडल मे प्रश्न किया जाए तो जिसके विषय मे प्रश्न किया गया हो, उसकी मृत्यु होगी और सेना का विनाश होगा ।

महेन्द्रे विजयो युद्धे वारुणे वाञ्छिताधिक ।
रिपु-भगेन सन्धिर्वा स्वसिद्धि-परिसूचक ॥ २३६ ॥

यदि पृथ्वी मडल मे प्रश्न करे तो युद्ध मे विजय प्राप्त होगी, वरुण-मडल मे प्रश्न करे तो अभीष्ट से भी अधिक फल की प्राप्ति होगी अथवा शत्रु का मान भग होकर अपनी सिद्धि को सूचित करने वाली सधि होगी ।

भौमे वर्षति पर्जन्यो वरुणे तु मनोमतम् ।
पवने दुर्दिनाम्भोदा वह्नौ वृष्टि कियत्यपि ॥ २३७ ॥

यदि पृथ्वी मडल मे वर्षा सम्बन्धी प्रश्न किया जाए तो वर्षा होगी, वरुण मडल मे किया जाए तो मनचाही वर्षा होगी, पवन मडल मे किया जाए तो बादल होगे, पर वर्षा नही होगी और यदि अग्नि मडल में किया जाए तो मामूली वर्षा होगी, ऐसा फल समझना चाहिए ।

वरुणे शस्य-निष्पत्तिरतिश्लाघ्या पुरन्दरे ।
मध्यस्था पवने च स्यान्न स्वल्पाऽपि हुताशने ॥२३८॥

यदि धान्य उत्पन्न होने के सम्बन्ध मे वरुण-मंडल मे प्रश्न किया जाए तो धान्य की उत्पत्ति होगी, पुरन्दर—पृथ्वी-मडल मे प्रश्न किया जाए तो बहुत बढिया धान्योत्पत्ति होगी, पवन-मंडल मे प्रश्न किया जाए तो मध्यम रूप से उत्पत्ति होगी—कही होगी और कही नही होगी, और यदि अग्नि-मडल मे प्रश्न किया जाए, तो धान्य की बिल्कुल उत्पत्ति नहीं होगी।

महेन्द्र-वरुणौ शस्तौ गर्भप्रश्ने सुतप्रदौ।
समीर-दहनौ स्त्रीदौ शून्यं गर्भस्य नाशकम् ॥ २३६ ॥

गर्भ सम्बन्धी प्रश्न करते समय पार्थिव और वारुण-मडल प्रशस्त माने गए हैं। इनमे प्रश्न करने पर पुत्र की प्राप्ति होती है। वायु और अग्नि-मडल मे प्रश्न करने पर पुत्री का जन्म होता है और सुषुम्णा नाडी चलते समय प्रश्न करे तो गर्भ का नाश होता है, ऐसा समझना चाहिए।

गृहे राजकुलादौ च प्रवेशे निर्गमेऽथवा।
पूर्णांगपादं पुरतः कुर्वत स्यादभीप्सितम् ॥ २४० ॥

यदि गृह मे या राजकुल आदि मे प्रवेश करते समय या उनमे से बाहर निकलते समय पूर्णांग वाले पैर को; अर्थात् नाक के जिस तरफ के छिद्र से वायु निकलती हो, उस तरफ के पैर को पहले आगे रखकर चलने से इष्ट कार्य की सिद्धि होती है।

## कार्य-सिद्धि का उपाय

गुरु-बन्धु-नृपामात्या अन्येऽपीप्सितदायिनः।
पूर्णांगे खलु कर्त्तव्याः कार्यसिद्धिमभीप्सता ॥ २४१ ॥

जो मनुष्य अपने कार्य की सिद्धि चाहता है, उसे गुरु, बंधु, राजा, अमात्य—मत्री या अन्य लोगो को, जिनसे कोई अभीष्ट वस्तु प्राप्त करनी है, अपने पूर्णांग की तरफ रखना चाहिए, अर्थात् नासिका के जिस छिद्र मे से पवन बहता हो, उस ओर उन्हे रखकर स्वय बैठना चाहिए।

ऐसा करने से उसका इष्ट कार्य सिद्ध होता है, उसकी अभिलाषा परिपूर्ण होती है।

**वशीकरण**

आसने शयने वापि पूर्णांगे विनिवेशिताः।
वशीभवन्ति कामिन्यो न कार्मणमत परम् ॥ २४२ ॥

अपने आसन या शयन के समय अपने पूर्णांग की ओर स्त्रियों को बैठाने से वे सब उसके वश में हो जाती हैं। दुनिया मे इससे उत्तम अन्य कोई कामण—जादू-टोना नही है।

अरि-चौराधमर्णाद्या अन्येऽप्युत्पातविग्रहा।
कर्त्तव्या खलु रिक्तांगे जयलाभसुखार्थिभि.॥ २४३ ॥

जो व्यक्ति विजय, लाभ और सुख के अभिलाषी हैं, उन्हें चाहिए कि वे शत्रु को, चोर को, कर्जदार को तथा अन्य उत्पात्त, विग्रह आदि करके दु ख पहुंचाने वालो को अपने रिक्तांग की ओर रखे, अर्थात् जिस ओर की नासिका मे से वायु न बह रही हो उस ओर बैठाएँ। ऐसा करने से वे दु:ख नही दे सकेंगे। इसका तात्पर्य यह है कि उत्पात्त करने वाले दुष्ट व्यक्तियो को सदा रिक्त-अंग की ओर रखना चाहिए।

प्रतिपक्ष-प्रहारेभ्य पूर्णांगं योऽभिरक्षति।
न तस्य रिपुभि शक्तिर्बलिष्ठैरपि हन्यते ॥ २४४ ॥

जो पुरुष शत्रु के प्रहारो से अपने पूर्णांग की रक्षा करता है, अत्यन्त बलवान् शत्रु भी उसकी शक्ति का विनाश नही कर सकता।

**पुत्र-पुत्री का जन्म**

वहन्ती नासिका वामा दक्षिणा वाऽभिसंस्थित।
पृच्छेद्यदि तदा पुत्रो रिक्ताया तु सुता भवेत् ॥ २४५ ॥

सुषुम्णा-वाहभागे द्वौ शिशू रिक्ते नपुंसकम् ।
सङ्क्रान्तौ गर्भहानिः स्यात् समे क्षेममसंशयम् ।। २४६ ।।

यदि कोई व्यक्ति सामने खड़ा होकर गर्भ के सम्बन्ध मे प्रश्न करे और उत्तरदाता की बायी या दाहिनी नासिका चल रही हो तो पुत्र का जन्म होता है, ऐसा कहना चाहिए । और यदि वह रिक्त नासिका की ओर बगल मे खड़ा होकर प्रश्न करे तो पुत्री का जन्म होता है, ऐसा कहना चाहिए ।

यदि प्रश्न करते समय सुषुम्णा नाडी चलती हो और प्रश्नकर्त्ता सन्मुख खडा हो तो दो बालकों का जन्म होता है, ऐसा कहना चाहिए । यदि सुषुम्णा नाडी को छोड़कर आकाश-मडल मे पवन चले जाने पर प्रश्न किया जाए, तो नपुंसक का जन्म होता है, और आकाश-मडल से दूसरी नाडी मे संक्रमण करते समय प्रश्न किया जाए, तो गर्भ का नाश होता है, ऐसा कहना चाहिए । यदि सम्पूर्ण तत्त्व का उदय होने पर प्रश्न किया जाए, तो निस्सन्देह क्षेमकुशल और मनोवाछित फल की सिद्धि होती है ।

**मतान्तर**

चन्द्रे स्त्री पुरुष. सूर्ये मध्यभागे नपुंसकम् ।
प्रश्नकाले तु विज्ञेयमिति कैश्चिन्निगद्यते ।। २४७ ।।

यदि प्रश्न करते समय चन्द्र स्वर चल रहा हो और प्रश्नकर्त्ता सन्मुख खडा होकर प्रश्न कर रहा हो तो पुत्री का जन्म होता है, सूर्य स्वर चल रहा हो तो पुत्र का जन्म होता है और सुषुम्णा नाड़ी चल रही हो तो नपुंसक का जन्म होता है । कई आचार्यों की ऐसी मान्यता है ।

**पवन को पहचानने की विधि**

यदा न ज्ञायते सम्यक् पवनः सञ्चरन्नपि ।
पीतश्वेतारुणश्यामैर्निश्चेतव्याः स बिन्दुभिः ।। २४८ ।।

यदि एक मडल से दूसरे मडल मे जाता हुआ पुरन्दरादि वायु जब भली-भाँति ज्ञात न हो—तब पीले, श्वेत, लाल, और काले बिन्दुओ से उसका निश्चय करना चाहिए।

## बिन्दु देखने की विधि

अगुष्ठाभ्या श्रुती मध्यागुलीभ्या नासिकापुटे।
अन्त्योपान्त्यागुलीभिश्च पिधाय वदनाम्बुजम् ॥ २४९ ॥

कोणावक्ष्णोर्निपीड्याद्यागुलीभ्या श्वासरोधतः।
यथावर्ण निरीक्षेत बिन्दुमव्यग्र-मानस ॥ २५० ॥

दोनो अगूठो से कान के दोनो छिद्र, मध्य अगुलियो से नासिका के दोनो छिद्र, अनामिका और कनिष्ठा अगुलियो से मुख और तर्जनी अगुलियो से आँख के कोने दबाकर, श्वासोच्छ्वास को रोक कर, शान्त चित्त से भ्रकुटि मे जिस वर्ण के बिन्दु दिखाई दे, उन्हे देखना चाहिए।

## बिन्दु-ज्ञान से पवन-निर्णय

पीतेन बिन्दुना भौम सितेन वरुण पुन।
कृष्णेन पवन विन्द्यादरुणेन हुताशनम् ॥ २५१ ॥

पीला बिन्दु दिखाई दे तो पुरन्दर वायु, श्वेत दिखाई दे तो वरुण वायु, कृष्ण बिन्दु परिलक्षित हो तो पवन नामक वायु और लाल बिन्दु दृष्टिगोचर हो तो अग्नि वायु समझनी चाहिए।

## नाड़ी की गति को रोकना

निरुरुत्सेद् वहन्ती यां वामां वा दक्षिणामथ।
तदग पीडयेत्सद्यो यथा नाडीतरा वहेत् ॥ २५२ ॥

चलती हुई बायी या दाहिनी नाडी को रोकने की इच्छा हो तो उस ओर के पार्श्व भाग को दबाना चाहिए। ऐसा करने से दूसरी नाडी चालू हो जाएगी और चालू नाडी बन्द हो जाएगी। इस तरह की क्रिया करने से नाडी की गति मे परिवर्तन आ जाएगा।

### चन्द्र-क्षेत्र सूर्य-क्षेत्र

अग्रे वाम-विभागे हि शशिक्षेत्रं प्रचक्षते ।
पृष्ठे दक्षिण-भागे तु रविक्षेत्र मनीषिण· ॥ २५३ ॥

विद्वान् पुरुषो का कथन है कि शरीर के वाम भाग मे आगे की ओर चन्द्र का क्षेत्र है और दाहिने भाग मे पीछे की ओर सूर्य का क्षेत्र है ।

### वायुज्ञान का महत्त्व

लाभालाभौ सुखं दुःख जीवितं मरणं तथा ।
विदन्ति विरला· सम्यग् वायुसंचारवेदिनः ॥ २५४ ॥

वायु के सचार को जानने वाले पुरुष सम्यक् रूप से लाभ-अलाभ, सुख-दुःख, जीवन-मरण को जानते है, परन्तु ऐसे वायु-सचार वेत्ता विरले पुरुष ही होते हैं ।

### नाड़ी-शुद्धि

अखिलं वायुजन्मेदं सामर्थ्यं तस्य जायते ।
कर्तु नाडि-विशुद्धिं य· सम्यग् जानात्यमूढधीः ॥ २५५ ॥

जो प्रवुद्ध पुरुष भली-भाँति नाडी की विशुद्धि करना जानता है, उसे वायु से उत्पन्न होने वाले सर्व सामर्थ्य प्राप्त हो जाते हैं । वह व्यक्ति सर्वशक्ति-संपन्न हो जाता है ।

### नाड़ी-शुद्धि की विधि

नाभ्यब्ज-कर्णिकारूढ कलाबिन्दु-पवित्रितम् ।
रेफाक्रान्तं स्फुरद्भासं हकारं परिचिन्तयेत् ॥ २५६ ॥
तं ततश्च तडिद्वेगं स्फुलिंगार्चिशताञ्चितम् ।
रेचयेत्सूर्यमार्गेण प्रापयेच्च नभस्तलम् ॥ २५७ ॥
अमृतं प्लावयन्त तमवतार्य शनैस्तत· ।
चन्द्राभं चन्द्रमार्गेण नाभिपद्मे निवेशयेत् ॥ २५८ ॥

निष्क्रमं च प्रवेशं च यथामार्गमनारतम् ।
कुर्वन्नेव महाभ्यासो नाडीशुद्धिमवाप्नुयात् ॥ २५६ ॥

नाभिकमल की कर्णिका मे आरूढ, कला और बिन्दु से युक्त तथा रेफ से आक्रान्त हकार का अर्थात् 'हं' का चिन्तन करना चाहिए। तत्पश्चात् विद्युत जैसे वेगवान और सैकडो चिनगारियो एव ज्वालाओ से युक्त 'हं' को सूर्यनाडी के मार्ग से रेचक करके अर्थात् बाहर निकाल कर आकाश मे ऊपर तक पहुंचाना चाहिए या ऐसी कल्पना करनी चाहिए। उसे आकाश मे पहुंचा कर अमृत से प्लावित करके, धीरे-धीरे नीचे उतार कर, चन्द्रमा के समान उज्ज्वल और शान्त बने हुए 'हं' को चन्द्रनाडी के मार्ग से भीतर प्रविष्ट करके नाभि-कमल में स्थापित करना चाहिए।

इस प्रकार कथित मार्ग से निरन्तर प्रवेश और निर्गमन कराते-कराते अत्यधिक अभ्यासी पुरुष नाडी-शुद्धि को प्राप्त कर लेता है।

### नाड़ी-शुद्धि का फल

नाडीशुद्धाविति प्राज्ञ सम्पन्नाभ्यासकौशल. ।
स्वेच्छया घटयेद्वायु पुटयोस्तत्क्षणादपि ॥ २६० ॥

विचक्षण पुरुष नाडी-शुद्धि करने के अभ्यास मे कुशलता प्राप्त करके, वह अपनी इच्छा के अनुसार वायु को एक नाडी से दूसरी नाडी मे परिवर्तित कर सकता है।

### वायु-वहन का काल

द्वे एव घटिके सार्धे एकस्यामवतिष्ठते ।
तामुत्सृज्यापरा नाडीमधितिष्ठति मारुत ॥ २६१ ॥

वायु एक नाडी मे अढाई घडी—एक घटा बहती है, फिर उस नाडी को छोडकर दूसरी नाडी मे बहने लगती है। इस प्रकार उलट-फेर होता रहता है।

षट्शत्याभ्यधिकान्याहु· सहस्राण्येकविंशतिम् ।
अहोरात्रे नरि स्वस्थे प्राणवायोर्गमागमम् ॥ २६२ ॥

एक अहो-रात्रि—रात और दिन मे स्वस्थ व्यक्ति की प्राण-वायु—श्वासोच्छ्वास का इक्कीस हजार छह सौ बार आवागमन होता है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि स्वस्थ व्यक्ति २४ घटे मे २१,६०० श्वासोच्छ्वास लेता है।

## तत्त्व-निर्णय का अनधिकारी

मुग्धधीर्यः समीरस्य सक्रान्तिमपि वेत्ति न· ।
तत्त्वनिर्णयवार्ता स कथं कर्तुं प्रवर्त्तते ॥ २६३ ॥

जो मूढ-बुद्धि पुरुष वायु के सक्रमण को, अर्थात् एक नाड़ी मे से दूसरी नाडी मे जाने की विधि को भी नही जानता है, वह पूर्वोक्त पुरन्दर आदि तत्वों की बात कैसे कर सकता है? अर्थात् तत्त्व-निर्णय के लिए वायु-सक्रमण को जानना अत्यावश्यक है। वायु-सक्रमण की विधि के ज्ञान से रहित व्यक्ति तत्त्व का निर्णय नही कर सकता।

## परकाय-प्रवेश की विधि

पूरितं पूरकेणाधोमुख हृत्पद्ममुन्मिषेत् ।
ऊर्ध्वश्रोतो भवेत्तच्च कुम्भकेन प्रबोधितम् ॥ २६४ ॥

आक्षिप्य रेचकेनाथ कर्षेद्वायुं हृदम्बुजात् ।
ऊर्ध्वश्रोत·पथग्रन्थि भित्वा ब्रह्मपुरं नयेत् ॥ २६५ ॥
ब्रह्मरन्ध्रान्निष्क्रमय्य योगी कृतकुतूहलः ।
समाधितोऽर्कतूलेषु वेधं कुर्याच्छनै· शनैः ॥ २६६ ॥

मुहुस्तत्र कृताभ्यासो मालती-मुकुलादिषु ।
स्थिरलक्ष्यतया[1] वेधं सदा कुर्यादतन्द्रित· ॥ २६७ ॥

---

१. लक्षतया ।

दृढाभ्यासस्तत कुर्याद् वेध वरुण-वायुना।
कर्पूरा-गुरु-कुष्ठादि-गन्ध-द्रव्येषु सर्वत. ॥ २६८ ॥
एतेषु लब्धलक्षोऽथ[1] वायुसयोजने पटु।
पक्षि-कायेषु सूक्ष्मेषु विदध्याद्वेधमुद्यत ॥ २६९ ॥
पतङ्ग-भृङ्ग-कायेषु जाताभ्यासो मृगेष्वपि।
अनन्यमानसो धीर सञ्चरेद्विजितेन्द्रिय ॥ २७० ॥
नराश्व-करिकायेषु प्रविशन्निस्सरन्निति।
कुर्वीत सक्रम पुस्तोपलरूपेष्वपि क्रमात् ॥ २७१ ॥

पूरक क्रिया के द्वारा जब वायु अन्दर ग्रहण की जाती है, तब हृदय-कमल अधोमुख और सकुचित हो जाता है। वही हृदम-कमल कुम्भक करने से विकसित और ऊर्ध्वमुख हो जाता है। अत पहले कुम्भक करना चाहिए और फिर हृदय-कमल की वायु को रेचक क्रिया द्वारा हिलाकर हृदय-कमल मे से वायु को ऊपर खीचना चाहिए। यह रेचक क्रिया वायु को बाहर निकालने के लिए नही, किन्तु अन्दर ही कुम्भक के बन्धन से वायु को मुक्त करने के लिए की जाती है। उक्त क्रिया करने के पश्चात् उस वायु को ऊपर की ओर प्रेरित करके, बीच की दुर्भेद्य ग्रन्थि को भेद कर ब्रह्मरन्ध्र मे ले जाना चाहिए। यहाँ योगी को समाधि प्राप्त हो सकती है।

यदि योगी को-कौतुक—चमत्कार करने या देखने की इच्छा हो तो उस पवन को ब्रह्मरन्ध्र से बाहर निकाल कर, समाधि के साथ आक की रुई मे धीरे-धीरे वेध करना चाहिए अर्थात् पवन को उस रुई पर छोडना चाहिए।

आक की रुई पर बार-बार अभ्यास करने से, अर्थात् पवन को बार-बार ब्रह्मरन्ध्र पर और बार-बार रुई पर लाने से जब अभ्यास परिपक्व हो जाए, तब योगी को स्थिरता के साथ मालती आदि के पुष्पो को लक्ष्य बनाकर सावधानी से पवन को उन पर छोड देना चाहिए।

---

१. लक्ष्योऽथ।

जब यह अभ्यास दृढ हो जाए और वरुण वायु चल रहा हो, तो कपूर, अगर और कुष्ट आदि सुगंधित द्रव्यो मे पवन को वेध करना—छोडना शुरू कर दे।

इन सब मे वेध करने मे जब सफलता प्राप्त हो जाए और साधक जब वायु के सयोजन मे कुशल हो जाए, तब छोटे-छोटे पक्षियो के मृत शरीर मे वेध करने का प्रयत्न करे। पतग और भ्रमर आदि के मृत शरीर मे वेध करने का अभ्यास करने के पश्चात् मृग आदि के विषय मे भी अभ्यास प्रारम्भ करना चाहिए। तत्पश्चात् एकाग्रचित्त, धीर एव जितेन्द्रिय होकर योगी को मनुष्य, घोडा, हाथी आदि के मृत शरीरो मे पवन को वेध करना चाहिए। उनमे प्रवेश और निर्गम करते-करते अनुक्रम से पाषाण की पुतली, देवप्रतिमा आदि मे प्रवेश करना चाहिए।

एवं परासुदेहेषु प्रविशेद्वाम-नासया ।
जीवद्देहप्रवेशस्तु नोच्यते पाप-शङ्कया ॥ २७२ ॥

इस प्रकार मृत जीवो के शरीर मे वायी नासिका से प्रवेश करना चाहिए। पाप की शंका से जीवित देह मे प्रवेश करने का कथन नही किया गया है।[1]

---

१. योग-माधना की प्रक्रिया से साधक किसी जीवित व्यक्ति के शरीर मे भी प्रवेश कर सकता है। परन्तु, दूसरे के प्राणो का नाश किए विना उसके शरीर मे प्रवेश नही किया जा सकता है, अत परकीय जीवित शरीर मे प्रवेश करने का उपदेश वस्तुत हिंसा का उपदेश है। तथापि ग्रंथ को अपूर्ण न रखने के अभिप्राय से आचार्य ने प्रस्तुत ग्रन्थ की टीका में उसका दिग्दर्शन मात्र कराया है।

ब्रह्मरन्ध्रेण निर्गत्य प्रविश्यापानवर्त्मना ।
श्रित्वा नाभ्यम्बुजं यायात् हृदम्भोजं सुषुम्णया ॥ १ ॥

**पर-काय प्रवेश का फल**

क्रमेणैव परपुर-प्रवेशाभ्यास-शक्तितः ।
विमुक्त इव निर्लेप. स्वेच्छया सचरेत्सुधी. ॥२७३॥

इस क्रम से दूसरे के शरीर मे प्रविष्ट होने की शक्ति उत्पन्न होने के कारण बुद्धिमान योगी मुक्त पुरुष की तरह निर्लेप होकर अपनी इच्छानुसार विचरण कर सकता है ।

---

तत्र तत्प्राणसचार निरुध्यान्निजवायुना ।
यावद्देहात्ततो देही गतचेष्टो विनिष्पतेत् ॥ २ ॥

तेन देहे विनिर्मुक्ते प्रादुर्भूतेन्द्रियक्रिय. ।
वर्तेत सर्वकार्येषु स्वदेह इव योगवित् ॥ ३ ॥

दिनार्धं वा दिन चेति क्रीडेत् परपुरे सुधी. ।
अनेन विधिना भूयः प्रविशेदात्मन पुरम् ॥ ४॥

ब्रह्मरन्ध्र से निकल कर अपान—गुदा के मार्ग से परकीय शरीर मे प्रवेश करना चाहिए । प्रवेश करने के पश्चात् नाभि-कमल का आश्रय लेकर, सुषुम्णा नाडी के द्वारा हृदय-कमल मे जाना चाहिए । वहाँ जाकर अपनी वायु के द्वारा उसके प्राण सचार को रोक देना चाहिए और तब तक रोके रखना चाहिए, जब तक वह निश्चेष्ट होकर गिर न पडे । थोडी देर मे वह आत्मा देह से मुक्त हो जाएगा । तब अपनी ओर से इन्द्रियो की क्रिया प्रकट होने पर योगी उस शरीर से, अपने शरीर की तरह काम लेने लगेगा । आधा दिन या एक दिन तक परकीय शरीर मे क्रीडा करके प्रबुद्ध पुरुष इसी विधि से पुन अपने शरीर मे प्रविष्ट हो जाते हैं ।

# षष्ठ प्रकाश

## परकाय-प्रवेश : अपारमार्थिक

इह चायं पर पुरप्रवेशश्चित्रमात्रकृत् ।
सिध्येन्न वा प्रयासेन कालेन महताऽपिहि ॥१॥

पञ्चम-प्रकाश मे दूसरे के शरीर मे प्रवेश करने की विधि का जो दिग्दर्शन कराया गया है, वह केवल कुतूहलजनक ही है, उसमे परमार्थ का अंशमात्र भी नही है। इसके अतिरिक्त बहुत लम्बे समय तक महान् प्रयास करना पडता है और इतना कठिन अभ्यास करने पर भी कभी उसकी सिद्धि हो जाती है और कभी नही भी होती। इसका तात्पर्य यह है कि यह प्रक्रिया केवल चमत्कारिक है। इससे साध्य की सिद्धि नही होती।

जित्वाऽपि पवन नानाकरणैः क्लेश-कारणैः ।
नाड़ीप्रचारमायत्तं विधायापि वपुर्गतम् ॥२॥
अश्रद्धेय परपुरे साधयित्वाऽपि सक्रमम् ।
विज्ञानैकप्रसक्तस्य मोक्षमार्गो न सिध्यति ॥३॥

कष्टप्रद विभिन्न आसनो की साधना से पवन को जीतकर भी, शरीर के अन्तर्गत नाडी के सचार को अपने अधीन करके भी और जिस पर दूसरे श्रद्धा भी नही कर सकते, उस परकाय-प्रवेश मे सिद्धि प्राप्त करके भी, जो पुरुष इस विज्ञान मे आसक्त रहता है, वह अपवर्ग-मुक्ति को प्राप्त नही कर सकता है।

**प्राणायाम की अनावश्यकता**

तन्नाप्नोति मन स्वास्थ्य प्राणायामै कर्दथितम् ।
प्राणस्यायमने पीडा तस्या स्याच्चित्त-विप्लव ॥४॥
पूरणे कुम्भने चैव रेचने च परिश्रम ।
चित्त-सक्लेश-करणान्मुक्तेः प्रत्यूह-कारणम् ॥५॥

प्राणायाम के द्वारा पीडित मन स्वस्थ नही हो सकता है । क्योकि, प्राण का निग्रह करने से शरीर मे पीडा उत्पन्न होती है और शरीर मे पीडा होने से मन मे चपलता उत्पन्न होती है ।

पूरक, कु भक और रेचक करने मे परिश्रम करना पडता है । परिश्रम करने से मन मे सक्लेश उत्पन्न होता है और मन की सक्लेशमय स्थिति मोक्ष मे बाधक है ।

**टिप्पण**—प्राणायाम की प्रक्रिया से मन कुछ देर के लिए कार्य करना बन्द कर देता है, परन्तु इससे स्थिर नही हो पाता । अत प्राणायाम का बन्धन शिथिल होते ही वह तेजी से दौडता है और साधना से बहुत दूर निकल जाता है । अत मन को स्थिर करने के लिए उसका प्राणायाम के द्वारा निरोध न करके उसे किसी पदार्थ एव द्रव्य के चिन्तन मे लगाकर स्थिर करना चाहिए ।

**प्रत्याहार**

इन्द्रियै सममाकृष्य विषयेभ्य प्रशान्तधी ।
धर्मध्यानकृते तस्मान्मन कुर्वीत निश्चलम् ॥६॥

प्रशान्त बुद्धि वाला साधक इन्द्रियो के साथ मन को भी शब्द, रूप, गध, रस और स्पर्श—इन पाँचो विषयो से हटाकर, उसे धर्मध्यान के चिन्तन मे लगाने का प्रयत्न करे ।

**टिप्पण**—अभिप्राय यह है कि जब तक इन्द्रियाँ और मन विषयो से विरत नही हो जाते, तब तक मन मे शान्ति का प्रादुर्भाव नही होता ।

अत मन को प्रशान्त बनाने के लिए उसे विषयो की ओर से हटाना आवश्यक है। प्रशान्त मन ही निश्चल हो सकता है और धर्मध्यान के लिए मन का निश्चल होना अनिवार्य है। अत मन को बाह्य एव अभ्यन्तर इन्द्रियो से पृथक् कर लेना ही 'प्रत्याहार' कहलाता है।

## धारणा

नाभी-हृदय-नासाग्र-भाल-भ्रू-तालु-दृष्टयः।
मुख कर्णौ शिरश्चेति ध्यानस्थानान्यकीर्त्तयन् ॥७॥

नाभि, हृदय, नासिका का अग्रभाग, कपाल, भ्रकुटि, तालु, नेत्र, मुख, कान और मस्तक, यह ध्यान करने के लिए धारणा के स्थान हैं। अर्थात् इन स्थानो मे से किसी भी एक स्थान पर चित्त को स्थिर करना चाहिए। चित्त को स्थिर करना ही 'धारणा' है।

**टिप्पण**—ध्यान के लिए वचन और काय के साथ मन को एकाग्र करना आवश्यक है। अत ध्यान—आत्म-चिन्तन करते समय यह आवश्यक है कि मन को एक पदार्थ के चिन्तन मे स्थिर किया जाए। वस्तुत ध्यान मन को एक स्थान पर एकाग्र करने—स्थिर रखने की साधना है।

## धारणा का फल

एषामेकत्र कुत्रापि स्थाने स्थापयतो मनः।
उत्पद्यन्ते स्वसवित्तेर्बहवः प्रत्ययाः किल ॥ ८ ॥

पूर्वोक्त स्थानो मे से किसी भी एक स्थान पर लम्बे समय तक मन को स्थापित करने से निश्चय ही स्वसवेदन के अनेक प्रत्यय उत्पन्न होते हैं।

**टिप्पण**—इन्द्रियो को और मन को विषयो से खीच लेने के पश्चात् धारणा होती है। विषयो से विमुख बने हुए मन को नासिकाग्र आदि स्थानो पर स्थापित कर लिया जाता है। इस प्रक्रिया से कुछ ऐसा

# सप्तम प्रकाश

## ध्यान

ध्यानं विधित्सता ज्ञेयं ध्याता ध्येयं तथा फलम् ।
सिध्यन्ति न हि सामग्री विना कार्याणि कर्हिचित् ॥ १ ।

ध्यान करने की इच्छा रखने वाले साधक को तीन बाते जान लेनी चाहिए—१. ध्याता—ध्यान करने वाले मे कैसी योग्यता होनी चाहिए ? २. ध्येय—जिसका ध्यान करना है, वह वस्तु कैसी होनी चाहिए ? ३. ध्यान के कारणो की समग्रता, अर्थात् सामग्री कैसी हो ? क्योंकि सामग्री के विना कोई भी कार्य सिद्ध नही होता है ।

**ध्याता की योग्यता**

अमुञ्चन प्राणनाशेऽपि संयमैकधुरीणताम् ।
परमप्यात्मवत् पश्यत् स्वस्वरूपापरिच्युतः ॥ २ ॥
उपतापमसंप्राप्त शीत - वातातपादिभिः ।
पिपासुरमरीकारि योगामृत-रसायनम् ॥ ३ ॥
रागादिभिरनाक्रान्तं क्रोधादिभिरदूषितम् ।
आत्मारामं मनः कुर्वन्निर्लेपः सर्वकर्मसु ॥ ४ ॥
विरत. कामभोगेभ्यः स्वशरीरेऽपि निस्पृहः ।
सवेग ह्रदनिर्मग्न सर्वत्र समतां श्रयन् ॥ ५ ॥
नरेन्द्रे वा दरिद्रे वा तुल्य-कल्याण-कामना ।
अमात्र करुणा-पात्रं भव-सौख्य-परांमुख. ॥ ६ ॥

सुमेरुरिव निष्कम्प शशीवानन्द-दायक ।
समीर इव नि सग सुधीर्ध्याता प्रशस्यते ॥ ७ ॥

जो प्राणो के नाश होने का अवसर आ जाने पर भी सयम-निष्ठा का परित्याग नही करता है; अन्य प्राणियो को आत्मवत् देखता है, अपने ध्येय—लक्ष्य से च्युत नही होता है, जो सर्दी, गर्मी और वायु से खिन्न नही होता, जो अजर-अमर बनाने वाले योग रूपी अमृत-रसायन को पान करने का इच्छुक है, रागादि दोषो से आक्रान्त नही है, क्रोध आदि कषायो से दूषित नही है मन को आत्माराम मे रमण कराने वाला है, समस्त कर्मों मे अलिप्त रहने वाला है, काम-भोगो से पूर्णतया विरक्त है, अपने शरीर पर भी ममत्व-भाव नही रखता है, सवेग के सरोवर मे पूरी तरह मग्न रहने वाला है, शत्रु-मित्र, स्वर्ण-पाषाण, निन्दा-स्तुति, मान-अपमान आदि मे समभाव रखने वाला है, समान रूप से प्राणीमात्र के कल्याण की कामना करने वाला है, प्राणीमात्र पर करुणा-भाव रखने वाला है, सासारिक सुखो से विमुख है, परीषह और उपसर्ग आने पर भी सुमेरु की तरह अचल-अटल रहता है, चन्द्रमा की भांति आनन्ददायक और वायु के समान नि सग—अप्रतिबन्ध विहारी है, वही प्रशस्त बुद्धि वाला प्रवुद्ध-साधक प्रशमनीय और श्रेष्ठ ध्याता हो सकता है ।

### ध्येय का स्वरूप

पिण्डस्थ च पदस्थ च रूपस्थ रूपवर्जितम् ।
चतुर्धा ध्येयमाम्नातं ध्यानस्यालम्बन बुधै ॥ ८ ॥

ज्ञानी पुरुषो ने ध्यान के आलम्बन रूप—ध्येय को चार प्रकार का माना है—१ पिण्डस्थ, २ पदस्थ, ३ रूपस्थ और ४ रूपातीत ।

### पिण्डस्थ-ध्येय की धारणाएँ

पार्थिवी स्यादथाग्नेयी मारुती वारुणी तथा ।
तत्त्वभू पञ्चमी चेति पिण्डस्थे पञ्च धारणा ॥ ९ ॥

पिण्डस्थ-ध्येय मे १ पार्थिवी, २ आग्नेयी, ३. मारुती, ४. वारुणी, और ५ तत्वभू—यह पांच धारणाएँ होती हैं।

## १. पार्थिवी-धारणा

तिर्यग्लोकसमं ध्यायेत् क्षीराब्धि तत्र चाम्बुजम्।
सहस्रपत्रं स्वर्णाभ जम्बूद्वीप-सम स्मरेत् ॥ १० ॥
तत्केसरततेरन्तः स्फुरत्पिङ्गप्रभाञ्चिताम्।
स्वर्णाचल-प्रमाणा च कर्णिका परिचिन्तयेत् ॥ ११ ॥
श्वेत - सिंहासनासीनं कर्म - निर्मूलनोद्यतम्।
आत्मान चिन्तयेत्तत्र पार्थिवी धारणेत्यसौ ॥ १२ ॥

हम जिस पृथ्वी पर रहते हैं उसका नाम तिर्यक्-लोक अथवा मध्य-लोक है। मध्य-लोक एक रज्जु प्रमाण विस्तृत है। इस मध्य-लोक के वरावर लम्वे-चौडे क्षीर-सागर का चिन्तन करना चाहिए। क्षीर-सागर मे जम्वू-द्वीप के वरावर एक लाख योजन विस्तार वाले और एक हजार पखुडियो वाले कमल का चिन्तन करना चाहिए। उस कमल के मध्य मे केसराएँ है और उसके अन्दर देदीप्यमान पीली प्रभा से युक्त और मेरु पर्वत के वरावर एक लाख योजन ऊँची कर्णिका है, ऐसा चिन्तन करना चाहिए। उस कर्णिका के ऊपर एक उज्ज्वल सिंहासन है। उस सिंहासन के ऊपर आसीन होकर कर्मों का समूल उन्मूलन करने मे उद्यत अपने आपका चिन्तन करना चाहिए। चिन्तन की इस प्रक्रिया को 'पार्थिवी-धारणा' कहते हैं।

## २. आग्नेयी-धारणा

विचिन्तयेत्तथा नाभौ कमलं षोडशच्छदम्।
कर्णिकायां महामन्त्रं प्रतिपत्र स्वरावलिम् ॥ १३ ॥
रेफ-विन्दु-कलाक्रान्तं महामन्त्रे यदक्षरम्।
तस्य रेफाद्विनिर्यान्ती शनैर्धूमशिखा स्मरेत् ॥ १४ ॥

स्फुलिंग-सन्तति ध्यायेज्ज्वालामालामनन्तरम् ।
ततो ज्वाला-कलापेन दहेत्पद्मं हृदि स्थितम् ॥ १५ ॥

नाभि के भीतर सोलह पखुडी वाले कमल का चिन्तन करना चाहिए। उस कमल की प्रत्येक कर्णिका पर महामन्त्र 'अर्हं' स्थापित करना चाहिए और उसके प्रत्येक पत्ते पर अनुक्रम से 'अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, ऌ, ॡ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः'—यह सोलह स्वर स्थापित करने चाहिए।

तदष्ट - कर्म - निर्माणमष्ट - पत्रमधो - मुखम् ।
दहत्येव महामन्त्र - ध्यानोत्थ प्रबलानल ॥ १६ ॥
ततो देहाद् बहिर्ध्यायेत्त्र्यस्र वह्निपुर ज्वलत् ।
लाञ्छित स्वस्तिकेनान्ते वह्निबीजसमन्वितम् ॥ १७ ॥
देह पद्म च मन्त्रार्चिरन्तर्वह्निपुर बहि ।
कृत्वाऽऽशु भस्मसाच्छाम्येत् स्यादाग्नेयीति धारणा ॥१८॥

ऐसा करने के पश्चात् हृदय मे आठ पखुडियो वाले कमल का चिन्तन करना चाहिए। उसकी प्रत्येक पखुडी पर अनुक्रम से १ ज्ञानावरण, २ दर्शनावरण, ३ वेदनीय, ४ मोहनीय, ५ आयु, ६ नाम, ७. गोत्र, और ८ अन्तराय, यह आठ कर्म स्थापित करने चाहिए। यह कमल अधोमुख होना चाहिए।

इसके पश्चात् रेफ, बिन्दु और कला से युक्त, महामन्त्र के 'हं' अक्षर के रेफ मे से धीमी-धीमी निकलने वाली धूम की शिखा का चिन्तन करना चाहिए। फिर उसमे से अग्नि की चिनगारियो के निकलने का चिन्तन करना चाहिए और फिर निकलती हुई अनेक ज्वालाओ का चिन्तन करना चाहिए। इन ज्वालाओ से हृदय मे स्थित पूर्वोक्त आठ दल वाले कमल को दग्ध करना चाहिए और सोचना चाहिए कि महामन्त्र 'अर्हं' के ध्यान से उत्पन्न प्रबल अग्नि अवश्य ही कर्म से युक्त कमल को भस्म कर देती है।

तत्पश्चात् शरीर के बाहर तीन कोण वाले स्वस्तिक से युक्त और अग्निबीज 'रेफ' से युक्त जलते हुए वह्निपुर का चिन्तन करना चाहिए। तदनन्तर शरीर के अन्दर महामन्त्र के ध्यान से उत्पन्न हुई शरीर की ज्वाला से तथा बाहर की वह्निपुर की ज्वाला से देह और आठ कर्मों से बने कमल को तत्काल भस्म करके अग्नि को शान्त कर देना चाहिए। इस तरह के चिन्तन को 'आग्नेयी-धारणा' कहते हैं।

## ३. वायवी-धारणा

ततस्त्रिभुवनाभोग पूरयन्त समीरणम्।
चालयन्तं गिरीनब्धीत् क्षोभयन्तं विचिन्तयेत् ॥ १९ ॥
तच्च भस्मरजस्तेन शीघ्रमुद्धूय वायुनां।
दृढाभ्यासः प्रक्षान्तिं तमानयेदिति मारुती ॥ २० ॥

आग्नेयी धारणा के पश्चात् समग्र तीन लोक को पूर देने वाले. पर्वतो को चलायमान करने वाले और समुद्र को क्षुब्ध करने वाले प्रचण्ड पवन का चिन्तन करना चाहिए।

पवन का चिन्तन करने के पश्चात् आग्नेयी धारणा मे देह और आठ कर्मों को जलाने से जो राख बनी थी, उसे उडा देने का चिन्तन करना चाहिए, अर्थात् ऐसा विचार करना चाहिए कि प्रचण्ड पवन चल रहा है और देह तथा कर्मों की राख उड़कर बिखर रही है। इस प्रकार का दृढ अभ्यास करके उस पवन को शान्त कर देना चाहिए। चिन्तन एव ध्यान की इस साधना को 'वायवी-धारणा' कहते हैं।

## ४. वारुणी-धारणा

स्मरेद्वर्षत्सुधासारैर्घनमालाकुलं नभः।
ततोऽर्धेन्दुसमाक्रान्तं मण्डल वारुणांकितम् ॥ २१ ॥
नभस्तल सुधाम्भोभिः प्लावयेत्तत्पुरं तत।
तद्रजः कायसम्भूतं क्षालयेदिति वारुणी ॥ २२ ॥

वारुणी धारणा मे अमृत-सी वर्षा बरसाने वाले और मेघ की मालाओ से व्याप्त आकाश का चिन्तन करना चाहिए। तत्पश्चात् अर्ध चन्द्राकार कला-विन्दु से युक्त वरुण-बीज 'वँ' का चिन्तन करना चाहिए। फिर वरुण-बीज 'वँ' से उत्पन्न हुए अमृत के समान जल से आकाशतल भर गया है और पहले शरीर और कर्मों की जो भस्म उडा दी थी, वह इस जल से धुल कर साफ हो रही है, ऐसा चिन्तन करना चाहिए। इसके बाद इस धारणा को समाप्त कर देना चाहिए। यह 'वारुणी-धारणा' हुई।

## ५ तत्त्वभू-धारणा

सप्तधातु-विनाभूत पूर्णेन्दु-विशदद्युतिम्।
सर्वज्ञ-कल्पमात्मान शुद्धबुद्धि• स्मरेत्तत ॥ २३ ॥

तत सिंहासनारूढ सर्वातिशयभासुरम्।
विध्वस्ताशेषकर्माण कल्याणमहिमान्वितम्॥ २४ ॥

स्वाङ्गगर्भे निराकार[1] सस्मरेदिति तत्त्वभू।
साभ्यास इति पिण्डस्थे योगी शिवसुख भजेत्॥ २५ ॥

चार धारणाएँ करने के बाद शुद्ध बुद्धि वाले योगी को सात धातुओ—रस, रक्त आदि से रहित, पूर्ण चन्द्र के समान निर्मल एव उज्ज्वल कान्ति वाले और सर्वज्ञ के सदृश शुद्ध-विशुद्ध आत्म-स्वरूप का चिन्तन करना चाहिए।

तदनन्तर सिंहासन पर आरूढ, सर्व अतिशयो से सुशोभित, समस्त कर्मों का विध्वस कर देने वाले, उत्तम महिमा से सम्पन्न, अपने शरीर मे स्थित निराकार आत्मा का स्मरण-चिन्तन करना चाहिए।

यह तत्त्वभू नामक धारणा है। इस पिण्डस्थ ध्यान का अभ्यास करने वाला योगी मोक्ष के अनन्त सुख को प्राप्त करता है।

---

१ नराकार।

शंकराचार्य कृत

# योगतारावली

[ हिन्दी अनुवाद और विशद व्याख्या के साथ ]

**रामशंकर भट्टाचार्य**

प्रकाशक

**भारतीय विद्या प्रकाशन**

*वाराणसी* *दिल्ली*

शंकराचार्यकृत

# योगतारावली

[ हिन्दी अनुवाद और विशद व्याख्या के साथ ]

अनुवादक तथा व्याख्याकार

**रामशंकर भट्टाचार्य**

( एम. ए ; पीएच-डी॰; व्याकरणाचार्य )

Co editor : Encyclopedia of Indian Philosophies
( Vols. on Samkhya & Yoga );
Editor : Purana, All-India Kasiraj Trust.
Varanasi

प्रकाशक

**भारतीय विद्या प्रकाशन**

वाराणसी दिल्ली

# YOGATĀRĀVALĪ

with Hindi Translations & Notes and a Preface

**Ram Shankar Bhattacharya**

M.A.; Ph.D.; Vyakaranacharya

Co-editor : Encyclopedia of Indian Philosophies
( Vols. on Samkhya & Yoga );
Editor : Purana, All-India Kasiraj Trust,
VARANASI

BHARATIYA VIDYA PRAKASAN
VARANASI DELHI

I.S.B.N., 81-217-0035-3

First Edition, 1987

Price : Rs. [illegible].00

*Publisher* :

BHARATIYA VIDYA PRAKASHAN
Post Box 1108. Kachauri Gali, Varanasi
1. U. B. Jawahar Nagar, Bungalow Road. Delhi-110007

*Printer* :

VARANASI MUDRAN SANSTHAN
D. 51/92 Suraj Kund
Varanasi-( India )

# प्राक्कथन

ब्रह्मानन्दं परमसुखदं केवलं ज्ञानमूर्ति
द्वन्द्वातीतं गगनसदृशं तत्त्वमस्यादिलक्ष्यम् ।
एकं नित्यं विमलमचलं सर्वधीसाक्षिभूतं
भावातीतं त्रिगुणरहितं सद्गुरुं तं नमामि ।।

राजयोग का प्रतिपादक श्लोकबद्ध योगतारावली[1]-नामक ग्रन्थ योगाभ्यासियों में अत्यन्त प्रसिद्ध रहा है। इस ग्रन्थ को शंकराचार्य द्वारा विरचित माना जाता है। यही कारण है कि विभिन्न प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित शाङ्करग्रन्थावलियों में यह ग्रन्थ अवश्य संयोजित रहता है। पृथक् रूप से इस ग्रन्थ का प्रकाशन कदाचित् ही देखा जाता है।

यह खेद का विषय है कि प्रस्तुत ग्रन्थ में वर्णित विषय यद्यपि अत्यन्त उच्चकोटि का है तथा इसकी भाषा भी कहीं-कहीं व्याख्या की अपेक्षा रखती है, तथापि इसकी कोई प्राचीन संस्कृत टीका प्रचलित नहीं है, जबकि शंकराचार्यकृत दार्शनिक-विचार-बहुल दक्षिणामूर्ति-स्तोत्र की टीका

---

१. 'तारावली' शब्द का तात्पर्य विज्ञेय है। ताराओं की संख्या २७ हैं। यदि ग्रन्थ के मुख्य श्लोक २७ हों तो 'तारा' शब्द का प्रयोग ग्रन्थ-नाम में किया जा सकता है ( १–२ गौण श्लोक भी ऐसे नामवाले ग्रन्थों में कभी-कभी रहते हैं )। तारा की तरह नक्षत्र शब्द भी प्रयुक्त होता है। 'शिवपञ्चाक्षर-नक्षत्रमाला' ( शंकराचार्यकृत ) में २७ श्लोक हैं ( २७ मुक्ताओं से जो माला बनती है, वह नक्षत्रमाला कहलाती है, यह ज्ञातव्य है )।

उनके शिष्य सुरेश्वराचार्य ने, वेदान्तकेशरी की टीका आनन्दगिरि ने तथा निर्वाणदशक की टोका मधुसूदन सरस्वती ने लिखो है। टीका न रहने के कारण इस ग्रन्थ के कुछ वाक्यों का तात्पर्य समझने में कठिनता होती है। ग्रन्थगत श्लोकों का मुद्रित पाठ भी सर्वत्र शुद्ध प्रतीत नहीं होता। विभिन्न संस्करणों में श्लोकों के अनेक पाठान्तर दृष्ट होते हैं। अतः प्राचीन हस्त-लेखों के आधार पर इस ग्रन्थ का एक शुद्धपाठयुत संस्करण प्रस्तुत करना आवश्यक प्रतीत होता है। शुद्ध पाठों के विना अर्थनिर्धारण करना सुकर नहीं है।

इस ग्रन्थ के जो एक-दो व्याख्या-ग्रन्थ ( हिन्दी-बंगला में ) प्रचलित हैं, वे बहुत ही साधारण कोटि के हैं। इनमें न पाठों पर उचित विचार किया गया है और न शब्दों के विवक्षित तात्पर्य के निर्धारण के लिए उचित प्रयास किया गया है। प्रस्तुत व्याख्या में योगतारावली में प्रयुक्त शब्दों के विवक्षित अर्थों का निर्धारण योगग्रन्थों के आधार पर करने की चेष्टा की गई है तथा कौन पाठ संगत है, इस पर भी विचार किया गया है। हम समझते हैं कि हठयोगप्रदीपिका की ज्योत्स्नाटीका की तरह एक टीका इस ग्रन्थ के लिए भी आवश्यक है। कोई अभ्यासशील विद्वान् योगी यदि इस कार्य को करें तो हम सब उपकृत होंगे।

शङ्कराचार्य इस ग्रन्थ के लेखक हैं—इस प्रसिद्धि में हमें पर्याप्त संशय है। इस ग्रन्थ का उद्धरण प्राचीन आचार्यों के ग्रन्थों में नहीं मिलता; अट्ठारवीं शती के शाक्त भास्कर आचार्य (द्र० १७ श्लोक की व्याख्या) तथा १६-१७ वीं शती के योगी शिवानन्द ( द्र० ६ श्लोक की व्याख्या ) के द्वारा इस ग्रन्थ के वाक्य उद्धृत हुये हैं। किंच शंकर-संप्रदाय के किसी आचार्य के द्वारा अथवा हठयोगादि योगप्रस्थानों के किसी आचार्य के द्वारा इस ग्रन्थ की टीका न लिखा जाना इसकी शंकरकर्तृकता में दृढ़ संशय उत्पन्न करता है। यह भी देखा जाता है कि इस ग्रन्थ का वाक्य 'नन्दिकेश्वरकृत तारावली' के नाम से उद्धृत किया गया है ( द्र० ६ श्लोक

की व्याख्या)। इस प्रकार यह सिद्ध होता है कि इस ग्रन्थ को शंकर-विरचित मानना संशयास्पद है।

यदि नन्दिकेश्वर नामक किसी आचार्य के द्वारा यह ग्रन्थ विरचित हो तब भी इस प्रश्न का समाधान ढूंढना होगा कि क्यों यह ग्रन्थ शंकराचार्य की कृति के रूप में प्रसिद्ध हुआ ? नन्दिकेश्वर का परिचय भी निर्धारणीय है। पुराणों में जिस शिलाद ऋषि के पुत्र नन्दिकेश्वर का चरित है[२] (जिनका मानव शरीर जीवित अवस्था में ही दैव शरीर में परिणत हो गया था; द्र० व्यासभाष्य २।१२-१३) वे इस ग्रन्थ के रचयिता हैं, ऐसा मानने का कोई आधार नहीं है।

ग्रन्थकार ने श्रीशैल (श्रीपर्वत) में निवास करने की उत्कट इच्छा व्यक्त की है (श्लोक २८)। लेखक का दक्षिणभारत का निवासी होना इससे ज्ञापित होता है।

प्रस्तुत संस्करण का मुख्य वैशिष्ट्य यह है कि हमने श्लोकों के अर्थनिर्धारण में कहीं भी निराधार कल्पना का आश्रय नहीं लिया तथा व्याख्या में अनावश्यक विस्तार भी नहीं किया। श्लोक-प्रयुक्त शब्दों का अर्थ अन्यान्य योगग्रन्थों के आधार पर ही किया गया है—यह सहृदय पाठक देख सकते हैं। व्याख्या में जो सामग्री संकलित की गई है उसके आधार पर पाठक स्वयं भी श्लोकों के अर्थों का निर्धारण करने में समर्थ होंगे—ऐसा हम समझते हैं; साथ ही हम यह भी चाहते हैं कि पाठक स्वयं हमारी व्याख्या की युक्तायुक्तत्व की परीक्षा करें। हमें यह कहने में कोई भी संकोच नहीं है कि ग्रन्थोक्त कुछ विषय सर्वथा स्पष्ट नहीं हैं। इस

---

२. द्र० शिवपु० ३।६ अ०; स्कन्दपु० केदारखण्ड ५।१११–१९३; स्कन्दपु० काशीखण्ड ११।१०६; वराहपु० १४४।१६७; वराहपु० २१३।६९–७१; कूर्मपु० १।४३।१२८; २।४१।१७–४२। विशद विवरण के लिए मेरा 'Nandin–a yogin' शीर्षक निबन्ध (Journal of the Yoga Institute, Bombay, Vol. XXVII. 8 में प्रकाशित) पठनीय है।

अस्पष्टता का एक हेतु है—श्लोकों के अशुद्ध पाठ—यह कहना अनुचित नहीं होगा। यह भी निवेदनीय है कि हम चूंकि स्थूलरूप से योग का मनन-मात्र करते हैं, अतः अयोग्यता के कारण भी हमारी व्याख्या में कहीं-कहीं भ्रान्ति हो सकती है।

पाठकों की सुविधा के लिए एक 'शब्दसूची' भी ग्रन्थान्त में दी गई है। पाठक देखेंगे कि ग्रन्थगत कई शब्द विरल-प्रयुक्त हैं। हठसंकेतचन्द्रिका, हठतत्त्वकौमुदी ( सुन्दरदेवकृत ) आदि विस्तृत ग्रन्थों के प्रकाशन होने पर इन शब्दों के अर्थों को समझने में सुविधा होगी। इति

गुरुपूर्णिमा

रामशंकर भट्टाचार्य

११-७-१९८७

डी० ३८/८ हौजकटोरा, वाराणसी

# PREFACE

The Yogatārāvalī deals with some practices of both Haṭha-yoga and Rājayoga. Though the work is in 29 verses, yet almost all important practices are mentioned in it. In a few places necessary details have also been given in brief.

A synopsis of these verses is given below :

( Verse 1 ) Obeisance to Haṭhayoga.

(2) The *nādānusandhāna* concentration is said to be the highest of all *layas* ( obsorption ).

(3) Divine experience to be realized by the practitioner whose nerves have been purified.

(4) The dissolution of the mind into the feet of Viṣṇu by means of the *nādānusandhāna* ( listening to the inner sound ).

(5) Efficacy of the three *bandhas* namely Jālandhara, Uddiyāna and Mūla.

(6) The rise of Kuṇḍalī ( Coiled Energy ) and its entering the Suṣumnā nerve.

(7) Drinking of nector issuing from the moon heated by the fire coming out from the Suṣumnā nerve.

(8) Practice of Kevala-kumbhaka ( the stoppage of breath called Kevala ) which checks the flow of external knowledge.

(9-10) The developed stage of Kevala kumbhaka; absence of inhalation and exhalation in this *kumbhaka*.

(11-12) The state in which the vital air gets dissolved in Viṣṇu's feet.

(13) The rise of the state that transcends all functions of sense organs.

(14-16) Characteristics of the perfected stage of Rājayoga.

(17) Description of the stage called Manonmanī (fixedness of mind).

(18) Characteristics of yogins attaining to the state of Manonmanī.

(19) Chief means of acquiring the Unmanī state (steadiness of mind).

(20) Characteristics of the mind that can attain to peace.

(21-22) External as well as internal signs or characteristics of persons established in the Amanaska mudrā.

(23) Intense longing of a practitioner to acpuire the Amanaska state.

(24) The rise of *Yoganidrā* (yogic sleep) and its results.

(25-26) Qualifications of a person capable of attaining to yogic sleep and the divine pleasure to be d rived from it.

(27) Persons who are bereft of all knowledge of objects.

(28) Longing of a practitioner of higher stage to acquire *siddhi* and to reside in the cave of the Śrīparvata.

(29) The state in which a practitioner listens to divine sounds,

The authorship of the work is usually ascribed to the great Advaita teacher Śaṅkarācārya. There are however strong grounds to hold that this ascription is not beyond doubt. The work had not been commented on by any of the direct or indirect disciples of Śaṅkarācāry, nor has it been commented on by any teacher of minor yoga schools. Moreover the work does not seem to have beenl quoted by any teacher who lived before the fifteenth century. All these tend to show that the work belongs to a much later date. It is quite reasonable to hold that the work was composed by one of these later Śaṅkarācāryas who were proficient in Haṭha and Rāja yogas.

There is a difficulty in accepting this view also, for the work was ascribed to Nandikeśvara by Śivānanda ( in his Yogacintāmaṇi, p. 15 ), one of the authorities on yoga. It is difficult to explain this change in authorship. Even if we accept the authorship of Nandikeśvara, it is difficult to identify him. Historically it is impossible to take this Nandikeśvara as the same as the Puranic Nandin or Nandikeśvara ( the son of the sage Śilāda ), who assumed a *daiva śarīra* ( divine body ) through the grace of Śiva. A Nandikeśvara is said to have composed a commentary ( in verse ) on the fourteen Pratyāhāra sūtras of Paninian grammar. The identification of these two Nandikeśvaras is still to be proved.

It is a pity that the present work has no ancient Sanskrit commentary. There are, however, a few translations and commentaries in Hindi and Bengali. These commentaries neither try to determine the intended importe of the important expressions of the text, nor take into consideration the variant readings found in the different printed editions of the text. Though we have tried to

explain the expressions of the text with the help of the available works on Haṭhayoga and Rājayoga, yet we do not hesitate to declare that the significance of some of the expressions remains still to be determined.

The work, we believe, will delight all lovers of yoga and inspire them to run on the path of yoga with undivided attention.

R. S. Bhattacharya

# योगतारावली

वन्दे गुरूणां चरणारविन्दे
सन्दर्शितस्वात्मसुखावबोधे ।
जनस्य ये जाङ्गलिकायमाने[1]
संसारहालाहलमोहशान्त्यै ॥१॥

[ १. निःश्रेयसे माङ्गलिकायमाने ( पाठा० ) ]

**अनुवाद**—संसाररूपी विष ( के पान ) से उत्पन्न मोह की शान्ति के लिए गुरुदेव के जो दो चरणकमल ( लोगों में ) विषवैद्य की तरह आचरण करते हैं अर्थात् गुरु के चरण संसारमोह का नाश करते हैं), आत्मसुखबोध के दर्शक उन दो चरणों की वन्दना करता हूँ ।

**व्याख्या**—गुरु शब्द में जो बहुवचन है वह या तो स्वीय गुरु के प्रति गौरव-प्रदर्शन के लिए है अथवा वह परम्परागत सभी गुरुओं के लिए है। योगाभ्यास के लिए गुरु-उपदेश की अत्यन्त आवश्यकता होती है। यही कारण है कि योग के ग्रन्थों में 'गुरु-उपदिष्ट मार्ग' आदि शब्द प्रायः प्रयुक्त होते हैं। गुरु-महिमा के लिए ह० यो० प्र० १।१४ की ज्योत्स्ना टीका द्रष्टव्य है।

सन्द···बोधे—'चरणारविन्दे' का विशेषण। सन्दर्शित हुआ है स्वात्म-सुख-अवबोध जिनके द्वारा वे ( दो चरण )।

जाङ्गलिक = विषवैद्य; अमरकोश १।८।१४ में जाङ्गुलिक शब्द है, पर जाङ्गलिक शब्द का भी अन्य कोशों में उल्लेख मिलता है। काशीखण्ड आदि में जाङ्गुलिक शब्द प्रयुक्त हुआ है।

तृतीय चरण का पाठान्तर है—निःश्रेयसे माङ्गलिकायमाने'। यह पाठ सगत

हो सकता है। ये दो पद 'चरणारविन्दे' के विशेषण हैं। निःश्रेयस = निश्चित श्रेयोरूप। माङ्गलिकायमान = माङ्गलिक की तरह आचरण करने वाले।

हालाहल = विष। पुराणों में कहा गया है कि हिमालय पर्वतस्य हलाहला-नदी के तीर में यह विष उत्पन्न होता है।

सदाशिवोक्तानि सपादलक्ष-
लयावधानानि च सन्ति[1]लोके।
नादानुसन्धानसमाधिमेकं
मन्यामहे मान्यतमं[2] लयानाम्[3] ॥२॥

[ १. वसन्ति लोके ( पाठा० ) २. अन्यतमम् ( पाठा० ); यह भ्रष्ट पाठ है। ३ इस श्लोक का अनुरूप श्लोक ह० यो० प्र० में है—श्री आदिनाथेन सपादकोटि-लयप्रकाराः कथिता जयन्ति। नादानुसन्धानकमेकमेव मन्यामहे मुख्यतमं लयानाम् ( ४।६६ ); 'नादानुसन्धानसमाधि' शब्द ४।१८ में प्रयुक्त हुआ है। ]

अनुवाद—सदाशिव के द्वारा प्रोक्त एक लाख पच्चीस हजार लययोग इस लोक में हैं। इन सब लयों में एकमात्र नादानुसन्धान-समाधि (नादानु-सन्धान-पूर्वक या नादानुसन्धान से युक्त समाधि) को (हम) सर्वोच्च लय के रूप में समझते हैं (नादानुसन्धान के विषय में श्लोक ४ द्र०)।

**व्याख्या**—शिव को सभी योगों के मूल वक्ता के रूप में मानने की भी एक प्रसिद्ध परम्परा है। लययोग के श्लोकोक्त भेदों की उपपत्ति गुरु-परम्परा से जाननी चाहिये—बहिरङ्ग आलोचना से यह ज्ञातव्य नहीं है। ज्योत्स्नाटीका में कहा गया है—श्री आदिनाथोक्तसपादकोटिसमाधिप्रकारेषु ( ४।२ )। इस योग के अनन्तकोटि भेद हैं—यह भी कहीं कहीं कहा गया है। साधन-क्रिया के कौशल-भेद से ये भेद होते हैं—यह ज्ञातव्य है।

लययोग योग का अवान्तर भेद है। प्राचीन परम्परा में योग के चार भेद माने गये हैं—मन्त्र, लय, हठ तथा राजा ( द्र० शिवपु० ७।२।३७।९, लिङ्गपु० २।५५।७ आदि )। योगतत्त्वोपनिषद् २२-२३, दत्तात्रेय-संहिता ( प्राणतोषिणी तन्त्र, पृ० ४३९-४४० में उद्धृत ) आदि में इस योग का विशिष्ट विवरण द्रष्टव्य है[1]। योगकर्णिका, पृ० १४३-१४४ भी द्रष्टव्य है।

नादानुसन्धान का अर्थ है—अनाहतध्वनि का अनुचिन्तन। इस 'अनुसन्धान' शब्द का प्रयोग अमनस्कयोग २।१४ में भी मिलता है। नादानुसन्धान को श्रेष्ठ लय मानना हठयोग का एक प्रतिष्ठित मत है—न नादसदृशो लयः ( ह० यो० प्र० १।४३ )। 'लय' का तात्पर्य 'लयहेतु' से है—नाद चित्तलय का सर्वश्रेष्ठ हेतु है। ह० यो० प्र० ४।६६-१०२ में नादानुसंधान का सविशेष विवरण द्रष्टव्य है।

लयावधान—लय के प्रति अवधान। इस लय के विषय में ह० यो० प्र० ४।३१-३४ द्रष्टव्य है। लय का सर्वोच्च रूप मनोलय है, पर पहले प्राणलय करणीय है। मनोलय के कारण विषय-विस्मृति ( विषय ज्ञान का संस्कार न रहने के कारण ) होती है (४।३४)। यह लय उसको होता है, जिसके श्वास-प्रश्वास रुद्ध हो गये हैं ( योग-शास्त्रोक्त उपायविशेष के द्वारा—अन्य किसी अशास्त्रीय उपाय से नहीं ), शब्दादि का ग्रहण रुद्ध हो गया है और शारीरिक क्रियायें स्तम्भित हो गई हैं—'निर्जीवः काष्ठवत् तिष्ठेल् लयस्थश्चाभिधीयते'। योगचिन्तामणि पृ० २५५-२५६ में लयस्थ योगी के लक्षण द्रष्टव्य हैं। लयस्थ योगी के विशद वर्णन के लिए तथा लयाभ्यास के फल आदि के लिए गोरक्षकृत अमनस्क-योग ( १।३७ से अध्यायान्त पर्यन्त ) द्रष्टव्य है।

---

१. द्र० क्षेत्रज्ञः परमात्मा च तयोरैक्यं यदा भवेत्। तदैक्ये साधिते देवि चित्तं याति विलीनताम् ॥ पवनः स्थैर्यमायाति लययोगोदये सति। ( योगबीज )। लययोगेऽपि, नवस्वेव चक्रेषु मरुन्मनसोर्लयो लययोग इत्युच्यते ( योग-चिन्तामणि, पृ० १३ )।

सरेच-पूरैरनिलस्य कुम्भैः[1]
सर्वासु नाडीसु विशोधितासु।
अनाहतादम्बुरुहादुदेति
स्वात्मावगम्यः स्वयमेव बोधः[2] ॥३॥

[ १. कुम्भे ( पाठा० )--यह अपपाठ है। २. अनाहताख्यो बहुभिः प्रकारैरन्तः प्रवर्तेत सदा निनादः ( पाठा० )—अनाहत नामक नाद अनेक प्रकारों से अन्तःकरण में सदा उदित रहता है। ]

**अनुवाद**—वायु के पूरक, रेचक और कुम्भक के द्वारा जब नाडियाँ विशोधित मलहीन हो जाती हैं, तब अनाहत नामक पद्म (चक्र) से वह बोध स्वयं ही उदित होता है और अपने द्वारा ही ज्ञेय है (अर्थात् दूसरे किसी के द्वारा ज्ञात नहो हो सकता)।

**व्याख्या**--यहाँ रेचक, पूरक और कुम्भक के द्वारा जिस नाडीशुद्धि की बात कही गई है उसका स्वरूप है—योगविरोधी मल का दूरीकरण जिसके कुछ बाह्य फल शरीर में भी दृष्ट होते हैं। नाडीशुद्धि होने पर सप्राण शरीर आत्मज्ञान के अभ्यास के लिए समर्थ होता है तथा सूक्ष्म मानस अनुभूतियों का उदय होने पर उसके वेग का धारण कर सकता है।[1] हठयोग के ग्रन्थों में प्राणायाम का विशेष विवरण द्रष्टव्य है। सामान्यतः कहा जा सकता है कि बाह्य वायु का प्रयत्नविशेष से ग्रहण करना पूरक है। पूरित वायु का बन्ध-पूर्वक निरोध करना कुम्भक ( कुम्भ शब्द भी प्रयुक्त होता है ) है। कुम्भक के

---

१. द्र० यथेष्टं धारणं वायोरनलस्य प्रदीपनम्। नादाभिव्यक्तिरारोग्यं भवेत् नाडीविशोधनात् ॥ ( काशीखण्ड ); यदा नाडीविशुद्धिः स्यात् तदा चिह्नानि योगिनः। जायन्ते यानि देहे वै तानि मे गदतः शृणु। शरीर-लघुता दीप्तिर्जठराग्निविवर्धनम्। कृशत्वं च शरीरस्य तदा जायेत निश्चितम् ॥ ( दत्तात्रेय )।

बाद प्रयत्न-विशेष से वायु का रेचन (=बहिर्निःसारण) रेचक है। पूरणादि नाना प्रकार से किये जाते हैं।

योग में नाडियों की संख्या ७२००० मानी गई है ( ह० यो० प्र० १-३९; ३।१२३ ) तथा ज्ञानसंकलिनी-तन्त्र ७७। इस मत का मूल श्रुति में है ( प्रश्न० ३।६ )। ये नाडियाँ हृदय से सर्वतोगामी होकर पूरे शरीर में व्याप्त रहती हैं।

आहत (=अभिघात से उत्पन्न ) न होने के कारण यह ध्वनि 'अनाहतनाद' कहलाता है। यह प्रधानतः अनाहत चक्र में उदित होता है। पहले पहल यह दक्षिणकर्ण में सुना जाता है ( ऐसा ही प्रतीत होता है ); बाद में पूरे शरीर में ऊर्ध्वगतिमान् धारा की तरह ज्ञात होता है। इस अनाहत के द्वारा ही कुण्डलिनी को ब्रह्मरन्ध्र में लाया जाता है। नाद यहाँ बिन्दुरूप से परिणत होता है—ऐसा योगियों का कहना है। ( द्र० घेरण्डसंहिता उप० ५ )।

नादानुसन्धान नमोऽस्तु तुभ्यं
त्वां मन्महे तत्त्वपदं लयानाम्[१]।
भवत्प्रसादात् पवनेन साकं
विलीयते विष्णुपदे मनो मे ॥४॥

[ १. त्वां साधनं तत्त्वपदस्य जाने ( पाठा० )—अर्थात् तुम तत्त्वपद का साधन हो—ऐसा मैं जानता हूँ ]

**अनुवाद**—हे नादानुसन्धान, तुम्हे नमस्कार है। लयों में तुम ही तत्त्वपद हो—ऐसा हम समझते हैं। तुम्हारी प्रसन्नता (=स्वच्छता, निर्मलता) होने पर वायु (=प्राणवायु) के साथ मेरा मन विष्णुपद में विलीन होता है।

**व्याख्या**—नादानुसन्धान के लिए ह० यो० प्र० ४।६६-६८ तथा घेरण्डसंहिता उप० ५ द्रष्टव्य है। इसका निकट सम्बन्ध राजयोग से है। चित्तलय में

नाद की हेतुता योगशास्त्र में स्पष्टतया कथित हुई है। (द्र० ह० यो० प्र० ४।८१, ४।९८)।

तत्त्वपदं लयानाम्—तत्त्वरूप जो पद वह तत्त्वपद। तत्त्व=वस्तु का अनारोपित रूप[1]। पद=योगियों द्वारा गम्य (पद्यते गम्यते योगिभिः)।

'प्राणवायु के साथ मन का विष्णुपद में लीन होना' हठयोग का प्रसिद्ध मत है—यन्मनो विलयं याति तद् विष्णोः परमं पदम् (घेरण्ड० ५।८२); ह० यो० प्र० ४।२९ में प्राण और मन के लय के विषय से सम्बन्धित कार्यकारणपरम्परा कही गई है।

[1]जालन्धरौड्ड्यानकमूलबान्धन्
जल्पन्ति कण्ठोदरपायुमूले[2]।
बन्धत्रयेऽस्मिन् परिचीयमाने
बन्धः कुतो दारुणकालपाशैः ॥५॥

[१. जालन्धरोड्डयन (पाठा०) इस पाठ में छन्दोभङ्ग होता है। २. पायुमूलान् (पाठा०)—इस पाठ में 'पायुमूलान्' शब्द 'जालन्धरोड्डयानकमूलबन्धान्' शब्द का विशेषण होगा और अर्थ होगा—कण्ठ, उदर और पायु जिनके मूल हैं, वे। क्या जालन्धरबन्ध को कण्ठमूलक कहना उचित है? इसी प्रकार क्या ओड्डयानकबन्ध और मूलबन्ध को यथाक्रम उदरमूलक और पायुमूलक कहना उचित है?]

---

१. यद्धि यस्य नान्यापेक्षं स्वरूपं तत् तस्य तत्त्वम्; यद् अन्यापेक्षं न तत् तत्त्वमन्याभावेऽभावात् (तै० उप० २।८ का भाष्य)। सभी घटों का तत्त्व है—मृत्। द्र० प्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी ३।१।२ (तस्य भावस्तत्त्वमिति······ अबूरूपत्वं च)। तुल० महाभाष्य के 'किं पुनस्तत्त्वं (५।१।११९) वाक्य पर कैयट की व्याख्या—एकाकारबुद्धिनिमित्तम् (प्रदीप)

**अनुवाद**—(योगीगण) कहते हैं कि कण्ठ, उदर और पायुमूल में (यथाक्रम जालन्धरबन्ध, ओड्डयानबन्ध एवं मूलबन्ध का अभ्यास करना चाहिये। ये तीन बन्ध यदि भलीभाँति ज्ञात (अर्थात् अनुष्ठित हो तो दुःखदायी कालपाश के द्वारा बन्धन कैसे हो सकता है ? (अर्थात् बन्धन नहीं हो सकता) ?

**व्याख्या**—श्लोकगत ओड्डयानक ( जालन्धर + ओड्डयानक ) शब्द जिस बन्ध को कहता है उसके नाम में एकरूपता नहीं मिलती। ह० यो० प्र० २।४५ में उड्डियानक शब्द है ( 'क' स्वार्थ में तद्धित प्रत्यय है )। प्रस्तुत ग्रन्थ के श्लोक ६ में उड्डीन या ओड्डयान शब्द है। कहीं कहीं उड्डीयन और उड्डीयान' शब्द प्रयुक्त हुये हैं। यह निश्चित है कि यह शब्द 'उद + डी (ङ्)' से निष्पन्न है; इसका 'उड्डियान' रूप ही संगत प्रतीत होता है। उड्डियान का नामान्तर 'आकर्षणबन्ध' है।

उड्डीयान--तस्मादुड्डीयनाख्योऽयम्-ह० यो० प्र० ३।५५—ज्योत्स्ना-- 'उत्पूर्वात् डीङ् विहायसा गतौ इत्यस्मात् करणे ल्युट्'। पर इस नियम से उद + डी + अन ( ल्युट् ) = उड्डयन' होगा, उड्डीयन' ( ३।५५ में प्रयुक्त ) नहीं होगा। अतः उड्डीयन शब्द के लिए पृथक् प्रयत्न करना होगा।

ह० यो० प्र० ३।५६—उड्डीनं कुरुते यस्मात्…उड्डीयानं तदेव स्यात्। उड्डीन शब्द कर्णपर्व ४१।२६ में प्रयुक्त है तथा व्याकरणग्रन्थ में भी है ( द्र० काश० धातु० १।५५९ )।

उड्डियान—इसके बहुत प्रयोग हैं। (ह० यो० प्र० ३।७४; २।४५ (उड्डियानक); २।४७ टीका ( उड्डियान )।

योगशास्त्र में नाना प्रकार के बन्ध कहे गये हैं, जिनमें जालन्धर ( नामान्तर कण्ठमुद्रा, ) उड्डियान तथा मूल प्रसिद्धतम हैं। इनके विवरण के लिए ह० यो० प्र०, घेरण्डसंहिता आदि द्रष्टव्य हैं।

कालपाश--कालरूपी पाश; पाश वह जिससे किसको बाँधा जा सके। द्र० ह० यो० प्र० ३।२४ ( कालपाशमहाबन्ध…. )।

ओड्ड्यान-जालन्धर-मूलबन्धै
रुन्निद्रितायामुरगाङ्गनायाम् ।
प्रत्यङ्मुखत्वात् प्रविशन् सुषुम्नां
गमागमौ मुञ्चति गन्धवाहः ॥६॥

[ १. उड्डीन० ( पाठा० ) । २. योगचिन्तामणि में यह श्लोक ( उड्डीन-जाल.... प्रत्यग् विमुञ्चन्.... ) नन्दिकेश्वरकृत-तारावली ग्रन्थ के नाम से उद्धृत किया गया है ( पृ० १५ ) ]

**अनुवाद**—ओडड्यान (=उड्डियान), जालन्धर तथा मूल नामक बन्धों के द्वारा भुजगी ( =सर्पाकृति कुलकुण्डली ) के जागरित होने पर गन्धवाहक अर्थात् वायु प्रत्यङ्मुख (=अधोमुख) होकर सुषुम्ना में प्रविष्ट होता है और गमन-आगमन-क्रिया को छोड़ देता है ( अर्थात् निश्चल हो जाता है ) ।

**व्याख्या**—वायु की प्रत्यङ्मुखगति को कभी-कभी पराङ्मुख गति भी कहा जाता है ( ज्योत्नाटीका ३।३७ ) । मूलाधार को सुषुम्नामुख माना जाता है—सुषुम्नामुखं मूलाधार एवोक्तम ( योगचिन्ता०, पृ० १११ ) ।

चूंकि कुण्डली, कुण्डलिनी या कुलकुण्डलिनी सर्पाकृतिवाली मानी गई है अतः 'उरग-अङ्गना' ( सर्पस्त्री, सर्पकन्या ) शब्द प्रयुक्त हुआ है ।

प्राणवायु का अधोमुख गमन ह० यो० प्र० १।४८ में कथित हुआ है । ( पूरितं न्यस्चन् प्राणम; द्र० टीका ) । इस ग्रन्थ में श्लोकोक्त मत का समर्थन मिलता है । ( ३।७४—प्राण का पश्चिमपथ = सुषुम्ना मार्ग में ले जाना ) । 'वायु का सुषुम्ना में प्रवेश' योगियों का अन्यतम महत्त्वपूर्ण अभ्यास है ( ह० यो० प्र० ४।१९ ) ।

प्राणवायु उपायविशेष से निश्चल होकर रह सकता है । शारीरकभाष्य में इस विषय में एक मार्मिक वाक्य मिलता है—यथा च लोके प्राणापानादिषु

प्राणभेदेषु प्राणायामेन निरुद्धेषु कारणमात्रेण रूपेण वर्तमानेषु जीवनमात्रं कार्यं निर्वर्त्यते नाकुञ्चन-प्रसारणादिकं कार्यान्तरम् ( २।१।२० )।

उत्थापिताधारहुताशनोल्कैर्
आकुञ्चनैः शश्वदपानवायोः[1]।
सन्तापिताच्[2] चन्द्रमसः स्रवन्तीं
पीयूषधारां पिबतीह धन्यः॥७॥

[ १. अपानवायौ ( पाठा० )—यह भ्रष्ट पाठ है। सन्तापिते; संप्रापिते ( पाठा० ) ]

**अनुवाद**—अपान वायु का निरन्तर ( बारबार ) आकुञ्चन होने के कारण आधार ( मूलाधार चक्र ) से जो अग्नि की शिखा निर्गत होती है, उससे चन्द्र सन्तापित होता है। इस सन्तापित चन्द्र से क्षरित सुधा का पान जो साधक करता है, वह इस लोक में धन्य है।

**व्याख्या**—मूलाधार-स्थित अग्नि—ह० यो० प्र० ३।६६ से इस अग्नि की सत्ता ज्ञात होती है। यह अग्नि जाठरअग्नि का ही विकसित रूप है (द्र० ज्योत्स्ना-टीका )। जठराग्नि के इस विकास में समान वायु का पर्याप्त सहयोग रहता है। यही कारण है कि योगी का शरीर जलता हुआ-सा प्रतीत होता है; द्र० समानजयाज् ज्वलनम् ( योगसू० ३।४० ); प्रज्वलन्निव लक्ष्यते योगी ( भास्वती )।

मूलाधारस्थित अग्नि की उल्का ( =शिखा ) का स्पष्ट उल्लेख योगियाज्ञ० १२।१ में मिलता है (शिखां समालोक्य पावकस्य)। अपानवायु का जो आकुञ्चन है, वह वस्तुतः मूलाधार का आकुञ्चन है; द्र० अधस्तात कुञ्चनेनाशु... ( ह० यो० प्र० २।४६ )। अपानवायु का आकुञ्चन ह० यो० प्र० ३।६२-६३ में उक्त हुआ है।

'सन्तापित चन्द्र' क्या है—यह श्लोक में नहीं कहा गया। चन्द्र या सोम ( शरीरस्थ ) का उल्लेख हठयोग-ग्रन्थों में स्पष्ट रूप से मिलता है। मुख्य चन्द्र सहस्रारपद्म में स्थित है। इसके अतिरिक्त अन्यत्र भी चन्द्रस्थिति का उल्लेख मिलता है—तालुमूलस्थ चन्द्र ( ह० यो० प्र० ३।७७; योगबीज ५७-५८ ); नासाग्रस्थ चन्द्र ( घेरण्ड० ५।४३ ), भ्रूमध्यस्थ चन्द्र ( ज्योत्स्नाटीका ४।६४ ); हृदयकमलस्थ चन्द्र ( योगियाज्ञ० ९।३५-३६ )। इन चन्द्रों से भी अमृत का क्षरण होता है ( ये सब गौण चन्द्र हैं )। सुधा अमृत या पीयूष के लिए कहीं कहीं 'सार' शब्द भी प्रयुक्त हुआ है ( ह० यो० प्र० ३।४६ )। यह सुधा अग्नि में गिर कर नष्ट हो जाती है। अभ्यास-विशेष से सुधा का पतन बन्द किया जा सकता है। यह सुधापान वस्तुतः पीना रूप क्रिया ( जो लोक में प्रसिद्ध है ) नहीं है--यह ध्यानविशेष-साध्य है। यही कारण है कि कहीं कहीं 'ध्यायन् चन्द्रमसम्' कहा गया है।

इस अमृत का पान करने से कुछ अद्भुत शक्तियाँ प्राप्त होती हैं; इसी दृष्टि में 'धन्य' शब्द का प्रयोग किया गया है। उदाहरणार्थ लम्बिकोर्ध्वस्थितचन्द्ररस का पान करने वालों के प्रति तक्षकनाग का विष भी व्यर्थ हो जाता है ( ह० यो० प्र० ३।४५ )।

बन्धत्रयाभ्यासविपाकजातां
त्रिवर्जितां रेचक-पूरकाभ्याम्।
विशोषयन्तीं¹ विषयप्रवाहं
विद्यां भजे केवलकुम्भरूपाम्॥८॥

[ १. विशोधयन्तीं ( पाठा० ) =विषयप्रवाह की शुद्धिकारिणी ]

**अनुवाद**--उपर्युक्त तीन बन्धों के अभ्यास से उत्पन्न होने वाली केवल कुम्भक रूप विद्या का भजन ( =ऐकान्तिक अभ्यास ) मैं करता हूं। यह केवल कुम्भक रूप विद्या रेचक-पूरक से वर्जित है तथा विषय-प्रवाह की शोषणकारिणी है।

**व्याख्या**—'केवल' एक विशेष प्रकार के कुम्भक का नाम है। इस कुम्भक के विषय में यहाँ जो कहा गया है, वह सहेतुक है। वह हेतु है—मनोन्मनी अवस्था के साथ इस कुम्भक का निकटतम सम्बन्ध (द्र० घेरण्ड० ५।८१)। 'केवल' कुम्भक की महत्ता 'केवले कुम्भके सिद्धे किं न सिध्यति भूतले' ( घेरण्ड० ५।९६ ) वाक्य जानी जाती है।

हठयोग में 'बन्धत्रय' से मूल उड्डीयान-जालन्धर नामक तीन बन्ध गृहीत होते हैं ( द्र० ह० यो० प्र० १।४२ टीका।

यहाँ 'केवल' कुम्भक के विषय में विशिष्ट सूचना दी गई है। पहली बात यह है कि दीर्घकाल पर्यन्त बन्धत्रय का अभ्यास करने के बाद ही इस कुम्भक का अभ्यास करना चाहिये। दूसरी बात यह है कि प्रयत्नपूर्वक रेचक करने के बाद अथवा पूरक करने के बाद यह अनुष्ठय नहीं—रेचक-पूरक पर ध्यान न देकर इस कुम्भक का अभ्यास किया जाता है—'रेचकं पूरकं त्यक्त्वा सुखं यद् वायुधारणम्' यह हठयोगीय वाक्य इस कुम्भक का परिचायक है। यह कुम्भक विषय-प्रवाह का शोषक है अर्थात् विषय-सम्पर्क से इन्द्रिय में जो चाञ्चल्य होता है, वह चाञ्चल्य इस कुम्भक की अवस्था में नहीं होता।

'केवल' कुम्भक के लिए द्र० ह० यो० प्र० २।७२-७४; १।४३।

अनाहते चेतसि सावधानैर्
अभ्यासशूरैरनुभूयमाना।
संस्तम्भितश्वासमनःप्रचारा
सा जृम्भते केवलकुम्भकश्रीः ॥९॥

[१. सूरैः (पाठा०)—यह अपपाठ है]

**अनुवाद**—जब चित्त अनाहत चक्र में स्थिर हो जाता है तब श्वास और मन की क्रियायें स्तम्भित हो जाती हैं। इस अवस्था में 'केवल कुम्भक' का उत्कर्ष प्रकटित होता है। इस उत्कर्ष का अनुभव सावधान अभ्यासदक्ष साधक कर सकते हैं।

**व्याख्या**--'सावधान' और 'अभ्यासशूर'--ये दो साभिप्राय विशेषण हैं। 'अव+धा' का अर्थ होता है--अन्तर्गमन; अतः अवधान का अर्थ होगा--एक-आलम्बन परायणता।

'स्तम्भित अवस्था' नाश की अवस्था नहीं है--यह अच्छी तरह से ज्ञातव्य है।

'प्रचार' का अर्थ है--भ्रमण, गमनागमन, प्रवृत्ति। यहाँ 'क्रिया' अर्थ करना उचित है।

केवल कुम्भक में श्वासरोध के साथ-साथ मन का भी रोध होता है--यह ग्रन्थकार का कहना है। प्रकृत बात यह है कि श्वासरोध मनोरोध का अवश्य सहायक होता है--यदि वह रोध वैराग्यादिपूर्वक हो; अन्यथा केवल श्वासरोध पूर्वक मनोरोध योग की दृष्टि में विशेष लाभप्रद नहीं होता।

सहस्रशः सन्तु हठेषु कुम्भाः
संभाव्यते केवलकुम्भ एव।
कुम्भोत्तमे यत्र तु रेचपूरौ
प्राणस्य न प्राकृतवैकृताख्यौ ॥१०॥

**अनुवाद**—हठयोग के ग्रन्थों में यद्यपि सहस्र प्रकार के कुम्भकों का उल्लेख है, तथापि 'केवल' कुम्भक की श्रेष्ठता मानी गई है। कारण यह है कि इस श्रेष्ठ कुम्भक में प्राण ( बाह्य वायु ) के रेचक ( अपर नाम 'प्राकृत' तथा पूरक ( अपर नाम 'वैकृत' ) का अस्तित्व नहीं रहता।

**व्याख्या**--'हठ' शब्द हठयोग को भी कहता है ( हठात् हठयोगात्, ज्योत्स्ना ३।५१। हठयोग शब्द से हठयोग-ग्रन्थ या हठयोगसंप्रदाय रूप अर्थ लेना असंगत नहीं है। 'हठेषु' में जो बहुवचन है उसकी संगति इस दृष्टि से हो जाती है। 'संभाव्यते' में जो 'सम्+भू' धातु है उससे गौरव या समादर का अतिशय होना ज्ञापित होता है।

चूँकि हठ का लक्षण है—प्राणापानयोरैक्यलक्षणः प्राणायामो हठयोगः ( ह० यो० प्र० १।१ की टीका ), इसलिये हठशास्त्र में कुम्भक की नियत सत्ता स्वाभाविक रूप से स्वीकार्य होता है।

प्राणायाम के भेद से कुम्भक के भेद होते हैं ( हठयोग में प्राणायाम के सूर्यभेद आदि आठ भेद इसी दृष्टि से होते हैं ); अतः आठ प्रकार के कुम्भक हुये (द्र० घेरण्ड० ५।१६ 'अष्ट कुम्भकाः') । प्रसंगतः यह ज्ञातव्य है कि देवल ने सात प्रकार का कुम्भक माना है ( द्र० योगचिन्ता० पृ० १८ ) ।

त्रिकूटनाम्नि स्तिमितेऽन्तरङ्गे
खे स्तम्भिते केवलकुम्भकेन[१] ।
प्राणानिलो भानु-शशाङ्क नाड्यो
विहाय सद्यो वलयं प्रयाति ॥११॥

[ १. त्रिकूटनाम्नि तिमिरेऽन्तरे खे स्तम्भं गते केवलकुम्भ एव (पाठा०) । इसका अर्थ है—आन्तर शून्य में स्थित त्रिकूट नामक तिमिर में वायु के स्तम्भित ( कुम्भक के द्वारा ) होने पर 'केवल' कुम्भक वर्तमान रहता है। यह अर्थ कुछ अस्पष्ट है । ]

**अनुवाद**--त्रिकृट नामक अन्तःस्थित शून्य देश जब केवल कुम्भक के द्वारा स्तम्भित हो जाता है, तब प्राणवायु सूर्यनाडी ( पिङ्गला ) और चन्द्रनाडी (इडा) को छोड़कर तत्काल ही लीन हो जाता है।

**व्याख्या**--त्रिकुट नामक आन्तर शून्य देश चक्रविशेष है, लयोपयोगी नौ चक्रों के विवरण में इसका उल्लेख मिलता है—ब्रह्मचक्र ( मूलाधार में ), स्वाधिष्ठानचक्र, नाभिचक्र, हृच्चक्र, कण्ठ-चक्र, तालुचक्र ( घण्टिकामूल ), भ्रूचक्र, निर्वाणचक्र ( ब्रह्मरन्ध्र में ), त्रिकूटचक्र ( यह ब्रह्मचक्र के ऊपर है; पूर्णगिरि के पृष्ठ में ) ( द्र० योगचिन्ता० पृ० १२०-१२१; सौभाग्यलक्ष्मी-

उप० ३।१-९ )। नाथयोग में इन नौ चक्रों की विशेष चर्चा है ( सिद्ध-सिद्धान्त-पद्धति, द्वितीय उपदेश; शान्तिपर्व ३१६।११ टीका )।[१] ब्रह्मबिन्दु-उपनिषद् में भी त्रिकूट का उल्लेख है ( ७० )। यह तीन नाडियों का संयोगस्थल भ्रूमध्य है। उपर्युक्त त्रिकूट इससे भिन्न है।

प्राणलय = प्राणका स्थैर्य अर्थात् गति का अभाव। प्राण जब तक ब्रह्मरन्ध्र में नहीं पहुँचता है तब तक यह लय संभव नहीं होता ( द्र० ज्योत्स्नाटीका ३।७५ )।

प्रत्याहृतः केवलकुम्भकेन
प्रबुद्ध कुण्डल्युपभुक्तशेषः।
प्राणः प्रतीचीनपथेन मन्दं
विलीयते विष्णुपदान्तराले[२] ॥१२॥

[ १. प्रभुक्तकुण्डल्यु.... ( पाठा० ); कुण्डली के प्रभुक्त विशेषण का कोई सार्थक्य प्रतीत नहीं होता। २. विष्णुपदे मनो मे ( पाठा० )—इस पाठ को मानने पर 'विलीयते' क्रिया के दो कर्ता ( प्राण तथा मन ) मानने होंगे, जो अनुचित है। ]

**अनुवाद**—प्रबुद्ध ( = जागरित ) कुलकुण्डलिनी के द्वारा उपभोग के बाद प्राण का जो अंश अवशिष्ट रहता है, वह कुम्भक के द्वारा प्रत्याहृत

---

१. यहाँ 'तदुक्तं शिवयोगे' कहकर नौ चक्रों के प्रतिपादक कुछ श्लोक उद्धृत किये गये हैं। शान्तिपर्व के श्लोक में 'द्वादशैव तु चोदनाः' कहा गया है। इन १२ चोदनाओं की व्याख्या नीलकण्ठ इस प्रकार करते हैं—( नवचक्र विवरण के बाद ) "एता नव चोदना वायुनिग्रहगर्भिताः। ततः शून्यात् परं समष्टिकार्ये मनो धारयेत् ततः कारणे ततो निष्कले इति तिस्र इति द्वादश चोदनाः"।

(=संयत) होकर प्रतीचीन मार्ग (=अधोमार्ग) से धीरे-धीरे विष्णु के दो पदों के अन्तराल में (=विष्णुपद में) लीन हो जाता है।

**व्याख्या**—हठयोग के ग्रन्थों में 'प्राण का विष्णुपद में लय होना' कहा गया है—समीरणे विष्णुपदे निविष्टे (योगियाज्ञ० १२।२९)। इसी प्रकार मन का (सप्राण मन का) विष्णुपद में लय भी कहा गया है—मनस्तत्र लयं याति तद्विष्णोः परमं पदम् (ह० यो० प्र० ४।१००)। परवैराग्य के द्वारा मन का वृत्तिशून्य होकर संस्कारशेष अवस्था में रहना ही मन का यह लय है। अनाहतध्वनि, ज्योतिर्धारणा मनोलय एवं विष्णु के परमपद के विषय में घेरण्डसंहिता का यह कथन साधकों के लिए परम उपादेय है—ध्वनेरन्तर्गतं ज्योतिर् ज्योतिरन्तर्गतं मनः। तन्मनो विलयं याति तद् विष्णोः परमं पदम् ॥ (५।८०)।

निरङ्कुशानां श्वसनोद्गमानां
निरोधनैः केवलकुम्भकाख्यैः।
उदेति सर्वेन्द्रियवृत्तिशून्यो
मरुल्लयः कोऽपि महामतीनाम् ॥१३॥

[स्वपनोद (पाठा०)—यह भ्रष्ट पाठ है।]

**अनुवाद**—केवल कुम्भक के द्वारा श्वासवायु की अबाध ऊर्ध्वगति के जो बहुविध निरोध होते हैं, उनसे महामतियों (=प्रज्ञावान् योगियों) में जो अनिर्वचनीय वायुलय उद्भूत होता है, वह सभी इन्द्रियवृत्तियों से शून्य है।

**व्याख्या**—'निरोधन' शब्द में जो बहुवचन है उससे ज्ञात होता है कि निरोध के अवान्तर भेद हैं (ये भेद कुम्भक द्वारा कृत होते हैं)। बाह्य दृष्टि से (अर्थात् शारीरिक लक्षणों से) ये भेद जाने नहीं जा सकते।

श्वसन = वायु = श्वासक्रिया-संबद्ध वायु। साधारण लोगों में इस वायु पर कोई वशीकार देखा नहीं जाता; यही वायु की निरङ्कुशता है।

इन्द्रियवृत्ति-शून्य मरुत (= प्राणवायु) का लय अर्थात् पञ्च प्राणों की सर्वविध क्रियाओं का न होना। इस अवस्था में शरीर जीवित ही रहता है, यद्यपि बाह्यदृष्टि से (अर्थात् चिकित्साशास्त्र की दृष्टि से) मृत प्रतीत होता है। निरोध चूंकि सात्त्विकता, निरायास तथा सुखपूर्वक होता है, अतः रोधकाल में शरीर धातुयें विकृत नहीं हो जातीं; वे स्तम्भित अवस्था (suspended animation) की स्थिति में रहती हैं।

न दृष्टिलक्ष्याणि न चित्तबन्धो
न देशकालौ न च वातुरोधः।
न धारणाध्यानपरिश्रमो वा
समेधमाने सति राजयोगे॥ १४॥

अनुवाद--राजयोग जब सम्यक् रूप से विकसित हो जाता है तब न लक्ष्यों पर दृष्टियों को स्थिर रखना पड़ता है (अर्थात् स्थिर रखने की चेष्टा नहीं करनी पड़ती), न चित्तबन्ध की आवश्यकता रहती है, न वायुरोध की आवश्यकता रहती है और न धारणा एवं ध्यान के लिए श्रम करना पड़ता है।

व्याख्या--'दृष्टियों' का विवरण हठशास्त्र में मिलता है।

न देशकालौ—देश और काल से इसका तात्पर्य नहीं है। योगसूत्र (२।५०) में जो देशकालपरिदृष्टि कही गई है, वही इसका लक्ष्य है।

राजयोग—योगसूत्र (१।१८) का जो असंप्रज्ञात योग है (जिसमें वृत्तियां पूर्णतः नहीं रहतीं; केवल संस्कार रहता है) वही राजयोग है—यह कई आचार्यों का कहना है—असम्प्रज्ञातो निरालम्बो निर्बीजो राजयोगो निरोधश्चेते असंप्रज्ञातस्य प्रसिद्धाः पर्यायाः (ज्योत्स्नाटीका ४।७)। 'निर्विकल्प' शब्द भी

इस प्रसंग में प्रयुक्त होता है—वृत्त्यन्तर-निरोधपूर्वक—आत्मगोचरधारावाहिक-निर्विकल्पकवृत्ती राजयोगः ( ज्योत्स्ना ३।१२६ ); अयं निर्वीज इति, निर्विकल्प इति, निरालम्ब इति, राजयोग इति चोच्यते ( योगचिन्ता०, पृ० ६ )। चूँकि इस अवस्था में आत्मगोचर धारावाहिक निर्विकल्पक वृत्ति रहती है, अतः 'चित्तस्य एकाग्रतैव राजयोगः' कहा गया है (ज्योत्स्नाटीका ४।७७)। यह तुर्यावस्था-नामक है (ज्योत्स्ना ४।८०)।

राजयोग की सिद्धि के लिए हठ–लय–मन्त्र रूप तीन योग हैं—यह योगियों का कहना है ( ह० यो० प्र० ४।१०३ )।

अशेष[1]दृश्योज्झितदृङ्मयानाम्
अवस्थितानामिह राजयोगे।
न जागरो नापि सुषुप्तिभावो
न जीवितं नो मरणं विचित्रम्[2] ॥१५॥

[ १. अशेषदृश्योर्जितदृग्जयानां ( पाठा० )—'अशेषदृश्योर्जितदृगजय = अशेषदृश्य के द्वारा ऊर्जित जो दृक् (= आत्मा, द्रष्टा), उसकी जयें'—इस अर्थ की कोई भी संगति नहीं है। ऊर्जित = शक्तिशाली, प्रबल, प्रशस्यतर, विशिष्ट। 'अशेषदृश्योर्जित दृग्जय है जिनकी वे—यह अर्थ भी संगत प्रतीत नहीं होता।

२. मरणं न चित्तम् (पाठा०)—न मरण और न चित्त ही रहता है। ]

अनुवाद—जो राजयोग में अवस्थित होते हैं वे अशेष दृश्य के परिहार होने के कारण ब्रह्ममय हो जाते हैं। इनमें न जाग्रत अवस्था और न सुषुप्ति अवस्था होती है; न जीवन होता है और न मरण। यह एक विचित्र स्थिति है।

अहं-ममत्वादि विहाय सर्वं
श्रीराजयोगे स्थिरमानसानाम्।

न द्रष्टृता[1] नास्ति च दृश्यभावः
सा जृम्भते केवलसंविदेव ॥१६॥

[ १. दृश्यता ( पाठा० )--यह पाठ असंगत है क्योंकि दृश्यता और दृश्य-भाव ( जो शब्द यहाँ प्रयुक्त हुआ है ) एक ही पदार्थ है । ]

अनुवाद--जो अहंकार और ममत्व की बुद्धि का त्याग करके महान् राजयोग में स्थिरचित्त हो चुके हैं, ऐसे लोगों में दर्शक-भाव तथा दृश्य-भाव नहीं रहते; ( उस अवस्था में ) केवल संविद् ( ज्ञानमात्र ) प्रकाशित होती है ।

व्याख्या--श्रीयुक्तराजयोग=श्रीराजयोग । 'श्री' का प्रयोग करके राजयोग की गौरवित-महिमान्वित स्थिति दिखाई गई है । 'श्री' का ऐसा प्रयोग शाम्भवी मुद्रा के साथ भी देखा जाता है ( श्री शाम्भव्या , ह० यो० प्र० ४।३८ ) ।

ममत्व--'ममता' शब्द पर भास्कर कहते हैं--ममशब्दो विभक्तिप्रतिरूपकमव्ययं ममेदमित्याकारकबुद्धिपरम् । सा च भेदघटितसंबन्धं स्वतः सतो विषयी करोति ( ललितासहस्रनामभाष्य, पृ० ६४ ) ।

नेत्रे ययो[1]न्मेषनिमेषशून्ये
वायुर्यया[2] वर्जितरेच-पूरः ।
मनश्च संकल्पविकल्पशून्यं
मनोन्मनी सा मयि सन्निधत्ताम् ॥१७॥

[ १. यथोन्मेष (पाठा०)--यह पाठ असंगत है क्योंकि 'तथा' शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है ।

२. यथा (पाठा०) पूर्ववत् असंगत । श्लोक में उपमा देने का कोई आग्रह नहीं है--यह द्रष्टव्य है ।

३. शाक्त भास्कर ने इस श्लोक को 'योगशास्त्रे मुद्राविशेषस्य संज्ञा' कहकर उद्धृत किया है ( निमेषमुक्ते-पाठ है; पृ० ६८ )। ]

**अनुवाद**--जिस मनोन्मनी अवस्था ( मन का उन्मनीभाव ) के द्वारा (अर्थात् जिसका अधिगम होने के कारण ) दोनो नेत्र उन्मेष-निमेष-हीन हो जाते हैं, रेचक और पूरक रूप वायु ( वायुक्रिया ) स्तब्ध हो जाता है तथा मन भी संकल्प एवं विकल्प से रहित हो जाता है वह ( उन्मनो भाव ) मुझमें आविर्भूत हो।

**व्याख्या**--'यया' का संबन्ध 'मनोन्मन्या' से है ( चतुर्थ चरण में मनोन्मनी शब्द है। ) मनोन्मनी की स्थिति का आविभाव होने पर योगी के नेत्र, प्राणवायु और मन किस स्थिति में रहते हैं --यह यहाँ दिखाया गया है।

उन्मेष = पक्ष्मसंयोग का विश्लेष--आँख का खोलना। निमेष = अक्षि-पक्ष्म का संयोग ( आँख का मूँदना ) ( ज्योत्स्नाटीका ४।३६ )।

'रेचक-पूरकहीन वायु' का तात्पर्य उस अवस्था से है जिसमें श्वासक्रिया पूर्णतः अवरुद्ध हो जाती है, पर प्राणी जीवित रहता है क्योंकि निरोधबल का क्षय होने पर प्राणी व्युत्थित होता है। विकल्प को प्रायः संशय कहा जाता है ( प्रश्नोप० ६।६ भा० )।

मनोन्मनी--प्राणवायु का सुषुम्नामध्य में संचार होने पर मन का सम्यक् स्थैर्य ( = अभीष्ट ध्येयाकारवृत्तिमात्र का प्रवाह ) होता है। मन का यह स्थिरीभवन ही 'मनोन्मनी' कहलाता है ( ह० यो० प्र० २।४२; ४।२० )। मन का उन्मन होना = मन के द्वारा विषयमनन न होना। मनोन्मनी के लिए कभी कभी उन्मनी शब्द भी प्रयुक्त होता है। इसको 'तुर्यावस्था' भी कहा जाता है ( ज्योत्स्नाटीका ४।६४ )। समल शरीर में यह अवस्था होती नहीं है। उन्मनी के लिए ह० यो० प्र० ४।८०, १०४, १०६; ब्रह्मबिन्दु ४; उत्तरगीता २।४९ द्र०।

चित्तेन्द्रियाणां चिरनिग्रहेण
श्वासप्रचारे शमिते यमीन्द्राः

निवात[2]दीपा इव निश्चलाङ्गा[3]
मनोन्मनी-मग्नधियो भवन्ति[4]॥१७॥

[ १. समस्ते (पाठा०) अर्थात् समस्ते श्वासप्रचारे। इस पाठ में 'भवन्ति' क्रिया का कोई विशेष्य–कर्ता–नहीं रह जाता तथा 'निश्चलाङ्गाः' विशेषण के साथ 'योगिनः' का अध्याहार करना पड़ता है।

२. निर्वात (पाठा०)।

३. निवातदीपैरिव निश्चलाङ्गैः (पाठा०)—निवात दीपों की तरह निश्चलअङ्गों के द्वारा। यह अर्थ हो सकता है, पर बहुत संगत नहीं जंचता।

४. मनोन्मनी सा मयि सन्निधत्ताम् (पाठा०)। इस पाठ में अर्थ संगत नहीं होता। यह वाक्य १७ वें श्लोक का चतुथ चरण है। लिपिकर के अनवधान से यह अंश यहाँ पुनः लिखित हो गया है—ऐसा प्रतीत होता है। ]

**अनुवाद**–चित्र और इन्द्रिय के दीर्घकालीन निग्रह के कारण श्वास-क्रिया निरुद्ध हो जाती है। ऐसी स्थिति में श्रेष्ठ योगी निवातस्थ दीपो की तरह निश्चलाङ्ग हो जाते हैं तथा उनकी बुद्धि मनोन्मनी-नामक अवस्था में मग्न हो जाती है।

**व्याख्या**—'चिरनिग्रह' अर्थात् दीर्घकालव्यापी निरोध। निरोध में क्रम-विकास देखा जाता है ( तुल० योगो हि प्रभवाप्ययो, कठ० २।३।११, । निरोध संस्कार की वृद्धि ( जो निरोधजनक क्रिया बार-बार करने से होता है ) से निरोध-अवस्था की वृद्धि होती है। चित्त का निरोध होने पर श्वास-प्रश्वास स्वतः अवरुद्ध हो जाते हैं—यह जानना चाहिये।

यहाँ 'श्वास-प्रचार' से वायु का नासिका द्वारा ग्रहण–त्याग ( अर्थात् श्वास-निश्वास ) विवक्षित है। श्वास=नासा में बाह्य वायु का प्रवेश; निश्वास=अन्तःस्थित वायु का बहिः निःसारण ( ज्योत्स्ना ४।३१; निश्वास

के लिए प्रश्वास शब्द बहुत्र प्रयुक्त हुआ है )। तुल० अजस्रनिश्वासो रेचनम् ( देवल का वाक्य, मोक्षकाण्ड पृ० १७ में उद्धृत )।

यद्यपि सभी संस्करणों में निर्वात शब्द दृष्ट होता है, पर प्रकृत शब्द निवात है; द्र० गीता ६।१९ 'यथा दीपो निवातस्थो नेङ्गते सोपमा स्मृता'। किसी स्थान में आँधी आने से पहले वायु की अल्पता के कारण वायु का जो स्थिर भाव लक्षित होता है, अथवा अन्य कारणों से भी जो ऐसा स्थिर भाव होता है, वह निवात है। निवात वायु का सर्वथा अभाव नहीं है क्योंकि वायु न रहने पर दीप जल ही नहीं सकता—यह ज्ञातव्य है।

उन्मन्यवस्थाधिगमाय[1] विद्व-
न्नुपायमेकं तव निर्दिशामि ।
पश्यन्नुदासीनदृशा प्रपञ्चं
संकल्पमुन्मूलय सावधानः ॥१९॥

[ १. उन्मन्यवस्थामधिगम्य (पाठा०)—यह भ्रष्ट पाठ है। 'अधिगम्य' के साथ 'निर्दिशामि' का अन्वय नहीं हो सकता। दोनों क्रियाओं के कर्ता भिन्न हैं, अतः ल्यबन्त 'अधिगम्य' का प्रयोग असंगत ही है। ]

**अनुवाद**--हे विद्वान ( =अध्यात्मविद्या के ज्ञाता ), उन्मनी-नामक अवस्था की प्राप्ति के लिए आपको एक उपाय का निर्देश करता हूं; आप उदासीन दृष्टि से इस प्रपञ्च को देखते हुये सावधान होकर इस प्रपञ्च का उन्मूलन करें।

**व्याख्या**--उन्मनी-अवस्था का अधिगम प्राणवायु के सुषुम्ना-वाहिनी होने पर होता है ( ज्योत्स्नाटीका ४।२० ); इस अवस्था में योगी स्वरूप-स्थित होता है ( ज्योत्स्नाटीका ४।२१ ) उन्मनी-अवस्था को मन का लय भी कहा जाता है। मन का लय = मन का आत्माकार होना ( ज्योत्स्नाटीका ४।५९ )।

प्रपञ्च शब्द का अर्थ है---विस्तृत दृश्य। इस शब्द से 'प्रतिक्षण-परिणामी अनित्य, सीमाहीन विचित्र विषय' समझा जाता है।

उदासीन दृष्टि का अभिप्राय है— आसक्तिहीन अर्थात् राग द्वेष-हीन दृष्टि। 'उद्'-उपसर्ग से ऊर्ध्वभाव द्योतित होता है; यह ऊर्ध्वस्थता तभी सम्भव है जब विषयज्ञाता जीव अपनी सत्ता को विषयसत्ता से पृथक् समझे। इस प्रकार समझना तभी सम्भव होता है जब राग-द्वेष से प्रभावित न होकर प्रपञ्च को देखने की शक्ति हो, प्रपञ्च का ज्ञानपूर्वक व्यवहार करने की सामर्थ्य हो। भ्रूमध्य दृष्टि का अभ्यास इस उदासीन भाव का सहायक है।

संकल्प का मूल स्वरूप है---चित्त में कल्पित या स्मृत किसी क्रिया में अस्मिता का प्रयोग। यह सभी कामों (=कामनाओं) का मूल है कामों का उच्छेद संकल्पवर्जन से ही सम्भव है—'संकल्पप्रभवान् कामान् त्यक्त्वा सर्वानशेषतः' (गीता ६।२४); 'सांकल्पात् कामः संभवति' (मोक्षकाण्ड पृ. ८१ में उद्धृत हारीत-वाक्य), 'काम जानामि ते मूलं संकल्पात् किल जायसे'; 'कामं संकल्पवर्जनात्' (शान्तिपर्व ३०१।५६) आदि वाक्य इस प्रसंग में स्मरणीय हैं। रागादि संकल्पनिमित्तक हैं—यह न्यायसूत्र (३।१।२६) में कहा गया है। सूत्र-व्याख्याकारों के अनुसार 'संकल्प' आकाङ्क्षाविशेष, मिथ्याज्ञानविशेष, अशोभन को शोभन समझना रूप कल्पना (जो भ्रम ही है) है।

सावधान = अवधान के साथ। आत्म-विस्मृति न होना, दूसरे शब्दों में 'अपने द्रष्टृ-भाव को लक्ष्य करते रहना' अवधान है।

> प्रसह्य संकल्पपरम्पराणां
> संछेदने[1] सन्ततसावधानम्[2]।
> आलम्बनाशादपचीयमानं[3]
> शनैः शनैः शान्तिमुपैति चेतः ॥२०॥

१. संभेदने (पाठ०)---यह पाठ भी संगत है।

२. सावधानः (पाठ०)। 'सावधानः' पाठ करने पर इस श्लोक के

उत्तरार्ध के साथ इसका अन्वय नहीं हो सकता और पूर्वार्ध का वाक्य असंपूर्ण रह जाता है। 'सावधानः' का अन्वय १९ वें श्लोक के उत्तरार्ध के साथ हो सकता है; पर क्या ऐसा करना उचित होगा ?

३. अपनीयमानम् (पाठा०)। 'अपनीयमानं चेतः' कहने का कोई सार्थक्य नहीं है, अतः यह पाठ असंगत है। आलम्बनादावपचीयमाने (पाठा०)—आलम्बनादि के ह्रास या क्षय होने पर। आलम्बन का ग्रहण और त्याग होते हैं; यह त्याग वस्तुतः ह्रास नहीं है, अतः यह पाठ भी संगत नहीं प्रतीत होता।]

**अनुवाद**--जो चित्त संकल्पों की धारा का बलपूर्वक छेदन करने में निरन्तर सावधान ( स्मृतियुक्त ) है तथा आलम्बन के नाश के कारण अपचययुक्त क्षयशील ( अर्थात् विक्षेपहीन, विषय-लोलताशून्य ) है, वह धीरे-धीरे शान्ति को प्राप्त होता है।

**व्याख्या**--शान्त चित्त के विषय में निम्नोक्त श्रौत उपमा द्रष्टव्य है—यथा निरिन्धनो वह्निः स्वयोनावुपशाम्यति। तथा वृत्तिक्षयाच् चित्तं स्वयोनावुपशाम्यति॥ (मैत्रायणी आर० ६।३४)। संकल्प-छेदन = संकल्प न करना।

निश्वासलोपैर्निभृतैः[1] शरीरैर्
नेत्राम्बुजैरर्धनिमीलितैश्च[2] ।
आविर्भवन्तीममनस्कमुद्राम्[3]
आलोकयामो मुनिपुङ्गवानाम् ॥२१॥

[ १. विधुतैः (पाठा०)। ऐसा प्रतीत होता है कि जब 'निभृतैः' पाठ का सार्थक्य अज्ञात-सा हो गया तब यह पाठ कल्पित किया गया।

२. नेत्राञ्जनैरर्धनिमीलितैश्च (पाठा०)। यह पाठ भ्रष्ट है क्योंकि नेत्र का अञ्जन अर्धनिमीलित नहीं हो सकता।

३. आविर्भवन्तीह मनस्कमुद्राम् (पाठा०)। इसका पदच्छेद 'आविर्भवन्ति इह' करने पर कोई संगति नहीं होती। 'आविर्भवन्ती इह' करने पर

'आविर्भवन्ती' विशेषण का कोई विशेष्य नहीं मिलता। 'मनस्क' नामक कोई मुद्रा भी नहीं है। अतः यह पाठ शुद्ध नहीं है। ]

**अनुवाद**--निश्वास का लोप, शरीर की विस्पन्दता तथा नेत्रपद्मों का अर्धनिमीलन होने पर श्रेष्ठ मुनियों में जो अमनस्क मुद्रा का आविर्भाव होता है, हम उसका दर्शन करते हैं।

**व्याख्या**--अमनस्क भाव में स्थित व्यक्ति के स्वरूप के विषय में अमनस्क-योग २।८१-९१ विशेषतः द्रष्टव्य है।

'निश्वास का लोप' से पूर्ण श्वासक्रिया का लोप समझना चाहिये। वायु-ग्रहण रूप निश्वास (ज्योत्स्नाटीका ४।११२) नहीं होगा तो वायु का बहिः निःसारणरूप उच्छ्वास (या प्रश्वास) भी नहीं होगा। (निःश्वास शब्द भी क्वचित् प्रयुक्त होता है निश्वास के लिए; निःश्वासो निःसारणम्, योगचिन्ता० पृ० १७६)। 'निश्वासलोपैः' आदि शब्दों में जो तृतीया है वह 'इत्थम्भूतलक्षणे' (अष्टा० २।३।२१) सूत्र से है। निश्वासलोप आदि ज्ञापक हेतु हैं।

शरीर का विशेषण 'निभृत' दिया गया है। निश्चल, निष्कम्प, स्थिर अर्थों में निभृत शब्द का प्रयोग प्राचीन ग्रन्थों में मिलता है (कुमारसंभव ३।४२; शाकुन्तल १।८)। प्राणस्थैर्य से शारीरिक स्थैर्य भी होता है; मन की स्थिरता प्राण की स्थिरता का हेतु है।

आत्मस्थ होने पर नेत्र की अर्धनिमीलित स्थिति होती है (ह० यो० प्र० ४।४१)। प्रयत्नशून्यता(=निरायास)-पूर्वक स्थैर्य होने पर ऐसा ही होता है—यह ज्ञातव्य है।

> अमी यमीन्द्राः[1] सहजामनस्का[2]
> देहे ममत्वे[3] शिथिलायमाने।
> मनोऽतिगं मारुतवृत्तिशून्यं
> गच्छन्ति भावं गगनावशेषम्[4] ॥२२॥

। १. अमी हि चेन्द्राः ( पाठा० ) इन्द्राः शब्द का कोई स्वारस्य नहीं है; यह भ्रष्ट पाठ है।

२ सहजामनस्कात् ( पाठा० )—सहज-अमनस्क के कारण। पर तब भाव-प्रधान निर्देश मानकर अमनस्क से अमनस्कत्व रूप अर्थ लेना होगा।

३. ममत्वम् (पाठा०)—यह लिपिकर-प्रमादजनित पाठ है। अहंममत्वे (पाठा०)—इस पाठ में जो एकवचन है वह सुसंगत नहीं है।

४. मनोगतिं मारुतवृत्तिशून्यां गच्छन्त्यगम्यां गमनावशेषाम् (पाठा०)—जो वायुवृत्तिहीन गमनावशेष अगम्य मनोगति है, उसको प्राप्त करते हैं। मनोगति का 'मन का चरम लक्ष्य' अर्थ करके तथा 'अगम्या' का 'दुष्प्रापा' अर्थ करके इस पाठ को भी संगत माना जा सकता है। पर 'गमनावशेषा' का तात्पर्य क्या होगा ?।

**अनुवाद**—सहज ( =स्वाभाविक ) अमनस्क अवस्था प्राप्त होने के कारण देह में ममत्व जिनका शिथिल हो गया है, ऐसे श्रेष्ठ योगी मन का अगोचर तथा वायुवृत्ति ( =प्राण ) से शून्य आकाशमात्ररूप ( असीम ) भाव को प्राप्त करते हैं।

**व्याख्या**—अमनस्क का विशेषण सहज ( सह+ज ) है। यह विशेषण बहुत ही प्रसिद्ध है। इसका तात्पर्य निरायासता से है—प्रयत्न के विना उदित होना—स्वयमेव उत्पद्यते—'उत्पद्यते निरायासात् स्वयमेवोन्मनी ( ह० यो० प्र० १।४१ )।

भाव के तीन विशेषण हैं (१) मनोतिग, (२) मारुतवृत्तिशून्य तथा (३) गगनावशेष। मनोऽतिग=मन की वृत्ति का अतिक्रमण करने वाला अर्थात् मन का अगोचर।

मारुतवृत्ति-शून्य=प्राणवायु की वृत्तियों ( =क्रियायों ) से विरहित। प्राण की क्रियायें प्रसिद्ध हैं। प्राण पाँच रूपों में अपने को विभक्त करके शरीर

का विधारण ( = निर्माण वर्धन, पोषण ) करता है। ये पांच रूप हैं--प्राण, उदान, व्यान, समान तथा अपान। हठयोग के ग्रन्थों मे इन पांचों की क्रियाओं का विशद विवरण मिलता है।

विधि : समावस्था में खड़े रहें। अँगूठा छुपाकर दोनों हाथों की मुट्ठियाँ बंद करें। दोनों हाथों को कन्धों के सामने जमीन से समानान्तर फैलाएँ। हथेली एक-दूसरे के सामने रखें। श्वास को लेकर दोनों हाथों को सामने से चक्राकार में घुमाते हुए कोहनी से मोड़कर कमर से सटाएँ। हाथों को जमीन से समानान्तर रखें। श्वास को छोड़ें फिर श्वास को अन्दर लेते हुए उछलकर दोनों एड़ियों से नितम्ब को ठोकें। श्वास छोड़ते हुए हाथों को कन्धे के सामने फैलाएँ और पैर को ज़मीन पर टिकाएँ। इस क्रिया को पाँच बार करें।

लाभ : उम्र के प्रथम 20 वर्ष तक साधक की लम्बाई बढ़ती है। कुण्डली जागरण में सहायक हैं, हाथ और पैर पुष्ट बनते हैं तथा उनका दर्द मिटता है। नितम्ब व जंघाएँ सुडौल बनती हैं। सीना चौड़ा और पुष्ट बनता है। फेफड़ों के रोग नष्ट होते हैं।

**4.** ऊर्ध्वगति

विधि : समावस्था में खड़े रहें। दोनों हाथ को कोहनी से ऊपर की ओर मोड़कर कन्धों के समानान्तर बाजू से स्थापित करके दृष्टि ऊपर रखें। श्वास लेते हुए बाएँ पैर को 90° के कोण पर ऊपर उठाएँ। बाएँ हाथ को कन्धे के बाजू में फैलाकर कोहनी को मोड़ते हुए सिर की ओर ऊपर उठाएँ। दाएँ हाथ को सिर के ऊपर ताने। हथेलियाँ सामने रखें, श्वास छोड़कर बाएँ पैर को ज़मीन पर टिकाएँ, बाएँ हाथ को सिर के ऊपर फैलाएँ और श्वास लेकर दाएँ पैर को ज़मीन से 90° के कोण पर ऊपर उठाएँ। दाएँ हाथ को कन्धे के बाजू में लाकर कोहिनी से मोड़ते हुए सिर की ओर ले जाएँ, श्वास को छोड़कर दाएँ पैर को ज़मीन पर टिकाते हुए दाएँ हाथ को सिर के ऊपर फैलाएँ। बाएँ हाथ को बाएँ कन्धे के बाजू में फैलाकर कोहनी से मोड़ते हुए सिर की ओर ले जाएँ। इस प्रकार क्रिया को धीरे-धीरे 8 से 10 बार करने के पश्चात् अपने स्थान पर दौड़ते हुए यथाशक्ति करें। थकान आने पर क्रिया को समाप्त कर दें।

लाभ : हाथ और पैर पुष्ट होते हैं। फेफड़े के रोग नष्ट होते हैं। शरीर की स्थूलता दूर होती है। हाथ और पैर ठण्डे होने की शिकायत दूर होती है। जाँघों का मोटापा दूर होता है। खिलाड़ी साधकों के लिए विशेष लाभकारी हैं।

**5.**सर्वांग पुष्टि

विधि : दोनों पैर को फैलाकर सीधे खड़े हो जाएँ। अँगूठा छुपाकर हाथों की मुट्ठियाँ बन्द करें। दोनों हाथों को नीचे झुकाकर बाएँ टखने के पास बायाँ हाथ नीचे और दायाँ हाथ कलाई के ऊपर स्थापित करें। श्वास को लेकर धीरे-धीरे दोनों हाथों से ऊपर की ओर बाएँ कन्धे के बाजू से सिर तक ले जाएँ और दाएँ टखने की ओर श्वास को छोड़ें। दाहिना हाथ नीचे और बायाँ हाथ ऊपर रखें। पुनः श्वास लेकर दोनों हाथों के नीचे से ऊपर दाएँ कन्धे तक लाते हुए सिर के ऊपर तक ले जाएँ। बाई ओर मुड़ते हुए दोनों हाथों को बाएँ कन्धे से नीचे की ओर बाएँ टखने तक लाएँ। श्वास को छोड़ें, हाथ को बदल-बदलकर बायाँ नीचे और दाहिना ऊपर रखें। इस क्रिया की तीन बार करें।

लाभ : समस्त अंग पुष्ट बनते हैं। शरीर लचीला बनता है। साधक का ठिगनापन दूर होता है। फेफड़ों के रोग दूर होते हैं। कमर व पीठ का दर्द मिटता है। पाचन क्रिया ठीक होती है।

# सरल योग क्रियाएँ

# पवनमुक्तासन समूह की क्रियाएँ

वायुनिरोधक, उदर प्रदेश एवं शक्तिबंध हेतु सरल क्रियाएँ

लगभग सभी योग केंद्रों में ये सरल व्यायाम कराए जाते हैं जो कि पवनमुक्तासन* की अभ्यास श्रेणी के अंतर्गत आते हैं। प्रतिदिन प्रारंभ में कराए जाने का कारण यह है कि इनका प्रयोग मांसपेशियों तथा शरीर के लगभग सभी जोड़ों में लचीलापन लाने के लिए व शरीर का कड़ापन दूर करने के लिए किया जाता है। पिछले अध्यायों में सूक्ष्म व्यायाम एवं स्थूल व्यायाम की श्रृंखला दी गई है वे सभी व्यायाम भी शरीर की स्थायित्व प्रदान करते हैं।

निम्नलिखित सभी क्रियाएँ करने से हमारे शरीर के जोड़ खुल जाते हैं तथा शरीर का आलस्य समाप्त हो जाता है। साधक स्फूर्ति एवं ताजगी महसूस करता है जिससे आगे होने वाली योग क्रियाओं व अभ्यासों में सरलता होती है।

सभी आसन सरल होते हुए भी बहुत अधिक प्रभावकारी हैं जो कि शरीर को नई चेतना और ऊर्जा प्रदान करते हैं।

## वायु निरोधक क्रियाएँ

पादांगुली, पादतल, पादपृष्ट एवं गुल्फ शक्तिवर्धक/विकासक क्रिया

विशेषः सूक्ष्म व्यायाम में हमने यही क्रिया खड़े होकर की थी। इसे बैठकर भी कर सकते हैं। जो कि लगभग सभी योग केंद्रों में कराई जाती है।

अभ्यास क्रम **1 :** बैठ जाएँ। सामने की तरफ़ पैरों को लंबा करें। थोड़ा सा पीछे झुकते हुए हाथों को अगल-बगल में नितंबों के पीछे ज़मीन पर रख दें। मेरुदंड, ग्रीवा व सिर को झुकने न दें एवं कुहनियाँ भी न मोड़ें और मन को तनाव मुक्त रखें। पूरा ध्यान पैरों की अँगुलियों पर रखते हुए दसों अँगुलियों को आगे झुकाएँ, फिर पीछे झुकाएँ।

**श्वासक्रम/समय :** अँगुलियाँ आगे झुकाते समय श्वास छोड़ें। अपनी तरफ़ करते समय श्वास लें। 10 से 15 बार आगे-पीछे करें।

**अभ्यास क्रम 2 :** अब पैरों के पंजों को टखनों के जोड़ों से आगे की तरफ़ इतना झुकाएँ कि वे ज़मीन को स्पर्श करने लगे। जितना अधिक से अधिक झुका सकते हैं, झुकाएँ। पूरे पंजे को वापस अपनी तरफ़ जितना मोड़ सकते हैं, मोड़ने का प्रयास करें।

**श्वासक्रम/समय :** अँगुलियाँ एवं पैरों के पंजे अपनी तरफ़ करते समय श्वास लें एवं वापस आगे झुकाते समय श्वास छोड़ें। 10 से 15 बार यही क्रम दोहराएँ।

**अभ्यास क्रम 3 :** अब दोनों पैरों के बीच थोड़ा अंतर कर उन्हें दूर कर दें। पहले दाहिने पैर से अभ्यास करें। दाहिने पैर के पंजे की टखने से वृत्ताकार घुमाना है। अतः दाएँ से बाएँ तरफ़ 10 से 15 बार घुमाएँ। फिर बाएँ से दाँये 10 से 15 बार करें। यही अभ्यास बाएँ पैर से करें। अब दोनों पंजों को मिलाकर उपरोक्त अभ्यास करें। यही क्रिया निम्नलिखित प्रकार से भी कर सकते हैं।

इसी क्रम में अब दोनों पैरों में कुछ फ़ासला रखें और एक पैर को बाएँ से दाएँ तो दूसरे पैर को दाएँ से बाएँ वृत्ताकार घुमाएँ। अब यही क्रम दूसरी दिशा में भी करें। इस प्रकार से घुमाने पर आपस में दोनों पैरों के अंगूठे वृत्त पूरा होने पर एक-दूसरे को स्पर्श करते हैं।

**श्वासक्रम/समय :** पंजों की ऊपर लाते समय श्वास लें और नीचे की तरफ़ जाते समय श्वास छोड़ें। उपरोक्त सभी क्रियाएँ 10 से 15 बार समान रूप से करनी चाहिए।

अभ्यास क्रम **4 :** पंजों को वृत्ताकार बनाने के लिए इस प्रकार से भी अभ्यास कर सकते हैं। एक पैर लंबवत् कर दूसरे पैर के पंजे को पहले पैर की जंघा पर ऐसा रखें कि गुल्फ बाहर की तरफ़ आ जाएँ। अब एक हाथ से टखने को पकड़कर दूसरे हाथ से अँगुलियाँ पकड़ लें। पहले दाएँ से बाएँ फिर बाएँ से दाएँ 10 से 15 बार वृत्ताकार घुमाएँ। यही अभ्यास दूसरे पैर से करें।

श्वासक्रम/समय **:** अभ्यास क्रम तीन के अनुसार।

सुप्त जानुसंचालन क्रिया - अभ्यास क्रम **5**

(घुटनों को आगे-पीछे करने की क्रिया)

सामने की तरफ़ पैरों को लंबवत् करके बैठे। चूँकि इसमें घुटनों को संचालित कर आगे-पीछे

करना है। अतः माँसपेशियों को संकुचित करते हुए घुटनों को अपनी ३२: तरफ़ खींचें। कुछ क्षण रुकें एवं ढीला £ छोड़ दें। यही क्रम पुनः दोहराएँ।

श्वासक्रम/समय : घुटनों को अपनी तरफ़ खींचते हुए श्वास लें एवं ढीला करते समय श्वास छोड़ें। 10 से 15 बार यही क्रम दोहराएँ।

लाभ :
- पिंडली, पंजे, टखना, घुटने एवं अँगुलियों के जोड़ मज़बूत एवं लचीले होते हैं।
- भविष्य में होने वाले गठिया जैसे रोगों की संभावना उस अंग में नहीं रहती। पिंडली के दर्द में राहत एवं ऐंठन को ठीक करता है।

उत्तान जानुसंचालन क्रिया - अभ्यास क्रम **6**

(अ) अपने आसन में सामने की तरफ़ समानांतर रूप से पैर फैलाकर बैठे। दोनों हाथों से दाहिनी जंघा को पकड़ें, दाहिने घुटने को मोड़ते हुए, जंघा को उदर व वक्षःस्थल से सटाएँ। अब इस पैर को धीरे-धीरे ऊपर की तरफ़ तानें। कुछ क्षण रुकें, वापस ज़मीन पर रख दें। इस प्रक्रिया में पैर जितना ऊपर कर सकते हैं करें। यहाँ तक कि नासिका का घुटने से स्पर्श हो जाए एवं दूसरा पैर पूर्णतः ज़मीन से स्पर्श करता रहे तथा मेरुदण्ड और कमर सीधी रखें। इस प्रकार उपरोक्त क्रिया 10 बार करें एवं यही क्रिया पैर बदलकर करें।

(ब) अब इसी क्रिया को विपरीत तरीके से करें। पहले दाहिना पैर सीधा ऊपर उठाएँ। कुछ क्षण रुकें। घुटने से मोड़कर जाँघ को अपने सीने से स्पर्श कराएँ। वापस पैर की ज़मीन पर रख दें। यह क्रिया 10 बार करें और दूसरे पैर से इसी क्रिया को दुहराएँ।

उत्तान द्विजानु संचालन क्रिया - अभ्यास क्रम **7**

यह अभ्यास क्रम 6 की तरह ही है, परंतु इसमें दोनों पैरों से एक साथ करना होता है।

(अ) सामने की तरफ़ पैर फैलाकर बैठें। पैरों को समानांतर चिपकाकर रखें। दोनों हाथों को नितंबों के अगल-बगल में पीछे रखें, अब दोनों पैरों को घुटने से मोड़ते हुए सीने से स्पर्श कराना है। इसके पश्चात दोनों पैरों को एक साथ ऊपर की तरफ़ लंबवत कर दें और वापस ज़मीन पर रख दें। यही क्रिया 10 बार करें।

(ब) इस क्रिया में दोनों पैरों को पहले ज़मीन से ऊपर उठाएँ। तत्पश्चात घुटनों से मोड़ते हुए छाती से स्पर्श कराएँ और वापस ज़मीन पर रख दें। 10 बार यही क्रिया को दुहराएँ।

श्वासक्रम : पैर को मोड़ते समय श्वास बाहर निकालें एवं पैर ऊपर की तरफ़ सीधे करते समय श्वास लें।

सावधानियाँ: तीव्र कमर दर्द, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप वाले विवेक पूर्वक करें।

लाभ : ❍ घुटनों के समस्त विकार दूर होते हैं। कमर दर्द व नितंबों का दर्द स्थायी रूप से मिट जाता है।

- पैरों का कंपवात वाला रोग नहीं हो पाता।
- क़ब्ज़, मंदाग्नि दूर होकर भूख बढ़ती है।
- पेट की चर्बी कम होती है।

जानुचक्रमय बनाने की क्रिया - अभ्यास क्रम **8**

विधि : सामने की तरफ़ दोनों पैरों को फैलाकर बैठें। चूँकि हाथों से जंघा को पकड़कर घुटने से आगे के हिस्से को घुमाना है अतः दाहिनी जाँघ को दोनों हाथों से पकड़कर उदर प्रदेश के पास लाये या दाहिने जाँघ के नीचे से भुजाओं को निकालकर एक दूसरे पंजे से कुहनियाँ पकड़ ले एवं उदर प्रदेश से जंघा को सटाते हुए पंजे को ऊपर की तरफ़ उठाएँ और घुटने एवं घुटने से निचले हिस्से को 10 बार दाएँ से बाएँ वृत्ताकार घुमाएँ तथा 10 बार बाएँ से दाएँ वृत्ताकार घुमाएँ। अब यही क्रिया बाएँ पैर से करें।

श्वासक्रम : पैरों को ऊपर ले जाते समय श्वास लें एवं नीचे लाते समय श्वास छोड़ें।

ध्यान : घुटने की निरोगता हेतु।

लाभ :
- गठिया जैसी बीमारियों से निजात दिलाता है।
- घुटने के जोड़ को मज़बूती प्रदान करता है और दर्द से राहत दिलाता है।
- जमे हुए रक्त को विनियमित करता है।

श्रोणी विकासक एवं शक्तिवर्धक क्रिया - अभ्यास क्रम **9**

विधि : दोनों पैरों को सामने फैलाकर बैठ जाएँ। बाएँ पैर की जंघा पर दाएँ पैर के पंजे को रखें। बाएँ हाथ से दाएँ पैर के पंजे को पकड़ें और दाएँ हाथ से मुड़े हुए घुटनों को पकड़ें। घुटने द्वारा एक बड़ा सा चक्र बनाने की कोशिश करें। अब यही क्रिया विपरीत दिशा में भी करें तथा पैर बदलकर यही क्रम दोहराएँ।

श्वासक्रम/समय : श्वास सामान्य रखें एवं 10-10 चक्र दोनों तरफ़ से करें।

लाभ :
- संपूर्ण श्रोणी प्रदेश, कमर, नितंब, प्रजनन अंग आदि को लाभ मिलता है।
- आसन करने में इन अंगों से होने वाली परेशानियाँ नहीं होती हैं।

गतिमय अर्ध तितली आसन - अभ्यास क्रम **10**

विधि : सामने की तरफ़ सीधे पैर फैलाकर बैठ जाएँ। कमर, रीढ़ और गर्दन सीधी तनी रहें। बाएँ पैर को मोड़कर दाएँ पैर की जाँघ पर रखें, दाएँ हाथ से बाएँ पैर के अँगूठे को पकड़कर रखें ताकि आगे-पीछे न हो एवं बाएँ हाथ से बाएँ पैर के घुटने को पकड़ें। अब बाएँ हाथ से घुटने को ज़मीन की तरफ़ दबाएँ और फिर घुटने की वक्षःस्थल की ओर उठाएँ। इस क्रिया

को शनैः शनैः इस प्रकार करें कि घुटना ज़मीन को छूने लगे। यही क्रिया पैर बदलकर करें।

**श्वासक्रम :** घुटने को ऊपर उठाते समय श्वास लें एवं नीचे करते समय श्वास छोड़ें।

गतिमय पूर्ण तितली आसन - अभ्यास क्रम **11**

पहला प्रकार **:** सामने की तरफ़ पैर फैलाकर बैठ जाएँ। कमर, रीढ़, गर्दन एवं सिर सीधा रखें। अब दोनों पैरों को मोड़ते हुए दोनों तलवों को आपस में मिलाएँ और जननेंद्रिय के पास सटाकर रखें। दोनों हाथों से दोनों पैरों के पंजों को पकड़ें और दोनों जाँघों को ऊपर-नीचे पहले धीरे-धीरे फिर कुछ तेज़ी से ज़मीन से स्पर्श कराने की कोशिश करें।

दूसरा प्रकार **:** सामने की तरफ़ पैर फैलाकर बैठ जाएँ। कमर, रीढ़, गर्दन व सिर सीधा एवं तना हुआ रखें। दोनों पैरों को मोड़ते हुए दोनों तलवों को आपस में मिलाएँ और जननेंद्रिय के पास सटाकर रखें। दोनों हाथ घुटनों पर रखें (बायाँ हाथ बाएँ घुटने पर एवं दाहिना हाथ दाएँ घुटने पर) एवं धीरे-धीरे दोनों हाथों से दोनों घुटनों को ज़मीन की तरफ़ दबाएँ फिर इन्हें वापस ऊपर आने दें। यही क्रम 20 से 25 बार करें। घुटनों का स्पर्श ज़मीन से

कराने की कोशिश करें।

श्वासक्रम :सामान्य

लाभ : ❍ तितली आसन से घुटने और नितंबों के जोड़ मज़बूत होते हैं और यह नितंब में बढ़ी हुई अनावश्यक चर्बी कम कर उन्हें संतुलित करता है।

❍ वायु प्रकोप शांत करता है।

❍ अधोभाग में नई चेतना प्रदान करता है।

❍ पाचनतंत्र को स्थायित्व प्रदान करता है।

❍ जंघाओं को सुडोल बनाता है।

सावधानियाँ : साइटिका एवं कमरदर्द वाले रोगी परिस्थिति अनुसार करें एवं तीव्र दर्द हो तो न करें।

मुष्टिका, मणिबंध, कोहनी, स्कंध शक्तिवर्धक/विकासक किया

अभ्यास क्रम 12 : सुखासन के किसी भी आसन में बैठ जाएँ। दोनों हाथों को सामने की तरफ़ फैला लें। ऊँचाई कंधे के समकक्ष रखें। हथेलियाँ पूरी खुली हुई ज़मीन की तरफ़ रखें। अँगुलियों को फैलाकर तनाव उत्पन्न करें।

**श्वासक्रम/समय :** अँगुलियों के फैलते समय श्वास छोड़े एवं बंद करते समय श्वास लें। 10 से 15 बार यही क्रिया दोहराएँ।

अभ्यास क्रम **13 :** अब इसी क्रम में हाथों को आगे फैलाते हुए सामने की ओर तानें। हथेलियाँ खुली परंतु अँगुलियाँ आपस में सटी हुई हो। मणिबंध के जोड़ से पूरे पंजे को ऊपर की तरफ़ करते हुए अपनी तरफ़ तनाव दें। अब हथेलियों को नीचे की तरफ़ करते हुए पुनः अपनी तरफ़ तनाव दें। अभ्यास के दौरान हाथ बिलकुल सीधे हों।

**श्वासक्रम/समय :** ऊपर की तरफ़ करते हुए श्वास लें एवं नीचे की तरफ़ करते हुए श्वास छोड़े। 10 से 15 बार इस क्रिया को करें।

अभ्यास क्रम **14 (अ) :** अब उपरोक्त विधि में स्थित होकर अँगूठे को अंदर करते हुए मुट्ठी बाँधे और दाएँ से बाएँ वृत्ताकार 10 से 15 बार घुमाएँ। अब बाएँ से दाएँ यही क्रिया करें। हाथों को बदलकर यही क्रिया दोहराएं। भुजाएँ सीधी एवं हथेली ज़मीन की तरफ़ रखें।

अभ्यास क्रम **14 (ब) :** अब यही क्रिया दोनों हाथों को सामने की तरफ़ फैलाकर करें। दोनों मुट्ठियाँ एक ही दिशा में घुमाएँ। अर्थात् बाएँ से दाएँ 10 से 15 बार फिर दाएँ से बाएँ 10 से 15 बार।

**अभ्यास क्रम 14 (स) :** अब दोनों मुट्ठियों को विपरीत दिशा में एक साथ घुमाएँ जैसे बाईं मुट्ठी को दाएँ से बाएँ तो दाई मुट्ठी को बाएँ से दाएँ तरफ़ घुमाएँ। यही क्रम उल्टी दिशा में करते हुए दोनों मुट्ठियाँ घुमाएँ।

लाभ **:** कलाइयों के जोड़ मज़बूत होते हैं एवं अँगुलियों में होने वाले रोग नहीं होते। हाथों का रक्त संचार समुचित रूप से होता है।

**अभ्यास क्रम 15 (अ) :** सुखासन से किसी भी आसन में बैठें। दोनों हाथों को (कंधे के समानांतर) सामने फैलाएँ। हथेलियाँ आसमान की तरफ़ या एक-दूसरे के आमने-सामने रखें। अब अंगुलियों से कंधों को स्पर्श करें। कोहनियों से हाथों को मोड़ें और कंधों को पूर्णतः स्पर्श करने की कोशिश करें। तत्पश्चात् भुजाओं को पुनः सीधा करें। इस प्रकार 10 से 15 आवृत्तियाँ करें।

**अभ्यास क्रम 15 (ब) :** उपरोक्त स्थिति में ही बैठें। हाथों को पक्षियों के पंख की तरह अगल-बगल में फैलाएँ। हथेलियाँ आसमान की तरफ़ रखें। कंधे के समानांतर ही स्थिति निर्मित करें। अब हाथों को कोहनियों से मोड़ें और कंधों का स्पर्श करें। वापस हाथों को अगल-बगल में फैलाएँ। इस प्रकार 10 से 15 आवृत्तियाँ करें।

**अभ्यास क्रमः 15 (स) :** उपरोक्त स्थिति में ही बैठें। यह विधि गतिमय है। सामने की तरफ़ हाथों को कंधे के समानांतर फैला लें। हथेलियों का मुख आमने-सामने की तरफ़ रहेगा। अब दोनों को गतिमय करते हुए अगल-बगल में ले जाएँ और पुनः वापस सामने की तरफ़ ले आएँ। पुनः गति करते हुए हाथों को अगल-बगल में लाएँ और पुनः सामने की तरफ़ हुए हाथों को शिथिल करें एवं गोद में रखें। इस प्रकार 10 से 15 आवृत्तियाँ करें। (हाथों को अगल-बगल में ले जाते हुए हथेलियाँ ज़मीन की तरफ़ एवं लाते समय हथेलियाँ सामने की तरफ़ रहेंगी।)

**अभ्यास क्रम 15 (द) :** सुखासन की स्थिति में बैठे एवं हाथों को अगल-बगल में फैला लें। हथेलियाँ ज़मीन की तरफ़ और भुजाएँ कंधों के समानांतर ही रखें। अब दोनों हाथों को गति करते हुए ऊपर की तरफ़ ले जाएँ। भुजाएँ कानों को स्पर्श करती हुई एवं हथेलियों का मुख आमने-सामने की तरफ होना चाहिए। वापस हाथों को कंधे के समानांतर लाएँ और गोद में रख लें। फिर दोबारा हाथों को कंधे के समानांतर लाएँ तथा हाथों को सिर के ऊपर की तरफ़ तानें और वापस नीचे कंधे के समकक्ष फैलाएँ। उन्हें गोद में रख लें। आप इस विधि को गिनती करते हुए भी कर सकते हैं। एक गिनती करते हुए कंधों को अगल-बगल में फैलाएँ। दो गिनती करते हुए ऊपर की तरफ़ ले जाएँ। तीन गिनती करते हुए वापस कंधों के समकक्ष अगल-बगल में रखें और चार गिनती करते हुए हाथों को गोद में रख लें। इस प्रकार 5 से 10 बार करें।

**श्वासक्रम/समय :** हाथों को फैलाते/उठाते समय श्वास लें एवं मोड़ते/नीचे लाते समय श्वास

छोड़ें। उपरोक्त सभी क्रियाएँ आवश्यकतानुसार कर सकते हैं।

लाभ : ❍ फेफड़ों की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। वक्षःस्थल चौड़ा और मज़बूत होता है।

- ❍ हाथों के समस्त जोड़ सुचारु ढंग से कार्य करने लगते हैं।
- ❍ कंधे मज़बूत होते हैं।

कंधों को घुमाने की क्रिया (स्कंध संचालन क्रिया)

अभ्यास क्रम **16,** विधि **:** सुखासन के किसी भी आसन पर बैठ जाएँ। दोनों हाथों को कंधों के समानांतर फैलाएँ और कुहनियों से मोड़ते हुए दाई हथेली को दाएँ कंधे पर एवं बाई हथेली को बाएँ कंधे से स्पर्श करते हुए रखें। अब दोनों कुहनियों को सामने लाते हुए छाती

के सामने आपस में स्पर्श कराने का प्रयास करें। तत्पश्चात कुहनियों को ऊपर उठाते हुए कानों से स्पर्श कराने का प्रयास करें एवं कुहनियों को जितना पीछे ले जा सकते हैं, ले जाएँ ताकि छाती अधिक फैल सके। दोनों भुजाओं का बगल से स्पर्श कराते हुए कुहनियाँ वापस मूल अवस्था मे ले जाएँ। इस प्रकार कुहनियों को घुमाते हुए 10 से 20 चक्र पूरे करें। अब यही क्रिया विपरीत दिशा की ओर करें।

श्वासक्रम : कुहनियाँ ऊपर उठाते समय श्वास लें एवं नीचे की ओर आते समय श्वास छोड़ें।

लाभ :
- छाती उन्नत एवं पुष्ट होती है। महिलाएँ इस क्रिया को करके वक्षःस्थल सुडौल बना सकती हैं।
- फेफड़ों के फैलने एवं संकुचन करने से उनकी कार्य प्रणाली में सुधार आता है। आकसीजन लेने की क्षमता बढ़ती है।
- कंधी के जोड़ सशक्त होते हैं।

वक्षःस्थल को घुमाने की क्रिया

विधि : सुखासन के किसी भी आसन में बैठ जाएँ। हाथों को कुहनियों से मोड़कर अँगुलियों को कंधों पर रख लें। अब धीरे-धीरे कंधों को दाएँ से बाएँ वक्षःस्थल के साथ आधा घुमाना है और फिर धीरे-धीरे वापस बाएँ से दाएँ आना है। इस प्रकार इस अभ्यास को आप चाहे तो धीरे-धीरे भी कर सकते हैं या जल्दी-जल्दी भी कर सकते हैं। इसमें मुख्य बात यह है कि सिर की स्थिति एवं दृष्टि बिल्कुल स्थिर रहेगी। सिर्फ़ कंधे और वक्षःस्थल ही गतिमय होंगे।

श्वासक्रम : दाएँ एवं बाएँ मुड़ते समय श्वास छोड़ें एवं मूल अवस्था में आते समय श्वास लें।

सावधानियाँ :
- यदि गर्दन में कोई रोग है तो विवेक का पूर्ण उपयोग करें।
- हृदय रोग या उच्च रक्तचाप हो तो क्रमश: अभ्यास करें।

लाभ :
- फेफड़े अधिक क्रियाशील हो जाते हैं जिस कारण उनमें अधिक ऑक्सीजन लेने

की क्षमता पैदा होती है।

- गर्दन में लोच, लचक पैदा होती है।
- उदर प्रदेश क्रियाशील होता है।

गतिमय ग्रीवा शक्तिवर्धक/विकासक क्रिया

**अभ्यासक्रम 17 (अ) :** सुखासन के किसी भी आसन में बैठ जाएँ। अँगुलियों से ज्ञान मुद्रा बनाकर उन्हें गोद में या घुटनों पर रखें। आँखें बंद करें। अब सिर को धीरे-धीरे आगे की ओर इतना झुकाएँ कि ठुड्डी कंठकूप (वक्षःस्थल) की स्पर्श करने लगे फिर सिर को ऊपर उठाएँ और पीछे की तरफ़ धीरे-धीरे ले जाएँ। वापस मूल अवस्था में आएँ एवं इसी क्रम को 5 से 10 बार या आवश्यकता अनुसार करें।

**श्वासक्रम :** सामने की तरफ़ झुकाते समय श्वास छोड़ें एवं पीछे की तरफ़ झुकाते हुए श्वास लें।

**अभ्यास क्रम 17 (ब) :** उसी अवस्था में बैठे हुए अब सिर को बाई तरफ़ इतना झुकाने का प्रयास करें कि बायाँ कान बाएँ कंधे को स्पर्श करने लगे। सिर को धीरे-धीरे वापस सीधा करें और यही अभ्यास दाई तरफ़ भी करें। इस प्रकार 5 से 10 आवृत्तियाँ करें।

**श्वासक्रम :** सिर को झुकाते समय श्वास छोड़ें। सिर को ऊपर उठाते समय श्वास लें।

**अभ्यास क्रम 17 (स) :** उसी स्थिति में बैठे रहें। अब सिर को बिना झुकाए बाईं तरफ़ इतना घुमाएँ कि ठुड्डी कंधे के सीध में हो जाए और धीरे-धीरे वापस पहली स्थिति में आएँ। अब सिर को दाईं तरफ़ घुमाएँ ताकि ठुड्डी और कंधे एक सीध में हो जाएँ। यह एक आवृत्ति हुई। इसी प्रकार 5 से 10 आवृत्ति करें।

**श्वासक्रम :** बाएँ/दाएँ तरफ़ मोड़ते समय श्वास छोड़ें एवं सिर को सामने लाते समय श्वास लें।

**अभ्यास क्रम 17 (द) :** उसी स्थिति में बैठे रहें। अब सिर को वृत्ताकार घुमाना है अतः सिर को सामने की तरफ़ झुकाएँ और धीरे-धीरे दाहिने तरफ़ से बाईं तरफ़ घुमाते हुए एक वृत बनाएँ। इसी अभ्यास को कम से कम 5 से 10 बार करें। अब इसी क्रिया को विपरीत दिशा से कर 5 से 10 आवृत्ति पूरी करें।

**श्वासक्रम :** सिर को ऊपर की तरफ ले जाते समय श्वास लें एवं नीचे की तरफ़ लाते समय श्वास छोड़ें।

**सावधानियाँ:** ❍ चक्कर आने पर रुक जाएँ एवं आँखें खोलकर आराम करें। ❍ गर्दन में किसी भी प्रकार के दर्द में या किसी भी प्रकार की कोई समस्या अथवा परेशानी महसूस हो तो योग गुरु से परामर्श लें।

अभ्यास क्रम **17 (ई) :** उपरोक्त विधि के अनुसार ही बैठे। अब गर्दन को सामने की तरफ़ धीरे-धीरे झुकाएँ। कुछ क्षण रुकें, वापस सिर को ऊपर की तरफ़ उठाएँ। धीरे-धीरे पीछे ले जाएँ। कुछ क्षण रुकें। धीरे-धीरे वापस सिर को सीधा करें। कुछ क्षण रुकें एवं सिर को धीरे-धीरे दाई तरफ़ घुमाएँ। कुछ क्षण रुकें और वापस धीरे-धीरे सिर को सीधा करें। फिर सिर को बाई तरफ़ घुमाएँ और वापस सिर सामने की तरफ़ ले आएँ। यह एक आवृत्ति हुई। इस प्रकार 5 आवृत्ति करें।

नोट **:** एक तरफ़ सिर झुकाते समय जितना समय लगता है, उतना ही समय सब तरफ़ लगना चाहिए।

श्वासक्रम **:** सिर को ऊपर ले जाते समय श्वास लें और झुकाते समय श्वास छोड़ें एवं सिर को घुमाते समय श्वास छोड़ें एवं सिर सामने सीधा करते समय श्वास लें।

लाभ **:** विद्यार्थी, ऑफ़िस में काम करने वाले और गर्दन झुकाकर काम करने वालों के लिए बहुत अधिक लाभदायक है। गर्दन संबंधी समस्त विकारों में लाभ मिलता है।

उदरप्रदेश अंग की क्रियाएँ

उत्तानपादासन

विशेष : यह आसन ध्रुव के पिता उत्तानपाद को समर्पित है।

अभ्यास क्रम **1** (अ)**:** पीठ के बल ज़मीन पर लेट जाएँ। दोनों हाथों को कमर के अगल-बगल में रखें। हथेलियाँ ज़मीन पर स्थिर करें। श्वास लें और हाथों पर हल्का दबाव देते हुए दोनों पैरों को एक साथ ज़मीन से लगभग $60^0$ के कोण पर उठाएँ। दोनों पैर एक साथ मिले हुए हों व पंजे सामने की तरफ़ तने हुए हों। एक से 2 मिनिट इसी अवस्था में रुकें, मूल अवस्था में वापस आएँ। श्वास प्रक्रिया सामान्य रखें।

श्वासक्रम/समय : पैरों को ऊपर उठाते समय श्वास रोकें एवं नीचे आते समय श्वास छोड़ें। ऐसा 3 से 5 बार करें।

सावधानियाँ : कमर या रीढ़ आदि में किसी प्रकार का तेज दर्द हो तो न करें।

लाभ :
- अपने स्थान से हटी हुई नाभि को ठीक करता है।
- पेट की चर्बी कम करता है।
- क़ब्ज़ के लिए रामबाण है। पीठ, कमर एवं पेट की माँसपेशियों को सुदृढ़ता प्रदान करता है।
- वायु विकार का शमन करता है।

गतिमय उत्तानपादासन

अभ्यास क्रम **1** (ब)**:**

विधि : पीठ के बल ज़मीन पर लेट जाएँ। हथेलियाँ अगल-बगल में रखें। श्वास लेते हुए बाएँ पैर को इतना उठाएँ कि समकोण की आकृति निर्मित हो, कुछ देर रुकें एवं श्वास छोड़ते हुए वापस मूल अवस्था में आ जाएँ। इस प्रकार बाएँ पैर से 5-6 बार करें। यही क्रिया दाएँ पैर से करें। अब यही क्रिया दोनों पैरों से एक साथ करें।

लाभ : ❍ उदर प्रदेश, पाचन तंत्र, मेरुदण्ड, पीठ के निचले हिस्से की पेशियों को मज़बूत बनाता है। लोच व लचक पैदा करता है।

- चर्बी दूर कर जंघाएँ एवं नितम्ब सुडोल बनाता है।

पैरों द्वारा वृत्त बनाना/पादवृत्तासन

अभ्यास क्रम **2 :**

विधि **:** शवासन में लेट जाएँ। पहले दायाँ पैर सीधा उठाएँ और उसे दाएँ तरफ़ से बाएँ लाते हुए वृत्त बनाएँ। ऐसा 10 से 15 बार करें। अब उसी पैर से बाएँ से दाएँ तरफ़ घुमाएँ। अब बाएँ पैर से उपरोक्त क्रिया करें। अब दोनों पैरों से यही क्रिया दोहराएँ।

श्वासक्रम**:** क्रिया करते समय श्वास-प्रश्वास की गति सामान्य रखें।

लाभ **:** ❍ कमर दर्द में राहत।

- नितंब मज़बूत और सुडौल बनते हैं।
- पैर की समस्त माँसपेशियों को लाभ मिलता है।
- मोटापा कम करने के लिए सबसे अच्छा आसन है। पेट और जंघाओं की अतिरिक्त चर्बी को कम करता है।

**नोट :** चाहे तो प्रारंभ में दोनों पैरों से करते समय नीचे हाथ लगा लें। थकान होने पर विश्राम करें। जितना बड़ा वृत बना सकते है उतना बड़ा वृत बनाएँ।

पाद संचालन क्रिया/साइकिल चलाना/द्विचक्रिकासन

अभ्यास क्रम **3, (अ)** विधि **:** शवासन में लेटें और कल्पना करें कि आप साइकिल चला रहे हैं।

1. पहले एक पैर उठाएँ और साइकिल चलाने जैसा आगे-पीछे, ऊपर-नीचे करें। 10-15 बार सीधा पैडल एवं उतना ही उल्टा पैडल मारें।
2. अब दूसरे पैर से पहले पैर की पुनरावृत्ति करें।
3. अब दोनों पैरों को साइकिल पर बैठकर चलाने की क्रिया करें।
4. अब दोनों पैरों को एक साथ जोड़ें और साइकिल चलाने की क्रिया को दोहराएँ।
5. हर बार 10-15 सीधे पैडल और फिर उल्टे पैडल घुमाएँ।

श्वासक्रम **:** पैरों को लंबवत् करते समय श्वास लें एवं घुटने मोड़ते समय श्वास छोड़ें।

लाभ **:**
- उदर-प्रदेश की लाभ होता है।
- टखने, पिंडली, घुटने, जाँघ, नितंब व कमर इन सभी अंगों को लाभ मिलता है।
- जोड़ों को खोलकर मांसपेशियों को सुचारु करता है।
- अपानवायु का निष्कासन करता है।
- मोटापे को कम करने में सहायक है।
- जंघाओं और नितम्बों को सुडोल बनाता है।

**नोट :**

- थकान होने पर आराम करें।

- अनुकूलतानुसार करें।
- पैरों को जितना पीछे ला सकते हैं उतना पीछे की तरफ़ लाएँ।
- हाथों को भी पैरों की ही तरह आगे-पीछे व ऊपर-नीचे चला सकते हैं।

सुप्त पाद संचालन क्रिया

अभ्यास क्रम **3, (ब)** विधि **:** ज़मीन पर पीठ के बल लेट जाएँ। हाथों को अगल-बगल में रखें। बाएँ पैर को घुटने से इतना मोड़ें कि जंघा का हिस्सा पेट से स्पर्श करने लगे। अब पैर को सामने की तरफ़ सीधा करें (ज़मीन से दो फीट ऊपर) और ज़मीन पर रख दें। यह क्रिया 5 से 10 बार पहले बाएँ पैर से फिर दाएँ पैर से करें। अब यही क्रिया विपरीत दिशा में करें। पहले बायाँ पैर ज़मीन से 2 फ़िट ऊपर उठाएँ फिर पैर को घुटने से मोड़कर पेट से लगाएँ और ज़मीन पर सीधा रख दें। यही क्रिया दाएँ पैर से करें।

यही क्रिया दोनों पैरों से करें। पहले दोनों पैरों को घुटने से मोड़कर पेट से लगाएँ। सामने की ओर पैर सीधा करें (ज़मीन से दो फिट ऊपर) और ज़मीन पर रख दें। 5 से 10 बार यही क्रिया करें अब इसके विपरीत करें। दोनों पैर ऊपर उठाएँ। घुटने से मोड़कर पेट से स्पर्श कराएँ और वापस ज़मीन पर रख दें।

श्वासक्रम **:** पैरों को लम्बवत् करते समय श्वास लें एवं घुटने मोड़ते समय श्वास छोड़े।

समय **:** ये सभी क्रियाएँ 5-10 बार करें।

लाभ **:**
- उदर प्रदेश में स्थित चर्बी को कम करता है।
- पाचन तंत्र मज़बूत कर क़ब्ज़ दूर करता है।
- नाभि अपने स्थान से हट गई हो, तो उसे ठीक करता है।
- घुटने, जंघा, पिंडली में रक्त संचार बढ़ाकर उन्हें मज़बूत करता है।
- पैरों के काँपने से निजात दिलाता है।

- जंघा और नितम्ब को सही अकार प्रदान करता है।

**प्रकारांतर :** यही क्रिया बैठकर करने से उत्तान जानु संचालन क्रिया कहलाती है।

सुप्त पवनमुक्तासन - अभ्यास क्रम **4** (अ)

**(पहला प्रकार) :** शवासन की स्थिति में लेट जाएँ। अब दाएँ पैर को मोड़कर जाँघ को सीने की तरफ़ लाएँ। तदोपरांत दोनों हाथों के पंजों की आपस में फँसाकर घुटनों पर रखें। श्वास बाहर निकालें और हाथों से दबाव डालते हुए जाँघ को सीने से चिपकाने की कोशिश करते हुए सिर को ऊपर उठाकर नाक से घुटने का स्पर्श करें। कुछ देर इसी स्थिति में रहें। शवासन की स्थिति में आ जाएँ। श्वास एवं आसन के प्रति सजग रहें। इस प्रकार 3-5 बार करें और यही क्रिया पैर बदलकर करें।

सुप्त पवन्मुक्तासन - अभ्यास क्रम **4** (ब)

**(दूसरा प्रकार) :** शवासन की स्थिति में लेट जाएँ। अब दोनों पैरों को मोड़कर जाँघों को सीने से लगाने का प्रयास करें। इसके बाद दोनों हाथों से आलिंगन की भाँति घुटनों की लपेट लें। श्वास बाहर निकालें। अब हाथों से दबाव बनाते हुए जाँघों को सीने से चिपकाएँ और सिर को उठाते हुए नाक से घुटनों का स्पर्श करें। कुछ देर रुकें, वापस मूल अवस्था में आएँ। 8 से 10 बार यही क्रिया दोहराएँ। इसे पूर्ण पवनमुक्तासन भी कहते हैं।

पूर्ण पवनमुक्तासन में लुढ़कना - अभ्यास क्रम **5** (अ)

**(तीसरा प्रकार) :** पूर्ण पवनमुक्तासन की स्थिति में पहले बाई तरफ़ लुढ़कना है। जिसमें बायाँ कान, कधा, घुटना एवं समस्त बाएँ अंगों को ज़मीन से स्पर्श कराने की चेष्टा करना है। अब वापस आकर दाएँ अंग की तरफ़ लुढ़कना है। वापस मूल अवस्था में आएँ। यह एक आवृत्ति हुई। इस प्रकार 10 से 15 आवृत्ति करें।

गतिमय पवन मुक्तासन – अभ्यास क्रम **5 (ब)**

**(चौथा प्रकार) :** गतिमय के लिए पूर्ण पवनमुक्तासन की स्थिति में रहते हुए क्रमशः उकडू बैठे और बाद में हाथ छोड़ते हुए खड़े हो जाएँ (चाहें तो हाथों को ऊपर की तरफ़ तानें)। पुनः लौटते हुए उकडू की स्थिति के बाद पवनमुक्तासन की स्थिति में आएँ। यह एक आवृत्ति हुई। इस क्रिया को 5 से 10 बार करें।

सावधानी **:** व्यायाम क्रिया करते हुए सजग रहें, चूँकि इस पूरे अभ्यास में मेरुदण्ड पर विशेष दबाव पड़ता है। अतः पीठ के नीचे कंबल (मोटी तह करके) रख लें।

श्वासक्रम **:** गतिमय की स्थिति में श्वास सामान्य रखें।

लाभ : ❍ पवन-मुक्तासन क़ब्ज़ के रोगियों को विशेष रूप से लाभ देता है। मल-निष्कासन में कठिनाई, उदर-विकार के कारण होने वाले सिर-दर्द, अपान-वायु के ऊर्ध्वमुखी होने के कारण मस्तिष्क में गर्मी बढ़ने, संभ्रम आदि व्याधियों में यह आसन अत्यंत लाभकारी है।

- जैसा कि नाम है उसी अनुसार लाभ प्रदान करता है। शरीर से अपान-वायु को बाहर निकालता है। अतः शरीर हल्का महसूस होता है।
- मेरुदण्ड को सशक्त बनाता है।
- हृदय संबंधी विकार ठीक करता है। श्वास रोगी को लाभ मिलता है।
- चेहरे के तेज एवं ओज को बढ़ाता है।
- बालों को असमय झड़ने से रोकता है।
- शरीर को छरहरा करने में सहायक है।

मर्कटासन/सुप्त उदराकर्षणासन

अभ्यास क्रम **6 :**
**(प्रथम प्रकार) :** पीठ के बल आसन पर लेट जाएँ। हाथों को कंधों के समानांतर फैलाएँ और हथेली आकाश की तरफ़ खुली अवस्था में रखें या फिर अंगुलियों को आपस में फसाकर हथेलियों सिर के पीछे रखें, दोनों पैरों को मोड़कर नितंब के पास ले आएँ एवं दोनों पैरों के बीच लगभग डेढ़ फ़िट का अंतर रखें। अब दाईं तरफ़ धुटनों को झुकाते हुए ज़मीन से स्पर्श करा दें। इस स्थिति में दायाँ पैर ज़मीन से स्पर्श करेगा एवं बायाँ घुटना भी दाएँ पैर के पंजे के पास ज़मीन पर स्पर्श करेगा। गर्दन को बाई तरफ़ मोड़कर रखें। यही क्रिया बाई तरफ़ पैर मोड़कर करें।

(द्वितीय प्रकार) : पीठ के बल आसन पर लेट जाएँ। हाथों की स्थिति पूर्ववत् ही रहेगी। दोनों पैरों को मोड़कर नितंब के पास रखें। दोनों घुटने आपस में सटाकर रखें। अब घुटनों को दाई ओर झुकाते हुए ज़मीन से स्पर्श करा दें। बायाँ घुटना दाएँ घुटने के ठीक ऊपर होगा और दाएँ पैर के पंजे के ऊपर बाएँ पैर का पंजा होगा। गर्दन बाई तरफ़ घुमाकर रखें। अब यही क्रिया पूर्ण करने के लिए बाई तरफ़ पैरों को झुकाएँ व गर्दन दाई तरफ़ करें।

(तृतीय प्रकार) : पीठ के बल आसन पर लेट जाएँ। हाथों की कंधों के समानांतर फैलाएँ। अब दाएँ पैर को नितंब से उठाकर मोड़ते हुए समकोण को स्थिति निर्मित करें (चित्र देखें) और बाएँ हाथ से दाएँ पैर के अँगूठे को पकड़ें। गर्दन दाई तरफ़ मोड़कर रखें। अब यही आसन विपरीत दिशा में करें।

विशेष: पैर यदि बाएँ तरफ़ है तो सिर दाएँ तरफ़ करें एवं पैर दाएँ तरफ़ करते है तो सिर बाएँ तरफ़ करें इस प्रकार करते रहने से इन्टरनल मसाज होती है।

लाभ :
- प्रथम एवं द्वितीय प्रकार की विधि करने से स्लिप डिस्क, कमर दर्द, सायटिका, सर्वाइकल स्पोंडिलाइटिस वाले रोगियों को अतिशीघ्र लाभ पहुँचता है।
- पेट नरम करता है अर्थात् क़ब्ज़ व गैस दूर करता है।
- मेरुदण्ड की विशेष लाभ मिलता है।
- नितंब प्रदेश को भी लाभ प्राप्त होता है।
- पेट पर जमी चर्बी को दूर करता है। थोड़ा तेज़ गति से करने पर कमर पतली कर शरीर को छरहरा बनाता है।

- स्फूर्ति प्रदान करता है।

नोट : कुछ योग शिक्षक इसे कटि मर्दनासन भी कहते हैं।

योगाभ्यास मात्र व्यायाम ही नहीं बल्कि शारीरिक और
मानसिक स्वास्थ्य प्रदान करने एवं शरीर तथा मन के
एक रुप होकर कुछ नया घटित होने की संभावनाओं का
क्रियात्मक अभ्यास है।

-RJT

नौकासन

अभ्यास क्रम **8,** प्रथम प्रकार : पीठ के बल लेट जाएँ। हाथों को भी समानांतर रखें। श्वास लें। दोनों पैर दोनों हाथ, धड़ व सिर को एक साथ ज़मीन से धीरे-धीरे ऊपर उठाएँ। ध्यान रहे सिर और पैर लगभग एक ही ऊँचाई पर रहें। जितनी देर इस अवस्था में रह सकते हैं उतनी देर रुकें। यह आसन पूर्ण नौकासन कहलाता है। यही क्रम 5-6 बार करें।

द्वितीय प्रकार : दूसरे प्रकार से आप हाथों को लंबवत् रखे या अंगुलियों को आपस में मिलाकर सिर के पिछले हिस्से में रखें और लगभग 1 फिट पैर और कंधे उठाएँ। इस प्रकार यह आसन अर्ध नौकासन कहलाएगा।

ध्यान : स्वाधिष्ठान, मणिपूरक एवं अनाहत चक्र पर।

श्वासक्रम : यदि कब्ज़ हो तो पहले श्वास लें और ऊपर उठते समय व अंतिम स्थिति में एवं वापस आते समय अंर्तकुंभक करें। इसके बाद श्वास छोड़ें।

लाभ :
- इस आसन से पीठ बहुत ज़्यादा मज़बूत होती है।
- पेट की आँतों पर अच्छा प्रभाव पड़ता है।
- अर्ध नौकासन प्लीहा, यकृत और पित्ताशय की उचित देखभाल करता है।
- मेरुदण्ड दृढ़ और मज़बूत होता है।
- पेट की कृमियों का नाश करता है।
- पैरों को बल मिलता है, बुढ़ापे में पैरों का कांपना बंद होता है।
- अपने स्थान से हटी हुई नाभि को ठीक करता है।
- इस आसन को नियमित करने से महिलाएँ अपने स्त्री रोगों को लाभ पहुँचा सकती हैं जैसे डिम्बाशय, गर्भाशय, बच्चे के जन्म के बाद योनि, जरायु, और लटकते पेट को ठीक कर सकती हैं।

नोट : प्रथम प्रकार को कुछ योग गुरु मुक्त हस्त मेरुदण्डासन भी कहते हैं।

---

* मैंने पवनमुक्तासन की क्रियाओं की बारीकियाँ सबसे पहले डॉ. के.एम. गांगुली साहब से सीखी। इसके बाद डॉ. फूलचन्द योगाचार्य जी से एवं इसके बाद एक शिविर में परमहंस निरंजनानंद सरस्वती से यह योग क्रियाएँ सीखीं। आप सभी का मैं आभार व्यक्त करता हूँ।

# शक्ति बंध की क्रियाएँ

रस्सी खींचने की क्रिया

**अभ्यास क्रम 1 (अ) :** रस्सी खींचने की क्रिया को तीन प्रकार से कर सकते हैं। कल्पना करें कि हम कुएँ से पानी खींच रहे हैं। (हमारी क्रिया ठीक वैसी ही होनी चाहिए जैसी कि आपने देखी होगी - एक पैर आगे, एक पैर पीछे और पहले एक हाथ से फिर दूसरे हाथ से कुएँ से बाल्टी खींची जाती है। पहले इसी तरीके से करें फिर यही क्रिया पैर बदलकर करें। हाथ को जितना आगे व पीछे ले जा सकते हैं, ले जाएँ। यह क्रिया 10 से 20 बार करें।

**अभ्यास क्रम 1 (ब) :** यही क्रिया बैठकर करें। सामने पैर तानकर बैठ जाएँ एवं उपरोक्त क्रिया करें।

अभ्यास क्रम **1** (स) (दही मथना)

सामने पैर फैलाकर बैठ जाएँ और ऐसी कल्पना करें कि बाएँ हाथ में एक रस्सी का छोर है और दूसरे हाथ में दूसरी रस्सी का छोर। अब आप अलग-अलग हाथों से समानांतर रूप से एक साथ खींच रहे हैं और आपके सामने भी कोई साधक आपकी तरफ़ मुँह करके बैठा हुआ है। आपके द्वारा खींची हुई रस्सी को वह वापस खींच लेता है। आप फिर वही रस्सी दोबारा खींचते हैं सामने वाला साधक दोबारा वह रस्सी अपनी तरफ़ खींच लेता है। इस प्रकार की खींचा-तानी 15-20 बार करें। हाथों को जितना पीछे ले जा सकते हैं, ले जाएँ। यह क्रिया ठीक दही मथने के समान ही है।

श्वासक्रम : हाथ आगे लाते समय श्वास लें एवं हाथ पीछे करते समय श्वास छोड़ें।

लाभ :
- हाथों के पंजे, कोहनी, भुजाएँ और कंधों की माँसपेशियों को ज़बर्दस्त व्यायाम मिल जाता है। जिनसे वह शक्तिशाली और लोचमय बन जाती हैं। स्त्रियों के उरोजों का विकास करता है।
- मेरुदण्ड लचीला बन जाता है।
- पाचन तंत्र के रोगों का नाश होता है। पेट में जमीं चर्बी नम होती है।
- फेफड़ो को बल मिलता है।
- पाचन तंत्र के सभी अंगों को लाभ मिलता है।

गतिमय मेरु वक्रासन

**अभ्यास क्रम 2, विधि :** अपने आसन में सामने पैर फैलाकर बैठ जाएँ। अब दाएँ हाथ को बाएँ पैर के अँगूठे के पास लाएँ। हो सके तो स्पर्श कराएँ। अपने शरीर के कमर से ऊपरी भाग को बाई तरफ़ मोड़ते हुए बाएँ हाथ को पीछे की तरफ़ फैला दें एवं ऊपरी धड़ को मोड़ते हुए बाएँ हाथ को देखने का प्रयास करें। इस प्रकार दोनों हाथ एक सीध में हो जाएँगे। ठीक इसी प्रकार दूसरी तरफ़ से भी करें। यह 1 चक्र हुआ। इस प्रकार 10 से 20 बार करें। अभ्यस्त हो जाने पर गति बढ़ा सकते हैं। मुड़ते समय श्वास लें और वापस आते समय श्वास छोड़ें।

**लाभ :**
- मेरुदण्ड और पीठ के आंतरिक अंगों की मालिश होती है।
- उदर प्रदेश को निरोगता प्रदान करता है।
- फेफड़ों के सामान्य विकार दूर होते है।
- पेट के मोटापे को दूर करने में सहायक है।
- कमर पतली कर शरीर को छरहरा बनाता है।

आटा चक्की चलाने की क्रिया

अभ्यास क्रम **3, (अ)**

**विधि :** सामने की तरफ़ सीधे पैर करके बैठ जाएँ। हाथों को सीधे सामने की ओर तानते हुए पंजों को एक-दूसरे में फंसा लें। मन ही मन सोचें कि अब हम चक्की चला रहे हैं। इस प्रकार कमर और कमर के ऊपरी भाग को चारों तरफ़ चलाते हुए घेरा बनाएँ। जितना आगे-पीछे झुक सकते हैं उतना आगे-पीछे झुकें। अब यही क्रिया उल्टी तरफ़ से करें; पहले दाएँ से बाएँ फिर बाएँ से दाएँ 10 से 15 बार करें।

**श्वासक्रम :** पीछे की तरफ़ जाते समय श्वास लें एवं आगे की तरफ़ झुकते समय श्वास छोड़ें।

अभ्यास क्रम **3, (**ब**)**

**विधि :** सामने की तरफ़ पैर फैलाकर बैठ जाएँ। अब दोनों पैरों को फैलाकर दूर-दूर कर लें और यह सोचें कि आपके ठीक सामने पैरों के बीच आटा चक्की रखी है। बस बाकी क्रिया पूर्वानुसार है।

अभ्यासक्रम**3, (**स**)**

**विधि :** तीसरी प्रक्रिया भी उपरोक्तानुसार ही है। इसमें आपको सिर्फ़ सुखासन में बैठना है और कल्पना करना है कि आपके सामने चक्की रखी है। और आप चक्की चला रहे हैं। पहले दाएँ से बाएँ, फिर बाएँ से दाएँ 10-15 बार यही क्रम दोहराएँ।

लाभ **:** ❍ सभी वर्ग के लिए यह लाभकारी है। इससे उदर-प्रदेश क अंदरूनी तंत्र की

मालिश हो जाती है।

- शौच की कठिनाई में लाभ होता है।
- कमर दर्द से राहत मिलती है।
- मासिक धर्म की अनियमितताओं को दूर करता है।
- मोटापे को दूर करता है एवं कमर को पतली करता है।
- पेडू (पेट का निचला हिस्सा), नितम्ब एवं जंघाओं की आकृति सुडोल होती है।

नोट : पुराने समय में हर घर पर हाथ से अनाज पीसने के लिए पत्थर की बनी हुई आटा चक्की हुआ करती थी। महिला या पुरुष वर्ग प्रतिदिन गेहूँ वगैरह पीसकर अनचाहे ही यह व्यायाम कर लाभान्वित हो जाते थे। किंतु अब यह सब-कुछ संभव न हो पाने के कारण हम सिर्फ़ यह क्रिया व्यायाम स्वरूप कर उसके लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

नौका-संचालन (नाव चलाने की क्रिया)

अभ्यास क्रम **4,** विधिः सुखासन में बैठ जाएँ। पैर सामने की तरफ़ फैला लें। अब हमें कल्पना करना है कि हम नाव चला रहे हैं। यही सोचते हुए नाव चलाने की क्रिया करनी है। जितना आगे-पीछे होते हुए अभ्यास कर सकें उतना करना चाहिए। अब ठीक इसके विपरीत अभ्यास करें जैसे कि नाविक नाव को आगे गतिमय करने के लिए चप्पू चलाता है और नाव को पीछे लौटाने के लिए दूसरी तरह से चप्पू चलाता है। यही क्रिया 10-15 बार करें।

श्वासक्रम **:** पीछे जाते समय श्वास लें एवं आगे झुकते समय श्वास छोड़ें।

लाभ **:** 
- इसके अभ्यास से कमर, मेरुदण्ड, पैर, पीठ, कंधे तथा हाथों को अच्छा व्यायाम मिल जाता है जिससे उससे संबंधित लाभ स्वत: मिल जाते हैं।

- शरीर में जमी हुई चर्बी को दूर कर बदन को छरहरा बनाता है। ।
- उदर प्रदेश को लाभ मिलता है।
- यह क्रिया शरीर में ऊर्जा प्रदान करती है।

मुष्टिका प्रघात क्रिया

अभ्यास क्रम **5,** विधि **:** पैरों के पंजों के बल उकड़ू बैठ जाएँ। दोनों घुटनों के बीच की दूरी लगभग 2 फुट के आस-पास रखें। अब दोनों हाथों को सामने लंबवत करते हुए अंगुलियों को आपस में फँसाकर बाँध कर मुष्ठिका जैसा बना लें। तत्पश्चात हाथों को ऊपर की तरफ़ ले जाएँ एवं नीचे लाएँ। ऐसा लगे कि आप अपनी मुष्ठिका से ज़मीन पर रखी वस्तु पर प्रघात कर रहे हैं। इस दौरान संभव हो तो हाथों को ऊपर उठाकर अधिकतम पीछे ले जाएँ और ऊपर हाथों की ओर देखने का भी प्रयास करें।

श्वासक्रम **:** हाथों को ऊपर उठाते समय श्वास लें एवं नीचे लाते समय श्वास छोड़ें। इसकी 5 से 10 आवृत्ति पूरी करें।

लाभ **:**
- महिलाओं के गर्भाशय की माँसपेशियों की विशेष लाभ।
- फेफड़े को स्थायित्व मिलता है एवं कंधों के जोड़ भी लाभान्वित होते हैं।
- वक्षःस्थल को विकसित करने में महिलाओं को अत्यधिक लाभ।

- प्रजनन तंत्र के अंगों को लाभ मिलता है।

नोट : 
- कुछ योग शिक्षक इस क्रिया को काष्ठ तक्षणासन कहते हैं।
- अति उच्च रक्तचाप वाले तेज गति से न करें।

सुप्त नमस्कारम

अभ्यास क्रम **6,** विधि **:** पंजों के बल उकडू बैठ जाएँ। पंजों के बीच अधिकतम दूरी रखें। दोनों हाथों से प्रार्थना की मुद्रा बनाकर लंबवत् करें तत्पश्चात् दोनों हाथों को घुटनों के बीच में रखें व भुजाओं पर घुटनों से अंदर की तरफ़ दबाव डालें। श्वास लें। अब ऊपर की तरफ़ देखें एवं हाथों को प्रार्थना की मुद्रा में छाती के पास लाएँ और भुजाओं से पैरों पर बाहर की तरफ़ दबाव डालें। श्वास छोड़ते हुए वापस मूल अवस्था में आ जाएँ। इस प्रकार 5 से 10 बार यही क्रिया दोहराएँ।

लाभ **:** पैरों की समस्त माँसपेशियों को लाभ मिलता है। कंधे व पीठ की सामान्य वेदना में लाभ मिलता है। यह संपूर्ण श्रोणी प्रदेश को भी लाभ पहुँचाता है।

योग क्रियाओं द्वारा हम वापस<br>अपनी संस्कृति की ओर लौट रहे हैं।

-RJT

वायु निष्कासन क्रिया

अभ्यास क्रम **7,** विधि **:** दोनों पैरों के बीच अंतर रखते हुए पंजों के बल उकड़ू बैठ जाएँ। हथेलियों को पंजों के नीचे रखें। अंगुलियाँ अंदर की तरफ़ हो। चाहे तो पैरों के पंजों को अपने हाथों से पकड़ लें। घुटनों से कुहनियों पर दबाव डालें व श्वास लेते हुए सामने की तरफ़ देखें। श्वास छोड़े, घुटनों को सीधा करते हुए खड़े हो जाएँ नितम्ब उठा हुआ सिर झुकी स्थिति में घुटनों को देखें। पैरों के पंजे पकड़े रहें। अभ्यास के दौरान आँखें खुली हुई हों। मेरुदण्ड को अधिक से अधिक झुकाएँ, श्वास रोकते हुए अनुकूलतानुसार रुकें, श्वास लेते हुए मूल अवस्था में लौट आएँ। यह एक चक्र हुआ। 5 से 10 चक्र करें।

सावधानी **:** उच्च रक्तचाप, चक्कर आना, या मेरुदण्ड की जटिलता ही तो पूर्णतः सजगता के साथ कम अभ्यास करें।

लाभ **:**
- नाम के अनुसार वायु को अधोगामी बनाता है।
- वायु विकार दूर कर मन को आनंद देता है।

- समस्त स्कन्धि-स्थल, टखने, घुटने, कंधे, कुहनी आदि के जोड़ों में फँसी वायु को दूर कर दर्द से राहत मिलती है।
- पिंडलियों, जाँघों, मेरुदण्ड, पीठ आदि में खिंचाव पैदा कर रक्त संचार को सुचारु करता है।

प्रकारांतर : पाद हस्तासन की तरह हाथों के पंजों को सामने की तरफ़ से पकड़ सकते हैं।

कौआ चालन क्रिया

अभ्यास क्रम **8,** विधि **:** ज़मीन पर पंजों के बल उकडू बैठ जाएँ। दोनों घुटनों पर अपनी हथेलियों को रख दें और पंजों के अगले हिस्से पर ज़ोर देकर चलना शुरू कर दें। जब आप अपना बायाँ पैर आगे बढ़ाएँ तो दायाँ घुटना ज़मीन पर स्पर्श करे और जब दायाँ पैर आगे बढ़ाएँ तो बायाँ घुटना ज़मीन पर स्पर्श करे। कम से कम 15-20 क़दम चलें फिर वापस अपनी जगह पर आ जाएँ। श्वास सामान्य ही रहने दें।

लाभ **:** पैरों में रक्त संचार को बढ़ाकर उन्हें निरोग रखता है। पैरों की माँसपेशियों को मज़बूत करता है।

- कब्ज़/उदर विकार में भी प्रभावकारी है।
- क़ब्ज़ की अधिकता वाले एक गिलास पानी पीकर भी यह आसनात्मक क्रिया

कर सकते हैं।

उदराकर्षणासन

शाब्दिक अर्थ : उदर का मतलब पेट एवं आकर्षण यानी खिंचाव या खींचना।

अभ्यास क्रम **9,** विधि : इस आसन का उपयोग शंख प्रक्षालन की क्रिया में किया जाता है। पंजों पर शरीर का वज़न रखते हुए उकडू बैठ जाएँ। दोनों हाथ घुटनों पर रखें। इसी स्थिति में कमर से ऊपरी भाग को दाहिनें तरफ़ मोड़ें व अपने पीछे की तरफ़ देखने का प्रयास करते हुए बाएँ घुटने को ज़मीन से स्पर्श कराएँ। दाहिनी जाँघ से पेट पर दबाव स्थापित करें। क्षणिक रुकते हुए मूल अवस्था में वापस आएँ। अब यही क्रिया बाई तरफ़ के लिए करें। यह एक आवृत्ति हुई। इस प्रकार 8 से 10 आवृत्ति करें।

श्वासक्रम/समय : मूल अवस्था में गहरी श्वास लें एवं मुड़े। लगभग 5 सेकंड तक अन्तःकुंभक करें और मूल अवस्था में आते समय श्वास छोड़ें।

लाभ :
- संपूर्ण उदर-प्रदेश को प्रभावित कर विकारों का नाश करता है।
- पाचनतंत्र की अंदरूनी मालिश होती है अतः पाचनतंत्र अपना कार्य सुचारु रूप से करता है।
- पेट की अतिरिक्त चर्बी को भी कम करने में सहायक है।

# ऊर्जा प्रदायक विशेष आसन एवं क्रियाएँ

अद्वासन

विधि : पेट के बल ज़मीन पर लेट जाएँ, दोनों हाथों की भुजाओं से कान का स्पर्श कराते हुए सामने की तरफ़ रखें। हथेलियाँ एवं पाद पृष्ठ ज़मीन से स्पर्श करते हुए रखें तथा नाक एवं ललाट को भी ज़मीन से स्पर्श कराएँ। इसी स्थिति में शरीर की शिथिल करें। सामान्य श्वास-प्रश्वास करें।

गतिमय अद्वासन

प्रकारांतर:

1. पेट के बल ज़मीन पर लेट जाएँ। दोनों हाथों को कान की तरफ़ से स्पर्श कराते हुए सामने की तरफ़ रखें। अब दाएँ हाथ एवं बाएँ पैर को एक साथ ऊपर की तरफ़ जितना उठा सकते हैं उठाएँ एवं सिर भी ऊपर उठाएँ। कुछ क्षण रुककर मूल अवस्था में वापस आएँ। इसी प्रकार बाएँ हाथ को एवं दाएँ पैर को एक साथ ऊपर की तरफ़ उठाएँ एवं सिर भी ऊपर उठायें। अब मूल अवस्था में वापस आएँ। यह एक चक्र हुआ। लगभग 10 चक्र पूरे करें।

2. दूसरे प्रकारांतर में दोनों हाथ, दोनों पैर एवं सिर (कुछ भाग छाती का) को एक साथ ऊपर उठाने की कोशिश करें। फ़िर मूल अवस्था में वापस आएँ। यह क्रिया लगभग 5 से 10 बार करें। ऊपर उठते समय श्वास लें एवं वापस आते समय श्वास छोड़ें।

लाभ : ❍ मेरुदण्ड से संबंधित रोगों के लिए अति लाभकारी।

- कमर दर्द, बदन दर्द एवं तनाव से मुक्ति।
- शिथिलिकरण के लिए उपयुक्त।
- ताज़गी प्रदान करता हैं।

गतिमय गोमुखासन

विधि :सामने की तरफ दोनों पैरों को फैलाकर बैठ जाएँ । बाएँ पैर को घुटने से मोड़कर पंजे को दाएँ नितंब के बगल में रख लें और इसी प्रकार दाएँ पैर के पंजे को बाएँ नितंब के समीप रखें । इस अवस्था में बाएँ घुटने के ऊपर दाएं पैर का घुटना आ जाएगा । अब दाएँ हाथ से बाएँ पैर के अंगूठे को पकड़े और बाएँ हाथ से दाएँ पैर के अंगूठे को पकड़ें और बाएँ हाथ से दाएँ पैर के अंगूठे को पकड़ें । यह इसकी प्रारंभिक अवस्था है । धीरे-धीरे श्वास को छोड़ते हुए सामने की तरफ झुके एवं माथे से घुटने के आगे को स्पर्श करने की कोशिश करें, कुछ क्षण रुके । ऊपर उठते हुए श्वास लें । यह एक आवृत्ति हुई । इस प्रकार 5 से 10 बार करें ।

प्रकारांतर:सामने की तरफ झुकते समय आप बाएँ और दाएँ पंजे की तरफ झुककर भी इस क्रिया को कर सकते हैं।

लाभ : ❍ कमरदर्द एवं मेरुदण्ड के सामान्य विकार को दूर करने में समर्थ ।

- पीठ की माँसपेशियों में खिंचाव होने के कारण उनमें पर्याप्त मात्रा में रक्त-संचार होने लगता है अतः उनमें होने वाले विकार नहीं हो पाते ।

- नितंबों के लचीलेपन को बढ़ाता है।
- चेहरे की झुर्रियों को कम कर ताज़गी प्रदान करता है।
- वायु विकार दूर करने में सहयोगी है।

सावधानि :

- सर्वाइकल प्राब्लम वाले इस आसन को न करें।
- मेरुदण्ड से संबंधित रोगी इस आसन को गतिमय न करें।

मकरासन

शाब्दिक अर्थ : जलचर प्राणी मगरमच्छ की तरह निर्मित की हुई आकृति को मकरासन कहते हैं।

विधि : सर्वप्रथम पेट के बल लेट जाएँ। चूँकि मगरमच्छ का सिर हमेशा उठा हुआ दिखाई देता है। अतः वैसी ही आकृति बनाने के लिए अपने दोनों हाथों की कोहनियों को ज़मीन पर टिकाएँ। अब गर्दन व सिर को उठाते हुए हथेलियों से गालों एवं ठुड्डी को सहारा दें। पूर्ण आराम की दशा में आँखों को बंद करते हुए ऊर्जा के ऊर्ध्वमुखी होने की कल्पना करें। सहज रूप से श्वास-प्रश्वास लें।

समय : अनुकूलतानुसार रुकें।

गतिमय मकरासन

विशेष : मकरासन से अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए हम इसे थोड़ा गतिमय बनाते हुए अभ्यास कर सकते हैं।

प्रकारांतर :

1. पहले मकरासन की स्थिति में पहुँचे। अब धीरे-धीरे सिर को बाई तरफ़ घुमाते हुए, अपने बाएँ पैर की एड़ी व पंजे को देखें, थोड़ा रुकें फिर वापस मूल स्थिति में आएँ। इसी प्रकार दाई तरफ़ भी देखें। मूल अवस्था में वापस आएँ। यह 1 चक्र हुआ। इस प्रकार 10 चक्र पूरे करें। श्वास प्रक्रिया सामान्य रखें।
2. सबसे पहले मकरासन की स्थिति में पहुँचें। अब उसी स्थिति में रहते हुए धीरे-धीरे कुहनियों को आगे की तरफ़ सरकाना है। जैसे-जैसे कुहनियाँ आगे सरकेंगी वैसे-वैसे गर्दन के निचले हिस्से में हल्का तनाव उत्पन्न होगा। यथाशक्ति रुकें। और धीरे-धीरे वापस मूल अवस्था में आएँ। अब धीरे-धीरे कुहनियों को छाती के क़रीब लाएँ और वापस मूल अवस्था में आएँ। यह 1 चक्र हुआ। इसी प्रकार 5 से 10 चक्र पूरे करें।
3. मकरासन की स्थिति में रहें। अब पहले एक पैर को घुटने से मोड़कर जाँघ पर रखें। इस स्थिति में एड़ी नितंब प्रदेश को स्पर्श करेगी। दूसरा पैर वैसा ही रहेगा। इसी क्रम में अब दूसरा पैर जाँघ से स्पर्श करेगा, तो पहला पैर वापस ज़मीन पर आएगा। क्रमबद्ध तरीके से यही क्रिया दोहराएँ। इसी क्रिया को तेजी के साथ किया जा सकता है।

4. यही क्रिया दोनों पैरों से एक साथ भी करें। कम से कम 10 बार दोहराएं।

लाभ :
- सर्वाइकल प्रॉब्लम, स्लिप्पडिस्क, स्पॉण्डिलाइटिस में अत्यधिक लाभ।
- गर्दन की सामान्य बीमारियों में लाभ।
- स्फूर्ति, ताज़गी एवं ऊर्जा प्राप्त होती है।
- कमर दर्द, मेरुदण्ड वाले रोगियों को लाभ।
- अस्थमा/फुफ्फुस रोग से पीड़ित व्यक्ति भी लाभान्वित होता है।
- सर्वांगासन, हलासन एवं विपरीतकरणी मुद्रा के बाद यह आसन अवश्य करें।

व्यक्ति पहले धन कमाने के लिए
स्वास्थ्य की चिंता नहीं करता,
बाद में स्वास्थ्य ठीक करने के लिए
धन की चिता नहीं करता। आश्चर्य है!
**-RJT**

सर्पासन

विधि : अपने स्थान पर कंबल के ऊपर पेट के बल लेट जाएँ। ठुड्डी ज़मीन पर टिकाएँ और सामने देखें। दोनों हाथों को पीठ के पीछे ले जाकर आपस में पंजों को फंसा लें। धीरे-धीरे श्वास खींचें। अब श्वास रोकते हुए सिर एवं वक्षःस्थल को ज़मीन से ऊपर उठाएँ। हाथों को पीछे की ओर तानते हुए यथासंभव ऊपर उठाएँ और महसूस करें कि कोई पीछे से हाथों को खींच रहा है।

श्वासक्रम/समय : अनुकूलतानुसार रुकें एवं श्वास छोड़ते हुए वापस मूल अवस्था में आएँ। इस क्रिया के कम से कम 5 चक्र करें।

लाभ :
- वक्षःस्थल चौड़ा, मजबूत होता है। फेफड़े सुचारु रूप से फैलते हैं।
- दमा (अस्थमा) के रोगियों को लाभ।
- उदर प्रदेश के अंगों की मालिश होती है। अत: सभी अंग निरोग होते हैं। क़ब्ज़ दूर होता है।

सावधानियाँ : उच्च रक्तचाप एवं हृदय रोगी अधिक परिश्रम के साथ न करें।

अर्ध शलभासन

विधि : पेट के बल कंबल पर लेट जाएँ। दोनों हाथों की हथेलियों को जाँघों के नीचे रख लें। पैरों को लंबवत तानते हुए ठुड्डी को भी आगे की ओर थोड़ा-सा तानें। अब बाएँ पैर को ऊपर की तरफ़ (चित्रानुसार) जितना संभव हो ले जाएँ व दाएँ पैर को तनावमुक्त रखें। अनुकूलतानुसार रुकें एवं पैर को वापस लाएँ। इसी प्रकार दाएँ पैर से अभ्यास करें। यह अभ्यास कम से कम 5 से 10 चक्र तक करें।

श्वासक्रम/समय : श्वास लेने के साथ ही पैर ऊपर उठाएँ। कुंभक करें, पैर को नीचे लाते समय श्वास छोड़ें।

लाभ :
- क़ब्ज़ दूर करता है।
- उदर प्रदेश के अंगों को लाभ मिलता है।
- सायटिका एवं स्लिप्पडिस्क वालों को लाभ प्राप्त होता है।
- कमर दर्द एवं पीठ दर्द में लाभकारी।

गतिमय अर्ध शलभासन

इसमें अभ्यस्त होने के बाद पैरों को ऊपर-नीचे करने की गति में तेज़ी लाएँ। दायाँ पैर ऊपर तो बायाँ पैर नीचे करें। इस प्रकार क्रमश: ऊपर-नीचे करते हुए पैरों की गति प्रदान करें।

शलभासन

विधि : पेट के बल कंबल पर लेट जाएँ। दोनों हाथों की हथेलियों को अर्धमुट्ठी बनाकर जाँघों के नीचे रख लें। ठुड्डी को थोड़ा आगे की ओर तानते हुए ज़मीन पर ही स्थिर रखें। शरीर को शिथिल करें, परंतु पूर्णतः सजगता रखें। अब दोनों पैरों को एक साथ लंबवत रखे एवं श्वास लेकर ऊपर की तरफ़ पैरों को उठाएँ। जितनी देर रुक सकते हैं रुकें एवं श्वास छोड़ते हुए पैरों को नीचे लाएँ। शरीर को शिथिल करें। इस प्रकार कम से कम 5 बार यह क्रिया करें। कुछ योग शिक्षक सिर को ऊपर की तरफ़ उठाना एवं हाथों को जंघा के पास रखवाकर यह करवाते हैं।

ध्यान : विशुद्धि चक्र पर।

सावधानियाँ : हृदय रोगी, हाई ब्लडप्रेशर, हर्निया के रोगी धैर्य पूर्वक करें।

गतिमय शलभासन : जिन साधकों को उपरोक्त बीमारियाँ न हों वे इस शलभासन को गत्यात्मक रूप से कर सकते हैं, चूँकि दोनों पैरों को एक साथ संतुलन देकर उठाना होता है इसलिए पूरी सजगता के साथ अभ्यास करें।

लाभ :
- मेरुदण्ड के गुरियों में आए हुए रिक्त स्थान को ठीक करता है।
- नित्य अभ्यास से टी.बी. (क्षयरोग) नहीं होता।
- क्लोन ग्रंथि सक्रिय होने के कारण मधुमेह के रोगियों को लाभ।
- उदर प्रदेश को निरोग रखता है। साइटिका व स्लिप डिस्क वाले रोगी इस क्रिया को अवश्य करें।
- यकृत एवं आमाशय को क्रियाशील बनाता है।
- स्लिप डिस्क का रोगी जल्द ही निरोगी हो जाता है।
- मूत्राशय संबंधी बीमारी दूर होती है।

नोट : कुछ योग शिक्षक इस आसन को अर्ध शलभासन भी कहते हैं।

विपरीत नौकासन

शाब्दिक अर्थ : विपरीत का अर्थ 'उल्टा' है।

विधि : पेट के बल ज़मीन पर लेट जाएँ। बाहों से दोनों कानों को दबाते हुए हाथों को आगे की तरफ़ नमस्कार की मुद्रा में ले जाएँ या आपस में फँसा लें। हल्का तनाव देते हुए धड़, सिर और पैरों को ऊपर उठाएँ। हाथ, सिर व पैरों को उठाते समय श्वास लें वापस आते समय श्वास छोड़े।

ध्यान : विशुद्धि चक्र पर।

लाभ :
- संपूर्ण शरीर को आराम देता है।
- शरीर में ऊष्णता को बढ़ाता है।
- मेरुदण्ड व कमर के लिए लाभकारी है।
- पैरों की माँसपेशियों में खिंचाव उत्पन्न कर रक्तसंचार विनियमित करता है।

टिप्पणी : यह शलभासन का ही एक प्रकार है।

यदि आप निरोगी हैं तो सदा निरोगी बने रहने के
लिए योगाभ्यास करें और यदि आप रोग ग्रस्त हैं
तो निरोग होने के लिए योगाभ्यास अवश्य ही
करें और स्वस्थ व सुंदर हो जाएँ।

**-RJT**

मुर्गा आसनात्मक क्रिया

विशेष : पहले स्कूलों में जब कोई विद्यार्थी शरारत करता था तो शिक्षकगण उसे मुर्गा बना देते थे। वैसे तो यह एक सज़ा होती थी लेकिन यह क्रिया शरीर को कई प्रकार से लाभ पहुँचाती है।

विधि : दोनों पैरों को थोड़ा सा फैलाकर खड़े हो जाएँ। नीचे की तरफ़ झुकते हुए को घुटने के अंदर की तरफ़ से डालकर कानों को पकड़ें। इस अवस्था में आने के बाद धीरे-धीरे नितंबों को ऊपर की तरफ़ उठाएँ और सिर को सामने की तरफ़ करने की कोशिश करें। 5 से 10 सेकंड रुकें और वापस मूल अवस्था में आएँ।

श्वासक्रम/समय : सामने की तरफ़ झुकते समय श्वास छोड़ें व मूल अवस्था में लौटते समय श्वास लें। 5 से 10 बार यही क्रिया करें।

लाभ :
- वायु निष्कासन के लिए बहुत अच्छा आसन है।
- चेहरे में रक्त संचार बढ़ने के कारण चेहरे के ओज-तेज में वृद्धि होती है। झुर्रियाँ समाप्त होती हैं।
- स्मरण शक्ति बढ़ती है। विद्यार्थियों को अवश्य करना चाहिए।
- आँखों के लिए लाभदायक है। क्रमश: अभ्यास करने से माइग्रेन में लाभ पहुँचता है।

- नितंब, जंघा, पीठ एवं मेरुदण्ड की माँसपेशियों में खिंचाव होता है इसलिए रक्त संचार बढ़ाकर उनके विकार दूर करने में सहायक है।

सावधानियाँ : हृदय रोगी, उच्च रक्तचाप, पुराने कमर दर्द के रोगी एवं गर्भवती महिलाएँ न करें।

त्रिलोकासन

शब्दार्थ : त्रिलोक का अर्थ तीन लोक।

विधि : दोनों पैरों के बीच लगभग तीन फ़िट की दूरी रखकर खड़े हो जाएँ। दोनों हाथों को कमर पर इस प्रकार रखें कि अँगूठा कमर के पीछे पीठ की तरफ़ हो। चारों अँगुलियाँ सामने पेट की तरफ़ होनी चाहिए। मेरुदण्ड, ग्रीवा एवं सिर सीधा रखें। दृष्टि सामने की ओर रखें और अंतर्कुंभक करते हुए धीरे-धीरे ज़मीन की तरफ़ बैठने का प्रयास करें। क्षणिक रुकें, वापस मूल अवस्था में आएँ। धीरे-धीरे अभ्यास के द्वारा अधिक से अधिक ज़मीन के निकट नितंबों को ले जाने का प्रयास करें।

श्वासक्रम : नीचे बैठते समय श्वास छोड़े एवं ऊपर उठते समय श्वास लें।

समय : 4 से 5 बार क्रिया करें।

विशेष : दोनों पैरों के पंजे बाहर की तरफ़ निकले हों। इस अवस्था में कमर पर रखे हुए हाथों की कुहनी पंजों की सीध में हो जाती है।

लाभ :
- पिंडली और जंघाएँ मज़बूत होती हैं।
- पैरों का कंपवात मिटता है।
- नियमित रूप से यह क्रिया करने पर जंघाओं की अनावश्यक चर्बी कम हो जाती है। जंघाएँ सुडौल बनती हैं।
- उदर प्रदेश लाभान्वित होता है।

गतिमय त्रिलोकासन

विधि : इस आसन को और अधिक गतिमय बनाने के लिए मूल अवस्था (त्रिलोकासन) में खड़े हो जाएँ। पहले बाएँ पैर पर धीरे-धीरे वज़न देते हुए घुटने से मोड़ें (चित्रानुसार)। पूरा भार बाएँ पैर की पिंडली पर देते हुए झुकें एवं बाएँ पैर के पंजे पर ज़ोर देते हुए बैठने की कोशिश करें। दूसरा पैर लंबवत ही रखें। इस प्रकार एक पैर मुड़ा हुआ एवं दूसरा पैर तना हुआ रहेगा। अब धीरे-धीरे बाएँ पैर पर ज़ोर देते हुए सीधे खड़े हो जाएँ। यही अभ्यास दाएँ

पैर से करें।

श्वासक्रम/समय : नीचे बैठते समय श्वास छोड़ें। ऊपर उठते समय श्वास लें। 5-5 बार दोनों पैरों से करें।

विशेष : ❍ यह पिछले अभ्यास से थोड़ा कठिन है। अतः धीरे-धीरे ही करें।

❍ पैरों को अधिक से अधिक फैलाकर करने से सरलता महसूस होती है।

**विधि :** प्राणायाम के किसी भी आसन में बैठ जाइए। पूर्वोक्त विधि के अनुसार दाएँ नासिका द्वार को बंद कर बाएँ नासिका द्वार से पूरक करें। दोनों नासिका द्वार को बंद कर अंतर्कुंभक करें। दाएँ द्वार से रेचक करें। अब दाएँ नासिका द्वार से पूरक करें, अंतर्कुंभक करें और बाएँ द्वार से रेचक करें - यह एक चक्र हुआ। श्वास रोकने के समय आप मन ही मन में ॐ बोलें या 5 तक गिनती करें। इस तरह लगभग 25 चक्र पूरे करें। बाद में पूरक, अंतर्कुंभक और रेचक का अनुपात 5:10:10 कर लें। अर्थात् पाँच गिनती तक पूरक करें, दस गिनती तक कुंभक करें और दस गिनती तक ही रेचक करें। अभ्यास हो जाने पर गिनती में वृद्धि कर लें। निराकुलता की अवस्था में श्वास-प्रश्वास एवं कुंभक करें। इसके बाद किसी योग्य गुरु से पूछकर या स्वतः निर्णय लेकर अनुपात में वृद्धि करें जैसे 1:6:2, आगे 1:6:4, अभ्यास हो जाने के बाद 1:8:6 के अनुपात में अभ्यास क्रम बनाए रखें। यहाँ 1:8:6 का मतलब यदि 5 गिनती में पूरक करते हैं तो 40 गिनती तक कुंभक करें और 30 गिनती में रेचक करें। कुल लगभग 10 से 15 मिनिट या लगभग 20 से 25 चक्र करें।

## अभ्यास चतुर्थ

**विशेष :** चूँकि इस अभ्यास में अंतःकुंभक के साथ बहिर्कुंभक भी करना होता है अतः पूर्ण सावधानी रखें। हवादार कमरा, शांतिमय वातावरण, तनाव रहित व प्रसन्नचित होकर करें एवं अनुपात इस प्रकार रहेगा- 1:4:2:2 अर्थात् 5 गिनती तक पूरक, 20 गिनती तक अंतर्कुंभक 10 गिनती तक रेचक और 10 गिनती तक ही बहिर्कुंभक करें। यदि पूरक का समय बढ़ाएँ तो बाक़ी को भी उसी अनुपात में बढ़ा लें। योग्य शिक्षक से पूछकर या अभ्यास में दृढ़ता आने पर कुंभक के समय मूल बंध या जालधर बंध लगाने का अभ्यास कर सकते हैं। अंत में शवासन ज़रूर करें।

**विधि :** बाएँ से पूरक करें। अंतर्कुंभक करें। दाएँ से रेचक करें। बहिर्कुंभक करें। फिर उल्टे

क्रम से दाएँ से पूरक करें। अंतर्कुंभक करें। बाएँ से रेचक करें। बहिर्कुंभक करें। यह 1 चक्र हुआ। यथासंभव 15 चक्र करें।

**लाभ :**

- नाड़ी-शोधन के अभ्यास अन्य प्राणायामों के आधार-स्थल हैं अतः साधक जितना अच्छा नाड़ी-शोधन करेगा, बाक़ी के प्राणायामों का भी उतना ही लाभ मिलेगा।
- मस्तिष्क को चुस्त, क्रियात्मक और संवेदनशील बनाता है।
- शारीरिक और मानसिक संतुलन स्थापित होता है, जिस कारण शारीरिक और मानसिक रोग नहीं होते।
- धारणा, ध्यान और समाधि का स्तर बढ़ता है।
- समस्त नाड़ियों में प्रवर्तमान मल का शुद्धिकरण होकर वर्तमान और भविष्य के परिणाम अच्छे होते हैं।
- मन शांत, प्रसन्नचित्त रहता है।
- कई गुण स्वतः बढ़ते हैं और मिथ्यात्व का धीरे-धीरे नाश होता है।
- अस्थमा, टॉन्सिल, कफ़ सम्बंधी रोग, हड्डी, चर्म एवं ब्लड प्रेशर के नियंत्रण में अति लाभदायक, माईग्रेन एवं साइनस में विशेष

लाभप्रद। प्राणायाम से रोग प्रतिरोधक शक्ति का

विकास होता है।

**-RJT**

## वृत्ति प्राणायाम

वृत्ति प्राणायाम दो प्रकार के होते हैं :
सम वृत्ति प्राणायाम और विषम वृत्ति प्राणायाम ।

## समवृत्ति प्राणायाम

समवृत्ति प्राणायाम में पूरक, रेचक और अंतःकुंभक और बहिर्कुंभक क्रियाओं में श्वास का समय समान होता है। समवृत्ति प्राणायाम में यदि श्वास लेने का समय 5 सेकण्ड है तो अंतर्कुंभक भी 5 सेकण्ड का होगा एवं श्वास को बाहर निकालने का समय भी 5 सेकण्ड का होगा और बहिर्कुंभक का समय भी 5 सेकण्ड का ही होगा।

इस प्राणायाम में रेचक और पूरक क्रिया का समय और लय एक समान होना चाहिए। क्रमश: अभ्यास करने पर श्वास लेने का समय और रेचक एवं दोनों कुभक का समय में संतुलन आ जाता है। परंतु सबसे पहले अभ्यास अंतर्कुंभक के साथ करें। जैसे तीनों प्रक्रियाओं में समय का अनुपात 1: 1/4 :1 रखना चाहिए। हम इसको ऐसे समझे कि जैसे 16 गिनती तक हमने पूरक किया तो अंतर्कुंभक सिर्फ़ 4 तक करें फिर रेचक को 16 गिनती में पूरा करें। क्रमशः इस अनुपात को बढ़ाकर 16:8:16 कर लें, जब इसमें अभ्यस्त हो जाएँ तो अंतर्कुंभक बढ़ाकर 16:16:16 कर लें।

अब क्रमशः बहिर्कुंभक का भी अभ्यास करें। शुरू में पूरक: अंतर्कुंभक रेचक बहिर्कुंभक को 16:16:16:4 ही रखें। धीरे-धीरे इस अनुपात को 16:16:16:8 करें। इसके बाद इस अनुपात को और बढ़ाएँ एवं 16:16:16:12 करें। जब इसमें द्रढ़ता हो जाए तब 16:16:16:16 कर लेना चाहिए। इस प्रकार समवृत्ति प्राणायाम की समयावधि को क्रमश: बढ़ाना चाहिए।

## विषम वृत्ति प्राणायाम

चूँकि यह विषम (अनियमित) होता है अतः इस प्राणायाम को करने वाला साधक स्वस्थ फेफड़े और मज़बूत नाड़ियों वाला हो। इसको विषम वृत्ति वाला प्राणायाम इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसमें पूरक, अंतर्कुंभक,रेचक और बहिर्कुंभक की समय अवधि अलग-अलग होती है। अनुपात में अंतर के कारण यह साधकों को कठिनाई करता है।

सबसे पहले पूरक क्रिया, अंतर्कुंभक क्रिया और रेचक क्रिया 8:16:8 के अनुपात में प्रारंभ करें। इसके बाद धीर-धीरे अनुपातः बढ़ाकर 8:24:8 करें और फिर बढ़ाकर 8:32:8 करें। अब इस अनुपात को समायोजित करें और अनुकूल बनाकर 8:32:10 करें फिर 8:32:12 फिर 8:32:14 और पुनः 8:32:16: करें। जब इसमें पूर्ण अधिकार प्राप्त हो जाएँ। तब धीरे-धीरे बहिर्कुंभक 8:32:16:2फिर 8:32:16:4 फिर 8:32:16:6 और फिर 8:32:16:8 के अनुपात से करें। यह चारों अनुपात विषम वृत्ति प्राणायाम के एक चक्र का निर्माण करते हैं।

साधकों को पहले रेचक बहिर्कुंभक और पूरक में लय को नियमित करने में कठिनाई महसूस होगी। शुरू में साधक की साँसें फूलने लग सकती हैं, परंतु यह अभ्यास लम्बे समय तक प्रतिदिन करने से सरल लगने लगेगा।

विषम वृत्ति प्राणायाम में एक आदर्श अनुपात इस प्रकार होता है। जैसे पूर्ण पूरक क्रिया में 8 सेकण्ड तक श्वास रुक जाती है और अंतर्कुंभक में 32 सेकण्ड लग जाते हैं। रेचक क्रिया में 16 सेकण्ड लगते हैं और बहिर्कुंभक में 8 सेकण्ड लगते हैं। इस प्रकार यह अनुपात 8:32:16:8 हो जाता है या 1:4:2:1 हो जाता है। जब इस क्रम में अभ्यस्त हो जाएँ तो इस क्रिया को उल्टे तरीके से करना चाहिए। 16 सेकण्ड तक पूरक क्रिया और 32 सेकण्ड तक कुंभक क्रिया करें एवं 8 सेकण्ड तक रेचक क्रिया करें। इस प्रकार यह अनुपात 16:32:8

(2:4:1) हो जाता है। इस क्रिया में बहिर्कुंभक को जोड़कर इसको 16:32:8:4 फिर 16:32:8:6 फिर 16:32:8:8 करें।

समय सीमा को अलग-अलग कर सकते हैं। उदाहरण के तौर पर पूरक क्रिया 32 सेकण्ड कुंभक क्रिया 16 सेकण्ड और रेचक क्रिया 8 सेकण्ड की हो तो बहिर्कुंभक की सीमा कम करके 4 सेकण्ड कर सकते हैं। ताकि इनके बीच का अनुपात 32:16:8:4 हो जाए।

विषम वृत्ति प्राणायाम का समय भिन्न-भिन्न अनुपातों में अलग-अलग हो सकता है। जैसे 8 : 16 : 32 : 4,16:32:4:8 या 32:4:16:8 या 4:8:32:16। विषम वृत्ति प्राणायाम में अनेक क्रम परिवर्तन और संयोजन हो सकते हैं।

**सावधानियाँ :** हालाँकि एक नियम यह है कि जब तक पूर्ण अभ्यास न हो, तब तक इसे योग शिक्षक की देखरेख में ही करना चाहिए। खासतौर पर विषम वृत्ति प्राणायाम तो ख़तरों से भरा हुआ है, अतः बिना मार्गदर्शन के न करें।

विषम वृत्ति प्राणायाम से मस्तिष्क में तनाव हो सकता है। रक्त धमनियों में रक्त संचार की तीव्रता होने से उच्च रक्तचाप या बैचेनी हो सकती है।

जो साधक ब्रह्मचर्य को धारण कर प्राणायाम की क्रियाएँ करता है
उसकी कुण्डलिनी जागरण की क्रिया स्वतः होने लगती है।
**-RJT**

---

पूरक = श्वास अन्दर लेना, रेचक = श्वास बाहर करना।
अंतःकुंभक = श्वास अन्दर रोकना, बाह्य कुंभक = श्वास बाहर रोकना।

# प्राणायाम के प्रकार

महर्षि घेरण्ड ने प्राणायाम के निम्नलिखित भेद बताए है।

सहित: सूर्यभेदश्च उज्जायी शीतली तथा।
भस्त्रिका भ्रामरी मूर्च्छ केवली चाष्टकुम्भकाः।। घे.सं.5/46।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. **सहित-कुम्भक** | 2. **सूर्य भेदी** | 3. **उज्जायी** | 4. **शीतली** |
| 5. **भस्त्रिका** | 6. **भ्रामरी** | 7. **मूर्च्छा** | 8. **केवली** |

इस प्रकार ये आठ कुम्भक प्राणायाम है।
सहित कुम्भक दो प्रकार का होता है:
अ. सगर्भ ब. निगर्भ

सगर्भ कुम्भक में बीज मंत्र का प्रयोग होता है और निगर्भ कुम्भक में बीज मंत्र से अभ्यास नहीं किया जाता।

**अ. सगर्भ :** महर्षि घेरण्ड कहते हैं कि सुखासन की अवस्था में उत्तर या पूर्व की तरफ़ मुख करके बैठे एवं लाल वर्ण के रजोगुण युक्त ब्रह्मा का ध्यान करें। अब बाएँ स्वर से अं बीज का सोलह बार जप करके पूरक करें। पूरक के बाद और कुम्भक के पहले उड़ियान बंध लगाएँ। अब सतीगुणी उकार बीज रूप कृष्ण वर्ण हरि का ध्यान करें और जप करते हुए चौसठ मात्रा तक कुम्भक करें और तमोगुण युक्त मकार रूपी शुक्लवर्ण के शिवजी के ध्यान के साथ 'म' बीज मंत्र जपते हुए रेचक करें। अब उपरोक्त प्रकार से ही दाई नासिका से पूरक, कुम्भक और बाई नासिका से रेचक करें। बिना तर्जनी और मध्यमा लगाए अनुलोम विलोम अभ्यास करें।

**ब. निगर्भ :** इस प्राणायाम (कुम्भक) में बीज मंत्र का प्रयोग नहीं किया जाता। पूरक, कुम्भक और रेचक वाले प्राणायाम की एक से लेकर सौ तक मात्राएँ होती हैं। इसी प्रकार उत्तम प्राणायाम की बीस मात्राएँ मध्यम की सोलह और अधम की बारह होती हैं। इस तरह प्राणायाम के तीन अंग होते हैं। अधम प्राणायाम में स्वेद (पसीना) निकलता है, मध्यम से मेरु कम्प होता है और उत्तम द्वारा पृथ्वी से ऊपर आकाश में विचरण करता है। इस प्रकार स्वेद निकलना, मेरु कम्प होना और पृथ्वी से ऊपर उठना, ये तीनों ही लक्षण सिद्धि को प्रकट करने वाले हैं। प्राणायाम के अभ्यास से आकाश गमन, रोगनाशन और कुण्डलिनी जागरण होता है। प्राणायाम के अभ्यास से पुरुष का मन आनंदित होता है और

वह सुखी होता है।

## सूर्य-भेदन प्राणायाम

**महत्त्व :** सूर्य-भेदन प्राणायाम की विशेषता यह है कि इसकी सभी पूरक (श्वास लेना) क्रियाएँ दाएँ नासिका द्वार से की जाती है और रेचक (श्वास छोड़ना) क्रियाएँ बाएँ द्वार से की जाती है।

पूरक क्रिया में प्राण-ऊर्जा पिंगलानाड़ी (सूर्यनाड़ी, जमुना नाड़ी) एवं रेचक क्रिया में प्राण-ऊर्जा, इड़ा नाड़ी (चंद्र नाड़ी, गंगा नाड़ी) से प्रवाहित होती है।

**विधि :** सुखासन में बैठ जाइए। बाएँ नासिका द्वार को बंद कर दाएँ नासिका द्वार से गहन (दीर्घ) श्वास लीजिए। द्वार बंद कीजिए, कुंभक कीजिए, जालंधर और मूलबंध लगाइए। बंध शिथिल करते हुए बाएँ द्वार से धीरे-धीरे रेचक क्रिया कीजिए। यह एक चक्र हुआ। इस प्रकार क्रमशः 10 चक्र तक बढ़ाइए।

**विशेष :** कुंभक का समय धीरे-धीरे बढ़ाते जाना चाहिए। हठयोग में लिखा है कि कुंभक तब तक करें, जब तक शरीर से पसीना न निकल आए जबकि शुरू-शुरू में ऐसा संभव नहीं होता, इसलिए विवेक पूर्वक ढंग से ही क्रिया करें।

**लाभ :**
- पाचन-तंत्र मज़बूत करता है। क्योंकि दायाँ स्वर इस कार्य में सहायक होता है।
- शरीर में ऊष्णता बढ़ती है। वात और कफ़ का शमन होता है।
- त्वचा-विकार ठीक होते हैं।
- झुर्रियाँ मिटती हैं। चेहरे का तेज बढ़ता है।
- साइनस साफ़ और स्वच्छ होते हैं
- निम्न रक्तचाप में नियमित अभ्यास से लाभ मिलता है।

सावधानियाँ : ❍ उच्च रक्तचाप वाले रोगी न करें।

❍ गर्मी के मौसम में यथासंभव न करें।

प्राणायाम से जीवन में संतुलन आता है
एवं आत्मशक्ति का विकास होता है।
**-RJT**

## उज्जायी प्राणायाम

नासाभ्यां वायुमाकृष्य मुखमध्ये च धारयेत।
हृदग्लाभ्यां समाकृष्य वायु वक्त्रे च धारयेत।।
मुख प्रक्षाल्य सम्वन्द्य कुर्याज्जालन्धरं ततः।
आशक्ति कुम्भकं कृत्वा धारयेदविरोधतः।
उज्जायी कुम्भकं कृत्वा सर्वकार्याणिसाधयेत्।
न भवेत्कफ़रोगश्च क्रूरवायुरजीर्णकम्।
आमवातः क्षयः कासो ज्वरः प्लीहा न विद्यते ।
जरामृत्युविनाशाय चोज्जायीं साधयेन्नरः।। **(घे.सं. 5/70-73)**

इस प्राणायाम में फुफ्फुस पूरी तरह से फैलता है। छाती का भाग ऊपर उठ जाता है।

**विधि :** प्राणायाम के आसन सिद्धासन या पद्मासन में बैठिए। योगाचार्यों के अनुसार मुख का संयमन करके दोनों नासिका द्वारों से धीरे-धीरे वायु खींचें। वह शब्द करती हुई ग्रीवा (कण्ठ) से लेकर हृदय-पर्यंत तक भर जाए। बिना आकुलता के कुछ क्षण कुंभक करें। तत्पश्चात् बाएँ नासिका द्वार से रेचक करें। जिस समय श्वास भीतर खीचें उस समय छाती फुलाइए।

विशेष : श्वास लेते समय कण्ठ द्वार को संकुचित करें ताकि गले से हल्की ध्वनि उत्पन्न हो तत्पश्चात् मुख का प्रक्षालन करें एवं जालंधर बंध लगाकर निराकुलता पूर्वक यथाशक्ति वायु को धारण करें।

**समय :** अनुकूलतानुसार/यथाशक्ति पूर्वक करें।

लाभ:
- जठराग्नि बढ़ाता है। इससे सभी कार्य सिद्ध होते हैं।
- कफ़ नाशक है।
- हृदय-विकार दूर करता है।
- एकाग्रता बढ़ाकर स्मरणशक्ति तेज़ करता है।
- अनिद्रा, मानसिक चिंता एवं उन्मादी रोगियों को लाभ।
- आमवात् क्षयरोग, कास, ज्वर, प्लीहा, दुष्ट वायु आदि रोगो का भी नाश होता है।
- घेरण्डसंहितानुसार इस कुंभक को सिद्ध कर लें तो, जरा-मरण भी नष्ट होते हैं।

## शीतली प्राणायाम

विधि : इस प्राणायाम से शरीर का तापमान कम किया जा सकता है। इस कारण इसका नाम शीतली प्राणायाम है।

सिद्धासन या पद्मासन में बैठ जाइए। दोनों हाथ घुटनों पर रखें। मेरुदण्ड, सिर तथा ग्रीवा एक सीध में रखें। जिव्हा को मुँह से बाहर निकालते हुए इस प्रकार मीड़िए कि वह नलिका (नालीनुमा) के समान प्रतीत हो। इसी स्थिति में पूरक करें। धीरे-धीरे श्वास लेते हुए फेफड़ों

को भरें। अंतःकुंभक कीजिए, जिव्हा को वापस अंदर करिए व मुख बंद रखें। सिर को नीचे झुकायें और जालंधर बंध करें। मूलबंध के बिना या मूलबंध के साथ पाँच से सात सेकण्ड तक कुंभक करें। बंध हटाएँ और रेचक करें। यह एक चक्र पूरा हुआ पाँच से दस मिनिट तक दोहराएँ। (रेचक क्रिया नासिका से ही करें)

लाभ:
- यह प्राणायाम मन को प्रसन्न करता है तथा पित्त-दोष हरता है।
- यकृत और प्लीहा को सक्रिय बनाता है।
- प्यास बुझाता है।
- उच्च रक्त चाप को कम करता है।
- रक्त शुद्धि करता है।

सावधानियाँ: निम्न रक्तचाप, पुरानी क़ब्ज़ एवं अधिक कफ के रोगी इसे न करें।

भस्त्रिका प्राणायाम

भस्त्रिका लोहकाराणां यथाक्रमेण सम्भ्रमेत्।
तथा वायुच नासाभ्यामुभाभ्यांचालयेच्छनैः।।
एवं विंशतिवारं च कृत्वा कुर्याच्च कुम्भकम्।
तदन्ते चालयेद्वायुं पूर्वोक्तं च यथाविधि।।
त्रिवारं साधयेदेनं भस्त्रिकाकुम्भकतं सुधीः।
न च रोगो न च क्लेश आरोग्य च दिने दिने।। **(धे सं. 5/76-78)**

नोट : भस्त्रिका का अर्थ धौंकनी होता है। इस प्राणायाम में श्वास-प्रश्वास की गति तीव्र बलशाली और सशक्त होती है। श्वास-प्रश्वास में एक प्रकार की ध्वनि निकलती है जिसकी हम लोहार की धौंकनी के स्वर से तुलना कर सकते हैं।

**अर्थ :** जैसे लोहार धौंकनी द्वारा वायु भरता है उसी प्रकार नासिका द्वारा वायु को उदर में भर शनैः शनैः पेट में चलाएँ। इस तरह बीस बार करके कुंभक द्वारा वायु धारण करें फिर लोहार की धोंकनी से जैसे वायु निकलती है वैसी ही नासिका द्वार से वायु निकालें यह भस्त्रिका कुंभक कहलाता है। इस प्रकार तीन बार नियम से करें। इससे किसी प्रकार के रोग नहीं होते और क्रमशः आरोग्य की वृद्धि होती है।

**प्रथम विधि :** पद्मासन में बैठिए। दाहिने नासिका द्वार को बंद कर बाएँ नासिका द्वार से तेज़ गति से पूरक करिए तथा वैसे ही रेचक करिए। यही क्रम लगभग बीस बार करिए। अब

यही क्रिया दाहिने नासिका द्वार से करें। इस अभ्यास में रेचक-पूरक एक लय में हो। उदर-प्रदेश का फैलना और पिचकाना सुचारु और सम हो। यह एक चक्र कहलाया। इस प्रकार तीन चक्र पूरे करें। तत्पश्चात् जालंधर बंध एवं मूलबंध का प्रयोग करें। द्वितीय विधि : प्राणायाम के लिए सुखासन में बैठिए। इस विधि में दोनों नासिका द्वार से गहरी व पूरी शक्ति के साथ श्वास लेना एवं बाहर भी पूरी शक्ति के साथ श्वास छोड़ना है। यह क्रिया बीस बार करें। तत्पश्चात् अंतःकुंभक करके जालंधर और मूलबंध (सुविधानुसार) का अभ्यास कीजिए। यह एक चक्र हुआ। इस प्रकार इस विधि को तीन बार करें।

विशेष:
- स्वास्थ्य के अनुसार श्वास गति मंद, मध्यम व तीव्र गति से करें।
- श्वास अंदर लेते समय अच्छा चिंतन करें एवं छोड़ते समय शरीर और मन के विकार निकल रहे हैं ऐसा विचार करें।
- कुण्डलिनी जागरण के साधक भस्त्रिका प्राणायाम को वज्रासन में बैठ कर करते हैं।
- रक्त चाप एवं हृदय रोग से पीड़ित व्यक्ति तीव्र गति से न करें।
- एक चक्र पूरा हो जाए तब विश्राम करें।
- पूरी सजगता के साथ करें। जिनके फुफ्फुस कमज़ोर हों वे न करें।
- किसी भी समय थकान, आकुलता, परेशानी महसूस हो तो उस समय प्राणायाम का अभ्यास रोक दें।

समय : रोगों के अनुसार 5 से 10 मिनट तक करें।

लाभ:
- शरीर के विजातीय, विषैले तत्व का निष्कासन होता है। जिसके परिणाम स्वरूप रक्त की शुद्धता एवं शारीरिक निरोगता बढ़ती है।
- फेफड़े मज़बूत होते हैं अत: दमा एवं क्षय रोग का शमन होता है।
- कठ रोगों में लाभ होता है एवं कफ़ को निकालता है।
- वात, पित्त व कफ़ का नाशक है और कुण्डलिनी को जगाने वाला आसन है।
- उदर-प्रदेश के अवयव यकृत, प्लीहा एवं पाचन-तंत्र की ग्रंथियों की क्रियाशक्ति बढ़ जाती है।
- साइनस, टॉन्सिल में भी लाभदायक।

## ओंकार जाप/उदगीथ प्राणायाम

**विधि :** ध्यान के किसी एक आसन में बैठकर नेत्र बंद करें। गहरी श्वास भरकर ॐ का एक लय के साथ ध्वनिपूर्वक उच्चारण करें। 5 से 11 बार करें।

**लाभ :** इससे मानसिक विकार दूर होते हैं। मन शांत व स्थिर होता है। स्वर ठीक होता है आनंद की अनुभूति होती है। अनिद्रा, दुःस्वप्न से छुटकारा मिलता है। कई लाभ स्वतः प्राप्त हो जाते है। शारीरिक, मानसिक, भौतिक एवं अध्यात्मिक लाभ मिलते हैं।

**विशेष :** ऊँ का प्रतिदिन अभ्यास करने से नकारात्मकता प्रवेश नहीं कर पाती। चेहरे का तेज एवं आँखों की चमक बढ़ती है। गले संबंधी सभी प्रकार के रोग दूर होते हैं ध्यान पूर्वक प्रतिदिन ऊँ का उच्चारण करने से अनंत जन्मों की कर्म धूली नष्ट होती है और वह इस जन्म को सफल करता हुआ निर्वाणपथ की ओर अग्रसर होता है।

## भ्रामरी प्राणायाम

**अर्थ:** भ्रमर का अर्थ 'भौंरा' होता है। यह भ्रामरी प्राणायाम इसलिए कहलाता है कि रेचक करते समय जो ध्वनि उत्पन्न होती है वह भौंरे के समान गुंजायमान होती है।

**विधि :** पद्मासन, सिद्धासन या सुखासन में बैठ जाएँ। दोनों नासिका छिद्रों से श्वास लीजिए। दोनों हाथों की तर्जनी अँगुली से कानों के छिद्रों को बंद कीजिए। चाहे तो कुछ देर कुंभक लगा लें। अब भौंरे के समान गुंजन करते हुए धीरे-धीरे रेचक कीजिए। इसके 5 चक्र से 10 चक्र तक करें।

**घेरण्ड संहितानुसार :** जब अर्ध-रात्रि व्यतीत हो जाए और जीव-जन्तुओं का शब्द सुनाई न दे, तब एकान्त स्थान में जाकर साधक अपने दोनों हाथों से दोनों कानों को बंद करके पूरक और कुम्भक करें। फिर अंदर की विभिन्न ध्वनियों को दाहिनें कान से सुनें। पहले झींगुर की ध्वनि, फिर बाँसुरी की धुन, फिर बादलों के गर्जने की आवाज, फिर झाँझ के बजने की आवाज़, फिर भौरों की गुजन, नित्य अभ्यास से विभिन्न प्रकार के नाद सुनाई पड़ने लगते हैं और अनाहत में शब्द ध्वनि होने लगती है। यही अद्‌भुत ध्वनि है। इसमें जो ज्योति दिखाई देती है, वही ब्रह्म है। जब इसमें मन विलय हो जाता है, तब विष्णु भगवान के परम पद की प्राप्ति होती है। इस प्रकार भ्रामरी कुम्भक सिद्ध होने पर समाधि की सिद्धी होती है। घेरण्ड जी आगे कहते हैं कि जप से आठ गुना उत्तम ध्यान है ध्यान से आठ गुना तप है तप से आठ गुना संगीत (अनहद् नाद) है एवं इस संगीत (अनहद् नाद) से बढ़कर कुछ नहीं है।

**टिप्पणी :** इस प्राणायाम को तेज गति से करने पर भ्रमर स्वर की तरह एवं मंद गति से करने पर भ्रामरी स्वर की तरह गुंजायमान होता है। इस प्रकार करने से आनंद की अनुभूति होती है।

**ध्यान :** आज्ञाचक्र पर।

**विशेष:**
- गुंजन करते समय आप प्रणव मंत्र ॐ की ध्वनि निकाल सकते हैं।
- मुंह बंद रखें किंतु दाँतों को आपस में न मिलाएँ।
- षण्मुखी मुद्रा के साथ भी कर सकते हैं।
- गुजन करते समय कई बार दूसरे शब्द भी निकलने लगते है अतः ध्यान रखें।

**लाभ:**
- स्वर मधुर होता है और आवाज़ में निर्मलता आती है।
- अनिद्रा रोग दूर होता है।
- आध्यात्मिक लाभ मिलते हैं।
- मानसिक रोग - चिड़चिड़ापन, क्रोध, आवेग व तनाव इत्यादि दूर होते हैं।
- उच्च रक्तचाप में लाभ।
- हृदय रोगों को भी लाभ मिलता है।

**नोट :** कुछ साधक कानों को अँगूठों से बंद करके, तर्जनी को माथे पर, मध्यमा को आँखों

पर, अनामिका को नाक के पास एवं कनिष्ठा को मुँह के पास रखकर यह क्रिया करते हैं।

प्राणायामक अभ्यास से अच्छा

स्वास्थ्य और जीवंतता प्राप्त होती है।

-RJT

## मूर्च्छा प्राणायाम

**विधि :** पद्मासन या सिद्धासन में बैठकर यह आसन करें ताकि निश्चलता बनी रहे। दोनों हाथ घुटनों पर रखें। आँखें बंद कर सिर को पीछे ले जाते हुए (लगभग 45 अंश का कोण) दोनों नासिका छिद्रों से पूरक करें, अंतर्कुंभक लगाएँ। मानसिक चिंता त्याग दें और सिर नीचे करते हुए रेचक करें। नेत्र बंद भी हों तो उनसे भ्रूमध्य (दोनों भौंहों के बीच) देखने की कोशिश करिये। शरीर व मन के प्रति सजग रहिए। इसी अभ्यास की पुनरावृत्ति कीजिए। कम से कम 5 बार करें या अनुकूलतानुसार करें।

**घेरण्ड संहितानुसार :** पहले सुखपूर्वक पूर्व में कहे हुए कुम्भक करके विषय ध्यान

वासनाओं से मन को हटाकर दोनों भौहों के बीच में स्थित आज्ञा चक्र में ध्यान लगाएँ और इस पद्म में स्थित परमात्मा में लीन कर दें इसे मूर्च्छा कुंभक कहते है। इस कुम्भक से आनंद की प्राप्ति होती है।

लाभ:
- मानसिक चिंताग्रस्त व्यक्ति को अथवा मस्तिष्क को निष्क्रिय हो जाने की अवस्था में सुख लाभ महसूस होता है।
- सिर दर्द सम्बंधित रोगों में लाभ।
- कुण्डलिनी व ध्यान में सहयोगी।
- मस्तिष्क का विकास कर सभी मानसिक समस्याओं का निवारण करता है।

सावधानियाँ : उच्च रक्तचाप, हृदयरोगी, मिर्गी, चक्कर आना एवं मस्तिष्क विकार से संबंधित रोगी क्रमिकरूप से धैर्य पूर्वक करें।

## केवली प्राणायाम

घेरण्ड संहितानुसार : महर्षि घेरण्ड के अनुसार प्रत्येक जीवात्मा जब श्वास बाहर छोड़ता है तब 'हं' वर्ण एवं जब श्वास अंदर ग्रहण करता है तब 'सः' (सी) वर्ण का जाप करता है। इस प्रकार चौबीस घंटे में 21,600 बार प्रत्येक जीव श्वास लेता है। 'हं' वर्ण शिवानन्द और 'सः' वर्ण शक्ति रूप हैं जिसको 'अजपा नाम गायत्री' कहते हैं और इसी हंसः को एवं विलोम से सोह को सब जीव निरंतर जपते रहते हैं।

लिंग और गुदा के बीच (मूलाधार), हृदय कमल और नासिका छिद्रों में वायु का आवागमन होता है। महर्षि घेरण्ड कहते हैं कि स्थूल शरीर छियानवे (96) अंगुल परिमाण का है और देह से स्वाभाविक बाहर जाने वाली वायु की गति द्वादश (12) अंगुल होती है और गायन में सोलह अंगुल, भोजन में बीस अंगुल, मार्ग चलने में चौबीस अंगुल, नींद में तीस अंगुल, रतिक्रिया में छत्तीस अंगुल एवं अन्य परिश्रम में इससे भी अधिक होती है। (अलग-अलग आचार्यों ने अंगुल प्रमाण अपने-अपने मतानुसार बताया है।)

स्वाभाविक प्राण की गति से इनकी गति न्यून होती जाए तो परमायु (आयु वृद्धि) हो और बारह अंगुल से अधिक हो तो आयु घट जाती है, ऐसा योगीजन कहते हैं। जब तक प्राणवायु की स्थिति है तब तक मृत्यु नहीं होती। कुंभक के अभ्यास में यह प्राणवायु मुख्य है। शरीर के स्थिर रहने तक केवली कुंभक (प्राणायाम) करके अजपाजप को जपता रहे। केवली प्राणायाम करने से आयु में वृद्धि होती है अर्थात् इक्कीस हज़ार छः सौ बार जप पूर्ण होने से गति घट जाती है और मन प्रसन्नता से भर जाता है।

नासिका द्वारों से वायु को खींचकर केवल कुंभक करें। पहले दिन चौंसठ बार तक श्वास-प्रश्वास को धारण करें। केवली कुंभक का अभ्यास प्रतिदिन आठ प्रहर में आठ बार करना चाहिए (अर्थात् 8x8=64)। प्रात:काल, मध्याह्न व सायंकाल तीनों समय, समान संख्या में

अभ्यास करें। इस प्रकार केवली कुंभक की सिद्धि होने तक अजपाजप गायत्री के साथ प्रमाण से पाँच-पाँच बार वृद्धि करता जाए।

हठयोगानुसार : स्वस्तिक आसन में बैठ जाएँ। श्वासोच्छवास किए बिना ही (रेचक पूरक किए बिना ही) प्राण को (वायु को) जहाँ का तहाँ ही स्तब्ध कर देना 'केवली-कुंभक प्राणायाम' होता है।

रेचकं पूरकं त्यक्त्वा सुखं यद् वायुधारणम्।
प्राणायामोऽयमित्युक्तःस वै केवल-कुम्भकः।।

कुछ आचार्यों ने स्तम्भवृत्ति प्राणायाम और केवली-कुंभक को एक ही माना है।

कुम्भके केवले सिद्ध रेचक-पूरकवर्जिते।
न तस्य दुर्लभं किंचित त्रिषु लोकेषु विद्यते ।

रेचक पूरक को रोककर केवल कुंभक के सिद्ध हो जाने पर कुछ भी दुर्लभ नहीं रह जाता सब-कुछ सुलभ हो जाता है। योगी जन कहते हैं कि 'सहित कुंभक' जिसमें रेचक-पूरक (श्वास-प्रश्वास) के साथ कुंभक किया जाता है, के सिद्ध हो जाने पर "केवली-कुंभक" में शीघ्र सफलता मिलती है।

लाभ:

- हठयोग प्रदीपिका में लिखा है कि तीनों लोक में ऐसी कोई वस्तु नही है जो केवली कुंभक के सिद्ध हो जाने के बाद साधक को प्राप्त न हो।
- अपनी इच्छा के अनुसार प्राणवायु के धारण से राजयोग पद तक प्राप्त हो जाता है।
- दिव्य-दृष्टि प्राप्त हो जाती है।
- ध्यान में दृढ़ता प्रदान करता है।

प्राणायाम का अभ्यास सम्पूर्ण शरीर में प्राण के प्रवाह

को विनियमित करता है।

**-RJT**

## चंद्र-भेदन प्राणायाम

**विधि :** इसकी सभी क्रियाएँ सूर्य-भेदन प्राणायाम के ठीक विपरीत होती हैं। सुखासन में बैठ जाइए व बाएँ नासिका द्वार से पूरक कीजिए। पूरक क्रिया धीरे-धीरे, सावधानी पूर्वक और गहराई से होनी चाहिए। दोनों नासिका द्वार बंद करें। कुंभक के साथ जालंधर और मूलबंध लगाएँ। स्वाभाविक विराम दें। बंध शिथिल करें व दाहिने नासिका द्वार से रेचक करें। यह एक चक्र पूरा हुआ। इस प्रकार क्रमशः 10 चक्र तक करें और कुंभक की स्थिति क्रमशः बढ़ाते जाएँ।

**नोट:** इस प्राणायाम में सभी पूरक क्रियाएँ बाएँ नासिका द्वार से की जाती हैं एवं रेचक क्रियाएँ दाहिने नासिका द्वार की जाती हैं।

**विशेष :** एक ही दिन में दोनों प्राणायाम (सूर्य भेदन और चंद्र भेदन प्राणायाम) न करें।

**लाभ:**
- शरीर में शीतलता आती है और मन प्रसन्न होता है।
- पित्त को कम करता है।
- गर्मियों में लाभकारी है।
- मानसिक शांति पहुँचाता है, क्रोध को कम करता है।
- तनाव को कम करता है।
- स्मरण शक्ति बढ़ाने में सहायक है।
- उच्च रक्तचाप वालों को नियमित अभ्यास से लाभ प्राप्त होता है।

**सावधानियाँ:**
- निम्न रक्तचाप वाले न करें।
- ठंड के दिनों में यथासंभव न करें।

प्राणायाम के अभ्यास से स्नायुकोष,
ग्रंथियों, समस्त नाड़ियों और माँस्पेशियों को

जीवन शक्ति मिलती है और वे सशक्त होकर
शरीर और मन को आरोग्यता प्रदान करती हैं।

-RJT

## सीतकारी प्राणायाम

**विधि :** यह शीतली प्राणायाम की भाँति है किंतु जिव्हा की स्थिति में अंतर है। जिव्हा के आगे के भाग को इस तरह पीछे की तरफ़ मोड़िए कि उसके आगे के भाग का स्पर्श ऊपरी तालु से हो। दाँतों की पंक्ति को एक-दूसरे से मिलाइए और होठों को फैलाइए। अब सी.सी. की आवाज़ करते हुए श्वास लें और फेफड़ों में भरें। जालंधर बंध लगाएँ व मुँह बंद करें तथा नाक से धीरे-धीरे रेचक करें। यह एक चक्र हुआ। इस तरह 8-10 बार करें।

**विशेष :** बिना बंध के भी कर सकते हैं।

**लाभ:**
- ग्रीष्म ऋतु में करने से शरीर ठंडा रहता है।
- शीतली के सभी लाभ मिलते हैं।
- गले, मुख, नाक रोग में लाभ मिलता है।

- पित्त-प्रकृति वाले अवश्य करें। लाभ प्राप्त होता है।
- उच्च रक्तचाप को सामान्य करता है।

**नोट :** यह प्राणायाम भी शीतली प्राणायाम का एक प्रकार है। यह भी शरीर को ठंडा रखता है।

**सावधानियाँ:**
- निम्न रक्तचापवाले न करें।
- वात-प्रकृति के व्यक्ति न करें।

## कपाल-भाति प्राणायाम

**अर्थ :** कपाल-भाति का अर्थ कपाल यानी खोपड़ी और भाति का अर्थ चमक या प्रकाश है। जिस प्राणायाम से माथे या मस्तिष्क का तेज प्रकट हो वह प्राणायाम कपाल-भाति प्राणायाम कहलाता है।

**विधि :** यह प्राणायाम भस्त्रिका प्राणायाम की तरह ही है। इस प्राणायाम में श्वास लेने की गति धीमी होती है और श्वास छोड़ने की गति सशक्त होती है। सामान्य पूरक करें व पूरा ध्यान रेचक क्रिया में लगाएँ। अर्थात् शक्तिपूर्वक श्वास बाहर निकालें। सहज रूप से श्वास लें और रेचक गतिपूर्वक करें (कुछ विद्वान इसके साथ बंध के अभ्यास की बात करते हैं। योग्य शिक्षक के निर्देश में करें)। दोनों नेत्रों को बंद कर आज्ञाचक्र में ध्यान लगाएँ और ताज़गी व शक्ति का अनुभव करें।

**सावधानियाँ:**
- मोतियाबिंद (नेत्र-रोग) से पीड़ित हों या कान में पीप वगैरह या अन्य बीमारी हो तो न करें।
- उच्च रक्तचाप हृदयरोगी, चक्कर आना, गैस्ट्रिक अल्सर से पीड़ित व्यक्ति विवेक का उपयोग करते हुए धीरे-धीरे करें।

**लाभ:**
- इस प्राणायाम से ताज़गी, शांति और प्रसन्नता आती है।
- मधुमेह और क़ब्ज़ का शमन होता है।
- मस्तिष्क रोगों में फ़ायदा मिलता है।
- मोटापा कम करता है।
- शरीर का वज़न संतुलित करता है।
- कई असाध्य बीमारियों को ठीक करता है।

- कैंसर जैसे रोगों में भी लाभदायक।
- श्वास की गति बलपूर्वक होने के कारण डायफ्राम में संकुचन एवं फैलाव के कारण समस्त उदर प्रदेश को लाभ पहुचाता है जैसे गुदां, आमाशय अग्नाशय, यकृत, प्लीहा, गर्भाशय आदि सभी अंग सुव्यवस्थित होते हैं।

नोट :
- कुछ विद्वान इस क्रिया को प्राणायाम मानते हैं, जबकि अन्य विद्वान इसको षट्कर्मों की क्रिया कहते हैं। विशेष जानने के लिए लेखक की अन्य पुस्तक सम्पूर्ण योग विद्या भी अवश्य देखें।

- एक सामान्य स्वस्थ व्यक्ति के लिए रेचक संख्या 120 प्रति मिनिट संतोषप्रद मानते हैं या 3 मिनट से लेकर रोग अनुसार 15 मिनिट तक कर सकते हैं।

विशेष:
- अधिक लाभ के लिए कपाल भाति प्राणायाम गुरु निर्देश में अधिक बार कर सकते हैं। चक्कर आने या किसी प्रकार की परेशानी महसूस होने पर रोक दें और शवासन करें।
- श्वास बाहर निकालते समय यह विचार करें कि हमारे शरीर के विकार, समस्त प्रकार के रोग, भय, अज्ञान, क्रोध, मान, माया, लोभ एवं दु:ख दूर हो रहे हैं और मैं शारीरिक, मानसिक एवं अध्यात्मिक रूप से सुखी हो रहा हूँ।

## प्लाविनी प्राणायाम

अन्तः प्रवर्तितोदारमारुतापूरितोदरः।
पयस्यगाधेऽपि सुखात्प्लवते पदमपत्रवत्।। (ह.यो.प्र. 2/70)

**अर्थ :** प्लावन का अर्थ तैरना या उतराना होता है। इस प्राणायाम का सिद्ध साधक जल में आसानी से तैरता है।

**विधि :** सुखासन में बैठकर दोनों नासिका छिद्रों से पूरक करिए। वायु को पेट में इतना भरिए कि वह फुग्गे के समान फूल जाए या तन जाए। यथासंभव कुंभक करें और धीरे-धीरे वायु को नासिका छिद्रों से बाहर कर दें - यह एक चक्र हुआ। यथाशक्ति इस क्रम को दोहराते रहें।

**लाभ:**

- इसके अभ्यास से साधक पानी के ऊपर आराम से तैर (लेट) सकता है जैसे कोई लकड़ी का टुकड़ा तैरता है।
- पाचन-तंत्र के अवयव ठीक कर क़ब्ज़ को दूर करता है।
- मसान और अपान प्राण को कुपित नहीं होने देता।

रागद्वेष प्रवर्तित आत्मा के प्रयत्न अर्थात योग
रूप स्पंदन के कारण (मन वचन काय) एक
वायु संचालित होती है और वायु से शरीर
रूपी यंत्र अपने कार्यों में प्रवृत्ति करते हैं।
-आचार्य पूज्यपाद स्वामी (समाधि तंत्र गाथा क्र. 103) .

प्राणायाम करने से शरीर के सूक्ष्म कोषों के अवरोध दूर
होते हैं और उनका शोधन होते हुए नाड़ियों में प्राणों का
सचार एक समान होता है।
-RJT

# मुद्रा : एक दृष्टिकोण

हमारे ऋषि-मुनियों ने इस मानव-जाति को बहुत कुछ दिया। हमारे ग्रहण करने की क्षमता में ही कुछ कमियाँ थीं अन्यथा आज हमारे देश के पदचिन्हों पर पूरा विश्व चल रहा होता। अनेक रहस्यों से उन्होंने पदा हटाया। एक से एक विद्याएँ हमें प्रदान कीं और उसी श्रृंखला में यह एक विज्ञान है जिसे हम मुद्रा विज्ञान कहते हैं। यह आसन, प्राणायाम से अधिक गहरी पहुँच वाला, सूक्ष्म माना जाता है। इनका प्रभाव इतनी गहराई तक पहुँचता है कि हमारी समस्त जीवनदायिनी ऊर्जा की क्षमता अधिक प्रखर और अंतरोन्मुख बनाई जा सके एवं उनमें जो दुर्बलता, रुग्णता व शिथिलता का समावेश हो गया है उसका निवारण हो सके। इन मुद्राओं का उपयोग कर हम अपने जीवन में अधिक प्रभावशाली व्यक्तित्व और आध्यात्मिकता की चरम सीमा का आनंद उठा सकते हैं।

घेरण्ड संहिता में पच्चीस मुद्राओं का वर्णन आता है जो कि सभी अनगिनत लाभों की जन्मदाता हैं परंतु मुख्य रूप से हम उन मुद्राओं का वर्णन करेंगे जिनका प्रचलन ज़्यादा है। अन्य मुद्राओं के लाभ भी हमें इन्हीं मुख्य मुद्राओं से प्राप्त होते हैं। ये सभी मुद्राएँ सरल हैं एवं क्रमिक रूप से हमें सार्थकता प्रदान करती हैं।

## 1. महामुद्रा

**विधि :** अपने आसन में प्रसन्नचित्त होकर दोनों पैर सामने फैलाकर बैठ जाएँ। अब दाहिने पैर को मोड़ते हुए एड़ी को गुदा द्वार के नीचे रखें। तत्पश्चात् सामने झुकते हुए बाएँ पैर के अँगूठे को दोनों हाथों से पकड़ें तथा गहरी श्वास लें। मूल बंध एवं जालंधर बंध लगाएँ। कुंभक करते हुए अंतर्चेतना को ऊर्ध्वमुखी बनाने का प्रयास करें। कुण्डली-चक्रों का ध्यान करें तथा बंध हटाएँ। धीरे-धीरे रेचक क्रिया करें। यही क्रम दाहिने पैर से करें एवं यथासंभव कुंभक करें। लगभग 3 से 5 चक्र करें।

**लाभ:**
- उदर-रोग जैसे मंदाग्नि, अजीर्ण, अपच, क़ब्ज़ इत्यादि को दूर करता है।
- बवासीर (अर्श) और प्रमेह का नाश करता है।
- ध्यान के लिए उत्कृष्ट एवं कुण्डली जागरण में सहयोगी।
- बढ़ी हुई तिल्ली एवं क्षयरोग दूर करता है।
- पुराना ज्वर नाशक है।

**नोट :** विशेष जानने के लिए महामुद्रासन भी देखें।

**2.** महावेध मुद्रा

विधि : दाहिने पैर की एड़ी को गुदा-द्वार और लिंग के बीच स्थित सीवन में स्थिर करें। बाएँ पैर को आगे फैलाकर बैठ जाएँ। सामने पैर के अँगूठे को दोनों हाथों से झुकते हुए पकड़े। श्वास लें (पूरक करें)। दृष्टि भ्रूमध्य में रखें। त्रिबंध लगाएँ (जालन्धर बंध, मूलबंध, उड्डियान बंध)। अंतःचेतना को देखें।

मूलाधार से उर्ध्व के चक्रों का ध्यान करें। यथाशक्ति रुकें। तत्पश्चात् उड्डियान, मूलबंध और अंत में जालंधर को शिथिल करें तथा नेत्रों को सामान्य करें। धीरे-धीरे रेचक करें।
विशेष : कहीं-कहीं महावेध मुद्रा के समान ही बैठना है और कहीं-कहीं बंध लगाने के बाद कूल्हों को धीरे-धीरे उठाते हुए भूमि पर पटकना है। आसन में दृढ़ता के बाद यह अभ्यास कर सकते हैं।
घेरण्ड संहितानुसार : पुरुष के बिना जैसे स्त्री का लावण्य और रूप यौवन बेकार हैं वैसे ही महावेध के बिना मूलबंध और महाबंध निष्फल है। पहले महाबंध मुद्रा का अभ्यास कर उड्डियान-बंध कर कुंभक से वायु को रोकें, इसे महावेध कहते हैं। जो योगी प्रतिदिन महावेध के साथ महाबंध और मूलबंध का आचरण करते हैं। वे योगी योगियों में श्रेष्ठ हो जाते हैं। बुढ़ापा और मृत्यु उन पर आक्रमण नहीं कर पाते अर्थात् उनका काया कल्प हो जाता है।

लाभ:
- कई सिद्धियाँ स्वतः प्राप्त हो जाती हैं।
- शरीर पर झुर्रियाँ नहीं पड़तीं। व्यक्ति सदा युवा दिखता है।
- कंपवात नहीं होता। बाल सफेद नहीं होते।
- प्राण सुषुम्ना में प्रवाहित होने लगते हैं एवं समाधि भी लगती है।

**नोट :** महाबंध जानने के लिए बन्ध अध्याय देखें।

## 3. खेचरी मुद्रा

**विधि :** साधक अपनी जिव्हा को उल्टी ले जाकर तालू-कुहर में स्पर्श कराएँ (मुंह बंद रखते हुए)। यह मुद्रा खेचरी मुद्रा कहलाती है। साधक अपनी जीभ को तालू-कुहर से स्पर्श नहीं करा पाता है अतः जिव्हा को बढ़ाने के तीन साधन बतलाए हैं। छेदन, चालन और दोहन।
**छेदन :** जीभ के नीचे के भाग में एक सूताकार तंतु से जीभ जबड़े से जुड़ी हुई रहती है इस कारण जीभ को पलटकर तालू से लगाना मुश्किल हो जाता है। इसके लिए प्रतिदिन उस तंतु को सैंधा नमक की डली से रगड़े या यदि शल्य क्रिया द्वारा विच्छेद संभव हो तो वह प्रयोग किया जा सकता है। कुछ दिनों के पश्चात् अभ्यास से जिव्हा का अग्रभाग तालू के ऊपरी छिद्र में आसानी से चला जाता है।

**चालन और दोहन :** अँगूठे और तर्जनी अँगुली से या महीन (बारीक) वस्त्र से जीभ को पकड़कर चारों तरफ़ उलट फेरकर हिलाने और खींचने को चालन कहते हैं।
मक्खन या घी आदि से लगाकर दोनों हाथों की अँगुलियों से जीभ को खींचें (जैसे गाय का स्तन दोहन करते हैं)। धीरे-धीरे आकर्षण करने का नाम दोहन है।
इन सब क्रियाओं में जो सुखद लगे वह गुरु-निर्देशन में करना चाहिए। तत्पश्चात् जीभ इतनी लंबी हो जाती है कि नासिका के ऊपर भ्रूमध्य तक पहुँच जाती है।

**सावधानी :** उपरोक्त अभ्यास में जल्दबाज़ी नहीं करनी चाहिए। अन्यथा परिणाम खतरनाक हो सकते हैं। बिना योग्य शिक्षक के न करें।

**विशेष :** ब्रह्मचर्य का पालन अवश्य करें। सफलता की संभावना बढ़ जाती है।

**लाभ :** अभ्यास हो जाने के बाद साधक ब्रह्मरंध्र से टपकने वाले मधुर रस अर्थात् अमृत का पान करता है। जीभ के प्रविष्ट होने पर इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना के मार्ग खुल जाते हैं। जिससे समाधि की स्थिति उत्पन्न होती है। अमृतपान करने से साधक अपनी मृत्यु को भी वश में कर लेता है (दीर्घायु होता है)। निद्रा, आलस्य तथा भूख-प्यास इत्यादि अधिक नहीं सताती।

**नोट :** हमने कुछ साधक देखे हैं जो कि स्वाभाविक रूप से नित्य प्रति अभ्यास करने पर अपनी जिव्हा को इतनी लंबी कर लेते हैं कि वह तालु-कुहर से स्पर्श हो जाए।

**4.**विपरीतकरणी मुद्रा

**विधि:** घेरण्ड संहिता के अनुसार नाभि के मूल में सूर्य नाड़ी है और मुख के तालुओं की जड़ में चंद्र नाड़ी है। जब नीचे से सूर्य नाड़ी अपने तेज से शरीर में स्थित अमृत का पान कर लेती है तब मनुष्य की मृत्यु होती है। इसलिए सूर्य को ऊपर उठाना चाहिए और चन्द्र को

नीचे की ओर ले आना चाहिए। इसका नाम विपरीतकरणी मुद्रा है। इसके अभ्यास के लिए साधक सर्वांगासन की तरह ही दिखने वाली विपरीतकरणी क्रिया करें। थोड़े ही प्रयत्न से मूलबंध और उड्डियान बंध स्वयं लग जाएँगे। घेरण्ड संहिता में आचार्य कहते हैं कि तब पूरक प्राणायाम कर कुंभक करें एवं यथाशक्ति रुकें तो इसको विपरीतकरणी मुद्रा कहते हैं।
**सावधानी:** उच्च रक्तचाप एवं हृदय रोग से पीड़ित व्यक्ति न करें।

**लाभ:**
- जो साधक प्रतिदिन अभ्यास करता है वह मृत्यु और बुढ़ापे को जीत लेता है।
- इसके प्रतिदिन अभ्यास से जठराग्नि प्रदीप्त होती है। अतः आहार की मात्रा संतुलित रखनी चाहिए।
- चक्रों का ध्यान करने से ओज, तेज, बल, वीर्य आदि की वृद्धि होती है।
- युवावस्था बनी रहती है एवं स्थिरता प्रदान करता है।

## 5. वज्रोली मुद्रा

**विधि :** रबर की एक विशेष नली जिसे केथेटर कहते हैं, वह 4-5 नम्बर की डेढ़ फीट के करीब लें। यह नली मूत्र नलिका में प्रवेश कराई जाती है। उस रबर की नली के अग्रभाग में चार-पाँच इंच तक शुद्ध घी या बादाम का तेल लगाकर धीरे-धीरे मूत्र नलिका के छिद्र में डालें। पीड़ा होने पर निकाल लें और क्रमश: अभ्यास करें एवं अभ्यास हो जाने पर इससे थोड़ी मोटी नलिका 7-8 नम्बर वाली डालने का अभ्यास करें। अभ्यास हो जाने पर नौलि क्रिया से आँतों को उठाकर मूलाधार को सिकोड़कर मूत्र-प्रणाली का संकुचन करते हुए पहले वायु का आकर्षण करें। तत्पश्चात् जल, दूध, (शुद्ध किया हुआ संस्कारित पारा) का आकर्षण करें। बाद में ये द्रव्य मूत्र त्यागते समय बाहर आ जाते हैं। इसका अभ्यास रबर नली के बाद चाँदी की नलिका से करें।
**विशेष :** किसी योग्य गुरु के निर्देशन में ही करें।

**लाभ:**
- ऊर्जा ऊर्ध्वमुखी होती है। अतः शरीर कांतिवान बनता है।
- ब्रह्मचर्य की रक्षा होती है।
- मानसिक शांति, आनंद व आध्यात्मिक लाभ मिलता है।
- मृत्यु पर्यन्त साधक युवा बना रहता है।
- साधक के शरीर से सुगंध आने लगती है।
- यह मुद्रा साधक को अमृत प्रदान करती हुई विश्व का महान योगी बनाती है।

मुद्राएँ धीरे-धीरे साधक की आत्मा को उत्थान एवं
विशुद्धता की ओर ले जाती हैं।
**-RJT**

## 6. योनि मुद्रा/षण्मुखी मुद्रा

**विधि :** सुखासन में बैठ जाइए। दोनों हाथ अपने चेहरे पर इस प्रकार रखिए कि अँगूठे द्वारा कान के छिद्र, तजनियों द्वारा दोनों आँखें, मध्यमा द्वारा नासिका रंध्र और अनामिका व कनिष्ठा द्वारा होठ के ऊपर आसानी से रखते बन जाए। काकी मुद्रा द्वारा प्राण को खींचकर अपान वायु से मिला दें। शरीर के चक्रों का ध्यान करते हुए या हैं सः मंत्र द्वारा कुण्डलिनी शक्ति को जगाते हुए साधक अपनी उर्जा को सहस्रार में ले जाएँ। साधक अभ्यास के समय केवल यह धारणा करें कि वह भगवान शिव के साथ शक्तिमय होता हुआ आनंदमय विहार कर रहा है और वह स्वयं पूर्ण ब्रह्म हो गया है। इसे योनिमुद्रा कहा गया है।

**लाभ:**
- यह दुर्लभ मुद्रा है। इस मुद्रा के अभ्यास से साधक कई पापों से मुक्ति पाता है। (घेरण्ड संहिता)
- शरीर में तेज, बल व वीर्य की वृद्धि होती है।
- शरीर निरोगी होता है।
- यह मुद्रा नया यौवन प्रदान करती है।
- पूर्ण एकाग्रता से अभ्यास करने पर साधक को सूक्ष्म ध्वनियों का अनुभव मिलता है।

देवों के समान दिखना चाहते हो तो प्राणायाम एवं
मुद्राओं का अभ्यास करो।
**-RJT**

## 7. शक्तिचालिनी मुद्रा

विधि : घेरण्ड संहिता के अनुसार मूलाधार में जो कुण्डलिनी साढ़े तीन लपेटे कुण्डली मारकर सो रही है, जब तक यह सुप्त अवस्था में है तब तक जीव अज्ञानी ही रहता है। अतः सम्यक् ज्ञान प्राप्ति तक इसको जगाने का अभ्यास करना चाहिए। जैसे बिना ताला खोले द्वार नहीं खोला जा सकता वैसे ही कुण्डलिनी शक्ति जागरण के बिना ब्रह्मरंध्र का द्वार नहीं खुल सकता। एकांत स्थान में जाकर एक हाथ लंबा और चार अँगुल चौड़ा कोमल वस्त्र नाभि से लपेटकर कमर में बाँधे। शरीर में भस्म, राख आदि लगाकर सिद्धासन में बैठ जाएँ। अब प्राण को खींचकर अपान वायु से मिलाएँ। अब अश्विनी मुद्रा द्वारा गुदा स्थान को संकुचित करते रहें। इस प्रकार कुंभक करने से सर्प रूपिणी कुण्डलिनी जागकर ऊपर की ओर उठती है। शक्ति चालिनी मुद्रा के अभ्यास के बाद योनिमुद्रा का अभ्यास करें।

**लाभ:**
- प्रतिदिन अभ्यास से विग्रह-सिद्धि सहित सर्व सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं।
- सभी प्रकार के शारीरिक और मानसिक रोग समाप्त होते हैं।
- आत्मिक आनंद की प्राप्ति होती है।

यदि आप निरोगी हैं तो सदा निरोग बने रहने के लिए योगाभ्यास करें और यदि आप रोग ग्रस्त हैं तो निरोग होने के लिए योगाभ्यास अवश्य करें ताकि आप स्वस्थ व सुंदर हो जाएँ।
**-RJT**

## 8. ताड़ागी मुद्रा

उदरंपश्चिमोत्तानं कृत्वा च ताड़ागाकृतिः।
ताड़ागी सा परामुद्रा जरा मृत्युं विनाशनी।

(घे. सं. 3/73)

अर्थ : पश्चिमोत्तानासन लगाकर बैठें और उदर को इस प्रकार फुलाएँ मानो पेट के भीतर पानी भरा हो; यही ताड़ागी मुद्रा है। इससे वृद्धावस्था और मृत्यु पर विजय प्राप्त करते हैं। पश्चिमोत्तानासन में बैठे। दोनों हाथों से पैर के पंजों को पकड़ें, परंतु झुकें नहीं। अब श्वास अंदर लें और पेट को जितना फुला सकते हैं फुलाएँ। यथाशक्ति कुंभक करें। अंत में धीरे-धीरे रेचक करें। रेचक करते समय पेट को तालाब जैसा गहरा बना लें। कही-कहीं योगीजन कुंभक के समय वायु को तालाब में लहर की तरह चलायमान करते हैं।

लाभ:
- उदर सम्बंधी सभी रोग नष्ट होते हैं।
- पेट लचीला होता है तथा पाचन-तंत्र सुचारु होता है।
- वृद्धावस्था पर विजय पाई जा सकती है।

**9.** माण्डुकी मुद्रा

मुखं संमुद्रितं कृत्वा जिह्ववामूल प्रचालयेत।
शनैग्रसेदमृतं तां माण्डुकीं मुद्रिकां विदुः।
वलितपलितं नैव जायते नित्य यौवनम।
न केशे जायते पाको यः कुर्यानित्यमाण्डुकीम्

(घे.सं 3/74-75)

**विधि :** मुख को बंद कर जीभ को तालू में घुमाना चाहिए और सहस्त्रार से टपकते हुए अमृत का जिव्हा से पान करना चाहिए। यह माण्डुकी मुद्रा है।

भद्रासन में बैठ जाएँ (पृष्ठ 215 देखें)। हाथों को घुटनों पर रखें। यथाशक्ति नितम्बों को ज़मीन पर टिकाएँ। मेरुदण्ड, गर्दन व सिर सीधा रखें। मुख बंद करें। अब अंदर ही अंदर जिव्हा को ऊपर तालू में दाएँ-बाएँ, ऊपर-नीचे घुमाएँ। इस प्रकार की क्रिया करने से ग्रंथि स्त्राव होता है। ऋषि कहते हैं कि यही अमृत है। इसके पान से बुढ़ापा पास नहीं आता। शरीर कांतिवान रहता है, अतः साधक को नित्य अभ्यास करना चाहिए।

**विशेष :** इस मुद्रा को करते समय सहस्त्रार पर ध्यान एकाग्र कर आत्मिक आनंद का लाभ उठाना चाहिए।

लाभ:
- बालों का झड़ना एवं असमय पकना बंद होता है।
- स्थायी यौवन की प्राप्ति होती है।
- शरीर कांतिवान बनता है व समस्त रोगों का नाश होता है।
- यह मुद्रा शरीर में वात-पित्त-कफ़ का संतुलन स्थापित करती है।

## 10. शाम्भवी मुद्रा

**विधि :** भ्रूमध्य में दृष्टि को स्थिर करके ध्यान पूर्वक परम आत्मा का चिंतन करें। यही

शाम्भवी मुद्रा है।

सुखासन में बैठ जाएँ। मेरुदण्ड, ग्रीवा एवं सिर एक सीध में रखें। हाथों को एक-दूसरे के ऊपर रख लें या घुटनों पर रखकर ज्ञान मुद्रा बना लें। अब पूर्ण एकाग्रचित होकर दृष्टि दोनों भौंहों के बीच करें और अपनी शुद्धात्मा का ध्यान करें।

**विशेष :** आँखों में दर्द महसूस हो तो विराम करें। आँखों में पानी के छींटे डालें या फिर पहले आँखों के अन्य अभ्यास कर लें।

**समय :** श्वास सामान्य रखते हुए अनुकूलतानुसार करें।

**लाभ:**
- आज्ञा चक्र विकसित होता है।
- अचेतन मस्तिष्क जागृत होता है।
- आँखों में आकर्षण पैदा होता है।
- ध्यान शक्ति का विकास होता है।
- स्मरण शक्ति तीक्ष्ण होती है।

## **11.** अश्विनी मुद्रा

आकुंचयेद् गुदाद्वारं प्रकाशयेत् पुनः पुनः।
सा भवेदश्विनीमुद्रा शक्ति प्रबोधकारिणी।।
आश्विनी परमा मुद्रा गुहारोग विनाशनीं।
बलपुष्टिकरी चैव अकालमरणं हरेत्।।

(घे.सं 3/82-83)

**विधिः** सुखासन में तनाव रहित बैठिए। नेत्रों को बंद करें व पूरक करें। कुंभक करते हुए गुदा द्वार का बार-बार आकुंचन (संकोचन) करें। यथाशक्ति क्रिया करें। तत्पश्चात् रेचक करें। सुविधानुसार क्रिया करें।

**विशेष:** श्वास क्रिया सामान्य रखते हुए भी कर सकते हैं।

**लाभ:**
- अकाल मृत्यु का भय खत्म होता है।
- गुदा प्रदेश के रोग स्वतः समाप्त हो जाते हैं।
- कुण्डलिनी जागरण में सहायता मिलती है।
- शारीरिक और मानसिक लाभ मिलते हैं।

## **12.** पाशिनी मुद्रा

कण्ठपृष्ठे क्षिपेत्पादौ पाशवद् दृढबन्धनम्।
सा एव पाशिनी मुद्रा शक्ति प्रबोधकारिणी।
पाशिनी महती मुद्रा वयःपुष्टि विधायिनी।
साधनीया प्रयत्नेन साधकैः सिद्धिकांक्षिभिः ।।

(घे.सं 3/84-85)

**विधिः** दोनों पैरों को उठाकर गले के पीछे से लाते हुए उन्हें आपस में पाश के समान दृढ़ता से बाँध लें। कुण्डलिनी को जगाने वाली यह पाशिनी मुद्रा है।
**विशेषः** योग्य शिक्षक की देख-रेख में करें।
**ध्यानः** विशुद्धि चक्र या मूलाधार चक्र।

**लाभः**
- बलवर्द्धक है। शरीर पुष्ट होता है।
- सिद्धि प्रदाता है। अष्ट सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं।
- मानसिक शांति एवं प्रसन्नता रहती है।

## **13.** काकी मुद्रा

काकचन्चुवदास्येन पिबेद्वायं शनैः शनैः।

काकी मुद्रा भवेदेषा सर्वरोग विनाशनी।
काकी मुद्रा परा मुद्रा सर्वतन्त्रेषुगोपिता।
अस्याः प्रसादमात्रेण काकवन्नीरुजो भवेत्।।

(घे.सं 3/86-87)

**अर्थ:** कौवे की चोंच के समान मुख बनाकर धीरे-धीरे वायु पान करें। इससे सब प्रकार के रोग दूर होते हैं। यह काकी मुद्रा कहलाती है। इस अभ्यास से साधक कौवे के समान रोग रहित हो जाता है।

महर्षि घेरण्ड का कहना है कि यह मुद्रा गुप्त रखनी चाहिए।

**विशेष:** इसमें श्वास मुँह द्वारा ही लेना है। नासिका से नहीं लेना है परंतु श्वास छोड़ने का कार्य मुख बंद कर नासिका द्वारा से ही करना है।

**लाभ:**
- सर्वरोग नाशक है।
- शीतलता मिलती है।
- उच्च रक्तचाप में लाभकारी।
- पाचन-तंत्र ठीक कर क़ब्ज़ से छुटकारा दिलाती है।
- मानसिक शांति मिलती है।
- सामान्य रूप से यह कई बीमारियों का क्षय करती है।

**सावधानी:** निम्न रक्तचाप वाले न करें।

## 14. मातंगिनी मुद्रा

कण्ठमग्नेजले स्थित्वा नासाभ्यां जलमाहरेत्।
मुखान्निर्गमयेत्पश्चात् पुनर्वक्त्रेण चाहरेत्।
नासाभ्यां रेचयेत, पश्चात कुर्यादेवं पुनः पुनः।
मातङ्गिनी परा मुद्रा जरामृत्यु विनाशनी।
विरले निर्जने देशे। स्थित्वा चैकाग्रमानसः ।
कुर्यान्मातङ्गिनी मुद्रां मातङ्ग इव जायते।
यत्र यत्र स्थितो योगी सुखमत्यन्तमश्नुते।
तस्मात सर्व प्रयत्नेन साधयेत् मुद्रिकांपराम्

(घे.सं 3/88-91)

**अर्थ:** गले तक जल में खड़े होकर नासिका द्वारा जल खींचकर मुख से जल को बाहर निकालना चाहिए और फिर मुख से जल भरकर नासिका के द्वारा निकालें। पुनः नासिका से

जल खींचे और मुँह द्वारा बाहर निकालें। यह क्रिया बार-बार करें। यह मातंगिनी नाम की मुद्रा है।

**लाभ:**
- इसके सिद्ध होने से जरा-मरण का भय नहीं होता।
- इसकी सिद्ध करें तो हाथी के समान शक्तिमान बन सकते हैं।
- इस मुद्रा को करने से सब प्रकार के सुख मिलते हैं।

## 15. भुजंगिनी मुद्रा

वक्त्रं किञ्चित्सुप्रसार्य चानिलं गलया पिवेत।
सा भवेद्भुजङ्गी मुद्रा जरामृत्युविनाशिनी।
यावच्च उदरे रोगमजीर्णादि विशेषत: ।
तत्सर्वनाश्येदाशु यत्र मुद्रा भुङ्गीनी।

(घे.सं 3/92-93)

**अर्थ:** मुख को फैलाकर, खोलकर गले से वायु का पान करें एवं गले में पवन का धक्का ज़ोर से लगे। इसको भुजंगिनी मुद्रा कहते हैं। सिद्धासन, पद्मासन, या वज्रासन में बैठकर उपरोक्त विधि को करना चाहिए।

**लाभ:**
- बुढ़ापा और मृत्यु का नाश करती है।
- उदर-रोग सम्बंधी सभी विकारों का नाश होता है।
- अजीर्ण रोग दूर होता है। पाचन-संस्थान मज़बूत होता है।
- कंठ-रोग दूर होता है।

## 16. योग मुद्रा

विधि : पद्मासन में शांतचित होकर आँख बंद करके बैठें। प्रारंभिक अवस्था में दोनों हाथों को पीठ के पीछे ले जाएँ एवं दोनों हाथों की हथेली से (इस प्रकार दाहिने हाथ में दाहिने पैर का पंजा तथा बाएं हाथ से बाएं पैर का पंजा पकड़ने में आएगा।) पैरों के अंगूठी को दोनों हाथों के पंजी से पकड़े (इस प्रकार दाहिने हाथ से दाहिने पैर का अगूंठा एवं बायें हाथ से बाँये पैर का अंगूठा पकड़ने में आयेगा) अब श्वास छोड़ते हुए सिर को सामने ज़मीन पर धीरे-धीरे झुकाएँ। माथा ज़मीन से स्पर्श कराएँ। 10 से 15 सेकण्ड तक उसी स्थिति में रहते हुए श्वास-प्रश्वास करते रहें। श्वास लेते हुए मूल स्थिति में लौटें।
दिशाः आध्यात्मिक कारणों से पूर्व या उत्तर दिशा करें।
ध्यान: समस्त चक्रों को जागृत करने के लिए उपयुक्त। मूलाधार एवं आज्ञाचक्र पर विशेष।

लाभ:
- पाचन-संस्थान की तीव्र करता है।
- कोष्ठबद्धता दूर करता है।
- आध्यात्मिकता में लाभ पहुँचाता है।
- मेरुदण्ड को पूर्ण लाभ मिलता है।
- चेहरे में निखार लाता है नेत्रज्योति तीव्र होती है।

टिप्पणी: पूर्ण आसन के लिए यथासंभव धीरे-धीरे प्रयास करें। यदि कठिनाई महसूस हो तो हाथों को पीठ पर रखकर आपस में बाँध लें।
नोट: अधिक जानकारी के लिए योग मुद्रासन भी देखें।

**17. ब्रह्म मुद्रा**

**आकृति:** ब्रह्मा के चार मुख के समान।

**विधि:** किसी भी ध्यानात्मक आसन (पद्मासन, सुखासन) में बैठे। मेरुदण्ड व धड़ को सीधा कर आँखों को बंद कर लें। हाथ को ज्ञान या चिन मुद्रा में घुटने पर रखें। शांत मनोभाव से इस मुद्रा का अभ्यास करने के लिए सिर सामने स्थिर करें। फिर सिर को धीरे-धीरे दाहिनी ओर घुमाएँ इतना धीरे-धीरे कि वह ढाई मिनट में कंधे की सीध में आ जाए।

समय की गणना करने के लिए गिनती या साँसों की संख्या का सहारा लें। लगभग चौथाई मिनट (15 सेकण्ड) स्थिर रहने के बाद सिर को वापस बाईं ओर घुमाना प्रारंभ करें तथा पाँच मिनट में बाएँ कंधे की सीध में पहुँचा दें। लगभग चौथाई मिनट (15 सेकण्ड) स्थिर रहने के बाद सिर को वापस दाहिनी ओर घुमाना प्रारंभ करें तथा ढाई मिनट में प्रारंभिक स्थिति में पहुँचे। लगभग चौथाई मिनट(15 सेकण्ड) स्थिर रहने के बाद सिर को ऊपर की ओर ले जाना प्रारंभ करें। ढाई मिनट तक ऊपर उठाते हुए सिर को अधिकतम पीछे ले जाएँ। लगभग चौथाई मिनट (15 सेकण्ड) स्थिर रहने के बाद सिर को वापस सामने लाते हुए नीचे की ओर पाँच मिनट में लाएँ। चौथाई मिनट (15 सेकण्ड) स्थिर रहने के बाद सिर को वापस प्रारंभिक स्थिति में ढाई मिनट में ले आएँ। चारों दिशाओं में सिर की गति में 21 मिनट व्यतीत होने चाहिए। यह ब्रह्म मुद्रा का एक चक्र माना जाता है। श्वास की गति सामान्य से कम रहेगी।

लाभ:
- बारी-बारी से गले की नसों को तानने व ढीला करने से उनमें शक्ति व लचीलापन आता है।
- क्रेनियल नर्व्स जो गर्दन से गुज़रती हैं, की अच्छी मालिश हो जाने से मस्तिष्क से विभिन्न अंगों जैसे आँख, कान, नाक, जिव्हा इत्यादि स्वस्थ होते हैं।
- टॉन्सिल्स की अनचाही बढ़त, जलन व सूजन समाप्त होती है।
- मन को शांत, स्थिर व अंतःकेंद्रित करने में सहायक है। जिससे ध्यान के उच्च प्रयोग किए जा सकते हैं।
- विशुद्धि, आज्ञा व सहस्त्रार चक्र पर प्रभाव डालता है।

## मुद्रा : उपसंहार एवं समस्त लाभ

- मुद्राओं का अभ्यास सभी इच्छाओं की पूर्ति करता है। बुढ़ापे और मृत्यु को दूर रखता है।
- परम गोपनीय और देव-दुर्लभ है। दुष्ट, नास्तिक तथा अयोग्य व्यक्ति को नहीं बताना चाहिए।
- सच्चे भक्त, उच्च चिंतनशील एवं शांतचित्त वाले को यह ज्ञान देना चाहिए।
- सर्व व्याधि का नाशक है। नित्य अभ्यास से शील की रक्षा होती है
- जठराग्नि तीव्र होती है।
- बुढ़ापे और मृत्यु पर विजय कर लेता है। उसे अग्नि, जल और वायु का भय नहीं रहता।
- कास, श्वास, प्लीहा, कुष्ठ, श्लेष्मा आदि बीस प्रकार के रोग दूर होते हैं।
- रक्त शोधक है।
- वात, पित्त व कफ़ का शमन होता है।

नए स्वर्ग की रचना करनी हो तो<br>
योग-विद्याओं को अपनाओ।<br>
**-RJT**

अष्टांग योग हमारे रोग और अज्ञान का नाश कर
वर्तमान और भविष्य दोनों का चहुँमुखी विकास
कर दिव्यता प्रदान करता है।

**-RJT**

योग प्रदर्श्न का नहीं
स्वतः लाभ का विज्ञान है।

**-RJT**

# हस्तमुद्रा विज्ञान

हमारा शरीर अनंत रहस्यों का भण्डार है। अभी हमें जो विद्याएँ ज्ञात हैं वे उन कैवल्य ज्ञानी परमात्माओं द्वारा प्रदत्त ज्ञान का एक प्रतिशत भी नहीं हैं। यदि हमें उन्हीं एक प्रतिशत का कुछ भाग ज्ञात हो जाए तो हम ज्ञानमद से चूर हो जाते हैं और कई बार हमें ज्ञान का अपच हो जाता है। इन्हीं अपचों को दूर करने के लिए हमें पौराणिक काल से महर्षियों ने कई सिद्धांत प्रतिपादित किए, कई प्रकार की वैज्ञानिक कलाएँ सिखाई। वे प्राचीन वैज्ञानिक कलाएँ आज कई रूप में विद्यमान हैं। उन्हीं में से एक है हस्तमुद्रा विज्ञान। हम इन मुद्राओं के द्वारा शरीर से बाहर जाने वाली शक्तियों को अपने अंदर वापस आत्मसात् कर उन्हें एकत्रित कर उसका बहुआयामी लाभ उठा सकते हैं। वैसे भी हमारा शरीर प्रकृति के पाँच तत्वों से मिलकर बना है। कदाचित् कोई तत्व कम या ज़्यादा होता है तो हमारा शरीर कई प्रकार के रोगों से ग्रसित हो जाता है। उन्हीं तत्वों को नियंत्रित करने के लिए हस्त-मुद्राओं का उपयोग करना सिखाया जाता रहा है। इनके अलावा हमारे शरीर में प्रतीत होने वाली कई अनजान घटनाओं को भी इन्हीं हस्तमुद्राओं का अवलंबन लेकर हम शारीरिक, मानसिक तथा सूक्ष्म शक्तियों का लाभ उठाकर आत्मउत्थान कर सकते हैं।

हमारे हाथ की पाँचों अँगुलियाँ हमें पाँच तत्वों की तरफ़ इंगित करती हैं। अँगूठा - अग्नि तत्व को, तर्जनी अँगुली- वायु तत्व को, मध्यमा (बीच की अँगुली)- आकाश तत्व को, अनामिका – पृथ्वी तत्व को और कनिष्ठा अँगुली - जल तत्व को इंगित करती है। इन्हीं पाँचों अँगुलियों से हमारे शरीर में आई किसी प्रकृतिस्थ विकृति को मुद्राओं के द्वारा इन तत्वों को सम कर हम स्वास्थ्य को प्राप्त कर सकते हैं।



किसी भी अँगुली के अग्र भाग को यदि अँगूठे से मिलाते हैं तो उस अँगुली से सम्बंधित तत्व में आधी विकृति सम हो जाती है। यदि अँगूठे को किसी भी अँगुली के मूल भाग से

मिला दें तो उस अँगुली से सम्बंधित तत्व बढ़ने लगते हैं। यदि किसी अँगुली के अग्रभाग को अंगुष्ठ के प्रथम पोर की गद्दी से दबाते हैं तो उससे सम्बंधित तत्व घटने लगते हैं।

इस प्रकार हम कई बीमारियों को, चाहे वह शारीरिक हो या मानसिक, इन मुद्राओं का प्रयोग करके अहिंसात्मक लाभ उठा सकते हैं। अत: हम उन कई मुद्राओं में से प्रमुख मुद्राओं का वर्णन करते हैं।

## 1. ज्ञान मुद्रा

यह मुद्रा बहुत ज़्यादा प्रचलित है। दिखने में साधारण और प्रभाव में अत्यधिक लाभ देने वाली है।

पद्मासन, अर्ध पद्मासन, सिद्धासन या सुखासन जैसे किसी भी आसन में बैठ जाएँ एवं हाथों को घुटनों पर रखकर तजनी अँगुली के अग्रभाग को अँगुष्ठ के अग्रभाग से स्पर्श कराएँ। बाक़ी अँगुली खुली हुई लंबवत् ही रहेंगी। यदि हथेली का मुख आकाश की तरफ़ करते हैं तो यह चिन मुद्रा कहलाती है और यदि ज़मीन की तरफ़ करते हैं तो वह ज्ञान मुद्रा कहलाती है। (आजकल कुछ लोग चलते-फिरते, उठते-बैठते टी.वी. वगैरह देखते हुए भी ज्ञान मुद्रा को बनाकर रखते हैं।)

साधक को जब भी समय मिले यह मुद्रा अवश्य लगानी चाहिए। इस मुद्रा के लगातार अभ्यास करने से कई मानसिक बीमारियाँ भी ठीक होती देखी गई हैं। कई शारीरिक बीमारियाँ जैसे नींद न आना, उन्माद, मिर्गी, पागलपन, चिड़चिड़ापन, आवेश, क्रोध, स्मरण शक्ति क्षीण होना आदि में भी लाभदायक है।

कुछ साधक ज्ञान मुद्रा लगाकर ध्यान की अवस्था में बैठकर तीसरे नेत्र (आज्ञा चक्र) का विकास करते हैं। इस प्रकार हम मुद्रा को निरंतर अभ्यास में लाकर कई प्रकार के लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## 2. वायु मुद्रा

शरीर में यदि वायु की अधिकता हो जाए तो कई प्रकार की बीमारियाँ हो जाती हैं। जैसे - हाथ-पैरों का कांपना, लकवा, गठिया, सिर दर्द, हृदय-विकार आदि कई प्रकार के वायु दोष इस वायु मुद्रा द्वारा दूर किए जा सकते हैं।

चित्रानुसार तजनी अँगुली को मोड़कर अँगूठे की जड़ पर रखें एवं अँगूठे को तर्जनी अँगुली के ऊपर हल्का दबाव रखते हुए रखें। शेष तीनों अँगुलियाँ लंबवत् रखें। यह मुद्रा वायु दोष को दूर कर शरीर में वायु को नियंत्रित करती है।

## 3. शुन्य मुद्रा (आकाशीय मुद्र)

इस शून्य मुद्रा द्वारा हमारे शरीर में उत्पन्न दोष जैसे - कर्ण रोग, कम सुनाई देना, कान का दर्द आदि दोष ठीक किये जा सकते हैं।

चित्रानुसार मध्यमा अँगुली को अँगूठे की जड़ पर रखकर उस पर अँगूठे का हल्का दबाव बनाते हुए रखें। शेष तीनों अँगुलियाँ खुली हुई रखें। इस दोष से सम्बंधित व्यक्ति जल्दी स्वस्थ होने के लिए अपने दोनों हाथों की मुद्रा का उपयोग कर लाभान्वित हो सकता है।

## 4. सूर्य मुद्रा

अनामिका अँगुली पृथ्वी तत्व का प्रतीकात्मक स्वरूप है। अनामिका अँगुली हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार सूर्य सम्बंधी प्रभाव को दर्शाती है। यह अँगुली सूर्य के समान शरीर के विद्युत प्रवाह को भी प्रवाहित करती है।

चित्रानुसार अनामिका अँगुली के अग्रभाग को यदि अँगुष्ठ के जड़ भाग से स्पर्श कराया जाए और अँगुष्ठ का उसके ऊपर हल्का सा दबाव डाला जाए तो यह सूर्य मुद्रा बनती है।

इस मुद्रा के प्रयोग से शरीर का मोटापा एवं भारीपन कम किया जा सकता है। इस अँगुली के द्वारा किसी के भी आज्ञाचक्र को स्पर्श कर उसे प्रभावित किया जा सकता है।

## 5. वरुण मुद्रा

यह मुद्रा जल तत्व का प्रतीक है। शरीर में जल तत्व की कमी होने के कारण शरीर में रक्त-विकार, रूखापन आदि कई बीमारियाँ जन्म ले लेती हैं। अत: विकार दूर करने के लिए वरुण मुद्रा का प्रयोग किया जाना चाहिए।

इस मुद्रा के लिए कनिष्ठा अँगुली के अग्रभाग को (चित्रानुसार) अँगुष्ठ के अग्रभाग से मिलाने पर इस मुद्रा का निर्माण होता है।

## सुरभि मुद्रा

यह यौगिक मुद्रा रहस्यमयी मानी गई है। लगभग सभी साधकों को यह मुद्रा अवश्य करनी चाहिए। यह शरीर में वात, पित्त, कफ़ के असंतुलन से उत्पन्न होने वाले दोष को अद्भुत तरीके से दूर करती है। इस मुद्रा के निरंतर अभ्यास करने से व्यक्ति तीव्र गति से आध्यात्मिक व शारीरिक लाभ उठा सकता है।

आचार्यों का कहना है कि इस मुद्रा का वर्णन अकथनीय है। यह अपने अंदर अनंत रहस्यों को समेटे हुए है।

चित्रानुसार एक हाथ की अनामिका को दूसरे हाथ की कनिष्ठा और दूसरे हाथ की कनिष्ठा को पहले हाथ की अनामिका से स्पर्श कराएँ। ऐसे ही मध्यमा अँगुली दूसरे हाथ की तजनी अँगुली से और पहले हाथ की तर्जनी अँगुली दूसरे हाथ की मध्यमा अँगुली से स्पर्श करेगी। दोनों अँगूठे खुले रहेंगे।

## 7. पृथ्वी मुद्रा

इस मुद्रा के द्वारा व्यक्ति अपने शरीर के सभी खनिज तत्वों को संतुलित कर सकता है। शरीर के वज़न को यथावत् रखता हुआ शरीर को कांतिवान बना सकता है।

चित्रानुसार अनामिका अँगुली के अग्रभाग को अँगुष्ठ के अग्रभाग से स्पर्श कराएँ तो यह पृथ्वी मुद्रा बनती है।

## 8. अपान मुद्रा (मृत संजीवनी मुद्र)

कहावत है कि पेट नरम और रक्त गरम होना चाहिए। यदि आपको क़ब्ज़ है, मल-मूत्र पेट में सड़ रहा है तो आपको कई प्रकार की बीमारियाँ हो सकती हैं। यदि अपान मुद्रा का प्रयोग करें तो शरीर में वायु का प्रकोप नहीं रहेगा, शरीर सुंदर और निर्मल भी बनाया जा सकता है।

इस मुद्रा के प्रतिदिन अभ्यास करने से अपान वायु नियंत्रित होकर सम हो जाती है और इस वायु के निमित से होने वाले सभी कार्य ठीक से होने लगते हैं। दूषित वायु एवं मलावरोध इस मुद्रा के द्वारा सुचारु रूप से होने लगते हैं।

चित्रानुसार इस मुद्रा को बनाएँ और इस मुद्रा का प्रयोग कम से कम 15 मिनट से 45 मिनट तक करें। अधिक लाभ के लिए अपान वायु मुद्रा के साथ प्राण मुद्रा का भी प्रयोग करें।

## 9. प्राण मुद्रा

यह मुद्रा वास्तव में प्राणदायिनी है क्योंकि इस मुद्रा के अभ्यास से सारे शरीर में एक प्रकार की ऊर्जा का संचार होने लगता है। कमज़ोर से कमज़ोर व्यक्ति भी इस मुद्रा के द्वारा शरीर में होने वाले विटामिन्स/प्रोटीन की कमियों को दूर कर स्वास्थ्य लाभ ले सकता है। नेत्र-विकार दूर कर सकता है जिस कारण चश्मे के नंबर कम हो जाते हैं या बिल्कुल हट जाते हैं। प्राणोपासना में प्राण मुद्रा शरीर के सभी संस्थानों को सुचारू रूप से कार्य करने में

सहायता करती है। चित्रानुसार कनिष्ठा और अनामिका अँगुली के अग्रभाग से अँगुष्ठ के अग्रभाग को मिलाकर साधकगण इसका लाभ उठा सकते हैं।

## **10.** लिंग मुद्रा

इस मुद्रा का प्रयोग शरीर की गर्मी बढ़ाने के लिए किया जाता है। सर्दियों में इसका प्रयोग कर कई प्रकार से शरीर सुरक्षित किया जा सकता है। इस मुद्रा का प्रयोग करके पुराने से पुराना नज़ला (जुकाम) नष्ट किया जा सकता है।

चित्रानुसार हाथों की समान अँगुलियों को फंसाकर अँगुष्ठ को ऊपर आकाश की तरफ़ तान दें। इस मुद्रा को लगाने से कुछ ही देर में 'सर्दी में भी गर्मी का एहसास' होता है।

अंत में हम इतना कहेंगे कि सभी मुद्राओं में एक बात की समानता है, वह है धैर्य, लगातार अभ्यास और विश्वास। इनके बिना कुछ भी करना बेकार है। अत: उपरोक्त बातों का ध्यान रखकर ही सम्पूर्ण लाभ उठाया जा सकता है।

हस्तमुद्राएँ साधक के भीतर की नकारात्मकता को दूर कर सकारात्मकता का प्रवेश कराती हैं।

-RJT

# बंध : प्रकार एवं लाभ

**एक विवेचना :** बंध का शाब्दिक अर्थ बंधन अर्थात् एक को दूसरे से मिलाना, बाँधना, कसना, नियंत्रण इत्यादि।

इस शब्द का प्रयोग इसलिए किया गया है कि इसमें शरीर के कुछ विशेष अवयवों या आंतरिक अंगों को प्राणवायु द्वारा कसकर बाँध लिया जाता है। ये बंध शक्ति को अंतरोन्मुख करते हैं तथा प्राणायाम में सहायक होते हैं। साधक के शरीर में जब प्राणायाम द्वारा ऊर्जा प्रवाहित होती है तब साधक इन बंधों का उपयोग कर शक्ति को बहिर्मुख होने से बचा लेता है। प्राणायाम द्वारा उत्पन्न शक्ति को ये बंध आतरिक अंगों में वितरण करने में सहायता करते हैं। इनका अभ्यास कुण्डली जगाने में भी किया जाता है। बंध का कार्य आंतरिक अंगों की गंदगी को दूर करके अधिक स्वच्छ एवं प्रासुक बनाना है। बंध को लगाने से शरीर के अवयव पुष्ट होते हैं। एक प्रकार की मालिश हो जाती है। बंध शरीर की नाड़ी-विशेष को प्रोत्साहित एवं उन्हें सुचारु कर रक्तादि के मल को शुद्ध करते हैं। इनको करने से वे सभी ग्रंथियाँ खुल जाती हैं जो हमारे शरीर में स्थित चक्रों में प्राण के प्रवाह को रोकती हैं। इस दौरान सुषुम्ना नाड़ी द्वारा ऊर्जा के प्रवाह को दिशा मिलती है, उच्च अभ्यासी समाधि की दशा में यह अनुभव प्राप्त करते हैं। बंध एवं मुद्रा के प्रयोग से प्राणायाम में विशेष लाभ मिलता है। चूँकि कुंभक (अंतकुंभक या बहिकुंभक) एवं बंध प्राणायाम के लिए आवश्यक हैं। अत: कुंभक लगाने की क्षमता बढ़ाना चाहिए।

यहाँ हम मुख्य रूप से पाँच प्रकार के बंध का उल्लेख करेंगे।

## मूल बंध

पार्ष्णिना वामपादस्य योनिमाकुञ्चयेत्ततः।
नाभिग्रन्थि मेरुदण्डे सुधीः संपीड्य यत्नतः।
मेढ्रं दक्षिणगुल्फेन दृढबन्ध समाचरेत्।
जराविनाशिनी मुद्रा मूलबन्धो निगद्यते।
संसारसागरं तर्तुमभिलषति यः पुमान॥
सुगुप्तो विरलो भूत्वा मुद्रामेता समभ्यसेत्।
अभ्यासाद्वन्धनस्यास्य मरुत्सिद्धिर्भवेदध्रुवम्।
साधयेद्यतस्तर्हि मौनी तु विजितालसः।।

(घे.सं.3/6-9)

**अर्थ :** मूल का अर्थ जड़, आरंभ, आधार, बुनियाद या धरातल होता है। योग विषय में मूलबंध का सम्बंध मूलाधार चक्र से है, जो कि गुदा और जननेन्द्रिय के बीच स्थित होता है।

**विधि :** पद्मासन या सिद्धासन में बैठ जाइए। हथेलियों को घुटनों पर रखिए तथा ध्यान की अवस्था में बैठ जाइए। मेरुदण्ड सीधा, नेत्र बंद, शरीर की अवस्था शिथिल और एकाग्रता मूलाधार चक्र पर।

श्वास अंदर लीजिए, अंतकुंभक लगाइए। इसी के साथ जालंधर बंध लगाइए। अब गुदा भाग और जननेन्द्रिय भाग को ऊपर की ओर आकुचन क्रिया करते हुए उन्हें ऊपर की तरफ़ खींचिए (आपने गाय आदि जानवर को मल त्यागने के पश्चात् देखा होगा कि वह किस प्रकार गुदा को अंदर की तरफ़ खींचते हैं) वैसे ही हमको भी अपने मूलाधार चक्र प्रदेश को खींचना है। यही मूलबंध की अंतिम अवस्था है। क्षमतानुसार रुकिए। अधोभाग ढीला कीजिए व सिर ऊपर उठाइए एवं श्वास छोड़िए। यह अभ्यास बहिकुंभक की अवस्थिति में भी कर सकते हैं। 5 से 10 बार अनुकूलतानुसार कीजिए।

**नोट** आसन लगाते समय ध्यान रहे कि एड़ी का दबाव गुदा भाग में पड़े।

**विशेष :** गलत अभ्यास के कारण शारीरिक दौर्बल्य और पौरुष का अभाव होने की आशंका रहेगी। अश्विनी मुद्रा के अभ्यास से साधक को मूलबंध पर अधिकार जल्दी होता है।

**लाभ :**

- कुण्डली जागरण की क्रिया में सहायक।
- ऊर्जा शक्ति को ऊध्र्वमुखी बनाता है। फलस्वरूप चेहरे के कांति, तेज, बल तथा वीर्य की वृद्धि होकर वृद्ध भी युवा के समान दिखाई देता है एवं उसी के समान कार्य करने की क्षमता प्राप्त कर लेता है।
- जननेन्द्रिय के विकार दूर होते हैं।
- मूलबंध के निरंतर अभ्यास से प्राण, अपान एवं नाद और बिंदु एक होकर योग

सिद्धि एवं परमात्मा की प्राप्ति होती है।

- जालंधर बंध के सभी लाभ भी प्राप्त होते हैं।
- ब्रह्मचर्य साधने में सहायक।
- गुदा संबंधी विकार दूर होते हैं जैसे अर्श, गुदा का बाहर निकलना आदि ।

जीवन से कभी निराश, हताश, उदास नहीं होना चाहिए सुख और अनंत शक्ति को धारण करती हुई आत्मा रूपी ऊर्जा विद्यमान है। अत: उसको पहचानें और जीवन को रूपांतरित करें। -

-RJT

## उडिडयान बंध

उदरे पश्चिमं तानं नाभिरूर्ध्व तुकारयेत्।
उड़ीयानं कुरुते यस्मादविश्रान्तं महाखगः।
उड़ीयानं त्वसौ बन्धो मृत्युमातंगकेसरी।
समग्राद बन्धनाद्धयेतदुड़ीयानं विशिष्यते।
उड़ीयाने समभ्यस्ते मुक्तिः स्वाभाविकी भवेत्।

(धे सं3/12-13)

**अर्थ :** उड़ियान का अर्थ ऊँचा उड़ना होता है। इस क्रिया में ऊर्जा अधोभाग से उठकर ऊर्ध्वभाग तक प्रवाहित होती है या जब शक्ति ऊर्ध्वमुखी होकर सुषुम्ना में प्रवेश करे, उसे उड़ियान बंध कहते हैं।

**विधि :** सावधान की स्थिति में खड़े हो जाइए। अब दोनों पैरों के बीच लगभग 1 या डेढ़ फिट का अंतर रखिए। घुटनों को थोड़ा सा मोड़ते हुए आगे की ओर झुकें और हाथों को घुटने के पास जाँघों पर रखें। दीर्घ रेचक कीजिए एवं बहिकुम्भक लगाइए। जालंधर बंध में यथासंभव ठुड्डी नीचे करें। अब पूरे उदर स्थान (पेट) को मेरुदण्ड की ओर पीछे (भीतर) खींचे। यही उड़ियान बंध की अंतिम अवस्था है। अनुकूलतानुसार अभ्यास करें। अब क्रमश: उदर को अपनी सामान्य स्थिति में लाएँ और जालंधर बंध को शिथिल करें। पूरक करें एवं सामान्य होने पर यही क्रिया दोहराएँ। इसकी शक्तिचालन प्राणायाम भी कहते हैं।

**लाभ :** दतात्रेय योग के अनुसार इस बंध के अभ्यास से वृद्ध भी युवा हो जाता है। उड़ियान बंध सर्वोत्तम बंध है। हृदय क्षेत्र की मांसपेशियों की अच्छी मालिश होती है। उदर-प्रदेश के अंग कोमल होते हैं जिससे जठराग्नि तीव्र हो जाती है। इस बंध की उपमा शेर के समान की गई है जो कि मृत्युरूपी हाथी पर विजय पा लेता है। चेहरे की झुर्रियों को समाप्त कर तेज बढ़ाता है।

**विशेष :** 5 से 10 बार आवृत्ति करें। ख़ाली पेट करें।

**नोट :** इसका अभ्यास बैठकर (पद्मासन, सिब्द्रासन में) भी किया जाता है।

## जलधर बंध

कण्ठसंकोचनं कृत्वा चिबुक हृदये न्यसेत्।
जालन्धरेक्कृते बन्धे षोडशाधारबन्धनम्
जालन्धरमहामुद्रामृत्योश्च क्षयकारिणी।
सिव्दो जालन्धरो बन्धो योगिना सिद्धिदायकः।
षण्मासमभ्यसेद्यो हि स सिद्धो नात्र संशयः।।

(घे.सं.3/10-11)

**शाब्दिक अर्थ :** जाल का शाब्दिक अर्थ जाला, जाली।

**विधि :** पद्मासन, सिद्धासन, स्वास्तिकासन या भद्रासन में बैठे। पीठ, गर्दन तथा छाती को सीधा रखें। दोनों हाथों को घुटनों पर रखिए। लंबी श्वास लें (पूरक करें) और अंतकुंभक करें। सिर को सामने की तरफ़ झुकाइए। ठुड़ी को छाती के ऊध्र्वभाग (हसलियों के बीच) में दबाइए। परंतु छाती (सीना) को ऊँचा उठाएँ ताकि ठुड़ी का स्पर्श आसानी से हो सके। ग्रीवा भाग को न तो दबाएँ और न ही नीचे की तरफ़ धकेलें। गले की माँसपेशियाँ शिथिल रखें। ठुड़ी रखने का स्थान कठकूप एवं सिर एक सीध में रखें। अब जितनी देर सामान्य कुंभक कर सकें उतनी देर रुकिए। शरीर शिथिल कीजिए तथा सिर ऊपर की तरफ़ उठाइए व धीरे-धीरे श्वास छोड़िए। यह जालन्धर बंध कहलाता है। इस प्रकार यह आवृत्ति 5 से 10 बार करें।

**विशेष :** शास्त्रों में आया है कि सिर के ऊध्र्व भाग में स्थित सहस्त्रदल कमल से टपकने वाले अमृत स्त्राव को सभी प्राणियों की नाभि में स्थित अग्नि अंदर ही जलाती रहती है। अतः जालंधर बंध का अभ्यास कर साधक उस अमृत का पान कर चिरंजीवी बनें।

**प्रभाव :** यह इड़ा और पिंगला नाड़ियों को भी दबाता है और सुषुम्ना (सरस्वती नाड़ी) द्वारा प्राण प्रवाहित करता है।

**लाभ :** मस्तिष्क को आराम मिलता है, अहंकार का नाश तथा बुद्रि को निर्मल करता है। विशुद्धि चक्र को जगाता है। कण्ठ-दोष दूर कर वाणी को शुद्ध करता है। मानसिक अवसाद, चिंता, तनाव क्रोध, चिड़चिड़ापन को दूर करता है। मानसिक एकाग्रता बढ़ाता है एवं स्मरण शक्ति तेज़ करता है। सम्पूर्ण शरीर को निरोग रखता है।

**नोट ::** यह बंध खड़े होकर भी किया जा सकता है।

## महाबंध

वामपादस्व गुल्फेन पायुअ निरो धयेत्
दक्षपादेन तद्गुल्फ संपीक्यू यलत: सुधी: ।।
शनकैश्चालयेत्याष्णि योनिमाकुञ्जयेच्छनैः
जालन्धरे धरेजाण महाबन्धो निगद्यते ।।
महाबन्ध: परो बन्धो जरामरण नाशन: ।
प्रसादादस्य बन्धस्थ साधयेत्सर्ववाञ्छितम् ।

(घे.सं. 3/14-16)

**विधि :** ध्यान के किसी भी आसन में बैठे, परंतु मुख्यतः सिब्द्रयोगी आसन में ही बैठे। इसमें तीनों बंध एक साथ लगाने होते हैं। अब श्वास लें। पहले जालंधर बंध लगाएँ फिर उड़ियान बंध और मूल बंध लगाएँ। समस्त चक्रों पर क्रमशः मूलाधार से सहस्त्रार तक ध्यान लगाएँ। अनुकूलतानुसार उसी स्थिति में रहिए। अब क्रमश: मूलबंध, उड़ियान बंध

फिर जालंधर बंध खोलिए। धीरे-धीरे श्वास लें तथा मूल अवस्था में आने के बाद यही क्रम दोहराएँ। उपरोक्त तीनों बंधों का अभ्यास अच्छी तरह हो जाने के बाद ही यह बंध लगाएँ।

**लाभ :** 
- उपरोक्त तीन बंधों के सभी लाभ इस महाबंध से मिलते हैं।
- कुण्डली जागरण के लिए अद्‌भुत।
- बिंदु (वीय) बल की रक्षा हेतु।
- चित्त शिव-स्थिति में पहुँच जाता है। फलस्वरूप अनेक सिद्धियाँ स्वत: प्राप्त हो जाती हैं।
- गंगा, जमुना, सरस्वती के संगम की ही तरह तीनों नाड़ियों का संगम होता है।

## जिव्हा बंध

**विधि :** किसी भी ध्यानात्मक आसन (पद्मासन, सुखासन) में बैठे व मेरुदण्ड व धड़ को सीधा कर आँखों को बंद कर लें। शांत मनोभाव से इस बंध का अभ्यास करने के लिए मुख खोलकर जिव्हा को उलटकर तालू से लगाते हैं। इसके उच्च अभ्यास के अंतर्गत जिव्हा को कपाल गुहा में और उसके बाद गले में ले जाने का अभ्यास किया जाता है।

**लाभ :** 
- योग व तंत्र शास्त्रों में वर्णित खेचरी मुद्रा को साधने में प्रारंभिक अभ्यास के रूप में उपयोगी।

- ललना चक्र के जागरण में सहायक।
- स्वाद व काम इन्द्रिय पर विजय पाने में सहायक।
- प्रत्याहार में सहायक।

अन्तर्निहित शक्तियोको जागृत करना हो तो बंध का अभ्यास करें।

-RJT

सटाध्याय: परम तप:
भगवान महावीर स्वामी

समस्त योग विद्या की क्रियाएँ सिर्फ आत्मा से परमात्मा को ही मिलाने का कार्य नहीं करतीं बल्कि कर्मों के बंधन से छुड़ाने का कार्य भी करती हैं।

-RJT

शारीरिक, मानसिक, सांसारिक, अध्यात्मिक एवं पारलौकिक यात्रा को सुखद एवं आनंदमय बनाने के लिए अष्टांग योग के साथ आयुर्वेद एवं धार्मिकता को जीवन का आवश्यक अंग बनायें।

**-RJT**

# हठ योग - (षट्कम)

एक मात्र भारत ही ऐसा है जहाँ ऋषि-मुनियों ने आत्म तत्त्व की प्राप्ति के लिए अनेक प्रकार की विधियाँ बताई हैं। व्यक्ति अपने-अपने कमानुसार जन्म लेता है व मृत्यु को प्राप्त होता है। यही कारण है कि उसी कर्म के अधीन मनुष्य के भाव एवं विचारों में भिन्नता होती है। योगाचार्यों को यह दर्शन पूर्व से ही ज्ञात था। उनका मानना था कि यदि हम व्यक्ति को शिवात्मा का एक ही मार्ग बताएँगे तो शायद सभी को एक साथ समझ में नहीं आएगा। क्योंकि एक तो विचार नहीं मिलेंगें और दूसरा मनुष्य की शारीरिक अवस्थाएँ भी अलग-अलग होती हैं। दुनिया का कोई काम करना हो तो उसके लिए सबसे ज़्यादा ज़रूरी है 'अच्छा स्वास्थ्य।' इस सम्बंध में एक कहावत भी प्रचलित है, 'पहला सुख निरोगी काया।" यह पंक्ति बहुत सोच-समझकर लिखी गई है। यही कारण है कि उन परम उपकारी आत्माओं ने हमें योग दर्शन दिया जिससे हम शारीरिक रूप से स्वस्थ बनें और वही क्रियात्मक अभ्यास हमारे जीवन को सुंदर बनाने में सहयोग करें। अंततः हम उस निजात्म तत्व का दर्शन करें जिससे हमारा जन्म-मरण चक्र समाप्त हो जाए और हम कैवल्य को प्राप्त कर सकें।

इसी क्रम को उन्होंने यथावत् रखते हुए हमें योग की कई कलाएँ सिखाई। उसी कला में से एक कला का नाम है - मलशोधन षट्कर्म।

महर्षि घेरण्ड लिखते हैं कि –

षट्कर्मणा शोधनंच आसनेन भवेददूढम।<br>
मुद्रया स्थिरता चैव प्रत्याहारेण धीरता।

प्राणायामाल्लाघवं च ध्यानात्प्रत्यक्षमात्मनः।
समाधिना निर्लिप्तं च मुक्तिरेव न संशयः।।

(घे.सं. 1/10-11)

**अर्थ :** षट्कर्मों से शरीर की शुद्धि होती है। आसनों से शरीर में दृढ़ता आती है। मुद्राओं से स्थिरता आती है और प्रत्याहार से धीरता बढ़ती है। प्राणायाम से शरीर में स्फूर्ति और हल्कापन आता है। ध्यान द्वारा आत्मा प्रत्यक्ष होती है तथा निर्विकल्प समाधि के द्वारा बिना संशय के मुक्ति होती है।

हठयोग में षट्कर्म के बारे में लिखा है कि :-

मेदः शलेष्माधिकः पूर्व षट्कर्माणि समाचरेत्।
अन्यस्तु नाचरेत्तानि दोषाणां समभावतः।।
धोतिर्वस्तिस्तथा नेतिस्त्राटकं नौलिकं तथा।
कपालभातिश्चैतानि षट् कर्माणि प्रचक्षते।।
कर्मषटकमिदं गोप्यं घटशोधनकारकम।

विचित्रगुण संधायि पूज्यते योगिपुंगवैः।

(ह.यो.प्र.2/21-23)

**अर्थ :** आचार्य कहते हैं जिस पुरुष में मेद और श्लेष्मा आदि की अधिकता हो उसे पहले षट्कर्म करना चाहिए। अर्थात् जिनको कफ़ की अधिकता हो, जुकाम हो, (नाक-मुँह से कफ़ निकलता हो) स्थूलता आदि से पीड़ित हों, उन्हें शरीर शुद्धि हेतु मलशोधन षट्कर्म करने चाहिए। लेकिन जिनमें स्थूलता, श्लेष्मा आदि न हो उन्हें षट्कर्म की आवश्यकता नहीं होती है। मलशोधन षट्कर्मों के नाम निम्नलिखित हैं।

**1.** धोति
**2.** वस्ति
**3.** नेति
**4.** त्रोटक
**5.** नौलि
**6.** कपाल–भाति

विद्वान आचार्यों ने ये षट्कर्म योग मार्ग में बताए हैं। ये षट्कर्म गोपनीय तथा शरीर को शुद्ध करने वाले और विचित्र गुण को उपजाने वाले हैं। योगीजन इनकी प्रशंसा करते हुए कहते हैं कि यदि ये गुप्त न रखे जाएँ तो अन्य लोग भी इसको करेंगे जिससे योगीजनों की पूज्यता न रह सकेगी। योगियों को उत्कृष्ट बनाना ही षट्कर्म का उद्देश्य है।

एवं घेरण्डसंहिता में लिखा है कि :-

धोतिर्वस्तिस्तथा नेतिः लोलिकी त्राटको तथा।
कपालभातिश्चेतानि षट्कर्माणि समाचरेत।

(घे.सं. 1/2)

**अर्थ :** धौति, वस्ति, नेति, लौलिकी (नौली), त्राटक और कपाल–भाति इन षट् कर्मों को शरीर शुद्धि हेतु करें।

# घोनि

घेरण्ड संहिता में इसकी विस्तृत व्याख्या की गई है। धौति चार प्रकार की हैं

1. अंतधौति
2. दन्तधौति
3. हृद्धौति
4. मूलशोधन

## 1. अंतधोति

अंतधति का अर्थ शरीर के अंदर की शुद्धता (सफ़ाई) या आंतरिक प्रक्षालन। इसके लिए हम जल, वायु और वस्त्र का उपयोग करते हैं। अन्तधाँति भी चार प्रकार की हैं।

1. वातसार
2. वारिसार ।
3. अग्निसार
4. बहिष्कृत

## 1. वातसार धौति

दोनों होठों को कौए की चोंच के समान करके धीरे-धीरे वायु को पीएँ। पूर्ण रूप से वायु का पान कर लेने के पश्चात् पेट में उसका चालन-परिचालन करें और फिर धीरे-धीरे उस वायु को निकाल दें। यह वातसार धौति क्रिया है।

**लाभ :** इससे जठराग्नि प्रदीप्त होती है। उदर सम्बंधी रोग नष्ट होते हैं। शरीर की निर्मलता बढ़ती है।

## 2. वारिसार धौति (शंख–प्रक्षालन)

यह क्रिया कायाकल्प के नाम से भी जानी जाती है अत: यह महत्वपूर्ण क्रिया है। वारिसार धौति का पूणार्थ हुआ, 'जलतत्व से धोना।' इस क्रिया से साधक नव-यौवन प्राप्त कर लेता है। शरीर पूर्ण स्वस्थ होकर कांतिमान बन जाता है।
**विधि ::** मुख द्वारा धीरे-धीरे इतना जल पिएँ कि कण्ठ तक भर जाए। फिर उदर-प्रदेश का संचालन करके अधोभाग (गुदा) से निकाल दें। यह वारिसार धौति अत्यंत गुप्त और शरीर को निर्मल करने वाला है। यह क्रिया नित्यप्रति और सावधानी पूर्वक करने से साधक देव तुल्य शरीर प्राप्त करता है।
**व्याख्या :** इस विधि को करने के कई प्रकार प्रचलित हैं। चूँकि इस विधि से शरीर के अंदर उदर-प्रदेश पूर्णत: शुद्ध हो जाता है अतः इसे करने से पहले कुछ तैयारी कर लेनी चाहिए। जो साधक इसका पूर्ण लाभ प्राप्त करना चाहते हैं वे दो-तीन दिन पूर्व इसकी तैयारी कर लें।

हमारा मत है कि यह क्रिया अधिकतर साधकगण ही करते हैं, अत: उनका खान-पान वैसे भी सादा रहता है। तब भी हम दो-तीन दिन पहले से अपना खान-पान हल्का रखें तो और भी अच्छा है। मिर्च, मसाले, खटाई, तेल, भारी भोजन और पेट भर भोजन करना सर्वथा त्याग कर देना चाहिए। इससे शरीर शुद्धि करने में परेशानी नहीं होती। शंख-प्रक्षालन से पहले व बाद में ये चीज़ों लेनी चाहिए- मूंग की दाल, चावल की खिचड़ी, घी आदि भोजन सुपाच्य भी है और आरामदायक व हल्का भी है। जिस साधक ने अपने उदर-प्रदेश को महत्व दिया है वह हमेशा स्वस्थ रहता है। शंख-प्रक्षालन की क्रिया की विशेष महत्व इसलिए भी दिया जाता है क्योंकि वह हमारे आमाशय की शुद्धि करता है। आमाशय में भोजन के कण, न पचने वाले भोज्य पदार्थ और मल इत्यादि चिपक जाता है तथा सड़ने लगता है जिससे हमारे उदर-प्रदेश स्थित माँसपेशियाँ कमज़ोर हो जाती हैं और हमारे भोजन से वह पूर्ण रूप से उपयोगी तत्वों को ग्रहण नहीं कर पातीं। रक्त दूषित होने लगता है। वायु दोष उत्पन्न हो जाता है। नाड़ियाँ अशुद्ध हो जाती हैं जिसके कारण हम पूरी उम्र स्वस्थ नहीं रह पाते।

हमारी आँतें शंख की तरह घुमावदार होती हैं। जिस प्रकार शंख बजाने से पूर्व शंख में एक तरफ़ से पानी डाला जाता है एवं दूसरी तरफ़ से निकाल दिया जाता है, तो शंख क्रियाशील हो उठता है। उसी प्रकार मुख द्वार से जल पीकर मल-द्वार द्वारा विशेष विधि से निकाल दिया जाता है, जिससे शरीर योग साधना के लिए तैयार हो जाता है। यही क्रिया शंख प्रक्षालन के नाम से जानी जाती है।

# शख-प्रक्षालन

**विधि : प्रथम प्रकार** - आज कल कई योग केंद्रों में अपने-अपने तरीके से (साधक की परिस्थिति अनुसार) अभ्यास कराए जाते हैं। हम यहाँ अधिक प्रचलित क्रिया का वर्णन

करेंगे। एक बाल्टी में साफ़ छना हुआ पानी लें (कपड़े से छान लें ताकि कोई अशुचिता न रह जाए) उसे गरम करें और पानी को कुनकुना (पीने योग्य) कर लें। तत्पश्चात् उसमें साफ़ पिसा हुआ इतना नमक मिलाएँ कि पानी का स्वाद नमकीन हो जाए तब कागासन अर्थात कधे के बराबर की दूरी पैरों में स्थापित करके बैठे। प्रथम दो गिलास पानी जल्दी-जल्दी पी लें ताकि जल नीचे आँत तक चला जाए। अब गुरु निर्देशानुसार क्रमशः 1. तिर्यक भुजंगासन । 2. तिर्यक ताड़ासन 3. कटि चक्रासन एवं उदराकर्षणासन इन चार आसनों की आठ-आठ आवृत्तियाँ करें। फिर दो गिलास पानी पीजिए एवं उपरोक्त आसनों की पुनरावृत्ति कीजिए। फिर दो गिलास पानी पीजिए एवं आसनों को दोहराइए। शौच को जाएँ, यदि शौच नहीं आता है तो पुनः दो गिलास पानी पीजिए अब आपको शौच अवश्य आएगा। पहले ठोस रूप में आएगा फिर पतला मल निकलेगा। शौच जाने के बाद पुनः जल का सेवन करें एवं आसन की पुनरावृत्ति करें। अब आपको शौच एकदम पतला पानी जैसा पीलापन लिए हुए निकलेगा। फिर से जल का सेवन करें। आपको शौच बिलकुल पानी जैसा ही साफ़ निकलेगा। ज़रूरी नहीं है कि आपका पेट बिलकुल साफ़ हो जाए। हो सकता है आपको इसके लिए आसनों की कई बार पुनरावृत्ति करना पड़े। जब आपका शौच पूर्णतः पानी जैसा ही निकलने लगे तो समझिए कि आँतों में चिपका मल पूर्णतः निकल गया है और आपकी शंख-प्रक्षालन की क्रिया पूरी हो गई है। अब चार गिलास पानी पीकर कुंजर क्रिया करें। सारा जल वमन कर बाहर निकाल दें। इसके बाद जल नेति करें। फिर लगभग 1 घंटे बाद तैयार की हुई मूंग की खिचड़ी शुद्ध देशी घी के साथ खाएँ।

द्वितीय प्रकार - पहले शंख प्रक्षालन की तरह ही साफ़ छने हुए पानी को गरम कर उसे कुनकुना कर लें। अब इतना नमक मिलाएँ कि स्वाद नमकीन हो जाए। उसके बाद दो नींबू निचोड़ दें और अच्छी तरह से मिला लें।

अब दो गिलास कुनकुना जल पिएँ और निम्नलिखित पाँच आसान क्रमपूर्वक चार-चार बार करें। (1) भुजंगासन (2) द्वि-पाश्वासन (3) पवनमुक्तासन (4) विपरीतकरणी आसन (5) हस्तपादासन। जब तक शौच जाने की इच्छा न हो तब तक जल पीते रहें और उपरोक्त आसनों को दोहराते रहें। चार-छः गिलास पानी एवं आसनों को दो या तीन बार दोहराने से मल त्यागने की इच्छा अवश्य होगी। तब साधक को तुरंत शौच के लिए जाना चाहिए। हो सकता है मल कड़क जाए। उसके बाद फिर से दो गिलास जल का सेवन करें और आसनों का अभ्यास करें। शौच न आ रहा हो तो फिर से दो गिलास जल पिएँ और आसनों का अभ्यास करें। इस बार मल पतला निकलेगा।

यह क्रिया आपको तब तक करनी है जब तक मलद्वार से साफ़ पानी न निकलने लगे। जब साफ़ पानी निकलने लगे तो समझना चाहिए कि पाचनप्रणाली पूर्णत: मल रहित हो गई है। क्योंकि साफ़ पानी तभी निकलता है, जब आँतों में चिपकी अशुद्धि और मल पूर्णत: न निकल जाएँ। इसके पश्चात कुजर-क्रिया अवश्य करनी चाहिए। लगभग चार गिलास पानी पीएँ एवं कुंजर-क्रिया के द्वारा पेट में भरा हुआ पानी निकाल दें। और नेति क्रिया भी करें तो

अच्छा है।

**तृतीय प्रकार** - शंख प्रक्षालन में कहीं-कहीं पाँच प्रकार के आसन करवाए जाते हैं। उसमें जो आसन जोड़ा जाता है उसका नाम है ताड़ासन। उनके क्रम भी बदल जाते है। (1) ताड़ासन (2) तिर्यक ताड़ासन (3) कटि चक्रासन (4) तिर्यक भुजगासन (5) उदराकर्षणासन। बाकी विधि उपरोक्तानुसार ही है।

**नोट :** तीनों प्रकारों में आसनों के अभ्यास में ही अंतर है। बाक़ी अन्य क्रियाएँ पहले शंख प्रक्षालन की ही तरह हैं एवं लाभ भी एक जैसे हैं।

# लघु शंख प्रक्षालन

**विधि :** उपरोक्त शंखप्रक्षालन की ही तरह कुनकुना पानी नमक सहित तैयार कीजिए। चूँकि प्रात:काल का समय ही उचित रहता है अत: उसी समय कीजिए। दो गिलास (आधा लीटर) पानी पीजिए। पहली विधि में दिए आसनों की आठ-आठ आवृत्ति कीजिए। शौच जाने की इच्छा न हो तो दो गिलास पानी फिर पीजिए और आसनों को दोहराइए। यदि अभी भी शौच न आ रहा हो तो दो गिलास पानी पीजिए और आसनों की पुनरावृत्ति कीजिए। शौच अवश्य आएगा। अत: तुरंत मल का त्याग करें।

**विशेष :** चूँकि इस विधि में पूर्ण शंखप्रक्षालन की तरह जल का सेवन और आसनों को तब तक नहीं किया जाता जब तक आँतों की पूर्णतः शुद्धि हो जाए। अत: इस लघु प्रक्षालन में ज़्यादा सावधानी की ज़रूरत नहीं पड़ती।

**सावधानी :** शौच जाने के बाद कम से कम 1 घंटा कुछ नहीं खाना चाहिए और उच्च रक्तचाप व निम्न रक्तचाप एवं किसी कारण से उदर-प्रदेश के रोगों से पीड़ित हो तो व्यक्ति योग्य शिक्षक की देख-रेख में करें।

**नोट :** जिन व्यक्तियों को क़ब्ज़ बनी रहती है वे चाहें तो सप्ताह में दो बार यह क्रिया (लघु-शंखप्रक्षालन) कर लाभान्वित हो सकते हैं।

## शख प्रक्षालन की क्रिया में आसन कैसे काम करते हैं - एक वैज्ञानिक पद्धति

शंख प्रक्षालन की क्रिया धैर्य एवं सजगता के साथ की जाती है। मुख से जल ग्रहण कर मलद्वार से निष्कासित करने की यह एक वैज्ञानिक विधि है। जब हम कागासन में बैठकर

नमक मिला कुनकुना पानी पीते हैं, तो यह नमक मिले कुनकुना पानी से गला तथा आहार नली एवं अमाशय की सिंकाई व सफाई हो जाती है। जब प्रथम आसन तिर्यक भुजंगासन करते हैं तो यह अमाशय की धुलाई करता है। श्वास भरकर दाएँ-बाएँ मुड़ने से डायफ्रॉम का दबाव अमाशय पर पड़ता है तथा पाइलोरिक वाल्व को सम्पीड़ित करता है। जिससे अमाशय का जल छोटी आँत की तरफ़ तीव्रता से बढ़ता है तिर्यक ताड़ासन में पैरों को मिलाकर हाथों की अँगुलियों को आपस में गुम्फित कर उन्हें पकड़ते हुए श्वास भरकर दाएँ-बाएँ मुड़ते हैं। इससे पसलियों का दबाव छोटी आँत पर बगल से तथा डायफ्रॉम का दबाव ऊपरी तरफ़ से पड़ता है छोटी आँत का जल बड़ी आत में धकेल दिया जाता है। कटि चक्रासन में पैरों को लगभग एक फ़िट की दूरी पर स्थापित कर हाथों को सामने की ओर तथा ज़मीन के समानान्तर रखते हुए श्वास भरकर दाएँ-बाएँ कमर से जब मुड़ते हैं तब बड़ी आँत के ऊपर दबाब बढ़ता है और जल तथा मल मलाशय वाले भाग में चला जाता है। चूँकि मलाशय आहार नली का निचला हिस्सा होता है। अत: मलाशय वाले भाग पर दबाव उदराकर्षणासन से स्थापित किया जाता है। कागासन में बैठकर श्वास को भरकर हथेलियों को घुटनों पर रखते हुए बाएँ पैर के घुटने को दाहिने पैर के पंजे के पास लाते हैं एवं दाहिने पैर से पेट पर दबाव स्थापित करते हैं। यही क्रिया विपरीत पैर से भी करते हैं। उदराकर्षणासन मलाशय के ऊपर दबाव डालता है। जिससे मल एवं बाद में पानी बाहर निकलने लगता है। बार-बार उपरोक्त आसन करने से पहले कड़ा मल बाद में पतला मल एवं तत्पश्चात सिर्फ़ पानी ही निकलता है। यह क्रिया तब तक करते रहनी है जब तक साफ़ पानी न निकलने लगे। कभी-कभी शौच जाने की इच्छा होती है पर शौचालय में बैठने पर मल विसजन नहीं होता तब शौचालय में ही उदराकर्षणासन का अभ्यास कर लेना चाहिए।

कुञ्जल - शंख प्रक्षालन क्रिया के 15 मिनट पश्चात् बिना नमक के गर्म पानी पीकर कुञ्जल कर लेना चाहिए तथा जल नेति भी करना चाहिए एवं उचित होगा कि क्रिया के बाद स्नान न करें। बंद कमरे में विश्राम करें।

आहार - लगभग 1 घण्टा होने पर हरी मुंग की दाल तथा चावल से निर्मित पतली खिचड़ी जिसमें नमक, हल्दी आदि न डाला हो, का आहार लिया जाए। खिचड़ी में लगभग 50 ग्राम शुद्ध घी डाल लेना चाहिए क्योंकि जो बार-बार नमक पानी पीने से खुश्की उत्पन्न होती है, वह घी के कारण समाप्त हो जाती है तथा चिकनाहट आ जाती है।

आयुर्वेदिक योग - काली मिर्च, गुलवनफ्सा डोंडाचूर्ण, तुलसी पत्र, बड़ी लिया जाए और पानी के स्थान पर यदि उक्त काढ़े का प्रयोग किया जाए तो उत्तम है।

## शंख-प्रक्षालन (एक वैज्ञानिक कारण)

यदि हम अपने शरीर पर दृष्टि डालें और यह सोचें कि पूरे शरीर को कौन सा अंग विशेष

रूप से प्रभावित करता है ? ऐसा कौन सा अंग है जो कि हमारे इस पूरे शरीर को पोषकता प्रदान करता है? ऐसा कौन सा अंग है जिसके लिए व्यक्ति सुबह से शाम तक कमाता है तो उत्तर एक ही आएगा और वह है पेट (उदर)। आदमी इसी पेट के लिए सब कुछ करने को तैयार हो जाता है और इसी पेट की वजह से पूरा शरीर संचालित होता है।

अब चूँकि हमें मालूम है कि इसी पेट की वजह से हमारा शरीर, अस्वस्थ होता है तो क्यों हम इस पेट में ख़राब वस्तु डालें अर्थात् हम क्यों ऐसी खाद्य सामग्री का सेवन करें जो कि हमें आज नहीं तो कल नुक़सान पहुँचाएगी और जिसके कारण हमारे पूरे उदर-प्रदेश का प्रबंधन ख़राब होता है। जिसकी वजह से सैकड़ों प्रकार की बीमारियाँ उत्पन्न होती हैं। क़ब्ज़ होता है, इस कारण आँतों में मल चिपक कर सड़ता रहता है जिस कारण विषाक्त वायु पैदा होती है। रोगों को उत्पन्न करने वाले बीजाणु, कीटाणु बनने लगते हैं और यदि हम देखें तो बाहर से बीमारियों का हमला कम ही होता है। आदमी अपने अंदर ही सैकड़ों बीमारियों को जन्म देता है।

शंख प्रक्षालन की क्रिया से अंदर आँतों में मल नहीं चिपक पाता। मल नहीं चिपकता तो रोगाणु नहीं पनप पाते, दुर्गंधित वायु उत्पन्न नहीं हो पाती। आँतों के साफ़ होने से भूख ठीक ढंग से लगती है। पाचन-तंत्र हमारे आहार में से पूर्णत: विटामिन, प्रोटीन को खींच लेते हैं जिससे हमारे पूरे शरीर को उचित पोषण मिलता है। हमारा शरीर सुगठित होता है। हमारे शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है अत: बाहर के कीटाणु भी निष्क्रिय हो जाते हैं। हम पूर्णतः स्वस्थ हो जाते हैं। जिससे हमारा मस्तिष्क भी अच्छा कार्य करता है, स्मरण शक्ति तेज़ हो जाती है। आँखें निर्मल होती हैं। चेहरे पर तेज बढ़ जाता है। शरीर की वृद्धि उचित ढंग से होती है। रक्त विकार नहीं हो पाता। सुस्ती आदि आतरिक विकार उत्पन्न नहीं होते। वात, पित, कफ़ नहीं बन पाते अत: उनसे होने वाले रोग भी नहीं होते।

इस प्रकार हम देखें तो शंख प्रक्षालन की क्रिया पूर्णत: वैज्ञानिक है जिसके लाभ हमें साक्षात् दृष्टिगोचर होते हैं। अतः हमें अपने जीवन में शंख प्रक्षालन की क्रिया कम से कम एक-दो बार करके उसकी अनुभूति अवश्य करनी चाहिए। गुरुदेव योगाचार्य फूलचन्द योगीराज हमेशा षट्कर्मों पर विशेष महत्व देते हैं उनके द्वारा रचित कविता यहाँ प्रस्तुत है :

## कुन्जल/गजकरणी के लिए

बधु निशदिन शोधिय देह मलिन मलद्वार,
जिनसे बहता रहे अतिघृणित अपावन सार।
घृणित अपावन सार देह में व्याधि बढ़ावे,
मल सचय मान नित्य षट्कम करावे।
कहत 'योगीराज' स्वास्थ्य का मम यही है,
देह शुछद्र हो जाए वात कफ पित्त सही है।

## शंख-प्रक्षालन के लिए

देह ताप अनुसार ही पानी गर्म कराय,
खाली पट पिलाइय सधा नमक मिलाय।
सधा नमक मिलाय पच आसन करवाए,
आसन की उपरात पुन: शौचालय जावे।
कहत योगीराज अत गजकरणी करिए,
नति क्रिया कराय पेट का पानी हरिए/

लाभ: वायु घट गर्मी घटे चम रोग मिट जाए,

जठराग्नि की तज़ कर कफ़ को देय नशाय।
कफ को देय नशाय अजीरण शीघ्र पछार,
खासी रोग विनशाय नाड़ियाँ सभी सुधारे।
कहतो 'योगीराज" शक्ति कुजर सी लहियो,
कुजर क्रिया कराय सदैव निरोगी रहिए।
तन शुद्धि आलस हटै बवासीर मिट जाए,
चम रोग इत्यादि भी कभी न टिकन पाए।
कभी न fटिकनं पश्य भगन्दर व्यIfध नशIव,
तन पुरुषत्व बढ़ाय आज अरु आभा आव।
उचित रीति अपनाय शाख प्रक्षालन कीजै।

## शंख-प्रक्षालन के सम्पूर्ण लाभ

शंख-प्रक्षालन क्रिया से कई लाभ प्राप्त होते हैं, जो इस प्रकार है।

शंख प्रक्षालन ही मात्र एक ऐसी क्रिया है, जो मुँह से लेकर मलद्वार तक की सफ़ाई करती है।

पेट की कृमि एवं आँतों में पनपने वाले अमीवा को यह बाहर निकाल देता है और नूतन पाचक रसों को श्रावित कर पाचन सँस्थान का कायाकल्प कर देता है।

यदि उपरोक्त विधि व सावधानियों का पालन किया जाए तो मोटापे से पीड़ित व्यक्ति का वजन सप्ताह भर में 3 से 4 किलो तक कम हो जाता है और दुबले-पतले क्षीण काय व्यक्ति में नवीन ऊर्जा का संचार होता है।

उदर-विकार सम्बंधी समस्त बीमारियों का नाश होता है। चाहे वह क़ब्ज़ हो, वायु दोष हो, पित्त दोष हो या कफ़ दोष हो, इस प्रकार यह त्रिदोष नाशक है।

शरीर का कायाकल्प करके यौवन प्रदान करता है। चर्म रोग मिटाता है।

आज विकराल रूप ले चुका मधुमेह इस क्रिया से शनै: शनै नाश को प्राप्त होता है। आलसपन समाप्त होता है।

इस क्रिया के बाद व्यक्ति स्वयं को हल्का व पूर्ण स्वस्थ महसूस करता है साथ ही मानसिक रूप से भी पूर्ण स्वस्थ रहता है।

सिर दर्द (किसी भी प्रकार का) पूर्णत: ठीक हो जाता है।

अँखें सुंदर, बड़ी, आकर्षक एवं निरोग हो जाएँगी

चेहरा सुंदर, तेजवान व चमकदार हो जाता है।

रक्त दोष दूर होता है। मुँह से निकलने वाली दुर्गन्ध का नाश होता है।

शंख-प्रक्षालन की क्रिया के बाद आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बंध, ध्यान एवं कुण्डलिनी जागरण में विशेष लाभ मिलता है।

यह क्रिया शरीर के लिए अद्‌भुत एवं अमृत के समान है। पुरुषत्व शक्ति में वृद्धि होती है।

बावासीर एवं भगदर रोग में लाभ।

## शख-प्रक्षालन की सावधानियाँ

दूध एवं दूध से बनी सामग्री मिर्च मसाले खटाई तथा गरिष्ठ आहार का शंख प्रक्षालन के बाद एक हफ्ते तक प्रयोग वर्जित है।

शंख-प्रक्षालन के बाद कुंजल क्रिया एवं जल नेति ज़रूर करें ताकि आपके मुख से लेकर उदर-प्रदेश एवं नाक तक की सफ़ाई हो जाए।

शंख-प्रक्षालन के तुरंत बाद स्नान न करें/कम से कम उस दिन ठंडे जल से स्नान न करें। इस क्रिया के बाद आराम करें पर सोएं नहीं।

अति मेहनत का काम न करें।

एक हफ्ते तक हल्के व्यायाम करें। योगासन की जटिल क्रिया न करें।

निम्नरक्तचाप उच्च रक्तचाप एवं मानसिक रोग से पीड़ित व्यक्ति न करें।

तीव्र उदर-विकार से ग्रसित व्यक्ति न करें।

गर्भवती स्त्रियाँ न करें।

## 3. अग्निसार अन्तधौति

नाभिग्रन्थि मेरुपृष्ठेशतवारं च कारयेत।
अग्निसारमिद्य धौतियोगिना योगसिद्धिदा।
उदरामयजं त्वकत्वा जठराग्नि विवर्द्धयेत्।
एषा धौतिः परा गोप्या देवानामपि दुर्लभा ।
केवलं धौतिमात्रेण देवदेहं भवेद्रध्रुवम्।।

**(धे.सं. 1/19-20)**

**विधि :** अग्निसार धौति के लिए प्राणवायु को कुंभक करके नाभि को मेरुपृष्ठ भाग पर लगाएँ। इससे पेट के समस्त रोग नष्ट होते हैं। यह अग्निसार धौति कर्म अत्यंत गोपनीय और देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। यह क्रिया करने से मनुष्य का शरीर देवों के समान हो जाता है।

**भावार्थ :** किसी उपयुक्त आसन पर बैठ जाएँ। जिससे यह क्रिया करना आसान हो। जैसे वज्रासन, पद्मासन, सिद्धासन आदि। मेरुदण्ड सीधा रखें। लंबी व गहरी श्वास लें एवं मुँह से पूरे पेट की वायु को निकाल दें। अब बहिकुंभक करें ताकि नाभि मेरुदण्ड के अंदरूनी हिस्से को स्पर्श करें। इसी अवस्था में पेट को तीव्र गति से अंदर बाहर करना है। लगभग 10 से 15 बार अपनी क्षमतानुसार करें। तब धीरे-धीरे श्वास लें। यही क्रिया पुनः करें। इस क्रिया से उदर-प्रदेश का प्रसारण और संकुचन होता है। पेट के सभी अंगों का व्यायाम हो जाता है जिससे वह सुचारु रूप से काम करने लगते हैं व उनकी कार्यक्षमता बढ़ जाती है।

**विशेष :** ख़ाली पेट करें। उपरोक्त क्रिया 3-4 बार करें। गुरु के निर्देश में ही करें।

**सावधानी :** यह बात विशेष रूप से ध्यान देने वाली है कि हृदय रोगी/उच्च रक्तचाप/ उदर के जटिल रोग/ अस्थमा आदि रोगों में न करें।

**लाभ :** उदर-प्रदेश के सभी अंगों की मालिश हो जाती है। अत: सभी अंग सुचारु रूप से काम करते हैं और उनकी कार्यक्षमता बढ़ जाती है। जठराग्नि और पाचन-तंत्र शक्तिशाली होता है। उदर-विकार का नाश होता है अतः पूर्ण शरीर में स्वस्थता बनी रहती है। शरीर में ओज, तेज की वृद्धि हो जाती है। जिस कारण साधक देव सदृश प्रतीत होता है।

## 4. बहिष्कृत अंतधौति

काकीमुद्रां शोधयित्वा पूरयेदुदर मरुत।
धारयेदर्धयामं तु चालयेदधोवत्र्मना।
एषा धौतिः परा गोप्या न प्रकाशया कदाचना।

(घे.सं. 1/21)

**विधि :** दोनों होठों को कौवे की चोंच के समान करें। वायुपान करते हुए उदर को पूरा भर लें तथा उस वायु को डेढ़ घंटे तक उदर में रोकें। तत्पश्चात् परिचालन करके गुदामार्ग से बाहर निकाल दें यह परम गोपनीय बहिष्कृत् धौति है।

विशेष : यह क्रिया किसी योग्य गुरु के निर्देश में करें। यह एक कठिन प्रक्रिया है।

**लाभ :**
- सभी नाड़ियाँ शुद्ध होती हैं।
- शरीर युवा बना रहता है।
- शरीर में नई शक्ति का संचार होता है।
- वात-रोगों का शमन होता है।

## प्रक्षालन कर्म

नाभिमग्रजले स्थित्वा शक्तिनाड़ीं विसर्जयेत्।
कराभ्यांक्षालयेनाड़ीं यावन्मलविसर्जनम्।
तावत्प्रक्षाल्य नाड़ींच उदरे वेशयेत्पुनः।
इदं प्रक्षालनं गोप्यं देवानामपि दुर्लभम्॥
केवलं धौतिमात्रेण देवदेहो भवेद् ध्रुवम ।।
यामार्धं धारणाशावित यावन्न धारयेन्नरः ।
बहिष्कृत महद्धौतिस्तावच्चैव न जायते ।

(घे.सं. 1/22-24)

**अर्थ :** नाभिपर्यत जल में खड़े होकर शक्ति नाड़ी को बाहर निकालकर जब तक मल दूर न हो तब तक धोएँ या प्रक्षालित करें। जब साफ़ हो जाए तब उसको वापस अंदर कर दें। यह प्रक्षालन क्रिया बहुत ही कठिन है देवताओं को भी दुर्लभ है और इस प्रक्षालन धौतिकर्म मात्र से देवताओं के समान शरीर हो जाता है।

**विशेष :** यह धौति अत्यंत कठिन है। यह धौति उस गुरु के निर्देशन में करें जो स्वयं यह करने में समर्थ हो। पुस्तकों के आधार पर या किसी के कहने से नहीं करना चाहिए। यहाँ एक बात महत्वपूर्ण है कि 'यह देवताओं को भी दुर्लभ है" कहने का आशय है कि अच्छे-अच्छे ज्ञानी, विद्वान लोगों को भी यह ज्ञात नहीं है। दूसरा "देवताओं जैसा शरीर हो जाता है" अर्थात् शरीर का ओज, तेज, कांति व बल इतना अधिक हो जाता है कि वह शरीर देवताओं के समान प्रतीत होता है।

हम इतना कहेंगे कि उपरोक्त सभी धौति क्रमशः धैर्यपूर्वक अनुकूलतानुसार, योग्य

शिक्षक व स्वत: के क्रमश: अभ्यस्त होने पर ही करें।

## 2. दंत धौति

दन्तमूलं जिह्वामूलं रन्ध्रं च कर्णयुग्मयोः।
कपालरन्ध्रपञ्चैतेदन्तधौतिर्विधीयते।

(घे.सं. 1/25)

**अर्थ :** दंत धौति के पाँच प्रकार हैं –

1. दाँतों की जड़ों को धोना (दंत मूल)।
2. जीभ मूल को धोना। 3. दायाँ कान। 4. बायाँ कान
5. कपाल छिद्र का प्रक्षालन।

### 1. दंत मूल धौति

किसी अच्छे मंजन से दाँत माँजना चाहिए। योगियों को यह साधन दाँतों के कई रोगों से सुरक्षा के लिए प्रतिदिन अवश्य करना चाहिए।

### 2. जिव्हा शोधन धौति

जिव्हा शोधन द्वारा जीभ की लंबी करके जरा, मरण और कई रोग का नाश हेतु यह क्रिया करनी चाहिए।

तजनी मध्यमा और अनामिका इन तीनों अँगुलियों को मिलाकर मुँह में डालकर जीभ के मूल को साफ़, स्वच्छ करना चाहिए। शनै: शनै: करने से कफ़ दोष का नाश होता है। उपरांत जीभ में मक्खन लगा लें और दोहन करें (दूध दुहने जैसी क्रिया) ऐसा करने से जीभ की लंबाई बढ़ जाती है। जिव्हा शोधन धौति से कफ़ का नाश होता है। इससे सम्बंधित नाड़ियाँ शुद्ध होती हैं। जीभ हमेशा साफ़ और मुलायम बनी रहती है।

### 3. कर्ण धोति

यह दंत धौति का तीसरा प्रकार है। तजनी और अनामिका अँगुलियों से प्रतिदिन कर्ण-छिद्रों की सफ़ाई करें। प्रतिदिन करने से नाद की अनुभूति होती है। इससे कान की सफ़ाई हो जाती है। अंदर से निकलने वाला मल एवं बाहर से अंदर जाने वाला कचरा दोनों साफ़ हो जाते हैं। अत: कान के अंदर कीटाणु नहीं पनप पाते एवं कर्ण-रोग होने की संभावना कम हो जाती है।

## 4. कपालरंध्र धौति

सिर के बीच में जिसे हम कपाल रंध्र कहते हैं उसकी दाहिने हाथ से हल्के-हल्के पानी द्वारा थपकी देना चाहिए। ऐसा करने से कफ़ दोष का निवारण होता है। इससे सम्बंधित नाड़ियाँ निर्मल और शुद्ध होती हैं। साधक को दिव्य दृष्टि प्राप्त होती है। इसका अभ्यास प्रात:काल, भोजन उपरांत और संध्या के समय करना चाहिए।

# 3. हृद धौति

हृद्धौति त्रिविधांकुर्याद्दण्डवमनवाससा।

(घे.सं. 1/35)

अर्थ : हृदय धौति के तीन प्रकार है– दण्ड धौति, वमन धौति और बसन धौति (वस्त्र धौति) जो कि हृदय का शोधन करने वाली है।

## क. दण्ड धौति

विधि : केले के पौधे के बीच स्थित दण्ड अथवा हल्दी का दण्ड या चिकने बेंत का दण्ड गले द्वारा उस दण्ड को धीरे-धीरे प्रवेश कराएँ और पुनः उसे धीरे-धीरे निकालें। अर्थात् उस दण्ड को गले द्वारा अंदर-बाहर धीरे-धीरे करें यह दण्ड धौति कफ़, पित्त, तथा क्लेश (अकुलाहट) आदि विकारी मलों का शमन करती है। इससे हृदय के समस्त रोगों का नाश होता है।

विशेष:
- अधिकतर केले के पौधे से निकाले गए दण्ड का ही प्रयोग किया जाता है।
- किसी योग शिक्षक की देख-रेख में करें।

# ख. वमन धौति

भोजनान्ते पिबेद्वारि-चाकण्ठं पूरितं सुधीः
उध्वाँ द्रष्टि क्षण कृत्वा तज्जल वमयेत्पुन:।
नित्यमभ्यास योगेन कफपित्त निवारयेत्।

(घे.सं. 1/38-39)

**अर्थ :** साधक को भोजन के अन्त में गले तक पानी पीकर तत्पश्चात कुछ देर बाद ऊपर की ओर देखते हुए उसे वमन के द्वारा निकाल देना चाहिए। इस प्रयोग से कफ़ और पित्त का निवारण होता है।

इस वमन धौति के दो प्रकार हैं। पहले प्रकार के अभ्यास को खाली पेट किया जाता है।

जिसे कुञ्जल या गजकरणी कहते हैं। दूसरी विधि में साधक भोजन के पश्चात करता है, जिसे व्याघ्र क्रिया या बाघी क्रिया कहते हैं।

## 1. कुञ्जल क्रिया/गजकरणी क्रिया

**विधि :** लगभग दो लीटर जल कुनकुना लें। उसमें लगभग दो चाय के चम्मच के बराबर नमक डाल दें किसी ऐसी जगह का चयन कर लें, जहाँ पर आप आसानी से वमन क्रिया को कर सके। अब कम से कम छः गिलास पानी तुरंत जल्दी-जल्दी पी लें। आपको लगता है कि इससे भी अधिक पानी पी सकते हैं तो पीएँ (धीरे-धीरे या घूंट-घूंट करते हूए पानी न पीएँ) अब आपको वमन करने की इच्छा होगी सामने झुकें, और सिर एवं धड़ को लगभग ज़मीन के समानान्तर या कमर से ऊपर के धड़ को समकोण सा बना लें। मुँह खोले और अपने दाहिने हाथ की मध्यमा और तर्जनी अँगुली को अंदर डाले एवं जीभ के पिछले भाग का हल्के-हल्के अँगुलियों से रगड़े ऐसा करने से वमन होना शुरू हो जाएगा। अमाश्य का पूरा जल तेजी से बाहर निकल जाएगा। इस प्रकार अमाशय को बिल्कुल खाली करने के लिए दो-तीन बार अँगुलियों का सहारा लें। इस क्रिया द्वारा अमाशय साफ होने से निकलने वाला जल भी साफ निकलेगा।

## 2. व्याघ्र क्रिया या बाधी क्रिया

**विधि :** यह क्रिया उदर में बिना पचा हुआ भोजन या अपच हो जाने पर वमन धौति की इस क्रिया द्वारा निकाल दिया जाता है।

सामान्यतया भोजन के आधे घंटे बाद तैयार किया हुआ जल को लगभग 5-6 गिलास या जितना अधिक पेट में पानी आ सके, पीएँ। उपरोक्त पद्धति की तरह अमाशय में भरे हुए पानी और अपचे भोजन को वमन क्रिया द्वारा निकाल दें। यदि ऐसा लगता है कि अभी वमन क्रिया और की जा सकती है तो दोबारा पानी पीकर अमाशय के खराब जल को बाहर निकाल दें। इसके बाद जल नेति क्रिया कर लें।

## सावधानियाँ

O वमन क्रिया में बहुत अधिक जोर न लगाये एवं मन को इस क्रिया के लिए तैयार कर लें। ❍ पूर्णतः अमाशय खाली हो जाता है। अतः कम से कम 30 मिनिट तक कुछ न खाएँ। ❍ निम्नरक्त चाप, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मिर्गी, में योग गुरू से बात करें। लाभ : ❍ इन क्रियाओं से अल्सर और अति अम्लता वाले रोग नहीं होते। ❍ पित्त शान्त होता है। सिरदर्द, माइग्रेन (आधासीसी दर्द) में बहुत ज्यादा फ़ायदा होता है। ❍ सड़े हुए भोजन को

बाहर निकाल कर मुँह से आने वाली दुर्गन्ध समाप्त होती है। ❍ भारीपन, क़ब्ज़, मितली आदि से छुटकारा मिलता है। ❍ उदर प्रदेश के अवयवों को उद्दीप्त करती है जिससे पाचन सम्बन्धी विकार दूर होता है। ❍ गैस की समस्या से छुटकारा मिलता है। ❍ सर्दी-खाँसी में लाभ मिलता है। ❍ आँखों की रोशनी बढ़ती है।

## ग. वसन धौति (वस्त्र धौति)

इस क्रिया में चार अँगुल चौड़ा और पाँच हाथ लंबा महीन कपड़ा लेकर धीरे-धीरे निगल जाएँ। फिर धीरे-धीरे इस कपड़े को बाहर निकालें। यह वस्त्रधौति कहलाती है।.

**विधि :** लगभग 2 इंच चौड़ा कपड़ा और लगभग 8 फिट लंबा सूती (कॉटन) का महीन कपड़ा मुँह के द्वारा धीरे-धीरे निगलें। कपड़े का पहले वाला हिस्सा जब जठर तक अंदर पहुँच जाए तब धीरे-धीरे कपड़े को वापस निकाल लें। यह अभ्यास मौन रहते हुए प्रात: समय में खाली पेट करें। इसके अभ्यास से रोग और पित्त एवं कफ़ का नाश होता है। इस प्रयोग से शारीरिक बल, सुख व निरोगता दिनोदिन बढ़ती है।

## 4. मूल शोधन (गणेश क्रिया)

जब तक पेट साफ़ नहीं होता तब तक अपान वायु की क्रूरता बनी रहती है। गुदा से वायु कष्ट से निकलती है। अतः मूल शोधन अवश्य करना चाहिए।

इस क्रिया के लिए हल्दी की कोमल जड़ से या फिर अपने हाथ की मध्यमा अँगुली से गुदा द्वार साफ़ करना चाहिए। मध्यमा अँगुली को गीला करके धीरे-धीरे गुदा के अंदर प्रवेश कराएँ और अंदर अँगुली को धीरे-धीरे चलाएँ। अंदरूनी हिस्से की दीवार को अँगुल से साफ़ करें। ऐसा करने से अपान वायु द्वारा कष्ट नहीं होता है।

मूलशोधन क्रिया से गुदा में जमे कड़े मल का निष्कासन होता है और वायु द्वारा होने वाले रोगों में कमी आती है। अजीर्ण दूर होता है। जठराग्नि तेज़ होती है। शरीर की कांति बढ़ती है और देवों की जैसी पुष्टता प्राप्त होती है।

# वस्ति

जल वस्तिः शुष्कवस्तिर्वस्ति च द्विविधौ स्मृतौ ।

जल वस्तिं जले कुर्याच्छुष्कवस्तिं सदा क्षितौ।

(घे.सं.1/45)

वस्ति कर्म दो प्रकार का है - जल वस्ति और शुष्क वस्ति। जल वस्ति का अभ्यास जल में और शुष्क वस्ति का अभ्यास भूमि (सूखे) पर किया जाता है।

## जल वस्ति

नाभिमग्रजले पायुन्यस्तालोत्कटासनः।
आकुञ्ञनं प्रसारं च जल-वस्तिं समाचरेत्।
प्रमेहं च उदावर्तं क्रूरवायुं निवारयेत्।
भवेत् स्वच्छंद देहश्च कामदेवसमो भवेत्। **(घे.सं.1/46-47)**

**विधि :** नाभि पर्यन्त जल में बैठकर उत्कट आसन लगाएँ और गुदा-प्रदेश को सिकोड़ें और फैलाएँ (आकुंचन और प्रसारण), इसी को जल वस्ति कहा गया है।

इस अभ्यास के लिए किसी बड़े पात्र में या नदी, तालाब में नाभि तक जल में स्थित होना चाहिए और उत्कट आसन लगाएँ एवं गुदा द्वार का आकुंचन और प्रसारण करें, जैसे अश्व आदि जानवर मल त्याग के समय करते हैं। अधिक से अधिक गुदा द्वार को सिकोड़ें और फैलाएँ। ऐसा करने से पहले जल थोड़ी-थोड़ी मात्रा में अंदर जाता है फिर अभ्यास हो जाने पर जल की मात्रा बढ़ जाती है और आतों में चिपका मल जल को बाहर करते समय निकल जाता है। इससे आंतरिक अंगों की सफ़ाई हो जाती है। चूँकि गंदगी निकलती है अतः यह क्रिया बहते पानी में करें।

**लाभ :**

- प्रमेह का नाश होता है।
- उदर रोगों का शमन होता है।
- कुपित वायु को दूर करने में सहायक है।
- देह निर्मल होकर देवों के सदृश कांतिवान बनती है।

- नाड़ियाँ भी शुद्ध होती हैं।

## स्थल वस्ति

वस्ति पश्चिमोत्ततानतो चालयित्वा शनैरधः ।
अश्विनी मुद्रया पायुमाकुचयेतप्रसारयेत्।।
एवमभ्यासयोगेन कोष्ठदोषो न विद्यते।
विवर्द्धयेज्जठराग्निमाम्वातं विनाशयेत। (घे.सं. 1/48-49)

**विधि :** अश्विनी मुद्रा के द्वारा गुदा का संकुचन एवं प्रसारण करना चाहिए और पश्चिमोत्तानासन में बैंठकर नीचे के भाग में वस्ति का परिचालन करें। यह स्थल वस्ति कहलाती है। इसके अभ्यास से वात, पित्त व कफ़ का नाश होता है। जठराग्नि बढ़ जाती है। आमवात और कोष्ठ के दोष आदि रोगों का नाश होता है।

नेति क्रिया

वितस्तिमानं सूक्ष्म सूत्रं नासानाले प्रवेशयेत् ।
मुखानिर्गमयेत्पश्चात् प्रोच्यते नेतिकर्मकम् ।।
साधनान्नेति कार्यस्य खेचरी सिद्धिमाप्नुयात्।
कफ़दोषा विनश्यन्ति दिव्य दृष्टिः प्रजायते ।। (घे.सं. 50-51)

**विधि :** आधा हाथ लंबा डोरा नासिका छिद्र में डालकर उसका चालन करके मुख के द्वारा उसे बाहर निकालें, यह सूत्र नेति कर्म है।

**विशेष :** नेति पाँच प्रकार की होती है जल नेति, सूत्र नेति, दुग्ध नेति, घृत नेति एवं तेल नेति।

## जल नेति

**विधि :** इस अभ्यास के लिए एक ऐसा लोटा लेते हैं जिसमें से एक लंबी टोंटी निकली रहती है। उस लोटे में कुनकुने पानी को थोड़ा सा नमक के साथमिलाकर भर लें। सिर को दाहिनी तरफ़ थोड़ा सा झुकाते हुए लोटे की टोंटी को बाएँ नासिका द्वार के भीतर डालिए और जल को अंदर जाने दीजिए (मुँह को खोलकर रखें ताकि श्वास-प्रश्वास किया जा सके)। जल धीरे-धीरे बाएँ नासिका छिद्र के भीतर जाकर दाहिने नासिका छिद्र से बाहर निकल जाएगा। यदि जल नहीं निकल पा रहा हो तो सिर और लोटे का झुकाव ठीक करें। जल निकलने की क्रिया स्वाभाविक होती है। लगभग पूरे लोटे का जल बाईं तरफ़ से डालें। तत्पश्चात् तीव्र गति से श्वास बाहर करें जैसे भस्त्रिका प्राणायाम में करते हैं। इस प्रकार करने से नासिका छिद्र साफ़ हो जाएगा। अब यही क्रिया दाहिने नासिका छिद्र से करें। इस क्रिया के बाद नासिका-रंध्रों को स्वच्छ कर लीजिए।

## सूत्र नेति

**साधन :** इस अभ्यास के लिए लगभग एक फ़ीट लंबा सूत का महीन धागा लेते हैं।

आजकल साधक रबर की नली जिसे केथेटर कहते हैं, (यह मेडिकल स्टोर्स में आसानी से उपलब्ध है) इसका भी उपयोग कर सकते हैं।

**विधि :** महीन धागे के सिरे पर मोम लगाकर कड़ा कर लें और इसे धीरे-धीरे नासिका छिद्र में डालें। धागे का सिरा मुँह में आ जाता है। इसको हाथ से पकड़ लें और दोनों सिरों को आगे पीछे खींचें। यह क्रिया दोनों नासिका छिद्रों से बारी-बारी से कीजिए। 25 से 30 बार यह क्रिया दोहराएँ। पूर्ण सजगता के साथ करें।

**लाभ :** ❍ दोनों नेति क्रियाओं से कई लाभ प्राप्त होते हैं। ❍ घेरण्ड संहिता के आचार्य का कहना है कि इससे आकाश-गमन की शक्ति आती है। ❍ कफ़ सम्बंधी सभी दोष दूर होते हैं। ❍ नेत्र-रोगों का नाश होता है तथा दिव्य दृष्टि प्राप्त होती है।

**नोट :** जलनेति एवं सूत्र नेति के अलावा दुग्धनेति, धृतनेति, तेलनेति, दहीनेति और स्वमूत्रनेति भी योगिजन करवाते हैं।

## लौलिकी (नौलि)

अमन्दवेगेन तुन्दं भ्रामयेदुभपाश्र्वयोः।
सर्व रोगानिहन्तीह देहानल विवर्द्धनम ।। (घे.सं. 1/52)

**अर्थ :** अति प्रबल वेग से उदर को दोनों तरफ़ घुमाएँ। इसी का नाम लौलिकी है। इससे सभी प्रकार के रोग नष्ट होते हैं। जठराग्नि तेज़ होती है और पाचन तंत्र को मज़बूत करती है।

**नोट :** उदर शक्ति विकासक क्रिया नं. 10 भी देखें।

**व्याख्या :** प्रातःकाल करें, जब पेट साफ़ और हल्का हो गया हो। पैरों के बीच एक या डेढ़ फिट का अंतर रखकर खड़े हो जाइए। थोड़ा सा झुकते हुए घुटनों पर हाथ रखिए। घुटनों पर दबाव दीजिए। क्रिया प्रारंभ करने से पहले श्वास बाहर निकालें। कोशिश करें कि श्वास पूरी तरह से बाहर हो जाए और पेट पीठ के अंदरूनी हिस्से से चिपक जाए। अब पेट को बाहर की तरफ़ करें। ऐसा बार-बार करें ताकि नौलि क्रिया करने में आसानी हो। अब घुटनों पर दबाव डालते हुए गुदा के पास उदर स्नायुओं को संकुचित करके उदर के मध्य भाग तक ले आएँ और बाहर निकालने का प्रयत्न करें। यह मध्यम नौलि है।

अब बाई ओर हल्का झुकते हुए बाएँ हाथ पर दबाब बढ़ाइए। इससे उदर के स्नायु बाँई तरफ़ आ जाएँगे। यह वाम नौलि है। यही क्रिया दक्षिण नौलि के लिए कीजिए। इसमें उदर स्थित सभी पेशियाँ दाहिनी तरफ़ आ जाती हैं। यह दक्षिण नौलि कहलाती है।

अब समान गति और मनोबल का प्रयोग करते हुए क्रमानुसार मध्यम नौलि, वाम नौलि और दक्षिण नौलि कीजिए। धैर्य पूर्वक अभ्यास से नौलि क्रिया में आप अभ्यस्त हो जाएँगें।

**विशेष/सावधानी :** नौलि के परिचालन के समय छाती, कंठ और ललाट पर नाड़ियों का द्वद हो रहा है ऐसा लगता है। दस्त लगने चालू हो सकते हैं। इस क्रिया के पहले पश्चिमोत्तानासन और मयूरासन का अभ्यास कर लेना चाहिए। उड़ियान बंध और अग्निसार क्रिया में दक्ष होना आवश्यक है। पूर्ण सावधानी पूर्वक और योग्य गुरु के निर्देशन में करें अन्यथा उदर रोग, आमवात, कटिवात, शुक्र- दोष या कोई अन्य रोग हो सकता है। पहले बाएँ से अभ्यास करें। तत्पश्चात् दाहिनी तरफ़ से भी यही अभ्यास करें। इस क्रिया में दक्षता नियमित अभ्यास से ही संभव है। आमाशय में शोथ, पित्त प्रकोप जनित अतिसार, प्रवाहिका (पेचिश), संग्रहणी, उच्च रक्तचाप वाले व्यक्ति तथा हृदय रोगी इसे न करें।

**लाभ :**
- नौलि क्रिया को सभी क्रियाओं में मूर्धन्य कहा है।(ह.यी.प्र.)
- पाचन-तंत्र सम्बंधी विकारों (मंदाग्नि, गैस व क़ब्ज़) में लाभप्रदहै।
- मेद कम करता है।
- मानसिक शांति, कुण्डलिनी जागरण, ध्यान, एकाग्रता आदि कई लाभ प्राप्त होते हैं।
- सभी प्रकार के वात रोगों का शमन होता है।

- आचार्यों ने इस क्रिया को संजीवनी बूटी कहा है।

# त्राटक

त्राटक के सम्बंध में यहाँ सूत्रकार कहते हैं कि बगैर पलक झपकाए किसी लघु लक्ष्य पर टकटकी लगाकर देखते रहना त्राटक है। इसके अभ्यास से शाम्भवी मुद्रा की सिद्धि होती है। नेत्र-विकार का क्षय होकर दिव्य दृष्टि प्राप्त होती है।

त्राटक क्रिया को भले ही हठ योग का एक अंग माना गया हो परंतु त्राटक करने वाले कुछ साधक हठयोग के बारे में नहीं जानते किंतु फिर भी इसका अभ्यास कर जीवन को आनंदमय बनाते हैं। सचमुच में त्राटक क्रिया का अपना अलग ही महत्व है। त्राटक को दूसरे शब्दों में सम्मोहन (हिप्नोटिज़्म) भी कहते हैं। प्रतिदिन अभ्यास करने वाले साधक की आँखों में आकर्षण न हो, ऐसा हो नहीं सकता। सच बात तो यह भी है कि त्राटक को अब प्रदर्शन की वस्तु बना लिया गया है। जहाँ-तहाँ इसके सेमिनार आयोजित होते हैं और सिर्फ़ त्राटक को लक्ष्य बनाकर वक्ता एक घंटे का भाषण देकर चले जाते हैं। उनकी पूरी प्रयोगात्मक पद्धति न तो वे बता पाते हैं और न ही आम व्यक्ति ठीक से समझ पाता है।

त्राटक से सिर्फ आँखों में ही आकर्षण नहीं बढ़ता बल्कि इतना ज़्यादा आत्मबल आ जाता है कि हम दूसरे के मन की बात को भी समझ लेते हैं। इस प्रयोग से ध्यान का मार्ग प्रशस्त होता है और आध्यात्मिक ऊर्जा भी प्राप्त होती है। जीवन को सुंदर बनाना हो तो त्राटक का अभ्यास क्रमानुसार, विधिपूर्वक व धैर्य के साथ सीखें। त्राटक के अभ्यास द्वारा आप सामने

वाले व्यक्ति को सम्मोहित तो कर ही सकते हैं तथा बड़ी से बड़ी सभा को भी आप अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं।

मनमोहक, तेजोमय व अद्‌भुत बन जाती हैं। आज इसके कुछ उदाहरण हमारे सामने हैं जैसे भगवान रजनीश (ओशो), स्वामी विवेकानंद, स्वामी विशुद्धानंद परमहंस (ज्ञानगंज, हिमालय) आदि ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं, जो अपनी आकर्षण शक्ति का उपयोग करके लोगों को अपना बना लेते थे। स्वयं लेखक सूर्यत्राटकी हैं। त्राटक का उद्देश्य आँखें बड़ी करना नहीं होना चाहिए। कुछ प्राप्ति की भावना भी होनी चाहिए। आप त्राटक की सहायता से दुश्मन को भी दोस्त बना सकते हैं। हिंसक पशु को भी वश में कर सकते हैं।

त्राटक की कई विधियाँ प्रचलित हैं। हम यहाँ मुख्य विधियों का ही वर्णन करेंगे ताकि साधकगण लाभान्वित हो सकें।

**विधि :** आप एक ऐसे स्थान का चयन कीजिए जो साफ़, सुंदर व शांतिमय हो तथा वातावरण भी अच्छा हो। वहाँ जब तक आप अभ्यास करें तब तक किसी प्रकार का विघ्न न हो पाए।

यदि हम शास्त्र सम्मत बात करें या फिर आज के डॉक्टरों की बात करें तो दोनों में एक बात की समानता नज़र आएगी। वह यह कि शुद्ध आहार और शाकाहार ही सर्वोत्कृष्ट आहार है। शाकाहार मनुष्य को पर्याप्त विटामिन, प्रोटीन और कई अन्य खनिज लवण की पूर्ति कराता है। आहार हमारे जीवन में बहुत प्रभाव डालता है। इससे हमारी मानसिकता पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है और यही कारण है कि विद्वानों ने सात्विक आहार पर अत्यधिक ज़ोर डाला है।

हठयोग में लिखा है कि

सुस्निग्धमधुराहारश्चतुर्थांशविवर्जितः।
भुज्यते शिवसंप्रीत्यै मिताहारः स उच्यते ।। (ह.यो.प्र. 1/58)

अर्थात् साधकों को मिताहार करना चाहिए। वह पूर्ण रूप से स्निग्ध (चिकना) और मधुर आहार हो। उदर (पेट) को दो भाग अन्न से भरना चाहिए एक भाग जल से पूर्ण करना चाहिए एवं चौथे भाग को प्राणवायु के लिए शेष रखना चाहिए।

अपथ्य अहार

सूत्रकार कहते हैं कि साधकों को ये आहार नहीं करना चाहिए। जैसे कटु (कड़वा), खट्टा (इमली आदि), तीक्ष्ण (मिर्च, चटपटे मसाले आदि), तीक्ष्ण लवण में नमकीन, उष्ण में गुड़ आदि, हरित पत्तों का शाक, सौवीर (कॉजी) तैल, तिल, मदिरा, मत्स्य इनको अवश्य (वजित) न लेने योग्य कहते हैं और मांसाहार, दही, मादक द्रव्य आदि सभी उत्तेजक पदार्थ

को नहीं लेना चाहिए।

हठयोग में आगे लिखा है कि इस प्रकार का भोजन भी नहीं करना चाहिए, जैसे अग्नि में दोबारा गर्म किया हुआ अन्न (दाल, चावल आदि) और रूखाअर्थात् घी आदि से रहित। जिसमें अधिक मात्रा में लवण हो ऐसा भोजन वर्जित है। अधिक बोलना भी त्याग योग्य है। स्कन्द पुराण में लिखा है कि कटु अम्ल, लवण आदि को त्याग कर हमेशा दूध का सेवन करना चाहिए। इसमें आगे उल्लेख है कि माँस और खल कुत्सित अन्न (या वनाल, कोदू आदि) उत्कट, मिर्च आदि सभी वर्जित हैं अर्थात् इनका सेवन नहीं करना चाहिए। दुर्गंधयुक्त एवं बासी (पुराना, एक दिन पहले का) भोजन भी नहीं करना चाहिए।

योग साधकों को अपनी साधना के समय अति स्त्री सेवन, दुष्ट का संग, अधिक फलाहार, अधिक उपवास, अधिक भार लाना–ले-जाना, अनेक बार सूर्य नमस्कार आदि का त्याग कर देना चाहिए। यहाँ इस सूत्र में कहने का आशय यह है कि अति नहीं करनी चाहिए। जैसे ब्रह्मचर्य का पालन नहीं करेंगे या अधिक उपवास करेंगे तो शरीर कमज़ोर हो जाएगा और आप यथायोग्य साधना नहीं कर पाएँगे। साधक को अपने विवेक से काम लेना चाहिए।

पथ्य आहार (लेने योग्य आहार)

आचार्य महाराज कहते हैं कि साधकों को अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एवं चित्त की प्रसन्नता के लिए हितकर और परिपूर्ण शाकाहार करना चाहिए। गेहूँ, शालि, अन्न, दूध, घी, मिश्री, मक्खन, सोंठ, परवल, आदि पाँच प्रकार के शाक, मूंग और शुद्ध जल (छना हुआ जल, फिल्टर वॉटर) ये सभी हितकारी हैं। इनको अवश्य लेना चाहिए। यहाँ स्पष्ट करते हैं कि देह की पुष्टि हेतु शर्करा और घी से युक्त दूध (गाय का हो तो उत्तम), धातु पोषक (लड्डू पुआ आदि) एवं अपने मन को हितकर लगे ऐसा शाकाहारी सुयोग्य मिताहारी शास्त्र सम्मत भोजन ही करना चाहिए।

साधक इन सभी उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए अपने भोजन की नियमावली बनाएँ। प्रतिदिन शुद्ध व ताज़ा भोजन करें। साधक को संध्या (रात्रि होने से पहले) के समय भोजन कर लेना चाहिए। जिससे वह सुचारु रूप से पाचक बन सके। यदि आहार करने के कुछ देर बाद ही रात्रि विश्राम करना है तो रात भर भोजन उदर में पड़ा रहेगा जिससे आलस्य बढ़ेगा, क़ब्ज़ होने की आशंका रहेगी एवं उदर की मांसपेशियाँ आहार के गुण विटामिन, प्रोटीन इत्यादि पूर्ण रूप से ग्रहण नहीं कर पाएँगी। फलस्वरूप कई बीमारियों की उत्पत्ति होने की आशंका बनी रहती है। अतः अपने शरीर को सुंदर, सुगठित बलशाली, निरोगी तथा तेजस्वी बनाना हो तो व्यक्ति को आहार का पूर्ण ध्यान रखकर जीवनयापन करना चाहिए।

योग्य आहार की उपयोगिता

वे पदार्थ जो शरीर में ग्रहण किए जाने के पश्चात् ऊर्जा उत्पन्न करते हुए तंतुओं का निर्माण करते हों तथा टूटे-फूटे तंतुओं की मरम्मत करते हों, शरीर की विभिन्न क्रियाओं के लिए सहायक होते हैं। यही भोजन कहलाता है।

व्यक्ति भूख लगने पर जितना भोजन ग्रहण करता है, वह उस व्यक्ति की खुराक कहलाती है। प्रत्येक व्यक्ति की खुराक अलग-अलग होती है। आयु, मौसम, कद काठी, सामाजिक परिवेश के अनुसार व्यक्ति की खुराक निर्धारित होती हैं।

संतुलित भोजन

चाहिए। शरीर के संतुलन को बनाए रखने के लिए 75: क्षार प्रधान और 25; अम्ल प्रधान भोजन की आवश्यकता होती है। एक ही प्रकार का आहार अधिक मात्रा में न लिया जाए, बल्कि कई गुणों व रसों से युक्त आहार लेना चाहिए।

भोजन के प्रकार

त्रिगुण सिद्धांत के आधार पर भोजन तीन प्रकार के होते हैं –

1. सात्विक भोजन 2. राजसी भोजन 3. तामसिक भोजन

**1.** सात्विक भोजन - ऐसे भोज्य पदार्थ जो जीव को प्राण, स्वास्थ्य, प्रसन्नता दें तथा जीवन रस युक्त प्राकृतिक और प्रकृति से सरल रूप से प्राप्त किए गए हों, आयुवर्छद्रक तथा बुद्धिवर्द्धक होते हैं। ये भोजन मन को शांत कर कुशाग्र बुद्धि और संतुलित आचरण पैदा करते हैं। ऐसे भोजन अन्नमय, प्राणमय, मनोमय तथा विज्ञानमय कोषों को समान रूप से पोषित करते हैं तथा समस्त कोषों में संतुलन बनाए रखतेहैं।

दाल, चावल, गाय का दूध, घी, मीठे फल आदि तथा वे पदार्थ जो पेड़-पौधों तथा दूध घी से बने हों उन्हें सात्विक भोजन कहा जाता है। आयु, आहार सात्विक भोजन कहलाते हैं।

2. राजसी भोजन - ऐसे भोज्य पदार्थ जो तीखे, अम्लीय, क्षारीय, अत्यधिक गर्म, जलन पैदा करने वाले तरह-तरह के मसाले, तेल, घी आदि में भूनकर स्वाद के लिए ज़ायकेदार बनाए जाते हैं। गरम मसाले, चाय, कॉफ़ी, तम्बाकू,काली मिर्च इत्यादि ये राजसी भोजन की श्रेणी में आते हैं। ऐसे भोजन शरीर की प्रक्रिया की अत्यधिक तीव्र करते हैं जिनसे शरीर में अत्यधिक प्राण का संचार होने लगता है जो ठीक नहीं है। अत: ये पंचकोषों में असंतुलन का कारण बन जाते हैं। गीता के अनुसार कड़वे, खट्टे, लवणयुक्त भोजन, दु:ख और शोक उत्पन्न करने वाले हो जाते हैं। 'रिच डाइट' जैसे हलुआ, पूड़ी ज़्यादा तला हुआ भोजन भी राजसी भोजन कहलाता है। अत: ये सभी राजसी भोजन के अंतर्गत आते हैं।

**3.** तामसिक भोजन - ऐसे भोज्य पदार्थ जो बासी हों, मृत हों या उन्हें आशिक रूप से सड़ाया गया हो। मांस, मछली, अंडे, बासी भोजन तथा ज़्यादा मात्रा में भोजन लेने पर एवं शराब का सेवन भी तामसिक प्रवृति को जन्म देता है। बासी, प्रदूषित, डिब्बों में बंद भोजन तामसिक भोजन की श्रेणी में आते हैं। गीता के अनुसार जो भोजन बहुत समय पहले पकाया हुआ हो, रस रहित हो, दुर्गन्ध युक्त और अपवित्र हो, तामसिक भोजन कहलाता है एवं लहसुन प्याज भी तामसिक आहार के अंतगत आते हैं।

विभिन्न प्रकार के भोजनों का मन पर प्रभाव

कहते हैं व्यक्ति जैसा भोजन करेगा वैसे ही उसके विचार और कार्य होंगे। कहा भी गया है जैसा अन्न वैसा मन। भोजन के प्रकार तथा गुणों का प्रभाव व्यक्ति के शरीर तथा मन दोनों पर पड़ता है।

**1.** सात्विक भोजन का प्रभाव - सात्विक भोजन करने से सत्वगुण सम्बंधी विचार एवं क्रियाएँ होती हैं। ऐसे भोजन से सत्वगुण जैसे - सत्य, ज्ञान, बुद्धि की कुशाग्रता, शांति, मन की स्थिरता व गंभीरता, हृदय की शुद्धता, मन की सरलता, आनंद, सुख आदि सकारात्मक परिणाम होते हैं। संयम तथा सहनशीलता का विकास होता है। शरीर विकार रहित होकर स्वस्थ बना रहता है। चित्त में निर्मलता रहतीहै।

2. राजसी भोजन का प्रभाव - राजसी भोजन से मन की चंचलता, व्यवहार में ईर्ष्यां, द्वेष एवं झगड़े की प्रवृति, वाणी में कठोरता एवं कर्कशता, तनाव एवं दुःख आदि परिणाम प्राप्त होते हैं। इस प्रकार का भोजन क्रोध, उत्तेजना तथा वासनाओं को जन्म देता है। मन सदा चंचल रहता है। शरीर में भारीपन की अनुभूति होती है। चित्त एकाग्र नहीं रह पाता एवं तंत्रिका-तंत्र उत्तेजित रहता है।

3. तामसिक भोजन का प्रभाव - तामसिक भोजन के सेवन से आलस्य, अज्ञान, मोह, मद, क्रोध, भारीपन आदि दुष्प्रभाव होते हैं। इससे विचार औरव्यवहार में कठोरता, क्रूरता एवं हिंसा आदि आती है। व्यक्ति स्वार्थी, झगड़ालू, असहिष्णु प्रकृति का हो जाता है। उसका व्यवहार रूखा और राक्षसी प्रवृत्ति का हो जाता है जो परेशानी व दुःख का कारण बनता है।

अनुपयुक्त भोजन (आहार) क प्रभाव तथा दुष्प्रभाव

भोजन या अनुपयुक्त आहार या अप्राकृतिक भोजन से शरीर के अंदर अनेक प्रकार के विकार इकट्ठे हो जाते हैं। अनेक रोग शरीर को घेर लेते हैं। शरीर की शक्ति क्षीण हो जाती है। आज के युग की अधिकांश बीमारियाँ गलत आहार का ही परिणाम हैं। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, आँत एवं लीवर के अनेक रोग इसी कारण से होते हैं।

मौसाहार के दुष्प्रभाव

- अधिकांश पशु गंदा पानी व विषैला भोजन करते हैं जिससे विभिन्न प्रकार के रासायनिक तत्व उनके शरीर में पहुँच जाते हैं तथा माँस को ज़हरीला या रोगयुक्त बना देते हैं। पशुओं को मारते समय भय के कारण पशुओं के शरीर में डर, क्रोध, कुण्ठा सम्बंधी हार्मोन (एड्रेनलिन नामक हार्मोन) उत्पन्न होते हैं जो उनके शरीर के माध्यम से माँसाहार खाने वाले व्यक्ति के शरीर में पहुँचकर दुर्गुणों का संचार करते हैं।
- माँसाहारी जीवों के दाँतों की संरचना माँस की चीर-फाड़ हेतु पैनी तथा नुकीली होती है। उनके नाखून भी बड़े एवं कठोर होते हैं। जबकि शाकाहारी जीवों के दाँत भोजन को पीसने एवं चबाने हेतु अनुकूल होते हैं।
- माँसाहार मनुष्य की प्रकृति के विपरीत है।
- मानव शरीर की रचना शाकाहारी मशीन की तरह हुई है। मनुष्य शरीर की आँत शरीर के अनुपात से 6 गुना अधिक लंबी होती है, जबकि
- माँसाहारी जीवों की आँत उनकी शारीरिक लंबाई के अनुपात में होती है। माँसाहारी जीवों की आँतों में अधिक अम्ल निकलता है जो कि माँसाहार पदार्थों को आसानी से पचा सकता है, परंतु मनुष्य की आँतों में अम्ल कम निकलता है अत: वह माँसाहारी भोजन को ढंग से पचा नहीं पाता।
- माँसाहारी जीवों के जबड़े (भोजन चबाने पर) ऊपर-नीचे गति करते हैं, जबकि शाकाहारी जीवों के जबड़े काफ़ी स्वतंत्र गति करते हैं। इन सभी चीज़ों को दृष्टिगत कर यह कहा जा सकता है कि मनुष्य के लिए शाकाहार ही उपयुक्त व सर्वश्रेष्ठ भोजन है।
- माँस-भक्षण से मानसिक तनाव व शारीरिक असंतुलन होता है, जबकि शाकाहारी भोजन मानसिक शांति व शारीरिक संतुलन में पूर्णतः सहायक सिद्ध होता है।
- मौस खाने से एसकेटस, टीनोसोलियम तथा दूसरे परजीवी मौस के साथ मनुष्य के शरीर में पहुँच जाते हैं जो कई रोगों का कारण बनते हैं। कुछ जानवरों का माँस खाने से मिर्गी एवं मैड काऊ बीमारी की आशंका रहती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WH.O.) के अनुसार लगभग 160 बीमारियौं मौसाहार के सेवन से होती हैं। माँसहारियों को अपच, क़ब्ज़, अम्लता, हर्निया, पिताशय की परेशानी, बवासीर की बीमारी, शाकाहारी व्यक्तियों के मुक़ाबले दुगुनी होती है।

एक वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार स्तन-कैंसर, बड़ी आँत का कैंसर, प्रोस्टेट का कैंसर, शाकाहारियों में माँसाहारियों की तुलना में 50 प्रतिशत कम होता है क्योंकि शाकाहारी भोजन में ऐसे तत्व होते हैं जो कैंसर से शरीर को बचाते हैं तथा रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता

बढ़ाते हैं।

गंजापन, अल्सर, शुगर की बीमारी (मधुमेह), मिर्गी, उच्च रक्तचाप इत्यादि रोग भी शाकाहार भोजन करने वालों में कम होते हैं।

आहार पर एक टिप्पणी

एक सर्वे के अनुसार हमें प्रतिदिन 5 रंगों के शाकाहार लेने चाहिए। फ़ाइबर युक्त आहार लेना चाहिए जो कि पाचन क्रिया में सहायक है और मेटाबॉलिज़्म व गंभीर लंबी बीमारियों से बचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। फ़ाइबर सिर्फ़ शाकाहारी भोजन में ही पाया जाता है।

पानी नियमित रूप से 8-10 गिलास पीना चाहिए जो कि मोटापे के साथ कई प्रकार की बीमारियों से बचाने में सहायता करता है। अष्टांग योग का नियमित पालन करें और पेट में सुयोग्य शाकाहारी भोजन ही डालें, क्योंकि आपका शरीर आपका है, अतः सावधानी बरतें।

वह सुख जो कभी समाप्त न हो उसके लिए केवल
निर्विकल्प ध्यान ही कार्यकारिणी है।

-RJT

# किस बीमारी में क्या खाएँ? क्या न खाएँ?

| बीमारी | क्या खाएँ, क्या पीएँ, क्या करें? | क्या न खाएँ, क्या न पीएँ, क्या न करें? |
|---|---|---|
| मधुमेह | **अनाजः** गेहूँ, जौ व चने की मिस्सी रोटी, चोकरयुक्त आटे की रोटी, अंकुरित अन्न एवं सुपाच्य भोजन करें।<br>**सब्ज़ी :** सलाद, खट्टे फल, नींबू, मेथी, करेला, पालक, तुरई, शलजम, लौकी, टिण्डा, परवल, सेम, चौलाई, मूली, सहिजना की फली, मूली का साग व टमाटर का उपयोग अधिक करें।<br>**फलः** जामुन, आँवला, संतरा, ककड़ी, मौसम्बी।<br>**ड्रायफ्रूट्सः** कच्चा नारियल, मूँगफली के दाने, अखरोट, काजू आदि।<br>मसाले–अदरक, सोंठ, हल्दी, लहसुन, धनिया, दालचीनी, अजमोद आदि।<br>अन्य : सोयाबीन, दही, छाछ, मेथी दाने का सेवन करें एवं हमेशा पेट साफ़ रखें। क़ब्ज़ न होने दें। | चावल, माँसाहार, दूध का पाउडर, सिंघाड़े, घी, तेल, मक्खन, चीनी, गुड़, शहद, ग्लूकोज़, मिठाइयाँ, जैम, जैली, टॉफ़ी, चॉकलेट, आइसक्रीम, आम, केला, शीतल पेय, चाय, कॉफ़ी, रबड़ी, तिल, आलू चिप्स, घुइयाँ, चुकंदर, उड़द की दाल, पूरी, पराठे, समोसे, कचौरी, शराब, बर्फ़, ठंडा पानी, मैदे से बने आहार, मिर्च–मसाले, गरिष्ठ भोजन, आदि से बचें। भय, चिंता, अशांति को दूर रखें। |
| उच्च–रक्तचाप | **अनाज :** काबुली चना व अन्य चना, अंकुरित अनाज, गेहूँ–चने की मिस्सी रोटी (ख़ूब चबा–चबाकर खाएँ)।<br>**सब्ज़ी :** परवल, अरबी, टिण्डा, तुरई, पुदीना, लौकी, गिल्की, पालक, कद्दू, चौलाई, उबली हरी सब्ज़ियाँ, अँगूर, सेब, संतरा, नाशपाती खाएँ। अपानवायु मुद्रा, शवासन या योगनिद्रा अवश्य करें। | मिर्च–मसाले, तली हुई चीज़ें, नमकीन, बासी खाना, माँसाहार, चाय, कॉफ़ी, शराब, तम्बाकू, मलाईयुक्त दूध, मक्खन, अचार, चटनी, चटपटा भोजन पूर्णतः त्याग दें। अधिक मात्रा में नमक न खाएँ एवं गरिष्ठ व उत्तेजक पदार्थों से बचें। |

| बीमारी | क्या खाएँ, क्या पीएँ, क्या करें? | क्या न खाएँ, क्या न पीएँ, क्या न करें? |
|---|---|---|
| निम्न-रक्तचाप | हल्का, सुपाच्य, पौष्टिक भोजन, सोयाबीन के व्यंजन।<br>**वसाः** दूध, किशमिश, बादाम, मुनक्का, काजू, पिस्ता, छुहारा, घी, तिल।<br>**फल :** अंगूर, गाजर, सेब, मीठे फल और उनका जूस।<br>**सब्जियाँ :** सभी प्रकार की सब्ज़ियाँ, सलाद, दही का रायता।<br>प्रतिदिन 32 किशमिश रात में पानी में भिगोएँ एवं सुबह चबाकर खाएँ।<br>उत्तेजक पेय – चाय, कॉफ़ी। | भारी, गरिष्ठ, अपौष्टिक, तले भोज्य पदार्थ, शीतल पेय, शराब, तम्बाकू न लें<br>निम्न-रक्तचाप के समय बायाँ स्वर चल रहा हो तो तुरंत दाएँ स्वर से श्वास लेना प्रारंभ करें एवं बाईं करवट लेटकर आराम करें। |
| हृदयरोग | **अनाजः** चोकरयुक्त आटे की रोटी, गेहूँ का दलिया, सोयाबीन तथा सोयाबीन की वड़ी, छिलकायुक्त मूँग की दाल, अंकुरित अनाज, छिलकायुक्त देशी चना।<br>**सब्ज़ियाँः** लौकी का रायता, पालक, गाजर, बथुआ, मूली, टमाटर करेला, अदरक, धनिया, चौलाई, अरबी, लौकी, गिल्की, टिण्डा, परवल पुदीना, आदि।<br>**फलः** अनानास, अनार, अँगूर, जामुन, आँवला, सेब, लीची, अमरूद, नींबू, मौसम्बी, संतरा, पपीता, केला, नारियल का पानी।<br>**वसाः** सनफ़्लावर का तेल, सोयाबीन का तेल, सरसों का फ़िल्टर तेल, ताज़ा मीठा दही, गाय का दूध, गुड़, बादाम, पिस्ता, छाछ, कैल्शियम, सोडियम, विटामिन बी-1 युक्त आहार लें। | भारी, गरिष्ठ, मिर्च-मसालेदार भोजन, अचार, पापड़, चटनी, घी, मक्खन, वनस्पति घी, नारियल तेल, मलाई, मावा, रबड़ी, खीर, आइसक्रीम, केक, चॉकलेट, बिस्किट, पनीर, मटन, माँसाहार, शराब, कड़क चाय, कॉफ़ी, तम्बाकू, शीतल पेय। |

| बीमारी | क्या खाएँ, क्या पीएँ, क्या करें? | क्या न खाएँ, क्या न पीएँ, क्या न करें? |
|---|---|---|
| क़ब्ज़ | **अनाजः** अंकुरित अनाज, गेहूँ के ज्वारों का रस, गेंहूँ, चना तथा जौ आदि की मिस्सी रोटी, दलिया, चोकर युक्त आटे की रोटी ख़ूब चबा-चबाकर खाएँ।<br>**दालः** छिलके वाली मूँग दाल, अरहर, मिक्स दाल।<br>**हरी सब्ज़ियाँ :** करेला, लौकी, सलाद, मेथी, पालक, ककड़ी।<br>**फलः** अनन्नास का रस, केला, सेब, पपीता, अनार, गाजर, अमरूद, आम, तरबूज़, खरबूज़, नींबू एवं नारियल का पानी। लौंग या गुड़ चूसें। फलों का रस अधिक मात्रा में लें। त्रिफला चूर्ण या मेथी दाने को रात को सोते समय लें। | सिर्फ़ गेहूँ के आटे की रोटी, बासी, ठंडे, गरिष्ठ, तले-भुने व्यंजन, मिठाई, मिर्च-मसाले, मसूर दाल, चने की दाल, उड़द की दाल, अरबी, भिंडी, बैगन, प्याज़, मूली, माँसाहार एवं बार-बार पेट भर खाना अधिक चाय, कॉफ़ी पीना। |
| पीलिया | हल्का, सुपाच्य व ताज़ा भोजन<br>**अनाज :** चावल, दलिया, खिचड़ी, बाजरा, जौ, गेहूँ की चोकरयुक्त रोटी, साबूदाने की खीर या सूजी की खीर।<br>**दाल :** मूँग, मसूर, अरहर की पतली दाल।<br>**सब्ज़ियाँः** मूली, लौकी, करेला, खीरा, पुदीना, फूलगोभी, पालक, धनिया, मेथी, परवल, गाजर टमाटर।<br>**फलः** पपीता, तरबूज़, खरबूज़, आँवला, चीकू, खजूर, अँगूर, अनार, मौसम्बी, सेब, संतरा, पिंड खजूर।<br>पेय पदार्थ - मलाई निकला दूध, गन्ने का रस, फलों का रस, उबला पानी। नींबू के साथ अधिक से अधिक पानी का उपयोग करें एवं नारियल पानी का भी सेवन करें। | भारी एवं गरिष्ठ व बासा भोजन, मिर्च-मसाले, नमकीन, खटाई, अचार, मैदे के व्यंजन, तेल, घी, माँसाहार, बेसन, दूध, मिठाइयाँ, हींग, अरबी, उड़द की दाल, चीनी, गुड़, चाय, कॉफ़ी, तम्बाकू, शराब एवं डिब्बाबंद भोजन। |

| बीमारी | क्या खाएँ, क्या पीएँ, क्या करें? | क्या न खाएँ, क्या न पीएँ, क्या न करें? |
|---|---|---|
| डायरिया | ओ.आर.एस. का घोल, दही, चावल, खिचड़ी, चावल का माड़, मूँग की दाल, अरारोट, मखाने, साबूदाने की खीर, छाछ, लौकी का रायता, दही की लस्सी, केला, नींबू, मौसम्बी, संतरा, अनार का रस, गन्ने का रस, पपीता, सेब। | बासी, तली, भारी, गरिष्ठ, मिर्च-मसालेदार चीज़ें, गेहूँ से बने खाद्य पदार्थ, दूध, शराब, चाय, कॉफ़ी, आलू, बैंगन, घुइयाँ, गोभी, अचार। |
| मलेरिया | सात्विक व सुपाच्य भोजन करें। बुखार उतरने पर साबूदाने की खीर, चावल का माड़, अँगूर, पुराने चावल का भात, सूजी की खीर, हल्का दूध, कच्चा केला, परवल, केले के फूल की सब्ज़ी का सेवन करें। गर्म पानी में नींबू एवं चीनी डालकर पिएँ। मलेरिया के मौसम में तुलसी की चार पत्तियाँ एवं चार काली मिर्च पीसकर गोली बनाकर प्रतिदिन लेने से मलेरिया की संभावना नहीं रहती। | भारी, गरिष्ठ, मिर्च-मसालेदार भोजन, माँसाहार, शराब एवं वे सभी चीज़ें जिनकी तासीर ठंडी हो। |
| टायफ़ॉइड (आंतरिक ज्वर) | बुखार की प्रारंभिक अवस्था में बार्ली, साबूदाना, अरारोट, पानी (फटे दूध का पानी), बिस्किट। 1 लीटर पानी में 8-10 लौंग डालकर उबाल लें फिर छानकर ठंडा कर इस पानी को पिएँ। चाय व कॉफ़ी कम मात्रा में पिएँ। आधा या एक ग्राम दालचीनी पीसकर चाशनी के साथ दिन में दो बार लेने से टायफ़ॉइड से बचा जा सकता है। | गरिष्ठ व मिर्च-मसालेदार भोजन, पेट में गैस पैदा करने वाला भोजन, खुले हुए दूषित खाद्य पदार्थ व दूषित जल का सेवन न करें। |

एक कहावत :
पेट हल्का तो सिर हल्का,पेट भारी तो सिर भारी,
पेट बिग़डा तो सब कुछ बिगड़ा, पेट साफ तो बीमारी माफ

| बीमारी | क्या खाएँ, क्या पीएँ, क्या करें? | क्या न खाएँ, क्या न पीएँ, क्या न करें? |
|---|---|---|
| शीघ्रपतन | सुपाच्य भोजन ही करें, सफ़ेद मूसली का पाउडर रात को सोते समय दूध के साथ लें। सूखे मेवे लें। केला, सेब, जामुन एवं प्राकृतिक मीठे पदार्थ खाएँ। | क़ब्ज़ न होने दें। उत्तेजना की तासीर वाले पदार्थ न खाएँ, बुरे विचारों से बचें। देर रात तक न जागें। तेल, मिर्च-मसाले व माँसाहार त्यागें। शाम को खट्टे पदार्थ न लें |
| गुर्दे की पथरी व गुर्दे के रोग | गेहूँ के आटे से चोकर निकालकर बनी चपाती खाएँ। जौ से बनी चपाती, सत्तू, सहिजन (ड्रम स्टिक) की फली, ताज़े फलों का रस, करेला, ताज़ी हरी मटर, कुल्थी, शलजम, चुकंदर, पुराना कद्दू, अदरक, आम, सेब, खरबूज़, तरबूज़, पपीता, अँगूर, खीरा, नारियल का पानी, नाशपाती, गाजर। इलायची व गन्ना चूसना भी लाभदायक है। गर्म पानी थोड़ी-थोड़ी मात्रा में कई बार पीएँ। | सुपारी, गुटखा (सभी प्रकार के), देर से पचने वाले गरिष्ठ भोजन जैसे - नमकीन, चटनी, पापड़, अचार, चाय-कॉफ़ी, शराब, बीयर, सोडा, शीतल पेय, माँसाहार, पालक, बैंगन, टमाटर, मूली, जिमीकंद, प्याज़, भिंडी, चुकंदर, चावल, किशमिश, मुनक्का, ड्राईफ्रूट, दूध व दूध से बने पदार्थ, दही, पनीर, मक्खन, चॉकलेट, अधिक सोडियम वाले खाद्य पदार्थ, डबलरोटी, केक, पेस्ट्री आदि। |
| माइग्रेन | हल्का व सुपाच्य पौष्टिक आहार लें। दही, चावल और मिश्री मिलाकर सुबह-शाम भोजन में सेवन करें। गाय का ताज़ा घी सुबह-शाम दो से चार बूँद नाक में डालने से फ़ायदा होता है। सरसों का तेल (सात-आठ बूँद) दर्द वाले भाग की तरफ़ नाक में डालने से भी लाभ पहुँचता है। सूर्योदय के पूर्व गर्म दूध के साथ शुद्ध घी से निर्मित जलेबियाँ या रबड़ी खाएँ, नींबू का रस, चीनी मिलाकर बनाई हुई शिकंजी भोजन के बाद पीएँ। भोजन के पूर्व सुबह-शाम एक कप अंगूर का रस लें। हींग, सौंठ, सरसों का तेल, तुलसी, आदि का सेवन करें तथा ब्रह्मचर्य का यथावत पालन करें। | माँसाहार का सेवन न करें। देर से पचने वाले आहार का त्याग करें, पेशाब, छींक आदि न रोकें। देर तक न सोएँ और न जागें। अधिक खटाई, मिर्च आदि त्याग दें। बार-बार चाय-कॉफ़ी न पीएँ। तुअर की दाल, गरम मसाले एवं गरम तासीर वाली वस्तुओं का सेवन न करें। |

| बीमारी | क्या खाएँ, क्या पीएँ, क्या करें? | क्या न खाएँ, क्या न पीएँ, क्या न करें? |
|---|---|---|
| अस्थमा (दमा) | **अनाजः** सादा सुपाच्य भोजन, चोकरयुक्त आटे की रोटी, दलिया, मूँग की दाल।<br>**सब्ज़ियाँः** उबली हुई सब्ज़ी, पालक, परवल, मेथी, शलजम, करेला, धनिया, पुदीना, टिंडे, चौलाई, सहिजन की फली, अदरक।<br>**फल :** पपीता, चीकू, अनार, शहतूत, गाजर, केला, तरबूज़, खरबूज़, गुड़, अंगूर किशमिश, खजूर।<br>**अन्यः** हल्दी, सेंधा नमक, छोटी इलायची, चना, लौंग, कॉफ़ी एवं सुहागा का फूल व मुलहठी को बारीक़ पीसकर गर्म पानी से लें। | मिठाई, नमकीन, मैदा, तेल, चावल, दही, अंडा, दूध, छाछ, घी, अमचूर, इमली, बासी भोजन, शराब, शीतल पेय, बर्फ़, आइसक्रीम, उड़द की दाल, बादाम, नारियल, खमीर, ठंडा पानी, भारी व गरिष्ठ भोजन, मूली, केला, तम्बाकू, एवं धूल, धुएँ आदि से बचें। कफ़ कारक कोई भी वस्तु न लें। |
| एनीमिया (रक्त की कमी) | गेहूँ, चना, मोंठ, मूँग की अंकुरित दाल में नीबू मिलाकर नाश्ते में लें। गुड़ के साथ मूँगफली के दाने सुबह-शाम लें। दूध और खजूर का सेवन करें एवं सोयाबीन की बड़ी खायें।<br>पालक, सरसों, बथुआ, चौलाई, मटर, मेथी, शलजम, चुकंदर, हरा धनिया, पुदीना, टमाटर, पपीता, अंगूर, अनार, केला, अमरूद, सेब, चीकू, नींबू, अनाज, दालें, मुनक्का, किशमिश, सूखे बेर, गाजर, पिंड खजूर, मूली के पत्ते, संतरा, आँवला आदि। | भारी, गरिष्ठ, तला व मिर्च-मसालेदार भोजन, शराब, तम्बाकू, गुटखा, चाय, कॉफ़ी, शीतल पेय, नमक, माँसाहार। |

# मासिक धर्म की अनियमितता के लिए - क्या खाएँ, क्या पीएँ, क्या करें?

मासिक धर्म की अनियमितता में मुख्य दो समस्याएँ सामने आती हैं :

1. मासिक धर्म में रुकावट। 2. मासिक धर्म का अधिक आना।

मासिक धर्म की अनियमितता में निम्नलिखित आहार लिए जा सकते हैं:

नारियल : नारियल खाने से मासिक धर्म खुलकर आता है।

मटर : मासिक धर्म की रुकावट को दूर करता है।

तुलसी : तुलसी की जड़ को छाया में सुखाकर और पीसकर, चौथाई चम्मच पान में रखकर खाने से अनावश्यक ऋतु-स्त्राव बंद हो जाता है। संतुलित भोजन लें, नींबू, मौसम्बी, गर्म चाय, कॉफ़ी, गाजर, राई, सौंफ का सेवन करें।

मासिक धर्म कम करने के लिए :

अनार के सूखे छिलकों को पीसकर छान लें। इसे 1 चम्मच भरकर काफ़ी ठंडे पानी से लेने से रक्त-स्त्राव बंद हो जाता है। हींग का सेवन भी लाभकारी होता है।

क्या न खाएँ, क्या न पीएँ, क्या न करें? – तेल, गरिष्ठ व अधिक मिर्च-मसालेदार भोजन, अचार, मीठे पदार्थ, पॉलिश वाले चावल, मॉँसाहार आदि। अधिक वासना से दूर रहें।

मोटापा (निवारण के लिए) - प्रात:काल ख़ाली पेट प्रतिदिन आधा नींबू के रस के साथ दो गिलास पानी पीएँ। रात को ताँबे के बर्तन में पानी भरकर रखें एवं प्रात:काल वही पानी पीएँ। भोजन में गेंहूँ का दलिया, लौकी की सब्ज़ी, गिलकी, बरबटी, पालक, कुलथी एवं सलाद का प्रयोग अधिक से अधिक करें। टमाटर का सूप, लौकी का जूस एवं छाछ का प्रयोग प्रतिदिन करें। भोजन हमेशा सादा, संतुलित एवं सुपाच्य ही करें। सुबह प्रतिदिन पैदल घूमें।

नित्य रूप से हल्के व्यायाम, योगाभ्यास एवं प्राणायाम करें। मोटापा बढ़ाने वाले अंगों जैसे थायरॉइड की पूर्णतः देखभाल करें। आलस का त्याग करें। क्षमतानुसार अधिक से अधिक कार्य अवश्य करें।

क्या न खाएँ, क्या न करें, क्या न पीयें - घी, तेल से बने खाद्य पदार्थ, गरिष्ठ भोजन, मिठाई, चावल, आलू, केला, मौसाहार, शराब, चाय, शीतल पेय, दिन का विश्राम, रात्रि भोजन के तुरंत बाद सोना, सुबह देर से उठना, आलसी बने रहना, आदि कारणों का पूर्णतः त्याग करें।

नोट : उपरोक्त किस बीमारी में क्या खाएँ, क्या न खाएँ का वर्णन सामान्य रूप से किया गया है अपने शरीर के अनुरूप एवं विवेक का पूर्णतः उपयोग करें। अधिक जानकारी या सहयोग के लिए लेखक से भी सम्पक कर सकते हैं।

वात, पित्त, कफ़ के कारण सैकड़ों बीमारियों का जन्म होता है। अतः कुछ बातें यहाँ बताई जा रही हैं, ध्यान रखने योग्य हैं।

| बीमारी | क्या खाएँ, क्या पीएँ, क्या करें? | क्या न खाएँ, क्या न पीएँ, क्या न करें? |
|---|---|---|
| वात | गाय का दूध, गाय का घी, मिश्री, अदरक, परवल, लौकी, बथुआ, चौलाई, अंगूर, पपीता, गेंहूँ की रोटी, उड़द, सरसों, पुराना चावल, गर्म पदार्थ, मीठे, खट्टे, नमकयुक्त पदार्थ, मेथीदाना, इलायची, हरड़ का सेवन करें। | कड़वे पदार्थ, तीखे पदार्थ, बासा भोजन, डिब्बाबंद फ़ास्टफ़ूड, कोल्डड्रिंक्स, चने की दाल, तले पदार्थ, चने की भाजी, मसूर की दाल, मटर, फूलगोभी, चाय, कॉफ़ी, शराब, माँसाहार, नशीले पदार्थ। |
| पित्त | मीठे, ठंडे पदार्थ, ठंडा पानी, सत्तू, मूँग, मसूर, गाय का दूध, गाय का घी, मीठी लस्सी, परवल, टिण्डा, ककड़ी, हरा धनिया, पोदीना, नींबू, नींबू की शिकंजी, तरबूज़, सेब, अनार, आँवला, बहेड़ा, गुलकंद, पेठा। | उड़द की दाल से बने पदार्थ, खट्टा, मीठा, गर्म तासीर वाले पदार्थ, माँसाहार, शराब कॉफ़ी, गर्म वातावरण एवं अधिक मेहनत न करें। |
| कफ़ | पुराने गेंहूँ का आटा, मूँग, चना, मसूर, जौ की रोटी, बकरी का दूध, गाजर, सेव, तरबूज़, सूखे मेवे, सौंठ, आँवला, काली मिर्च, हल्दी, लौंग, तुलसी, गुनगुना पानी। | खट्टा, मीठा, नमकीन गरिष्ठ भोजन, बासा भोजन, नया गेंहूँ, नया चावल, घी, मक्खन, भैंस का दूध, गन्ना, आलू, बैंगन केला, अमरूद, माँसाहार, शराब का सेवन न करें। |

इन सब बातों को अलावा एक बात और ध्यान रखें :
"बहुत महत्त्वपूर्ण वाक्य होटल→ हो सके तो टल।"

## किस महीने में क्या खाएँ?

| प्राचीन कहावत - | क्र. | माह | खाएँ या करें |
|---|---|---|---|
| चैत चना, बैशाखे बेल, | 1. | चैत्र (मार्च-अप्रैल) | चना |
| जेठे शयन, आषाढ़े खेल, | 2. | बैसाख (अप्रैल-मई) | बेल |
| सावन हर्रे, भादों तिल। | 3. | ज्येष्ठ (मई-जून) | शयन |
| कुवार मास गुड़ सेवै नित, | 4. | आषाढ़ (जून-जुलाई) | खेल |
| कार्तिक मूली अगहन तेल, | 5. | श्रावण (जुलाई-अगस्त) | हरड़ |
| पूस करे दूध से मेल। | 6. | भाद्रपद (अगस्त-सितम्बर) | तिल |
| माघ मास घी-खिच्चड़ खाय, | 7. | आश्विन (सितम्बर-अक्टूबर) | गुड़ |
| फागुन उठ नित प्रात नहाय। | 8. | कार्तिक (अक्टूबर-नवम्बर) | मूली |
| | 9. | मार्गशीर्ष/अगहन (नव.-दिस.) | तेल |
| | 10. | पौष (दिसम्बर-जनवरी) | दूध |
| | 11. | माघ (जनवरी-फरवरी) | घी-खिचड़ी |
| | 12. | फाल्गुन (फरवरी-मार्च) | प्रातःस्नान |

## किस महीने में क्या न खाएँ?

| प्राचीन कहावत - | क्र. | माह | न खाएँ या न करें |
|---|---|---|---|
| चैते गुड़ बैशाखे तेल, | 1. | चैत्र (मार्च-अप्रैल) | गुड़ |
| जेठ के पंथ, अषाढ़े बेल। | 2. | बैसाख (अप्रैल-मई) | तेल |
| सावन साग, न भादों मही, | 3. | ज्येष्ठ (मई-जून) | घूमना-फिरना |
| क्वार करेला, कातिक दही। | 4. | आषाढ़ (जून-जुलाई) | बेल |
| अगहन जीरा, पूसै धना, | 5. | श्रावण (जुलाई-अगस्त) | हरी सब्ज़ी, सत्तू |
| माघै मिसरी, फागुन चना। | 6. | भाद्रपद (अगस्त-सितम्बर) | छाछ (मही) |
| जो कोई इतने परिहरै, | 7. | आश्विन (सितम्बर-अक्टूबर) | करेला |
| ता घर बैद पैर नहिं धरै। | 8. | कार्तिक (अक्टूबर-नवम्बर) | दही |
| | 9. | मार्गशीर्ष/अगहन (नव.-दिस.) | जीरा |
| | 10. | पौष (दिसम्बर-जनवरी) | धनिया |
| | 11. | माघ (जनवरी-फरवरी) | मिश्री |
| | 12. | फाल्गुन (फरवरी-मार्च) | चना |

उपरोक्त वर्णन पुरानी कहावतों के अनुसार किया गया है, अतः इनका उपयोग द्रव्य, क्षेत्र, काल एवं शारीरिक परिस्थिति के अनुरूप करें।

# मानव शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान

मानव शरीर एक अद्भुत रचना, ईश्वर की अनमोल देन एवं अच्छे कर्मों का उपहार है।

इस अध्याय में मानव शरीर और उससे जुड़ी क्रियाओं का अध्ययन किया जाएगा जो कि आपको योग से सम्बंधित आसनों में सहायक होंगी।

योगासनों का विशेष प्रभाव मांसपेशियों, ग्रंथियों, मेरुदण्ड आदि में प्रथम रूप से देखा गया है। अत: इस विलक्षण आकृति को समझने के लिए इस अध्याय में संक्षिप्त लेख लिखा गया है।

शरीर रचना विज्ञान

(Anatomy)

मानव शरीर अनेक छोटी-छोटी कोशिकाओं (cells) से मिलकर बना है। ये कोशिकाएँ आपस में जुड़कर ऊतक (tissue) बनाते हैं और ऊतक पेशियों (muscles) का निर्माण करते हैं। इस तरह अलग-अलग पेशियाँ (muscles) मिलकर सभी अन्य ग्रंथियाँ और अवयव (organs) बनाते हैं। इस तरह हम शरीर को छह हिस्सों में बाँटकर उसका अलग से अध्ययन कर सकते हैं।जैसे : सिर (head), गला (neck), हाथ (upper limbs), पैर (lower limb), पेट (abdomen), तथा छाती (thorax) |

**सिर(Head)**

सिर के कंकाल को Skull कहते हैं। ये बहुत सारी हड्डियों से जुड़कर बना होता है। Skull में दो हड्डियों का जोड़ होता है, एक Cranium दूसरी Mandible (जबड़ा। Cranium के अंदर बने खोखले हिस्से को brain box कहते हैं, जिसमें मस्तिष्क (brain) होता है।

**ग्ला(Neck)**

गर्दन हमारे सिर को धड़ से जोड़ती है। इसके अंदर बहुत सारे अंग होते हैं। जैसे, चुल्लिका ग्रंथि (Thyroid gland), उप-चुल्लिका ग्रंथि (Parathyroid gland), Thymus gland, धमनियाँ (Arteries), शिराएँ (Veins), नसें(Nerves), Trachea, ○ esophagus आदि

बाहु(Upper limbs)

हमारे हाथ की बनावट इस तरह से है।

1. कंधे - Shoulders

2. ऊपरी बाहु - Arm

3. अग्रबाहु — Forearm

4. हथेली - Palm

कंधे को तीन भागों में विभाजित किया जाता है –

1. सीना (Pectoral region) 2. काँख Axillary region 3. स्केपुला (Scapula)

पैर (Lower limbs)

आम तौर पर सभी जानवरों द्वारा हाथों और पैरों का इस्तेमाल चलने के लिए किया जाता है। इसके विपरीत मनुष्य चलने-फिरने के लिए सिर्फ़ अपने पैरों का ही इस्तेमाल करता है।

पैर की बनावट में मुख्य रूप से निम्नलिखित आकृतियाँ होती हैं।

(1) Pelvic girdle - Hip bone + Sacrum + Coccyx

(2) Femur

(3) Tibia & Fibula

(4) Foot-tarsal & metatarsals

पेट (Abdomen)

पेट शरीर का एक बहुत बड़ा व महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो बहुत सारे अंगों से मिलकर बना है।

जैसे : यकृत (liver), अग्राशय या क्लोम-ग्रंथि (pancreas), आमाशय (stomach), आँतें (intestine-small and large), तिल्ली (spleen), महिलाओं में गर्भाशय और रजपिंड (uterus & O varies) होते हैं और पुरुष में वीर्य पिंड (testis) होते हैं।

वक्षीय पिंजरा (Thorax)

यह भाग गले के नीचे से शुरू होता है और Xiphoid process ❍ f the sternum तक रहता है। Thorax में हड्डियों का एक ढाँचा होता है जो कि पसलियों (ribs) द्वारा बना होता है। जो सामने की तरफ़ sternum से जुड़ा होता है और पीछे की तरफ़ vertebral column à जुड़ा होता है। इसके भीतर हृदय (heart) और फुफ्फुस (lungs) होते हैं जो कि श्वसन क्रिया और रकतसंचार नियंत्रित करते हैं।

खोपड़ी के वायु विवर (Air sinuses in the Skull)

खोपड़ी की हड्डियों में कुछ cavities पाई जाती है, जिनमें वायु भरी होती है। इन्हें वायु विवर (Air sinuses) कहा जाता है।

ये ज़्यादातर frontal, sphenoid, ethmoidal, maxillary स्थान पर पाए जाते हैं। ये सभी नाक पर खुलते हैं। इनसे स्वर में गूँज उत्पन्न होती है, तथा यह चेहरे तथा कपाल का भार कम करते हैं।

वायुविवर शोथ या साइनुसाइटिस (Sinusitis)

नासिका का संक्रमण वायु विवरों में पहुँचता है जिससे यह भी संक्रमित हो जाती है और इनमें सुजन (inflammation) हो जाता है। इससे इनमें शोथ inflammation उत्पन्न हो

जाता है जिसे वायु विवर शोथ या साइनुसाइटिस कहा जाता है। इस रोग में सिर में विशेष रूप से उस स्थान पर दर्द होता है जहाँ पर कोई वायु विवर रोग हुआ होता है तथा जुकाम बना रहता है। रोग के पुराना पड़ जाने पर एक नासा रंध्र से स्राव होने लगता है। जिससे कभी-कभी बदबू भी आती है। जिसे Chronic Sinusitis कहते हैं।

संधि संस्थान (Articular System)

दो यो दी से अधिक अस्थियों के आपस में मिलने के स्थान को जोड़ (joint) कहते हैं। संधियों के अध्ययन की संधि विज्ञान (arthrology) कहा जाता है। संधियाँ अस्थियों (bones), उपास्थियों (cartilages), स्नायुओं (ligaments), तंतुमय ऊतक (fibrous tissue) एवं श्लेषक कला (synovial membranes) की बनी होती हैं। संधियों को तीन वर्गों में विभाजित किया गया है :

(1) तंतुमय संधियाँ (Fibrousjoints)

(2) उपास्थि संधियाँ (Cartilaginousjoints)

(3) श्लेषक संधियाँ (Synovialjoints)

वात रोग (Gout) - इस रोग में रक्त में यूरिक एसिड की मात्रा बहुत बढ़ी हुई होती है तथा संधियों में सोडियम यूरेट के रवे जमा हो जाते हैं जिससे संधि शोथ हो जाता है।

सामान्यतः पैर की अँगुलियों और अँगूठे से यह रोग प्रारम्भ होता है। पैरों में सूजन, बुख़ार, हाथ-पैरों में दर्द होता है तथा पसीना आता है।

शरीर क्रिया विज्ञान

हमारा शरीर विभिन्न प्रकार के तंत्रों द्वारा संचालित होता है। अलग-अलग क्रिया करने के लिए अलग-अलग तंत्र काम करते हैं। जैसे रक्त का संचारण पूरे शरीर में करने के लिए रक्त-परिसंचरण तंत्र काम करता है। ऐसे ही बाक़ी सभी तंत्र अपने-अपने स्थान पर कार्यरत रहते हैं।

हमारे शरीर द्वारा जितनी भी क्रियाएँ की जाती हैं उन्हें संचालित करने का कार्य यह तंत्र ही करते हैं।

तंत्रों के नाम –

(1) परिसंचरण तंत्र (Circulatory system)

(2) लसीका तंत्र (Lymphatic system)

(3) जालिका अंत:कला तंत्र (R.E.system)

(4) पोषण तंत्र (Digestive system)

(5) शवसन तंत्र (Respiratory system)

(6) अंतस्त्रावी तंत्र (Endocrine system)

(7) मूत्र तंत्र (Urinary system)

(8) प्रजनन तंत्र (Reproductive system)

(9) मेरु तंत्रिका तंत्र (Nervous system)

परिसंचरण तंत्र (Circulatory System)

इस तंत्र में मुख्य अंग हृदय है जो कि मूलाधार है परिसंचरण तंत्र का। हृदय से रक्तवाहिकाएँ जुड़ी होती हैं जो कि पूरे शरीर में फैली होती हैं और रक्त का संचार करती हैं।

हमारे शरीर में दो प्रकार की रक्तवाहिकाएँ होती हैं :

(1) धमनियाँ (arteries) (2) शिराएँ (veins)

हृदय की स्थिति

हृदय छाती या वक्ष में फेफड़ों के मध्य स्टनम के पीछे मीडियास्टीनम में स्थित होता है। इसका बड़ा भाग बाई ओर होता है।

हृदयचक्र (Cardiaccycle)

हृदय एक पम्प के समान है। सम्पूर्ण शरीर में रक्त परिसंचरण से सम्बंधित क्रियाएँ हृदय के द्वारा की जाती हैं। उन्हें सम्मिलित रूप से हृदय चक्र कहा जाता है। हृदय की क्रिया साइनस अलिन्द नोड से शुरू होती है और पूरे हृदय में से होते हुए निलयों तक पहुँचती है तथा निलय संकुचित होते हैं। अलिन्द (Arterium) और निलय (Ventricle) की क्रिया को दो भागों में विभक्त किया जाता है - प्रकुचन (Systole) तथा अनुशिथिलन (Diastole)। प्रकुचन में हृदय के कोष्ठ सिकुड़ते हैं तथा अनुशिथिलन में रक्त हृदय से बाहर आता है। साथ ही हृदय रक्त से भरकर फूल जाता है।

हृदय ध्वनियाँ (Heart sounds)

निलयों (ventricles) के प्रकुचित होने पर अलिन्द निलय कपाट (arterial ventricular valve) निष्क्रिय रूप से बंधो जाते हैं। इसके कपाट बंद होते समयजो ध्वनि निकलती है वह प्रथम हृदय ध्वनि (first heart sound) कहलाती है। इसे हम Lubb के समान सुनते हैं। निलयों (ventricles) का संकुचन समाप्त होने पर H&Territ (aorta) तथा फुफ्फुस कपाट (aortic valve or semicircular valve) जब बंद होते हैं तब द्वितीय हृदय ध्वनि (secondheartsound) होती है। इसे हम Dub के समान सुनते हैं। हृदय की यह सम्पूर्ण कार्य प्रणाली धड़कन (Heart Beat) कहलाती है जिससे यह ज्ञात होता है कि हृदय सुचारु रूप से कार्य कर रहा है।

नाड़ी क्या है**?** (Pulse)

जब धमनियों में दाब की लहर आती है साथ ही हृदय से रक्त बाहर आता है उस समय एक लहर सी महसूस होती है। वह Pulse है। हम Pulse को Radial Artery में ज़्यादातर देखते हैं। वैसे हो हम Pulse को Brachial Artery, Popliteal Artery, Femoral Artery, Dorsalis Pedis Artery में भी देख सकते हैं। नाड़ी की आदर्श गति वयस्कों में सामान्यतः एक मिनिट में 72 बार होना चाहिए तथा नवजात शिशु में 140/min हमारे पूरे शरीर में रक्त की मात्रा लगभग 5 लीटर होती है।

रक्तचाप (Blood Pressure)

रक्त-वाहिकाओं (arteries and veins) में परिसंचरित होते समय वाहिकाओं की Walls

पर रक्त जितना lateral पार्श्व दबाव डालता है उसे रक्तचाप या Blood Pressure कहते हैं। रक्तचाप को मापने के लिए स्फिगनोमेनो मीटर का उपयोग किया जाता है। रक्तचाप के बढ़ने को हम Hypertension đõ "TH से जानते हैं और रक्तचाप के कम होने की Hypotension à Sixth Joint National Committee Hypertension उच्च रक्तचाप को समझने या वर्गीकरण करने के लिए निम्नलिखित Criteria अपनाया है।

**JNC VI Criteria for classification of Blood Pressure**

| Category | Systolic mm HG | Disatolic mm HG |
|---|---|---|
| Optimal | < 120 | < 80 |
| Normal | < 130 | < 85 |
| High Normal | 130 - 139 | 85 - 89 |
| Stage -1 Hypertension | 140 - 159 | 90 - 99 |
| Stage -2 Hypertension | 160 - 179 | 100 - 109 |
| Stage -3 Hypertension | >180 | >100 |

पाचन तंत्र (Digestive System)

पाचन तंत्र एक ऐसा तंत्र है जो कि बहुत से अंगों से मिलकर बना होता है। इसमें निम्नलिखित अंग पोषण तंत्र बनाने में सहायक होते हैं :

(1) मुख (Mouth)

(2) ग्रसनी (Pharynx)

(3) ग्रासनली (Oesophagus)

(4) आमाशय (Stomach)

(5) छोटी (Small Intestine)

(6) बड़ी आँत (Large Intestine)

(7) मलाशय (Rectum)

(8) मलद्वार (Anus)

(9) यकृत (Liver)

ये सभी अंग मिलकर ऐलीमेन्ट्री कनाल (Alimentary Canal) बनाते हैं। मुख्य रूप से पाचन क्रिया मुख से शुरू होकर मलद्वार पर खत्म होती है। लेकिन इस पाचन क्रिया में सहायक कुछ और भी अंग हैं। यह सभी अंग पाचन तंत्र के प्रमुख अंगों में से हैं जैसे - ग्रंथियाँ, लार ग्रंथियाँ (Salivary glands), अग्राशय (Pancreas), पित्ताशाय

(Gallbladder) आदि।

पाचन क्रिया

जब कभी भोजन का कौर (निवाला) मुँह में रखा जाता है उसी दौरान मुख की ग्रंथियाँ अपना रस छोड़ने लगती हैं और उस भोजन के निवाले के साथ मिल जाती हैं। भोजन को चबाने के बाद भोजन ग्रासनली में जाता है। फिर वहाँ से भोजन आमाशय में आता है। यहाँ पर भोजन में रासायनिक व यांत्रिक क्रिया होती है और इसमें कई प्रकार के रस मिलते हैं। इस तरह से एक पचा हुआ भोजन बन जाता है।

अब यह भोजन छोटी आँत में जाता है। जहाँ पर अवशोषण (absorption) की क्रिया होती है। छोटी आँतों की सिकुड़ने तथा फैलने की क्रिया द्वारा यह भोजन सरकते हुए बड़ी आँत तक पहुँचता है। यहाँ पर शेष व्यर्थ बचा हुआ भोजन मल के रूप में परिवर्तित हो जाता है तथा बड़ी आँत में नीचे की ओर पहुँच जाता है। अंत में यह मलद्वार से बाहर निकाल दिया जाता है।

शरीर में आवश्यक तत्व

(1) कार्बोहाइड्रेट (Carbohydrate)

(2) प्रोटीन (Protein)

(3) वसा (Fat)

(4) विटामिन (Vitamins)

(5) खनिज लवन (Mineral salts)

(6) जल या पानी (Water)

कार्बोहाइड्रेट **(Carbohydrate)**

हमारे आहार का सबसे बड़ा अंश कार्बोज़ का है एवं शरीर में उत्पन्न होने वाली अधिकांश शक्ति का स्रोत है। स्टार्च (starch) और शर्करा (sugar) ये कार्बोज़ के दो प्रधान वर्ग हैं।

प्रोटीन **(Protein)**

प्रोटीन आहार का अत्यंत आवश्यक अंश है। ये प्रधानत: नाइट्रोजन तत्वयुक्त होता है तथा इससे शरीर की कोशिकाओं के प्रोटोप्लाज़्म ऊतक तथा कोष्ठांगों की रचना होती है। यह

सामान्यतः सोयाबीन, दाल, दूध, पनीर, मूंगफली, चने, मूंग की दाल आदि में पाया जाता है।

वसा **(Fat)**

वसा में भी कार्बोज़ के समान कार्बन हाइड्रोजन तथा ऑक्सीजन तत्व होते हैं। परंतु इनका अनुपात भिन्न होता है। मक्खन, घी, वनस्पति स्त्रोत वाली वसा का प्रायः आहार में उपयोग होता है।

खनिज लवण **(Mineralsalts)**

खनिज लवण हमारे शरीर में होने वाली सभी जैविक क्रियाओं के लिए आवश्यक होता है। हम भोजन द्वारा इन खनिज-लवणों को ग्रहण करते हैं। ये सब खनिज लवण शरीर में भी विद्यमान रहते हैं। मुख्य खनिज तत्व इस प्रकार हैं - कैल्शियम, फ़ॉस्फ़ोरस, लोहा, सोडियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम, आयोडोन।

कैल्शियम **(Calcium)**

यह मुख्यत: हड्डियों तथा दाँतों में पाया जाता है तथा इनके निर्माण के लिए आवश्यक होता है। कैल्शियम द्वारा हड्डियाँ मज़बूत और कठोर होती हैं।सामान्यत: इसकी आवश्यकता वयस्क में प्रतिदिन 1 ग्राम प्रतिदिन होती है। गर्भवती स्त्रियों में 1 1/2 ग्राम प्रतिदिन होती है। कैल्शियम दूध, दही, पनीर, चूना, बादाम और मूली, गोभी के पत्तों में, मैथी, सहजन की पत्ती, गाजर में तथा दालों में पाया जाता है।

फ़ॉस्फ़ोरस **(Phosphorus)**

यह शरीर में मुख्यतः प्रत्येक कोशिका में पाया जाता है। यह हड्डियों और दाँतों के निर्माण में सहायक होता है। यह तंत्रिका तंत्र को स्वस्थ रखता है। गर्भवती स्त्रियों एवं बच्चों को इसकी अधिक आवश्यकता होती है। फ़ॉस्फ़ोरस मुख्य रूप से पत्तागोभी, सेब, मूली, सोयाबीन, गाजर, भुट्टा आदि में पाया जाता है।

लोहा **(Iron)**

यह रक्त के लाल कोशिकाओं में Hb (Haemoglobin) के निर्माण में अधिक उपयोगी होता है। सामान्यतः एक व्यक्ति को प्रतिदिन 20-30 mg लोहे की आवश्यकता होती है। यह सेब, पालक, मटर, मैथी, गुड़, गाजर, खीरा, प्याज़, टमाटर, अँगूर आदि में पाया जाता है।

सोडियम **(Sodium)**

सामान्यतः इसे हम दैनिक भोजन में नमक के रूप में इसे ग्रहण करते हैं। यह लवण में क्लोरीन के साथ मिलकर सोडियम क्लोराइड बनाता है। सामान्यत: इसकी आवश्यकता प्रतिदिन 2 से 5 ग्राम होती है।

पोटेशियम **(Potassium)**

पोटेशियम की मात्रा सबसे ज़्यादा (Intercellular fluid) अंत:कोशिका तरल में होती है। पोटेशियम कोशिकाओं में होने वाली रासायनिक क्रियाओं में आवश्यक होता है। यह तंत्रिका आवेगों के संचारण के लिए आवश्यक होता है।

सामान्यतः इसकी आवश्यकता एक व्यक्ति में प्रतिदिन लगभग 4 ग्राम होती है। यह विशेषकर प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों में पाया जाता है।

मैग्नीशियम **(Magnesium)**

यह शरीर में हड्डियों तथा दाँतों में पाया जाता है। मानव शरीर में 50% मैग्नीशियम हड्डियों में होता है। एक सामान्य मनुष्य को प्रतिदिन 200 से 300mg, मैग्नीशियम (Magnesium) की आवश्यकता होती है।

यह फलों तथा सब्ज़ियों में अधिक मात्रा में पाया जाता है।

आयोडीन **(Iodine)**

हमारे शरीर में गले पर थायरॉइड नाम एक ग्रंथि होती है। जिसको सुचारु रूप से चलाने में आयोडीन काम आता है। यह थायरॉइड को हारमोन जैसे थायरॉक्सिन तथा ट्राई आयडोथाइरोमिन के निर्माण में सहायक होता है। आयोडीन प्याज़ में अधिक मात्रा में पाया जाता है (हालाँकि आयुर्वेद में प्याज़ को तामसिक माना गया है)। समुद्री पदार्थ व नमक में पाया जाता है। इसकी कमी से घेंघा (Goitre) रोग होता है।

विटामिन **(Vitamin)**

विटामिन आवश्यक रासायनिक यौगिक होते हैं जो सूक्ष्म मात्रा में प्राय: सभी खाद्य पदार्थ में पाए जाते हैं। विटामिन दो प्रकार के होते हैं। वसा घुलनशील एवं जल घुलनशील।

विटामिन – वसा घुलनशील विटामिन (fat soluble) &A, D, E, K
जल घुलनशील विटामिन (water soluble) &B तथा C

विटामिन A

विटामिन A वनस्पतियों में तथा - Carotene के रूप में मिलत है। यह प्रो-विटामिन रेटिनोल में प्रतिवर्तित होता है। यह क्रिया प्राय: ऑतों में होती है। विटामिन-A हमारी दृष्टि क्षमता को बढ़ाता है। यह विटामिन रेटिनल पिगमेंटस् को बनाने में मदद करता है जो कि कम रोशनी में देखने में काम करते हैं। यह विटामिन शरीर की संक्रामक रोगों से रक्षा करता है। यह विटामिन प्रजनन शक्ति को बनाए रखने में सहायक होता है तथा अस्थि कोशिकाओं के निर्माण को नियंत्रित करता है। यह प्राय: हरी सब्ज़ियों, गाजर, पपीता, बटर (मक्खन) तथा दूध में पाया जाता है। इसकी कमी से रतौंधी (night blindness), शुष्काक्षिपाक (xerophthalmia), नामक बीमारियाँ होती हैं।

विटामिन *D :* प्राय: इसके दो प्रकार होते हैं।
विटामिन *D - D2 Calcifer* O *f Cholecalciferol D3*

विटामिन D हमारे शरीर में कैल्शियम के Absorption में सहायक होता है। यह विटामिन हड्डियों के निर्माण में सहायक है। यह Kidney में Phosphorus के निर्माण में मदद करता है। हमें सबसे ज़्यादा विटामिन D सूर्य ऊर्जा से मिलता है। इसकी कमी से रिकेट्स (Ricketts) बच्चों में तथा O steomalacia बड़ों में हो जाता है।

विटामिन E

यह विटामिन त्वचा में घुलनशील होता है। इसको टोकोफेरोल के नाम से भी जानते हैं। यह मुख्यतः वनस्पति तेल, रुई के बीज, सूरजमुखी के बीज, बटर (मक्खन) में पाया जाता है। इसकी आवश्यकता 0.8mg प्रतिदिन होती है। यह विटामिन अपने प्रति-ऑक्सीकारक (Antioxident) गुणों के कारण शरीर में अनावश्यक ऑक्सीकरण को रोकता है। यह विटामिन बंध्यता (Sterility) को रोकता है। गर्भ के विकास में अधिक सहायक होता है।

विटामिन K

इसे हम रक्तस्त्रावरोधी कारक विटामिन के नाम से जानते हैं। यह मुख्यतः हरी सब्ज़ियों तथा फलों में पाया जाता है। यह गाय के दूध में अधिक मात्रा में पाया जाता है।

जल घुलनशील विटामिन - B तथा C

विटामिन B - यह विटामिन कॉम्प्लेक्स में पाया जाता है। जैसे –

Vitamin - B1 Complex

Vitamin — B2 Riboflavin

Vitamin – B6 Pyridoxine

Vitamin -B3 Pantothenic acid

Vitamin - B12 Cyanocobalamin

विटामिन C - (Ascorbic acid)

इस विटामिन को हम एसकारबिक एसिड के नाम से जानते हैं। यह विटामिन जल में घुलनशील होता है तथा ऊष्मा से नष्ट हो जाता है। यह विटामिन प्राय: ताज़े फलों में विशेष रूप से पाया जाता है जिनमें Citrus acid (सिट्रस एसिड) होता है। जैसे- संतरा, नीबू, नारंगी, आँवला, टमाटर, पपीता, अँगूर, चुकंदर आदि। यह विटामिन इंसुलिन के उत्पादन में सहायक होता है। इसकी कमी हो जाने से स्कर्वी Scurvy रोग हो जाता है।

अंत :स्त्रावी तंत्र (Endocrine System)

हमारे शरीर की ग्रंथियाँ दो प्रकार में विभाजित हैं। एक वह जो अपने स्त्राव सीधे रक्त में प्रवाहित करती हैं और इन ग्रंथियों में स्त्राव नलियाँ नहीं होतीं। उन्हें हम अंतःस्त्रावी ग्रंथियाँ (Endocrine glands) कहते हैं। दूसरी वह जिसमें स्त्रावनलियाँ होती हैं। उन्हें हम बहि:स्त्रावी ग्रंथियाँ (Exocrine glands) कहते हैं।

हाँर्मोन

शरीर में कुछ ऐसी ग्रंथियाँ होती हैं। जिनका स्त्राव उत्पन्न होकर रक्त में मिल जाता है और फिर रक्त के साथ शरीर में परिसंचारित होता है। इन स्त्रावों के कार्यकारी तत्वों को हम हाँर्मोन के नाम से जानते हैं।

अंत:स्त्रावी ग्रंथियाँ
(1) पीयूष ग्रंथि (Pituitary gland)
(2) थायरॉइड ग्रंथि (Thyroid gland)
(3) पैराथायरॉइड ग्रंथि (Parathyroidgland)
(4) थाइमस ग्रंथि (Thymus gland)
(5) एड्रीनल ग्रंथि (Adrenalgland)
(6) अग्नाशय में लैगरहैंस की द्वीपिकाएँ (Istets o f Langerhans in the Pancreas)
(7) पीनियल ग्रंथि(Pinealgland)
(8) लिग ग्रंथि (Sexual gland)

पीयूष ग्रंथि (Pitutary gland)

यह ग्रंथि मस्तिष्क के आधार पर होती है। इस ग्रंथि में अग्रज खण्ड (anterior lobe)पश्चज खण्ड (posterior lobe) और दोनों के बीच में मध्यवर्ती भाग (pars intermedia) होते हैं। यह लालिमा लिए हुए भूरे रंग की होती है। अग्रज खण्ड (anterior lobe) से निम्न प्रकार के हाँर्मोन निकलते हैं :

(1) वृद्धि हाँर्मोन (GH) - यह हाँर्मोन शरीर की वृद्धि के लिए आवश्यक होता है।

(2) एड्रोनोकॉर्टिकोट्रापिक हाँर्मोन Adrenocorticotropic Hormone (ACTH)- यह हार्मोन एड्रोनल ग्रंथि के कर्टिक्स की वृद्धि विकास के लिए आवश्यक होता है।

(3) थायरॉइड प्रेरक अंतरिक हाँर्मोन (Thyroid stimulating Hormone (TSH)- यह हार्मोन थायरॉइड ग्रंथि की वृद्धि और उसकी क्रियाशीलता को बढ़ाने के लिए काम करता है।

(4) गोनाडीट्रॉफिक हाँर्मोन (Gonadotropic Hormone) – tü और पुरुष दोनों में अग्रज पियुष ग्रंथि से निम्न दो जनन ग्रंथियाँ पोषण या लिंग हाँर्मोन उत्पन्न होते हैं - 1. पुटक उद्दीपक हॉर्मोन, 2. पीतपिण्डकर हाँर्मोन।

(5) पुटक उद्दीपक हॉर्मोन (Follicle FSH) - यह स्त्रियों में डिम्बग्रन्थि पुटकों (Overian Follicles) की वृद्धि के लिए काम करता है।

(6) पीतपिण्डकर हाँर्मोन (Luteinizing Hormone) - यह स्त्रियों में डिम्बग्रंथि पुटक या ग्राफियत पुटक को पूर्णरूप से परिपक्व करता है।

(7) स्तनप्रेरक हॉर्मोन (Prolactin Hormone) - यह हॉर्मोन एस्ट्रोजन तथा प्रोजेस्टेरोन हॉर्मोन के साथ स्तनों का विकास करता है। तथा गर्भावस्था के दौरान दुग्ध निर्माण करने के लिए प्रेरित करता है।

पश्चज खण्ड से निकलने वाले हॉर्मोन

(1) एन्टीडायूरेटिक हॉर्मोन (Antidiuretic Hormone) — यही हॉर्मोन जल के लिए वृक्कीय नलिकाओं की Permeability को बढ़ाकर उनमें जल में पुनः अवशोषण को बढ़ाता है।

(2) ऑक्सीटोसिन हॉर्मोन (Oxytocin Hormone) - इस हॉर्मोन का काम मुख्यतः स्त्री के स्तनों की Myoepithelial Cells को संकुचित करना होता है। जिसका कार्य दूध को बाहर निकालना होता है।

(I) थायरॉइड हॉर्मोन (Thyroid Hormone)

यह हॉर्मोन थायरॉइड ग्रंथि से निकलता है। थायरॉइड से थायरोंक्सिन (Thyroxine T4) एवं ट्राइआयडोथारोनीन (Triodothyronine 1,3) हॉर्मोन निकलते हैं। ये हॉर्मोन ऊतकों की वृद्धि एवं विकास को नियंत्रित करते हैं। इनकी कमी या अधिकता होने से कई प्रकार की बीमारियाँ हो जाती हैं। जैसे- थायरॉइड अल्पक्रियता (Hypothyroidism) और थायरॉइड अतिक्रियता (HyperThyroidism)

(II) थाइमस ग्रंथि(Thymus gland)

यह ग्रंथि वक्षीय गुहा में विराजमान रहती है। इसमें दो खण्ड होते हैं। यह मुख्य रूप से बचपन से सक्रिय होती है। थाइमस ग्रंथि का कार्य एंटीबॉडी एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखने में काम करती है।

(III) एड्रीनल ग्रंथि (Adrenal gland)

ये ग्रंथि वृक्क के ऊपर स्थित होती है। इससे विभन्न प्रकार के हामोंन निकलते हैं। जैसे- ग्लूको कार्टिकॉयड, मिनरलोकार्टिकॉयड, लिंग स्टैरॉयड आदि।

अग्नाशय में लैगरहैंस की द्वीपिकाएँ

यह ग्रंथि वाहिनी युक्त होती है। इसके ऊतकों से पाचक रस उत्पन्न होता है जो पाचन क्रिया में काम आता है। अग्नाशय के कोशिकाओं के इन गुच्छों को लैंगरहैंस की द्वीपिकाएँ कहते हैं जो अंत:स्त्रावी ग्रंथियाँ होती हैं। इन कोशिकाओं को दो भागों में विभाजित किया गया है इन कोशिकाओं (cells) द्वारा ग्लूकैगान हामॉन उत्पन्न होता है तथा द्विकोशिकाओं (cells) से इंसुलिन उत्पन्न होता है।

पीनियल ग्रंथि (Pineal gland)

यह मस्तिष्क के नीचे तृतीय निलय (Third Ventricle) के पीछे कार्पस कैलोसम के निकट एक छोटा सा लगभग 10 से.मी. लंबा लाल या भूरे रंग का पिण्ड होता है।

लिंग ग्रंथि (Sexual gland)

पुरुष और महिलाओं के शरीर में अंगों और नलिकाओं की वह व्यवस्था है जो शुक्राणुओं और अण्डाणुओं की उत्पत्ति करती है।

# एक्युप्रेशर

विश्व में भारत देश ही एकमात्र ऐसा देश है जूही असंख्य प्रकार की विद्याओं का जन्म हुआ। किन्हीं कारणवश अनेक विद्याएँ लुप्तप्राय हैं, परंतु जो भी ज्ञान उपलब्ध है यदि उन्हीं का उपयोग क्रमबद्ध सही तरीके से किया जाए तो हम मृत्युपर्यत निरोगी जीवन जी सकते हैं। उन्हीं में से एक है 'एक्यूप्रेशर' पद्धति। जिसका अर्थ है ‘दबाव'। भारत देश में एक्यूप्रेशर को प्राचीनकाल से किसी न किसी प्रकार से चिकित्सीय रूप में अपनाया जाता रहा है। एक्यूप्रेशर पद्धति द्वारा शरीर के निश्चित विशिष्ट स्थान पर उचित रूप से आवश्यकतानुसार दबाव डालकर उससे सम्बंधित रोग का निराकरण किया जाता है।

चूँकि हमारा शरीर पाँच तत्वों से मिलकर बना है और यह शरीर एक विशेष प्रकार की ऊर्जा द्वारा संचालित होता है जिसे हम आत्मा, चेतना या जैव-विद्युत (जैव-शक्ति) के रूप में जानते हैं। यही ऊर्जा हमारे सम्पूर्ण शरीर में विद्यमान रहती है। हमारे हाथ व पैर के तलुवों में 7,200 स्नायु सिरे स्थित हैं। इन तलुवों में उठा दाब बिंदु प्रमुख है। हमारे शरीर में प्रवाहित होने वाले जैव विद्युत के स्विच बोर्ड इन्हीं हाथ और पैरों के तलुवों में स्थित है। एक्यूप्रेशर की मानें तो उसके अनुसार असंयमित जीवन जीने से हमारे शरीर में कई विजातीय तत्व जमा हो जाते हैं। जिस जगह पर यह विजातीय तत्व जमा होते हैं उससे सम्बंधित रोग उत्पन्न हो जाता है। हाथ व पैर के तलुवों में स्थित उससे सम्बंधित बिंदुओं में भी अपद्रव्य, अवरोध या क्रिस्टल जमा हो जाते हैं और रोग तेज़ी से बढ़ने लगते हैं। इनको दूर करने के लिए हथेली एवं तलुवों के उन रिफ़्लैक्स बिंदुओं पर आवश्यकतानुसार दबाव डालकर उन अपद्रव्यों को दूर किया जाता है। जिस कारण रोग शनै: शनै: समाप्त हो जाते हैं।

डॉ. एफ़ एम. घेस्टन (एक्यूप्रेशर चिकित्सक) के अनुसार हमारे शरीर में जैव-विद्युत विद्यमान है। जब वह हाथ व पैर के तलुवों से लीक होने लगती है तोपरिणाम स्वरूप उस बिंदु से सम्बंधित अंग में कोई न कोई रोग होने लगता है। अत: जब हम इन बिंदुओं पर दबाव डालते हैं तो उस ऊर्जा का निकलना बंद हो जाता है। जिस कारण विद्युत शक्ति का प्रवाह उस अंग में सामान्य हो जाता है और रोग ठीक होने लगते हैं। यह पद्धति सीधी, सरल, कम समय, कम ख़र्च और विशुद्ध रूप से अहिंसक भी है। यह पूर्ण रूप से शरीर और

मन को शांति प्रदान कर ऊर्जा को विकसित करने वाली है। स्थानाभाव के कारण हम यहाँ पर परिचय मात्र दे रहे हैं। अत: इस पद्धति का उपयोग करने वाले व्यक्ति इस चिकित्सा से सम्बंधित विशेषज्ञ से संपर्क स्थापित कर पूर्ण रूप से लाभ प्राप्त करें। हमने चित्र के साथ बिंदुओं तथा अंगों के नाम दिए हैं जिस पर उचित दबाव डालकर ठीक किया जा सके।

अपने आत्मबल से वात, वित्त, कफ को संतुलित करें
वात रोग को शांत करने के लिए चिंता छोड़े
स्वाध्याय करें

पित्त रोग को शांत करने के लिए भय का त्याग करें
ईश्वर की शरण लें।

कफरोग को शांत करने के लिए हिंसा का त्याग करें,
स्वभाव में स्थिरता लाये।

**-RJT**

# योग और आयुर्वेद (एक अध्ययन)

